لا إله إلا الله محمد رسول الله

जिल्द-2

हदीस नं. 2223-4627

مشكاة المصابيح

मिश्कातुल मासाबीह

वलियुद्दीन अबू अब्दुल्लाह मुहम्मद इब्ने

अब्दुल्लाह अल ख़तीब तबरेज़ी (वफ़ात 740 हि.)

तहकिम व तखरिज

हाफिज जुबैर अली ज़ई(वफ़ात 10 Nov. 2013)

उर्दू तर्जुमा

अबू अनस मुहम्मद सरवर गौहर

हिंदी तर्जुमा

मुहम्मद शोएब इब्ने डॉ. अब्दुल करीम

नज़र ए सानी

अलाउद्दीन अन्सारी फलाही

*अगर आप pdf मैं ये देख रहे है तो पेज नंबर पे क्लिक(CLICK) करने पर वो पेज खुल जाएगा इंशाअल्लाह

मुकद्दमा	4
गुज़ारिश ए नज़रे शानी	5
हाफ़िज़ जुबैर अली ज़ई ﷷ का मुकद्दमा	6
इमाम तबरेज़ी ﷷ का मुकद्दमा	8

किताबुल दावात

दुआओं का बयान	11
अल्लाह अज्ज़वजल के ज़िक्र और इसके करीब होने का बयान	22
अल्लाह के नामो का बयान	33
तस्बीह, तम्हीद, तहलील और तकबीर के सवाब का बयान	37
इस्तिग्फार और तौबा का बयान	48
अल्लाह की रहमत की वुस-अत का बयान	64
सुबह व शाम और सोते वक़्त के अज्कार का बयान	71
मुख्तलिफ अवकात के वक़्त की दुआओं का बयान	86
पनाह मांगने का बयान	101
जामे दुआओं का बयान	109

किताबुल मनासिक

अफआल ए हज का बयान	119
इहराम और तलबिया का बयान	130
हज्जतुल वदा का वाकेआ	134
मक्का में दाखिल होने और तवाफ़ करने के आदाब का बयान	142
वकुफ़ ए अरफात का बयान	151
अरफात और मुजद्लफा से वापसी का बयान	156
कंकरिया मारने का बयान	161
कुर्बानी का बयान	164
सर मुंडवाने का बयान	170
हज के अफआल आगे पीछे करने का बयान	173
कुर्बानी के दिन खुत्बा देने, अय्याम ए तशरीक में कंकरिया मारने और वदा का बयान	175
इहराम वाले किन चीजों से रुके रहे	182
मुहरिम शिकार ना करे	187
हज से मना किये जाने और हज के फौत हो जाने का बयान	191
हुरमत ए मक्का, अल्लाह तआला ने इस की हिफाज़त की ज़िम्मेदारी ली है	194
हुरमत ए मदीना का बयान,अल्लाह तआला इस की हिफाज़त फरमाए	199

किताबुल बुयुअ

रिज्क ए हलाल कमाने का बयान	210
मुआमले करने में नरमी करने का बयान	220
इख़्तियार का बयान	224
सूद का बयान	226
ममनू तिजारत का बयान	235
मशरुत तिजारत का बयान	247
सुलमी सोदा और रहन का बयान	250
ज़खीरा अन्देज़ी का बयान	253
दिवालिया होना और मुहलत देने का बयान	256
शिरकत और वकालत का बयान	267
गसब करने और उधार लेने का बयान	270
हकके शुफअह का बयान	277
मसकत और मुज़ारात का बयान	280
ज़मीन ठेके पर देने का बयान	284
बंजर ज़मीन आबाद करने और सैराब करने का बयान	288
तोहफा देने का बयान	294
गुज़िश्ता बाब का बयान	297
लुक्ता का बयान	303

किताबुल मीरास

मीरास का बयान	307
वसीयत का बयान	316

किताबुल निकाह

निकाह का बयान	321
जिस को पैगाम ए निकाह दिया जाए इसे देखने और पर्दे की चीजों का बयान	326
निकाह में वली होने और औरत से इजाज़त तलब करने का बयान	335
एलान ए निकाह, खुत्बा, मंगनी और शर्त का बयान	339
मुहर्रमात का बयान	347
मुबाशिरत का बयान	355
गुज़िश्ता बाब के बारे में बयान	360
महर का बयान	361
वलीमे का बयान	365
बारी की तकसीम का बयान	371
बीवियों के साथ रहन सहन और हर एक के हुकुक का बयान	375
खुला और तलाक का बयान	388
जिस औरत को तीन तलाक दी जाए इस का बयान	395
इस बात का बयान की मोमिन लोंदी को आज़ाद करना कफ्फारा है	399
लिआन का बयान	400
इद्दत का बयान	409
इस्तिब्रा का बयान	415
नान नफ्के और मातेहत लोगों का बयान	416
छोटे लडके की उम्र ए बुलुगियत और कमसिनी मैं इसकी तरबियतका बयान	427

किताबुल इत्की

गुलाम को आज़ाद करने का बयान	431
मुश्तरक गुलाम को आज़ाद करने ,करीबी शख्स को खरदने और मर्ज़ में आज़ाद करने का बयान	434
कसमों और नज़रों का बयान	440
नज़रों का बयान	446

किताबुल किसास

किसास का बयान	454
दिय्यत का बयान	467
ऐसे कसूर और खताए जिन पर दिय्यत नहीं हैं	476
क़सम का बयान	483
मुर्तदीन और फसाद फ़ैलाने वालो को क़त्ल करने का	484

किताबुल हुदूद

हुदूद का बयान	493
चोरो के हाथ काटने का बयान	507
हुदूद के बारे में सिफारिश करने का बयान	513
शराब नौशी पर हद कायम करने का बयान	515
जिस शख्स पर हद कायम की जाए इस पर बद्दुआ करने की मनाही	519
ताअ-ज़िर का बयान	522
शराब और शराब नौशी की वईद का बयान	523

किताबुल अमारत वल कदा

अमीर चुनने और फैसला करने का बयान	532
इस बात का बयान के हाकिम को रिआया पर आसानी करनी चाहिए	551
फैसला करने और इस से डरने का बयान	554
हुक्मरानों के वाज़ाईफ़ और इन की तहाईफ का बयान	560
फैसलों और गवाहों का बयान	564

किताबुल जिहाद

जिहाद का बयान	574
जिहाद का सामान तैयार करने का बयान	600
आदाब ए सफ़र का बयान	610
कुफ्फार के नाम ख़त लिखने और इन्हें इस्लाम की तरफ दअवत देने का बयान	620
जिहाद में किताल का बयान	626
कैदियों के हुक्म का बयान	633
अमान देने का बयान	642
माल ए गनीमत की तकसीम और इस में खयानत करने का बयान	645
जिज़िया का बयान	664
सुलह का बयान	667
यहूदियों को जज़ीरा अरब से निकालने का बयान	672
माल ए फै का बयान	675

शिकार और हलाल जानवरों का बयान

शिकार और हलाल जानवरों का बयान	680
कुत्ते का बयान	690
उन चीजों का बयान जिन का खाना हलाल और जिन का खाना हराम है	693
अकिके का बयान	706

किताबुल अत-इत्मत

खानों का बयान	710
मेहमान नवाज़ी का बयान	734
मज़बूरी की हालत मैं खाने का बयान	741
पीने की चीजों का बयान	742
नकीअ और नबिज़ का बयान	749
बर्तनों और दीगर चीजों को ढकने का बयान	752

किताबुल लिबास

लिबास का बयान	756
अंगूठी का बयान	779
जूतों का बयान	786
कंघी करने का बयान	789
तस्वीर का बयान	810

किताबुल अत तिब्बी वर्रुका

दवा और झाड़-फुक का बयान	819
बद्शुगनी का बयान	837
कहानत का बयान	843

किताबुल रुअया

ख्वाब का बयान	849

*अगर आप pdf मैं ये देख रहे है तो पेज नंबर पे क्लिक(CLICK) करने पर वो पेज खुल जाएगा इंशाअल्लाह

मुकद्दमा हिंदी तर्जुमा

الحمد لله رب العالمين و الصلوة والسلم على رسول الأمين أما بعض

तमाम तारीफे अल्लाह ही के लिए है, हम इसी की तारीफ़ करते हैं, इसी से मदद तलब करते हैं, इसी से मगफिरत चाहते हैं, और हम अपने नफ्स की शरारतों और अपने आमाल की बुराइयों से अल्लाह तआला की पनाह चाहते हैं, जिस शख्स को अल्लाह तआला हिदायत अता फरमादे इसे कोई गुमराह नहीं कर सकता और जिस को दो गुमराह कर दे इसे कोई हिदायत नहीं दे सकता, और में गवाही देता हूँ के अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं, एसी गवाही जो निजात के लिए वसीला और बुलंद दरजात के लिए ज़ामिन हो, और में गवाही देता हूँ के मुहम्मद ﷺ इस के बंदे और इस के रसूल है, अल्लाह तआला फैसल भाई पर रहम करे जिन्होंने मुझे मिशाकतुल मसाबिह के हिंदी तर्जुमे के इस मुक़द्दस काम पे चलाया, इस के आगे के पढ़ने वाले आगे पढ़े मैं कुछ पढ़ने वालों के लिए कुछ बाते कहना चाहता हूँ,

1. अल्हम्दुलिल्लाह, मिश्कातुल मसाबिह का तर्जुमा आज 7 नवम्बर 2022 के रोज़ तक मुकम्मल हो चूका है|
2. आज 29 जनवरी 2023 को पिछले संस्करण का सुधरा हुआ संस्करण अपलोड किया जा रहा है
3. वैसे ये तर्जुमा तो देवनागरी लिपि मैं है लेकिन इन को जहाँ तक हो सके आसान उर्दू और हिंदी के मिले जुले अलफ़ाज़ से किया गया है, और तर्जुमा करते वक़्त पूरी कोशीश की गई है के वो अलफ़ाज़ का इस्तेमाल किया जाए जो आम बोलचाल में इस्तेमाल हो रहे हों|
4. फिर भी इंसान होने के नाते मुझ से जो गलती हुई है उस के लिए मैं अल्लाह की पनाह चाहता हूँ और अल्लाह की मगफिरत चाहता हूँ, कोई इंसान गलती से पाक नहीं हो सकता गलती से पाक सिर्फ अल्लाह की ज़ात है| और आगे मेरी कोशिश होगी के में इस मजीद गलतियों में सुधार ला सकूं| और इस की जो भी गलती की निशानदेही की जाएगी उसे सुधार के pdf को http://archive.org पे अपलोड कर दिया जाएगा इन्शालाह उस की लिंक ये है 
5. इस किताब में जो अरबी मतन है उसकी तहकिम शैख़ अल्बानी ﵀ की है और जो हिंदी मतन मैं तहकिम है वो शैख़ जुबैर अली ज़ई ﵀ की है|
6. इस तर्जुमे मैं जो तखरिज और तहकिम का हिंदी तर्जुमा का काम अभी बाकी है, और इंशाअल्लाह जैसे है वो मुकम्मल होगा वैसे ही उसका pdf book भी online कर दी जाएगी|

अल्लाह तआला से दुआ है के वो मेरी इस कोशिश को मेरे लिए और मेरे वालिद मरहूम डॉ. अब्दुलकरीम और मुहतरम फैसल भाई के लिए तोषे आखिरत बनाए और पढ़ने वालो के लिए इल्म व तहकीक की दलील और रोशन मीनार बनाए, ताकि सहीह अहादीस पर अमल हो और ज़ईफ़ रिवायत से बचा जाए आमीन|

मुहम्मद शोएब इब्ने अब्दुल करीम इब्ने दोस्त मुहम्मद

7 नवम्बर 2022

गुजारिश

मैं ने मिश्कातुल मसाबीह के इस हिन्दी तर्जुमे को पढा है और बहुत सारी जगहों पर तसहीह भी की है । खास तौर पर उसके बाब और फसल के तर्जुमें को बेहतर से बेहतर बनाने की कोशिश की है । इस में कोइ बड़ी गलती नहीं है । इस को छापना और फैलाना बहुत अज़ीम काम है ।

इस किताब की तयारी में असल मेहनत मोहतरम मोहम्मद शुऐब साहब ने की है । उन के अलावह इरफान अली और दुसरे भाइयौं ने उन का साथ दिया है । हम सब की मेहनत के बावजुद इस में गलतीयौं का इमकान है । कारेइने किराम से दरखास्त है कि इसको हिदायत और सवाब की नियत से पढें और दूसरों तक पहुंचाएं । कोइ भी गलती मिलने पर हमें इत्तेला करें ताकि दूसरी बार छापने से पहले इसलाह कर सकें । अल्लाह से दुआ है कि इस किताब की तैयारी, छापने, पढने, अमल करने और फैलाने वाले सारे लोगों को जज़ाए खैर दे, दुनिया और आखिरत दोनों की कामयाबी अता फरमाए । आमीन ।

आप का दीनी भाइ

अलाउद्दीन अन्सारी फलाही

नेपाली जुबान में कुरआन का मुतर्जिम

हरीनगर- 7, सुन्सरी नेपाल

पी एच डी स्कालर, इस्लामिक स्टडीज (तफसीर)

एम ए, इस्लामिक स्टडीज (तफसीर)

सुल्तान शरीफ अली इस्लामिक युनिवरसीटी ब्रुनाइ दारुस्सलाम

बी ए आनर्स, इस्लामिक स्टडीज (अकीदा व कमपेरेटिभ रिलिजियन) इन्टरनेश्नल इस्लामिक युनिवर्सीटी इस्लामाबाद, पाकिस्तान

आलिमियत फजीलत, जामेअतुल फलाह बिलेरया गंज आजमगढ, यू पी इन्डिया

मुकद्दमा तखरिज व तहकिम मिश्कातुल मसाबिह

الحمد لله رب العالمين و الصلوة والسلم على رسول الأمين أما بعض

आठवीं सदी हीजरी में अल्लामा वलियुद्दीन अबू अब्दुल्लाह अल ख़तीब अल उमरी अल तबरेज़ी राहिमुल्लाह (वफात करीब 740 ही.) ने मशहूर सिका मुहद्दिस अब मुहम्मद हुसैन बिन मसूद बिन मुहम्मद अल फराअ अल बगवी राहिमुल्लाह (वफात 516 ही.) की किताब **मसाबिह अल सुन्नाह** को हदिसे इज़ाफो के साथ **मिश्कात उल मसाबिह** के नाम से मुरत्तब किया और इसे बर्रे सगीर पाक व हिन्द बलके आलमे इस्लाम में खूब पज़ेराई मिली, नेज़ बहुत से मदारिस में ये किताब दाखले निसाब भी है|

तबरेज़ी मज़कुर के बारे में उन के दोस्त अल्लामा शरफुद्दीन हुसैन बिन मुहम्मद बिन अब्दुल्लाह अल तय्बी राहिमुल्लाह (वफात 743 ही.) ने फ़रमाया: "दिनी भाई यकीं में हिस्सेदार यानी काबिल इ एतमाद साथी. औलिया में बाकी रह जाने वाले..."(**अल काशिफ अन हकाइक अल सुनन** जास 18)

तय्बी मजकुर ने **"अल काशिफ अन हकाइक अल सुनन"** के नाम से मिश्कातुल मसाबिह की मशहूर और अज़ीम शरह लिखी जो बारह (12) जिल्दों में मअल फहारिस मतबूअ है|

इस लिखनेवाले ने अल्लाह तआला के फज़ल व करम से मिश्कातुल मसाबिह पर "इज़ाअअल मसाबिह" के नाम से जो बड़े और अहम काम किए है वो निचे लिखे है:

1. तर्जुमा
2. तखरिज व तहकीक
3. सेहत व जईफ के लिहाज़ से हर रिवायत पर हुक्म
4. फिकहल हदीस के उनवान से मसाइल व फवाइद के इस्तंबात

इस की पहली जिल्द (हदीस अता 280) जो किताबुल इमान और किताबुल इल्म पर मुश्तमिल है, मुक्कम्मल हुई, और मेरे मुहतरम दोस्त मौलाना मुहम्मद सरूर आसिम हाफ़िज़ उल्लाह के अज़ीम क़ुतुब खाने (मक्तबा ए इस्लामिया फैसलाबाद लाहोर) से आला मीअयार पर मतबूअ है|

बाकी हिस्सा अभी ज़ैरे तकमील है और इस पर मक्दुर भर काम जारी है| जब दूसरी जिल्द मुकम्मल होगी तो इसे भी शै कर दिया जाए गा इंशाअल्लाह|

मिश्कात की मकबूलियत और अवाम की ज़रूरत के पेशे नज़र फिलहाल मक्तबा इ इस्लामिया की शाए करदा मिश्कात को ही तहकीक व तखरिज के साथ तीन जिल्दो में शाए किया जा रहा है|

मेरे नज़दीक सहीहैन(सहीह बुखारी और मुस्लिम) की तमाम मर्फ़ुअ मुसनद मुत्तसिल रिवायत बिलकुल सहीह है और इन में से बाज़ रिवायत हसन लिज़ाती भी है, यानी हुज्जत है, नेज़ सहीहैन में मज़कूरा शर्त के मुताबिक़एक भी जईफ रिवायत नहीं, लिहाज़ा सहीहैन की अहादीस की सिर्फ तखरिज पर इक्तेफा किया गया है और उन के अलावा तमाम रिवायात की तखरिज व तहकीक कर दी गई है और ज़ईफ़ रिवायात की वजह ज़ईफ़ भी बयान करदी है, ताके जो ज़िन्दा रहे दलील देख कर जिए और जो मरे तो दलील देख कर मरे|

इस किताब की तर्किम(अहादीस की नंबरिंग) दारुल कुतुब अल इल्मिया बैरुत,लेबनान के दो जिल्दो में मतबूअ नुस्खे और मक्तबा इ इस्लामिया की शाएशुदा मिश्कातूल मसाबिह के ऐन मुताबिक़ है|

एक अहम् तरीन बात ये है के हदीस नंबर से लेकर नंबर 5972 तक ये तमाम नंबर मशहूर मुहद्दिस शैख़ मुहम्मद नासिरुद्दीन अल्बानी राहिमुल्लाह की तहकीक व तालिक वाल्ली मिश्कातुल मसाबिह के भी मुकम्मल मुवाफिक है और 5973 से आखिर तक मामूली फर्क है|

तंबीह: साहबे मिश्कात कई मकामत पर हदीस को जिस किताब के हवाले से ज़िक्र करते है, मसलन कॉल: रवाह मुस्लिम या रवाह अल बुखारी तो बाज़ मकामात पर असल किताब को देखने के बाद मालुम होता है के ये अलफ़ाज़ मिन्नोअन (बिलकुल समान) वो किताब में नहीं है, बलके इन्हें बतौर मफ्हुमया बतौर ए मुख्तलिफ रिवायत बयान किया गया है| लिहाज़ाहदीस का हवाला असल ज़िक्र की गई किताब से मिला लेना चाहिए, या फिर मिश्कात के ज़रिए से हवाला लिखते वक्त मिश्कात का ही ज़िक्र किया जाए, यानी वल लफ्ज़ की सराहत कर दी जाए, ताकि किसी किस्म का भ्रम बाकी न रहे|

अल्लाह तआला से दुआ है के वो मेरी इस कोशिश को मेरे लिए और मुहतरम मुहम्मद सरवर आसिम हाफिज़ाउल्लाह के लिए तोषे आखिरत बनाए और पढ़ने वालो के लिए इल्म व तहकीक की दलील और रोशन मीनार बनाए, ताकि सहीह अहादीस पर अमल हो और ज़ईफ़ रिवायत से बचा जाए आमीन|

हाफ़िज़ ज़ुबैर अली ज़इ

26 जून 2011 इसवी

بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ

इमाम तबरेज़ी رحمه الله का मुकद्दमा

तमाम तारीफे अल्लाह ही के लिए है, हम इसी की तारीफ़ करते हैं, इसी से मदद तलब करते हैं, इसी से मगफिरत चाहते हैं, और हम अपने नफ्स की शरारतों और अपने आमाल की बुराइयों से अल्लाह तआला की पनाह चाहते हैं, जिस शख्स को अल्लाह तआला हिदायत अता फरमादे इसे कोई गुमराह नहीं कर सकता और जिस को दो गुमराह कर दे इसे कोई हिदायत नहीं दे सकता, और में गवाही देता हूँ के अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं, एसी गवाही जो निजात के लिए वसीला और बुलंद दरजात के लिए ज़ामिन हो, और में गवाही देता हूँ के मुहम्मद ﷺ इस के बंदे और इस के रसूल है, जिस ने उन्हें इस हालात में मबउस फ़रमाया के ईमान की राहों के निशान मिट चुके थे, इस के अनवार बुझ चुके थे, इस के अरकान कमज़ोर हो चुके थे और इस की जगहें मझहुल हो चुकी थी, तो आप ﷺ ने इस के निशानात, जो के मिट चुके थे, को बुलंद और उजागर किया, और आप ने कलमा ए तौहीद की ताईद में ऐसे इलियिल शख्स को जो के (जहन्नम के) किनारे पर पहुँच चूका था, बचाया और आप ने राहे हिदायत के तलबगार पर इस रोशन राह को वाज़ेह किया, और आप ने सआदत के खज़ानो को इन पर वाज़ेह किया जो इन के मिल्कीयत का इरादा रखते है|

अम्मा बाद! नबी ए अकरम ﷺ की सीरत के साथ तमसिक तब ही टिकाऊ और लंबे वक्त तक चल सकता है जब आप से जारी होने वाले अहकामात (हुक्म) की इत्तेबा की जाए, और अल्लाह तआला की रस्सी (कुरान ए करीम) के साथ तमसिक आप ﷺ की सुन्नत के बयान के साथ ही मुकम्मल हो सकता हैं, और “किताब अल मसाबिह” जिसे मुह्यी अल सुनना और कातेअ बिदात इमाम अबू मुहम्मद हुसैन बिन मसउद अल फराअ अल बगवी, अल्लाह तआला इन के दरजात बुलंद फरमाए, ने लिखी, इस मौज़ू पर एक निहायत जामेअ किताब थी, और मुतफ़र्रिक अहादीस को एक जगह इकट्ठा करने के हवाले से इन्तहाई मुरत्तब किताब थी और जब मुसन्निफ़ رحمه الله ने इख्तेसार का उस्लूब इख्तियार करते हुए सनदों को ख़त्म कर दिया तो बाज़ नाकेदीन (आलोचक) ने इस पर कलाम किया अगर छे इस का विश्वास के साथ नक़ल करना (और सनदों को ख़त्म करना) इन के ज़िक्र करने की तरह ही है, लेकिन जो इसनादें बयान बलाग हैं वो इस्नाद ख़त्म करने में नहीं, पस मैंने इस्तिखारा के ज़रिए तौफीके इलाही तलब करते हुए जिस चीज़ की तरफ इन्होंने तवज्जो नहीं की इस की निशानदेही कर दी और हर हदीस को बिला तक्दिम व ताखीर मुनासिब जगह पर लिख दिया, जैसा की मुत्तकिन व सिका और रसिखे इल्म आइम्मा ने इसे रिवायत किया, जैसे अबू अब्दुल्लाह मुहम्मद बिन इस्माइल बुखारी, अबुल हुसैन मुस्लिम बिन हज्जाज कुशैरी, अबू अब्दुल्लाह मालिक बिन अनस अस्बई,अबू अब्दुल्लाह मुहम्मद बिन इदरिस शाफीअ, अबू अब्दुल्लाह अहमद बिन मुहम्मद बिन हंबल शैबानी, अबू इसा मुहम्मद बिन इसा तिरमिज़ी, अबू दावुद सुलेमान बिन अशअष सिजिस्तानी, अबू अब्दुल रहमान अहमद बिन शुएब नसई, अबू अब्दुल्लाह

मुहम्मद बिन यज़ीद बिन माजा क़ज्विनी,अबू मुहम्मद अब्दुल्लाह बिन अब्दुल रहमान दारमी, अबूल हसनअली बिन उमर दारकुतनी, अबू बक्र अहमद बिन ,हुसैन बय्हकी, अबुल हुसैन राजीन बिन मुआविया अब्दरी ﷫ और इन के अलावा भी कुछ इन्ही के मिस्ल है जिन्होंने रिवायत किया है जबके वो क़लील है| और जब मैंने हदीस को इन आइम्मा की तरफ मंसूब कर दिया तो गोया मैंने इस हदीस को नबी ﷺ तक पहुंचा दिया, क्यूंकि वो (आइम्मा) इस (इस्नाद) से गरीग हो चुके और उन्होंने हमें भी नियाज़ कर दिया, और मैंने कुतब (जैसे किताबुल इल्म वगैरा) और अबवाब को वैसे ही रखा जैसे उन्होंने (इमाम बगवी ﷫) ने तरतीब दिया था, और इस बारे में मैंने इन की इत्तेबा की, मैंने हर बाब को गालब तौर पर तीन फसलों में तकसीम किया| पहली फस्ल उन अहादीस पर मुश्तमिल हैं जिन्हें इमाम बुखारी और मुस्लिम दौनों ने रिवायत किया है या उन में से एक ने, और आर इस हदीस के इन के सिवा किसी और ने भी रिवायत किया है तो मैंने रिवायत में इन दोनों के आला दर्जे पर फैज़ होने की वजह से इन दोनों की रिवायत पर इक्तेफा किया हैं|

दूसरी फस्ल उन अहादीस पर मुश्तमिल हैं जिन को इमाम बुखारी और इमाम मुस्लिम के अलावा पहले ज़िक्र किए गए आइम्मा में से किसी ने रिवायत किया है, और तीसरी फस्ल उन अहादीस पर मुश्तमिल है जो मानी बाब पर मुश्तमिल हो और मनासब मुल्हकात में से हो, लेकिन यहाँ भी (रावी और रिवायत नक़ल करने वाले इमाम के ज़िक्र की) शर्त का ख़याल रखा गया है, अगर वो सलफ (सहबा किराम) और खल्फ (ताबेइन) से मन्कुल व मरवी हो|

फिर अगर आप किसी बाब में कोई हदीस न पाए तो वो इस लिए है, की मैंने तकरार की वजह से इसे नक़ल नहीं किया, और अगर आप हदीस का कुछ हिस्सा मतरुक पाए तो वो इस का इक्तेसार या इस के साथ मिला हुआ इस का इत्माम इस की अहमियत की वजह से होगा, और अगर आप को दोनों फसलो में कोई इख्तिलाफ नज़र आए के पहली फस्ल में सहीह बुखारी और सहीह मुस्लिम के अलावा कोई हदीस है और फस्ल दुम में सहीह बुखारी और सहीह मुस्लिम की कोई हदीस है, तो आप जान ले के मैंने अल जामेअ बैन अल सहीहैन ली हुमैदी और जामेअ अल उसूल दानों किताबो की पूरी छानबीन के बाद मैंने शेखैन और इन दोनों के मतन पर ऐतमाद किया है|

और अगर आप हदीस के मतन में इख्तिलाफ देखें तो वो हदीस के मुख्तलिफ तरिक की वजह से हैं, मुमकिन है के मुझे इस रिवायत का पता न चला हो जिसे अल शैख़ इमाम बगवी ﷫ ने (मसाबिह में) नक़ल किया हो, और आप ये बहुत कम पाएंगे के में कहूँ: मैंने ये रिवायत कुतुबे असल में नहीं पाई, या मैंने इस से मुखतलिफ़ इस में पाई है, पस जब आप को ऐसी बात का पता चले तो आप मेरी समझ की कमी की वजह इस तासीर को मेरी तरफ मंसूब करे जनाब शैख़, अल्लाह तआला दारेनमें इन की कदर व मंज़िलात बढ़ाए, की तरफ नहीं, इस (तकसीर को जनाब अल शैख़ की तरफ मंसूब करने) से अल्लाह तआला की पनाह, जिस शख्स को, अल्लाह तआला इस पर रहम फरमाए, इस बारे में पता चले तो वो इस के मुतल्लिक हमें आगाह करे और दुरुस्त तारिक की तरफ हमारी रहनुमाई फरमाए, मैंने वुसअत व ताकत के मुताबिक़ (तर्क हदीस और इख्तिलाफ अलफ़ाज़ की) तहकीक व तफतीस में कोई कमी नहीं छोड़ी, और मैंने जिसे पाया वो इख्तिलाफ नक़ल कर दिया, और अल शैख़ ﷫ ने जहाँ हदीस के गरीब या जईफ होने की तरफ इशारा किया है, मैंने ग़ालिब तौर पर वहां इस की वजह बयान कर दी हैं, और

जहाँ उन्होंने जो के अलसौल (मसलन मुन्कते, मौकूफ, मुरसल) यही हैं, इशारा नहीं किया तो, किसी मसलिहत के पेशे नज़र चंद मकामत के सिवा, मैंने भी इन की इत्तेबा में उसे वैसे ही छोड़ दिया, और बसा अवकात आप कुछ ऐसे मकामात पाएंगे जो के मह्मुल और वो इस लिए है के मुझे इस के रावी का पता नहीं चला, तो मैंने वहाँ कुछ नहीं लिखा इसे वैसे छोड़ दिया, पास अगर आप को पता चले तो आप इसे वहां लिख दे, अल्लाह तआला आप को बेहतर बदला अता फरमाए| मैंने किताब का नाम **“मिश्कतुल मस्सबिह”** रखा है, मैंने अल्लाह तआला से तौफिक और मदद करें, हिदायत दें और हमारी हिफाज़त फरमाए(गलती और लग्ज़िशसे बचाओ) अपने मकसद की तेसर तलब करता हो, और दरखवास्त करता हूँ, वो हयात और बाद अलममात मुझे और तमाम मुसलमान मर्दों और मुसलमान औरतों को फाइदा पहुंचाए| मेरे लिए अल्लाह ही काफी है और वो बतारिन कारज़ाश है|

وَلَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ إِلَّا بِاللَّهِ الْعَزِيزِ الْحَكِيمِ

١ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّمَا الْأَعْمَال بِالنِّيَّاتِ وَإِنَّمَا لكل امْرِئ مَا نَوَى فَمَنْ كَانَتْ هِجْرَتُهُ إِلَى اللَّهِ وَرَسُولِهِ فَهِجْرَتُهُ إِلَى اللَّهِ وَرَسُولِهِ وَمَنْ كَانَتْ هِجْرَتُهُ إِلَى دُنْيَا يُصِيبُهَا أَوِ امْرَأَةٍ يَتَزَوَّجُهَا فَهجرَته إِلَى مَا هَاجر إِلَيْهِ»

1. उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तमाम आमाल का दारोमदार नियतो पर है, हर शख़्स को वही कुछ मिलेगा जो उस ने नियत की, पस जिस शख़्स की हिजरत अल्लाह और उस के रसूल की खातिर हुई तो उसकी हिजरत अल्लाह और उस के रसूल ﷺ की खातिर है, और जिस की हिजरत हसूले दुनिया या किसी औरत से शादी करने की खातिर हुई तो उसकी हिजरत इस की खातिर है, जिस की खातिर उस ने हिजरत की”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1 ، 54 ، 2529 ، 3898 ، 5070 ، 6689 ، 6953) و مسلم (1907 ، الامارة : 155)، (4927) [و النسائى ، الايمان و النذور : النية فى الميمن ح 3825 ، السلفية 2 / 135 ، و اللفظ له الا عنده ’’ لدنيا ‘‘ بدل ’’ الى دنيا ‘‘ وجاء فى بعض نسخ النسائى ’’ الى دنيا ‘‘]

دُआओं का बयान • كتاب الدَّعْوَات

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٢٢٢٣ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لِكُلِّ نَبِيٍّ دَعْوَةٌ مُسْتَجَابَةٌ فَتَعَجَّلَ كُلُّ نَبِيٍّ دَعْوَتَهُ وَإِنِّي اخْتَبَأْتُ دَعْوَتِي شَفَاعَةً لِأُمَّتِي إِلَى يومِ القِيامةِ فَهِيَ نَائِلَةٌ إِنْ شَاءَ اللَّهُ مَنْ مَاتَ مِنْ أُمَّتِي لَا يُشْرِكُ بِاللَّهِ شَيْئًا» . رَوَاهُ مُسلم وللبخاري أقصر مِنْهُ

2223. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ” हर नबी की (अपनी उम्मत के बारे) में एक दुआ कबूल होती है , पस हर नबी ने दुआ करने में जल्दी की जबकि मेंने अपने दुआ को अपनी उम्मत की शफाअत के लिए रोज़ ए कियामत के लिए छिपा रखा है, और वह (शफ़ाअत) इंशाअल्लाह हर इस शख़्स को पहुंचेगी जो इस हाल में फौत हुआ होगा के उस ने अल्लाह के साथ किसी को शरीक नहीं ठहराया होगा|”, मुस्लिम, और बुखारी की रिवायत उस से मुख़्तसर है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (338 / 199)، (491) و البخاری (6304)

٢٢٢٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اللَّهُمَّ إِنِّي اتَّخَذْتُ عِنْدَكَ عَهْدًا لَنْ تُخْلِفَنِيهِ فَإِنَّمَا أَنَا بَشَرٌ فَأَيُّ الْمُؤْمِنِينَ آذَيْتُهُ شَتَمْتُهُ لَعَنْتُهُ جَلَدْتُهُ فاجْعَلْها لَهُ صَلَاةً وَزَكَاةً وَقُرْبَةً تُقَرِّبُهُ بِهَا إِلَيْكَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ»

2224. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ” अल्लाह मेंने तुझ से एक अहद लिया है बेशक जिसका तो खिलाफ नहीं करेगा, मैं भी एक इंसान हूँ, मेंने जिस किसी मोमिन को अज़ीयत पहुंचाई हो, मेंने इसे बुरा-भला कहा हो, लान-तान की हो, इसे मारा हो, तो इस अज़ीयत को उस के लिए बाईसे रहमत, तहारत और बाईस कुरबत बना दे, और रोज़ ए कियामत इस कुरबत की वजह से तो उसे अपना मुकर्रब बना ले”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (6361) و مسلم (90 / 2601)، (6619)

٢٢٢٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا دَعَا أَحَدُكُمْ فَلَا يقُلْ: اللَّهُمَّ اغفِرْ لِي إِنْ شِئتَ ارْحمْني إِنْ شِئْتَ ارْزُقْنِي إِنْ شِئْتَ وَلِيَعْزِمْ مَسْأَلَتَهُ إِنَّه يفعلُ مَا يَشَاء وَلَا مكره لَهُ ". رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2225. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ” जब तुम में से कोई दुआ करे तो यूँ न कहे, ऐ अल्लाह, अगर तू चाहे तो मुझे बख्श दे, अगर तू चाहे तो मुझ पर रहम फरमा, अगर तू चाहे तो

मुझे रीज़्क अता फरमा, बल्कि इसे चाहिए के वह पुरे अज़्म के साथ दुआ करे, क्योंकि वह जो चाहे करता है इसे कोई मजबूर करने वाला नहीं”| (बुखारी)

رواه البخارى (7477)

٢٢٢٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا دَعَا أَحَدُكُمْ فَلَا يَقُلِ: [ص:٦٩ اللَّهُمَّ اغْفِرْ لِي إِنْ شِئْتَ وَلَكِنْ لِيَعْزِمْ وَلْيُعَظِّمِ الرَّغْبَةَ فَإِنَّ اللَّهَ لَا يَتَعَاظَمُهُ شيءٌ أعطاهُ ". رَوَاهُ مُسلم

2226. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जब तुम में से कोई दुआ करे तो यूँ न कहे, ऐ अल्लाह, अगर तू चाहे तो मुझे बख्श दे बल्कि इसे पुख्ता अज़्म के साथ और बड़ी रगबत के साथ दुआ करनी चाहिए क्योंकि किसी भी चिज़ का अता करना अल्लाह के लिए कोई गिराह नहीं”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (8 / 2679)، (6812)

٢٢٢٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يُسْتَجَابُ لِلْعَبْدِ مَا لَمْ يَدْعُ بِإِثْمٍ أَوْ قَطِيعَةِ رَحِمٍ مَا لَمْ يَسْتَعْجِلْ» . قِيلَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَا الِاسْتِعْجَالُ؟ قَالَ: " يَقُولُ: قَدْ دَعَوْتُ وَقَدْ دَعَوْتُ فَلَمْ أَرَ يُسْتَجَابُ لِي فَيَسْتَحْسِرُ عِنْدَ ذَلِكَ وَيَدَعُ الدُّعاءَ ". رَوَاهُ مُسلم

2227. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ बंदा जब तक किसी गुनाह या कतअ रहमी के बारे में दुआ न करे उसकी दुआ कबूल होती है, बशर्तेकी वह जल्द बाज़ी न करे”, अर्ज़ किया गया, अल्लाह के रसूल, जल्द बाज़ी से क्या मुराद है? आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ वह कहता है में तो बहोत दुआए कर चूका, लेकिन मेरी दुआ कबुल ही नहीं होती इस सूरते हाल में वह मायूस हो जाता है और दुआ करना छोड़ देता है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (92 / 2735)، (6936) [و انظر صحيح بخارى (6340)]

٢٢٢٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي الدَّرْدَاءِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " دعوةُ الْمُسْلِمِ لِأَخِيهِ بِظَهْرِ الْغَيْبِ مُسْتَجَابَةٌ عِنْدَ رَأْسِهِ مَلَكٌ مُوَكَّلٌ كُلَّمَا دَعَا لِأَخِيهِ بِخَيْرٍ قَالَ الْمَلَكُ الْمُوَكَّلُ بِهِ: آمِينَ وَلَكَ بِمِثْلٍ ". رَوَاهُ مُسلم

2228. अबू दरदा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ मुसलमान शख़्स की अपने मुसलमान भाई के लिए वह दुआ कबूल होती है जो उसकी गैर मौजूदगी में की जाती है, और दुआ करने वाले के

पास एक फ़रिश्ता मामूर होता है, जब वह अपने भाई के लिए दुआएं खैर करता है तो वह मामूर फ़रिश्ता आमीन कहता है और कहता है, इसी मिसल तुम्हारे लिए भी हो"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (88 / 2733)، (6929)

٢٢٢٩ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَدْعُوا عَلَى أَنْفُسِكُمْ وَلَا تدْعُوا على أَوْلَادكُم لَا تُوَافِقُوا مِنَ اللَّهِ سَاعَةً يُسْأَلُ فِيهَا عَطَاءً فَيَسْتَجِيبَ لَكُمْ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ»» وَذَكَرَ حَدِيثَ ابْنِ عَبَّاسٍ: «اتَّقِ دَعْوَةَ الْمَظْلُومِ» فِي كِتَابِ الزَّكَاة .

2229. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' अपने औलाद और अपने अमवाल के लिए बद्दुआ न करो कहीं ऐसा न हो की तुम किसी ऐसी घड़ी में अल्लाह से दुआ कर बेठो, जिस में दुआ कबूल हो जाती है"| # और इब्ने अब्बास (र अ) से मरवी हदीस: "मज़लूम की बद्दुआ से बचो '' किताब अल ज़कात में ज़िक्र की गई है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (74 / 3009)، (7515) O حديث ابن عباس تقدم (1772)

كتاب الدَّعْوَات • दुआओं का बयान

الْفَصْلُ الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٢٣٠ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ النُّعْمَانِ بْنِ بَشِيرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: [ص:٦٩ «الدُّعَاءُ هُوَ الْعِبَادَةُ» ثُمَّ قَرَأَ: (وَقَالَ رَبُّكُمُ ادْعُونِي أَسْتَجِبْ لكم)»» رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَه

2230. नौमान बिन बशीर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' दुआ ही इबादत है, फिर आप ने यह आयत पढ़ी : ''तुम्हारे रब ने फ़रमाया: मुझ से दुआए करो, मैं तुम्हारी दुआए कबूल करूँगा''| (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (4 / 267 ح 18542 ، 4 / 276 ح 18623) و ابوداؤد (1479) و الترمذی (2969 و قال : حسن صحیح) و النسائی (فی الکبری :11464) و ابن ماجه (3828) [و صححه ابن حبان (الموارد : 2396) و الحاکم (1 / 490491) و وافقه الذهبی]

٢٢٣١ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الدُّعَاءُ مُخُّ الْعِبَادَةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2231. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ दुआ इबादत का मगज़ है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (3371 و قال : غریب) * ابن لهيعة مدلس و عنعن

٢٢٣٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَيْسَ شَيْءٌ أَكْرَمَ عَلَى اللَّهِ مِنَ الدُّعَاءِ»

2232. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ अल्लाह के यहाँ दुआ से बेहतर कोई चीज़ नहीं‘’| तिरमिज़ी, इब्ने माजा और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (3370) و ابن ماجه (3829) * قتاده مدلس و عنعن

٢٢٣٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سَلْمَانَ الْفَارِسِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَرُدُّ الْقَضَاءَ إِلَّا الدُّعَاءُ وَلَا يَزِيدُ فِي الْعُمْرِ إِلَّا الْبر» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2233. सलमान फारसी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ सिर्फ दुआ ही कज़ा को टाल सकती है और सिर्फ नेकी व इताअत ही उमर दराज़ कर सकती है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه الترمذی (2139 و قال : هذا حديث حسن غريب) * سليمان التيمى عنعن و فى السند علة أخرى و للحديث شاهد ضعيف عند ابن ماجه (90 ، 4022)

٢٢٣٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الدُّعَاءَ يَنْفَعُ مِمَّا نَزَلَ وَمِمَّا لَمْ يَنْزِلْ فَعَلَيْكُمْ عِبَادَ اللَّهِ بِالدُّعَاءِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

2234. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ दुआ उन मसाइब (तकलीफ) के लिए नफ़ामंद है जो नाज़िल हो चुके और इन के लिए भी जो अभी नाज़िल नहीं हुए, अल्लाह के बन्दों दुआए किया करो”| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه الترمذی (3515 ، 3548 و قال : هذا حديث غريب) * عبدالرحمن بن ابی بکر المليكى ضعيف و للحديث شواهد ضعيفة عند ابن ماجه (3551) و غيره

٢٢٣٥ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ أَحْمَدُ عَنْ مُعَاذِ بْنِ جَبَلٍ. وَقَالَ التِّرْمِذِيّ هَذَا حَدِيث غَرِيب

2235. और इमाम अहमद ने मुआज़ बिन जबल रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (5 / 234 ح 22394) * رواه إسماعيل بن عياش عن غير الشاميين و شهر بن حوشب لم يدرک معاذاً رضى الله عنه فالسند منقطع

٢٢٣٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا مِنْ أَحَدٍ يَدْعُو بِدُعَاءٍ إِلَّا آتَاهُ اللَّهُ مَا سَأَلَ أَوْ كَفَّ عَنْهُ مِنَ السُّوءِ مِثْلَهُ مَا لَمْ يَدْعُ بِإِثْمٍ أَوْ قَطِيعَةِ رحم» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2236. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जब कोई शख़्स दुआ करता है जिस में गुनाह या कतअ रहमी न हो तो अल्लाह तआला इस शख़्स को उसकी मतलूब चीज़ ही अता फरमा देता है या फिर उसकी मिस्ल तकलीफ उस से दूर कर देता है”| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذى (3381 ، 3573 و قال : حسن غريب صحيح) و للحديث شواهد

٢٢٣٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ [ص:٦٩ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «سَلُوا اللَّهَ مِنْ فَضْلِهِ فَإِنَّ اللَّهَ يُحِبُّ أَنْ يُسْأَلَ وَأَفْضَلُ الْعِبَادَةِ انْتِظَارُ الْفَرَجِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَقَالَ هَذَا حَدِيث غَرِيب

2237. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ अल्लाह से उस का फ़ज़्ल तलब किया करो, क्योंकि अल्लाह पसंद करता है की उस से सवाल किया जाए और कशाईश खुशहाली का इंतज़ार अफज़ल इबादत है”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (3571) * حكيم بن جبير : ضعيف رمى بالتشيع و رجل : مجهول

٢٢٣٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ لَمْ يَسْأَلِ اللَّهَ يغضبْ عَلَيْهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2238. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जो शख़्स अल्लाह से सवाल नहीं करता तो वह उस पर नाराज़ होता है”| (ज़ईफ़)

رواه الترمذى (3373) [و ابن ماجه : 3827] * ابوصالح الخوزى لين الحديث

٢٢٣٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ فُتِحَ لَهُ مِنْكُمْ

بَابُ الدُّعَاءِ فُتِحَتْ لَهُ أَبْوَابُ الرَّحْمَةِ وَمَا سُئِلَ اللَّهُ شَيْئًا يَعْنِي أَحَبَّ إِلَيْهِ مِنْ أَنْ يُسْأَلَ الْعَافِيَةَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2239. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' तुम में से जिस शख़्स के लिए दुआ का दरवाज़ा खोल दिया गया, तो उस के लिए रहमत के दरवाज़े खोल दिए गए और अल्लाह को यह बहोत पसंद है के उस से आफियत का सवाल किया जाए"| (ज़ईफ़)

ضعیف ، رواه الترمذی (3548) [و تقدم : 2234]

٢٢٤٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ سَرَّهُ أَنْ يَسْتَجِيبَ اللَّهُ لَهُ عِنْدَ الشَّدَائِدِ فَلْيُكْثِرِ الدُّعَاءَ فِي الرَّخَاءِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيث غَرِيب

2240. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' जिस शख़्स को पसंद हो के मुश्किलात मसाइब (तकलीफ) के वक़्त अल्लाह तआला उसकी दुआ कबूल फरमाए तो फिर इसे चाहिए के वह खुशहाली में कसरत से दुआए करे"| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (3382)

٢٢٤١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «ادْعُوا اللَّهَ وَأَنْتُمْ مُوقِنُونَ بِالْإِجَابَةِ وَاعْلَمُوا أَنَّ اللَّهَ لَا يَسْتَجِيبُ دُعَاءً مِنْ قَلْبٍ غَافِلٍ لَاهٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حديثٌ غَرِيب

2241. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' दुआ की क़बूलियत के यकीन के साथ अल्लाह से दुआ करो और जान लो अल्लाह क़ल्ब गाफ़िल से की गई दुआ कबूल नहीं फरमाता"| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (3479) * صالح المری : ضعیف ، و له شاھد ضعیف عند احمد (2 / 177)

٢٢٤٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مَالِكِ بْنِ يَسَارٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا سَأَلْتُمُ اللَّهَ فَاسْأَلُوهُ بِبُطُونِ أَكُفِّكُمْ وَلَا تَسْأَلُوهُ بِظُهُورِهَا»

2242. मालिक बिन यस्सार रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' जब तुम अल्लाह से दुआ करे तो उस से सीधे हाथों से दुआ करो और उस से उल्टे हाथों से दुआ ना करो"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1486)

٢٢٤٣ - (لم تتمّ دراسته) وَفِي رِوَايَةِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: «سَلُوا اللَّهَ بِبُطُونِ أَكُفِّكُمْ وَلَا تَسْأَلُوهُ بِظُهُورِهَا فَإِذَا فَرَغْتُمْ فامسحوا بِهَا وُجُوهكُم» . رَوَاهُ دَاوُد

2243. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा की रिवायत में है फ़रमाया: “ए अल्लाह! से सीधे हाथों से दुआ किया करो उल्टे (हाथों) से दुआ न किया करो और जब तुम (दुआ से) फारिग़ हो जाए तो उन हाथो को अपने चेहरे पर फेरा लिया करो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (1485) * فيه مجهول و علة أخرى و للحديث شواهد ضعيفة انظر الحديث الآتى (2245)

٢٢٤٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن سَلْمَانَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ رَبَّكُمْ حَيِيٌّ [ص:٦٩ كَرِيمٌ يَسْتَحْيِي مِنْ عَبْدِهِ إِذَا رَفَعَ يَدَيْهِ إِلَيْهِ أَنْ يَرُدَّهُمَا صِفْرًا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي الدَّعوات الْكَبِير

2244. सलमान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ तुम्हारा रब बड़ा हयादार सखिदाता है< जब बंदा उस के सामने दस्ते सवाल दराज़ करता है तो उसे खाली लौटाते हुए इसे हया आती है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (3556 و قال : حسن غريب) و ابوداؤد (1488) و البيهقى فى الدعوات الكبير (1 / 137 ح 180181) [و ابن ماجه : 3865] * جعفر بن ميمون ضعفه الجمهور و تابعه سليمان التيمى و هو مدلس (و زعم الحافظ ابن حجر خلافه و قوله مرجوح) و التيمى عنعن

٢٢٤٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا رَفَعَ يَدَيْهِ فِي الدُّعَاءِ لَمْ يَحُطَّهُمَا حَتَّى يمسح بهما وَجهه. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2245. उमर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ दुआ के लिए हाथ उठाया करते थे, तो आप ﷺ उन्हें चेहरे पर फेर कर नीचे गिराया करते थे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (3385 و قال : غريب) * فيه حماد بن عيسى : ضعيف (و انظر حديث : 2243) و ثبت مسح الوجه فى الدعاء بالراحتين عن ابن عمر و ابن الزبير رضى الله عنهما ، رواه البخارى فى الادب المفرد (609) و سنده حسن لذاته و اخطا من ضعفه

٢٢٤٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم يَسْتَحِبُّ الْجَوَامِعَ مِنَ الدُّعَاءِ وَيَدَعُ مَا سِوَى ذَلِكَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2246. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ जामेअ दुआए करना पसंद करते थे और उन के अलावा बाकी दुआए छोड़ दिया करते थे| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (1482) [و صححه ابن حبان (الموارد : 2412) و الحاكم (1 / 539) و وافقه الذهبى]

٢٢٤٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِن أَسْرَعَ الدُّعَاءِ إِجَابَةً دَعْوَةُ غَائِبٍ لِغَائِبٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

2247. अब्दुल्लाह बिन अम्र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ किसी शख़्स के लिए उसकी अदम मौजूदगी में की गई दुआ बहोत जल्द कबूल होती है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (1980 و قال : غريب و الافريقی يضعف فی الحديث) و ابوداؤد (1535) * الافريقی ضعيف

٢٢٤٨ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ اسْتَأْذَنْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الْعُمْرَةِ فَأَذِنَ لِي وَقَالَ: «أَشْرِكْنَا يَا أُخَيُّ فِي دُعَائِكَ وَلَا تَنْسَنَا» . فَقَالَ كَلِمَةً مَا يَسُرُّنِي أَنَّ لِي بِهَا الدُّنْيَا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَانْتَهَتْ رِوَايَتُهُ عِنْدَ قَوْلِهِ «لَا تنسنا»

2248. उमर बिन ख़िताब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मेंने उमरा के लिए नबी ﷺ से इजाज़त तलब की तो आप ﷺ ने मुझे इजाज़त अता की और फ़रमाया: “प्यारे भाई हमें अपने दुआ में याद रखना और हमें भूल न जाना”, आप ﷺ ने ऐसी बात फरमाई जिसके बदले में पूरी दुनिया का हुसूल मेरे लिए बाईस ख़ुशी नहीं”| अबू दावुद, तिरमिज़ी, और इमाम तिरमिज़ी की रिवायत (ولا تنسنا) के अल्फाज़ पर ख़तम हो जाती है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (1498) و الترمذی (3562 و قال : حسن صحيح) * فيه عاصم بن عبدالله : ضعيف ، ضعفه جمهور المحدثين و تحقيقهم هو الراجح

٢٢٤٩ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " ثَلَاثَةٌ لَا تُرَدُّ دَعْوَتُهُمْ: الصَّائِمُ حِينَ يُفْطِرُ وَالْإِمَامُ الْعَادِلُ وَدَعْوَةُ الْمَظْلُومِ يَرْفَعُهَا اللَّهُ فَوْقَ الْغَمَامِ وَتُفْتَحُ لَهَا أَبْوَابُ السَّمَاءِ وَيَقُولُ الرَّبُّ: وَعِزَّتِي لَأَنْصُرَنَّكِ وَلَوْ بعد حِين ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2249. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ तीन आदमियों की दुआ ज़रूर कबूल होती है, रोज़ा दार जब वह इफ्तार के वक़्त दुआ करता है, आदिल बादशाह और दुआएं मज़लूम अल्लाह इस दुआ को बादलो के ऊपर उठा लेता है, उस के लिए आसमान के दरवाज़े खोल दिए जाते हैं और रब फरमाता है, मेरी इज्ज़त की क़सम में ज़रूर तुम्हारी मदद करूँगा ख्वाह कुछ देर से हो”| (सहीह,हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3598 و قال : هذا حديث حسن) [و ابن ماجه (1752) و صححه ابن خزيمه (1901) و ابن حبان (الموارد : 24072408)]

٢٢٥٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " ثَلَاثُ دَعَوَاتٍ مُسْتَجَابَاتٍ لَا شَكَّ فِيهِنَّ: دَعْوَةُ الْوَالِدِ وَدَعْوَةُ الْمُسَافِرِ وَدَعْوَةُ الْمَظْلُومِ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

2250. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' तीन दुआए ऐसी है जिन की क़बूलियत में कोई शक नहीं, वालिद की दुआ, मुसाफ़िर की दुआ और मज़लूम की दुआ''| (सहीह,हसन)

حسن ، رواه الترمذی (1905) و ابوداؤد (1536) و ابن ماجه (3862) [و صححه ابن حبان (الموارد : 2406)]

कитаб الدَّعْوَات • दुआओं का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٢٥١ - (حسن) عَنْ أَنَسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لِيَسْأَلْ أَحَدُكُمْ رَبَّهُ حَاجَتَهُ كُلَّهَا حَتَّى يَسْأَلَهُ شِسْعَ نَعله إِذا انْقَطع»

2251. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' तुम में से हर शख़्स को अपने तमाम ज़रूरते अपने रब से मांगनी चाहिए, हत्ता कि जब उस के जूते का तस्मिया टूट जाए तो उस के बारे में भी इसी से सवाल करना चाहिए''| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (8 / 604 و قال : غریب)

٢٢٥٢ - (حسن) زَادَ فِي رِوَايَةٍ عَنْ ثَابِتٍ الْبُنَانِيِّ مُرْسَلًا «حَتَّى يَسْأَلَهُ الْمِلْحَ وَحَتَّى يَسْأَلَهُ شِسْعَهُ إِذَا انْقَطع» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2252. और साबित बुनाई से मरवी मुरसल रिवायत में इतना इज़ाफा है, "हत्ता की वह नमक भी उस से मांगे और हत्ता कि जब उस का तस्मिया टूट जाए तो वह भी उस से मांगे"| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (9 / 3604) و انظر الحدیث السابق (2251)

٢٢٥٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَرْفَعُ يَدَيْهِ فِي الدُّعَاءِ حَتَّى يُرى بياضُ إبطَيْهِ

2253. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ दोरान दुआ अपने हाथ इस क़दर बुलंद फरमाते के आप ﷺ की बगलों की सफेदी नज़र आने लगती| (सहीह,मुस्लिम)

صحیح ، رواه البیهقی فی الدعوات الکبیر (1 / 138 ح 182) [و مسلم (895)، (2074) و احمد (3 / 259)]

٢٢٥٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن سهل بن سَعْدٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: كَانَ يَجْعَل أصبعيه حذاء مَنْكِبَيْهِ وَيَدْعُو

2254. सहल बिन साद रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं आप ﷺ अपने हाथो की उंगलियां कंधों के बराबर किया करते थे और दुआ फरमाते थे| (सहीह,हसन)

اسناده حسن ، رواه البيهقى فى الدعوات الكبير (1 / 140 ح 185) [و صححه الحاكم (1 / 535 ح 536 ح 1964) و وافقه الذهبى و اصله عند ابى داود (1105) بلفظ آخر و سنده حسن]

٢٢٥٥ - (ضَعِيف) وَعَنِ السَّائِبِ بْنِ يَزِيدَ عَنْ أَبِيهِ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ إِذَا دَعَا فَرفع يَدَيْهِ مَسَحَ وَجْهَهُ بِيَدَيْهِ»» رَوَى الْبَيْهَقِيُّ الْأَحَادِيثَ الثَّلَاثَة فِي «الدَّعْوَات الْكَبِير»

2255. साइब बिन यज़ीद अपने वालिद से रिवायत करते हैं की जब नबी ﷺ दुआ किया करते थे, तो आप हाथ उठाते और फिर अपने हाथ चेहरे पर फेरा लेते थे| इमाम बयहकी ने तीनो अहादीस '' अल दअवात अल कुबरा '' में रिवायत की| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى الدعوات الكبير (1 / 139140 ح 181) [من حديث ابى داود و هذا فى سننه (1492)] * فيه حفص بن هاشم : مجهول

٢٢٥٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عِكْرِمَةَ عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: الْمَسْأَلَةُ أَنْ تَرْفَعَ يَدَيْكَ حَذْوَ مَنْكِبَيْكَ أَوْ نَحْوِهِمَا وَالِاسْتِغْفَارُ أَنْ تُشِيرَ بِأُصْبُعٍ وَاحِدَةٍ وَالِابْتِهَالُ أَنْ تَمُدَّ يَدَيْكَ جَمِيعًا [ص:٦٩»» »» وَفِي رِوَايَةٍ قَالَ: والابتهالُ هَكَذَا وَرَفَعَ يَدَيْهِ وَجَعَلَ ظُهُورَهُمَا مِمَّا يَلِي وَجْهَهُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُ

2256. इकरिमा रहिमहुल्लाह इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से बयान करते हैं, दुआ (का अदब) यह है कि तुम अपने हाथ कांधो या तकरीबन कंधो के बराबर उठाओ तलब मगफिरत (का अदब) यह है कि तुम एक ऊँगली (अंगुश्ते शहादत) के साथ इरशाद करो और तजरीअ आजिज़ी यह है हम अपने दोनों हाथ दराज़ कर दो और एक रिवायत में है फ़रमाया तजरीअ आजिज़ी इस तरह है और उन्होंने अपने हाथ इस क़दर बुलंद किए और हाथो की पुश्त को अपने चेहरे की तरफ किया| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (14891490)

٢٢٥٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّهُ يَقُولُ: إِنَّ رَفْعَكُمْ أَيْدِيَكُمْ بِدْعَةٌ مَا زَادَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى هَذَا يَعْنِي إِلَى الصَّدْرِ رَوَاهُ أَحْمد

2257. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के वह फ़रमाया करते थे तुम्हारा दुआ के लिए हाथ उठाना

बिदअत है, रसूलुल्लाह ﷺ इस यानी)सीने से ऊपर हाथ नहीं उठाते थे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (2 / 61 ح 5264) * فيه بشر بن حرب الندبى : ضعيف ضعفه الجمهور

٢٢٥٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبَيِّ بْنِ كَعْبٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا ذَكَرَ أَحَدًا فَدَعَا لَهُ بَدَأَ بِنَفْسِهِ رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ صَحِيح

2258. उबई बिन काब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ किसी को याद फरमाते, तो उस के लिए दुआ फरमाते और पहले अपने लिए करते तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस हसन ग़रीब सहीह है| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذى (3385) [و ابوداؤد (3984) و اصله عند مسلم فى صحيحه (2380) مطولا]

٢٢٥٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " مَا مِنْ مُسْلِمٍ يَدْعُو بِدَعْوَةٍ لَيْسَ فِيهَا إِثْمٌ وَلَا قَطِيعَةُ رَحِمٍ إِلَّا أَعْطَاهُ اللَّهُ بِهَا إِحْدَى ثَلَاثٍ: إِمَّا أَنْ يُعَجِّلَ لَهُ دَعْوَتَهُ وَإِمَّا أَنْ يَدَّخِرَهَا لَهُ فِي الْآخِرَةِ وَإِمَّا أَنْ يَصْرِفَ عنهُ من السُّوءِ مثلَها " قَالُوا: إِذنْ نُكثرُ قَالَ: «الله أكثر» . رَوَاهُ أَحْمد

2259. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: ’’ जब कोई मुसलमान कोई ऐसी दुआ करता है जिस में गुनाह और कतअ रहमी न हो तो अल्लाह इस वजह से तीन चीजों में से कोई एक इसे अता फरमा देता है, या तो उसकी दुआ फ़ौरन कबूल फरमा लेता है, या इसे उस के लिए आखिरत में ज़खीरा कर लेता है, या फिर उसकी मिस्ल तकलीफ उस से दूर फरमा देता है< सहाबा ने अर्ज़ किया, तो हम ज़्यादा दुआए करेंगे, आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ अल्लाह दुआएं कबूल करने में बहोत ज़्यादा है”| (सहीह,हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (3 / 18 ح 11150) [و عبد بن حميد (937) و البخارى فى الادب المفرد (710) و صححه الحاكم (1 / 463) و وافقه الذهبى]

٢٢٦٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ " خَمْسُ دَعَوَاتٍ يُسْتَجَابُ لَهُنَّ: دَعْوَةُ الْمَظْلُومِ حَتَّى يَنْتَصِرَ وَدَعْوَةُ الْحَاجِّ حَتَّى يَصْدُرَ وَدَعْوَةُ الْمُجَاهِدِ حَتَّى يَقْعُدَ وَدَعْوَةُ الْمَرِيضِ حَتَّى يَبْرَأَ وَدَعْوَةُ الْأَخِ لِأَخِيهِ بِظَهْرِ الْغَيْبِ ". ثُمَّ قَالَ: «وَأَسْرَعُ هَذِهِ الدَّعْوَات إِجَابَة دَعْوَة الْأَخ لِأَخِيهِ بِظَهْرِ الْغَيْبِ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي الدَّعَوَاتِ الْكَبِيرِ

2260. इब्ने अब्बास नबी ﷺ से रिवायत करते हैं आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ पांच दुआए है जो कबूल की जाती है, मज़लूम की दुआ हत्ता के वह इन्तेकाम ले ले, हाजी की दुआ हत्ता कि वह वापस आ जाए, मुजाहिद की दुआ हत्ता कि वह (जिहाद से) फारिग़ हो जाए, मरीज़ की दुआ हत्ता कि वह सेहत याब हो जाए और भाई की दुआ जो वह

अपने (मुसलमान) भाई के लिए उसकी अदम मौजूदगी में करता है”| फिर फ़रमाया: “उन दुआओं में भाई की गाइबाना दुआ बहोत जल्द कबूल होती है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه البيهقى فى الدعوات الكبير (لم اجده و راوه فى شعب الايمان : 1125 ، نسخة محققة : 1087) * فيه عبدالرحمن بن زيد (كذا) و لعله عبدالرحيم بن زيد العمى كذاب ، رواه عن ابيه عن سعيد بن جبير عن ابن عباس به و فيه يونس بن افلح لم اجد من و ثقه و زيد العمى ضعيف مشهور

بَابُ ذِكْرِ اللّٰہِ عَزَّ وَجَلَّ وَالتَّقَرُّبِ إِلَيْهِ — अल्लाह अज्ज़वजल के ज़िक्र और इसके करीब होने का बयान

الْفَصْلُ الأول — पहली फस्ल

٢٢٦١ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ وَأَبِي سَعِيدٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَا: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَقْعُدُ قَوْمٌ يَذْكُرُونَ اللَّهَ إِلَّا حَفَّتْهُمُ الْمَلَائِكَةُ وَغَشِيَتْهُمُ الرَّحْمَةُ وَنَزَلَتْ عَلَيْهِمُ السَّكِينَةُ وَذَكَرَهُمُ اللَّهُ فِيمَنْ عِنْدَهُ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2261. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु और अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जब कुछ लोग बैठ कर अल्लाह का ज़िक्र करते हैं, तो फ़रिश्ते उन्हें घेर लेते है, रहमत उन्हें ढांप लेती है, इन पर सकिनत नाज़िल होती है, और अल्लाह अपने वहां फरिश्तो के पास उस का तज़किरह फरमाता है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (39 / 2700)، (6855)

٢٢٦٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَسِيرُ فِي طَرِيقِ مَكَّةَ فَمَرَّ عَلَى جَبَلٍ يُقَالُ لَهُ: جُمْدَانُ فَقَالَ: «سِيرُوا هَذَا جُمْدَانُ سَبَقَ الْمُفَرِّدُونَ» . قَالُوا: وَمَا الْمُفَرِّدُونَ؟ يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ: «الذَّاكِرُونَ الله كثيرا وَالذَّاكِرَات» . رَوَاهُ مُسلم

2262. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ मक्का की शाहराह पर सफ़र कर थे आप जुम्दान नामी पहाड़ के पास से गुज़रे तो फ़रमाया: “चलते जाओ यह जमदान है ‘‘ फिर फ़रमाया: “मफ्रुदान सबकत ले गए”, सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मफ्रुदान कौन लोग है? आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ अल्लाह का कसरत से ज़िक्र करने वाले मर्द और औरते”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (4 / 1676)، (6808)

٢٢٦٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي مُوسَى قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَثَلُ الَّذِي يَذْكُرُ رَبَّهُ وَالَّذِي لَا يَذْكُرُ مَثَلُ الْحَيِّ وَالْمَيِّت»

2263. अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ वह शख़्स जो अपने रब का ज़िक्र करता है वह जिंदा की तरह है और वह शख़्स जो ज़िक्र नहीं करता मुर्दा की तरह है”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (6407) و مسلم (211 / 779)، (1823)

٢٢٦٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " يَقُولُ اللَّهُ تَعَالَى: أَنَا عِنْدَ ظَنِّ عَبْدِي بِي وَأَنَا مَعَهُ إِذَا ذَكَرَنِي فَإِنْ ذَكَرَنِي فِي نَفْسِهِ ذَكَرْتُهُ فِي نَفْسِي وَإِنْ ذَكَرَنِي فِي مَلَأٍ ذَكَرْتُهُ فِي مَلَأٍ خير مِنْهُم

2264. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ अल्लाह तआला फरमाता है, मैं अपने बंदे के गुमान के साथ हूँ, जब वह मुझे याद करता है, तो मैं उस के साथ होता हूँ, अगर वह मुझे अपने दिल में याद करता है तो मैं भी इसे अपने दिल में याद करता हूँ, और अगर वह मुझे किसी जमाअत में याद करता है तो में उसे उस से बेहतर (फरिश्तों की) जमाअत में याद करता हूँ”| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (7405) و مسلم (2 / 2675)، (6805)

٢٢٦٥ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " يَقُولُ اللَّهُ تَعَالَى: مَنْ جَاءَ بِالْحَسَنَةِ فَلَهُ عَشْرُ أَمْثَالِهَا وأزيد وَمن جَاءَ بِالسَّيِّئَةِ فجزاء سَيِّئَة مِثْلُهَا أَوْ أَغْفِرُ وَمَنْ تَقَرَّبَ مِنِّي شِبْرًا تَقَرَّبْتُ مِنْهُ ذِرَاعًا وَمِنْ تَقَرَّبَ مِنِّي ذِرَاعًا تَقَرَّبْتُ مِنْهُ بَاعًا وَمَنْ أَتَانِي يَمْشِي أَتَيْتُهُ هَرْوَلَةً وَمَنْ لَقِيَنِي بِقُرَابِ الْأَرْضِ خَطِيئَةً لَا يُشْرِكُ بِي شَيْئًا لَقِيتُهُ بِمِثْلِهَا مَغْفِرَةً ". رَوَاهُ مُسلم

2265. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ अल्लाह तआला फरमाता है, जो शख़्स एक नेकी लेकर आएगा, तो उस के लिए दस गुना सवाब है, और मैं उसे बढ़ा दूंगा और जो शख़्स बुराई लेकर आएगा तो बुराई का बदला उसकी मिस्ल ही , या फिर मैं बख्श दूंगा, जो शख़्स बालिश्त बराबर मेरे करीब आता है तो में एक हाथ (तकरीबन एक मीटर) उस के करीब हो जाता हूँ, और जो शख़्स एक हाथ मेरे करीब होता है तो में दो हाथ उस के करीब हो जाता हूँ, जो शख़्स चलता हुआ मेरे पास आता है, तो में दोड़ता हुआ उस के पास आता हूँ, जो शख़्स ज़मीन भर कर गुनाह लेकर मेरे पास आएगा तो मैं इसी क़दर मगफिरत लेकर उस से मुलाकात करूँगा, बशर्तेकी वह मेरे साथ किसी को शरीक न ठहराता हो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (22 / 2687)، (6833)

٢٢٦٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ اللَّهَ تَعَالَى قَالَ: مَنْ عَادَى لِي وَلِيًّا فَقَدْ آذَنْتُهُ بِالْحَرْبِ وَمَا تَقَرَّبَ إِلَيَّ عَبْدِي بِشَيْءٍ أَحَبَّ إِلَيَّ مِمَّا افْتَرَضْتُ عَلَيْهِ وَمَا يَزَالُ عَبْدِي يَتَقَرَّبُ إِلَيَّ بِالنَّوَافِلِ حَتَّى أُحِبَّهُ فَإِذَا أَحْبَبْتُهُ كُنْتُ سَمْعَهُ الَّذِي يَسْمَعُ بِهِ وَبَصَرَهُ الَّذِي يُبْصِرُ بِهِ وَيَدَهُ الَّتِي يَبْطِشُ بِهَا وَرِجْلَهُ الَّتِي يَمْشِي بِهَا وَإِنْ سَأَلَنِي لَأُعْطِيَنَّهُ وَلَئِنِ اسْتَعَاذَنِي لَأُعِيذَنَّهُ وَمَا تَرَدَّدْتُ عَنْ شَيْءٍ أَنَا فَاعِلُهُ تَرَدُّدِي عَنْ نَفْسِ الْمُؤْمِنِ يَكْرَهُ الْمَوْتَ وَأَنَا أَكْرَهُ مُسَاءَتَهُ وَلَا بُدَّ لَهُ مِنْهُ ". رَوَاهُ البُخَارِيّ

2266. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ अल्लाह तआला ने फ़रमाया: ’’ जो शख़्स मेरे किसी पसंदीदा शख़्स से दुश्मनी रखे तो मेरा उस से एलान जंग है, और मेरा बंदा जिन जिन इबादत के ज़रिए मेरा कुर्ब हासिल करता है उनमें से वह इबादत मुझे बहोत महबूब है जो मेंने उस पर फ़र्ज़ की है, मेरा बंदा नवाफिल के ज़रिए मेरा कुर्ब हासिल करता रहता है, हत्ता कि में उस से मुहब्बत करने लगता हूँ, जब में उस से मुहब्बत करता हूँ, तो मैं उस का कान बन जाता हूँ जिस से वह सुनता है, उसकी आँख बन जाता हूँ जिस से वह देखता है, उस का हाथ बन जाता हूँ जिस से वह पकड़ता है, उस का पाँव बन जाता हूँ जिस से वह चलता है और अगर वह मुझ से कोई चीज़ मांगता है तो में उसे अता कर देता हूँ अगर वह मुझ से पनाह तलब करता है तो में उसे पनाह दे देता हूँ मेंने जो काम करना होता है उस के करने में मुझे कभी इतना तरदुद नहीं होता, जितना किसी मोमिन की जान कब्ज़ करते वक़्त तरदुद होता है के मौत को नागवार जानता है और मैं उसकी तकलीफ को नागवार जानता हूँ, हालाँकि वह मौत तो उसे ज़रूर आनि है”| (बुखारी)

رواه البخارى (6502)

2402. हफ्सा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ जब सोने का इरादा फरमाते, तो आप अपना दायां हाथ अपने रुखसार के नीचे रखते और तीन बार यह दुआ फरमाते: “ए अल्लाह! तू जिस रोज़ अपने बंदो को उठाएगा इस रोज़ मुझे अपने अज़ाब से बचाना”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (5045)

٢٤٠٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَقُولُ عِنْدَ مَضْجَعِهِ: «اللَّهُمَّ إِنِّي أَعُوذُ بِوَجْهِكَ الْكَرِيمِ وَكَلِمَاتِكَ التَّامَّاتِ مِنْ شَرِّ مَا أَنْتَ آخِذٌ بناصيتهِ اللهُمَّ أَنْت تكشِفُ المغرمَ والمأْثم اللهُمَّ لَا يُهْزَمُ جُنْدُكَ وَلَا يُخْلَفُ وَعْدُكَ وَلَا يَنْفَعُ ذَا الْجَدِّ مِنْكَ الْجَدُّ سُبْحَانَكَ وَبِحَمْدِكَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2403. अली रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ लेटते वक़्त यह दुआ पढ़ा करते थे: “ए अल्लाह! में तेरे इज्ज़त वाले चेहरे और तेरे कामिल(सर्वोत्तम) कलिमात के ज़रिए हर इस चीज़ के शर से जिस की पेशानी तूने थाम रखी है, पनाह चाहता हूँ, ऐ अल्लाह! तू ही क़र्ज़ और गुनाह दूर करने वाला है, अल्लाह तेरे लश्कर को शिकस्त नहीं की जा सकती, तेरा वादा खिलाफ नहीं होता किसी तवंगर शख़्स की तवंगरी तेरे वहां काम नहीं आ सकती, तू ही अपने हम्द के साथ पाक है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (5052) * ابو اسحاق مدلس و عنعن

٢٤٠٤ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَنْ قَالَ حِينَ يَأْوِي إِلَى فِرَاشِهِ: أَسْتَغْفِرُ اللَّهَ الَّذِي لَا إِله إِلا هوَ الحيَّ القيومَ وأتوبُ إِليهِ ثَلَاثَ مَرَّاتٍ غَفَرَ اللَّهُ لَهُ ذُنُوبَهُ وَإِنْ كَانَتْ مِثْلَ زَبَدِ الْبَحْرِ أَوْ عَدَدَ رَمْلِ عَالَجٍ أَوْ عَدَدَ وَرَقِ الشَّجَرِ أَوْ عَدَدَ أَيَّامِ الدُّنْيَا ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيب

2404. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जो शख़्स अपने बिस्तर पर आए और तीन मर्तबा यह दुआ पढ़े, “मैं अल्लाह से मगफिरत तलब करता हूँ, जिसके सिवा कोई माबूद बरहक़

नहीं, वह जिंदा काइम रखने वाला है और मैं इसी के हुज़ूर तौबा करता हूँ”, तो अल्लाह उस के गुनाह मुआफ़ कर देता है, ख्वाँ वह समुन्दर की झाग के बराबर हो, या वादी आलज रेत के जर्रात की तादाद या दरख्तों के पत्तो, या दुनिया के अय्याम के बराबर हो”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (3397) * عطية العوفى : ضعيف مدلس

٢٤٠٥ - (ضَعِيف) وَعَنْ شَدَّادِ بْنِ أَوْسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «مَا من مُسْلِمٍ يَأْخُذُ مَضْجَعَهُ بِقِرَاءَةِ سُورَةٍ مِنْ كِتَابِ اللَّهِ إِلَّا وَكَّلَ اللَّهُ بِهِ مَلَكًا فَلَا يَقْرَبُهُ شَيْءٌ يُؤْذِيهِ حَتَّى يَهُبَّ مَتَى هَبَّ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2405. शद्दाद बिन अवसी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जब कोई मुसलमान लेटते वक़्त कुरान मजीद की कोई सूरत तिलावत करता है, तो अल्लाह उस पर एक फ़रिश्ता मामूर फरमा देता है, तो फिर उस के बेदार होने तक कोई मुज़ी चीज़ उस के करीब नहीं जाती”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (3407 ب) * فيه رجل من بنى حنظلة : لم اعرفه

٢٤٠٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرِو بْنِ الْعَاصِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «خَلَّتَانِ لَا يُحْصِيهِمَا رَجُلٌ مُسْلِمٌ إِلَّا دَخَلَ الْجَنَّةَ أَلَا وَهُمَا يَسِيرٌ وَمَنْ يَعْمَلُ بِهِمَا قَلِيلٌ يُسَبِّحُ اللَّهَ فِي دُبُرِ كُلِّ صَلَاةٍ عَشْرًا وَيَحْمَدُهُ عَشْرًا ويكبِّرهُ عَشراً» قَالَ: فَأَنَا رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَعْقِدُهَا بِيَدِهِ قَالَ: «فَتِلْكَ خَمْسُونَ وَمِائَةٌ فِي اللِّسَانِ وَأَلْفٌ وَخَمْسُمِائَةٍ فِي الْمِيزَانِ وَإِذَا أَخَذَ مَضْجَعَهُ يُسَبِّحُهُ وَيُكَبِّرُهُ وَيَحْمَدُهُ مِائَةً فَتِلْكَ مِائَةٌ بِاللِّسَانِ وَأَلْفٌ فِي الْمِيزَانِ فَأَيُّكُمْ يَعْمَلُ فِي الْيَوْمِ وَاللَّيْلَةِ أَلْفَيْنِ وَخَمْسَمِائَةِ سَيِّئَةٍ؟» قَالُوا: وَكَيْفَ لَا نُحْصِيهَا؟ قَالَ: " يَأْتِي أَحَدَكُمُ الشَّيْطَانُ وَهُوَ فِي صِلَاتِهِ فَيَقُولُ: اذْكُرْ كَذَا اذْكُرْ كَذَا حَتَّى يَنْفَتِلَ فَلَعَلَّهُ أَنْ لَا يَفْعَلَ وَيَأْتِيهِ فِي مَضْجَعِهِ فَلَا يَزَالُ يُنَوِّمُهُ حَتَّى يَنَامَ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ [ص:٧٤]»»   وَفِي رِوَايَةِ أَبِي دَاوُدَ قَالَ: «خَصْلَتَانِ أَوْ خَلَّتَانِ لَا يُحَافِظُ عَلَيْهِمَا عَبْدٌ مُسْلِمٌ» . وَكَذَا فِي رِوَايَتِهِ بَعْدَ قَوْلِهِ: «وَأَلْفٌ وَخَمْسُمِائَةٍ فِي الْمِيزَانِ» قَالَ: «وَيُكَبِّرُ أَرْبَعًا وَثَلَاثِينَ إِذَا أَخَذَ مَضْجَعَهُ» وَيَحْمَدُ ثَلَاثًا وَثَلَاثِينَ وَيُسَبِّحُ ثَلَاثًا وَثَلَاثِينَ ". وَفِي أَكْثَرِ نُسَخِ المصابيح عَن: عبد الله بن عمر

2406. अब्दुल्लाह बिन अम्र बिन आस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ दो खसलते ऐसी है की जो कोई मुसलमान उनकी हिफाज़त करता है वह जन्नत में दाखिल होगा सुन लो! वह बहोत आसान है, लेकिन उन्हें बजा लाने वाले मुख़्तसर है, हर नमाज़ के बाद दस मर्तबा (سُبْحَانَ اللہِ) सुबहानल्लाह कहना, दस मर्तबा (اَلْحَمْدُلِلہِ) अल्हम्दुलिल्लाह कहना और दस मर्तबा (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहना”, रावी बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को देखा के आप अपने हाथ से उनकी गिरह लगा रहे थे, फ़रमाया: “ये (पांचो नमाज़ो में) ज़ुबान पर एक सौ पचास है, जबकि मीज़ान में पन्द्रह सौ है, और जब वह लेटते वक़्त (سُبْحَانَ اللہِ) सुबहानल्लाह, (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर और (اَلْحَمْدُلِلہِ) अल्हम्दुलिल्लाह की सौ मर्तबा गिनती करे तो यह ज़ुबान पर सौ है जबकि तराज़ू में हज़ार, तुम में से रोज़ाना अढ़ाई हज़ार गुनाह कौन करता है?” सहाबा ने अर्ज़ किया, हम उन (दो खस्लतो) की कैसे हिफाज़त नहीं करेंगे? फ़रमाया: “तुम में से कोई नमाज़ में होता है, शैतान उस के पास

आता है तो कहता है, फलां चीज़ याद करो, फलां चीज़ याद करो, हत्ता कि वह शख़्स नमाज़ से फारिग़ हो जाता है, शायद के वह ऐसे न कर सके और वह उस के लेटने के वक़्त भी उस के पास आता है और वह इसे सुलाता रहता है, हत्ता कि वह सो जाता है”| तिरमिज़ी, अबू दावुद, नसई, और अबू दावुद की रिवायत में है फ़रमाया: “दो खसलते ऐसी है जिन की मुसलमान बंदा हिफाज़त नहीं करता”, और इसी तरह उसकी रिवायत में है: “मीज़ान में पन्द्रह सौ है ‘‘ कहने के बाद फ़रमाया जब वह अपने बिस्तर पर आए तो वह चोंतिस मर्तबा (اللّٰهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहता है? तेंतीस मर्तबा (اَلْحَمْدُلِلهِ) अल्हम्दुलिल्लाह कहता है और तेंतीस मर्तबा (سُبْحَانَ اللهِ) सुबहानल्लाह कहता है ‘‘ और मसाबिह के अक्सर नुस्खों में अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से मरवी है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2410 و قال : حسن صحیح) و ابوداؤد (5065) و النسائی (3 / 74 ح 1349) و ذکره البغوی فی مصابیح السنة (2 / 192 ح 1728)

٢٤٠٧ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ غَنَّامٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: " من قَالَ حِينَ يُصْبِحُ: اللَّهُمَّ مَا أَصْبَحَ بِي مِنْ نِعْمَةٍ أَوْ بِأَحَدٍ مِنْ خَلْقِكَ فَمِنْكَ وَحْدَكَ لَا شَرِيكَ لَكَ فَلَكَ الْحَمْدُ وَلَكَ الشُّكْرُ فَقَدْ أَدَّى شُكْرَ يَوْمِهِ وَمَنْ قَالَ مِثْلَ ذَلِكَ حِينَ يُمْسِي فَقَدْ أَدَّى شُكْرَ ليلته ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2407. अब्दुल्लाह बिन गन्नाम रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जो शख़्स सुबह के वक़्त यह दुआ करता है: “ए अल्लाह! जो नेअमत मुझे या तेरी मखलूक में से किसी को मिली है वह सिर्फ तुझ अकेले ही की तरफ से मिली है, तेरा कोई शरीक नहीं, हर किस्म की तारीफ़ और शुक्र तेरी ही लिए है”, वह शख़्स इस रोज़ का शुक्र अदा कर देता है, और जो शख़्स शाम के वक़्त हमें दुआ करता है तो वह इस शाम का शुक्र अदा कर देता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (5073) * عبدالله بن عنبسة : لم یو ثقه غیر ابن حبان

٢٤٠٨ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ كَانَ يَقُولُ إِذَا أَوَى إِلَى فِرَاشِهِ: «اللَّهُمَّ رَبَّ السَّمَاوَاتِ وَرَبَّ الْأَرْضِ وَرَبَّ كُلِّ شَيْءٍ فَالِقَ الْحَبِّ وَالنَّوَى مُنْزِلَ التوراةِ والإنجيل والقرآنِ أعوذُ بِكَ مِنْ شَرِّ كُلِّ ذِي شَرٍّ أَنْتَ آخِذٌ بِنَاصِيَتِهِ أَنْتَ الْأَوَّلُ فَلَيْسَ قَبْلَكَ شَيْءٌ وَأَنْتَ الْآخِرُ فَلَيْسَ بَعْدَكَ شَيْءٌ وَأَنْتَ الظَّاهِرُ فَلَيْسَ فَوْقَكَ شَيْءٌ وَأَنْتَ الْبَاطِنُ فَلَيْسَ دُونَكَ شَيْءٌ اقْضِ عَنِّي الدَّيْنَ وَاغْنِنِي مِنَ الْفَقْرِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَرَوَاهُ مُسلم مَعَ اخْتِلَاف يسير

2408. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की जब आप अपने बिस्तर पर तशरीफ़ लाते तो आप यह दुआ पढ़ा करते थे : (اللَّهُمَّ رَبَّ السَّمَاوَاتِ وَرَبَّ الْأَرْضِ وَرَبَّ كُلِّ شَيْءٍ فَالِقَ الْحَبِّ وَالنَّوَى مُنْزِلَ التوراةِ والإنجيل والقرآنِ أعوذُ بِكَ مِنْ شَرِّ كُلِّ ذِي شَرٍّ أَنْتَ آخِذٌ بِنَاصِيَتِهِ أَنْتَ الْأَوَّلُ فَلَيْسَ قَبْلَكَ شَيْءٌ وَأَنْتَ الْآخِرُ فَلَيْسَ بَعْدَكَ شَيْءٌ وَأَنْتَ الظَّاهِرُ فَلَيْسَ فَوْقَكَ شَيْءٌ وَأَنْتَ الْبَاطِنُ فَلَيْسَ دُونَكَ شَيْءٌ اقْضِ عَنِّي الدَّيْنَ وَاغْنِنِي مِنَ الْفَقْرِ) “ए अल्लाह! ज़मीन व आसमान के रब! और हर चीज़ के रब! दाने और गुठली को फाड़ने वाले! तौरात, इन्जील और कुरान नाज़िल

करने वाले! में हर शर वाली चीज़ के शर से जिस की तू पेशानी पकड़े हुए हैं पनाह चाहता हूँ, तू ही अव्वल है तुझ से पहले कोई चीज़ नहीं, तू ही आख़िर है तेरे बाद कोई चीज़ नहीं, तू ही ग़ालिब है तेरे ऊपर कोई चीज़ नहीं,तू ही बातिन है और तुझ से कोई चीज़ पोशीदा नहीं, मुझ से क़र्ज़ दूर कर दे और मुझे फकीरी से गनी कर दे"| अबू दावुद, तिरमिज़ी, इब्ने माजा और इमाम मुस्लिम ने थोड़े से इख्तिलाफ के साथ रिवायत किया है| (सहीह,मुस्लिम)

صحيح ، رواه ابوداؤد (5051) و الترمذی (3400 و قال : حسن صحیح) و ابن ماجه (3873) و مسلم (61 / 2713)، (6889)

٢٤٠٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي الْأَزْهَر الأيماري أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ إِذَا أَخَذَ مَضْجَعَهُ مِنَ اللَّيْلِ قَالَ: «بسمِ اللَّهِ وضعْتُ جَنْبي للَّهِ اللَّهُمَّ اغْفِرْ لِي ذَنْبِي [ص:٧٤ وَاخْسَأْ شَيْطَانِي وَفُكَّ رِهَانِي وَاجْعَلْنِي فِي النَّدِيِّ الْأَعْلَى» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2409. अबू अज़हर अन्मारी रदियल्लाहु अन्हु रिवायत करते हैं रसूलुल्लाह ﷺ जब अपने बिस्तर पर लेट जाते तो यह दुआ पढ़ते थे: "ए अल्लाह! के नाम के साथ मैंने अपना पहलू अल्लाह के लिए (बिस्तर पर) लगाया, ऐ अल्लाह! मेरे गुनाह मुआफ़ कर दे, मेरे शैतान को ज़लील कर दे, मुझे तमाम हुकुक से आज़ाद कर दे और मुझे मजलिस आअला में शामिल फरमा"| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (5054) [و صححه الحاكم (1 / 540) و وافقه الذهبی]

٢٤١٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ إِذَا أَخَذَ مَضْجَعَهُ مِنَ اللَّيْلِ قَالَ: «الْحَمْدُ لِلَّهِ الَّذِي كَفَانِي وَآوَانِي وَأَطْعَمَنِي وَسَقَانِي وَالَّذِي مَنَّ عَلَيَّ فَأَفْضَلَ وَالَّذِي أَعْطَانِي فَأَجْزَلَ الْحَمْدُ لِلَّهِ عَلَى كُلِّ حَالٍ اللَّهُمَّ رَبَّ كُلِّ شَيْءٍ وَمَلِيكَهُ وَإِلَهَ كُلِّ شَيْءٍ أَعُوذُ بِكَ مِنَ النَّارِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2410. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ जब अपने बिस्तर पर तशरीफ़ लाते तो यह दुआ पढ़ते: "हर किस्म की तारीफ़ अल्लाह के लिए है जिस ने मुझे किफ़ायत किया, मुझे ठिकाना अता किया, मुझे खिलाया पिलाया, जिस ने मुझ पर अनगिनत इनाम व इहसान किया, जिस ने मुझे अता फ़रमाया तो बहोत अता फ़रमाया, हर हाल में अल्लाह का शुक्र है, अल्लाह हर चीज़ के रब और उस के मालिक, बादशाह और हर चीज़ के माबूद में जहन्नम से तेरी पनाह चाहता हूँ"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (5058)

٢٤١١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ بُرَيْدَةَ قَالَ: شَكَا خَالِدُ بْنُ الْوَلِيدِ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ يَا رَسُول الله مَا أَنَام من اللَّيْلَ مِنَ الْأَرَقِ فَقَالَ نَبِيُّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا أَوَيْتَ إِلَى فِرَاشِكَ فَقُلْ: اللَّهُمَّ رَبَّ السَّمَاوَاتِ السَّبْعِ وَمَا

أَظَلَّتْ وَرَبَّ الْأَرَضِينَ وَمَا أَقَلَّتْ وَرَبَّ الشَّيَاطِينِ وَمَا أَضَلَّتْ كُنْ لِي جَارًا مِنْ شَرِّ خَلْقِكَ كُلِّهِمْ جَمِيعًا أَنْ يَفْرُطَ عَلَيَّ أَحَدٌ مِنْهُمْ أَوْ أَنْ يَبْغِيَ عَزَّ جَارُكَ وَجَلَّ ثَنَاؤُكَ وَلَا إِلَهَ غَيْرُكَ لَا إِلَهَ إِلَّا أَنْتَ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ هَذَا حَدِيثٌ لَيْسَ إِسْنَادُهُ بِالْقَوِيّ والحكَمُ بن ظُهيرٍ الرَّاوِي قد ترَكَ حديثَهُ بعضُ أهلِ الحَدِيث

2411. बुरैदा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, खालिद बिन वलीद रदियल्लाहु अन्हु ने नबी ﷺ से शिकायत करते हुए अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! में बेख्वाबी की वजह से पूरी रात नहीं सोता, नबी ﷺ ने फ़रमाया: ” जब तुम अपने बिस्तर पर आओ तो यह दुआ पढ़ो: “ए अल्लाह! सातों आसमानों और जिन चीजों पर उन्होंने साया किया है उन के रब! ज़मीनों और जिन चीजों को उन्होंने उठा रखा है इन के रब! शैतान और जिन को उन्होंने गुमराह किया है उन के रब! अपने सारी मखलूक के शर से, यह कि उनमें से कोई मुझ पर ज़्यादती करे, मुझे पनाह देने वाला हो जा, तुझ से पनाह लेने वाला ग़ालिब आता है, तेरी सना व तारीफ़ बहोत ज़्यादा हैं, और तेरे सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया इस रिवायत की इसनाद क़वी नहीं, हुक्म बिन ज़ुहरी रावी की अहादीस को बाज़ मुहद्दीसिन ने तर्क किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جدا ، رواه الترمذى (3523) * الحكم بن ظهير : رمى بالرفض و اتهمه ابن معين

بَابُ مَا يَقُولُ عِنْدَ الصَّبَاحِ وَالْمَسَاءِ وَالْمَنَامِ — सुबह व शाम और सोते वक़्त के अज्कार का बयान

الْفَصْلُ الثَّالِث — तीसरी फस्ल

٢٤١٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أَبِي مَالِكٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " إِذَا أَصْبَحَ أَحَدُكُمْ فَلْيَقُلْ: أَصْبَحْنَا وَأَصْبَحَ الْمُلْكُ لِلَّهِ رَبِّ الْعَالَمِينَ اللَّهُمَّ إِنِّي أَسْأَلُكَ خَيْرَ هَذَا الْيَوْمِ فَتْحَهُ وَنَصْرَهُ وَنُورَهُ وَبَرَكَتَهُ وَهُدَاهُ وَأَعُوذُ بِكَ مِنْ شَرِّ مَا فِيهِ وَمِنْ شَرِّ مَا بَعْدَهُ ثُمَّ إِذَا أَمْسَى فَلْيَقُلْ مِثْلَ ذَلِكَ ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2412. अबू मालिक रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ” जब तुम में से कोई सुबह करे तो यह दुआ करे: “हमने और तमाम जहानों के परवरदिगार के मुल्क ने सुबह की, ऐ अल्लाह! में तु इसे इस दीन की फतह व नुसरत, उसकी रोशनी व बरकत और उसकी हिदायत का सवाल करता हूँ और इस दिन के और उस के बाद वाले दिनों के शर से तेरी पनाह चाहता हूँ”, फिर जब शाम करे तो भी इसी तरह दुआ पढ़े”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (5084) * شريح بن عبيد عن ابى مالك الاشعرى : مرسل ، قاله ابو حاتم الرازى (المراسيل ص 90)

٢٤١٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ أَبِي بَكْرَةَ قَالَ: قُلْتُ لِأَبِي: يَا أَبَتِ أَسْمَعُكَ تَقُولُ كُلَّ غَدَاةٍ: «اللَّهُمَّ عَافِنِي

فِي بَدَنِي اللَّهُمَّ عَافِنِي فِي سَمْعِي اللَّهُمَّ عَافِنِي فِي بَصَرِي لَا إِلَهَ إِلَّا أَنْتَ» تُكَرِّرُهَا ثَلَاثًا حِينَ تُصْبِحُ وَثَلَاثًا حِين تمسي فَقَالَ: يَا بُنَيَّ سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَدْعُو بِهِنَّ فَأَنَا أُحِبُّ أَنْ أستن بسننه. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2413. अब्दुल रहमान बिन अबू बकरह बयान करते हैं, मेंने अपने वालिद से कहा अब्बा जान में आप को हर रोज़ यह दुआ पढ़ते हुए सुनता हूँ: "ए अल्लाह! मुझे मेरे बदन में आफियत दे, ऐ अल्लाह! मुझे मेरे कानों में आफियत दे, ऐ अल्लाह! मुझे मेरी आंखो में आफियत दे, तेरे सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं", आप सुबह व शाम तीन तीन मर्तबा उन्हें पढ़ते है, तो उन्होंने ने फ़रमाया: मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को उन कलिमात के ज़रिए दुआ करते हुए सुना है, लिहाज़ा में आप ﷺ की सुन्नत की इक्तेदा करना चाहता हूँ| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (5090) * جعفر بن ميمون : ضعيف ، ضعفه الجمهور

٢٤١٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ أَبِي أَوْفَى قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا أَصْبَحَ قَالَ: «أَصْبَحْنَا وَأَصْبَحَ الْمُلْكُ لِلَّهِ وَالْحَمْدُ لِلَّهِ وَالْكِبْرِيَاءُ وَالْعَظَمَةُ لِلَّهِ وَالْخَلْقُ وَالْأَمْرُ وَاللَّيْلُ وَالنَّهَارُ وَمَا سَكَنَ فِيهِمَا لِلَّهِ اللَّهُمَّ اجْعَلْ أَوَّلَ هَذَا النَّهَارِ صَلَاحًا وَأَوْسَطَهُ نَجَاحًا وَآخِرَهُ فَلَاحًا يَا أَرْحَمَ الرَّاحِمِينَ» . ذَكَرَهُ النَّوَوِيُّ فِي كِتَابِ الْأَذْكَارِ بِرِوَايَةِ ابْنِ السّني

2414. अब्दुल्लाह बिन अबी अव्फी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ सुबह करते तो यह दुआ पढ़ा करते थे: "हमने और अल्लाह के मुल्क ने सुबह की, हर किस्म की तारीफ़ अल्लाह के लिए है, किब्रियाई व अज़मत अल्लाह के लिए है, खल्क व अम्र, लैल व निहार और जो चीज़े उनमें है, अल्लाह के लिए है, ऐ अल्लाह! इस दिन के अव्वल हिस्से को सलाह बना दे, उस के बिच को नजाह और आख़िर को फलाह बना दे, ए सबसे ज़्यादा रहम करने वाले", इमाम नववी ने इब्ने अल सुन्नी की रिवायत से इसे किताबुल अज़कार में रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جدا ، ذكر النووى فى الاذكار (ص77 و بتحقيق الشيخ سليم الهلالى حفظه الله 1 / 211212 ح 221) و رواه ابن السنى فى عمل اليوم و الليلة (38) * فيه فايد ابو الورقاء وهو متروک متهم

٢٤١٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ أَبْزَى قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ إِذَا [ص:٧٤] أَصْبَحَ: «أَصْبَحْنَا عَلَى فِطْرَةِ الْإِسْلَامِ وَكَلِمَةِ الْإِخْلَاصِ وَعَلَى دِينِ نَبِيِّنَا مُحَمَّدٍ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَعَلَى مِلَّةِ أَبِينَا إِبْرَاهِيمَ حَنِيفًا وَمَا كَانَ مِنَ الْمُشْرِكِينَ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالدَّارِمِيُّ

2415. अब्दुल रहमान बिन अब्ज़ा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ जब सुबह करते तो यह दुआ किया करते थे: "हमने फितरते इस्लाम, कलिमा ए इखलास, अपने नबी मुहम्मद ﷺ के दीन और अपने बाप इब्राहीम जो के यक्सू थे, मुशरिकीन में से नहीं थे की मिल्लत पर सुबह की"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (3 / 406 ح 15434 و سنده حسن) و الدارمى (2 / 292 ح 2692 فى سنده تدليس)

मुख्तलिफ अवकात के वक़्त की दुआओं का बयान • بَاب الدَّعْوَات فِي الْأَوْقَاتِ

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٢٤١٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَوْ أَنَّ أَحَدَكُمْ إِذَا أَرَادَ أَنْ يَأْتِيَ أَهْلَهُ قَالَ: بِسْمِ اللَّهِ اللَّهُمَّ جَنِّبْنَا الشَّيْطَانَ وَجَنِّبِ الشَّيْطَانَ مَا رَزَقْتَنَا فَإِنَّهُ إِنْ يُقَدَّرْ بَيْنَهُمَا وَلَدٌ فِي ذَلِكَ لَمْ يَضُرَّهُ شَيْطَانٌ أَبَدًا "

2416. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' अगर तुम में से कोई शख़्स अपनी अहलिया से जिमाअ करने से पहले यह दुआ पढ़ ले: "ए अल्लाह! के नाम के साथ ऐ अल्लाह! हमें और जो (औलाद) तू हमें अता फरमाए इसे शैतान से बचा", तो अगर इस वक़्त उन के लिए बच्चा मुकद्दर कर दिया गया तो शैतान इसे कभी नुकसान नहीं पहुंचा सकता"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3271 ، 3283) و مسلم (116 / 1434)، (3533)

٢٤١٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَقُولُ عِنْدَ الْكَرْبِ: «لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ الْعَظِيمُ الْحَلِيمُ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ رَبُّ الْعَرْشِ الْعَظِيمِ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ رَبُّ السَّمَاوَاتِ وَرَبُّ الْأَرْضِ رَبُّ الْعَرْشِ الْكَرِيمِ»

2417. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ कर जो तकलीफ के वक़्त यह दुआ पढ़ा करते थे: "ए अल्लाह! अज़ीम व हलिम के सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं, और अर्श ए अज़ीम के रब के सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं, आसमानों के ज़मीन के और अर्श ए करीम के रब के सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6345) و مسلم (83 / 2730)، (6921)

٢٤١٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ سُلَيْمَانَ بْنِ صُرَدَ قَالَ: اسْتَبَّ رَجُلَانِ عِنْدَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَنَحْنُ عِنْدَهُ جُلُوسٌ وَأَحَدُهُمَا يَسُبُّ صَاحِبَهُ مُغْضَبًا قَدِ احْمَرَّ وَجْهُهُ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنِّي لَأَعْلَمُ كَلِمَةً لَوْ قَالَهَا لَذَهَبَ عَنْهُ مَا يَجِدُ أَعُوذُ بِاللَّهِ مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيمِ» . فَقَالُوا لِلرَّجُلِ: لَا تَسْمَعُ مَا يَقُولُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ قَالَ: إِنِّي لستُ بمجنون

2418. सुलेमान बिन सूरद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, दो आदमी नबी ﷺ की मौजूदगी में गाली गलोच करने लगे जबकि हम आप के पास बैठें हुए थे, और उनमें से एक सख्त गुस्से की हालत में दूसरे को गाली दे रहा

था और उस का चेहरा सुर्ख हो चूका था, नबी ﷺ ने फ़रमाया: ’’ में एक ऐसा कलिमा जानता हो अगर वह इस कलिमा को पढ़ो ले तो उस का गुस्से ख़तम हो जाएगा, वह कलिमा यह है: “मैं शैतान मरदूद से अल्लाह की पनाह चाहता हूँ”, सहाबा रदियल्लाहु अन्हुम ने इस आदमी से कहा, क्या तुम नबी ﷺ की बात नहीं सुन रहे? उस ने कहा में दीवाना नहीं हूँ| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6115) و مسلم (109 / 2610)، (6646)

٢٤١٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا سَمِعْتُمْ صِيَاحَ [ص:٧٤ الدِّيَكَةِ فَسَلُوا اللَّهَ مِنْ فَضْلِهِ فَإِنَّهَا رَأَتْ مَلَكًا وَإِذَا سَمِعْتُمْ نَهِيقَ الْحِمَارِ فَتَعَوَّذُوا بِاللَّهِ مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيمِ فَإِنَّهُ رَأَى شَيْطَانا»

2419. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जब तुम मुर्गे की आवाज़ सुनो तो अल्लाह से उस का फ़ज़ल तलब करो क्योंकि उस ने फ़रिश्ता देखा है, और जब तुम गधे की आवाज़ सुनो तो शैतान मरदूद से अल्लाह की पनाह तलब करो क्योंकि उस ने शैतान देखा है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3303) و مسلم (82 / 2729)، (6920)

٢٤٢٠ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ إِذَا اسْتَوَى عَلَى بَعِيرِهِ خَارِجًا إِلَى السَّفَرِ كَبَّرَ ثَلَاثًا ثُمَّ قَالَ: (سُبْحَانَ الَّذِي سَخَّرَ لَنَا هَذَا وَمَا كُنَّا لَهُ مُقْرِنِينَ وَإِنَّا إِلَى رَبِّنَا لَمُنْقَلِبُونَ)»» اللَّهُمَّ إِنَّا نَسْأَلُكَ فِي سَفَرِنَا هَذَا الْبِرَّ وَالتَّقْوَى وَمِنَ الْعَمَلِ مَا تَرْضَى اللَّهُمَّ هَوِّنْ عَلَيْنَا سَفَرَنَا هَذَا وَاطْوِ لَنَا بُعْدَهُ اللَّهُمَّ أَنْتَ الصَّاحِبُ فِي السَّفَرِ وَالْخَلِيفَةُ فِي الْأَهْلِ وَالْمَالِ اللَّهُمَّ إِنِّي أَعُوذُ بِكَ مِنْ وَعْثَاءِ السَّفَرِ وَكَآبَةِ الْمَنْظَرِ وَسُوءِ الْمُنْقَلَبِ فِي الْمَالِ والأهلِ ". وإِذا رجعَ قالَهنَّ وزادَ فيهِنَّ: «آيِبُونَ تائِبُونَ عابِدُونَ لربِّنا حامدون» . رَوَاهُ مُسلم

2420. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ जब सफ़र पर रवाना होने के लिए अपने ऊंट पर सवार हो जाते तो आप तीन बार (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते फिर यह दुआ पढ़ते: “पाक है वह ज़ात जिस ने हमारे लिए इसे ताबे कर दिया, जबकि हम उस पर ताकत व कुदरत नहीं रखते थे, ऐ अल्लाह! हम इस सफ़र में तुझ से नेकी व तक़्वा और ऐसे अमल का सवाल करते हैं जिसे तू पसंद फरमाए, ऐ अल्लाह! यह सफ़र हम पर आसान कर दे, और उसकी दूरी (लम्बी मुसाफ़त को हमारे लिए) लपेट (कर क़रीब) दे, ऐ अल्लाह! इस सफ़ में तू ही हमारा साथी हैं और घर में नाइब है, अल्लाह में सफ़र की शिद्दत, मशक्कत, तकलीफदेह मंजर और अहल व माल में बुरी वापसी से तेरी पनाह चाहता हूँ”, और जब आप ﷺ वापस आते तो यही दुआ पढ़ते और उस के साथ यह इज़ाफा फरमाते: “वापिस लौटने वाले हैं, तौबा करने वाले हैं, इबादत करने वाले हैं, अपने रब की हम्द करने वाले हैं”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (425 / 1342)، (3275)

٢٤٢١ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ سَرْجِسَ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا سَافَرَ يَتَعَوَّذُ مِنْ وَعْثَاءِ السَّفَرِ وَكَآبَةِ الْمُنْقَلَبِ وَالْحَوْرِ بَعْدَ الْكَوْرِ وَدَعْوَةِ الْمَظْلُومِ وَسُوءِ الْمَنْظَرِ فِي الْأَهْلِ وَالْمَالِ. رَوَاهُ مُسلم

2421. अब्दुल्लाह बिन सरजिस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ सफ़र करते तो आप सफ़र की शिद्दत मशक्कत, बुरी वापिसी, नफा के बाद नुक्सान, मज़लूम की बद्दुआ और अहल व माल में बुरे मंजर से पनाह तलब किया करते थे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (426 / 1343)، (3276)

٢٤٢٢ - (صَحِيح) وَعَن خَوْلَةَ بِنْتِ حَكِيمٍ قَالَتْ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " مَنْ نَزَلَ مَنْزِلًا فَقَالَ: أَعُوذُ بِكَلِمَاتِ اللَّهِ التَّامَّاتِ مِنْ شَرِّ مَا خَلَقَ لَمْ يَضُرَّهُ شَيْءٌ حَتَّى يرحل من منزله ذَلِك ". رَوَاهُ مُسلم

2422. खवलत बिन्ते हकिम रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो शख़्स किसी जगह पड़ाव डाले और यह दुआ पढ़े: “मेंने अल्लाह के कामिल(सर्वोत्तम) कलिमात के ज़रिए हर इस चीज़ के शर से जो उस ने पैदा की पनाह चाहता हूँ”, तो जब तक वह इस जगह कयाम पज़ीर रहता है कोई चीज़ इसे नुकसान नहीं पहुंचाती”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (54 / 2708)، (6878)

٢٤٢٣ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَا لَقِيتُ مِنْ عَقْرَبٍ لَدَغَتْنِي الْبَارِحَةَ قَالَ: " أَمَا لَوْ قُلْتَ حِينَ أَمْسَيْتَ: أَعُوذُ بِكَلِمَاتِ اللَّهِ التَّامَّاتِ مِنْ شَرِّ مَا خلق لم تَضُرك ". رَوَاهُ مُسلم

2423. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में आया तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! गुज़िश्ता रात बिच्छु के काटने से मुझे बहोत तकलीफ हुई, आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ सुन लो! अगर तुमने शाम के वक़्त यूँ कहा होता: “मैं अल्लाह के कामिल(सर्वोत्तम) कलिमात के ज़रिए इस चीज़ के शर से जो उस ने पैदा फरमाई पनाह चाहता हूँ तो वह तुम्हें नुकसान न पहुंचाता”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (55 / 2709)، (6880)

٢٤٢٤ - (صَحِيح) وَعَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ إِذَا كَانَ فِي سَفَرٍ وَأَسْحَرَ يَقُولُ: «سمع سامع يحمد الله وَحسن بلائه علينا وربنا صَاحِبْنَا وَأَفْضِلْ عَلَيْنَا عَائِذًا بِاللَّهِ مِنَ النَّارِ» . رَوَاهُ مُسلم

2424. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ जब सफ़र में होते और सहरी का वक़्त होता तो आप ﷺ फरमाते: “सुनने वाले ने सुन लिया के हमने अल्लाह की हम्द बयान की, उसकी नेअमतें हम पर अच्छी

हैं हमारे रब हमारी इआनत फरमा और हम पर मज़ीद इहसानात फरमा हम जहन्नम से अल्लाह की पनाह चाहते है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (68 / 2718)، (6900)

٢٤٢٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا قَفَلَ مِنْ غَزْوٍ أَوْ حَجٍّ أَوْ عُمْرَةٍ يُكَبِّرُ عَلَى كُلِّ شَرَفٍ مِنَ الْأَرْضِ ثَلَاثَ تَكْبِيرَاتٍ ثُمَّ يَقُولُ: «لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ لَهُ الْمُلْكُ وَلَهُ الْحَمْدُ وَهُوَ عَلَى كلِّ شيءٍ قديرٌ آيِبونَ تَائِبُونَ عَابِدُونَ سَاجِدُونَ لِرَبِّنَا حَامِدُونَ صَدَقَ اللَّهُ وَعْدَهُ وَنَصَرَ عَبْدَهُ وَهَزَمَ الْأَحْزَابَ وَحْدَهُ»

2425. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ किसी गज़वा या हज या उमरा से वापस तशरीफ़ लाते तो आप हर बुलंद जगह पर तीन मर्तबा (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते, फिर फरमाते अल्लाह के सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं वह यकता है, उस का कोई शरीक नहीं, इसी के लिए बादशाहत है और इसी के लिए हम्द है और वह हर चीज़ पर कादिर है, वापस लौटने वाले, तौबा करने वाले, इबादत करने वाले, सजदाह करने वाले, अपने रब की हम्द बयान करने वाले हैं, अल्लाह ने अपना वादा सच कर दिखाया, अपने बंदे की नुसरत फरमाई और इस अकेले ने लश्करो को शिकस्त दी”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (1797) و مسلم (428 / 1344)، (3278)

٢٤٢٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدُ اللَّهِ بْنِ أَبِي أَوْفَى قَالَ: دَعَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ الْأَحْزَابِ عَلَى الْمُشْرِكِينَ فَقَالَ: «اللَّهُمَّ مُنْزِلَ الْكِتَابِ سَرِيعَ الْحِسَابِ اللَّهُمَّ اهْزِمِ الأحزابَ اللهُمَّ اهزمهم وزلزلهم»

2426. अब्दुल्लाह बिन अबी अव्फी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने गज़वा अहज़ाब के मौके पर मुशरिकीन के खिलाफ दुआ की तो अर्ज़ किया,: “ए अल्लाह! किताब उतारने वाले, जल्द हिसाब लेने वाले, ऐ अल्लाह! लश्करो को शिकस्त दे, ऐ अल्लाह! उन्हें खूब शिकस्त दे और उन्हें हिला कर रख दे”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (2933) و مسلم (21 / 1742)، (4543)

٢٤٢٧ - (صَحِيح) وَعَن عبد الله بن يسر قَالَ: نَزَلَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى أَبِي فَقَرَّبْنَا إِلَيْهِ طَعَامًا وَوَطْبَةً فَأَكَلَ مِنْهَا ثُمَّ أُتِيَ بِتَمْرٍ فَكَانَ يَأْكُلُهُ وَيُلْقِي النَّوَى بَيْنَ أُصْبُعَيْهِ وَيَجْمَعُ السَّبَّابَةَ وَالْوُسْطَى وَفِي رِوَايَةٍ: فَجَعَلَ يُلْقِي النَّوَى عَلَى ظَهْرِ أُصْبُعَيْهِ السَّبَّابَةِ وَالْوُسْطَى ثُمَّ أُتِيَ بِشَرَابٍ فَشَرِبَهُ فَقَالَ أَبِي وَأَخَذَ بِلِجَامِ دَابَّتِهِ: [ص:٧٥ ادْعُ اللَّهَ لَنَا فَقَالَ: «اللَّهُمَّ بَارِكْ لَهُمْ فِيمَا رَزَقْتَهُمْ واغفرْ لَهُم وارحمهم» . رَوَاهُ مُسلم

2427. अब्दुल्लाह बिन बुसरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ मेरे वालिद के पास तशरीफ़ लाए

तो हमने खाना और खजूर, घी और पनीर से तैयार करदा हलवा आप ﷺ की खिदमत में पेश किया तो आप ने उस से तनावुल फ़रमाया, फिर खजूरे पेश की गई तो आप उन्हें खाते और गुठलिया अपने दो उंगलियों के दरमियान फेंकते जाते, आप अन्गुंश्ते शहादत और दरमियानी ऊँगली इकट्ठी करते थे, और एक दूसरी रिवायत में है, आप गुठलिया अपने दोनों उंगलियों, अन्गुंश्ते शहादत और दरमियानी ऊँगली की पुश्त पर फेंक रहे थे, फिर पानी पेश किया गया तो आप ने इसे नोश फ़रमाया, फिर मेरे वालिद ने आप की सवारी की लगाम पकड़ते हुए अर्ज़ किया, हमारे लिए अल्लाह से दुआ फरमाइए, तो आप ﷺ ने दुआ फरमाई: “ए अल्लाह! तूने जो कुछ उन्हें अता किया है उस में बरकत फरमा, इनकी मगफिरत फरमा और इन पर रहम फरमा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (146 / 2042)، (5328)

مُख्तलिफ अवकात के वक़्त की दुआओं का बयान • بَاب الدَّعْوَات فِي الْأَوْقَاف

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٢٤٢٨ - (لم تتمّ دراسته) عَن طلحةَ بنِ عبيدِ اللَّهِ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ إِذَا رَأَى الْهِلَالَ قَالَ: «اللَّهُمَّ أَهِلَّهُ عَلَيْنَا بِالْأَمْنِ وَالْإِيمَانِ وَالسَّلَامَةِ وَالْإِسْلَامِ رَبِّي وَرَبُّكَ اللَّهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ. وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

2428. तल्हा बिन उबैदुल्लाह रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ जब चाँद देखते तो आप यह दुआ पढ़ते थे: “ए अल्लाह! तो उसे अमन व ईमान और सलामती व इस्लाम के साथ हम पर तुलुअ फरमा (ए चाँद!) मेरा और तेरा रब अल्लाह है”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस हसन ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (3451) * سليمان بن سفيان المدينى ضعيف ، و بلال بن يحيى بن طلحة : لين و للحديث شواهد ضعيفة

٢٤٢٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ وَأَبِي هُرَيْرَةَ قَالَا: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَا مِنْ رَجُلٍ رَأَى مُبْتَلًى فَقَالَ: الْحَمْدُ لِلَّهِ الَّذِي عَافَانِي مِمَّا ابْتَلَاكَ بِهِ وَفَضَّلَنِي عَلَى كَثِيرٍ مِمَّنْ خَلَقَ تَفْضِيلًا إِلَّا لَمْ يُصِبْهُ ذَلِكَ الْبَلَاءُ كَائِنًا مَا كَانَ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2429. उमर बिन ख़िताब रदियल्लाहु अन्हु और अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ” जो शख़्स किसी मुसीबत ज़दाह शख़्स को देख कर यह दुआ पढ़ता है, “हर किस्म की तारीफ़ अल्लाह के लिए है जिस ने मुझे इस चीज़ से आफियत दी जिस में तुझे मुब्तिला किया है, और उस ने मुझे अपने बहोत सी

मखलूक पर बहोत ज़्यादा फ़ज़ीलत दी”, तो उसे वह मुसीबत बीमारी नहीं पहुंचेगी ख्वाह वह कोई भी हो”| (ज़ईफ़,हसन)

حسن ، رواہ الترمذی (3431 وقال : غریب) و سندہ ضعیف ، فیہ عمرو بن دینار قھر مان آل الزبیر ضعیف و روی البزار (البحر الزخار 12 / 185 ح 8538) بسند حسن و الطبرانی (الاوسط : 5320) عن ابن عمر قال قال رسول اللہ صلی اللہ علیہ وسلم :’’ من رای مصابًا فقال : الحمدللہ الذی عافانی مما ابتلاک بہ و فضلنی علی کثیر ممن خلق تفصیلا ، لم یصبہ ذلک البلاء ابدًا‘‘ و حسنہ ابن القطان الفاسی فی احکام النظر (ص 421)

٢٤٣٠ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ عَنِ ابْنِ عُمَرَ. وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ وَعَمْرُو بْنُ دِينَارٍ الرَّاوِي لَيْسَ بِالْقَوِيّ

2430. इब्ने माजा ने अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से इसे रिवायत किया है और इमाम तिरमिज़ी रहिमहुल्लाह ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| और अम्र बिन दीनार रावी क़वी नहीं| (हसन)

حسن ، رواہ ابن ماجہ (3892)

٢٤٣١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُمَرَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " مَنْ دَخَلَ السُّوقَ فَقَالَ: لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ لَهُ الْمُلْكُ وَلَهُ الْحَمْدُ يُحْيِي وَيُمِيتُ وَهُوَ حَيٌّ لَا يَمُوتُ بِيَدِهِ الْخَيْرُ وَهُوَ عَلَى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيرٌ كَتَبَ اللَّهُ لَهُ أَلْفَ أَلْفِ حَسَنَةٍ وَمَحَا عَنْهُ أَلْفَ أَلْفِ سَيِّئَةٍ وَرَفَعَ لَهُ أَلْفَ أَلْفِ دَرَجَةٍ وَبَنَى لَهُ بَيْتًا فِي الْجَنَّةِ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ وَفِي شَرْحِ السُّنَّةِ: «مَنْ قَالَ فِي سُوقٍ جَامِعٍ يباعُ فِيهِ» بدل «من دخل السُّوق»

2431. उमर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जो शख़्स बाज़ार में दाखिल होते वक़्त यह दुआ पढ़ता है, “ए अल्लाह! के सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं वह यकता है, उस का कोई शरीक नहीं, इसी के लिए बादशाहत और हम्द है, वही जिंदा करता है और मारता है, वह जिंदा है कभी मरेगा नहीं, हर किस्म की खैर भलाई इसी के हाथ में है, और वह हर चीज़ पर कादिर है”, तो अल्लाह उस के लिए दस लाख नेकियाँ लिख लेता है, उसकी दस लाख खताए मुआफ़ कर देता है, उस के दस लाख दरजात बुलंद कर देता है और उस के लिए जन्नत में एक घर बना देता है”| तिरमिज़ी, इब्ने माजा और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| और शरह सुन्ना में ’’ जो शख़्स बाज़ार में जाए ‘‘ के अल्फाज़ के बजाए ’’ जिस ने किसी बड़े तिजारती मरकज़ में यह दुआ पढ़ी”, के अल्फाज़ हैं| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ الترمذئی (3428) و ابن ماجہ (2235) و البغوی فی شرح السنۃ (5 / 132 ح 1338) * فیہ عمرو بن دینار قھر مان آل الزبیر : ضعیف و للحدیث شواھد ضعیفۃ و اخطا من صححہ بتلک الشواھد الضعیفۃ

٢٤٣٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مُعَاذِ بْنِ جَبَلٍ قَالَ: سَمِعَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَجُلًا يَدْعُو يَقُولُ: اللهُمَّ إِنِّي أَسألكَ

تمامَ النعمةِ فَقَالَ: «أيُّ شَيْءٍ تَمَامُ النِّعْمَةِ؟» قَالَ: دَعْوَةٌ أَرْجُو بِهَا خَيْرًا فَقَالَ: «إِنَّ مِنْ تَمَامِ النِّعْمَةِ دُخُولَ الْجَنَّةِ وَالْفَوْزَ مِنَ النَّارِ» . وَسَمِعَ رَجُلًا يَقُولُ: يَا ذَا الْجَلَالِ وَالْإِكْرَامِ فَقَالَ: «قَدِ اسْتُجِيبَ لَكَ فَسَلْ» . وَسَمِعَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَجُلًا وَهُوَ يَقُولُ: اللَّهُمَّ إِنِّي أَسْأَلُكَ الصَّبْرَ فَقَالَ: «سَأَلْتَ اللَّهَ الْبَلَاءَ فَاسْأَلْهُ الْعَافِيَةَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2432. मुआज़ बिन जबल रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने एक आदमी को उन अल्फाज़ के साथ दुआ करते हुए सुना: “ए अल्लाह! में तुझ से इत्माम नेअमत का सवाल करता हूँ”, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ कौन सी चीज़ इत्माम नेअमत है ’’ उस ने कहा दुआ जिसके ज़रिए में खैर (माल ए कसीर) की उम्मीद करता हूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इतमामे नेअमत तो जन्नत में दाखिला और जहन्नम से खलासी है”, और आप ने किसी दूसरे आदमी को दुआ करते हुए सुना: “ए जलाल इकराम वाले! तो आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ तुम्हारी दुआ कबूल हो गई, अब सवाल करो”, इसी तरह नबी ﷺ ने एक आदमी को दुआ करते हुए सुना: “अल्लाह! में तुझ से सब्र का सवाल करता हूँ”, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ तुमने अल्लाह से मुसीबत मांगी है, उस से आफियत का सवाल करो”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (3527)

٢٤٣٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَنْ جَلَسَ مَجْلِسًا فَكَثُرَ فِيهِ لَغَطُهُ فَقَالَ قَبْلَ أَنْ يَقُومَ: سُبْحَانَكَ اللَّهُمَّ وَبِحَمْدِكَ أَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا أَنْتَ أَسْتَغْفِرُكَ وَأَتُوبُ إِلَيْكَ إِلَّا غُفِرَ لَهُ مَا كَانَ فِي مَجْلِسِهِ ذَلِكَ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَالْبَيْهَقِيّ فِي الدَّعْوَات الْكَبِير

2433. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जो शख़्स किसी मजलिस में बैठें और इस की बेमकसद और बेहूदा बाते ज़्यादा हो जाए और फिर वह उठने से पहले यह दुआ: “ए अल्लाह! तू अपने हम्द के साथ पाक है, मैं गवाही देता हूँ कि तेरे सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं, मैं तुझ से मगफिरत तलब करता हूँ और तेरे हुज़ूर तौबा करता हूँ”, पढ़ता है तो उसकी इस मजलिस में होने वाली खताए मुआफ़ कर दी जाती है”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه الترمذی (3433 و قال : حسن صحیح)و البیهقی فی الدعوات الکبیر (لم اجده و رواه فی شعب الایمان : 628)

٢٤٣٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَلِيٍّ: أَنَّهُ أُتِيَ بِدَابَّةٍ لِيَرْكَبَهَا فَلَمَّا وضَعَ رِجْلَه فِي الركابِ قَالَ: بسمِ اللَّهِ فَلَمَّا اسْتَوَى عَلَى ظَهْرِهَا قَالَ: الْحَمْدُ لِلَّهِ ثُمَّ قَالَ: (سُبْحَانَ الَّذِي سَخَّرَ لَنَا هَذَا وَمَا كُنَّا لَهُ مُقْرِنِينَ وَإِنَّا إِلَى رَبنَا لمنْقلِبون)»» ثُمَّ قَالَ: الْحَمْدُ لِلَّهِ ثَلَاثًا وَاللَّهُ أَكْبَرُ ثَلَاثًا سُبْحَانَكَ إِنِّي ظَلَمْتُ نَفْسِي فَاغْفِرْ لِي فَإِنَّهُ لَا يَغْفِرُ الذُّنُوبَ إِلَّا أَنْتَ ثُمَّ ضَحِكَ فَقِيلَ: مِنْ أَيِّ شَيْءٍ ضَحِكْتَ يَا أَمِيرَ الْمُؤْمِنِينَ؟ قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صَنَعَ كَمَا صَنَعْتُ ثُمَّ ضَحِكَ فَقُلْتُ: مِنْ أَيِّ شَيْءٍ ضَحِكْتَ يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ قَالَ: " إِنَّ رَبَّكَ لَيَعْجَبُ مِنْ عَبْدِهِ إِذَا قَالَ: رَبِّ اغْفِرْ لِي ذُنُوبِي يَقُولُ: يَعْلَمُ [ص:٧٥ أَنَّهُ لَا يَغْفِرُ الذُّنُوبَ غَيْرِي " رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

2434. अली रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उनकी सवारी के लिए एक जानवर लाया गया, जब उन्होंने रकाब में पाँव रखा तो कहा: “बिस्मिल्लाह (بسم الله)”, जब उसकी पुश्त पर बेथ गए तो कहा: “(اَلْحَمْدُلِلهِ) अल्हम्दुलिल्लाह”, फिर फ़रमाया: “पाक है वह ज़ात जिस ने इसे हमारे ताबेअ कर दीया जबकि हम तो उसकी कुदरत नहीं रखते थे, और बेशक हम अपने रब की तरफ पलट कर जाने वाले हैं”, फिर उन्होंने तीन मर्तबा ” (اَلْحَمْدُلِلهِ) अल्हम्दुलिल्लाह ‘‘ तीन मर्तबा ’’ (اللّٰهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर ‘‘ कहा फिर कहा: “पाक है तू, मैंने ही अपने जान पर ज़ुल्म किया, पस मुझे बख्श दे, क्योंकि तेरे सिवा कोई गुनाह नहीं बख्शता ”, फिर वह मुस्कुराए, उन से पूछा गया, अमीर अल मोमिनीन! आप किस चीज़ से मुस्कुराए है? उन्होंने ने फ़रमाया: मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को इस तरह करते हुए देखा जिस तरह मेंने किया, फिर आप मुस्कुराए तो मेंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप किस चीज़ से मुस्कुराए है? आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ तेरा रब अपने इस बंदे से बहोत खुश होता है जब वह कहता है, “मेरे रब मेरे गुनाह मुआफ़ कर दे”, रब तआला फरमाता है, वह जानता है के मेरे सिवा कोई और गुनाह मुआफ़ नहीं करता”| (सहीह)

صحیح ، رواہ احمد (1 / 97 ح 753) و الترمذی (3446 و قال : غریب) و ابوداؤد (2602)

٢٤٣٥ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا وَدَّعَ رَجُلًا أَخَذَ بِيَدِهِ فَلَا يَدَعُهَا حَتَّى يَكُونَ الرَّجُلُ هُوَ يَدَعُ يَدَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَيَقُولُ: «أَسْتَوْدِعُ اللَّهَ دِينَكَ وَأَمَانَتَكَ وَآخِرَ عَمَلِكَ» وَفِي رِوَايَةٍ «خَوَاتِيم عَمَلِكَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ وَفِي روايتهما لم يذكر: «وَآخر عَمَلك»

2435. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, जब नबी ﷺ किसी शख़्स को अल विदा करते तो आप उस का हाथ थामे रखते हत्ता कि वह आदमी खुद नबी ﷺ का हाथ छोड़ देता, और आप ﷺ यह दुआ पढ़ते: “मैं तुम्हारे दीन, तुम्हारी अमानत और तुम्हारे आखिरी अमल को अल्लाह के सुपुर्द करता हूँ ‘‘ और एक रिवायत में है: “तेरे अमलो के खात्मे को”| तिरमिज़ी, अबू दावुद, इब्ने माजा और इन दोनों अबू दावुद, इब्ने माजा की रिवायत में (وَآخِرَ عَمَلِکَ) का ज़िक्र नहीं किया गया| (सहीह)

صحیح ، رواہ الترمذی (3443 و قال : حسن صحیح) و ابوداؤد (2600) و ابن ماجہ (2866)

٢٤٣٦ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ الْخَطْمِيِّ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا أَرَادَ أَنْ يَسْتَوْدِعَ الْجَيْشَ قَالَ: «أَسْتَوْدِعُ اللَّهَ دِينَكُمْ وأمانتكم وخواتيم أعمالكُم» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2436. अब्दुल्लाह खतमी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ लश्कर रवाना करने का इरादा फरमाते, तो यूँ दुआ फरमाते: “मैं तुम्हारे दीन तुम्हारी अमानतों और तुम्हारे आखिरी आमाल को अल्लाह के सुपुर्द करता हूँ”| (सहीह)

اسنادہ صحیح ، رواہ ابوداؤد (2601)

٢٤٣٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي أُرِيدُ سَفَرًا فَزَوِّدْنِي فَقَالَ: «زَوَّدَكَ اللَّهُ التَّقْوَى» . قَالَ: زِدْنِي قَالَ: «وَغَفَرَ ذَنْبَكَ» قَالَ: زِدْنِي بِأَبِي أَنْتَ وَأُمِّي قَالَ: «وَيَسَّرَ لكَ الْخَيْر حيثُما كُنْتَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

2437. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! में सफ़र का इरादा रखता हूँ आप मुझे रसद (राशन) अता फरमाइए, आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ अल्लाह तुम्हें तक़्वा का रसद (राशन) अता फरमाए”, उस ने अर्ज़ किया, कुछ ज़्यादा फरमाइए आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ वह तुम्हारे गुनाह बख्श दे”, उस ने अर्ज़ किया, मेरे वालिदेन आप पर कुरबान हो ज़्यादा फरमाइए, आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ तुम जहाँ भी हो अल्लाह तुम्हारे लिए खैर भलाई आसान फरमादे”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस हसन ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3444)

٢٤٣٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: إِنَّ رَجُلًا قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي أُرِيدُ أَنْ أُسَافِرَ فَأَوْصِنِي قَالَ: «عَلَيْكَ بِتَقْوَى اللَّهِ وَالتَّكْبِيرِ عَلَى كل شرف» . قَالَ: فَلَمَّا وَلَّى الرَّجُلُ قَالَ: «اللَّهُمَّ اطْوِ لَهُ الْبعد وهون عَلَيْهِ السّفر» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2438. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं की किसी आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! में सफ़र करना चाहता हो लिहाज़ा आप मुझे कोई वसीयत फरमाइए आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ अल्लाह के तक़्वा और हर ऊँची जगह पर (اللّٰهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर पढ़ने का इल्तेज़ाम करना”, जब वह आदमी वापस चला गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ अल्लाह उसकी दुरी व मुसाफ़त को लपेट (कर समेट) दे और सफ़र को उस के लिए आसान कर दे”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3445 و قال : حسن)

٢٤٣٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا سَافَرَ فَأَقْبَلَ اللَّيْلُ قَالَ: «يَا أَرْضُ رَبِّي وَرَبُّكِ اللَّهُ أَعُوذُ بِاللَّهِ مِنْ شَرِّكِ وَشَرِّ [ص:٧٥ مَا فِيكِ وَشَرِّ مَا خُلِقَ فِيكِ وَشَرِّ مَا يَدِبُّ عَلَيْكِ وَأَعُوذُ بِاللَّهِ مِنْ أَسَدٍ وَأَسْودَ وَمِنَ الْحَيَّةِ وَالْعَقْرَبِ وَمِنْ شَرِّ سَاكِنِ الْبَلَدِ وَمِنْ والدٍ وَمَا ولد» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2439. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ सफ़र में होते और रात हो जाती तो आप ﷺ फरमाते: “ज़मीन! मेरा और तेरा रब अल्लाह है, मैं तेरे शर से, जो कुछ तुझ में है उस के शर से, जो तुझ में पैदा किया गया है उस के शर से और जो चीज़ तेरी सतह पर चल रही है उस के शर से अल्लाह की पनाह चाहता हूँ, मैं शेर, काले नाग, सांप व बिच्छु के शर से और बस्ती के बासीओ और वालद (शैतान) और ज़ुर्रियात (औलाद शैतान) के शर से अल्लाह की पनाह चाहता हूँ”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2603)

٢٤٤٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا غَزَا قَالَ: «اللَّهُمَّ أَنْتَ عَضُدِي وَنَصِيرِي بِكَ أَحُولُ وَبِكَ أَصُولُ وَبِكَ أُقَاتِلُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد

2440. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ जिहाद के लिए निकलते तो यूँ दुआ फरमाते: “ए अल्लाह! तू ही मेरा बाज़ू है, तू ही मेरा मददगार है, मैं तेरी ही तौफिक से दुश्मन की चालो को रद्द करता हूँ, तेरी ही मदद से दुश्मन पर हमला करता हूँ और तेरी तौफीक नुसरत से किताल करता हूँ”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (3584 و قال : حسن غريب) و ابوداؤد (2632) * قتادة مدلس و لم اجد تصريح سماعه

٢٤٤١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي مُوسَى: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ إِذَا خَافَ قَوْمًا قَالَ: «اللَّهُمَّ إِنَّا نَجْعَلُكَ فِي نُحُورِهِمْ وَنَعُوذُ بِكَ من شرورهم» . رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد

2441. अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि जब नबी ﷺ को किसी कौम से अंदेशा होता तो आप ﷺ यूँ दुआ फरमाते थे: “ए अल्लाह! हम उन के मुकाबले में तुझे करते हैं और उनकी शरारतों से तेरी पनाह में आते है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (4 / 414 ح 19958) و ابوداؤد (1537) * قتادة مدلس و لم اجد تصريح سماعه

٢٤٤٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أُمِّ سَلَمَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ إِذَا خَرَجَ مِنْ بَيْتِهِ قَالَ: «بِسْمِ اللَّهِ تَوَكَّلْتُ عَلَى اللَّهِ اللَّهُمَّ إِنَّا نَعُوذُ بِكَ مِنْ أَنْ نَزِلَّ أَوْ نَضِلَّ أَوْ نَظْلِمَ أَوْ نُظْلَمَ أَوْ نَجْهَلَ أَوْ يُجْهَلَ عَلَيْنَا» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ وَفِي رِوَايَةِ أَبِي دَاوُدَ وَابْنِ [ص:٧٥ مَاجَهْ قَالَتْ أُمُّ سَلَمَةَ: مَا خَرَجَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ بَيْتِي قَطُّ إِلَّا رَفَعَ طَرْفَهُ إِلَى السَّمَاءِ فَقَالَ: «اللَّهُمَّ إِنِّي أَعُوذُ بِكَ أَنْ أَضِلَّ أَوْ أُضَلَّ أَوْ أَظْلِمَ أَوْ أُظْلَمَ أَوْ أَجْهَلَ أَو يجهل عَلَيّ»

2442. उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है कि जब नबी ﷺ अपने घर से बाहर तशरीफ़ ले जाते तो दुआ फरमाते: “ए अल्लाह! के नाम के साथ मैंने अल्लाह पर तवक्कुल किया, ऐ अल्लाह! हम तेरी पनाह चाहते है की हम (सीधे रास्ते से) फिसल जाए या गुमराह हो जाए, या हम ज़ुल्म करे या हम पर ज़ुल्म किया जाए, या हम किसी से जहालत से पेश आए या हमारे साथ जहालत से पेश आया जाए”| अहमद तिरमिज़ी, नसई, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है! अबू दावुद और इब्ने माजा की रिवायत में है उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ जब भी मेरे

घर से तशरीफ़ ले जाते तो आप ﷺ आसमान की तरफ नज़र उठाकर दुआ फरमाते: “ए अल्लाह! में तेरी पनाह चाहता हूँ, की मैं गुमराह हो जाऊँ, या गुमराह कर दिया जाऊँ, या में ज़ुल्म करू या मुझ पर ज़ुल्म किया जाए, या में जहालत से पेश आऊ या मुझ से जहालत से पेश आया जाए”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه احمد (6 / 306 ح 27151) و الترمذی (3427) و النسائی (فی عمل الیوم و اللیلة : 89 و السنن الکبریٰ : 9917) و ابوداؤد (5094) و ابن ماجه (2884) * عامر الشعبی لم یسمع من ام سلمة عند ابن المدینی و قوله هو الراجح

٢٤٤٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا خَرَجَ الرَّجُلُ مِنْ بَيْتِهِ فَقَالَ: بِسْمِ اللَّهِ تَوَكَّلْتُ عَلَى اللَّهِ لَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ إِلَّا بِاللَّهِ يُقَالُ لَهُ حِينَئِذٍ هُدِيتَ وَكُفِيتَ وَوُقِيتَ فَيَتَنَحَّى لَهُ الشَّيْطَانُ وَيَقُولُ شَيْطَانٌ آخَرُ: كَيْفَ لَكَ بِرَجُلٍ قَدْ هُدِيَ وَكُفِيَ وَوُقِيَ ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وروى التِّرْمِذِيّ إِلَى قَوْله: «الشَّيْطَان»

2443. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जब आदमी घर से निकलते वक़्त यह दुआ पढ़े: “ए अल्लाह! के नाम के साथ मेंने अल्लाह पर तवक्कुल किया, गुनाह से बचना और नेकी करना महज़ अल्लाह की तौफिक से है”, तो तब इसे कहा जाता है, तेरी रहनुमाई कर दी गई तुझे किफ़ायत कर दी गई और तो बचा लिया गया, शैतान उस से अलग हो जाता है, और दूसरा शैतान कहता है, तुम्हारा ऐसे आदमी पर कैसे ज़ोर चल सकता है जिस की रहनुमाई कर दी गई, इसे किफ़ायत कर दी गई और इसे बचा लिया गया”| अबू दावुद, और इमाम तिरमिज़ी ने (लह अल शैतान) तक रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (5095) و الترمذی (3426 و قال: حسن صحیح غریب) * ابن جریج : لم یثبت تصریح سماعه فی ھذا الحدیث و رواه عبدالمجید بن عبد العزیز عنه قال :’’ حدیث عن اسحاق ‘‘ [وفی الموارد (2375) وھم ، انظر الاحسان (819)]

٢٤٤٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي مَالِكٍ الْأَشْعَرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا وَلَجَ الرَّجُلُ بَيْتَهُ فَلْيَقُلْ: اللَّهُمَّ إِنِّي أَسْأَلُكَ خَيْرَ الْمَوْلِجِ وَخَيْرَ الْمَخْرَجِ بِسْمِ اللَّهِ وَلَجْنَا وَعَلَى اللَّهِ رَبِّنَا تَوَكَّلْنَا ثُمَّ لْيُسَلِّمْ عَلَى أَهْلِهِ ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2444. अबू मालिक अशअरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जब आदमी अपने घर दाखिल हो तो यह दुआ पढ़े: “ए अल्लाह! में दाखिल होने की जगह और निकलने की जगह की भलाई का तुझ से सवाल करता हूँ, अल्लाह के नाम के साथ हम दाखिल हुए और अपने रब अल्लाह पर हमने तवक्कुल किया, फिर वह अपने अहल खाना को सलाम करे”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (5096) * شریح بن عبید عن ابی مالک : مرسل کما تقدم (2412)

٢٤٤٥ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ إِذَا رَفَّأَ الْإِنْسَانَ إِذَا تَزَوَّجَ قَالَ: «بَارَكَ اللَّهُ لَكَ وَبَارَكَ عَلَيْكُمَا وَجَمَعَ بَيْنَكُمَا فِي خَيْرٍ» رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

2445. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ जब शादी के मौके पर किसी शख़्स को दुआ देते तो आप ﷺ फरमाते: "ए अल्लाह! तेरे लिए बरकत करे और तुम दोनों पर बरकत करे और तुम दोनों को खैर पर इकट्ठा करे"| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه احمد (2 / 381 ح 8944) و الترمذى (1091 و قال : حسن صحيح) و ابوداؤد (2130) و ابن ماجه (1905)

٢٤٤٦ - (حسن) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا تَزَوَّجَ أَحَدُكُمُ امْرَأَةً أَوِ اشْتَرَى خَادِمًا فَلْيَقُلْ اللَّهُمَّ إِنِّي أَسْأَلُكَ خَيْرَهَا وَخَيْرَ مَا جَبَلْتَهَا عَلَيْهِ وَأَعُوذُ بِكَ مِنْ شَرِّهَا وَشَرِّ مَا جَبَلْتَهَا عَلَيْهِ وَإِذَا اشْتَرَى بَعِيرًا فليأخُذْ بِذروةِ سنامِهِ ولْيَقُلْ مِثْلَ ذَلِكَ» . [ص:٧٥ وَفِي رِوَايَةٍ فِي الْمَرْأَةِ وَالْخَادِمِ: «ثُمَّ لْيَأْخُذْ بِنَاصِيَتِهَا وَلْيَدْعُ بِالْبَرَكَةِ» رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه .

2446. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने नबी ﷺ से रिवायत किया, आप ﷺ ने फ़रमाया: '' जब तुम में से कोई शख़्स किसी औरत से शादी करे या कोई गुलाम ख़रीदे तो वह यूँ दुआ करे: "ए अल्लाह! में तुझ से उसकी खैर भलाई और इस चीज़ की खैर भलाई का जिस पर तूने इसे पैदा किया, सवाल करता हूँ, और मैं उस के शर से और इस चीज़ के शर से जिस पर तूने इसे पैदा किया तेरी पनाह चाहता हूँ, '' और जब ऊंट ख़रीदे तो उसकी वह उन की चोटी पकड़ कर यही दुआ करे", और एक दूसरी रिवायत में औरत और खादिम के बारे में है '' फिर उसकी पेशानी के बाल पकड़ कर बरकत की दुआ करे"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2160) و ابن ماجه (1918)

٢٤٤٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي بَكْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «دَعَوَاتُ الْمَكْرُوبِ اللَّهُمَّ رَحْمَتَكَ أَرْجُو فَلَا تَكِلْنِي إِلَى نَفْسِي طَرْفَةَ عَيْنٍ وَأَصْلِحْ لِي شَأْنِي كُلَّهُ لَا إِلَهَ إِلَّا أَنْتَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2447. अबू बकरह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' मगमूम शख़्स की दुआ है '' अल्लाह में तेरी रहमत का उम्मीद वार हूँ, मुझे लम्हा भर के लिए भी मेरे नफ्स के सुपुर्द न करना, मेरे तमाम हालात दुरुस्त कर दे, तेरे सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (5090) * جعفر بن ميمون ضعيف : ضعفه الجمهور

٢٤٤٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: قَالَ رَجُلٌ: هُمُومٌ لَزِمَتْنِي وَدُيُونٌ يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ: «أَفَلَا أُعَلِّمُكَ كَلَامًا إِذَا قُلْتَهُ أَذْهَبَ اللَّهُ هَمَّكَ وَقَضَى عَنْكَ دَيْنَكَ؟» قَالَ: قُلْتُ: بَلَى قَالَ: " قُلْ إِذَا أَصْبَحْتَ وَإِذَا أَمْسَيْتَ: اللَّهُمَّ إِنِّي أَعُوذُ بِكَ مِنَ الْهَمِّ وَالْحُزْنِ وَأَعُوذُ بِكَ مِنْ غَلَبَةِ الدَّيْنِ وَقَهْرِ الرِّجَالِ ". قَالَ: فَفعلت ذَلِك فَأَذْهب الله همي وَقضى عَن ديني. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2448. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, किसी शख़्स ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! गमो और कर्जो ने मुझे घेर रखा है, आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ क्या मैं तुम्हें ऐसा कलाम बताऊँ के जब तुम वह कलाम पढ़े तो अल्लाह तुम्हारे गम दूर कर दे और तेरी तरफ से तेरा क़र्ज़ अदा कर दे ?” उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! क्यों नहीं! ज़रूर बताइए, आप ﷺ ने फ़रमाया: सुबह व शाम यह दुआ पढ़ा करो: “ए अल्लाह! में फकर व गम से तेरी पनाह चाहता हूँ, मैं अजज़ काहली सुस्ती से तेरी पनाह चाहता हूँ, मैं बुखल व बुज़दिली से तेरी पनाह चाहता हूँ, मैं क़र्ज़ के ज़्यादा होने और लोगों के गलबा से तेरी पनाह चाहता हूँ”, वह शख़्स बयान करता है मेंने यह वज़ीफ़ा किया जो अल्लाह ने मेरा गम दूर कर दिया और मेरा क़र्ज़ अदा कर दिया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (1555) * الجریری اختلط و غسان بن عوف : لین الحدیث

٢٤٤٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عليّ: أَنَّهُ جَاءَهُ مُكَاتَبٌ فَقَالَ: إِنِّي عَجَزْتُ عَنْ كتابي فَأَعِنِّي قَالَ: أَلَا أَعَلِّمُكَ كَلِمَاتٍ عَلَّمَنِيهِنَّ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَوْ كَانَ عَلَيْكَ مِثْلُ جَبَلٍ كَبِيرٍ دَيْنًا أَدَّاهُ اللَّهُ عَنْكَ. قُلْ: «اللَّهُمَّ اكْفِنِي بِحَلَالِكَ عَنْ حَرَامِكَ وَأَغْنِنِي بِفَضْلِكَ عَمَّنْ سِوَاكَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي الدَّعَوَاتِ الْكَبِيرِ»» وَسَنَذْكُرُ حَدِيثَ جَابِرٍ: «إِذَا سَمِعْتُمْ نُبَاحَ الْكِلَابِ» فِي بَابِ «تَغْطِيَةِ الْأَوَانِي» إِن شَاءَ الله تَعَالَى

2449. अली रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक मकातब उन के पास आया तो उस ने कहा में अपने आज़ादी के लिए तै शुदा रकम अदा करने से आजिज़ हूँ, लिहाज़ा आप रदियल्लाहु अन्हु मेरी मदद फरमाइए, उन्होंने ने फ़रमाया: क्या मैं तुझे चंद कलिमात न सिखाऊ जो रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे सिखाए थे, अगर तुझ पर किसी बड़े पहाड़ के बराबर क़र्ज़ होगा तो अल्लाह इसे तुझ से अदा कर देगा, कहो: “ए अल्लाह! तो अपने हलाल करदा चीज़ के ज़रिए अपने हराम करदा चीज़ से मुझे काफी हो जा और अपने फ़ज़्ल के ज़रिए अपने अलावा मुझे सबसे बेनियाज़ कर दे”, हम जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से मरवी हदीस ((إِذَا سَمِعْتُمْ نُبَاحَ الْكِلَابِ)) बाब تغطية الاوانی मैं इनशाअल्लाह ज़िक्र करेंगे| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3563 و قال : حسن غریب) و البیهقی فی الدعوات الکبیر (1 / 134 ح 177) [و صححه الحاکم (1 / 538) و وافقه الذهبی]0 حدیث : اذا سمعتم نباح الکلاب ، یاتی (4302)

मुख़्तलिफ अवकात के वक़्त की दुआओं का बयान • بَاب الدَّعْوَات فِي الْأَوْقَاف

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٢٤٥٠ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ إِذَا جَلَسَ مَجْلِسًا أَوْ صَلَّى تكلّم بِكَلِمَاتٍ فَسَأَلْتُهُ عَنِ الْكَلِمَاتِ فَقَالَ: " إِنْ تُكُلِّمَ بِخَيْرٍ كَانَ طَابَعًا عَلَيْهِنَّ إِلَى يَوْمِ الْقِيَامَةِ وَإِنْ تُكُلِّمَ بِشَرٍّ كَانَ كَفَّارَةً لَهُ: سُبْحَانَكَ اللَّهُمَّ وَبِحَمْدِكَ لَا إِلَهَ إِلَّا أَنْتَ أَسْتَغْفِرُكَ وَأَتُوبُ إِلَيْكَ ". رَوَاهُ النَّسَائِيّ

2505. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें खुत्बा इरशाद फ़रमाया: “लोगो! तुम पर हज फ़र्ज़ कर दिया गया है लिहाज़ा तुम हज करो”, किसी आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या हर साल? आप ख़ामोश रहे हत्ता कि उस ने तीन मर्तबा कहा, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: ” अगर में हाँ कह देता तो (फिर हर साल) वाजिब हो जाता और तुम इस्तिताअत न रखते”, फिर फ़रमाया: “जब तक में तुम्हें कोई मसअला न बताऊँ तो मुझे छोड़े रखो, तुम से पहले लोग अपने अंबिया से ज़्यादा सवाल करने और उन से इख्तिलाफ करने की वजह से हलाक हुए, जब में किसी चीज़ के बारे में तुम्हें हुक्म दू तो मक्दोर भर उस पर अमल करो और जब में किसी चीज़ से तुम्हें मना करू तो उसे छोड़ दो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (471 / 1337)، (3257)

٢٥٠٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: سُئِلَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَيُّ الْعَمَلِ أَفْضَلُ؟ قَالَ: «إِيمَانٌ بِاللَّهِ وَرَسُولِهِ» قِيلَ: ثُمَّ مَاذَا؟ قَالَ: «الْجِهَادُ فِي سَبِيلِ اللَّهِ» . قِيلَ: ثُمَّ مَاذَا؟ قَالَ: «حَجٌّ مبرورٌ»

2506. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ से दरियाफ्त किया गया कौन सा अमल अफज़ल है? आप ﷺ ने फ़रमाया: ” अल्लाह और उस के रसूल पर ईमान लाना”, अर्ज़ किया गया, फिर कौन सा? आप ﷺ ने फ़रमाया: ” अल्लाह की राह में जिहाद करना”, अर्ज़ किया गया, फिर कौन सा? आप ﷺ ने फ़रमाया: ” हज ए मकबूल”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (26) و مسلم (135 / 83)، (248)

٢٥٠٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «مَنْ حَجَّ فَلَمْ يَرْفُثْ وَلَمْ يَفْسُقْ رَجَعَ كَيَوْمِ وَلَدَتْهُ أمه»

2507. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ” जो शख़्स अल्लाह के लिए हज

करे फिर वह ना गुनाह का काम करे न फहश गोई करे, तो वह (गुनाहों से पाक हो कर) इस रोज़ की तरह लौटता है जिस रोज़ उसकी वालिदा ने इसे जन्म दिया था"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (1521) و مسلم (438 / 1350)، (3291)

٢٥٠٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْعُمْرَةُ إِلَى الْعُمْرَةِ كَفَّارَةٌ لِمَا بَيْنَهُمَا وَالْحَجُّ الْمَبْرُورُ لَيْسَ لَهُ جَزَاءٌ إِلا الجنَّةُ»

2508. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' उमरा दूसरे उमरा तक के दरमियानी वक्फा में होने वाले गुनाहों का कफ्फारा है, और हज ए मकबूल की जज़ा जन्नत है"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (1773) و مسلم (437 / 1349)، (3289)

٢٥٠٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِن عمْرَة فِي رَمَضَان تعدل حجَّة»

2509. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' रमज़ान में उमरा करना (सवाब के लिहाज़ से) हज के बराबर है"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (1782) و مسلم (221 / 1256)، (3038)

٢٥١٠ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: إِنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَقِيَ رَكْبًا بِالرَّوْحَاءِ فَقَالَ: «مَنِ الْقَوْمُ؟» قَالُوا: الْمُسْلِمُونَ. فَقَالُوا: مَنْ أَنْتَ؟ قَالَ: «رَسُولُ اللَّهِ» فَرَفَعَتْ إِلَيْهِ امْرَأَةٌ صَبِيًّا فَقَالَتْ: أَلِهَذَا حَجٌّ؟ قَالَ: «نَعَمْ وَلَكِ أَجَرٌ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2510. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं की नबी ﷺ रव्हा के मक़ाम पर एक काफले से मिले तो आप ने पूछा: "कौन हो?" उन्होंने अर्ज़ किया, मुसलमान, फिर उन्होंने पूछा आप कौन है? आप ﷺ ने फ़रमाया: '' अल्लाह का रसूल", एक औरत ने एक बच्चा उठाकर अर्ज़ किया, क्या उस का हज है? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ, और तुम्हारे लिए उस का अज़र है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (409 / 1336)، (3253)

٢٥١١ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: إِنَّ امْرَأَةً مِنْ خَثْعَمَ قَالَتْ: يَا رَسُول الله إِن فَرِيضَة الله عِبَادِهِ فِي الْحَجِّ أَدْرَكَتْ أَبِي شَيْخًا كَبِيرًا لَا يَثْبُتُ عَلَى الرَّاحِلَةِ أَفَأَحُجُّ عَنْهُ؟ قَالَ: «نعم» ذَلِك حجَّة الْوَدَاع

2511. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, खसअम कबिले की एक औरत ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! अल्लाह का अपने बंदो पर जो हज का फ़रीज़े है, उस ने मेरे बूढ़े बाप को इस हाल में पाया के वह सवारी पर सहीह तरह बैठ नहीं सकते, तो क्या मैं उनकी तरफ से हज करू? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ”, और यह हज्जतुल वदा के मौके पर हुवा| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1513) و مسلم 407 / 1334)، (3251)

٢٥١٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: أَتَى رَجُلٌ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: إِنَّ أُخْتِي نَذَرَتْ أَنْ تَحُجَّ وَإِنَّهَا مَاتَتْ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَوْ كَانَ عَلَيْهَا دَيْنٌ أَكُنْتَ قَاضِيَهُ؟» قَالَ: نَعَمْ قَالَ: «فَاقْضِ دَيْنَ اللَّهِ فَهُوَ أَحَقُّ بِالْقَضَاءِ»

2512. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, एक आदमी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस ने अर्ज़ किया, मेरी बहन ने हज करने की नज़र मानी थी, लेकिन वह फौत हो चुकी है, तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: ’’ अगर उस पर क़र्ज़ होता तो किया तुम उसे अदा करते ?” उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! तो आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ फिर अल्लाह का क़र्ज़ भी अदा करो, वह तो अदाइगी का ज़्यादा हक़दार है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6699) و مسلم (155 / 1148)، (2694)

٢٥١٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَخْلُوَنَّ رَجُلٌ بِامْرَأَةٍ وَلَا تُسَافِرَنَّ امْرَأَةٌ إِلَّا وَمَعَهَا مَحْرَمٌ» . فَقَالَ رَجُلٌ: يَا رَسُولَ اللَّهِ اكْتُتِبْتُ فِي غَزْوَةِ كَذَا وَكَذَا وَخَرَجَتِ امْرَأَتِي حَاجَّةً قَالَ: «اذهبْ فاحجُجْ مَعَ امرأتِكَ»

2513. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ कोई आदमी ना किसी औरत के साथ खलवत इख़्तियार करे ना कोई औरत महरम के बगैर सफ़र करे”, एक आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! फलां फलां गज़वा में मेरा नाम लिख लिया गया है, जबकि मेरी अहलिया हज करने का इरादा रखती है, आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ जाओ और अपने अहलिया के साथ हज करो”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3006) و مسلم (424 / 1341)، (3272)

٢٥١٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: اسْتَأْذَنْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الْجِهَادِ. فَقَالَ: «جهادكن الْحَج»

2514. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मेंने नबी ﷺ से जिहाद पर जाने की इजाज़त तलब की आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ तुम्हारा जिहाद हज है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2875) و مسلم (لم اجده)

٢٥١٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تُسَافِرُ امْرَأَةٌ مَسِيرَةَ يَوْمٍ وَلَيْلَةٍ إِلَّا وَمَعَهَا ذُو محرم»

2515. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ कोई औरत महरम के बगैर एक दिन और एक रात का सफ़र ना करे”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1088) و مسلم (421 / 1339)، (3268)

٢٥١٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: وَقَّتَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِأَهْلِ الْمَدِينَةِ: ذَا الْحُلَيْفَةِ وَلِأَهْلِ الشَّامِ: الْجُحْفَةَ وَلِأَهْلِ نَجْدٍ: قَرْنَ الْمَنَازِلِ وَلِأَهْلِ الْيَمَنِ: يَلَمْلَمَ فَهُنَّ لَهُنَّ وَلِمَنْ أَتَى عَلَيْهِنَّ مِنْ غَيْرِ أَهْلِهِنَّ لِمَنْ كَانَ يُرِيدُ الْحَجَّ وَالْعُمْرَةَ [ص:٧٧ فَمَنْ كَانَ دُونَهُنَّ فَمُهَلُّهُ مِنْ أَهْلِهِ وَكَذَاكَ وَكَذَاكَ حَتَّى أهل مَكَّة يهلون مِنْهَا

2516. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने अहले मदीना के लिए ज़ुल हलिफा, अहले शाम के लिए जुह्फा, अहले नज़्द के लिए कर्न मनाज़िल और अहले यमन के लिए यलमलम को मिकात मुकर्रर किया, वह उन के लिए है, और उन के अलावा इन रास्तो से आने वालो के लिए है, जबकि वह हज और उमरा अदा करने का इरादा रखते हो और जो उन मवाकित के अन्दर की जानिब रहता है तो वह अपने घर से इहराम बांधेगा और इस तरह और इस तरह हत्ता कि मक्का वाले मक्का से इहराम बांधेंगे”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1526) ومسلم (11 / 1181)، (2803)

٢٥١٧ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مُهَلُّ أَهْلِ الْمَدِينَةِ مِنْ ذِي الْحُلَيْفَةِ وَالطَّرِيقُ الْآخَرُ الْجُحْفَةُ وَمُهَلُّ أَهْلِ الْعِرَاقِ مِنْ ذَاتِ عِرْقٍ وَمُهَلُّ أَهْلِ نَجْدٍ قَرْنٌ وَمُهَلُّ أَهْلِ الْيَمَنِ يَلَمْلَمُ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2517. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ और अहले मदीना ज़ुल हलिफा के मक़ाम पर इहराम बांधेंगे, जबकि दूसरे रास्तो वाले जुह्फा से अहले इराक ज़ात अर्क से अहले नज़्द कर्न से और अहले यमन यलमलम से इहराम बांधेंगे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (18 / 183)، (2810)

٢٥١٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: اعْتَمَرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَرْبَعُ عُمَرٍ كُلُّهُنَّ فِي ذِي الْقَعْدَةِ إِلَّا الَّتِي كَانَتْ مَعَ حَجَّتِهِ: عُمْرَةً مِنَ الْحُدَيْبِيَةِ فِي ذِي الْقَعْدَةِ وَعُمْرَةً مِنَ الْعَامِ الْمُقْبِلِ فِي ذِي الْقَعْدَةِ وَعُمْرَةً مِنَ الْجِعْرَانَةِ حَيْثُ قَسَّمَ غَنَائِمَ حُنَيْنٍ فِي ذِي الْقَعْدَةِ وَعُمْرَةً مَعَ حَجَّتِهِ "

2518. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने चार उमरे किए है, वह सब ज़ुल कअदा में किए,

सिवाय उस उमरा के जो आप ने हज के साथ किया, आप ﷺ ने एक उमरा हुदैबिया से जुल कअदा में किया, एक उमरा अगले साल जुल कअदा में किया, एक उमरा जीअरान से जहाँ आप ने हुनैन का माले गनीमत तकसीम किया, वो भी जुल कअदा में और एक उमरा अपने हज के साथ किया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (4148) و مسلم (217 / 1253)، (3033)

٢٥١٩ - (صَحِيح) وَعَنِ الْبَرَاءِ بْنِ عَازِبٍ قَالَ: اعْتَمَرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي ذِي الْقَعْدَةِ قَبْلَ أَنْ يَحُجَّ مَرَّتَيْنِ. " رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

2519. बराअ बिन आजीब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हज करने से पहले जुल कअदा में दो उमरे किए| (बुखारी)

رواه البخاری (1781)

अफआल ए हज का बयान • كتاب الْمَنَاسِك

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٢٥٢٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا أَيُّهَا النَّاسُ إِنَّ اللَّهَ كَتَبَ عَلَيْكُمُ الْحَجَّ» . فَقَامَ الْأَقْرَعُ بْنُ حَابِسٍ فَقَالَ: أَفِي كُلِّ عَامٍ يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ [ص:٧٧ قَالَ: " لَوْ قُلْتُهَا: نَعَمْ لَوَجَبَتْ وَلَوْ وَجَبَتْ لَمْ تَعْمَلُوا بِهَا وَلَمْ تَسْتَطِيعُوا وَالْحَجُّ مَرَّةٌ فَمَنْ زَادَ فَتَطَوُّعٌ ". رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالنَّسَائِيّ والدارمي

2520. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: '' लोगो! अल्लाह ने तुम पर हज करना फ़र्ज़ करार दिया है'', तो इकरा बिन हाबिस रदियल्लाहु अन्हु खड़े हुए और अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या हर साल? आप ﷺ ने फ़रमाया: '' अगर में हाँ कह देता तो (हर साल हज करना) वाजिब हो जाता, और अगर वाजिब हो जाता तो तुम ना अमल करते ना तुम इस्तिताअत रखते, और हज करना एक मर्तबा फ़र्ज़ है, और जो शख़्स ज़्यादा मर्तबा करे तो वह नफ्ली है''| (सहीह)

صحیح ، رواه احمد (1 / 255 ح 2304) و النسائی (5 / 111 ح 2621) و الدارمی (2 / 29 ح 1795)

٢٥٢١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَنْ مَلَكَ زَادًا وَرَاحِلَةً تُبَلِّغُهُ إِلَى بَيْتِ اللَّهِ وَلَمْ يَحُجَّ فَلَا عَلَيْهِ أَنْ يَمُوتَ يَهُودِيًّا أَوْ نَصْرَانِيًّا وَذَلِكَ أَنَّ اللَّهَ تَبَارَكَ وَتَعَالَى يَقُولُ: (وَلِلَّهِ عَلَى النَّاسِ حَجُّ الْبَيْتِ

مَنِ اسْتَطَاعَ إِلَيهِ سَبِيلا)»» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ. وَفِي إِسْنَادِهِ مَقَالٌ وَهِلَالُ بْنُ عَبْدِ اللَّهِ مَجْهُولٌ والْحَارث يضعف فِي الحَدِيث

2521. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जिस शख़्स के पास बैतुल्लाह तक पहुँचने के लिए रसद (माल सामान) और सवारी हो, वह फिर भी हज न करे तो फिर उस पर कोई फर्क नहीं के वह यहूदी हो कर फौत हो या नसरानी, और यह इसलिए है के अल्लाह तबारक व तआला फरमाता है, “और जो शख़्स बैतुल्लाह तक पहुँचने की इस्तिताअत रखता हो तो उस पर बैतुल्लाह का हज करना वाजिब है”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है उसकी इसनाद पर कलाम किया गया है, जबकि हिलाल बिन अब्दुल्लाह मजहूल है और हारिस को हदीस में जईफ करार दिया गया है| (ज़ईफ़)

ضعیف ، رواه الترمذی (812) * الحارث الاعور ضعیف جدًا و للحدیث شواهد ضعیفة عند البیهقی (4 / 334) و غیره

٢٥٢٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ:»» لَا صَرُورَةَ فِي الإِسلامِ ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2522. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ इस्लाम में ’’ सरुरा ‘‘ (गौशा नशीनी इख़्तियार करना, शादी न करना, इस्तिताअत के बावजूद हज न करना वगैरा) नहीं है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (1729) * و حقق الامام احمد و ابن معین و غیرهما بان فی السند عمر بن عطاء بن وراز هو ضعیف

٢٥٢٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَرَادَ الْحَجَّ فَلْيُعَجِّلْ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد والدارمي

2523. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जो शख़्स हज का इरादा रखता हो तो वह जल्दी करे”| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (1732) و الدارمی (2 / 28 ح 1791)

٢٥٢٤ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «تَابِعُوا بَيْنَ الْحَجِّ وَالْعُمْرَةِ فَإِنَّهُمَا يَنْفِيَانِ الْفَقْرَ وَالذُّنُوبَ كَمَا يَنْفِي الْكِيرُ خَبَثَ الْحَدِيدِ وَالذَّهَبِ وَالْفِضَّةِ وَلَيْسَ لِلْحَجَّةِ الْمَبْرُورَةِ ثَوَابٌ إِلَّا الْجَنَّةَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ

2524. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ हज और उमरा पे दर पे (एक

के बाद दूसरा) करो, क्योंकि वह फकीरी और गुनाहों को इस तरह ख़तम कर देते हैं जिस तरह भट्टी लोहे, सोने और चाँदी की मेल दूर कर देती है, और हज ए मकबूल की जज़ा सिर्फ जन्नत ही है”| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذی (810 و قال : حسن صحيح غريب) و النسائی (5 / 115116 ح 2632)

٢٥٢٥ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ أَحْمَدُ وَابْنُ مَاجَهْ عَنْ عُمَرَ إِلَى قَوْله: «خبث الْحَدِيد»

2525. इमाम अहमद और इब्ने माजा ने उमर रदियल्लाहु अन्हु से (خبث الْحَدِيد) तक रिवायत किया है| (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (1 / 25 ح 167) و ابن ماجه (2887)

٢٥٢٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَا يُوجِبُ الْحَجَّ؟ قَالَ: «الزَّادُ وَالرَّاحِلَة» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

2526. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, एक आदमी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ, तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! वुजुबे हज की शर्त क्या है? आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ रसद (माल सामान) और सवारी”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (813 و قال : حسن) و ابن ماجه (2896) * ابراهيم يزيد الخوزی ضعيف و للحديث طرق ضعيفة عن انس و عائشة و غيرهما

٢٥٢٧ - (حسن) وَعَنْهُ قَالَ: سَأَلَ رَجُلٌ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: مَا الْحَاج؟ فَقَالَ: «الشعث النَّفْل» . فَقَامَ آخَرُ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَيُّ الْحَجِّ أَفْضَلُ؟ قَالَ: «الْعَجُّ وَالثَّجُّ» . فَقَامَ آخَرُ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَا السَّبِيلُ؟ قَالَ: «زَادٌ وَرَاحِلَةٌ» رَوَاهُ فِي شَرْحِ السُّنَّةِ. وَرَوَى ابْنُ مَاجَهْ فِي سُنَنِهِ إِلَّا أَنَّهُ لَمْ يذكر الْفَصْل الْأَخير

2527. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, एक आदमी ने रसूलुल्लाह ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया: हाजी की सिफत क्या है? आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ परान्दा बिखरे हुए बाल और मेल कुचेल”, फिर दूसरा आदमी खड़ा हुआ और अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! कौन सा हज अफज़ल है? आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ बुलंद आवाज़ से तकबीर कहना और कुर्बानी का खून बहाना”, फिर एक और खड़ा हुआ तो उस ने अर्ज़ किया, रास्ते से क्या मुराद है? आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ रसद (माल सामान) और सवारी”| शरह सुन्ना और इमाम इब्ने माजा ने इसे अपने सुनन में रिवायत किया लेकिन उन्होंने आखिरी बात (रास्ते से क्या मुराद है?) ज़िक्र नहीं की| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البغوی فی شرح السنة (7 / 14 ح 1847) و ابن ماجه (2896) * ابراهيم بن يزيد الخوزی ضعيف و انظر الحديظ السابق (2526)

٢٥٢٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي رَزِينٍ الْعُقَيْلِيِّ أَنَّهُ أَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ أَبِي شَيْخٌ كَبِيرٌ لَا يَسْتَطِيعُ الْحَجَّ وَلَا الْعُمْرَةَ وَلَا الظَّعْنَ قَالَ: «حُجَّ عَنْ أَبِيكَ وَاعْتَمِرْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ

2528. अबू रजीन उकय्ली रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के वह नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मेरे वालिद बहोत बूढ़े हैं, वह हज उमरे की ना इस्तिताअत रखते है न सवारी कर सकते है, आप ﷺ ने फ़रमाया: ” अपने वालिद की तरफ से हज उमरा कर”| तिरमिज़ी, अबू दावुद, नसई, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (930) و ابوداؤد (1810) و النسائى (5 / 111 ح 2622) [و صححه ابن خزيمة (3040) و ابن حبان (961) و ابن الجارود (500) و الحاكم (1 / 481) على شرط الشيخين و وافقه الذهبى]

٢٥٢٩ - (صَحِيح) مَرْفُوع وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سَمِعَ رَجُلًا يَقُولُ لَبَّيْكَ عَنْ شُبْرُمَةَ قَالَ: «مَنْ شُبْرُمَةُ» قَالَ: أَخٌ لِي أَوْ قَرِيبٌ لِي قَالَ: «أَحَجَجْتَ عَنْ نَفْسِكَ؟» قَالَ: لَا قَالَ: «حُجَّ عَنْ نَفْسِكَ ثُمَّ حُجَّ عَنْ شُبْرُمَةَ» . رَوَاهُ الشَّافِعِيُّ وَأَبُو دَاوُد وابنُ مَاجَه

2529. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने किसी आदमी को शुबरुमः की तरफ से तल्बिया (लब्बैक) कहते हुए सुना तो आप ﷺ ने फ़रमाया: ” शुबरुमः कौन है? “उस ने कहा मेरा भाई हैं या मेरा कोई करीबी है, आप ﷺ ने फ़रमाया: ” क्या तुम ने खुद हज किया हुआ है? “उस ने अर्ज़ किया, नहीं? आप ﷺ ने फ़रमाया: ” पहले अपने तरफ से हज करो, फिर शुबरुमः की तरफ से हज करना”| (हसन)

حسن ، رواه الشافعى فى الام (2 / 123) و ابوداؤد (1811) و ابن ماجه (2903)

٢٥٣٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ قَالَ: وَقَّتَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِأَهْلِ الْمَشْرِقِ الْعَقِيقَ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد

2530. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने अहले मशरिक के लिए अकिक को मिकात करार दिया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (832) و ابوداؤد (1740) * فيه يزيد بن ابى زياد ضعيف مدلس

٢٥٣١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَقَّتَ لِأَهْلِ الْعِرَاقِ ذَاتَ عِرْقٍ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

2531. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने अहले इराक के लिए ज़ाते अर्क को मिकात

करार दिया| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (1739) و النسائی (5 / 125 ح 2657)

٢٥٣٢ - (ضَعِيف) وَعَنْ أُمِّ سَلَمَةَ قَالَتْ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " مَنْ أَهَلَّ بِحَجَّةٍ أَوْ عُمْرَةٍ مِنَ الْمَسْجِدِ الْأَقْصَى إِلَى الْمَسْجِدِ الْحَرَامِ غُفِرَ لَهُ مَا تَقَدَّمَ مِنْ ذَنْبِهِ وَمَا تَأَخَّرَ أَوْ وَجَبَتْ لَهُ الْجَنَّةُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

2532. उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो शख़्स मस्जिद ए अक्सा से मस्जिद ए हराम के लिए हज्ज या उमरा का इहराम बांधे तो उस के अगले पिछले गुनाह मुआफ़ कर दिए जाते हैं, या उस के लिए जन्नत वाजिब हो जाती है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (1741) و ابن ماجه (30013002) * حكيمة و ثقها ابن حبان و حده الحديث ضعيفه البخارى (و يره وهو الراجح

अफआल ए हज का बयान • كتاب الْمَنَاسِك

तीसरी फस्ल • الْفَصْلُ الثَّالِث

٢٥٣٣ - (صَحِيح) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: كَانَ أَهْلُ الْيَمَنِ يَحُجُّونَ فَلَا يَتَزَوَّدُونَ وَيَقُولُونَ: نَحْنُ الْمُتَوَكِّلُونَ فَإِذَا قَدِمُوا مَكَّةَ سَأَلُوا النَّاسَ فَأَنْزَلَ اللَّهُ تَعَالَى: (وتزَوَّدُوا فإنَّ خيرَ الزَّادِ التَّقوى)»» رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2533. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, अहले यमन हज करते तो वह रसद (माल सामान) साथ नहीं लेते थे और वह कहते थे हम तवक्कुल करने वाले हैं, लेकिन जब वह मक्का पहुँच जाते तो फिर लोगों से सवाल करते, तब अल्लाह तआला ने आयत नाज़िल फरमाई: “रसद (माल सामान) ले लिया करो और बेहतरीन रसद (माल सामान) तक़्वा है”| (बुखारी)

رواه البخارى (1523)

٢٥٣٤ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ عَلَى النِّسَاءِ جِهَادٌ؟ قَالَ: " نَعَمْ عَلَيْهِنَّ جِهَادٌ لَا قِتَالَ فِيهِ: الْحَجُّ وَالْعُمْرَةُ ". رَوَاهُ ابْنُ مَاجَه

2534. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मेंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या औरतो पर जिहाद

फ़र्ज़ है? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ, इन पर जिहाद फ़र्ज़ है लेकिन उनमें किताल नहीं? और वह जिहाद हज उमराह है”| (सहीह)

صحيح ، رواه ابن ماجه (2901)

٢٥٣٥ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ لَمْ يَمْنَعْهُ مِنَ الْحَجِّ حَاجَةٌ ظَاهِرَةٌ أَوْ سُلْطَانٌ جَائِرٌ أَوْ مَرَضٌ حَابِسٌ فَمَاتَ وَلَمْ يَحُجَّ فَلْيَمُتْ إِنْ شَاءَ يَهُودِيًّا وَإِنْ شَاءَ نَصْرَانِيًّا» . رَوَاهُ الدَّارِمِيّ

2535. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जिस शख़्स को कोई ज़ाहिरी हाजत (रसद (माल सामान) और सवारी की अदम दस्तियाबी) या ज़ालिम बादशाह या (सफ़र से) रोकने वाला मर्ज़ हज से न रोके और वह फिर भी हज किए बगैर फौत हो जाए तो फिर अगर वह चाहे तो यहूदी हो कर मरे और अगर चाहे तो नसरानी हो कर”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الدارمی (2 / 29 ح 1792 ، نسخة محققة : 1826) * ليث بن ابی سليم ضعيف و شريک القاضی مدلس و عنعن

٢٥٣٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ قَالَ: «الْحَاجُّ وَالْعُمَّارُ وَفْدُ اللَّهِ إِنْ دَعَوْهُ أَجَابَهُمْ وَإِنِ استَغفروهُ غَفرَ لهمْ» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

2536. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ﷺ ने फ़रमाया: ’’ हज और उमरा करने वाले, अल्लाह के तकर्रुब का क़सद करने वाले हैं, अगर वह उस से दुआ करे तो वह उनकी दुआ कबूल फरमाए और अगर वह उस से मगफिरत तलब करे तो वह उन्हें बख्श दे”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جدا ، رواه ابن ماجه (2892) * صالح بن عبدالله بن صالح منكر الحديث

٢٥٣٧ - (حسن) وَعَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «وَفْدُ اللَّهِ ثَلَاثَةٌ الْغَازِي وَالْحَاجُّ وَالْمُعْتَمِرُ» . رَوَاهُ النَّسَائِيُّ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَان

2537. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “तीन किस्म के लोग मुजाहिद, हाजी और उमरा करने वाले, अल्लाह के तकर्रुब का क़सद करने वाले हैं”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه النسائی (6 / 16 ح 3123) و البيهقی فی شعب الايمان (4103) [و صححه ابن خزيمة (2511) و ابن حبان (965) و الحاكم علی شرط مسلم (1 / 441) و وافقه الذهبی]

٢٥٣٨ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا لَقِيتَ الْحَاجَّ فَسَلِّمْ عَلَيْهِ وَصَافِحْهُ وَمُرْهُ أَنْ يَسْتَغْفِرَ لَكَ قَبْلَ أَنْ يَدْخُلَ بَيْتَهُ فَإِنَّهُ مَغْفُورٌ لَهُ» . رَوَاهُ أَحْمد

2538. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जब तुम हाजी से मिलो तो उसे सलाम करो, उस से मुसाफा करो और उस से पहले के वह अपने घर में दाखिल हो, उस से दरख्वास्त करो के वह तुम्हारे लिए मगफिरत तलब करे, क्योंकि उसकी मगफिरत हो चुकी है (और ऐसे शख़्स की दुआ कबूल होती है)”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه احمد (2 / 69 ح 5371) [و ابن حبان فی المجروحين (2 / 265)] * فيه محمد بن الحارث الحارثی (ضعيف) عن محمد بن عبد الرحمن بن البيلمانی (ضعيف وقد اتهمه ابن عدی و ابن حبان) عن ابيه (ضعيف) عن ابن عمر به

٢٥٣٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ خَرَجَ حَاجًّا أَوْ مُعْتَمِرًا أَوْ غَازِيًا ثُمَّ مَاتَ فِي طَرِيقِهِ كَتَبَ اللَّهُ لَهُ أَجْرَ الْغَازِي وَالْحَاجِّ والمعتمِرِ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ

2539. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ’’ जो शख़्स हज्ज या उमरा या जिहाद करने के लिए रवाना हो, फिर वह उस के रास्ते में (अमल करने से पहले) फौत हो जाए तो अल्लाह उस के लिए जिहाद करने वाले, हज करने वाले और उमरा करने वाले का अज़र अता फरमाता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقی فی شعب الايمان (4100 ، نسخة محققة : 3806) [و الطبرانی فی الوسط 6 / 155 ح 5317] * فيه محمد بن اسحاق مدلس و عنعن و حميد : صوابه جميل (بن ابی ميمونة) و ثقه ابن حبان وحده و الحسين بن عبد الاول مجروح ، ضعفه الجمهور

इहराम और तलबिहा का बयान • بَاب الْإِحْرَام والتلبية

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٢٥٤٠ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كُنْتُ أَطَيِّبُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِإِحْرَامِهِ قَبْلَ أَنْ يُحْرِمَ وَلِحِلِّهِ قَبْلَ أَنْ يَطُوفَ بِالْبَيْتِ بِطِيبٍ فِيهِ مِسْكٌ كَأَنِّي أَنْظُرُ إِلَى وَبِيصِ الطِّيبِ فِي مَفَارِقِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ مُحْرِمٌ

2540. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को आप के इहराम बांधने से पहले खुशबू लगाया करती थी, और इसी तरह जब तवाफ़ (इफादा) से पहले इहराम खोल देते तो आप ﷺ को कस्तूरी की खुशबू लगाया करती थी गोया मैं रसूलुल्लाह ﷺ की मांग में जबकि आप हालत ए इहराम में थे खुशबू की चमक देख रही हूँ| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1539) و مسلم (33 / 1189)، (2826)

٢٥٤١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُهِلُّ مُلَبِّدًا يَقُولُ: «لَبَّيْكَ اللَّهُمَّ لَبَّيْكَ لَبَّيْكَ لَا شَرِيكَ لَكَ لَبَّيْكَ إِنَّ الْحَمْدَ وَالنِّعْمَةَ لَكَ وَالْمُلْكَ لَا شَرِيكَ لَكَ» . لَا يَزِيدُ عَلَى هَؤُلَاءِ الْكَلِمَاتِ

2541. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को तल्बिया कहते हुए सुना, जबकि आप बाल जमाए हुए थे, आप ﷺ फरमा रहे थे: “मैं हाज़िर हूँ, ऐ अल्लाह! में हाज़िर हूँ, आप का कोई शरीक नहीं, बेशक हर किस्म की तारीफ़, तमाम नेअमतें और बादशाहत तेरी ही लिए है और तेरा कोई शरीक नहीं, “ आप ﷺ उन कलिमात में कोई इज़ाफा नहीं करते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5951) و مسلم (21 / 1184)، (2814)

٢٥٤٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا أَدْخَلَ رِجْلَهُ فِي الْغَرْزِ وَاسْتَوَتْ بِهِ نَاقَتُهُ قَائِمَةً أَهَلَّ مِنَ عندِ مسجدِ ذِي الحليفة

2542. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ अपना पाँव रकाब में रख लेते और आप की ऊंटनी आप को लेकर सीधी खड़ी हो जाती तो आप ज़ुल हलिफा की मस्जिद के पास तल्बिया पुकारते| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2865) و مسلم (27 / 1187)، (2820)

٢٥٤٣ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: خَرَجْنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَصْرُخُ بِالْحَجِّ صراخا. رَوَاهُ مُسلم

2543. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ के साथ (हज के लिए) रवाना हुए तो हम बुलंद आवाज़ से हज का तल्बिया पुकारते थे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (211 / 1247)، (3023)

٢٥٤٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَنَسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: كُنْتُ رَدِيفَ أَبِي طَلْحَةَ وَإِنَّهُمْ لَيَصْرُخُونَ بهما جَمِيعًا: الْحَج وَالْعمْرَة. رَوَاهُ البُخَارِيّ

2544. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं अबू तल्हा रदियल्लाहु अन्हु के पीछे सवारी पर सवार था और वह (सहाबा किराम) हज और उमरा का इकट्ठा तल्बिया कह रहे थे| (बुखारी)

رواه البخارى (2986)

٢٥٤٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: خَرَجْنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَامَ حَجَّةِ الْوَدَاعِ فَمِنَّا مَنْ أَهَلَّ بِعُمْرَةٍ وَمِنَّا مَنْ أَهَلَّ بِحَجٍّ وَعُمْرَةٍ وَمِنَّا مَنْ أَهَلَّ بِالْحَجِّ وَأَهَلَّ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِالْحَجِّ فَأَمَّا مَنْ أَهَلَّ بِعُمْرَةٍ فَحَلَّ وَأَمَّا مَنْ أَهَلَّ بِالْحَجِّ أَوْ جَمَعَ الْحَجَّ وَالْعُمْرَةَ فَلَمْ يَحِلُّوا حَتَّى كَانَ يَوْمُ النَّحْرِ

2545. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, हम हज्जतुल वदा के साल रसूलुल्लाह ﷺ के साथ रवाना हुए, हम में से किसी ने उमरा का तल्बिया पुकारा, किसी ने हज और उमरा का और किसी ने हज का तल्बिया पुकारा, जबकि रसूलुल्लाह ﷺ ने हज का तल्बिया पुकारा, जिस ने उमरे का तल्बिया पुकारा था उस ने इहराम खोल दिया, और जिन्होंने हज्ज या हज और उमरा दोनों का इहराम बांधा थे तो उन्होंने दस ज़ुलहिज्जा तक इहराम न खोला| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1562) و مسلم (117 / 1211)، (2917)

٢٥٤٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: تَمَتَّعَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي حَجَّةِ الْوَدَاعِ بِالْعُمْرَةِ إِلَى الْحَجِّ بدأَ فأهلَّ بالعمْرةِ ثمَّ أهلَّ بالحجّ

2546. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हज्जतुल वदा के मौके पर हज के साथ उमरा मिलाया था, आप ﷺ ने पहले उमरे के लिए तल्बिया कहा और फिर हज के लिए| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1961) و مسلم (174 / 1227)، (2982)

इहराम और तलबिहा का बयान • بَاب الْإِحْرَام والتلبية

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٢٥٤٧ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ زَيْدِ بْنِ ثَابِتٍ أَنَّهُ رَأَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تَجَرَّدَ لِإِهْلَالِهِ وَاغْتَسَلَ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ والدارمي

2547. ज़ैद बिन साबित रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने नबी ﷺ को देखा के आप ने इहराम बांधने के लिए अपना लिबास उतारा और ग़ुस्ल किया (फिर इहराम बांधा)| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (830 و قال : حسن غریب) و الدارمی (2 / 31 ح 1801)

٢٥٤٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَبَّدَ رَأْسَهُ بِالْغِسْلِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2548. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने ग़ुस्ल की चीजों (खत्मी और गोंद वगैरा) से अपने सिर के बालो को जलाया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (1748) * فیه محمد بن اسحاق مدلس و عنعن

٢٥٤٩ - (صَحِيح) وَعَنْ خَلَّادِ بْنِ السَّائِبِ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ «أَتَانِي جِبْرِيلُ فَأَمَرَنِي أَنْ آمُرَ أَصْحَابِي أَنْ يرفعوا أصواتهم بالإِهْلالِ أَو التَّلبيَةِ» . رَوَاهُ مَالِكٌ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ

2549. खल्लाद बिन साइब अपने वालिद से रिवायत करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ” जिब्राइल अलैहिस्सलाम मेरे पास तशरीफ़ लाए तो उन्होंने मुझे फ़रमाया की मैं अपने सहाबा को बुलंद आवाज़ से तल्बिया पुकारने का हुक्म दू”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه مالک (1 / 334 ح 751) و الترمذی (829 و قال : حسن صحیح) و ابوداؤد (1814) و النسائی (5 / 162 ح 2754) و ابن ماجه (2922) و الدارمی (2 / 34 ح 1816)

٢٥٥٠ - (صَحِيح) وَعَنْ سَهْلِ بْنِ سَعْدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَا مِنْ مُسْلِمٍ يُلَبِّي إِلَّا لَبَّى مَنْ عَنْ يَمِينِهِ وَشِمَالِهِ: مِنْ حَجَرٍ أَوْ شَجَرٍ أَوْ مَدَرٍ حَتَّى تنقطِعَ الأرضُ من هُهنا وههنا ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

2550. सहल बिन साद बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ” जब कोई मुसलमान तल्बिया पुकारता है तो उस के दाएँ और बाएँ ज़मीन के आखिरी किनारों तक तमाम पथ्थर, तमाम दरख्त और मिट्टी के तमाम ढेले

तल्बिया पुकारते है"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (828) و ابن ماجه (2921)

٢٥٥١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَرْكَعُ بِذِي الْحُلَيْفَةِ رَكْعَتَيْنِ ثُمَّ إِذَا اسْتَوَتْ بِهِ النَّاقَةُ قَائِمَةً عِنْدَ مَسْجِدِ ذِي الْحُلَيْفَةِ أَهَلَّ بِهَؤُلَاءِ الْكَلِمَاتِ وَيَقُولُ: «لَبَّيْكَ اللَّهُمَّ لَبَّيْكَ لَبَّيْكَ وَسَعْدَيْكَ وَالْخَيْرُ فِي يَدَيْكَ لَبَّيْكَ وَالرَّغْبَاءُ إِلَيْكَ وَالْعَمَلُ» . مُتَّفق عَلَيْهِ وَلَفظه لمُسلم

2551. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ज़ुल हलिफा के मक़ाम पर दो रकते पढ़ते, फिर ज़ुल हलिफा की मस्जिद के पास ऊंटनी आप को लेकर सीधी खड़ी हो जाती तो आप उन कलिमात के साथ तल्बिया पुकारते: "मैं हाज़िर हूँ, ऐ अल्लाह! में हाज़िर हूँ, तमाम सआदते और भलाईयां तेरे हाथो में है, मैं हाज़िर हूँ, रगबत और तलबे खैर तेरी ही तरफ है और अमल तेरी ही लिए है"| बुखारी, मुस्लिम, और अल्फाज़ हदीस मुस्लिम के है| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1553) و مسلم (21 / 1184)، (2814)

٢٥٥٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عِمَارَةَ بْنِ خُزَيْمَةَ بْنِ ثَابِتٍ عَنْ أَبِيهِ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ كَانَ إِذَا فَرَغَ مِنْ تَلْبِيَتِهِ سَأَلَ اللَّهَ رِضْوَانَهُ وَالْجَنَّةَ وَاسْتَعْفَاهُ بِرَحْمَتِهِ مِنَ النَّارِ. رَوَاهُ الشَّافِعِي

2552. उमारत बिन खुजैमा बिन साबित अपने वालिद से और वह नबी ﷺ से रिवायत करते हैं के जब आप तल्बिया से फारिग़ होते तो अल्लाह से उसकी रज़ामंदी और जन्नत का सवाल करते और उसकी रहमत के ज़रिए जहन्नम से बचाव की दरख्वास्त करते थे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الشافعی فی الام (2 / 157) [و البیهقی (5 / 46)] * فیه صالح بن محمد بن زائدة : ضعیف

بَاب الْإِحْرَام والتلبية • इहराम और तलबिहा का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٥٥٣ - (صَحِيح) عَنْ جَابِرٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمَّا أَرَادَ الْحَجَّ أَذَّنَ فِي النَّاسِ فَاجْتَمَعُوا فَلَمَّا أَتَى الْبَيْدَاءَ أَحْرَمَ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2553. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ ने हज करने का इरादा फ़रमाया तो लोगों में एलान किया, वह इकठ्ठे हो गए, जब आप ﷺ '' बयदाअ '' के मक़ाम पर तशरीफ़ लाए तो इहराम बांधा| (बुखारी)

صحيح ، رواه البخارى (لم اجده) [و الترمذى (817) و اصله فى صحيح مسلم (1218)] * قال الشيخ عبدالله المباركفورى فى مرعاة المفاتيح :'' هذا ليس فى صحيح البخارى ، لا بلفظه ولا بمعناه''

٢٥٥٤ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: كَانَ الْمُشْرِكُونَ يَقُولُونَ: لَبَّيْكَ لَا شَرِيكَ لَكَ فَيَقُولُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «وَيْلَكُمْ قَدْ قَدْ» إِلَّا شَرِيكًا هُوَ لَكَ تَمْلِكُهُ وَمَا مَلَكَ. يَقُولُونَ هَذَا وَهُمْ يَطُوفُونَ بِالْبَيْتِ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2554. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मुशरिक कहा करते थे: हम हाज़िर है, तेरा कोई शरीक नहीं, तो रसूलुल्लाह ﷺ फरमाते: "तुम पर अफ़सोस है", बस बस इतना ही कहो", (फिर वह मुशरिक कहते) मगर तेरा वह शरीक है जिसका तू मालिक है और (इस चिज़ का भी तो मालिक है) जिस का वह मालिक है, और वह बैतुल्लाह का तवाफ़ करते वक़्त यह कहा करते थे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (22 / 1185)، (2815)

बाब हज्जतुल वदा का वाकेआ • بَاب قصَّة حجَّة الْوَدَاع

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٢٥٥٥ - (صَحِيح) عَنْ جَابِرِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَكَثَ بِالْمَدِينَةِ تِسْعَ سِنِينَ لَمْ يَحُجَّ ثُمَّ أَذَّنَ فِي النَّاسِ بالحجِّ فِي الْعَاشِرَة: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَاجٌّ فَقَدِمَ الْمَدِينَةَ بَشَرٌ كَثِيرٌ فَخَرَجْنَا مَعَهُ حَتَّى إِذَا أَتَيْنَا ذَا الْحُلَيْفَةِ فَوَلَدَتْ أَسْمَاءُ بِنْتُ عُمَيْسٍ مُحَمَّدَ بْنَ أَبِي بَكْرٍ فَأَرْسَلَتْ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: كَيْفَ أصنعُ؟ قَالَ: «اغتسِلي واستثقري بِثَوْبٍ وَأَحْرِمِي» فَصَلَّى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الْمَسْجِدِ ثُمَّ رَكِبَ الْقَصْوَاءَ حَتَّى إِذَا اسْتَوَتْ بِهِ نَاقَتُهُ عَلَى الْبَيْدَاءِ أَهَلَّ بِالتَّوْحِيدِ «لَبَّيْكَ اللَّهُمَّ لَبَّيْكَ لَبَّيْكَ لَا شَرِيكَ لَكَ لَبَّيْكَ إِنَّ الْحَمْدَ وَالنِّعْمَةَ لَكَ وَالْمُلْكَ لَا شَرِيكَ لَكَ» . قَالَ جَابِرٌ: لَسْنَا نَنْوِي إِلَّا الْحَجَّ لَسْنَا نَعْرِفُ الْعُمْرَةَ حَتَّى إِذَا أَتَيْنَا الْبَيْتَ مَعَهُ اسْتَلَمَ الرُّكْنَ فَطَافَ سَبْعًا فَرَمَلَ ثَلَاثًا وَمَشَى أَرْبَعًا ثُمَّ تَقَدَّمَ إِلَى مَقَامِ إِبْرَاهِيمَ فَقَرَأَ: (وَاتَّخِذُوا مِنْ مَقَامِ إبراهيمَ مُصَلًّى)»» فَصَلَّى رَكْعَتَيْنِ فَجَعَلَ الْمَقَامَ بَيْنَهُ وَبَيْنَ الْبَيْتِ وَفِي رِوَايَةٍ: أَنَّهُ قَرَأَ فِي الرَّكْعَتَيْنِ: [ص:٧٨ (قُلْ هوَ اللَّهُ أَحَدٌ و (قُلْ يَا أيُّها الكافِرونَ)»» ثُمَّ رَجَعَ إِلَى الرُّكْنِ فَاسْتَلَمَهُ ثُمَّ خَرَجَ مِنَ الْبَابِ إِلَى الصَّفَا فَلَمَّا دَنَا مِنَ الصَّفَا قَرَأَ: (إِنَّ الصَّفَا وَالْمَرْوَةَ مِنْ شعائِرِ اللَّهِ)»» أَبْدَأُ بِمَا بَدَأَ اللَّهُ بِهِ فَبَدَأَ بِالصَّفَا فَرَقِيَ عَلَيْهِ حَتَّى رَأَى الْبَيْتَ فَاسْتَقْبَلَ الْقِبْلَةَ فَوَحَّدَ اللَّهَ وَكَبَّرَهُ وَقَالَ: «لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ لَهُ الْمُلْكُ وَلَهُ الْحَمْدُ وَهُوَ عَلَى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيرٌ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَحْدَهُ أَنْجَزَ وَعْدَهُ وَنَصَرَ عَبْدَهُ وَهَزَمَ الْأَحْزَابَ وَحْدَهُ» . ثُمَّ دَعَا بَيْنَ ذَلِكَ

قَالَ مِثْلَ هَذَا ثَلَاثَ مَرَّاتٍ ثُمَّ نَزَلَ وَمَشَى إِلَى الْمَرْوَةِ حَتَّى انْصَبَّتْ قَدَمَاهُ فِي بَطْنِ الْوَادِي ثُمَّ سَعَى حَتَّى إِذَا صَعِدْنَا مَشَى حَتَّى أَتَى الْمَرْوَةَ فَفَعَلَ عَلَى الْمَرْوَةِ كَمَا فَعَلَ عَلَى الصَّفَا حَتَّى إِذَا كَانَ آخِرُ طَوَافٍ عَلَى الْمَرْوَةِ نَادَى وَهُوَ عَلَى الْمَرْوَةِ وَالنَّاسُ تَحْتَهُ فَقَالَ: «لَوْ أَنِّي اسْتَقْبَلْتُ مِنْ أَمْرِي مَا اسْتَدْبَرْتُ لَمْ أسق الهَدْيَ وجعلتُها عُمْرَةً فمنْ كانَ مِنْكُم لَيْسَ مَعَهُ هَدْيٌ فَلْيَحِلَّ وَلْيَجْعَلْهَا عُمْرَةً» . فَقَامَ سُرَاقَةُ بْنُ مَالِكِ بْنِ جُعْشُمٍ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَلِعَامِنَا هَذَا أَمْ لِأَبَدٍ؟ فَشَبَّكَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَصَابِعَهُ وَاحِدَةً فِي الْأُخْرَى وَقَالَ: «دَخَلَتِ الْعُمْرَةُ فِي الْحَجِّ مَرَّتَيْنِ لَا بَلْ لِأَبَدِ أَبَدٍ» . وَقَدِمَ عَلِيٌّ مِنَ الْيَمَنِ بِبُدْنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ لَهُ: «مَاذَا قُلْتَ حِينَ فَرَضْتَ الْحَجَّ؟» قَالَ: قُلْتُ: اللهُمَّ إِنِّي أُهِلُّ بِمَا أهلَّ بِهِ [ص:٧٨ رسولُكَ قَالَ: «فَإِنَّ مَعِي الْهَدْيَ فَلَا تَحِلَّ» . قَالَ: فَكَانَ جَمَاعَةُ الْهَدْيِ الَّذِي قَدِمَ بِهِ عَلِيٌّ مِنَ الْيَمَنِ وَالَّذِي أَتَى بِهِ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِائَةً قَالَ: فَحَلَّ النَّاسُ كُلُّهُمْ وَقَصَّرُوا إِلَّا النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم وَمن كَانَ مَعَه من هدي فَمَا كَانَ يَوْمُ التَّرْوِيَةِ تَوَجَّهُوا إِلَى مِنًى فَأَهَلُّوا بِالْحَجِّ وَرَكِبَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَصَلَّى بِهَا الظُّهْرَ وَالْعَصْرَ وَالْمَغْرِبَ وَالْعِشَاءَ وَالْفَجْرَ ثُمَّ مَكَثَ قَلِيلًا حَتَّى طَلَعَتِ الشَّمْسُ وَأَمَرَ بِقُبَّةٍ مِنْ شَعَرٍ تُضْرَبُ لَهُ بِنَمِرَةَ فَسَارَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَلَا تَشُكُّ قُرَيْشٌ إِلَّا أَنَّهُ وَاقِفٌ عِنْدَ الْمَشْعَرِ الْحَرَامِ كَمَا كَانَتْ قُرَيْشٌ تَصْنَعُ فِي الْجَاهِلِيَّةِ فَأَجَاز رَسُول الله صلى حَتَّى أَتَى عَرَفَةَ فَوَجَدَ الْقُبَّةَ قَدْ ضُرِبَتْ لَهُ بِنَمِرَةَ فَنَزَلَ بِهَا حَتَّى إِذَا زَاغَتِ الشَّمْسُ أَمَرَ بِالْقَصْوَاءِ فَرُحِلَتْ لَهُ فَأَتَى بَطْنَ الْوَادِي فَخَطَبَ النَّاسَ وَقَالَ: «إِنَّ دِمَاءَكُمْ وَأَمْوَالَكُمْ حَرَامٌ عَلَيْكُمْ كَحُرْمَةِ يَوْمِكُمْ هَذَا فِي شَهْرِكُمْ هَذَا فِي بَلَدِكُمْ هَذَا أَلَا كُلُّ شَيْءٍ مِنْ أَمْرِ الْجَاهِلِيَّةِ تَحْتَ قَدَمَيَّ مَوْضُوعٌ وَدِمَاءُ الْجَاهِلِيَّةِ مَوْضُوعَةٌ وَإِنَّ أَوَّلَ دَمٍ أَضَعُ مِنْ دِمَائِنَا دَمُ ابْنِ رَبِيعَةَ بْنِ الْحَارِثِ وَكَانَ مُسْتَرْضَعًا فِي بَنِي سَعْدٍ فَقَتَلَهُ هُذَيْلٌ وَرِبَا الْجَاهِلِيَّةِ مَوْضُوعٌ وَأَوَّلُ رِبًا أَضَعُ مِنْ رِبَانَا رِبَا عَبَّاسِ بْنِ عَبْدِ الْمُطَّلِبِ فَإِنَّهُ مَوْضُوعٌ كُلُّهُ فَاتَّقُوا اللَّهَ فِي النِّسَاءِ فَإِنَّكُمْ أَخَذْتُمُوهُنَّ بِأَمَانِ اللَّهِ وَاسْتَحْلَلْتُمْ فُرُوجَهُنَّ بِكَلِمَةِ اللَّهِ وَلَكُمْ عَلَيْهِنَّ أَنْ لَا يُوطِئْنَ فُرُشَكُمْ أَحَدًا تَكْرَهُونَهُ فَإِنْ فَعَلْنَ ذَلِكَ فَاضْرِبُوهُنَّ ضَرْبًا غَيْرَ مُبَرِّحٍ وَلَهُنَّ عَلَيْكُمْ رِزْقُهُنَّ وَكِسْوَتُهُنَّ بِالْمَعْرُوفِ وَقَدْ تَرَكْتُ فِيكُمْ مَا لَنْ تَضِلُّوا بَعْدَهُ إِنِ اعْتَصَمْتُمْ بِهِ كِتَابَ اللَّهِ وَأَنْتُمْ [ص:٧٨ تُسْأَلُونَ عَنِّي فَمَا أَنْتُمْ قَائِلُونَ؟» قَالُوا: نَشْهَدُ أَنَّكَ قَدْ بَلَّغْتَ وَأَدَّيْتَ وَنَصَحْتَ. فَقَالَ بِإِصْبَعِهِ السَّبَّابَةِ يَرْفَعُهَا إِلَى السَّمَاءِ وَيَنْكُتُهَا إِلَى النَّاسِ: «اللَّهُمَّ اشْهَدْ اللَّهُمَّ اشْهَدْ» ثَلَاثَ مَرَّاتٍ ثُمَّ أَذَّنَ بِلَالٌ ثُمَّ أَقَامَ فَصَلَّى الظُّهْرَ ثُمَّ أَقَامَ فَصَلَّى الْعَصْرَ وَلَمْ يُصَلِّ بَيْنَهُمَا شَيْئًا ثُمَّ رَكِبَ حَتَّى أَتَى الْمَوْقِفَ فَجَعَلَ بَطْنَ نَاقَتِهِ الْقَصْوَاءِ إِلَى الصَّخَرَاتِ وَجَعَلَ حَبْلَ الْمُشَاةِ بَيْنَ يَدَيْهِ وَاسْتَقْبَلَ الْقِبْلَةَ فَلَمْ يَزَلْ وَاقِفًا حَتَّى غَرَبَتِ الشَّمْسُ وَذَهَبَتِ الصُّفْرَةُ قَلِيلًا حَتَّى غَابَ الْقُرْصُ وَأَرْدَفَ أُسَامَةَ وَدَفَعَ حَتَّى أَتَى الْمُزْدَلِفَةَ فَصَلَّى بِهَا الْمَغْرِبَ وَالْعَشَاءَ بِأَذَانٍ وَاحِدٍ وَإِقَامَتَيْنِ وَلَمْ يُسَبِّحْ بَيْنَهُمَا شَيْئًا ثُمَّ اضْطَجَعَ حَتَّى طَلَعَ الْفَجْرُ فَصَلَّى الْفَجْرَ حِينَ تَبَيَّنَ لَهُ الصُّبْحُ بِأَذَانٍ وَإِقَامَةٍ ثُمَّ رَكِبَ الْقَصْوَاءَ حَتَّى أَتَى الْمَشْعَرَ الْحَرَامَ فَاسْتَقْبَلَ الْقِبْلَةَ فَدَعَاهُ وَكَبَّرَهُ وَهَلَّلَهُ وَوَحَّدَهُ فَلَمْ يَزَلْ وَاقِفًا حَتَّى أَسْفَرَ جِدًّا فَدَفَعَ قَبْلَ أَنْ تَطْلُعَ الشَّمْسُ وَأَرْدَفَ الْفَضْلَ بْنَ عَبَّاسٍ حَتَّى أَتَى بَطْنَ مُحَسِّرٍ فَحَرَّكَ قَلِيلًا ثُمَّ سَلَكَ الطَّرِيقَ الْوُسْطَى الَّتِي»» تَخْرُجُ»» عَلَى الْجَمْرَةِ الْكُبْرَى حَتَّى أَتَى الْجَمْرَةَ الَّتِي عِنْدَ الشَّجَرَةِ فَرَمَاهَا بِسَبْعِ حَصَيَاتٍ يُكَبِّرُ مَعَ كُلِّ حَصَاةٍ مِنْهَا مِثْلَ حَصَى الْخَذْفِ رَمَى مِنْ بَطْنِ الْوَادِي ثُمَّ انْصَرَفَ إِلَى الْمَنْحَرِ فَنَحَرَ ثَلَاثًا وَسِتِّينَ بَدَنَةً بِيَدِهِ ثُمَّ أَعْطَى عَلِيًّا فَنَحَرَ مَا غَبَرَ وَأَشْرَكَهُ فِي [ص:٧٨ هَدْيِهِ ثُمَّ أَمَرَ مِنْ كُلِّ بَدَنَةٍ بِبَضْعَةٍ فَجُعِلَتْ فِي قِدْرٍ فَطُبِخَتْ فَأَكَلَا مِنْ لَحْمِهَا وَشَرِبَا مِنْ مَرَقِهَا ثُمَّ رَكِبَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَفَاضَ إِلَى الْبَيْتِ فَصَلَّى بِمَكَّةَ الظُّهْرَ فَأَتَى عَلَى بَنِي عَبْدِ الْمُطَّلِبِ يَسْقُونَ عَلَى زَمْزَمَ فَقَالَ: «انْزِعُوا بَنِي عَبْدِ الْمُطَّلِبِ فَلَوْلَا أَنْ يَغْلِبَكُمُ النَّاسُ عَلَى سِقَايَتِكُمْ لَنَزَعْتُ مَعَكُمْ» . فَنَاوَلُوهُ دَلْوًا فَشَرِبَ مِنْهُ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2555. जाबिर बिन अब्दुल्लाह रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि रसूलुल्लाह ﷺ ने मदीने में नौ साल क़याम फ़रमाया और इस दौरान हज न किया, फिर दसवें साल आप ने लोगों में हज का एलान कराया की रसूलुल्लाह ﷺ हज का इरादा रखते है, बहोत से लोग मदीना पहुँच गए, हम आप के साथ रवाना हुए हत्ता कि हम जुल हलिफा पहुंचे तो अस्मा बीनते उमैस रदियल्लाहु अन्हा ने मुहम्मद बिन अबी बक्र रदियल्लाहु अन्हुमा को जन्म दिया, उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ को पैगाम भेजा की मैं अब क्या करू? आप ﷺ ने फ़रमाया: ग़ुस्ल कर, कपड़े की लंगोट बांध कर इहराम बांध ले, रसूलुल्लाह ﷺ ने, (जुल हलिफा) मस्जिद में जमाज़ पढ़ी फिर (ऊंटनी) कुसवा

पर सवार हुए हत्ता कि जब आप ﷺ की ऊंटनी आप लो लेकर बयदा पर सीधी खड़ी हो गई तो आप ﷺ ने तौहीदी तल्बिया पुकारा: “मैं हाज़िर हूँ, हर किस्म की हम्द, तमाम नेअमते और बादशाहत तेरी है, तेरा कोई शरीक नहीं”, जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम ने सिर्फ हज की नियत की थी, हमें उमरे का पता नहीं था, हत्ता कि हम आप के साथ बैतुल्लाह में पहुंचे, तो आप ने हजरे अस्वाद को चूमा, सात चक्कर लगाए, तीन में रमल किया (ज़रा अकड़ कर दोड़े) और चार में चले, फिर आप मकामे इब्राहीम पर आए तो यह आयत पढ़ी: “मकामे इब्राहीम को जाए नमाज़ बनाओ”, आप ने वहां दो रकाते पढ़ी और मकामे इब्राहीम अलैहिस्सलाम को अपने और बैतुल्लाह के दरमियाँन रखा, और एक दूसरी रिवायत में है की आप ﷺ ने पहली रकात में सुरह काफिरून और दूसरी में सुरह इखलास पढ़ी, फिर आप हजरे असवद के पास आए और इसे चूम कर दरवाज़े से निकल कर सफा की तरफ तशरीफ़ ले गए, जब आप सफा के करीब पहुंचे तो यह आयत तिलावत फरमाई, ‘सफा और मरवा अल्लाह की निशानियो में से है”, मैं वहीं से शुरू करूँगा जहाँ से अल्लाह तआला ने शुरू किया, पस आप ﷺ ने सफा से शुरू किया और इस पर चढ़ गए हत्ता कि आप ने बैतुल्लाह देखा, आप ﷺ किबला रुख हुए तो अल्लाह की तौहीद और किब्रियाई बयान की और फ़रमाया: अल्लाह के सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं, वह यकता है, इस का कोई शरीक नहीं, इसी की बादशाहत है और इसी के लिए हर किस्म की हम्द उसी के लिए है, और वह हर चीज़ पर कादिर है, अल्लाह के सिवा कोई माबूद बरहक़ नहीं, वह यकता है, इस ने अपना वादा पूरा फ़रमाया, अपने बंदे की नुसरत फरमाई, और इस अकेले ने लश्करो को शिकस्त दी, फिर आप ने इस के दौरान दुआ फरमाई, आप ने यह कलिमात तीन मर्तबा फरमाए, फिर आप नीचे उतरे और मरवा की तरफ गए हत्ता कि जब आप वादी के नीचे वाले हिस्से पर तेज़ी से उतरने लगे तो आप दोड़ ने लगे हत्ता कि जब आप चढने लगे तो आप मामूल के मुताबिक चलते गए हत्ता कि आप मरवा पर पहुँच गए और आप ने वहां भी वैसे ही किया जैसे सफा पर किया था, हत्ता कि जब आप आखिरी चक्कर में पहुंचे तो आप मरवा पर थे और सहाबा आप के नीचे थे, आप ﷺ ने वहां से आवाज़ देते हुए फ़रमाया: जिस चीज़ का मुझे अब पता चला है अगर इस का मुझे पहले चल जाता तो में क़ुरबानी का जानवर साथ लता और मैं इस (हज) को उमरे में तब्दील कर लेता, जिस शख़्स के पास क़ुरबानी का जानवर नहीं वह इहराम खोल दे, और इसे उमरे में बदल दाले, सराफ बिन मालिक बिन जअशम रदियल्लाहु अन्हु खड़े हुए और अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या यह इस साल के लिए या हमेशा के लिए है? रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने एक हाथ की उंगलिया दूसरे हाथ की उंगलियों में दाखिल की और दो मर्तबा फ़रमाया: उमरा हज में दाखिल हो गया, और यह सिर्फ हमारे इसी साल के लिए ही नहीं बलके हमेशा हमेशा के लिए है, अली रदियल्लाहु अन्हु यमन से नबी ﷺ की क़ुरबानी के लिए ऊंट लेकर तशरीफ़ लाए तो आप ﷺ ने इन से पुचा: “जब तुम ने हज की नियत की थी तो क्या कहा था? उन्होंने अर्ज़ किया, मेंने कहा था: अल्लाह! में इसी चीज़ का तल्बिया पुकारता हूँ जैसा तेरे रसूल ﷺ ने तलिबिहा पुकारा है, आप ﷺ ने फ़रमाया: क्यूंकि मेरे पास क़ुरबानी का जानवर है लिहाज़ा तुम इहराम न खोलो”, रावी बयान करते हैं, कुर्बानियों के जानवरों की वह जमात जो अली रदियल्लाहु अन्हु यमन से लाए थे और वह जिन्हें नबी ﷺ साथ लेकर आए थे (ये सब) एक सौ थे, रावी बयान करते हैं, नबी ﷺ और उन सहाबी जिन के पास क़ुरबानी के जानवर थे, उन के सिवा सब ने इहराम खोल दिए और बाल कुतर लिए, जब तर्विहा (आठ ज़ुल्हिज्जा) का दिन हुआ तो उन्होंने मीना का इरादा किया और इहराम बांधा, नबी ﷺ अपनी ऊंटनि पर सवार हुए, आप ने वहां (मीना में) ज़ोहर, असर, मगरिब, ईशा और फजर की नमाज़े पढ़ी, फिर थोड़ी देर कयाम फ़रमाया हत्ता के सूरज तुलुअ हो गया, आप ने नमर में बालो का

बनाया हुआ खैमा लगाने का हुक्म फ़रमाया, पस रसूलुल्लाह ﷺ रवाना हुए, कुरैश को इस बात में कोई शक नहीं था के आप कुरैश के दस्तुरे जहालियत के मुताबिक मशअरे हराम (मुज्द्ल्फा) में वक्फ़ फ़रमाएंगे ,लेकिन रसूलुल्लाह ﷺ वहां से गुजर कर मैदाने अरफात में तशरीफ़ ले गए आप ने देखा की नमर में आप के लिए खैमा लगा दिया गया है, आप वहाँ हत्ता कि सूरज ढल गया तो आप ने (अपनी ऊँटनी) कस्वा के बारे में हुक्म फ़रमाया तो इस पर पालान रख दिया गया, आप ﷺ वादी के नशीब (वादी उरन) में तशरीफ़ लाए और लोगों को खिताब करते हुए फ़रमाया: बेशक तुम्हारा खून, तुम्हारा माल तूम (एक दुसरे) पर इस तरह हराम है जिस तरह तुम्हारे आज के दिन की, इस महीने की और तुम्हारे इस शहर की हुरमत है, सुन लो! जाहिलियत की हर चीज़ मेरे पैर तले रोंदी गई है, जाहिलियत के खून (यानि कतल) भी ख़तम कर दीए गए और हमरे खून में से पहला खून जिसे में खतम कर रहा हूँ, वह रबीअ बिन हरिस के बेटे का खून है, और वह बनू सईद के काबिले में दूध पि रहा था की काबिले हज़ल ने इसे कतल कर दिया, और जाहिलियत का सूद ख़त्म कर दिया गया, और हमारे सूद में से पहला सूद जिसे में ख़तम कर रहा हूँ वह अब्बास बिन अब्दुल मुत्तलिब रदियल्लाहु अन्हु का है, वह मुकम्मल तौर पर ख़त्म है, औरतो के बारे में अल्लाह से डरते रहो, तुम ने इन्हें अल्लाह की अमान और अहद के साथ हासिल किया है, और अल्लाह के कलमे के ज़रिए उन्हें हलाल किया है, इन पर तुम्हारा हक यह है कि वह तुम्हारे बिस्तर (रीहाइश) पर कीसी ऐसे शख़्स को न आने दे जिसे तुम नापसंद करते हो, लेकिन अगर वह ऐसे करे तो फिर तुम इन्हें हलकी सी जरब मार सकते हो, और मैं तुम में एक ऐसी चीज़ छोड़े जा रहा हूँ अगर तुम ने इसे मजबूती से थामे रखा तो फिर तुम गुमराह नहीं होंगे, और वह है अल्लाह की किताब, और तुम से मेरे मुतल्लिक पूछा जाएगा तो तुम क्या कहोगे? उन्होंने अर्ज़ किया, हम गवाही देते ही की आप ने पहुंचा दिया, हक अदा कर दिया और खैर ख्वाही फरमाई, आप ﷺ शाहदत की ऊँगली को आसमान की तरफ उठाया और इसे लोगों की तरफ झुकाते हुए तीन मर्तबा फ़रमाया: ऐ अल्लाह! तू गवाह रहना, ऐ अल्लाह! तू गवाह रहना, फिर बिलाल रदियल्लाहु अन्हु ने आज़ान दी और फिर इकामत कही तो आप ﷺ ने जोहर पढ़ाई, फिर इकामत कही तो आप ने असर पढ़ाई, और आप ने इन दोनों (नामजो) के दरमियान कोई नमाज़ नहीं पढ़ी, फिर आप सवारी पर सवार हुए हत्ता कि वक़्फ की जगह पर तशरीफ़ ले गए, आप ने अपनी ऊँटनी कसवा का पेट चट्टानों की तरफ के जानिब किया, और जबल अल मशाक (पैदल चलने वालो की रह में वाकेअ रेतीले टीले) को अपने सामने किया, और किबला रुख मुसलसल वकुफ़ फ़रमाया हत्ता कि सूरज गुरूब होने लगा, थोरी सी ज़र्दी रह गई हत्ता कि सूरज की टिकिया गायब हो गई, आप ﷺ ने उसामा रदियल्लाहु अन्हु को पीछे बिठाया और वहां से चले हत्ता कि मुज्दल्फा तशरीफ़ ले आए. आपने वहां एक अज़ान और दो इकामत से मगरिब और ईशा की नमाज़े पढ़ी और इन दोनों के दरमियाँन कोई नफ्ल नमाज़ नहीं पढ़ी, फिर आप लेट गए हत्ता कि फजर पढ़ी, फिर कस्वा पर सवार हुए और मशअर अल-हराम तशरीफ़ लाए, किबला रुख हो कर इस (अल्लाह) से दुआ की उसकी तकबीर व तहलील और तौहीद बयान की, आप मुसलसल खड़े रहे हत्ता के खूब उजाला हो गया, आप तुलुए आफ़ताब से पहले वहां से चल दिए, आप ने फजल बिन अब्बास रदियल्लाहु अन्हु को अपने पीछे सवार किया और आप वादी मुह्सर पहुंचे तो सवारी को थोड़ा सा तेज़ किया, फिर दरमियानी रस्ते पर हो लिये जो की अल-जमरत अल कुबरा की तरफ जा रहा था, यहाँ तक की वह जमरह पहुँचे जिसके पास दरख्त था, आप ने इसे सात कांकरिया मारी, आप हर कंकरिया के साथ (اللّٰهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते थे, इन में से हर कंकरी ऐसी थी जिसे चुटकी में लेकर चलाया जा सकता था, आप ने यह कंकरिया वादी के उतार से मारी, फिर आप क़ुरबानी गाह तशरीफ़ ले गए, आप ने तिरसठ (63)

ऊंट अपने दस्ते मुबारक से जिबह किए, फिर आप ने यह फ़रीज़ा अली रदियल्लाहु अन्हु को सोंप दिया तो बाकि ऊंट उन्होंने जिबह किए,और आप ने उन्हें भी अपनी क़ुरबानी मैं शरीक किया, फिर आप ने हुक्म फ़रमाया और हर ऊंट से एक एक टुकड़ा काट कर हंडिया में डालकर पकाया गया, आप दोनों (रसूलुल्लाह ﷺ और हज़रत अली (र)) ने इस गोश्त में से कुछ खाया और इस का शोरबा पिया, फिर रसूलुल्लाह ﷺ सवारी पर सवार हुए और तवाफ़ इफजा किया, नमाज़े जोहर मक्के में पढ़ी, फिर आप बनू अब्दुल मुत्तलिब के पास तशरीफ़ ले गए, जो ज़मज़म पिला रहे थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अब्दुल मुत्तिलब की औलाद, पानी निकालो अगर यह अंदेशा होता के तुम्हारे पानी पिलाने के इस काम पे लोग तुम पर ग़ालिब आजएंगे तो में भी तुम्हारे साथ पानी खिचता, उन्होंने आप को एक डोल में पानी दिया तो आप ﷺ ने इस में से नौश फ़रमाया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (147 / 1218)، (2950)

٢٥٥٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: خَرَجْنَا مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي حَجَّةِ الْوَدَاعِ فَمِنَّا مَنْ أَهَلَّ بِعُمْرَةٍ وَمِنَّا مَنْ أَهَلَّ بِحَجٍّ فَلَمَّا قَدِمْنَا مَكَّةَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَهَلَّ بِعُمْرَةٍ وَلَمْ يُهْدِ فَلْيَحْلِلْ وَمَنْ أَحْرَمَ بِعُمْرَةٍ وَأَهْدَى فَلْيُهِلَّ بِالْحَجِّ مَعَ العُمرةِ ثمَّ لَا يحل حَتَّى يحل مِنْهَا» . وَفِي رِوَايَةٍ: «فَلَا يَحِلُّ حَتَّى يَحِلَّ بِنَحْرِ هَدْيِهِ وَمَنْ أَهَلَّ بِحَجٍّ فَلْيُتِمَّ حَجَّهُ» . قَالَتْ: فَحِضْتُ وَلَمْ أَطُفْ بِالْبَيْتِ وَلَا بَيْنَ الصَّفَا وَالْمَرْوَةِ فَلَمْ أَزَلْ حَائِضًا حَتَّى كَانَ يَوْمُ عَرَفَةَ وَلَمْ أُهْلِلْ إِلَّا بِعُمْرَةٍ فَأَمَرَنِي النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ أَنْقُضَ رَأْسِي وَأَمْتَشِطَ وَأُهِلَّ بِالْحَجِّ وَأَتْرُكَ الْعُمْرَةَ فَفَعَلْتُ حَتَّى قَضَيْتُ حَجِّي بَعَثَ مَعِي عَبْدَ الرَّحْمَنِ بْنَ أَبِي بَكْرٍ وَأَمَرَنِي أَنْ أَعْتَمِرَ مَكَانَ عُمْرَتِي مِنَ التَّنْعِيمِ قَالَتْ: فَطَافَ الَّذِينَ كَانُوا أَهَلُّوا بِالْعُمْرَةِ بِالْبَيْتِ وَبَيْنَ الصَّفَا وَالْمَرْوَةِ ثُمَّ حَلُّوا ثمَّ طافوا بَعْدَ أَنْ رَجَعُوا مِنْ مِنًى وَأَمَّا الَّذِينَ جَمَعُوا الْحَجَّ وَالْعُمْرَةَ فَإِنَّمَا طَافُوا طَوَافًا وَاحِدًا

2556. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, हज्जतुल वदा के मौके पर हम नबी ﷺ के साथ रवाना हुए, हम में ऐसे थे जिन्होंने उमरा के लिए इहराम बांधा, और हम में बाज़ ने हज के लिए इहराम बांधा, जब हम मक्का पहुंचे तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: ” जिस शख़्स ने उमरा के लिए इहराम बांधा और वह कुर्बानी का जानवर साथ नहीं लाया तो वह इहराम खोल दे और जिस शख़्स ने उमरा के लिए इहराम बांधा और वह कुर्बानी का जानवर साथ लाया है तो वह उमरे के साथ हज के इहराम की नियत कर ले फिर वह इहराम न खोले हत्ता के वह इन दोनों से फारिग़ हो जाए”, और एक दूसरी रिवायत में है: “वो इहराम न खोले हत्ता के अपने कुर्बानी से फारिग़ हो जाए और जिस शख़्स ने हज का इहराम बांधा था तो वह अपना हज मुकम्मल करे”, वह फरमाती हैं मुझे हैज़ आ गया लिहाज़ा मेंने ना बैतुल्लाह का तवाफ़ किया न सफा मरवा की सई की और मैं अरफा के दिन (नौ ज़िल हिज्जा) तक हालत ए हैज़ में रही, मैंने तो उमरा के लिए इहराम बांधा था, लेकिन नबी ﷺ ने मुझे फ़रमाया की मैं अपने सर के बाल खोल कर कंघी करू और हज के लिए इहराम बांधू और मैं उमरा तर्क कर दूँ, मेंने ऐसे ही किया हत्ता कि मेंने अपना हज पूरा किया, फिर आप ने (मेरे भाई) अब्दुल रहमान बिन अबी बक्र रदियल्लाहु अन्हु को मेरे साथ भेजा और मुझे हुक्म फ़रमाया की मैं अपने उमरे की जगह तनइम से उमरा करू, आप रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जिन लोगों ने उमरा के लिए इहराम बांधा था उन्होंने बैतुल्लाह का तवाफ़ किया और सफा मरवा की सई की, फिर उन्होंने इहराम खोल दिया, फिर उन्होंने मीना से वापस आने के

बाद एक तवाफ़ किया, रहे वह लोग जिन्होंने हज और उमरा इकट्ठा किया तो उन्होंने एक ही तवाफ़ किया। (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1556) و مسلم (112 / 1121)، (2911)

٢٥٥٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: تَمَتَّعَ رَسُولُ اللَّهِ [ص:٧٨ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي حَجَّةِ الْوَدَاعِ بِالْعُمْرَةِ إِلَى الْحَجِّ فَسَاقَ مَعَهُ الْهَدْيَ مِنْ ذِي الْحُلَيْفَةِ وَبَدَأَ فَأَهَلَّ بِالْعُمْرَةِ ثُمَّ أَهَلَّ بِالْحَجِّ فَتَمَتَّعَ النَّاسُ مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِالْعُمْرَةِ إِلَى الْحَجِّ فَكَانَ مِنَ النَّاسِ مَنْ أَهْدَى وَمِنْهُمْ مَنْ لَمْ يُهْدِ فَلَمَّا قَدِمَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَكَّةَ قَالَ لِلنَّاسِ: «مَنْ كَانَ مِنْكُمْ أَهْدَى فَإِنَّهُ لَا يَحِلُّ مِنْ شَيْءٍ حَرُمَ مِنْهُ حَتَّى يَقْضِيَ حَجَّهُ وَمَنْ لَمْ يَكُنْ مِنْكُمْ أَهْدَى فَلْيَطُفْ بِالْبَيْتِ وَبِالصَّفَا وَالْمَرْوَةِ وَلْيُقَصِّرْ وَلْيَحْلِلْ ثُمَّ لِيُهِلَّ بِالْحَجِّ وليُهد فمنْ لم يجدْ هَديا فيلصم ثَلَاثَةَ أَيَّامٍ فِي الْحَجِّ وَسَبْعَةً إِذَا رَجَعَ إِلَى أَهْلِهِ» فَطَافَ حِينَ قَدِمَ مَكَّةَ وَاسْتَلَمَ الرُّكْنَ أَوَّلَ شَيْءٍ ثُمَّ خَبَّ ثَلَاثَةَ أَطْوَافٍ وَمَشَى أَرْبَعًا فَرَكَعَ حِينَ قَضَى طَوَافَهُ بِالْبَيْتِ عِنْدَ الْمَقَامِ رَكْعَتَيْنِ ثُمَّ سَلَّمَ فَانْصَرَفَ فَأَتَى الصَّفَا فَطَافَ بِالصَّفَا وَالْمَرْوَةِ سَبْعَةَ أَطْوَافٍ ثُمَّ لَمْ يَحِلَّ مِنْ شَيْءٍ حَرُمَ مِنْهُ حَتَّى قَضَى حَجَّهُ وَنَحَرَ هَدْيَهُ يَوْمَ النَّحْرِ وَأَفَاضَ فَطَافَ بِالْبَيْتِ ثُمَّ حَلَّ مِنْ كُلِّ شَيْءٍ حَرُمَ مِنْهُ وَفَعَلَ مِثْلَ مَا فَعَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَنْ سَاقَ الْهَدْيَ من النَّاس

2557. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हज्जतुल वदा के मौके पर हज के साथ उमरा मिलाया था, आप ज़ुल हलिफा से कुर्बानी का जानवर अपने साथ ले गए थे, आप ने पहले उमरा का इहराम बांधा, फिर हज का इहराम बांधा, तो सहाबा किराम रदियल्लाहु अन्हुम ने भी नबी ﷺ के साथ हज को उमरे के साथ मिला कर फ़ायदा हासिल किया, कुछ लोग ऐसे भी थे जो कुर्बानी के जानवर अपने साथ लेकर गए और उनमें से कुछ ऐसे भी थे जो कुर्बानी के जानवर साथ नहीं लाए थे, जब नबी मक्का पहुंचे तो आप ﷺ ने लोगों से फ़रमाया: “तुम में से जो शख़्स कुर्बानी का जानवर साथ लाया है तो उस के लिए कोई चीज़ हलाल नहीं जो उस पर हराम थी हत्ता के वह अपना हज पूरा कर ले, और जो शख़्स कुर्बानी का जानवर साथ नहीं लाया तो वह बैतुल्लाह का तवाफ़ करे, सफा मरवा की सई करे, बाल कटवा कर इहराम खोल दे, फिर (हज के मौके पर) हज के लिए इहराम बांधे, और कुर्बानी करे, तो जो शख़्स कुर्बानी का जानवर न पाए तो वह तीन रोज़े अय्याम हज में और सात रोज़े अपने घर पहुँच कर रखे”, जब आप ﷺ मक्का पहुंचे तो आप ने तवाफ़ किया और सबसे पहले हजरे असवद को चूमा, फिर आप ने तीन चक्कर दोड़ कर लगाए और चार चक्कर मामूल की चाल चल कर लगाए, जब आप तवाफ़ मुकम्मल कर चुके तो आप ने मकामे इब्राहीम के पास दो रकते पढ़ी, फिर आप ने सफा मरवा के दरमियान सई के सात चक्कर लगाए, फिर आप पर उन चीजों में से कोई भी चीज़ हलाल नहीं हुई थी जो आप पर हराम थी हत्ता के आप ने अपना हज मुकम्मल किया और कुर्बानी के दिन कुर्बानी की और बैतुल्लाह शरीफ पहुँच कर तावाफे इफादा किया, फिर आप के लिए वह तमाम चीज़े हलाल हो गई जो आप पर हराम हुई थी, और जो लोग कुर्बानी के जानवर साथ लाए थे उन्होंने भी वैसे ही किया जैसे रसूलुल्लाह ﷺ ने किया। (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1691) و مسلم (174 / 1227)، (2982)

٢٥٥٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم «هَذِهِ عُمْرَةٌ اسْتَمْتَعْنَا بِهَا فَمَنْ لَمْ يَكُنْ عِنْدَهُ الْهَدْيُ فَلْيَحِلَّ الْحِلَّ كُلَّهُ فَإِنَّ الْعُمْرَةَ قَدْ دَخَلَتْ فِي الْحَجِّ إِلَى يَوْمِ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ»» وَهَذَا الْبَابُ خَالٍ عَنِ الْفَصْلِ الثَّانِي

2558. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: " यह उमरा है जिस से हमने फ़ायदा उठाया और जिस शख़्स के पास कुर्बानी का जानवर न हो तो उस के लिए तमाम चीज़े हलाल होगी. क्योंकि उमरा रोज़ ए कियामत तक के लिए हज में दाखिल हो चूका है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (203 / 1241)، (3014)

وهذا الباب خال عن الفصل الثاني

यह बाब दूसरी फस्ल से खाली हैं|

بَاب قصَّة حجَّة الْوَدَاع • हज्जतुल वदा का वाकेआ

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٥٥٩ - (صَحِيح) عَنْ عَطَاءٍ قَالَ: سَمِعْتُ جَابِرَ بْنَ عَبْدِ اللَّهِ فِي نَاسٍ مَعِي قَالَ: أَهْلَلْنَا [ص:٧٨ أَصْحَابَ مُحَمَّد بِالْحَجِّ خَالِصًا وَحْدَهُ قَالَ عَطَاءٌ: قَالَ جَابِرٌ: فَقَدِمَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صُبْحَ رَابِعَةٍ مَضَتْ مِنْ ذِي الْحِجَّةِ فَأَمَرَنَا أَنْ نَحِلَّ قَالَ عَطَاءٌ: قَالَ: «حِلُّوا وَأَصِيبُوا النِّسَاءَ» . قَالَ عَطَاءٌ: وَلَمْ يَعْزِمْ عَلَيْهِمْ وَلَكِنْ أَحَلَّهُنَّ لَهُمْ فَقُلْنَا لَمَّا لَمْ يَكُنْ بَيْنَنَا وَبَيْنَ عَرَفَةَ إِلَّا خَمْسٌ أَمَرَنَا أَنْ نُفْضِيَ إِلَى نِسَائِنَا فَنَأْتِيَ عَرَفَةَ تَقْطُرُ مَذَاكِيرُنَا الْمَنِيَّ. قَالَ: فَقَامَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِينَا فَقَالَ: «قَدْ عَلِمْتُمْ أَنِّي أَتْقَاكُمْ لِلَّهِ وَأَصْدَقُكُمْ وَأَبَرُّكُمْ وَلَوْلَا هَدْيِي لَحَلَلْتُ كَمَا تَحِلُّونَ وَلَوِ اسْتَقْبَلْتُ مِنْ أَمْرِي مَا اسْتَدْبَرْتُ لَمْ أَسُقِ الْهَدْيَ فَحِلُّوا» فَحَلَلْنَا وَسَمِعْنَا وَأَطَعْنَا قَالَ عَطَاءٌ: قَالَ جَابِرٌ: فَقَدِمَ عَلِيٌّ مِنْ سِعَايَتِهِ فَقَالَ: بِمَ أَهْلَلْتَ؟ قَالَ بِمَا أَهَلَّ بِهِ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «فَأَهْدِ وَامْكُثْ حَرَامًا» قَالَ: وَأَهْدَى لَهُ عَلِيٌّ هَدْيًا فَقَالَ سُرَاقَةُ بْنُ مَالِكِ بْنِ جُعْشُمٍ: يَا رَسُولَ اللَّهِ ألعامنا هَذَا أم لأبد؟ قَالَ: «لأبد» . رَوَاهُ مُسلم

2559. अता रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मैंने जाबिर बिन अब्दुल्लाह रदियल्लाहु अन्हु को अपने साथ बहोत से लोगों में सुना. उन्होंने ने फ़रमाया: हम मुहम्मद ﷺ के सहाबा ने सिर्फ अकेले एक ही का इहराम बांधा था. अता बयान करते हैं, जाबिर रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: नबी ﷺ चार ज़ुलहिज्जा को मक्का तशरीफ़ लाए तो आप ने हमें इहराम खोलने का हुक्म फ़रमाया. अता बयान करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "इहराम खोल दो और अपने बीवियों के पास जाओ", अता रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, आप ﷺ ने इस बात (औरतो के पास जाने) को इन पर वाजिब करार नहीं दिया था, बल्कि उन (औरतो) को इन के लिए मुबाह करार दिया था, हमने अर्ज़ किया: हमारे मैदाने अरफात में जाने में सिर्फ पांच दिन बाकी रह गए, तो आप ने हमें अपने बीवियों के पास जाने

(यानी जिमाअ करने) का हुक्म फ़रमाया और जब हम मैदाने अरफात पहुंचे तो (गोया के) हमारी शरम गाहे मनी गिरा रही हो, अता रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, जाबिर रदियल्लाहु अन्हु अपने हाथ से इरशाद कर रहे थे गोया में इन के हाथ के इशारे को देख रहा हूँ कि वह इसे हरकत दे रहे हैं, रावी बयान करते हैं, नबी ﷺ हम में खड़े हुए तो फ़रमाया: “तुम जानते हो की मैं तुम सबसे ज़्यादा अल्लाह से डरता हूँ, तुम सबसे ज़्यादा सच्चा और तुम सबसे ज़्यादा नेकोकार हूँ, अगर मेरे साथ मेरी कुर्बानी का जानवर न होता तो मैं भी तुम्हारी तरह इहराम खोल देता, अगर वह बात जो मुझे अब मालुम हुई है वह पहले मालुम हो जाती तो मैं कुर्बानी का जानवर साथ न लाता, तुम इहराम खोल दो”, तो हमने इहराम खोल दिया और हमने समाअ व इताअत इख़्तियार की, अता बयान करते हैं, जाबिर रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: अली रदियल्लाहु अन्हु सदकात की वुसुली के बाद वहां (मक्के) पहुंचे तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुमने किसी नियत से इहराम बांधा था ?” उन्होंने अर्ज़ किया, जिस नियत से नबी ﷺ ने इहराम बांधा था, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने उन से फ़रमाया: “कुर्बानी करना और हालत ए इहराम में रहो”, रावी बयान करते हैं, अली रदियल्लाहु अन्हु अपने लिए कुर्बानी का जानवर साथ लाए थे, सुराका बिन मालिक बिन जअशम रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या यह इसी साल के लिए है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “हमेशा के लिए है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (141 / 1216)، (2943)

٢٥٦٠ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا أَنَّهَا قَالَتْ: قَدِمَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِأَرْبَعٍ مَضَيْنَ مِنْ ذِي الْحِجَّةِ أَوْ خَمْسٍ فَدَخَلَ عَلَيَّ وَهُوَ غَضْبَانُ فَقُلْتُ: مَنْ أَغْضَبَكَ يَا رَسُولَ اللَّهِ أَدْخَلَهُ اللَّهُ النَّارَ. قَالَ: «أَو مَا شَعَرْتِ أَنِّي أَمَرْتُ النَّاسَ بِأَمْرٍ فَإِذَا هُمْ يَتَرَدَّدُونَ وَلَوْ أَنِّي اسْتَقْبَلْتُ مِنْ أَمْرِي مَا اسْتَدْبَرْتُ مَا سُقْتُ الْهَدْيَ مَعِي حَتَّى أَشْتَرِيَهُ ثمَّ أُحلُّ كَمَا حلُّوا» . رَوَاهُ مُسلم

2560. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के उन्होंने ने फ़रमाया: रसूलुल्लाह ﷺ चार या पांच ज़ुलहिज्जा को मक्का पहुंचे थे, आप मेरे पास तशरीफ़ लाए तो आप गुस्से की हालत में थे, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! आप को किस ने नाराज़ किया है? अल्लाह इसे जहन्नम में दाखिल फरमाए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम्हें मालुम नहीं के मैंने लोगों को एक काम का हुक्म दिया है जबकि वह तरदुद का शिकार हैं, जिस चिज़ का मुझे अब पता चला है अगर उस का मुझे पहले पता चल जाता तो मैं कुर्बानी का जानवर अपने साथ न लाता हत्ता के में उसे यहाँ से खरीद लेता, फिर मैं भी इहराम खोल देता जैसे उन्होंने इहराम खोला है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (130 / 1211)، (2931)

مक्का में दाखिल होने और तवाफ़ करने के आदाब का बयान

بَاب دُخُول مَكَّة وَالطّواف •

पहली फस्ल

الْفَصْل الأول •

٢٥٦١ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ نَافِعٍ قَالَ: إِنَّ ابْنَ عُمَرَ كَانَ لَا يَقْدَمُ مَكَّةَ إِلَّا بَاتَ بِذِي طُوًى حَتَّى يُصْبِحَ وَيَغْتَسِلَ وَيُصَلِّيَ فَيَدْخُلَ مَكَّةَ نَهَارًا وَإِذَا نَفَرَ مِنْهَا مَرَّ بِذِي طُوًى وَبَاتَ بِهَا حَتَّى يُصْبِحَ وَيَذْكُرُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَفْعَلُ ذَلِكَ

2561. नाफेअ बयान करते हैं, कि इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा मक्का में दाखिल होने से पहले वादी जितवा में रात बसर करते, सुबह को ग़ुस्ल करते और नमाज़ पढ़ कर दिन के वक़्त मक्का में दाखिल होते, और जब आप वहां से निकलते तो भी वादी जितवा के पास से गुज़रते, वहां रात बसर करते और बयान करते के नबी ﷺ इसी तरह किया करते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (1573) و مسلم (227 / 1259)، (3045)

٢٥٦٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: إِنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمَّا جَاءَ إِلَى مَكَّةَ دَخَلَهَا مِنْ أَعْلَاهَا وخرجَ من أسفلِها

2562. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं की जब नबी ﷺ मक्का तशरीफ़ लाए तो आप उस के ऊपरी हिस्से की तरफ से दाखिल हुए और उस के निचले हिस्से की तरफ से निकले थे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (1577) و مسلم (224 / 1258)، (3042)

٢٥٦٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن عُروة بنِ الزُّبيرِ قَالَ: قَدْ حَجَّ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَخْبَرَتْنِي عَائِشَةُ أَنَّ أَوَّلَ شَيْءٍ بَدَأَ بِهِ حِينَ قَدِمَ مَكَّةَ أَنَّهُ تَوَضَّأَ ثُمَّ طَافَ بِالْبَيْتِ ثُمَّ لَمْ تَكُنْ عُمْرَةً ثُمَّ حجَّ أَبُو بكرٍ فكانَ أوَّلَ شيءٍ بدَأَ بِهِ الطوَّافَ بالبيتِ ثمَّ لَمْ تَكُنْ عُمْرَةً ثُمَّ عُمَرُ ثُمَّ عُثْمَانُ مثلُ ذَلِك

2563. उरवा बिन ज़ुबैर बयान करते हैं, नबी ﷺ ने हज किया तो आइशा रदियल्लाहु अन्हा ने मुझे बताया की जब आप ﷺ मक्का तशरीफ़ लाए तो आप ने सबसे पहले वुज़ू किया, फिर बैतुल्लाह का तवाफ़ किया, फिर इसे उमरा (का तवाफ़) न बनाया, फिर अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु ने हज किया तो उन्होंने भी सबसे पहले तवाफ़ किया, फिर उन्होंने भी इसे उमरा न बनाया, फिर उमर और फिर उस्मान रदियल्लाहु अन्हुमा ने भी इसी तरह किया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (1641) و مسلم (190 / 1235)، (3001)

٢٥٦٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا طَافَ فِي الْحَجِّ أَوِ الْعمرَة مَا يَقْدَمُ سَعَى ثَلَاثَةَ أَطْوَافٍ وَمَشَى [ص:٧٩ أَرْبَعَةً ثُمَّ سَجَدَ سَجْدَتَيْنِ ثُمَّ يَطُوفُ بَيْنَ الصَّفَا والمروة

2564. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ हज्ज या उमरा का तवाफ़ करते तो आप सबसे पहले तीन चक्कर दोड़ कर लगाते और चार चक्कर चल कर लगाते थे, फिर आप दो रकते पढ़ते और सफा और मरवा की सई फरमाते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1616) و مسلم (231 / 1261)، (3049)

٢٥٦٥ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: رَمَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَنْ الْحَجَرِ ثَلَاثًا وَمَشَى أَرْبَعًا وَكَانَ يَسْعَى بِبَطْنِ الْمَسِيلِ إِذَا طَافَ بَيْنَ الصَّفَا وَالْمَرْوَةِ. رَوَاهُ مُسلم

2565. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हजरे असवद से हजरे असवद तक तीन चक्कर तेज़ चल कर लगाए और चार चक्कर आम रफ़्तार से चल कर लगाए और जब आप ﷺ सफा मरवा के दरमियान सई करते तो आप सैलाब के बहाव वाली जगह पर तेज़ चलते थे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (233 / 1262)، (3051)

٢٥٦٦ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمَّا قَدِمَ مَكَّةَ أَتَى الْحَجَرَ فَاسْتَلَمَهُ ثُمَّ مَشَى عَلَى يَمِينِهِ فَرَمَلَ ثَلَاثًا وَمَشى أَرْبعا. رَوَاهُ مُسلم

2566. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ मक्का तशरीफ़ लाए तो आप हजरे असवद के पास आए तो उसे बोसा दिया, फिर आप अपने दाएँ जानिब पर चला तो तीन चक्कर तेज़ चल कर चार चक्कर आम रफ़्तार से चल कर लगाए| (मुस्लिम)

رواه مسلم (150 / 1218)، (2953)

٢٥٦٧ - (صَحِيح) وَعَنِ الزُّبَيْرِ بْنِ عَرَبِيٍّ قَالَ: سَأَلَ رَجُلٌ ابنَ عمرَ عَنِ اسْتِلَامِ الْحَجَرِ فَقَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَسْتَلِمُهُ وَيُقَبِّلُهُ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2567. जुबैर बिन अरबी रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, किसी आदमी ने अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से हजरे असवद को बोसा देने के बारे में दरियाफ्त किया तो उन्होंने ने फ़रमाया: मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को इसे हाथ लगाते और बोसा देते हुए देखा है| (बुखारी)

رواه البخاری (1611)

٢٥٦٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: لَمْ أَرَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَسْتَلِمُ من الْبَيْت إِلَّا الرُّكْنَيْنِ اليمانيين

2568. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को सिर्फ दो रुक्ने यमानी हजरे असवद और रुक्ने यमानी को छूते हुए देखा है| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (1609) و مسلم (242 / 1267)، (3061)

٢٥٦٩ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: طَافَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي حَجَّةِ الْوَدَاعِ عَلَى بعير يسْتَلم الرُّكْن بمحجن

2569. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, नबी ﷺ ने हज्जतुल वदा के मौके पर ऊंट पर सवार हो कर तवाफ़ किया, आप छड़ी के साथ हजरे असवद को छुते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (1607) و مسلم (253 / 1272)، (3073)

٢٥٧٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ طَافَ بِالْبَيْتِ عَلَى بَعِيرٍ كُلَّمَا أَتَى عَلَى الرُّكْنِ أَشَارَ إِلَيْهِ بِشَيْءٍ فِي يدِه وكبَّرَ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2570. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने ऊंट पर सवार हो कर बैतुल्लाह का तवाफ़ किया जब आप हजरे असवद के पास आते तो आप अपने हाथ में मौजूद किसी चीज़ के साथ इरशाद करते और (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते| (बुखारी)

رواہ البخاری (1632)

٢٥٧١ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي الطُّفَيْلِ قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَطُوفُ بِالْبَيْتِ وَيَسْتَلِمُ الرُّكْنَ بِمِحْجَنٍ مَعَهُ ويقبِّلُ المحجن. رَوَاهُ مُسلم

2571. अबू तुफैल रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को बैतुल्लाह का तवाफ़ करते और आप के पास जो छड़ी थी उस के साथ हजरे असवद को छुते हुए देखा और आप छड़ी को बोसा देते थे| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (257 / 1275)، (3077)

٢٥٧٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: خَرَجْنَا مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَا نَذْكُرُ إِلَّا الْحَجَّ فَلَمَّا كُنَّا بِسَرِفَ طَمِثْتُ فَدَخَلَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَنَا أَبْكِي فَقَالَ: «لَعَلَّكِ نَفِسْتِ؟» قُلْتُ: نَعَمْ قَالَ: «فَإِنَّ ذَلِكِ شَيْءٌ كَتَبَهُ اللَّهُ عَلَى بَنَاتِ

آدَمَ فَافْعَلِي مَا يَفْعَلُ الْحَاجُّ غَيْرَ أَنْ لَا تَطُوفِي بِالْبَيْتِ حَتَّى تَطْهُرِي»

2572. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, हम नबी ﷺ के साथ सिर्फ हज के इरादे से रवाना हुए, जब आप मक़ाम ए सरीफ पर पहुंचे तो मुझे हैज़ आ गया, नबी ﷺ मेरे पास तशरीफ़ लाए तो मैं रो रही थी, आप ﷺ ने फ़रमाया: “शायद के तुम्हें हैज़ गया है?” मैंने अर्ज़ किया: जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये तो एक ऐसी चीज़ है जो अल्लाह ने आदम अलैहिस्सलाम की बेटियों पर मुकद्दर कर दिया है, तुम जब तक हैज़ से पाक नहीं हो जाती, बैतुल्लाह के तवाफ़ के सिवा दीगर हाजियों की तरह उमूर बजा लाती रहो”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (294) و مسلم (119120 / 1211)، (2918 و 2919)

٢٥٧٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: بَعَثَنِي أَبُو بَكْرٍ فِي الْحَجَّةِ الَّتِي أَمَّرَهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَيْهَا قَبْلَ حَجَّةِ الْوَدَاعِ يَوْمَ النَّحْرِ فِي رَهْطٍ أَمَرَهُ أَنْ يُؤَذِّنَ فِي النَّاسِ: «أَلَا لَا يَحُجُّ بَعْدَ العامِ مشرِكٌ وَلَا يطوفَنَّ بِالْبَيْتِ عُرْيَان»

2573. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु ने इस हज में, जिस में नबी ﷺ ने उन्हें हज्जतुल वदा से पहले अमीर ए हज बना कर भेजा था, मुझे एक जमात के साथ भेजा और हुक्म दिया के “ लोगों में ऐलान कर दिया जाए के सुन लो! इस साल के बाद कोई मुशरिक ना बैतुल्लाह का हज करे न कोई उरिया(नंगी) हालत में बैतुल्लाह का तवाफ़ करे”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (369) و مسلم (435 / 1347)، (3287)

بَاب دُخُول مَكَّة وَالطّواف • मक्का में दाखिल होने और तवाफ़ करने के आदाब का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٥٧٤ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ الْمُهَاجِرِ الْمَكِّيِّ قَالَ: سُئِلَ جَابِرٌ عَنِ الرَّجُلِ يَرَى الْبَيْتَ يَرْفَعُ يَدَيْهِ فَقَالَ قَدْ حَجَجْنَا مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَلَمْ نَكُنْ نَفْعَلُهُ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ

2574. मुहाजिर मक्की रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से इस आदमी के बारे में दरियाफ्त किया गया जो बैतुल्लाह को देख कर हाथ उठाता है, उन्होंने ने फ़रमाया: हमने नबी ﷺ के साथ हज किया तो हम इस तरह नहीं करते थे| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (855) و ابوداؤد (1870) [و النسائی (5 / 212 ح 2898) و ابن خزیمة (2704)(2705)] * المهاجر المکی و ثقه ابن حبان و ابن خزیمة فهو حسن الحدیثفائدة : مراد رفع الیدین فی هذا الحدیث بعد انقضاء الصلوة و الطواف و عند الخروج من المسجد الحرام ، انظر صحیح ابن خزیمة (4 / 210 قبل ح 2705)

٢٥٧٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: أَقْبَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَدَخَلَ مَكَّةَ فَأَقْبَلَ إِلَى الْحَجَرِ فَاسْتَلَمَهُ ثُمَّ طَافَ بِالْبَيْتِ ثُمَّ أَتَى الصَّفَا فَعَلَاهُ حَتَّى يَنْظُرَ إِلَى الْبَيْتِ فَرَفَعَ يَدَيْهِ فَجَعَلَ يَذْكُرُ اللَّهَ مَا شَاءَ وَيَدْعُو. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2575. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ (मदीना से) रवाना हुए, जब आप मक्का में दाखिल हुए तो आप ﷺ हजरे असवद की तरफ आए इसे बोसा दिया, फिर बैतुल्लाह का तवाफ़ किया, फिर सफा पर आए तो उस के ऊपर चढ़ गए हत्ता के बैतुल्लाह नज़र आने लगा तो आप हाथ उठाकर जिस क़दर चाहा, अल्लाह का ज़िक्र और दुआए करते रहे| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (1872)

٢٥٧٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الطَّوَافُ حَوْلَ الْبَيْتِ مِثْلُ الصَّلَاةِ إِلَّا أَنَّكُمْ تَتَكَلَّمُونَ فِيهِ فَمَنْ تَكَلَّمَ فِيهِ فَلَا يَتَكَلَّمَنَّ إِلَّا بِخَيْرٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَالدَّارِمِيُّ وَذَكَرَ التِّرْمِذِيُّ جَمَاعَةً وَقَفُوهُ عَلَى ابْنِ عباسٍ

2576. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “बैतुल्लाह का तवाफ़ नमाज़ की तरह है, अलबत्ता तुम उस में बात वगैरा कर लेते हो, जो शख़्स इस दौरान बात करे तो वह सिर्फ खैर व भलाई की बात करे”| तिरमिज़ी, नसई, दारमी इमाम तिरमिज़ी रहिमहुल्लाह ने मुहद्दीसिन की एक जमाअत का ज़िक्र किया है, जिन्होंने इसे इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा पर मौकूफ करार दिया है| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (960) و النسائی (5 / 222 ح 2925) و الدارمی (2 / 44ح 1854)

٢٥٧٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «نَزَلَ الْحَجَرُ الْأَسْوَدُ مِنَ الْجَنَّةِ وَهُوَ أَشَدُّ بَيَاضًا مِنَ اللَّبَنِ فَسَوَّدَتْهُ خَطَايَا بَنِي آدَمَ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيح

2577. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हजरे असवद जन्नत से नाज़िल हुआ था तो वह दूध से भी ज़्यादा सफ़ेद था लेकिन औलादे आदम की खताओं ने इसे सियाह कर दिया”| अहमद तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है| (हसन)

حسن ، رواه احمد (1 / 307 ح 2796 مختصرًا) و الترمذی (877)

٢٥٧٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الْحَجَرِ: «وَاللَّهِ لَيَبْعَثَنَّهُ اللَّهُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ لَهُ عَيْنَانِ يُبْصِرُ بِهِمَا وَلِسَانٌ يَنْطِقُ بِهِ يَشْهَدُ عَلَى مَنِ اسْتَلَمَهُ بِحَقٍّ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه والدارمي

2578. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हजरे असवद के बारे में फ़रमाया: “अल्लाह रोज़ ए कियामत इसे उठाएगा तो उसकी दो आँखे होगी जिन से वह देखेगा और ज़ुबान होगी जिस से

वह बोलेगा, और जिस ने हक़ के साथ उस को बोसा दिया होगा उस के हक़ में गवाही देगा"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (961 و قال : حسن) و ابن ماجه (2944) و الدارمی (2 / 42 ح 1846)

٢٥٧٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ الرُّكْنَ وَالْمَقَامَ يَاقُوتَتَانِ مِنْ يَاقُوتِ الْجَنَّةِ طَمَسَ اللَّهُ نورَهما وَلَو لم يطمِسْ نورَهما لأضاءا مَا بينَ المشرقِ والمغربِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2579. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "हजरे असवद और मकामे इब्राहीम (वो पत्थर जिस पर खड़े हो कर आप ने बैतुल्लाह की तामीर की) जन्नत के दो याकुत है, अल्लाह तआला ने उन के नूर को ख़तम कर दिया, और अगर वह उन के नूर को ख़तम न करता तो वह दोनों मशरिक व मगरिब के बिच में को रोशन कर देते"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (878 و قال : غریب) * رجاء بن صبیح ابو یحیی : ضعیف ، ضعفه الجمهور و للحدیثشاهد ضعیف

٢٥٨٠ - (صَحِيح) وَعَن عُبيدِ بنِ عُمَيرٍ: أَنَّ ابْنَ عُمَرَ كَانَ يُزَاحِمُ عَلَى الرُّكْنَيْنِ زِحَامًا مَا رَأَيْتُ أَحَدًا مِنْ أَصْحَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُزَاحِمُ عَلَيْهِ قَالَ: إِنْ أَفْعَلْ فَإِنِّي سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ مَسْحَهُمَا كَفَّارَةٌ لِلْخَطَايَا» وَسَمِعْتُهُ يَقُولُ: «مَنْ طَافَ بِهَذَا الْبَيْتِ أُسْبُوعًا فَأَحْصَاهُ كَانَ كَعِتْقِ رَقَبَةٍ» . وَسَمِعْتُهُ يَقُولُ: «لَا يَضَعُ قَدَمًا وَلَا يَرْفَعُ أُخْرَى إِلا حطَّ اللَّهُ عنهُ بهَا خَطِيئَة وكتبَ لهُ بهَا حَسَنَة» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2580. उबैद बिन उमैर से रिवायत है के इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा हजरे असवद और रुक्ने यमानी पर बहोत ज़्यादा गलबा (रश) करते थे, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ के किसी एक सहाबी को इन पर गलबा करते हुए नहीं देखा, उन्होंने ने फ़रमाया: में इसलिए ऐसे करता हूँ की मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "इन दोनों को हाथ लगाना गुनाहों का कफ्फारा है", और मैंने आप ﷺ को फरमाते हुए सुना: "जो शख़्स हर हफ्ते बैतुल्लाह का तवाफ़ करे और उसकी हिफाज़त करे तो वह ऐसे है जैसे उस ने गुलाम आज़ाद किया हो", और मैंने आप ﷺ को फरमाते हुए सुना: "जब वह (तवाफ़ में) एक कदम रखता है और दूसरा उठाता है तो अल्लाह तआला उस के बदले में एक गुनाह मुआफ़ कर देता है और उस के लिए एक नेकी लिख देता है"| (हसन)

حسن ،رواه الترمذی (959 و قال : حسن)

٢٥٨١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عبد الله بن السَّائِب قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ مَا بَيْنَ الرُّكْنَيْنِ: (رَبَّنَا آتِنَا فِي الدُّنْيَا حَسَنَةً وَفِي الْآخِرَةِ حَسَنَةً وَقِنَا عَذَابَ النَّارِ)»» رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2581. अब्दुल्लाह बिन साइब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को हजरे असवद और रुक्ने

यमानी के दरमियान यह दुआ करते हुए सुना: “हमारे परवरदिगार! हमें दुनिया में भलाई अता फरमा और आखिरत में भलाई अता फरमा और हमें आग के अज़ाब से बचा”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1892)

٢٥٨٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن صفيةَ بنتِ شيبةَ قَالَتْ: أَخْبَرَتْنِي بِنْتُ أَبِي تُجْرَاةَ قَالَتْ: دَخَلْتُ مَعَ نِسْوَةٍ مِنْ قُرَيْشٍ دَارَ آلِ أَبِي حُسَيْنٍ نَنْظُرُ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ يَسْعَى بَيْنَ الصَّفَا وَالْمَرْوَةِ فَرَأَيْتُهُ يَسْعَى وَإِنَّ مِئْزَرَهُ لَيَدُورُ مِنْ شِدَّةِ السَّعْيِ وَسَمِعْتُهُ [ص:٧٩ يَقُولُ: «اسْعَوْا فَإِنَّ اللَّهَ كَتَبَ عَلَيْكُمُ السَّعْيَ» . رَوَاهُ فِي شَرْحِ السُّنَّةِ وَرَوَاهُ أَحْمد مَعَ اخْتِلَاف

2582. सफिया बिन्ते शैबा रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, अबू तुजराह की बेटी (हबीबा (रअ)) ने मुझे बताया की मैं कुरैश की बाज़ औरतो के साथ खानदाने अबू हुसैन के घर गई ताकि हम रसूलुल्लाह ﷺ को सफा मरवा के बिच में सई करते हुए देखे, मैंने आप को सई करते हुए देखा और सई की शिद्दत की वजह से आप का आज़ार बिखर रहा था, और मैंने आप ﷺ को फरमाते हुए सुना: “सई करो क्योंकि अल्लाह तआला ने सई करना तुम पर फ़र्ज़ कर दिया है”| शरह सुन्ना और इमाम अहमद ने कुछ इख्तिलाफ के साथ रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه البغوى فى شرح السنة (7 / 140141 ح 1921) و احمد (6 / 421) * سنده ضعيف عبدالله بن المومل ضعيف و له طريق آخر عند الدارقطنى (2 / 255) و البيهقى (5 / 97) بلفظ : دخلنا دار ابن ابى حسين فاطلعنا من باب مقطع فرأينا رسول الله صلى الله عليه وآله وسلم يشتد فى المسعى حتى اذا بلغ زقاق بنى فلاں موضعًا قد سماه من المسعى ، استقبل الناس و قال :’’ يا ايها الناس اسعوا فإن المسعى قد كتبت عليكم ‘‘ و سنده حسن

٢٥٨٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ قُدَامَةَ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمَّارٍ قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَسْعَى بَيْنَ الصَّفَا وَالْمَرْوَةِ عَلَى بَعِيرٍ لَا ضرب وَلَا طرد وَلَا إِلَيْك. رَوَاهُ فِي شرح السّنة

2583. कुदामा बिन अब्दुल्लाह बिन अम्मार रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को सफा मरवा के दरमियान ऊंट पर सई करते हुए देखा, आप ﷺ ना किसी को मारते न हटाते और न कहते के हट जाओ, रास्ता छोड़ दो| (हसन)

حسن ياتى : 2623 ، رواه البغوى فى شرح السنة (7 / 142 ح 1922) [و الترمذى (903 و قال : حسن صحيح) و ابن ماجه (3035) و النسائى (5 / 270 ح 3063) و صححه الحاكم (1 / 466) و وافقه الذهبى]

٢٥٨٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ يَعْلَى بْنِ أَمَيَّةَ قَالَ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ طَافَ بِالْبَيْتِ مُضْطَجعا بِبُرْدٍ أَخْضَرَ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ

2584. यअली बिन उमय्य रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने सब्ज़ रंग की चादर से अज्तियाब

(यानी दायाँ कांधा नंगा) कर के बैतुल्लाह का तवाफ़ किया| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (859 و قال : حسن صحيح) و ابوداؤد (1883) و ابن ماجه (2954) و الدارمى (2 / 43 ح 1850) * ابن جريج و سفيان الثورى مدلسان و عنعنا

٢٥٨٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم وأَصحابَه اعتمروا من الجعْرانة فَرَمَلُوا بِالْبَيْتِ ثَلَاثًا وَجَعَلُوا أَرْدِيَتَهُمْ تَحْتَ آبَاطِهِمْ ثُمَّ قَذَفُوهَا عَلَى عَوَاتِقِهِمُ الْيُسْرَى. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2585. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ और आप के सहाबा ने जीअरान से उमरा किया तो उन्होंने तीन चक्कर तेज़ तेज़ चल कर पुरे किए और उन्होंने अपने (इहराम की) चादरों को दाहनी बगलों के नीचे से निकाल कर अपने बाएँ कंधो के ऊपर डाल रखा था| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1884)

بَاب دُخُول مَكَّة وَالطّواف • मक्का में दाखिल होने और तवाफ़ करने के आदाब का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٥٨٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: مَا تَرَكْنَا اسْتِلَامَ هَذَيْنِ الرُّكْنَيْنِ: الْيَمَانِي وَالْحَجَرِ فِي شِدَّةٍ وَلَا رخاء مُنْذُ رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يستلمهما

2586. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने जब से रसूलुल्लाह ﷺ को हजरे असवद और रुक्ने यमानी का इस्तिलाम (छुना) करते हुए देखा है उसे हमने तंगी या आसानी किसी भी हाल में इन का इस्तिलाम करना नहीं छोड़ा| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1606) و مسلم (245 / 1268)، (3064)

٢٥٨٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَفِي رِوَايَةٍ لَهُمَا: قَالَ نَافِعٌ: رَأَيْتُ ابْنَ عُمَرَ يَسْتَلِمُ الْحَجَرَ بِيَدِهِ ثُمَّ قَبَّلَ يَدَهُ وَقَالَ: مَا تَرَكْتُهُ مُنْذُ رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَفْعَله

2587. सहीह बुखारी और सहीह मुस्लिम की रिवायत में है नाफेअ बयान करते हैं, मैंने इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा को देखा के वह अपने हाथ से हजरे असवद को छुते फिर हाथ चुमते और उन्होंने ने फ़रमाया: मैंने जब से

रसूलुल्लाह ﷺ को ऐसे करते हुए देखा है उसे मैंने इसे तर्क नहीं किया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1610) و مسلم (258 / 1276)، (3065)

٢٥٨٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أُمِّ سَلَمَةَ قَالَتْ: شَكَوْتُ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنِّي أَشْتَكِي. فَقَالَ: «طُوفِي مِنْ وَرَاءِ النَّاسِ وَأَنْتِ رَاكِبَةٌ» فَطُفْتُ وَرَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُصَلِّي إِلَى جَنْبِ الْبَيْتِ يَقْرَأُ ب (الطُّورِ وكِتَابٍ مسطور)

2588. उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने अपनी बीमारी के बारे में रसूलुल्लाह ﷺ से शिकायत की तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम सवार हो कर लोगों के पीछे पीछे तवाफ़ करो”, मैंने तवाफ़ किया जबकि रसूलुल्लाह ﷺ बैतुल्लाह की एक जानिब (बैतुल्लाह की दिवार के साथ) नमाज़ पढ़ रहे थे और आप सुरह तूर की तिलावत फरमा रहे थे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1619) و مسلم (258 / 1276)، (3078)

٢٥٨٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَابِسِ بْنِ رَبِيعَةَ قَالَ: رَأَيْت عمر يقبل الْحجر وَيَقُول: وَإِنِّي لَأَعْلَمُ أَنَّكَ حَجَرٌ مَا تَنْفَعُ وَلَا تَضُرُّ وَلَوْلَا أَنِّي رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يقبل مَا قبلتك

2589. आबिस बिन रबिआ बयान करते हैं, मैंने उमर रदियल्लाहु अन्हु को देखा के आप रदियल्लाहु अन्हु हजरे असवद को बोसा दे रहे हैं और फरमा रहे हैं: मैं खूब जानता हूँ कि तो एक पत्थर है, तू नफा नुकसान का मालिक नहीं, अगर मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को तुझे बोसा देते हुए न देखा होता तो मैं तुझे कभी बोसा न देता| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1597) و مسلم (251 / 1270)، (3070)

٢٥٩٠ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «وُكِّلَ بِهِ سَبْعُونَ مَلَكًا» يَعْنِي الرُّكْنَ الْيَمَانِيَ " فَمَنْ قَالَ: اللَّهُمَّ إِنِّي أَسْأَلُكَ الْعَفْوَ وَالْعَافِيَةَ فِي الدُّنْيَا وَالْآخِرَةِ رَبَّنَا آتِنَا فِي الدُّنْيَا حَسَنَةً وَفِي الْآخِرَةِ حَسَنَةً وَقِنَا عَذَابَ النَّارِ قَالُوا: آمين ". رَوَاهُ ابْن مَاجَه

2590. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “इस रुक्ने यमानी पर सत्तर फ़रिश्ते मामूर है, जो शख़्स कहता है, अल्लाह में तुझ से दुनिया व आखिरत में आफियत की दरख्वास्त करता हूँ, हमारे परवरदिगार! हमें दुनिया में भलाई अता फरमा, हमें आखिरत में भलाई अता फरमा और हमें आग के अज़ाब से

बचा, तो वह फ़रिश्ते आमीन कहते हैं”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (2957) * قال البوصيرى :’’ هذا اسناد ضعيف ، حميد ، قال فيه ابن عدى : أحاديثه غير محفوظة ، و قال الذهبى : مجهول ‘‘ قلت : حميد هو ابن ابى سوية

٢٥٩١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " مَنْ طَافَ بِالْبَيْتِ سَبْعًا وَلَا يَتَكَلَّمُ إِلَّا بِ: سُبْحَانَ اللَّهِ وَالْحَمْدُ لِلَّهِ وَلَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَاللَّهُ أَكْبَرُ وَلَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ إِلَّا بِاللَّهِ مُحِيَتْ عَنْهُ عَشْرُ سَيِّئَاتٍ وَكُتِبَ لَهُ عَشْرُ حَسَنَاتٍ وَرُفِعَ لَهُ عَشْرُ دَرَجَاتٍ. وَمَنْ طَافَ فَتَكَلَّمَ وَهُوَ فِي تِلْكَ الْحَالِ خَاضَ فِي الرَّحْمَةِ بِرِجْلَيْهِ كَخَائِضِ الماءِ برجليه ". رَوَاهُ ابْن مَاجَه

2591. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स बैतुल्लाह के सात चक्कर लगाए और इस दौरान (سُبْحَانَ اللَّهِ وَالْحَمْدُ لِلَّهِ وَلَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَاللَّهُ أَكْبَرُ وَلَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ إِلَّا بِاللَّهِ) “ अल्लाह पाक है, हर किस्म की तारीफ़ अल्लाह के लिए है, अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं, अल्लाह सबसे बड़ा है, गुनाह से बचना और नेक अमल करना महज़ अल्लाह तआला की तौफिक के साथ है”, के सिवा कोई बात न करे तो उस के दस गुनाह मुआफ़ कर दिए जाते हैं, उस के लिए दस नेकियाँ लिखी जाती है और उस के दस दरजात बुलंद कर दिए जाते हैं, और जो शख़्स तवाफ़ करे और इस दौरान बाते करे तो वह इस हाल में ऐसे है के उस के पाऊ तो रहमत में है (लेकिन ऊपर का हिस्सा रहमत में नहीं) जैसे किसी ने अपने पाँव पानी में डुबो रखे हो”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابن ماجه (2956)

वकुफ़ ए अरफात का बयान • بَاب الْوُقُوف بِعَرَفَة

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٢٥٩٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن محمدِ بن أبي بكرٍ الثَّقفيُّ أَنَّهُ سَأَلَ أَنَسَ بْنَ مَالِكٍ وَهُمَا غَادِيَانِ مِنْ مِنًى إِلَى عَرَفَةَ: كَيْفَ كُنْتُمْ تَصْنَعُونَ فِي هَذَا الْيَوْمِ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ فَقَالَ: كَانَ يُهِلُّ مِنَّا الْمُهِلُّ فَلَا يُنْكَرُ عَلَيْهِ وَيُكَبِّرُ الْمُكَبِّرُ مِنَّا فَلَا يُنْكَرُ عَلَيْهِ

2592. मुहम्मद बिन अबू बक्र रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, कि उन्होंने अनस बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु से दरियाफ्त किया, जबकि वह दोनों मीना से अरफात जा रहे थे, आप रसूलुल्लाह ﷺ के साथ इस रोज़ (कैसे तकबीर व तहलील) किया करते थे? उन्होंने ने फ़रमाया: हम में से कोई तल्बिया पढ़ता तो उस पर कोई एतराज़

नहीं था और हम में से कोई (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहता तो उस पर भी कोई एतराज़ नहीं था| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1659) و مسلم (274 / 1285)، (3097)

٢٥٩٣ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «نحرتُ هَهُنَا وَمِنًى كُلُّهَا مَنْحَرٌ فَانْحَرُوا فِي رِحَالِكُمْ. وَوَقَفْتُ هَهُنَا وعرفةُ كلُّها موقفٌ. ووقفتُ هَهُنَا وجَمْعٌ كلُّها موقفٌ» . رَوَاهُ مُسلم

2593. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मैंने (मीना में) इस जगह कुर्बानी जिबह की है जबकि मीना सारे का सारा कुरबान गाह है और मैंने यहाँ वुकुफ़ किया है जबकि मैदाने अरफात सारे का सारा वुकुफ़ की जगह है और मैंने यहाँ वुकुफ़ किया है जबकि मुज़दल्फा सारे का सारा वुकुफ़ की जगह है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (149 / 1218)، (2952)

٢٥٩٤ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " مَا مِنْ يَوْمٍ أَكْثَرَ مِنْ أَنْ يُعْتِقَ اللَّهُ فِيهِ عَبْدًا مِنَ النَّارِ مِنْ يَوْمِ عَرَفَةَ وَإِنَّهُ لَيَدْنُو ثُمَّ يُبَاهِي بِهِمُ الْمَلَائِكَةَ فَيَقُولُ: مَا أَرَادَ هَؤُلَاءِ ". رَوَاهُ مُسلم

2594. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह बाकी अय्याम की निस्बत, अरफा के दिन सबसे ज़्यादा अपने बंदो को जहन्नम से आज़ादी अता फरमाता है, और वह करीब होता है, फिर उनकी वजह से फरिश्तो पर फख्र करता है और फरमाता यह लोग क्या चाहते है?”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (436 / 1348)، (3288)

वकुफ़ ए अरफात का बयान • بَاب الْوُقُوف بِعَرَفَة

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٢٥٩٥ - (صَحِيح) عَنْ عَمْرِو بْنِ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ صَفْوَانَ عَنْ خَالٍ لَهُ يُقَالُ لَهُ يَزِيدُ بْنُ شَيْبَانَ قَالَ: كُنَّا فِي مَوْقِفٍ لَنَا بِعَرَفَةَ يُبَاعِدُهُ عَمْرٌو مِنْ مَوْقِفِ الْإِمَامِ جِدًّا فَأَتَانَا ابْنُ مِرْبَعٍ الْأَنْصَارِيُّ فَقَالَ: إِنِّي رَسُولُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَيْكُمْ يَقُولُ لَكُمْ: «قِفُوا عَلَى مَشَاعِرِكُمْ فَإِنَّكُمْ عَلَى إِرْثٍ من إِرْثِ أَبِيكُمْ إِبْرَاهِيمَ عَلَيْهِ السَّلَامُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَة

2595. अमर बिन अब्दुल्लाह बिन सफवान अपने मामू यज़ीद बिन शय्बान से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा, हम ने मैदान ए अरफात में ऐसी जगह वुकुफ़ किया तो के बकौल उन के इमाम के वुकुफ़ की जगह से बहोत दूर था, इब्ने मिरबअ अंसारी रदियल्लाहु अन्हु हमारे पास आए तो उन्होंने कहा के रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे तुम्हारी तरफ कासिद बना कर भेजा है, वह तुम्हें फरमाते हैं: “तुम अपने जगह पर ठहरे रहो, क्योंकि तुम अपने बाप इब्राहीम अलैहिस्सलाम की मीरास पर हो”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواہ الترمذی (883 و قال : حسن) و ابوداؤد (1919) و النسائی (5 / 255 ح 3017) و ابن ماجہ (3011)

٢٥٩٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «كُلُّ عَرَفَةَ مَوْقِفٌ وَكُلُّ مِنًى مَنْحَرٌ وَكُلُّ الْمُزْدَلِفَةِ مَوْقِفٌ وَكُلُّ فِجَاجِ مَكَّةَ طَرِيقٌ وَمَنْحَرٌ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالدَّارِمِيُّ

2596. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मैदान ए अरफात पुरे का पूरा वुकुफ़ की जगह है पूरा मीना कुरबान गाह है, पूरा मुज़दल्फा वुकुफ़ की जगह है, और मक्का के तमाम रास्ते, रास्ते और कुरबान गाह हैं”| (यानी मक्का आने वाले के लिए किसी भी रास्ते से मक्का में दाखिल होना जाईज़ है|) | (हसन)

اسناده حسن ، رواہ ابوداو7د (1937) و الدارمی (2 / 57 ح 1886)

٢٥٩٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن خالدِ بنِ هَوْذَةَ قَالَ: رَأَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَخْطُبُ النَّاسَ يَوْمَ عَرَفَةَ عَلَى بَعِيرٍ قَائِمًا فِي الركابين. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2597. खालिद बिन हवज़त रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को अरफा के दिन ऊंट की दोनों रुकाबो में पाँव रख कर खड़े हो कर लोगों से ख़िताब करते हुए देखा| (हसन)

اسناده حسن ، رواہ ابوداؤد (1917)

٢٥٩٨ - (صَحِيح) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " خَيْرُ الدُّعَاءِ دُعَاءُ يَوْمِ عَرَفَةَ وَخَيْرُ مَا قُلْتُ أَنَا وَالنَّبِيُّونَ مِنْ قَبْلِي: لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ لَهُ الْمُلْكُ وَلَهُ الْحَمْدُ وَهُوَ عَلَى كُلِّ شَيْء قدير ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2598. अम्र बिन शुऐब अपने बाप से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की नबी ﷺ ने फ़रमाया: “अरफा के दिन की दुआ बेहतरीन दुआ है और मैंने और मुझ से पहले अंबिया अलैहिस्सलाम ने जो बेहतरीन दुआ की है के यह है, “अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं, वह यकता है, उस का कोई शरीक नहीं, उस के लिए

बादशाहत है और उस के लिए हर किस्म की तारीफ़ है, और वह हर चीज़ पर कादिर है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (3585 و قال : حسن غريب) * حماد بن ابى حميد ضعيف و للحديث شاهد ضعيف (انظر الحديث الاتى : 2599)

٢٥٩٩ - (صَحِيح) وروى مالكٌ عَنْ طَلْحَةَ بْنِ عُبَيْدِ اللَّهِ إِلَى قَوْلِهِ: «لَا شريك لَهُ»

2599. इमाम मालिक रहिमहुल्लाह ने तल्हा बिन उबैदुल्लाह से (لا شریک له) तक रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه مالك (1 / 214215 ح 501 ، 1 / 422423 ح 974) من حديث طلحة بن عبيد الله بن كريز رحمه الله فالسند مرسل

٢٦٠٠ - (ضَعِيف) لإرساله وَعَنْ طَلْحَةَ بْنِ عُبَيْدِ اللَّهِ بْنِ كَرِيزٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَا رُئِيَ الشَّيْطَانُ يَوْمًا هُوَ فِيهِ أَصْغَرُ وَلَا أَدْحَرُ وَلَا أَحْقَرُ وَلَا أَغْيَظُ مِنْهُ فِي يَوْمِ عَرَفَةَ وَمَا ذَاكَ إِلَّا لِمَا يَرَى مِنْ تَنَزُّلِ الرَّحْمَةِ وَتَجَاوُزِ اللَّهِ عَنِ الذُّنُوبِ الْعِظَامِ إِلَّا مَا رُئِيَ يَوْمَ بَدْرٍ» . فَقِيلَ: مَا رُئِيَ يَوْمَ بَدْرٍ؟ قَالَ: «فَإِنَّهُ قَدْ رَأَى جِبْرِيلَ يَزَعُ الْمَلَائِكَةَ» . رَوَاهُ مَالِكٌ مُرْسَلًا وَفِي شَرْحِ السُّنَّةِ بِلَفْظِ الْمَصَابِيحِ

2600. तल्हा बिन उबैदुल्लाह बिन करिज़ रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “शैतान अरफा के दिन सबसे ज़्यादा हकीर, सबसे ज़्यादा रोंदा हुआ, सबसे ज़्यादा ज़लील और सबसे ज़्यादा गुस्से में होता है और वह ऐसी हालत में इसलिए होता है के वह नुज़ूले रहमत और कबिराह गुनाहों की मगफिरत होते हुए देख रहा होता है, अलबत्ता गज़वा ए बद्र के मौके पर भी इसे इस कैफियत में देखा गया”, कहा गया बद्र के दिन उस ने क्या देखा? आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्योंकि उस ने जिब्राइल अलैहिस्सलाम को फरिश्तो की सफ बंदी करते हुए देखा था”, इमाम मालिक ने मुरसल रिवायत किया है और शरह सुन्ना में मसाबिह के अल्फाज़ में मरवी है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه مالك (1 / 422 ح 973) و البغوى فى شرح السنة (7 / 158 ح 1930) من حديث طلحة بن عبيد الله بن كريز رحمه الله فالسند مرسل

٢٦٠١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذا كَانَ يَوْمُ عَرَفَةَ إِنَّ اللَّهَ يَنْزِلُ إِلَى السَّمَاءِ الدُّنْيَا فَيُبَاهِي بِهِمُ الْمَلَائِكَةَ فَيَقُولُ: انْظُرُوا إِلَى عِبَادِي أَتَوْنِي شُعْثًا غُبْرًا ضَاجِّينَ مِنْ كُلِّ فَجٍّ عَمِيقٍ أُشْهِدُكُمْ أَنِّي قَدْ غَفَرْتُ لَهُمْ فَيَقُولُ الْمَلَائِكَةُ: يَا رَبِّ فُلَانٌ كَانَ يُرَهَّقُ وَفُلَانٌ وَفُلَانَةُ قَالَ: يَقُولُ اللَّهُ عَزَّ وَجَلَّ: قَدْ غَفَرْتُ لَهُمْ ". قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «فَمَا مِنْ يَوْمٍ أَكْثَرَ عَتِيقًا مِنَ النَّارِ مِنْ يَوْم عَرَفَةَ» . رَوَاهُ فِي شرح السّنة

2601. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब अरफा का दिन होता है तो अल्लाह आसमाने दुनिया पर नुज़ूल फरमाता है और इन (अरफात में वुकुफ़ करने वालो) की वजह से फरिश्तो

पर फख्र करता है और फरमाता है मेरे बंदो को देखो किस तरह बिखरे बालो, गुबार आलूद पाँव और बुलंद आवाज़ से पुकारते हुए दूर दराज़ से आए है, मैं तुम्हें गवाह बना कर कहता हूँ कि मैंने उन्हें बख्श दिया, तो फ़रिश्ते अर्ज़ करते हैं, रब जी! फलां बंदा तो बुरे काम किया करता था और फलां मर्द और फलां औरत भी, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अल्लाह अज्ज़वजल फरमाता है " मैंने उन्हें बख्श दिया है", रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अरफा के दिन के सिवा कोई ऐसा दिन नहीं जिस में अरफा के दिन से ज़्यादा लोगों को जहन्नम से आज़ादी मिलती हो"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البغوی فی شرح السنة (7 / 159 ح 1931) [و ابن خزيمة (2840 و قال : انا ابرا من عهدة مرزوق) و ابن حبان (1006)]
* ابو الزبیر مدلس و عنعن و حدیث مسلم (1348) یغنی عنه

بَاب الْوُقُوف بِعَرَفَة • वकुफ़ ए अरफात का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٦٠٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن عَائِشَة قَالَتْ: كَانَ قُرَيْشٌ وَمَنْ دَانَ دِينَهَا يَقِفُونَ بالمزْدَلفَة وَكَانُوا يُسمَّوْنَ الحُمْسَ فكانَ سَائِرَ الْعَرَبِ يَقِفُونَ بِعَرَفَةَ فَلَمَّا جَاءَ الْإِسْلَامُ أَمَرَ اللَّهُ تَعَالَى نَبِيَّهُ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ يَأْتِيَ عَرَفَاتٍ فَيَقِفُ بِهَا ثُمَّ يَفِيضُ مِنْهَا فَذَلِكَ قَوْلُهُ عَزَّ وَجَلَّ: (ثُمَّ أَفِيضُوا من حَيْثُ أَفَاضَ النَّاس)

2602. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, कुरैश और उन के हम दीन लोग मुज़दल्फा में कयाम किया करते थे, और उन्हें हुम्स कहा जाता था, जबकि बाकी सब अरब अरफा में वुकुफ़ किया करते थे, जब इस्लाम आया तो अल्लाह तआला ने अपने नबी ﷺ को हुक्म फ़रमाया के वह अरफात आए और वहां वुकुफ़ करे और फिर वहां से वापस आए, इसी तरह अल्लाह अज्ज़वजल का फरमान है, "फिर तुम भी वहां से लौटो जहाँ से आम लोग लौटते है"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (4520) و مسلم (151 / 1219)، (2954)

٢٦٠٣ - (ضَعِيف) وَعَن عبَّاسِ بن مِرْداسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دَعَا لِأُمَّتِهِ عَشِيَّةَ عَرَفَةَ بِالْمَغْفِرَةِ فَأُجِيبَ: «إِنِّي قَدْ غَفَرْتُ لَهُمْ مَا خَلَا الْمَظَالِمَ فَإِنِّي آخُذُ لِلْمَظْلُومِ مِنْهُ» . قَالَ: «أَيْ رَبِّ إِنْ شِئْتَ أَعْطَيْتَ الْمَظْلُومَ مِنَ الْجَنَّةِ وَغَفَرْتَ لِلظَّالِمِ» فَلَمْ يُجَبْ عَشِيَّتَهُ فَلَمَّا أَصْبَحَ بِالْمُزْدَلِفَةِ أَعَادَ الدُّعَاءَ فَأُجِيبَ إِلَى مَا سَأَلَ. قَالَ: فَضَحِكَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَوِ قَالَ تبسَّمَ فَقَالَ لَهُ أَبُو بَكْرٍ وَعُمَرُ: بِأَبِي أَنْتَ وَأُمِّي إِنَّ هَذِهِ لَسَاعَةٌ مَا كُنْتَ تَضْحَكُ فِيهَا فَمَا الَّذِي أَضْحَكَكَ أَضْحَكَ اللَّهُ سِنَّكَ؟ قَالَ: «إِنَّ عَدُوَّ اللَّهِ إِبْلِيسَ لَمَّا عَلِمَ أَنَّ اللَّهَ عَزَّ وَجلَّ قَدِ استَجَاب [ص:٨٠ دُعَائِي وَغَفَرَ لأمَّتي أخذَ الترابَ فَجعل يحشوه عَلَى رَأْسِهِ وَيَدْعُو بِالْوَيْلِ وَالثُّبُورِ فَأَضْحَكَنِي مَا رَأَيْتُ مِنْ جَزَعِهِ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ وَرَوَى الْبيهقيُّ فِي كتاب الْبَعْث والنشور نَحوه

2603. अब्बास बिन मिर्दास रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने वुकुफ़ अरफात में अपनी उम्मत की मगफिरत के लिए दुआ फरमाई क़बूलियत का जवाब आया की " मैंने हुकुक अल इबाद के सिवा बाकी सब गुनाह मुआफ़ कर दिए, क्योंकि मैं उस से मज़लूम का हक़ लूँगा", आप ﷺ ने अर्ज़ किया,: "रब जी! अगर आप चाहे तो मज़लूम को जन्नत अता कर दे और ज़ालिम को बख्श दें", लेकिन इस कयाम में आप की दुआ कबूल न हुई, तो जब मुज़दल्फा में सुबह की तो आप ﷺ ने दुआ दोहराई तो आप की दुआ कबूल कर ली गई, रावी बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ हँसे या तबस्सुम फ़रमाया तो अबू बक्र और उमर रदियल्लाहु अन्हुमा ने अर्ज़ किया, मेरे वालिदेन आप पर कुरबान हो यह तो ऐसा वक़्त है के इस वक़्त आप हंसा नहीं करते थे, आप को किस चीज़ ने हंसाया, अल्लाह तआला आप को खुश खुर्रम रखे, आप ﷺ ने फ़रमाया: अल्लाह के दुश्मन इब्लीस को जब पता चला के अल्लाह अज्ज़वजल ने मेरी दुआ कबूल फरमा कर मेरी उम्मत को बख्श दिया है तो वह अपने सर में मिट्टी डालने लगा और तबाही व हलाकत को पुकारने लगा जब मैंने उसकी बे सबरी देखी तो मुझे हंसी गई"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (3013) و البيهقى فى البعث النشور (لم اجده ، و فى شعب الايمان : 346) * عبدالله بن كنانة و ابوه مجهولان و قال البخارى فى هذا الحديث :'' لم يصح حديثه''

بَابٌ الدَّفْعُ مِنْ عَرَفَةَ وَالْمُزْدَلِفَةِ • अरफात और मुजद्ल्फा से वापसी का बयान

الْفَصْلُ الأول • पहली फस्ल

٢٦٠٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ هِشَامِ بْنِ عُرْوَةَ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: سُئِلَ أَسَامَةُ بْنُ زَيْدٍ: كَيْفَ كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَسِيرُ فِي حَجَّةِ الْوَدَاعِ حِينَ دَفَعَ؟ قَالَ: كَانَ يَسِيرُ الْعُنُقَ فَإِذا وجد فجوة نَص

2604. हिश्शाम बिन उरवा अपने वालिद से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: उसामा बिन ज़ैद रदियल्लाहु अन्हुमा से दरियाफ्त किया गया के हज्जतुल वदा के मौके पर वापसी के वक़्त रसूलुल्लाह ﷺ किस तरह चलते थे? उन्होंने ने फ़रमाया: आप बिच रफ़्तार से चलते थे और जब कुशादा जगह जाती तो फिर तेज़ हो जाते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1666) و مسلم (283 / 1286)، (3106)

٢٦٠٥ - (صَحِيح) وَعَن ابنِ عبَّاسٍ أَنَّهُ دَفَعَ مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ عَرَفَةَ فَسَمِعَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَرَاءَهُ زَجْرًا شَدِيدًا وَضَرْبًا لِلْإِبِلِ فَأَشَارَ بِسَوْطِهِ إِلَيْهِمْ وَقَالَ: «يَا أَيُّهَا النَّاسُ عَلَيْكُمْ بِالسَّكِينَةِ فَإِنَّ الْبِرَّ لَيْسَ بِالْإِيضَاعِ» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

2605. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के अरफा के दिन वह नबी ﷺ के साथ वापस हो रहे थे की नबी ﷺ ने अपने पीछे ऊटों को बहोत मारने और डांटने की आवाज़े सुनी तो आप ने अपने कोड़े से उनकी तरफ इरशाद किया और फ़रमाया: “लोगो! सकिनत इख़्तियार करो क्योंकि सवारियों को तेज़ दोड़ाना कोई नेकी नहीं‘‘| (बुखारी)

رواه البخاری (1671)

٢٦٠٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ أَنَّ أُسَامَةَ بْنَ زَيدٍ كَانَ رِدْفَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ عَرَفَةَ إِلَى الْمُزْدَلِفَةِ ثُمَّ أَرْدَفَ الْفَضْلَ مِنَ الْمُزْدَلِفَةِ إِلَى مِنًى فَكِلَاهُمَا قَالَ: لَمْ يَزَلِ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُلَبِّي حَتَّى رَمَى جَمْرَةَ الْعقبَة

2606. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के अरफात से मुज़दल्फा तक उसामा बिन ज़ैद रदियल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ के पीछे बैठें थे, फिर आप ने मुज़दल्फा से मीना तक फ़ज़्ल बिन अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा को अपने पीछे बैठा लिया, इन दोनों ने बयान किया है की नबी ﷺ जमराह अक्बिह को कंकरिया मारने तक तल्बिया पुकारते रहे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1686) و مسلم (266 / 1280128)، (3087)

٢٦٠٧ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: جَمَعَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْمَغْرِبَ وَالْعِشَاءَ [ص:٨٠ بِجَمْعٍ كُلَّ وَاحِدَةٍ مِنْهُمَا بِإِقَامَةٍ وَلَمْ يُسَبِّحْ بَيْنَهُمَا وَلَا عَلَى إِثْرِ كُلِّ وَاحِدَةٍ مِنْهُمَا. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

2607. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, नबी ﷺ ने मगरिब व ईशा की नमाज़े मुज़दल्फा में इकट्ठी पढ़ी और हर नमाज़ के लिए इकामत कही, आप ने ना इन दोनों नमाज़ो के दरमियान कोई नफ्ल नमाज़ पढ़ी न उनमें से किसी के बाद| (बुखारी)

رواه البخاری (1673)

٢٦٠٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: مَا رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صَلَّى صَلَاةً إِلَّا لِمِيقَاتِهَا إِلَّا صَلَاتَيْنِ: صَلَاةَ الْمَغْرِبِ وَالْعِشَاءِ بِجَمْعٍ وَصَلَّى الْفَجْرَ يومئِذٍ قبلَ ميقاتها

2608. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को मुज़दल्फा में दो नमाज़ो नमाज़े मग़रिब और ईशा को जमा करने और इसी रोज़ नमाज़े फज्र को उस के वक़्त से पहले पढ़ने के सिवा हमेशा नमाज़ो को उन के अवकात में पढ़ते हुए देखा| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1683) و مسلم (292 / 1289)، (3116)

٢٦٠٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: أَنَا مِمَّنْ قَدَّمَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَيْلَةَ الْمزْدَلِفَة فِي ضعفة أَهله

2609. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैं भी उन लोगों में से हूँ जिन्हें नबी ﷺ ने मुज़दल्फा की रात अपने अहले खाना के जईफ लोगों के साथ पहले (मीना) रवाना कर दिया था| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (1678) و مسلم (301 / 1293)، (3127)

٢٦١٠ - (صَحِيح) وَعَن الفضلِ بن عبَّاسٍ وَكَانَ رَدِيفَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ قَالَ فِي عَشِيَّةِ عَرَفَةَ وَغَدَاةِ جَمْعٍ لِلنَّاسِ حِينَ دَفَعُوا: «عَلَيْكُمْ بِالسَّكِينَةِ» وَهُوَ كَافٌّ نَاقَتَهُ حَتَّى دَخَلَ مُحَسِّرًا وَهُوَ مِنْ مِنًى قَالَ: «عَلَيْكُمْ بِحَصَى الْخَذْفِ الَّذِي يُرْمَى بِهِ الْجَمْرَةَ» . وَقَالَ: لَمْ يَزَلْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُلَبِّي حَتَّى رَمَى الْجَمْرَةَ. رَوَاهُ مُسلم

2610. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा फ़ज़ल बिन अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत करते हैं, के वह नबी ﷺ के पीछे सवारी पर सवार थे की आप ﷺ ने अरफा की शाम और मुज़दल्फा की सुबह लोगों से, जबकि वह वापस आ रहे थे फ़रमाया: “आराम से आओ”, जबकि आप अपने ऊंटनी को (तेज़ चलने से) रोक रहे थे हत्ता के आप वादी मुहस्सिर में दाखिल हो गए जो के मीना के करीब है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जमरह की रमी करने के लिए छोटी छोटी कंकरिया ले लो”, रावी बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ जमराह को कंकरिया मारने तक तल्बिया पुकारते रहे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (268 / 1282)، (3089)

٢٦١١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: أَفَاضَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ جَمْعٍ وَعَلَيْهِ السَّكِينَةُ وَأَمَرَهُمْ بِالسَّكِينَةِ وَأَوْضَعَ فِي وَادِي مُحَسِّرٍ وَأَمَرَهُمْ أَنْ يَرْمُوا بِمِثْلِ حَصَى الْخَذْفِ وَقَالَ: «لَعَلِّي لَا أَرَاكُمْ بَعْدَ عَامِي هَذَا» . لَمْ أَجِدْ هَذَا الْحَدِيثَ فِي الصَّحِيحَيْنِ إِلَّا فِي جَامِعِ التِّرْمِذِيِّ مَعَ تقديمٍ وَتَأْخِير

2611. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ मुज़दल्फा से वापस तशरीफ़ लाए तो आप ﷺ पुरसुकून व इत्मीनान था, और आप ने सहाबा को भी आराम से चलने का हुक्म फ़रमाया, जबकि वादी मुहस्सिर में आप तेज़ चले और उन्हें हुक्म फ़रमाया के ऊँगली पर रख कर मारी जाने वाली कंकरी के बराबर कंकरिया मारो, और फ़रमाया: “शायद इस साल के बाद में तुम्हें न देख सकू”, मैंने यह हदीस तकदिम ताखीर के साथ जामेअ तिरमिज़ी के अलावा सहीहैन में नहीं पाई| (सहीह)

صحیح ، رواہ الترمذی (886 و قال : حسن صحیح) [و ابوداؤد (1944) و النسائی (5 / 258 ح 3024) و انظر ابن ماجه (3023)] * و للحدیث شواھد وھو بھا صحیح

بَابُ الدَّفْعِ مِنْ عَرَفَةَ وَالْمُزْدَلِفَةِ • अरफात और मुजदल्फा से वापसी का बयान

الْفَصْلُ الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٦١٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن محمّدِ بنِ قيسِ بن مَخْرمةَ قَالَ: خَطَبَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «إِنَّ أَهْلَ الْجَاهِلِيَّةِ كَانُوا يَدْفَعُونَ مِنْ عَرَفَةَ حِينَ تَكُونُ الشَّمْسُ كَأَنَّهَا عَمَائِمُ الرِّجَالِ فِي وُجُوهِهِمْ قَبْلَ أَنْ تَغْرُبَ وَمِنَ الْمُزْدَلِفَةِ بَعْدَ أَنْ تَطْلُعَ الشَّمْسُ حِينَ تَكُونُ كَأَنَّهَا عَمَائِمُ الرِّجَالِ فِي وُجُوهِهِمْ. وَإِنَّا لَا نَدْفَعُ مِنْ عَرَفَةَ حَتَّى تَغْرُبَ الشَّمْسُ وَنَدْفَعُ مِنَ الْمُزْدَلِفَةِ قَبْلَ أَنْ تَطْلُعَ الشَّمْسُ هَدْيُنَا مُخَالِفٌ لِهَدْيِ عَبَدَةِ الْأَوْثَانِ وَالشِّرْكِ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شعب الْإِيمَان وَقَالَ فِيهِ: خَطَبنَا وَسَاقه بِنَحْوِهِ

2612. मुहम्मद बिन कैस बिन मखरम बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने खुत्बा इरशाद फ़रमाया तो फ़रमाया: “अहल ए जाहिलियत अरफात से इस वक़्त लौटा करते थे जब सूरज गुरूब होने से पहले इस तरह हो जैसे आदमियों की पगढ़िया उन के चेहरो पर हो, और मुज़दल्फा से तुलुए आफ़ताब के बाद जैसे आदमियों की पगढ़िया उन के चेहरो पर हो, जबकि हम गुरूब ए आफ़ताब के बाद अरफात से लौटते है और तुलुअ ए आफ़ताब से पहले मुज़दल्फा से वापस आते है, हमारा तरीका बुतों के पुजारियों और मुशरिको के तरीके से मुख्तलिफ है”| बयहकी और फ़रमाया हमें खुत्बा इरशाद फ़रमाया और बाकी हदीस वैसे ही बयान की जईफ| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه [البيهقى فى السنن الكبرى 5 / 125) و الحاكم (3 / 523) و صححه و وافقه الذهبى] * السند مرسل و رواه شعبة عن ابن جريج عن محمد بن قيس بن مخرمة عن مسور بن مخرمة به نحو المعنى و سنده ضعيف ، ابن جريج مدلس و عنعن

٢٦١٣ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَدَّمَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَيْلَةَ الْمُزْدَلِفَةِ أُغَيْلِمَةَ بَنِي عَبْدِ الْمُطَّلِبِ عَلَى حُمُرَاتٍ فَجَعَلَ يَلْطَحُ أَفْخَاذَنَا وَيَقُولُ: «أُبَيْنِيَّ لَا تَرْمُوا الْجَمْرَةَ حَتَّى تَطْلُعَ الشَّمْسُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَه

2613. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें मुज़दल्फा की रात बनूअब्दुल मूत्तलीब के बच्चो के हमराह गधो पर बिठाकर पहले ही रवाना कर दिया था, और आप ﷺ प्यार से हमारी रानो पर मार रहे थे और फरमा रहे थे: “मेरे प्यारे बच्चो जब तक सूरज तुलुअ न हो जाए जमराह को कंकरिया न मारना”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداو7د (1940) و النسائى (5 / 270271 ح 3066) و ابن ماجه (3025) * الحسن العرنى ثقة ارسل عن ابن عباس و البعض الحديث شواهد ، بعضها حسنة عند الطحاوى (مشكل الآثار 9 / 119 ح 3494) و غيره

٢٦١٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عَائِشَة قَالَتْ: أَرْسَلَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِأُمِّ سَلَمَةَ ليلةَ النَّحْر فرمت [ص:٨٠

الجمرةَ قبلَ الْفَجْرِ ثُمَّ مَضَتْ فَأَفَاضَتْ وَكَانَ ذَلِكَ الْيَوْمُ الْيَوْمَ الَّذِي يَكُونَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عِنْدهَا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

2614. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा को कुर्बानी की रात ही भेज दिया था, उन्होंने फज्र से पहले ही जमराह को कंकरिया मार ली थी, फिर वह (मीना से) चली गई और तवाफ़ ए इफादा किया और यह वह दिन था जिस दिन रसूलुल्लाह ﷺ उन के वहां थे| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1942)

٢٦١٥ - وَعَن ابنِ عبَّاسٍ، قَالَ: يُلَبِّي المقيمُ أَوِ المعتَمِرُ حَتَّى يستلمَ الْحَجَرَ) . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَقَالَ: وَرُوِيَ مَوْقُوفًا على ابنِ عبَّاس.

2615. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मुकीम (मक्के का रहने वाला) या उमरा करने वाला हजरे असवद के इस्तिलाम तक तल्बिया पुकारता रहता था| अबू दावुद, और फ़रमाया और यह अब्दुल्लाह बिन अब्बास रदियल्लाहु अन्हु पर मौकूफ रिवायत की गई है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (1817) [و الترمذی (919) و صححه] * فيه محمد بن عبد الرحمن بن ابی لیلی ، قال البيهقی :'' رفعه خطا وكان ابن ابی لیلی هذا كثير الوهم و خاصة اذا روى عن عطا فيخطى كثيرًا ، ضعفه اهل النقل مع كبر محله''

بَابٌ الدَّفْعُ مِنْ عَرَفَةَ وَالْمُزْدَلِفَةِ • अरफात और मुजदल्फा से वापसी का बयान

الْفَصْلُ الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٦١٦ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ يَعْقُوبَ بْنِ عَاصِمِ بْنِ عُرْوَةَ أَنَّهُ سمع الشَّرِيدَ يَقُولُ: أَفَضْتُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَمَا مَسَّتْ قَدَمَاهُ الْأَرْضَ حَتَّى أَتَى جمْعاً. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2616. याकूब बिन आसिम बिन उरवा से रिवायत है के उन्होंने शरीद रदियल्लाहु अन्हु को बयान करते हुए सुना की मैं अरफात से मुज़दल्फा तक रसूलुल्लाह ﷺ के साथ वापस आया तो मुज़दल्फा पहुँचने तक आप के कदम मुबारक ज़मीन पर नहीं लगे| (यानी आप ﷺ सवारी पर आए) | (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1925 ب و تحفة الاشراف : 4842) و احمد (4 / 389 ح 19694)

٢٦١٧ - (صَحِيح) وَعَن ابنِ شهابٍ قَالَ: أَخْبَرَنِي سَالِمٌ أَنَّ الْحَجَّاجَ بْنَ يُوسُفَ عَامَ نَزَلَ بِابْنِ الزُّبَيْرِ سَأَلَ عَبْدَ اللَّهِ: كَيْفَ

نَصْنَعُ فِي الْمَوْقِفِ يَوْمَ عَرَفَةَ؟ فَقَالَ سَالِمٌ إِنْ كُنْتَ تُرِيدُ السُّنَّةَ فَهَجِّرْ بِالصَّلَاةِ يَوْمَ عَرَفَةَ فَقَالَ عَبْدُ اللَّهِ بْنُ عُمَرَ: صَدَقَ إِنَّهُمْ كَانُوا يَجْمَعُونَ بَيْنَ الظُّهْرِ وَالْعَصْرِ فِي السُّنَّةِ فَقُلْتُ لِسَالِمٍ: أَفَعَلَ ذَلِكَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ فَقَالَ سَالِمٌ: وَهل يتَّبعونَ فِي ذلكَ إلا سنَّته؟ رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2617. इब्ने शिहाब बयान करते हैं, सालिम ने मुझे बताया की जिस साल हज्जाज बिन युसुफ़, इब्ने जुबैर के मद्दे मुक़ाबिल आया तो उस ने अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से मसअला दरियाफ्त किया, हम अरफा के दिन वुकुफ़ में (नमाज़ो का) क्या करूँ? सालिम ने कहा: अगर तुम सुन्नत की इत्तेबा करना चाहते हो तो फिर अरफा के दिन नमाज़ को जल्दी पढ़ो, अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा ने फ़रमाया उस ने सच कहा है, वह जुहर व असर को सुन्नत के मुताबिक़ ही जमा किया करते थे, मैंने सालिम से पूछा क्या रसूलुल्लाह ﷺ ने ऐसे किया? तो सालिम ने कहा, वह (सहाबा रदियल्लाहु अन्हुम) आप ﷺ की सुन्नत ही की इत्तेबा करते हैं| (बुखारी)

رواه البخارى (1662)

باب رمي الْجمار • कंकरिया मारने का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٢٦١٨ - (صَحِيح) عَن جَابر قَالَ: رَأَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَرْمِي عَلَى رَاحِلَتِهِ يَوْمَ النَّحْرِ وَيَقُولُ: «لِتَأْخُذُوا مَنَاسِكَكُمْ فَإِنِّي لَا أَدْرِي لَعَلِّي لَا أَحُجُّ بعد حجتي هَذِه» . رَوَاهُ مُسلم

2518. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने कुर्बानी के दिन नबी ﷺ को अपनी सवारी पर बैठे हुए कंकरिया मारते देखा, आप ﷺ फरमा रहे थे: "तुम अपने हज के तरीके सिख लो, क्योंकि मैं नहीं जानता के शायद में अपने इस हज के बाद हज न कर सकू"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (310 / 1297)، (3137)

٢٦١٩ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَمَى الْجَمْرَةَ بِمِثْلِ حَصَى الْخَذْفِ. رَوَاهُ مُسلم

2619. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को चुटकी में लेकर चलाई जाने वाली कंकरी के बराबर कंकरिया मारते हुए देखा| (मुस्लिम)

رواه مسلم (313 / 1299)، (3140)

٢٦٢٠ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: رَمَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْجَمْرَةَ يَوْمَ النَّحْرِ ضُحًى وَأَمَّا بَعْدَ ذَلِكَ فَإِذَا زَالَتِ الشَّمْسُ

2620. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने कुर्बानी के दिन चाश्त के वक़्त कंकरिया मारी जबकि उस के बाद सूरज ढल जाने के बाद मारी| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (الحج باب 134 قبل ح 1746 تعلیقًا عن جابر رضی اللہ عنہ) و مسلم (314 / 1300)، (3141)

٢٦٢١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ: أَنَّهُ انْتَهَى إِلَى الْجَمْرَةِ الْكُبْرَى فَجَعَلَ الْبَيْتَ عَنْ يَسَارِهِ وَمِنًى عَنْ يَمِينِهِ وَرَمَى بِسَبْعِ حَصَيَاتٍ يُكَبِّرُ مَعَ كُلِّ حَصَاةٍ ثُمَّ قَالَ: هَكَذَا رَمَى الَّذِي أُنْزِلَتْ عَلَيْهِ سُورَةُ الْبَقَرَةِ

2621. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के वह जमराह कुबरा (बड़े शैतान) के पास पहुंचे, बैतुल्लाह को अपने दाएँ जानिब और मीना को अपने बाएँ जानिब रखा और सात कंकरिया मारी, वह हर कंकरी के साथ (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते थे फिर उन्होंने ने फ़रमाया: जिस ज़ाते अकदस पर सुरह बकरह नाज़िल हुई थी उन्होंने भी इसी तरह कंकरिया मारी थी| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (1747) و مسلم (305309 / 1296)، (3131 و 3136)

٢٦٢٢ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الِاسْتِجْمَارُ تَوٌّ وَرَمْيُ الْجِمَارِ تَوٌّ وَالسَّعْيُ بَيْنَ الصَّفَا وَالْمَرْوَةِ تَوٌّ وَالطَّوَافُ تَوٌّ وَإِذَا اسْتَجْمَرَ أَحَدُكُمْ فَلْيَسْتَجْمِرْ بِتَوٍّ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2622. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इस्तेंजा के लिए ढेले इस्तेमाल करने की तादाद ताक है, कंकरिया मारना ताक है, सफा मरवा के दरमियान सई ताक है, और तवाफ़ ताक है, जब तुम में से कोई इस्तिंजा के लिए ढेले इस्तेमाल करे तो वह ताक अदद में ढेले इस्तेमाल करे”| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (315 / 1300)، (3143)

بَاب رمي الْجمار • कंकरिया मारने का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٦٢٣ - (صَحِيح) عَنْ قُدَامَةَ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمَّارٍ قَالَ: رَأَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَرْمِي الْجَمْرَةَ يَوْمَ النَّحْرِ عَلَى نَاقَةٍ صَهْبَاءَ لَيْسَ ضَرْبٌ وَلَا طَرْدٌ وَلَيْسَ قِيلُ: إِلَيْكَ إِلَيْك. رَوَاهُ الشَّافِعِيُّ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ

2623. क़ुदामा बिन अब्दुल्लाह बिन अम्मार रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को क़ुर्बानी के दिन अपने सुरखी माइल सफ़ेद ऊंटनी पर बैठ कर कंकरिया मारते हुए देखा, वहां ना किसी को रोका जा रहा था न हटाया जा रहा था और ना ही यह कहा जा रहा था के हट जाओ! हट जाओ!| (हसन)

حسن ، تقدم : 2583 ، رواه الشافعی فی الام (2 / 213) و الترمذی (903 و قال : حسن صحیح) و النسائی (5 / 270 ح 3063) و ابن ماجه (3035) و الدارمی (2 / 62 ح 1907)

٢٦٢٤ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَائِشَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّمَا جُعِلَ رَمْيُ الْجِمَارِ وَالسَّعْيُ بَيْنَ الصَّفَا وَالْمَرْوَةِ لِإِقَامَةِ ذِكْرِ اللَّهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالدَّارِمِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ

2624. आइशा रदियल्लाहु अन्हा नबी ﷺ से रिवायत करती हैं आप ﷺ ने फ़रमाया: “कंकरिया मारना और सफा मरवा के दरमियान सई करना अल्लाह का ज़िक्र काइम करने के लिए मुकर्रर किया गया है”| तिरमिज़ी, दारमी और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (902) و الدارمی (2 / 50 ح 1860)

٢٦٢٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهَا قَالَتْ: قُلْنَا: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَلَا نَبْنِي لَكَ بِنَاءً يُظِلُّكَ بِمِنًى؟ قَالَ: «لَا مِنًى مُنَاخُ مَنْ سَبَقَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَه والدارمي

2625. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, हमने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! क्या हम (सहाबा की जमात) आप के साया के लिए मीना में कोई कमरे (साइबान) न बना दे? आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं? मीना पहले पहुँच जाने वाले के लिए ऊंट बिठाने की जगह है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (881 و قال : حسن صحیح) و ابن ماجه (2006) [و ابوداؤد (2019) و الدارمی (2 / 73 ح 1943) و صححه الحاکم (1 / 467) علی شرط مسلم و وافقه الذهبی]

بَاب رمي الْجمار • कंकरिया मारने का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٦٢٦ - (صَحِيح) عَنْ نَافِعٍ قَالَ: إِنَّ ابْنَ عُمَرَ كَانَ يَقِفُ عِنْدَ الْجَمْرَتَيْنِ الْأُولَيَيْنِ وُقُوفًا طَوِيلًا يُكَبِّرُ اللَّهَ وَيُسَبِّحُهُ وَيَحْمَدُهُ وَيَدْعُو اللَّهَ وَلَا يَقِفُ عِنْدَ جمرَةِ العقبة. رَوَاهُ مَالك

2626. नाफेअ रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, कि अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा पहले दो जमरो के पास बहोत देर तक ठहरते, अल्लाह की किब्रियाई बयान करते, उसकी तस्बीह व तहमिद बयान करते और अल्लाह से दुआए करते लेकिन वह जमराह अक्बिह (बड़े शैतान) के पास खड़े नहीं होते थे| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه مالک (1 / 407 ح 939)

بَاب الْهَدْي • कुर्बानी का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٢٦٢٧ - (صَحِيح) عَن ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: صَلَّى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِذِي الْحُلَيْفَةِ ثُمَّ دَعَا بِنَاقَتِهِ فَأَشْعَرَهَا فِي صَفْحَةِ سَنَامِهَا الْأَيْمَنِ وَسَلَّتَ الدَّمَ عَنْهَا وَقَلَّدَهَا نَعْلَيْنِ ثُمَّ رَكِبَ رَاحِلَتَهُ فَلَمَّا اسْتَوَتْ بِهِ على الْبَيْدَاء أهل بِالْحَجِّ. رَوَاهُ مُسلم

2627. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने नमाज़ ए ज़ुहर ज़ुल हलिफा के मक़ाम पर अदा की, फिर आप ने अपनी ऊंटनी मंगवाई, आप ने उसकी कोहान के दाएँ पहलु पर हल्का सा जख्म लगाया, वहां से खून बहने लगा, आप ने वह खून साफ़ कर दिया और उसकी गर्दन में दो जूते डाल दिए, फिर आप अपने सवारी पर सवार हो गए, जब वह बैदा में आप को लेकर सीधी खड़ी हो गई तो आप ने हज के लिए तल्बिया पुकारा| (मुस्लिम)

رواه مسلم (205 / 1243)، (3016)

٢٦٢٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: أَهْدَى النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مرّة إِلَى الْبَيْت غنما فقلدها

2628. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, नबी ﷺ ने एक मर्तबा चंद बकरिया बतौर कुर्बानी, बैतुल्लाह भिजवाई तो आप ﷺ ने उन्हें कलादह (हार वगैरा) पहनाया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1701) و مسلم (367 / 1321)، (3203)

٢٦٢٩ - (صَحِيح) وَعَن جَابر قَالَ: ذَبَحَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ عَائِشَةَ بَقَرَةً يَوْمَ النَّحْرِ. رَوَاهُ مُسلم

2629. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने आइशा रदियल्लाहु अन्हा की तरफ से कुर्बानी के रोज़ एक गाय जिबह की| (मुस्लिम)

رواه مسلم (356 / 1319)، (3191)

٢٦٣٠ - (صَحِيح) وَعنهُ قَالَ: نَحَرَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ نِسَائِهِ بَقَرَةً فِي حَجَّتِهِ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2630. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने अपने हज के मौके पर अपने अज़वाज ए मूतहरात की तरफ से एक गाय जिबह की| (मुस्लिम)

رواه مسلم (357 / 1319)، (3192)

٢٦٣١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: فَتَلْتُ قَلَائِدَ بُدْنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِيَدَيَّ ثُمَّ قَلَّدَهَا وَأَشْعَرَهَا وَأَهْدَاهَا فَمَا حَرُم عَلَيْهِ كانَ أُحِلَّ لَهُ

2631. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने नबी ﷺ के कुर्बानी के ऊटों के कलादे खुद अपने हाथो से बूटे, फिर आप ने उन्हें कलादे पहनाए उनका शिआर किया और उन्हें कुर्बानी के लिए भेजा और जो चीज़ आप के लिए हलाल की गई वह आप ﷺ पर हराम नहीं हुई थी| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1696) و مسلم (362 / 1321)، (3198)

٢٦٣٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهَا قَالَتْ: فَتَلْتُ قَلَائِدَهَا مِنْ عِهْنٍ كَانَ عِنْدِي ثُمَّ بَعَثَ بِهَا مَعَ أَبِي

2632. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने उन के कलादे, उन से तैयार किए जो के मेरे पास मौजूद थी, फिर आप ﷺ ने उन्हें मेरे वालिद के साथ बैतुल्लाह रवाना किया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1705) و مسلم (364 / 1321)، (3200)

٢٦٣٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَأَى رَجُلًا يَسُوقُ بَدَنَةً فَقَالَ: «ارْكَبْهَا» . فَقَالَ: إِنَّهَا بَدَنَةٌ. قَالَ: «ارْكَبْهَا» . فَقَالَ: إِنَّهَا بَدَنَةٌ. قَالَ: «ارْكَبْهَا وَيلك» فِي الثَّانِيَة أَو الثَّالِثَة

2633. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने एक आदमी को कुर्बानी का ऊंट हांकते हुए देखा तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस पर सवार हो जा”, उस ने अर्ज़ किया, यह तो कुर्बानी का ऊंट है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस पर सवार हो जा”, उस ने अर्ज़ किया, यह तो कुर्बानी का ऊंट है, आप ﷺ ने दूसरी या तीसरी मर्तबा फ़रमाया: “तुझ पर अफ़सोस हो उस पर सवार हो जा ”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1689) و مسلم (371 / 1322)، (3208)

٢٦٣٤ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي الزُّبَيْرِ قَالَ: سَمِعْتُ جَابِرَ بْنَ عبدِ اللَّه سُئِلَ عَنْ رُكُوبِ الْهَدْيِ فَقَالَ: سَمِعْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «ارْكَبْهَا بِالْمَعْرُوفِ إِذَا أُلْجِئْتَ إِلَيْهَا حَتَّى تَجِدَ ظَهْرًا» . رَوَاهُ مُسلم

2634. अबू जुबैर बयान करते हैं, मैंने जाबिर बिन अब्दुल्लाह रदियल्लाहु अन्हु से सुना, उन से कुर्बानी के ऊंट पर सवारी के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, मैंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जब तू उस पर सवारी करने पर मजबूर हो जाए तो फिर सवारी मिलने तक भले तरीके से उस पर सवारी कर”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (375 / 1324)، (3214)

٢٦٣٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: بَعَثَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سِتَّةَ عَشَرَ بَدَنَةً مَعَ رَجُلٍ وَأَمَّرَهُ فِيهَا. فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ كَيْفَ أَصْنَعُ بِمَا أُبْدِعَ عَلَيَّ مِنْهَا؟ قَالَ: «انْحَرْهَا ثُمَّ اصْبُغْ نَعْلَيْهَا فِي دَمِهَا ثُمَّ اجْعَلْهَا عَلَى صَفْحَتِهَا وَلَا تَأْكُلْ مِنْهَا أَنْتَ وَلَا أَحَدٌ مِنْ أهل رفقتك» . رَوَاهُ مُسلم

2635. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने एक आदमी के साथ कुर्बानी के सोलह ऊंट भेजे और इसे इन पर अमीर मुकर्रर किया, तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! अगर उनमें से कोई चलने से आजिज़ आजाए तो फिर मैं क्या करू? आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे नहर कर देना और इस के कलादे के जूते उस के खून में रंग कर उस के पहलु पर निशान लगा देना और उस में से तुम और तुम्हारे साथी न खाए”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (377 / 1325)، (3216)

٢٦٣٦ - (صَحِيح) وَعَن جابرٍ قَالَ: نحَرْنا مَعَ رَسولِ اللَّهِ عَامَ الْحُدَيْبِيَةِ الْبَدَنَةَ عَنْ سَبْعَةٍ وَالْبَقَرَةَ عَنْ سَبْعَة. رَوَاهُ مُسلم

2636. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हमने हुदैबिया के साल रसूलुल्लाह ﷺ के साथ ऊंट और गाय को सात सात आदमियों की तरफ से बतौर क़ुरबानी नहर किया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (350 / 1317)، (3185)

٢٦٣٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن ابنِ عمَرَ: أَنَّهُ أَتَى عَلَى رَجُلٍ قَدْ أَنَاخَ بِدَنَتَهُ يَنْحَرُهَا قَالَ: ابْعَثْهَا قِيَامًا مُقَيَّدَةً سُنَّةَ مُحَمَّدٍ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ

2637. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के वह एक आदमी के पास आए जो अपने कुर्बानी के ऊंट को बिठाकर नहर कर रहा था तो उन्होंने इसे फ़रमाया: “मुहम्मद ﷺ की सुन्नत के मुताबिक इसे खड़ा करो और उसकी टांग को बांधो (फिर नहर करो)| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1713) ، و مسلم (358 / 1320)، (3193)

٢٦٣٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: أَمَرَنِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ أَقُومَ عَلَى بُدْنِهِ وَأَنْ أَتَصَدَّقَ بِلَحْمِهَا وَجُلُودِهَا وَأَجِلَّتِهَا وَأَنْ لَا أُعْطِيَ الْجَزَّارَ مِنْهَا قَالَ: «نَحْنُ نُعْطِيهِ مِنْ عِنْدِنَا»

2638. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे हुक्म फ़रमाया की मैं आप ﷺ के कुर्बानी के ऊटों की निगरानी करू और उनकी लगामो, चमड़ो और पालानो को सदका कर दू और कसाब को उस में से कुछ न दू, फ़रमाया: “हम इसे अपने पास से देंगे”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخارى (1717) و مسلم (348 / 1317)، (3180)

٢٦٣٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن جابرٍ قَالَ: كُنَّا لَا نَأْكُلُ مِنْ لُحُومِ بُدْنِنَا فَوْقَ ثَلَاثٍ فَرَخَّصَ لَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «كُلُوا وَتَزَوَّدُوا» . فَأَكَلْنَا وتزودنا

2639. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम अपने कुर्बानी के ऊटों का गोश्त तीन दिन से इज़ाफ़ी (ज़्यादा) नहीं खाया करते थे, फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें रुखसत दी तो फ़रमाया: “खाओ और रसद (माल सामान) के तौर पर साथ भी ले जाओ”, पस हमने खाया और रसद (माल सामान) के तौर पर साथ भी लाए| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخارى (1719) و مسلم (30 / 1972)، (5105)

बَاب الْهَدْي • कुर्बानी का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٦٤٠ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَهْدَى عَامَ الْحُدَيْبِيَةِ فِي هَدَايَا رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ جَمَلًا كَانَ لِأَبِي جَهْلٍ فِي رَأْسِهِ بُرَةٌ مِنْ فِضَّةٍ وَفِي رِوَايَةٍ مِنْ ذَهَبٍ يَغِيظُ بِذَلِكَ الْمُشْرِكِين. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2640. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा रिवायत करते हैं की नबी ﷺ ने हुदैबिया के साल कुर्बानी के जानवर भेजे, रसूलुल्लाह ﷺ के कुर्बानी के जानवरों में अबू जहल का ऊंट भी था जिस की नाक में चाँदी का और एक दूसरी रिवायत में है की सोने का एक कड़ा था| आप ﷺ उस से मुशरिकीन को गुस्से दिलाना चाहते थे| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1749) [و احمد 1 / 261]

٢٦٤١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ نَاجِيَةَ الْخُزَاعِيِّ قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ كَيْفَ أَصْنَعُ بِمَا عَطِبَ مِنَ الْبُدْنِ؟ قَالَ: «انْحَرْهَا

ثُمَّ اغْمِسْ نَعْلَهَا فِي دَمِهَا ثُمَّ خَلِّ بَيْنَ النَّاسِ وَبَيْنَهَا فَيَأْكُلُونَهَا» . رَوَاهُ مَالك وَالتِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

2641. नाजिय खुजाई रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! कुर्बानी के ऊटों में से कोई चलने से आजिज़ आजाए तो क्या करू? आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे नहर कर देना फिर इस (के कलादे) के जूते उस के खून में डुबो देना (और उस के पहलु पर निशान लगा देना) फिर इसे लोगों के लिए छोड़ देना ताकि वह इसे खा लें”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه مالک (1 / 380 ح 873) و الترمذی (910 و قال : حسن صحیح) و ابن ماجه (3106)

٢٦٤٢ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ أَبُو دَاوُد والدارمي عَن نَاجِية الْأَسْلَمِيّ

2642. अबू दावुद और दारमी ने इसे नाजिय असलमी से रिवायत किया है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (1762) و الدارمی (2 / 65 ح 1915)

٢٦٤٣ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ قُرْطٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم قَالَ: «إِنَّ أَعْظَمَ الْأَيَّامِ عِنْدَ اللَّهِ يَوْمُ النَّحْرِ ثُمَّ يَوْمُ الْقَرِّ» . قَالَ ثَوْرٌ: وَهُوَ الْيَوْمُ الثَّانِي. قَالَ: وَقُرِّبَ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم بَدَنَاتٌ خَمْسٌ أَوْ سِتٌّ فطفِقْن يَزْدَلِفْنَ إِليهِ بأيتهِنَّ يبدأُ قَالَ: فَلَمَّا وَجَبَتْ جُنُوبُهَا. قَالَ فَتَكَلَّمَ بِكَلِمَةٍ خَفِيَّةٍ لَمْ أَفْهَمْهَا فَقُلْتُ: مَا قَالَ؟ قَالَ: «مَنْ شَاءَ اقْتَطَعَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ»» وَذَكَرَ حَدِيثَا ابنِ عبَّاسٍ وجابرٍ فِي بَاب الْأُضْحِية

2643. अब्दुल्लाह बिन कुरती रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह के नज़दीक सबसे अज़ीम दिन कुर्बानी का दिन है, फिर (मीना में) करार पकड़ने (ग्यारह ज़िल हिज्जा) का दिन है”, सौरन रहिमहुल्लाह ने फ़रमाया: उस से कुर्बानी का दूसरा दिन मुराद है, रावी बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के पास पांच या छे कुर्बानी के ऊंट पेश किए गए, वह आप ﷺ के करीब होने लगे के आप किस से इब्तिदा फरमाइएगे, रावी बयान करते हैं, जब वह पहलु के बल गिर पड़ी तो आप ने कोई हलकी सी बात की जिसे में समझ न सका, तो मैंने (अपने पास वाले शख़्स से) कहा आप ने क्या फ़रमाया है? उस ने कहा, आप ﷺ ने फ़रमाया है “ जो शख़्स चाहे उस से गोश्त काट कर ले जाए”| अबू दावुद, अब्दुल्लाह बिन अब्बास रदियल्लाहु अन्हु और जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से मरवी हदीस बाब अल दहियत में ज़िक्र की गई है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (1765) 0 حديث ابن عباس تقدم (1469) و حديث جابر تقدم (1458)

بَاب الْهَدْيِ • कुर्बानी का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٦٤٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ سَلَمَةَ بْنِ الْأَكْوَعِ قَالَ: قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ «مَنْ ضَحَّى مِنْكُمْ فَلَا يُصْبِحَنَّ بَعْدَ ثَالِثَةٍ وَفِي بَيْتِهِ مِنْهُ شَيْءٌ» . فَلَمَّا كَانَ الْعَامُ الْمُقْبِلُ قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ نَفْعَلُ كَمَا فَعَلْنَا الْعَامَ الْمَاضِي؟ قَالَ: «كُلُوا وَأَطْعِمُوا وَادَّخِرُوا فَإِنَّ ذَلِكَ الْعَامَ كَانَ بِالنَّاسِ جَهْدٌ فَأَرَدْتُ أَنْ تُعِينُوا فِيهِمْ»

2644. सलमा बिन अकवा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने फ़रमाया: "तुम में से जिस ने कुर्बानी की है, तीसरे दिन के बाद (यानी चोथे रोज़) उस के घर में कुर्बानी का गोश्त नहीं होना चाहिए", जब आइन्दा साल आया तो सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! जिस तरह हमने पिछले साल किया था क्या इस साल भी हम वैसे ही करें? आप ﷺ ने फ़रमाया: "खाओ खिलाओ और ज़खीरा भी करो, क्योंकि गुज़िश्ता साल लोग कहत साली की वजह से तकलीफ में थे इसलिए मैंने इरादा किया के तुम उनकी इआनत करो"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5569) و مسلم (34 / 1974)، (5109)

٢٦٤٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ نُبَيْشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم: [ص:٨١] «إِن كُنَّا نهينا عَنْ لُحُومِهَا أَنْ تَأْكُلُوهَا فَوْقَ ثَلَاثٍ لِكَيْ تَسَعْكُم. جاءَ اللَّهُ بالسَّعَةِ فكُلوا وادَّخِرُوا وأْتَجِروا. أَلَا وَإِنَّ هَذِهِ الْأَيَّامَ أَيَّامُ أَكْلٍ وَشُرْبٍ وذِكْرِ اللَّهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2645. नुबैश रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: हमने तुम्हें मना किया था के कुर्बानी का गोश्त तीन दिन से इज़ाफ़ी (ज़्यादा) नहीं खाना ताकि तुम्हें कशाईश और खुशहाली मिल जाए, अब अल्लाह तआला ने तुम्हें खुशहाली अता कर दी है तो खाओ ज़खीरा करो और (सदका कर के) अज़्र पाओ, और सुन लो! यह अय्याम खाने पीने और अल्लाह तआला का ज़िक्र करने के है"| (सहीह)

صحیح ، رواه ابوداؤد (2813)

بَاب الْحلق • सर मुंडवाने का बयान

الْفَصْلُ الأول • पहली फस्ल

٢٦٤٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عُمَرَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَلَقَ رَأْسَهُ فِي حَجَّةِ الْوَدَاعِ وَأُنَاسٌ مِنْ أَصْحَابِهِ وَقَصَّرَ بَعْضُهُمْ

2646. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने हज्जतुल वदा के मौके पर अपना सर मुंडाया, और आप ﷺ के बाज़ सहाबा ने भी सर मुंडाया और उनमें से बाज़ ने बाल कतराए| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (1726) و مسلم (322 / 1304)، (3151)

٢٦٤٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ لِي مُعَاوِيَةُ: إِنِّي قَصَّرْتُ مِنْ رَأْسِ النَّبِيِّ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم عِنْد الْمَرْوَة بمشقص

2647. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मुआविया रदियल्लाहु अन्हु ने मुझे बताया की मैंने मरवा के पास तीर के भाल से नबी ﷺ के सर के बाल कतरे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (1730) و مسلم (209 / 1236)، (3021)

٢٦٤٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ فِي حَجَّةِ الْوَدَاعِ: «اللَّهُمَّ ارْحَمِ الْمُحَلِّقِينَ» . قَالُوا: وَالْمُقَصِّرِينَ يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ قَالَ: «اللَّهُمَّ ارْحَمِ الْمُحَلِّقِينَ» . قَالُوا: وَالْمُقَصِّرِينَ يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ قَالَ: «وَالْمُقَصِّرِينَ»

2648. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने हज्जतुल वदा के मौके पर फ़रमाया: “ए अल्लाह! सर मुंडाने वालो पर रहम फरमा”, सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! और बाल कतराने वालो पर भी आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह सर मुंडाने वालो पर रहम फरमा”, सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! बाल कतराने वालो पर भी आप ﷺ ने फ़रमाया: “बाल कतराने वालो पर भी”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (1727) و مسلم (317 / 1301)، (3145)

٢٦٤٩ - (صَحِيح) وَعَن يحيى بن الْحصين عَن جدته أَنَّهَا سَمِعَتِ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي حَجَّةِ الْوَدَاعِ دَعَا لِلْمُحَلِّقِينَ ثَلَاثًا وَلِلْمُقَصِّرِينَ مرّة وَاحِدَة. رَوَاهُ مُسلم

2649. याह्या बिन हुसैन रहिमहुल्लाह अपनी दादी से रिवायत करते हैं कि उन्होंने हज्जतुल वदा के मौके पर नबी ﷺ को सिर मुंडवाने वालो के लिए तीन बार और बाल कतराने वालो के लिए एक बार दुआ करते हुए सुना| (मुस्लिम)

رواه مسلم (321 / 1303)، (3150)

٢٦٥٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَتَى مِنًى فَأَتَى الْجَمْرَةَ فَرَمَاهَا ثُمَّ أَتَى مَنْزِلَهُ بِمِنًى وَنَحَرَ نُسُكَهُ ثُمَّ دَعَا بِالْحَلَّاقِ وَنَاوَلَ الْحَالِقَ شِقَّهُ الْأَيْمَنَ ثُمَّ دَعَا أَبَا طَلْحَةَ الْأَنْصَارِيَّ فَأَعْطَاهُ إِيَّاهُ ثُمَّ نَاوَلَ الشِّقَّ الْأَيْسَرَ فَقَالَ «احْلِقْ» فَحَلَقَهُ فَأَعْطَاهُ طَلْحَةَ فَقَالَ: «اقْسِمْهُ بَيْنَ النَّاسِ»

2650. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ मीना तशरीफ़ लाए तो जमराह पर आए और इसे कंकरिया मारी, फिर मीना में अपने रिहाइश गाह पर आए और कुर्बानी की फिर आप ने हजाम को मंगवाया और आप ने अपने सर की दाएँ तरफ हजाम की तरफ की तो उस ने इसे मुंड दिया फिर आप ने अबू तल्हा अंसारी रदियल्लाहु अन्हु को बुलाया और वह बाल उन्हें दे दिए, फिर आप ने बाएँ जानिब उसकी तरफ की और फ़रमाया: “मुंडा दो”, तो उस ने इसे मुंड दिया तो आप ने वह बाल भी अबू तल्हा को दे दिए और फ़रमाया: “उन्हें लोगों में तकसीम कर दो”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (171) و مسلم (323 / 1305)، (3152)

٢٦٥١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كُنْتُ أُطَيِّبُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَبْلَ أَنْ يُحْرِمَ وَيَوْمَ النَّحْرِ قَبْلَ أَنْ يَطُوفَ بِالْبَيْتِ بِطِيبٍ فِيهِ مِسْكٌ

2651. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैं रसूलुल्लाह ﷺ को इहराम बांधने से पहले और कुर्बानी के दिन बैतुल्लाह का तवाफ़ करने से पहले कस्तूरी की मिलावट वाली खुशबू लगाया करती थी| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (1539) و مسلم (46 / 1191)، (2841)

٢٦٥٢ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَفَاضَ يَوْمَ النَّحْرِ ثُمَّ رجعَ فصلّى الظهْرَ بمنى. رَوَاهُ مُسلم

2652. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने कुर्बानी के दिन तवाफ़ ए इफ़ादा किया, फिर वापस तशरीफ़ लाए और ज़ुहर की नमाज़ मीना में अदा की| (मुस्लिम)

رواه مسلم (335 / 1308)، (3165)

بَاب الْحلق • सर मुंडवाने का बयान
الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٦٥٣ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَلِيٍّ وَعَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَا: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَن تحلق الْمَرْأَة رَأسهَا. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2653. अली रदियल्लाहु अन्हु और आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने औरतो को सर मुंडाने से मना फ़रमाया| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (915)

٢٦٥٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَيْسَ عَلَى النِّسَاءِ الْحَلْقُ إِنَّمَا عَلَى النِّسَاءِ التَّقْصِيرُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالدَّارِمِيُّ»» وَهَذَا الْبَابُ خَالٍ مِنَ الْفَصْلِ الثَّالِثِ

2654. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “औरतो पर सर मुंडाना वाजिब नहीं इन पर बाल कतराना वाजिब है”| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (1984 / 1985) و الدارمی (2 / 64 ح 1911)

وهذا الباب خال من الفصل الثالث
इस बाब में तीसरी फस्ल नहीं है|

بَاب فِي التَّحَلُّل ونقلهم بعض الْأَعْمَال على بعض • हज के अफआल आगे पीछे करने का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٢٦٥٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرِو بْنِ الْعَاصِ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَقَفَ فِي حَجَّةِ الْوَدَاعِ بِمِنًى لِلنَّاسِ يَسْأَلُونَهُ فَجَاءَهُ رَجُلٌ فَقَالَ: لَمْ أَشْعُرْ فَحَلَقْتُ قَبْلَ أَنْ أَذْبَحَ. فَقَالَ: «اذْبَحْ وَلَا حَرَجَ» فَجَاءَ آخَرُ فَقَالَ: لَمْ أَشْعُرْ فَنَحَرْتُ قَبْلَ أَنْ أَرْمِيَ. فَقَالَ: «ارْمِ وَلَا حَرَجَ» . فَمَا سُئِلَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ شَيْءٍ قُدِّمَ وَلَا أُخِّرَ إِلَّا قَالَ: «افْعَلْ وَلَا حرج»»» وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ: أَتَاهُ رَجُلٌ فَقَالَ: حَلَقْتُ قَبْلَ أَنْ أَرْمِيَ. قَالَ: «ارْمِ وَلَا حَرَجَ» وأتاهُ آخرُ فَقَالَ: أفَضتُ إِلى البيتِ قَبْلَ أَنْ أَرْمِيَ. قَالَ: «ارْمِ وَلَا حَرَجَ»

2655. अब्दुल्लाह बिन अम्र बिन आस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के हज्जतुल वदा के मौके पर रसूलुल्लाह ﷺ ने लोगों की खातिर मीना में वुकुफ़ फ़रमाया, लोग आप के पास आते और मसाइल दरियाफ्त करते, एक आदमी आप के पास आया तो उस ने अर्ज़ किया, मैंने ला इल्मी में कुर्बानी से पहले सर मुंडा लिया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “कुर्बानी कर लो, कोई हरज नहीं”, फिर एक और आदमी आया तो उस ने अर्ज़ किया, मैंने कंकरिया मारने से पहल ला इल्मी में कुर्बानी कर ली है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “(अब) कंकरिया मार लो कोई हरज नहीं”, नबी ﷺ से जिस चीज़ की भी तकदिम ताखीर के बारे में सवाल किया गया तो आप ﷺ ने यही फ़रमाया: “अब कर लो, कोई हरज नहीं”| बुखारी, मुस्लिम, और मुस्लिम की रिवायत में है एक आदमी आप ﷺ के पास आया तो उस ने अर्ज़ किया, मैंने कंकरिया मारने से पहले सर मुंडा लिया है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अब कंकरिया मार लो, कोई हरज नहीं” फिर एक और आदमी आया उस ने अर्ज़ किया, मैंने कंकरिया मारने से पहले तवाफ़ ए इफादा कर लिया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अब कंकरिया मार लो कोई हरज नहीं”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (83) و مسلم (327 / 1306 ، 333 / 1306)، (3156 و 3163)

٢٦٥٦ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُسْأَلُ يَوْمَ النَّحْرِ بِمِنًى فَيَقُولُ: «لَا حرَجَ» فَسَأَلَهُ رجل فَقَالَ: رميت بعد مَا أمسَيتُ. فَقَالَ: «لَا حرَجَ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2656. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, कुर्बानी के दिन मीना में नबी ﷺ से मसाइल दरियाफ्त किए गए तो आप ﷺ यही फरमा रहे थे: “कोई हर्ज नहीं”. एक आदमी ने आप ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया तो उस ने अर्ज़ किया, मैंने गुरुबे आफ़ताब के बाद कंकरिया मारी है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “कोई हरज नहीं“| (बुखारी)

رواه البخاری (1723)

بَاب فِي التَّحَلُّل ونقلهم بعض الْأَعْمَال على بعض • हज के अफआल आगे पीछे करने का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٦٥٧ - (لم تتمّ دراسته) عَن عَليّ قَالَ: أَتَاهُ رَجُلٌ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي أَفَضْتُ قَبْلَ أَنْ أَحْلِقَ فَقَالَ: «احْلِقْ أَوْ قَصِّرْ وَلَا حَرَجَ» . وَجَاءَ آخَرُ فَقَالَ: ذَبَحْتُ قَبْلَ أَنْ أَرْمِيَ. قَالَ: «ارْمِ وَلَا حرج» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2657. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी आप ﷺ के पास आया तो उस ने अर्ज़ किया,: “अल्लाह के रसूल! मैंने सर मुंडाने से पहले तवाफ़ ए इफादा कर लिया है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अब सर मुंडा लो या बाल क़तर लो, कोई हरज नहीं”, फिर एक दूसरा आदमी आया तो उस ने अर्ज़ किया, मैंने कंकरिया मारने से पहले कुर्बानी कर ली, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अब कंकरिया मार लो, कोई हरज नहीं”| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه الترمذی (885 و قال : حسن صحیح) [و ابوداؤد (1922 ، 1935) و ابن ماجه (3010)] * سفیان الثوری مدلس و عنعن

بَاب فِي التَّحَلُّل ونقلهم بعض الْأَعْمَال على بعض • हज के अफआल आगे पीछे करने का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٦٥٨ - (لم تتمّ دراسته) عَن أسامةَ بنِ شريكٍ قَالَ: خَرَجْتُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَاجًّا فَكَانَ النَّاسُ يَأْتُونَهُ فَمِنْ قَائِلٍ: يَا رَسُولَ اللَّهِ سَعَيْتُ قَبْلَ أَنْ أَطُوفَ أَوْ أَخَّرْتُ شَيْئًا أَوْ قَدَّمْتُ شَيْئًا فَكَانَ يَقُولُ: «لَا حَرَجَ إِلَّا عَلَى رَجُلٍ اقْتَرَضَ عِرْضَ مُسْلِمٍ وَهُوَ ظَالِمٌ فَذَلِكَ الَّذِي حَرِجَ وهَلِك» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2658. उसामा बिन शरीक रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं हज करने के लिए रसूलुल्लाह ﷺ के साथ रवाना हुआ, लोग आप ﷺ के पास आते और मसाइल दरियाफ्त करते थे, किसी ने कहा अल्लाह के रसूल! मैंने तवाफ़ करने से पहले सई कर ली, या मैंने एक चीज़ को मोअख़्ख़र कर लिया या मैंने कोई चीज़ मुक़द्दम कर ली, आप ﷺ फरमाते थे: “इस शख़्स के सिवा जिस ने किसी मुसलमान की इज्ज़त को ख़राब किया कोई हरज नहीं, ऐसा शख़्स ज़ालिम है और ऐसा शख़्स ही हरज, गुनाह और हलाकत का शिकार हुआ”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (2015)

بَابٌ خُطْبَةُ يَوْمِ النَّحْرِ وَرمي أَيَّام التَّشْرِيق والتوديع • कुर्बानी के दिन खुत्बा देने, अय्याम ए तशरीक में कंकरिया मारने और वदा का बयान

الْفَصْلُ الأول • पहली फस्ल

٢٦٥٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي بَكْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: خَطَبَنَا النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ النَّحْرِ قَالَ: «إِنَّ الزَّمَانَ قَدِ اسْتَدَارَ كَهَيْئَتِهِ يَوْمَ خَلَقَ اللَّهُ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضَ السَّنَةُ اثْنَا عَشَرَ شَهْرًا مِنْهَا أَرْبَعَةٌ حُرُمٌ ثَلَاثٌ مُتَوَالِيَاتٌ ذُو الْقَعْدَةِ وَذُو الْحِجَّةِ وَالْمُحَرَّمُ وَرَجَبُ مُضَرَ الَّذِي بَيْنَ جُمَادَى وَشَعْبَانَ» وَقَالَ: «أَيُّ شَهْرٍ هَذَا؟» قُلْنَا: اللَّهُ وَرَسُولُهُ أَعْلَمُ فَسَكَتَ حَتَّى ظَنَنَّا أَنَّهُ سَيُسَمِّيهِ بِغَيْرِ اسْمِهِ فَقَالَ: «أَلَيْسَ ذَا الْحِجَّةِ؟» قُلْنَا: بَلَى. قَالَ: «أَيُّ بَلَدٍ هَذَا؟» قُلْنَا: اللَّهُ وَرَسُولُهُ أَعْلَمُ فَسَكَتَ حَتَّى ظَنَنَّا أَنَّهُ سَيُسَمِّيهِ بِغَيْرِ اسْمِهِ قَالَ: «أَلَيْسَ الْبَلْدَةَ؟» قُلْنَا: بَلَى قَالَ «فَأَيُّ يَوْمٍ هَذَا؟» قُلْنَا: اللَّهُ وَرَسُولُهُ أَعْلَمُ فَسَكَتَ حَتَّى ظَنَنَّا أَنَّهُ سَيُسَمِّيهِ بِغَيْرِ اسْمِهِ. قَالَ: «أَلَيْسَ يَوْمَ النَّحْرِ؟» قُلْنَا: بَلَى. قَالَ: «فَإِنَّ دِمَاءَكُمْ وَأَمْوَالَكُمْ وَأَعْرَاضَكُمْ عَلَيْكُمْ حَرَامٌ كَحُرْمَةِ يَوْمِكُمْ هَذَا فِي بَلَدِكُمْ هَذَا فِي شَهْرِكُمْ هَذَا وَسَتَلْقَوْنَ رَبَّكُمْ فَيَسْأَلُكُمْ عَنْ أَعْمَالِكُمْ أَلَا فَلَا تَرْجِعُوا بِعْدِي ضُلَّالًا يَضْرِبُ [ص:٨١ بَعْضُكُمْ رِقَابَ بَعْضٍ أَلَا هَلْ بَلَّغْتُ؟» قَالُوا: نَعَمْ. قَالَ: «اللَّهُمَّ اشْهَدْ فَلْيُبَلِّغِ الشَّاهِدُ الْغَائِبَ فَرُبَّ مُبَلَّغٍ أَوْعَى مِنْ سَامِعٍ»

2659. अबू बकरह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने कुर्बानी के दिन हमें ख़िताब फ़रमाया तो फ़रमाया: “ज़माने (साल) घूम घुमा कर इसी सूरत पर गया है जैसे इस दिन था, जिस रोज़ अल्लाह तआला ने ज़मीन व आसमान तखलीक फरमाए थे, साल बारह माह का है, उनमें से चार हुरमत वाले हैं, तीन जुल कअदा, ज़ुलहिज्जा और मुहर्रम तो मुतवातिर है, और रजब मुज़िर जो के जमादिउल सानी और शाबान के दरमियान है”, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये कौन सा महीने है” हमने अर्ज़ किया: अल्लाह और उस के रसूल बेहतर जानते हैं, आप ने ख़ामोशी इख़्तियार कर ली हत्ता के हमने ख़याल किया आप उस का कोई और नाम रखेंगे, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या यह ज़ुलहिज्जा नहीं ?” हमने अर्ज़ किया: जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये कौन सा शहर है” हमने अर्ज़ किया: अल्लाह और उस के रसूल बेहतर जानते हैं, आप ख़ामोश रहे हत्ता के हमने ख़याल किया के आप उस का कोई और नाम रखेंगे, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या यह बलद (यानी मक्का) नहीं ?” हमने अर्ज़ किया: जी हाँ! ऐसे ही है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये कौन सा दिन है?“ हमने अर्ज़ किया: अल्लाह और उस के रसूल बेहतर जानते हैं, आप ﷺ ख़ामोश रहे हत्ता के हमने गुमान किया के आप उस का कोई और नाम रखेंगे, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या यह कुर्बानी का दिन नहीं ?” हमने अर्ज़ किया: जी हाँ! ऐसे ही है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हारे खून, तुम्हारे अमवाल और तुम्हारी इज्ज़त्ते तुम पर इस माह में इस शहर में और इस दीन की हुरमत की तरह तुम पर हराम है, तुम अनकरीब अपने रब से मुलाकात करने वाले हो, वह तुम्हारे आमाल के बारे में तुम से सवाल करेगा, सुन लो! तुम मेरे बाद गुमराह न हो जाना के एक दूसरे को क़त्ल करने लगो, सुन लो! क्या मैंने तुम तक दीन पहुंचा दिया? उन्होंने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह गवाह रहना जो यहाँ

मौजूद है वह गैर मौजूद तक पहुंचा दें, बसा-अवक़ात जिस को बात पहुंचाई जाती है के सुनने वाले से ज़्यादा याद रखने वाला होता है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1741) و مسلم (2931 / 1679)، (4383 و 4385)

٢٦٦٠ - (صَحِيح) وَعَن وَبرةَ قَالَ: سَأَلْتُ ابْنَ عُمَرَ: مَتَى أَرْمِي الْجِمَارَ؟ قَالَ: إِذَا رَمَى إِمَامُكَ فَارْمِهِ فَأَعَدْتُ عَلَيْهِ الْمَسْأَلَةَ. فَقَالَ: كُنَّا نَتَحَيَّنُ فَإِذَا زَالَتِ الشَّمْسُ رمينَا. رَوَاهُ البُخَارِيّ

2660. वबरत रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मैंने इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से दरियाफ्त किया में किस वक़्त कंकरिया मारू? उन्होंने ने फ़रमाया: जब तुम्हारा इमाम कंकरिया मारे तो तुम भी कंकरिया मारो, मैंने दोबारा उन से दरियाफ्त किया तो उन्होंने ने फ़रमाया: हम इंतज़ार करते रहते थे जब सूरज ढल जाता तो हम कंकरिया मारते थे| (बुखारी)

رواه البخاری (1746)

٢٦٦١ - (صَحِيح) وَعَن سالمٍ عَن ابنِ عمر: أَنَّهُ كَانَ يَرْمِي جَمْرَةَ الدُّنْيَا بِسَبْعِ حَصَيَاتٍ يُكبِّرُ على إِثْرِ كُلِّ حَصَاةٍ ثُمَّ يَتَقَدَّمُ حَتَّى يُسْهِلَ فَيَقُومُ مُسْتَقْبِلَ الْقِبْلَةِ طَوِيلًا وَيَدْعُو وَيَرْفَعُ يَدَيْهِ ثُمَّ يَرْمِي الْوُسْطَى بِسَبْعِ حَصَيَاتٍ يُكَبِّرُ كُلَّمَا رَمَى بِحَصَاةٍ ثُمَّ يَأْخُذُ بِذَاتِ الشِّمَالِ فَيُسْهِلُ وَيَقُومُ مُسْتَقْبِلَ الْقِبْلَةِ ثُمَّ يَدْعُو وَيَرْفَعُ يَدَيْهِ وَيَقُومُ طَوِيلًا ثُمَّ يَرْمِي جَمْرَةَ ذَاتِ الْعَقَبَةِ مِنْ بَطْنِ الْوَادِي بِسَبْعِ حَصَيَاتٍ يُكَبِّرُ عِنْدَ كُلِّ حَصَاةٍ وَلَا يَقِفُ عِنْدَهَا ثُمَّ يَنْصَرِفُ فَيَقُولُ: هَكَذَا رَأَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَفْعَله. رَوَاهُ البُخَارِيّ

2661. सालिम रहिमहुल्लाह इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत करते हैं, के वह जमराह दुनिया (मस्जिद खफिफ के करीब वाले जमराह को) सात कंकरिया मारते और हर कंकरी के बाद (اللّٰهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते थे फिर आगे बढ़ते हत्ता के नरम ज़मीन पर किबले रुख खड़े हो कर देर तक हाथ उठा कर दुआएं करते फिर बाएँ जानिब हो कर नरम ज़मीन पर किबले रुख खड़े हो कर हाथ उठा कर देर तक दुआए करते रहते फिर दरमियान वाले जमरे को सात कंकरिया मारते जब कंकरी मारते तो (اللّٰهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते थे फिर वादी के उतार से जमराह अक्बिह को सात कंकरिया मारते आप हर कंकरी मारते वक़्त (اللّٰهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते, आप उस के पास न ठहरते, फिर वापस जाते और फरमाते मैंने नबी ﷺ को इसी तरह करते हुए देखा है?| (बुखारी)

رواه البخاری (17511752)

٢٦٦٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: اسْتَأْذَنَ الْعَبَّاسُ بْنُ عَبْدِ الْمُطَّلِبِ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ يَبِيتَ بِمَكَّةَ لَيَالِيَ منى من أجلِ سِقايتِهِ فَأذن لَهُ

2662. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, अब्बास बिन अब्दुल मुत्तलिब रदियल्लाहु अन्हु ने पानी पिलाने की वजह से, मीना की राते मक्का में गुज़ार ने के लिए रसूलुल्लाह ﷺ से इजाज़त तलब की तो आप ﷺ ने उन्हें इजाज़त दे दि| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1634) و مسلم (346 / 1315)، (3177)

٢٦٦٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ جَاءَ إِلَى السِّقَايَةِ فَاسْتَسْقَى. فَقَالَ الْعَبَّاسُ: يَا فَضْلُ اذْهَبْ إِلَى أُمِّكَ فَأْتِ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ [ص:٨١ بِشَرَابٍ مِنْ عِنْدِهَا فَقَالَ: «اسْقِنِي» فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّهُمْ يَجْعَلُونَ أَيْدِيَهُمْ فِيهِ قَالَ: «اسْقِنِي» . فَشرب مِنْهُ ثُمَّ أَتَى زَمْزَمَ وَهُمْ يَسْقُونَ وَيَعْمَلُونَ فِيهَا. فَقَالَ: «اعْمَلُوا فَإِنَّكُمْ عَلَى عَمَلٍ صَالِحٍ» . ثُمَّ قَالَ: «لَوْلَا أَنْ تُغْلَبُوا لَنَزَلْتُ حَتَّى أَضَعَ الْحَبْلَ عَلَى هَذِهِ» . وَأَشَارَ إِلَى عَاتِقِهِ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2663. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ पानी पीने की जगह पर तशरीफ़ लाए तो आप ने पानी तलब किया तो अब्बास रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: फ़ज़ल! अपने वालिद के पास जाओ और उन के पास से रसूलुल्लाह ﷺ के लिए पानी लेकर आओ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मुझे (यही से) पिलाओ”, उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! लोग अपने हाथ उस में डालते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मुझे (यही से) पिलाओ”, आप ने इसी में से नोश फ़रमाया, फिर आप ज़म ज़म पर तशरीफ़ लाए तो लोग वहां पानी पिला रहे थे और खूब मेहनत कर रहे थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “काम करते रहो, क्योंकि तुम एक नेक काम में मशगुल हो”, फिर फ़रमाया: “अगर लोग तुम पर ग़ालिब न आजाए तो मैं भी अपने सवारी से उतर आता हत्ता कि मैं रस्सी उस पर रख लेता”, आप ने अपने कंधे की तरफ इरशाद फ़रमाया| (बुखारी)

رواه البخارى (1635)

٢٦٦٤ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صَلَّى الظُّهْرَ وَالْعَصْرَ وَالْمَغْرِبَ وَالْعَشَاءَ ثُمَّ رَقَدَ رَقْدَةً بِالْمُحَصَّبِ ثُمَّ رَكِبَ إِلَى الْبَيْتِ فَطَافَ بِهِ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

2664. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने ज़ुहर, असर, मग़रिब और ईशा की नमाज़े पढ़ी फिर आप वादी मुहस्सब में थोड़ी देर सोए, फिर आप सवारी पर बैतुल्लाह तशरीफ़ लाए और उस का तवाफ़ (वदा) किया| (बुखारी)

رواه البخارى (1756)

٢٦٦٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ الْعَزِيزِ بْنِ رُفَيْعٍ قَالَ: سألتُ أنسَ بنَ مالكٍ. قُلْتُ: أَخْبِرْنِي بِشَيْءٍ عَقَلْتَهُ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَيْنَ صَلَّى الظُّهْرَ يومَ الترويةِ؟ قَالَ: بمنى. قلت: فَأَيْنَ صَلَّى الْعَصْرَ يَوْمَ النَّفْرِ؟ قَالَ:

بِالْأَبْطَحِ. ثُمَّ قَالَ افْعَلْ كَمَا يَفْعَلُ أَمَرَاؤُكَ

2665. अब्दुल अज़ीज़ बिन रुफीअ बयान करते हैं, मैंने अनस रदियल्लाहु अन्हु बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु से दरियाफ्त किया, मैंने कहा अगर आप ने रसूलुल्लाह ﷺ से कोई बात याद की हो तो मुझे बताइए के आप ने तरविया (आठ ज़िल हिज्जा) के दिन ज़ुहर की नमाज़ कहाँ पढ़ी थी? उन्होंने ने फ़रमाया: मीना में, फिर पूछा: आप ﷺ ने मीना से वापस आते हुए असर की नमाज़ कहाँ पढ़ी थी? फ़रमाया वादी ए अब्तह में, फिर फ़रमाया जैसे तुम्हारे उमरा हुक्मरान करे वैसे तुम करो| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1653) و مسلم (336 / 1309)، (3166)

٢٦٦٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: نُزُولُ الْأَبْطَحِ لَيْسَ بِسُنَّةٍ إِنَّمَا نَزَلَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِأَنَّهُ كَانَ أسمح لِخُرُوجِهِ إِذا خرج

2666. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, अब्तह में कयाम करना सुन्नत नहीं? रसूलुल्लाह ﷺ ने तो वहां इसलिए कयाम फ़रमाया था के वहां से मदीना के लिए रवाना होना ज़्यादा आसान था| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1765) و مسلم (339 / 1311)، (3169)

٢٦٦٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهَا قَالَتْ: أَحْرَمْتُ مِنَ التَّنْعِيمِ بِعُمْرَةٍ فَدَخَلْتُ فَقَضَيْتُ عُمْرَتِي وَانْتَظَرَنِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم بالأبطحِ حَتَّى فَرَغْتُ فَأَمَرَ النَّاسَ بِالرَّحِيلِ فَخَرَجَ فَمَرَّ بِالْبَيْتِ فَطَافَ بِهِ قَبْلَ صَلَاةِ الصُّبْحِ ثُمَّ خَرَجَ إِلَى الْمَدِينَةِ. هَذَا [ص:٨١ الْحَدِيثُ مَا وَجَدْتُهُ بِرِوَايَةِ الشَّيْخَيْنِ بَلْ بِرِوَايَةِ أَبِي دَاوُدَ مَعَ اخْتِلَاف يسير فِي آخِره

2667. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने मक़ाम ए तनइम से उमरा के लिए इहराम बांधा मैं (मक्के में) दाखिल हुई और अपना उमरा अदा किया, जबकि रसूलुल्लाह ﷺ ने अब्तह के मक़ाम पर मेरा इंतज़ार फ़रमाया हत्ता कि मैं उमरा से फारिग़ हो गए तो आप ने लोगों को कुच का हुक्म फ़रमाया, आप वहां से निकले और बैतुल्लाह का तवाफ़ सुबह की नमाज़ से पहले किया, फिर आप ﷺ मदीना के लिए रवाना हुए| मैंने सहीह बुखारी और सहीह मुस्लिम की रिवायत के हवाले से यह हदीस नहीं पाई बल्कि आख़िर पर थोड़े से इख्तिलाफ के साथ अबू दावुद की रिवायत में पाया| (सहीह)

صحیح ، رواه ابوداؤد (2005 و سنده صحیح) [و انظر صحیح البخاری (1560) و مسلم (123 / 1211)، (2922)]

٢٦٦٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: كَانَ النَّاسُ يَنْصَرِفُونَ فِي كُلِّ وَجْهٍ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَنْفِرَنَّ أَحَدُكُمْ حَتَّى يَكُونَ آخِرُ عَهْدِهِ بِالْبَيْتِ إِلَّا أَنَّهُ خُفِّفَ عَنِ الْحَائِضِ»

2668. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, लोग (मीना से फारिग़ हो कर) किसी भी तरीक से वापस चले जाते थे, (ये सूरते हाल देख कर) रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम में से कोई शख़्स मक्का से न जाए हत्ता के उस का आखिरी वक़्त बैतुल्लाह के पास हो (तवाफ़ वदा करे) अलबत्ता हैज़ वाली औरत को मुशतश्ना करार दिया”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1755) و مسلم (379 / 1327)، (3219)

٢٦٦٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن عائشة قَالَتْ: حَاضَتْ صَفِيَّةُ لَيْلَةَ النَّفْرِ فَقَالَتْ: مَا أَرَانِي إِلَّا حَابِسَتَكُمْ. قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «عَقْرَى حَلْقَى أَطَافَتْ يَوْمَ النَّحْرِ؟» قيل: نعم. قَالَ: «فانفري»

2669. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, कुच (के दिन) की रात सफिया रदियल्लाहु अन्हु को हैज़ गया, तो उन्होंने अर्ज़ किया, मेरा ख़याल है के (अरब वदा की वजह से) मैंने तुम्हें रोक दिया है, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “(अरब के मुहावरे के मुताबिक) बे औलाद सर मुंडी, या हलक में बीमारी वाली (इस से बद्दुआ मुराद नहीं, बल्कि जैसे कहा जाता है, तेरे हाथ खाक आलूद हो वैसे ही यह अल्फाज़ है) क्या उस ने कुर्बानी के दिन तवाफ़ ए इफादा किया था ?” आप को बताया गया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “फिर मदीना की तरफ कुच करो”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (17711772) و مسلم 387 / 1211)، (3228)

بَابُ خُطْبَةُ يَوْمِ النَّحْرِ وَرمي أَيَّام التَّشْرِيق والتوديع
कुर्बानी के दिन खुत्बा देने, अय्याम ए तशरीक में कंकरिया मारने और वदा का बयान

الْفَصْل الثَّانِي
दूसरी फस्ल

٢٦٧٠ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَمْرِو بْنِ الْأَحْوَصِ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ فِي حَجَّةِ الْوَدَاعِ: «أَيُّ يَوْمٍ هَذَا؟» قَالُوا: يَوْمُ النَّحْرِ الْأَكْبَرِ. قَالَ: «فَإِنَّ دِمَاءَكُمْ وَأَمْوَالَكُمْ وَأَعْرَاضَكُمْ بَيْنَكُمْ حَرَامٌ كَحُرْمَةِ يَوْمِكُمْ هَذَا فِي بَلَدِكُمْ هَذَا أَلَا لَا يجني جَانٍ عَلَى نَفْسِهِ وَلَا يَجْنِي جَانٍ عَلَى وَلَدِهِ وَلَا مَوْلُودٌ عَلَى وَالِدِهِ أَلَا وَإِنَّ الشَّيْطَانَ قد أيس أَنْ يُعْبَدَ فِي بَلَدِكُمْ هَذَا أَبَدًا وَلَكِنْ ستكونُ لهُ طاعةٌ فِيمَا تحتقرونَ مِنْ أَعْمَالِكُمْ فَسَيَرْضَى بِهِ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ وَالتِّرْمِذِيّ وَصَححهُ

2670. अमर बिन अह्वस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को हज्जतुल वदा के मौके पर फरमाते हुए सुना: “आज कौन सा दिन है?” सहाबा ने अर्ज़ किया, हज अकबर का दिन है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हारे अमवाल और तुम्हारी इज्ज़त्ते तुम्हारे दरमियान इस शहर में, तुम्हारे इस दीन की हुरमत की तरह हराम

है, सुन लो! कोई ज़ालिम अपने जान पर ज़ुल्म न करे, सुन लो! कोई ज़ालिम अपने औलाद पर ज़ुल्म न करे न बच्चा अपने वालिद पर ज़ुल्म करे, सुन लो! शैतान इस बात से हमेशा के लिए मायूस हो चूका है के उसकी तुम्हारे इस शहर में इबादत हो, लेकिन तुम्हारे ऐसे उमूर में जिन्हें तुम मामूली समझते हो, उसकी इताअत होगी तो वह उस पर ही राज़ी हो जाएगा”| इब्ने माजा तिरमिज़ी, और उन्होंने इसे सहीह करार दिया है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابن ماجه (3055) و الترمذی (2159)

٢٦٧١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن رافعِ بنِ عمروٍ والمُزَني قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَخْطُبُ النَّاسَ بِمِنًى حِينَ ارْتَفَعَ الضُّحَى عَلَى بَغْلَةٍ شَهْبَاءَ وَعَلِيٌّ يُعَبِّرُ عَنْهُ وَالنَّاسُ بَين قَائِم وقاعد. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2671. राफीअ बिन अम्र मुज़नी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को मीना में चाश्त के बाद सियाह माइल सफ़ेद खच्चर पर लोगों से ख़िताब करते हुए सुना, जबकि अली रदियल्लाहु अन्हु आप की तरफ से लोगों तक बात पहुंचा रहे थे जबकि लोग कुछ खड़े थे और कुछ बैठें हुए थे| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (1956)

٢٦٧٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ وَابْنِ عَبَّاسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمْ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَخَّرَ طَوَافَ الزِّيَارَةِ يَوْمَ النَّحْرِ إِلَى اللَّيْلِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

2672. आइशा रदियल्लाहु अन्हा और इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने कुर्बानी के दिन तवाफ़ ज़ियारत को रात तक मोअख़्ख़र फ़रमाया| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه الترمذی (920 و قال : حسن) و ابوداؤد (2000) و ابن ماجه (3059) [و البخاری (قبل ح 1732 تعليقًا] * ابوالزبیر مدلس و عنع و تابعه محمد بن طارق و لکنه عن طاؤس مرسل

٢٦٧٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمْ يَرْمُلْ فِي السَّبْعِ الَّذِي أَفَاضَ فِيهِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

2673. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने तवाफ़ ए इफादा के सातों चक्करों में रमल नहीं फरमाया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2001) و ابن ماجه (3060)

٢٦٧٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا رَمَى أَحَدُكُمْ جَمْرَةَ الْعَقَبَةِ فَقَدْ حَلَّ لَهُ كُلُّ

شَيْءٍ إِلَّا النِّسَاءَ» . رَوَاهُ فِي شرح السّنة وَقَالَ: إِسْنَاده ضَعِيف

2674. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जब तुम में से कोई जमराह अक्बिह को कंकरिया मार ले तो बीवियों के (साथ जिमाअ के) सिवा उस के लिए हर चीज़ हलाल हो जाती है”| शरह सुन्ना और उन्होंने ने फ़रमाया: उसकी सनद जईफ है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه البغوى فى شرح السنة (7 / 210 بعد ح 1962 بلا سند) [و ابوداؤد (1978)] * الحجاج بن ارطاة ضعيف مدلس و انظر الحديث الآتى (2675)

٢٦٧٥ - (لم تتمّ دراسته) وَفِي رِوَايَةِ أَحْمَدَ وَالنَّسَائِيِّ عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: «إِذَا رَمَى الْجَمْرَةَ فَقَدْ حَلَّ لَهُ كلُّ شيءٍ إِلا النساءَ»

2675. अहमद और नसई की इब्ने अब्बास से मरवी रिवायत में है फ़रमाया: “जब वह कंकरिया मार ले तो बीवियों के अलावा हर चीज़ उस पर हलाल हो जाती है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (1 / 234 ح 2090) و النسائى (6 / 277 ح 3086) [و ابن ماجه (3041)] * الحسن العرنى ثقه ارسل عن ابن عباس رضى الله عنه (تقدم : 2613) و لبعض الحديث شاهد عند مسلم (1179)

٢٦٧٦ - وَعَنْهَا قَالَتْ : أَفَاضَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ آخِرِ يَوْمِهِ حِينَ صَلَّى الظُّهْرَ ثُمَّ رَجَعَ إِلَى مِنًى فَمَكَثَ بِهَا لَيَالِيَ أَيَّامِ التَّشْرِيقِ يَرْمِي الْجَمْرَةَ إِذَا زَالَتِ الشَّمْسُ كُلَّ جَمْرَةٍ بِسَبْعِ حَصَيَاتٍ يُكَبِّرُ مَعَ كُلِّ حَصَاةٍ وَيَقِفُ عِنْدَ الْأُولَى وَالثَّانِيَةِ فَيُطِيلُ الْقِيَامَ وَيَتَضَرَّعُ وَيَرْمِي الثَّالِثَةَ فَلَا يَقِفُ عِنْدَهَا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2676. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने दिन के पिछले पहर जब आप ने नमाज़ ए ज़ुहर अदा की तो तवाफ़ ए इफादा किया, फिर आप मीना वापस तशरीफ़ ले आए, आप ने अय्याम तशरिक की राते वहां गुज़ारी, जब सूरज ढल जाता तो आप हर जमराह को सात सात कंकरिया मारते, हर कंकरी के साथ (اللّٰهُ أَكبَرُ) अल्लाहु अकबर कहते, पहले और दूसरे जमरे के पास खड़े होते, लम्बा कयाम फरमाते और तजरीअ व आजिज़ी के साथ दुआए करते और आप तीसरे को कंकरिया मारते और उस के पास खड़े नहीं होते थे| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1973)

٢٦٧٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي الْبَدَّاحِ بْنِ عَاصِمِ بْنِ عَدِيٍّ عَن أَبِيه قَالَ: رَخَّصَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم لرعاء الْإِبِل فِي البيتوتة: أَن يرملوا يَوْمَ النَّحْرِ ثُمَّ يَجْمَعُوا رَمْيَ يَوْمَيْنِ بَعْدَ يَوْمِ النَّحْرِ فَيَرْمُوهُ فِي أَحَدِهِمَا. رَوَاهُ مَالِكٌ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ صَحِيحٌ

2677. अबू अल बद्दाह बिन आसिम बिन अदि अपने वालिद से रिवायत करते हैं, उन्होंने फ़रमाया रसूलुल्लाह ﷺ ने ऊटों के चरवाहों को रात बसर करने की रुखसत दे दिया के वह यौम ए उल नहर को कंकरिया मारी फिर

यौम ए नहर के बाद वह दो दीन की रमी को जमा कर ले और एक दिन मैं ही कंकरिया मार लें| मालिक, तिरमिज़ी नसई, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस सहीह है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه مالك (1 / 408 ح 946) و الترمذى (955) و النسائى (5 / 273 ح 3071)

وهذا الباب خال من الفصل الثالث

इस बाब में तीसरी फस्ल नहीं है|

इहराम वाले किन चीजों से रुके रहे • بَاب مَا يجتنبه الْمحرم

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٢٦٧٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ: أَنَّ رَجُلًا سَأَلَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: مَا يلبس مِنَ الثِّيَابِ؟ فَقَالَ: «لَا تَلْبَسُوا الْقُمُصَ وَلَا الْعَمَائِمَ وَلَا السَّرَاوِيلَاتِ وَلَا الْبَرَانِسَ وَلَا الْخِفَافَ إِلَّا أَحَدٌ لَا يَجِدُ نَعْلَيْنِ فَيَلْبَسُ خُفَّيْنِ وليقطعهما أَسْفَلَ الْكَعْبَيْنِ وَلَا تَلْبَسُوا مِنَ الثِّيَابِ شَيْئًا مَسَّهُ زَعْفَرَانٌ وَلَا وَرْسٌ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ وَزَادَ الْبُخَارِيُّ فِي رِوَايَةٍ: «وَلَا تَنْتَقِبُ الْمَرْأَةُ الْمُحْرِمَةُ وَلَا تلبس القفازين»

2678. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के किसी आदमी ने रसूलुल्लाह ﷺ से दरियाफ्त किया के इहराम वाला कौन से कपड़े पहन सकता है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “कमीज़, इमामे, सलवारे, जुब्बे और मोज़े न पहनो, अलबत्ता अगर कोई शख़्स जूते न पाए तो वह मोज़े पहन ले और उन्हें टखनो के नीचे तक काट ले और ऐसा कोई कपड़ा न पहनो जिसे ज़ाफ़रान और वरस की खुशबू लगी हो”| और इमाम बुखारी ने एक दूसरी रिवायत में यह इज़ाफा नकल किया है: “इहराम वाली औरत ना नकाब पहने न दस्ताने”, (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخارى (1542 ، 1838) و مسلم (1 / 1177)، (2791)

٢٦٧٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَخْطُبُ وَهُوَ يَقُولُ: «إِذَا لَمْ يَجِدِ الْمُحْرِمُ نَعْلَيْنِ لَبِسَ خُفَّيْنِ وَإِذَا لَمْ يَجِدْ إِزَارًا لَبِسَ سَرَاوِيل»

2679. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को ख़िताब करते हुए सुना, आप ﷺ फरमा रहे थे: “जब मुहर्रिम जूते न पाए तो वह मोज़े पहन ले और जब वह तहबंद न पाए तो सलवार पहन ले”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1841) و مسلم (4 / 1178)، (2794)

٢٦٨٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ يَعْلَى بْنِ أَمَيَّةَ قَالَ: كُنَّا عِنْدَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بالجعرانة إِذْ [ص:٨٢ جَاءَ رَجُلٌ أَعْرَابِيٌّ عَلَيْهِ جُبَّةٌ وَهُوَ مُتَضَمِّخٌ بِالْخَلُوقِ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي أَحْرَمْتُ بِالْعُمْرَةِ وَهَذِهِ عَلَيَّ. فَقَالَ: «أَمَا الطِّيبُ الَّذِي بِكَ فَاغْسِلْهُ ثَلَاثَ مَرَّاتٍ وَأَمَّا الْجُبَّةُ فَانْزِعْهَا ثُمَّ اصْنَعْ فِي عُمْرَتِكَ كَمَا تَصْنَعُ فِي حَجِّكَ»

2680. यअली बिन उमय्य रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम जीअरान में नबी ﷺ के पास थे जब एक आराबी आप के पास आया उस ने जुब्बा पहन रखा था और उस ने ज़ाफ़रान की बनी हुई खुशबू भी खूब लगा रखी थी, उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैंने उमरा का इहराम बांधा है और मैंने यह (जुब्बा) पहन रखा है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “रही खुशबू जो तुमने लगा रखी है उसे तीन मर्तबा धो दो, और रहा जुब्बा तो उसे उतार दो और फिर अपने उमरे में वैसे ही करो जैस तू अपने हज में करता है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1536) و مسلم (68 / 1180)، (2798 و 2800)

٢٦٨١ - (صَحِيح) وَعَنْ عُثْمَانَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَنْكِحُ الْمُحْرِمُ وَلَا يُنكِحُ وَلَا يَخْطُبُ» . رَوَاهُ مُسلم

2681. उस्मान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ मुहरिम (जिसने इहराम बांधा हो) ना अपना निकाह करे न किसी का निकाह कराए और ना ही पैगामे निकाह भेजे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (41 / 1409)، (3446)

٢٦٨٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تَزَوَّجَ مَيْمُونَةَ وَهُوَ محرم

2682. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा रिवायत करते हैं कि नबी ﷺ ने हालत ए इहराम में मैमुना रदियल्लाहु अन्हा से निकाह किया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1837) و مسلم (46 / 1410)، (3451)

٢٦٨٣ - (صَحِيح) وَعَنْ يَزِيدَ بْنِ الْأَصَمِّ ابْنِ أُخْتِ مَيْمُونَةَ عَنْ مَيْمُونَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تَزَوَّجَهَا وَهُوَ حَلَالٌ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ»» قَالَ الشيخُ الإمَام يحيى السّنة C: وَالْأَكْثَرُونَ عَلَى أَنَّهُ تَزَوَّجَهَا حَلَالًا وَظَهَرَ أَمْرُ تَزْوِيجِهَا وَهُوَ مُحْرِمٌ ثُمَّ بَنَى بِهَا وَهُوَ حَلَال بسرف فِي طَرِيق مَكَّة

2683. मय्मुना रदियल्लाहु अन्हा के भांजे यज़ीद बिन अल असम्म, मैमुना रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने उन से शादी की तो आप मुहरिम (जिसने इहराम बांधा हो) नहीं थे, अल शैख़ अल इमाम मुह्यी अल सुन्नी रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, अक्सर मुहद्दीसिन का यह मुअक्किफ है के आप ﷺ ने उन से शादी

की तो आप मुहरिम (जिसने इहराम बांधा हो) नहीं थे जबकि आप ने हालत ए इहराम में इस मुआमले को ज़ाहिर फ़रमाया, फिर आप ने मक्का के रास्ते में मक़ाम ए सरीफ पर उन से खलवत इख़्तियार की जबकि आप हालत ए इहराम में नहीं थे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (48 / 1411)، (3453)

٢٦٨٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أَبِي أَيُّوب: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَغْسِلُ رَأْسَهُ وَهُوَ مُحْرِمٌ

2684. अबू अय्यूब रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ हालत ए इहराम में अपना सिर धो लिया करते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1840) و مسلم (91 / 1205)، (2889)

٢٦٨٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: احْتَجَمَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ محرم

2685. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, कि नबी ﷺ ने हालत ए इहराम में पछने (हिजामा) लगवाए| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1835) و مسلم (87 / 1202)، (2885)

٢٦٨٦ - (صَحِيح) وَعَن عُثْمَان حَدَّثَ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الرَّجُلِ إِذَا اشْتَكَى عَيْنَيْهِ وَهُوَ محرمٌ ضمدهما بِالصبرِ. رَوَاهُ مُسلم

2686. उस्मान रदियल्लाहु अन्हु ने इस आदमी के बारे में जिस की हालत ए इहराम में आँखे दूखती हो रसूलुल्लाह ﷺ से हदीस बयान की के वह अपनी आंखो पर मसबीर का लेप कर सकता है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (89 / 1204)، (2887)

٢٦٨٧ - (صَحِيح) وَعَنْ أُمِّ الْحُصَيْنِ قَالَتْ: رَأَيْتُ أَسَامَةَ وَبِلَالًا وَأَحَدُهُمَا آخِذٌ بِخِطَامِ نَاقَةِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَالْآخَرُ رَافِعٌ ثَوْبَهُ يَسْتُرُهُ من الْحَرِّ حَتَّى رَمَى جَمْرَةَ الْعَقَبَةِ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2687. उम्मुल हुसैन रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, मैंने उसामा रदियल्लाहु अन्हु और बिलाल रदियल्लाहु अन्हु को देखा के उनमें से एक रसूलुल्लाह ﷺ की ऊंटनी की महार थामे हुए था जबकि दूसरा (छतरी की तरह)

अपना कपड़ा बुलंद किए आप को गर्मी से बचाने के लिए आप पर साया किए हुए था हत्ता के आप ने जमराह अक्बिह को कंकरिया मार ली| (मुस्लिम)

رواه مسلم (312 / 1298)، (3139)

٢٦٨٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ كَعْبِ بْنِ عُجْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَرَّ بِهِ وَهُوَ بِالْحُدَيْبِيَةِ قَبْلَ أَنْ يَدْخُلَ مَكَّةَ وَهُوَ مُحْرِمٌ وَهُوَ يُوقِدُ تَحْتَ قِدْرٍ وَالْقَمْلُ تهافت عَلَى وَجْهِهِ فَقَالَ: «أَتُؤْذِيكَ هَوَامُّكَ؟» . قَالَ: نَعَمْ. قَالَ: «فَاحْلِقْ رَأْسَكَ وَأَطْعِمْ فَرَقًا بَيْنَ سِتَّةِ مَسَاكِينَ» . وَالْفَرَقُ: ثَلَاثَةُ آصُعٍ: «أَوْ صُمْ ثَلَاثَةَ أَيَّام أوانسك نسيكة»

2688. काब बिन उजरत रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि मैं हुदैबिया के मक़ाम पर था के नबी ﷺ मेरे पास से गुज़रे, मैंने इहराम बांध रखा था और हंडिया के नीचे आग जला रहा था जबकि जुएँ मेरे चेहरे पर गिर रही थी, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम्हारी जुएँ तुम्हें तकलीफ देती हैं?” मैंने अर्ज़ किया: जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपना सर मुंडा लो और छे मसाकिन को एक फर्क (तकरीबन सात किलो) अनाज दो या तीन रोज़े रखो या एक बकरी जिबह करो”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (1814) و مسلم (83 / 1201)، (2881)

بَاب مَا يجتنبه الْمحرم • इहराम वाले किन चीजों से रुके रहे

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٦٨٩ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ ابْنِ عُمَرَ: أَنَّهُ سَمِعَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَنْهَى النِّسَاءَ فِي إِحْرَامِهِنَّ عَنِ الْقُفَّازَيْنِ وَالنِّقَابِ وَمَا مَسَّ الْوَرْسُ وَالزَّعْفَرَانُ مِنَ الثِّيَابِ وَلْتَلْبَسْ بَعْدَ ذَلِكَ مَا أَحبَّتْ من ألوانِ الثيابِ معصفر أوخز أَو حلي أَو سراويل أَو قميصٍ أَو خُفٍّ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2689. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ को औरतो को हालत ए इहराम में दस्ताने पहनने, नकाब करने और वरस ज़ाफ़रान से रंग किए हुए कपड़े पहन ने से मना फरमाते हुए सुना, उस के अलावा, वह ज़र्द रंग के या या रेशम के बने हुए, जो कपड़े चाहे पहन लें, या ज़ेवर सलवार कमीज़ और मोज़े पहन सकती हैं| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1827)

٢٦٩٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَانَ الرُّكْبَانُ يَمُرُّونَ بِنَا وَنَحْنُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مُحْرِمَاتٌ فَإِذَا جَاوَزُوا بِنَا سَدَلَتْ إِحْدَانَا جِلْبَابَهَا مِنْ رَأْسِهَا عَلَى وجهها فإذا جاوزونا كشفناهُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَلابْنِ مَاجه مَعْنَاهُ

2690. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ के साथ इहराम बांधे हुए थे, सवार हमारे पास से गुज़रते तो हम अपने चादरे सर से चेहरे पर लटका लेती और जब वह हमारे पास से गुज़र जाता तो हम चेहरो से चादरे उठा लेती थी| अबू दावुद, और इब्ने माजा में इस मानी की रिवायत है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (1833) و ابن ماجه (2935) * یزید بن ابی زیاد ضعیف

٢٦٩١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَدَّهِنُ بالزيت وَهُوَ محرمٌ غيرَ المقتّتِ يَعني غيرَ المطيَّبِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2691. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ हालत ए इहराम में अपने सर पर ऐसा तेल लगा लिया करते थे जिस में खुशबू नहीं होती थी| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (962 و قال : غریب لا نعرفه الا من حدیث فرقد السبخی۔۔ الخ) [و ابن ماجه (3083)] * فرقد بن یعقوب السبخی : ضعیف ضعفه الجمهور و اخطا من و ثقه

इहराम वाले किन चीजों से रुके रहे • بَاب مَا يجتنبه الْمحرم

तीसरी फस्ल • الْفَصْلُ الثَّالِث

٢٦٩٢ - عَنْ نَافِعٍ أَنَّ ابْنَ عُمَرَ وَجَدَ الْقُرَّ فَقَالَ: ألق عَلَيّ ثوبا نَافِعُ فَأَلْقَيْتُ عَلَيْهِ بُرْنُسًا فَقَالَ: تُلْقِي عَلَيَّ هَذَا وَقَدْ نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ يَلْبَسَهُ الْمُحْرِمُ؟ . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد؟

2692. नाफेअ से रिवायत है के इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा ने ठंडक महसूस की तो फ़रमाया, नाफेअ! मुझ पर कोई कपड़ा डालो मैंने एक जुब्बा इन पर डाल दिया तो उन्होंने ने फ़रमाया: तुम मुझ पर यह डाल रहे हो, हालाँकि रसूलुल्लाह ﷺ ने मुहर्रिम को इसे पहन ने से मना फ़रमाया है| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (1828)

٢٦٩٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَالِكٍ بن بُحَيْنَةَ قَالَ: احْتَجَمَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ مُحْرِمٌ بِلَحْيِ جَمَلٍ مِنْ طريقِ مكةَ فِي وسط رَأسه

2693. अब्दुल्लाह बिन मालिक बिन बुहैन रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हालत ए इहराम में लह्यी जमल के मक़ाम (मक्के और मदीना के दरमियान एक मकाम) पर अपने सर के बिच में पछने (हिजामा) लगवाए| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5698) و مسلم (88 / 1203)، (2886)

٢٦٩٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: احْتَجَمَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ مُحْرِمٌ عَلَى ظَهْرِ الْقَدَمِ مِنْ وَجَعٍ كَانَ بِهِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ

2694. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हालत ए इहराम में पाँव की पुश्त पर तकलीफ की वजह से पछने (हिजामा) लगवाए| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه ابوداؤد (1837) و النسائی (5 / 194 ح 2852) * قتادة مدلس و عنعن

٢٦٩٥ - وَعَن أبي رافعٍ قَالَ: تَزَوَّجَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَيْمُونَةَ وَهُوَ حَلَالٌ وَبَنَى بِهَا وَهُوَ حَلَالٌ وَكُنْتُ أَنَا الرَّسُولَ بَيْنَهُمَا. رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ

2695. अबी राफीअ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मैमुना रदियल्लाहु अन्हा से शादी की तो आप हालत ए इहराम में नहीं थे, और जब आप ने उन से खलवत की तब भी आप हालत ए इहराम में नहीं थे, और मैं दोनों के दरमियान कासिद व वासित था| अहमद तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस हसन है| (सहीह)

صحیح ، رواه احمد (6 / 392393 ح 27739) و الترمذی (841)

मुहरिम शिकार ना करे • بَاب الْحرم يجْتَنب الصَّيْد

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٢٦٩٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن الصعب بن جثامة أنه أهْدى رَسُول اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حِمَارًا وَحْشِيًّا وَهُوَ بِالْأَبْوَاءِ أَوْ بِوَدَّانَ فَرَدَّ عَلَيْهِ فَلَمَّا رأى مَا فِي وَجْهِهُ قَالَ: «إِنَّا لَمْ نَرُدَّهُ عَلَيْكَ إِلَّا أَنَّا حُرُمٌ»

2696. सअबी बिन जस्सामा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने मक़ाम ए अबवाअ या मक़ाम विदान पर एक जंगली गधा रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में पेश किया आप ने इसे कबूल न फ़रमाया, जब आप ﷺ ने उस के

चेहरे पर उदासी के आसार देखा तो फ़रमाया: “हमने इसलिए तुम्हें वापस किया है की हम हालत ए इहराम में हैं”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1825) و مسلم (50 / 1193)، (2845)

٢٦٩٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي قَتَادَةَ أَنَّهُ خَرَجَ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَتَخَلَّفَ مَعَ بَعْضِ أَصْحَابِهِ وَهُمْ مُحْرِمُونَ وَهُوَ غَيْرُ مُحْرِمٍ فَرَأَوْا حِمَارًا وَحْشِيًّا قَبْلَ أَنْ يَرَاهُ فَلَمَّا رَأَوْهُ تَرَكُوهُ حَتَّى رَآهُ أَبُو قَتَادَةَ فَرَكِبَ فَرَسًا لَهُ فَسَأَلَهُمْ أَنْ يُنَاوِلُوهُ سَوْطَهُ فَأَبَوْا فَتَنَاوَلَهُ فَحَمَلَ عَلَيْهِ فَعَقَرَهُ ثُمَّ أَكَلَ فَأَكَلُوا فَنَدِمُوا فَلَمَّا أَدْرَكُوا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سَأَلُوهُ. قَالَ: «هَلْ مَعَكُمْ مِنْهُ شَيْءٌ؟» قَالُوا: مَعَنَا رِجْلُهُ فَأَخَذَهَا النَّبِيُّ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم فَأَكلهَا»» وَفِي رِوَايَةٍ لَهُمَا: فَلَمَّا أَتَوْا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أَمِنْكُمْ أَحَدٌ أَمَرَهُ أَنْ يَحْمِلَ عَلَيْهَا؟ أَوْ أَشَارَ إِلَيْهَا؟» قَالُوا: لَا قَالَ: «فَكُلُوا مَا بَقِيَ مِنْ لَحمهَا»

2697. अबू क़तादा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के वह (हुदेबिया के साल) रसूलुल्लाह ﷺ के साथ रवाना हुए तो वह अपने बाज़ साथियो के साथ पीछे रह गए, वह हालत ए इहराम में थे जबकि वह खुद हालत ए इहराम में नहीं थे, उन्होंने मेरे देखने से पहले एक जंगली गधा देखा, जब उन्होंने इसे देखा तो उन्होंने इसे छोड़ दिया हत्ता के अबू क़तादा ने इसे देख लिया, वह अपने घोड़े पर सवार हुआ और उन (अपने साथियो) से मुतालबा किया के वह इसे उस का कोड़ा पकड़ा दें लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया, उन्होंने खुद इसे लिया और उस पर हमला कर दिया और इसे ज़ख़्मी कर दिया, फिर उन्होंने और उन के साथियो ने इसे खाया, लेकिन उन्हें नदामत व परेशानी हुई, जब वह रसूलुल्लाह ﷺ के पास पहुंचे तो उन्होंने आप ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया, आप ﷺ ने फ़रमाया: क्या उस का कोई हिस्सा तुम्हारे पास है?” उन्होंने अर्ज़ किया, उस का एक पाँव हमारे पास है, नबी ﷺ ने इसे लिया और इसे खाया, और सहीह बुखारी और सहीह मुस्लिम की दूसरी रिवायत में है जब वह रसूलुल्लाह ﷺ के पास आए तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम में से किसी ने इसे कहा था के उस पर हमला करो? या उसकी तरफ इशारा किया हो?” उन्होंने अर्ज़ किया, नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस का जो गोश्त बाकी बचा है उसे खाओ”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2854) و مسلم (5758 / 1196)، (2852 و 2853)

٢٦٩٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " خَمْسٌ لَا جُنَاحَ عَلَى من قتلَهُنّ [ص:٨٢ فِي الْحل وَالْإِحْرَامِ: الْفَأْرَةُ وَالْغُرَابُ وَالْحِدَأَةُ وَالْعَقْرَبُ وَالْكَلْبُ الْعَقُورُ "

2698. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “पांच चीज़े ऐसी है जिन्हें हरम में हालत ए इहराम में क़त्ल कर देने पर कोई गुनाह नहीं: चुहिया, कव्वा, चिल, बिच्छु और काटने वाला कुत्ता”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3315) و مسلم (72 / 1199)، (2868)

٢٦٩٩ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " خَمْسٌ فَوَاسِقُ يُقْتَلْنَ فِي الْحِلِّ وَالْحَرَمِ: الْحَيَّةُ وَالْغُرَابُ الْأَبْقَعُ وَالْفَأْرَةُ وَالْكَلْبُ الْعَقُورُ وَالْحُدَيَّا "

2699. आइशा रदियल्लाहु अन्हा नबी ﷺ से रिवायत करती है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "पांच किस्म के जानवर फासिक़ (नुक्सान देह) हैं, उन्हें हल व हरम हर हालत में क़त्ल किया जाएगा, सांप, कव्वा जो सिया सफ़ेद हो, चुहिया काटने वाला कुत्ता और चिल"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3314) و مسلم (67 / 1198)، (2863)

بَاب الْحرم يجْتَنب الصَّيْد • मुहरिम शिकार ना करे

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٧٠٠ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ جَابِرٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَحْمُ الصَّيْدِ لَكُمْ فِي الْإِحْرَامِ حَلَالٌ مَا لَمْ تَصِيدُوهُ أَوْ يُصَادُ لَكُمْ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ

2700. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "इस शिकार का गोश्त तुम्हारे लिए हालत ए इहराम में हलाल है जिसे ना तुमने शिकार किया हो न वह तुम्हारी खातिर शिकार किया गया हो"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (1851) و الترمذى (846) و النسائى (5 / 187 ح 2830) * المطلب : لم يسمع من جابر رضى الله عنه كما قال ابو حاتم الرازى (المراسيل ص 210)

٢٧٠١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْجَرَادُ مِنْ صَيْدِ الْبَحْرِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ

2701. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "टिड्डी (मकड़ी) समुंदरी शिकार के ज़िमरे में है"| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (1853 و سنده حسن ، 1854 و سنده ضعيف جدًا ، فيه ابو المهزم : متروك) و الترمذى (850 و قال : غريب ، و سنده ضعيف جدًا ، فيه ابو المهزم)

٢٧٠٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «يَقْتُلُ الْمُحْرِمُ السَّبُعَ الْعَادِيَ» .

رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

2702. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मुहरिम चिड़फाड़ करने वाले दरिन्दे को मार सकता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (838 و قال : حسن) و ابوداؤد (1848) و ابن ماجه (3089) * یزید بن ابی زیاد : ضعیف

٢٧٠٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ أَبِي عَمَّارٍ قَالَ: سَأَلت جابرَ بنَ عبدِ اللَّهِ عَنِ الضَّبُعِ أَصَيْدٌ هِيَ؟ فَقَالَ: نَعَمْ فَقُلْتُ: أَيُؤْكَلُ؟ فَقَالَ: نَعَمْ فَقُلْتُ: سَمِعْتُهُ [ص:٨٢ مِنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ قَالَ: نَعَمْ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَالشَّافِعِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حديثٌ حسنٌ صَحِيح

2703. अब्दुल रहमान बिन अबी अम्मार बयान करते हैं, मैंने जाबिर बिन अब्दुल्लाह रदियल्लाहु अन्हु से बिज्जू (लकड़बग्घा) के बारे में सवाल किया क्या यह शिकार है? उन्होंने कहा: हाँ, मैंने कहा क्या यह खाया जाता है? उन्होंने कहा: हाँ, मैंने कहा आप ने इसे रसूलुल्लाह ﷺ से सुना है? उन्होंने कहा: हाँ| तिरमिज़ी, नसई, शाफ़ई और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (851) و النسائی (5 / 191 ح 2839 ، 7 / 200 ح 4328) و الشافعی فی الام (2 / 193)

٢٧٠٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: سَأَلْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنِ الضَّبُعِ؟ قَالَ: «هُوَ صَيْدٌ وَيُجْعَلُ فِيهِ كَبْشًا إِذَا أَصَابَهُ الْمُحْرِمُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه والدارمي

2704. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने बिज्जू (लकड़बग्घा) खाने के बारे में रसूलुल्लाह ﷺ से दरियाफ्त किया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो शिकार है, और जब मुहरिम उस का शिकार करे तो उस के बदले उस पर एक मेंढा है”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (3801) و ابن ماجه (3085) و الدارمی (2 / 74 ، 75 ح 1948)

٢٧٠٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن خُزَيمةَ بنَ جَزَيّ قَالَ: سَأَلْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ أَكْلِ الضَّبُعِ. قَالَ: " أَوَ يَأْكُلُ الضَّبُعَ أَحَدٌ؟ . وَسَأَلْتُهُ عَنْ أَكْلِ الذِّئْبِ. قَالَ: «أَوَ يَأْكُلُ الذِّئْبَ أَحَدٌ فِيهِ خَيْرٌ؟» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: لَيْسَ إِسْنَاده بِالْقَوِيّ

2705. खुजैमा बिन जज़िय्यी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने बिज्जू (लकड़बग्धा) खाने के बारे में रसूलुल्लाह ﷺ से दरियाफ्त किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या कोई बिज्जू (लकड़बग्धा) भी खाता है?” मैंने आप से भेड़िया खाने के बारे में सवाल किया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या कोई साहबे ईमान भेड़िया भी खाता

है?” तिरमिज़ी, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: उसकी इसनाद क़वी नहीं| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (1792) * فیه عبد الکریم بن ابی المخارق : ضعیف

بَاب الْحرم يجْتَنب الصَّيْد • मुहरिम शिकार ना करे

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٧٠٦ - (صَحِيح) عَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ عُثْمَانَ التَّيْمِيِّ قَالَ: كُنَّا مَعَ طَلحة بن عُبيدِ اللَّهِ وَنَحْنُ حُرُمٌ فَأُهْدِيَ لَهُ طَيْرٌ وَطَلْحَةُ رَاقِدٌ فَمِنَّا مَنْ أَكَلَ وَمِنَّا مَنْ تَوَرَّعَ فَلَمَّا اسْتَيْقَظَ طَلْحَةُ وَافَقَ مَنْ أَكَلَهُ قَالَ: فَأَكَلْنَاهُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. رَوَاهُ مُسلم

2706. अब्दुल रहमान बिन उस्मान तय्मी बयान करते हैं, हम तल्हा बिन उबैदुल्लाह रदियल्लाहु अन्हु के साथ थे और हम हालत ए इहराम में थे, उन (तल्हा (र)) को एक (भुना हुवा) परिंदा बतौर हदिया भेजा गया जबकि तल्हा सो रहे थे, हम में से कुछ ने खा लिया और कुछ ने परहेज़ किया, तो जब तल्हा रदियल्लाहु अन्हु बेदार हुए तो उन्होंने इसे खाने वालो की मुवाफिकत की और फ़रमाया: हमने रसूलुल्लाह ﷺ के साथ खाया था| (मुस्लिम)

رواه مسلم (65 / 1197)، (2860)

بَاب الْإِحْصَار وفوت الْحَج • हज से मना किये जाने और हज के फौत हो जाने का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٢٧٠٧ - (صَحِيح) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَدْ أُحْصِرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَحَلَقَ رَأْسَهُ وَجَامَعَ نِسَاءَهُ وَنَحَرَ هَدْيَهُ حَتَّى اعْتَمَرَ عَامًا قَابلا. رَوَاهُ البُخَارِيّ

2707. अब्दुल्लाह बिन अब्बास रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, (सुलह हुदैबिया के साल) रसूलुल्लाह ﷺ को (उमरा करने से) रोक दिया गया तो आप ﷺ ने अपना सर मुंडाया, अपने अज़्वाज ए मूतहरात से जिमाअ किया और कुर्बानी की, और फिर अगले साल उमरा किया| (बुखारी)

رواه البخاری (1809)

٢٧٠٨ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ قَالَ: خَرَجْنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَحَالَ كَفَّارُ قُرَيْشٍ دُونَ الْبَيْتِ فَنَحَرَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ هَدَايَاهُ وَحَلَقَ وَقَصَّرَ أَصْحَابه. رَوَاهُ البُخَارِيّ

2708. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ के साथ (अमरे करने के लिए) रवाना हुए तो कुरैश बैतुल्लाह पहुँचने से पहले हाइल हो गए तो नबी ﷺ ने अपने कुर्बानियां जिबह की, और आप ने अपना सर मुंडाया जबकि आप के बाज़ सहाबा ने सर के बाल कतराए| (बुखारी)

رواه البخارى (1807)

٢٧٠٩ - (صَحِيح) وَعَنِ الْمِسْوَرِ بْنِ مَخْرَمَةَ قَالَ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَحَرَ قَبْلَ أَنْ يَحْلِقَ وَأَمَرَ أَصْحَابَهُ بِذَلِكَ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

2709. मिस्वर बिन मखरम रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कि रसूलुल्लाह ﷺ ने सर मुंडाने से पहले कुर्बानी की और आप ने अपने सहाबा को भी इस का हुक्म फ़रमाया| (बुखारी)

رواه البخارى (1811)

٢٧١٠ - (صَحِيح) وَعَن ابنِ عمَرَ أَنَّهُ قَالَ: أَلَيْسَ حَسْبُكُمْ سُنَّةَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ إِنْ حُبِسَ أَحَدُكُمْ عَنِ الْحَجِّ طَافَ بِالْبَيْتِ وَبِالصَّفَا وَالْمَرْوَةِ ثُمَّ حَلَّ مِنْ كُلِّ شَيْءٍ حَتَّى يَحُجَّ عَامًا قَابِلًا فَيَهْدِيَ أَوْ يَصُومَ إِنْ لَمْ يَجِدْ هَديا. رَوَاهُ البُخَارِيّ

2710. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है कि उन्होंने कहा: क्या तुम्हारे लिए रसूलुल्लाह ﷺ की सुन्नत काफी नहीं! अगर तुम में से किसी को हज से रोक दिया जाए तो वह बैतुल्लाह का तवाफ़ करे और सफा मरवा की सई करे, फिर हर चीज़ से हलाल हो जाए (इहराम की पाबन्दी ख़तम हो जाए) हत्ता के अगले साल हज करे और कुर्बानी करे अगर कुर्बानी मयस्सर न हो तो फिर रोज़े रखे| (बुखारी)

رواه البخارى (1810)

٢٧١١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ. قَالَتْ: دَخَلَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى ضُبَاعَةَ بِنْتِ الزُّبَيْرِ فَقَالَ لَهَا: «لَعَلَّكِ أَرَدْتِ الْحَجَّ؟» قَالَتْ: وَاللَّهِ مَا أَجِدُنِي إِلَّا وَجِعَةً. فَقَالَ لَهَا: " حُجِّي وَاشْتَرِطِي وَقُولِي: اللَّهُمَّ مَحِلِّي حَيْثُ حبستني "

2711. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ डूबाअत बिन्ते जुबैर रदियल्लाहु अन्हु के पास गए तो उन से फ़रमाया: “शायद के आप ने हज का इरादा किया है?” उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह की क़सम! मुझे

कुछ तकलीफ है, आप ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: “हज करे और शर्त काइम कर ले, इस तरह कहे: ऐ अल्लाह! मेरे हलाल होने की जगह वही होगी जहां तू मुझे (तकलीफ की वजह से आगे जाने से) रोक लेगा”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5089) و مسلم (104 / 1207)، (2902)

بَاب الْإِحْصَار وفوت الْحَج • हज से मना किये जाने और हज के फौत हो जाने का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٧١٢ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَمَرَ أَصْحَابَهُ أَنْ يُبَدِّلُوا الْهَدْيَ الَّذِي نَحَرُوا عَامَ الْحُدَيْبِيَةِ فِي عُمْرَةِ الْقَضَاءِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَفِيهِ قِصَّةٌ وَفِي سَنَدِهِ مُحَمَّدُ بْنُ إِسْحَاق

2712. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने सहाबा को हुक्म फ़रमाया के उन्होंने हुदैबिया के साल जो कुर्बानी की थी उस के बदले में अब उमरतुल कज़ा में कुर्बानी करे| अबू दावुद, उस में किस्सा है और उसकी सनद में मुहम्मद बिन इसहाक मुदल्लिस है| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (1864) * محمد بن اسحاق بن يسار : صرح بالسماع عند البيهقى فى دلائل النبوة (4 / 320) و للحديث شاهد قوى عند الحاكم (1 / 485)

٢٧١٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ الْحَجَّاجِ بْنِ عَمْرٍو الْأَنْصَارِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «من كُسِرَ أَوْ عَرِجَ فَقَدْ حَلَّ وَعَلَيْهِ الْحَجُّ من قَابل» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دواد وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ وَزَادَ أَبُو دَاوُدَ فِي رِوَايَةٍ أُخْرَى: «أَوْ مَرِضَ» . وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيث حسن. وَفِي المصابيح: ضَعِيف

2713. हज्जाज बिन अम्र अंसारी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स की हड्डी टूट जाए या वह लंगड़ा हो जाए तो वह हलाल हो गया और वह अगले साल हज करे”| तिरमिज़ी, अबू दावुद, नसई, इब्ने माजा दारमी और अबू दावुद ने एक दूसरी रिवायत में इज़ाफा नकल किया है : ’ या वह बीमार हो जाए”, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन है और मसाबिह में जईफ है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (940) و ابوداؤد (1862 ، 1863 ، الرواية الثانية)و النسائى (5 / 198 ح 2863) و ابن ماجه (3077) و الدارمى (2 / 61 ح 1901) [و صححه الحاكم على شرط البخارى 1 / 470 ، 483 و وافقه الذهبى و اعل بما لا يقدح]

٢٧١٤ - (صَحِيح) وَعَن عبدِ الرَّحمنِ بنِ يَعمُرَ الدِّيْلِي قَالَ: سَمِعْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «الْحَجُّ عَرَفَةُ مَنْ

أَدْرَكَ عَرَفَةَ لَيْلَةَ جَمْعٍ قَبْلَ طُلُوعِ الْفَجْرِ فَقَدْ أَدْرَكَ الْحَجَّ أَيَّامُ مِنىً ثلاثة أيَّامٍ فَمَنْ تَعَجَّلَ فِي يَوْمَيْنِ فَلَا إِثْمَ عَلَيْهِ وَمَنْ تَأَخَّرَ فَلَا إِثْمَ عَلَيْهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ»» هَذَا الْبَابُ خَالٍ عَنِ الْفَصْلِ الثَّالِثِ

2714. अब्दुल रहमान बिन यअमुर अल द्य्ली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना: "हज वुकुफ़ अरफात ही है, जो शख़्स मुज़दल्फा की रात तुलुअ ए फज्र से पहले अरफा में कयाम कर ले तो उस ने हज पा लिया, और मीना के अय्याम तीन है, जो शख़्स दो दिन में जल्दी कर के फारिग़ हो जाए तो उस पर कोई गुनाह नहीं और जो शख़्स ताखीर करे उस पर भी कोई गुनाह नहीं"| तिरमिज़ी, अबू दावुद, नसई, इब्ने माजा दारमी और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذی (889) و ابوداؤد (1949) و النسائی (5 / 264 ح 3047) و ابن ماجه (3015) و الدارمی (2 / 59 ح 1894)

हुरमत ए मक्का, अल्लाह तआला ने इस की हिफाज़त की ज़िम्मेदारी ली है • بَاب حرم مَكَّة حرسها الله تَعَالَى

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٢٧١٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ فَتْحِ مَكَّةَ: «لَا هِجرَة وَلَكِنْ جِهَادٌ وَنِيَّةٌ وَإِذَا اسْتُنْفِرْتُمْ فَانْفِرُوا» . وَقَالَ يَوْمَ فَتْحِ مَكَّةَ: «إِنَّ هَذَا الْبَلَدَ حَرَّمَهُ اللَّهُ يَوْمَ خَلَقَ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضَ فَهُوَ حَرَامٌ بِحُرْمَةِ اللَّهِ إِلَى يَوْمِ الْقِيَامَةِ وَإِنَّهُ لَمْ يحِلَّ الْقِتَالُ فيهِ لأحدٍ قبْلي وَلم يحلَّ لي إِلَّا سَاعَةً مِنْ نَهَارٍ فَهُوَ حَرَامٌ بِحُرْمَةِ اللَّهِ إِلَى يَوْمِ الْقِيَامَةِ لَا يُعْضَدُ شَوْكُهُ وَلَا يُنَفَّرُ صَيْدُهُ وَلَا يَلْتَقِطُ لُقَطَتَهُ إِلَّا مَنْ عَرَّفَهَا وَلَا يُخْتَلَى خَلَاهَا» . فَقَالَ الْعَبَّاسُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِلَّا الْإِذْخِرَ فَإِنَّهُ لِقَيْنِهِمْ وَلِبُيُوتِهِمْ؟ فَقَالَ: «إِلَّا الْإِذْخِرَ»

2715. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फतह मक्का के दिन फ़रमाया: "(अब) हिजरत बाकी नहीं रही, लेकिन जिहाद और नियत बाकी है, जब तुम्हें जिहाद के लिए निकलने का हुक्म दिया जाए तो निकलो", और आप ﷺ ने फतह मक्का के दिन फ़रमाया: "अल्लाह ने इस शहर को ज़मीन व आसमान की तखलीक के रोज़ ही हराम करार दे दिया था, वह अल्लाह की हुरमत की वजह से रोज़ ए कियामत तक हराम है और मुहम्मद ﷺ से पहले उस में किताल करना हलाल नहीं किया गया, और मेरे लिए भी दिन के कुछ वक़्त के लिए हलाल किया गया, वह अल्लाह की हुरमत के बाईस रोज़ ए कियामत तक के लिए हराम है, उस का कांटा ना काटा जाए न उस का शिकार भगाया जाए, और ना ही उसकी गिरी पड़ी चीज़ उठाई जाए सिवाय इस शख़्स के जो उस का एलान करे, और ना ही उसकी घास काटी जाए", अब्बास रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया,

अल्लाह के रसूल! बजुज़ इज़खीर घास के क्योंकि वह लोहारों और उन के घरो के इस्तेमाल की चीज़ है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “बजुज़ इज़खीर घास के”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1834) و مسلم (445 / 1353)، (3302)

٢٧١٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَفِي رِوَايَة لأبي هريرةَ: «لَا يُعضدُ شجرُها وَلَا يلتقطُ ساقطتَها إلاَّ مُنشِدٌ»

2716. और अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु की रिवायत में है: “ना उस का दरख्त काटा जाए न उसकी गिरी पड़ी चीज़ उठाई जाए सिवाय इस शख़्स के जो इस चिज़ का एलान करे”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (112) مسلم (448 / 1355)، (3306)

٢٧١٧ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «لَا يَحِلُّ لِأَحَدِكُمْ أَنْ يَحْمِلَ بمكةَ السِّلَاح» . رَوَاهُ مُسلم

2717. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना: “मक्का में असलहा उठाकर चलना किसी के लिए भी हलाल नहीं”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (449 / 1356)، (3307)

٢٧١٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دَخَلَ مَكَّةَ يَوْمَ الْفَتْحِ وَعَلَى رَأْسِهِ الْمِغْفَرُ فَلَمَّا نَزَعَهُ جَاءَ رَجُلٌ وَقَالَ: إِنَّ ابْنَ خَطَلٍ مُتَعَلِّقٌ بِأَسْتَارِ الْكَعْبَةِ. فَقَالَ: «اقتله»

2718. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ फतह मक्का के रोज़ मक्का में दाखिल हुए तो आप के सर पर खुद था, जब आप ने इसे उतारा तो किसी आदमी ने आ कर बताया की इब्ने खटल गिलाफे काबा के साथ चिमटा हुआ है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे क़त्ल कर दो”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1846) و مسلم (450 / 1357)، (3308)

٢٧١٩ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دَخَلَ يَوْمَ فَتْحِ مَكَّةَ وَعَلَيْهِ عمامةٌ سوْداءُ بِغَيْر إِحْرَام. رَوَاهُ مُسلم

2719. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ फतह मक्का के रोज़ (मक्के में) दाखिल हुए तो

आप के सर पर सियाह इमामा था और आप हालत ए इहराम में नहीं थे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (451 / 1358)، (3309)

٢٧٢٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَغْزُو جَيْشٌ الْكَعْبَةَ فَإِذَا كَانُوا بِبَيْدَاءَ مِنَ الْأَرْضِ يُخْسَفُ بِأَوَّلِهِمْ وَآخِرِهِمْ» . قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ وَكَيْفَ يُخْسَفُ بِأَوَّلِهِمْ وَآخِرِهِمْ وَفِيهِمْ أسواقُهم وَمن لَيْسَ مِنْهُم؟ قَالَ: «يخسف وَآخِرِهِمْ ثُمَّ يُبْعَثُونَ عَلَى نِيَّاتِهِمْ»

2720. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “एक लश्कर काबा पर हमला करने का क़सद करेगा, जब वह बैदा के मक़ाम पर होंगे तो उन के अव्वल व आख़िर तमाम फौजियो को ज़मीन में धंसा दीया जाएगा”, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! उन के अव्वल व आख़िर को कैसे धंसा दीया जाएगा, जबकि उन मैं इन की रिआया भी होगी, और ऐसे लोग भी होंगे जो उनमें से नहीं होंगे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उन के अव्वल व आख़िर सब को धंसा दीया जाएगा और फिर उन्हें उनकी नियतो के मुताबिक उठाया जाएगा”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (2118) و مسلم (8 / 2884)، (7244)

٢٧٢١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ «يُخَرِّبُ الْكَعْبَةَ ذُو السويقتين من الْحَبَشَة»

2721. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बारीक़ पिंडलियों वाला एक हब्शी शख़्स काबा को बर्बाद करेगा”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (1596) و مسلم (5758 / 2909)، (7305 و 7306)

٢٧٢٢ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «كَأَنِّي بِهِ أَسْوَدَ أَفْحَجَ يقْلعُها حجَراً حجَراً» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

2722. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “गोया में इस सियाह फाम शख़्स को देख रहा हूँ जो काबा का एक एक पत्थर उखाड़ फ़ेकेगा”| (बुखारी)

رواه البخاری (1595)

بَاب حرم مَكَّة حرسها الله تَعَالَى • हुरमत ए मक्का, अल्लाह तआला ने इस की हिफाज़त की ज़िम्मेदारी ली है

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٧٢٣ - (لم تتمّ دراسته) عَن يَعْلَى بْنِ أُمَيَّةَ قَالَ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «احْتِكَارُ الطَّعَامِ فِي الْحَرَمِ إِلْحَادٌ فِيهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

2723. यअली बिन उमय्य रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कि रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हरम में ज़खीरा अन्दोज़ी करना इल्हाद है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2020) * فيه موسى بن باذان : مجهول ، و جعفر و عمارة : مستوران

٢٧٢٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِمَكَّةَ: «مَا أَطْيَبَكِ مِنْ بَلَدٍ وَأَحَبَّكِ إِلَيَّ وَلَوْلَا أَنَّ قَوْمِي أَخْرَجُونِي مِنْكِ مَا سَكَنْتُ غَيْرَكِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ غَرِيب إِسْنَادًا

2724. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मक्का से फ़रमाया: “मेरे नज़दीक, तो सबसे अच्छा और सबसे पसंदीदा शहर है, अगर मेरी कौम मुझे तुझ से न निकालती तो मैं तेरे सिवा कहीं और न रहता”| तिरमिज़ी और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है और उसकी इसनाद ग़रीब है| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (3926) * فيه فضيل بن سليمان : ضعيف و له شواهد عند ابی يعلی (5 / 69 ح 2662) و غيره وهو بها حسن

٢٧٢٥ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَدِيِّ بْنِ حَمْرَاءَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَاقِفًا عَلَى الْحَزْوَرَةِ فَقَالَ: «وَاللَّهِ إِنَّكِ لَخَيْرُ أَرْضِ اللَّهِ وَأَحَبُّ اللَّهِ إِلَى اللَّهِ وَلَوْلَا أَنِّي أُخْرِجْتُ مِنْكِ مَا خرجْتُ» . رَوَاهُ الترمذيُّ وَابْن مَاجَه

2725. अब्दुल्लाह बिन अदि बिन हमराअ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को हजवरत के मक़ाम पर खड़े हुए देखा और आप ﷺ फरमा रहे थे: “अल्लाह की क़सम! तू अल्लाह की ज़मीन का सबसे बेहतरीन टुकड़ा और अल्लाह की सारी ज़मीन से अल्लाह को सबसे ज़्यादा महबूब है, अगर मुझे तुझ से निकाला न जाता तो मैं कभी न निकलता”| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذی (3925 و قال : حسن غريب صحيح) و ابن ماجه (3108) [و صححه ابن حبان (الاحسان : 3700) و الحاكم (3 / 7) و وافقه الذهبی]

بَاب حرم مَكَّة حرسها الله تَعَالَى • हुरमत ए मक्का, अल्लाह तआला ने इस की हिफाज़त की ज़िम्मेदारी ली है

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٧٢٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن أبي شُرَيْحٍ العَدوِيِّ أَنَّهُ قَالَ لِعَمْرِو بْنِ سَعِيدٍ وَهُوَ يَبْعَثُ الْبُعُوثَ إِلَى مَكَّةَ: ائْذَنْ لِي أَيُّهَا الْأَمِيرُ أُحَدِّثْكَ قَوْلًا قَامَ بِهِ رَسُولُ اللَّهِ [ص:٨٣ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الغدَ مِنْ يَوْمِ الْفَتْحِ سَمِعَتْهُ أُذُنَايَ وَوَعَاهُ قَلْبِي وَأَبْصَرَتْهُ عَيْنَايَ حِينَ تَكَلَّمَ بِهِ: حَمِدَ اللَّهَ وَأَثْنَى عَلَيْهِ ثُمَّ قَالَ: " إِنَّ مَكَّةَ حَرَّمَهَا اللَّهُ وَلَمْ يُحَرِّمْهَا النَّاسُ فَلَا يَحِلُّ لِامْرِئٍ يُؤْمِنُ بِاللَّهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ أَنْ يَسْفِكَ بِهَا دَمًا وَلَا يَعْضِدَ بِهَا شَجَرَةً فَإِنْ أَحَدٌ تَرَخَّصَ بِقِتَالِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِيهَا فَقُولُوا لَهُ: إِنَّ اللَّهَ قَدْ أَذِنَ لِرَسُولِه ولم يَأْذَن لِرَسُولِهِ وَلَمْ يَأْذَنْ لَكُمْ وَإِنَّمَا أُذِنَ لِي فِيهَا سَاعَة نَهَارٍ وَقَدْ عَادَتْ حُرْمَتُهَا الْيَوْمَ كَحُرْمَتِهَا بِالْأَمْسِ وَلْيُبْلِغِ الشَّاهِدُ الْغَائِبَ ". فَقِيلَ لِأَبِي شُرَيْحٍ: مَا قَالُ لَكَ عَمْرٌو؟ قَالَ: قَالَ: أَنَا أَعْلَمُ بِذَلِكَ مِنْكَ يَا أَبَا شُرَيْحٍ أَنَّ الْحَرَمَ لَا يُعِيذُ عَاصِيًا وَلَا فَارًّا بِدَمٍ وَلَا فَارًّا بِخَرْبَةٍ. مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَفِي الْبُخَارِيِّ: الْخَرْبَةُ: الْجِنَايَة

2726. अबू शरीह अदवी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कि उन्होंने अम्र बिन सईद से, जब के वह मक्का की तरफ लश्कर रवाना कर रहा था, कहा जनाब अमिर! अगर तुम मुझे इजाज़त दो तो मैं तुम्हें एक हदीस बयान करता हूँ जो रसूलुल्लाह ﷺ ने फतह मक्का के अगले रोज़ बयान फरमाई थी, जिसे मेरे कानों ने सुना, मेरा दिल ने इसे याद किया और मेरी आंखो ने इसे देखा, जब आप ने वह हदीस बयान की तो आप ﷺ ने अल्लाह की हम्द व सना बयान की, फिर फ़रमाया: “बेशक मक्का ऐसी जगह है जिसे अल्लाह ने हराम करार दिया है, और इसे कोई लोगों ने हराम करार नहीं दिया, जो शख़्स अल्लाह और आखिरत के दिन पर ईमान रखता है उस के लिए हलाल नहीं के वह उस में खून रेज़ी करे और उस के दरख्त काटे, हाँ अगर कोई शख़्स इस मैं रसूलुल्लाह ﷺ के किताल करने से किताल की इज़ाज़त रुखसत ले तो उसे कहो: बेशक अल्लाह ने अपने रसूल को उसकी इजाज़त दी थी और तुम्हें इजाज़त नहीं की और मुझे भी एक दिन के कुछ हिस्से के लिए इजाज़त दी गई थी और उसकी हुरमत आज भी वैसे यही जैसे कल थी, और चाहिए की जो यहाँ मौजूद है के गैर मौजूद तकिया बाते पहुंचा दे”| अबू शरीह रदियल्लाहु अन्हु से पूछा गया के अम्र ने तुम्हें क्या जवाब दिया? उन्होंने कहा: उसने मुझे कहा अबू शरीह! में उसे तुम से ज़्यादा जानता हूँ बेशक हरम किसी गुनाहगार को पनाह देता है न किसी मफरुर कातिल को और ना ही किसी मफरुर चोरी को पनाह देता है”| बुखारी, मुस्लिम, और सहीह बुखारी में है की الخربة का मानी الجنايه कसूर है| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (4295) و مسلم (446 / 1354)، (3304)

٢٧٢٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عيَّاشِ بنِ أبي ربيعةَ المَخْزُومِي قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَزَالُ هَذِهِ الْأُمَّةُ بِخَيْرٍ مَا عَظَّمُوا هَذِهِ الْحُرْمَةَ حَقَّ تَعْظِيمِهَا فَإِذَا ضَيَّعُوا ذلكَ هلَكُوا» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

2727. अब्बास बिन अबी रबिआ अल माख्ज़ुमी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ये उम्मत खैर व भलाई पर काइम रहेगी जब तक यह इस हुरमत (मक्का मुकर्रमा) की उसकी ताज़ीम के मुताबिक उसकी ताज़ीम करती रहेगी, जब वह उस को ज़ाए करेगा तो हलाक हो जाएँगे”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (3110) * يزيد بن ابى زياد : ضعيف ، ضعفه الجمهور

بَابُ حَرَمِ الْمَدِينَةِ حَرَسَهَا اللَّهُ تَعَالَى — हुरमत ए मदीना का बयान, अल्लाह तआला इस की हिफाज़त फरमाए

الْفَصْلُ الأول — पहली फस्ल

٢٧٢٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: مَا كَتَبْنَا عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَّا الْقُرْآنَ وَمَا فِي هَذِهِ الصَّحِيفَةِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «الْمَدِينَةُ حَرَامٌ مَا بَيْنَ عَيْرٍ إِلَى ثَوْرٍ فمنْ أحدَثَ فِيهَا حَدَثًا أَوْ آوَى مُحْدِثًا فَعَلَيْهِ لَعْنَةُ اللَّهِ وَالْمَلَائِكَةِ وَالنَّاسِ أَجْمَعِينَ لَا يُقْبَلُ مِنْهُ صَرْفٌ وَلَا عَدْلٌ ذِمَّةُ المسلمينَ واحدةٌ يَسْعَى بِهَا أَدْنَاهُمْ فَمَنْ أَخْفَرَ مُسْلِمًا فَعَلَيْهِ لَعْنَةُ اللَّهِ وَالْمَلَائِكَةِ وَالنَّاسِ أَجْمَعِينَ لَا يُقْبَلُ مِنْهُ صَرْفٌ وَلَا عَدْلٌ وَمَنْ وَالَى قَوْمًا بِغَيْرِ إِذْنِ مَوَالِيهِ فَعَلَيْهِ لَعْنَةُ اللَّهِ وَالْمَلَائِكَةِ وَالنَّاسِ أَجْمَعِينَ لَا يُقْبَلُ مِنْهُ صَرْفٌ وَلَا عدل»»» وَفِي رِوَايَةٍ لَهُمَا: «مَنِ ادَّعَى إِلَى غَيْرِ أَبِيهِ أَوْ تَوَلَّى غَيْرَ مَوَالِيهِ فَعَلَيْهِ لَعْنَةُ اللَّهِ وَالْمَلَائِكَةِ وَالنَّاسِ أَجْمَعِينَ لَا يُقْبَلُ مِنْهُ صرف وَلَا عدل»

2728. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हमने रसूलुल्लाह ﷺ से सिर्फ कुरान और जो कुछ इस सहिफे में है वह लिखा है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मदीना अयर से सौरन तक हरम है, जो शख़्स उस में कोई बिदअत इजाद करे या किसी बिदअत इजाद करने वाले को पनाह दे तो उस पर अल्लाह तआला, तमाम फरिश्तो और तमाम लोगों की लानत है, ना उसकी नफ्ल इबादत कबूल होगी न फ़र्ज़, मुसलमानों की अमान एक ही है, और उस में अदना मुसलमान की अमान की भी बराबर हैसियत है, जो शख़्स किसी मुसलमान के अहद को तोड़ा तो उस पर अल्लाह, फरिश्तो और तमाम लोगों की लानत है, ना उस का नफ्ल कबूल होगा न फ़र्ज़, और जो शख़्स अपने मालिको की इजाज़त के बगैर किसी कौम से मुआयदा कर ले तो उस पर अल्लाह, फरिश्तो और तमाम लोगों की लानत है, और ना उस का नफ्ल कबूल होगा न फ़र्ज़”| और सहीहैन ही की रिवायत में है: “जो शख़्स अपने आप को बाप के सिवा किसी और की तरफ मंसूब कर ले या अपने मालिको के अलावा किसी और से मुआयदा कर ले तो उस पर अल्लाह, फरिश्तो और तमाम लोगों की लानत है, ना उस से नफ्ल कबूल होगा न फ़र्ज़”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1870) و مسلم (467 / 1370)، (3327)

٢٧٢٩ - (صَحِيح) وَعَنْ سَعْدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنِّي أُحَرِّمُ مَا بَيْنَ لَابَتَيِ [ص:٨٣ الْمَدِينَةِ: أَنْ يُقْطَعَ عِضَاهُهَا أَوْ يُقْتَلَ صَيْدُهَا " وَقَالَ: «الْمَدِينَةُ خَيْرٌ لَهُمْ لَوْ كَانُوا يعلمونَ لَا يَدَعُهَا أَحَدٌ رَغْبَةً عَنْهَا إِلَّا أَبْدَلَ اللَّهُ فِيهَا مَنْ هُوَ خَيْرٌ مِنْهُ وَلَا يَثْبُتُ أَحَدٌ عَلَى لَأْوَائِهَا وَجَهْدِهَا إِلَّا كُنْتُ لَهُ شَفِيعًا أَوْ شَهِيدا يَوْم الْقِيَامَة» . رَوَاهُ مُسلم

2729. साअद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मैं मदीना के दोनों पथरिले मकामो के दरमियानी हिस्से को हरम करार देता हूँ, और इस इलाके का दरख्त कांट दे या उस का शिकार क़त्ल करना हराम है”, और फ़रमाया: “मदीना इन के लिए बेहतर है काश के वह जानते, अगर कोई शख़्स उस से अदम रगबत की वजह से इसे छोड़ जाएगा तो अल्लाह उस में उस के बदले में ऐसे शख़्स को आबाद करेगा जो उस से बेहतर होगा और जो शख़्स उसकी भूख और तकलीफ पर सब्र करेगा तो रोज़ ए कियामत में उसकी सिफारिश करूँगा या में उस के हक़ में गवाही दूंगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (459 / 1363)، (3318)

٢٧٣٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا يَصْبِرُ عَلَى لَأْوَاءِ الْمَدِينَةِ وَشِدَّتِهَا أَحَدٌ مِنْ أُمَّتِي إِلَّا كُنْتُ لَهُ شَفِيعًا يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2730. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मेरी उम्मत में से जो शख़्स मदीना की भूख और उसकी तकलीफ पर सब्र करेगा तो रोज़ ए कियामत में उसकी सिफारिश करूँगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (484 / 1378)، (3347)

٢٧٣١ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: كَانَ النَّاسُ إِذَا رَأَوْا أَوَّلَ الثَّمَرَةِ جَاءُوا بِهِ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَإِذَا أَخَذَهُ قَالَ: «اللَّهُمَّ بَارِكْ لَنَا فِي ثَمَرِنَا وَبَارِكْ لَنَا فِي مَدِينَتِنَا وَبَارِكْ لَنَا فِي صَاعِنَا وَبَارِكْ لَنَا فِي مُدِّنَا اللَّهُمَّ إِنَّ إِبْرَاهِيمَ عَبْدُكَ وَخَلِيلُكَ وَنَبِيُّكَ وَإِنِّي عَبْدُكَ وَنَبِيُّكَ وَإِنَّهُ دَعَاكَ لِمَكَّةَ وَأَنَا أدعوكَ للمدينةِ بمثلِ مَا دعَاكَ لمكة ومِثْلِهِ مَعَهُ» . ثُمَّ قَالَ: يَدْعُو أَصْغَرَ وَلِيدٍ لَهُ فيعطيهِ ذَلِك الثَّمر. رَوَاهُ مُسلم

2731. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब लोग पहला पहला फल देखते तो उसे नबी ﷺ की खिदमत में पेश करते, जब आप ﷺ इसे पकड़ लेते तो दुआ फरमाते: “ए अल्लाह! हमारे लिए फलों में बरकत फरमा, ऐ अल्लाह! हमारे लिए हमारे मदीना में बरकत फरमा, हमारे साअ और हमारे मुद (नापतोल के पैमाने) में बरकत फरमा, ऐ अल्लाह! बेशक इब्राहीम अलैहिस्सलाम तेरे बन्दे, तेरे खलील और तेरे नबी थे, और मैं भी तेरा बंदा और तेरा नबी हूँ, बेशक उन्होंने तुझ से मक्का के लिए दुआ फरमाई और मैं तुझ से इसी मिसल मदीना के लिए दुआ करता हूँ और उसकी मिस्ल उस के साथ मज़ीद दुआ करता हूँ”| रावी बयान करते हैं, फिर आप ﷺ अपने किसी सबसे छोटे बच्चे को बुलाते और वह फल इसे दे देते| (मुस्लिम)

رواه مسلم (473 / 1373)، (3334)

٢٧٣٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ إِبْرَاهِيمَ حَرَّمَ مَكَّةَ فَجَعَلَهَا حَرَامًا وَإِنِّي حَرَّمْتُ الْمَدِينَةَ حَرَامًا مَا بَيْنَ مَأْزِمَيْهَا أَنْ لَا يُهْرَاقَ فِيهَا دَمٌ وَلَا يُحْمَلَ فِيهَا سلاحٌ لقتالٍ وَلَا تُخبَطَ فِيهَا شجرةٌ إِلَّا لعلف» . رَوَاهُ مُسلم

2732. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "बेशक इब्राहीम अलैहिस्सलाम ने मक्का को हराम करार दिया और उसकी हुरमत को साबित किया और मैं मदीना को उस के दो पहाड़ो के दरमियानी इलाके को हराम करार देता हूँ कि ना उस में खून रेज़ी की जाए न किताल के लिए उस में अस्लिहा उठाया जाए और ना ही चारे के अलावा उस के दरख्तों के पत्ते झाड़े जाए"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (475 / 1374)، (3336)

٢٧٣٣ - (صَحِيح) وَعَنْ عَامِرِ بْنِ سَعْدٍ: أَنَّ سَعْدًا رَكِبَ إِلَى قَصْرِهِ بِالْعَقِيقِ فَوَجَدَ عَبْدًا يَقْطَعُ شَجَرًا أَوْ يَخْبِطُهُ فَسَلَبَهُ فَلَمَّا رَجَعَ سَعْدٌ جَاءَهُ أَهْلُ الْعَبْدِ [ص:٨٣ فَكَلَّمُوهُ أَنْ يَرُدَّ عَلَى غُلَامِهِمْ أَوْ عَلَيْهِمْ مَا أَخَذَ مِنْ غُلَامِهِمْ فَقَالَ: مَعَاذَ اللَّهِ أَنْ أَرُدَّ شَيْئًا نَفَّلَنِيهِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَبِي أَنْ يرد عَلَيْهِم. رَوَاهُ مُسلم

2733. आमिर बिन साद रहिमहुल्लाह से रिवायत है के साद (बिन अबी वकास (र)) मौजु अकिक में वाकेअ अपने महल की तरफ जा रहे थे की उन्होंने किसी गुलाम को दरख्त काटते हुए या उस के पत्ते झाड़ते हुए पाया तो उन्होंने उस का कपड़ा सलब कर लिया, जब साद रदियल्लाहु अन्हु वापस (मदीना) आए तो गुलाम के मालिक उन के पास आए और उन से बात की के उन्होंने गुलाम से जो कुछ लिया है के इसे उन के गुलाम को या हमें वापस लेटा दें, उस पर उन्होंने (साअद (र)) ने फ़रमाया: अल्लाह की पनाह की मैं इस चीज़ को वापस कर दू जो रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे बतौर ए गनीमत दी है, और उन्होंने उन्हें वह कपड़ा वापस करने से इनकार कर दिया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (461 / 1364)، (3320)

٢٧٣٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: لَمَّا قَدِمَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْمَدِينَةَ وُعِكَ أَبُو بَكْرٍ وَبِلَالٌ فَجِئْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَخْبَرْتُهُ فَقَالَ: «اللَّهُمَّ حَبِّبْ إِلَيْنَا الْمَدِينَةَ كَحُبِّنَا مَكَّةَ أَوْ أَشَدَّ وَصَحِّحْهَا وَبَارِكْ لَنَا فِي صاعها ومدها وانقل حماها فاجعلها بِالْجُحْفَةِ»

2734. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ मदीना तशरीफ़ लाए तो अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु और बिलाल रदियल्लाहु अन्हु बुखार में मुब्तिला हो गए, मैं रसूलुल्लाह ﷺ के पास आई और आप को बताया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "ए अल्लाह! जिस तरह हमें मक्का महबूब है उस तरह या इसे भी ज़्यादा मदीना हमें महबूब बना दे और इसे सेहते आफ्ज़ा बना दे, उस के सा मुद में हमारे लिए बरकत फरमा दें और उस के बुखार को मुन्तकिल फरमा और इसे जुह्फा भेज दे"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (1889) و مسلم (480 / 1376)، (3342)

٢٧٣٥ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ فِي رُؤْيَا النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الْمَدِينَةِ: " رَأَيْتُ امْرَأَةً سَوْدَاءَ ثَائِرَةَ الرَّأْسِ خَرَجَتْ مِنَ الْمَدِينَةِ حَتَّى نَزَلَتْ مَهْيَعَةَ فَتَأَوَّلْتُهَا: أَنَّ وَبَاءَ الْمَدِينَةِ نُقِلَ إِلَى مَهْيَعَةَ وَهِيَ الْجُحْفَةُ ". رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2735. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से नबी ﷺ के मदीना के बारे में ख्वाब के मुतल्लिक रिवायत है, (आप ﷺ ने फ़रमाया): “मैंने एक सियाह फाम परान्दा बालो वाली औरत को मदीना से निकल कर “ महयअम” पर कयाम करते हुए देखा, मैंने उसकी तावील की के मदीना की वबा “ महयअम” मुन्तकिल कर दी गई है और “ महयअम” जुह्फा का ही नाम है”| (बुखारी)

رواه البخارى (7039)

٢٧٣٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ سُفْيَانَ بْنِ أَبِي زُهَيْرٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «يُفْتَحُ الْيَمَنُ فَيَأْتِي قومٌ يبُسُّون فيَتَحمَّلونَ بأهليهم وَمن أطاعهم وَالْمَدِينَةُ خَيْرٌ لَهُمْ لَوْ كَانُوا يَعْلَمُونَ وَيُفْتَحُ الشَّامُ فَيَأْتِي قَوْمٌ يَبُسُّونَ فَيَتَحَمَّلُونَ بِأَهْلِيهِمْ وَمَنْ أَطَاعَهُمْ وَالْمَدِينَةُ خَيْرٌ لَهُمْ لَوْ كَانُوا يَعْلَمُونَ وَيُفْتَحُ الْعِرَاقُ فَيَأْتِي قَوْمٌ يَبُسُّونَ فَيَتَحَمَّلُونَ بِأَهْلِيهِمْ وَمَنْ أَطَاعَهُمْ وَالْمَدِينَةُ خَيْرٌ لَهُمْ لَوْ كَانُوا يعلمُونَ»

2736. सुफियान बिन अबी ज़हीर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “यमन फतह हो जाएगा तो कुछ लोग अपने ऊटों को तेज़ चलाते हुए आएँगे तो वह अपने अहल व अयाल और अपने इताअत गुज़ार लोगों को सवार कर के ले जाएंगे हालाँकि मदीना इन के लिए बेहतर था काश के वह जानते, और शाम फतह हो जाएगा तो कुछ लोग ऊटों को तेज़ चलाते हुए आएँगे तो वह अपने अहले खाना और जो उनकी इताअत इख़्तियार कर लेंगे उन को सवार कर के ले जाएंगे, हालाँकि मदीना इन के लिए बेहतर था काश वह जान लेते, और इराक फतह हो जाएगा तो कुछ लोग ऊटों को तेज़ दोड़ाते हुए आएँगे और वह अपने अहल व अयाल और अपने इताअत गुज़ार लोगों को सवार कर के ले जाएंगे, जबकि मदीना इन के लिए बेहतर था काश के वह जान लेते”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخارى (1875) و مسلم (498 / 1388)، (3365)

٢٧٣٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " أُمِرْتُ بِقَرْيَةٍ تَأْكُلُ الْقُرَى. يَقُولُونَ: يَثْرِبَ وَهِيَ الْمَدِينَةُ تَنْفِي النَّاسَ كَمَا يَنْفِي الْكِيرُ خَبَثَ الْحَدِيدِ "

2737. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुझे एक ऐसी बस्ती में कयाम करने का हुक्म दिया गया जो दूसरी बस्तियों पर ग़ालिब आ जाएगी, वह इसे यसरिब कहते हैं जबकि वह मदीना है, वह लोगों को ऐसे निकाल बाहर करती हैं जैसे भट्टी लोहे की मेल कुचेल निकाल बाहर करती है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخارى (1871) و مسلم (488 / 1382)، (3353)

٢٧٣٨ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرِ بْنِ سَمُرَةَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ الله سمى الْمَدِينَة طابة» . رَوَاهُ مُسلم

2738. जाबिर बिन समुराह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "बेशक अल्लाह तआला ने मदीना का नाम ताबत रखा है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (491 / 1385)، (3357)

٢٧٣٩ - (مُتَّفقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ جَابِرِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ: أَنَّ أَعْرَابِيًّا بَايَعَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم فَأَصَابَ الْأَعْرَابِيَّ وَعَكٌ بِالْمَدِينَةِ فَأَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم فَقَالَ: يَا مُحَمَّدُ أَقِلْنِي بَيْعَتِي فَأَبَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثُمَّ جَاءَهُ فَقَالَ: أَقِلْنِي بَيْعَتِي فَأَبَى ثُمَّ جَاءَهُ فَقَالَ: أَقِلْنِي بَيْعَتِي فَأَبَى فَخَرَجَ الْأَعْرَابِيُّ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّمَا الْمَدِينَةُ كَالْكِيرِ تَنْفِي خبثها وتنصع طيبها»

2739. जाबिर बिन अब्दुल्लाह रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक आराबी ने रसूलुल्लाह ﷺ की बैत की तो इस आराबी को मदीना में बुखार हो गया, वह नबी ﷺ के पास आया तो उस ने कहा: मुहम्मद! ﷺ मेरी बैत वापस कर दे, लेकिन रसूलुल्लाह ﷺ ने इनकार कर दिया, वह फिर आया और कहा: मेरी बैत वापस कर दे, लेकिन आप ने इनकार फ़रमाया, वह फिर आप के पास आया तो उस ने कहा मेरी बैत तोड़ दें, लेकिन आप ने इनकार फ़रमाया, वह आराबी (मदीना) से चला गया तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मदीना भट्टी की तरह है के वह बुरी चीज़ को निकाल देता है जबकि अच्छी चीज़ को वह खालिस बना देता है"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1883) و مسلم (489 / 1383)، (3355)

٢٧٤٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَقُومُ السَّاعَةُ حَتَّى تَنْفِيَ الْمَدِينَةُ شِرَارَهَا كَمَا يَنْفِي الْكِيرُ خَبَثَ الْحَدِيد» . رَوَاهُ مُسلم

2740. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "कियामत काइम नहीं होगी हत्ता के मदीना बुरे लोगों को निकाल बाहर करेगा जैसे भट्टी लोहे की मेल कुचेल निकाल बाहर करती है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (487 / 1381)، (3352)

٢٧٤١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «عَلَى أَنْقَابِ الْمَدِينَةِ مَلَائِكَةٌ لَا يَدْخُلُهَا الطَّاعُونُ وَلَا الدَّجَّالُ»

2741. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मदीना के दाखिली रास्तो पर फ़रिश्ते पहरा देते हैं ना उस में ताऊन दाखिल होगा न दज्जाल”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1880) و مسلم (485 / 1379)، (3350)

٢٧٤٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَيْسَ مِنْ بلدٍ إِلا سَيَطَؤهُ الدَّجَّالُ إِلَّا مَكَّةَ وَالْمَدِينَةَ لَيْسَ نَقْبٌ مِنْ أَنِقَابِهَا إِلَّا عَلَيْهِ الْمَلَائِكَةُ صَافِّينَ [ص:٨٣ يَحْرُسُونَهَا فَيَنْزِلُ السَّبِخَةَ فَتَرْجُفُ الْمَدِينَةُ بِأَهْلِهَا ثَلَاثَ رَجَفَاتٍ فَيَخْرُجُ إِلَيْهِ كُلُّ كَافِرٍ وَمُنَافِقٍ»

2742. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मक्का और मदीना के अलावा दज्जाल हर शहर को ख़राब कर डालेगा, इन दोनों शहरो के तमाम दाखिली रास्तो पर फ़रिश्ते सफे बांधे उनकी हिफाज़त कर रहे हैं, वह (दज्जाल) शोर वाली ज़मीन पर उतरेगा, फिर मदीना अपने रहने वालो को तीन बार खूब झटका देगा तो हर काफिर मुनाफ़िक़ इस (दज्जाल) की तरफ निकल जाएगा”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1881) و مسلم (123 / 2943)، (7390)

٢٧٤٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ سَعْدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَكِيدُ أَهْلَ الْمَدِينَةِ أَحَدٌ إِلَّا انْمَاعَ كَمَا يَنْمَاعُ الْملح فِي الْمَاءِ»

2743. साअद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स अहले मदीना से धोका करेगा तो वह इस तरह पिघल जाएगा जैसे नमक पानी में घुल जाता है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (1877) و مسلم (494 / 1387)، (3361)

٢٧٤٤ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ إِذَا قَدِمَ مِنْ سَفَرٍ فَنَظَرَ إِلَى جُدُراتِ الْمَدِينَةِ أَوْضَعَ رَاحِلَتَهُ وَإِنْ كَانَ عَلَى دَابَّةٍ حركها من حبها. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2744. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि जब नबी ﷺ सफ़र से वापस तशरीफ़ लाते और मदीना की दीवारों पर नज़र पड़ती तो आप मदीना से मुहब्बत की वजह से अपने ऊंटनी को, और अगर किसी और सवारी पर होते तो उसे तेज़ दोड़ाते”| (बुखारी)

رواه البخارى (1886)

٢٧٤٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ طَلَعَ لَهُ أُحُدٌ فَقَالَ: «هَذَا جَبَلٌ يُحِبُّنَا وَنُحِبُّهُ اللَّهُمَّ إِنَّ إِبْرَاهِيمَ حَرَّمَ مَكَّةَ وَإِنِّي أحرم مَا بَين لابتيها»

2745. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ को उहद पहाड़ नज़र आया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये वह पहाड़ है जो हम से मुहब्बत करता है और हम उस से मुहब्बत करते हैं, ऐ अल्लाह! बेशक इब्राहीम अलैहिस्सलाम ने मक्का को हराम करार दिया, और मैं मदीना के दोनों पथरीली जगह के दरमियानी इलाके को हराम करार देता हूँ”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2889) و مسلم (4620 / 1365)، (3321)

٢٧٤٦ - (صَحِيح) وَعَنْ سَهْلِ بْنِ سَعْدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أُحُدٌ جَبَلٌ يُحِبُّنَا ونحبُّه» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2746. सहल बिन साद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “उहद ऐसा पहाड़ है जो हम से मुहब्बत करता है और हम उस से मुहब्बत करते हैं”| (बुखारी)

رواه البخاری (1482)

بَابُ حَرَمِ الْمَدِينَةِ حَرَسَهَا اللَّهُ تَعَالَى • हुरमत ए मदीना का बयान, अल्लाह तआला इस की हिफाज़त फरमाए

الْفَصْلُ الثَّانِي • दूसरी फस्ल

2813. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु और अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने एक आदमी को खैबर पर आमला मुकर्रर किया, तो वह अच्छी किस्म की खजूरे लेकर आप के पास आया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या खैबर की सारी खजूरे इसी तरह की हैं?” उस ने अर्ज़ किया, नहीं, अल्लाह की क़सम! अल्लाह के रसूल! हम दो साअ के बदले यह एक साअ और तीन साअ के बदले दो साअ ले लेते है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ऐसे न किया करो, सारी खजूरे दिरहमो के हिसाब से बेच दिया करो और फिर दिरहमो के बदले उम्दा किस्म की खजूरे खरीद लिया करो”, और फ़रमाया: “वज़न की जाने वाली तमाम चीजों मैं भी यही उसूल है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2201) و مسلم (95 / 1593)، (4082)

٢٨١٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: جَاءَ بِلَالٌ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِتَمْرٍ بَرْنِيٍّ فَقَالَ لَهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مِنْ أَيْنَ هَذَا؟» قَالَ: كَانَ عِنْدَنَا تَمْرٌ رَدِيءٌ [ص:٨٥ فَبِعْتُ مِنْهُ صَاعَيْنِ بِصَاعٍ فَقَالَ: «أَوَّهْ عَيْنُ الرِّبَا عَيْنُ الرِّبَا لَا تَفْعَلْ وَلَكِنْ إِذَا أَرَدْتَ أَنْ تَشْتَرِيَ فَبِعِ التَّمرَ بِبَيْعٍ آخر ثمَّ اشْتَرِ بِهِ»

2814. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, बिलाल रदियल्लाहु अन्हु बरनी (बड़ी उम्दा किस्म की) खजूरे लेकर नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो नबी ﷺ ने उन से पूछा: “ये कहाँ से लाए हो?” उन्होंने अर्ज़ किया, हमारे पास नक्मी खजूरे थी मैंने उन के दो साअ के अवज़ उनका एक साअ लिया है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अफ़सोस! अफ़सोस! यह तो बिलकुल सूद है, बिलकुल सूद है, ऐसे न करो, बल्कि जब तुम खरीदना चाहो तो

उन खजूरो को फरोख्त करो, फिर इस कीमत के अवज़ उन्हें खरीदो”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2312) و مسلم (96 / 1594)، (4083)

٢٨١٥ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: جَاءَ عَبْدٌ فَبَايَعَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى الْهِجْرَةِ وَلَمْ يَشْعُرْ أَنَّهُ عَبْدٌ فَجَاءَ سَيِّدُهُ يُرِيدُهُ فَقَالَ لَهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ «بِعْنِيهِ» فَاشْتَرَاهُ بِعَبْدَيْنِ أَسْوَدَيْنِ وَلَمْ يُبَايِعْ أَحَدًا بَعْدَهُ حَتَّى يَسْأَلَهُ أَعَبْدٌ هُوَ أَوْ حُرٌّ. رَوَاهُ مُسلم

2815. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक गुलाम आया तो उस ने हिजरत पर नबी ﷺ की बैत की, जबकि आप ﷺ को मालुम न था के वह गुलाम है, इतने में उस का मालिक आया और उस का मुतालबा करने लगा तो नबी ﷺ ने इसे फ़रमाया: “इसे मुझे बेच दो”, आप ﷺ ने दो हब्शी गुलामो के बदले में उसे खरीद लिया उस के बाद आप किसी से बैत नहीं देते थे हत्ता के आप उस से पूछ लेते क्या यह गुलाम है या आज़ाद ?”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (123 / 1602)، (4113)

٢٨١٦ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ بَيْعِ الصُّبْرَةِ مِنَ التَّمْرِ لَا يُعْلَمُ مَكِيلَتُهَا بِالْكَيْلِ الْمُسَمَّى مِنَ التَّمْرِ. رَوَاهُ مُسلم

2816. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मालुम शुदा वज़न खजूर के बदले में गैर मालुम वज़न खजूरो के ढेर की बैअ से मना फ़रमाया है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (42 / 1530)، (3851)

٢٨١٧ - (صَحِيح) وَعَنْ فَضَالَةَ بْنِ أَبِي عُبَيْدٍ قَالَ: اشْتَرَيْتُ يَوْمَ خَيْبَرَ قِلَادَةً بِاثْنَيْ عَشَرَ دِينَارًا فِيهَا ذَهَبٌ وَخَرَزٌ فَفَصَّلْتُهَا فَوَجَدْتُ فِيهَا أَكْثَرَ مِنَ اثْنَيْ عَشَرَ دِينَارًا فَذَكَرْتُ ذَلِكَ لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «لَا تُبَاعُ حَتَّى تُفَصَّلَ» . رَوَاهُ مُسلم

2817. फुज़ालह बिन अबी उबैद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने खैबर के दिन बारह दीनार के बदले में एक हार खरीदा जिस में सोना और नग थे, मैंने इस हार को खोल दिया तो मैंने उस में बारह दीनार से ज़्यादा सोना पाया, मैंने नबी ﷺ से उस का तज़किरह किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस को न बेचा जाए हत्ता के उसे खोल कर अलग कर लिया जाए”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (90 / 1591)، (4076)

سود का बयान • بَاب الرِّبَا

दूसरी फस्ल • الْفَصْلُ الثَّانِي

٢٨١٨ - (ضَعِيف) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَيَأْتِيَنَّ عَلَى النَّاسِ زَمَانٌ لَا يَبْقَى أَحَدٌ إِلَّا أَكَلَ الرِّبَا فَإِنْ لَمْ يَأْكُلْهُ أَصَابَهُ مِنْ بُخَارِهِ» . وَيُرْوَى مِنْ «غُبَارِهِ» . رَوَاهُ أَحْمدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ

2818. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "लोगो पर ऐसा वक़्त भी आएगा के तमाम लोग सूद खाने वाले होंगे, अगर कोई उसे नहीं थी खाएगा तो उस का असर उस तक पहुँच जाएगा"| और इस तरह भी मरवी है के " उस का गुबार पहुँच जाएगा"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (2 / 494 ح 10415) و ابوداؤد (3331) و النسائی (7 / 243 ح 4460) و ابن ماجه (2278) * الحسن البصری مدلس و لم يصرح بالسماع و الجمهور علی انه لم يسمع من ابی هريرة رضی الله عنه

٢٨١٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُبَادَةَ بْنِ الصَّامِتِ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا تَبِيعُوا الذَّهَبَ بِالذَّهَبِ وَلَا الْوَرِقَ بِالْوَرِقِ وَلَا الْبُرَّ بِالْبُرِّ وَلَا الشَّعِيرَ بِالشَّعِيرِ وَلَا التَّمْرَ بِالتَّمْرِ وَلَا الْمِلْحَ بِالْمِلْحِ إِلَّا سَوَاءً بِسَوَاءٍ عَيْنًا بِعَيْنٍ يَدًا بِيَدٍ وَلَكِنْ بِيعُوا الذَّهَبَ بِالْوَرِقِ وَالْوَرِقَ بِالذَّهَبِ وَالْبُرَّ بِالشَّعِيرِ وَالشَّعِيرَ بِالْبُرِّ وَالتَّمْرَ بِالْمِلْحِ وَالْمِلْحَ بِالتَّمْرِ يَدًا بِيَدٍ كَيْفَ شِئْتُمْ» . رَوَاهُ الشَّافِعِي

2819. उबादा बिन सामित रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "सोने को सोने के बदले में, चाँदी को चाँदी, गंदुम को गंदुम, जौ को जो, खजूर को खजूर और नमक को नमक के बदले में फरोख्त न करो, हाँ यह कि वह बराबर बराबर, नकद बा नकद और दस्त बदस्त हो, और सोने को चांदी के बदले में, चांदी को सोने के बदले में, गंदुम को जौ के बदले में, जौ को गंदुम के बदले में, खजूर को नमक और नमक को खजूर के बदले में दस्त बदस्त जैसे तुम चाहो बेचो"| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الشافعی فی الام (3 / 15) [و مسلم فی صحيحه : 1587]

٢٨٢٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سَعْدِ بْنِ أَبِي وَقَّاصٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سُئِلَ عَنْ شِرَاءِ التَّمْرِ بِالرُّطَبِ فَقَالَ: «أَيَنْقُصُ الرُّطَبُ إِذَا يَبِسَ؟» فَقَالَ: نَعَمْ فَنَهَاهُ عَنْ ذَلِكَ. رَوَاهُ مَالِكٌ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَه

2820. साद बिन अबी वकास रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ से सुना आप से ताज़ा खजूरो के बदले में छुवारे खरीदने के बारे में सवाल किया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "जब खजूर खुश्क हो जाती है

तो क्या वह (वज़न में) कम हो जाती है?” तो इस शख़्स ने अर्ज़ की, जी हाँ! आप ﷺ ने इसे उस से मना फ़रमाया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه مالک (2 / 624 ح 1353) و الترمذی (1225 وقال : حسن صحیح) و ابوداؤد (3359) و النسائی (7 / 268269 ح 4549) و ابن ماجه (2264)

٢٨٢١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سَعِيدِ بْنِ الْمُسَيَّبِ مُرْسَلًا: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نهى عَن بَيْعِ اللَّحْمِ بِالْحَيَوَانِ قَالَ سَعِيدٌ: كَانَ مِنْ مَيْسِرِ أَهْلِ الْجَاهِلِيَّةِ. رَوَاهُ فِي شَرْحِ السُّنَّةِ

2821. सईद बिन मुसय्यब से मुरसल रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने हैवान के बदले गोश्त की बैअ से मना फ़रमाया है, सईद रहिमहुल्लाह ने फ़रमाया: यह जाहिलियत के जूए की एक सूरत थी| (सहीह)

صحیح ، رواه البغوی فی شرح السنة (8 / 76 ح 2073) [و مالک فی الموطا 2 / 655 ح 1396] * السند ضعیف لا رساله و له شواهد عند ابی داود (3356) و الترمذی (1237) و غیرهما

٢٨٢٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سَمُرَةَ بْنِ جُنْدُبٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى عَنْ بَيْعِ الْحَيَوَانِ بِالْحَيَوَانِ نَسِيئَةً. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ

2822. समुरह बिन जुन्दुब रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने हैवान के बदले हैवान की उधार बैअ से मना फ़रमाया| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (1237 وقال : حسن صحیح) و ابوداؤد (3356) و النسائی (7 / 292 ح 4624) و ابن ماجه (2270) و الدارمی (2 / 254 ح 2567)

٢٨٢٣ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرِو بْنِ الْعَاصِ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَمَرَهُ أَن يُجهِّزَ جَيْشًا فنفدتِ الْإِبلُ فأمرَهُ أَن يَأْخُذَ عَلَى قَلَائِصِ الصَّدَقَةِ فَكَانَ يَأْخُذُ الْبَعِيرَ بِالْبَعِيرَيْنِ إِلَى إِبِلِ الصَّدَقَةِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

2823. अब्दुल्लाह बिन अम्र बिन आस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने उन्हें लश्कर तैयार करने का हुक्म फ़रमाया तो ऊंट कम पड़ गए, फिर आप ने उन्हें हुक्म फ़रमाया के वह सदका की जवान साल ऊंटनियो के वादा पर ऊंट ले लें, चुनांचे वह एक ऊंट दो ऊंटनियो के बदले सदका के ऊंट आने तक के वादा पर ले रहे थे| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه ابوداؤد (3357) * عمرو بن حریش مجهول الحال و للحدیث شواهد ضعیفة

بَاب الرِّبَا • सूद का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٨٢٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَسَامَةُ بْنُ زَيْدٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم قَالَ: «الرِّبَا فِي النَّسِيئَةِ» . وَفِي رِوَايَةٍ قَالَ: «لَا رِبًا فِيمَا كَانَ يدا بيد»

2824. उसामा बिन ज़ैद रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “सूद उधार में है”, और एक दूसरी रिवायत में है: “जो नकद बा नकद हो उस में सूद नहीं”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (21782179) و مسلم (101103 / 1596)، (4088 و 4090)

٢٨٢٥ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ حَنْظَلَةَ غَسِيلِ الْمَلَائِكَةِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «دِرْهَمُ رِبًا يَأْكُلُهُ الرَّجُلُ وَهُوَ يَعْلَمُ أَشَدُّ مِنْ سِتَّةٍ وَثَلَاثِينَ زِنْيَةً» . رَوَاهُ أَحْمَدُ والدراقطني»» وَرَوَى الْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ وَزَادَ: وَقَالَ: «مَنْ نَبَتَ لَحْمُهُ مِنَ السُّحت فَالنَّار أولى بِهِ»

2825. गसील अल मलाइक हंजल रदियल्लाहु अन्हु के बेटे अब्दुल्लाह बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स जानते हुए एक दिरहम सूद खाता है तो यह छत्तीस मर्तबा ज़िना करने से भी ज़्यादा संगीन है”| और इमाम बयहकी ने शौबुल ईमान में इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत किया है और यह इज़ाफा नकल करते हुए फ़रमाया: “जिस शख़्स का गोश्त हराम से तैयार हुआ हो तो आग उसकी ज़्यादा हक़दार है”| (ज़ईफ़)

ضعیف ، رواه احمد (5 / 225 ح 2230) و الدارقطنی (3 / 16 ح 2819) * سنده ضعیف ، فی سماع ابن ابی ملیکة من عبدالله بن حنظلة لهذا الحدیث نظر و للحدیث علة أخری و شواهد ضعیفة عند ابن ماجه (2274) و غیره** البیهقی فی شعب الایمان (5518) عن ابن عباس و سنده ضعیف جدًا ، فیه محمد بن الفضل بن جابر ثنا یحیی بن اسماعیل بن عباس عن حسین بن قیس الرجی [متروک] عن عکرمة عن ابن عباس الخ

٢٨٢٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الرِّبَا سَبْعُونَ جُزْءًا أيسرها أَن الرجل أمه»

2826. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सूद के (गुनाह के) सत्तर हिस्से है, उनमें से कम तर गुनाह यह है कि आदमी अपने माल से निकाह (जिमाअ) करे”| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه ابن ماجه (2274) و البیهقی فی شعب الایمان (5521) * ابو معشر نجیح بن عبد الرحمن السندی ضعیف و للحدیث شواهد ضعیفة عند ابن الجارود (647) و الحاکم (2 / 37) و غیرهما

٢٨٢٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنِ الرِّبَا وَإِنْ كَثُرَ فَإِنَّ عاقبتَه تصيرُ إِلى قُلٍّ: رَوَاهُمَا ابْنُ مَاجَهْ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ. وَرَوَى أَحْمد الْأَخير

2827. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक सूद ख्वाह कितना भी ज़्यादा हो जाए लेकिन उस का अंजाम फकर ज़िल्लत है”, इन दोनों रिवायत को इब्ने माजा और बयहकी ने शौबुल ईमान में जबकि आखिरी हदीस को इमाम अहमद ने रिवायत किया है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابن ماجه (2279) و البيهقى فى شعب الايمان (5511) و احمد (1 / 395 ح 3754 ، 1 / 424 ح 4026) [و صححه الحاكم (2 / 37) و وافقه الذهبى]

٢٨٢٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " أَتَيْتُ لَيْلَةَ أَسْرِيَ بِي عَلَى قَوْمٍ بُطُونُهُمْ كَالْبُيُوتِ فِيهَا الْحَيَّاتُ تُرَى مِنْ خَارِجِ بُطُونِهِمْ فَقُلْتُ: مَنْ هَؤُلَاءِ يَا جِبْرِيلُ؟ قَالَ: هَؤُلَاءِ أَكَلَةُ الرِّبَا ". رَوَاهُ أَحْمد وَابْن مَاجَه

2828. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मेअराज की रात में एक कौम के पास आया जिन के पेट घरो की तरह थे जिन में सांप उन के पेट के बाहर से नज़र रहे थे, मैंने कहा: जिब्राइल! यह कोन लोग है? फ़रमाया: “सूद खोर”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (2 / 353 ح 8625) و ابن ماجه (2273) * فيه ابو الصلت : مجهول و على بن زيد بن جدعان : ضعيف

٢٨٢٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّهُ سَمِعَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم لعن آكِلَ الرِّبَا وَمُوكِلَهُ وَكَاتِبَهُ وَمَانِعَ الصَّدَقَةِ وَكَانَ يَنْهَى عَن النوح. رَوَاهُ النَّسَائِيّ

2829. अली रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ को सुना आप ने सूद खाने वाले, खिलाने वाले, उस के लिखने वाले और ज़कात न देने वाले पर लानत फरमाई, और आप ﷺ नौहा करने से मना किया करते थे| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه النسائى (8 / 147 ح 5106) * الحارث الاعور ضعيف و لبعض الحديث شواهد ضعيفة

٢٨٣٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ إِنَّ آخِرَ مَا نَزَلَتْ آيَةُ الرِّبَا وَإِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قُبِضَ وَلَمْ يُفَسِّرْهَا لَنَا فَدَعُوا الرِّبَا وَالرِّيبَةَ. رَوَاهُ ابْن مَاجَه والدارمي

2830. उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के आखिरी आयत सूद के बारे में नाज़िल हुई और

रसूलुल्लाह ﷺ फौत हो गए लेकिन आप ने उसकी हमें तफसीर नहीं बताई थी, तुम सूद और मिसल सूद तर्क कर दो| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (2276) و الدارمی (1 / 5152 ح 131) * قتادة مدلس و عنعن و للحديث طريق آخر عند الاسماعیلی کما فی مسند الفاروق لابن کثیر (2 / 571) و سنده ضعيف

٢٨٣١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا أَقْرَضَ أَحَدُكُمْ قَرْضًا فَأَهْدَي إِلَيْهِ أَوْ حَمَلَهُ عَلَى الدَّابَّةِ فَلَا يَرْكَبْهُ وَلَا يَقْبَلْهَا إِلَّا أَنْ يَكُونَ جَرَى بَيْنَهُ وَبَيْنَهُ قَبْلَ ذَلِكَ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ

2831. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई किसी को क़र्ज़ दे, फिर वह (मकरूज़) शख़्स उस को कोई तोहफा दे या इसे सवारी पर बिठाए तो वह उस पर सवार हो न इस तोहफे को कबूल करे, अलबत्ता अगर उन के दरमियान यह काम तहाईफ का तबादला वगैरा पहले से ही जारी हो तो जाईज़ है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (2432) و البیهقی فی شعب الایمان (5532) * عتبة : لیس شامیًا و روایة اسماعیل بن عیاش عن غیر الشامیین ضعیفة

٢٨٣٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا أَقْرَضَ الرَّجُلُ الرَّجُلَ فَلَا يَأْخُذْ هَدِيَّةً» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ فِي تَارِيخِهِ هَكَذَا فِي الْمُنْتَقى

2832. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जब आदमी, आदमी को क़र्ज़ दे तो फिर वह हदिया कबूल न करे”, इमाम बुखारी ने इसे तारीख में रिवायत किया, और अल मुन्तकी मैं भी इसी तरह है| (मझे नहीं मिली बुखारी की तारीख,)

لم اجده ، رواه البخاری (فی تاریخه (لم اجده و لعله لا اصل له) و ذکره فی منتقی الاخبار (2970)

٢٨٣٣ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي بُرْدَةَ بْنِ أَبِي مُوسَى قَالَ: قدمت الْمَدِينَة فَلَقِيت عبد الله بن سلا م فَقَالَ: إِنَّك بِأَرْض فِيهَا الرِّبَا فَاش إِذا كَانَ لَكَ عَلَى رَجُلٍ حَقٌّ فَأَهْدَى إِلَيْكَ حِمْلَ تَبْنٍ أَو حِملَ شعيرِ أَو حَبْلَ قَتٍّ فَلَا تَأْخُذْهُ فَإِنَّهُ رِبًا. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

2833. अबू बुरदह बिन अबू मूसा बयान करते हैं, मैं मदीना गया तो मैंने अब्दुल्लाह बिन सलाम रदियल्लाहु अन्हु से मुलाकात की तो उन्होंने ने फ़रमाया: तुम ऐसे मुल्क में रहते हो जहाँ सूद आम है, जब तुम्हारा किसी आदमी पर कोई हक़ हो और वह घास का एक गत्ता दे या जौ या जंगली हरे चारे का एक गठ्ता बतौर हदिया भेजे तो उसे न लो क्योंकि वह सूद है| (बुखारी)

رواه البخاری (3814)

بَابُ الْمَنْهِيِّ عَنْهَا مِنَ الْبُيُوعِ • ममनू तिजारत का बयान

الْفَصْلُ الأول • पहली फस्ल

٢٨٣٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنِ الْمُزَابَنَةِ: أَنْ يَبِيعَ تمر حَائِطِهِ إِنْ كَانَ نَخْلًا بِتَمْرٍ كَيْلًا وَإِنْ كَانَ كرْماً أَنْ يَبِيعَه زبيبِ كَيْلًا أَوْ كَانَ وَعِنْدَ مُسْلِمٍ وَإِنْ كَانَ زَرْعًا أَنْ يَبِيعَهُ بِكَيْلِ طَعَامٍ نَهَى عَنْ ذلكَ كُله. مُتَّفق عَلَيْهِ. وَفِي رِوَايَةٍ لَهُمَا: نَهَى عَنِ الْمُزَابَنَةِ قَالَ: " والمُزابنَة: أَنْ يُبَاعَ مَا فِي رُؤوسِ النَّخلِ بتمْرٍ بكيلٍ مُسمَّىً إِنْ زادَ فعلي وَإِن نقص فعلي)

2834. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने “मुज़ाबन” से मना फ़रमाया है, और वह यह है कि वह अपने बाग़ का फल, अगर खजूर हो तो मालुम शुदा मिकदार खुश्क खजूर के साथ, अगर अंगूर हो तो इसे किशमिश के साथ नाप कर, और मुस्लिम में है अगर खेती हो तो अनाज के साथ नाप कर बेचना, आप ﷺ ने इन सब सूरतो से मना फ़रमाया है| बुखारी, मुस्लिम, और सहीहैन ही की रिवायत में है, आप ﷺ ने मुज़ाबन मना फ़रमाया है, और मुज़ाबन यह है कि खजूरो के दरख्त पर लगे हुए फल को खुश्क खजूरो के साथ मकरुर पैमाने से बेचना, और यूँ कहे के अगर ज़्यादा हो तो मेरा और अगर कम हो तो में दूंगा| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (2205) و مسلم (75 / 1542)، (3897)

٢٨٣٥ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنِ الْمُخَابَرَةِ وَالْمُحَاقَلَةِ وَالْمُزَابَنَةِ وَالْمُحَاقَلَةُ: أَنْ يَبِيعَ الرَّجُلُ الزَّرْعَ بِمِائَةِ فَرَقٍ حِنطةً والمزابنةُ: أَنْ يبيعَ التمْرَ فِي رؤوسِ النَّخْلِ بِمِائَةِ فَرَقٍ وَالْمُخَابَرَةُ: كِرَاءُ الْأَرْضِ بِالثُّلُثِ والرُّبُعِ. رَوَاهُ مُسلم

2835. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुखाबराह, मुहाकलह और मुज़ाबनह मना फ़रमाया है, मुहाकलह यह है कि आदमी सौ फरक (वज़न का पैमाना) गंदुम के बदले खेती फरोख्त कर दे, मुज़ाबनह यह है कि वह सौ फरक खजूर के बदले में खजूरो को दरख्तों पर फरोख्त कर दे, और मुखाबराह यह है कि ज़मीन को तिहाई या चोथाई हिस्से पर काश्त करने को दिया जाए| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (8184 / 1536)، (3908 و 3912)

٢٨٣٦ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنِ الْمُحَاقَلَةِ وَالْمُزَابَنَةِ وَالْمُخَابَرَةِ [ص:٨٦ وَالْمُعَاوَمَةِ وَعَنِ الثُّنْيَا وَرَخَّصَ فِي الْعَرَايَا. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2836. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुहाकलह, मुज़ाबनह, मुखाबराह बाग़ को

कई साल पर ठेके पर देने और इस्तिसना से मना किया है, अलबत्ता आप ﷺ ने अंदाज़ा लगाने की इजाज़त फरमाई| (मुस्लिम)

رواه مسلم (85 / 1536)، (3913)

٢٨٣٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ سَهْلِ بْنِ أَبِي حَثْمَةَ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَن بيعِ التمْر بالتمْرِ إِلَّا أَنَّهُ رَخَّصَ فِي الْعَرِيَّةِ أَنْ تُبَاعَ بِخَرْصِهَا تَمْرًا يَأْكُلُهَا أَهْلُهَا رُطَبًا

2837. सहल बिन अबी हशम रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने खुश्क खजूर के बदले ताज़ा खजूर बेचने से मना फ़रमाया, अलबत्ता आप ने अंदाज़ा लगाने की इजाज़त दी, वह यह है कि उस को अंदाज़ा से खुश्क खजूरो के अवज़ बेच दिया जाए ताकि उस के मालिक ताज़ा खजूरे खा सके”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2191) و مسلم (67 / 1540)، (3887)

٢٨٣٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَرْخَصَ فِي بَيْعِ الْعَرَايَا بِخَرْصِهَا مِنَ التَّمْرِ فِيمَا دُونَ خَمْسَة أوسق أَو خَمْسَة أوسق شكّ دَاوُد ابْن الْحصين

2838. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने पांच वुस्क या उस से कम खुश्क खजूर के अंदाज़ा से ताज़ा खजूरो को बेचने की इजाज़त फरमाई”| दावुद बिन हुसैन रावी को पांच या पांच से कम में शक हवा| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2190) و مسلم (71 / 1541)، (3892)

٢٨٣٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ بَيْعِ الثِّمَارِ حَتَّى يَبْدُوَ صَلَاحُهَا نَهَى الْبَائِعَ وَالْمُشْتَرِي. مُتَّفِقٌ عَلَيْهِ»» وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ: نَهَى عَنْ بَيْعِ النَّخْلِ حَتَّى تَزْهُوَ وَعَنِ السنبل حَتَّى يبيض ويأمن العاهة

2839. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है रसूलुल्लाह ﷺ ने फलों की बैअ से मना फ़रमाया हत्ता के उनकी सलाहियत ज़ाहिर हो जाए, और आप ﷺ ने बाइअ और मुश्तरी दोनों को मना फ़रमाया| बुखारी, मुस्लिम, और मुस्लिम की रिवायत में है आप ﷺ ने खजूरो की बैअ से मना फ़रमाया हत्ता के वह सुर्ख हो जाए और आप ﷺ ने संबल (बालियों) की बैअ से मना फ़रमाया हत्ता के वह सफ़ेद हो जाए और आफत से बच जाए”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2194) و مسلم (49 / 1534 ، 50 / 1535)، (3862 و 3863)

٢٨٤٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَن بيع الثِّمَارِ حَتَّى تَزْهَى قِيلَ: وَمَا تَزْهَى؟ قَالَ:»» حَتَّى تخمر " وَقَالَ: «أَرَأَيْتَ إِذَا مَنَعَ اللَّهُ الثَّمَرَةَ بِمَ يَأْخُذ أحدكُم مَال أَخِيه؟»

2840. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फलों की बैअ से मना फ़रमाया हत्ता के “जहव” (पुख्ता) हो जाए”, अर्ज़ किया गया, “ जहव से क्या मुराद है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “हत्ता के वह सुर्ख हो जाए, और फ़रमाया: “मुझे बताओ अगर अल्लाह फल रोक ले तो फिर तुम में से कोई अपने मुसलमान भाई का माल किस चीज़ के अवज़ हासिल करोगा ?” (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2198) و مسلم (15 / 1555)، (3977)

٢٨٤١ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ بَيْعِ السِّنِينَ وَأَمَرَ بوضْعِ الجوائحِ. رَوَاهُ مُسلم

2841. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने कई सालों की बैअ से मना फ़रमाया और आफत से होने वाले नुकसान को मन्हा करने का हुक्म फ़रमाया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (101 / 1536)، (3930)

٢٨٤٢ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَوْ بِعْتَ مِنْ أَخِيكَ ثَمَرًا فَأَصَابَتْهُ جَائِحَةٌ فَلَا يَحِلُّ لَكَ أَنْ تَأْخُذَ مِنْهُ شَيْئًا بِمَ تَأْخُذُ مَالَ أَخِيكَ بِغَيْرِ حقٍ؟» . رَوَاهُ مُسلم

2842. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर तुम अपने (किसी मुसलमान) भाई का फल फरोख्त करो और फिर उस पर कोई आफत आजाए तो तुम्हारे लिए उस से कुछ लेना हलाल नहीं, तुम अपने भाई का माल नाहक किसी चीज़ के बदले हासिल करोगे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (14 / 1554)، (3975)

٢٨٤٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: كَانُوا يَبْتَاعُونَ الطَّعَامَ فِي أَعلَى السُّوقِ فيبيعُونَه فِي مكانهِ فَنَهَاهُمْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ بَيْعِهِ فِي مَكَانِهِ حَتَّى يَنْقِلُوهُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَلم أَجِدهُ فِي الصَّحِيحَيْنِ

2843. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, लोग बाज़ार के ऊपरी हिस्से से अनाज खरीदते और इसे वहीँ फरोख्त कर दिया करते थे, लेकिन रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे इसी जगह पर फरोख्त करने से मना फरमा दीया हत्ता के वह इसे मुन्तकिल करे| अबू दावुद, मैंने इसे सहीहैन में नहीं पाया| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (3494) [و البخاری (2167) و مسلم (1527)، (3843)]

٢٨٤٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنِ ابْتَاعَ طَعَامًا فَلَا يَبِيعهُ حَتَّى يَسْتَوْفِيه»

2844. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स गल्ला खरीद ले तो वह इसे कब्ज़े में लेने से पहले फरोख्त न करे”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2126) و مسلم (32 / 1526)، (3840)

٢٨٤٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَفِی رِوَايَةِ ابْنِ عَبَّاسٍ: «حَتَّى يكْتالَه»

2845. और इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा की रिवायत में है: “हत्ता के वह इसे नाप ले”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2135) و مسلم (31 / 1525، (3839) و اللفظ له)

٢٨٤٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: أَمَّا الَّذِي نَهَى عَنْهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَهُوَ الطَّعَامُ أَنْ يُبَاعَ حَتَّى يُقْبَضَ. قَالَ ابْنُ عَبَّاسٍ: وَلَا أَحْسِبُ كُلَّ شَيْءٍ إِلاَّ مثله

2846. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रही वह चीज़ जिस से नबी ﷺ ने मना फ़रमाया है के इसे फरोख्त न किया जाए हत्ता के उस पर कब्ज़े कर लिया जाए तो वह अनाज है, और इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा ने फ़रमाया: जबकि मेरा हर चीज़ के बारे में यही ख़याल है| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2135) و مسلم 29 / 1525)، (3836)

٢٨٤٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " لَا تَلَقَّوُا الرُّكْبَانَ لِبَيْعٍ وَلَا يَبِعْ بَعْضُكُمْ عَلَى بَيْعِ بَعْضٍ وَلَا تَنَاجَشُوا وَلَا يَبِعْ حَاضِرٌ لِبَادٍ وَلَا تُصَرُّوا الْإِبِلَ وَالْغَنَمَ فَمِنِ ابْتَاعَهَا بَعْدَ ذَلِكَ فَهُوَ بِخَيْرِ النَّظَرَيْنِ بَعْدَ أَنْ يحلبَها: إِنْ رَضِيَهَا أَمْسَكَهَا وَإِنْ سَخِطَهَا رَدَّهَا وَصَاعًا مِنْ تمر "»» وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ: " مَنِ اشْتَرَى شَاةً مُصَرَّاةً فَهُوَ بِالْخِيَارِ ثَلَاثَةَ أَيَّامٍ: فَإِنْ رَدَّهَا رَدَّ مَعَهَا صَاعا من طَعَام لَا سمراء "

2847. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेअ के लिए तिजारती काफले को (शहर से बाहर जा कर) न मिलो, कोई किसी की बेअ पर बेअ न करे, बिला इरादा खरीद, महज़ कीमत बढ़ाने के लिए बोली न दो, कोई शहरी, देहाती के लिए कोई माल फरोख्त न करे, ऊंटनी और बकरी का दूध न रोको, अगर कोई ऐसा जानवर खरीद लेता है तो दूध धोने के बाद इसे दोनों इख़्तियार हासिल हैं, अगर वह उस पर राज़ी हो तो इसे रख ले और अगर राज़ी न हो तो इसे वापस कर दे और एक साअ खजूर भी उस के साथ दे”| बुखारी, मुस्लिम, और मुस्लिम की रिवायत में है: “जो शख़्स ऐसी बकरी ख़रीदे जिस का दूध रोका गया हो तो इसे तीन दिन तक इख़्तियार है, अगर वह इसे वापस करे तो उस के साथ एक साअ खाने का भी वापस करे लेकिन

वह गंदुम न हो”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2150) و مسلم (11 / 1412)، (3832) [و الرواية الثانية (25 / 1524) و ذكرها البغوى فى مصابيح السنة (2080)]

٢٨٤٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَلَقَّوُا الْجَلَبَ فَمَنْ تَلَقَّاهُ فَاشْتَرَى مِنْهُ فَإِذَا أَتَى سَيِّدُهُ السُّوقَ فَهُوَ بالخَيارِ» . رَوَاهُ مُسلم

2848. अबू हुरैरा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम अनाज लाने वालो को रास्ते में जा कर न मिलो, जो शख़्स इसे मिले और उस से गल्ला खरीद ले, फिर उस का मालिक बाज़ार जाए तो उसे इख़्तियार हासिल है”| (चाहे तो सौदा रहने दे और चाहे तो फस्ख कर दे)| (मुस्लिम)

رواه مسلم (17 / 1519)، (3823)

٢٨٤٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَلَقَّوُا السِّلَعَ حَتَّى يُهْبَطَ بهَا إِلى السُّوق»

2849. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम समाने तिजारत को शहर से बाहर जा कर न मिलो हत्ता के इसे बाज़ार में उतार दिया जाए”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2165) و مسلم 14 / 1517)، (3819)

٢٨٥٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَبِعِ الرَّجُلُ عَلَى بَيْعِ أَخِيهِ وَلَا يَخْطِبْ عَلَى خِطْبَةِ أَخِيهِ إِلَّا أَنْ يأذَنَ لَهُ» . رَوَاهُ مُسلم

2850. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आदमी ना अपने भाई की बेअ पर बेअ करे न अपने भाई के पैगामे निकाह पर पैगामे निकाह भेजे मगर यह कि वह इसे इजाज़त दे दे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (50 / 1412)، (3455)

٢٨٥١ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم قَالَ: «لَا يَسُمِ الرَّجُلُ على سَوْمِ أخيهِ الْمُسلم» . رَوَاهُ مُسلم

2851. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आदमी अपने मुसलमान भाई की बेअ तेअ होने तक भाव न करे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (9 / 1515)، (3813)

٢٨٥٢ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ جَابِرٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يبِعْ حَاضِرٌ لِبَادٍ دَعُوا النَّاسَ يَرْزُقُ اللَّهُ بَعْضَهُمْ من بعض» . رَوَاهُ مُسلم

2852. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कोई शहरी, किसी देहाती का माल फरोख्त न करे, लोगों को (अपने हाल पर) छोड़ दो, अल्लाह तआला बाज़ के ज़रिए बाज़ को रीज़्क फराहम करता है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (20 / 1522)، (3826)

٢٨٥٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ لِبْسَتَيْنِ وَعَنْ بَيْعَتَيْنِ: نَهَى عَنِ الْمُلَامَسَةِ والمُنابذَةِ فِي البيعِ وَالْمُلَامَسَةُ: لَمْسُ الرَّجُلِ ثَوْبَ الْآخَرِ بِيَدِهِ بِاللَّيْلِ أَو بالنَّهارِ وَلَا يقْلِبُه إِلَّا بِذَلِكَ وَالْمُنَابَذَةُ: أَنْ يَنْبِذَ الرَّجُلُ إِلَى الرَّجُلِ بِثَوْبِهِ وَيَنْبِذَ الْآخَرُ ثَوْبَهُ وَيَكُونُ ذَلِكَ بَيْعَهُمَا عَنْ غَيْرِ نَظَرٍ وَلَا تَرَاضٍ وَاللِّبْسَتَيْنِ: اشْتِمَالُ الصَّمَّاءِ وَالصَّمَّاءُ: أَنْ يَجْعَلَ ثَوْبَهُ عَلَى أَحَدِ عَاتِقَيْهِ فَيَبْدُوَ أَحَدُ شِقَّيْهِ لَيْسَ عَلَيْهِ ثَوْبٌ وَاللِّبْسَةُ الْأُخْرَى: احْتِبَاؤُهُ بِثَوْبِهِ وَهُوَ جَالِسٌ ليسَ على فرجه مِنْهُ شَيْء

2853. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने दो तरह के पहनावों और दो तरह की तिजारत से मना फ़रमाया है, आप ﷺ ने बेअ मलामस और मुनाज़ब से मना फ़रमाया, मलामस यह है कि आदमी दिन या रात के वक़्त किसी दूसरे शख़्स के कपड़े को हाथ से छुता है और इसे उलट पलट कर के नहीं देखता और पस इस तरह बेअ हो जाती है, जबकि मनाबज़ाह यह है कि आदमी अपना कपड़ा दूसरे शख़्स की तरफ और वह अपना कपड़ा इस पहले शख़्स की तरफ फेकता है और बस इसी तरह बिन देखे और बगैर रज़ामंदी के बेअ हो जाती है, और दो पहनावे यह है उनमें से एक “ اشْتِمَالُ الصَّمَّاءِ (इश्तेमाल अल अस्माअ)” है और वह यह है कि वह अपना कपड़ा अपने किसी एक कंधे पर रखे और उस का एक पहलु ज़ाहिर रहे जिस पर कोई कपड़ा न हो, और दूसरा पहनावा यह है कि गोठ मार कर इस तरह बेठना के इस कपड़े का कुछ भी हिस्सा उसकी शर्मगाह पर न हो| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (5820) و مسلم (3 / 1512)، (3806)

٢٨٥٤ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عنْ بيعِ الحصاةِ وعنْ بيعِ الغَرَرِ. رَوَاهُ مُسلم

2854. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने कंकरी फेंक कर बेअ करने और धोके की बेअ करने से मना फ़रमाया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (4 / 1513)، (3808)

٢٨٥٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَن بَيْعِ حَبَلِ الْحَبَلَةِ وَكَانَ بَيْعًا يَتَبَايَعُهُ أَهْلُ الْجَاهِلِيَّةِ كَانَ الرَّجُلُ يَبْتَاعُ الْجَزُورَ إِلَى أَنْ تُنتجَ النَّاقةُ ثمَّ تُنتجُ الَّتِي فِي بطنِها

2855. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने " حَبَلِ الْحَبَلَةِ (हबल इल हबला)" की बैअ से मना फ़रमाया, और अहल ए जाहिलियत इस तरह की बेअ किया करते थे, और वह इस तरह के आदमी इस इकरार पर ऊंटनी खरीदता के यह ऊंटनी बच्चा जनेगी और फिर जब वह बच्चा, बच्चा जनेगा तब उसकी कीमत अदा करूँगा"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (2143) و مسلم (56 / 1514)، (3809 و 3810)

٢٨٥٦ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ عَسْبِ الْفَحْلِ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

2856. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने नरसे जफ्ती कराने पर उजरत लेने से मना फ़रमाया| (बुखारी)

رواه البخاری (2284)

٢٨٥٧ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ: قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ بَيْعِ ضِرَابِ الْجَمَلِ وَعَنْ بَيْعِ الْمَاءِ وَالْأَرْضِ لِتُحْرَثَ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2857. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने ऊंट से ऊंटनी पर जफ्ती कराने पर उजरत लेने और खेती बाड़ी के लिए दी जाने वाली ज़मीन और पानी पर उजरत लेने से मना फ़रमाया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (35 / 1565)، (4005)

٢٨٥٨ - (صَحِيح) وَعنهُ قَالَ: نهى رَسُول الله عَن بيع فضل المَاء. رَوَاهُ مُسلم

2858. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने ज़ईदाज़ ज़रूरत पानी फरोख्त करने से मना

फ़रमाया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (34 / 1565)، (4004)

٢٨٥٩ - (مُتَّفقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يُبَاعُ فضل الماء ليباع بِهِ الْكلأُ»

2859. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "ज़ईदाज़ ज़रूरत पानी फरोख्त न किया जाए ताकि उस के ज़रिए घास फरोख्त की जाए"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2353) و مسلم (38 / 1566)، (4008)

٢٨٦٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَرَّ عَلَى صُبْرَةِ طَعَامٍ فَأَدْخَلَ يَدَهُ فِيهَا فَنَالَتْ أَصَابِعُهُ بَلَلًا فَقَالَ: «مَا هَذَا يَا صَاحِبَ الطَّعَامِ؟» قَالَ: أَصَابَتْهُ السَّمَاءُ يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ: «أَفَلَا جَعَلْتَهُ فَوْقَ الطَّعَامِ حَتَّى يَرَاهُ النَّاسُ؟ مَنْ غَشَّ فَلَيْسَ مني» . رَوَاهُ مُسلم

2860. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ अनाज के एक ढेर के पास से गुज़रे तो आप ने अपना हाथ उस में दाखिल किया तो आप की उंगलिया नम हो गई तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "अनाज वाले यह क्या है?" उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! उस पर बारिश हो गई थी आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुमने इसे अनाज के ऊपर क्यों न किया ताकि लोग जान लेते (जान लो) जिस शख़्स ने धोका दिया वह मुझ से नहीं"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (164 / 102)، (284)

बَابُ الْمَنْهِيِّ عَنْهَا مِنَ الْبُيُوعِ • ममनू तिजारत का बयान

الْفَصْلُ الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٨٦١ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ جَابِرٍ قَالَ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى عَنِ الثُّنْيَا إِلَّا أَنْ يُعلم. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2861. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने गैर (मुईन अशियाअ में) इस्तसना करने से मना फ़रमायाm अलबत्ता अगर वह (मुस्तसना चीज़) मालुम हो तो जाईज़ है| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذى (1290 وقال : حسن صحيح غريب)

٢٨٦٢ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَنَسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ بَيْعِ الْعِنَبِ حَتَّى يَسْوَدَّ وَعَنْ بَيْعِ الْحَبِّ حَتَّى يَشْتَدَّ هَكَذَا. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ عَنْ أَنَسٍ. وَالزِّيَادَةُ الَّتِي فِي المصابيح وَهُوَ قولُه: نهى عَن بيْعِ التَمرِ حَتَّى تزهوَ إِنَّما ثبتَ فِي رِوَايَتِهِمَا: عَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: نَهَى عَنْ بَيْعِ النَّخْلِ حَتَّى تَزْهُوَ وَقَالَ التِّرمِذِيُّ: هَذَا حَدِيث حسن غَرِيب

2862. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने अंगूरों की बैअ से मना फ़रमाया हत्ता के वह (पक कर) सियाह हो जाए और दानो (गल्ला अनाज वगैरा) की बैअ से मना फ़रमाया हत्ता के वह (पक कर) सख्त हो जाए”| इमाम तिरमिज़ी और अबू दावुद ने इसे इसी तरह रिवायत किया है इन दोनों के यहाँ (अनस (र)) से मरवी रिवायत में यह अल्फाज़ नहीं है, आप ﷺ ने खजूरो की बैअ से मना फ़रमाया हत्ता के वह सुर्ख हो जाए, अलबत्ता इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से मरवी रिवायत में यह अल्फाज़ है आप ﷺ ने खजूरो की बैअ से मना फ़रमाया हत्ता के वह सुर्ख हो जाए, और यह इज़ाफा जो मसाबिह में है वह यह अल्फाज़ है की आप ﷺ ने खजूरो की बैअ से मना फ़रमाया हत्ता के वह सुर्ख हो जाए, अलबत्ता इन दोनों की इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से मरवी रिवायत में मज्कुरह अल्फाज़ मौजूद है: “आप ﷺ ने खजूरो की बैअ से मना फ़रमाया हत्ता के वह सुर्ख हो जाए”, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन ग़रीब है| (सहीह)

سنده صحيح ، رواه الترمذی (1228) و ابوداؤد (3371) [و ابن ماجه : 2217] * و ذکره البغوی فی مصابيح السنة (الزيادة الاولی 2 / 330 ح 2095) [و رواه البخاری (2195) و مسلم (15 / 1555)، (3977) الرواية الثانية عن ابن عمر] و رواه البخاری (2247 ، 2248) و مسلم (50 / 1535)

٢٨٦٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم نهى عَن بيع الكالئ بالكالئ. رَوَاهُ الدَّارَقُطْنِيّ

2863. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हा से मरवी है के नबी ﷺ ने क़र्ज़ के साथ क़र्ज़ की बेअ को ममनूअ करार दिया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الدارقطنی (3 / 7171) [و البيهقی 5 / 290] * فيه موسى بن عقبة (!) وهو خطاو الصواب ابو عبدالعزيز موسى بن عبيدة الربذی (وهو ضعيف)

٢٨٦٤ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ بَيْعِ الْعُرْبَانِ. رَوَاهُ مَالِكٌ وَأَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

2864. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने बयाना लेकर बेअ करने से मना फ़रमाया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه مالک (2 / 609 ح 1331) و ابوداؤد (3502) و ابن ماجه (21922193)

٢٨٦٥ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم عَن بيْعِ المضطرِّ وعنْ بيْعِ الغَرَرِ وَعَنْ بَيْعِ الثَّمَرَةِ قَبْلَ أَنْ تُدْرِكَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2865. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मजबूरो बे बस शख़्स की बेअ से, धोके की बेअ से और फलों की बेअ से उस से पहले के वह पक जाए मना फ़रमाया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداو7د (3382) * شيخ من بنى تميم : مجهول ، كما قال الخطابى و غيره الحديث ضعفه البغوى

٢٨٦٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ: أَنَّ رَجُلًا مِنْ كِلَابٍ سَأَلَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم عَنْ عَسْبِ الْفَحْلِ فَنَهَاهُ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّا نُطْرِقُ الْفَحْلَ فَنُكْرَمُ فَرَخَّصَ لَهُ فِي الْكَرَامَةِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2866. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कलाब कबिले के एक आदमी ने नर से जफ्ती कराने की उजरत के बारे में नबी ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया तो आप ने इसे मना किया, तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हम तो जफ्ती कराते है लेकिन (बिन मांगे) हदिया के तौर पर हमें नवाज़ा जाता है, आप ﷺ ने इसे हदियतन रखने की इजाज़त दे दि| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذى (1274 وقال : حسن غريب)

٢٨٦٧ - (صَحِيح) وَعَنْ حَكِيمِ بْنِ حِزَامٍ قَالَ: نَهَانِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم أَنْ أَبِيعَ مَا ليسَ عندِي. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ فِي رِوَايَةٍ لَهُ وَلِأَبِي دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ: قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ يَأْتِينِي الرَّجُلُ فَيُرِيدُ مِنِّي الْبَيْعَ وَلَيْسَ عِنْدِي فَأَبْتَاعُ لَهُ مِنَ السُّوقِ قَالَ: «لَا تبِعْ مَا ليسَ عندَكَ»

2867. हकिम बिन हिज़ाम रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने ऐसी चीज़ बेचने से मुझे मना फ़रमाया जो मेरे पास मौजूद न हो| तिरमिज़ी, तिरमिज़ी की एक दूसरी रिवायत और अबू दावुद और नसई की एक रिवायत में है, वह बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! कोई आदमी मेरे पास आता है और मुझ से कोई चीज़ खरीदना चाहता है, लेकिन वह मेरे पास नहीं होती तो में उसे बाज़ार से खरीद देता हूँ, (तो क्या यह जाईज़ है?) आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो चीज़ तेरे पास न हो इसे न बेच”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (12321233 وقال : حسن) و ابوداؤد (3503) و النسائى (7 / 289 ح 4717) و الرواية الثانية فى مصابيح السنة (2101)

٢٨٦٨ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم عَنْ بَيْعَتَيْنِ فِي بيعةٍ. رَوَاهُ مَالك وَالتِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ

2868. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने एक बेअ में दो बैअ से मना फ़रमाया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه مالک (2 / 663 ح 1404) و الترمذی (1231 وقال : حسن صحیح) و ابوداؤد (3461) و النسائی (7 / 296297 ح 4636)

٢٨٦٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ بَيْعَتَيْنِ فِي صَفْقَةٍ وَاحِدَةٍ. رَوَاهُ فِي شرح السّنة

2869. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने एक ही मर्तबा दो बैअ से मना फ़रमाया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه البغوی فی شرح السنة (8 / 144 ح 2112) [و البیهقی 5 / 343] و انظر الحدیث الآتی :2870

٢٨٧٠ - (حسن) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَحِلُّ سَلَفٌ وَبَيْعٌ وَلَا شَرْطَانِ فِي بَيْعٍ وَلَا رِبْحُ مَا لَمْ يضمن وَلَا بيع مَا لَيْسَ عِنْدَكَ» . [ص:٨٦ رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا صَحِيح

2870. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ना क़र्ज़ और बेअ (एक साथ) जाईज़ है न एक बेअ में दो शर्ते, और ना ही इस चिज़ का मुनाफा जाईज़ है जिस का ज़ामिन नहीं और इस चीज़ की बेअ भी जाईज़ नहीं जो तेरे पास नहीं”| तिरमिज़ी, अबू दावुद, नसई, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस सहीह है| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه الترمذی (1234) و ابوداؤد (3504) و النسائی (7 / 288 ح 4615)

٢٨٧١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: كُنْتُ أَبِيعُ الْإِبِلَ بالنقيع بِالدَّنَانِيرِ فآخذ مَكَانهَا الدراهم وأبيع بِالدَّرَاهِمِ فَآخُذُ مَكَانَهَا الدَّنَانِيرَ فَأَتَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَذَكَرْتُ ذَلِكَ لَهُ فَقَالَ: «لَا بَأْسَ أَنْ تَأْخُذَهَا بِسِعْرِ يَوْمِهَا مَا لَمْ تَفْتَرِقَا وَبَيْنَكُمَا شَيْءٌ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ والدارمي

2871. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैं मक़ाम नकीअ पर ऊटों को दिनारो के बदले बेचा करता था और उनकी जगह दिरहम वुसुल करता था, और कभी दिरहमो में बेचता और उनकी जगह दीनार वुसुल करता था, मैं नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो मैंने आप से उस का तज़किरह किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर तुम इसी रोज़ की कीमत वुसुल करो, और जब तुम दोनों जुदा हो तो तुम्हारे दरमियान लेन देन बाकी न हो तो उस में कोई हरज नहीं”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1242) و ابوداؤد (3354) و النسائی (7 / 281282 ح 4586) و الدارمی (2 / 259 ح 2584)

٢٨٧٢ - (حسن) وَعَنِ الْعَدَّاءِ بْنِ خَالِدِ بْنِ هَوْذَةَ أَخْرَجَ كِتَابًا: هَذَا مَا اشْتَرَى الْعَدَّاءُ بْنُ خَالِدِ بْنِ هَوْذَةَ مِنْ مُحَمَّدٍ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ اشْترى مِنْهُ عبدا أَو أمة لَا دَاءَ وَلَا غَائِلَةَ وَلَا خِبْثَةَ بَيْعَ الْمُسْلِمِ الْمُسْلِمَ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

2872. अद्दाअ बिन खालिद बिन हवज़त रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है उन्होंने एक तहरीर निकाली (जिस की इबारत यूँ थी) यह तहरीर इस चीज़ से मुतल्लिक है जो अद्दाअ बिन खालिद बिन हवज़त ने अल्लाह के रसूल मुहम्मद ﷺ से गुलाम या लौंडी खरीदी, उस में कोई बीमारी है ना इसे कोई बुरी आदत है और कोई अख्लाकी बुराई, और यह मुसलमान की मुसलमान से बेअ है"| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (1216)

٢٨٧٣ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَنَسٍ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَاعَ حِلْسًا وَقَدَحًا فَقَالَ: «مَنْ يَشْتَرِي هَذَا الحلس والقدح؟» فَقَالَ رجل: آخذهما بِدِرْهَمٍ. فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ يَزِيدُ عَلَى دِرْهَمٍ؟» فَأَعْطَاهُ رَجُلٌ دِرْهَمَيْنِ فَبَاعَهُمَا مِنْهُ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

2873. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने एक कम्बल और प्याला बेचने का इरादा किया तो फ़रमाया: "इस कम्बल और प्याले को कौन खरीदता है?" एक आदमी ने अर्ज़ किया, मैं इन दोनों को एक दिरहम में खरीदता हूँ, तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: "एक दिरहम से ज़्यादा कौन देता है?" चुनांचे एक आदमी ने दो दिरहम के अवज़ उन्हें आप ﷺ से खरीद लिया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1218 وقال : حسن) و ابوداؤد (1641) و ابن ماجه (2198)

بَابُ الْمَنْهِيِّ عَنْهَا مِنَ الْبُيُوعِ • ममनू तिजारत का बयान

الْفَصْلُ الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٨٧٤ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ وَاثِلَةَ بْنِ الْأَسْقَعِ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم يَقُول: «من بَاعَ عَيْبًا لَمْ يُنَبِّهْ لَمْ يَزَلْ فِي مَقْتِ اللَّهِ أَوْ لَمْ تَزَلِ الْمَلَائِكَةُ تَلْعَنُهُ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ

2874. वासिला बिन अस्कअ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "जो शख़्स कोई ऐब नुक्स वाली चीज़ बेचता है और उस के मुतल्लिक बताता नहीं तो वह अल्लाह की नाराज़ी में रहता है या फ़रिश्ते उस पर लानत भेजते रहते है"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابن ماجه (2247) * بقیة مدلس و عنعن و له علة أخرى

بَابُ [في البيع المشروط] • मशुरत तिजारत का बयान

الْفَصْلُ الأول • पहली फस्ल

٢٨٧٥ - (صَحِيحٌ) عَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنِ ابْتَاعَ نَخْلًا بَعْدَ أَنْ تُؤَبَّرَ فَثَمَرَتُهَا لِلْبَائِعِ إِلَّا أَنْ يَشْتَرِطَ الْمُبْتَاعُ وَمَنِ ابْتَاعَ عَبْدًا وَلَهُ مَالٌ فَمَالُهُ لِلْبَائِعِ إِلَّا أَنْ يَشْتَرِطَ الْمُبْتَاعُ» . رَوَاهُ مُسلم وروى الْبُخَارِيّ الْمَعْنى الأول وَحده

2875. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स ताबीर (पेवंद) के बाद खजूर का दरख्त ख़रीदा तो अगर खरीदार शर्त काइम न करे तो उस का फल बेचने वाले का है, और जो शख़्स कोई गुलाम बेचे और उस का कुछ माल हो तो वह माल बेचने वाले का है, इल्ला यह कि खरीदार उसकी शर्त काइम कर ले”| मुस्लिम, और इमाम बुखारी रहिमहुल्लाह ने सिर्फ पहला हिस्सा ही बयान किया है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (80 / 1543)، (3905) و البخارى (2379)

٢٨٧٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ جَابِرٍ: أَنَّهُ كَانَ يَسِيرُ عَلَى جَمَلٍ لَهُ قد أعيي فَمَرَّ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِهِ فَضَرَبَهُ فَسَارَ سَيْرًا لَيْسَ يَسِيرُ مِثْلَهُ ثُمَّ قَالَ: «بِعْنِيهِ بِوُقِيَّةٍ» قَالَ: فَبِعْتُهُ فَاسْتَثْنَيْتُ حُمْلَانَهُ إِلَى أَهْلِي فَلَمَّا قَدِمْتُ الْمَدِينَةَ أَتَيْتُهُ بِالْجَمَلِ وَنَقَدَنِي ثَمَنَهُ وَفِي رِوَايَةٍ فَأَعْطَانِي ثَمَنَهُ وَرَدَّهُ عَلَيَّ. مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَفِي رِوَايَةٍ لِلْبُخَارِيِّ أَنَّهُ قَالَ لِبِلَالٍ: «اقْضِهِ وَزِدْهُ» فَأَعْطَاهُ وَزَادَهُ قِيرَاطًا

2876. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के वह एक ज़ाती ऊंट पर सफ़र कर रहे थे जो के थक चूका था, इसी असना में नबी ﷺ उस के पास से गुज़रे तो आप ने इसे मारा तो वह यूँ चलने लगा के वह पहले कभी ऐसे नहीं चलता था, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे एक उकिय्यह के बदले में मुझे बेच दो”, जाबिर रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, मैंने इसे बेच दिया अलबत्ता मैंने अपने अहल व अयाल तक पहुँचने की मुहलत ले ली, जब में मदीना पहुंचा तो मैं ऊंट लेकर आप की खिदमत में हाज़िर हुआ तो आप ने उसकी कीमत मुझे अदा कर दी, और एक दूसरी रिवायत में है में हाज़िर हुआ तो आप ﷺ ने उसकी कीमत भी अदा कर दी और वह ऊंट भी वापस कर दिया| बुखारी, मुस्लिम, और सहीह बुखारी की दूसरी रिवायत में है आप ﷺ ने बिलाल रदियल्लाहु अन्हु को फ़रमाया: “इसे कीमत अदा कर दो और ज़्यादा भी दो”, उन्होंने मुझे कीमत भी अदा की और एक किरात मज़ीद अता किया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2718 ، 2967) و مسلم (109111 / 715)، (4098 و 4101)

٢٨٧٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: جَاءَتْ بَرِيرَةُ فَقَالَتْ: إِنِّي كَاتَبْتُ عَلَى تِسْعِ أَوَاقٍ فِي كُلِّ عَامٍ وُقِيَّةٌ فَأَعِينِينِي فَقَالَتْ عَائِشَةُ: إِنْ أَحَبَّ أَهْلُكِ أَنْ أَعُدَّهَا لَهُمْ عُدَّةً وَاحِدَةً وَأُعْتِقَكِ فَعَلْتُ وَيَكُونُ وَلَاؤُكِ لِي فَذَهَبَتْ إِلَى أَهْلِهَا فَأَبَوْا إِلَّا أَنْ يَكُونَ الْوَلَاءُ لَهُمْ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «خُذِيهَا وَأَعْتِقِيهَا» ثُمَّ قَامَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي النَّاسِ فَحَمِدَ اللَّهَ وَأَثْنَى عَلَيْهِ ثُمَّ قَالَ: «أَمَّا أبعد [ص:٨٧ فمَا بَالُ رِجَالٍ يَشْتَرِطُونَ شُرُوطًا لَيْسَتْ فِي كِتَابِ اللَّهِ مَا كَانَ مِنْ شَرْطٍ لَيْسَ فِي كِتَابِ اللَّهِ فَهُوَ بَاطِلٌ وَإِنْ كَانَ مِائَةَ شَرْطٍ فَقَضَاءُ اللَّهِ أَحَقُّ وَشَرْطُ اللَّهِ أَوْثَقُ وَإِنَّمَا الْوَلَاءُ لِمَنْ أَعْتَقَ»

2877. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, बरिरा रदियल्लाहु अन्हुमा आई तो उन्होंने कहा: मैंने नौ अवाक् पर (आज़ादी हासिल करने के लिए) किताबत की है, और हर साल एक अवाक् देना है, लिहाज़ा आप रदियल्लाहु अन्हु मेरी मदद फरमाइए, आइशा रदियल्लाहु अन्हा ने फ़रमाया: अगर तुम्हारे मालिक पसंद करे तो मैं यह रकम एक ही मर्तबा अदा कर देती हूँ, और तुम्हें आज़ाद करा देती हूँ लेकिन तुम्हार वीला (विरासत) मेरी होगी, वह अपने मालिको के पास गई तो उन्होंने इनकार कर दिया और कहा बोला इन के लिए होगी, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "इसे खरीद कर आज़ाद कर दो", फिर आप लोगों से ख़िताब करने के लिए खड़े हुए, आप ﷺ ने अल्लाह तआला की हम्द व सना बयान की फिर फ़रमाया: "अम्मा बाद! लोगों को किया हुआ की वह ऐसी शर्ते लगाते है जो अल्लाह की किताब में नहीं है, और जो शर्त अल्लाह की किताब में न हो ख्वाह वह सौ शर्ते हो, तो वह बातिल है, अल्लाह की कज़ा ज़्यादा हक़ रखती है, और अल्लाह की शर्त ज़्यादा मोतबर है, विला आज़ाद करने वाले का हक़ है"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه رواه البخارى (2168) و مسلم (6 / 1504)، (3777)

٢٨٧٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَن بيع الْوَلَاءِ وَعَن هِبته

2878. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ वीला को फरोख्त करने और इसे हिब्बा करने से मना फ़रमाया है| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2535) ومسلم (16 / 1506)، (3788)

بَابُ [في البيع المشروط] • मशुरत तिजारत का बयान

الْفَصْلُ الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٨٧٩ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ مَخْلَدِ بْنِ خُفَافٍ قَالَ: ابْتَعْتُ غُلَامًا فَاسْتَغْلَلْتُهُ ثُمَّ ظَهَرْتُ مِنْهُ عَلَى عَيْبٍ فَخَاصَمْتُ فِيهِ إِلَى عُمَرَ بْنِ عَبْدِ الْعَزِيزِ فَقَضَى لِي بِرَدِّهِ وَقَضَى عَلَيَّ بِرَدِّ غَلَّتِهِ فَأَتَيْتُ عُرْوَةَ فَأَخْبَرْتُهُ فَقَالَ: أَرُوحُ إِلَيْهِ الْعَشِيَّةَ فَأُخْبِرُهُ أَنَّ عَائِشَةَ أَخْبَرَتْنِي أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَضَى فِي مِثْلِ هَذَا: أَنَّ الْخَرَاجَ بِالضَّمَانِ فَرَاحَ إِلَيْهِ عُرْوَةُ فَقَضَى لِي أَنْ آخُذَ

الْخَرَاجَ مِنَ الَّذِي قَضَى بِهِ عَلَيَّ لَهُ. رَوَاهُ فِي شَرْحِ السُّنَّةِ

2879. मखलद बिन खुफ्फाफ बयान करते हैं, मैंने एक गुलाम ख़रीदा तो मैंने उस से आमदनी हासिल की फिर मुझे उस के एक नुक्स का पता चला तो मैं उस का मुकदमा उमर बिन अब्दुल अज़ीज़ रहिमहुल्लाह के पास ले गया तो उन्होंने इसे वापस करने का फैसला मेरे हक़ में किया और उस से हासिल होने वाली आमदनी वापस लौटाने का फैसला मेरे खिलाफ किया, मैं उरवा रहिमहुल्लाह के पास गया, और उन्हें सारा वाकिया बयान किया तो उन्होंने ने फ़रमाया: में पिछले पहर उन के पास जाऊंगा और उन्हें बताऊंगा के आइशा रदियल्लाहु अन्हा ने मुझे बताया की रसूलुल्लाह ﷺ ने इस तरह के मुआमले का फैसला किया के खराज, ज़मान के बदले में है, उरवा रहिमहुल्लाह पिछले पहर उन के पास गए (और उन्हें बताया) तो उन्होंने मेरे हक़ में फैसला किया की मैं इस शख़्स से वह खराज की रकम वापस ले लूँ जो उन्होंने मुझ से लेकर इसे दिलवाई थी| (हसन)

حسن ، رواه البغوی فی شرح السنة (8 / 164 بعد ح 2119) [و ابوداؤد (3508) و الترمذی (12851286) و ابن ماجه (2242)]

٢٨٨٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا اخْتَلَفَ الْبَيِّعَانِ فَالْقَوْلُ قَوْلُ الْبَائِعِ وَالْمُبْتَاعُ بِالْخِيَارِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَفِي رِوَايَةِ ابْنِ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيِّ قَالَ: «الْبَيِّعَانِ إِذَا اخْتَلَفَا وَالْمَبِيعُ قَائِمٌ بِعَيْنِهِ وَلَيْسَ بَيْنَهُمَا بَيِّنَةٌ فَالْقَوْلُ مَا قَالَ الْبَائِعُ أَو يترادان البيع»

2880. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब खरीदो फरोख्त करने वालो के दरमियान इख्तिलाफ हो जाए तो बेचने वाले की बात मोतबर होगी, जबकि खरीदार को इख़्तियार हासिल होगा| तिरमिज़ी, इब्ने माजा और दारमी की रिवायत में है, फ़रमाया: “जब खरीदो फरोख्त करने वालो के दरमियान इख्तिलाफ हो जाए जबकि फरोख्त शुदा चीज़ वैसे ही मौजूद हो और इन दोनों के पास कोई सबूत न हो तो बेचने वाले की बात मोतबर हो, या फिर वह बेअ वापस कर देंगे”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (1270) و ابن ماجه (2186) و الدارمی (2 / 250 ح 2552)

٢٨٨١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَقَالَ مُسْلِمًا [ص:٨٧ أقاله اللَّهُ عَثْرَتَهُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ»» وَفِي «شَرْحِ السُّنَّةِ» بِلَفْظِ «الْمَصَابِيحِ» عَن شُرَيْحٍ الشَّامي مُرْسلا

2881. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स किसी मुसलमान की बेअ वापस कर दे तो रोज़ ए कियामत अल्लाह तआला उसकी लग्ज़िश मुआफ़ फरमादेगा”| अबू दावुद, इब्ने माजा जबकि शरह सुन्ना में मसाबिह के अल्फाज़ के साथ शरीह शामी रहिमहुल्लाह से मुरसल रिवायत है| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه ابوداؤد (3460) و ابن ماجه (2199) و البغوی فی شرح السنة (8 / 161 ح 2117) * الاعمش مدلس و عنعن و للحدیث شواهد ضعیفة

مشورत तिजारत का बयान • بَابُ [في البيع المشروط]

तीसरी फस्ल • الْفَصْلُ الثَّالِث

٢٨٨٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم: " اشْترى رَجُلٌ مِمَّنْ كَانَ قَبْلَكُمْ عَقَارًا مِنْ رَجُلٍ فَوَجَدَ الَّذِي اشْتَرَى الْعَقَارَ فِي عَقَارِهِ جَرَّةً فِيهَا ذَهَبٌ فَقَالَ لَهُ الَّذِي اشْتَرَى الْعَقَارَ: خُذْ ذَهَبَكَ عَنِّي إِنَّمَا اشْتَرَيْتُ الْعَقَارَ وَلَمْ أَبْتَعْ مِنْكَ الذَّهَبَ. فَقَالَ بَائِعُ الْأَرْضِ: إِنَّمَا بِعْتُكَ الْأَرْضَ وَمَا فِيهَا فَتَحَاكَمَا إِلَى رَجُلٍ فَقَالَ الَّذِي تَحَاكَمَا إِلَيْهِ: أَلَكُمَا وَلَدٌ؟ فَقَالَ أَحَدُهُمَا: لِي غُلَام وَقَالَ الآخر: لي جَارِيَة. فَقَالَ: أَنْكِحُوا الْغُلَامَ الْجَارِيَةَ وَأَنْفِقُوا عَلَيْهِمَا مِنْهُ وَتَصَدَّقُوا "

2882. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "पहले ज़माने में एक आदमी ने दूसरे आदमी से ज़मीन ख़रीदी तो जिस शख़्स ने ज़मीन खरीदी थी उस ने ज़मीन में एक घड़ा पाया जिस में सोना था, जिस शख़्स ने ज़मीन खरीदी थी उस ने इसे कहा तुम अपना सोना मुझ से ले लो क्योंकि मैंने तो तुम से सिर्फ ज़मीन खरीदी थी, सोना नहीं ख़रीदा था, ज़मीन बेचने वाले ने कहा: मैंने ज़मीन और जो कुछ इस में है सब तुम्हें बेच दिया था, वह दोनों अपना मुकदमा एक आदमी के पास ले गए तो, जिस आदमी के पास वह मुकदमा लेकर गए थे, उस ने कहा क्या तुम्हारी औलाद है? उनमें से एक ने कहा मेरा एक लड़का है और दूसरे ने कहा मेरी एक लड़की है, तो इस आदमी ने कहा लड़के की लड़की से शादी कर दो, और इस (माल) को इन दोनों पर खर्च कर दो और उस में से कुछ सदका कर दो"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (2472) و مسلم (21 / 1721)، (4497)

सुलमी सोदा और रहन का बयान • بَاب السّلم وَالرَّهْن

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٢٨٨٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَدِمَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْمَدِينَةَ وَهُمْ يُسْلِفُونَ فِي الثِّمَارِ السَّنَةَ وَالسَّنَتَيْنِ وَالثَّلَاثِ فَقَالَ: «مَنْ سلف فِي شَيْءٍ فَلْيُسْلِفْ فِي كَيْلٍ مَعْلُومٍ وَوَزْنٍ مَعْلُوم إِلَى أجل مَعْلُوم»

2883. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ मदीना तशरीफ़ लाए तो वह लोग फलों के बारे में, साल, दो साल और तीन साल के लिए बेअ सलम किया करते थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: "जो शख़्स किसी चीज़ में बेअ सलम करे तो वह तै शुदा नाप वज़न और तै शुदा मुद्दत के लिए बेअ सलम (किसी चीज़ की पेशगी रकम दे कर) करे| (मुस्लिम)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (2239) و مسلم (127 / 1604)، (4118)

٢٨٨٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتِ: اشْتَرَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ طَعَامًا من يَهُودِيٍّ إِلَى أَجَلٍ وَرَهَنَهُ دِرْعًا لَهُ مِنْ حَدِيد

2884. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने एक यहूदी से एक मुद्दत के लिए गल्ला लिया और आप ﷺ ने अपने लोहे की ज़िराह उस के पास गिरवी रखी| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (2068) و مسلم (126 / 1603)، (4116)

٢٨٨٥ - (صَحِيح) وَعَنْهَا قَالَتْ: تُوُفِّيَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَدِرْعُهُ مَرْهُونَةٌ عِنْدَ يَهُودِيٍّ بِثَلَاثِينَ صَاعا من شعير. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2885. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ ने वफात पाई तो आप की ज़िराह तीस साअ जौ के अवज़ एक यहूदी के पास गिरवी थी| (बुखारी)

رواہ البخاری (2916)

٢٨٨٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الظَّهْرُ يُرْكَبُ بِنَفَقَتِهِ إِذَا كَانَ مَرْهُونًا وَلَبَنُ الدَّرِّ يُشْرَبُ بِنَفَقَتِهِ إِذَا كَانَ مَرْهُونًا وَعَلَى الَّذِي يركب وَيشْرب النَّفَقَة» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2886. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब सवारी का जानवर गिरवी हो तो बकदर खर्च उस पर सवारी की जा सकती है, और अगर दूध वाला जानवर गिरवी हो तो बकदर खर्च उस का दूध पिया जा सकता है, और जो शख़्स सवारी करता है और दूध पीता है, इसी के ज़िम्मा खर्च है“| (बुखारी)

رواہ البخاری (2512)

सुलमी सोदा और रहन का बयान • بَاب السّلم وَالرَّهْن

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٢٨٨٧ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ سَعِيدِ بْنِ الْمُسَيَّبِ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا يَغْلَقُ الرَّهْنُ الرَّهْنَ مِنْ صَاحِبِهِ الَّذِي رَهَنَهُ لَهُ غنمه وَعَلِيهِ غرمه» . رَوَاهُ الشَّافِعِي مُرْسلا

2887. सईद बिन मुसय्यब से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “गिरवी महूना चीज़ को उस के मालिक से, जिस ने इसे गिरवी रखा है, नहीं रोक सकता उस का फ़ायदा भी इसी (मालिक) को होगा और उस का नुकसान

भी इसी को होगा”| इमाम शाफ़ई रहिमहुल्लाह ने इसे मुरसल रिवायत किया है इसनाद जईफ| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ الشافعی فی الام (3 / 186167) * السند مرسل و انظر الحدیث الآتی (2888)

٢٨٨٨ - (لم تتمّ دراسته) وَرُوِيَ مثله أَو مثل مَعْنَاهُ لَا يُخَالف عَنهُ عَن أبي هُرَيْرَة مُتَّصِلا

2888. इस रिवायत की मिस्ल या उस के मानी का मिसल जो उस के मुखालिफ नहीं, हज़रत अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से मुतस्सिल रिवायत भी है| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ ابن ماجہ (2441) * الزھری مدلس و عنعن فالسند غیر متصل و انظر الحدیث السابق (2887)

٢٨٨٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْمِكْيَالُ مِكْيَالُ أَهْلِ الْمَدِينَةِ وَالْمِيزَانُ مِيزَانُ أَهْلِ مَكَّةَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيّ

2889. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “नाप अहले मदीना का मोतबर है, जबकि वज़न अहले मक्का का मोतबर है”| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ ابوداؤد (3340) و النسائی (5 / 54 ح 2521 ، 4598) * سفیان الثوری مدلس و عنعن و تابعہ المدلس الولید بن مسلم و عنعن

٢٨٩٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِأَصْحَابِ الْكَيْلِ وَالْمِيزَانِ: «إِنَّكُمْ قَدْ وُلِّيتُمْ أَمْرَيْنِ هَلَكَتْ فِيهِمَا الْأُمَمُ السَّابِقَة قبلكُمْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2890. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने नापतोल वालो को फ़रमाया: “बिलाशुबा दो काम तुम्हारे ज़िम्मा ऐसे लगाए गए है जिन (में कमी बेशी) की वजह से तुम से पहली कौमे हलाकत का शिकार हुई”| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف جدا ، رواہ الترمذی (1217) * فیہ حسین بن قیس الواسطی : متروک

بَاب السّلم وَالرَّهْن • सुलमी सोदा और रहन का बयान
الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٨٩١ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَسْلَفَ فِي شَيْءٍ فَلَا يَصْرِفْهُ إِلَى غَيْرِهِ قَبْلَ أَنْ يَقْبِضَهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

2891. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स किसी चीज़ के बारे में बेअ सलम करे तो वह उस पर कब्ज़े करने से पहले इसे किसी और को न दे”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3468) و ابن ماجه (2283) * عطية العوفى ضعيف و مدلس

بَاب الاحتكار • ज़खीरा अन्देज़ी का बयान
الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٢٨٩٢ - (صَحِيح) عَن معمر قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنِ احْتَكَرَ فَهُوَ خَاطِئٌ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ»» وَسَنَذْكُرُ حَدِيثَ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ «كَانَتْ أَمْوَالُ بَنِي النَّضِير» فِي بَابِ الْفَيْءِ إِنْ شَاءَ الله تَعَالَى

2892. मअमर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स ज़खीरा अन्दोज़ी करता है वह गुनाहगार है”, और हम उमर रदियल्लाहु अन्हु से मरवी हदीस: “बनू नज़ीर के अमवाल” को इंशाअल्लाह तआला बाब अल्फी में ज़िक्र करेंगे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (129 / 1605)، (4122) 0 حديث عمر ياتى (4056)

ज़खीरा अन्देज़ी का बयान • بَاب الاحتكار

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٢٨٩٣ - (ضَعِيف) عَنْ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْجَالِبُ مَرْزُوقٌ والمحتكر مَلْعُون» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه والدارمي

2893. उमर रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “(बाज़ार में) गल्ला लाने वालो को रीज़्क दिया जाता है, जबकि ज़खीरा अन्दोज़ मलउन है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواہ ابن ماجہ (2153) و الدارمی (2 / 249 ح 2548) * علی بن سالم : ضعیف و علی بن زید بن جدعان ضعیف مشھور

٢٨٩٤ - (صَحِيح) وَعَن أنس قَالَ: غَلَا السِّعْرُ عَلَى عَهْدِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ سَعِّرْ لَنَا فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ هُوَ الْمُسَعِّرُ الْقَابِضُ الْبَاسِطُ الرَّازِقُ وَإِنِّي لَأَرْجُو أَنْ أَلْقَى رَبِّي وَلَيْسَ أحد مِنْكُم يطلبنني بمظلة بِدَمٍ وَلَا مَالٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ

2894. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ के ज़माने में कीमते चढ़ गई तो सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप हमारे लिए कीमते मुकर्रर फरमादे, तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक अल्लाह ही कीमते मुकर्रर करने वाला है, वही तंगी व कुशादगी का मालिक और रीज़्क देने वाला है, और मैं उम्मीद करता हूँ की मैं इस हाल में अपने रब से मुलाकात करू के तुम में से कोई खून और माल के मुतल्लिक मुझ से मुतालबा न करता हो”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواہ الترمذی (1314 وقال : حسن صحیح) و ابوداؤد (3451) و ابن ماجہ (2200) و الدارمی (2 / 249 ح 2548)

ज़खीरा अन्देज़ी का बयान • بَاب الاحتكار

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٢٨٩٥ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنِ احْتَكَرَ عَلَى الْمُسْلِمِينَ طَعَامَهُمْ ضَرَبَهُ اللَّهُ بِالْجُذَامِ وَالْإِفْلَاسِ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ. وَرَزِينٌ فِي كِتَابِهِ

2895. उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो शख़्स मुसलमानों पर गल्ला रोक दे (ज़खीरा अन्दोज़ी करे) तो अल्लाह उस पर जज़ाम का मर्ज़ और अफ्लास मुसल्लत

कर देता है”| इब्ने माजा बयहकी की शौबुल ईमान और रजिन ने इसे अपने किताब में रिवायत किया है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابن ماجه (2155) و البيهقى فى شعب الايمان (11218) و رزين (لم اجده) * و صححه البوصيرى و المنذرى :’’ هذا اسناد جيد متصل و رواته ثقات ‘‘ و حسنه ابن حجر فى الفتح (4 / 348)

٢٨٩٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنِ احْتَكَرَ طَعَامًا أَرْبَعِينَ يَوْمًا يُرِيدُ بِهِ الْغَلَاءَ فَقَدْ بَرِئَ مِنَ اللَّهِ وَبَرِئَ اللَّهُ مِنْهُ» . رَوَاهُ رَزِينٌ

2896. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स कीमत बढ़ाने के लिए चालीस रोज़ तक ज़खीरा अन्दोज़ी करता है तो वह अल्लाह से ला ताअल्लूक हुआ, और अल्लाह तआला उस से ला ताअल्लूक हुआ”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه رزين (لم اجده) [و احمد 2 / 33 بلفظ مختلف نحوا المعنى] * فيه ابو بشر (الاملوكى) صاحب ابى الزاهرية : ضعيف

٢٨٩٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مُعَاذٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " بِئْسَ الْعَبْدُ الْمُحْتَكِرُ: إِنْ أَرْخَصَ اللَّهُ الْأَسْعَارَ حَزِنَ وَإِنْ أَغْلَاهَا فَرِحَ ". رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ وَرَزِينٌ فِي كِتَابِهِ

2897. मुआज़ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “ज़खीरा अन्दोज़ शख़्स बहोत बुरा है, अगर अल्लाह कीमते कम कर देता है तो वह ग़मगीन हो जाता है, और अगर वह उन्हें बढ़ा देता है तो खुश हो जाता है”| बयहकी की शौबुल ईमान, और रजिन ने इसे अपने किताब में बयान किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (11215) و رزين (لم اجده) * السند منقطع و فيه بن بقية عن ابيه عن ثور بن يزيد به و بقية لم يصرح بالسماع

٢٨٩٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنِ احْتَكَرَ طَعَامًا أَرْبَعِينَ يَوْمًا ثُمَّ تَصَدَّقَ بِهِ لَمْ يَكُنْ لَهُ كَفَّارَةً» . رَوَاهُ رزين

2898. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स चालीस रोज़ तक गल्ला ज़खीरा करे और फिर वह इसे सदका भी कर दे तो वह उस का कफ्फारा नहीं हो सकता”| (मझे नहीं मिली रवाह रजिन.)

لم اجده ، رواه رزين (لم اجده) * و للحديث طريق موضوع لا يستشهد به ، فيه محمد بن مروان السدى كذاب ، انما ذكرته لا رد عليه (انظر الضعيفة للشيخ الالبانى رحمه الله : 859)

दिवालिया होना और मुहलत देने का बयान • بَاب الإفلاس والانظار

पहली फस्ल • الْفَصْلُ الأول

٢٨٩٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَيُّمَا رَجُلٍ أَفْلَسَ فَأَدْرَكَ رَجُلٌ مَالَهُ بِعَيْنِهِ فَهُوَ أَحَق بِهِ من غَيره»

2899. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स मुफलिस हो जाए और कोई आदमी अपना माल बिलकुल इसी सूरत में पा ले तो यह (माल वाला) शख़्स दुसरो की निस्बत इस माल का ज़्यादा हक़दार है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2402) و مسلم (22 / 1559)، (3987)

٢٩٠٠ - (صَحِيح) وَعَن أبي سعيد قَالَ: أُصِيبَ رَجُلٌ فِي عَهْدِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي ثِمَارٍ ابْتَاعَهَا فَكَثُرَ دينه فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «تَصَدَّقُوا عَلَيْهِ» فَتَصَدَّقَ النَّاسُ عَلَيْهِ فَلَمْ يَبْلُغْ ذَلِك وَفَاء دينه فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِغُرَمَائِهِ «خُذُوا مَا وَجَدْتُمْ وَلَيْسَ لَكُمْ إِلَّا ذَلِك» . رَوَاهُ مُسلم

2900. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ के दौर में एक आदमी को फलों की तिजारत में खसारा हुआ तो उस का क़र्ज़ बहोत ज़्यादा हो गया, इस सूरत में रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “उस पर सदका करो”, लोगों ने उस पर सदका किया लेकिन वह उस के क़र्ज़ की अदाइगी के बराबर न हुआ, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने उस के क़र्ज़ ख्वाहों से फ़रमाया: “जो मिलता है ले लो तुम्हारे लिए पस यही कुछ है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (18 / 1556)، (3981)

٢٩٠١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " كَانَ رجل يدائن النَّاسَ فَكَانَ يَقُولُ لِفَتَاهُ: إِذَا أَتَيْتَ مُعْسِرًا تجاوز عَنهُ لَعَلَّ الله أَن يَتَجَاوَزُ عَنَّا قَالَ: فَلَقِيَ اللَّهَ فَتَجَاوَزَ عَنْهُ "

2901. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “एक आदमी क़र्ज़ दिया करता था, वह अपने मुलाज़िम से कहा करता था, जब तुम किसी तंगदस्त के पास जाओ तो उस को (क़र्ज़) मुआफ़ कर दिया करो, शायद के अल्लाह हमें मुआफ़ फरमादे, फ़रमाया उस ने अल्लाह से मुलाकात की तो उस ने इसे मुआफ़ फरमा दीया”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2078) و مسلم (31 / 1562)، (3998)

٢٩٠٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي قَتَادَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ سَرَّهُ أَنْ يُنْجِيَهُ اللَّهُ مِنْ كُرَبِ يَوْمِ الْقِيَامَةِ فَلْيُنَفِّسْ عَنْ مُعْسِرٍ أَوْ يَضَعْ عَنْهُ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2902. अबू क़तादा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स को यह पसंद हो के अल्लाह इसे रोज़ ए कियामत की तकलीफों से निजात दे दे तो वह तंगदस्त को मुहलत दे या इसे (क़र्ज़) मुआफ़ कर दे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (32 / 1563)، (4000)

٢٩٠٣ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ أَنْظَرَ مُعْسِرًا أَوْ وَضَعَ عَنْهُ أَنْجَاهُ اللَّهُ مِنْ كُرَبِ يَوْمِ الْقِيَامَة» . رَوَاهُ مُسلم

2903. अबू क़तादा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो शख़्स किसी तंगदस्त को मुहलत दे या इसे क़र्ज़ मुआफ़ कर दे तो अल्लाह इसे रोज़ ए कियामत की तकलीफों से निजात दे देगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (32 / 1563)، (4000)

٢٩٠٤ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي الْيَسَرِ قَالَ: سَمِعْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ أَنْظَرَ مُعْسِرًا أَوْ وَضَعَ عَنْهُ أَظَلَّهُ اللَّهُ فِي ظِلِّهِ» . رَوَاهُ مُسلم

2904. अबू अल यसिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना: जो शख़्स किसी तंगदस्त को मुहलत दे या इस के क़र्ज़ मुआफ़ कर दे तो अल्लाह इसे अपने (अर्श के) साया में साया अता फरमाएगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (74 / 3006)، (7512)

٢٩٠٥ - (صَحِيح) وَعَن أبي رَافع قَالَ: اسْتَسْلَفَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَكْرًا فَجَاءَتْهُ إِبِلٌ مِنَ الصَّدَقَةِ قَالَ: أَبُو رَافِعٍ فَأَمَرَنِي أَنْ أَقْضِيَ الرَّجُلَ بَكْرَهُ فَقُلْتُ: لَا أَجِدُ إِلَّا جَمَلًا خِيَارًا رَبَاعِيًا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَعْطِهِ إِيَّاهُ فَإِنَّ خَيْرَ النَّاسِ أَحْسَنُهُمْ قَضَاءً» . رَوَاهُ مُسلم

2905. अबी राफीअ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने एक नौ उमर ऊंट क़र्ज़ लिया, आप ﷺ के पास सदका के ऊंट आए तो अबी राफीअ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, आप ने मुझे हुक्म फ़रमाया की मैं इस आदमी को उस के नौ उमर ऊंट का क़र्ज़ उतार दो, मैंने अर्ज़ किया: तमाम ऊंट बेहतरीन किस्म के सात साल

की उमर के है, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इसे यही दे दो क्योंकि बेहतरीन शख़्स वह है जो क़र्ज़ अदा करने में अच्छा हो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (118 / 1600)، (4108)

٢٩٠٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَجُلًا تَقَاضَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَغْلَظَ لَهُ فَهَمَّ أَصْحَابُهُ فَقَالَ: «دَعُوهُ فَإِنَّ لِصَاحِبِ الْحَقِّ مَقَالًا وَاشْتَرُوا لَهُ بَعِيرًا فَأَعْطُوهُ إِيَّاهُ» قَالُوا: لَا نَجِدُ إِلَّا أَفْضَلَ مِنْ سِنِّهِ قَالَ: «اشْتَرُوهُ فَأَعْطُوهُ إِيَّاهُ فَإِنَّ خَيْرَكُمْ أحسنكم قَضَاء»

2906. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक आदमी ने रसूलुल्लाह ﷺ से क़र्ज़ की वापसी का तकाज़ा किया तो उस ने आप ﷺ पर सख्ती की तो आप के सहाबा ने इसे मारने का इरादा किया, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे छोड़ दो क्योंकि साहबे हक़ (क़र्ज़ ख्वाह) बाते करने का हक़ रखता है, तुम एक ऊंट खरीद कर इसे दे दो”, सहाबा ने अर्ज़ किया, उस से बड़ी उमर का ऊंट मिलता है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे ही खरीद कर इसे दे दो, क्योंकि तुम में से बेहतरीन वह है जो तुम में से क़र्ज़ अदा करने में बेहतर है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (2306) و مسلم (120 / 1601)، (4110)

٢٩٠٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَطْلُ الْغَنِيِّ ظُلْمٌ فَإِذَا أُتْبِعَ أحدكُم على مَلِيء فَليتبعْ»

2907. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “माल दार शख़्स का (क़र्ज़ की अदाइगी में) टाल मटोल करना ज़ुल्म है, अगर तुम में से किसी को किसी माल दार शख़्स (यानी ज़ामिन) के पीछे लगा दिया जाए (के उस से क़र्ज़ वुसुल कर लो) तो लग जाना चाहिए”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (2287) و مسلم (33 / 1564)، (4002)

٢٩٠٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ كَعْبِ بْنِ مَالِكٍ: أَنَّهُ تَقَاضَى ابْنَ أَبِي حَدْرَدٍ دَيْنًا لَهُ عَلَيْهِ فِي عَهْدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الْمَسْجِدِ فَارْتَفَعَتْ أَصْوَاتُهُمَا حَتَّى سَمِعَهَا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ فِي بَيْتِهِ فَخَرَجَ إِلَيْهِمَا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَتَّى كَشَفَ سِجْفَ حُجْرَتِهِ وَنَادَى كَعْبَ بْنَ مَالِكٍ قَالَ: «يَا كَعْبُ» قَالَ: لَبَّيْكَ يَا رَسُولَ اللَّهِ فَأَشَارَ بِيَدِهِ [ص:٨٧ أَنْ ضَعِ الشَّطْرَ مِنْ دَيْنِكَ قَالَ كَعْبٌ: قَدْ فَعَلْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ: «قُمْ فاقضه»

2908. काब बिन मालिक से रिवायत है के उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ के दौर में इब्ने अबी हदरद रदियल्लाहु अन्हु से मस्जिद में अपने क़र्ज़ का मुतालबा किया तो इन दोनों की आवाज़े बुलंद हो गई हत्ता के रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें अपने घर में सुन लिया, रसूलुल्लाह ﷺ इन दोनों की तरफ आए हत्ता के आप ने अपने हुजरे का परदा उठाकर काब बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु को आवाज़ दी, फ़रमाया: “काब! ‘‘ उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल!

हाज़िर हूँ, आप ने अपने हाथ से इरशाद किया के उस का आधा क़र्ज़ मुआफ़ कर दो, काब रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैंने कर दिया, आप ﷺ ने इब्ने अबी हदरद रदियल्लाहु अन्हु से) फ़रमाया: “खड़ा हो और उस का क़र्ज़ अदा कर”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (457) و مسلم (20 / 1558)، (3984)

٢٩٠٩ - (صَحِيح) وَعَن سَلمَة بن الْأَكْوَع قَالَ: كُنَّا جُلُوسًا عِنْدَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذْ أُتِيَ بِجِنَازَةٍ فَقَالُوا: صَلِّ عَلَيْهَا فَقَالَ: «هَلْ عَلَيْهِ دَيْنٌ؟» قَالُوا: لَا فَصَلَّى عَلَيْهَا ثُمَّ أُتِيَ بِجِنَازَةٍ أُخْرَى فَقَالَ: «هَل عَلَيْهِ دين؟» قَالُوا: نعم فَقَالَ: «فَهَلْ تَرَكَ شَيْئًا؟» قَالُوا: ثَلَاثَةَ دَنَانِيرَ فَصَلَّى عَلَيْهَا ثمَّ أُتِي بالثالثة فَقَالَ: «هَلْ عَلَيْهِ دَيْنٌ؟» قَالُوا: ثَلَاثَةُ دَنَانِيرَ قَالَ: «هَلْ تَرَكَ شَيْئًا؟» قَالُوا: لَا قَالَ: «صلوا على صَاحبكُم» قَالَ أَبُو قَتَادَة: صلى الله عَلَيْهِ وَسلم عَلَيْهِ يَا رَسُولَ اللَّهِ وَعَلَيَّ دَيْنُهُ فَصَلَّى عَلَيْهِ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2909. सलमा बिन अकवा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम नबी ﷺ के पास बैठें हुए थे की एक जनाज़ा लाया गया, सहाबा रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, उसकी नमाज़ ए जनाज़ा पढ़ाइये, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या उस पर कोई क़र्ज़ है?” उन्होंने अर्ज़ किया, नहीं, तो आप ने उसकी नमाज़ ए जनाज़ा पढ़ाई, फिर आप के पास एक और जनाज़ा लाया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या उस पर कोई क़र्ज़ है” अर्ज़ किया गया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या उस ने कोई चीज़ तर्क छोड़ी है?” उन्होंने अर्ज़ किया, तीन दीनार, आप ने उसकी नमाज़े जनाज़ा पढ़ी फिर तीसरा जनाज़ा लाया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या उस पर कोई क़र्ज़ है?” उन्होंने अर्ज़ किया, तीन दीनार, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या उस ने कोई तर्क छोड़ा है” उन्होंने अर्ज़ किया, नहीं, फ़रमाया: “अपने साथी की नमाज़ ए जनाज़ा पढ़ो”, अबू क़तादा रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप उसकी नमाज़ ए जनाज़ा पढ़ाइये और उस का क़र्ज़ मेरे ज़िम्मा रहा (में अदा करूंगा) तब आप ﷺ ने उसकी नमाज़ ए जनाज़ा पढ़ाई| (बुखारी)

رواہ البخاری (2289)

٢٩١٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ أَخَذَ أَمْوَالَ النَّاسِ يُرِيدُ أَدَاءَهَا أَدَّى اللَّهُ عَنْهُ وَمَنْ أَخَذَ يُرِيدُ إِتْلَافَهَا أَتْلَفَهُ اللَّهُ عَلَيْهِ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

2910. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स बतौर क़र्ज़ लोगों का माल हासिल करता है और वह इसे अदा करना चाहता है तो अल्लाह तआला इसे अदा करने की तौफिक से नवाज़ता है, और जो शख़्स इसे तल्फ़ करने के लिए हासिल करता है तो अल्लाह तआला इसे तल्फ़ फरमादेगा”| (बुखारी)

رواہ البخاری (2387)

٢٩١١ - (صَحِيح) وَعَن أبي قَتَادَة قَالَ: قَالَ رَجُلٌ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَرَأَيْتَ إِنْ قُتِلْتُ فِي سَبِيلِ اللَّهِ صَابِرًا مُحْتَسِبًا مُقبلا غير مُدبر يكفر اللَّهُ عَنِّي خَطَايَايَ؟ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «نَعَمْ» . فَلَمَّا أَدْبَرَ نَادَاهُ فَقَالَ: «نَعَمْ إِلَّا الدَّيْنَ كَذَلِكَ قَالَ جِبْرِيلُ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

2911. अबू क़तादा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे बताइए अगर में साबित कदमी से, सवाब की उम्मीद से अल्लाह की राह में दुश्मन का मुक़ाबला करते हुए शहीद हो जाऊ, तो क्या अल्लाह मेरे गुनाह मुआफ़ फरमादेगा? रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: हाँ”, जब वह वापस चला गया तो आप ﷺ ने इसे आवाज़ दी, फ़रमाया: “हां, अलबत्ता क़र्ज़ मुआफ़ नहीं होगा, जिब्राइल अलैहिस्सलाम ने इसी तरह कहा है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (117 / 1885)، (4880)

٢٩١٢ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «يُغْفَرُ لِلشَّهِيدِ كل ذَنْب إِلَّا الدّين» . رَوَاهُ مُسلم

2912. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, कि रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क़र्ज़ के सिवा शहीद के तमाम गुनाह मुआफ़ कर दिए जाते हैं”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (119 / 1886)، (4883)

٢٩١٣ - (مُتَّفقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُؤْتَى بِالرَّجُلِ [ص:٨٨ الْمُتَوَفَّى عَلَيْهِ الدِّينُ فَيَسْأَلُ: «هَلْ تَرَكَ لِدَيْنِهِ قَضَاءً؟» فَإِنْ حُدِّثَ أَنَّهُ تَرَكَ وَفَاءً صَلَّى وَإِلَّا قَالَ لِلْمُسْلِمِينَ: «صَلُّوا عَلَى صَاحِبِكُمْ» . فَلَمَّا فَتَحَ اللَّهُ عَلَيْهِ الْفُتُوحَ قَامَ فَقَالَ: «أَنَا أَوْلَى بِالْمُؤْمِنِينَ مِنْ أَنْفُسِهِمْ فَمَنْ تُوُفِّيَ مِنَ الْمُؤْمِنِينَ فَتَرَكَ دينا فعلي قَضَاؤُهُ وَمن ترك فَهُوَ لوَرَثَته»

2913. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, किसी मकरूज़ का जनाज़ा, रसूलुल्लाह ﷺ के पास लाया जाता तो आप ﷺ फरमाते: “क्या उस ने अपने क़र्ज़ की अदाइगी के लिए कुछ छोड़ा है?” अगर आप को बताया जाता के उस ने जो कुछ छोड़ा है उस से क़र्ज़ अदा हो जाएगा तो आप नमाज़े जनाज़ा पढ़ाते, वरना (न पढ़ाते) मुसलमानों से कहते: “अपने साथी की नमाज़े जनाज़ा पढ़ो”, जब अल्लाह तआला ने आप को फ़ुतुहात नसीब फरमाई तो आप ﷺ ने ख़िताब करते हुए फ़रमाया: “मैं मोमिनो का उनकी जानो से भी ज़्यादा हक़दार हूँ, जो मोमिन फौत हो जाए और वह मकरूज़ हो तो उस का क़र्ज़ मेरे ज़िम्मा है, और जो शख़्स माल छोड़ जाए तो वह उस के वुरसा के लिए है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2298) و مسلم (14 / 1619)، (4157)

بَاب الإفلاس والانظار • दिवालिया होना और मुहलत देने का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٩١٤ - (ضَعِيف) عَنْ أَبِي خَلْدَةَ الزُّرَقِيِّ قَالَ: جِئْنَا أَبَا هُرَيْرَةَ فِي صَاحِبٍ لَنَا قَدْ أَفْلَسَ فَقَالَ: هَذَا الَّذِي قَضَى فِيهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَيُّمَا رَجُلٍ مَاتَ أَوْ أَفْلَسَ فَصَاحِبُ الْمَتَاعِ أَحَقُّ بِمَتَاعِهِ إِذَا وَجَدَهُ بِعَيْنِه» . رَوَاهُ الشَّافِعِي وَابْن مَاجَه

2914. अबू खल्दत ज़ुर्की बयान करते हैं, हम अपने एक साथी जो के मुफलिस हो गया था, के बारे में अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु के पास आए तो उन्होंने ने फ़रमाया: यह इस तरह का मुआमला है जिसके बारे में रसूलुल्लाह ﷺ ने फैसला किया “ जो शख़्स फौत हो जाए या मुफलिस हो जाए तो माल का मालिक इस माल का ज़्यादा हक़दार है जबकि वह इस माल को बिलकुल इसी हालत में पाए”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الشافعی فی الام (3 / 199) و ابن ماجه (2360)

٢٩١٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم: «نَفْسُ الْمُؤْمِنِ مُعَلَّقَةٌ بِدَيْنِهِ حَتَّى يُقْضَى عَنْهُ» . رَوَاهُ الشَّافِعِيُّ وَأَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيب

2915. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मोमिन की रूह अपने क़र्ज़ की वजह से मुअल्लक रहती है हत्ता के वह (क़र्ज़) उसकी तरफ से अदा कर दिया जाए”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الشافعی فی الام (1 / 279 ، 3 / 212) و احمد (2 / 440 ح 9677 ، 2 / 476 ح 10159) و الترمذی (10781079) و ابن ماجه (2413) و الدارمی (2 / 262 ح2594)

٢٩١٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ الْبَرَاءِ بْنِ عَازِبٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «صَاحِبُ الدَّيْنِ مَأْسُورٌ بِدَيْنِهِ يَشْكُو إِلَى رَبِّهِ الْوَحْدَةَ يَوْمَ الْقِيَامَة» . رَوَاهُ فِي شرح السّنة

2916. बराअ बिन आजीब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मकरूज़ शख़्स अपने क़र्ज़ की वजह से महबूस है, वह रोज़ ए कियामत अपने रब से तन्हाई की शिकायत करेगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه البغوی فی شرح السنة (8 / 203 ح 2148) * مبارک بن فضالة مدلس و عنعن و له شاهد عند ابی داود (3341) و سنده ضعیف

٢٩١٧ - (لم تتمّ دراسته) وَرُوِيَ أَنَّ مُعَاذًا كَانَ يَدَّانُ فَأَتَى غُرَمَاؤُهُ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَبَاعَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَالَهُ كُلَّهُ فِي دَيْنِهِ حَتَّى قَامَ مُعَاذٌ بِغَيْرِ شَيْءٍ. مُرْسَلٌ هَذَا لَفْظُ الْمَصَابِيحِ. وَلَمْ أَجِدْهُ فِي الْأُصُول إِلَّا فِي الْمُنْتَقى

2917. मरवी है के मुआज़ रदियल्लाहु अन्हु क़र्ज़ लिया करते थे, उन के क़र्ज़ ख्वाह नबी ﷺ की खिदमत में आए (और क़र्ज़ का मुतालबा किया) तो नबी ﷺ ने उन के क़र्ज़ की अदाइगी में उनका सारा माल फरोख्त कर दिया हत्ता के मुआज़ रदियल्लाहु अन्हु के पास कोई चीज़ बाकी न रही| रिवायत मुरसल है, यह अल्फाज़ मसाबिह के हैं, मैंने मुन्तका के सिवा इसे उसूल की किताबो में नहीं पाया| (ज़ईफ़)

ضعيف ، انظر الحديث الآتى ، ذكره فى مصابيح السنة (2 / 345 ح 2145) و منتقى الاخبار (2 / 365 ح 2996)

٢٩١٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ كَعْبِ بْنِ مَالِكٍ قَالَ: كَانَ مُعَاذُ بْنُ جَبَلٍ شَابًّا سَخِيًّا وَكَانَ لَا يُمْسِكُ شَيْئًا فَلَمْ يَزَلْ يُدَانُ حَتَّى أَغْرَقَ مَالَهُ كُلَّهُ فِي الدَّيْنِ فَأَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم فَكَلَّمَهُ لِيُكَلِّمَ غُرَمَاءَهُ فَلَوْ تَرَكُوا لِأَحَدٍ لَتَرَكُوا لِمُعَاذٍ لِأَجْلِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَبَاعَ رَسُول الله صلى الله عَلَيْهِ وَسلم مَالَهُ حَتَّى قَامَ مُعَاذٌ بِغَيْرِ شَيْءٍ. رَوَاهُ سعيد فِي سننه مُرْسلا

2918. अब्दुल रहमान बिन काब बिन मालिक बयान करते हैं, मुआज़ बिन जबल रदियल्लाहु अन्हु बड़े साबिर और सखी इंसान थे, वह कोई चीज़ पास नहीं रखते थे और हमेशा मकरूज़ रहते थे हत्ता के उनका सारा माल क़र्ज़ की अदाइगी में जाता रहा, वह नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए और आप से अर्ज़ किया के आप उस के क़र्ज़ ख्वाहों से सिफारिश करे, अगर वह (क़र्ज़ ख्वाह) किसी को छोड़ते तो वह रसूलुल्लाह ﷺ की खातिर मुआज़ को छोड़ते, रसूलुल्लाह ﷺ ने उन (क़र्ज़ ख्वाहों) की खातिर मुआज़ रदियल्लाहु अन्हु का सारा माल बेच दीया, हत्ता के मुआज़ के पास कोई चीज़ न बची| सुनन सईद बिन मनसुर यह रिवायत मुरसल है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، ذكره فى منتقى الاخبار (2996) * السند مرسل و رواه الحاكم (2 / 58 ح 2348 ، 3 / 273 ح 5192) من حديث الزهرى عن عبد الرحمن بن كعب عن ابيه و صححه على شرط الشيخين و وافقه الذهبى ، قلت : فيه الزهرى مدلس و عنعن و الصواب فيه انه مرسل

٢٩١٩ - (صَحِيح) وَعَنِ الشَّرِيدِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَيُّ الْوَاجِدِ يُحِلُّ عِرْضَهُ وَعُقُوبَتَهُ» قَالَ ابْنُ الْمُبَارَكِ: يُحِلُّ عِرْضَهُ: يُغَلَّظُ لَهُ. وَعُقُوبَتَهُ: يُحْبَسُ لَهُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيّ

2919. शरीद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “(क़र्ज़ की अदाइगी में) टाल मटोल करने वाले माल दार शख़्स की बेइज्ज़ती करना और इसे सज़ा देना जाईज़ है”| इब्ने मुबारक रहिमहुल्लाह ने फ़रमाया: उसकी बेइज्ज़ती करने से यह मुराद है के उस से सख्त कलाम करना जाईज़ है, और उस को सज़ा देने से मुराद है के इसे क़ैद करना जाईज़ है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3628) و النسائى (7 / 316317 ح 46934694)

٢٩٢٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: أَتَى النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم بِجِنَازَةٍ لِيُصَلِّيَ عَلَيْهَا فَقَالَ: «هَلْ عَلَى صَاحِبِكُمْ دَيْنٌ؟» قَالُوا: نَعَمْ قَالَ: «هَلْ تَرَكَ لَهُ مِنْ وَفَاءٍ؟» قَالُوا: لَا قَالَ: «صَلُّوا عَلَى صَاحِبِكُمْ» قَالَ عَلِيُّ بْنُ أَبِي طَالِبٍ: عَلَيَّ دَيْنُهُ يَا رَسُولَ اللَّهِ فَتَقَدَّمَ فَصَلَّى عَلَيْهِ. وَفِي رِوَايَةٍ مَعْنَاهُ وَقَالَ: «فَكَّ اللَّهُ رِهَانَكَ مِنَ النَّارِ كَمَا فَكَكْتَ رِهَانَ أَخِيكَ الْمُسْلِمِ لَيْسَ مِنْ عَبْدٍ مُسْلِمٍ يَقْضِي عَنْ أَخِيهِ دَيْنَهُ إِلَّا فَكَّ اللَّهُ رِهَانَهُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ فِي شَرْحِ السُّنَّةِ

2920. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ के पास एक जनाज़ा लाया गया ताकि आप उसकी नमाज़े जनाज़ा पढ़े, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम्हारे साथी पर क़र्ज़ है?” उन्होंने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने पूछा: “क्या उस ने उसकी अदाइगी के लिए कोई माल छोड़ा है?” उन्होंने अर्ज़ किया, नहीं, फ़रमाया: “तुम अपने साथी की नमाज़े जनाज़ा पढ़ो”, अली बिन अबी तालिब रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! उस का क़र्ज़ मेरे जिम्मे रहा, तो फिर आप आगे बढ़े और उसकी नमाज़े जनाज़ा पढ़ी| और एक दूसरी रिवायत में इसी का हम मानी मफ्हुम रिवायत किया गया है, और फ़रमाया: “अल्लाह ने तुम्हारी गर्दन को आग से आज़ाद कर दिया जैसे तुमने अपने मुसलमान भाई की गर्दन को आज़ाद करा दीया, जो कोई मुसलमान बंदा अपने भाई की तरफ से उस का क़र्ज़ अदा करता है तो रोज़ ए कियामत अल्लाह उसकी गर्दन को (आग से) आज़ाद फरमाएगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه البغوی فی شرح السنة (8 / 213214 ح 2155) [و الدارقطنی (3 / 78 ح 3063) و البیهقی (6 / 73)] * فیه عبیدالله بن الولید الوصافی (ضعیف) عن عطیة بن سعد العوفی (ضعیف مدلس) عن ابی سعید به و قال البیهقی فی عبید الله :’’ هو ضعیف جدًا‘‘

٢٩٢١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ ثَوْبَانَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ [ص:٨٨ مَاتَ وَهُوَ بَرِيءٌ مِنَ الْكِبْرِ وَالْغُلُولِ وَالدَّيْنِ دَخَلَ الْجَنَّةَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَه والدارمي

2921. सौबान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स इस हाल में फौत हो के वह कबरो खयानत और क़र्ज़ से बरी हो तो वह जन्नत में दाखिल होगा”| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (1572) و ابن ماجه (2412) و الدارمی (2 / 262 ح 2595) * و للحدیث شواهد

٢٩٢٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي مُوسَى عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ أَعْظَمَ الذُّنُوبِ عِنْدَ اللَّهِ أَنْ يَلْقَاهُ بِهَا عَبْدٌ بَعْدَ الْكَبَائِرِ الَّتِي نَهَى اللَّهُ عَنْهَا أَنْ يَمُوتَ رَجُلٌ وَعَلَيْهِ دَيْنٌ لَا يَدَعُ لَهُ قَضَاءً» . رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد

2922. अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “कबिराह गुनाहों के बाद, अल्लाह के यहाँ सबसे बड़ा गुनाह जिस से अल्लाह ने मना फ़रमाया है के यह है कि बंदा मरने के बाद अपने रब से इस हाल में मुलाकात करे के उस के ज़िम्मा क़र्ज़ हो और वह उसकी अदाइगी के लिए कोई चीज़ न छोड़े”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه احمد (4 / 392 ح 19724) و ابوداؤد (2342)

٢٩٢٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عَمْرو بن عَوْف الْمُزَنِيِّ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الصُّلْحُ جَائِزٌ بَيْنَ الْمُسْلِمِينَ إِلَّا صُلْحًا حَرَّمَ حَلَالًا أَوْ أَحَلَّ حَرَامًا وَالْمُسْلِمُونَ عَلَى شُرُوطِهِمْ إِلَّا شَرْطًا حَرَّمَ حَلَالًا أَوْ أَحَلَّ حَرَامًا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَأَبُو دَاوُدَ وَانْتَهَتْ رِوَايَته عِنْد قَوْله «شروطهم»

2923. अमर बिन ऑफ मुज़नी रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मुसलमानों के दरमियान सुलह जाईज़ है, ऐसी सुलह के सिवा जो किसी हलाल को हराम कर दे या किसी हराम को हलाल कर दे, और इस शर्त के सिवा जो हलाल को हराम कर दे या हराम को हलाल कर दे, मुसलमान अपने शर्तो पर साबित है”| तिरमिज़ी, इब्ने माजा अबू दावुद और उनकी रिवायत ((عَلیٰ شُرُوْطِهِمْ)) तक है| (सहीह)

صحیح ، رواہ الترمذی (1352 وقال : حسن صحیح) و ابن ماجہ (2353) [و ابوداؤد (3594) من حدیث ابی ھریرۃ رضی اللہ عنہ و سندہ حسن] * سندہ ضعیف جدًا و للحدیث شواھد عند ابی داود و غیرہ وھو بھا صحیح

بَاب الإفلاس والانظار • दिवालिया होना और मुहलत देने का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٩٢٤ - (لم تتمّ دراسته) عَن سُوَيْد بن قيس قَالَ: جَلَبْتُ أَنَا وَمَخْرَفَةُ الْعَبْدِيُّ بَزًّا مِنْ هَجَرٍ فَأَتَيْنَا بِهِ مَكَّةَ فَجَاءَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَمْشِي فَسَاوَمَنَا بِسَرَاوِيلَ فَبِعْنَاهُ وَثمّ رجل يزن بِالْأَجْرِ فَقَالَ لَهُ رَسُول الله: «زِنْ وَأَرْجِحْ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ

2924. सुवैद बिन कैस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं और मखरफ अब्दी तिजारत के लिए हजर से कपड़ा लेकर मक्का आए तो रसूलुल्लाह ﷺ पैदल चलते हुए हमारे पास तशरीफ़ लाए और आप ने एक सलवार के कपड़े की हम से कीमत तेअ की तो हमने आप को फरोख्त कर दिया, वहां एक आदमी था जो उजरत पर वज़न किया करता था, रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे फ़रमाया: “वज़न कर और झुकता वज़न कर”| (यानी पुरे से कुछ ज़्यादा)| अहमद अबू दावुद, तिरमिज़ी, इब्ने माजा दारमी और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है| (सहीह)

صحیح ، رواہ احمد (4 / 352 ح 19308) و ابوداؤد (3336) و الترمذی (1305) و ابن ماجہ (2220) و الدارمی (2 / 240 ح 2588)

٢٩٢٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: كَانَ لِي عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دَيْنٌ فَقَضَانِي وَزَادَنِي. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2925. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मेरा नबी ﷺ पर कुछ क़र्ज़ था, आप ﷺ ने वह मुझे अदा किया और मुझे मज़ीद अता किया| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (3347) [و البخاری (443 ، 2394) و مسلم (715)]

٢٩٢٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عبد الله بن أبي ربيعَة قَالَ: اسْتَقْرَضَ مِنِّي النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم أَرْبَعِينَ أَلْفًا فَجَاءَهُ مَالٌ فَدَفَعَهُ إِلَيَّ وَقَالَ: «بَارَكَ اللَّهُ تَعَالَى فِي أَهْلِكَ وَمَالِكَ إِنَّمَا جَزَاءُ السَّلَفِ الْحَمْدُ وَالْأَدَاءُ» . رَوَاهُ النَّسَائِيُّ

2926. अब्दुल्लाह बिन अबी रबिआ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने मुझ से चालीस हज़ार दिरहम क़र्ज़ लिया, आप ﷺ के पास माल आया तो आप ने वह मुझे वापस कर दिया, और फ़रमाया: “अल्लाह तआला तुम्हारे अहल व माल में बरकत फरमाए, क़र्ज़ की जज़ा ही शुक्रिया अदा करना और क़र्ज़ अदा करना है”| (हसन)

حسن ، رواہ النسائی (7 / 314 ح 46ئ87) و ابن ماجه (2424)

٢٩٢٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عِمْرَانَ بْنِ حُصَيْنٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ كَانَ لَهُ عَلَى رَجُلٍ حَقٌّ فَمَنْ أَخَّرَهُ كَانَ لَهُ بِكُلِّ يَوْمٍ صَدَقَةٌ» . رَوَاهُ أَحْمد

2927. इमरान बिन हुसैन रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “किसी का किसी शख़्स पर कोई हक़ हो, और वह (हक़ लेने वाला) इसे मुहलत दे तो हर रोज़ के बदले इसे सदका का सवाब मिलेगा| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف جدا ، رواه احمد (4 / 443 ح 20219) * فيه الاعمش (ثقة مدلس) عن ابی داود (الاعمی : كذاب) عن عمران به ، و حديث بريدة :’’ من انظر معسرًا فله بكل يوم مثله صدقة ‘‘ يغنی عنه ، رواه احمد (5 / 360 ح 23434) و سنده صحيح و صححه الحاكم على شرط الشيخين (2 / 29) و وافقه الذهبی

٢٩٢٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن سعد بن الأطول قَالَ: مَاتَ أَخِي وَتَرَكَ ثَلَاثَمِائَةِ دِينَارٍ وَتَرَكَ وَلَدًا صِغَارًا فَأَرَدْتُ أَنْ أُنْفِقَ عَلَيْهِمْ فَقَالَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِن أخلك مَحْبُوسٌ بِدَيْنِهِ فَاقْضِ عَنْهُ» . قَالَ: فَذَهَبْتُ فَقَضَيْتُ عَنهُ وَلم تبْق إِلَّا امْرَأَةٌ تَدَّعِي دِينَارَيْنِ وَلَيْسَتْ لَهَا بَيِّنَةٌ قَالَ: «أَعْطِهَا فَإِنَّهَا صَدَقَة» . رَوَاهُ أَحْمد

2928. सईद बिन अतवल रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मेरा भाई फौत हो गया और उस ने तीन सौ दीनार और छोटे छोटे बच्चे छोड़े, मैंने इरादा किया की मैं (ये रकम) इन पर खर्च करू, लेकिन रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “तेरा भाई अपने क़र्ज़ की वजह से महबूस है, (पहले) उसकी तरफ से क़र्ज़ अदा करो”, वह बयान करते हैं, मैं गया और उसकी तरफ से क़र्ज़ अदा किया, फिर मैं वापस आया तो अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैंने उसकी तरफ से सारा क़र्ज़ अदा कर दिया है, सिर्फ एक औरत बाकी रह गई है जो दो दीनार का मुतालबा करती है,

जबकि उस के पास कोई दलील नहीं ?, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे दे दो क्योंकि वह सच्ची है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (5 / 7 ح 2033620337 ، 4 / 136 ح 17359 و اللفظ له) [و ابن ماجه : 2433] * عبد المك ابو جعفر مجهول الحال و للحديث شاهد صحيح عند احمد (5 / 7) و غيره دون قوله :’’ و ترک ثلاثمائة ‘‘۔

٢٩٢٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مُحَمَّدِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ جَحْشٍ قَالَ: كُنَّا جُلُوسًا بِفِنَاءِ الْمَسْجِدِ حَيْثُ يُوضَعُ الْجَنَائِزُ وَرَسُول الله جَالِسٌ بَيْنَ ظَهْرَيْنَا فَرَفَعَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَصَره قبل السَّمَاء فنظر ثُمَّ طَأْطَأَ بَصَرَهُ وَوَضَعَ يَدَهُ عَلَى جَبْهَتِهِ قَالَ: «سُبْحَانَ الله سُبْحَانَ الله مَا نَزَلَ مِنَ التَّشْدِيدِ؟» قَالَ: فَسَكَتْنَا يَوْمَنَا وَلَيْلَتَنَا فَلَمْ نَرَ إِلَّا خَيْرًا حَتَّى أَصْبَحْنَا قَالَ مُحَمَّدٌ: فَسَأَلْتُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: مَا التَّشْدِيدُ الَّذِي نَزَلَ؟ قَالَ: «فِي الدَّيْنِ وَالَّذِي نَفْسُ مُحَمَّدٍ بِيَدِهِ لَوْ أَنَّ رَجُلًا قُتِلَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ ثُمَّ عَاشَ ثُمَّ قُتِلَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ ثُمَّ عَاشَ ثُمَّ قُتِلَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ ثُمَّ عَاشَ وَعَلَيْهِ دَيْنٌ مَا دَخَلَ الْجَنَّةَ حَتَّى يُقْضَى دَيْنُهُ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَفِي شَرْحِ السُّنَّةِ نَحْوَهُ

2929. मुहम्मद बिन अब्दुल्लाह बिन जहश रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम मस्जिद के सहन में बैठें हुए थे जहाँ जनाज़े रखे जाते थे, जबकि रसूलुल्लाह ﷺ हमारे दरमियान बैठें हुए थे, रसूलुल्लाह ﷺ ने आसमान की तरफ नज़र उठाकर देखा फिर नज़र को झुकाया और अपना हाथ अपने पेशानी पर रख कर (ताज्जुब से) फ़रमाया: “(سُبْحَانَ اللهِ) सुबहानल्लाह (سُبْحَانَ اللهِ) सुबहानल्लाह केसी सख्ती नाज़िल हुई”, रावी बयान करते हैं, हम दिन भर और पूरी रात ख़ामोश रहे और हमने खैर ही खैर देखी हत्ता के सुबह हो गई, मुहम्मद (रावी) बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ से सवाल किया, वह कौन सा अज़ाब है जो नाज़िल हुआ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “क़र्ज़ के बारे में, उस ज़ात की क़सम जिसके हाथ में मुहम्मद (ﷺ) की जान है! अगर कोई आदमी अल्लाह की राह में शहीद कर दिया जाए वह फिर जिंदा हो फिर अल्लाह की राह में शहीद कर दिया जाए फिर जिंदा हो फिर अल्लाह की राह में शहीद कर दिया जाए, फिर जिंदा हो, और उस के नामे क़र्ज़ हो तो वह जन्नत में नहीं जाएगा, हत्ता के उस का क़र्ज़ अदा कर दिया जाए”| अहमद और शरह सुन्ना में उसकी मिस्ल है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه احمد (5 / 289290 ح 22860) و البغوی فی شرح السنة (8 / 201 ح 2145) [و النسائی (7 / 314 ، 315 ح 4688]

बाब الشّرِكَة وَالْوكَالَة • शिरकत और वकालत का बयान

الْفَصْلُ الأول • पहली फस्ल

٢٩٣٠ - (صَحِيح) عَن زهرَة بن معبد: أَنَّهُ كَانَ يَخْرُجُ بِهِ جَدُّهُ عَبْدُ اللَّهِ بْنُ هِشَامٍ إِلَى السُّوقِ فَيَشْتَرِي الطَّعَامَ فَيَلْقَاهُ ابْنُ عُمَرَ وَابْنُ الزُّبَيْرِ فَيَقُولَانِ لَهُ: أَشْرِكْنَا فَإِنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَدْ دَعَا لَكَ بِالْبَرَكَةِ فَيُشْرِكُهُمْ فَرُبَّمَا أَصَابَ الرَّاحِلَةَ كَمَا هِيَ فَيَبْعَثُ بِهَا إِلَى الْمَنْزِلِ وَكَانَ عَبْدُ اللَّهِ بْنُ هِشَامٍ ذَهَبَتْ بِهِ أُمُّهُ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَمَسَحَ رَأسه ودعا لَهُ بِالْبركَةِ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2930. जुहरा बिन मअबद से रिवायत है के उन के दादा अब्दुल्लाह बिन हिश्शाम रदियल्लाहु अन्हु उन्हें बाज़ार ले जाते और गल्ला खरीदते, फिर इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा और इब्ने जुबैर रदियल्लाहु अन्हु उन्हें मिलते तो वह उन्हें (अब्दुल्लाह बिन हिश्शाम रदियल्लाहु अन्हु से) कहते हमें भी शरीक कर लो, क्योंकि नबी ﷺ ने आप के लिए बरकत की दुआ फरमाई है, वह उन्हें शरीक कर लेते, बसा-अवक़ात उन्हें पुरे ऊंट के सामान का नफा हो जाता तो वह इसे अपने घर की तरफ भेज देते, और अब्दुल्लाह बिन हिश्शाम रदियल्लाहु अन्हु को उनकी वालिदा नबी ﷺ के पास लेकर गई थी तो आप ने उस के सर पर प्यार से हाथ फेरा और उस के लिए बरकत की दुआ की थी| (बुखारी)

رواه البخارى (2501)

٢٩٣١ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَتِ الْأَنْصَارُ لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: اقْسِمْ بَيْنَنَا وَبَيْنَ إِخْوَانِنَا النخيل قَالَ: «لَا تكفوننا المؤونة وَنَشْرَكْكُمْ فِي الثَّمَرَةِ» . قَالُوا: سَمِعْنَا وَأَطَعْنَا. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2931. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अंसार ने नबी ﷺ से अर्ज़ किया, आप हमारे और हमारे (मुहाजिर) भाइयो के दरमियान खजूरो के दरख्त तकसीम फरमादे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं,(इन्होंने मुहाजरिन से कहा) तुम मेहनत करो, हम तुम्हें पैदावार में शरीक कर लेंगे, उन्होंने (मुहाजरिन) ने कहा, हम ने सुन लिया और हमने मान लिया| (बुखारी)

رواه البخارى (2325)

٢٩٣٢ - (صَحِيح) وَعَن عُرْوَة بن أبي الْجَعْد الْبَارِقِي: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَعْطَاهُ دِينَارًا لِيَشْتَرِيَ بِهِ شَاةً فَاشْتَرَى لَهُ شَاتين فَبَاعَ إِحْدَاهما بِدِينَار وَأَتَاهُ بِشَاة ودينار فَدَعَا لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي بَيْعِهِ بِالْبَرَكَةِ فَكَانَ لَوِ اشْتَرَى تُرَابا لربح فِيهِ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2932. उरवा बिन अबी जअद अल बारकी रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें एक दीनार दीया ताकि वह आप ﷺ के लिए एक बकरी ख़रीदे, उस ने आप ﷺ के लिए दो बकरिया खरीदी, और फिर उनमें से एक बकरी एक दीनार में फरोख्त कर दी, और एक बकरी और एक दीनार आप की खिदमत में पेश कर दिया, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने उसकी बेअ में बरकत की दुआ फरमाई, पस अगर वह मिट्टी भी खरीद लेते तो उस में नफा कमाते थे| (बुखारी)

رواہ البخاری (3642)

بَاب الشّرِكَة وَالْوكَالَة • शिरकत और वकालत का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٩٣٣ - (لم تتمّ دراسته) عَن أبي هُرَيْرَة رَفَعَهُ قَالَ: " إِنَّ اللَّهَ عَزَّ وَجَلَّ يَقُولُ: أَنا ثَالِث الشَّرِيكَيْنِ مَا لم يخن صَاحِبَهُ فَإِذَا خَانَهُ خَرَجْتُ مِنْ بَيْنِهِمَا ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَزَاد رزين: «وَجَاء الشَّيْطَان»

2933. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु मरफ़ुअ रिवायत बयान करते हैं, कि अल्लाह अज्ज़वजल फरमाता है “ जब दो शराकत दारो में से कोई एक अपने साथी से खयानत नहीं करता तो मैं उनका तीसरा होता हूँ, जब वह उस से खयानत करता है तो मैं इन दोनों में से निकल जाता हूँ”| अबू दावुद, और रजिन ने यह इज़ाफा नकल किया है: “और शैतान जाता है”| (हसन)

اسنادہ حسن ، رواہ ابوداؤد (3383) و رزین (لم اجدہ ، و زیادتہ ’’ و جاء الشیطان ‘‘ : لم اجدہ)

٢٩٣٤ - (صَحِيح) وَعَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أَدِّ الْأَمَانَةَ إِلَى مَنِ ائْتَمَنَكَ وَلَا تَخُنْ مَنْ خَانَكَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالدَّارِمِيُّ

2934. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स तुम्हारे पास अमानत रखे तो तुम अमानत वापस कर दो, और जो शख़्स तुम से खयानत करे तो तुम उस से खयानत न करो”| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ الترمذی (1264 وقال : حسن غریب) و ابوداؤد (3535) و الدارمی (2 / 264 ح 2600) * شریک القاضی مدلس و عنعن و قیس بن الربیع ضعیف ضعفہ الجمھور و للحدیث شواھد ضعیفة

٢٩٣٥ - وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: أَرَدْتُ الْخُرُوجَ إِلَى خَيْبَرَ فَأَتَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَسَلَّمْتُ عَلَيْهِ وَقُلْتُ: إِنِّي أَرَدْتُ الْخُرُوجَ إِلَى خَيْبَرَ فَقَالَ: «إِذَا أَتَيْتَ وَكِيلِي فَخُذْ مِنْهُ خَمْسَةَ عَشَرَ وَسْقًا فَإِنِ ابْتَغَى مِنْكَ آيَةً فَضَعْ يدك على ترقوته» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

2935. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने खैबर जाने का इरादा किया तो मैंने नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर होकर सलाम किया और अर्ज़ किया, मैं खैबर जाने का इरादा रखता हूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब तुम मेर वकील के पास जाओ तो उस से पन्द्रह वुसक खजूरे ले लेना, और अगर वह तुझ से कोई निशानिया तलब करे तो अपना हाथ उस के हलक पर रख देना”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3632) * محمد بن اسحاق بن يسار مدلس و لم اجد تصريح سماعه

بَاب الشّرِكَة وَالْوكَالَة • शिरकत और वकालत का बयान

الْفَصْلُ الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٢٩٣٦ - (لم تتمّ دراسته) عَن صُهَيْبٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " ثَلَاثٌ فِيهِنَّ الْبَرَكَةُ: [ص:٨٨ الْبَيْعُ إِلَى أَجَلٍ والمقارضة واخلاط الْبُرِّ بِالشَّعِيرِ لِلْبَيْتِ لَا لِلْبَيْعِ ". رَوَاهُ ابْنُ مَاجَه

2936. सहियब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तीन चीजों में बरकत है, एक मुद्दत तक (उधार) बेअ करना, मुज़ारबत करना और गंदुम में जौ मिलाना घर में इस्तेमाल के लिए तिजारत के लिए नहीं”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جدا ، رواه ابن ماجه (2289) * فيه نصر بن القاسم : مجهول و صالح : مجهول الحال و قال العقيلى فى عبد الرحيم :’’ مجهول بالنقل ، حديثه غير محفوظ ‘‘ فالسند مظلم و قال الذهبى :’’ اسناد مظلم و المتن باطل ‘‘ و اورده ابن الجوزى فى الموضوعات (2 / 248249)

٢٩٣٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن حَكِيم بن حزَام أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَعَثَ مَعَهُ بِدِينَارٍ لِيَشْتَرِيَ لَهُ بِهِ أُضْحِيَّةً فَاشْتَرَى كَبْشًا بِدِينَارٍ وَبَاعَهُ بِدِينَارَيْنِ فَرَجَعَ فَاشْتَرَى أُضْحِيَّةً بِدِينَارٍ فَجَاءَ بِهَا وَبِالدِّينَارِ الَّذِي اسْتَفْضَلَ من الْأُخْرَى فَتصدق رَسُول الله صلى بِالدِّينَارِ فَدَعَا لَهُ أَنْ يُبَارَكَ لَهُ فِي تِجَارَته. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

2937. हकिम बिन हिज़ाम रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे एक दीनार दे कर भेजा ताकि वह उस से आप के लिए कुर्बानी ख़रीदे, उस ने एक दीनार का मेंढा खरीदा और दो दीनार में बेच दिया, वह फिर वापस गया और एक दीनार की कुर्बानी खरीदी, और वह कुर्बानी का जानवर और वह दीनार जो मुनाफा हुआ था लेकर हाज़िर हुआ, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने वह दीनार सदका कर दिया और उस के लिए दुआ फरमाई के उसकी तिजारत में बरकत डाल दी जाए| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (1257) [و ابوداؤد :3386] * حبيب بن ابى ثابت مدلس و عنعن وهو ’’ شيخ من اهل المدينة ‘‘ فى رواية ابى داود (3386)

गसब करने और उधार लेने का बयान • بَاب الْغَصْب وَالْعَارِية

पहली फस्ल • الْفَصْلُ الأول

٢٩٣٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن سعيد بْنِ زَيْدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَخَذَ شِبْرًا مِنَ الْأَرْضِ ظُلْمًا فَإِنَّهُ يُطَوَّقُهُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ مِنْ سبع أَرضين»

2938. सईद बिन ज़ैद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स ज़ुल्म से बालिश्त बराबर ज़मीन हासिल करता है तो रोज़ ए कियामत सात ज़मीनों का तोक उस के गले में डाला जाएगा”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

رواه البخارى (3198) و مسلم (140 / 1610)، (4135)

٢٩٣٩ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَحْلُبَنَّ أَحَدٌ مَاشِيَةَ امْرِئٍ بِغَيْرِ إِذْنِهِ أَيُحِبُّ أَحَدُكُمْ أَنْ يُؤْتَى مشربَته فتكسر خزانته فَيُنْتَقل طَعَامُهُ وَإِنَّمَا يَخْزُنُ لَهُمْ ضُرُوعُ مَوَاشِيهِمْ أَطْعِمَاتِهِمْ» . رَوَاهُ مُسلم

2939. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कोई शख़्स किसी आदमी की इजाज़त के बगैर उस के जानवर का दूध न धोए, क्या तुम में से कोई शख़्स पसंद करता है की उस के कमरे में जा कर गोदाम का ताला तोड़ दिया जाए और उस का अनाज वगैरा निकाल लिया जाए, इसी तरह उन के जानवरों के थन उन के खाने को जमा व महफ़ूज़ रखते है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (13 / 1726)، (4511)

٢٩٤٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عِنْدَ بَعْضِ نِسَائِهِ فَأَرْسَلَتْ إِحْدَى أُمَّهَاتِ الْمُؤْمِنِينَ بِصَحْفَةٍ فِيهَا طَعَامٌ فَضَرَبَتِ الَّتِي النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي بَيْتِهَا يَدَ الْخَادِمِ فَسَقَطَتِ الصَّحْفَةُ فَانْفَلَقَتْ فَجَمَعَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِلَقَ الصَّحْفَةِ ثُمَّ جَعَلَ يَجْمَعُ فِيهَا الطَّعَامَ الَّذِي كَانَ فِي الصَّحْفَةِ وَيَقُولُ: «غَارَتْ أُمُّكُمْ» ثُمَّ حَبَسَ الْخَادِمَ حَتَّى أُتِيَ بِصَحْفَةٍ مِنْ عِنْدِ الَّتِي هُوَ فِي بَيْتِهَا فَدَفَعَ الصَّحْفَةَ [ص:٨٨ الصَّحِيحَةَ إِلَى الَّتِي كُسِرَتْ صَحْفَتُهَا وَأَمْسَكَ الْمَكْسُورَةَ فِي بَيْتِ الَّتِي كَسَرَتْ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

2940. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ अपने किसी ज़ौजा ए मोहतरमा के पास थे तो आप की किसी ज़ौजा ए मोहतरमा ने पलेट में खाना भेजा तो जिन के घर नबी ﷺ तशरीफ़ फरमा थे उन्होंने खादिम के हाथ पर मारा तो वह पलेट गिर कर टूट गई, नबी ﷺ ने पलेट के टुकड़े इकठ्ठे किए, और बिखरे हुए खाने को उठाया, साथ में कहने लगे: “तुम्हारी माँ ने गैरत खाई”, फिर आप ने खादिम को रोका हत्ता के इसे ज़ौजा ए

मोहतरमा के घर से, जिन के घर आप तशरीफ़ फरमा थे सहीह पलेट दी और वह टूटी हुई पलेट इस ज़ौजा ए मोहतरमा के घर रख दी जिन्होंने तोड़ी थी| (बुखारी)

رواه البخارى (5225)

٢٩٤١ - (صَحِيح) وَعَن عبد الله بن يزِيد عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَنَّهُ نهى عَن النهبة والمثلة. رَوَاهُ البُخَارِيّ

2941. अब्दुल्लाह बिन यज़ीद रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ﷺ ने डाका डालने और मुसला करने (मय्यत के आज़ा काटने) से मना फ़रमाया| (बुखारी)

رواه البخارى (2474)

٢٩٤٢ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: انْكَسَفَتِ الشَّمْسُ فِي عَهْدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ مَاتَ إِبْرَاهِيمُ بْنُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَصَلَّى بِالنَّاسِ سِتَّ رَكَعَاتٍ بِأَرْبَعِ سَجَدَاتٍ فَانْصَرَفَ وَقَدْ آضَتِ الشَّمْسُ وَقَالَ: " مَا مِنْ شَيْءٍ تُوعَدُونَهُ إِلَّا قَدْ رَأَيْتُهُ فِي صَلَاتِي هَذِهِ لَقَدْ جِيءَ بِالنَّارِ وَذَلِكَ حِينَ رَأَيْتُمُونِي تَأَخَّرْتُ مَخَافَةَ أَنْ يُصِيبَنِي مِنْ لَفْحِهَا وَحَتَّى رَأَيْتُ فِيهَا صَاحِبَ الْمِحْجَنِ يَجُرُّ قُصْبَهُ فِي النَّارِ وَكَانَ يسرق الْحَاج بمحجنه فَإِن فطن لَهُ قَالَ: إِنَّمَا تعلق بمحجني وَإِنْ غُفِلَ عَنْهُ ذَهَبَ بِهِ وَحَتَّى رَأَيْتُ فِيهَا صَاحِبَةَ الْهِرَّةِ الَّتِي رَبَطَتْهَا فَلَمْ تُطْعِمْهَا وَلَمْ تَدَعْهَا تَأْكُلُ مِنْ خَشَاشِ الْأَرْضِ حَتَّى مَاتَتْ جُوعًا ثُمَّ جِيءَ بِالْجَنَّةِ وَذَلِكَ حِينَ رَأَيْتُمُونِي تَقَدَّمْتُ حَتَّى قُمْتُ فِي مَقَامِي وَلَقَدْ مَدَدْتُ يَدِي وَأَنَا أُرِيدُ أَنْ أَتَنَاوَلَ مِنْ ثَمَرَتِهَا لِتَنْظُرُوا إِلَيْهِ ثُمَّ بَدَا لِي أَنْ لَا أفعل ". رَوَاهُ مُسلم

2942. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के दौर मैं रसूलुल्लाह ﷺ के बेटे इब्राहीम की वफात के दिन सूरज ग्रहन हुआ तो आप ने छे रुकूओ और चार सजदो से सहाबा को (दो रकअत) नमाज़ पढ़ाई, आप नमाज़ से फारिग़ हुए तो सूरज अपने असल की (चमकदार) हालत पर आ चूका था, और आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस जिस चिज़ का तुम से वादा किया गया मैंने अपनी इस नमाज़ में उसे देख लिया, जहन्नम मेरे सामने लाइ गई और यह इस वक़्त थी जब तुम ने मुझे देखा की मैं, इस अंदेशे के पेशे नज़र के कहे उसकी हरारत मुझे अपने लपेट में ले ले, पीछे हट गया, हत्ता के मैंने खुन्दी वाले शख़्स को आग में अपने अंतड़ियाँ घसीटते हुए देखा, वह अपने खुन्दी से हाजियों की चीज़े चुराया करता था अगर पता चल जाता तो कहता यह चीज़े खुन्दी से लटक गई थी, और अगर पता न चलता तो वह इसे ले जाता, और हत्ता के मैंने उस में बिल्ली वाली खातून भी देखी जिस ने इसे बांध रखा था, वह इसे खुद खिलाती न इसे छोड़ देती के वह ज़मीन के कीड़े मकोड़े खा लेती, हत्ता के वह भूख से मर गई, फिर जन्नत पेश की गई, और यह इस वक़्त था जब तुम ने मुझे आगे बढ़ते हुए देखा हत्ता कि मैं अपने जगह पर खड़ा हो गया और मैंने अपना हाथ बढ़ाया और मैं उस का फल लेना चाहता था के तुम उसे देख लो लेकिन फिर मुझे ज़ाहिर हुआ की में (ऐसे) न करू”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (10 / 904)، (2102)

٢٩٤٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن قَتَادَة قَالَ: سَمِعْتُ أَنَسًا يَقُولُ: كَانَ فَزَعٌ بِالْمَدِينَةِ فَاسْتَعَارَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَرَسًا مِنْ أَبِي طَلْحَةَ يُقَالُ لَهُ: الْمَنْدُوبُ فَرَكِبَ فَلَمَّا رَجَعَ قَالَ: «مَا رَأَيْنَا مِنْ شَيْءٍ وَإِن وَجَدْنَاهُ لبحرا»

2943. क़तादाह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अनस रदियल्लाहु अन्हु को बयान करते हुए सुना: मदीना में (दुश्मन की आमद का) शोर सा उठा तो नबी ﷺ ने अबू तल्हा रदियल्लाहु अन्हु से मंदुब नामी घोड़ा उधार लिया और उस पर सवार हो गए, जब आप ﷺ वापस तशरीफ़ लाए तो फ़रमाया: “हमने कोई चीज़ नहीं देखी, अलबत्ता हमने (तेज़ रफ़्तार में) इसे समुन्दर पाया”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (2627) و مسلم (49 / 2307)، (6007)

بَاب الْغَصْب وَالْعَارِيَة • गसब करने और उधार लेने का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٢٩٤٤ - (صَحِيح) عَن سعيد بْنِ زَيْدٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ قَالَ: «من أحيى أَرْضًا مَيْتَةً فَهِيَ لَهُ وَلَيْسَ لِعِرْقٍ ظَالِمٍ حق» . رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

2944. सईद बिन ज़ैद रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स बंजर ज़मीन को आबाद करे तो वह इसी की है जबकि रग ज़ालिम का कोई हक़ नहीं”| (गैर की ज़मीन में काश्तकारि का कोई हक़ नहीं)| (हसन)

اسنادہ حسن ، رواہ احمد (3 / 356 ح 14900) و الترمذی (1378) و ابوداؤد (3073)

٢٩٤٥ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ مَالِكٌ عَنْ عُرْوَةَ مُرْسَلًا. وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

2945. इमाम मालिक ने उरवा से मुरसल रिवायत किया है, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन ग़रीब है| (हसन)

حسن ، رواہ مالک (2 / 743 ح 1495) [و الحدیث السابق (2944) شاھد له]

٢٩٤٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي حرَّة الرقاشِي عَن عَمه قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «أَلا تَظْلِمُوا أَلَا لَا يَحِلُّ مَالُ امْرِئٍ إِلَّا بِطِيبِ نَفْسٍ مِنْهُ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَان وَالدَّارَقُطْنِيّ فِي الْمُجْتَبى

2946. अबू हुर्रतुल र्क्काशी अपने चचा से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सुन लो! ज़ुल्म न करो, किसी मुसलमान का माल उसकी ख़ुशी के बगैर हलाल नहीं”| (हसन)

٣١٤٩ - (صَحِيح) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: عَلَّمَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ التَّشَهُّدَ فِي الصَّلَاةِ وَالتَّشَهُّدَ فِي الْحَاجَةِ قَالَ: التَّشَهُّدُ فِي الصَّلَاةِ: «التَّحِيَّاتُ لِلَّهِ وَالصَّلَوَاتُ وَالطَّيِّبَاتُ السَّلَامُ عَلَيْكَ أَيُّهَا النَّبِيُّ وَرَحْمَةُ اللَّهِ وَبَرَكَاتُهُ السَّلَامُ عَلَيْنَا وَعَلَى عِبَادِ اللَّهِ الصَّالِحِينَ أَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ» . [ص:٩٤ وَالتَّشَهُّدُ فِي الْحَاجَةِ: «إِنَّ الْحَمْدَ لِلَّهِ نَسْتَعِينُهُ وَنَسْتَغْفِرُهُ وَنَعُوذُ بِاللَّهِ مِنْ شُرُورِ أَنْفُسنَا من يهد اللَّهُ فَلَا مُضِلَّ لَهُ وَمَنْ يُضْلِلْ فَلَا هَادِيَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ» . وَيَقْرَأُ ثَلَاثَ آيَاتٍ (يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا اتَّقُوا اللَّهَ حَقَّ تُقَاتِهِ وَلَا تَمُوتُنَّ إِلَّا وَأَنْتُمْ مُسلمُونَ)»» (يَا أَيُّهَا النَّاسُ اتَّقُوا رَبَّكُمُ الَّذِي خَلَقَكُمْ مِنْ نَفْسٍ وَاحِدَةٍ وَخَلَقَ مِنْهَا زَوْجَهَا وَبَثَّ مِنْهُمَا رِجَالًا كَثِيرًا وَنِسَاءً وَاتَّقُوا اللَّهَ الَّذِي تساءلون وَالْأَرْحَامَ إِنَّ اللَّهَ كَانَ عَلَيْكُمْ رَقِيبًا)»» (يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا اتَّقُوا اللَّهَ وَقُولُوا قَوْلًا سَدِيدًا يُصْلِحْ لَكُمْ أَعْمَالَكُمْ وَيَغْفِرْ لَكُمْ ذُنُوبَكُمْ وَمَنْ يُطِعِ اللَّهَ وَرَسُولَهُ فَقَدْ فَازَ فَوْزًا عَظِيما)»» رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ وَفِي جَامِعِ التِّرْمِذِيِّ فَسَّرَ الْآيَاتِ الثَّلَاثَ سُفْيَانُ الثَّوْرِيُّ وَزَادَ ابْنُ مَاجَهْ بَعْدَ قَوْلِهِ: «إِنَّ الْحَمْدَ لِلَّهِ نَحْمَدُهُ» وَبَعْدَ قَوْلِهِ: «من شرور أَنْفُسنَا وَمن سيئات أَعمالنَا» وَالدَّارِمِيُّ بَعْدَ قَوْلِهِ «عَظِيمًا» ثُمَّ يَتَكَلَّمُ بِحَاجَتِهِ وَرَوَى فِي شَرْحِ السُّنَّةِ عَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ فِي خطْبَة الْحَاجة من النِّكَاح وَغَيره

3149. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें नमाज़ में तशह्हुद पढ़ना सिखाई और हाजत (निकाह वगैरा) में तशह्हुद सिखाई रावी बयान करते हैं, नमाज़ में तशह्हुद के अल्फाज़ यह है (التَّحِيَّاتُ لِلَّهِ وَالصَّلَوَاتُ وَالطَّيِّبَاتُ السَّلَامُ عَلَيْكَ أَيُّهَا النَّبِيُّ وَرَحْمَةُ اللَّهِ وَبَرَكَاتُهُ السَّلَامُ عَلَيْنَا وَعَلَى عِبَادِ اللَّهِ الصَّالِحِينَ) (أَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ) "कौली, बदनी और माली इबादते अल्लाह के लिए है, ए नबी! आप पर सलामती, अल्लाह की रहमत और उसकी बरकात हो, हम पर और अल्लाह के नेक बंदो पर सलामती हो, मैं गवाही देता हूँ कि अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं और मैं गवाही देता हूँ कि मुहम्मद ﷺ उस के बंदे और उस के रसूल हैं", और किसी हाजत व ज़रूरत के वक़्त पढ़ा जाने वाला तशह्हुद यह है (إِنَّ الْحَمْدَ لِلَّهِ نَسْتَعِينُهُ وَنَسْتَغْفِرُهُ وَنَعُوذُ بِاللَّهِ مِنْ شُرُورِ أَنْفُسنَا من يهد اللَّهُ فَلَا مُضِلَّ لَهُ وَمَنْ يُضْلِلْ فَلَا هَادِيَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُول) "बेशक हर किस्म की हम्द अल्लाह के लिए है, हम इसी से मदद चाहते और इसी से मगफिरत तलब करते हैं, हम अपने नफ्स की बुराइओ से अल्लाह की पनाह चाहते है,

जिस को अल्लाह हिदायत अता फरमादे इसे कोई गुमराह नहीं कर सकता और जिसे वह गुमराह कर दे इसे कोई हिदायत देने वाला नहीं, और मैं गवाही देता हूँ कि अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं और मैं गवाही देता हूँ कि मुहम्मद ﷺ उस के बंदे और उस के रसूल हैं", और आप ﷺ यह तीन आयात तिलावत फरमाते (يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا اتَّقُوا اللَّهَ حَقَّ تُقَاتِهِ وَلَا تَمُوتُنَّ إِلَّا وَأَنْتُمْ مُسلمُونَ) "ए ईमान वालो अल्लाह से डर जाओ जिस तरह उस से डरने का हक़ है और तुम इस हाल में मरो की तुम मुसलमान हो", (يَا أَيُّهَا النَّاسُ اتَّقُوا رَبَّكُمُ الَّذِي خَلَقَكُمْ مِنْ نَفْسٍ وَاحِدَةٍ وَخَلَقَ مِنْهَا زَوْجَهَا وَبَثَّ مِنْهُمَا رِجَالًا كَثِيرًا وَنِسَاءً وَاتَّقُوا اللَّهَ الَّذِي تساءلون وَالْأَرْحَامَ إِنَّ اللَّهَ كَانَ عَلَيْكُمْ رَقِيبًا) "ए लोगो! अपने रब से डरो जिस ने तुम्हें एक शख़्स हज़रत आदम अलैहिस्सलाम से पैदा किया और इसी से उस का जोड़ा बनाया फिर इन दोनों से बड़ी तादाद में मर्द और औरते पैदा कर के उन्हें रुए ज़मीन पर फैला दे या और डरो अल्लाह से जिसके ज़रिए तुम अपने जुरुरियात जिंदगी पूरी करते हो और कतअ रहमी से बचो अल्लाह तआला यक़ीनन तुम्हें देख रहा है" (يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا اتَّقُوا اللَّهَ وَقُولُوا قَوْلًا سَدِيدًا يُصْلِحْ لَكُمْ أَعْمَالَكُمْ وَيَغْفِرْ لَكُمْ ذُنُوبَكُمْ وَمَنْ يُطِعِ اللَّهَ وَرَسُولَهُ فَقَدْ فَازَ فَوْزًا عَظِيما) "ए ईमान वालो अल्लाह से डरो और दुरुस्त बात करो वह तुम्हारे आमाल दुरुस्त कर देगा और तुम्हारे गुनाह बख्श देगा और जो शख़्स अल्लाह और उस के रसूल (ﷺ की इताअत करे वह बहोत बड़ी कामयाबी हासिल कर लेगा", और जामेअ तिरमिज़ी में है सुफियान सौरी ने तीनो आयात की वज़ाहत की और इब्ने माजा ने ((إِنَّ الْحَمْدَ لِلهِ)) के बाद ((نَحْمَدُهُ)) और ((مِنْ شُرُوْرِ اَنْفُسِنَا)) के बाद ((وَمِنْ سَيِّئَاتِ اَعْمَالِنَا)) का इज़ाफा नकल किया और दारमी ने (عَظِيْمًا) के बाद इज़ाफा नकल किया है की फिर अपने हाजत व ज़रूरत का तज़किरह करे और शरह सुन्ना में इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु से मन्कुल है के इस तशह्हुद को निकाह के खुत्बा हाजत या किसी दूसरे खुत्बा में पढ़े| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (1 / 392393 ح 37203721) و الترمذى (1105) و ابوداؤد (2118) و النسائى (6 / 89 ح 3279) و ابن ماجه (1892) و الدارمى (2 / 142 ح 2208) و البغوى فى شرح السنة (9 / 4950 ح 2268) * ابو عبيدة عن ابيه منقطع و ابو اسحاق السبيعى مدلس و عنعن و رواه عن ابى اسحاق عن ابى الاحوص عند احمد مبترًا فسنده معلول

٣١٥٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كُلُّ خُطْبَةٍ لَيْسَ فِيهَا تَشَهُّدٌ فَهِيَ كَالْيَدِ الْجَذْمَاءِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

3150. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "हर वह खुतबा जिस में तशहूद (हम्द व सना) न हो तो वह कटे हुए हाथ की तरह है | तिरमिज़ी, और उन्होंने फ़रमाया यह हदीस हसन गरीब है| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذى (1106)

٣١٥١ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كُلُّ أَمْرٍ ذِي بَالٍ لَا يُبْدَأُ فِيهِ [ص:٩٤ بِالْحَمْدِ لِلَّهِ فَهُوَ أَقْطَعُ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ

3151. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हर अहम काम जिस का आगाज़ अल्लाह की हम्द से न किया जाए वह काम बरकत से खाली है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (1894) [و ابوداؤد (4840)] * الزهری مدلس و عنعن و قرة متكلم فيه و خالفه الثقات الجبال الحفاظ فالقول قولهم

٣١٥٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَعْلِنُوا هَذَا النِّكَاحَ وَاجْعَلُوهُ فِي الْمَسَاجِدِ وَاضْرِبُوا عَلَيْهِ بِالدُّفُوفِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

3152. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “निकाह का एलान करो और इसे मस्जिद में करो, और इस मौके पर दफ बजाओ”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (1089) * فيه عيسى بن ميمون : ضعيف و للحديث طريق عند ابن ماجه (1895) فيه متروك

٣١٥٣ - (حسن) وَعَنْ مُحَمَّدِ بْنِ حَاطِبٍ الْجُمَحِيِّ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " فَصَلَ مَا بَيْنَ الْحَلَالِ وَالْحَرَامِ: الصَّوْتُ وَالدُّفُّ فِي النِّكَاحِ ". رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ وَابْن مَاجَه

3153. मुहम्मद बिन हातिब जमही रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “निकाह के मौके पर (निकाह की) तश्हीर और दफ बजाना (निकाह) हलाल और हराम में फर्क करता है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (3 / 418 ح 15530) و الترمذی (1088) و النسائی (6 / 172 ح 33713372) و ابن ماجه (1896)

٣١٥٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: كَانَتْ عِنْدِي جَارِيَةٌ مِنَ الْأَنْصَارِ زَوَّجْتُهَا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا عَائِشَةُ أَلَا تُغَنِّينَ؟ فَإِنَّ هَذَا الْحَيَّ مِنَ الْأَنْصَارِ يُحِبُّونَ الْغِنَاءَ» . رَوَاهُ ابْن حبَان فِي صَحِيحه

3154. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मेरे पास अंसार की एक लड़की थी, मैंने उसकी शादी कर दी, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आइशा! तुम अशआर का इंतेज़ाम क्यों नहीं करती, क्योंकि अंसार का यह कबिले अशआर पसंद करता है”| (सहीह,हसन)

حسن ، [رواه ابن حبان (الموارد : 2016 و الاحسان : 5845 فيه اسحاق بن سهل بن ابی حثمه) و للحديث شواهد عند البخاری (5162) و ابن ماجه (1900) و غيرهما]

٣١٥٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن ابْن عَبَّاس قَالَ: أنكحت عَائِشَة ذَات قَرَابَةٍ لَهَا مِنَ الْأَنْصَارِ فَجَاءَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ

وَسَلَّمَ فَقَالَ: «أَهَدَيْتُمُ الْفَتَاةَ؟» قَالُوا: نعم قَالَ: «أرسلتم مَعهَا من تغني؟» قَالَتْ: لَا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ الْأَنْصَارَ قَوْمٌ فِيهِمْ غَزَلٌ فَلَوْ بَعَثْتُمْ مَعَهَا مَنْ يَقُولُ:»» أَتَيْنَاكُمْ أَتَيْنَاكُمْ فحيانا وحياكم ". رَوَاهُ ابْن مَاجَه

3155. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, आइशा रदियल्लाहु अन्हा ने अंसार में से अपने एक अज़ीज़ाह की शादी की तो रसूलुल्लाह ﷺ तशरीफ़ लाए और फ़रमाया: “क्या तुम ने लड़की को भेज दिया ?” उन्होंने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम ने अशआर पढ़ने वालो को उस के साथ भेजा है?” आइशा रदियल्लाहु अन्हा ने अर्ज़ किया, नहीं, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अंसार ऐसे लोग है जो गाने का रुजहान रखते है, अगर तुम उस के साथ किसी ऐसे शख़्स को भेजती जो कहता اَتَيْنَا كُمْ اَتَيْنَا كُمْ فَحَيَّانَا وَ حَيَّاكُمْ “हम तुम्हारे पास आए हम तुम्हारे पास आए, हमें भी मुबारक हो और तुम्हें भी मुबारक हो”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابن ماجه (1900) * ابو الزبير عنعن و اصل الحديث عند البخارى فى صحيحه (5162)

٣١٥٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سَمُرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أَيُّمَا امْرَأَةٍ زَوَّجَهَا وَلِيَّانِ فَهِيَ لِلْأَوَّلِ مِنْهُمَا وَمَنْ بَاعَ بَيْعًا مِنْ رَجُلَيْنِ فَهُوَ لِلْأَوَّلِ مِنْهُمَا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ والدارمي

3156. समुरह रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस औरत की शादी दो वली कर दे तो वह इन दोनों में से पहले वाले के निकाह में होगी और जो शख़्स दो आदमियों से बेअ करे तो वह उनमें से पहले के लिए है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (1110 وقال : حسن) و ابوداؤد (2088) و النسائى (7 / 314 ح 4686) و الدارمى (2 / 139 ح 2200)

بَابُ إِعْلَانِ النِّكَاحِ وَالْخِطْبَةِ وَالشَّرْطِ • एलान ए निकाह, खुत्बा, मंगनी और शर्त का बयान

الْفَصْلُ الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣١٥٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: كُنَّا نَغْزُو مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَعَنَا نِسَاءٌ فَقُلْنَا: أَلَا نَخْتَصِي؟ فَنَهَانَا عَنْ ذَلِكَ ثُمَّ رَخَّصَ لَنَا أَنْ نَسْتَمْتِعَ فَكَانَ أَحَدُنَا يَنْكِحُ الْمَرْأَةَ بِالثَّوْبِ إِلَى أَجَلٍ ثُمَّ قَرَأَ عَبْدُ اللَّهِ: (يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا لَا تُحَرِّمُوا طَيِّبَاتِ مَا أَحَلَّ اللَّهُ لَكُمْ)

3157. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ के साथ जिहाद में शरीक होते थे और हमारे साथ औरते नहीं होती थी, हमने अर्ज़ किया: क्या हम खस्सी न हो जाए? आप ﷺ ने हमें उस से मना फ़रमाया, फिर आप ﷺ ने हमें मुताअ करने की रुखसत अता फरमाई, हम में से कोई शख़्स कपड़े के अवज़ एक

मुद्दत तक किसी औरत से निकाह करता, फिर अब्दुल्लाह रदियल्लाहु अन्हु ने यह आयत तिलावत फरमाई: “ए मोमिनो! पाकिज़ा चीजों को, जो अल्लाह ने तुम्हारे लिए हलाल की है, हराम करार न दो”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (4615) و مسلم (11 / 1404)، (3410)

٣١٥٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: إِنَّمَا كَانَتِ الْمُتْعَةُ فِي أول الْإِسْلَام كَانَ الرجل يقدم الْبَلدة لَيْسَ لَهُ بِهَا مَعْرِفَةٌ فَيَتَزَوَّجُ الْمَرْأَةَ بِقَدْرِ مَا يرى أَنَّهُ يُقِيمُ فَتَحْفَظُ لَهُ مَتَاعَهُ وَتُصْلِحُ لَهُ شَيَّهُ حَتَّى إِذَا نَزَلَتِ الْآيَةُ (إِلَّا عَلَى أَزْوَاجهم أَو مَا ملكت أَيْمَانهم)»» قَالَ ابْنُ عَبَّاسٍ: فَكُلُّ فَرْجٍ سِوَاهُمَا فَهُوَ حرَام. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3158. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मुताअ इस्लाम के इब्तिदाई दौर मैं था वह इस तरह के आदमी शहर में जाता, उसकी वहां जान पहचान न होती तो वह वहां अपने कयाम के अंदाज़े के मुताबिक औरत से शादी कर लेता तो वह उस के सामान की हिफाज़त करती और उस के लिए खाना तैयार करती हत्ता कि जब यह आयत नाज़िल हुई: “मगर अपने बीवियों पर या अपने लोंदियो पर”, इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा ने फ़रमाया: “इन दोनों (बीवी और लोंदी) की शर्मगाह के सिवा हर शर्मगाह हराम है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (1122) * موسی بن عبیدة : ضعیف

٣١٥٩ - (صَحِيح) وَعَنْ عَامِرِ بْنِ سَعْدٍ قَالَ: دَخَلْتُ عَلَى قَرَظَةَ بْنِ كَعْبٍ وَأَبِي مَسْعُودٍ الْأَنْصَارِيِّ فِي عُرْسٍ وَإِذَا جِوَارٍ يُغَنِّينَ فَقُلْتُ: أَيْ صَاحِبَيْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَهْلَ بَدْرٍ يُفْعَلُ هَذَا عِنْدَكُمْ؟ فَقَالَا: اجْلِسْ إِنْ شِئْتَ فَاسْمَعْ مَعَنَا وَإِنْ شِئْتَ فَاذْهَبْ فَإِنَّهُ قَدْ رَخَّصَ لَنَا فِي اللَّهْوِ عِنْدَ الْعُرْسِ. رَوَاهُ النَّسَائِيّ

3159. आमिर बिन साद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं एक शादी के मौके पर क़र्ज़त बिन काब और अबू मसउद अंसारी रदियल्लाहु अन्हु के पास गया तो देखा के छोटी बच्चिया गा रही थी, मैंने कहा रसूलुल्लाह ﷺ के साथियों और बद्र के गाज़ियो! तुम्हारे पास यह हो रहा है? इन दोनों ने फ़रमाया: अगर तुम चाहो तो हमारे पास बैठ कर सुनो और अगर तुम चाहो तो जाओ, क्योंकि शादी के मौके पर गाने के मुतल्लिक हमें इजाज़त दी गई है| (सहीह)

صحیح ، رواه النسائی (7 / 135 ح 3385)

मुहर्रमात का बयान • بَاب الْمُحرمَات

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٣١٦٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يُجْمَعُ بَيْنَ الْمَرْأَة وعمتها وَلَا بَين الْمَرْأَة وخالتها»

3160. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “औरत और उसकी फूफी निज़ औरत और उसकी खाला को निकाह में इकट्ठा न किया जाए”| (यानी फूफी भतीजी, और खाला भांजी, एक वक़्त में एक आदमी की बीवियां नहीं हो सकती) | (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5109) و مسلم (33 / 1408)، (3436)

٣١٦١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَحْرُمُ مِنَ الرَّضَاعَةِ مَا يحرم من الْوِلَادَة» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3161. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “दूध पीने से वह रिश्ते हराम हो जाते हैं, जो नसब से हराम होते हैं”| (बुखारी)

رواه البخاری (5239)

٣١٦٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهَا قَالَتْ: جَاءَ عَمِّي مِنَ الرَّضَاعَةِ فَاسْتَأْذَنَ عَلَيَّ فَأَبَيْتُ أَنْ آذَنَ لَهُ حَتَّى أَسْأَلَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَجَاءَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَسَأَلْتُهُ فَقَالَ: «أَنَّهُ عَمُّكِ فَأْذَنِي لَهُ» قَالَت: فَقلت: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّمَا أَرْضَعَتْنِي الْمَرْأَةُ وَلَمْ يرضعني الرَّجُلُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّه عمك فليلج عَلَيْك» وَذَلِكَ بَعْدَمَا ضرب علينا الْحجاب

3162. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मेरे रिज़ाई चचा आए, उन्होंने मेरे पास आने की इजाज़त तलब की तो मैंने उन्हें इजाज़त देने से इनकार कर दिया हत्ता के मैं रसूलुल्लाह ﷺ से दरियाफ्त कर लूँ, रसूलुल्लाह ﷺ तशरीफ़ लाए मैंने आप से दरियाफ्त किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “बिलाशुबा वह तुम्हारा चचा है लिहाज़ा इसे इजाज़त दे दो”, वह बयान करती हैं, मैंने आप से अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे तो औरत ने दूध पिलाया है, मर्द ने तो मुझे दूध नहीं पिलाया! रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बिलाशुबा वह तुम्हारा चचा है, लिहाज़ा वह

तुम्हारे पास आ सकता है", और यह हम पर परदा के अहकाम नाज़िल होने से बाद का वाकिया है| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5239) و مسلم (7 / 1445)، (3575)

٣١٦٣ - (صَحِيح) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ هَلْ لَكَ فِي بِنْتِ عَمِّكَ حَمْزَةَ؟ فَإِنَّهَا أَجْمَلُ فَتَاةٍ فِي قُرَيْشٍ فَقَالَ لَهُ: «أَمَا عَلِمْتَ أَنَّ حَمْزَةَ أَخِي مَنِ الرَّضَاعَةِ؟ وَأَنَّ اللَّهَ حَرَّمَ مِنَ الرَّضَاعَةِ مَا حرم من النّسَب؟» . رَوَاهُ مُسلم

3163. अली रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या आप अपने चचा हम्ज़ा रदियल्लाहु अन्हु की बेटी के बारे में रगबत रखते हैं? वह कुरैश की सबसे ज़्यादा हसीन व जमील लड़की है, आप ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: "क्या तुम्हें मालुम नहीं के हम्ज़ा मेरे रिज़ाई भाई है, और अल्लाह ने रिज़ाअत की वजह से वह रिश्ते हराम किए है, जो उस ने नसब की वजह से हराम किए है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (11 / 1446)، (3581)

٣١٦٤ - (صَحِيح) وَعَنْ أُمِّ الْفَضْلِ قَالَتْ: أَنَّ نَبِيَّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا تُحَرِّمُ الرضعة أَو الرضعتان»

3164. उम्म फ़ज़्ल रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, कि नबी ﷺ ने फ़रमाया: "एक मर्तबा या दो मर्तबा दूध पीना हुरमत साबित नहीं करता"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (21 / 1451)، (3594)

٣١٦٥ - (صَحِيح) وَفِي رِوَايَةِ عَائِشَةَ قَالَ: «لَا تُحَرِّمُ الْمَصَّةُ والمصتان»

3165. और आइशा रदियल्लाहु अन्हा से मरवी हदीस में है: "एक मर्तबा और दो मर्तबा दूध चूसने से हुरमत वाकेअ नहीं होती"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (17 / 1450)، (3590)

٣١٦٦ - (صَحِيح) وَفِي أُخْرَى لِأُمِّ الْفَضْلِ قَالَ: «لَا تُحَرِّمُ الإملاجة والإملاجتان» . هَذِه رِوَايَات لمُسلم

3166. और उम्म फ़ज़्ल रदियल्लाहु अन्हु से मरवी दूसरी हदीस में है: “एक या दो मर्तबा दूध पीने से हुरमत वाकेअ नहीं होती”| तीनो रिवायत सहीह मुस्लिम की हैं| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (18 / 1451)، (3591)

٣١٦٧ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: كَانَ فِيمَا أُنْزِلَ مِنَ الْقُرْآنِ: «عَشْرُ رَضَعَاتٍ مَعْلُومَاتٍ يُحَرِّمْنَ» . ثُمَّ نُسِخْنَ بِخَمْسٍ مَعْلُومَاتٍ فَتُوُفِّيَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهِيَ فِيمَا يُقْرَأُ مِنَ الْقُرْآنِ. رَوَاهُ مُسلم

3167. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, कुरान में यह हुक्म नाज़िल हुआ था के दस मर्तबा दूध पीने से हुरमत वाकेअ होती है, फिर वह हुक्म पांच मर्तबा पीने की क़ैद के साथ मंसूख कर दिया गया, रसूलुल्लाह ﷺ ने जिस वक़्त वफात पाई तो इस वक़्त तक (पांच मर्तबा दूध पीने वाली आयत) कुरान में पढ़ी जाती थी| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (24 / 1452)، (3597)

٣١٦٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهَا: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دَخَلَ عَلَيْهَا وَعِنْدَهَا رَجُلٌ فَكَأَنَّهُ كَرِهَ ذَلِكَ فَقَالَت: إِنَّه أخي فَقَالَ: «انظرن من إخوانكن؟ فَإِنَّمَا الرضَاعَة من المجاعة»

3168. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के नबी ﷺ मेरे पास तशरीफ़ लाए तो मेरे पास एक आदमी था, गोया आप ने इसे नापसंद फ़रमाया, आइशा रदियल्लाहु अन्हा ने अर्ज़ किया, यह तो मेरा भाई है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “देखो के तुम्हारे भाई कौन हैं, रिज़ाअत तो सिर्फ वह दूध है जिसे भूख दूर करने के लिए पिया गया हो”, (बच्चे को सुगर सुनी की उमर में भूख लगी हो और वह किसी औरत का दूध पि ले) | (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (5102) و مسلم (22 / 1455)، (3606)

٣١٦٩ - (صَحِيح) وَعَنْ عُقْبَةَ بْنِ الْحَارِثِ: أَنَّهُ تَزَوَّجَ ابْنَةً لِأَبِي إِهَابِ بْنِ عَزِيزٍ فَأَتَتِ امْرَأَةٌ فَقَالَتْ: قَدْ أَرْضَعْتُ عُقْبَةَ وَالَّتِي تَزَوَّجَ بِهَا فَقَالَ لَهَا عُقْبَةُ: مَا أَعْلَمُ أَنَّكِ قَدْ أَرْضَعْتِنِي وَلَا أَخْبَرْتِنِي فَأَرْسَلَ إِلَى آلِ أَبِي إِهَابٍ فَسَأَلَهُمْ فَقَالُوا: مَا عَلِمْنَا أَرْضَعَتْ صَاحِبَتَنَا فَرَكِبَ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِالْمَدِينَةِ فَسَأَلَهُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كَيْفَ وَقَدْ قِيلَ؟» فَفَارَقَهَا عُقْبَةُ وَنَكَحَتْ زوجا غَيره. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3169. उक्बा बिन हारिस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने अबू इहाब बिन अज़ीज़ की बेटी से शादी कर ली तो एक औरत आई, उस ने कहा मैंने उक्बा और उसकी बीवी को दूध पिलाया है, (यानी यह आपस में रिज़ाई बहन भाई हैं) उक्बा ने इस औरत से कहा: मुझे तो मालुम नहीं के तुमने मुझे दूध पिलाया है और ना ही तुमने मुझे बताया है, उन्होंने अबू इहाब के घरवालो के पास किसी आदमी को भेजा तो उस ने उन से पूछा तो

उन्होंने कहा: हमे, तो मालुम नहीं है इस ने हमारी इस लड़की को दूध पिलाया है, वह मदीना में नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए और आप ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "(तुम उस के साथ) किस तरह (ताल्लुक व शव काइम कर सकते हो) हालाँकि यह कह दिया गया (के तुम उस के रिज़ाई भाई हो)"| उक्बा रदियल्लाहु अन्हु ने इसे अलग कर दिया और उस ने उन के अलावा किसी और से निकाह किया| (बुखारी)

رواه البخاری (2640)

٣١٧٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيُّ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ [ص:٩٤ حُنَيْنٍ بَعَثَ جَيْشًا إِلَى أَوْطَاسٍ فَلَقُوا عَدُوًّا فَقَاتَلُوهُمْ فَظَهَرُوا عَلَيْهِمْ وَأَصَابُوا لَهُمْ سَبَايَا فَكَأَنَّ نَاسًا مِنْ أَصْحَابِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تَحَرَّجُوا مِنْ غِشْيَانِهِنَّ مِنْ أَجْلِ أَزْوَاجِهِنَّ مِنَ الْمُشْرِكِينَ فَأَنْزَلَ اللَّهُ تَعَالَى فِي ذَلِكَ (وَالْمُحْصَنَاتُ مِنَ النِّسَاءِ إِلَّا مَا ملكت أَيْمَانكُم)»» أَيْ فَهُنَّ لَهُمْ حَلَالٌ إِذَا انْقَضَتْ عِدَّتُهُنَّ. رَوَاهُ مُسلم

3170. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने हुनैन के दिन अवतास की तरफ एक लश्कर रवाना किया तो उनका दुश्मन से आमना सामना हुआ, उन्होंने इनसे किताल किया और वह इन पर ग़ालिब आ गए और उन्होंने कुछ औरतें गिरफ्तार कर ली, नबी ﷺ के बाज़ सहाबा ने उन लोंदियो से उन के मुशरिक खाविंदो के मौजूद होने की वजह से, जिमाअ करने में हरज महसूस किया तो अल्लाह तआला ने उस के मुतल्लिक यह आयत नाज़िल फरमाई: "और शादी शुदा औरते (तुम पर हराम की गई है) मगर तुम्हारी लोंदिया", यानी जब उनकी इद्दत्त मुकम्मल हो जाए तो फिर वह तुम्हारे लिए हलाल हैं| (मुस्लिम)

رواه مسلم (33 / 1456)، (3608)

بَاب الْمُحرمَات • मुहर्रमात का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣١٧١ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى أَنْ تُنْكَحَ الْمَرْأَةُ عَلَى عَمَّتِهَا أَوِ الْعَمَّةُ عَلَى بِنْتِ أَخِيهَا وَالْمَرْأَةُ عَلَى خَالَتِهَا أَوِ الْخَالَةُ عَلَى بِنْتِ أُخْتِهَا لَا تُنْكَحُ الصُّغْرَى عَلَى الْكُبْرَى وَلَا الْكُبْرَى عَلَى الصُّغْرَى. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ والدارمي وَالنَّسَائِيّ وَرِوَايَته إِلَى قَوْله: بنت أُخْتهَا

3171. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने मना फ़रमाया के ऐसी औरत से निकाह किया जाए जिस की फूफी उस के निकाह में पहले से हो या फूफी से उसकी भतीजी के होते हुए निकाह न किया जाए, इसी तरह खाला और भांजी किया या भांजी और खाला को एक साथ एक मर्द के निकाह में जमा न किया

जाए निज़ (रिश्ते में) छोटी (मसलन भतीजी भांजी) का बड़ी पर और और बड़ी का छोटी पर निकाह करने से मना फ़रमाया| तिरमिज़ी, अबू दावुद, दारमी नसई, और उनकी रिवायत (بنت أُخْتَهَا) तक है| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه الترمذی (1126 وقال : حسن صحیح) و ابوداؤد (2065) و الدارمی (2 / 136 ح 2184) و النسائی (6 / 98 ح 3298 مختصرًا و عنده :'' بنت اخیها '' / مذکر)

٣١٧٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ الْبَرَاءِ بْنِ عَازِبٍ قَالَ: مَرَّ بِي خَالِي أَبُو بردة بن دِينَار وَمَعَهُ لِوَاءٌ فَقُلْتُ: أَيْنَ تَذْهَبُ؟ قَالَ: بَعَثَنِي النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى رَجُلٍ تَزَوَّجَ امْرَأَةَ أَبِيهِ آتِيهِ بِرَأْسِهِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد

3172. बराअ बिन आजीब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मेरे मामू अबू बुरदः बिन नियार रदियल्लाहु अन्हु झंडा उठाए मेरे पास से गुज़रे तो मैंने कहा: आप कहाँ जा रहे हैं? उन्होंने कहा: मुझे नबी ﷺ ने एक आदमी की तरफ भेजा है, जिस ने अपने बाप की बीवी से शादी की है, ताकि में उस का सर आप की खिदमत में पेश करू| इसे तिरमिज़ी और अबू दावुद ने रिवायत किया है, अबू दावुद, नसई, इब्ने माजा और दारमी की रिवायत में है की आप ﷺ ने मुझे हुक्म फ़रमाया है के में उसे क़त्ल कर दूँ और उस का माल ले लूँ और इस रिवायत में “ मेरे मामू” के बजाए “ मेरे चचा” का लफ्ज़ है| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (1362 وقال : حسن غریب) و ابوداؤد (4456 و الروایة الثانیة له : 4458) و النسائی (6 / 110 ح 3334) و ابن ماجه (2607) و الدارمی (2 / 153 ح 2245)

٣١٧٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أُمِّ سَلَمَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا [ص:٩٤ يُحَرِّمُ مِنَ الرِّضَاعِ إِلَّا مَا فَتَقَ الْأَمْعَاءَ فِي الثَّدْيِ وَكَانَ قبل الْفِطَام» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3173. उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “वो रिज़ाअत बाईस हुरमत है, जो बराएरास्त छातियों से दूध पि कर (भूख मिटा कर) अंतड़ियाँ खोल दे और यह (रिज़ाअत) दूध छुड़ाने से पहले हो”| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (1152 وقال : حسن صحیح)

٣١٧٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ حَجَّاجِ بْنِ حَجَّاجٍ الْأَسْلَمِيِّ عَنْ أَبِيهِ أَنَّهُ قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَا يُذْهِبُ عَنِّي مَذَمَّةَ الرِّضَاعِ؟ فَقَالَ: " غُرَّةٌ: عَبْدٌ أَوْ أَمَةٌ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَالدَّارِمِيُّ

3174. हज्जाज बिन हज्जाज अल सुम्मी अपने वालिद से रिवायत करते हैं की उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझ से किस तरह हक़ ए रिज़ाअत अदा हो सकता है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “रिज़ाई माँ को गुलाम या

लौंडी देने से”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (1153 وقال : حسن صحيح) و ابوداؤد (2064) و النسائى (6 / 108 ح 3331) و الدارمى (2 / 157 ح 2259)

٣١٧٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي الطُّفَيْلِ الْغَنَوِيِّ قَالَ: كُنْتُ جَالِسًا مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذْ أَقْبَلَتِ امْرَأَةٌ فَبَسَطَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رِدَاءَهُ حَتَّى قَعَدَتْ عَلَيْهِ فَلَمَّا ذَهَبَتْ قِيلَ هَذِهِ أَرْضَعَتِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3175. अबू तुफैल गन्वियी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर था के एक औरत आई, नबी ﷺ ने अपनी चादर बिछाई हत्ता के वह उस पर बैठ गई, जब वह चली गई तो बताया गया के इस खातून ने नबी ﷺ को दूध पिलाया था (आप ﷺ की रिज़ाई वालिदा है)| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (5144) * عمارة بن ثوبان : مستور و جعفر بن يحيى مثله

٣١٧٦ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ غيلَان بن سَلمَة الثَّقَفِيَّ أَسْلَمَ وَلَهُ عَشْرُ نِسْوَةٍ فِي الْجَاهِلِيَّةِ فَأَسْلَمْنَ مَعَهُ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَمْسِكْ أَرْبَعًا وَفَارِقْ سَائِرَهُنَّ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

3176. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के गिलान बिन सलमा सक्फी रदियल्लाहु अन्हु ने इस्लाम कबूल किया और उनकी दौरे जाहिलियत में दस बीवियां थी, वह भी उन के साथ ही मुसलमान हो गई, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “चार रख लो और बाकी फारिग़ कर दो”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (2 / 44 ح 5027) و الترمذى (1128) و ابن ماجه ((1953) * الزهرى مدلس و عنعن و للحديث شواهد ضعيفة

٣١٧٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ نَوْفَلِ بْنِ مُعَاوِيَةَ قَالَ: أَسْلَمْتُ وَتَحْتِي خَمْسُ نِسْوَةٍ فَسَأَلْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «فَارِقْ وَاحِدَةً وَأَمْسِكْ أَرْبَعًا» فَعَمَدْتُ إِلَى أَقْدَمِهِنَّ صُحْبَةً عِنْدِي: عَاقِرٍ مُنْذُ سِتِّينَ سنة ففارقتها. رَوَاهُ فِي شرح السّنة

3177. नौफ़ल बिन मुआविया रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने इस्लाम कबूल किया तो इस वक़्त मेरी पांच बीवियां थी, मैंने नबी ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “एक को छोड़ दो और चार रख लो”, मैंने उनमें से अपने सबसे पहली बीवी को जो बांझ थी और साठ साल से मेरी रफ़ीक हयात थी खुद से जुदा कर दिया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البغوى فى شرح السنة (9 / 9091 ح 22899) [و الشافعى 2 / 351 : اخبرنا بعض اصحابنا عن ابى الزناد الخ و من طريقه البيهقى (7 / 184) و هذا البعض مجهول]

٣١٧٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ الضَّحَّاكِ بْنِ فَيْرُوزٍ الدَّيْلَمِيِّ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي أَسْلَمْتُ وتحتي أختان قَالَ: «اختر أيتها شِئْتَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

3178. दहाक बिन फयरोज़ दय्लमी अपने वालिद से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मैंने इस्लाम कबूल कर लिया है और दो बहने मेरे निकाह में है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इन दोनों में से जिसे चाहो इख़्तियार कर लो (दूसरी छोड़ दो)‘‘| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1130) و ابوداؤد (2243) و ابن ماجه (1951)

٣١٧٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: أَسْلَمَتِ امْرَأَةٌ فَتَزَوَّجَتْ فَجَاءَ زَوْجُهَا إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي قَدْ أَسْلَمْتُ وَعَلِمَتْ بِإِسْلَامِي فَانْتَزَعَهَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ زَوْجِهَا الْآخَرِ وَرَدَّهَا إِلَى زَوْجِهَا الْأَوَّلِ وَفِي رِوَايَةٍ: أَنَّهُ قَالَ: إِنَّهَا أَسْلَمَتْ مَعِي فَرَدَّهَا عَلَيْهِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3179. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, एक औरत ने इस्लाम कबूल किया और उस ने शादी कर ली, इतने में उस का (पहला) खाविंद नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! में इस्लाम कबूल कर चूका हूँ और इस (औरत) को मेरे इस्लाम कबूल करने का इल्म है, रसूलुल्लाह ﷺ ने इस (औरत) को उस के दूसरे खाविंद से लेकर उस के पहले खाविंद को वापस कर दिया, और एक रिवायत में है की उस ने अर्ज़ किया, इस (औरत) ने मेरे साथ ही इस्लाम कबूल किया है, आप ﷺ ने इस औरत को उस के हवाले कर दिया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (22382239) * سماک بن حرب : ضعیف الحدیث عن عکرمة ، صحیح الحدیث عن غیره ، اذا حدث قبل الاختلاط کما حققته فی رسالة خاصة و الحمدلله

٣١٨٠ - (لم تتمّ دراسته) وَرُوِيَ فِي «شَرْحِ السُّنَّةِ» : أَنَّ جَمَاعَةً مِنَ النِّسَاءِ رَدَّهُنَّ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِالنِّكَاحِ الأول على أَزْوَاجهنَّ عِنْد اجْتِمَاع الإسلاميين بَعْدَ اخْتِلَافِ الدِّينِ وَالدَّارِ مِنْهُنَّ بِنْتُ الْوَلِيدِ بْنِ مُغِيرَةَ كَانَتْ تَحْتَ صَفْوَانَ بْنِ أُمَيَّةَ فَأَسْلَمَتْ يَوْمَ الْفَتْحِ وَهَرَبَ زَوْجُهَا مِنَ الْإِسْلَامِ فبعث النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَيْهِ ابْنَ عَمِّهِ وَهْبَ بْنَ عُمَيْرٍ بِرِدَاءِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَمَانًا لِصَفْوَانَ فَلَمَّا قَدِمَ جَعَلَ لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تَسْيِيرَ أَرْبَعَةِ أَشْهُرٍ حَتَّى أَسْلَمَ فَاسْتَقَرَّتْ عِنْدَهُ وَأَسْلَمَتْ أَمُّ حَكِيمٍ بِنْتُ الْحَارِثِ بْنِ هِشَامٍ امْرَأَةُ عِكْرِمَةَ بْنِ أَبِي جَهْلٍ يَوْمَ الْفَتْحِ بِمَكَّةَ وَهَرَبَ زَوْجُهَا مِنَ الْإِسْلَامِ حَتَّى قَدِمَ الْيَمَنَ فَارْتَحَلَتْ أَمُّ حَكِيمٍ حَتَّى قَدِمَتْ عَلَيْهِ الْيَمَنَ فَدَعَتْهُ إِلَى الْإِسْلَامِ فَأَسْلَمَ فَثَبَتَا عَلَى نِكَاحِهِمَا. رَوَاهُ مَالِكٌ عَنِ ابْنِ شهَاب مُرْسلا

3180. शरह अल सुनना में मरवी है के नबी ﷺ ने कितने ही औरतो को पहले निकाह एक ही उन के खाविंदो की तरफ लौटा दीया जब उन्होंने इस्लाम कबूल कर लिया अगरचे एक वक़्त तक उनका दीन और रहन सहन एक दूसरे से अलग रहा, उनमें वलीद बिन मुगिरा की बेटी हैं जो के सफवान बिन उमय्य के निकाह में थी, फतह मक्का के रोज़ वह तो मुसलमान हो गई जबकि उनका खाविंद इस्लाम कबूल करने से भाग गया, आप ﷺ ने उस के

चचाज़ाद वहब बिन उमैर को सफ़वान की अमान के लिए अपनी चादर दे कर भेजा, जब वह आया तो रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे चार माह घुमने फीरने की मुहलत अता की हत्ता के उस ने इस्लाम कबूल कर लिया तो वह (वलीद बिन मुगिरा की बेटी) उस के निकाह में रही और (इसी तरह) इकरमा बिन अबी जहल की बीवी उम्म हकिम बिन्ते हारिस बिन हिश्शाम ने फतह मक्का के रोज़ इस्लाम कबूल कर लिया जबकि उस का खाविंद इस्लाम से भाग कर यमन चला गया तो उम्म हकिम ने भी कुच किया हत्ता कि उस के पास यमन पहुँच गई और इसे इस्लाम की दावत पेश की तो उस ने इस्लाम कबूल कर लिया और दोनों का निकाह बरक़रार रहा| इमाम मालिक ने इब्ने शैबा से मुरसल रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، مالك فى الموطا (2 / 543545 ح 1181) و البغوى فى شرح السنة (9 / 96 بعد ح 2290 بدون سند) * سنده ضعيف لان الزهرى قال انه بلغه و حديث مسلم (2313) يغنى عنه

بَاب الْمُحرمَات • मुहर्रमात का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣١٨١ - (صَحِيح) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: حُرِّمَ مِنَ النَّسَبِ سَبْعٌ وَمِنَ الصِّهْرِ [ص:٩٥ سَبْعٌ ثُمَّ قَرَأَ: (حُرِّمَتْ عَلَيْكُم أُمَّهَاتكُم)»» الْآيَة. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3181. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, सात रिश्ते नसब की वजह से हराम है और सात निकाह की वजह से फिर उन्होंने यह आयत तिलावत फरमाई: “तुम पर तुम्हारी माएँ हराम कर दी गई है.----“| (बुखारी)

رواه البخارى (5105)

٣١٨٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أَيُّمَا رَجُلٍ نَكَحَ امْرَأَةً فَدَخَلَ بهَا فَلَا يَحِلُّ لَهُ نِكَاحُ ابْنَتِهَا وَإِنْ لَمْ يَدْخُلْ بِهَا فَلْيَنْكِحِ ابْنَتَهَا وَأَيُّمَا رَجُلٍ نَكَحَ امْرَأَةً فَلَا يَحِلُّ لَهُ أَنْ يَنْكِحَ أُمَّهَا دَخَلَ أَوْ لَمْ يَدْخُلْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ لَا يَصِحُّ مِنْ قِبَلِ إِسْنَادِهِ إِنَّمَا رَوَاهُ ابْنُ لَهِيعَةَ وَالْمُثَنَّى بْنُ الصَّبَّاحِ عَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ وَهُمَا يُضَعَّفَانِ فِي الْحَدِيثِ

3182. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस आदमी ने किसी औरत से निकाह किया और उस से सोहबत की तो फिर उस के लिए इस औरत की बेटी से निकाह करना हलाल नहीं, और अगर उस ने उस के साथ ताल्लुक ए जन व शव काइम नहीं किया तो फिर वह उसकी बेटी से निकाह कर सकता है, और जिस आदमी ने किसी औरत से निकाह किया तो फिर अब उस के लिए

उसकी माँ से निकाह करना हलाल नहीं ख्वाह उस ने उस से ताल्लुक ए जन व शव काइम किया हो या न किया हो"| इमाम तिरमिज़ी रहिमहुल्लाह ने फ़रमाया: यह हदीस इसनाद के हवाले से सहीह नहीं, इब्ने लहीअ और मुषनि बिन सबाह ने इसे अम्र बिन शुऐब से रिवायत किया है, और इन दोनों को हदीस में जईफ करार दिया गया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (1117) * ابن لهيعة مدلس و عنعن و المشنى بن الصباح : ضعيف

بَاب الْمُبَاشَرَة • मुबाशिरत का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٣١٨٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ جَابِرٍ قَالَ: كَانَتِ الْيَهُودُ تَقُولُ: إِذَا أَتَى الرَّجُلُ امْرَأَتَهُ مِنْ دُبُرِهَا فِي قُبُلِهَا كَانَ الْوَلَدُ أَحول فَنزلت: (نساوكم حرث لكم فَأتوا حَرْثَكُمْ أَنى شِئْتُم)

3183. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, यहूद कहा करते थे जब आदमी अपने बीवी से उसकी पिछली जानिब से उसकी इन्दाम निहानी में जिमाअ करे तो बच्चा भेंगा पैदा होता है, उस पर यह आयत नाज़िल हुई: "तुम्हारी औरते तुम्हारी खेती है तुम जैसे चाहो अपने खेती को आओ"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى ((4528) و مسلم (117 / 1435)، (3535)

٣١٨٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعنهُ كُنَّا نَعْزِلُ وَالْقُرْآنُ يَنْزِلُ. مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَزَادَ مُسْلِمٌ: فَبَلَغَ ذَلِكَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَلم ينهنا

3184. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम अज़िल किया करते थे जबकि कुरान नाज़िल हो रहा था| बुखारी, मुस्लिम, और इमाम मुस्लिम ने मज़ीद यह भी रिवायत किया है के यह बात नबी ﷺ तक पहुंची तो आप ने हमें मना नहीं फरमाया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

رواه مسلم (138 / 1440)، (3561)

٣١٨٥ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: إِنَّ رَجُلًا أَتَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: " إن لي جَارِيَةً هِيَ خَادِمَتُنَا وَأَنَا أَطُوفُ عَلَيْهَا وَأَكْرَهُ أَنْ تَحْمِلَ فَقَالَ: «اعْزِلْ عَنْهَا إِنْ شِئْتَ فَإِنَّهُ سَيَأْتِيهَا مَا قُدِّرَ لَهَا» . فَلَبِثَ الرَّجُلُ ثُمَّ أَتَاهُ فَقَالَ: إِن الْجَارِيَة قد حبلت فَقَالَ: «قَدْ أَخْبَرْتُكَ أَنَّهُ سَيَأْتِيهَا مَا قُدِّرَ لَهَا» . رَوَاهُ مُسلم

3185. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस ने अर्ज़ किया, मेरी एक लौंडी है वह हमारी खादिम है और मैं उस से जिमाअ करता हूँ जबकि मैं नापसंद करता हूँ कि वह हामिला हो, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर तुम चाहो तो उस से अज़िल करो, क्योंकि जो उस के मुकद्दर में है वह इसे मिल कर रहेगा”, कुछ मुद्दत गुज़री तो वह आदमी फिर आप की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस ने अर्ज़ किया, लौंडी तो हामिला हो गई है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैंने तुम्हें बता दिया था के उस के मुकद्दर में जो कुछ है के इसे मिल कर रहेगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (139 / 1439)، (3556)

٣١٨٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: خَرَجْنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ غَزْوَةَ بَنِي الْمُصْطَلِقِ فَأَصَبْنَا سَبْيًا مِنْ سَبْيِ الْعَرَبِ فاشتهينا النِّسَاء واشتدت عَلَيْنَا الْعُزْبَةُ وَأَحْبَبْنَا الْعَزْلَ فَأَرَدْنَا أَنْ نَعْزِلَ وَقُلْنَا: نَعْزِلُ وَرَسُولُ اللَّهِ [ص:٩٥ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَيْنَ أَظْهُرِنَا قَبْلَ أَنْ نَسْأَلَهُ؟ فَسَأَلْنَاهُ عَن ذَلِك فَقَالَ: «مَا عَلَيْكُمْ أَلَّا تَفْعَلُوا مَا مِنْ نَسَمَةٍ كَائِنَةٍ إِلَى يَوْمِ الْقِيَامَةِ إِلَّا وَهِيَ كَائِنَةٌ»

3186. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम गज़वा ए बनी मुस्तलक मैं रसूलुल्लाह ﷺ की साथ में रवाना हुए तो कुछ अरब लोंदिया हमारे हाथ लगी, हमें औरतो की रगबत हुई और औरतो से अलग रहना हमारे लिए दुश्वार हो गया और हमने अज़िल करना पसंद किया, हमने अज़िल करने का इरादा किया और हमने कहा, हम रसूलुल्लाह ﷺ से दरियाफ्त किए बगैर अज़िल करते हैं जबकि रसूलुल्लाह ﷺ हम में मौजूद है, हमने उस के मुतल्लिक आप से मसअला दरियाफ्त किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या हरज है! अगर तुम ऐसे न करो? क्योंकि जिस जान ने कियामत तक आना है उस ने आना ही है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (4138) و مسلم (125 / 1438)، (3544)

٣١٨٧ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: سُئِلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنِ الْعَزْلِ فَقَالَ: «مَا مِنْ كُلِّ الْمَاءِ يَكُونُ الْوَلَدُ وَإِذَا أَرَادَ اللَّهُ خَلْقَ شَيْءٍ لَمْ يَمْنَعْهُ شَيْءٌ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3187. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ से अज़िल के मुतल्लिक दरियाफ्त किया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “हर पानी (मनी) से बच्चा नहीं होता, और जब अल्लाह किसी चीज़ की तखलीक का इरादा फरमाता है तो फिर कोई चीज़ इसे रोक नहीं सकती”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (133 / 1438)، (3554)

٣١٨٨ - (صَحِيح) وَعَنْ سَعْدِ بْنِ أَبِي وَقَّاصٍ: أَنَّ رَجُلًا جَاءَ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: إِنِّي أعزل عَن امْرَأَتي.

فَقَالَ لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «لم تفعل ذَلِك؟» فَقَالَ الرَّجُلُ: أُشْفِقُ عَلَى وَلَدِهَا. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَوْ كَانَ ذَلِكَ ضاراً ضرّ فَارس وَالروم» . رَوَاهُ مُسلم

3188. साद बिन अबी वकास रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक आदमी रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ, उस ने अर्ज़ किया, मैं अपने बीवी से अज़िल करता हूँ, रसूलुल्लाह ﷺ ने उस से पूछा: “तुम यह क्यों करते हो?” इस आदमी ने अर्ज़ किया, मुझे उस के बच्चे (हमल या शिरख्वार) के मुतल्लिक अंदेशा है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर यह जिमाअ मुज़िर होता तो यह फारसियो और रुमियो के लिए मुज़िर होता”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (143 / 1443)، (3567)

٣١٨٩ - (صَحِيح) وَعَن جذامة بِنْتِ وَهْبٍ قَالَتْ: حَضَرْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي أُنَاسٍ وَهُوَ يَقُولُ: «لقد هَمَمْتُ أَنْ أَنْهَى عَنِ الْغِيلَةِ فَنَظَرْتُ فِي الرُّومِ وَفَارِسَ فَإِذَا هُمْ يُغِيلُونَ أَوْلَادَهُمْ فَلَا يَضُرُّ أَوْلَادَهُمْ ذَلِكَ شَيْئًا» . ثُمَّ سَأَلُوهُ عَنِ الْعَزْلِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " ذَلِكَ الوأد الْخَفي وَهِي (وَإِذا الموؤودة سُئِلت)»» رَوَاهُ مُسلم

3189. जुज़ामत बिन्ते वहब रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, मैं कुछ लोगों के साथ रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई इस वक़्त आप ﷺ फरमा रहे थे, “मैंने “ गीयलत” (हालते हमल में दूध पिलाने) ने मना करने का इरादा किया, फिर मैंने रुमियो और फारसियो को देखा के वह अपने औलाद को हालते हमल में दूध पिलाते रहते है, और यह उनकी औलाद को कुछ भी नुकसान नहीं पहुंचाती”, फिर उन्होंने आप से अज़िल के मुतल्लिक दरियाफ्त किया तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ये (अज़िल करना) इंसान को जिंदा दरगोर करना है और यह (अज़िल करना) अल्लाह के इस फरमान: “जब जिंदा दरगोर की गई बच्ची से पूछा जाएगा”, के ज़ुमरे में आता है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (141 / 1442)، (3565)

٣١٩٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ:»» إِنَّ أَعْظَمَ الْأَمَانَةِ عِنْدَ اللَّهِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ " وَفِي رِوَايَةٍ: إِنَّ مِنْ أَشَرِّ النَّاسِ عِنْدَ اللَّهِ مَنْزِلَةً يَوْمَ الْقِيَامَةِ الرَّجُلُ يُفْضِي إِلَى امْرَأَتِهِ وَتُفْضِي إِلَيْهِ ثُمَّ ينشر سرها ". رَوَاهُ مُسلم

3190. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “रोज़ ए कियामत अल्लाह के यहाँ सबसे बड़ी अमानत” और एक दूसरी रिवायत में है: “रोज़ ए कियामत अल्लाह के नज़दीक इस आदमी का मक़ाम सबसे बुरा होगा जो अपने अहलिया के पास जाता है और वह उस के पास जाती है, फिर वह आदमी इस (अहलिया) के राज़ इफ्शा कर देता है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (124 / 1437)، (3543)

मुबाशिरत का बयान • بَاب الْمُبَاشَرَة

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٣١٩١ - (حسن) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: أوحِيَ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: (نساوكم حرث لكم فَأتوا حَرْثكُمْ)»» الْآيَةَ: «أَقْبِلْ وَأَدْبِرْ وَاتَّقِ الدُّبُرَ وَالْحَيْضَةَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

3191. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ की तरफ वही की गई: “तुम्हारी औरते तुम्हारी खेती है, तुम अपने खेती को आओ”, “सामने से आओ या पिछली तरफ से आओ लेकिन पीठ में (दुबर) और हालत ए हैज़ में जिमाअ करने से बचो”| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذی (2980) و ابن ماجه (1925)

٣١٩٢ - (صَحِيح) وَعَنْ خُزَيْمَةَ بْنِ ثَابِتٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ اللَّهَ لَا يستحيي مِنَ الْحَقِّ لَا تَأْتُوا النِّسَاءَ فِي أَدْبَارِهِنَّ» . رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه. والدارمي

3192. खुजैमा बिन साबित रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक अल्लाह बयाने हक़ से नहीं शरमाता, तुम औरतो से उनकी पीठ में मुबाशरत न करो”| (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (5 / 213 ح 22194) و الترمذی (1164 ، وقال : حسن) و ابن ماجه (1924) و الدارمی (2 / 145 ح 2219)

٣١٩٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَلْعُونٌ مَنْ أَتَى امْرَأَتَهُ فِي دُبُرِهَا» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ

3193. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स अपने अहलिया के पास मकअद में आए वह मलउन है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (2 / 444 ح 9731) و ابوداؤد (2162)

٣١٩٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الَّذِي يَأْتِي امْرَأَتَهُ فِي دُبُرِهَا لَا يَنْظُرُ اللَّهُ إِلَيْهِ» . رَوَاهُ فِي شرح السّنة

3194. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स अपने अहलिया से

उसकी दुबुर से आता है तो अल्लाह उसकी तरफ नज़र (रहमत) नहीं फरमाएगा"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه البغوى فى شرح السنة (9 / 107 ح 2297) [و ابن ماجه (1923) و ابن حبان (الموارد : 1302)] وهو حديث صحيح بالشواهد

٣١٩٥ - (حسن) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَنْظُرُ اللَّهُ إِلَى رَجُلٍ أَتَى رَجُلًا أَوِ امْرَأَةً فِي الدبر» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3195. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अल्लाह इस शख़्स की तरफ नज़र (रहमत) नहीं फरमाएगा जो किसी मर्द या किसी औरत से लुटाअत करता है"| (हसन)

حسن ، رواه الترمذى (1165 وقال : حسن غريب)

٣١٩٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَسْمَاءَ بِنْتِ يَزِيدَ قَالَتْ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «لَا تَقْتُلُوا أَوْلَادَكُمْ سِرًّا فَإِنَّ الْغَيْلَ يُدْرِكُ الْفَارِسَ فيدعثره عَن فرسه» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3196. अस्मा बिन्ते यज़ीद रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "अपने औलाद को पोशीदा तौर पर क़त्ल न करो क्योंकि " हामिला औरत का दूध अच्छा घोड़ सवार नहीं बनने देता और इसे उस के घोड़े से पछाड़ देता है"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3881) [و ابن ماجه (2012) و صححه ابن حبان (الموارد : 1304)] * مهاجر بن ابى مسلم الانصارى مجهول الحال : وثقه ابن حبان وحده

بَاب الْمُبَاشرَة • मुबाशिरत का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣١٩٧ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَن يعْزل عَن الْحرَّة إِلَّا بِإِذْنِهَا. رَوَاهُ ابْن مَاجَه

3197. उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने आज़ाद औरत से उसकी इजाज़त के बगैर अज़िल करने से मना फ़रमाया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (1928) * وقال البوصيرى :'' هذا اسناد ضعيف لضعف ابن لهيعة '' و الزهرى مدلس و عنعن : ان صح السند اليه

बَاب • गुज़िश्ता बाब के बारे में बयान

الْفَصْلُ الأول • पहली फस्ल

٣١٩٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عُرْوَةَ عَنْ عَائِشَةَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ لَهَا فِي بَرِيرَةَ: «خُذِيهَا فَأَعْتِقِيهَا» . وَكَانَ زَوْجُهَا عَبْدًا فَخَيَّرَهَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَاخْتَارَتْ نفسهَا وَلَو كَانَ حرا لم يخيرها

3198. उरवा, आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने बरिरा रदियल्लाहु अन्हु के बारे में उन्हें फ़रमाया: “इसे (इस के मालिको से) लेकर आज़ाद कर दो”, और उस का खाविंद गुलाम था लिहाज़ा रसूलुल्लाह ﷺ ने (निकाह बरक़रार रखने या फस्ख करने का) इसे इख़्तियार दिया तो उस ने अपने निकाह को फस्ख कर दिया और अगर वह (बरैरा रदियल्लाहु अन्हु का खाविंद) आज़ाद होता तो आप ﷺ उस को इख़्तियार न देते| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2563) و مسلم (8 / 1504)، (3779)

٣١٩٩ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: كَانَ زَوْجُ بَرِيرَةَ عبدا أسود يُقَالُ لَهُ مُغِيثٌ كَأَنِّي أَنْظُرُ إِلَيْهِ يَطُوفُ خلفهَا فِي سِكَكِ الْمَدِينَة يبكي وَدُمُوعُهُ تَسِيلُ عَلَى لِحْيَتِهِ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِلْعَبَّاسِ: «يَا عَبَّاسُ أَلَا تَعْجَبُ مِنْ حُبِّ مُغِيثٍ بَرِيرَةَ؟ وَمِنْ بُغْضِ بَرِيرَة مغيثاً؟» فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَوْ راجعته» فَقَالَتْ: يَا رَسُولَ اللَّهِ تَأْمُرُنِي؟ قَالَ: «إِنَّمَا أَشْفَعُ» قَالَتْ: لَا حَاجَةَ لِي فِيهِ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3199. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, बरिरा रदियल्लाहु अन्हु के खाविंद सियाह फाम गुलाम थे उन्हें मुगैस के नाम से याद किया जाता था, अब भी मुझे ऐसा लगता है के में उसे मदीना की गलियों में इस (बरैरा) के पीछे पीछे चक्कर काटता देख रहा हूँ, उस के आंसू उसकी दाढ़ी पर रवाह है, (ये सूरते हाल देख कर) नबी ﷺ ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हु से फ़रमाया: “अब्बास! क्या तुम्हें मुगैस की बरिरा से मुहब्बत और बरिरा की मुगैस से नफ़रत से ताज्जुब नहीं हो रहा ?” नबी ﷺ ने (बरैरा से) फ़रमाया: “अगर तुम उस के निकाह में रहने का दोबारा फैसला कर लो ?” उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप मुझे हुक्म फरमा रहे हैं? आप ﷺ ने फ़रमाया: में तो महज़ सिफारिश करता हूँ” उस ने कहा मुझे उस में कोई रगबत नहीं| (बुखारी)

رواه البخاری (5283)

بَاب • गुज़िश्ता बाब के बारे में बयान
الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٢٠٠ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَائِشَةَ: أَنَّهَا أَرَادَتْ أَنْ تَعْتِقَ مَمْلُوكَيْنِ لَهَا زَوْجٌ فَسَأَلَتِ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَمَرَهَا أَنْ تَبْدَأَ بِالرَّجُلِ قَبْلَ الْمَرْأَةِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3200. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के उन्होंने अपने दो गुलाम जो के मियां बीवी थे, आज़ाद करने का इरादा किया और उन्होंने नबी ﷺ से दरियाफ्त किया, आप ﷺ ने उन्हें हुक्म फ़रमाया के मर्द को औरत से पहले आज़ाद करो| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2237) و النسائی (6 / 161 ح 3476)

٣٢٠١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهَا: أَنْ بَرِيرَةَ عَتَقَتْ وَهِيَ عِنْدَ مُغِيثٍ فَخَيَّرَهَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَقَالَ لَهَا: «إِنْ قَرِبَكِ فَلَا خِيَارَ لَكِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ»» وَهَذَا الْبَابُ خَالٍ عَنِ الْفَصْلِ الثَّالِثِ

3201. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के बरिरा रदियल्लाहु अन्हु आज़ाद की गई तो वह इस वक़्त मुगैस रदियल्लाहु अन्हु के निकाह में थी, रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे इख़्तियार दिया और इसे फ़रमाया: “अगर उस ने तुम से आज़ादी के दोरान जिमाअ कर लिया तो फिर तेरा इख़्तियार ख़तम हो जाएगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (2236) * محمد بن اسحاق بن یسار مدلس و عنعن وله متابعة مردودة [و فی سند المتابعة محمد بن ابراهيم الشامی : کذاب] و انظر فتح الباری (9 / 413) لتحقیق المسئلة

بَاب الصَدَاق • महर का बयान
الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٣٢٠٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ سَهْلِ بْنِ سَعْدٍ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ جَاءَتْهُ امْرَأَةٌ فَقَالَتْ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي وَهَبْتُ نَفْسِي لَكَ فَقَامَتْ طَوِيلًا فَقَامَ رَجُلٌ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ زَوِّجْنِيهَا إِنْ لَمْ تَكُنْ لَكَ فِيهَا حَاجَةٌ فَقَالَ: «هَلْ عِنْدَكَ مِنْ شَيْءٍ تُصْدِقُهَا؟» قَالَ: مَا عِنْدِي إِلَّا إِزَارِي هَذَا. قَالَ: «فَالْتَمِسْ وَلَوْ خَاتَمًا مِنْ حَدِيدٍ» فَالْتَمَسَ فَلَمْ يَجِدْ شَيْئًا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هَلْ مَعَكَ مِنَ الْقُرْآنِ شَيْءٌ» قَالَ: نَعَمْ سُورَةُ كَذَا وَسُورَةُ كَذَا فَقَالَ: «زَوَّجْتُكَهَا بِمَا مَعَكَ مِنَ الْقُرْآنِ» . وَفِي رِوَايَةٍ: قَالَ: «انْطَلِقْ فَقَدْ زَوَّجْتُكَهَا فَعَلِّمْهَا مِنَ الْقُرْآنِ»

3202. सहल बिन साद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक औरत रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई तो उस ने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मैंने अपने आप को आप ﷺ के लिए हिब्बा किया, वह देर तक खड़ी रही, तो एक आदमी खड़ा हुआ, उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! अगर आप उस में रगबत नहीं रखते तो फिर उस से मेरी शादी कर दे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या उसे महर देने के लिए तुम्हारे पास कुछ है?” उस ने अर्ज़ किया, मेरे पास तो सिर्फ मेरी यह चादर ही है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तलाश करो ख्वाह लोहे की एक अंगूठी ही हो”, उस ने तलाश किया लेकिन उस ने कुछ न पाया तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क्या तुम्हें कुरान का कुछ हिस्सा याद है?” उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! फलां फलां सूरत आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैंने कुरान के इस हिस्से के ज़रिए जो तुम्हें याद है तुम्हारी उस से शादी कर दी”| एक दूसरी रिवायत में है: “जाओ मैंने तुम्हारी उस से शादी कर दी इसे कुरान (का वह हिस्सा जो तुम्हें याद है) सिखा दो”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5135) و مسلم (77 / 1425)، (3487)

٣٢٠٣ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي سَلَمَةَ قَالَ: سَأَلْتُ عَائِشَةَ: كَمْ كَانَ صَدَاقُ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَت: كَانَ صداقه لأزواجه اثْنَتَيْ عَشْرَةَ أُوقِيَّةً وَنَشٌّ قَالَتْ: أَتَدْرِي مَا النَّشُّ؟ قُلْتُ: لَا قَالَتْ: نِصْفُ أُوقِيَّةٍ فَتِلْكَ خَمْسُمِائَةِ دِرْهَمٍ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ. وَنَشٌّ بِالرَّفْعِ فِي شَرْحِ السّنة وَفِي جَمِيع الْأُصُول

3203. अबू सलमा बयान करते हैं, मैंने आइशा रदियल्लाहु अन्हा से दरियाफ्त किया नबी ﷺ के हक़ महर की मिकदार कितनी थी, उन्होंने ने फ़रमाया: आप ﷺ की अज़्वाज ए मुतहरात के हक़ महर की मिकदार बारह उकिय्यह और एक नश थी, फिर उन्होंने ने फ़रमाया: क्या तुम जानते हो के “ नश” क्या है? मैंने कहा नहीं, उन्होंने ने फ़रमाया: आधा उकिय्यह और यह (बाराह उकिय्यह और नश) पांच सौ दिरहम है| मुस्लिम, और नश शरह सुन्ना और दीगर तमाम मसादर में रफअ के साथ है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (78 / 1426)، (3489) و البغوى فى شرح السنة (9 / 123 ح 2304)

बَاب الصَدَاق • महर का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٢٠٤ - (صَحِيح) عَنْ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: أَلَا لَا تُغَالُوا صَدُقَةَ النِّسَاءِ فَإِنَّهَا لَوْ كَانَتْ مَكْرُمَةً فِي الدُّنْيَا وَتَقْوَى عِنْدَ اللَّهِ لَكَانَ أَوْلَاكُمْ بِهَا نَبِيُّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَا عَلِمْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَكَحَ شَيْئًا مِنْ نِسَائِهِ وَلَا أَنْكَحَ شَيْئًا مِنْ بَنَاتِهِ عَلَى أَكْثَرَ مِنَ اثْنَتَيْ عَشْرَةَ أُوقِيَّةً. رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ

3204. उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, सुन लो! औरतो का हक़ महर ज़्यादा मुकर्रर न करो, क्योंकि वह दुनिया में काबिल इज्ज़त और अल्लाह के यहाँ बाईसे तकवा होता तो तुम्हारी निस्बत अल्लाह के नबी ﷺ उस के ज़्यादा हक़दार थे, मैं नहीं जानता के रसूलुल्लाह ﷺ ने अज़वाज ए मूतहरात रदियल्लाहु अन्हुम से निकाह किया हो या अपने बेटियों का निकाह किया तो तो आप ﷺ ने बारह उकिय्यह से ज़्यादा हक़ महर मुकर्रर किया हो| (हसन)

حسن ، رواہ احمد (1 / 4041 ح 285) و الترمذی (1114 ب وقال : حسن صحیح) و ابوداؤد (2106) و النسائی (6 / 117118 ح 3351) و ابن ماجہ (1887) و الدارمی (2 / 141 ح 2206)

٣٢٠٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ أَعْطَى فِي صَدَاقِ امْرَأَتِهِ مِلْءَ كَفَّيْهِ سَوِيقًا أَوْ تَمْرًا فَقَدِ اسْتحلَّ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3205. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस शख़्स ने अपने अहलिया को दोनों हाथ भर कर सत्तू या खजूर बतौर महर अदा किया तो उस ने (इस औरत को) अपने लिए जाईज़ कर लिया"| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ ابوداؤد (2110) * ابن رومان : مستور و ثقه ابن حبان وحدہ و فیه علة أخری

٣٢٠٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَامِرِ بْنِ رَبِيعَةَ: أَنَّ امْرَأَةً مَنْ بَنِي فَزَارَةَ تَزَوَّجَتْ عَلَى نَعْلَيْنِ فَقَالَ لَهَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَرَضِيتِ مِنْ نَفْسِكِ وَمَالِكِ بِنَعْلَيْنِ؟» قَالَتْ: نَعَمْ. فَأَجَازَهُ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3206. आमिर बिन रबिआ रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के बनू फज़ारह कबिले की एक औरत ने जूतो के जोड़े के अवज़ शादी कर ली तो रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे फ़रमाया: "क्या तुम खुद को और अपने माल को जूतो के जोड़े के अवज़ देने पर राज़ी हो?" उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! तो आप ﷺ ने इस (निकाह) को नाफ़िज़ फरमा दिया| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ الترمذی (1113 وقال : حسن صحیح) * عاصم بن عبید الله : ضعیف

٣٢٦٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا يُسْأَلُ الرَّجُلُ فِيمَا ضَرَبَ امْرَأَتَهُ عَلَيْهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجه

3268. उमर रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “खाविंद से दरियाफ्त न किया जाए के उस ने अपने बीवी को क्यों मारा है”| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (2147) و ابن ماجه (1986)

٣٢٦٩ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: جَاءَتِ امْرَأَةٌ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَنَحْنُ عِنْده فَقَالَت: زَوْجِي صَفْوَانُ بْنُ الْمُعَطَّلِ يَضْرِبُنِي إِذَا صَلَّيْتُ وَيُفَطِّرُنِي إِذَا صُمْتُ وَلَا يُصَلِّي الْفَجْرَ حَتَّى تَطْلُعَ الشَّمْسُ قَالَ: وَصَفْوَانُ عِنْدَهُ قَالَ: فَسَأَلَهُ عَمَّا قَالَت فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَمَّا قَوْلُهَا: يَضْرِبُنِي إِذَا صَلَّيْتُ فَإِنَّهَا تَقْرَأُ بِسُورَتَيْنِ وَقَدْ نَهَيْتُهَا قَالَ: فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَوْ كَانَتْ سُورَةً وَاحِدَةً لَكَفَتِ النَّاسَ» . قَالَ: وَأَمَّا قَوْلُهَا يُفَطِّرُنِي إِذَا صُمْتُ فَإِنَّهَا تَنْطَلِقُ تَصُوم وَأَنا رجل شَاب فَلَا أَصْبِر فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَصُومُ امْرَأَةٌ إِلَّا بِإِذْنِ زَوْجِهَا» وَأَمَّا قَوْلُهَا: إِنِّي لَا أُصَلِّي حَتَّى تَطْلُعَ الشَّمْسُ فَإِنَّا أهل بَيت قد عرف لنا ذَاك لَا نَكَادُ نَسْتَيْقِظُ حَتَّى تَطْلُعَ الشَّمْسُ قَالَ: «فَإِذَا اسْتَيْقَظْتَ يَا صَفْوَانُ فَصَلِّ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

3269. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर थे की एक औरत आप के पास आई तो उस ने अर्ज़ किया, मेरा खाविंद सफवान बिन मुअटल, जब में नमाज़ पढ़ती हो तो वह मुझे मारता है, जब में (नफ्ली) रोज़ा रखती हो तो वह मुझे इफ्तार करने का हुक्म देता है, और वह सूरज तुलुअ होने पर नमाज़ ए फजर पढ़ता है, रावी बयान करते हैं, सफवान आप ﷺ के पास ही था, रावी ने कहा: आप ने इस चीज़ के मुतल्लिक जो इस (औरत) ने कहा था सफवान से दरियाफ्त किया, तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! रहा उस का यह कहना की जब में नमाज़ पढ़ती हो तो वह मुझे मारता है, उसकी वजह यह है कि यह दो सूरते पढ़ती है, हालाँकि मैंने इसे मना किया है, रावी बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने सफवान से फ़रमाया: “अगर एक ही सूरत होती वह लोगों के लिए काफी होती, सफवान ने कहा रहा उस का यह कहना की जब में रोज़ा रखती हूँ तो वह मुझे इफ्तार करा देता है, तो उसकी वजह यह है कि यह रोज़े रखती चली जाती है जबकि में नोजवान आदमी हूँ, मैं (जिमाअ से) रुक नहीं सकता, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “औरत अपने खाविंद की इजाज़त के बगैर (नफ्ली) रोज़े न रखे”, और उस का यह कहना की मैं सूरज तुलुअ होने पर नमाज़ पढ़ता हूँ, उसकी वजह यह है कि हमारे घराने के मुतल्लिक मशहूर है के हम सूरज तुलुअ होने पर ही बेदार होते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “सफवान जब तुम बेदार हो तब नमाज़ पढ़ लिया करो”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2459) و ابن ماجه (1762) * الاعمش عنعن

٣٢٧٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ فِي نَفَرٍ مِنَ الْمُهَاجِرِينَ وَالْأَنْصَارِ فَجَاءَ بِعِيرٌ فَسَجَدَ لَهُ فَقَالَ أَصْحَابُهُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ تَسْجُدُ لَكَ الْبَهَائِمُ وَالشَّجَرُ فَنَحْنُ أَحَقُّ أَنْ نَسْجُدَ لَكَ. فَقَالَ: [ص:٩٧ «اعْبُدُوا رَبَّكُمْ وَأَكْرِمُوا أَخَاكُمْ وَلَوْ كُنْتُ آمُرُ أَحَدًا أَنْ يَسْجُدَ لِأَحَدٍ لَأَمَرْتُ الْمَرْأَةَ أَنْ تَسْجُدَ لِزَوْجِهَا وَلَوْ أَمَرَهَا أَنْ تَنْقُلَ مِنْ جَبَلٍ أَصْفَرَ إِلَى جَبَلٍ أَسْوَدَ وَمِنْ جَبَلٍ أَسْوَدَ إِلَى جَبَلٍ أَبْيَضَ كَانَ يَنْبَغِي لَهَا أَن تَفْعَلَهُ» . رَوَاهُ أَحْمد

3270. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ मुहाजिर व अंसार की जमाअत में थे की इतने में एक ऊंट आया और उस ने आप को सजदाह किया आप के सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! चोपाये और दरख्त आप को सजदाह करते हैं, जबकि हम तो ज़्यादा हक़दार है के हम आप को सजदाह करे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपने रब की इबादत करो और अपने भाई की इज्ज़त करो, अगर में किसी को हुक्म करता के वह किसी को सजदाह करे तो मैं औरत को हुक्म देता के वह अपने खाविंद को सजदाह करे, और अगर वह इसे हुक्म दे के वह असफर पहाड़ (ज़र्द पहाड़) से जबले असवद (काले पहाड़) की तरफ और जबले असवद को जबले उबई की तरफ पत्थर मुन्तकिल कर दे तो उसे चाहिए के वह ऐसे ही करे”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (6 / 76 ح 24975) [و ابن ماجه (1852) مختصرًا] * فيه على بن زيد بن جدعان : ضعيف

٣٢٧١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «ثَلَاثَةٌ لَا تُقْبَلُ لَهُمْ صَلَاةٌ وَلَا تَصْعَدُ لَهُمْ حَسَنَةٌ الْعَبْدُ الْآبِقُ حَتَّى يَرْجِعَ إِلَى مَوَالِيهِ فَيَضَعَ يَدَهُ فِي أَيْدِيهِمْ وَالْمَرْأَةُ السَّاخِطُ عَلَيْهَا زَوْجُهَا وَالسَّكْرَانُ حَتَّى يصحو» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيّ فِي شعب الْإِيمَان

3271. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तीन किस्म के लोग ऐसे है जिन की न नमाज़ कबूल होती है न और कोई नेकी ऊपर चढ़ती है: मफरुर गुलाम हत्ता के वह अपने मालिको के पास वापस आ जाए, और अपना हाथ उन के हाथ में दे दे, वह औरत जिस पर उस का खाविंद नाराज़ हो, और नशे वाला हत्ता के वह होश में जाए”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (8727 ، نسخة محققة : 8353 ، و السنن الكبرى 1 / 389) * الوليد بن مسلم مدلس لم يصرح بالسماع المسلسل وهو شامى روى عن زهير بن محمد و رواية الشاميين عن زهير ضعفة

٣٢٧٢ - (حسن) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قِيلَ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَيْ النِّسَاءِ خَيْرٌ؟ قَالَ: «الَّتِي تَسُرُّهُ إِذَا نَظَرَ وَتُطِيعُهُ إِذَا أَمَرَ وَلَا تُخَالِفُهُ فِي نَفْسِهَا وَلَا مَالِهَا بِمَا يَكْرَهُ» . رَوَاهُ النَّسَائِيُّ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَان

3272. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ से दरियाफ्त किया गया: कौन सी औरत बेहतर है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो जो अपने खाविंद को खुश कर दे जब वह इसे देखे, और जब इसे हुक्म दे तो वह उसकी इताअत करे और अपने माल व जान में खाविंद की मर्ज़ी के खिलाफ ऐसा काम न करे जो इसे नापसंद हो”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه النسائى (6 / 68 ح 3233) و البيهقى فى شعب الايمان (8737)

٣٢٧٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم قَالَ: " أَربع من أعطيهن

فقد أعطي خير الدُّنْيَا وَالْآخِرَة: قَلْبٌ شَاكِرٌ وَلِسَانٌ ذَاكِرٌ وَبَدَنٌ عَلَى الْبَلَاءِ صَابِرٌ وَزَوْجَةٌ لَا تَبْغِيهِ خَوْنًا فِي نَفسهَا وَلَا مَاله ". رَوَاهُ الْبَيْهَقِيّ فِي شعب الْإِيمَان

3273. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "चार चीज़े ऐसी हैं जिसे मिल जाए तो उसे दुनिया व आखिरत की भलाई मिल गई, शुक्र गुज़ार दिल, ज़िक्र करने वाली ज़ुबान, तकलीफों में सब्र करने वाला बदन और ऐसी औरत जो अपने खाविंद से अपने ज़ात के बारे में और उस के माल के बारे में खयानत की तालिब न हो"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (4429) ، نسخة محققة : (4115) * حميد الطويل مدلس و عنعن و اما المؤمل بن اسماعيل فهو صحيح الحديث عن الثورى و حسن الحديث عن غيره ، على الراجح و للحديث شاهد ضعيف فى تاريخ اصبهان (2 / 167) ولون آخر فى الاوسط للطبرانى (7208) و سنده ضعيف من اجل عنعنة حميد الطويل وجاءعنده موسى بن اسماعيل بدل مؤمل بن اسماعيل (!)

بَاب الْخلْع وَالطَّلَاق • खुला और तलाक का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٣٢٧٤ - (صَحِيح) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ امْرَأَةَ ثَابِتِ بْنِ قِيسٍ أَتَتِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَتْ: يَا رَسُولَ اللَّهِ ثَابِتُ بْنُ قَيْسٍ مَا أَعْتِبُ عَلَيْهِ فِي خُلُقٍ وَلَا دِينٍ وَلَكِنِّي أَكْرَهُ الْكُفْرَ فِي الْإِسْلَامِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَتَرُدِّينَ عَلَيْهِ حَدِيقَتَهُ؟» قَالَتْ: نَعَمْ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اقْبَلِ الْحَدِيقَةَ وَطَلِّقْهَا تَطْلِيقَةً» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3274. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के साबित बिन कैस रदियल्लाहु अन्हु की बीवी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे साबित बिन कैस की आदत और दीनदारी पर कोई एतराज़ नहीं लेकिन में इस्लाम में (खाविंद की) नाफ़रमानी को नापसंद करती हूँ, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "क्या तुम उस का बाग़ वापस कर दोगी ?" उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! रसूलुल्लाह ﷺ ने साबित को कहा: "बाग़ कबूल करो और इसे एक तलाक दे दो"| (बुखारी)

رواه البخارى (5273)

٣٢٧٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ: أَنَّهُ طَلَّقَ امْرَأَةً لَهُ وَهِيَ حَائِضٌ فَذَكَرَ عُمَرُ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَتَغَيَّظَ فِيهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثُمَّ قَالَ: «ليراجعها ثمَّ يمْسِكهَا حَتَّى تطهر ثمَّ تحيض فتطهر فَإِن بدا لَهُ أَنْ يُطَلِّقَهَا فَلْيُطَلِّقْهَا طَاهِرًا قَبْلَ أَنْ يَمَسَّهَا فَتِلْكَ الْعِدَّةُ الَّتِي أَمَرَ اللَّهُ أَنْ تُطَلَّقَ لَهَا النِّسَاءُ» . وَفِي رِوَايَةٍ: «مُرْهُ فَلْيُرَاجِعْهَا ثُمَّ لْيُطَلِّقْهَا طَاهِرًا أَوْ حَامِلًا»

3275. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के उन्होंने अपने बीवी को अय्याम हैज़ में तलाक

दी, उमर रदियल्लाहु अन्हु ने उस के मुतल्लिक रसूलुल्लाह ﷺ से ज़िक्र किया तो रसूलुल्लाह ﷺ उस पर नाराज़ हुए, और फ़रमाया: "इसे चाहिए के वह रुजू करे, फिर इंतज़ार करे हत्ता के वह (अय्याम हैज़ गुज़रने के बाद) पाक हो जाए, फिर हैज़ आए, फिर पाक हो, फिर अगर इसे तलाक देना चाहे तो इसे हालत तोहर में जिमाअ करने से पहले तलाक दे, यही वह इद्दत है जिसके मुताबिक अल्लाह ने औरतो को तलाक देने का हुक्म फ़रमाया है"| एक दूसरी रिवायत में है: "इसे हुक्म दो की वह रुजू करे फिर इसे हालत तुहर या हमल में तलाक दे"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (4908) و مسلم (1 / 1471)، (3652)

٣٢٧٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: خَيَّرَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَاخْتَرْنَا اللَّهَ وَرَسُولَهُ فَلَمْ يَعُدَّ ذَلِكَ عَلَيْنَا شَيْئًا

3276. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें इख़्तियार दिया तो हमने अल्लाह और उस के रसूल को मुन्तखब किया, आप ने इसे हमारे मुतल्लिक कुछ भी शुमार न किया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (5262) و مسلم (24 / 1477)، (3684)

٣٢٧٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: فِي الْحَرَامِ يُكَفِّرُ لَقَدْ كَانَ لَكُمْ فِي رَسُولِ الله أُسْوَة حَسَنَة

3277. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा ने किसी चीज़ को हराम करार देने पर कफ्फारा अदा करने का ज़िक्र करते हुए फ़रमाया: "तुम्हारे लिए अल्लाह के रसूल! ﷺ (की ज़िन्दगी) में बेहतरीन नमूना है"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (4911) و مسلم (18 / 1473)، (3676)

٣٢٧٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَمْكُثُ عِنْدَ زَيْنَبَ بِنْتِ جَحْشٍ وَشَرِبَ عِنْدَهَا عَسَلًا فَتَوَاصَيْتُ أَنَا وَحَفْصَةُ أَنَّ أَيَّتَنَا دَخَلَ عَلَيْهَا النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَلْتَقُلْ: إِنِّي أَجِدُ مِنْكَ رِيحَ مَغَافِيرَ أَكَلْتَ مَغَافِيرَ؟ فَدَخَلَ عَلَى إِحْدَاهُمَا فَقَالَتْ لَهُ ذَلِكَ فَقَالَ: «لَا بَأْسَ شَرِبْتُ عَسَلًا عِنْدَ زَيْنَبَ بِنْتِ جَحْشٍ فَلَنْ أَعُودَ لَهُ وَقَدْ حَلَفْتُ لَا تُخْبِرِي بِذَلِكِ أَحَدًا» يَبْتَغِي مرضاة أَزوَاجه فَنَزَلَتْ: (يَا أَيُّهَا النَّبِيُّ لِمَ تُحَرِّمُ مَا أَحَلَّ الله لَك تبتغي مرضاة أَزوَاجك)»» الْآيَة

3278. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के नबी ﷺ जैनब बिन जहश रदियल्लाहु अन्हा के यहाँ ठहरा करते थे और वहां शहद पिया करते थे, पस मैं और हफ्सा रदियल्लाहु अन्हा ने तेअ किया के नबी ﷺ जिसके पास भी तशरीफ़ लाए तो वह कहे मुझे आप से मगाफिर (खाने का गोंद जो अर्फत पौधे से निकलता है) की बू आ रही है, क्या आप ने मगाफिर खाया है? चुनांचे आप इन दोनों में से किसी एक के यहाँ तशरीफ़ ले गए तो उस ने आप

से यही कहा, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ऐसी कोई बात नहीं, मैंने तो जैनब के यहाँ शहद पिया है, मैं दोबारा इसे नहीं पियूँगा और मैंने हलफ उठा लिया, तुम किसी को उस के मुतल्लिक न बताना”, आप अपनी अज़वाज की रज़ामंदी चाहते थे चुनांचे यह आयत नाज़िल हुई: “ए नबी! आप ﷺ ने इस चीज़ को क्यों हराम करार दिया जिसे अल्लाह ने आप के लिए हलाल करार दिया है, आप अपने अज़वाज की रज़ामंदी चाहते हैं?”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (4912) و مسلم (20 / 1474)، (3678)

بَاب الْخلْع وَالطَّلَاق • खुला और तलाक का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٢٧٩ - (صَحِيح) عَنْ ثَوْبَانَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَيُّمَا امْرَأَةٍ سَأَلَتْ زَوْجَهَا طَلَاقًا فِي غَيْرِ مَا بَأْسٍ فَحَرَامٌ عَلَيْهَا رَائِحَةُ الْجَنَّةِ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ والدارمي

3279. सौबान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो औरत बिला वजह अपने खाविंद से तलाक का मुतालबा करे तो उस पर जन्नत की खुशबू हराम है”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه احمد (5 / 277 ح 22738) و الترمذی (1187 وقال : حسن) و ابوداؤد (2226) و ابن ماجه (2055) و الدارمی (2 / 162 ح 2275)

٣٢٨٠ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أَبْغَضُ الْحَلَالِ إِلَى اللَّهِ الطلاقُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3280. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “हलाल चीजों में से अल्लाह के नज़दीक सबसे ज़्यादा नापसंदीदा चीज़ तलाक है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2178)

٣٢٨١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ [ص:٩٧] قَالَ: «لَا طَلَاقَ قَبْلَ نِكَاحٍ وَلَا عَتَاقَ إِلَّا بَعْدَ مِلْكٍ وَلَا وِصَالَ فِي صِيَامٍ وَلَا يُتْمَ بَعْدَ احْتِلَامٍ وَلَا رَضَاعَ بَعْدَ فِطَامٍ وَلَا صَمْتَ يَوْمٍ إِلَى اللَّيْلِ» . رَوَاهُ فِي شَرْحِ السُّنَّةِ

3281. अली रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “निकाह से पहले तलाक देने,

मिलकियत से पहले आज़ाद करने, मुसलसल रोज़े रखने, बालिग़ होने के बाद यतीम, दूध छुड़ाने के बाद रिज़ाअत और सुबह से रात तक ख़ामोशी इख़्तियार करने का कोई जवाज़ नहीं”| (ज़ईफ़)

ضعیف ، رواہ البغوی فی شرح السنة (9 / 198 ح 2350 و سندہ ضعیف جدًا) [و ابوداؤد (2873) مختصرًا و سندہ ضعیف] * سفیان الثوری مدلس و عنعن ، روی ایوب بن سوید عنہ ، وجویبر : متروک و للحدیث شواھد ، لا طلاق قبل نکاح و لا عتاق الا بعد ملک (ابن ماجہ : 20482047 حسن)ولا وصال فی صیام (احمد 3 / 62 ح 11619 ، صحیح) ولا یتم بعد احتلام (ضعیف) ولا رضاع بعد خطام (الترمذی : 1152 صحیح) ولا صمت یوم الی اللیل (ضعیف)

٣٢٨٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا نَذْرَ لِابْنِ آدَمَ فِيمَا لَا يَمْلِكُ وَلَا عِتْقَ فِيمَا لَا يَمْلِكُ وَلَا طَلَاقَ فِيمَا لَا يَمْلِكُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَزَادَ أَبُو دَاوُدَ: «وَلَا بَيْعَ إِلَّا فِيمَا يملك»

3282. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इंसान जिस चिज़ का मालिक नहीं, उस में उस का नज़र देना, आज़ाद करना और तलाक देना मोतबर नहीं है”| और अबू दावुद ने यह अल्फाज़ ज़्यादा किए है: “इंसान जिस चिज़ का मालिक है किसी की बेअ कर सकता है”| (हसन)

اسنادہ حسن ، رواہ الترمذی (1181 وقال : حسن صحیح) و ابوداؤد (2190)

٣٢٨٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ رُكَانَةَ بْنِ عَبْدِ يَزِيدَ أَنَّهُ طَلَّقَ امْرَأَتَهُ سُهَيْمَةَ الْبَتَّةَ فَأَخْبَرَ بِذَلِكَ النَّبِيَّ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم وَقَالَ: وَالله مَا أردتُ إِلَّا وَاحِدَةً فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «وَاللَّهِ مَا أَرَدْتَ إِلَّا وَاحِدَةً؟» فَقَالَ رُكَانَةُ: وَاللَّهِ مَا أردتُ إِلَّا وَاحِدَة فَرَدَّهَا إِلَيْهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَطَلَّقَهَا الثَّانِيَةَ فِي زَمَانِ عُمَرَ وَالثَّالِثَةَ فِي زَمَانِ عُثْمَانَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ إِلَّا أَنَّهُمْ لَمْ يَذْكُرُوا الثانيةَ وَالثَّالِثَة

3283. रुकान बिन अब्द यज़ीद से रिवायत है के उन्होंने अपने अहलिया सुहय्मा को तलाक बत्ता दी, उन्होंने उस के मुतल्लिक नबी ﷺ को बताया और कहा अल्लाह की क़सम! मैंने सिर्फ एक ही का इरादा किया था, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुमने सिर्फ एक ही का इरादा किया था ?” रुकान ने अर्ज़ किया, अल्लाह की क़सम! मैंने एक ही का इरादा किया था”, रसूलुल्लाह ﷺ ने सुहय्मा को रुकान की तरफ लौटा दीया, फिर उन्होंने दूसरी तलाक उमर रदियल्लाहु अन्हु के दौर ए हुकूमत में और तीसरी तलाक उस्मान रदियल्लाहु अन्हु के दौरे हुकूमत में दि| अबू दावुद, और तिरमिज़ी, इब्ने माजा दारमी मगर उन्होंने दूसरी और तीसरी तलाक का ज़िक्र नहीं किया| (हसन)

حسن ، رواہ ابوداؤد (2206) و الترمذی (1177) و ابن ماجہ (2051) و الدارمی (2 / 162 ح 2277)

٣٢٨٤ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " ثَلَاثٌ جَدُّهُنَّ جَدٌّ وَهَزْلُهُنَّ جَدٌّ: النِّكَاحُ وَالطَّلَاقُ وَالرَّجْعَةُ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيب

3284. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तीन चीज़े हकीक़त मैं भी हकीक़त है और मज़ाह मैं भी हकीक़त है: निकाह, तलाक और रुजू”| तिरमिज़ी, अबू दावुद, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1184) و ابوداؤد (2194)

٣٢٨٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم يَقُولُ: «لَا طَلَاقَ وَلَا عَتَاقَ فِي إِغْلَاقٍ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَه قيل: معنى الإغلاق: الْإِكْرَاه

3285. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जबर की सूरत में न तलाक मोतबर है और न आज़ाद करना”, और “अग्लाक” का मानी “जबर” है| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواه ابوداؤد (2193) و ابن ماجه (2046) [و النسائی (2046)] * محمد بن عبید بن ابی صالح و ثقه ابن حبان و الحاکم و ضعفه ابو حاتم الرازی و ابن حجر و ضعفه راجح و للحدیث شواھد ضعیفة

٣٢٨٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كُلُّ طَلَاقٍ جَائِزٌ إِلَّا طَلَاقَ الْمَعْتُوهِ وَالْمَغْلُوبِ عَلَى عَقْلِهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا [ص:٩٨ حَدِيثٌ غَرِيبٌ وَعَطَاءُ بْنُ عجلانَ الرَّاوِي ضعيفٌ ذاهبُ الحَدِيث

3286. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मजनून और मग्लुब अल अक्ल की तलाक के सिवा हर तलाक वाकेअ हो जाती है”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| और अता बिन अजलान रावी जईफ है, वह हदीस याद रखने वाला नहीं| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف جدا ، رواه الترمذی (1191) * عطاء بن عجلان : متروک بل اطلق علیه ابن معین و الفلاس و غیرھما الکذب

٣٢٨٧ - (صَحِيح) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " رُفِعَ الْقَلَمُ عَنْ ثَلَاثَةٍ: عَنِ النَّائِمِ حَتَّى يَسْتَيْقِظَ وَعَنِ الصَّبِيِّ حَتَّى يَبْلُغَ وَعَنِ الْمَعْتُوهِ حَتَّى يعقل ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

3287. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तीन शख़्स मरफुअ अल कलाम है, सोया हुआ हत्ता के जाग जाए, बच्चा हत्ता के बालिग़ हो जाए और मजनून हत्ता के वह होश मंद हो जाए”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (1423 وقال : حسن غریب) و ابوداؤد (4403)

٣٢٨٨ - (صَحِيح) وَرَوَاهُ الدَّارِمِيُّ عَنْ عَائِشَةَ وَابْنُ مَاجَهْ عَنْهُمَا

3288. दारमी ने आइशा रदियल्लाहु अन्हा से और इब्ने माजा ने अली रदियल्लाहु अन्हु और आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ الدارمی (2 / 171 ح 2301) و ابن ماجہ (2041 سندہ ضعیف ، فیہ حماد بن ابی سلیمان و ابراھیم النخعی مدلسان و عنعنا ، 2042 سندہ ضعیف ، فیہ القاسم بن یزید مجھول و لم یدرک علیًا رضی اللہ عنہ) [و ابوداؤد (4398) و النسائی (3462)]

٣٢٨٩ - وَعَنْ عَائِشَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «طَلَاقُ الْأَمَةِ تَطْلِيقَتَانِ وَعِدَّتُهَا حَيْضَتَانِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ

3289. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “लोंदी की तलाक दो तलाके है और उसकी इद्दत दो हैज़ हैं”| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ الترمذی (1182 وقال : غریب) و ابوداؤد (2189) و ابن ماجہ (2080) و الدارمی (2 / 170171 ح 2299)

بَاب الْخلْع وَالطَّلَاق • खुला और तलाक का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٢٩٠ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْمُنْتَزِعَاتُ وَالْمُخْتَلِعَاتُ هُنَّ الْمُنَافِقَاتُ» . رَوَاهُ النَّسَائِيّ

3290. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “नाफ़रमानी करने वालियां और खुला तलब करने वालियां मुनाफ़िक़ हैं”| (सहीह)

رواہ النسائی (6 / 168 ح 3491)

٣٢٩١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ نَافِعٍ عَنْ مَوْلَاةٍ لِصَفِيَّةَ بِنْتِ أَبِي عُبَيْدٍ أَنَّهَا اخْتَلَعَتْ مِنْ زَوْجِهَا بِكُلِّ شَيْءٍ لَهَا فَلَمْ يُنْكِرْ ذَلِكَ عَبْدُ اللَّهِ بْنُ عمر. رَوَاهُ مَالك

3291. नाफेअ, सफिया बिन्ते अबी उबैद की आज़ाद करदा लौंडी से रिवायत करते हैं की उस ने अपने हर चीज़ के बदले अपने खाविंद (इब्ने उमर (र अ)) से खुला लिया तो अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा ने उस का इनकार न किया| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه مالک (2 / 565 ح 1229) * مولاة صفية لاتعرف ، و قول نافع : عن ، بمعنى ان فلا رلاقة لهذه المولاة بالسند والله اعلم

٣٢٩٢ - (ضَعِيف) حَدِيث رِجَاله ثِقَات وَعَن مَحْمُود بن لبيد قل: أَخْبَرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ رَجُلٍ طَلَّقَ امْرَأَتَهُ ثَلَاثَ تَطْلِيقَاتٍ جَمِيعًا فَقَامَ غَضْبَانَ ثُمَّ قَالَ: «أَيُلْعَبُ بِكِتَابِ اللَّهِ [ص:٩٨ عَزَّ وَجَلَّ وَأَنَا بَيْنَ أَظْهُرِكُمْ؟» حَتَّى قَامَ رَجُلٌ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَلَا أَقْتُلُهُ؟ . رَوَاهُ النَّسَائِيّ

3292. महमूद बिन लबीद बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ को एक आदमी के मुतल्लिक बताया गया के उस ने अपनी बीवी को तीन तलाके एक साथ दे दि है, तो आप ﷺ गुस्से की हालत में खड़े हुए फिर फ़रमाया: “क्या अल्लाह अज्ज़वजल की किताब से खेला जा रहा है जबकि में तुम्हारे दरमियान मौजूद हूँ”, उस पर एक आदमी खड़ा हुआ और उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या मैं उसे क़त्ल न कर दूँ| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه النسائی (6 / 142143 ح 3430) و اعل بما لا يقدح

٣٢٩٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن مَالك بلغه رَجُلًا قَالَ لِعَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَبَّاسٍ: إِنِّي طَلَّقْتُ امْرَأَتِي مِائَةَ تَطْلِيقَةٍ فَمَاذَا تَرَى عَلَيَّ؟ فَقَالَ ابْن عَبَّاس: طلقت مِنْك ثَلَاث وَسَبْعٌ وَتِسْعُونَ اتَّخَذْتَ بِهَا آيَاتِ اللَّهِ هُزُوًا. رَوَاهُ فِي الْمُوَطَّأ

3293. इमाम मालिक से रिवायत है के उन्हें यह बात पहुंची के एक आदमी ने अब्दुल्लाह बिन अब्बास रदियल्लाहु अन्हु से कहा मैंने अपनी बीवी को सौ तलाके दी हैं, आप की इस बारे में क्या राय है? इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा ने फ़रमाया: “इसे तेरी तरफ से तीन तलाके तो वाकेअ हो गई, जबकि सत्तानवे के ज़रिए तुमने अल्लाह की आयात के साथ मज़ाक किया| (हसन)

حسن ، رواه مالک (2 / 550 ح 1195) * سنده ضعيف وله شواهد عند البيهقى (7 / 337) و ابی داود (2197) و غيرهما

٣٢٩٤ - (ضَعِيف) وَعَنْ مُعَاذِ بْنِ جَبَلٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا مُعَاذُ مَا خَلَقَ اللَّهُ شَيْئًا عَلَى وَجْهِ الْأَرْضِ أَحَبَّ إِلَيْهِ مِنَ الْعَتَاقِ وَلَا خَلَقَ اللَّهُ شَيْئًا عَلَى وَجْهِ الْأَرْضِ أَبْغَضَ إِلَيْهِ مِنَ الطَّلَاقِ» . رَوَاهُ الدَّارَقُطْنِيّ

3294. मुआज़ बिन जबल रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे हुक्म फ़रमाया: “मुआज़!

अल्लाह ने रुए ज़मीन पर जो कुछ पैदा फ़रमाया है उस में किसी (गुलाम) को आज़ाद करना इसे सबसे ज़्यादा महबूब है, और उस ने रुए ज़मीन पर जो कुछ पैदा फ़रमाया है उस में से तलाक इसे इन्तिहाई नापसंद है"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الداقطنى (4 / 35 ح 3939) و البيهقى (7 / 361) * السند منقطع و حميد بن مالک : ضعيف ، و حديث ابى داود (2178 ، تقدم : 3280) يغنى عن بعضه

بَاب الْمُطلقَة ثَلَاثًا • जिस औरत को तीन तलाक दी जाए इस का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٣٢٩٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: جَاءَتِ امْرَأَةُ رِفَاعَةَ الْقُرَظِيِّ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَتْ: إِنِّي كُنْتُ عِنْدَ رِفَاعَةَ فَطَلَّقَنِي فَبَتَّ طَلَاقِي فَتَزَوَّجْتُ بَعْدَهُ عَبْدَ الرَّحْمَنِ بْنَ الزُّبَيْرِ وَمَا مَعَهُ إِلَّا مِثْلُ هُدْبَةِ الثَّوْبِ فَقَالَ: «أَتُرِيدِينَ أَنْ تَرْجِعِي إِلَى رِفَاعَةَ؟» قَالَتْ: نَعَمْ قَالَ: «لَا حَتَّى تَذُوقِي عُسَيْلَتَهُ وَيَذُوقَ عُسَيْلَتَكِ»

3295. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रफाअ कुरज़िय्यी की बीवी रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई तो उस ने अर्ज़ किया: में रफाअ के निकाह में थी तो उस ने मुझे तीन तलाके दे दी, उस के बाद मैंने अब्दुल रहमान बिन जुबैर से शादी कर ली, लेकिन उस के पास तो कपड़े के पल्लू की तरह है (यानी वह जिमाअ के काबिल नहीं) आप ﷺ ने फ़रमाया: "क्या तुम रफाअ की तरफ वापस जाना चाहती हो?" उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: "नहीं? हत्ता कि तुम उस से लुत्फ़ अन्दोज़ हो जाओ और वह तुम से लुत्फ़ अन्दोज़ हो जाए"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2639) و مسلم (111 / 1433)، (3526)

بَاب الْمُطلقَة ثَلَاثًا •

जिस औरत को तीन तलाक दी जाए इस का बयान

الْفَصْلُ الثَّانِي •

दूसरी फस्ल

٣٢٩٦ - (صَحِيح) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: لَعَنَ رسولُ الله المحلّلَ والمُحلَّلَ لَهُ. رَوَاهُ الدَّارِمِيّ

3296. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हलाला करने वाले और जिसके लिए हलाला किया या रहा है दोनों पर लानत फ़रमाई| (सहीह)

صحیح ، رواہ الدارمی (2 / 158 ح 2263) و انظر الحدیث الآتی (3297)

٣٢٩٧ - (صَحِيح) وَرَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ عَنْ عَلِيٍّ وَابْنِ عَبَّاسٍ وَعقبَة بن عَامر

3297. इब्ने माजा ने इसे अली रदियल्लाहु अन्हु इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा और उक्बा बिन आमिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (सहीह)

صحیح ، رواہ ابن ماجه (1934) ، عن علی ، 1935 عن ابن عباس و سندہ ضعیف ، 1936 عن عقبة بن عامر)

٣٢٩٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سُلَيْمَانَ بْنِ يَسَارٍ قَالَ: أَدْرَكْتُ بِضْعَةَ عَشَرَ مِنْ أَصْحَابِ [ص:٩٨ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كُلُّهُمْ يَقُولُ: يُوقَفُ الْمُؤْلِي. رَوَاهُ فِي شرح السّنة

3298. सुलेमान बिन यस्सार रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ के तकरीबन दस सहाबा से मुलाकात की वह सब कहते थे की इयला करने वाले को पाबंद सलासिल किया जाएगा| (सहीह)

سندہ صحیح ، رواہ البغوی فی شرح السنة (9 / 237 ح 2363) [و الشافعی فی الام 5 / 265] * و للحدیث شواھد عند الدارقطنی (2 / 61) و غیرہ

٣٢٩٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي سلمة: أَنَّ سَلْمَانَ بْنَ صَخْرٍ وَيُقَالُ لَهُ: سَلَمَةُ بْنُ صَخْرٍ الْبَيَاضِيُّ جَعَلَ امْرَأَتَهُ عَلَيْهِ كَظَهْرِ أُمِّهِ حَتَّى يَمْضِيَ رَمَضَانُ فَلَمَّا مَضَى نِصْفٌ مِنْ رَمَضَانَ وَقَعَ عَلَيْهَا لَيْلًا فَأَتَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَذَكَرَ لَهُ فَقَالَ لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَعْتِقْ رَقَبَةً» قَالَ: لَا أَجِدُهَا قَالَ: «فَصُمْ شَهْرَيْنِ مُتَتَابِعَيْنِ» قَالَ: لَا أَسْتَطِيعُ قَالَ: «أَطْعِمْ سِتِّينَ مِسْكِينًا» قَالَ: لَا أَجِدُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِفَرْوَةَ بْنِ عَمْرٍو: «أَعْطِهِ ذَلِكَ الْعَرَقَ» وَهُوَ

مِكْتَلٌ يَأْخُذُ خَمْسَةَ عَشَرَ صَاعًا أَوْ سِتَّةَ عَشَرَ صَاعا «ليُطعِمَ سِتِّينَ مِسْكينا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3299. अबू सलमा से रिवायत है के सलमान बिन सखर उन्हें सलमा बिन सखर बयाज़ी भी कहा जाता है, ने अपने बीवी को पूरा रमज़ान अपने ऊपर अपने माँ की पुश्त की तरह करार दे लिया, जब आधा रमज़ान गुज़र गया तो एक रात उस ने उस से जिमाअ कर लिया, फिर वह रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस के मुतल्लिक आप से ज़िक्र किया तो रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे फ़रमाया: “एक गुलाम आज़ाद करो”, उस ने अर्ज़ किया, मेरे पास कोई गुलाम नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “दो माह के मुसलसल रोज़े रखो”, उस ने अर्ज़ किया, मैं इस्तिताअत नहीं रखता आप ﷺ ने फ़रमाया: “साठ मिस्कीनो को खाना खिलाओ”, उस ने अर्ज़ किया, मैं ताकत नहीं रखता तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरवत बिन अम्र से फ़रमाया: “इसे पन्द्रह साअ या सोलह (तकरीबन चालीस किलो) वाला खजूरो का टोकरा दे दो ताकि वह साठ मिस्कीनो को खीला दे”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (1200 وقال : حسن)

٣٣٠٠ - (لم تتمّ دراسته) وروى أَبُو دَاوُد وابنُ مَاجَه والدارمي عَن سُلَيْمَانَ بْنِ يَسَارٍ عَنْ سَلَمَةَ بْنِ صَخْرٍ نحوَه قَالَ: كنتُ امْرأ أُصِيبُ مِنَ النِّسَاءِ مَا لَا يُصِيبُ غَيْرِي وَفِي روايتهما أَعني أَبُو دَاوُدَ وَالدَّارِمِيِّ: «فَأَطْعِمْ وَسْقًا مِنْ تَمْرٍ بَيْنَ سِتِّينَ مِسْكينا»

3300. अबू दावुद इब्ने माजा और दारमी ने सुलेमान बिन यस्सार के तरीक से सलमा बिन सखर से इसी तरह रिवायत किया है, उन्होंने कहा: मुझे जिस क़दर औरतो से लगाव था इतना लगाव मेरे सिवा किसी को न था, और इन दोनों यानी अबू दावुद और दारमी की रिवायत में है: “एक वुसक (साठ साअ) खजूरे साठ मिस्कीनो को खिलाओ”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2213) و ابن ماجه (2062) و الدارمی (2 / 162163 ح 2278) * ابن اسحاق مدلس و عنعن

٣٣٠١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سُلَيْمَانَ بْنِ يَسَارٍ عَنْ سَلَمَةَ بْنِ صَخْرٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الْمُظَاهِرِ يُوَاقِعُ قَبْلَ أَنْ يُكَفِّرَ قَالَ: «كَفَّارَة وَاحِدَة» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

3301. सुलेमान बिन यस्सार सलमा बिन सखर की सनद से नबी ﷺ से, जिहार करने वाले के मुतल्लिक जो कफ्फारा देने से पहले जिमाअ कर ले, रिवायत करते हैं की आप ﷺ ने फ़रमाया: “एक ही कफ्फारा है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذی (1198 وقال : حسن غريب) و ابن ماجه (2064) * سليمان بن يسار لم يسمع من سلمة بن صخر رضی الله عنه

जिस औरत को तीन तलाक दी जाए इस का बयान

بَاب الْمُطلقَة ثَلَاثًا •

तीसरी फस्ल

الْفَصْل الثَّالِث •

٣٣٠٢ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عِكْرِمَةَ عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ رَجُلًا ظَاهَرَ مِنِ امْرَأَتِهِ فَغَشِيَهَا قَبْلَ أَنْ يَكَفِّرَ فَأَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَذَكَرَ ذَلِكَ لَهُ فَقَالَ: «مَا حَمَلَكَ عَلَى ذَلِكَ؟» قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ رَأَيْتُ بَيَاضَ حِجْلَيْهَا فِي الْقَمَرِ فَلَمْ أَمْلِكْ نَفْسِي أَنْ وَقَعْتُ عَلَيْهَا فَضَحِكَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَمَرَهُ أَنْ لَا يَقْرَبَهَا حَتَّى يُكَفِّرَ. رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ. وَرَوَى التِّرْمِذِيُّ نَحْوَهُ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ غَرِيبٌ»» وَرَوَى أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ نَحْوَهُ مُسْنَدًا وَمُرْسَلًا وَقَالَ النَّسَائِيُّ: المُرسل أوْلى بالصَّوابِ من المسْنَدِ

3302. इकरिमा इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत करते हैं की एक आदमी ने अपने बीवी से जिहार किया तो उस ने कफ्फारा अदा करने से पहले उस से जिमाअ कर लिया, फिर वह नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस ने उस के मुतल्लिक आप को बताया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हें किस चीज़ ने उस पर अमादा किया ?” उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैंने चांदनी रात में उसकी पायजेब की सफेदी देखी तो मुझ से रहा न गया और मैं उस से हम बिस्तर हो गया, रसूलुल्लाह ﷺ मुस्कुरा दिए और इसे हुक्म फ़रमाया के वह कफ्फारा अदा करने से पहले उस के करीब न जाए, इब्ने माजा और इमाम तिरमिज़ी ने भी इसी तरह रिवायत किया है, और फ़रमाया यह हदीस हसन सहीह ग़रीब है, और इमाम अबू दावुद और इमाम नसई ने इसी मिसल मुसनद और मुरसल रिवायत किया है, और इमाम नसई ने फ़रमाया: मुरसल दुरुस्त होने में मुसनद से औला है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابن ماجه (2065) و الترمذی (1199) و ابوداؤد (2221) و النسائی (6 / 167 ح 3487 مسندًا و ح 3488 مرسلاً)

• بَاب فِي كَون الرَّقَبَة فِي الْكَفَّارَة مُؤمنَة

इस बात का बयान की मोमिन लोंदी को आज़ाद करना कफ्फारा है

• الْفَصْل الأول

पहली फस्ल

٣٣٠٣ - (صَحِيح) عَن مُعَاوِيَة بن الحكم قَالَ: أَتَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ جَارِيَةً كَانَتْ لِي تَرْعَى غَنَمًا لِي فَجِئْتُهَا وَقَدْ فَقَدَتْ شَاةً مِنَ الْغَنَمِ فَسَأَلْتُهَا عَنْهَا فَقَالَتْ: أَكَلَهَا الذِّئْبُ فَأَسِفْتُ عَلَيْهَا وَكُنْتُ مَنْ بَنِي آدَمَ فَلَطَمْتُ وَجْهَهَا وَعَلَيَّ رَقَبَةٌ أَفَأُعْتِقُهَا؟ فَقَالَ لَهَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَيْنَ اللَّهُ؟» فَقَالَتْ: فِي السَّمَاءِ فَقَالَ: «مَنْ أَنَا؟» فَقَالَتْ: أَنْتَ رَسُولَ اللَّهِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَعْتِقْهَا» . رَوَاهُ مَالِكٌ»» وَفِي رِوَايَةِ مُسْلِمٍ قَالَ: كَانَتْ لِي جَارِيَةٌ تَرْعَى غَنَمًا لِي قِبَلَ أُحُدٍ وَالْجَوَّانِيَّةِ فَاطَّلَعْتُ ذَاتَ يَوْمٍ فَإِذَا الذِّئْبُ قَدْ ذَهَبَ بِشَاةٍ مِنْ غَنَمِنَا وَأَنَا رَجُلٌ مِنْ بَنِي آدَمَ آسَفُ كَمَا يَأْسَفُونَ لَكِنْ صَكَكْتُهَا صَكَّةً فَأَتَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَعَظَّمَ ذَلِكَ عَلَيَّ قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أفلا أُعتِقُها؟ قَالَ: «ائتِني بهَا؟» فأتيته بِهَا فَقَالَ لَهَا: «أَيْنَ اللَّهُ؟» قَالَتْ: فِي السَّمَاءِ قَالَ: «مَنْ أَنَا؟» قَالَتْ: أَنْتَ رَسُولُ الله قَالَ: «أعتِقْها فإنَّها مؤْمنةٌ»

3303. मुआविया बिन हकम रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर होकर अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मेरी एक लौंडी मेरी बकरिया चराती थी में उस के पास आया तो मैंने एक बकरी न पाई, मैंने उस के मुतल्लिक उस से पूछा तो उस ने कहा: इसे भेड़िये ने खा लिया है, मैं उस से नाराज़ हुआ, चूँकि में औलादे आदम से हूँ, मैंने उस के चेहरे पर थप्पड़ मार दिया, (और किसी वजह से) गुलाम आज़ाद करना मुझ पर वाजिब है, क्या मैं उसे आज़ाद कर दूँ? रसूलुल्लाह ﷺ ने इस लौंडी से पूछा: “अल्लाह कहाँ है?” उस ने कहा आसमान में, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं कौन हूँ ?” उस ने अर्ज़ किया, आप अल्लाह के रसूल हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इसे आज़ाद कर दो”, यह मालिक की रिवायत है, और मुस्लिम की रिवायत में है: उन्होंने (मुआविया बिन हकम (र)) ने कहा मेरी एक लौंडी थी जो उहद और जौवानिया की तरफ मेरी बकरिया चराया करती थी, एक रोज़ मैंने देखा के भेड़िया हमारी बकरियों में से एक बकरी ले गया, चूँकि में आदम की औलाद से हूँ, मैं भी नाराज़ होता हूँ जैसे वह नाराज़ होते हैं, इसलिए मैंने इसे एक थप्पड़ मार दिया फिर रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ (और सारा वाकिए सुनाया) आप ने मेरी इस हरकत को बड़ा जुर्म करार दिया, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! क्या मैं उसे आज़ाद न कर दूँ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे मेरे पास लाओ”, मैं उसे आप के पास ले आया तो आप ﷺ ने उस से पूछा: “अल्लाह कहाँ है?” उस ने अर्ज़ किया, आसमान में, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं कौन हूँ ?” उस ने कहा: आप अल्लाह के रसूल हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे आज़ाद कर दो क्योंकि यह मुसलमान है”| (सहीह,मुस्लिम)

صحيح ، رواه مالک (2 / 776777 ح 1550 ببعض الاختلاف) و مسلم (33 / 537)

बَاب اللّعان • लिआन का बयान

الْفَصْلُ الأول • पहली फस्ल

٣٣٠٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ سَهْلِ بْنِ سَعْدٍ السَّاعِدِيِّ رَضِيَ اللَّهُ عَنهُ قَالَ: إِن عُوَيْمِر الْعَجْلَانِيَّ قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَرَأَيْتَ رَجُلًا وجدَ معَ امرأتِهِ رجُلاً أيقْتُله فيَقْتُلُونه؟ أَمْ كَيفَ أفعل؟ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «قدْ أُنْزِلَ فِيكَ وَفِي صَاحِبَتِكَ فَاذْهَبْ فَأْتِ بِهَا» قَالَ سَهْلٌ: فَتَلَاعَنَا فِي الْمَسْجِدِ وَأَنَا مَعَ النَّاسِ عِنْدَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَلَمَّا فَرَغَا قَالَ عُوَيْمِرٌ: كَذَبْتُ عَلَيْهَا يَا رسولَ اللَّهِ إِن أَمْسكْتُها فطلقتها ثَلَاثًا ثُمَّ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " انْظُرُوا فَإِنْ جَاءَتْ بِهِ أَسْحَمَ أَدْعَجَ الْعَيْنَيْنِ عَظِيمَ الْأَلْيَتَيْنِ خَدَلَّجَ السَّاقَيْنِ فَلَا أَحسب عُوَيْمِر إِلَّا قَدْ صَدَقَ عَلَيْهَا وَإِنْ جَاءَتْ بِهِ أُحَيْمِرَ كَأَنَّهُ وَحَرَةٌ فَلَا أَحْسِبُ عُوَيْمِرًا إِلَّا قَدْ [ص:٩٨ كَذَبَ عَلَيْهَا فَجَاءَتْ بِهِ عَلَى النَّعْتِ الَّذِي نَعْتُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ تَصْدِيقِ عُوَيْمِرٍ فَكَانَ بَعْدُ يُنْسَبُ إِلَى أمه

3304. सहल बिन साद साअदि रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कि उवयमिर अज्लानी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! इस शख़्स के बारे में बताइए जो अपने बीवी के साथ किसी मर्द को पाए, क्या यह इसे क़त्ल कर दे, इस सूरत में वह (मकतुल के वुरसा) उस को क़त्ल कर देंगे या इसे क्या करना चाहिए? रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तेरे और तेरी बीवी के बारे में हुक्म नाज़िल हो चूका है, तुम उसे लेकर आओ”, सहल बयान करते हैं, इन दोनों ने मस्जिद में लिआन किया, और मैं लोगों के साथ रसूलुल्लाह ﷺ के पास था, जब वह दोनों फारिग़ हुए तो उवयमिर ने कहा: अल्लाह के रसूल! अगर में उसे रख लु तो उस का मतलब होगा मैंने उस पर झूठ बांधा, उस ने इसे तीन तलाके दे दी, फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इंतज़ार करो और देखो अगर वह सियाह रंग मोटी मोटी और खूब सियाह आंखो वाले सुरिन बड़े बड़े और मोटी मोटी पिंडलियों वाले, बच्चे को जन्म दे तो फिर मैं समझूंगा के उवयमिर ने उस के मुतल्लिक सच कहा है, और अगर वह सुर्ख रंग का हुआ गोया के वह ज़हरीली छिपकली है तो में समझूंगा के उवयमिर ने इस औरत पर झूठ बांधा है”, इस औरत ने इस तरह के बच्चे को जन्म दीया जिस तरह की सिफात रसूलुल्लाह ﷺ ने उवयमिर की तस्दीक के मुतल्लिक बयान फरमाई थी, उस के बाद इस बच्चे को उसकी माँ की तरफ मंसूब किया जाता था| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (4745) و مسلم (1 / 1492)، (3743)

٣٣٠٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَاعن بَين رجل وَامْرَأَته فانتفى مِنْ وَلَدِهَا فَفَرَّقَ بَيْنَهُمَا وَأَلْحَقَ الْوَلَدَ بِالْمَرْأَةِ. مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَفِي حَدِيثِهِ لَهُمَا أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَعَظَهُ وَذَكَّرَهُ وَأَخْبَرَهُ أَنَّ عَذَابَ الدُّنْيَا أَهْوَنُ مِنْ عَذَابِ الْآخِرَةِ ثُمَّ دَعَاهَا فَوَعَظَهَا وَذَكَّرَهَا وَأَخْبَرَهَا أَنَّ عَذَاب الدُّنْيَا أَهْون من عَذَاب الْآخِرَة

3305. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने शोहर और उसकी बीवी के दरमियान लिआन कराया, इस (आदमी) ने उस के बच्चे को कबूल करने से इनकार कर दिया तो आप ने इन दोनों के दरमियान

तफरीक करा दी और बच्चे को औरत के हवाले कर दिया| और इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा की सहीहैन की हदीस में है की रसूलुल्लाह ﷺ ने पहले शोहर को वाज़ व नसीहत की और इसे बताया की दुनिया का अज़ाब आखिरत के अज़ाब से बहोत हल्का है, फिर आप ﷺ ने इस औरत को बुलाया और इसे भी वाज़ व नसीहत की और इसे भी बताया की दुनिया का अज़ाब आखिरत के अज़ाब से बहोत हल्का है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5315) و مسلم (8 / 1494 ، 4 / 1493)، (3746 و 3752)

٣٣٠٦ - (صَحِيح) وَعَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ لِلْمُتَلَاعِنَيْنِ: «حِسَابُكُمَا عَلَى اللَّهِ أَحَدُكُمَا كَاذِبٌ لَا سَبِيلَ لَكَ عَلَيْهَا» قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَالِي قَالَ: «لَا مَالَ لَكَ إِنْ كُنْتَ صَدَقْتَ عَلَيْهَا فَهُوَ بِمَا اسْتَحْلَلْتَ مِنْ فَرْجِهَا وَإِنْ كُنْتَ كَذَبْتَ عَلَيْهَا فَذَاكَ أَبْعَدُ وَأَبْعد لَك مِنْهَا»

3306. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने लिआन करने वालो से फ़रमाया: “तुम्हारा हिसाब अल्लाह के जिम्मे है, तुम दोनों में से एक झूठा है, अब तुम्हारा इस (औरत) पर कोई हक़ नहीं”, इस (आदमी) ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मेरा माल (जो महर में दिया था)? आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हें माल का कोई हक़ नहीं, अगर तुमने उस के मुतल्लिक सच्ची बात कही तो वह (माल) उस का बदल है जो तुमने उस से हम बिस्तरी की है, और अगर तुमने उस के मुतल्लिक झूठी बात कही तो फिर इस (महेर) का लौटना तुम्हारे लिए बईद है और तेरा उस से मुतालबा करना बईद है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5350) و مسلم (5 / 1493)، (3748)

٣٣٠٧ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ هِلَالَ بْنَ أُمَيَّةَ قَذَفَ امْرَأَتَهُ عِنْدَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِشَرِيكِ بْنِ سَحْمَاءَ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْبَيِّنَةَ أَوْ حَدًّا فِي ظَهْرِكَ» فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِذَا رَأَى أَحَدُنَا عَلَى امْرَأَتِهِ رَجُلًا يَنْطَلِقُ يَلْتَمِسُ الْبَيِّنَةَ؟ فَجَعَلَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «الْبَيِّنَةَ وَإِلَّا حَدٌّ فِي ظَهْرِكَ» فَقَالَ هِلَالٌ: وَالَّذِي بَعَثَكَ بِالْحَقِّ إِنِّي لَصَادِقٌ فَلَيُنْزِلَنَّ اللَّهُ مَا يُبَرِّئُ ظَهْرِي مِنَ الْحَدِّ فَنَزَلَ جِبْرِيلُ وَأنزل عَلَيْهِ: (وَالَّذين يرمونَ أزوَاجهم)»» فَقَرَأَ حَتَّى بَلَغَ (إِنْ كَانَ مِنَ الصَّادِقِينَ)»» فَجَاءَ هِلَالٌ [ص:٩٨ فَشَهِدَ وَالنَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ اللَّهَ يَعْلَمُ أَنَّ أَحَدَكُمَا كَاذِبٌ فَهَلْ مِنْكُمَا تَائِبٌ؟» ثُمَّ قَامَتْ فَشَهِدَتْ فَلَمَّا كَانَتْ عِنْدَ الْخَامِسَةِ وَقَفُوهَا وَقَالُوا: إِنَّهَا مُوجِبَةٌ فَقَالَ ابْنُ عَبَّاسٍ: فَتَلَكَّأَتْ وَنَكَصَتْ حَتَّى ظَنَنَّا أَنَّهَا تَرْجِعُ ثُمَّ قَالَتْ: لَا أَفْضَحُ قَوْمِي سَائِرَ الْيَوْمِ فَمَضَتْ وَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَبْصِرُوهَا فَإِنْ جَاءَتْ بِهِ أَكْحَلَ الْعَيْنَيْنِ سَابِغَ الْأَلْيَتَيْنِ خَدَلَّجَ السَّاقِينَ فَهُوَ لِشَرِيكِ بْنِ سَحْمَاءَ» فَجَاءَتْ بِهِ كَذَلِكَ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَوْلَا مَا مَضَى مِنْ كِتَابِ اللَّهِ لَكَانَ لِي وَلَهَا شَأْن» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3307. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के हिलाल बिन उमय्य ने नबी ﷺ के पास अपने बीवी पर शरीक बिन सहमाअ के साथ ज़िना की तोहमत लगाइ तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “सबूत पेश करो, वरना तेरी पुश्त पर हद काइम होगी”, उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! जब हम में से कोई अपने बीवी को हालत ज़िना में देखे तो क्या यह गवाह तलाश करने चला जाए? नबी ﷺ ने फ़रमाया: “गवाह पेश करो वरना तुम्हारी पुश्त

पर हद काइम की जाएगी”, हिलाल रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, उस ज़ात की क़सम जिस ने आप को हक़ के साथ मबउस फ़रमाया है! मैं यक़ीनन सच्चा हूँ, अल्लाह ऐसा हुक्म ज़रूर नाज़िल फरमाएगा जो मुझे हद से बचा लेगा, पस जिब्राइल अलैहिस्सलाम तशरीफ़ लाए और आप ﷺ पर यह आयात नाज़िल फरमाइ: “जो लोग अपने बीवियों पर तोहमत लगाते हैं .... अगर वह सच्चो में से है”, हिलाल आए तो उन्होंने गवाही दी (यानी लीआन किया) जबकि नबी ﷺ फरमा रहे थे: “यक़ीनन तुम में से एक झूठा है तो क्या यह तौबा करने के लिए तैयार है?” फिर औरत खड़ी हुई तो उस ने गवाही दी (लीआन किया) जब वह पाँचवीं गवाही पर पहुंचे तो उन्होंने इसे रोका और उन्होंने कहा के यह (पांचवी गवाही) वाजिब करने वाली है? इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा ने फ़रमाया: उस ने तवक्क़फ़ किया और ख़ामोशी इख़्तियार की हत्ता के हमने समझा के वह (अपने मुअक़्क़िफ से) रुजू कर लेगी, फिर उस ने कहा: में हमेशा के लिए अपने कौम को रुसवा नहीं करुँगी, चुनांचे उस ने पाँचवीं गवाही भी दे दी तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “इसे देखो अगर यह सरमिली आंखो वाले, बड़े सुरिन वाले और मोटी पिंडलियों वाले बच्चे को जन्म दे तो फिर वह शरीक बिन सहमाअ का है”, उस ने इसी तरह के बच्चे को जन्म दिया तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “अगर अल्लाह का हुक्म (के लिआन के बाद हद जारी नहीं की जाएगी) पहले से न आया होता तो मैं उसे ज़रूर सज़ा देता”| (बुखारी)

رواه البخارى (4747)

٣٣٠٨ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ سَعْدُ بْنُ عُبَادَةَ: لَوْ وَجَدْتُ مَعَ أَهْلِي رَجُلًا لَمْ أَمَسَّهُ حَتَّى آتِيَ بِأَرْبَعَةِ شُهَدَاءَ؟ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «نَعَمْ» قَالَ: كَلَّا وَالَّذِي بَعَثَكَ بِالْحَقِّ إِنْ كُنْتُ لَأُعَاجِلُهُ بِالسَّيْفِ قَبْلَ ذَلِكَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اسْمَعُوا إِلَى مَا يَقُولُ سَيِّدُكُمْ إِنَّهُ لَغَيُورٌ وَأَنَا أَغْيَرُ مِنْهُ وَالله أغير مني» . رَوَاهُ مُسلم

3308. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, सईद बिन अब्बाद रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अगर में किसी आदमी को अपने बीवी के साथ काबिल ए एतराज़ हालत में पाऊ तो क्या मैं इस (आदमी) को हाथ न लगाऊ हत्ता कि मैं चार गवाह लाऊं? रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: हाँ !‘‘ उन्होंने अर्ज़ किया, हरगिज़ नहीं, उस ज़ात की क़सम जिस ने आप को हक़ के साथ मबउस फ़रमाया अगर मेरे साथ ऐसा हुआ तो में इस (गवाही) से पहले ही तलवार के ज़रिए उस का काम तमाम करूँगा | रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अपने सरदार की बात गौर से सुनो क्योंकि वह गैरतमंद शख़्स है और मैं उस से ज़्यादा गैरतमंद हूँ जबकि अल्लाह मुझ से ज़्यादा गैरतमंद है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (16 / 1498)، (3763)

٣٣٠٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ الْمُغِيرَةِ قَالَ: قَالَ سَعْدُ بْنُ عُبَادَةَ: لَوْ رَأَيْتُ رَجُلًا مَعَ امْرَأَتِي لَضَرَبْتُهُ بِالسَّيْفِ غَيْرَ مُصْفِحٍ فَبَلَغَ ذَلِكَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «أَتَعْجَبُونَ مِنْ غَيْرَةِ سَعْدٍ؟ وَاللَّهِ لَأَنَا أَغْيَرُ مِنْهُ وَاللَّهُ أَغْيَرُ مِنِّي وَمِنْ أَجْلِ غَيْرَةِ اللَّهِ حَرَّمَ اللَّهُ الْفَوَاحِشَ مَا ظَهَرَ مِنْهَا وَمَا بَطَنَ وَلَا أَحَدَ أَحَبُّ إِلَيْهِ الْعُذْرُ مِنَ اللَّهِ مِنْ أَجْلِ ذَلِكَ بَعَثَ الْمُنْذِرِينَ وَالْمُبَشِّرِينَ وَلَا أَحَدَ أَحَبُّ إِلَيْهِ الْمِدْحَةُ مِنَ اللَّهِ وَمِنْ أَجْلِ ذَلِكَ وَعَدَ اللَّهُ الْجَنَّةَ»

3309. मुगिरह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, सईद बिन अब्बाद रदियल्लाहु अन्हु ने कहा अगर में अपने बीवी के साथ किसी आदमी को (हालते ज़िना में) देखलूँ तो मैं तलवार की धार के साथ इसे क़त्ल कर दूँ, यह बात रसूलुल्लाह ﷺ तक पहुंची तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम साद की गैरत से ताज्जुब करते हो? अल्लाह की क़सम! मैं उस से ज़्यादा गैरत मंद हो और अल्लाह मुझ से ज़्यादा गैरत मंद है, और अल्लाह ने अपने गैरत ही के बाईस ज़ाहिरी और बातिनी बेहयाई को हराम करार दिया है, और अल्लाह से ज़्यादा कोई शख़्स उज़्र पसंद नहीं करता इसीलिए तो उस ने आगाह करने वाले और खुशखबरी सुनाने वाले (अंबिया (अस)) मबउस फरमाए और अल्लाह से बढ़कर कोई शख़्स मुदह को पसंद नहीं करता, इसीलिए तो अल्लाह ने जन्नत का वादा किया है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (7416) و مسلم (17 / 1499)، (3764)

٣٣١٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم: «إِن اللَّهَ تَعَالَى يَغَارُ وَإِنَّ الْمُؤْمِنَ يَغَارُ وَغَيْرَةُ اللَّهِ أَنْ لَا يَأْتِيَ الْمُؤْمِنُ مَا حَرَّمَ الله»

3310. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह तआला गैरत मंद है और बेशक मोमिन भी गैरत मंद है, और अल्लाह की गैरत यह है कि मोमिन अल्लाह की हराम करदा चिज़ का इर्तिकाब न करे”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5223) و مسلم (36 / 2761)، (6995)

٣٣١١ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ أَنَّ أَعْرَابِيًّا أَتَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: إِنَّ امْرَأَتِي ولدَتْ غُلَامًا أسودَ وَإِنِّي نكرته فَقَالَ لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هَلْ لَكَ مِنْ إِبِلٍ؟» قَالَ: نَعَمْ قَالَ: «فَمَا أَلْوَانُهَا؟» قَالَ: حُمْرٌ قَالَ: «هَلْ فِيهَا مِنْ أَوْرَقَ؟» قَالَ: إِنَّ فِيهَا لَوُرْقًا قَالَ: «فَأَنَّى تُرَى ذَلِكَ جَاءَهَا؟» قَالَ: عِرْقٌ نَزَعَهَا. قَالَ: «فَلَعَلَّ هَذَا عِرْقٌ نَزَعَهُ» وَلَمْ يُرَخِّصْ لَهُ فِي الِانْتِفَاءِ مِنْهُ

3311. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक आराबी रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस ने अर्ज़ किया, मेरी बीवी ने एक सियाह बच्चे को जन्म दिया है, मैंने इसे कबूल करने से इनकार कर दिया, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क्या तेरे पास कुछ ऊंट हैं?” उस ने अर्ज़ किया, हाँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उन के रंग कैसे है?‘‘ उस ने अर्ज़ किया, सुर्ख, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या उनमें कोई खाकी रंग का भी है”, उस ने अर्ज़ किया, उनमें खाकी रंग का भी है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हारे ख़याल में यह कहाँ से आ गया ?” उस ने अर्ज़ किया, (पुरानी) रग इसे ले आई होगी, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मुमकिन है यह भी रग हो जो इसे ले आई हो”, और आप ने इसे इस बच्चे से इनकार की इजाज़त नहीं दी| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (7314) و مسلم (1500)، (3766)

٣٣١٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: كَانَ عُتْبَةُ بْنُ أَبِي وَقَّاصٍ عَهِدَ إِلَى أَخِيهِ سَعْدِ بْنِ أَبِي وَقَّاصٍ: أَنَّ ابْنَ وَلِيدَةِ زَمْعَةَ مِنِّي فَاقْبِضْهُ إِلَيْكَ فَلَمَّا كَانَ عَامُ الْفَتْحِ أَخَذَهُ سَعْدٌ فَقَالَ: إِنَّهُ ابْنُ أَخِي وَقَالَ عَبْدُ بْنُ زَمْعَةَ: أَخِي فَتَسَاوَقَا إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ سَعْدٌ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ أَخِي كَانَ عَهِدَ إِلَيَّ فِيهِ وَقَالَ عَبْدُ بْنُ زَمْعَةَ: أَخِي وَابْن وليدة أَبِي وُلِدَ على فراشه فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هُوَ لَكَ يَا عَبْدُ بْنَ زَمْعَةَ الْوَلَدُ لِلْفِرَاشِ وَلِلْعَاهِرِ الْحَجَرُ» ثُمَّ قَالَ لِسَوْدَةَ بِنْتِ زَمْعَةَ: «احْتَجِبِي مِنْهُ» لِمَا رَأَى مِنْ شَبَهِهِ بِعُتْبَةَ فَمَا رَآهَا حَتَّى لَقِيَ اللَّهَ وَفِي رِوَايَةٍ: قَالَ: «هُوَ أَخُوكَ يَا عَبْدُ بْنَ زَمْعَةَ مِنْ أَجْلِ أَنَّهُ وُلِدَ عَلَى فِرَاشِ أَبِيهِ»

3312. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, उत्बा बिन अबी वकास ने अपने भाई सअद बिन अबी वकास रदियल्लाहु अन्हु को वसीयत की के जमअत की लौंडी का लड़का मेरा है, तुम उसे अपने कब्ज़े में ले लेना, चुनांचे जब फतह मक्का का साल हुआ तो साद रदियल्लाहु अन्हु ने इसे ले लिया और कहा: यह मेरा भतीजा है, और अब्द बिन जमअत ने कहा: यह मेरा भाई है, वह दोनों रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए, सअद रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मेरे भाई ने इस (बच्चे) के बारे में मुझे वसीयत की थी, और अब्द बिन जमअत ने अर्ज़ किया, यह मेरा भाई हैं और मेरे वालिद की लौंडी का बेटा है, उस के बिस्तर पर पैदा हुआ है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अब्द बिन जमअत बच्चा तुम्हें मिलेगा क्योंकि बच्चा इसी का होता है जिसके बिस्तर पर पैदा हुआ हो, जबकि ज़ानि के लिए पत्थर (यानी रजम) है”, फिर आप ﷺ ने सवदा बिन्ते जमअत रदियल्लाहु अन्हु से फ़रमाया: “उस से परदा किया करो”, आप ﷺ ने यह तब फ़रमाया जब आप ने इस लड़के की उत्बा से मुशाबिहत देखी, उस के बाद उस ने सवदा रदियल्लाहु अन्हा को ता दम ज़ईष्ट नहीं देखा, और एक रिवायत में है आप ﷺ ने फ़रमाया: “अब्द बिन जमअत वह तुम्हारा भाई है, इसलिए के वह उस के वालिद के बिस्तर पर पैदा हुआ है| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2745 ، 4303) و مسلم (36 / 1457)، (3613)

٣٣١٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهَا قَالَتْ: دَخَلَ عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ذَاتَ يَوْمٍ وَهُوَ مَسْرُورٌ فَقَالَ: " أَيْ عَائِشَةُ أَلَمْ تَرَيْ أَنَّ مُجَزِّزًا الْمُدْلِجِيَّ دَخَلَ فَلَمَّا رَأَى أُسَامَةَ وَزَيْدًا وَعَلَيْهِمَا قطيفةٌ قد غطيَّا رؤوسَهُما وَبَدَتْ أَقْدَامُهُمَا فَقَالَ: إِنَّ هَذِهِ الْأَقْدَامَ بَعْضُهَا من بعضٍ "

3313. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, एक रोज़ रसूलुल्लाह ﷺ बड़े खुश खुश मेरे पास तशरीफ़ लाए और फ़रमाया: “आइशा क्या तुझे मालुम नहीं के मुजज्ज़िा मुद्लिजा आया हुआ है जब उस ने उसामा और ज़ैद रदियल्लाहु अन्हुमा को इस हाल में देखा की इन दोनों पर एक चादर थी और उन्होंने अपने सरो को उस से ढांप रखा था और उन के पाँव नंगे थे उस ने कहा यह पाँव एक दूसरे से है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6771) و مسلم (38 / 1459)، (3617)

٣٣١٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ سَعْدِ بْنِ أَبِي وَقَّاصٍ وَأَبِي بَكْرَةَ قَالَا: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنِ ادَّعَى إِلَى غَيْرِ

أَبِيهِ وَهُوَ يَعْلَمُ أَنَّهُ غَيْرُ أَبِيهِ فَالْجَنَّةُ عَلَيْهِ حرَام»

3314. सअद बिन अबी वक़ास रदियल्लाहु अन्हु और अबू बकरह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने जानते बुजते अपने आप को अपने बाप के अलावा किसी और की तरफ मंसूब किया तो ऐसे शख़्स पर जन्नत हराम है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6766) و مسلم (115 / 63)، (220)

٣٣١٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَرْغَبُوا عَنْ آبَائِكُمْ فَمَنْ رَغِبَ عَنْ أَبِيهِ فقد كفر»»» وَذُكِرَ حَدِيثُ عَائِشَةَ «مَا مِنْ أَحَدٍ أَغْيَرُ من الله» فِي «بَاب صَلَاة الخسوف»

3315. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अपने आबाअ से बे रगबत व एअराज़ न करो, क्योंकि जिस शख़्स ने अपने बाप से एअराज़ किया (और अपने आप को किसी और की तरफ मंसूब किया) उस ने कुफ्र किया”| # आइशा (रअ) से मरवी हदीस: “अल्लाह से बढ़कर कोई गैरत मंद नहीं” सलात अल खलस के बाब में ज़िक्र की गई है (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6768) و مسلم (113 / 62)، (218) 0 حدیث عائشة : ما من احد اغیر من الله ، تقدم (1483)

بَاب اللّعان • लिआन का बयान

الْفَصْلُ الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٣١٦ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّهُ سَمِعَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ لَمَّا نَزَلَتْ آيَةُ الْمُلَاعَنَةِ: «أَيُّمَا امْرَأَةٍ أَدْخَلَتْ عَلَى قَوْمٍ مَنْ لَيْسَ مِنْهُمْ فَلَيْسَتْ مِنَ اللَّهِ فِي شَيْءٍ وَلَنْ يُدْخِلَهَا اللَّهُ جَنَّتَهُ وَأَيُّمَا رَجُلٍ جَحَدَ وَلَدَهُ وَهُوَ يَنْظُرُ إِلَيْهِ احْتَجَبَ اللَّهُ مِنْهُ وفضَحهُ على رؤوسِ الْخَلَائِقِ فِي الْأَوَّلِينَ وَالْآخِرِينَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيّ والدارمي

3316. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि जब लिआन के मुतल्लिक आयत नाज़िल हुई तो उन्होंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो औरत बच्चे को ऐसी कौम में दाखिल कर दे जिस से उनका नाता नहीं अल्लाह के नज़दीक इस औरत की कोई इज्ज़त नहीं और वह इसे जन्नत में दाखिल नहीं फरमाएगा, और जो शख़्स अपने बच्चे का इनकार कर दे हालाँकि इसे मालुम है के यह बच्चा इसी का है, अल्लाह उस से हिजाब फरमा लेगा और उस को तमाम अव्वल व आख़िर पूरी मखलूक के सामने रुसवा कर देगा”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2263) و النسائی (6 / 179 ح 3511) و الدارمی (2 / 153 ح 2244)

٣٣١٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: إِن لِي امْرَأَةً لَا تَرُدُّ يَدَ لَامِسٍ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «طَلِّقْهَا» قَالَ: إِنِّي أُحِبُّها قَالَ: «فأمسِكْهَا إِذا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَقَالَ النَّسَائِيُّ: رَفَعَهُ أَحَدُ الرُّوَاةِ إِلَى ابْنِ عَبَّاسٍ وَأَحَدُهُمْ لَمْ يرفعهُ قَالَ: وَهَذَا الحَدِيث لَيْسَ بِثَابِت

3317. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, एक आदमी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस ने अर्ज़ किया: मेरी बीवी है जो किसी छुने वाले का हाथ नहीं रोकती, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “इसे तलाक दे दो”, उस ने अर्ज़ किया, मैं उस से मुहब्बत करता हूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “फिर इसे अपने निकाह में रख”, और इमाम नसई रहिमहुल्लाह ने फ़रमाया: किसी रावी ने इसे इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से मरफ़ुअ नकल किया है और किसी ने मर्फ़ुअन ज़िक्र नहीं किया, चुनांचे इमाम नसई कहते हैं यह हदीस साबित नहीं| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (2049) و النسائى (6 / 169170 ح 34943495) * سند المرفوع صحيح و اعل بما لا يقدح

٣٣١٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قضى أَن كل مستحلق استحلق بَعْدَ أَبِيهِ الَّذِي يُدْعَى لَهُ ادَّعَاهُ وَرَثَتُهُ فَقَضَى أَنَّ كُلَّ مَنْ كَانَ مِنْ أَمَةٍ يملكهَا يَوْم أَصَابَهَا فقد لحق بِمن استحلقه وَلَيْسَ لَهُ مِمَّا قُسِمَ قَبْلَهُ مِنَ الْمِيرَاثِ شَيْءٌ وَمَا أَدْرَكَ مِنْ مِيرَاثٍ لَمْ يُقْسَمْ فَلَهُ نَصِيبُهُ وَلَا يَلْحَقُ إِذَا كَانَ أَبُوهُ الَّذِي يُدْعَى لَهُ أَنْكَرَهُ فَإِنْ كَانَ مِنْ أَمَةٍ لم يَمْلِكْهَا أَو من حُرَّةٍ عَاهَرَ بِهَا فَإِنَّهُ لَا يَلْحَقُ بِهِ وَلَا يَرِثُ وَإِنْ كَانَ الَّذِي يُدْعَى لَهُ هُوَ الَّذِي ادَّعَاهُ فَهُوَ وَلَدُ زِنْيَةٍ مِنْ حُرَّةٍ كَانَ أَوْ أَمَةٍ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3318. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से नकल करते हैं की नबी ए करीम ﷺ ने इस बच्चे की बाबत फैसला सादिर फ़रमाया जिसे उस के बाप के मरने के बाद उस के वारिसो में शामिल किया गया हो, अगर वह बच्चा ऐसी लौंडी का है के मरने वाले शख़्स ने इस लौंडी से इस वक़्त हम बिस्तरी की थी जब वह इस लौंडी का मालिक था तो वह बच्चा उस के वुरसा में शामिल है उस के पैदा होने से पहले जो विरासत तकसीम हो चुकी उस से वह महरूम रहेगा अलबत्ता पैदा होने के वक़्त जो तर्के मौजूद था उस में से इसे हिस्सा मिलेगा (जिस बच्चे को शामिल किया जा रहा है) अगर उस के वालिद ने मरने से कबल इसे कबूल करने से इनकार कर दिया था तो फिर इस बच्चे को वुरसा में शामिल नहीं किया जाएगा, अगर वह बच्चा ऐसी लौंडी से है जिस का वह मय्यत मालिक नहीं था या वह ऐसी आज़ाद औरत से जो उस के निकाह में न थी तो इस बच्चे को मय्यत की नसब में शामिल नहीं किया जाएगा लिहाज़ा वह बच्चा मय्यत का वारिस नहीं बनेगा, अगरचे इस बच्चे को खुद मय्यत ने अपना बेटा ही क्यों न करार दिया हो क्योंकि वह ज़िना की पैदावार है ख्वाँ लौंडी से हो या आज़ाद औरत से हो”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2265)

٣٣١٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن جابرِ بن عتيكٍ أَنَّ نَبِيَّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ الْغَيْرَةِ مَا يُحِبُّ اللَّهُ وَمِنْهَا مَا يُبْغِضُ اللَّهُ فَأَمَّا الَّتِي يُحِبُّهَا اللَّهُ فَالْغَيْرَةُ فِي الرِّيبَةِ وَأَمَّا الَّتِي يُبْغِضُهَا اللَّهُ فَالْغَيْرَةُ فِي غَيْرِ رِيبَةٍ وَإِنَّ مِنَ الْخُيَلَاءِ مَا يُبْغِضُ اللَّهُ

وَمِنْهَا مَا يُحِبُّ اللَّهُ فَأَمَّا الْخُيَلَاءُ الَّتِي يُحِبُّ اللَّهُ فَاخْتِيَالُ الرَّجُلِ عِنْدَ الْقِتَالِ وَاخْتِيَالُهُ عِنْدَ الصَّدَقَةِ وَأَمَّا الَّتِي يُبْغِضُ اللَّهُ فَاخْتِيَالُهُ فِي الْفَخْرِ» وَفِي رِوَايَةٍ: «فِي الْبَغْيِ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ

3319. जाबिर बिन अतीक रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: "गैरत की एक किस्म ऐसी है जिसे अल्लाह पसंद करता है और एक किस्म ऐसी है जिसे अल्लाह पसंद नहीं फरमाता, रही वह जिसे अल्लाह पसंद फरमाता है, वह है जो मक़ाम शक में हो, और रही वह जिसे अल्लाह नापसंद फरमाता है वह गैरत है जो गैर शक (गुमान) में हो और फख्र की एक ऐसी किस्म है जिसे अल्लाह नापसंद करता है, और एक ऐसी किस्म है जिसे अल्लाह पसंद फरमाता है, रहा वह फख्र जिसे अल्लाह पसंद फरमाता है के आदमी का किताल, जिहाद और सदका के वक़्त फख्र करना है और रहा वह जिसे अल्लाह नापसंद फरमाता है तो वह नसब में फख्र करना है" और दूसरी रिवायत में है: "ज़ुल्म में फख्र करना"| (हसन)

حسن ، رواه احمد (5 / 445 ، 446 ح 24148 ، 24149 ، 24153) و ابوداؤد (2659) و النسائی (5 / 7879 ح 2559)

بَاب اللّعان • लिआन का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٣٢٠ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: قَامَ رَجُلٌ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ فَلَانًا ابْنِي عَاهَرْتُ بِأُمِّهِ فِي الْجَاهِلِيَّةِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ [ص:٩٩] صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا دِعْوَةَ فِي الْإِسْلَامِ ذَهَبَ أَمْرُ الْجَاهِلِيَّةِ الْوَلَدُ لِلْفِرَاشِ وَلِلْعَاهِرِ الْحَجَرُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3320. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, के एक आदमी खड़ा हुआ और उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! फलां मेरा बेटा है, मैंने दौरे जाहिलियत में उसकी माँ से ज़िना किया था, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "इस्लाम में (बच्चे का) दावा नहीं, जाहिलियत का मुआमला ख़तम हो गया, बच्चा साहबे बिस्तर के लिए है और ज़ानि के लिए पत्थर (रजम या महरूमी) है"| (हसन)

اسنادہ حسن ، رواہ ابوداؤد (2274)

٣٣٢١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " أَرْبَعٌ مِنَ النِّسَاءِ لَا مُلَاعَنَةَ بَيْنَهُنَّ: النَّصْرَانِيَّةُ تَحْتَ الْمُسْلِمِ وَالْيَهُودِيَّةُ تَحْتَ الْمُسْلِمِ وَالْحُرَّةُ تَحْتَ الْمَمْلُوكِ وَالْمَمْلُوكَةُ تَحْتَ الْحُرِّ ". رَوَاهُ ابْنُ مَاجَه

3321. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की नबी ﷺ ने फ़रमाया: "चार किस्म की औरतो के दरमियान कोई लिआन नहीं, नसरानी औरत मुसलमान के निकाह में हो, यहूदी औरत

मुसलमान के निकाह में हो, आज़ाद औरत ममलुक के निकाह में हो, और ममलुक औरत आज़ाद के निकाह में हो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جدًا ، رواه ابن ماجه (2071) * فيه عثمان بن عطاء الخراسانى قال فيه الدارقطنى :’’ هو ضعيف الحديث جدًا ‘‘ (3 / 163164) وله متابعة مردودة

٣٣٢٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَمَرَ رَجُلًا حِينَ أَمَرَ الْمُتَلَاعِنَيْنِ أَنْ يَتَلَاعَنَا أَنْ يَضَعَ يَدَهُ عِنْدَ الْخَامِسَةِ عَلَى فِيهِ وَقَالَ: «إِنَّهَا مُوجِبَةٌ» . رَوَاهُ النَّسَائِيُّ

3322. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने एक आदमी को इस वक़्त हुक्म फ़रमाया, जब आप ने दो लिआन करने वालो को लिआन करने का हुक्म दिया था के वह (आदमी) पाँचवीं शहादत के वक़्त इस (लिआन करने वाले) के मुंह पर हाथ रख दे, और आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्योंकि वह (पांचवी गवाही) वाजिब करने वाली है”| (सहीह)

صحيح ، رواه النسائى (6 / 175 ح 3502)

٣٣٢٣ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خَرَجَ مِنْ عِنْدِهَا لَيْلًا قَالَتْ: فَغِرْتُ عَلَيْهِ فَجَاءَ فَرَأَى مَا أَصْنَعُ فَقَالَ: «مَا لَكِ يَا عَائِشَةُ أَغِرْتِ؟» فَقُلْتُ: وَمَا لِي؟ لَا يَغَارُ مِثْلِي عَلَى مِثْلِكَ؟ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَقَدْ جَاءَكِ شَيْطَانُكِ» قَالَتْ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَمْعِي شَيْطَانٌ؟ قَالَ: «نَعَمْ» قُلْتُ: وَمَعَكَ يَا رَسُولَ الله؟ قَالَ: «نعم وَلَكِن أعانني علَيهِ حَتَّى أسلَمَ» . رَوَاهُ مُسلم

3323. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ एक रात मेरे पास से तशरीफ़ ले गए आप के तशरीफ़ ले जाने पर में जज़्बाती हुई, चुनांचे आप थोड़ी देर बाद तशरीफ़ लाए और आप ﷺ ने मेरी हालत देखी तो फ़रमाया: “आइशा क्या हुआ, क्या तुम जज़्बाती हो गई हो?” मैंने अर्ज़ किया: मुझे क्या है की मुझ जैसी को आप जैसे की अदम मौजूदगी जज़्बाती न करे? रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम्हारे पास तुम्हारा शैतान आया है”, उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या मेरे साथ शैतान है? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ !‘‘ मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! क्या आप के साथ भी है? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ, लेकिन अल्लाह ने उस के खिलाफ मेरी इआनत फरमाई हत्ता कि मैं उस से महफ़ूज़ रहता हो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (70 / 2815)، (7110)

بَاب الْعدة • इद्दत का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٣٣٢٤ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي سَلَمَةَ عَنْ فَاطِمَةَ بِنْتِ قَيْسٍ: أَنَّ أَبَا عَمْرِو بْنَ حَفْصٍ طَلَّقَهَا الْبَتَّةَ وَهُوَ غَائِبٌ فَأَرْسَلَ إِلَيْهَا وَكِيلُهُ الشَّعِيرَ فَسَخِطَتْهُ فَقَالَ: وَاللَّهِ مَا لَكِ عَلَيْنَا مِنْ شَيْءٍ فَجَاءَتْ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَذَكَرْتُ ذَلِكَ لَهُ فَقَالَ: «لَيْسَ لَكِ نَفَقَةٌ» فَأَمَرَهَا أَنْ تَعْتَدَّ فِي بَيْتِ أُمِّ شَرِيكٍ ثُمَّ قَالَ: «تِلْكِ امْرَأَةٌ يَغْشَاهَا أَصْحَابِي اعْتَدِّي عِنْدَ ابْنِ أُمِّ مَكْتُومٍ فَإِنَّهُ رَجُلٌ أَعْمَى تَضَعِينَ ثِيَابَكِ فَإِذَا حَلَلْتِ فَآذِنِينِي» . قَالَتْ: فَلَمَّا حَلَلْتُ ذَكَرْتُ لَهُ أَنَّ مُعَاوِيَةَ بْنَ أَبِي سُفْيَانَ وَأَبَا جَهْمٍ خَطَبَانِي فَقَالَ: «أَمَّا أَبُو الْجَهْمِ فَلَا يَضَعُ عَصَاهُ عَنْ عَاتِقِهِ وَأَمَّا مُعَاوِيَةُ فَصُعْلُوكٌ لَا مَالَ لَهُ انْكِحِي أُسَامَةَ بْنَ زَيْدٍ» فَكَرِهْتُهُ ثُمَّ قَالَ: «انْكِحِي أُسَامَةَ» فَنَكَحْتُهُ فَجَعَلَ اللَّهُ فِيهِ خَيْرًا وَاغْتَبَطْتُ وَفِي رِوَايَةٍ عَنْهَا: «فَأَمَّا أَبُو جَهْمٍ [ص:٩٩ فَرَجُلٌ ضَرَّابٌ لِلنِّسَاءِ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ وَفِي رِوَايَةٍ: أَنَّ زَوْجَهَا طَلَّقَهَا ثَلَاثًا فَأَتَتِ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «لَا نَفَقَةَ لَكِ إِلَّا أَنْ تَكُونِي حَامِلا»

3324. अबू सलमा, फ़ातिमा बिन्ते कैस से रिवायत करते हैं की अबू अम्र बिन हफ्स ने उन्हें आखिरी तलाक इस वक़्त दी जब वह मदीना मुनव्वरा से बाहर थे, चुनांचे अबू अम्र बिन हफ्स के वकील ने वह “जौ‘‘ फ़ातिमा के सुपुर्द कर दिए जो अबू अम्र ने इन के लिए भेजे थे वह उस से नाराज़ हो गई, उस पर (ऊस के वकील) ने कहा अल्लाह की क़सम! तुम्हारा हम पर कोई हक़ नहीं, चुनान्चे वह रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई और आप से उस का तज़किरह किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हारे लिए कोई नफ्का नहीं, आप ﷺ ने उन्हें उम्म शरीक के घर इद्दत्त गुज़ार ने का हुक्म फ़रमाया, फिर फ़रमाया: “वो ऐसी खातून है, के मेरे सहाबा उस के पास आते जाते हैं, लिहाज़ा तुम इब्ने उम्म मक्तूम रदियल्लाहु अन्हु के यहाँ इद्दत्त गुज़ार , क्योंकि वह नाबीना शख़्स है, तुम अपने मामूल के कपड़े पहन कर रह सकती हो, जब तुम इद्दत्त गुज़ार लो तो मुझे मुत्तिला करना”, फ़ातिमा बिन्ते कैस रदियल्लाहु अन्हा कहती है जब मैंने इद्दत्त गुज़ार ली तो मैंने आप को बताया की मुआविया बिन अबी सुफियान रदियल्लाहु अन्हुमा और अबू जहम रदियल्लाहु अन्हु ने मुझे पैग़ामे निकाह भेजा है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अबू जहम वह तो अपने लाठी अपने कंधे से नहीं उतारता (सख्त मिज़ाज है) , और रहा मुआविया वह तो फ़क़ीर आदमी है, उस के पास कोई माल नहीं, तुम उसामा बिन ज़ैद से निकाह कर लो”, मैंने इसे नापसंद किया, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “उसामा से निकाह कर लो”, मैंने उस से निकाह कर लिया अल्लाह ने उस में खैर फरमा दी, और मैं काबिले रश्क बन गई, और इन्ही से एक रिवायत में है: “अबू जहम! वह तो औरतो को बहोत मारने वाला है”| और एक रिवायत में है की उस के खाविंद ने जब इसे तीन तलाके दे दी तो वह नबी ﷺ की खिदमत में आइ तो आप ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: “तुम्हारे लिए सिर्फ हामिला होने की सूरत में नफ्का है वैसे कोई नफ्का नहीं‘‘| (मुस्लिम)

رواه مسلم (36 / 1480)، (3697)

٣٣٢٥ - (صَحِيح) وَعَن عائشة قَالَتْ: إِنَّ فَاطِمَةَ كَانَتْ فِي مَكَانٍ وَحِشٍ فَخِيف عَلَى نَاحِيَتِهَا فَلِذَلِكَ رَخَّص لَهَا

النَّبِيُّ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم تَعْنِي النُّقْلَةِ وَفِي رِوَايَةٍ: قَالَتْ: مَا لِفَاطِمَةَ؟ أَلَا تَتَّقِي اللَّهَ؟ تَعْنِي فِي قَوْلِهَا: لَا سُكْنَى وَلَا نَفَقَة. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3325. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, कि फ़ातिमा एक बे आबाद घर में थी, उन के मुतल्लिक अंदेशा महसूस किया गया इसीलिए नबी ﷺ ने उन्हें रुखसत इनायत फरमाई, यानी आइशा रदियल्लाहु अन्हा की मुराद यह है कि इसलिए आप ﷺ ने उन्हें (अपने घर से) मुन्तकिल होने की इजाज़त दी, और एक दूसरी रिवायत में है, आइशा रदियल्लाहु अन्हा ने कहा फ़ातिमा रदियल्लाहु अन्हा को क्या हो गया वह अल्लाह से क्यों नहीं डरती जब वह यह कहती है के मुतल्का सलासा के लिए, सुकूनत है और न खर्च| (बुखारी)

رواه البخاری (5325)

٣٣٢٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن سعيدِ بنِ المسيِّبِ قَالَ: إِنَّمَا نُقِلَتْ فَاطِمَةُ لِطُولِ لِسَانِهَا عَلَى أحمائِها. رَوَاهُ فِي شرح السّنة

3326. सईद बिन मुसय्यिब बयान करते हैं, फ़ातिमा (बिन्ते कैस (रअ)) को महज़ इसलिए मुन्तकिल किया गया के वह अपने (खाविंद के) अकारिब पर ज़ुबान दराज़ी करती थी| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البغوی فی شرح السنة (9 / 294 بعد ح 2384 بلا سند) [و ابوداؤد (2296 و سنده ضعيف) و الشافعی فی الام (7 / 474)] * سعيد بن المسيب لم يذكر من حدثه بهذا فقوله هاهنا مردود

٣٣٢٧ - (صَحِيح) وَعَن جابرٍ قَالَ: طُلِّقَتْ خَالَتِي ثَلَاثًا فَأَرَادَتْ أَنْ تَجُدَّ نَخْلَهَا فَزَجَرَهَا رَجُلٌ أَنْ تَخْرُجَ فَأَتَتِ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «بَلَى فَجُدِّي نَخْلَكِ فَإِنَّهُ عَسَى أَنْ تَصَّدَّقِي أَوْ تَفْعَلِي مَعْرُوفا» . رَوَاهُ مُسلم

3327. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मेरी खाला को तीन तलाके दी गई, उन्होंने अपने खजूरे तोड़ने का इरादा किया तो एक आदमी ने उन्हें घर से निकलने से मना किया तो वह नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई और वाकिया बयान किया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्यों नहीं तुम अपने खजूरे तोड़ो क्योंकि उम्मीद है के तुम सदका करोगी या कोई भलाई व नेकी का काम करोगी”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (55 / 1483)، (3721)

٣٣٢٨ - (صَحِيح) وَعَنِ الْمِسْوَرِ بْنِ مَخْرَمَةَ: أَنَّ سُبَيْعَةَ الْأَسْلَمِيَّةَ نُفِسَتْ بَعْدَ وَفَاةِ زَوْجِهَا بِلَيَالٍ فَجَاءَتِ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَاسْتَأْذَنَتْهُ أَنْ تَنْكِحَ فَأَذِنَ لَهَا فنكحت. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3328. मिस्वर बिन मखरम रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के सुबयअत अल सल्मियत ने अपने खाविंद की

वफात के चंद दिन बाद बच्चे को जन्म दिया, फिर वह नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई ताकि आप से निकाह करने की इजाज़त तलब करे, आप ने उन्हें इजाज़त अता फरमा दि और उन्होंने निकाह कर लिया| (बुखारी)

رواه البخاری (4909)

٣٣٢٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أمِّ سلمة قَالَتْ: جَاءَتِ امْرَأَةٌ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَتْ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ ابْنَتِي تُوُفِّيَ عَنْهَا زَوْجُهَا وَقَدِ اشْتَكَتْ عَيْنُهَا أَفَنَكْحُلُهَا؟ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا» مَرَّتَيْنِ أَوْ ثَلَاثًا كُلُّ ذَلِكَ يَقُولُ: «لَا» قَالَ: «إِنَّمَا هِيَ أَرْبَعَةُ أَشْهُرٍ وعشرٌ وَقد كَانَت إِحْدَاهُنَّ فِي الجاهليَّةِ تَرْمِي [ص:٩٩ بِالْبَعْرَةِ عَلَى رَأْسِ الْحَوْلِ»

3329. उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, एक औरत नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मेरी बेटी का खाविंद फौत हो गया है, और उसकी आँख में तकलीफ है, क्या मैं उसकी आँख में सुरमा लगा दू? रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “नहीं ?” दो बार या तीन बार, आप ﷺ हर बार यही फरमाते: “नहीं ?” फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो (इद्दत) चार माह दस दिन है? जबकि दौरे जाहिलियत में तुम में से हर कोई साल के इख्तिताम पर ऊंट की मेंदगी फेंकती थी”(एक साल बाद इद्दत ख़तम होती थी) | (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5336) و مسلم (1488)، (3727)

٣٣٣٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَمِّ حَبِيبَةَ وَزَيْنَبَ بِنْتِ جحش عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا يَحِلُّ لِامْرَأَةٍ تُؤْمِنُ بِاللَّهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ أَنْ تُحِدَّ عَلَى مَيِّتٍ فَوْقَ ثَلَاثِ لَيَالٍ إِلَّا عَلَى زَوْجٍ أَرْبَعَةَ أَشْهُرٍ وَعَشْرًا»

3330. उम्मे हबीबा, और जैनब बिन जहश रदियल्लाहु अन्हुमा रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करती हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह और आखिरत के दिन पर ईमान रखने वाली औरत के लिए हलाल नहीं के वह खाविंद की वफात पर चार माह दस दिन के सोग के अलावा किसी और मय्यत पर तीन दिन से इज़ाफ़ी (ज़्यादा) सोग करे”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (53345335) و مسلم (58 / 1486)، (3725)

٣٣٣١ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أمِّ عطيَّةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا تُحِدُّ امْرَأَةٌ عَلَى مَيِّتٍ فَوْقَ ثَلَاثٍ إِلَّا عَلَى زَوْجٍ أَرْبَعَةَ أَشْهُرٍ وَعَشْرًا وَلَا تَلْبَسُ ثَوْبًا مَصْبُوغًا إِلَّا ثَوْبَ عَصْبٍ وَلَا تكتحِلُ وَلَا تَمَسُّ طِيبًا إِلَّا إِذَا طَهُرَتْ نُبْذَةً مِنْ قُسْطٍ أَوْ أَظْفَارٍ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَزَادَ أَبُو دَاوُدَ: «وَلَا تختضب»

3331. उम्म अतिया रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कोई औरत किसी मय्यत

पर तीन दिन से इज़ाफ़ी (ज़्यादा) सोग न करे, अलबत्ता खाविंद पर चार माह दस दिन का सोग करे, और वह यमनी लकीर दार चादर के सिवा रंगे हुए कपड़े भी न पहने, न सुरमा डाले और न खुशबू लगाए अलबत्ता जब वह हैज़ से पाक हो जाए तो फिर कुस्त या इज़्फ़ार की मामूली सी खुशबू लगा ले”| बुखारी, मुस्लिम| और अबू दावुद ने यह इज़ाफा नकल किया है: “वो महंदी न लगाए”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5342) ومسلم (66 / 938)، (3740) و ابوداؤد (2302)

بَاب الْعدة • इद्दत का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٣٣٢ - (لم تتمّ دراسته) عَن زَيْنَب بنت كَعْب: أَنَّ الْفُرَيْعَةَ بِنْتَ مَالِكِ بْنِ سِنَانٍ وَهِيَ أُخْتُ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ أَخْبَرَتْهَا أَنَّهَا جَاءَتْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تَسْأَلُهُ أَنْ تَرْجِعَ إِلَى أَهْلِهَا فِي بَنِي خُدْرَةَ فَإِنَّ زَوْجَهَا خَرَجَ فِي طَلَبِ أَعْبُدٍ لَهُ أَبَقُوا فَقَتَلُوهُ قَالَتْ: فَسَأَلْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ أَرْجِعَ إِلَى أَهْلِي فَإِنَّ زَوْجِي لَمْ يَتْرُكْنِي فِي مَنْزِلٍ يَمْلِكُهُ وَلَا نَفَقَةٍ فَقَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «نَعَمْ» . فَانْصَرَفْتُ حَتَّى إِذَا كُنْتُ فِي الْحُجْرَةِ أَوْ فِي الْمَسْجِدِ دَعَانِي فَقَالَ: «امْكُثِي فِي بَيْتِكِ حَتَّى يَبْلُغَ الْكِتَابُ أَجَلَهُ» . قَالَتْ: فَاعْتَدَدْتُ فِيهِ أَرْبَعَةَ أَشْهُرٍ وَعَشْرًا. رَوَاهُ مَالِكٌ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ

3332. ज़ैनब बिन्ते काब से रिवायत है के अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु की बहन फुरीअत बिन्ते मालिक बिन सुनान ने उन्हें बताया की वह रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई ताकि वह अपने कबिले बनू खुदरी में अपने घर चली जाए, क्योंकि उस का शोहर अपने मफरुर गुलामो की तलाश में निकला था जिसे उन गुलामो ने क़त्ल कर दिया था, वह बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया की मैं अपने घरवालो के पास चली जाऊ क्योंकि मेरे शोहर ने ने तो अपना ज़ाती घर छोड़ा है और न नफ्का, वह बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: हाँ”, मैं वापस मुड़ी हत्ता कि जब हुजरे में थी या मस्जिद में थी तो आप ﷺ ने मुझे बुलाया और फ़रमाया: “अपने घर में रहो हत्ता के इद्दत पूरी हो जाए”, वह बयान करती हैं, मैंने वहां चार माह दस दिन इद्दत गुज़ारी| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه مالک (2 / 591 ح 1290) و الترمذی (1204 وقال : حسن صحیح) و ابوداؤد (2300) و النسائی (6 / 199200 ح 35583560) و ابن ماجه (2031) و الدارمی (2 / 168 ح 2292) [و اخطا من ضعفه]

٣٣٣٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أُمِّ سلمَةَ قَالَتْ: دَخَلَ عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حِينَ تُوُفِّيَ أَبُو سَلَمَةَ وَقَدْ جعلتُ عليَّ صَبِراً فَقَالَ: «مَا هَذَا يَا أُمَّ سَلَمَةَ؟» . قُلْتُ: إِنَّمَا هُوَ صَبِرٌ لَيْسَ فِيهِ طِيبٌ فَقَالَ: «إِنَّهُ يَشُبُّ الْوَجْهَ فَلَا تَجْعَلِيهِ إِلَّا بِاللَّيْلِ وَتَنْزِعِيهِ بِالنَّهَارِ وَلَا تَمْتَشِطِي بِالطِّيبِ وَلَا بِالْحِنَّاءِ فَإِنَّهُ خضاب» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3333. उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब अबू सलमा रदियल्लाहु अन्हु फौत हुए तो रसूलुल्लाह ﷺ मेरे पास तशरीफ़ लाए तो मैंने एयलिया का अर्क लगाया हुआ था, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उम्म सलमा यह क्या है?” मैंने अर्ज़ किया: यह तो एयलिया का अर्क है! उस में कोई खुशबू नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये चेहरे को चमका देता है,इसे रात के वक़्त लगा लिया करो और दिन के वक़्त साफ़ कर दिया करो, खुशबू लगा कर कंघी भी न करो और न महंदी लगा कर कंघी करो, क्योंकि वह रंग है” मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मैं किसी चीज़ के साथ कंघी करू? आप ﷺ ने फ़रमाया: “बैरी (के पत्तो) के साथ तुम अपने सर पर उनकी लेप कर लिया करो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2305) و النسائی (6 / 204 ح 3567) * ام حکیم : لا یعرف حالها و المغیرة بن الضحاک : مستور

٣٣٣٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهَا عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «المُتوَفّى عَنْهَا زوجُها لَا تَلبسُ المُعَصفرَ مِنَ الثِّيَابِ وَلَا الْمُمَشَّقَةَ وَلَا الْحُلِيَّ وَلَا تَخْتَضِبُ وَلَا تَكْتَحِلُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ

3334. उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा नबी ﷺ से रिवायत करती हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस औरत का खाविंद फौत हो जाए तो वह न तो ज़र्द रंग के कपड़े पहने और न सुर्ख रंग के और न वह ज़ेवर पहने और ना रंग लगाए और ना ही सुरमा लगाए”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2304) و النسائی (6 / 203 ح 3565)

इद्दत का बयान • بَاب الْعدة

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٣٣٣٥ - (لم تتمّ دراسته) عَن سُليمانَ بنِ يَسارٍ: أَنَّ الْأَحْوَصَ هَلَكَ بِالشَّامِ حِينَ دَخَلَتِ امْرَأَتُهُ فِي الدَّمِ مِنَ الْحَيْضَةِ الثَّالِثَةِ وَقَدْ كَانَ طَلَّقَهَا فَكَتَبَ مُعَاوِيَةُ بْنُ أَبِي سُفْيَانَ إِلَى زَيْدِ بْنِ ثَابِتٍ يَسْأَلُهُ عَنْ ذَلِكَ فَكَتَبَ إِلَيْهِ زِيدٌ: إِنَّهَا إِذَا دَخَلَتْ فِي الدَّمِ مِنَ الْحَيْضَةِ الثَّالِثَةِ فَقَدْ بَرِئَتْ مِنْهُ وَبَرِئَ مِنْهَا لَا يرِثُها وَلَا ترِثُه. رَوَاهُ مَالك

3335. सुलेमान बिन यस्सार से रिवायत है के अह्वस ने शाम में इस वक़्त वफात पाई जब उसकी बीवी को (तलाक के बाद) तीसरा हैज़ शुरू हो चूका था, वह इसे तलाक दे चूका था, मुआविया बिन अबी सुफियान ने इस बारे में मसअला दरियाफ्त करने के लिए ज़ैद बिन साबित रदियल्लाहु अन्हु के नाम ख़त लिखा, तो ज़ैद ने उन्हें

जवाब दीया के वह तीसरे हैज़ में दाखिल हो चुकी है, वह (औरत) उस से बरी उल ज़िम्मा है, और वह उस से बरी उल ज़िम्मा है, वह उस का वारिस नहीं यह उसकी वारिस नहीं| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه مالک (2 / 577 ح 1256)

٣٣٣٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سَعِيدِ بْنِ الْمُسَيِّبِ قَالَ: قَالَ عُمَرُ بْنُ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَيُّمَا امْرَأَةٍ طُلِّقَتْ فَحَاضَتْ حَيْضَةً أَوْ حَيْضَتَيْنِ ثُمَّ رُفِعَتْهَا حيضتها فإنَّها تنتظِرُ تسعةَ أشهرٍ فإنْ بانَ لَهَا حَمْلٌ فَذَلِكَ وَإِلَّا اعْتَدَّتْ بَعْدَ التِّسْعَةِ الْأَشْهَرِ ثلاثةَ أشهرٍ ثمَّ حلَّتْ. رَوَاهُ مَالك

3336. सईद बिन मुसय्यिब बयान करते हैं, उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: जिस औरत को तलाक दी गई और इसे एक या दो हैज़ आ गए और फिर उस का हैज़ मौकूफ हो गया तो वह नौ माह इंतज़ार करेगी, अगर उस का हमल ज़ाहिर हो गया तो फिर यही (वज़ए हमल) है वरना वह नौ माह के बाद तीन माह इद्दत गुज़ारेगी और फिर हलाल हो जाएगी| (और वह दूसरी जगह निकाह कर सकेगी)| (सहीह)

صحيح ، رواه مالک (2 / 582 ح 1270)

بَاب الِاسْتِبْرَاء • इस्तिब्रा का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٣٣٣٧ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي الدَّرْدَاءِ قَالَ: مَرَّ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم بِامْرَأَةٍ مُجِحٍّ فَسَأَلَ عَنْهَا فَقَالُوا: أَمَةٌ لِفُلَانٍ قَالَ: «أَيُلِمُّ بِهَا؟» قَالُوا: نَعَمْ. قَالَ: «لَقَدْ هَمَمْتُ أَنْ أَلْعَنَهُ لَعْنًا يَدْخُلُ مَعَهُ فِي قَبْرِهِ كَيْفَ يَسْتَخْدِمُهُ وَهُوَ لَا يَحِلُّ لَهُ؟ أَمْ كَيْفَ يُوَرِّثُهُ وَهُوَ لَا يحلُّ لَهُ؟» . رَوَاهُ مُسلم

3337. अबू दरदा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ एक ऐसी औरत के पास से गुज़रे जो बच्चा जनने के करीब थी तो आप ने उस के मुतल्लिक सवाल किया तो उन्होंने बताया के यह फलां शख़्स की लौंडी है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या वह उस से जिमाअ करता है?” उन्होंने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैंने इरादा किया की मैं उस पर ऐसी लानत करू जो कब्र तक उस के साथ जाए, वह उस से कैसे खिदमत का तकाज़ा कर सकता है जबकि वह उस के लिए हलाल नहीं, या वह इसे कैसे वारिस बना सकता है जबकि वह उस के लिए हलाल नहीं”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (139 / 1441)، (3562)

बَاب الِاسْتِبْرَاء • इस्तिब्रा का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٣٣٨ - (لم تتمّ دراسته) عَن أبي سعيدٍ الخدريِّ رَفَعَهُ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم قَالَ فِي سَبَايَا أَوْطَاسٍ: «لَا تُوطَأُ حَامِلٌ حَتَّى تَضَعَ وَلَا غَيْرُ ذَاتِ حَمْلٍ حَتَّى تَحِيضَ حَيْضَةً» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَالدَّارِمِيُّ

3338. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ने गज़वा ए अवतास में हासिल होने वाली लोंदियो के बारे में फ़रमाया: “वज़ा हमल से पहले हामिला (लोंदी) से जिमाअ न किया जाए और जो हामिला नहीं उस से भी जिमाअ न किया जाए हत्ता के इसे एक हैज़ जाए”| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه احمد (3 / 62 ح 11618) و ابوداؤد (2157) و الدارمی (2 / 171 ح 2300) * شریک القاضی عنعن و حدیث ابی داود الطیالسی (1687) یغنی عنه

٣٣٣٩ - وَعَنْ رُوَيْفِعِ بْنِ ثَابِتٍ الْأَنْصَارِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وسلم [ص:٩٩ يَوْم حُنَيْنٍ: «لَا يَحِلُّ لِامْرِئٍ يُؤْمِنُ بِاللَّهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ أَنْ يسْقِي مَاء زَرْعَ غَيْرِهِ» يَعْنِي إِتْيَانَ الْحُبَالَى «وَلَا يَحِلُّ لِامْرِئٍ يُؤْمِنُ بِاللَّهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ أَنْ يَقَعَ عَلَى امْرَأَةٍ مِنَ السَّبْيِ حَتَّى يَسْتَبْرِئَهَا وَلَا يَحِلُّ لِامْرِئٍ يُؤْمِنُ بِاللَّهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ أَنْ يَبِيعَ مَغْنَمًا حَتَى يُقَسَّمَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَرَوَاهُ التِّرْمِذِيّ إِلَى قَوْله «زرع غَيره»

3339. रावय्फी बिन साबित अंसारी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हुनैन के रोज़ फ़रमाया: “जो शख़्स अल्लाह और आखिरत के दिन पर ईमान रखता हो, उस के लिए हलाल नहीं के वह अपना पानी किसी और की खेती को दे, यानी हामिला से जिमाअ करे जो शख़्स अल्लाह और रोज़ आखिरत पर ईमान रखता है उस के लिए हलाल नहीं के वह किसी लौंडी से जिमाअ करे हत्ता के उस का रहम खाली हो जाए, और जो शख़्स अल्लाह और रोज़ आखिरत पर ईमान रखता है उस के लिए हलाल नहीं के वह माले गनीमत को उसकी तकसीम से पहले फरोख्त करे”| अबू दावुद, और इमाम तिरमिज़ी ने इसे (زَرْعَ غَيْرِهِ) तक रिवायत किया है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2158) و الترمذی (1131 وقال : غریب)

بَاب الِاسْتِبْرَاء • इस्तिब्रा का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٣٤٠ - (لم تتمّ دراسته) عَن مَالِكٍ قَالَ: بَلَغَنِي أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَأْمُرُ بِاسْتِبْرَاءِ الْإِمَاءِ بِحَيْضَةٍ إِنْ كَانَتْ مِمَّنْ تَحِيضُ وَثَلَاثَةِ أَشْهُرٍ إِنْ كَانَت مِمَّن تحيض وَينْهى عَن سقِي مَاء الْغَيْر

3340. इमाम मालिक रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मुझे यह खबर पहुंची के रसूलुल्लाह ﷺ उन लोंदियो को जिन्हें हैज़ आता था एक हैज़ के ज़रिए और जिन्हें हैज़ नहीं आता था तीन माह के ज़रिए इस्तबराए रहम का हुक्म फ़रमाया करते थे और आप ﷺ किसी गैर की खेती को पानी देने से मना फ़रमाया करते थे| (रज़ीन(मझे नहीं मिली).)

لم اجده ، فائدة : كل حديث ، قلت فيه : لم اجده ، فهو ضعيف باطل مردود ، الا ان يثبت بسند آخر او صرحت بخلافه

٣٣٤١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ: أَنَّهُ قَالَ: إِذَا وُهِبَتْ الْوَلِيدَةُ الَّتِي تُوطَأُ أَوْ بِيعَتْ أَوْ أُعْتِقَتْ فَلْتَسْتَبْرِئْ رَحِمَهَا بِحَيْضَةٍ وَلَا تُسْتَبْرَئُ الْعَذْرَاءُ. رَوَاهُمَا رزين

3341. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, जब ऐसी लौंडी जिस से जिमाअ किया जाता हो हिब्बा की जाए या बेअ की जाए या आज़ाद की जाए तो वह एक हैज़ के ज़रिए अपने रहम के खाली होने का यकीन कर ले और कुंवारी से इस्तबराए रहम का नहीं कहा जाएगा”, दोनों रिवायतों रजिन ने रिवायत की है| (सहीह)

صحيح ، رزين (لم اجده) * و علقه البخارى (قبل ح 2235 ، البيوع باب : 111) و انظر تغليق التعليق (3 / 272273) و تنقيح الرواية (2 / 51)

بَاب النَّفَقَات وَحق الْمَمْلُوك • नान नफ्के और मातेहत लोगों का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٣٣٤٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: إِنَّ هندا بنت عتبَة قَالَت: يَا رَسُول الله إِن أَبَا سُفْيَان رجل شحيح وَلَيْسَ يعطيني مَا يَكْفِينِي وَوَلَدي إِلَّا مَا أخذت مِنْهُ وَهُوَ يعلم فَقَالَ: «خذي مَا يَكْفِيك وولدك بِالْمَعْرُوفِ»

3342. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, हिन्द बिन उत्बा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! अबू सुफियान एक बखील आदमी है, वह मुझे इस क़दर नहीं देता जो मेरे और मेरी औलाद के लिए काफी हो, मगर में उस से इस तरह ले लेती हूँ कि इसे पता नहीं होता, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इस क़दर ले लिया करो जो दस्तूर के मुताबिक तेरे और तेरी औलाद के लिए काफी हो”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (5364) ومسلم (7 / 1714)، (4477)

٣٣٤٣ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرِ بْنِ سَمُرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِذا أَعْطى الله أحدكُم خيرا فليبدأ بِنَفسِهِ وَأهل بَيته» . رَوَاهُ مُسلم

3343. जाबिर बिन समुराह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब अल्लाह तुम में से किसी को माल अता करे तो उसे चाहिए के वह पहले अपने ज़ात और अपने घरवालो पर खर्च करे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (10 / 1822)، (4711)

٣٣٤٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم: «للمملوك طَعَامه وَكسوته وَلَا يُكَلف من الْعَمَل إِلَّا مَا يُطِيق» . رَوَاهُ مُسلم

3344. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ममलुक का खाना और लिबास (दस्तूर के मुताबिक मालिक पर वाजिब) है और उस से काम सिर्फ उसकी ताकत के मुताबिक़ ही लिया जाए”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (41 / 1662)، (4316)

٣٣٤٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِخْوَانُكُمْ جَعَلَهُمُ اللَّهُ تَحْتَ أَيْدِيكُمْ فَمَنْ جَعَلَ اللَّهُ أَخَاهُ تَحْتَ يَدَيْهِ فَلْيُطْعِمْهُ مِمَّا يَأْكُلُ وَلْيُلْبِسْهُ مِمَّا يَلْبَسُ وَلَا يُكَلِّفْهُ مِنَ الْعَمَلِ مَا يَغْلِبُهُ فَإِنْ كَلَّفَهُ مَا يَغْلِبُهُ فَلْيُعِنْهُ عَلَيْهِ»

3345. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “(गुलाम) तुम्हारे भाई है, अल्लाह ने उन्हें तुम्हारे ज़ेर तसरीफ कर दिया है, अल्लाह जिसके भाई को उस के ज़ेर तसरीफ कर दे तो वह इसे वैसे ही खिलाए जैसे खुद खाए, और वैसे ही पहनाए जैसे खुद पहने और उस से कोई ऐसा काम न ले जो उसकी ताकत से ज़्यादा हो, और अगर वह उस के जिम्मे कोई ऐसा काम लगा दे जो उसकी ताकत से बढ़कर हो तो फिर वह उस में उसकी इआनत करे”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (6050) و مسلم (38 / 1661)، (4313)

٣٣٤٦ - (صَحِيح) وَعَن عبد الله بن عَمْرو جَاءَهُ قَهْرَمَانٌ لَهُ فَقَالَ لَهُ: أَعْطَيْتَ الرَّقِيقَ قُوتَهُمْ؟ قَالَ: لَا قَالَ: فَانْطَلِقْ فَأَعْطِهِمْ فَإِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: [ص:١٠٠ «كَفَى بِالرَّجُلِ إِثْمًا أَنْ يَحْبِسَ عَمَّنْ يَمْلِكُ قُوتَهُ» . وَفِي رِوَايَةٍ: «كَفَى بِالْمَرْءِ إِثْمًا أَنْ يُضَيِّعَ مَنْ يَقُوتُ» . رَوَاهُ مُسلم

3346. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से मन्कुल है के उनका मुंशी उन के पास आया तो उन्होंने इसे फ़रमाया क्या तुम ने गुलामो को उन के खाने का सामान दे दिया है? उस ने कहा नहीं, उन्होंने ने फ़रमाया: जाओ और उन्हें (खाने का सामान) दो, क्योंकि रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बन्दे के लिए यही गुनाह काफी है के वह अपने ममलुक के खाने का सामान रोक ले”, और एक रिवायत में है: “आदमी के लिए यही गुनाह काफी है के जिन की खुराक उस के जिम्मे है के उसकी रोज़ी ज़ाए कर दे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (م4 / 996)، (2312)

٣٣٤٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا صَنَعَ لِأَحَدِكُمْ خَادِمُهُ طَعَامَهُ ثُمَّ جَاءَهُ بِهِ وَقَدْ وَلِيَ حره ودخانه فليقعده مَعَه فَليَأْكُل وَإِن كَانَ الطَّعَامُ مَشْفُوهًا قَلِيلًا فَلْيَضَعْ فِي يَدِهِ مِنْهُ أَكلَة أَو أكلتين» . رَوَاهُ مُسلم

3347. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम्हारा खादिम तुम्हारे लिए खाना तैयार कर के लाए तो वह (मालिक) इसे अपने साथ बिठाए ताकि वह खाए, क्योंकि उस ने आग की हरारत और धुवा बर्दाश्त किया है, अगर खाना, खाने वालो के हिसाब से कम हो तो वह उस में एक या दो लुक़्मे उस के हाथ पर रख दे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (42 / 1663)، (4317)

٣٣٤٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ الْعَبْدَ إِذَا نَصَحَ لِسَيِّدِهِ وَأَحْسَنَ عِبَادَةَ اللَّهِ فَلَهُ أَجْرُهُ مرَّتَيْنِ»

3348. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब गुलाम अपने आका के लिए मुखलिस व खैर ख्वाह हो और वह अल्लाह की इबादत भी अहसन(सबसे अच्छा) अंदाज़ में करता हो तो उस के लिए दो अज़र हैं”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2546) و مسلم (43 / 1664)، (4318)

٣٣٤٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «نِعِمَّا لِلْمَمْلُوكِ أَنْ يَتَوَفَّاهُ اللَّهُ بِحُسْنِ عِبَادَةِ رَبِّهِ وَطَاعَة سَيِّده نعما لَهُ»

3349. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ममलुक के लिए क्या खूब है के अल्लाह इसे इस हाल में फौत करे के वह अपने रब की इबादत भी अच्छे अंदाज़ में करता हो और अपने आका की इताअत भी अच्छे अंदाज़ में करता हो, क्या खूब है उस के लिए”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2549) ومسلم (46 / 1667)، (4324)

٣٣٥٠ - (صَحِيح) وَعَنْ جَرِيرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا أَبَقَ الْعَبْدُ لَمْ تُقْبَلْ لَهُ صَلَاةٌ» . وَفِي رِوَايَةٍ عَنْهُ قَالَ: «أَيّمَا عبد أبق فقد بَرِئت مِنْهُ الذِّمَّةُ» . وَفِي رِوَايَةٍ عَنْهُ قَالَ: «أَيُّمَا عَبْدٍ أَبَقَ مِنْ مَوَالِيهِ فَقَدْ كَفَرَ حَتَّى يَرْجِعَ إِلَيْهِم» . رَوَاهُ مُسلم

3350. जरीर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब गुलाम फरार हो जाता है तो उसकी नमाज़ कबूल नहीं की जाती”, और इन्ही से एक रिवायत में है की आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो गुलाम फरार हो जाता है तो उस से ज़िम्मा ख़तम हो जाता है”, और इन्ही से एक और रिवायत में है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो गुलाम अपने मालिको से फरार हो जाए तो उस ने कुफ्र किया हत्ता कि वह उन के पासलौट आए”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (124 / 70 ، 122 / 69)، (228)

٣٣٥١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: سَمِعْتُ أَبَا الْقَاسِمِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ قَذَفَ مَمْلُوكَهُ وَهُوَ بَرِيءٌ مِمَّا قَالَ جُلِدَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ إِلَّا أَنْ يَكُونَ كَمَا قَالَ»

3351. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अबुल कासिम ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस ने अपने ममलुक पर बोहतान बांधा जबकि वह उस से बरी हो जो उस ने कहे तो रोज़ ए कियामत इसे कोड़े मारी जाएँगे मगर यह कि वह वैसे ही हो जैसे उस ने कहा”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6858) و مسلم (37 / 1660)، (4311)

٣٣٥٢ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ ضَرَبَ غُلَامًا لَهُ حَدًّا لَمْ يَأْتِهِ أَوْ لَطَمَهُ فَإِن كَفَّارَته أَن يعتقهُ» . رَوَاهُ مُسلم

3352. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस शख़्स ने अपने गुलाम पर उस के नाकर्दाह जुर्म पर हद काइम की या उस को थप्पड़ रसीद किया तो उस का कफ्फारा यह है कि वह इसे आज़ाद कर दे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (30 / 657)، (4299)

٣٣٥٣ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي مَسْعُودٍ الْأَنْصَارِيِّ قَالَ: كُنْتُ أَضْرِبُ غُلَامًا لِي فَسَمِعْتُ مِنْ خَلْفِي صَوْتًا: «اعْلَمْ أَبَا مَسْعُودٍ لَلَّهُ أَقْدَرُ عَلَيْكَ مِنْكَ عَلَيْهِ» فَالْتَفَتُّ فَإِذَا هُوَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ هُوَ حُرٌّ لِوَجْهِ اللَّهِ فَقَالَ: «أَمَا لَوْ لَمْ تَفْعَلْ لَلَفَحَتْكَ النَّارُ أَوْ لَمَسَّتْكَ النَّارُ» . رَوَاهُ مُسلم

3353. अबू मसउद अंसारी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं अपने गुलाम को मार रहा था इसी दौरानमैंने अपनी पीछे से एक आवाज़ सुनी: "अबू मसउद! जान लो अल्लाह तुम पर उस से कही ज़्यादा कुदरत रखता है जितनी तुम उस पर कुदरत रखते हो", मैंने पीछे मुड़ कर देखा तो वह रसूलुल्लाह ﷺ थे, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! वह अल्लाह की रज़ा की खातिर आज़ाद है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "सुन लो! अगर तुम ऐसा न करते तो तुम्हें जहन्नम की आग जलाती या फ़रमाया: "तुम्हें आग छुती"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (35 / 1659)، (4308)

بَاب النَّفَقَات وَحق الْمَمْلُوك • नान नफ्के और मातेहत लोगों का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٣٥٤ - (صَحِيح) عَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ: أَنَّ رَجُلًا أَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: إِنَّ لِي مَالًا وَإِنَّ وَالِدِي يَحْتَاجُ إِلَى مَالِي قَالَ: «أَنْتَ وَمَالُكَ لِوَالِدِكَ إِنَّ أَوْلَادَكُمْ مِنْ أَطْيَبِ كَسْبِكُمْ كُلُوا مِنْ كَسْبِ أَوْلَادِكُمْ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْنُ ماجة

3354. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की एक आदमी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस ने अर्ज़ किया, मेरे पास माल है, और मेरे वालिद को मेरे माल की ज़रूरत है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुम और तुम्हारा माल तेरे वालिद का है, क्योंकि तुम्हारी औलाद तुम्हारी बेहतरीन कमाई है, तुम अपने औलाद की कमाई खाओ"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3530) و ابن ماجه (2292)

٣٣٥٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعنهُ وَعَن أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ: أَنَّ رَجُلًا أَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: إِنِّي فَقِيرٌ لَيْسَ لِي شَيْءٌ وَلِي يَتِيمٌ فَقَالَ: «كُلْ مِنْ مَالِ يَتِيمِكَ غَيْرَ مُسْرِفٍ وَلَا مُبَادِرٍ وَلَا مُتَأَثِّلٍ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَه

3355. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की एक आदमी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस ने अर्ज़ किया, मैं फ़क़ीर आदमी हूँ, मेरे पास कुछ भी नहीं, और मेरी ज़ेर निगरानी एक यतीम है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "यतीम के माल से इस तरह खाओ के उस में फिजूलखर्ची न हो, न जल्द

बाज़ी हो (के यतीम के बड़ा होने से पहले वह माल ख़तम हो जाए) और न उस से जाएदाद बनानी चाहिए"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2872) و النسائی (6 / 256 ح 3698) و ابن ماجه (2718)

٣٣٥٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أُمِّ سَلَمَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ كَانَ يَقُولُ فِي مَرَضِهِ: «الصَّلَاةَ وَمَا مَلَكَتْ أَيْمَانُكُمْ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شعب الْإِيمَان

3356. उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा नबी ﷺ से रिवायत करती हैं की आप ﷺ अपने मर्ज़ुल मौत में फरमा रहे थे: "नमाज़ और अपने गुलामो का ख़याल रखना"| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه البیهقی فی شعب الایمان (8553 ، نسخة محققة : 8193 و فی دلائل النبوة 7 / 205) [و ابن ماجه (1625)] * قتادة عنعن و انظر الحدیث الآتی (3357)

٣٣٥٧ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَى أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ عَنْ عَلِيٍّ نَحْوَهُ

3357. इमाम अहमद और अबू दावुद ने अली रदियल्लाहु अन्हु से इसी तरह रिवायत किया है| (हसन)

سنده حسن ، رواه احمد (6 / 290 ح 27016) و ابوداؤد (5156) [و ابن ماجه (2698)]

٣٣٥٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي بَكْرٍ الصِّدِّيقِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ [ص:١٠٠] قَالَ: «لَا يَدْخُلُ الْجَنَّةَ سَيِّئُ الْمَلَكَةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْن مَاجَه

3358. अबू बक्र सिद्दीक रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "गुलामो के साथ बुरा सुलूक करने वाला जन्नत में दाखिल नहीं होगा"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (1946 وقال : غریب) و ابن ماجه (3691) * فرقد السبخی : ضعیف مشهور

٣٣٥٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ رَافِعِ بْنِ مَكِيثٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «حُسْنُ الْمَلَكَةِ يُمْنٌ وَسُوءُ الْخُلُقِ شُؤْمٌ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَلَمْ أَرَ فِي غَيْرِ الْمَصَابِيحِ مَا زَادَ عَلَيْهِ فيهِ منْ قولِه: «والصَّدَقةُ تمنَعُ مِيتةَ السُّوءِ والبِرُّ زيادةٌ فِي العُمُرِ»

3359. राफीअ बिन मकिस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: "(गुलामो, रिआया से) अच्छा सुलूक करने वाला बाईस ए बरकत है जबकि बुरे अख़लाक़ वाला बाईस नहूसत है"| और मैं (साहब ए मिश्कात)

ने मसाबिह के अलावा किसी और नुस्खे में यह इज़ाफा नहीं देखा जो साहबे मसाबिह ने नकल किया है: “सदका बुरी मौत से बचाता है और नेकी उमर में इज़ाफा का बाईस है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (5162) * عثمان بن زفر الدمشقی مجهول لم یوثقه غیر ابن حبان

٣٣٦٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا ضَرَبَ أَحَدُكُمْ خَادِمَهُ فَذَكَرَ اللَّهَ فَارْفَعُوا أَيْدِيَكُمْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ لَكِنْ عِنْدَهُ «فَلْيُمْسِكْ» بدل «فارفعوا أَيْدِيكُم»

3360. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई अपने खादिम को मारे और वह अल्लाह का वास्ता दे तो तुम अपना हाथ उठा लो (न मारो)”| तिरमिज़ी, बयहकी की शुऐब अल ईमान, लेकिन उस में “ अपना हाथ उठा लो” के बजाए “ रोक लो” के अल्फाज़ है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف جذا ، رواه الترمذی (1950) و البیهقی فی شعب الایمان (8584) * ابو هارون العبدی متروک و متهم من کذبه ، شیعی

٣٣٦١ - (حسن) وَعَن أبي أيوبَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ فَرَّقَ بَيْنَ وَالِدَةٍ وَوَلَدِهَا فَرَّقَ اللَّهُ بَيْنَهُ وَبَيْنَ أَحِبَّتِهِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ والدارمي

3361. अबू अय्यूब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस ने वालिदा और उस के बच्चे के दरमियान जुदाई डाल दी तो रोज़ ए कियामत अल्लाह उस के और उस के चहितो (वालेदीन और औलाद वगैरा) के दरमियान जुदाई डाल देगा”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1283 وقال : حسن غریب) و الدارمی (2 / 227228 ح 2482)

٣٣٦٢ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: وَهَبَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ غلامين أَخَوَيْنِ فَبعث أَحدهمَا فَقَالَ لِي رَسُول صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا عَلِيُّ مَا فَعَلَ غُلَامُكَ؟» فَأَخْبَرْتُهُ. فَقَالَ: «رُدَّهُ رُدَّهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

3362. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने दो गुलाम भाई मुझे हिब्बा कीए तो मैंने उनमें से एक बेच दीया ,रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझ से दरियाफ्त फ़रमाया: “तेरा गुलाम कहाँ गया ?” मैंने आप को बताया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे वापस लाओ इसे वापस लाओ”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (1284 وقال : حسن غریب) و ابن ماجه (2249) * فیه میمون بن ابی شبیب : لم یدرک علیًا رضی الله عنه

٣٣٦٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ أَنَّهُ فَرَّقَ بَيْنَ جَارِيَةٍ وَوَلَدِهَا فَنَهَاهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ ذَلِكَ فردَّ البَيعَ. رَوَاهُ أَبُو

دَاوُد مُنْقَطِعًا

3363. अली रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने एक लौंडी और उस के बच्चे के दरमियान जुदाई डाल दी तो नबी ﷺ ने उन्हें उस से मना फ़रमाया और बेअ को फस्ख कर दिया अबू दावुद ने इसे मुन्कतेअ रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه ابوداؤد (2696) * سنده منقطع کما بینه الامام ابوداود رحمه الله و حدیث الترمذی (1283 ، 1566) یغنی عنه

٣٣٦٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٌ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " ثَلَاثٌ مَنْ كُنَّ فِيهِ يَسَّرَ اللَّهُ حَتْفَهُ وَأَدْخَلَهُ جَنَّتَهُ: رِفْقٌ بِالضَّعِيفِ وَشَفَقَةٌ عَلَى الْوَالِدَيْنِ [ص:١٠٠ وَإِحْسَانٌ إِلَى الْمَمْلُوكِ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

3364. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस शख़्स में तीन सिफात होगी अल्लाह उसकी मौत आसान फरमादेगा और इसे जन्नत में दाखिल फरमाएगा: कमज़ोर से नरमी करना, वालिदेन पर हमदर्दी करना और ममलुक से इहसान करना”| तिरमिज़ी, और उन्होंने कहा: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف جدا ، رواه الترمذی (2494) * فیه عبدالله بن ابراهیم الغفاری متروک و نسبه ابن حبان الی الوضع و ابوه : مجهول

٣٣٦٥ - وَعَنْ أَبِي أَمَامَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم وَهَبَ لِعَلِيٍّ غُلَامًا فَقَالَ: «لَا تَضْرِبْهُ فَإِنِّي نُهِيتُ عَنْ ضَرْبِ أَهْلِ الصَّلَاةِ وَقَدْ رَأَيْتُهُ يُصَلِّي» . هَذَا لفظ المصابيح

3365. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने अली रदियल्लाहु अन्हु को एक गुलाम हिब्बा किया तो फ़रमाया: “इसे मारना नहीं क्योंकि नमाज़ियो को मारने से मना किया गया है और मैंने इसे नमाज़ पढ़ते हुए देखा है”| यह मसाबिह के अल्फाज़ हैं| (हसन)

حسن ، رواه البغوی فی المصابیح (2 / 480 ح 2520) و احمد (5 / 250 ، 258) و الطبرانی (8 / 330 ح 8057)

٣٣٦٦ - (لم تتمّ دراسته) وَفِي «الْمُجْتَبَى» لِلدَّارَقُطْنِيِّ: أَنَّ عُمَرَ بْنَ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: نَهَانَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ ضَرْبِ الْمُصَلِّينَ

3366. और इमाम दार कुतनी की रिवायत अल मुजतबा में है की उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया के रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें नमाज़ियो को मारने से मना फ़रमाया है| (हसन)

حسن ، رواه الدارقطنی (2 / 54 ح 1739 و سنده ضعیف وهو حسن بالشواهد منها الحدیث السابق (3365)

٣٣٦٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ كم نَعْفُو عَنِ الْخَادِمِ؟ فَسَكَتَ ثُمَّ أَعَادَ عَلَيْهِ الْكَلَامَ فصمتَ فلمَّا كانتِ الثَّالثةُ قَالَ: «اعفُوا عَنْهُ كُلَّ يَوْمٍ سَبْعِينَ مَرَّةً» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3367. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, एक आदमी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हम खादिम को कितनी बार मुआफ़ करे? आप ﷺ ख़ामोश रहे, इस शख़्स ने फिर यही कहा, आप फिर ख़ामोश रहे, जब तीसरी बार दरियाफ्त किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस से दिन में सत्तर बार दरगुज़र करो”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (5164)

٣٣٦٨ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو

3368. इमाम तिरमिज़ी ने इसे अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत किया है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1949)

٣٣٦٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم: «مَنْ لَاءَمَكُمْ مِنْ مَمْلُوكِيكُمْ فَأَطْعِمُوهُ مِمَّا تَأْكُلُونَ وَاكْسُوهُ مِمَّا تَكْسُونَ وَمَنْ لَا يُلَائِمُكُمْ مِنْهُمْ فَبِيعُوهُ وَلَا تُعَذِّبُوا خَلْقَ اللَّهِ» . رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد

3369. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम्हारे गुलामो में से जो गुलाम तुम्हारी मदद करे तो जो तुम खाते हो इसे भी वही खिलाओ और जो तुम पहनते हो इसे भी वही पहनाओ और उनमें से जो तुम्हारी मदद न करे इसे बेच दो और अल्लाह की मखलूक को सज़ा दो”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه احمد (5 / 168 ح 21815) و ابوداؤد (5157)

٣٣٧٠ - (صَحِيح) وَعَن سهلِ بنِ الحَنظَلِيَّةِ قَالَ: مَرَّ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم بِبَعِيرٍ قَدْ لَحِقَ ظَهْرُهُ بِبَطْنِهِ فَقَالَ: «اتَّقُوا اللَّهَ فِي هَذِهِ الْبَهَائِمِ الْمُعْجَمَةِ فَارْكَبُوهَا صَالِحَة واترُكوها صَالِحَة» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3370. सहल बिन हंजलीय्या रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ एक लागीर ऊंट के पास से गुज़रे तो फ़रमाया: “उन बे ज़ुबान जानवरों के बारे में अल्लाह से डरो, इन पर इस हाल में सवारी करो के वह सवारी के काबिल हो, और उन्हें इस हाल में छोड़ो के वह अच्छे हो (अभी थके न हो)”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (2548)

नान नफ्के और मातेहत लोगों का बयान • بَاب النَّفَقَات وَحق الْمَمْلُوك

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٣٣٧١ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: لَمَّا نَزَلَ قَوْلُهُ تَعَالَى (وَلَا تَقْرَبُوا مَالَ الْيَتِيمِ إِلَّا بِالَّتِي هِيَ أحسن)»» وَقَوْلُهُ تَعَالَى: (إِنَّ الَّذِينَ يَأْكُلُونَ أَمْوَالَ الْيَتَامَى ظُلْمًا)»» الْآيَةَ انْطَلَقَ مَنْ كَانَ عِنْدَهُ يَتِيمٌ فَعَزَلَ طَعَامه من طَعَامَهُ وَشَرَابَهُ مِنْ شَرَابِهِ فَإِذَا فَضَلَ مِنْ طَعَامِ الْيَتِيمِ وَشَرَابِهِ شَيْءٌ حُبِسَ لَهُ حَتَّى يَأْكُلَهُ أَوْ يَفْسُدَ فَاشْتَدَّ ذَلِكَ عَلَيْهِمْ فَذَكَرُوا ذَلِكَ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَنْزَلَ اللَّهُ تَعَالَى: (وَيَسْأَلُونَكَ عَنِ الْيَتَامَى قُلْ: إِصْلَاح لَهُم خير وَإِن تخالطوهم فإخوانكم)»» فَخَلَطُوا طَعَامَهُمْ بِطَعَامِهِمْ وَشَرَابَهُمْ بِشَرَابِهِمْ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3371. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, जब अल्लाह तआला का फरमान: "तुम यतीम के माल के करीब न जाओ मगर इसी के साथ के वह अहसन(सबसे अच्छा) हो", उस का फरमान: "बेशक जो लोग यतीमो का माल इज़राहे ज़ुल्म खाते है", नाज़िल हुआ तो फिर जिस शख़्स के पास यतीम था उस ने उस का खाना अपने खाने से, उस का पीना अपने पीने से अलग कर दिया, और जब यतीम के खाने पीने से कुछ बच जाता तो वह इसी के लिए रख देते हत्ता के वह इसे खा लेता या वह ख़राब हो जाता, यह चीज़ इन पर बहोत दुश्वार गुज़री तो उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ से उस का तज़किरह किया उस पर अल्लाह तआला ने यह आयत नाज़िल फरमाई: "वो आप से यतीमो के बारे में दरियाफ्त करते हैं, फरमा दिया जाए इन के लिए इस्लाह करना बेहतर है, और अगर तुम इनको अपने साथ मिला लो तो वह तुम्हारे भाई है", उन्होंने उनका खाना अपने खाने के साथ और पीना अपने पीने के साथ मीला लिया| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2871) و النسائى (6 / 256 ح 3699) * عطاء بن السائب اختلط

٣٣٧٢ - (ضَعِيف) وَعَن أبي مُوسَى قَالَ: لَعَنَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَنْ فَرَّقَ بَيْنَ الْوَالِدِ وَوَلَدِهِ وَبَيْنَ الْأَخِ وَبَيْنَ أَخِيهِ. رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارَقُطْنِيُّ

3372. अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने वालिद और उस के बच्चे के दरमियान, निज़ भाइयो के दरमियान जुदाई डालने वाले पर लानत फरमाई| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (2250) و الدارقطنى (3 / 67) * ابراهيم بن اسماعيل بن مجمع الانصارى : ضعيف

٣٣٧٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا أُتِيَ بِالسَّبْيِ أَعْطَى أَهْلَ الْبَيْتِ جَمِيعًا كَرَاهِيَةَ أَنْ يفرق بَينهم. رَوَاهُ ابْن مَاجَه

3373. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब नबी ﷺ के पास कैदी लाए जाता तो आप एक घर के तमाम लोग किसी एक को अता फरमा देते क्योंकि आप को उनमें जुदाई डालना नापसंद था| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه ابن ماجه (2248) * فيه جابر الجعفى ضعيف رافضى مدلس اتهمه بعضهم ، و فى السند علة أخرى

٣٣٧٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أَلَا أُنَبِّئُكُمْ بِشِرَارِكُمْ؟ الَّذِي يَأْكُلُ وَحْدَهُ وَيَجْلِدُ عَبْدَهُ وَيَمْنَعُ رِفْدَهُ» . رَوَاهُ رزين

3374. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क्या मैं तुम्हें तुम्हारे बुरे लोगों के मुताल्लिक न बताऊँ! वह शख़्स है जो (बुखल व तकब्बुर की वजह से) अकेला खाता है, अपने गुलाम को मारता है और अपना अतिय्या उस के मुस्तहक को नहीं देता”| (मुझे नहीं मिली)

لم اجده ، رواه رزين (لم اجده) * قوله ’’ و يجلد عبده و يمنع رفده ‘‘ له شاهد عند الطبرانى فى الكبير (10 / 387 ح 10775) فيه ابن ميمون متروک ، انظر مجمع الزوائد (8 / 183) فلا يستشهد به

٣٣٧٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي بَكْرٍ الصِّدِّيقِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَدْخُلُ الْجَنَّةَ سَيِّءُ الْمَلَكَةِ» . قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَلَيْسَ أَخْبَرْتَنَا أَنَّ هَذِهِ الْأُمَّةَ أَكْثَرُ الْأُمَمِ مَمْلُوكِينَ وَيَتَامَى؟ قَالَ: «نَعَمْ فَأَكْرِمُوهُمْ كَكَرَامَةِ أَوْلَادِكُمْ وَأَطْعِمُوهُمْ مِمَّا تَأْكُلُونَ» . قَالُوا: فَمَا تنفعنا الدُّنْيَا؟ قَالَ: «فَرَسٌ تَرْتَبِطُهُ تُقَاتِلُ عَلَيْهِ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَمَمْلُوكٌ يَكْفِيكَ فَإِذَا صَلَّى فَهُوَ أَخُوكَ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ

3375. अबू बक्र सिद्दीक रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “(मम्लुको से) बुरा सुलूक करने वाला जन्नत में नहीं जाएगा”, सहाबा किराम ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या आप ने हमें नहीं बताया के इस उम्मत में तमाम उम्मतो से ज़्यादा ममलुक और यतीम होंगे? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ, तुम उनकी अपने औलाद की तरह तकरीम करो और जो खुद खाओ वही उन्हें खिलाओ”, उन्होंने अर्ज़ किया, हमें दुनिया में कौन सी चीज़ फ़ायदा देगी? आप ﷺ ने फ़रमाया: “घोड़ा जिसे तू तैयार रखे ताकी तू उस पर अल्लाह की राह में जिहाद करे, और ममलुक जो तुझे किफ़ायत करे, जब वह नमाज़ पढ़े तो वह तुम्हारा भाई है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (3691) [و الترمذى :1946] * فيه فرقد ضعيف و تقدم طرفه (3358)

بَابُ بُلُوغِ الصَّغِيرِ وَحَضَانَتِهِ فِي الصِّغَرِ • छोटे लडके की उम्र ए बुलुगियत और कमसिनी मैं इसकी तरबियतका बयान

الْفَصْلُ الأول • पहली फस्ल

٣٣٧٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: عُرِضْتُ عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَامَ أُحُدٍ وَأَنَا ابْنُ أَرْبَعَ عَشْرَةَ سَنَةً فَرَدَّنِي ثُمَّ عُرِضْتُ عَلَيْهِ عَامَ الْخَنْدَقِ وَأَنَا ابْنُ خَمْسَ عَشْرَةَ سَنَةً فَأَجَازَنِي فَقَالَ عُمَرُ بْنُ عَبْدِ الْعَزِيزِ: هَذَا فَرْقُ مَا بَين الْمُقَاتلَة والذرية

3376. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, गज़वा ए उहद के मौके पर चौदाह साल की उमर में मुझे रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में पेश किया गया तो आप ने मुझे वापस कर दिया, फिर गज़वा ए खंदक के मौके पर पन्द्रह साल की उमर में मुझे पेश किया गया तो आप ने मुझे (जिहाद करने की) इजाज़त मरहमत फरमा दी, उमर बिन अब्दुल अज़ीज़ रहिमहुल्लाह ने फ़रमाया: यही उमर (पन्द्रह साल) लड़ने वाले जवानों और लड़को (नाबालिग़) में फर्क करने वाली है| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2664) و مسلم (91 / 1868)، (4837)

٣٣٧٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ الْبَرَاءِ بْنِ عَازِبٍ قَالَ: صَالَحَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ الْحُدَيْبِيَةِ عَلَى ثَلَاثَةِ أَشْيَاءَ: عَلَى أَنَّ مَنْ أَتَاهُ مِنَ الْمُشْرِكِينَ رَدَّهُ إِلَيْهِمْ وَمَنْ أَتَاهُمْ مِنَ الْمُسْلِمِينَ لَمْ يَرُدُّوهُ وَعَلَى أَنْ يَدْخُلَهَا مِنْ قَابِلٍ وَيُقِيمَ بِهَا ثَلَاثَةَ أَيَّامٍ فَلَمَّا دَخَلَهَا وَمَضَى الْأَجَلُ خَرَجَ فَتَبِعَتْهُ ابْنَةُ حَمْزَةَ تُنَادِي: يَا عَمِّ يَا عَمِّ فَتَنَاوَلَهَا عَلِيٌّ فَأَخَذَ بِيَدِهَا فَاخْتَصَمَ فِيهَا عَلِيٌّ وَزَيْدٌ وَجَعْفَرٌ قَالَ عَلِيٌّ: أَنَا أَخَذْتُهَا وَهِيَ بِنْتُ عَمِّي. وَقَالَ جَعْفَرٌ: بِنْتُ عَمِّي وَخَالَتُهَا تَحْتِي وَقَالَ زَيْدٌ: بِنْتُ أَخِي فَقَضَى بِهَا النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِخَالَتِهَا وَقَالَ: «الْخَالَةُ بِمَنْزِلَةِ الْأُمِّ» . وَقَالَ لَعَلِيٍّ: «أَنْتَ مِنِّي وَأَنَا مِنْكَ» وَقَالَ لِجَعْفَرٍ: «أَشْبَهْتَ خَلْقِي وَخُلُقِي» . وَقَالَ لزيد: «أَنْتَ أخونا ومولانا»

3377. बराअ बिन आजीब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने हुदैबिया के मौके पर तीन अशियाअ पर सुलह फरमाई, के मुशरिकीन में से जो शख़्स उनकी तरफ आएगा इसे उन (मुशरिकिन) की तरफ वापस किया जाएगा, और जो मुसलमानों की तरफ से उन के पास चला जाए तो उसे वापस नहीं किया जाएगा, और आप ﷺ आइन्दा साल मक्का में दाखिल होंगे, और वहां तीन रोज़ कयाम करेंगे, जब आप इस (मक्के) में दाखिल हुए और मुद्दत पूरी हो गई और आप ने वापसी का इरादा फ़रमाया तो हम्ज़ा रदियल्लाहु अन्हु की बेटी आप ﷺ के पीछे चचा जान! चचा जान! कह कर आवाज़े देने लगी तो अली रदियल्लाहु अन्हु ने उस का हाथ पकड़ कर अपने साथ कर लिया उस के साथ ही हज़रत अली (र), हज़रत जाफर (र), और हज़रत ज़ैद रदियल्लाहु अन्हु के दरमियान हम्ज़ा की बेटी के बारे में तनाज़ा शुरू हो गया: अली रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: मैंने इसे पकड़ा है और वह

3441. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के उक्बा बिन आमिर रदियल्लाहु अन्हु की बहन ने पैदल हज करने की नज़र मानी जबकि वह उसकी ताकत नहीं रखती थी तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: "अल्लाह तेरी बहन के पैदल चलने से बेनियाज़ है, वह सवार हो और कुर्बानी करे"| और अबू दावुद की एक रिवायत में है नबी ﷺ ने उस को हुक्म फ़रमाया के वह सवारी करे और कुर्बानी करे| और इन्ही की एक रिवायत में है नबी ﷺ ने फ़रमाया: "अल्लाह तेरी बहन को मशक्कत व थकावट में डालकर किया करेगा, वह सवारी करे, हज करे और अपनी कसम का कफ्फारा अदा करे"| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (2297) و الرواية الثانية له : 3292 الرواية الثانية :3295) و الدارمی (2 / 183 ح 2340)

٣٤٤٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَالِكٍ أَنَّ عُقْبَةَ بن عَامر سَأَلَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ أُخْتٍ لَهُ نَذَرَتْ أَنْ تَحُجَّ حَافِيَةً غَيْرَ مُخْتَمِرَةٍ فَقَالَ: «مُرُوهَا فَلْتَخْتَمِرْ [ص:١٠٢ وَلْتَرْكَبْ وَلْتَصُمْ ثَلَاثَةَ أَيَّامٍ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ والدارمي

3442. अब्दुल्लाह बिन मालिक से रिवायत है के उक्बा बिन आमिर रदियल्लाहु अन्हु ने अपनी बहन के मुतल्लिक नबी ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया के उस ने नंगे पाँव नंगे सर हज करने की नज़र मानी है? आप ﷺ ने फ़रमाया: "इसे हुक्म दो की वह सर पर कपड़ा ले, सवारी करे और तीन रोज़े रखे"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3293) و الترمذی (1544 وقال : حسن) و النسائی (7 / 20 ح 3846) و ابن ماجه (2134) و الدارمی (2 / 183 ح 2339) * عبيد الله بن زحر : ضعفه الجمهور و تابعه بكر بن سوادة عند احمد (4 / 147) و فی السند اليه ابن لهيعة وهو ضعيف لسوء حفظه بعد اختلاطه

٣٤٤٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن سعيد بن الْمسيب: أَنَّ أَخَوَيْنِ مِنَ الْأَنْصَارِ كَانَ بَيْنَهُمَا مِيرَاثٌ فَسَأَلَ أَحَدُهُمَا صَاحِبَهُ الْقِسْمَةَ فَقَالَ: إِنْ عُدْتَ تَسْأَلُنِي الْقِسْمَةَ فَكُلُّ مَالِي فِي رِتَاجِ الْكَعْبَةِ فَقَالَ لَهُ عُمَرُ: إِنَّ الْكَعْبَةَ غَنِيَّةٌ عَنْ مَالِكَ كَفِّرْ عَنْ يَمِينِكَ وَكَلِّمْ أَخَاكَ فَإِنِّي سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «لَا يَمِينَ عَلَيْكَ وَلَا نَذْرَ فِي مَعْصِيَةِ الرَّبِّ وَلَا فِي قَطِيعَةِ الرَّحِمِ وَلَا فِيمَا لَا يملك» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3443. सईद बिन मुसय्यब से रिवायत है के अंसार के दो भाइयो के दरमियान मीरास थी, उनमें से एक ने अपने साथी से तकसीम का मुतालबा किया तो उस ने कहा: अगर तुमने दोबारा मुझ से तकसीम का मुतालबा किया तो मेरा सारा माल काबा के इखराजात के लिए वक्फ़ है, तो उमर रदियल्लाहु अन्हु ने इसे फ़रमाया काबा को तेरे माल की ज़रूरत नहीं, अपनी कसम का कफ्फारा अदा कर और अपने भाई से कलाम कर, क्योंकि मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना है “ रब की नाफ़रमानी, कतअ रहमी और इस चीज़ के बारे में जिसका तू मालिक नहीं तुझ पर न तो कोई नज़र है और न क़सम”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3272) [و صححه الحاكم (4 / 300) و وافقه الذهبى]

بَاب فِي النذور • नज़रों का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٤٤٤ - (لم تتمّ دراسته) عَن عِمْرَانَ بْنِ حُصَيْنٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " النَّذْرُ نَذْرَانِ: فَمَنْ كَانَ نَذَرَ فِي طَاعَةٍ فَذَلِكَ لِلَّهِ فِيهِ الْوَفَاءُ وَمَنْ كَانَ نَذَرَ فِي مَعْصِيَةٍ فَذَلِكَ لِلشَّيْطَانِ وَلَا وَفَاء فِيهِ وَيُكَفِّرُهُ مَا يُكَفِّرُ الْيَمِين ". رَوَاهُ النَّسَائِيُّ

3444. इमरान बिन हुसैन रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “नज़र की दो किस्मे है, जो शख़्स इताअत में नज़र मानी तो नज़र अल्लाह के लिए है और इसे पूरा करना है, और जिस ने नाफ़रमानी में नज़र मानी तो वह शैतान के लिए है के पूरी नहीं करनी चाहिए, और वह उस का कफ्फारा कसम के कफ्फारा की मिस्ल अदा करे”| (सहीह)

صحيح ، رواه النسائی (7 / 2829 ح 3876)

٣٤٤٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مُحَمَّدِ بْنِ الْمُنْتَشِرِ قَالَ: إِنَّ رَجُلًا نَذَرَ أَنْ يَنْحَرَ نَفْسَهُ إِنْ نَجَّاهُ اللَّهُ مِنْ عَدُوِّهِ فَسَأَلَ ابْنَ عَبَّاسٍ فَقَالَ لَهُ: سَلْ مَسْرُوقًا فَسَأَلَهُ فَقَالَ لَهُ: لَا تَنْحَرْ نَفْسَكَ فَإِنَّكَ إِنْ كُنْتَ مُؤْمِنًا قَتَلْتَ نَفْسًا مُؤْمِنَةً وَإِنْ كُنْتَ كَافِرًا تَعَجَّلْتَ إِلَى النَّارِ وَاشْتَرِ كَبْشًا فَاذْبَحْهُ لِلْمَسَاكِينِ فَإِنَّ إِسْحَاقَ خَيْرٌ مِنْكَ وَفُدِيَ بِكَبْشٍ فَأَخْبَرَ ابْنَ عَبَّاسٍ فَقَالَ: هَكَذَا كُنْتُ أَرَدْتُ أَنْ أُفْتِيَكَ. رَوَاهُ رَزِينٌ

3445. मुहम्मद बिन मुन्तशर बयान करते हैं, कि एक आदमी ने नज़र मानी के अगर अल्लाह ने इसे उस के दुश्मन से निजात दी तो वह अपने आप को जिबह करेगा, इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से इस बारे में दरियाफ्त किया गया तो उन्होंने इसे फ़रमाया, मसरुक से पूछो, उस ने उन से पूछा तो उन्होंने ने फ़रमाया: अपने आप को जिबह न करो, क्योंकि अगर तुम मोमिन हो तो तुमने एक मोमिन की जान को क़त्ल किया, और अगर तुम काफ़िर हो तो तुमने आग में जाने की जल्दी की, एक मेंढा खरीदो और इसे मसाकिन के लिए जिबह करो, क्योंकि इसहाक अलैहिस्सलाम तुम से बेहतर थे और उन के फिदिया में एक मेंढा दिया गया, जब इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा को बताया गया तो उन्होंने ने फ़रमाया: मैं भी तुम्हें इसी तरह का फतवा देने का इरादा रखता था| (मझे नहीं मिली रवाह रजिन.)

لم اجده ، رواه رزين (لم اجده) * ولاصل الحديث شواهد ضعيفة عند الطبرانى فى الكبير (11 / 354 ح 11995) و عبدالرزاق (11 / 186 ح 11443 ، 15905) وغيرهما عن ابن عباس بغير هذا اللفظ مختصرًا

किसास का बयान • كتاب الْقصاص

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٣٤٤٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَا يَحِلُّ دَمُ امْرِئٍ مُسْلِمٍ يَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَنِّي رَسُولُ اللَّهِ إِلَّا بِإِحْدَى ثَلَاثٍ: النَّفْسُ بِالنَّفْسِ وَالثَّيِّبُ الزَّانِي وَالْمَارِقُ لدينِهِ التَّارِكُ للجماعةِ "

3446. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो मुसलमान शख़्स यह गवाही देता हो के अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं और मैं अल्लाह का रसूल हूँ तो उस का खून (यानी क़त्ल करना) फ़क़त तीन सूरतो की वजह से हलाल है, जान के बदले जान (कातिल को क़त्ल करना) शादी शुदा ज़ानि और दीन से मुरतद हो कर जमाअत छोड़ने वाला”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6878) و مسلم (25 / 1676)، (4375)

٣٤٤٧ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَنْ يَزَالَ الْمُؤْمِنُ فِي فُسْحَةٍ مِنْ دِينِهِ مَا لَمْ يُصِبْ دَمًا حَرَامًا» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3447. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मोमिन अपने दीन में बढ़ता रहता है जब तक के किसी हराम खून का इर्तिकाब न करे”| (बुखारी)

رواه البخاری (6862)

٣٤٤٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَوَّلُ مَا يُقْضَى بَيْنَ النَّاسِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ فِي الدِّمَاءِ»

3448. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “रोज़ ए कियामत लोगों के दरमियान सबसे पहले खुनो (क़त्ल) के बारे में फैसला किया जाएगा”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6864) و مسلم (28 / 1678)، (4381)

٣٤٤٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ الْمِقْدَادِ بْنِ الْأَسْوَدِ أَنَّهُ قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَرَأَيْتَ إِنْ لَقِيتُ رَجُلًا مِنَ الْكُفَّارِ فَاقْتَتَلْنَا فَضَرَبَ إِحْدَى يَدَيَّ بِالسَّيْفِ فقطعهما ثُمَّ لَاذَ مِنِّي بِشَجَرَةٍ فَقَالَ: أَسْلَمْتُ لِلَّهِ وَفِي رِوَايَةٍ: فَلَمَّا أَهْوَيْتُ لِأَقْتُلَهُ قَالَ: لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ

أَأَقْتُلُهُ بَعْدَ أَنْ قَالَهَا؟ قَالَ: «لَا تَقْتُلْهُ» فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّهُ قَطَعَ إِحْدَى يَدَيَّ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَقْتُلْهُ فَإِنْ قَتَلْتَهُ فَإِنَّهُ بِمَنْزِلَتِكَ قَبْلَ أَنْ تَقْتُلَهُ وَإِنَّكَ بِمَنْزِلَتِهِ قَبْلَ أَنْ يَقُولَ كَلِمَتَهُ الَّتِي قَالَ»

3449. मिक्दाम बिन असवद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे बताइए अगर मेरा किसी काफ़िर शख़्स से मुक़ाबला हो जाए और हम दोनों एक दूसरे पर हमलावर हो जाए और वह तलवार के ज़रिए मुझ पर वार करे और मेरे एक हाथ को काट डाले, फिर वह मुझ से बचने के लिए एक दरख्त के पीछे छुप जाए और कहे में अल्लाह के हुक्म के सामने सरे तस्लीम ख़म करता हूँ, और एक रिवायत में है जब मैंने इसे क़त्ल करने का इरादा किया तो उस ने कहा : ’ لا اله الا الله”, तो किया उस के कलिमा पढ़ने के बाद में उसे क़त्ल कर दूँ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे क़त्ल न करो”, उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! उस ने मेरा एक हाथ काट डाला, (इस का क्या बनेगा) रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इसे क़त्ल न करो अगर तुमने इसे क़त्ल किया तो वह तेरे मक़ाम व मर्तबा पर आ जाएगा जो के क़त्ल करने से पहले तेरा था और तुम उस के मक़ाम व मर्तबा पर हो जाओगे जो कलिमा पढ़ने से पहले उस का था”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6865) و مسلم (155 / 95)، (274)

٣٤٥٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أُسَامَةَ بْنِ زَيْدٍ قَالَ: بَعَثَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى أُنَاسٍ مِنْ جُهَيْنَةَ فَأَتَيْتُ عَلَى رَجُلٍ مِنْهُمْ فَذَهَبْتُ أَطْعَنُهُ فَقَالَ: لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ فَطَعَنْتُهُ فَقَتَلْتُهُ فَجِئْتُ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَخْبَرْتُهُ فَقَالَ: «أقتلته وقدْ شَهِدَ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ؟» قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّمَا فَعَلَ ذَلِكَ تَعَوُّذًا قَالَ: «فهلاَّ شققت عَن قلبه؟»

3450. उसामा बिन ज़ैद रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें जुहय्न कबिले की तरफ रवाना फ़रमाया, मैं उन के एक आदमी के मुकाबिल आया तो मैंने उस पर नेज़े का वार करना चाहा तो उस ने कलिमा पढ़ लिया, लेकिन मैंने उस पर वार कर के इसे क़त्ल कर दिया, मैं नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो मैंने आप ﷺ को बताया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम ने इसे क़त्ल कर दिया हालाँकि उस ने गवाही दे दि के अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं”, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! इस ने तो महज़ जान बचाने के लिए कलिमा पढ़ा था, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुमने किया उस का दिल चिर कर देख लिया था ?”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6872) و مسلم (158 / 96)، (277)

٣٤٥١ - (صَحِيح) وَفِي رِوَايَةِ جُنْدُبِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ الْبَجَلِيِّ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «كَيْفَ تَصْنَعُ بِلَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ إِذَا جَاءَتْ يَوْمَ الْقِيَامَةِ؟» . قَالَهُ مِرَارًا. رَوَاهُ مُسلم

3451. और जुन्दुब बिन अब्दुल्लाह बजलिय्यी रदियल्लाहु अन्हु से मरवी रिवायत में है की रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब वह कियामत के रोज़ ’لا اله الا الله” के साथ आएगा तो तुम उस का सामना किस तरह करोगे?

आप ﷺ ने यह बात कई बार फरमाई| (मुस्लिम)

رواه مسلم (160 / 97)، (279)

٣٤٥٢ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ قَتَلَ مُعَاهِدًا لَمْ يَرَحْ رَائِحَةَ الْجَنَّةِ وَإِنَّ رِيحَهَا تُوجَدُ مِنْ مَسِيرَةِ أربعينَ خَرِيفًا» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3452. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस ने किसी मआहिद (जिम्मी) को क़त्ल किया तो वह जन्नत की खुशबू भी नहीं पाएगा हालाँकि उसकी खुशबू चालीस साल की मुसाफ़त से महसूस की जाएगी"| (बुखारी)

رواه البخارى (3166)

٣٤٥٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ تَرَدَّى مِنْ جَبَلٍ فَقَتَلَ نَفْسَهُ فَهُوَ فِي نَارِ جَهَنَّمَ يَتَرَدَّى فِيهَا خَالِدًا مُخَلَّدًا فِيهَا أَبَدًا وَمَنْ تَحَسَّى سُمًّا فَقَتَلَ نَفْسَهُ فَسُمُّهُ فِي يَدِهِ يَتَحَسَّاهُ فِي نَارِ جَهَنَّمَ خَالِدًا مُخَلَّدًا فِيهَا أَبَدًا وَمَنْ قَتَلَ نَفْسَهُ بِحَدِيدَةٍ فَحَدِيدَتُهُ فِي يَدِهِ يَتَوَجَّأُ بِهَا فِي بَطْنِهِ فِي نَارِ جهنَّمَ خَالِدا مخلَّداً فِيهَا أبدا»

3453. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस शख़्स ने अपने आप को पहाड़ से गिरा कर मार लिया तो वह जहन्नम में गिरता रहेगा और उस में हमेशा हम्मेश रहेगा, और जिस ने हर के ज़रिए खुदकुशी की तो उस का ज़हर उस के हाथ में होगा जिसे वह जहन्नम की आग में पीता रहेगा, और उस में हमेशा हम्मेश रहेगा, और जिस ने लोहे (के किसी आले) के ज़रिए खुदकुशी की तो उस का हथियार उस के हाथ में होगा और वह जहन्नम की आग में इसे अपने पेट में खोंपता रहेगा और वह उस में हमेशा हम्मेश रहेगा"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5778) و مسلم (175 / 109)، (300)

٣٤٥٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الَّذِي يَخْنُقُ نَفْسَهُ يَخْنُقُهَا فِي النَّارِ وَالَّذِي يَطْعَنُهَا يَطْعَنُهَا فِي النَّارِ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3454. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस ने अपना गला घूंट कर खुदकुशी की तो वह जहन्नम में भी गला घोंटेगा और जो नैज़ा मार कर खुदकुशी करेगा तो वह जहन्नम में भी अपने आप को नैज़ा मारता रहेगा"| (बुखारी)

رواه البخارى (1365)

٣٤٥٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ جُنْدُبِ بْنِ عَبْدُ اللَّهِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " كَانَ فِيمَنْ كَانَ قَبْلَكُمْ رَجُلٌ بِهِ جُرْحٌ فجزِعَ فأخذَ سكيّناً فحزَّ بِهَا يَدَهُ فَمَا رَقَأَ الدَّمُ حَتَّى مَاتَ قَالَ اللَّهُ تَعَالَى: بَادَرَنِي عَبْدِي بِنَفْسِهِ فَحَرَّمْتُ عَلَيْهِ الْجنَّة "

3455. जुन्दुब बिन अब्दुल्लाह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम में से पहले लोगों में एक आदमी था जो ज़ख़्मी हो गया तो उस ने बे सबरी का मुज़ाहिरा किया, उस ने छुरी पकड़ी और अपना (ज़ख्मी) हाथ काट डाला, उस का खून बहता रहा हत्ता के वह फौत हो गया, अल्लाह तआला ने फ़रमाया: “मेरे बंदे ने खुद को क़त्ल करने में मुझ से जल्दी की इसलिए मैंने उस पर जन्नत हराम कर दी”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3463) و مسلم (181 / 113)، (308)

٣٤٥٦ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ: أَنَّ الطُّفَيْلَ بْنَ عَمْرٍو الدَّوْسِيَّ لَمَّا هَاجَرَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى الْمَدِينَةِ هَاجَرَ إِلَيْهِ وَهَاجَرَ مَعَهُ رَجُلٌ مِنْ قَوْمِهِ فَمَرِضَ فَجَزِعَ فَأَخَذَ مَشَاقِصَ لَهُ فَقَطَعَ بِهَا بَرَاجِمَهُ فَشَخَبَتْ يَدَاهُ حَتَّى مَاتَ فَرَآهُ الطُّفَيْلُ بْنُ عَمْرٍو فِي مَنَامِهِ وَهَيْئَتُهُ حسنةٌ وراَهُ مغطياً يدَيْهِ فَقَالَ لَهُ: مَا صنع بِكُل رَبُّكَ؟ فَقَالَ: غَفَرَ لِي بِهِجْرَتِي إِلَى نَبِيِّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: مَا لِي أَرَاكَ مُغَطِّيًا يَدَيْكَ؟ قَالَ: قِيلَ لِي: لَنْ تصلح مِنْكَ مَا أَفْسَدْتَ فَقَصَّهَا الطُّفَيْلُ عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اللَّهُمَّ وَلِيَدَيْهِ فَاغْفِر» . رَوَاهُ مُسلم

3456. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि जब नबी ﷺ ने मदीना की तरफ हिजरत फरमाई तुफैल बिन अम्र दौसी रदियल्लाहु अन्हु ने आप की तरफ हिजरत की और उन के साथ उनकी कौम के एक आदमी ने भी हिजरत की, वह शख़्स बीमार हो गया और उस ने बे सबरी का मुज़ाहिरा किया और उस ने अपनी छुरी ली और उस से अपना हाथ काट डाला जिस से खून बहने लगा हत्ता के वह फौत हो गया, तुफैल बिन अम्र रदियल्लाहु अन्हु ने इसे ख्वाब में देखा के उसकी हय्यत अच्छी है और उस ने अपने हाथ ढांप रखे हैं, उन्होंने उस से पूछा: तेरे रब ने तेरे साथ क्या मुआमला किया? तो उस ने कहा: उस ने अपने नबी ﷺ की तरफ मेरी हिजरत की वजह से मुझे मुआफ़ फरमा दिया, तुफैल बिन अम्र रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: में आप को हाथ ढांपे हुए क्यों देख रहा हूँ? उस ने कहा: मुझे कहा गया के हम तुम्हारे इस हिस्से को दुरुस्त नहीं करेंगे जिसे तुमने खुद ख़राब किया है, तुफैल रदियल्लाहु अन्हु ने रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में यह किस्सा अर्ज़ किया, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह और उस के दोनों हाथो को भी मुआफ़ फरमा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (184 / 116)، (311)

٣٤٥٧ - (صَحِيح) وَعَن أَبِي شُرَيحٍ الكعبيِّ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " ثُمَّ أَنْتُمْ يَا خُزَاعَةُ قَدْ قَتَلْتُمْ هَذَا الْقَتِيلَ مِنْ هُذَيْلٍ وَأَنَا وَاللَّهِ عَاقِلُهُ مَنْ قَتَلَ بَعْدَهُ قَتِيلًا فَأَهْلُهُ بَيْنَ خِيرَتَيْنِ: عَن أَحبُّوا قتلوا وَإِن أَحبُّوا أخذا العقلَ ". رَوَاهُ الترمذيُّ وَالشَّافِعِيّ. وَفِي شرح السنَّة بِإِسنادِه وَصَرَّحَ: بِأَنَّهُ لَيْسَ فِي الصَّحِيحَيْنِ عَنْ أَبِي شُرَيْحٍ وَقَالَ:

3457. अबू शरीह अल काबी रदियल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “खुज़ाअत (क़बीले वालो) तुमने हज़िल के इस मकतुल को क़त्ल किया, और अल्लाह की क़सम! मैं उसकी दियत अदा कर देता हूँ, जिस ने उस के बाद किसी को क़त्ल किया तो उस के वारिसो को दो चीजों के दरमियान इख़्तियार है, अगर वह पसंद करे तो उसे क़त्ल करे और अगर चाहे तो दियत ले लें”| इसे तिरमिज़ी और इमाम शाफ़ई ने रिवायत किया है और इमाम बगवी ने शरह सुन्ना में अपने सनद से रिवायत किया है और उन्होंने सराहत की के अबू शरीह की सनद से यह हदीस सहीहैन में नहीं है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (1406) و الشافعى فى الام (6 / 9) [و ابوداؤد (4504) و اصله متفق عليه ، و البخارى (104) و مسلم (1354) مختصرًا و لم يذكرا هذا اللفظ] * و رواه البغوى فى شرح السنة (7 / 301 ح 2004 وقال : متفق على صحته ، اخرجاه جميعًا ‘‘ الخ

٣٤٥٨ - (صَحِيح) وَأَخْرَجَاهُ مِنْ رِوَايَةِ أَبِي هُرَيْرَةَ يَعْنِي بِمَعْنَاهُ

3458. और उन्होंने (बगवी (रह)) ने फ़रमाया: इन दोनों (इमाम बुखारी और इमाम मुस्लिम) ने अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से इसी मफ्हुम की रिवायत नकल की है| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (112) و مسلم (447 / 1355)، (3305)

٣٤٥٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ: أَنَّ يَهُودِيًّا رَضَّ رَأْسَ جَارِيَةٍ بَيْنَ حَجَرَيْنِ فَقِيلَ لَهَا: مَنْ فَعَلَ بِكِ هَذَا؟ أَفُلَانٌ؟ حَتَّى سُمِّيَ الْيَهُودِيُّ فَأَوْمَأَتْ بِرَأْسِهَا فَجِيءَ بِالْيَهُودِيِّ فَاعْتَرَفَ فَأَمَرَ بِهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَرُضَّ رَأْسُهُ بِالْحِجَارَةِ

3459. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक यहूदी ने एक लौंडी का सर दो हथोड़ो के दरमियान कुचल दीया, उस से पूछा गया तुम्हारे साथ यह सुलूक किस ने किया? क्या फलां ने? क्या फलां ने? हत्ता के इस यहूदी का नाम लिया गया तो उस ने सर के इशारे से कहा: हाँ, इस यहूदी को पेश किया गया तो उस ने एतराफ़ कर लिया, रसूलुल्लाह ﷺ ने उस के मुतल्लिक हुक्म फ़रमाया तो उस के सर को पत्थर के साथ कुचल दिया गया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6884) و مسلم (15 / 1672)، (4361)

٣٤٦٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: كَسَرَتِ الرُّبَيِّعُ وَهِيَ عَمَّةُ أَنَسِ بْنِ مَالِكٍ ثَنِيَّةَ جَارِيَةٍ مِنَ الْأَنْصَارِ فَأَتَوُا النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَمَرَ بِالْقِصَاصِ فَقَالَ أَنَسُ بْنُ النَّضْرِ عَمُّ أَنَسِ بْنِ مَالِكٍ لَا وَاللَّهِ لَا تُكْسَرُ ثَنِيَّتُهَا يَا رَسُولَ اللَّهِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا أَنَسُ كِتَابُ اللَّهِ الْقِصَاصُ» فَرَضِيَ الْقَوْمُ وَقَبِلُوا الْأَرْشَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ مِنْ عِبَادِ اللَّهِ مَنْ لَوْ أَقْسَمَ عَلَى الله لَأَبَره»

3460. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, उनकी फूफी रुबय्याअ रदियल्लाहु अन्हु ने अंसार की एक लौंडी

के सामने के दांत तोड़ दिए तो वह नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो आप ﷺ ने किसास का हुक्म फ़रमाया तो अनस बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु के फ़ूफा अनस बिन नज़र रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह की क़सम! अल्लाह के रसूल! उस के दांत नहीं तोड़े जाएँगे, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अनस! अल्लाह की किताब में किसास का हुक्म है", वह लोग दियत लेने पर राज़ी हो गए, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अल्लाह के कुछ बंदे ऐसे भी है की अगर वह अल्लाह पर क़सम उठा ले तो अल्लाह उन की क़सम को सच्चा कर देता है"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (4611) و مسلم (24 / 1675)، (4374)

٣٤٦١ - (صَحِيح) وَعَن أبي جُحيفةَ قَالَ: سَأَلْتُ عَلِيًّا رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ هَلْ عِنْدَكُمْ شَيْءٌ لَيْسَ فِي الْقُرْآنِ؟ فَقَالَ: وَالَّذِي فَلَقَ الْحَبَّةَ وَبَرَأَ النَّسَمَةَ مَا عِنْدَنَا إِلَّا مَا فِي الْقُرْآنِ إِلَّا فَهْمًا يُعْطَى رَجُلٌ فِي كِتَابِهِ وَمَا فِي الصَّحِيفَةِ قُلْتُ: وَمَا فِي الصَّحِيفَةِ؟ قَالَ: الْعَقْلُ وَفِكَاكُ الْأَسِيرِ وَأَنْ لَا يُقْتَلَ مُسْلِمٌ بِكَافِرٍ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ»» وَذَكَرَ حَدِيثَ ابْنِ مَسْعُودٍ: «لَا تُقْتَلُ نَفْسٌ ظُلْمًا» فِي «كتاب الْعلم»

3461. अबू जुहैफा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अली रदियल्लाहु अन्हु से दरियाफ्त किया, क्या तुम्हारे पास कोई ऐसी चीज़ है जो कुरान में न हो? उन्होंने ने फ़रमाया: उस ज़ात की क़सम! जिस ने दाने को फोड़ा और रूह को पैदा फ़रमाया! हमारे पास सिर्फ वही कुछ है जो कुरान में है, अलबत्ता दीन का वह फहम है जो बंदे को अल्लाह की किताब से अता किया जाता है और जो कुछ सहिफा में लिखा हुआ है (वोह हमारे पास है), मैंने अर्ज़ किया: सहिफा में किया है? उन्होंने ने फ़रमाया: "दियत, कैदी छुड़ाने और यह कि किसी मुसलमान को काफ़िर के बदले में क़त्ल न किया जाए, के मुतल्लिक अहकामात| # और इब्ने मसउद (र) से मरवी हदीस के " किसी जान को नाहक क़त्ल न किया जाए", किताब अल इल्म में ज़िक्र की गई है. (बुखारी)

رواه البخاری (6903) 0 حدیث ابن مسعود تقدم (211)

किसास का बयान • كتاب الْقصاص
दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٣٤٦٢ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَزَوَالُ الدُّنْيَا أَهْوَنُ عَلَى اللَّهِ مِنْ قَتْلِ رَجُلٍ مُسْلِمٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ ووقفه بعضهم وَهُوَ الْأَصَح

3462. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: "अल्लाह तआला के यहाँ पूरी दुनिया का तबाह व बर्बाद हो जाना एक मुसलमान आदमी के क़त्ल के मुकाबले में ज़्यादा आसान है"|

तिरमिज़ी, नसई, और बाज़ ने इसे मौकूफ करार दिया है और हमें ज़्यादा सहीह है| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (1395) و النسائی (7 / 82 ح 39913994)

٣٤٦٣ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ عَنِ الْبَرَاءِ بْنِ عَازِبٍ

3463. इब्ने माजा ने इसे बराअ बिन आजीब रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ ابن ماجہ (3619) * سفیان الثوری عنعن و الحدیث ضعیف من جمیع طرقہ ولم یصب من صححہ

٣٤٦٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي سعيدٍ وَأبي هريرةَ عَن رسولِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَوْ أَنَّ أَهْلَ السَّمَاءِ وَالْأَرْضِ اشْتَرَكُوا فِي دَمِ مُؤْمِنٍ لَأَكَبَّهُمُ اللَّهُ فِي النَّارِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

3464. अबू सईद और अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हुमा रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर ज़मीन व आसमान के तमाम बासी एक मोमिन के क़त्ल करने में शरीक पाए जाए तो अल्लाह इन सब को चेहरे के बल जहन्नम में फेंक देगा”| तिरमिज़ी, और उन्होंने कहा: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

ضعیف ، رواہ الترمذی (1398) * یزید الرقاشی ضعیف ولہ شواھد ضعیفۃ عند البیھقی (8 / 22) وغیرہ

٣٤٦٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " يَجِيءُ الْمَقْتُولُ بِالْقَاتِلِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ نَاصِيَتُهُ وَرَأْسُهُ بِيَدِهِ وَأَوْدَاجُهُ تَشْخُبُ دَمًا يَقُولُ: يَا رَبِّ قَتَلَنِي حَتَّى يُدْنِيَهُ مِنَ العرشِ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيّ وَابْن مَاجَه

3465. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “रोज़ ए कियामत मकतुल कातिल को लेकर आएगा इस (कातिल) की पेशानी और उस का सर मकतुल के हाथ में होगा और उसकी रगों से खून बह रहा होगा और वह कहेगा रब जी! उस ने मुझे क्यों क़त्ल किया हत्ता के वह इसे अर्श के करीब ले जाएगा”| (सहीह)

اسنادہ صحیح ، رواہ الترمذی (3029 وقال : حسن) و النسائی (7 / 87 ح 4010) و ابن ماجہ (2621)

٣٤٦٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ بْنِ سَهْلِ بْنِ حُنَيْفٍ أَنَّ عُثْمَانَ بْنَ عَفَّانَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَشْرَفَ يَوْمَ الدَّارِ فَقَالَ: أَنْشُدُكُمْ بِاللَّهِ أَتَعْلَمُونَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " لَا يَحِلُّ دَمُ امْرِئٍ مُسْلِمٍ إِلَّا بِإِحْدَى ثلاثٍ: زِنىً بَعْدَ إِحْصَانٍ أَوْ كُفْرٌ بَعْدَ إِسْلَامٍ أَوْ قتلِ نفْسٍ بِغَيْر حق فَقتل بِهِ "؟ فو الله مَا زَنَيْتُ فِي جَاهِلِيَّةٍ وَلَا إِسْلَامٍ وَلَا ارْتَدَدْتُ مُنْذُ بَايَعْتُ رَسُولُ

اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَلَا قَتَلْتُ النَّفْسَ الَّتِي حَرَّمَ اللَّهُ [ص:١٠٣ فَبِمَ تَقْتُلُونَنِي؟ رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَه وللدارمي لفظ الحَدِيث

3466. अबू उमामा बिन सहल बिन हनीफ से रिवायत है के उस्मान बिन अफ्फान रदियल्लाहु अन्हु ने “यौमु दार” (जिन दिनों बागियों ने उस्मान रदियल्लाहु अन्हु को महसूर कर रखा था) लोगों को देख कर फ़रमाया की मैं तुम्हें अल्लाह की क़सम! दे कर पूछता हूं क्या तुम अल्लाह के रसूल! ﷺ के इस फरमान से आगाह नहीं हो? के “किसी मुसलमान शख़्स का खून तीन में से किसी एक वजह पर दुरुस्त है: शादी शुदा होने के बाद ज़िना करने या इस्लाम के बाद कुफ्र करना या किसी जान को नाहक क़त्ल करना, और वह उस के बाईस क़त्ल किया जाएगा”, अल्लाह की क़सम! मैंने ने तो दौरे जाहिलियत में ज़िना किया और न ज़माने इस्लाम में, मैंने जब से रसूलुल्लाह ﷺ की बैत की इस वक़्त से आज तक कभी मुरतद नहीं हुआ, और मैंने किसी ऐसी जान को क़त्ल नहीं किया जिसे अल्लाह ने हराम करार दिया है, तो फिर तुम मुझे क्यों क़त्ल करते हो? तिरमिज़ी, नसई, इब्ने माजा और दारमी में सिर्फ हदीस के अल्फाज़ हैं| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذی (2158 وقال : حسن) و النسائی (7 / 9192 ح 4024) و ابن ماجه (2533) و الدارمی (2 / 171172 ح 2302 مختصرًا)

٣٤٦٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي الدَّرْدَاءِ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا يَزَالُ الْمُؤْمِنُ مُعْنِقًا صَالِحًا مَا لَمْ يُصِبْ دَمًا حَرَامًا فَإِذَا أَصَابَ دَمًا حَرَامًا بَلَّحَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3467. अबू दरदा रदियल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब तक मोमिन किसी खूने हराम का इर्तिकाब नहीं करता तो वह इताअत गुज़ार और आमाले स्वालेह की बजा आवरी में मुस्तअद रहता है और जब वह किसी खूने हराम का इर्तिकाब कर लेता है तो वह सुस्ती थकावट का शिकार हो जाता है”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (4270)

٣٤٦٨ - وَعَنْهُ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «كُلُّ ذَنْبٍ عَسَى اللَّهُ أَنْ يَغْفِرَهُ إِلَّا مَنْ مَاتَ مُشْرِكًا أَوْ مَنْ يقتُلُ مُؤْمنا مُتَعَمدا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3468. अबू दरदा रदियल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उम्मीद है के अल्लाह हर गुनाह मुआफ़ फरमादे सिवाय उस शख़्स के जो हालत ए शिर्क में फौत हो और जिस ने जान बुझकर किसी मोमिन को क़त्ल किया हो”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (4270)

٣٤٦٩ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ النَّسَائِيّ عَن مُعَاوِيَة

3469. इमाम नसई ने इसे मुआविया रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (सहीह)

صحيح ، رواه النسائی (7 / 81 ح 3989)

٣٤٧٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تُقَامُ الْحُدُودُ فِي الْمَسَاجِدِ وَلَا يُقَادُ بِالْوَلَدِ الْوَالِدُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ والدارمي

3470. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "ना मसाजिद में हुदूद काइम की जाए और न औलाद का वालिद से किसास लिया जाए"| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذی (1401) و الدارمی (2 / 190 ح 2362) [و ابن ماجه (2661)] * اسماعيل بن مسلم ضعيف و للحديث شواهد ضعيفة

٣٤٧١ - (جيد) وَعَن أبي رِمْثَةَ قَالَ: أَتَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَعَ أبي فقال: «مَنْ هَذَا الَّذِي مَعَكَ؟» قَالَ: ابْنِي أَشْهَدُ بِهِ قَالَ: «أَمَا إِنَّهُ لَا يَجْنِي عَلَيْكَ وَلَا تَجْنِي عَلَيْهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَزَادَ فِي «شَرْحِ السُّنَّةِ» فِي أَوَّلِهِ قَالَ: دَخَلْتُ مَعَ أَبِي عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَرَأَى أَبِي الَّذِي بِظَهْرِ رَسُول الله صلى الله عَلَيْهِ وَسلم فَقَالَ: دَعْنِي أُعَالِجُ الَّذِي بِظَهْرِكِ فَإِنِّي طَبِيبٌ. فَقَالَ: «أَنْتَ رفيقٌ واللَّهُ الطبيبُ»

3471. अबू रिम्स रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं अपने वालिद के साथ रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुम्हारे साथ यह कौन है?" उन्होंने अर्ज़ किया, मेरा बेटा है, आप उस के मुतल्लिक गवाह रहे, आप ﷺ ने फ़रमाया: "आगाह रहो! न तो तेरे गुनाह का उस से मुआखिज़ा (इलज़ाम लगाना) होगा न उस के गुनाह का तुझ से मुआखिज़ा (इलज़ाम लगाना) होगा"| और शरह सुन्ना में इस हदीस के शुरू में मज़ीद अल्फाज़ है: उन्होंने बयान किया में अपने वालिद के साथ रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो मेरे वालिद ने रसूलुल्लाह ﷺ की पुश्त पर जो चीज़ (मुहरे नबूवत) थी वह देख ली तो अर्ज़ किया, मुझे इजाज़त दें में इस चिज़ का इलाज करता हूँ जो आप की पुश्त पर है क्योंकि मैं तबीब हूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुम रफीक हो और अल्लाह तबीब है"| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (4495) و النسائی (8 / 53 ح 4836) و البغوی فی شرح السنة (10 / 181 ح 2534) [من طريق الشافعی و هذا فی الام (7 / 95)]

٣٤٧٢ - وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ عَن سُراقةَ بنِ مالكٍ قَالَ: حَضَرْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُقِيدُ الْأَبَ مِنِ ابْنِهِ وَلَا يُقِيدُ الِابْنَ من أَبِيه. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ (لم تتمّ دراسته)»» وَضَعفه

3472. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने सुराका बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत की, उन्होंने कहा: मैं रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर था आप ﷺ ने बाप को उस के बेटे से किसास दिलवाया और बेटे का बाप से किसास नहीं दिलवाया| तिरमिज़ी, और उन्होंने इसे जईफ करार दिया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (1399) * مثنی بن الصباح : ضعيف

٣٤٧٣ - (ضَعِيف) وَعَن الْحسن عَن سَمُرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ قَتَلَ عَبْدَهُ قَتَلْنَاهُ وَمَنْ جَدَعَ عَبْدَهُ جَدَعْنَاهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ وَزَادَ النَّسَائِيُّ فِي رِوَايَةٍ أُخْرَى: «وَمن خصى عَبده خصيناه»

3473. हसन बसरी (रह), समुरह रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो अपने गुलाम को क़त्ल करेगा, हम इसे क़त्ल करेंगे और जो अपने गुलाम के आज़ाअ (नाक वगैरा) काटेगा हम उस के आज़ाअ काटेंगे”| तिरमिज़ी, अबू दावुद, इब्ने माजा दारमी, और इमाम नसई ने एक दूसरी रिवायत में इज़ाफा नकल किया है: “जो अपने गुलाम को खस्सी करेगा हम इसे खस्सी करेंगे”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1414 وقال : حسن غريب) و ابوداؤد (4515) و ابن ماجه (2664) و الدارمی (2 / 191 ح 2363) و النسائی (8 / 2021 ح 47402742)

٣٤٧٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " مَنْ قَتَلَ مُتَعَمِّدًا دُفِعَ إِلَى أولياءِ المقتولِ فإنْ شاؤوا قتَلوا وإنْ شَاؤوا أَخَذُوا الدِّيَةَ: وَهِيَ ثَلَاثُونَ حِقَّةً وَثَلَاثُونَ جَذَعَةً وَأَرْبَعُونَ خَلِفَةً وَمَا صَالَحُوا عَلَيْهِ فَهُوَ لَهُمْ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3474. अम्र बिन शुऐब अपने बाप से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने जान बुझकर क़त्ल किया तो उसे मकतुल के वुरसा के हवाले किया जाएगा, अगर वह चाहे तो (इसे) क़त्ल कर दे और अगर वह चाहे तो दियत ले लें, और वह तीस हिक़्क़ा (ऊंटनी का वह बच्चा जो तीन साल मुकम्मल करने के बाद उमर के चोथे साल में दाखिल हो) तीस जज़आ (वो ऊंटनी जो पाँचवीं साल में दाखिल हो) और चालीस हामिला ऊंटनिया है और वह जिस चीज़ पर मुसालिहत कर ले तो वह इन के लिए है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1387 وقال : حسن غريب)

٣٤٧٥ - (صَحِيح) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْمُسْلِمُونَ تَتَكَافَأُ دِمَاؤُهُمْ وَيَسْعَى بِذِمَّتِهِمْ أَدْنَاهُمْ وَيَرُدُّ عَلَيْهِمْ أَقْصَاهُمْ وَهُمْ يَدٌ عَلَى مَنْ سِوَاهُمْ أَلَا لَا يُقْتَلُ مُسْلِمٌ بِكَافِرٍ وَلَا ذُو عَهْدٍ فِي عَهْدِهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3475. अली रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "मुसलमानों के खून (किसास व दियत में) मसावी है, और उन के आम आदमी की अमान का भी लिहाज़ रखा जाएगा और उन से दूर दराज़ वाला शख़्स माले गनीमत उन के नज़दीक वाले पर लौटाएगा, और वह दुश्मन के मुकाबले में बाहम दस्ते वाहिद की तरह है, सुन लो! किसी मुसलमान को किसी काफ़िर के बदले में क़त्ल नहीं किया जाएगा और न किसी मुआहिद (जिम्मी) को उस के अहद में क़त्ल किया जाएगा"| (सहीह)

صحیح ، رواہ ابوداؤد (5530) و النسائی (8 / 24 ح 4749)

٣٤٧٦ - (صَحِيح) وَرَوَاهُ ابْن مَاجَه عَن ابْن عَبَّاس

3476. इब्ने माजा ने इसे इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ ابن ماجہ (2660) * حنش ھو ابو علی الحسین بن قیس الرجی متروک و قولہ :'' لا یقتل مومن بکافر '' صحیح بالشواھد و قولہ :'' ولا ذو عھد فی عھدہ '' ضعیف ولہ شواھد ضعیفۃ عند ابن حبان (الموارد : 1699) و ابی داود (4530) وغیرھما

٣٤٧٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي شُرَيحٍ الخُزاعيِّ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " مَنْ أُصِيبَ بِدَمٍ أَوْ خَبْلٍ وَالْخَبَلُ: الْجُرْحُ فَهُوَ بِالْخِيَارِ بَيْنَ إِحْدَى ثَلَاثٍ: فَإِنْ أَرَادَ الرَّابِعَةَ فَخُذُوا عَلَى يَدَيْهِ: بَيْنَ أَنْ يَقْتَصَّ أَوْ يَعْفُوَ أَوْ يَأْخُذَ الْعَقْلَ [ص:١٠٣] فَإِنْ أَخَذَ مِنْ ذَلِكَ شَيْئًا ثُمَّ عَدَا بَعْدَ ذَلِكَ فَلَهُ النَّارُ خَالِدًا فِيهَا مُخَلَّدًا أبدا ". رَوَاهُ الدَّارمِيّ

3477. अबू शरीह खुजाई रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "जिस शख़्स का कोई अज़ीज़ क़त्ल हो जाए या कोई ज़ख़्मी कर दिया जाए तो उसे तीन में से एक का इख़्तियार है, अगर वह चोथी चिज़ का इरादा कर ले तो उस के हाथ पकड़ लो, वह किसास ले ले, या मुआफ़ कर दे, या दियत ले ले, अगर उस ने उस में से कोई चीज़ ले ली और फिर उस के बाद ज़्यादती की तो उस के लिए जहन्नम की आग है जिस में वह हमेशा हम्मेश रहेगा"| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ الدارمی (2 / 188 ح 2356) [و ابن ماجہ (2623) و ابوداؤد (4496)] * سفیان بن ابی العوجاء : ضعیف و لبعض الحدیث شاھد حسن عند احمد (4 / 32 ح 16492)

٣٤٧٨ - وَعَن طَاوُوس عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ قُتِلَ فِي عِمِّيَّةٍ فِي رَمْيٍ يَكُونُ بَيْنَهُمْ بِالْحِجَارَةِ أَوْ جَلْدٍ بِالسِّيَاطِ أَوْ ضَرْبٍ بِعَصًا فَهُوَ خَطَأٌ عقله الْخَطَأِ وَمَنْ قَتَلَ عَمْدًا فَهُوَ قَوَدٌ وَمَنْ حَالَ دُونَهُ فَعَلَيْهِ لَعْنَةُ اللَّهِ وَغَضَبُهُ لَا يُقْبَلُ مِنْهُ صَرْفٌ وَلَا عَدْلٌ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3478. ताउस, इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से और वह रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "जो शख़्स बलवे में मारा जाए, मसलन लड़ने वाले एक दूसरे पर पत्थर फेंक रहे थे या कोड़े मार रहे

थे या लाठियां बरसा रहे थे तो वह क़त्ले खता है और उसकी दियत, दीयते खता की मिस्ल होगी और जिस ने जान बुझकर क़त्ल किया तो वह (कातिल) काबिले किसास है, और जो शख़्स इस (किसास) के दरमियान हाइल हो जाए, उस पर अल्लाह की लानत और उस का गज़ब है, उस से न तो नफ्ल कबूल होगा और न फ़र्ज़"| (सहीह)

صحیح ، رواہ ابوداؤد (4539) و النسائی (8 / 39 ح 47934794)

٣٤٧٩ - (ضَعِيف) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا أَعْفِي مَنْ قَتَلَ بعدَ أخذ الديةِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3479. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मैं दियत लेने के बाद क़त्ल करने वाले को मुआफ़ नहीं करूँगा"| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ ابوداؤد (4507) * الحسن البصری مدلس و عنعن و فیه علة أخری

٣٤٨٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي الدَّرْدَاءِ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَا مِنْ رَجُلٍ يُصَابُ بِشَيْءٍ فِي جَسَدِهِ فَتَصَدَّقَ بِهِ إِلَّا رَفَعَهُ اللَّهُ بِهِ دَرَجَةً وَحَطَّ عَنْهُ خَطِيئَةً» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

3480. अबू दरदा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "जिस शख़्स के जिस्म में कोई जख्म लग जाए और वह मुआफ़ कर दे तो उसकी वजह से अल्लाह उस का एक दर्जा बुलंद कर देता है और उसकी एक खता मुआफ़ फरमा देता है"| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ الترمذی (1393 وقال : غریب) و ابن ماجه (2693) * ابو السفر ثقه لکنه ارسل عن ابی الدرداء رضی اللہ عنه ، کذافی التھذیب وغیرہ

كتاب الْقصاص • किसास का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٤٨١ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ سَعِيدِ بْنِ الْمُسَيَّبِ: أَنَّ عُمَرَ بْنَ الْخطاب قَتَلَ نَفَرًا خَمْسَةً أَوْ سَبْعَةً بِرَجُلٍ وَاحِدٍ قَتَلُوهُ قَتْلَ غِيلَةٍ وَقَالَ عُمَرُ: لَوْ تَمَالَأَ عَلَيْهِ أَهْلُ صَنْعَاءَ لَقَتَلْتُهُمْ جَمِيعًا. رَوَاهُ مَالِكٌ

3481. सईद बिन मुसय्यब से रिवायत है के उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु ने एक आदमी के क़त्ल के बदले में पांच या सात आदमियों को क़त्ल किया, उन्होंने इसे धोके से क़त्ल किया था, और उमर रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: अगर उस के क़त्ल पर सीनाअ के तमाम लोग मजतमअ (जटिल) होते तो मैं (इस के बदले में) सब को क़त्ल कर देता”| (सहीह)

صحیح ، رواہ مالک (2 / 871 ح 1688) * رجالہ ثقات و سعید بن المسیب سمع من عمر رضی اللہ عنہ

٣٤٨٢ - (صَحِيح) وروى الْبُخَارِيّ عَن ابْن عمر نَحوه

3482. इमाम बुखारी रहिमहुल्लाह ने इसी की मिस्ल इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत किया है| (बुखारी)

رواہ البخاری (6896)

٣٤٨٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن جُنْدبٍ قَالَ: حَدَّثَنِي فُلَانٌ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " يَجِيءُ الْمَقْتُولُ بِقَاتِلِهِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ فَيَقُولُ: سَلْ هَذَا فِيمَ قَتَلَنِي؟ فَيَقُولُ: قَتَلْتُهُ عَلَى مُلْكِ فُلَانٍ ". قَالَ جُنْدُبٌ: فاتَّقِها. رَوَاهُ النَّسَائِيّ

3483. जुन्दुब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, फलां शख़्स ने मुझे हदीस बयान की के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “रोज़ ए कियामत मकतुल अपने कातिल को लेकर आएगा और वह कहेगा (रब जी!) इस से पूछे के उस ने मुझे क़त्ल क्यों किया? तो वह कहेगा मैंने इसे फलां की सल्तनत फलां की नुसरत पर क़त्ल किया”, जुन्दुब रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: ज़ालिम की इआनत से बचो| (सहीह)

صحیح ، رواہ النسائی (7 / 84 ح 4003)

٣٤٨٤ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَعَانَ عَلَى قَتْلِ مُؤْمِنٍ شَطْرَ كَلِمَةٍ لَقِيَ اللَّهَ مَكْتُوبٌ بينَ عينيهِ آيسٌ من رَحْمَة الله» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

3484. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने किसी मोमिन के क़त्ल पर ठोड़ी सी बात के बराबर भी मदद की तो वह अल्लाह से इस हाल में मुलाकात करेगा के उसकी दोनों आंखो के बिच में लिखा होगा: “अल्लाह की रहमत से ना उम्मीद”| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ ابن ماجہ (2620) * یزید الشامی : منکر الحدیث ، و للحدیث شواھد ضعیفۃ عند البیھقی (8 / 22) وغیرہ

٣٤٨٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا أَمْسَكَ الرَّجُلُ الرَّجُلَ وَقَتَلَهُ الْآخَرُ يُقْتَلُ الَّذِي قتل ويُحبسُ الَّذِي أَمْسَكَ» . رَوَاهُ الدَّارَقُطْنِيّ

3485. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "जब आदमी किसी आदमी को पकड़ कर रखे और दूसरा आदमी इसे क़त्ल कर दे तो कातिल को क़त्ल किया जाएगा और पकड़ने वाले को क़ैद किया जाएगा"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الدارقطنى (3 / 140 ح 3243) [و البيهقى (8 / 50 وقال : هذا غير محفوظ) * سفيان الثورى مدلس و عنعن و فى السند علة أخرى

بَاب الدِّيات • दिय्यत का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٣٤٨٦ - (صَحِيح) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «هَذِهِ وَهَذِهِ سَوَاءٌ» يَعْنِي الخِنصرُ والإبهامَ. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3486. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "ये और यह यानी छोटी ऊँगली और अंगूठा (दियत) में बराबर है"| (बुखारी)

رواه البخارى (6895)

٣٤٨٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَضَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي جَنِينِ امْرَأَةٍ مَنْ بَنِي لِحْيَانَ سَقَطَ مَيِّتًا بِغُرَّةٍ: عَبْدٍ أَوْ أَمَةٍ ثُمَّ إِنَّ الْمَرْأَةَ الَّتِي قُضِيَ عَلَيْهَا بِالْغُرَّةِ تُوُفِّيَتْ فَقَضَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِأَنْ مِيرَاثَهَا لبنيها وَزوجهَا الْعقل على عصبتها

3487. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने बनू लिह्यान उन की एक औरत के हमल के मुर्दा हालत में साकित हो जाने पर एक गुलाम या लौंडी का फैसला किया था फिर वह औरत जिसके मुतल्लिक आप ﷺ ने गुलाम का फैसला किया था वह फौत हो गई तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फैसला दीया के उसकी मीरास उस के बेटो और उस के शोहर के लिए है जबकि उसकी दियत उस के असबा पर है| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6909) و مسلم (39 / 1681)، (4389)

٣٤٨٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: اقْتَتَلَتِ امْرَأَتَانِ مِنْ هُذَيْلٍ فَرَمَتْ إِحْدَاهُمَا الْأُخْرَى بِحَجَرٍ فَقَتَلَتْهَا وَمَا فِي بَطْنِهَا فَقَضَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّ دِيَةَ جَنِينِهَا غُرَّةٌ: عَبْدٌ أَوْ وَلِيدَةٌ وَقَضَى بِدِيَةِ الْمَرْأَةِ عَلَى عَاقِلَتِهَا وورَّثَها ولدَها وَمن مَعَهم

3488. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हज़िल कबिले की दो औरते लड़ पड़ी तो उनमें से एक ने दूसरी पर पत्थर मारा और इसे और उस के जनिन (पेट के बच्चे) को क़त्ल कर दिया, रसूलुल्लाह ﷺ ने फैसला दिया के उस के जनिन की दियत एक गुलाम या एक लौंडी है और औरत की दियत उस के खानदान (औरत के बाप की तरफ से रिश्तेदार असबा) पर है और आप ﷺ ने उसकी औलाद और जो उन के साथ है इनको उस का वारिस बनाया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6910) و مسلم (36 / 1681)، (4391)

٣٤٨٩ - (صَحِيح) وَعَنِ الْمُغِيرَةِ بْنِ شُعْبَةَ: أَنَّ امْرَأَتَيْنِ كَانَتَا ضَرَّتَيْنِ فَرَمَتْ إِحْدَاهُمَا الْأُخْرَى بِحَجَرٍ أَوْ عَمُودِ فُسْطَاطٍ فَأَلْقَتْ جَنِينَهَا فَقَضَى رَسُولُ اللَّهِ [ص:١٠٠٣] صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الجَنين غُرَّةً: عبداً أَوْ أَمَةً وَجَعَلَهُ عَلَى عَصَبَةِ الْمَرْأَةِ هَذِهِ رِوَايَةُ التِّرْمِذِيِّ وَفِي رِوَايَةِ مُسْلِمٍ: قَالَ: ضَرَبَتِ امْرَأَةٌ ضَرَّتَهَا بِعَمُودِ فُسْطَاطٍ وَهِيَ حُبْلَى فَقَتَلَتْهَا قَالَ: وَإِحْدَاهُمَا لِحْيَانِيَّةٌ قَالَ: فَجَعَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دِيَةَ الْمَقْتُول عَلَى عَصَبَةِ الْقَاتِلَةِ وَغُرَّةً لِمَا فِي بَطْنِهَا

3489. मुगिरा बिन शैबा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के दो औरते सोतन थी, उनमें से एक ने दूसरी को पत्थर या खैमे का बांस मारा तो उस का जनिन (पेट का बच्चा) गिर गया, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने जनिन के बारे में गुलाम या लौंडी का फैसला दिया और इसे इस औरत के असबा पर मुकर्रर फ़रमाया| यह तिरमिज़ी की रिवायत है, और मुस्लिम की रिवायत में है: औरत ने अपनी सोतन को जो के हामिला थी, खैमे का बांस मारा तो उस ने इसे क़त्ल कर दिया, और कहा: उनमें से एक लिहयानिया थी, रावी बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मकतुल की दियत कातिला के असबा (रिश्तेदारों) पर मुकर्रर फरमाई और जो इस (मकतुल) के पेट मैं था उसकी दियत एक गुलाम मुकर्रर की| (सहीह,मुस्लिम)

صحیح ، رواه الترمذی (1411) و مسلم (37 / 1682)، (4393)

दिय्यत का बयान • بَاب الدِّيات

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٣٤٩٠ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " أَلَا إِنَّ دِيَةَ الْخَطَأِ شِبْهِ الْعَمْدِ مَا كَانَ بِالسَّوْطِ وَالْعَصَا مِائَةٌ مِنَ الإبلِ: مِنْهَا أربعونَ فِي بطونِها أولادُها ". رَوَاهُ النسائيُّ وَابْن مَاجَه والدارمي

3490. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "सुन लो! खता की दियत, शुबाआमद की दियत के मिसल है, जो कोड़े और लाठी से हो, उसकी (दियत) सौ ऊंट है, जिन में से चालीस हामिला होगी"| (हसन)

حسن ، رواه النسائی (8 / 42 ح 4797) و ابن ماجه (2628 مطولًا و سنده ضعيف) والدارمی (2 / 197 ح 2388) [و ابوداؤد (4547 صحيح ، 4548) و رواه البخاری (6895)]

٣٤٩١ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ أَبُو دَاوُد عَنهُ وَابْن مَاجَه وَعَن ابْن عمر. وَفِي «شَرْحِ السُّنَّةِ» لَفْظُ «الْمَصَابِيحِ» عَنِ ابْنِ عمر

3491. और अबू दावुद ने इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत किया है, और शरह सुन्ना में मसाबिह के अल्फाज़ सिर्फ इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से मरवी हैं| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4549) و البغوی فی شرح السنة (10 / 186 ح 2536) * علی بن زيد بن جدعان ضعيف و حديث ابی داود (4547) و البخاری (6895) يغنی عنه

٣٤٩٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي بَكْرِ بْنِ مُحَمَّدِ بْنِ عَمْرِو بْنِ حَزْمٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَتَبَ إِلَى أَهْلِ الْيَمَنِ وَكَانَ فِي كِتَابِهِ: «أَنَّ مَنِ اعْتَبَطَ مُؤْمِنًا قَتْلًا فَإِنَّهُ قَوَدُ يَدِهِ إِلَّا أَنْ يَرْضَى أَوْلِيَاءُ الْمَقْتُولِ» وَفِيهِ: «أَنَّ الرَّجُلَ يُقْتَلُ بِالْمَرْأَةِ» وَفِيهِ: «فِي النَّفْسِ الدِّيَةُ مِائَةٌ مِنَ الْإِبِلِ وَعَلَى أَهْلِ الذَّهَبِ أَلْفُ دِينَارٍ وَفِي الْأَنْفِ إِذَا أُوعِبَ جَدْعُهُ الدِّيَةُ مِائَةٌ مِنَ الْإِبِلِ وَفِي الْأَسْنَانِ الدِّيَةُ وَفِي الشفتين الدِّيَة وَفِي البيضين الدِّيَةُ وَفِي الذَّكرِ الدِّيَةُ وَفِي [ص:١٠٣] الصُّلبِ الدِّيَةُ وَفِي الْعَيْنَيْنِ الدِّيَةُ وَفِي الرِّجْلِ الْوَاحِدَةِ نِصْفُ الدِّيَةِ وَفِي الْمَأْمُومَةِ ثُلُثُ الدِّيَةِ وَفِي الجائفَةِ ثلث الدِّيَة وَفِي المنقلة خمس عشر مِنَ الْإِبِلِ وَفِي كُلِّ أُصْبُعٍ مِنْ أَصَابِعِ الْيَدِ وَالرِّجْلِ عَشْرٌ مِنَ الْإِبِلِ وَفِي السِّنِّ خَمْسٌ مِنَ الْإِبِلِ» . رَوَاهُ النَّسَائِيُّ وَالدَّارِمِيُّ وَفِي رِوَايَةِ مَالِكٍ: «وَفِي الْعَيْنِ خَمْسُونَ وَفِي الْيَدِ خَمْسُونَ وَفِي الرِّجْلِ خَمْسُونَ وَفِي الْمُوضِحَةِ خَمْسٌ»

3492. अबू बक्र बिन मुहम्मद बिन अम्र बिन हज़्म अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने अहले यमन के नाम ख़त लिखा और आप ﷺ के ख़त मैं था: "जिस ने किसी मुसलमान को जान बुझकर नाहक क़त्ल किया तो उस का किसास उस के हाथ के अमल की वजह से है, मगर यह के मकतुल के औलिया (वुरसा) राज़ी हो जाए", और इस (ख़त) में यह भी था: "आदमी को औरत के बदले में क़त्ल किया जाएगा", और उस में था: "किसी जान की दियत सौ ऊंट है, और सोने वालो पर एक हज़ार दीनार, और नाक की दियत जब इसे मुकम्मल तौर पर काट दिया जाए, सौ ऊंट है, दांतों के बारे में दियत है, होठों के बारे में दियत है, वृषण (दो अंडो) के बारे में दियत है, शर्मगाह के बारे में दियत है, कमर के बारे में दियत है, आंखो के बारे में दियत है, एक पाँव की आधी दियत है, दिमाग की झिल्ली तक पहुँचने वाले जख्म पर एक तिहाई दियत है, पेट के अन्दर पहुँचने वाले जख्म में एक तिहाई दियत है, हड्डी को जगह से हटा देने वाले जख्म में पन्द्रह ऊंट दियत है, हाथ और पाँव की हर ऊँगली में दस ऊंट दियत है, और दांत की दियत पांच ऊंट है"| नसई, दारमी और इमाम

मालिक रहिमहुल्लाह की रिवायत में है: "आँख में पचास, हाथ में पचास, पाँव में पचास और हड्डी ज़ाहिर करने वाले जख्म पर पांच ऊंट दियत है"| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه النسائى (8 / 5758 ح 4857) و الدارمى (2 / 192193 ح 2370 مختصرًا) و مالک (2 / 849 ح 1647) * سليمان بن داود صوابه سليمان بن ارقم وهو ضعيف

٣٤٩٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: قَضَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الْمَوَاضِحِ خَمْسًا خَمْسًا مِنَ الْإِبِلِ وَفِي الْأَسْنَانِ خَمْسًا خَمْسًا مِنَ الْإِبِلِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَالدَّارِمِيُّ وَرَوَى التِّرْمِذِيُّ وابنُ مَاجَه الْفَصْل الأول

3493. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने हड्डी ज़ाहिर करने वाले जख्म में और हर दांत में पांच पांच ऊंट दियत मुकर्रर की है"| अबू दावुद, नसई, दारमी जबकि तिरमिज़ी और इब्ने माजा ने पहला जुमला नकल किया है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4566) و النسائى (8 / 57 ح 4856 مختصرًا) و الدارمى (2 / 195 ح 2375) و الترمذى (1390 وقال : حسن صحيح) و ابن ماجه (2655)

٣٤٩٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: جَعَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَصَابِعَ الْيَدَيْنِ وَالرِّجْلَيْنِ سَوَاء. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالتِّرْمِذِيّ

3494. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हाथ और पाँव की उंगलियों को बराबर करार दिया है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (4561) و الترمذى (1391 وقال : حسن صحيح غريب)

٣٤٩٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «الأصابعُ سواءٌ والأسنانُ سواءٌ الثَّنِيَّةُ وَالضِّرْسُ سَوَاءٌ هَذِهِ وَهَذِهِ سَوَاءٌ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3495. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "(दियत के बारे में) तमाम उंगलिया बराबर है, तमाम दांत बराबर है, सामने वाले दांत और दाढ़े बराबर है, यह और यह (छोटी ऊँगली और अंगूठा) बराबर है"| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (4559)

٣٤٩٦ - (حسن) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: خَطَبَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَامَ الفتح ثمَّ قَالَ: «أَيُّهَا النَّاسُ إِنَّهُ لَا حِلْفَ فِي الْإِسْلَامِ وَمَا كَانَ مِنْ حِلْفٍ فِي الْجَاهِلِيَّةِ فَإِنَّ الْإِسْلَامَ لَا يَزِيدُهُ إِلَّا شِدَّةً الْمُؤْمِنُونَ يَدٌ عَلَى مَنْ سِوَاهُمْ [ص:١٠٣ يُجِيرُ عَلَيْهِمْ أَدْنَاهُمْ وَيَرُدُّ عليهِم أَقْصاهم يَرِدُّ سراياهم على قعيدتِهم لَا يُقْتَلُ مُؤْمِنٌ بِكَافِرٍ دِيَةُ الْكَافِرِ نِصْفُ دِيَةِ الْمُسْلِمِ لَا جَلَبَ وَلَا جَنَبَ وَلَا تُؤْخَذُ صَدَقَاتُهُمْ إِلَّا فِي دُورِهِمْ» . وَفِي رِوَايَةٍ قَالَ: «دِيَةُ الْمُعَاهِدِ نِصْفُ دِيَةِ الْحُرِّ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3496. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फतह मक्का के साल खुत्बा इरशाद फ़रमाया तो फ़रमाया: “लोगो! इस्लाम में कोई नया मुआयदा नहीं, और दौरे जाहिलियत में जो मुआयदा था इस्लाम उस में इज़ाफा नहीं करता अलबत्ता इसे मज़बूत करता है, मोमिन दुश्मन के मुकाबले में बाहम दस्ते वाहिद की तरह है एक अदना मुसलमान भी किसी काफ़िर को पनाह दे सकता है और उनमें से जो दूर दराज़ है वह भी उन तक पहुंचाता है, और उन के लश्कर जिहाद में शरीक न होने वालो को भी माले गनीमत में शरीक करते हैं, किसी मोमिन को काफ़िर के बदले में क़त्ल नहीं किया जाएगा, काफ़िर की दियत , मुसलमान की दियत से आधी है, ज़कात वुसुल करने वाला न अपने पास ज़कात मंगवाए और न ज़कात देने वाले अपना माल दूर ले जाए और उन के सदकात उन के घरो ही से वुसुल किए जाए”, और एक रिवायत में है: “ज़िम्मी की दियत, आज़ाद आदमी की दियत से आधी है”| (हसन)

حسن ، رواه احمد (2 / 180 ح 6692) و ابوداؤد (4531 الرواية الثانية : 4583)

٣٤٩٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ خِشْفِ بْنِ مَالِكٍ عَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَضَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي دِيَةِ الْخَطَأِ عِشْرِينَ بِنْتَ مَخَاضٍ وَعِشْرِينَ ابْنَ مَخَاضٍ ذُكُورٍ وَعِشْرِينَ بِنْتَ لَبُونٍ وَعِشْرِينَ جَذَعَةً وَعِشْرِينَ حِقَّةً ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَالصَّحِيحُ أَنَّهُ مَوْقُوفٌ عَلَى ابْنِ مَسْعُودٍ وَخِشْفٌ مَجْهُولٌ لَا يُعْرَفُ إِلَّا بِهَذَا الْحَدِيثِ وَرُوِيَ فِي شَرْحِ السُّنَّةِ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَدَى قَتِيلَ خَيْبَرَ بِمِائَةٍ مِنْ إِبِلِ الصَّدَقَةِ وَلَيْسَ فِي أَسْنَانِ إِبِلِ الصَّدَقَةِ ابْنُ مَخَاضٍ إِنَّمَا فِيهَا ابْنُ لبون

3497. खिश्फ़ बिन मालिक, इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने खता की दियत बीस मादा ऊँट और बीस नर ऊँट जो उनके दूसरे साल में आ चुके हो और बीस मादा ऊँट जो उनके तीसरे साल में आ चुकी हो, बीस मादा ऊँट जो उनके पांचवे साल में आ चुकी हो और बीस मादा ऊँट जो उनके चोथे साल में आ चुकी हो मुकर्रर फरमाई| तिरमिज़ी, अबू दावुद, नसई, इसनाद जईफ, रवाह तिरमिज़ी, अबू दावुद, नसई, और सहीह यह है कि यह इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु पर मौकूफ है, जबकि खिश्फ़ मजहूल है, उस से सिर्फ हमें एक रिवायत मरवी है, और शरह सुन्ना में रिवायत है के नबी ﷺ ने खैबर के एक मकतुल की सदका के ऊटों में से सौ ऊंट दियत अदा की और सदका के ऊटों में दो सलाह ऊँट नहीं था उनमें सिर्फ तीसरे साल में दाखिल ऊँट थे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (1386) و ابوداؤد (4545) و النسائی (8 / 4344 ح 4806) [و ابن ماجه (2631)] * خشف مجهول کما قال المؤلف وغيره و حجاج بن ارطاة مدلس و عنعن ، 0 حديث ان النبی صلی الله عليه و آله وسلم و دی قتيل خيبر الخ رواه البغوی فی شرح السنة (10 / 188 تحت ح 2536) [و البخاری (7192) و مسلم (6 / 1669)]

٣٤٩٨ - (حسن) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: كَانَتْ قِيمَةُ الدِّيَةِ عَلَى عَهْدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثَمَانِمِائَةِ دِينَارٍ أَوْ ثَمَانِيَةَ آلَافِ دِرْهَمٍ وَدِيَةُ أَهْلِ الْكِتَابِ يَوْمَئِذٍ النِّصْفُ مِنْ دِيَةِ الْمُسْلِمِينَ قَالَ: فَكَانَ كَذَلِكَ حَتَّى اسْتُخْلِفَ عُمَرُ رَضِيَ اللَّهُ عَنهُ عَلَى أَهْلِ الذَّهَبِ أَلْفَ دِينَارٍ وَعَلَى أَهْلِ الْوَرِقِ اثْنَيْ عَشَرَ أَلْفًا وَعَلَى أَهْلِ الْبَقَرِ مِائَتَيْ بَقَرَةٍ وَعَلَى أَهْلِ الشَّاءِ أَلْفَيْ شَاةٍ وَعَلَى أَهْلِ الْحُلَلِ مِائَتَيْ حُلَّةٍ قَالَ: وَتَرَكَ دِيَةَ [ص:١٠٤ أَهْلِ الذِّمَّةِ لَمْ يَرْفَعْهَا فِيمَا رَفَعَ من الدِّيَة. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3498. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने ने फ़रमाया: रसूलुल्लाह ﷺ के अहद में दियत की कीमत आठ सौ दीनार थी या आठ हज़ार दिरहम थी, और उन दिनों अहले किताब की दियत मुसलमानों की दियत से आधी थी, उन्होंने मज़ीद फ़रमाया: दियत का मुआमला इसी तरह था हत्ता के उमर रदियल्लाहु अन्हु खलीफा बने तो उमर रदियल्लाहु अन्हु ने खुत्बा इरशाद फ़रमाया के ऊंट महंगे हो गए है, रावी बयान करते हैं, के उमर रदियल्लाहु अन्हु ने सोने वालो पर हज़ार दीनार, चाँदी वालो पर बारह हज़ार दिरहम, गाय वालो पर दो सौ गाये, बकरियों वालो पर दो हज़ार बकरिया, जोड़े (सोट) वालो पर दो सौ जोड़े मुकर्रर फरमाए, रावी बयान करते हैं, आप रदियल्लाहु अन्हु ने ज़िम्मियो की दियत छोड़ दी, और जब उन्होंने दियत बढ़ाई तो उसे न बढ़ाया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4542)

٣٤٩٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ جَعَلَ الدِّيَةَ اثْنَيْ عَشَرَ أَلْفًا. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَالدَّارِمِيُّ

3499. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ﷺ ने दियत बारह हज़ार (दिरहम) मुकर्रर फरमाई| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1388 وقال : حسن صحیح غریب) و ابوداؤد (4546) و النسائی (2 / 192 ح 2368) و الدارمی (8 / 44 ح 4808)

٣٥٠٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُقَوِّمُ دِيَةَ الْخَطَأِ عَلَى أَهْلِ الْقُرَى أَرْبَعَمِائَةِ دِينَارٍ أَوْ عِدْلَهَا مِنَ الْوَرِقِ وَيُقَوِّمُهَا عَلَى أَثْمَانِ الْإِبِلِ فَإِذَا غَلَتْ رَفَعَ فِي قيمتها وإِذا هاجَتْ رُخصٌ نَقَصَ مِنْ قِيمَتِهَا وَبَلَغَتْ عَلَى عَهْدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَا بَيْنَ أَرْبَعِمِائَةِ دِينَارٍ إِلَى ثَمَانِمِائَةِ دِينَارٍ وَعِدْلُهَا مِنَ الْوَرِقِ ثَمَانِيَةُ آلَافِ دِرْهَمٍ قَالَ: وَقَضَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى أَهْلِ الْبَقَرِ مِائَتَيْ بَقَرَةٍ وَعَلَى أَهْلِ الشَّاءِ أَلْفَيْ شَاةٍ وَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الْعَقْلَ مِيرَاثٌ بَيْنَ وَرَثَةِ الْقَتِيلِ» وَقَضَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّ عَقْلَ الْمَرْأَةِ بَيْنَ عَصَبَتِهَا وَلَا يَرِثُ القاتلُ شَيْئا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3500. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ

देहातियो पर दीयते खता चार सौ दीनार या उस के मसावी चाँदी मुकर्रर फ़रमाया करते थे, और उस में ऊटों की कीमत का लिहाज़ रखते थे, जब (ऊँटो की) कीमत बढ़ जाती तो आप ﷺ इस (दियत) की कीमत बढ़ा देते थे, और जब उनकी कीमत कम हो जाती तो आप इस दियत की कीमत कम कर देते थे और रसूलुल्लाह ﷺ के अहद में दियत की कीमत चार सौ दीनार से आठ सौ दीनार तक पहुँच गई थी, और चाँदी से उस के मसावी आठ हज़ार दिरहम तक पहुँच गई थी, रावी बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने गाय वालो पर दो सौ गाये और बकरियों वालो पर दो हज़ार बकरिया दियत मुकर्रर फरमाई, और रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक दियत मकतुल के वुरसा के दरमियान मीरास है”, और रसूलुल्लाह ﷺ ने फैसला फ़रमाया के औरत की दियत उस के असबा पर है, और कातिल किसी चिज़ का वारिस नहीं बनेगा| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (4564) و النسائی (8 / 4243 ح 4805)

٣٥٠١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «عَقْلُ شِبْهِ الْعَمْدِ مُغَلَّظٌ مِثْلُ عَقْلِ الْعَمْدِ وَلَا يُقْتَلُ صاحبُه» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3501. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की नबी ﷺ ने फ़रमाया: “शुबाआमद की दियत , दियते उम्दा की तरह मग्ल्लज़ है और इस (शुबाआमदा) के मुर्तकिब को क़त्ल नहीं किया जाएगा”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4565)

٣٥٠٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: قَضَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الْعَيْنِ الْقَائِمَةِ السَّادَّةِ لِمَكَانِهَا بِثُلْثِ الدِّيَةِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3502. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने जगह पर साबित रह जाने वाली आँख की एक तिहाई दियत मुकर्रर फरमाई| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4567) و النسائی (8 / 55 ح 4844)

٣٥٠٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مُحَمَّدِ بْنِ عَمْرٍو عَنْ أَبِي سَلَمَةَ عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَضَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الجَنينِ بغُرَّةٍ: عَبْدٍ أَوْ أَمَةٍ أَوْ فَرَسٍ أَوْ بَغْلٍ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ [ص:١٠٤ وَقَالَ: رَوَى هَذَا الْحَدِيثَ حَمَّادُ بْنُ سَلَمَةَ وَخَالِدٌ الْوَاسِطِيُّ عَنْ مُحَمَّدِ بْنِ عَمْرٍو وَلَمْ يَذْكُرْ: أَوْ فَرَسٍ أَوْ بغل

3503. मुहम्मद बिन अम्र ने अबू सलमा और उन्होंने अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया, उन्होंने कहा:

रसूलुल्लाह ﷺ ने जनिन (पेट के बच्चे) के बारे में गुलाम या लौंडी या घोड़ा या खच्चर बतौर दियत मुकर्रर फ़रमाया| अबू दावुद ने इसे रिवायत किया और फ़रमाया हम्माद बिन सलमा और खालिद वास्ती ने यह हदीस मुहम्मद बिन अम्र से रिवायत की और उन्होंने घोड़ा या खच्चर का ज़िक्र नहीं किया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4579)

٣٥٠٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «من تطبب وَلَمْ يُعْلَمْ مِنْهُ طِبٌّ فَهُوَ ضَامِنٌ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3504. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और उन्होंने अपने दादा से रिवायत किया के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स इलाज मुआल्ज़ा करे जबकि वह तिब्ब में माहिर न हो तो वह (मरीज़ की मौत वाकेअ होने पर दियत का) ज़ामिन होगा”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4586) و النسائی (8 / 5253 ح 48344835) * ابن جريج مدلس و عنعن و للحديث شاهد ضعيف

٣٥٠٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عِمْرَان بن حُصَين: أَنَّ غُلَامًا لِأُنَاسٍ فُقَرَاءَ قَطَعَ أُذُنَ غُلَامٍ لِأُنَاسٍ أَغْنِيَاءَ فَأَتَى أَهْلُهُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالُوا: إِنَّا أُنَاسٌ فُقَرَاءُ فَلَمْ يَجْعَلْ عَلَيْهِمْ شَيْئًا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ

3505. इमरान बिन हुसैन रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के ग़रीब लोगों के गुलाम ने अमीर लोगों के गुलाम का कान काट दिया तो इस (कान काटने वाले गुलाम) के घर वाले, नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए और उन्होंने अर्ज़ किया, हम फ़क़ीर लोग हैं, तो आप ﷺ ने इन पर (दियत में से) कुछ भी मुकर्रर न फ़रमाया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4590) و النسائی (8 / 2526 ح 4755) * قتادة مدلس و عنعن

दिय्यत का बयान • بَاب الدِّيات

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٣٥٠٦ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّهُ قَالَ: دِيَةُ شِبْهِ الْعَمْدِ أَثْلَاثًا ثَلَاثٌ وَثَلَاثُونَ حِقَّةً وَثَلَاثٌ وَثَلَاثُونَ جَذَعَةً وَأَرْبَعٌ وَثَلَاثُونَ ثَنِيَّةً إِلَى بَازِلِ عَامِهَا كُلُّهَا خَلِفَاتٌ وَفِي رِوَايَةٍ: قَالَ: فِي الْخَطَأِ أَرْبَاعًا: خَمْسَةٌ وَعِشْرُونَ حِقَّةً وَخَمْسٌ وَعِشْرُونَ جَذَعَةً وَخَمْسٌ وَعِشْرُونَ بَنَاتِ لَبُونٍ وَخَمْسٌ وَعِشْرُونَ بَنَاتِ مَخَاضٍ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3506. अली रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के “शुबाआमद की दियत तीन किस्म (के ऊँटो) पर मुश्तमिल है:

तेंतीस हिक़्क़ (तीन साल मुकम्मल करने के बाद चोथे साल में दाखिल ऊंट) तेंतीस जज़आ (पांचवी साल में दाखिल) चोंतिस (चोथे साल में दाखिल होने वाली ऊंटनीया) और वह सब हामिला हो", और एक दूसरी रिवायत में है फ़रमाया: "क़त्ल खता की दियत चार किस्म की ऊंटनिया हैं: पच्चीस हिक़्क़, पच्चीस जज़आ (मादा ऊँट जो उनके पांचवे साल में आ चुकी हो), पच्चीस बनात लबुन (मादा ऊँट जो उनके तीसरे साल में आ चुकी हो) और पच्चीस बनात मखाज़ (मादा ऊँट)"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4551 و الرواية الثانية : 4553) * ابو اسحاق و سفيان مدلسان و عنعنا

٣٥٠٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن مُجاهدٍ قَالَ: قَضَى عُمَرُ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ فِي شِبْهِ الْعَمْدِ ثَلَاثِينَ حِقَّةً وَثَلَاثِينَ جَذَعَةً وَأَرْبَعِينَ خَلِفَةً مَا بَيْنَ ثَنِيَّةٍ إِلَى بَازِلِ عَامِهَا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3507. मुजाहिद बयान करते हैं, उमर रदियल्लाहु अन्हु ने शुबाआमद में तीस हक़्क़, तीस जज़आ और चालीस हामिला ऊंटनियो का फैसला किया जो के छे साल से नौ साल की उमर के दरमियान हो और वह तमाम हामिला हो| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4550) * سفيان و ابن ابى نجيح مدلسان و عنعنا و مجاهد لم يسمع من عمر رضى الله عنه فالسند منقطع ان صح الى مجاهد

٣٥٠٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن سَعِيدِ بْنِ الْمُسَيَّبِ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَضَى فِي الْجَنِينِ يُقْتَلُ فِي بَطْنِ أُمِّهِ بِغُرَّةٍ عَبْدٍ أَوْ وَلِيدَةٍ. فَقَالَ الَّذِي قُضِيَ عليهِ: كيفَ أَغْرَمُ مَنْ لَا شَرِبَ وَلَا أَكَلَ وَلَا نَطَقَ وَلَا اسْتَهَلَّ وَمِثْلُ ذَلِكَ يُطَلُّ. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّمَا هَذَا مِنْ إِخْوَانِ الْكُهَّانِ» . رَوَاهُ مالكٌ وَالنَّسَائِيّ مُرْسلا

3508. सईद बिन मुसय्यब से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने जनिन के बारे में जिसे उसकी माँ के पेट में क़त्ल किया जाए, एक गुलाम या एक लौंडी की दियत का फैसला किया तो आप ﷺ से जिसके खिलाफ फैसला किया था उस ने कहा: में उसकी दियत कैसे अदा करू जिस ने न पिया, न खाया और उस ने कलाम किया न कोई चीख मारी, और इस तरह वह इस क़त्ल को राइगा करार देता थे तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "ये तो काहिनो का साथी है"| मालिक, नसई ने इसे मुरसल रिवायत किया है| (सहीह)

صحيح ، رواه مالك (2 / 855 ح 1659) و النسائى (8 / 49 ح 4824) * السند مرسل وله شواهد منها الحديث الآتى (3509)

٣٥٠٩ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ عَنْهُ عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ مُتَّصِلا

3509. अबू दावुद ने सईद बिन मुसय्यिब अन अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से मुत्तसिल रिवायत किया है| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (4576)

بَاب مَا يضمن من الْجِنَايَات • ऐसे कसूर और खताए जिन पर दियत नहीं हैं

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٣٥١٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْعَجْمَاءُ جَرْحُهَا جُبَارٌ وَالْمَعْدِنُ جُبَارٌ وَالْبِئْرُ جُبَارٌ»

3510. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर चोपाये किसी को ज़ख़्मी कर दे यह तो उस पर कोई खून बहा नहीं, अगर कोई खान में दबकर मर जाए उस पर कोई खून बहा नहीं और जो शख़्स कुंवे में गिर कर मर जाए तो उस का खून बहा नहीं”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (6912) و مسلم (45 / 1710)، (4465)

٣٥١١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ يَعْلَى بْنِ أَمَيَّةَ قَالَ: غَزَوْتُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ جَيْشَ الْعُسْرَةِ وَكَانَ لِي أَجِيرٌ فقاتلَ إنساناً فعض أَحدهمَا الْآخَرِ فَانْتَزَعَ الْمَعْضُوضُ يَدَهُ مِنْ فِي الْعَاضِّ فَأَنْدَرَ ثَنِيَّتَهُ فَسَقَطَتْ فَانْطَلَقَ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَهْدَرَ ثَنِيَّتَهُ وَقَالَ: «أَيَدَعُ يَدَهُ فِي فِيكَ تَقْضِمُهَا كَالْفَحْلِ»

3511. यअली बिन उमय्य रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने गज़वा ए तबुक मैं रसूलुल्लाह ﷺ के साथ शिरकत की मेरा एक नोकर था उस का किसी शख़्स से झगड़ा हो गया तो इन दोनों में से किसी एक ने दूसरे का हाथ (दांतों से) चबा डाला तो जिस का हाथ था उस ने अपने हाथ को उस के मुंह से खिंचा तो उस के सामने के दांत गिरा दिए, वह (शिकायत ले कर) नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो आप ﷺ ने उस के दांतों को राइगा करार दिया और उस का बदला न दिलाया और आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या यह अपना हाथ तुम्हारे मुंह में रहने देता ताकि तुम ऊंट की तरह इसे चबा डालते”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (2265) و مسلم (23 / 1674)، (4372)

٣٥١٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ قُتِلَ دُونَ مَالِهِ فَهُوَ شهيدٌ»

3512. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस शख़्स को अपने माल की हिफाज़त करते हुए क़त्ल कर दिया जाए तो वह शहीद है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (2480) و مسلم (226 / 140)، (361)

٣٥١٣ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَرَأَيْتَ إِنْ [ص:١٠٤ جَاءَ رَجُلٌ يُرِيدُ أَخْذَ مَالِي؟ قَالَ: «فَلَا تُعْطِهِ مَالَكَ» قَالَ: أَرَأَيْتَ إِنْ قَاتَلَنِي؟ قَالَ: «قَاتِلْهُ» قَالَ: أَرَأَيْتَ إِنْ قَتَلَنِي؟ قَالَ: «فَأَنْتَ شَهِيدٌ» . قَالَ: أَرَأَيْتَ إِنْ قَتَلْتُهُ؟ قَالَ: «هُوَ فِي النَّارِ» . رَوَاهُ مُسلم

3513. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी आया तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे बताइए अगर कोई आदमी (नाहक तौर पर) मेरा माल लेने के इरादे से आए (तो में किया करू ?) आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुम अपना माल इसे मत लेने दो", उस ने अर्ज़ किया, मुझे बताइए अगर वह मुझ से झगड़ा करे तो? आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुम भी उस से झगड़ा करो", उस ने अर्ज़ किया, मुझे बताइए अगर वह मुझे क़त्ल कर दे? तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुम शहीद हो", उस ने अर्ज़ किया, मुझे बताइए अगर में उसे क़त्ल कर दूँ? तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "वो जहन्नमी है", तुम पर कोई मुआखिज़ा (इलज़ाम लगाना) नहीं| (मुस्लिम)

رواه مسلم (225 / 124)، (360)

٣٥١٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ أَنَّهُ سَمِعَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «لَوِ اطَّلَعَ فِي بَيْتِكَ أحدٌ ولمْ تَأذن لَهُ فخذفته بحصاة ففتأت عَيْنَهُ مَا كَانَ عَلَيْكَ مِنْ جُنَاحٍ»

3514. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "अगर कोई शख़्स बिला इजाज़त तुम्हारे घर में झांके और तुम उसे कंकरी मारो जिस से उसकी आँख फुट जाए तो तुम पर कोई गुनाह नहीं"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6888) و مسلم (44 / 2158)، (5643)

٣٥١٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن سهل بنِ سعد: أَنَّ رَجُلًا اطَّلَعَ فِي جُحْرٍ فِي بَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَمَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِدْرًى يَحُكُّ بِهِ رَأْسَهُ فَقَالَ: «لَوْ أَعْلَمُ أَنَّكَ تنظُرُني لطَعَنْتُ بِهِ فِي عَيْنَيْكَ إِنَّمَا جُعِلَ الِاسْتِئْذَانُ مِنْ أَجْلِ الْبَصَرِ»

3515. सहल बिन साद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक आदमी ने रसूलुल्लाह ﷺ के दरवाज़े के सुराख़ में से झाँका, रसूलुल्लाह ﷺ के पास लकड़ी या लोहे की कंघी नुमा कोई चीज़ थी जिस से आप अपना सर खुजालते थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अगर मुझे पता होता की तुम मुझे देख रहे हो तो में उसे तुम्हारी दोनों आंखो में चुभो देता, देखने ही की वजह से तो इजाज़त लेना मुकर्रर किया गया है"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6901) و مسلم (40 / 2156)، (5638)

٣٥١٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مُغَفَّلٍ أَنَّهُ رَأَى رَجُلًا يَخْذِفُ فَقَالَ: لَا تَخْذِفْ فَإِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى عَنِ الْخَذْفِ وَقَالَ: «إِنَّهُ لَا يُصَادُ بِهِ صَيْدٌ وَلَا يُنْكأُ بِهِ عَدُوٌّ وَلَكِنَّهَا قَدْ تَكْسِرُ السِّنَّ وَتَفْقَأُ الْعَيْنَ»

3516. अब्दुल्लाह बिन मुगफ्फल रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने एक आदमी को कंकरिया फेंकते हुए देखा तो उन्होंने कहा: कंकरिया मत फेंको क्योंकि रसूलुल्लाह ﷺ ने कंकरिया फेंकने से मना फ़रमाया है और आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस से न तो शिकार किया जा सकता है और न दुश्मन को ज़ख़्मी किया जा सकता है लेकिन यह (फेंकना) दांत तोड़ सकता है और आँख फोड़ सकता है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (5479) و مسلم (54 / 1954)، (5050)

٣٥١٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي مُوسَى قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا مَرَّ أَحَدُكُمْ فِي مَسْجِدِنَا وَفِي سُوقِنَا وَمَعَهُ نَبْلٌ فَلْيُمْسِكْ عَلَى نِصَالِهَا أَنْ يُصِيبَ أَحَدًا مِنَ الْمُسْلِمِينَ مِنْهَا بِشَيْءٍ»

3517. अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई शख़्स हमारी मस्जिद और हमारे बाज़ार में से गुज़रे और उस के पास तीर हो तो वह उस के नोक पर हाथ रखे ताकि उस से कोई मुसलमान ज़ख़्मी न हो जाए”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (7075) و مسلم (134 / 2615)، (6665)

٣٥١٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يُشِيرُ أَحَدُكُمْ [ص:١٠٤ عَلَى أَخِيهِ بِالسِّلَاحِ فَإِنَّهُ لَا يَدْرِي لَعَلَّ الشَّيْطَانَ يَنْزِعُ فِي يَدِهِ فَيَقَعُ فِي حُفْرَة من النَّار»

3518. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम में से कोई अस्लिहा के ज़रिए अपने भाई की तरफ इशारा न करे क्योंकि वह नहीं जानता के हो सकता है शैतान उस के हाथ से चिपट कर (इस के भाई पर वार करे) इसी तरह यह जहन्नम में जा गीरे”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (7072) و مسلم (136 / 2617)، (6668)

٣٥١٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَشَارَ إِلَى أَخِيهِ بِحَدِيدَةٍ فَإِنَّ الْمَلَائِكَةَ تَلْعَنُهُ حَتَّى يَضَعَهَا وَإِنْ كَانَ أَخَاهُ لِأَبِيهِ وَأمه» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3519. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स नेज़े से अपने भाई की

तरफ इरशाद करे, फ़रिश्ते उस पर लानत भेजते रहते है, हत्ता के वह इसे रख दे, ख्वाह वह उस का हकीकी भाई ही क्यों न हो"| (बुखारी)

رواه البخاری (لم اجده) [و مسلم (125 / 2616)، (6666)]

٣٥٢٠ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ وَأَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمْ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ حَمَلَ عَلَيْنَا السِّلَاحَ فَلَيْسَ مِنَّا» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ وزادَ مُسلم: «ومنْ غشَّنا فليسَ منَّا»

3520. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा और अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "जो शख़्स हमारे खिलाफ अस्लिहा उठाए तो वह हम में से नहीं"| और इमाम मुस्लिम रहिमहुल्लाह ने यह इज़ाफा नकल किया है: "जिस ने हमें धोका दीया वह हम में से नहीं"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (707) و مسلم (164 / 101)، (283)

٣٥٢١ - (صَحِيح) وَعَنْ سَلَمَةَ بْنِ الْأَكْوَعِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ سَلَّ علينا السَّيفَ فليسَ منَّا» . رَوَاهُ مُسلم

3521. सलमा बिन अकवा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस ने हमारे खिलाफ तलवार उठाई वह हम में से नहीं"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (162 / 99)، (281)

٣٥٢٢ - (صَحِيح) وَعَنْ هِشَامِ بْنِ عُرْوَةَ عَنْ أَبِيهِ أَنَّ هشامَ بنَ حكيمٍ مَرَّ بِالشَّامِ عَلَى أُنَاسٍ مِنَ الْأَنْبَاطِ وَقَدْ أُقِيموا فِي الشَّمسِ وصُبَّ على رُؤوسِهِمُ الزَّيْتُ فَقَالَ: مَا هَذَا؟ قِيلَ: يُعَذَّبُونَ فِي الخَراجِ فَقَالَ هِشَامٌ: أَشْهَدُ لَسَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ اللَّهَ يُعَذِّبُ الَّذِينَ يُعذبونَ النَّاسَ فِي الدُّنْيَا» . رَوَاهُ مُسلم

3522. हिश्शाम बिन उरवा अपने वालिद से रिवायत करते हैं की हिश्शाम बिन हकिम शाम में कौम ए अंबाट के कुछ लोगों के पास से गुज़रे जिन्हें धुप में खड़ा किया गया था और उन के सरो पर जैतून का तेल डाला जा रहा था, उन्होंने पूछा यह क्या मुआमला है? बताया गया के उन्हें (टेक्स) की अदम अदाइगी की वजह से सज़ा दी जा रही है, हिश्शाम ने कहा मैं गवाही देता हूँ की मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "वो बेशक अल्लाह उन लोगों को अज़ाब देगा जो लोगों को दुनिया में (नाहक) अज़ाब व सज़ा देते है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (118 / 2613)، (6658)

٣٥٢٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يُوشِكُ إِنْ طَالَتْ بك مُدَّة أَن ترى أَقْوَامًا فِي أَيْدِيهِمْ مِثْلُ أَذْنَابِ الْبَقَرِ يَغْدُونَ فِي غَضَبِ اللَّهِ وَيَرُوحُونَ فِي سَخَطِ اللَّهِ» . وَفِي رِوَايَةٍ: «وَيَرُوحُونَ فِي لَعْنَةِ اللَّهِ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3523. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अगर तुम्हारी उमर दराज़ हुई तो करीब है के तुम कुछ ऐसे लोग देखोगे जिन के हाथो में गाय की दूम जैसे (कोड़े) होंगे वह सुबह व शाम (हमेशा) अल्लाह के गज़ब और नाराज़ी में रहेंगे", और एक रिवायत में है: "वो अल्लाह की लानत में शाम करते हैं"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (54 ، 53 / 2857)، (7195 و 7196)

٣٥٢٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " صِنْفَانِ مِنْ [ص:١٠٤ أَهْلِ النَّارِ لَمْ أَرَهُمَا: قَوْمٌ مَعَهُمْ سِيَاطٌ كَأَذْنَابِ الْبَقَرِ يَضْرِبُونَ بِهَا النَّاسَ وَنِسَاءٌ كَاسِيَاتٌ عَارِيَاتٌ مُمِيلَاتٌ مَائِلَاتٌ رؤوسهم كَأَسْنِمَةِ الْبُخْتِ الْمَائِلَةِ لَا يَدْخُلْنَ الْجَنَّةَ وَلَا يَجِدْنَ رِيحَهَا وَإِنَّ رِيحَهَا لَتُوجَدُ مِنْ مَسِيرَةِ كَذَا وَكَذَا ". رَوَاهُ مُسلم

3524. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जहन्नुमियो के दो गिरोह ऐसे है जिन्हें मैंने नहीं देखा, एक वह लोग जिन के पास गाय की दुमो जैसे कोड़े होंगे जिन के साथ वह लोगों को मारते होंगे, और वह औरते जो लिबास पहन कर भी उरिया होगी, माइल करने वाली, मटक मटक कर चलने वाली होगी, उन के सर बख्ती ऊटों की झुकी हुई कोहानो की तरह उठे हुए होंगे, यह दोनों गिरोह न तो जन्नत में जाएँगे और न उसकी खुशबू पाएंगे, हालाँकि उसकी खुशबू दूर दराज़ तक फैली होगी"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (52 / 2128)، (5582)

٣٥٢٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم: «إِذَا قَاتَلَ أَحَدُكُمْ فَلْيَجْتَنِبِ الْوَجْهَ فَإِنَّ اللَّهَ خَلَقَ آدَمَ عَلَى صُورَتِهِ»

3525. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब तुम में से कोई (किसी को) मारे तो वह चेहरे से बचा करे क्योंकि अल्लाह ने आदम अलैहिस्सलाम को अपने सूरत पर पैदा फ़रमाया है"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (2559) و مسلم (115 / 2612)، (6655)

ऐसे कसूर और खताए जिन पर दिय्यत नहीं हैं • بَاب مَا يضمن من الْجِنَايَات

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٣٥٢٦ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ كَشَفَ سِتْرًا فَأَدْخَلَ بَصَرَهُ فِي الْبَيْتِ قَبْلَ أَنْ يُؤْذَنَ لَهُ فَرَأَى عَوْرَةَ أَهْلِهِ فَقَدْ أَتَى حَدًّا لَا يَحِلُّ لَهُ أَنْ يَأْتِيَهُ وَلَوْ أَنَّهُ حِينَ أَدْخَلَ بَصَرَهُ فَاسْتَقْبَلَهُ رَجُلٌ فَفَقَأَ عَيْنَهُ مَا عَيَّرْتُ عَلَيْهِ وَإِنْ مَرَّ الرَّجُلُ عَلَى بَابٍ لَا سِتْرَ لَهُ غَيْرِ مُغْلَقٍ فَنَظَرَ فَلَا خَطِيئَةَ عَلَيْهِ إِنَّمَا الْخَطِيئَةُ عَلَى أَهْلِ الْبَيْتِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيب

3526. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस ने परदा उठाया और बिला इजाज़त घर में नज़र डाली और घरवालो की परदा की चीज़ को देख लिया तो उस ने एक हद का इर्तिकाब किया जिस का इर्तिकाब करना उस के लिए हलाल नहीं था, और अगर इस वक़्त, जब उस ने नज़र डाली, एक आदमी उस के सामने गया और उस ने उसकी आँख फोड़ दी, मैं उसको कोई सज़ा नहीं दूंगा, और अगर आदमी किसी ऐसे दरवाज़े से गुज़रे जिस का कोई परदा न हो और न वह बंद हो और वह देख ले तो उसकी कोई गलती नहीं, गलती तो घरवालो की है”| इस हदीस को तिरमिज़ी ने रिवायत किया है और उन्होंने कहा: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (2707) * ابن لهیعة مدلس و عنعن

٣٥٢٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ يُتَعَاطَى السَّيْفُ مَسْلُولًا. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

3527. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने बे मियान तलवार किसी को देने से मना फ़रमाया है| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه الترمذی (2613 وقال : حسن غریب) و ابوداؤد (2588) * ابو الزبیر مدلس و عنعن و للحدیث شواهد ضعیفة

٣٥٢٨ - وَعَن الحسنِ عَنْ سَمُرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى أَنْ يُقَدَّ السَّيْرُ بَيْنَ أُصبعَين. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3528. हसन, समुरह रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, के रसूलुल्लाह ﷺ ने दो उंगलियों के दरमियान तस्मिया चीरने से मना फ़रमाया है| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (2589)

٣٥٢٩ - (صَحِيح) وَعَن سعيدِ بنِ زيدٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ قُتِلَ دُونَ دِينِهِ فَهُوَ شَهِيدٌ وَمَنْ قُتِلَ دُونَ دَمِهِ فَهُوَ شَهِيدٌ وَمَنْ قُتِلَ دُونَ مَالِهِ فَهُوَ شَهِيدٌ وَمَنْ قُتِلَ دُونَ أَهْلِهِ فَهُوَ شَهِيدٌ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ

3529. सईद बिन ज़ैद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स अपने दीन की हिफाज़त करते हुए मारा जाए तो वह शहीद है, जो शख़्स अपनी जान की हिफाज़त करते हुए मारा जाए वह भी शहीद है, जो शख़्स अपने माल की हिफाज़त करता मारा जाए वह भी शहीद है, और जो शख़्स अपने अहल व अयाल की हिफाज़त करते मारा जाए वह भी शहीद है”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (1421 وقال : حسن صحيح) و ابوداؤد (4772) و النسائى (7 / 115116 ح 40954096)

٣٥٣٠ - وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " لِجَهَنَّمَ سَبْعَةُ أَبْوَابٍ: بَابٌ مِنْهَا لِمَنْ سَلَّ السَّيْفَ عَلَى أُمَّتِي أَوْ قَالَ: عَلَى أُمَّةِ مُحَمَّدٍ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ»» وَحَدِيثُ أَبِي هُرَيْرَةَ: «الرِّجْلُ جُبَارٌ» ذُكِرَ فِي «بَابِ الْغَضَب»»» هَذَا الْبَاب خَال من الْفَصْل الثَّالِث

3530. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जहन्नम के सात दरवाज़े है उनमें से एक दरवाज़ा इस शख़्स के लिए है जिस ने मेरी उम्मत के खिलाफ तलवार उठाई, या फ़रमाया: “(जिस ने) मुहम्मद ﷺ की उम्मत के खिलाफ (तलवार उठाई)”| तिरमिज़ी, और उन्होंने कहा: यह हदीस ग़रीब है| # और अबू हुरैरा (र) से मरवी हदीस: “चोपाये के पाँव से लगने वाला जख्म राइगा है” बाब अल गज़ब में ज़िक्र की गई है. (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (3123) * وقال ابو حاتم الرازى : جنيد عن ابن عمر : مرسل0 حديث ’’ الرجل جبار ‘‘ تقدم (2952)

هذا الباب خال من الفصل الثالث

यह बाब तीसरी फस्ल से खाली है|

क़सम का बयान • بَاب الْقسَامَة

पहली फस्ल • الْفَصْلُ الأول

٣٥٣١ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ رَافِعِ بْنِ خَدِيجٍ وَسَهْلِ بْنِ أَبِي حَثْمة أَنَّهُمَا حَدَّثَا أَنَّ عَبْدَ اللَّهِ بْنَ سَهْلٍ وَمُحَيِّصَةَ بْنَ مَسْعُودٍ أَتَيَا خَيْبَرَ فَتَفَرَّقَا فِي النَّخْلِ فَقُتِلَ عَبْدُ اللَّهِ بْنُ سَهْلٍ فَجَاءَ عَبْدُ الرَّحْمَنِ بْنُ سَهْلٍ وَحُوَيِّصَةُ وَمُحَيِّصَةُ ابْنَا مَسْعُودٍ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَتَكَلَّمُوا فِي أَمْرِ صَاحِبِهِمْ فَبَدَأَ عَبْدُ الرَّحْمَنِ وَكَانَ أَصْغَرَ الْقَوْمِ فَقَالَ لَهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " كبر الْكبر قَالَ يحيى بن سعد: يَعْنِي لِيَلِيَ الْكَلَامَ الْأَكْبَرُ فَتَكَلَّمُوا فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اسْتَحِقُّوا قَتِيلَكُمْ أَوْ قَالَ صَاحِبَكُمْ بِأَيْمَانِ خَمْسِينَ مِنْكُمْ» . قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَمْرٌ لَمْ نَرَهُ قَالَ: فَتُبَرِّئُكُمْ يَهُودُ فِي أَيْمَانِ خَمْسِينَ مِنْهُمْ؟ قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ قَوْمٌ كُفَّارٌ فَفَدَاهُمْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ قِبَلِهِ. وَفِي رِوَايَةٍ: «تَحْلِفُونَ خَمْسِينَ يَمِينًا وَتَسْتَحِقُّونَ قَاتِلَكُمْ أَوْ صَاحِبَكُمْ» فَوَدَاهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَنْ عِنْده بِمِائَة نَاقَة»» وَهَذَا الْبَاب خَال من الْفَصْل الثَّانِي

3531. राफीअ बिन ख़दीज और सहल बिन अबी हशमत से रिवायत है जिन दोनों ने बयान किया के अब्दुल्लाह बिन सहल और मुहय्यिस बिन मसउद खैबर आए और वह दोनों खजूरो के झुण्ड में अलग हो गए, चुनांचे अब्दुल्लाह बिन सहल क़त्ल कर दिए गए, उस के बाद अब्दुल रहमान बिन सहल और मसउद के दोनों बेटे हुवैस और मुहय्यिस नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए और वह अपने साथी के मुआमले के मुतल्लिक बात करने लगे तो अब्दुल रहमान ने, जो के लोगों में सबसे छोटे थे, बात करना शुरू की तो नबी ﷺ ने इसे फ़रमाया: “बड़े को उस के बड़े होने का हक़ दो”, याह्या बिन सईद ने फ़रमाया: आप ﷺ की मुराद थी की जो सबसे बड़ा है वह कलाम करे, उन्होंने बात की तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “तुम अपने मकतुल साथी की दियत के मुतल्लिक पचास कस्मे उठाकर हक़दार बन सकते हो”, उन्होंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! वह ऐसा मुआमला है के हमने इसे देखा नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “यहूद के पचास आदमी क़सम उठाकर तुम से बरी हो जाएँगे”, उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! जो तो काफ़िर लोग हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने अपनी तरफ से उन्हें दियत अदा फरमाई और एक रिवायत में है: “तुम पचास कस्मे उठाओ और अपने कातिल या अपने साथी के मुस्तहक बन जाओ”, रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने तरफ से सौ ऊंटनिया बतौर दियत अदा फरमाइ| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (61426142 و الروایة الثانیة : 7192) و مسلم (3 / 1669)، (4346)

هذا الباب خال من الفصل الثالث

यह बाब तीसरी फस्ल से खाली है|

क़सम का बयान • بَاب الْقسَامَة

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٣٥٣٢ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ رَافِعِ بْنِ خَدِيجٍ قَالَ: أَصْبَحَ رَجُلٌ مِنَ الْأَنْصَارِ مَقْتُولًا بِخَيْبَرَ فَانْطَلَقَ أَوْلِيَاؤُهُ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَذَكَرُوا ذَلِكَ لَهُ فَقَالَ: «أَلَكُمْ شَاهِدَانِ يَشْهَدَانِ عَلَى قَاتِلِ صَاحِبِكُمْ؟» قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ لَمْ يَكُنْ ثَمَّ أحدٌ من المسلمينَ وإِنما هُوَ يهود وَقد يجترئون عَلَى أَعْظَمَ مِنْ هَذَا قَالَ: «فَاخْتَارُوا مِنْهُمْ خَمْسِينَ فَاسْتَحْلِفُوهُمْ» . فَأَبَوْا فَوَدَاهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ عِنْدِهِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3532. राफीअ बिन ख़दीज बयान करते हैं, अंसार का एक आदमी खैबर में क़त्ल हो गया तो उस के वुरसा नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए और उन्होंने उस के मुतल्लिक आप से ज़िक्र किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम्हारे पास दो गवाह है जो तुम्हारे साथी के कातिल पर गवाही दें ?” उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! वहां तो कोई मुसलमान नहीं था और वह तो यहूद है और वह उन से बड़ी चीज़ के इर्तिकाब की जिरात (जुर्रत) कर जाते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उन में से पचास आदमी चुन लो और उन से हलफ ले लो”, उन्होंने इनकार किया तो रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने तरफ से उस का फिदिया अदा फ़रमाया| (सहीह)

صحیح ، رواہ ابوداؤد (4524)

मुर्तदीन और फसाद फ़ैलाने वालो को क़त्ल करने का • بَاب قتل أهل الرِّدَّة والسعاة بِالْفَسَادِ

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٣٥٣٣ - (صَحِيح) عَنْ عِكْرِمَةَ قَالَ: أُتِيَ عَلِيٌّ بِزَنَادِقَةٍ فَأَحْرَقَهُمْ فَبَلَغَ ذَلِكَ ابْنَ عَبَّاسٍ فَقَالَ: لَوْ كُنْتُ أَنَا لَمْ أُحْرِقْهُمْ لِنَهْيِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تُعَذِّبُوا بِعَذَابِ اللَّهِ» وَلَقَتَلْتُهُمْ لِقَوْلِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ بَدَّلَ دِينَهُ فَاقْتُلُوهُ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

3533. इकरिमा बयान करते हैं, अली रदियल्लाहु अन्हु के पास कुछ ज़िन्दिक लाए गए तो उन्होंने उन्हें जिंदा जला दिया, इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा को इस बात का पता चला तो उन्होंने ने फ़रमाया: अगर में होता तो मैं उन्हें कभी जिंदा न जलाता क्योंकि रसूलुल्लाह ﷺ से उसकी मुमानियत मौजूद है (के आप ﷺ ने फ़रमाया):

“अल्लाह के अज़ाब के साथ अज़ाब न दो”, की वजह से में उन्हें न जलाता और रसूलुल्लाह ﷺ के फरमान: “जो शख़्स अपना दीन (इस्लाम) बदल ले तो उसे क़त्ल कर दो”, के मुताबिक में उन्हें क़त्ल कर देता| (बुखारी)

رواه البخاری (6922)

٣٥٣٤ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِن النَّارَ لَا يُعَذِّبُ بِهَا إِلَّا اللَّهُ» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

3534. अब्दुल्लाह बिन अब्बास रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आग का अज़ाब सिर्फ अल्लाह ही देगा”| (बुखारी)

رواه البخاری (6954)

٣٥٣٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «سَيَخْرُجُ قَوْمٌ فِي آخِرِ الزَّمَانِ حُدَّاثُ الْأَسْنَانِ سُفَهَاءُ الْأَحْلَامِ يَقُولُونَ مِنْ خَيْرِ قَوْلِ الْبَرِيَّةِ لَا يُجَاوِزُ إِيمَانُهُمْ حَنَاجِرَهُمْ يَمْرُقُونَ مِنَ الدِّينِ كَمَا يَمْرُقُ السَّهْمُ مِنَ الرَّمِيَّةِ فَأَيْنَمَا لَقِيتُمُوهُمْ فَاقْتُلُوهُمْ فَإِنَّ فِي قَتْلِهِمْ أَجْرًا لمن قَتلهمْ يَوْم الْقِيَامَة»

3535. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “अनकरीब आखिरी ज़माने में एक कौम का जुहूर होगा जो नौ उमर जईफ अल अक्ल होंगे, वह बज़ाहिर निहायत माकूल काम करेंगे, लेकिन उनका ईमान उन के हलक से तजावुज़ नहीं करेगा, वह दीन से इस तरह निकल जाएँगे जैसे तीर शिकार से निकल जाता है, तुम उन्हें जहाँ पाओ वहीँ क़त्ल कर दो क्योंकि उन्हें क़त्ल करने में रोज़ ए कियामत उन के कातिल के लिए अज़र है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6930) و مسلم (154 / 1066)، (2462)

٣٥٣٦ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَكُونُ أُمَّتِي فِرْقَتَيْنِ فَيَخْرُجُ مِنْ بَيْنِهِمَا مَارِقَةٌ يَلِي قَتْلَهُمْ أولاهم بِالْحَقِّ» . رَوَاهُ مُسلم

3536. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मेरी उम्मत दो गिरोहों में मुनकसिम (टुकड़े) हो जाएगी और इन दोनों के बीच से एक खारजी जमाअत रवानुमा होगी, उनका ख़ात्मा वह लोग करेंगे जो हक़ के ज़्यादा करीब होंगे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (151 / 1064)، (2459)

٣٥٣٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ جَرِيرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي حَجَّةِ الْوَدَاعِ: «لَا تَرْجِعُنَّ بَعْدِي كُفَّارًا يَضْرِبُ بَعْضُكُمْ رِقَاب بعض»

3537. जरीर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हज्जतुल वदा के मौके पर फ़रमाया: “मेरे बाद एक दूसरे की गरदने काट कर काफ़िर न बन जाना”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (7080) و مسلم (118 / 65)، (223)

٣٥٣٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي بَكْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا الْتَقَى الْمُسْلِمَانِ حَمَلَ أَحَدُهُمَا عَلَى أَخِيهِ السِّلَاحَ فَهُمَا فِي جُرُفِ جَهَنَّمَ فَإِذَا قَتَلَ أَحَدُهُمَا صَاحِبَهُ دَخَلَاهَا جَمِيعًا» . وَفِي رِوَايَةٍ عَنْهُ: قَالَ: «إِذَا الْتَقَى الْمُسْلِمَانِ بسيفهما فَالْقَاتِلُ وَالْمَقْتُولُ فِي النَّارِ» قُلْتُ: هَذَا الْقَاتِلُ فَمَا بَالُ الْمَقْتُولِ؟ قَالَ: «إِنَّهُ كَانَ حَرِيصًا عَلَى قَتْلِ صَاحِبِهِ»

3538. अबू बकरह रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब दो मुसलमान मिले और उनमें से एक अपने भाई पर अस्लिहा तान ले तो वह दोनों जहन्नम के किनारे पर होते हैं, जब उनमें से कोई अपने मुकाबिल को क़त्ल कर देता है तो वह दोनों इकट्ठे जहन्नम में दाखिल हो जाते हैं”, और उन से एक दूसरी रिवायत में है आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब दो मुसलमान अपने तलवारे सोंट कर सामने जाते हैं तो कातिल और मकतुल जहन्नमी है”, मैंने अर्ज़ किया: कातिल तो है लेकिन मकतुल किस वजह से? (के वह मज़लूम होने के बावजूद जहन्नमी है) आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्योंकि वह अपने साथी (मद्दे मुक़ाबिल) को क़त्ल करने पर हरिस था”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6875 الرواية الثانية) و مسلم (16 / 2888 ، الرواية الاولى ، 14 / 2888، (7252 و 7255) ، الرواية الثانية)

٣٥٣٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أَنَسٍ قَالَ: قَدِمَ عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَفَرٌ مِنْ عُكْلٍ فَأَسْلَمُوا فَاجْتَوَوُا الْمَدِينَةَ فَأَمَرَهُمْ أَنْ يَأْتُوا إِبِلَ الصَّدَقَةِ فَيَشْرَبُوا مِنْ أَبْوَالِهَا وَأَلْبَانِهَا فَفَعَلُوا فَصَحُّوا فَارْتَدُّوا وَقَتَلُوا رُعَاتَهَا وَاسْتَاقُوا الْإِبِلَ فَبَعَثَ فِي آثَارِهِمْ فَأُتِيَ بِهِمْ فَقَطَعَ أَيْدِيَهُمْ وَأَرْجُلَهُمْ وَسَمَلَ أَعْيُنَهُمْ ثُمَّ لَمْ يَحْسِمْهُمْ حَتَّى مَاتُوا ". وَفِي رِوَايَةٍ: فَسَمَّرُوا أَعْيُنَهُمْ وَفِي رِوَايَةٍ: أَمَرَ بِمَسَامِيرَ فَأُحْمِيَتْ فَكَحَّلَهُمْ بِهَا وَطَرَحَهُمْ بِالْحَرَّةِ يَسْتَسْقُونَ فَمَا يُسْقَوْنَ حَتَّى مَاتُوا

3539. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, उकली के कुछ लोग नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए और उन्होंने इस्लाम कबूल कर लिया, मदीना की आबो हवा उन्हें मुवाफिक न आइ तो आप ने उन्हें सदका के ऊटों के पास जाने का हुक्म फ़रमाया ताकि वहां वह उनका दूध और पेशाब पिए, उन्होंने ऐसे किया और वह सेहतियाब हो गए, उस के बाद वह मुरतद हो गए और उन के चरवाहों को क़त्ल कर के ऊंट हांक कर ले गए आप ﷺ ने उन के तआक्कुब में आदमी भेजे तो वह उन्हें पकड़ कर ले आए, आप ने उन के हाथ और पाँव काट दिए और उनकी आंखो में सिलाईयाँ फेर दी गई, फिर उनका खून बहता रहा हत्ता के वह फौत हो गए एक दूसरी रिवायत में है: “उन्होंने उनकी आंखो में सिलाईयाँ फेर दी”, और एक रिवायत में है: “आप ﷺ ने सिलाइयों के मुतल्लिक हुक्म

फ़रमाया तो उन्हें गरम किया गया और उन्हें उनकी आंखो में फेर कर उन्हें धुप में फेंक दिया गया वह पानी तलब करते रहे मगर उन्हें पानी न दिया गया हत्ता के वह फौत हो गए| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6803 ، الرواية الاولى ، 1501 ، الثانية ، 3018 ، الثانية) و مسلم (9 / 1671 ، الرواية الاولى ، 10 / 1671، (4353 و 4354) ،الثانية)

بَاب قتل أهل الرِّدَّة و السعاة بِالْفَسَادِ • मुर्तदीन और फसाद फ़ैलाने वालो को क़त्ल करने का

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٥٤٠ - (جيد) عَنْ عِمْرَانَ بْنِ حُصَيْنٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَحُثُّنَا عَلَى الصَّدَقَةِ وَيَنْهَانَا عَنِ الْمُثْلَةِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3540. इमरान बिन हुसैन रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ हमें सदका देने पर अमादा किया करते थे और मुसला करने से मना फ़रमाया करते थे| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2667) * قتادة مدلس و عنعن و حديث احمد (5 / 20) يغنى عن هذا الحديث

٣٥٤١ - (جيد) وَرَوَاهُ النَّسَائِيّ عَن أنس

3541. इमाम नसई ने इसे अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (सहीह)

صحيح ، رواه النسائى (7 / 101 ح 4052)

٣٥٤٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: كُنَّا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي سَفَرٍ فَانْطَلَقَ لِحَاجَتِهِ فَرَأَيْنَا حُمْرَةً مَعَهَا فَرْخَانِ فَأَخَذْنَا فَرْخَيْهَا فَجَاءَتِ الْحُمْرَةُ فَجَعَلَتْ تَفْرُشُ فَجَاءَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «مَنْ فَجَعَ هَذِهِ بِوَلَدِهَا؟ رُدُّوا وَلَدَهَا إِلَيْهَا» . وَرَأَى قَرْيَةَ نَمْلٍ قَدْ حَرَّقْنَاهَا قَالَ: «مَنْ حَرَّقَ هَذِهِ؟» فَقُلْنَا: نَحْنُ قَالَ: «إِنَّهُ لَا يَنْبَغِي أَنْ يُعَذِّبَ بِالنَّارِ إِلاَّ ربُّ النَّار» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3542. अब्दुल रहमान बिन अब्दुल्लाह अपने बाप से रिवायत करते हैं, हम एक सफ़र में रसूलुल्लाह ﷺ के साथ थे, आप कजाए हाजत के लिए तशरीफ़ ले गए तो हमने एक चिड़िया (सुरख रंग की चिड़िया) देखी, उस के साथ उस के दो बच्चे थे, हमने उस के बच्चे पकड़ लिए तो वह फड़फड़ाने लगी, इतने में नबी ﷺ तशरीफ़ लाए और आप

ﷺ ने फ़रमाया: “किसी शख़्स ने इसे, उस के बच्चो की वजह से बे करार कर दिया उस के बच्चे इसे वापस करो”, और आप ने चीटियों का एक ठिकाना देखा जिसे हमने जला दिया था, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे किस ने जलाया है?” हमने अर्ज़ किया: हमने, आप ﷺ ने फ़रमाया: “आग का अज़ाब देना सिर्फ आग के रब के लायक है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2675)

٣٥٤٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ وَأَنَسِ بْنِ مَالِكٍ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " سَيَكُونُ فِي أُمَّتِي اخْتِلَافٌ وَفُرْقَةٌ قَوْمٌ يُحسِنونَ القيلَ ويُسيئونَ الفِعلَ يقرؤون الْقُرْآنَ لَا يُجَاوِزُ تَرَاقِيَهُمْ يَمْرُقُونَ مِنَ الدِّينِ مُروقَ السَّهمِ فِي الرَّمِيَّةِ لَا يَرْجِعُونَ حَتَّى يَرْتَدَّ السَّهْمُ عَلَى فُوقِهِ هُمْ شَرُّ الْخَلْقِ وَالْخَلِيقَةِ طُوبَى لِمَنْ قَتَلَهُمْ وَقَتَلُوهُ يَدْعُونَ إِلَى كِتَابِ اللَّهِ وَلَيْسُوا منَّا فِي شيءٍ مَنْ قاتلَهم كَانَ أَوْلَى بِاللَّهِ [ص:١٠٥ مِنْهُمْ قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَا سِيمَاهُمْ؟ قَالَ: «التَّحْلِيقُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3543. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु और अनस बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मेरी उम्मत में अनकरीब इख्तिलाफ व इफ्तिराक होगा, एक गिरोह बाते अच्छी अच्छी लेकिन काम बुरे करेगा, वह कुरान पढेंगे लेकिन वह उन के हलक से नीचे नहीं उतरेगा, वह दीन से इस तरह निकल जाएँगे जिस तरह तीर शिकार से निकल (कर पार हो) जाता है, वह दीन की तरफ नहीं पलटेंगे हत्ता के तीर अपने सुफार (चुटकी जहाँ कमान का तानत तकता है) पर वापस आ जाए, वह तमाम मखलूक से बदतर है, इस शख़्स के लिए खुशखबरी है जो इनको क़त्ल करता है और जिसे वह क़त्ल कर दे, वह (बज़ाहिर) अल्लाह की किताब की तरफ दावत देंगे, लेकिन वह किसी चीज़ मैं भी हम में से नहीं होंगे, जिस ने इनसे किताल किया येवो उन (बाकी उम्मातियों) से अल्लाह के ज़्यादा करीब है”| सहाबा रदियल्लाहु अन्हु ने पूछा अल्लाह के रसूल! उनकी अलामत क्या है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “सर मुंडाना”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4765) * قتادة عنعن

٣٥٤٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَحِلُّ دَمُ امْرِئٍ مُسْلِمٍ يَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَنَّ مُحَمَّدًا رَسُولُ اللَّهِ إِلَّا بِإِحْدَى ثَلَاثٍ زِنا بعدَ إِحْصانٍ فإنَّهُ يُرجَمُ ورجلٌ خرَجَ مُحارِباً للَّهِ وَرَسُولِهِ فَإِنَّهُ يُقْتَلُ أَوْ يُصْلَبُ أَوْ يُنْفَى مِنَ الْأَرْضِ أَوْ يَقْتُلُ نَفْسًا فَيُقْتَلُ بِهَا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3544. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो मुसलमान यह गवाही देता हो के अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं और मुहम्मद ﷺ अल्लाह के रसूल हैं, इसे सिर्फ तीन वुजुहात में से किसी एक वजह से क़त्ल करना जाईज़ है: शादी के बाद ज़िना वाले को रजम किया जाएगा, और जो शख़्स अल्लाह और उस के रसूल के खिलाफ जंग करे (यानी डाकू) हो, इसे क़त्ल किया जाएगा या सूली पर चढ़ाया

जाएगा या जिला वतन किया जाएगा, या कोई शख़्स किसी जान को क़त्ल कर दे तो उस के बदले में उसे क़त्ल किया जाएगा”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (4353)

٣٥٤٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ أَبِي لَيْلَى قَالَ: حَدَّثَنَا أَصْحَابُ مُحَمَّدٍ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُمْ كَانُوا يَسِيرُونَ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَنَامَ رَجُلٌ مِنْهُمْ فَانْطَلَقَ بَعْضُهُمْ إِلَى حَبْلٍ مَعَه فَأَخذه فَفَزِعَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَحِلُّ لِمُسْلِمٍ أَنْ يُرَوِّعَ مُسْلِمًا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3545. इब्ने अबी लैला बयान करते हैं, मुहम्मद ﷺ के सहाबा ने हमें हदीस बयान की के वह रात के वक़्त रसूलुल्लाह ﷺ के साथ सफ़र कर रहे थे, उनमें से एक आदमी सो गया तो किसी शख़्स ने अपने रस्सी ली और उसकी तरफ गया और इसे रस्सी के साथ बांध दिया तो वह (सोने वाला) शख़्स घबरा गया, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “किसी मुसलमान के लिए यह लायक नहीं के वह किसी मुसलमान को खौफ ज़दाह करे”| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (5004)

٣٥٤٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي الدَّرْدَاءِ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ أَخَذَ أَرْضًا بِجِزْيَتِهَا فَقَدِ اسْتَقَالَ هِجْرَتَهُ وَمَنْ نَزَعَ صَغَارَ كَافِرٍ مِنْ عُنُقِهِ فَجَعَلَهُ فِي عُنُقِهِ فَقَدْ وَلَّى الإِسلامَ ظهرَه» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3546. अबू दरदा रदियल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस शख़्स ने खराज वाली ज़मीन खरीद ली तो उस ने अपने हिजरत (इज्जत) ख़तम कर ली और जिस ने किसी काफ़िर की गर्दन से ज़िल्लत उतार कर अपने गर्दन में दाल ली तो उस ने इस्लाम को पसे पुश्त डाल दीया”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3082) * عمارة : مجهول و سنان : مستور

٣٥٤٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَرِيرِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ قَالَ: بَعَثَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سَرِيَّةً إِلَى خَثْعَمَ فَاعْتَصَمَ نَاسٌ مِنْهُمْ بِالسُّجُودِ فَأَسْرَعَ فِيهِمُ الْقَتْلَ فَبَلَغَ ذَلِكَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَمَرَ لَهُمْ بِنِصْفِ الْعَقْلِ وَقَالَ: «أَنَا بَرِيءٌ مِنْ كُلِّ مُسْلِمٍ مُقِيمٍ بَيْنَ أَظْهُرِ الْمُشْرِكِينَ» قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ لِمَ؟ قَالَ: «لَا تَتَرَاءَى نَارَاهُمَا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3547. जरीर बिन अब्दुल्लाह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने (यमन के क़बीले) खसअम की तरफ एक लश्कर रवाना किया तो उनमें से कुछ लोग बचने के लिए नमाज़ पढ़ने लगे, लेकिन उन्हें तेज़ी से क़त्ल किया गया, नबी ﷺ को उसकी खबर पहुंची तो आप ﷺ ने इन के लिए आधी दियत का हुक्म फ़रमाया और फ़रमाया: “मैं मुशरिको के दरमियान रहने वाले तमाम मुसलमानों (के खून) से बरी उल ज़िम्मा हूँ”, उन्होंने अर्ज़

किया, अल्लाह के रसूल! किस लिए? आप ﷺ ने फ़रमाया: “(वो कुफ्फार इसे इस क़दर दूर रहे के) उनकी आग नज़र न आए”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد 2645) * فيه ابو معاوية الضرير : مدلس و عنعن و للحديث طرق ، ضعيفة كلها ولم يصب من صححه

٣٥٤٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْإِيمَانُ قَيَّدَ الْفَتْكَ لَا يفتِكُ مُؤمنٌ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3548. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ईमान अचानक क़त्ल करने से मना करता है मोमिन अचानक (मुत्तिला किए बगैर) क़त्ल नहीं करता”| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (2769) [وله شواهد]

٣٥٤٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَرِيرٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا أَبَقَ الْعَبْدُ إِلَى الشِّرْكِ فقد حلَّ دَمه» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3549. जरीर रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब गुलाम मुशरिकीन के इलाके की तरफ फरार हो जाए तो उस का खून हलाल हो जाता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4360) * ابو اسحاق عنعن و حديث مسلم (70) يغنى عنه

٣٥٥٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ يَهُودِيَّةً كَانَتْ تَشْتِمُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَتَقَعُ فِيهِ فَخَنَقَهَا رَجُلٌ حَتَّى مَاتَتْ فَأَبْطَلَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دَمَهَا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3550. अली रदियल्लाहु अन्हु रिवायत करते हैं की एक यहूदी औरत नबी ﷺ को बुरा भला कहा करती थी और आप की मुजम्मत किया करती थी, एक आदमी ने उसका गला दबा दिया चुनांचे वह मर गई तो नबी ﷺ ने उस का खून राइगा करार दे दिया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4362) * مغيرة بن مقسم مدلس و عنعن ، و اما جرير فهو ابن عبد الحميد الضبى : ثقه امام

٣٥٥١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جُنْدُبٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «حَدُّ السَّاحِرِ ضَرْبُهُ بِالسَّيْفِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3551. जुन्दुब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जादूगर की हद (यानी सज़ा) तलवार के साथ क़त्ल करना है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (1460) * قال البیهقی (8 / 136) :’’ اسماعیل بن مسلم المکی : ضعیف‘‘

بَاب قتل أهل الرِّدَّة والسعاة بِالْفَسَادِ • मुर्तदीन और फसाद फ़ैलाने वालो को क़त्ल करने का

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٥٥٢ - (لم تتمّ دراسته) عَن أُسَامَةَ بْنِ شَرِيكٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَيُّمَا رَجُلٍ خَرَجَ يُفَرِّقُ بَيْنَ أُمَّتِي فَاضْرِبُوا عُنُقَهُ» . رَوَاهُ النَّسَائِيُّ

3552. उसामा बिन शरीक रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स (इमाम के खिलाफ) खुरुज करे और मेरी उम्मत के दरमियान तफरीक डाले तो उसकी गर्दन उड़ा दो”| (सहीह)

صحیح ، رواه النسائی (7 / 93 ح 4028)

٣٥٥٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ شَرِيكِ بْنِ شِهَابٍ قَالَ: كُنْتُ أَتَمَنَّى أَنْ أَلْقَى رَجُلًا مِنْ أَصْحَابِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَسْأَلُهُ عَنِ الْخَوَارِجِ فَلَقِيتُ أَبَا بَرْزَةَ فِي يَوْمِ عِيدٍ فِي نَفَرٍ مِنْ أَصْحَابِهِ فَقُلْتُ لَهُ: هَلْ سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَذْكُرُ الْخَوَارِجَ؟ قَالَ: نعمْ سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِأُذُنَيَّ وَرَأَيْتُهُ بِعَيْنَيَّ: أَتَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِمَالٍ فَقَسَمَهُ فَأَعْطَى مَنْ عَنْ يَمِينِهِ وَمَنْ عَنْ شِمَالِهِ وَلَمْ يُعْطِ مَنْ وَرَاءَهُ شَيْئًا. فَقَامَ رَجُلٌ مِنْ وَرَائِهِ فَقَالَ: يَا مُحَمَّدُ مَا عَدَلْتَ فِي الْقِسْمَةِ رَجُلٌ أَسْوَدُ مَطْمُومُ الشَّعْرِ عَلَيْهِ ثَوْبَانِ أَبْيَضَانِ فَغَضِبَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ غَضَبًا شَدِيدًا وَقَالَ: «وَاللَّهِ لَا تَجِدُونَ بَعْدِي رَجُلًا هُوَ أَعْدَلُ مِنِّي» ثُمَّ قَالَ: «يخرُجُ فِي آخرِ الزَّمانِ قومٌ كأنَّ هَذَا مِنْهُم يقرؤون الْقُرْآنَ لَا يُجَاوِزُ تَرَاقِيَهُمْ يَمْرُقُونَ مِنَ الْإِسْلَامِ كَمَا يَمْرُقُ السَّهْمُ [ص:١٠٥] مِنَ الرَّمِيَّةِ سِيمَاهُمُ التَّحْلِيقُ لَا يَزَالُونَ يَخْرُجُونَ حَتَّى يَخْرُجَ آخِرُهُمْ مَعَ الْمَسِيحِ الدَّجَّالِ فَإِذَا لَقِيتُمُوهُمْ هُمْ شَرُّ الْخَلْقِ والخليقة» . رَوَاهُ النَّسَائِيّ

3553. शरीक बिन शिहाब बयान करते हैं, मेरी तमन्ना थी की मैं नबी ﷺ के किसी सहाबी से मिलु और उन से ख़वारिज के मुतल्लिक दरियाफ्त करू, मैं ईद के रोज़ अबू बुरैज़ा रदियल्लाहु अन्हु से उन के साथियो की मौजूदगी में मिला तो मैंने उन से कहा: क्या आप ने रसूलुल्लाह ﷺ को ख़वारिज का ज़िक्र करते हुए सुना है? उन्होंने अर्ज़ किया, हाँ मैंने रसूलुल्लाह ﷺ के फर्मुदात को अपने कानों से सुना है और आप को अपने आंखो से देखा के रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में कुछ माल पेश किया गया तो आप ने इसे तकसीम फ़रमाया और अपने दाएँ बाएँ वालो को अता किया, लेकिन आप ने अपनी पिछली जानिब वालो को कुछ न दिया तो आप की पिछली जानिब से एक आदमी खड़ा हुआ और उस ने कहा मुहम्मद! ﷺ आप ने तकसीम में इंसाफ नहीं किया, वह मुंडे हुए बालो

वाला सियाह फाम शख़्स था, उस पर दो सफ़ेद कपड़े थे, (इस पर) रसूलुल्लाह ﷺ सख्त नाराज़ हुए और फ़रमाया: “अल्लाह की क़सम! मेरे बाद तुम कोई ऐसा आदमी नहीं पाओगे जो मुझ से ज़्यादा अदल करने वाला हो”, फिर फ़रमाया: “आखरी ज़माने में एक कौम का जुहूर होगा, गोया यह इन्ही में से है, वह कुरान पढ़ते होंगे मगर वह उन के हलक से नीचे नहीं उतरेगा, वह इस्लाम से इस तरह निकल जाएँगे जिस तरह तीर शिकार से निकल (कर पार हो) जाता है, सर मुंडाना उनकी अलामत होगी, वह मुसलसल ज़ाहिर होते रहेंगे हत्ता के उनका आखिरी फर्द मसीह दज्जाल के साथ ज़ाहिर होगा, जब तुम उन से मिलो तो (जान लो के) वह तमाम मखलूक से बदतरीन है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه النسائی (7 / 119121 ح 4108)

٣٥٥٤ - (حسن) وَعَن أبي غالبٍ رأى أَبُو أُمامةَ رؤوساً مَنْصُوبَةً عَلَى دَرَجِ دِمَشْقَ فَقَالَ أَبُو أَمَامَةَ: «كِلَابُ النَّارِ شَرُّ قَتْلَى تَحْتَ أَدِيمِ السَّمَاءِ خَيْرُ قَتْلَى مَنْ قَتَلُوهُ» ثُمَّ قَرَأَ (يَوْمَ تبيَضُّ وُجوهٌ وتَسوَدُّ وُجوهٌ)»» الْآيَةَ قِيلَ لِأَبِي أُمَامَةَ: أَنْتَ سَمِعْتُ مِنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ قَالَ: لَوْ لَمْ أَسْمَعْهُ إِلَّا مَرَّةً أَوْ مَرَّتَيْنِ أَوْ ثَلَاثًا حَتَّى عَدَّ سَبْعًا مَا حَدَّثْتُكُمُوهُ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ

3554. अबू ग़ालिब से रिवायत है, अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु ने राह दमिश्क पर कुछ सर नसब किए हुए देखा तो अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: (ये) जहन्नम के कुत्ते हैं, आसमान तले यह बदतरीन मकतुल है, और उन्होंने जिन्हें क़त्ल किया है वह बेहतरीन मकतुल है, फिर उन्होंने यह आयत तिलावत फरमाई: “इस रोज़ बाज़ चेहरे सफ़ेद होंगे और बाज़ चेहरे सियाह होंगे”, अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु से पूछा गया, आप ने रसूलुल्लाह ﷺ से सुना है?” उन्होंने ने फ़रमाया: अगर मैंने इसे (बार बार) सात मर्तबा तक न सुना होता तो मैं उसे तुम्हें बयान न करता| तिरमिज़ी, इब्ने माजा और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3000) و ابن ماجه (176) * و للحديث شواهد وهوبها صحيح

हुदूद का बयान • كتاب الْحُدُود

पहली फस्ल • الْفَصْلُ الأول

٣٥٥٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ وَزَيْدِ بْنِ خَالِدٍ: أَنَّ رَجُلَيْنِ اخْتَصَمَا إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ أَحَدُهُمَا: اقْضِ بَيْنَنَا بِكِتَابِ اللَّهِ وَقَالَ الْآخَرُ: أَجَلْ يَا رَسُولَ اللَّهِ فاقْضِ بَيْنَنا بكتابِ الله وائذَنْ لِي أَنْ أَتَكَلَّمَ قَالَ: «تكَلّمْ» قَالَ: إِنَّ ابْنِي كَانَ عَسِيفًا عَلَى هَذَا فَزَنَى بِامْرَأَتِهِ فَأَخْبرُونِي أَنَّ على ابْنِي الرَّجْم فاقتديت مِنْهُ بِمِائَةِ شَاةٍ وَبِجَارِيَةٍ لِي ثُمَّ إِنِّي سَأَلْتُ أَهْلَ الْعِلْمِ فَأَخْبَرُونِي أَنَّ عَلَى ابْنِي جَلْدَ مِائَةٍ وَتَغْرِيبَ عَامٍ وَإِنَّمَا الرَّجْمُ عَلَى امْرَأَتِهِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَمَا وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ لَأَقْضِيَنَّ بَيْنَكُمَا بِكِتَابِ اللَّهِ أَمَّا غَنَمُكَ وَجَارِيَتُكَ فَرَدٌّ عَلَيْكَ وَأَمَّا ابْنُكَ فَعَلَيْهِ جَلْدُ مِائَةٍ وَتَغْرِيبُ عَامٍ وَأَمَّا أَنْتَ يَا أُنَيْسُ فَاغْدُ إِلَى امْرَأَةِ هَذَا فَإِن اعْترفت فارجمها» فَاعْترفت فرجمها

3555. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु और ज़ैद बिन खालिद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के दो आदमी मुकदमा लेकर रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो उनमें से एक ने अर्ज़ किया, हमारे दरमियान अल्लाह की किताब के मुताबिक फैसला फरमाइए, और दूसरे ने अर्ज़ किया, जी हाँ! अल्लाह के रसूल! हमारे दरमियान अल्लाह की किताब के मुताबिक फैसला फरमाइए, और मुझे बात करने की इजाज़त फरमाइए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बात करो”, उस ने अर्ज़ किया, मेरा बेटा इस शख़्स के यहाँ मज़दूर था, उस ने उसकी अहलिया के साथ ज़िना कर लिया तो उन्होंने (यानी बाज़ लोगो) ने मुझे बताया की मेरे बेटे पर रजम (की सज़ा लागू होती) है, लेकिन मैंने उस के फिदिया में सौ बकरिया और अपने एक लौंडी दे दी, फिर मैंने अहले इल्म से मसअला दरियाफ्त किया तो उन्होंने मुझे बताया की मेरे बेटे पर सौ कोड़े और साल की ज़िला वतनी (की सज़ा) है, और उसकी अहलिया पर रजम है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “उस ज़ात की क़सम जिसके हाथ में मेरी जान है! मैं तुम्हारे दरमियान अल्लाह की किताब के मुताबिक फैसला करूँगा, रही तुम्हारी बकरिया और तुम्हारी लौंडी वह तुम्हें वापस मिल जाएगी, रहा तुम्हारा बेटा तो उस पर सौ कोड़े और साल की जिला वतनी है और उनैस तुम इस औरत के पास जाओ अगर वह एतराफे जुर्म कर ले तो इसे रजम कर दो”, उस ने एतराफ़ कर लिया तो उन्होंने इसे रजम कर दिया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6633) و مسلم (25 / 16971698)، (4435)

٣٥٥٦ - (صَحِيح) وَعَنْ زَيْدِ بْنِ خَالِدٍ قَالَ: سَمِعْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَأْمُرُ فِيمَنْ زَنَى وَلَمْ يُحْصَنْ جَلْدَ مِائَةٍ وَتَغْرِيبَ عَامٍ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3556. ज़ैद बिन खालिद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ कुँवारे ज़ानि के मुतल्लिक सौ कोड़े और साल की ज़िला वतनी का हुक्म फरमाते हुए सुना| (बुखारी)

رواه البخاری (6831)

٣٥٥٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: إن الله بعث مُحَمَّدًا [ص:١٠٥ وَأَنْزَلَ عَلَيْهِ الْكِتَابَ فَكَانَ مِمَّا أَنْزَلَ اللَّهُ تَعَالَى آيَةُ الرَّجْمِ رَجَمَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَرَجَمْنَا بَعْدَهُ وَالرَّجْمُ فِي كِتَابِ اللَّهِ حَقٌّ عَلَى مَنْ زَنَى إِذَا أُحْصِنَ مِنَ الرِّجَالِ وَالنِّسَاءِ إِذَا قَامَتِ الْبَيِّنَةُ أَوْ كَانَ الحَبَلُ أَو الِاعْتِرَاف

3557. उमर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कि अल्लाह ने मुहम्मद ﷺ को हक़ के साथ मबउस फ़रमाया, और आप पर किताब नाज़िल फरमाई, अल्लाह तआला ने जो नाज़िल फ़रमाया, उस में आयत रजम भी थी, रसूलुल्लाह ﷺ ने रजम किया और आप के बाद हमने भी रजम किया, और जब शादी शुदा मर्द और औरत ज़िना करे तो उसे रजम करना अल्लाह की किताब से साबित है, बशर्तेकी गवाही साबित हो जाए या हमल वाज़ेह हो जाए या एतराफ़ जुर्म हो जाए| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6829) و مسلم (15 / 1691)، (4418)

٣٥٥٨ - (صَحِيح) وَعَنْ عُبَادَةَ بْنِ الصَّامِتِ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " خُذُوا عَنِّي خُذُوا عَنِّي قَدْ جَعَلَ اللَّهُ لَهُنَّ سَبِيلًا: الْبِكْرُ بالبكر جلد مائَة ووتغريب عَام وَالثَّيِّب بِالثَّيِّبِ جلد مائَة وَالرَّجم "

3558. उबादा बिन सामित रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “(हद्द ए ज़िना के मुत्तल्लिक) मुझ से अहकाम की बाबत मालूमात ले लो, मुझ से अहकाम बाबत मालूमात ले लो, अल्लाह तआला ने इन के लिए (हद्द) मुकर्रर कर दी, कुँवारा, कुंवारी के साथ ज़िना करे तो उसकी हद सौ कोड़े और साल की ज़िला वतनी है, और शादी शुदा, शादी शुदा से ज़िना करे तो उसकी सज़ा सौ कोड़े और रजम है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (12 / 1690)، (4414)

٣٥٥٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ: أَن الْيَهُود جاؤوا إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَذَكَرُوا لَهُ أَنَّ رَجُلًا مِنْهُمْ وَامْرَأَةً زَنَيَا فَقَالَ لَهُمْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا تَجِدُونَ فِي التَّوْرَاةِ فِي شَأْنِ الرَّجْمِ؟» قَالُوا: نَفْضَحُهُمْ وَيُجْلَدُونَ قَالَ عَبْدُ اللَّهِ بْنُ سَلَامٍ: كَذَبْتُمْ إِنَّ فِيهَا الرَّجْمَ فَأْتُوا بِالتَّوْرَاةِ فَنَشَرُوهَا فَوَضَعَ أَحَدُهُمْ يَدَهُ عَلَى آيَةِ الرَّجْمِ فَقَرَأَ مَا قَبْلَهَا وَمَا بَعْدَهَا فَقَالَ عَبْدُ اللَّهِ بْنُ سَلَامٍ: ارْفَعْ يَدَكَ فَرَفَعَ فإِذا فِيهَا آيةُ الرَّجم. فَقَالُوا: صدقَ يَا محمَّدُ فِيهَا آيَة الرَّجْم. فَأمر بهما النَّبِي صلى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فرُجِمَا. وَفِي رِوَايَةٍ: قَالَ: ارْفَعْ يَدَكَ فَرَفَعَ فَإِذَا فِيهَا آيَةُ الرَّجْمِ تَلُوحُ فَقَالَ: يَا مُحَمَّدُ إِنَّ فِيهَا آيَةَ الرَّجْمِ وَلِكِنَّا نَتَكَاتَمُهُ بَيْنَنَا فَأَمَرَ بِهِمَا فَرُجِمَا

3559. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के यहूद, रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो उन्होंने आप को बताया की उन के एक मर्द और एक औरत ने ज़िना किया है, रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: “तुम रजम के मुतल्लिक तौरात में किया पाते हो?” उन्होंने अर्ज़ किया: हम उन्हें ज़लील व रुसवा करते हैं और उन्हें कोड़े मारे जाते हैं, अब्दुल्लाह बिन सलाम रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: तुमने झूठ कहा है, उसमे तो रजम (का हुक्म) है, वह तौरात लाए और इसे खोली तो उनमें से एक ने आयते रजम पर अपना हाथ

रख दीया और उस से पहले और उस के बाद वाला हिस्सा पढ़ दिया, अब्दुल्लाह बिन सलाम रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: अपना हाथ उठाओ, उस ने (हाथ) उठाया तो उस में आयत रजम थी, उन्होंने कहा: मुहम्मद ﷺ ! इस (अब्दुल्लाह बिन सलाम (र)) ने सच कहा, उस में आयत रजम है, नबी ﷺ ने इन दोनों के मुतल्लिक हुक्म फ़रमाया तो उन्हें रजम कर दिया गया, दूसरी रिवायत में है: उन्होंने कहा: अपना हाथ उठाओ, उस ने उठा लिया तो उस में आयते रजम खूब वाज़ेह नज़र आ रही थी, उस ने कहा मुहम्मद ﷺ उस में आयत रजम है लेकिन हम इसे आपस में छुपाते है, आप ﷺ ने उन के मुतल्लिक हुक्म फ़रमाया तो उन्हें रजम किया गया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6841 و الرواية الثانية : 7543) و مسلم (22 / 1699)، (4437)

٣٥٦٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: أَتَى النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَجُلٌ وَهُوَ فِي الْمَسْجِدِ فَنَادَاهُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي زَنَيْتُ فَأَعْرَضَ عَنْهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَتَنَحَّى لِشِقِّ وَجْهِهِ الَّذِي أَعْرَضَ قِبَلَهُ فَقَالَ: إِنِّي زَنَيْتُ فَأَعْرَضَ عَنْهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَلَمَّا شَهِدَ أَرْبَعَ شَهَادَاتٍ دَعَاهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «أَبِكَ جُنُونٌ؟» قَالَ: لَا فَقَالَ: «أُحْصِنْتَ؟» قَالَ: نَعَمْ يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ: «اذْهَبُوا بِهِ فَارْجُمُوهُ» قَالَ ابْنُ شِهَابٍ: فَأَخْبَرَنِي مَنْ سَمِعَ جَابِرَ بْنَ [ص:١٠٥ عَبْدِ اللَّهِ يَقُولُ: فَرَجَمْنَاهُ بِالْمَدِينَةِ فَلَمَّا أَذْلَقَتْهُ الْحِجَارَةُ هَرَبَ حَتَّى أَدْرَكْنَاهُ بِالْحَرَّةِ فرجمناه حَتَّى مَاتَ»» وَفِي رِوَايَةٍ لِلْبُخَارِيِّ: عَنْ جَابِرٍ بَعْدَ قَوْلِهِ: قَالَ: نَعَمْ فَأَمَرَ بِهِ فَرُجِمَ بِالْمُصَلَّى فَلَمَّا أَذْلَقَتْهُ الْحِجَارَةُ فَرَّ فَأُدْرِكَ فَرُجِمَ حَتَّى مَاتَ. فَقَالَ لَهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خيرا وَصلى عَلَيْهِ

3560. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ मस्जिद में तशरीफ़ फरमा थे की एक आदमी आप ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस ने आप ﷺ को आवाज़ देते हुए कहा: अल्लाह के रसूल! मैंने ज़िना किया है, नबी ﷺ ने उस से मुंह फेरा लिया, तो उस ने दूसरी तरफ से हो कर फिर अर्ज़ किया, मैंने ज़िना किया है, नबी ﷺ ने फिर उस से मुंह फेर लिया, जब उस ने चार बार गवाही दी तो नबी ﷺ ने इसे बुलाकर फ़रमाया: “क्या तुम दीवाने हो?” उस ने अर्ज़ किया, नहीं! आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम शादी शुदा हो?” उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! अल्लाह के रसूल! आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे ले जाओ और रजम कर दो”, इब्ने शैबा ने कहा मुझे इस शख़्स ने बताया जिस ने जाबिर बिन अब्दुल्लाह रदियल्लाहु अन्हु को बयान करते हुए सुना के हमने इस शख़्स को मदीना में रजम किया, जब इसे पत्थर लगे तो वह भाग उठा हत्ता के हमने मदीना के दो पहाड़ो के दरमियान पथरिले इलाके में उसे पा लिया तो हमने इसे रजम किया हत्ता कि वह फौत हो गया| और जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से मरवी बुखारी की रिवायत में, “उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ”, के बाद है: आप ﷺ ने उस के मुतल्लिक हुक्म फ़रमाया तो उसे जनाज़ा गाह में रजम किया गया, जब इसे पत्थर लगे तो वह भाग उठा, इसे पकड़ लिया गया और इसे रजम किया गया हत्ता के वह फौत हो गया, नबी ﷺ ने उस के मुतल्लिक कलिमाए खैर फ़रमाया और उसकी नमाज़े जनाज़ा पढ़ी| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6825 و الرواية : 6820) و مسلم (16 / 1692)، (4420)

٣٥٦١ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: لَمَّا أَتَى مَاعِزُ بن مَالك النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ لَهُ: «لَعَلَّكَ قَبَّلْتَ أَوْ غَمَزْتَ

أَوْ نَظَرْتَ؟» قَالَ: لَا يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ: «أَنِكْتَهَا؟» لَا يُكَنِّي قَالَ: نَعَمْ فَعِنْدَ ذَلِكَ أَمر رجمه. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3561. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, जब माज़ बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “शायद के तुमने बोसा लिया हो, या हाथ लगाया हो या देखा हो”, उस ने अर्ज़ किया, नहीं, अल्लाह के रसूल! आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुमने उस से जिमाअ किया ?” आप ने किनाया से बात नहीं की, उस ने अर्ज़ किया: जी हाँ! तब आप ﷺ ने इसे रजम करने का हुक्म फ़रमाया| (बुखारी)

رواه البخارى (6824)

٣٥٦٢ - (صَحِيح) وَعَنْ بُرَيْدَةَ قَالَ: جَاءَ مَاعِزُ بْنُ مَالِكٍ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ طَهِّرْنِي فَقَالَ: «وَيْحَكَ ارْجِعْ فَاسْتَغْفر الله وَتب إِلَيْهِ» . فَقَالَ: فَرَجَعَ غَيْرَ بَعِيدٍ ثُمَّ جَاءَ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ طَهِّرْنِي. فَقَالَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِثْلَ ذَلِكَ حَتَّى إِذَا كَانَتِ الرَّابِعَة قَالَه لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «فِيمَ أُطَهِّرُكَ؟» قَالَ: مِنَ الزِّنَا قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَبِهِ جُنُونٌ؟» فَأُخْبِرَ أَنَّهُ لَيْسَ بِمَجْنُونٍ فَقَالَ: «أَشَرِبَ خَمْرًا؟» فَقَامَ رَجُلٌ فَاسْتَنْكَهَهُ فَلَمْ يَجِدْ مِنْهُ رِيحَ خَمْرٍ فَقَالَ: «أَزَنَيْتَ؟» قَالَ: نَعَمْ فَأَمَرَ بِهِ فَرُجِمَ فَلَبِثُوا يَوْمَيْنِ أَوْ ثَلَاثَةً ثُمَّ جَاءَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «اسْتَغْفِرُوا لِمَاعِزِ بْنِ مَالِكٍ لَقَدْ تَابَ تَوْبَةً لَوْ قُسِّمَتْ بَيْنَ أُمَّةٍ لَوَسِعَتْهُمْ» ثُمَّ جَاءَتْهُ امْرَأَةٌ مِنْ غَامِدٍ مِنَ الْأَزْدِ فَقَالَتْ: يَا رَسُولَ اللَّهِ طَهِّرْنِي فَقَالَ: «وَيَحَكِ ارْجِعِي فَاسْتَغْفِرِي [ص:١٠٥ اللَّهَ وَتُوبِي إِلَيْهِ» فَقَالَتْ: تُرِيدُ أَنْ تَرْدُدَنِي كَمَا رَدَدْتَ مَاعِزَ بْنَ مَالِكٍ: إِنَّهَا حُبْلَى مِنَ الزِّنَا فَقَالَ: «أَنْتِ؟» قَالَتْ: نَعَمْ قَالَ لَهَا: «حَتَّى تَضَعِي مَا فِي بَطْنِكِ» قَالَ: فَكَفَلَهَا رَجُلٌ مِنَ الْأَنْصَارِ حَتَّى وَضَعَتْ فَأَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: قَدْ وَضَعَتِ الغامديَّةُ فَقَالَ: «إِذاً لَا نرجُمها وندعُ وَلَدَهَا صَغِيرًا لَيْسَ لَهُ مَنْ يُرْضِعُهُ» فَقَامَ رَجُلٌ مِنَ الْأَنْصَارِ فَقَالَ: إِلَيَّ رَضَاعُهُ يَا نَبِيَّ اللَّهِ قَالَ: فَرَجَمَهَا. وَفِي رِوَايَةٍ: أَنَّهُ قَالَ لَهَا: «اذْهَبِي حَتَّى تَلِدِي» فَلَمَّا وَلَدَتْ قَالَ: «اذْهَبِي فَأَرْضِعِيهِ حَتَّى تَفْطِمِيهِ» فَلَمَّا فَطَمَتْهُ أَتَتْهُ بِالصَّبِيِّ فِي يَدِهِ كِسْرَةُ خُبْزٍ فَقَالَتْ: هَذَا يَا نَبِيَّ اللَّهِ قَدْ فَطَمْتُهُ وَقَدْ أَكَلَ الطَّعَامَ فَدَفَعَ الصَّبِيَّ إِلَى رَجُلٍ مِنَ الْمُسْلِمِينَ ثُمَّ أَمَرَ بِهَا فَحُفِرَ لَهَا إِلَى صَدْرِهَا وَأَمَرَ النَّاسَ فَرَجَمُوهَا فَيُقْبِلُ خَالِدُ بْنُ الْوَلِيدِ بِحَجَرٍ فَرَمَى رَأْسَهَا فَتَنَضَّحَ الدَّمُ عَلَى وَجْهِ خَالِدٍ فَسَبَّهَا فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «مهلا يَا خَالِد فو الَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ لَقَدْ تَابَتْ تَوْبَةً لَوْ تَابَهَا صَاحِبُ مَكْسٍ لَغُفِرَ لَهُ» ثُمَّ أَمَرَ بِهَا فصلى عَلَيْهَا ودفنت. رَوَاهُ مُسلم

3562. बुरैदाह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, माज़ बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे पाक कर दे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुझ पर अफ़सोस है, वापस जाओ और अल्लाह से मगफिरत तलब करो और उस के हुज़ूर तौबा करो”, रावी बयान करते हैं, वह थोड़ी देर बाद वापस आया और अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे पाक कर दे, नबी ﷺ ने फिर इसी तरह फ़रमाया हत्ता कि जब उस ने चोथी मर्तबा वही जुमला कहा तो रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे फ़रमाया: “मैं किसी चीज़ से तुम्हें पाक कर दू ?” उस ने अर्ज़ किया, ज़िना (के गुनाह) से रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क्या उसे जूनून है?” आप को बताया गया के इसे जूनून नहीं? आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या उस ने शराब पि है?” एक आदमी खड़ा हुआ और उस ने उस के मुंह से शराब की बू सूंघी तो उस ने उस से शराब की बू न पाई फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम

ने ज़िना किया है?" उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने उस के मुतल्लिक हुक्म फ़रमाया तो उसे रजम किया गया, उस के बाद सहाबा दो या तीन दिन (इस मुआमला में) ख़ामोश रहे फिर रसूलुल्लाह ﷺ तशरीफ़ लाए और फ़रमाया: "माज़ बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु के बारे में मगफिरत तलब करो उस ने ऐसी तौबा की है के अगर इसे एक जमाअत के दरमियान तकसीम कर दिया जाए तो वह इन के लिए काफी हो जाए", फिर कबिले गामिदी की शाख अज़दी से एक औरत आइ तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे पाक कर दे, आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुझ पर अफ़सोस है, चली जाओ, अल्लाह से मगफिरत तलब करो और अल्लाह के हुज़ूर तौबा करो", उस ने अर्ज़ किया: आप मुझे वैसे ही वापस करना चाहते है, जैसे आप ने माज़ बिन मालिक को वापस कर दिया था, मैं तो ज़िना से हामिला हो चुकी हूँ, आप ﷺ ने पूछा के क्या: तू (हामिला) है?" उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने इसे फ़रमाया: "वज़ा हमल तक सब्र कर", रावी बयान करते हैं, अंसार में से एक आदमी ने उसकी किफ़ालत की, हत्ता के उस ने बच्चे को जन्म दिया तो वह (अंसारी) नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस ने अर्ज़ किया, गामिदी ने बच्चे को जन्म दे दिया है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "तब हम इसे रजम नहीं करेंगे, और हम उस के छोटे से बच्चे को छोड़ दे जबकि उसकी रिज़ाअत का इंतेज़ाम करने वाला भी कोई नहीं ?" फिर अंसार में से एक आदमी खड़ा हुआ और उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के नबी! उसकी रिज़ाअत मेरे ज़िम्मा है, रावी बयान करते हैं, आप ﷺ ने इसे रजम किया, एक दूसरी रिवायत में है की आप ﷺ ने इसे फ़रमाया: "तुम जाओ हत्ता कि तुम बच्चे को जन्म दो", जब उस ने बच्चे को जन्म दिया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "चली जाओ और इसे दूध छुड़ाने की मुद्दत तक इसे दूध पिलाओ", जब उस ने उस का दूध छुड़ाया तो वह बच्चे को लेकर आप की खिदमत में हाज़िर हुई और बच्चे के हाथ में रोटी का टुकड़ा था, उस ने अर्ज़ किया: अल्लाह के नबी! यह देखे मैंने उस का दूध छुड़ा दिया है और यह खाना खाने लगा है, आप ﷺ ने बच्चा किसी मुसलमान शख़्स के हवाले किया, फिर उस के मुतल्लिक हुक्म फ़रमाया तो उस के सीने के बराबर घड़ा खोदा गया, और आप ने लोगों को हुक्म फ़रमाया तो उन्होंने इसे रजम किया, खालिद बिन वलीद रदियल्लाहु अन्हु एक पत्थर लेकर आए और उस के सर पर मारा जिस से खून का छितां उन के चेहरे पर पड़ा तो उन्होंने इसे बुरा भुला कहा, जिस पर नबी ﷺ ने फ़रमाया: "खालिद! ठहरो, उस ज़ात की क़सम जिसके हाथ में मेरी जान है! उस ने ऐसी तौबा की है, के अगर महसूल लेने वाला ऐसी तौबा करे तो उसकी भी मगफिरत हो जाए", फिर आप ﷺ ने उस के मुतल्लिक हुक्म फ़रमाया और उसकी नमाज़े जनाज़ा खुद पढ़ाई और इसे दफन कर दिया गया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (22 / 1695 و الرواية الثانية 33 / 1695)، (4432)

٣٥٦٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: سَمِعْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِذَا زَنَتْ أَمَةُ أَحَدِكُمْ فَتَبَيَّنَ زِنَاهَا فَلْيَجْلِدْهَا الحدَّ وَلَا يُثَرِّبْ عَلَيْهَا ثمَّ إِنْ زنتْ فليجلدْها الحدَّ وَلَا يُثَرِّبْ ثُمَّ إِنْ زَنَتِ الثَّالِثَةَ فَتَبَيَّنَ زِنَاهَا فَلْيَبِعْهَا ولوْ بحبْلٍ منْ شعرٍ»

3563. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना: "जब तुम में से किसी की लौंडी ज़िना करे और उस का ज़िना करना वाज़ेह हो जाए तो वह उस पर हद काइम करे और इसे आर न दिलाए, फिर अगर वह ज़िना करे तो वह उस पर हद काइम करे और इसे आर न दिलाए, फिर अगर वह तीसरी मर्तबा

ज़िना करे तो वह इसे बेच दे ख्वाह बालो की रस्सी के अवज़ बेचना पड़े”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2234) و مسلم (30 / 1703)، (4445)

٣٥٦٤ - (صَحِيح) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: يَا أَيُّهَا النَّاسُ أَقِيمُوا عَلَى [ص:١٠٦ أَرِقَّائِكُمْ الْحَدَّ مَنْ أَحْصَنَ مِنْهُمْ وَمَنْ لَمْ يُحْصَنْ فَإِنَّ أَمَةً لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ زَنَتْ فَأَمَرَنِي أَنْ أَجْلِدَهَا فَإِذَا هِيَ حَدِيثُ عَهْدٍ بِنِفَاسٍ فَخَشِيتُ إِنْ أَنَا جَلَدْتُهَا أَنْ أَقْتُلَهَا فَذَكَرْتُ ذَلِكَ لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «أَحْسَنْتَ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ. وَفِي رِوَايَةِ أَبِي دَاوُدَ: قَالَ: «دَعْهَا حَتَّى يَنْقَطِعَ دَمُهَا ثُمَّ أَقِمْ عَلَيْهَا الْحَدَّ وَأَقِيمُوا الْحُدُودَ عَلَى مَا مَلَكَتْ أَيْمَانكُم»

3564. अली रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: लोगो! अपने गुलामो पर हद काइम करो, ख्वाह वह शादी शुदा हो या गैर शादी शुदा, क्योंकि रसूलुल्लाह ﷺ की एक लौंडी ने ज़िना किया तो आप ﷺ ने मुझे हुक्म फ़रमाया के में उसे कोड़े मारु, वह जच्चिकी (Maternity) के इब्तिदाई अय्याम में थी मुझे अंदेशा हुआ की अगर मैंने इसे कोड़े मारा तो में उसे क़त्ल करूँगा, मैंने नबी ﷺ से इस का ज़िक्र किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुमने अच्छा किया”| और अबू दावुद की रिवायत में है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे छोड़ दो हत्ता के उस का खून बंद हो जाए, फिर उस पर हद काइम करो और अपने गुलामो पर हुदूद काइम किया करो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (34 / 1705) و ابوداؤد (4473)، (4450)

كتاب الْحُدُود • हुदूद का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٥٦٥ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: جَاءَ مَاعِزٌ الْأَسْلَمِيُّ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: إِنَّه قدْ زنى فأعرضَ عَنهُ ثمَّ جَاءَ مِنْ شِقِّهِ الْآخَرِ فَقَالَ: إِنَّهُ قَدْ زنى فَأَعْرض عَنهُ ثمَّ جَاءَ من شقِّه الْآخَرِ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّهُ قَدْ زَنَى فَأَمَرَ بِهِ فِي الرَّابِعَةِ فَأُخْرِجَ إِلَى الْحَرَّةِ فَرُجِم بِالْحِجَارَةِ فَلَمَّا وَجَدَ مَسَّ الْحِجَارَةِ فَرَّ يَشْتَدُّ حَتَّى مَرَّ بِرَجُلٍ مَعَهُ لَحْيُ جَمَلٍ فَضَرَبَهُ بِهِ وَضَرَبَهُ النَّاسُ حَتَّى مَاتَ. فَذَكَرُوا ذَلِكَ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنه فرحين وَجَدَ مَسَّ الْحِجَارَةِ وَمَسَّ الْمَوْتِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هَلَّا تَرَكْتُمُوهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَفِي رِوَايَةٍ: «هَلَّا تَرَكْتُمُوهُ لَعَلَّه أَن يَتُوب الله عَلَيْهِ»

3565. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, माज़ असलमी रदियल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो उन्होंने अर्ज़ किया के उस ने ज़िना किया है, आप ने उस से एअराज़ फ़रमाया, फिर वह दूसरी तरफ से आया और अर्ज़ किया, के उस ने ज़िना किया है, आप ने फिर उस से एअराज़ फ़रमाया तो वह दूसरी जानिब से आ गया और अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! उस ने ज़िना किया है, चोथी मर्तबा आप ﷺ ने उस के

मुतल्लिक हुक्म फ़रमाया: और इसे हर्रह (मदीना के दो पहाड़ो के दरमियान पथरीली जगह) की तरफ ले जाया गया वहां इसे पथ्थरो से रजम कर दिया गया, जब उस ने पत्थर लगने की तकलीफ महसूस की तो वह तेज़ी से भाग खड़ा हुआ हत्ता के वह एक आदमी के पास से गुज़रा जिसके पास ऊंट के जबड़े की हड्डी थे तो उस ने वह इसे दे मारी और लोग भी इसे मारने लगे हत्ता के वह फौत हो गया, उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ से उस का तज़किरह किया की जब उस ने पथ्थरो की तकलीफ और मौत महसूस की तो वह भाग उठा, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुमने इसे छोड़ क्यों न दिया ?” और एक रिवायत में है: “तुमने इसे छोड़ क्यों न दिया शायद के वह तौबा कर लेता तो अल्लाह उसकी तौबा कबूल फरमा लेता”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1428) و ابن ماجه (2554) [و ابوداؤد (4419 ، الرواية الثانية)]

٣٥٦٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ لِمَاعِزِ بْنِ مَالِكٍ: «أَحَقٌّ مَا بَلَغَنِي عَنْكَ؟» قَالَ: وَمَا بَلَغَكَ عَنِّي؟ قَالَ: «بَلَغَنِي أَنَّكَ قَدْ وَقَعْتَ عَلَى جَارِيَةِ آلِ فُلَانٍ» [ص:١٠٦ قَالَ: نَعَمْ فَشَهِدَ أَرْبَعَ شَهَادَاتٍ فَأمر بِهِ فرجم. رَوَاهُ مُسلم

3566. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने माज़ बिन मालिक से फ़रमाया: “तुम्हारे मुतल्लिक जो बात मुझे पहुंची है क्या वह दुरुस्त है?” उस ने अर्ज़ किया, आप को मेरे मुतल्लिक क्या बात पहुंची है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “मुझे यह बात पहुंची है के तुमने आले फलां की लौंडी से ज़िना किया है”, उस ने चार बार इकरार किया तो आप ﷺ ने उस के मुतल्लिक हुक्म फ़रमाया तो उसे रजम कर दिया गया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (19 / 1693)، (4427)

٣٥٦٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ يَزِيدَ بْنِ نُعَيْمٍ عَنْ أَبِيهِ أَنَّ مَاعِزًا أَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَقَرَّ عِنْدَهُ أَرْبَعَ مَرَّاتٍ فَأَمَرَ بِرَجْمِهِ وَقَالَ لِهَزَّالٍ: «لَوْ سَتَرْتَهُ بِثَوْبِكَ كَانَ خَيْرًا لَكَ» قَالَ ابْنُ الْمُنْكَدِرِ: إِنَّ هَزَّالًا أَمَرَ مَاعِزًا أَنْ يَأْتِيَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فيخبره. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3567. यज़ीद बिन नुअइम अपने वालिद से रिवायत करते हैं, के माज़ रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो उन्होंने आप ﷺ की मौजूदगी में चार बार इकरार किया तो आप ﷺ ने इसे रजम करने का हुक्म फ़रमाया, और आप ﷺ ने हज़्ज़ाल से फ़रमाया अगर तुम उसकी परदापोशी करते तो तुम्हारे लिए बेहतर होता”| इब्ने मुन्कदिर ने फ़रमाया के हज़्ज़ाल ने माज़ (र) को मशवरा दिया था के वह नबी ﷺ के पास जाए और आप को (ये वाकिया) बताए| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (4377) حسن ، رواه ابوداؤد (4377)

٣٥٦٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو بْنِ الْعَاصِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «تَعَافَوُا الْحُدُودَ فِيمَا بَيْنَكُمْ فَمَا بَلَغَنِي مِنْ حَدٍّ فَقَدْ وَجَبَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3568. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा अब्दुल्लाह बिन अम्र बिन आस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हुदूद को बाहम मुआफ़ कर दिया करो, जब मुआमला मुझ तक पहुँच गया तो फिर हद वाजिब हो गई”| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه ابوداؤد (4376) و النسائی (8 / 70 ح 48894890) * ابن جریج مدلس ولم یصرح بالسماع فالسند الی عمرو بن شعیب : غیر صحیح ، و لبعض الحدیث شواھد معنویة

٣٥٦٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أقيلوا ذَوي الهيآت عثراتهم إِلَّا الْحُدُود» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3569. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “अच्छी सिफात से मुतास्सिफ लोगों से हुदूद के अलावा उनकी लग्ज़िशो से दरगुज़र किया करो”| (हसन)

اسنادہ حسن ، رواہ ابوداؤد (4375)

٣٥٧٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهَا قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «ادرؤا الْحُدُودَ عَنِ الْمُسْلِمِينَ مَا اسْتَطَعْتُمْ فَإِنْ كَانَ لَهُ مَخْرَجٌ فَخَلُّوا سَبِيلَهُ فَإِنَّ الْإِمَامَ أَنْ يُخْطِئَ فِي الْعَفْوِ خَيْرٌ مِنْ أَنْ يُخْطِئَ فِي الْعُقُوبَةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: قَدْ رُوِيَ عَنْهَا وَلم يرفع وَهُوَ أصح

3570. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस क़दर हो सके मुसलमान से हुदूद दूर रखो, अगर कोई बचाव की राहे निकलती हो तो उसकी राह छोड़ दो, क्योंकि इमाम का दरगुज़र करने में गलती करना, सज़ा देने में गलती करने से बेहतर है”| इमाम तिरमिज़ी रहिमहुल्लाह कहते हैं यह रिवायत आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत की गई है और उस का मरफ़ुअ न होना ज़्यादा सहीह है| (ज़ईफ़)

ضعیف ، رواہ الترمذی (1424) * یزید بن زیاد الدمشقی متروک وله شواھد کلھا ضعیفة

٣٥٧١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ وَائِلِ بْنِ حُجْرٍ قَالَ: اسْتُكْرِهَتِ امْرَأَةٌ عَلَى عَهْدِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَدَرَأَ عَنْهَا الْحَدَّ وَأَقَامَهُ عَلَى الَّذِي أَصَابَهَا وَلَمْ يُذْكَرْ أَنَّهُ جَعَلَ لَهَا مَهْرًا. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3571. वाइल बिन हुज्र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ के दौर में एक औरत से ज़िना बिल जबर किया गया तो आप ने उस पर हद न काइम की बल्कि उस से ज़्यादती करने वाले पर हद काइम की| रावी ने ज़िक्र नहीं

किया के आप ﷺ ने उस के लिए महर मुकर्रर किया या के नहीं| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (1453) * السند منقطع و حجاج بن ارطاة ضعيف مدلس

٣٥٧٢ - (صَحِيح) وَعَنْهُ: أَنَّ امْرَأَةً خَرَجَتْ عَلَى عَهْدِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تُرِيدُ الصَّلَاةَ [ص:١٠٦ فَتَلَقَّاهَا رَجُلٌ فَتَجَلَّلَهَا فَقَضَى حَاجَتَهُ مِنْهَا فَصَاحَتْ وَانْطَلَقَ وَمَرَّتْ عِصَابَةٌ مِنَ الْمُهَاجِرِينَ فَقَالَتْ: إِنَّ ذَلِكَ الرَّجُلَ فَعَلَ بِي كَذَا وَكَذَا فَأَخَذُوا الرَّجُلَ فَأَتَوْا بِهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ لَهَا: «اذْهَبِي فَقَدْ غَفَرَ اللَّهُ لَكِ» وَقَالَ لِلرَّجُلِ الَّذِي وَقَعَ عَلَيْهَا: «ارْجُمُوهُ» وَقَالَ: «لَقَدْ تَابَ تَوْبَةً لَوْ تَابَهَا أَهْلُ الْمَدِينَةِ لَقُبِلَ مِنْهُمْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ

3572. वाइल बिन हुज्र रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ के दौर में एक औरत नमाज़ पढ़ने के लिए निकली तो एक आदमी इसे मीला और उस ने इसे ढांप लिया और ज़बरदस्ती उस से ज़िना कर लिया, उस ने शोर मचाया तो वह चला गया, इतने में मुहाजरिन की एक जमाअत गुज़रीतो इस (औरत) ने कहा फलां शख़्स ने इस इस तरह मेरे साथ किया है, उन्होंने इस आदमी को पकड़ा और इसे रसूलुल्लाह ﷺ के पास ले आए तो आप ﷺ ने इस औरत से फ़रमाया: “तुम जाओ अल्लाह ने तुम्हें बख्श दीया”, और उस के साथ ज़िना करने वाले शख़्स के मुतल्लिक फ़रमाया: “इसे रजम कर दो”, और फ़रमाया: “इस शख़्स ने ऐसी तौबा की के अगर ऐसी तौबा अहले मदीना करते तो वह उनकी तरफ से कबूल हो जाती”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (1454) و ابوداؤد (4379)

٣٥٧٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ: أَنَّ رَجُلًا زَنَى بِامْرَأَةٍ فَأَمَرَ بِهِ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَجُلِدَ الْحَدَّ ثُمَّ أُخْبِرَ أَنَّهُ مُحْصَنٌ فَأَمَرَ بِهِ فرجم. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3573. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के किसी आदमी ने किसी औरत के साथ ज़िना किया तो नबी ﷺ ने उस के मुतल्लिक हुक्म फ़रमाया तो उसे कोड़े मारे गए, फिर आप को बताया गया के वह तो शादी शुदा है तो फिर आप ﷺ ने उस के मुतल्लिक हुक्म फ़रमाया तो उसे रजम किया गया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4438) * ابن جريج و ابو الزبير مدلسان و عنعنا

٣٥٧٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سَعِيدِ بْنِ سَعْدِ بْنِ عُبَادَةَ أَنَّ سَعْدَ بْنَ عُبَادَةَ أَتَى النَّبِيَّ [ص:١٠٦ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِرَجُلٍ كَانَ فِي الْحَيِّ مُخْدَجٍ سقيم فوجدَ على أمة من إمَائِهِمْ بخبث بِهَا فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «خُذُوا لَهُ عِثْكَالًا فِيهِ مِائَةُ شِمْرَاخٍ فَاضْرِبُوهُ ضَرْبَة» . رَوَاهُ فِي شَرْحِ السُّنَّةِ وَفِي رِوَايَةِ ابْنِ مَاجَه نَحوه

3574. सईद बिन साद बिन उबादा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के साद बिन उबादा रदियल्लाहु अन्हु नबी

ﷺ के पास एक ऐसे शख़्स को लाए जो कबिले में नाकिस अल खलकत और मरीज़ था लेकिन वह उनकी लोंदियो में से किसी लौंडी के साथ ज़िना करता हुआ पाया गया था, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “उस के लिए खजूर की एक टहनी लो जिस में सौ शाखें हो और फिर इसे एक ही मर्तबा मारो”| शरह सुन्ना और इब्ने माजा की रिवायत में इसी तरह है| (सहीह)

صحیح ، رواہ البغوی فی شرح السنة (10 / 303 ح 2591) و ابن ماجه (2574)

٣٥٧٥ - (حسن) وَعَنْ عِكْرِمَةَ عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «من وَجَدْتُمُوهُ يَعْمَلُ عَمَلَ قَوْمِ لُوطٍ فَاقْتُلُوا الْفَاعِلَ وَالْمَفْعُول بِهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجه

3575. इकरिमा इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम जिस शख़्स को कौम ए लूत का सा काम करते हुए देखो तो फ़ाइल और मफउल दोनों को क़त्ल कर दो”| (हसन)

اسناده حسن ، رواہ الترمذی (1456) و ابن ماجه (2561)

٣٥٧٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَتَى بَهِيمَةً فَاقْتُلُوهُ وَاقْتُلُوهَا مَعَهُ» . قِيلَ لِابْنِ عَبَّاسٍ: مَا شَأْنُ الْبَهِيمَةِ؟ قَالَ: مَا سَمِعْتُ مِنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي ذَلِكَ شَيْئًا وَلَكِن أره كَرِهَ أَنْ يُؤْكَلَ لَحْمُهَا أَوْ يُنْتَفَعَ بِهَا وَقَدْ فُعِلَ بِهَا ذَلِكَ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد وَابْن مَاجه

3576. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स चोपाये के साथ बुरा फ़ैल करे तो इस शख़्स को क़त्ल कर दो और उस के साथ इस (चोपाए) को भी क़त्ल कर दो”, इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से अर्ज़ किया गया, चोपाये को किस लिए? उन्होंने कहा: मैंने इस बारे में रसूलुल्लाह ﷺ से कुछ नहीं सुना लेकिन मेरा ख़याल है के आप ने ऐसे जानवर का गोश्त खाने या उस से फ़ायदा उठाने को नापसंद फ़रमाया जिसके साथ यह फ़ैल किया गया हो| (हसन)

حسن ، رواہ الترمذی (1455 و سندہ حسن و اللفظ له) و ابوداؤد (4464 و سندہ حسن) و ابن ماجه (2564 سندہ ضعیف و عندہ زیادة)

٣٥٧٧ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ أَخْوَفَ مَا أَخَافُ عَلَى أُمَّتِي عَمَلُ قَوْمِ لُوطٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْن مَاجه

3577. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुझे अपनी उम्मत के मुतल्लिक कौम ए लूत के अमल में मुल्वत होने का सबसे ज़्यादा अंदेशा है”| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ الترمذی (1457 وقال : حسن غریب) و ابن ماجه (2563) * عبدالله بن محمد بن عقیل ضعیف ضعفه الجمهور

٣٥٧٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ رَجُلًا مِنْ بَنِي بَكْرِ بْنِ لَيْثٍ أَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَقَرَّ أَنَّهُ زَنَى بِامْرَأَةٍ أَرْبَعَ مَرَّاتٍ فَجَلَدَهُ مِائَةً وَكَانَ بِكْرًا ثُمَّ سَأَلَهُ الْبَيِّنَةَ عَلَى الْمَرْأَةِ فَقَالَتْ: كَذَبَ وَاللَّهِ يَا رَسُولَ اللَّهِ فَجُلِدَ حَدَّ الْفِرْيَةِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3578. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के बनू बक्र बिन लैस कबिले का एक शख़्स नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस ने एक औरत के साथ ज़िना करने का चार बार इकरार किया तो आप ने इसे सौ कोड़े मारे, क्योंकि वह कुंवारा था, फिर आप ने इस शख़्स से औरत के खिलाफ गवाह तलब किए (जब वह उस से आजिज़ गया) तो इस औरत ने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! अल्लाह की क़सम! उस ने झूठ कहा है, आप ﷺ ने उस पर हद ए कज्फ़ (अस्सी कोड़े सज़ा) काइम की| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4467) * القاسم بن فياض مختلف فيه و ضعفه ابن معين وغيره و الجرح فيه مقدم

٣٥٧٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: لَمَّا نَزَلَ عُذْرِي قَامَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى الْمِنْبَرِ فَذَكَرَ ذَلِكَ فَلَمَّا نَزَلَ مِنَ الْمِنْبَرِ أَمَرَ بِالرَّجُلَيْنِ وَالْمَرْأَةِ فَضُرِبُوا حَدَّهُمْ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3579. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब मेरी बराअत के बारे में आयात नाज़िल हुई तो नबी ﷺ मिम्बर पर खड़े हुए तो उस को ज़िक्र फ़रमाया, जब आप मिम्बर से उतरा आप ﷺ ने दो मर्दों और एक औरत के बारे में हुक्म फ़रमाया तो इन पर हद काइम की गई| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4474) [و الترمذى (3180 وقال : حسن غريب) و ابن ماجه (2567)] * محمد بن اسحاق صرح بالسماع عند البيهقى (8 / 250)

كتاب الْحُدُود • हुदूद का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٥٨٠ - (صَحِيح) عَنْ نَافِعٍ: أَنَّ صَفِيَّةَ بِنْتَ أَبِي عُبَيْدٍ أَخْبَرَتْهُ أَنَّ عَبْدًا مِنْ رَقِيقِ الْإِمَارَةِ وَقَعَ على وليدةٍ من الخُمسِ فاستكرهَها حَتَّى افتضَّها فَجَلَدَهُ عُمَرُ وَلَمْ يَجْلِدْهَا مِنْ أَجْلِ أَنَّهُ استكرهها. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3580. नाफेअ से रिवायत है के (इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा की अहलिया) सफिया बिन्ते अबी उबैद ने इसे बताया की अमारत के गुलामो में से एक गुलाम ने ख़ुम्स की एक लौंडी से ज़िना बिल जबर किया तो उमर

रदियल्लाहु अन्हु ने इस गुलाम को कोड़े मारे और लौंडी को कोड़े न मारे क्योंकि उस ने इसे मजबूर किया था। (बुखारी)

رواه البخاری (6949)

٣٥٨١ - (حسن) وَعَنْ يَزِيدَ بْنِ نُعَيْمِ بْنِ هَزَّالٍ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: كَانَ مَاعِزُ بْنُ مَالِكٍ يَتِيمًا فِي حِجْرِ أَبِي فَأَصَابَ جَارِيَةً مِنَ الْحَيِّ فَقَالَ لَهُ أَبِي: ائْتِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَخْبَرَهُ بِمَا صَنَعْتَ لَعَلَّهُ يَسْتَغْفِرُ لَكَ وَإِنَّمَا يُرِيدُ بِذَلِكَ رَجَاءَ أَنْ يَكُونَ لَهُ مَخْرَجًا فَأَتَاهُ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِي زنيتُ فأقِمْ عليَّ كتابَ اللَّهِ حَتَّى قَالَهَا أَرْبَعَ مَرَّاتٍ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: إِنَّكَ قَدْ قُلْتَهَا أَرْبَعَ مَرَّاتٍ فَبِمَنْ؟ " قَالَ: بِفُلَانَةَ. قَالَ: «هَلْ ضَاجَعْتَهَا؟» قَالَ: نَعَمْ قَالَ: «هَلْ بَاشَرْتَهَا؟» قَالَ: نَعَمْ قَالَ: «هَلْ جَامَعْتَهَا؟» قَالَ: نَعَمْ قَالَ: فَأَمَرَ بِهِ أَنْ يُرْجَمَ فَأُخْرِجُ بِهِ إِلَى الْحَرَّةِ فَلَمَّا رُجِمَ فَوَجَدَ مَسَّ الْحِجَارَةِ فَجَزِعَ فَخَرَجَ يَشْتَدُّ فَلَقِيَهُ عَبْدُ اللَّهِ بْنُ أُنَيْسٍ وَقَدْ عَجَزَ أَصْحَابُهُ فَنَزَعَ لَهُ بِوَظِيفِ بَعِيرٍ فَرَمَاهُ بِهِ فَقَتَلَهُ ثُمَّ أَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَذَكَرَ ذَلِكَ لَهُ فَقَالَ: «هَلَّا تَرَكْتُمُوهُ لَعَلَّهُ أَنْ يَتُوبَ. فَيَتُوبَ اللَّهُ عَلَيْهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3581. यज़ीद बिन नुअयम बिन हज़्ज़ाल अपने वालिद से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: माइज़ बिन मालिक यतीम थे और मेरे वालिद की किफ़ालत में थे, उन्होंने कबिले की एक लौंडी से ज़िना किया तो मेरे वालिद ने उन्हें कहा: रसूलुल्लाह ﷺ के पास जाओ और अपने हरकत के मुतल्लिक उन्हें बताओ शायद के वह तुम्हारे लिए मगफिरत तलब करे, उनका मकसद यह था के शायद उस के लिए निजात की कोई सबील निकल आए, वह आप की खिदमत में हाज़िर हुए और अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैंने ज़िना का इर्तिकाब किया है आप मुझ पर अल्लाह की किताब (का हुक्म) काइम करे, आप ने उस से एअराज़ फ़रमाया तो वह दोबारा आया और अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैंने ज़िना का इर्तिकाब किया है, आप मुझ पर अल्लाह की किताब (का हुक्म) काइम करे, (वो कहता रहा) हत्ता के उस ने चार मर्तबा ऐसे कहा, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुमने चार मर्तबा यह बात की है, बताओ तुमने किसी के साथ (जीना किया है) ?” उस ने अर्ज़ किया, फलां औरत के साथ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तू उस के साथ हम बिस्तर हुआ ?” उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम ने उस के साथ मिलाप किया ?” उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम ने उस से जिमाअ किया ?” उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! रावी बयान करते हैं, आप ﷺ ने उस के मुतल्लिक हुक्म फ़रमाया के इसे रजम किया जाए, इसे हर्राह की तरफ ले जाया गया, जब उस ने पथ्थरो की तकलीफ महसूस की तो वह बर्दाश्त न कर सका तो वह (रजम की जगह से) भाग खड़ा हुआ, लेकिन अब्दुल्लाह बिन उनय्स ने इसे पा लिया जबकि उस के दीगर रफ्काअ पीछे रह गए उन्होंने ऊंट की पिंडली की हड्डी इसे मारी और क़त्ल कर दिया, फिर वह नबी ﷺ के पास आए और आप को उस के मुतल्लिक बताया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुमने इसे छोड़ क्यों न दिया शायद के वह तौबा कर लेता और अल्लाह उसकी तौबा कबूल फरमा लेता”। (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4419) و انظر ح 3567

٣٥٨٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ الْعَاصِ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَا مِنْ [ص:١٠٦ قَوْمٍ يَظْهَرُ فِيهِمُ الزِّنَا إِلَّا أُخِذُوا بِالسَّنَةِ وَمَا مِنْ قَوْمٍ يَظْهَرُ فِيهِمُ الرِّشَا إِلَّا أخذُوا بِالرُّعْبِ» . رَوَاهُ أَحْمد

3582. अमर बिन आस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस कौम में ज़िना आम हो जाता है वह कहत साली का शिकार हो जाती है, और जिस कौम में रिश्वत आम हो जाए उस पर खौफ मुसल्लत कर दिया जाता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (4 / 205 ح 17976) * فيه ابن لهيعة (ضعيف بعد اختلاطه و مدلس) عن عبدالله بن سليمان عن محمد بن راشد المرادی (مجهول غير معروف) عن عمرو بن العاص رضی الله عنه به الخ ، المرادی عن عمرو : منقطع

٣٥٨٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ وَأَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَلْعُونٌ مَنْ عَمِلَ عَمَلَ قَوْمِ لُوطٍ» . رَوَاهُ رَزِينٌ

3583. इब्ने अब्बास और अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हुम से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स कौम ए लूत का सा अमल करे वह मलउन है”| (हसन)

حسن ، رواه رزين (لم اجده) و رواه احمد (1 / 217 ح 1875 ، 1 / 317 ح 2914) [و البخاری فی الادب المفرد (892) و عبد بن حميد (589) و الحاكم (4 / 356)] * محمد اسحاق صرح بالسماع عند احمد (2914) و سنده حسن و للحديث شواهد

٣٥٨٤ - (لم تتمّ دراسته) وَفِي رِوَايَةٍ لَهُ عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ علياًّ رَضِي الله عَنهُ أحرَقَهما وَأَبا بكرٍ هدم عَلَيْهِمَا حَائِطا

3584. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के अली रदियल्लाहु अन्हु ने इन दोनों (फ़ाइल और मफ़उल) को जला दीया, जबकि अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु ने इन दोनों पर दिवार गिरा दी| (मुझे नहीं मिली.)

لم اجده ، * و فی الباب رواية ، قال ابن حجر :'' هو ضعيف جدًا '' (الدراية 2 / 103 ح 667) و انظر تنقيح الرواة (2 / 92) و روى ابن ابی شيبة (9 / 529 ح 28328) بسند صحيح عن ابن عباس فی حد اللوطی قال :'' ينظر اعلى بناء فی القرية فيرمى به منكسًا ثم يتبع بالحجارة'' يعنی حد اللوطی القتل بالحجارة وغيرها

٣٥٨٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا يَنْظُرُ اللَّهُ عَزَّ وَجَلَّ إِلَى رَجُلٍ أَتَى رَجُلًا أَوِ امْرَأَةً فِي دُبُرِهَا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

3585. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह अज्ज़वजल इस आदमी की तरफ (नज़रे रहमत से) नहीं देखता जो किसी मर्द के साथ बुरा फ़ैल करे या वह औरत की पीठ (दुबर) में बदफैली करे”| तिरमिज़ी, और उन्होंने कहा: यह हदीस हसन ग़रीब है| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (1165)

٣٥٨٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ أَنَّهُ قَالَ: «مَنْ أَتَى بَهِيمَةً فَلَا حَدَّ عَلَيْهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: عَنْ سُفْيَانَ الثَّوْرِيِّ أَنَّهُ قَالَ: وَهَذَا أَصَحُّ مِنَ الْحَدِيثِ الْأَوَّلِ وَهُوَ: «مَنْ أَتَى بَهِيمَةً فَاقْتُلُوهُ» وَالْعَمَلُ عَلَى هَذَا عِنْدَ أَهْلِ الْعلم

3586. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के उन्होंने ने फ़रमाया: जो शख़्स किसी चोपाये के साथ बुरा फ़ैल करे तो उस पर कोई हद नहीं"| इमाम तिरमिज़ी ने सुफियान सौरी से रिवायत किया के उन्होंने कहा: यह हदीस हदीसे अव्वल: "जो शख़्स किसी चोपाये के साथ बुरा फ़ैल करे तो उसे क़त्ल कर दो", से ज़्यादा सहीह है और अहले इल्म के यहाँ इसी पर अमल है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1455) و ابوداؤد (4465)

٣٥٨٧ - (جيد) وَعَنْ عُبَادَةَ بْنِ الصَّامِتِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَقِيمُوا حُدُودَ اللَّهِ فِي الْقَرِيبِ وَالْبَعِيدِ وَلَا تَأْخُذْكُمْ فِي اللَّهِ لَوْمَةُ لائمٍ» . رَوَاهُ ابنُ مَاجَه

3587. उबादा बिन सामित रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "हर करीब व बईद (नसब के लिहाज़ से या कुव्वत के लिहाज़ से) पर अल्लाह की हुदूद नाफ़िज़ कर दो और अल्लाह के (हुक्म जारी करने) में किसी मलामत गिर की मलामत तुम्हारे आड़े न आए"| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابن ماجه (2540) * عبيدة بن الاسود مدلس و عنعن و للحديث شواهد ضعيفة

٣٥٨٨ - (جيد) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِقَامَةُ حَدٍّ مِنْ حُدُودِ اللَّهِ خَيْرٌ مِنْ مَطَرِ أَرْبَعِينَ لَيْلَةً فِي بلادِ الله» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

3588. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अल्लाह की हुदूद में से किसी हद का काइम कर देना, अल्लाह के शहरों पर चालीस राते बारिश होने से बेहतर है"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه ابن ماجه (2537) * فيه سعد بن سنان الحنفى الحمصى : متروک ، رماه الدارقطنى وغيره بالوضع و للحديث شواهد ضعيفة

٣٥٨٩ - (جيد) وَرَوَاهُ النَّسَائِيُّ عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ

3589. इमाम नसई ने इसे अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه النسائى (8 / 7576 ح 4908) * فيه جرير بن يزيد : ضعيف و للحديث شواهد ضعيفة عند ابن حبان (الموارد : 1507) وغيره

चोरो के हाथ काटने का बयान • بَابُ قَطْعِ السّرِقَة

पहली फस्ल • الْفَصْلُ الأول

٣٥٩٠ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَائِشَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا تُقطعُ يدُ السَّارِقِ إِلاَّ بربُعِ دِينَار فَصَاعِدا»

3590. आइशा (रअ), नबी ﷺ से रिवायत करती हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “चोथाई दीनार या उस से ज़्यादा (मालीयत की चोरी) पर चोर का हाथ काटा जाएगा”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6789) و مسلم (2 / 1684)، (4400)

٣٥٩١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَطَعَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَدَ سَارِقٍ فِي مِجَنٍّ ثَمَنُهُ ثَلَاثَةُ دَرَاهِمَ

3591. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, नबी ﷺ ने तीन दिरहम मालीयत की ढाल की चोरी पर चोर का हाथ काटा| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6798) و مسلم (6 / 1686)، (4406)

٣٥٩٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَعَنَ اللَّهُ السارِقَ يسرقُ البيضةَ فتُقطعُ يَده وَيسْرق الْحَبل فتقطع يَده»

3592. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह चोरी पर लानत करे के वह अंडा चुराता है तो उस का हाथ काट दिया जाता है, और वह रस्सी चराता है तो उस का हाथ काट दिया जाता है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6799) و مسلم (7م / 1687)، (4408)

चोरो के हाथ काटने का बयान • بَابُ قَطْعِ السّرِقَة

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٣٥٩٣ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ رَافِعِ بْنِ خَدِيجٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا قَطْعَ [ص:١٠٦] فِي ثَمَرٍ وَلَا كَثَرٍ» رَوَاهُ مَالِكٌ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَالدَّارِمِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ

3593. राफीअ बिन ख़दीज रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “दरख्त पर लगे हुए फल और शगुफे में हाथ नहीं काटा जाएगा”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه مالک (2 / 839 ح 1628 مطولاً) و الترمذی (1449) و ابوداؤد (4388) و النسائی (8 / 8688 ح 49634973) و الدارمی (2 / 174 ح 23092314) و ابن ماجه (2593)

٣٥٩٤ - (حسن) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرِو بْنِ الْعَاصِ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَنَّهُ سُئِلَ عَنِ الثَّمَرِ الْمُعَلَّقِ قَالَ: «مَنْ سَرَقَ مِنْهُ شَيْئًا بَعْدَ أَنْ يُؤْوِيَهُ الْجَرِينَ فَبَلَغَ ثَمَنَ الْمِجَنِّ فَعَلَيْهِ الْقَطْعُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3594. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा अब्दुल्लाह बिन अम्र बिन आस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत किया के आप से दरख्तों पर लगे हुए फल (की चोरी) के बारे में दरियाफ्त किया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस ने इसे गोदाम में महफ़ूज़ कर लेने के बाद चोरी किया और वह ढाल की कीमत को पहुँच गया तो फिर उस पर कतअ (हाथ काटना) है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1710) و النسائی (8 / 8485 ح 4960)

٣٥٩٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ أَبِي حُسَيْنٍ الْمَكِّيِّ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا قَطْعَ فِي ثَمَرٍ معلَّقٍ وَلَا فِي حَرِيسَةِ جَبَلٍ فَإِذَا آوَاهُ الْمُرَاحُ وَالْجَرِينُ فَالْقَطْعُ قيمًا بلغ ثمن الْمِجَن» . رَوَاهُ مَالك

3595. अब्दुल्लाह बिन अब्दुल रहमान बिन अबी हुसैन अल मक्कियी से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ना लटके हुए फलों (की चोरी) में कतअ है न पहाड़ के दामन में चरने वाले जानवर (की चोरी) में जब वह (जानवर) बाड़े में पनाह गज़ी हो और फल गोदाम में महफ़ूज़ हो तो फिर उसकी चोरी पर कतअ है जब वह ढाल की कीमत को पहुँच जाए”| (हसन)

حسن ، رواه مالک (2 / 831 ح 1617) * السند مرسل وله شاهد عند النسائی (8 / 86 ح 4962)

٣٥٩٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَيْسَ عَلَى الْمُنْتَهِبِ قَطْعٌ وَمَنِ انْتَهَبَ نُهْبَةً مَشْهُورَةً فَلَيْسَ مِنَّا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3596. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “डाकू पर कतअ (हाथ काटना) नहीं (इस की सज़ा अलग है), और जो शख़्स बड़े बड़े डाके डाले वह हम में से नहीं”| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (4391)

٣٥٩٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَيْسَ عَلَى خَائِنٍ وَلَا مُنْتَهِبٍ وَلَا مُخْتَلِسٍ قَطْعٌ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ والدارمي

3597. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “खयानत करने वाले, डाका डालने वाले और चिपट कर माल हासिल करने वाले पर “कतअ” नहीं”| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذى (1448 وقال : حسن صحيح) و النسائى (8 / 8889 ح 4985) و ابن ماجه (2591) و الدارمى (2 / 175 ح 2315)

٣٥٩٨ - (لم تتمّ دراسته) وَرُوِيَ فِي «شَرْحِ السُّنَّةِ» : أَنَّ صَفْوَانَ بْنَ أُمَيَّةَ قَدِمَ الْمَدِينَةَ فَنَامَ فِي الْمَسْجِدِ وَتَوَسَّدَ رِدَاءَهُ فَجَاءَ سَارِقٌ وَأَخَذَ رِدَاءَهُ فَأَخَذَهُ صَفْوَانُ فَجَاءَ [ص:١٠٦ بِهِ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَمَرَ أَنْ تُقْطَعَ يَدُهُ فَقَالَ صَفْوَانُ: إِنِّي لَمْ أُرِدْ هَذَا هُوَ عَلَيْهِ صَدَقَةٌ. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «فَهَلا قبل أَن تَأتِينِي بِهِ»

3598. और शरह सुन्ना में मरवी है के सफवान बिन उमय्य रदियल्लाहु अन्हु मदीना आए तो वह अपनी चादर का सिरहाना बना कर मस्जिद में सौ गए, एक चोर आया और उस ने उनकी चादर पकड़ ली तो उन्होंने इसे गिरफ्तार कर लिया, और वह रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में ले आए, आप ने उस का हाथ काटने का हुक्म फ़रमाया तो सफवान रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, मैंने इस (कतअ) का इरादा नहीं किया था, वह (चादर) इस (चोर) पर सदका है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुमने इसे मेरे पास लाने से पहले क्यों न मुआफ़ कर दिया”| (हसन)

حسن ، رواه البغوى فى شرح السنة (10 / 320321 بعد ح 2600 بدون سند) [و مالك (2 / 834835 ح 1624 مرسل) و النسائى (8 / 6970 ح 4887 حسن) و ابن ماجه (2595 حسن) و ابوداؤد (4394 و سنده حسن) وغيرهم ، وهو حسن بالشواهد]

٣٥٩٩ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَى نَحْوَهُ ابْنُ مَاجَهْ عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بن صَفْوَان عَن أَبِيه

3599. इमाम इब्ने माजा ने इसी तरह अब्दुल्लाह बिन सफवान अन अबी की सनद से रिवायत किया है| (हसन)

حسن ، رواه ابن ماجه (2595)

٣٦٠٠ - (لم تتمّ دراسته) والدارمي عَن ابْن عَبَّاس

3600. और इमाम दारमी ने इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत किया है| (हसन)

حسن ، رواه الدارمى (2 / 172 ح 2304)

٣٦٠١ - (صَحِيح) وَعَنْ بُسْرِ بْنِ أَرْطَاةَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «لَا تُقْطَعُ الْأَيْدِي فِي الْغَزْوِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالدَّارِمِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ إِلَّا أَنَّهُمَا قَالَا: «فِي السّفر» بدل «الْغَزْو»

3601. बुसर बिन अर्ताक बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “गज़वा में हाथ न काटे जाए”| अलबत्ता इमाम अबू दावुद और इमाम नसई ने गज़वा के बजाए “सफ़र” का लफ्ज़ इस्तेमाल किया है| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذى (1450) و الدارمى (2 / 231 ح 2495) و ابوداؤد (4408) و النسائى (8 / 91 ح 4982)

٣٦٠٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي سَلَمَةَ عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم قَالَ فِي السَّارِقِ: «إِنْ سَرَقَ فَاقْطَعُوا يَدَهُ ثُمَّ إِنْ سَرَقَ فَاقْطَعُوا رِجْلَهُ ثُمَّ إِنْ سَرَقَ فَاقْطَعُوا يَدَهُ ثُمَّ إِنْ سَرَقَ فَاقْطَعُوا رِجْلَهُ» . رَوَاهُ فِي شرح السّنة

3602. अबू सलमा, अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने चोरी के बारे में फ़रमाया: “अगर वह चोरी करे तो उस का हाथ काट दो, अगर फिर चोरी करे तो उस का पाँव काट दो, अगर फिर चोरी करे तो उस का (दूसरा) हाथ काट दो और अगर फिर चोरी करे तो उस का (दूसरा) पाँव काट दो”| (ज़ईफ़,मौज़ू)

اسناده ضعيف جذا موضوع ، رواه البغوى فى شرح السنة (10 / 326 بعد ح 2602) [و الدارقطنى (3 / 180 ح 3359)] * فيه الواقدى وهو كذاب متروک و الحديث الآتى يغنى عنه

٣٦٠٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: جِيءَ بِسَارِقٍ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «اقْطَعُوهُ» فَقُطِعَ ثُمَّ جِيءَ بِهِ الثَّانِيَةَ فَقَالَ: «اقْطَعُوهُ» فَقُطِعَ ثُمَّ جِيءَ بِهِ الثَّالِثَةَ فَقَالَ: «اقْطَعُوهُ» فَقُطِعَ ثُمَّ جِيءَ بِهِ الرَّابِعَةَ فَقَالَ: «اقْطَعُوهُ» فَقُطِعَ فَأُتِيَ بِهِ الْخَامِسَةَ فَقَالَ: «اقْتُلُوهُ» فَانْطَلَقْنَا بِهِ فَقَتَلْنَاهُ ثُمَّ اجْتَرَرْنَاهُ فَأَلْقَيْنَاهُ فِي بِئْرٍ وَرَمَيْنَا عَلَيْهِ الحجارة. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3603. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक चोर नबी ﷺ की खिदमत में पेश किया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस का हाथ काट दो”, उस का हाथ काट दिया गया, फिर इसे (दूसरी चोरी में) दूसरी मर्तबा पेश किया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस का हाथ काट दो”, उस का हाथ काट दिया गया, फिर इसे तीसरी

मर्तबा पेश किया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस का पाँव काट दो”, उस का पाँव काट दिया गया, फिर चोथी मर्तबा पेश किया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस का पाँव काट दो”, उस का पाँव काट दिया गया, फिर इसे पाँचवीं मर्तबा लाया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे क़त्ल कर दो”, हम इसे ले गए और इसे क़त्ल कर दिया, फिर हमने इसे घंसिट कर कुंवो में फेंक दिया और उस पर पत्थर डाल दिए| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (4410) و النسائی (8 / 9091 ح 4981 وقال : ھذا حدیث منکر و مصعب بن ثابت : لیس بالقوی) * مصعب : حسن الحدیث ، وثقه الجمھور و للحدیث شواھد عند النسائی (4980) وغیره

٣٦٠٤ - (لم تتمّ دراسته) وَرُوِيَ فِي شَرْحِ السُّنَّةِ فِي قَطْعِ السَّارِقِ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اقْطَعُوهُ ثمَّ احسموه»

3604. और उन्होंने शरह सुन्ना में चोर के हाथ काटने के बारे में नबी ﷺ से रिवायत किया आप ﷺ ने फ़रमाया: “इस (के हाथ) को काट दो फिर इसे दाग दो”| (हसन)

حسن ، رواه البغوی فی شرح السنة (10 / 327 بعد ح 2602) [و الحاکم (4 / 381 ح 8150) و صححه و وافقه الذھبی و سنده حسن]

٣٦٠٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ فَضَالَةَ بْنِ عُبَيْدٍ قَالَ: أَتَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بسارقٍ فقُطِعَتْ يَدُهُ ثُمَّ أَمَرَ بِهَا فَعُلِّقَتْ فِي عُنُقِهِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ

3605. फ़ुज़ालह बिन उबैद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक चोर रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में पेश किया गया तो उस का हाथ काट दिया गया, फिर आप ﷺ ने उस के मुतल्लिक हुक्म फ़रमाया तो उसे उसकी गर्दन में लटका दिया गया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (1447 وقال : حسن غریب) و ابوداؤد (4411) و النسائی (8 / 92 ح 4985 ، 4986 وقال : الحجاج بن ارطاة ضعیف لا یحتج به) و ابن ماجه (2587) * حجاج بن ارطاة ضعیف مدلس و عنعن

٣٦٠٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا سَرَقَ الْمَمْلُوكُ فَبِعْهُ وَلَوْ بِنَشٍّ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْن مَاجَه

3606. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब गुलाम चोरी करे तो उसे बेच दो ख्वाह एक “नश” (बीस दिरहम) ही मिले”| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (4412) و النسائی (8 / 91 ح 4983) و ابن ماجه (2589)

بَابُ قَطْعِ السّرِقَة • चोरो के हाथ काटने का बयान

اَلْفَصْلُ الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٦٠٧ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: أَتَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِسَارِقٍ فَقَطَعَهُ فَقَالُوا: مَا كُنَّا نَرَاكَ تَبْلُغُ بِهِ هَذَا قَالَ: «لَوْ كانتْ فاطمةُ لقطعتَها» . رَوَاهُ النَّسَائِيّ

3607. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, एक चोर रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में पेश किया गया तो आप ﷺ ने उस का हाथ काट दीया, तो उन्होंने (सहाबा) ने अर्ज़ किया, हमारा आप के मुतल्लिक यह गुमान नहीं था के आप उस के मुतल्लिक यह कुछ करेंगे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर (बा फ़र्जे महाल) फ़ातिमा रदियल्लाहु अन्हा भी होती तो मैं (बिला तफरीक) उनका हाथ भी काटता”| (सहीह)

صحيح ، رواه النسائی (8 / 72 ح 4900) [و اصله فی صحيح البخاری (3733)]

٣٦٠٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ إِلَى عُمَرَ بِغُلَامٍ لَهُ فَقَالَ: اقْطَعْ يَدَهُ فَإِنَّهُ سرق مرآة لأمرأتي فَقَالَ عُمَرُ رَضِيَ اللَّهُ عَنهُ: لَا قَطْعَ عَلَيْهِ وَهُوَ خَادِمُكُمْ أَخَذَ مَتَاعَكُمْ. رَوَاهُ مَالك

3608. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, एक आदमी अपना गुलाम लेकर उमर रदियल्लाहु अन्हु के पास आया तो उस ने कहा: उस का हाथ काट डाले क्योंकि उस ने मेरी अहलिया का आइना चुरा लिया है, उमर रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: उस पर कतअ नहीं और वह तुम्हारा खादिम है, उस ने तुम्हारा सामान उठा लिया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه مالک (2 / 839840 ح 1629) * ابن شهاب الزهری : مدلس و عنعن و مع ذلک صححه الحافظ ابن کثير فی مسند الفاروق (2 / 511) ! وله لون آخر عند الدارقطنی (3 / 188 ح 3378)

٣٦٠٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قَالَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا أَبَا ذَرٍّ» قُلْتُ: لَبَّيْكَ يَا رَسُولَ اللَّهِ وَسَعْدَيْكَ قَالَ: «كَيْفَ أَنْتَ إِذَا أَصَابَ النَّاسَ مَوْتٌ يَكُونُ [ص:١٠٧ الْبَيْتُ فِيهِ بِالْوَصِيفِ» يَعْنِي الْقَبْرَ قُلْتُ: اللَّهُ وَرَسُولُهُ أَعْلَمُ. قَالَ: «عَلَيْكَ بِالصَّبْرِ» قَالَ حمَّادُ بنُ أبي سُليمان: تُقْطَعُ يَدُ النَّبَّاشِ لِأَنَّهُ دَخَلَ عَلَى الْمَيْتِ بيتَه. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3609. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अबू ज़र!” मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मैं हाज़िर हूँ, इसी में मेरी सआदत है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हारी इस वक़्त क्या हालत होगी जब लोग कसरत से मौत का शिकार होंगे और इस वक़्त कब्र गुलाम के अवज़ मिलेगी ?” मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह और उस के रसूल बेहतर जानते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम सब्र करना”, हम्माद बिन अबी सुलेमान ने कहा

कफन चोर का हाथ काटा जाएगा क्योंकि वह मय्यत पर उस के घर में दाखिल हुआ है| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه ابوداؤد (1497 ، 4909) * حبيب بن ابی ثابت مدلس و عنعن و للحديث شاهد ضعيف عند احمد (6 / 215)

بَاب الشَّفَاعَة فِي الْحُدُود • हुदूद के बारे में सिफारिश करने का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٣٦١٠ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن عائشة رَضِي الله عَنْهَا أَنَّ قُرَيْشًا أَهَمَّهُمْ شَأْنُ الْمَرْأَةِ الْمَخْزُومِيَّةِ الَّتِي سَرَقَتْ فَقَالُوا: مَنْ يُكَلِّمُ فِيهَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ فَقَالُوا: وَمَنْ يَجْتَرِئُ عَلَيْهِ إِلَّا أُسَامَةُ بْنُ زَيْدٍ حِبُّ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَكَلَّمَهُ أُسَامَةُ. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَتَشْفَعُ فِي حَدٍّ مِنْ حُدُودِ اللَّهِ؟» ثُمَّ قَامَ فَاخْتَطَبَ ثُمَّ قَالَ: «إِنَّمَا أَهْلَكَ الَّذِينَ قَبْلَكُمْ أَنَّهُمْ كَانُوا إِذَا سَرَقَ فِيهِمُ الشَّرِيفُ تَرَكُوهُ وَإِذَا سَرَقَ فِيهِمُ الضَّعِيفُ أَقَامُوا عَلَيْهِ الْحَدَّ وَايْمُ اللَّهِ لَوْ أَنَّ فَاطِمَةَ بِنْتَ مُحَمَّدٍ سَرَقَتْ لَقَطَعْتُ يَدَهَا» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَفِي روايةٍ لمسلمٍ: قالتْ: كانتِ امرأةٌ مخزوميَّةٌ تَسْتَعِيرُ الْمَتَاعَ وَتَجْحَدُهُ فَأَمَرَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِقَطْعِ يَدِهَا فَأَتَى أَهْلُهَا أُسَامَةَ فَكَلَّمُوهُ فَكَلَّمَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِقَطْعِ يَدِهَا فَأَتَى أَهْلُهَا أُسَامَةَ فَكَلَّمُوهُ فَكَلَّمَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِيهَا ثمَّ ذكرَ الحديثَ بنحوِ مَا تقدَّمَ

3610. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के मख्ज़ुमी औरत, जिस ने चोरी की थी, के वाकिए ने कुरैशीयो को ग़मज़दा कर दिया तो उन्होंने कहा: उस के मुतल्लिक रसूलुल्लाह ﷺ से कौन सिफारिश करे? फिर उन्होंने कहा: यह काम रसूलुल्लाह ﷺ के चहिते सिर्फ उसामा बिन ज़ैद रदियल्लाहु अन्हु ही कर सकते हैं, उसामा रदियल्लाहु अन्हु ने आप ﷺ से सिफारिश की तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क्या तुम अल्लाह की हुदूद में से एक हद के बारे में सिफारिश करते हो?” फिर आप खड़े हुए, खुत्बा इरशाद फ़रमाया, फिर फ़रमाया: “तुम से पहले लोग सिर्फ इसी वजह से हलाक कर दिए गए की जब उनमें से खानदानी शख़्स चोरी करता तो वह इसे छोड़ देते और जब कमज़ोर शख़्स चोरी करता तो वह उस पर हद काइम कर देते, अल्लाह की क़सम! अगर फ़ातिमा बिन्ते मुहम्मद (मुहम्मद ﷺ की बेटी फ़ातिमा (रअ)) भी चोरी करती तो मैं उनका हाथ भी काट देता”, बुखारी, मुस्लिम, और मुस्लिम की रिवायत में है, आइशा रदियल्लाहु अन्हा ने बयान किया एक मख्ज़ुमी औरत (फ़ातिमा बिन्ते असवद) थी जो आरियतन (उधार) चीज़े लिया करती थी और फिर उनकी वापसी का इनकार कर दिया करती थी, नबी ﷺ ने उस का हाथ काटने का हुक्म फ़रमाया तो उस के खानदान वाले उसामा रदियल्लाहु अन्हु के पास आए और उन्होंने उन से बात की और उसामा रदियल्लाहु अन्हु ने उस के मुतल्लिक रसूलुल्लाह ﷺ से सिफारिश की, फिर इमाम मुस्लिम ने हदीसे मज्कुरह के मुताबिक हदीस बयान की| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (3475) و مسلم (8 / 1688)، (4410)

بَاب الشَّفَاعَة فِي الْحُدُود • हुदूद के बारे में सिफारिश करने का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٦١١ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم يَقُول: «مَنْ حَالَتْ شَفَاعَتُهُ دُونَ حَدٍّ مِنْ حُدُودِ اللَّهِ فَقَدْ ضَادَّ اللَّهَ وَمَنْ خَاصَمَ فِي بَاطِلٍ وَهُوَ يَعْلَمُهُ لَمْ يَزَلْ فِي سُخْطِ اله تَعَالَى حَتَّى يَنْزِعَ وَمَنْ قَالَ فِي مُؤْمِنٍ مَا لَيْسَ فِيهِ أَسْكَنَهُ اللَّهُ رَدْغَةَ الْخَبَالِ حَتَّى يَخْرُجَ مِمَّا قَالَ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُد وَفِي روايةٍ للبيهقيِّ فِي شعبِ الْإِيمَان «مَنْ أَعَانَ على خُصُومَةٍ لَا يَدْرِي أَحَقٌّ أَمْ بَاطِلٌ فَهُوَ فِي سَخطِ اللَّهِ حَتَّى ينْزع»

3611. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस शख़्स की सिफारिश अल्लाह की हुदूद में से किसी हद के निफाज़ के आगे हाइल हो गए तो उस ने अल्लाह की मुखालिफत की, जिस ने जानते हुए किसी बातिल (नाहक) के बारे में झगड़ा किया तो वह उस से दस्त कश होने तक अल्लाह तआला की नाराज़ी में रहता है और जिस ने किसी मोमिन पर बोहतान लगाया तो वह कच्चा लोहा के कीचड़ में रहेगा हत्ता के वह उस से निकल आए जो उस ने कहा है”| अहमद अबू दावुद, और बयहकी की शौबुल ईमान में एक रिवायत है“,जिस ने किसी झगड़े पर इआनत की जबकि वह नहीं जानता के वह हक़ है या बातिल तो वह अल्लाह की नाराज़ी में रहता है हत्ता के वह उस से दस्त कश हो जाए”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه احمد (2 / 70 ح 5385) و ابوداؤد (3597) و البيهقى فى شعب الايمان (7673)

٣٦١٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي أُمَيَّةَ الْمَخْزُومِيِّ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَتَى بِلِصٍّ قَدِ اعْتَرَفَ اعْتِرَافًا وَلَمْ يُوجَدْ مَعَهُ مَتَاعٌ فَقَالَ لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا أَخَالُكَ سَرَقْتَ» . قَالَ: بَلَى فَأَعَادَ عَلَيْهِ مَرَّتَيْنِ أَوْ ثَلَاثًا كُلَّ ذَلِكَ يَعْتَرِفُ فَأَمَرَ بِهِ فَقُطِعَ وَجِيءَ بِهِ فَقَالَ لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اسْتَغْفِرِ اللَّهَ وَتُبْ إِلَيْهِ» فَقَالَ: أَسْتَغْفِرُ اللَّهَ وَأَتُوبُ إِلَيْهِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اللَّهُمَّ تُبْ عليهِ» ثَلَاثًا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ هَكَذَا وجدتُ فِي الْأُصُول الْأَرْبَعَة وجامع الْأُصُول وَشُعَبُ الْإِيمَانِ وَمَعَالِمُ السُّنَنِ عَنْ أَبِي أُمَيَّةَ

3612. अबू उमय्य मख्ज़ुमी रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ के पास एक चोर लाया गया, उस ने एतराफ़ जुर्म कर लिया लेकिन उस से माल बरामद न हुआ तो रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे फ़रमाया: “मेरा ख़याल है के तुमने चोरी नहीं की”, उस ने अर्ज़ किया, क्यों नहीं, ज़रूर की है, आप ﷺ ने दो या तीन मर्तबा यह बात दोहराई लेकिन वह हर मर्तबा एतराफ़ करता रहा, आप ने उस के मुतल्लिक हुक्म फ़रमाया तो उस का हाथ काट दिया गया, और फिर इसे आप के पास लाया गया तो रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे फ़रमाया: “अल्लाह से मगफिरत तलब करो और उस के हुज़ूर तौबा करो”, उस ने अर्ज़ किया, मैं अल्लाह से मगफिरत तलब करता हूँ और उस के

हुज़ूर तौबा करता हूँ, रसूलुल्लाह ﷺ ने तीन बार फ़रमाया: "अल्लाह उसकी तौबा कबूल फरमा", और मैंने उसूल अरबह जामेअ अल उसूल शौबुल ईमान और मआलिम अल सुनन में अबू उमय्य से इसी तरह पाया है| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ ابوداؤد (4380) و النسائی (8 / 67 ح 4881) و ابن ماجہ (2597) و الدارقطنی (2 / 173 ح 2308) * ابو المنذر لا یعرف و فی الباب حدیث النسائی (8 / 8990 ح 4980) و سندہ صحیح و صححہ الحاکم (4 / 380) وھو یغنی عنہ

٣٦١٣ - وَفِي نُسَخِ الْمَصَابِيحِ عَنْ أَبِي رِمْثَةَ بِالرَّاءِ والثاء الْمُثَلَّثَة بدل الْهمزَة وَالْيَاء

3613. और मसाबिह के नुस्खों में "अबू उमय्य" की बजाए "अबू रम्स" है| (ज़ईफ़)

ضعیف ، ذکرہ فی مصابیح السنۃ (2 / 553 ح 2721 بدون سند) و انظر الحدیث السابق (3612)

هَذَا الْبَاب خَال عَن الْفَصْل الثَّالِث
यह बाब तीसरी फस्ल से खाली है|

- بَاب حد الْخمر — **शराब नौशी पर हद कायम करने का बयान**
- الْفَصْل الأول — **पहली फस्ल**

٣٦١٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَنَسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ضَرَبَ فِي الْخَمْرِ بِالْجَرِيدِ والنِّعالِ وجلَدَ أَبُو بكرٍ رَضِي الله عَنهُ أربعين

3614. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने शराब नौशी पर खजूर की तहनिया और जूते मारे और अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु ने चालीस कोड़े मारे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (6773) و مسلم (36 / 1706)، (4454)

٣٦١٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَفِي رِوَايَة عَنْهُ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَضْرِبُ فِي الْخَمْرِ بِالنِّعَالِ وَالْجَرِيدِ أَرْبَعِينَ

3615. और अनस रदियल्लाहु अन्हु से मरवी एक और हदीस में है की नबी ﷺ शराब नोशी पर चालीस जूते और शाखें मारा करते थे| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (37 / 1706)، (4456)

٣٦١٦ - (صَحِيح) وَعَنِ السَّائِبِ بْنِ يَزِيدَ قَالَ: كَانَ يُؤْتَى بِالشَّارِبِ عَلَى عَهْدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَإِمْرَةِ أَبِي بَكْرٍ وَصَدْرًا مِنْ خِلَافَةِ عُمَرَ فَنَقُومُ عَلَيْهِ بِأَيْدِينَا وَنِعَالِنَا وَأَرْدِيَتِنَا حَتَّى كَانَ آخِرُ إِمْرَةِ عُمَرَ فَجَلَدَ أَرْبَعِينَ حَتَّى إِذَا عَتَوْا وَفَسَقُوا جَلَدَ ثَمَانِينَ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3616. साइब बिन यज़ीद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के दौर में, अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु के दौरे खिलाफत और उमर रदियल्लाहु अन्हु के खिलाफत के शुरू के दौर में शराब नोशी को लाया जाता तो हम अपने हाथो, जूतो और अपने कपड़ो के साथ इसे मारते थे हत्ता के उमर रदियल्लाहु अन्हु की खिलाफत के आखिरी दौर में चालीस कोड़े मारे जाते थे हत्ता के जब वह हद से बढ़ गए और सरकशी पर उतर आए तो उन्होंने अस्सी कोड़े मारे| (बुखारी)

رواه البخارى (6779)

بَاب حد الْخمر • शराब नौशी पर हद कायम करने का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٦١٧ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ جَابِرٌ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ شَرِبَ [ص:١٠٧] الْخَمْرَ فَاجْلِدُوهُ فَإِنْ عَادَ فِي الرَّابِعَةِ فَاقْتُلُوهُ» قَالَ: ثُمَّ أَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَعْدَ ذَلِكَ بِرَجُلٍ قَدْ شَرِبَ فِي الرَّابِعَةِ فَضَرَبَهُ وَلَمْ يقْتله. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3617. जाबिर (र), नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स शराब पिए तो उसे कोड़े मारो अगर वह चोथी मर्तबा पिए तो उसे क़त्ल कर दो”, रावी बयान करते हैं, फिर उस के बाद नबी ﷺ की खिदमत में एक आदमी पेश किया गया जिस ने चोथी मर्तबा शराब पि थी आप ﷺ ने इसे क़त्ल नहीं किया| (हसन)

حسن ، رواه الترمذى (1444)

٣٦١٨ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ أَبُو دَاوُد عَن قبيصَة بن دؤيب

3618. इमाम अबू दावुद ने इसे कबिस बिन जूऐब से रिवायत किया है| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (4485) * قبيصة بن ذويب صحابى صغير ، له رؤية و مراسيل الصحابة مقبولة ، رضى الله عنهم

٣٦١٩ - (لم تتمّ دراسته) وَفِي أُخْرَى لَهُمَا وَلِلنَّسَائِيِّ وَابْنِ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيِّ عَنْ نَفَرٍ مِنْ أَصْحَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ

وَسَلَّمَ مِنْهُمُ ابْنُ عُمَرَ وَمُعَاوِيَةُ وَأَبُو هُرَيْرَة والشريد إِلَى قَوْله: «فَاقْتُلُوهُ»

3619. अबू दावुद और तिरमिज़ी की दूसरी रिवायत और नसई, इब्ने माजा और दारमी की रसूलुल्लाह ﷺ के सहाबा की जमाअत जिन में इब्ने उमर, मुआविया, अबू हुरैरा और शरीद रदियल्लाहु अन्हुम हैं से " इसे क़त्ल कर दो", तक मरवी है| (सहीह)

صحيح ، رواه النسائی (فی الکبری 3 / 255 ح 5296 و الصغری 8 / 314 ح 5665) و ابوداؤد (4484) و ابن ماجه (2572) و احمد (2 / 280) عن ابی ھریرة رضی الله عنه و سنده صحیح و رواه ابن ماجه (2573) و ابوداؤد (4482) و الترمذی (1444) عن معاویة بن ابی سفیان رضی الله عنه و رواه ابوداؤد (4483) و احمد (2 / 136 ح 6197) و النسائی (8 / 313 ح 5664) و الدارمی (2 / 175176 ح 2318) و النسائی فی الکبری (5301) و احمد (4 / 388389) و الحاکم (4 / 372 عن الشرید رضی الله عنه و صححه الحاکم علی شرط مسلم و وافقه الذھبی (!)

٣٦٢٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ الْأَزْهَرِ قَالَ: كَأَنِّي أَنْظُرُ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذْ أُتِيَ بِرَجُلٍ قَدْ شَرِبَ الْخَمْرَ فَقَالَ لِلنَّاسِ: «اضْرِبُوهُ» فَمِنْهُمْ مَنْ ضَرَبَهُ بِالنِّعَالِ وَمِنْهُمْ مَنْ ضَرَبَهُ بِالْعَصَا وَمِنْهُمْ مَنْ ضَرَبَهُ بِالْمِيتَخَةِ. قَالَ ابْنُ وَهْبٍ: يَعْنِي الْجَرِيدَةَ الرَّطْبَةَ ثُمَّ أَخَذَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تُرَابًا مِنَ الْأَرْضِ فَرَمَى بِهِ فِي وجهِه. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3620. अब्दुल रहमान बिन अज़हर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, गोया के मैं रसूलुल्लाह ﷺ को देख रहा हूँ जब एक शख़्स को, जिस ने शराब पि रखी थी, लाया गया तो आप ने लोगों से फ़रमाया: "इसे मारो", उनमें से किसी ने इसे जूतो के साथ मारा, किसी ने लाठी के साथ मारा और किसी ने इसे खजूर की सब्ज़ शाख के साथ मारा, फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने ज़मीन से खाक उठाई और उस के चेहरे पर दे मारी| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (4489)

٣٦٢١ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أُتِيَ بِرَجُلٍ قَدْ شربَ الخمرَ فَقَالَ: «اضْرِبُوهُ» فَمِنَّا الضَّارِبُ بِيَدِهِ وَالضَّارِبُ بِثَوْبِهِ وَالضَّارِبُ بِنَعْلِهِ ثُمَّ قَالَ: «بَكِّتُوهُ» فَأَقْبَلُوا عَلَيْهِ يَقُولُونَ: مَا اتَّقَيْتَ اللَّهَ مَا خَشِيتَ اللَّهَ وَمَا اسْتَحْيَيْتَ مِنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ بَعْضُ الْقَوْمِ: أَخْزَاكَ اللَّهُ. قَالَ: " لَا تَقُولُوا هَكَذَا لَا تُعِينُوا عَلَيْهِ الشَّيْطَانَ وَلَكِنْ قُولُوا: اللَّهُمَّ اغْفِرْ لَهُ اللَّهُمَّ ارْحَمْهُ ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3621. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कि रसूलुल्लाह ﷺ के पास एक आदमी लाया गया जिस ने शराब पि थी, आप ﷺ ने फ़रमाया: "इसे मारो", हम में से कोई उसे हाथ मार रहा था, कोई अपने कपड़े से और कोई अपने जूते से मार रहा था फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: "इसे मलामत करो", वह उसकी तरफ मुतवज्जे हो कर कहने लगे: तो अल्लाह से न डरा, तुझे अल्लाह का खौफ न आया और तुझे अल्लाह के रसूल! उसे हया न आई, और किसी ने कह दिया: अल्लाह तुम्हें रुसवा करे, आप ﷺ ने फ़रमाया: "इस तरह न कहो, और उस के खिलाफ शैतान की मदद न करो, बल्कि तुम कहो ऐ अल्लाह! इसे बख्श दे और उस पर रहम फरमा"| (सहीह)

صحیح ، رواه ابوداؤد (44774478)

٣٦٢٢ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: شَرِبَ رَجُلٌ فَسَكِرَ فَلُقِيَ يَمِيلُ فِي الْفَجِّ فَانْطُلِقَ بِهِ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَلَمَّا حَاذَى دَارَ الْعَبَّاسِ انْفَلَتَ فَدَخَلَ عَلَى الْعَبَّاسِ فَالْتَزَمَهُ فَذَكَرَ ذَلِكَ لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم فضحك وَقَالَ: «أفعَلَها؟» وَلم يأمرْ فيهِ بشيءٍ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3622. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, एक आदमी ने शराब पि तो वह मदहोश हो गया, वह रास्ते में झूमता हुआ मिला तो उसे रसूलुल्लाह ﷺ की तरफ ले जाया जाने लगा, जब वह अब्बास रदियल्लाहु अन्हु के घर के बराबर पहुंचा तो वह भाग कर अब्बास रदियल्लाहु अन्हु के पास पहुँच गया और उन से चिमट गया, नबी ﷺ से इस का ज़िक्र किया गया तो आप ﷺ मुस्कुरा दिए, और फ़रमाया: “क्या उस ने यह किया ?” और आप ने उस के मुतल्लिक कुछ भी न कहा| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (4476) [و النسائی فی الکبری (5290 و ابن جریج صرح بالسماع عندہ) و صححہ الحاکم (4 / 373) و وافقہ الذھبی]

بَاب حد الْخمر • शराब नौशी पर हद कायम करने का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٦٢٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن عُمَيْر بن سعيد النخفي قَالَ: سَمِعْتُ عَلِيَّ بْنَ أَبِي طَالِبٍ يَقُولُ: مَا كُنْتُ لِأُقِيمَ عَلَى أَحَدٍ حَدًّا فَيَمُوتَ فَأَجِدَ فِي نَفْسِي مِنْهُ شَيْئًا إِلَّا صَاحِبَ الْخَمْرِ فَإِنَّهُ لَوْ مَاتَ وَدَيْتُهُ وَذَلِكَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمْ يسنه

3623. उमैर बिन सईद नखई बयान करते हैं, मैंने अली बिन अबी तालिब रदियल्लाहु अन्हु को फरमाते हुए सुना: अगर में किसी शख़्स पर हद काइम करू और वह फौत हो जाए तो मैं अपने दिल में किसी किस्म का अफ़सोस नहीं करूँगा, लेकिन अगर शराब पर हद काइम करू और वह फौत हो जाए तो मैं उसकी तरफ से दियत दूंगा, यह इसलिए के रसूलुल्लाह ﷺ ने इस बारे में कोई हद मुकर्रर नहीं फरमाई| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (6778) و مسلم (39 / 1707)، (4458)

٣٦٢٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ ثَوْرِ بْنِ زَيْدٍ الدَّيْلِمِيِّ قَالَ: إِنَّ عُمَرَ اسْتَشَارَ فِي حَدِّ الْخَمْرِ فَقَالَ لَهُ عَلِيٌّ: أَرَى أَنْ تَجْلِدَهُ ثَمَانِينَ جَلْدَةً فَإِنَّهُ إِذَا شَرِبَ سَكِرَ وَإِذَا سَكِرَ هَذَى وَإِذَا هذَى افْتَرى فجلدَ عمرُ رَضِي الله عَنهُ فِي حَدِّ الْخَمْرِ ثَمَانِينَ. رَوَاهُ مَالِكٌ

3624. सौरन बिन ज़ैद दयलमी बयान करते हैं, उमर रदियल्लाहु अन्हु ने हद शराब के मुतल्लिक मशवरा तलब

किया तो अली रदियल्लाहु अन्हु ने उन्हें फ़रमाया: मेरा ख़याल है के आप रदियल्लाहु अन्हु से अस्सी कोड़े मारी, क्योंकि जब वह शराब पीता है तो वह मदहोश हो जाता है और जब मदहोश हो जाता है तो वह हिज़्यानी कैफियत में औल फौल बाते करता है, और जब वह औल फौल बाते करता है तो फिर इफतारपर्दाज़ी करता है, उमर रदियल्लाहु अन्हु ने शराब की हद में अस्सी कोड़े मारे| (सहीह)

صحیح ، رواہ مالک (2 / 842 ح 1633) * ھذا منقطع و اسندہ الطحاوی کما فی الاستذکار (8 / 7) و سندہ حسن ، و للحدیث شواھد

بَاب مَالا يدعى على الْمَحْدُود • जिस शख्स पर हद कायम की जाए इस पर बद्दुआ करने की मुमानत

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٣٦٢٥ - (صَحِيح) عَنْ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ رجلا اسمه عبدُ اللَّهِ يُلَقَّبُ حمارا كَانَ يُضْحِكُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَكَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَدْ جَلَدَهُ فِي الشَّرَابِ فَأُتِيَ بِهِ يَوْمًا فَأَمَرَ بِهِ فَجُلِدَ فَقَالَ رَجُلٌ مِنَ الْقَوْمِ: اللَّهُمَّ الْعَنْهُ مَا أَكْثَرَ مَا يُؤْتَى بِهِ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تلعنوه فو الله مَا عَلِمْتُ أَنَّهُ يُحِبُّ اللَّهَ وَرَسُولَهُ» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

3625. उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक आदमी जिस का नाम अब्दुल्लाह और लक़ब हिमार था, वह नबी ﷺ को हंसाया करता था, जबकि नबी ﷺ ने शराब नौशी के जुर्म में उस पर हद नाफ़िज़ की थी, एक रोज़ इसे पेश किया गया तो आप ﷺ ने इसे कोड़े मारने का हुक्म फ़रमाया तो उसे कोड़े मारे गए, लोगों में से किसी ने कह दिया, ऐ अल्लाह! उस पर लानत फरमा, कितने ही बार इसे (शराब नौशी के जुर्म में) लाया जा चूका है, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “उस पर लानत न भेजो, अल्लाह की क़सम! मैं जो जानता हूँ वह यह है कि वह अल्लाह और उस के रसूल ﷺ से मोहब्बत करता है”| (बुखारी)

رواہ البخاری (6780)

٣٦٢٦ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: أَتَى النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِرَجُلٍ قَدْ شَرِبَ الْخَمْرَ فَقَالَ: «اضْرِبُوهُ» فَمِنَّا الضَّارِبُ بِيَدِهِ وَالضَّارِبُ بِنَعْلِهِ وَالضَّارِبُ بِثَوْبِهِ فَلَمَّا انْصَرَفَ [ص:١٠٧ قَالَ بَعْضُ الْقَوْمِ: أَخْزَاكَ اللَّهُ قَالَ: «لَا تَقُولُوا هَكَذَا لَا تُعِينُوا عَلَيْهِ الشَّيْطَانَ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

3626. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ की खिदमत में एक आदमी लाया गया जिस ने पि

रखी थी, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे मारो”, हम में से कोई अपने हाथ से मारने वाला था, कोई जूतो के साथ और कोई अपने कपड़े के साथ मारने वाला था, जब वह वापस हुआ तो किसी ने कह दिया: अल्लाह तुम्हें रुसवा करे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ऐसे न कहो, उस के खिलाफ शैतान की मदद न करो”| (बुखारी)

رواه البخاری (6777)

بَاب مَالا يدعى على الْمَحْدُود • जिस शख्स पर हद कायम की जाए इस पर बद्दुआ करने की मुमानत

الْفَصْلُ الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٦٢٧ - (ضَعِيف) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: جَاءَ الْأَسْلَمِيُّ إِلَى نَبِيِّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَشَهِدَ عَلَى نَفْسِهِ أَنَّهُ أَصَابَ امْرَأَةً حَرَامًا أَرْبَعَ مَرَّاتٍ كُلَّ ذَلِكَ يُعْرِضُ عَنْهُ فَأَقْبَلَ فِي الْخَامِسَةِ فَقَالَ: «أَنِكْتَهَا؟» قَالَ: نَعَمْ قَالَ: «حَتَّى غَابَ ذَلِكَ مِنْكَ فِي ذَلِكَ مِنْهَا» قَالَ: نَعَمْ قَالَ: «كَمَا يَغِيبُ الْمِرْوَدُ فِي الْمُكْحُلَةِ وَالرِّشَاءُ فِي الْبِئْرِ؟» قَالَ: نَعَمْ قَالَ: «هَلْ تَدْرِي مَا الزِّنَا؟» قَالَ: نَعَمْ أَتَيْتُ مِنْهَا حَرَامًا مَا يَأْتِي الرَّجُلُ مِنْ أَهْلِهِ حَلَالًا قَالَ: «فَمَا تُرِيدُ بِهَذَا الْقَوْلِ؟» قَالَ: أُرِيدُ أَنْ تُطَهِّرَنِي فَأَمَرَ بِهِ فَرُجِمَ فَسَمِعَ نَبِيُّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَجُلَيْنِ مِنْ أَصْحَابِهِ يَقُولُ أَحَدُهُمَا لِصَاحِبِهِ: انْظُرْ إِلَى هَذَا الَّذِي سَتَرَ اللَّهُ عَلَيْهِ فَلَمْ تَدَعْهُ نَفْسُهُ حَتَّى رُجِمَ رَجْمَ الْكَلْبِ فَسَكَتَ عَنْهُمَا ثُمَّ سَارَ سَاعَةً حَتَّى مَرَّ بِجِيفَةِ حِمَارٍ شَائِلٍ برجلِهِ فَقَالَ: «أينَ فلانٌ وفلانٌ؟» فَقَالَا: نَحْنُ ذَانِ يَا رَسُولَ اللَّهِ فَقَالَ: «انْزِلَا فَكُلَا مِنْ جِيفَةِ هَذَا الْحِمَارِ» فَقَالَا: يَا نَبِيَّ اللَّهِ مَنْ يَأْكُلُ مِنْ هَذَا؟ قَالَ: «فَمَا نِلْتُمَا مِنْ عَرْضِ أَخِيكُمَا آنِفًا أَشَدُّ مِنْ أَكْلٍ مِنْهُ وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ إِنَّهُ الْآنَ لَفِي أنهارِ الجنَّةِ ينغمسُ فِيهَا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3627. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अल सुम्मी (माज़ (र)) नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए और अपने ज़ात के खिलाफ चार मर्तबा गवाही दी के उस ने एक औरत के साथ हराम काम (जीना) का इर्तिकाब किया है, आप हर मर्तबा उस से एअराज़ फरमाते रहे, पाँचवीं मर्तबा आप ﷺ ने तवज्जो फरमाई तो पूछा: “क्या तुम ने उस से जिमाअ किया है?” उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! फ़रमाया: “हत्ता के तुम्हारी यह चीज़ (शर्मगाह) इस औरत की इस चीज़ (शर्मगाह) में गुम हो गई”, उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस तरह सलाइ सुरमेदानी में और रस्सी कुंवो में दाखिल हो (कर गायब हो) जाती है” उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम जानते हो ज़िना किया है?” उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! मैंने उस के साथ हराम तौर पर वह काम किया है जो आदमी हलाल तौर पर अपने अहलिया के साथ करता है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम अपने इस कौल व इकरार से क्या चाहते हो?” उस ने अर्ज़ किया, मैं चाहता हूँ कि आप मुझे पाक फरमादे, आप ने उस के मुतल्लिक हुक्म फ़रमाया तो उसे रजम कर दिया गया, नबी ﷺ ने अपने सहाबा में से दो आदमियों को सुना के उनमें से एक अपने साथी से कह रहा था: इस आदमी को देखो जिस की अल्लाह ने सतरपोशी की थी, उस के नफ्स ने इसे न छोड़ा हत्ता के वह कुत्ते की तरह संगसार कर दिया गया, आप ﷺ ने उन के मुतल्लिक ख़ामोशी इख़्तियार फरमाई, फिर कुछ देर चले हत्ता के आप एक मुरदार गधे के पास से गुज़रे जिस ने अपने टांग उठा रखी थी, आप ﷺ ने फ़रमाया: “फलां फलां शख़्स कहाँ है?” इन दोनों ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हम हाज़िर है,

आप ﷺ ने फ़रमाया: “दोनों नीचे उतरो और इस मुरदार गधे का गोश्त खाओ”, उन्होंने अर्ज़ किया: अल्लाह के नबी! इसे कौन खाएगा? आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुमने अभी जो अपने भाई की इज्ज़त ख़राब की वह इसे खाने से भी ज़्यादा संगीन है, उस ज़ात की क़सम जिसके हाथ में मेरी जान है! वह तो अब जन्नत की नहरों में गोताज़नी कर रहा है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4428)

٣٦٢٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ خُزَيْمَةَ بْنِ ثَابِتٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَصَابَ ذَنْبًا أُقِيمَ عَلَيْهِ حَدُّ ذَلِكَ الذَّنْبِ فَهُوَ كفارتُه» رَوَاهُ فِي شرح السّنة

3628. खुजैमा बिन साबित रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने कोई गुनाह किया और इस गुनाह की हद काइम कर दी गई तो वह (हद्द) उस का कफ्फारा बन जाती है”| (हसन)

حسن ، رواه البغوی فی شرح السنة (10 / 311 ح 2594) [و احمد (5 / 214215)] * وله شاهد فی الصحیح :’’ فمن اصاب من ذلک شیئاً فعوقب فی الدنیا فھو کفارة له ‘‘ فالحدیث حسن

٣٦٢٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ أَصَابَ حَدًّا فَعُجِّلَ عُقُوبَتَهُ فِي الدُّنْيَا فَاللَّهُ أَعْدَلُ مِنْ أَنْ يُثَنِّيَ عَلَى عَبْدِهِ الْعُقُوبَةَ فِي الْآخِرَة وَمن أَصَاب حد فستره اللَّهُ عليهِ وَعَفَا عَنْهُ فَاللَّهُ أَكْرَمُ مِنْ أَنْ يَعُودَ فِي شَيْءٍ قَدْ عَفَا عَنْهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ»» هَذَا الْبَاب خَال عَن الْفَصْل الثَّالِث

3629. अली रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस शख़्स ने मौजुब हद किसी गुनाह का इर्तिकाब किया और इसे दुनिया में उसकी सज़ा मिल गई तो अल्लाह उस से ज़्यादा आदिल है के वह अपने बंदे को आखिरत में दोबाराह सज़ा दे, और जो शख़्स किसी मौजुब हद गुनाह का इर्तिकाब करे और अल्लाह उसकी परदापोशी फरमाए और उस से दरगुज़र फरमाए, तो अल्लाह उस से ज़्यादा करीम है के वह किसी चीज़ पर मुआखिज़ा (इलज़ाम लगाना) फरमाए जिस से उस ने दरगुज़र फ़रमाया हो”| तिरमिज़ी, इब्ने माजा और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (2626) و ابن ماجه (2604) * ابو اسحاق السبیعی مدلس و عنعن

هَذَا الْبَاب خَال عَن الْفَصْل الثَّالِث

यह बाब तीसरी फस्ल से खाली है|

بَاب التعزيز • ताअ-ज़िर का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٣٦٣٠ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن أبي بردة بن ينار عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا يُجْلَدُ فَوْقَ عَشْرِ جَلَدَاتٍ إِلَّا فِي حد من حُدُود الله»

3630. अबू बुरुदह बिन नियार (र), नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह की हुदूद में से किसी हद के सिवा दस कोड़े से ज़्यादा न मारे जाए”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6848) و مسلم (40 / 1708)، (4460)

بَاب التعزيز • ताअ-ज़िर का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٦٣١ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا ضَرَبَ أَحَدُكُمْ فَلْيَتَّقِ الوجهَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3631. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब तुम में से कोई मारे तो वह चेहरे (पर मारने) से बचा करे”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4493)

٣٦٣٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " إِذَا قَالَ الرَّجُلُ لِلرَّجُلِ: يَا يَهُودِيُّ فَاضْرِبُوهُ عِشْرِينَ وَإِذَا قَالَ: يَا مُخَنَّثُ فَاضْرِبُوهُ عِشْرِينَ وَمَنْ وَقَعَ عَلَى ذَاتِ مَحْرَمٍ فَاقْتُلُوهُ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيب

3632. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब आदमी किसी (मुसलमान) आदमी से कहे: ए यहूदी! तो उसे बीस कोड़े मारो, और जब कहे ए हिजड़े! तो उसे बीस कोड़े मारो और जो शख़्स किसी मुहर्र्म खातून से जिमाअ करे तो उसे क़त्ल कर दो”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف جدا ، رواه الترمذی (1462) * ابراهیم بن اسماعیل بن ابی حبیبة : ضعیف و داود بن حصین عن عکرمة : منکر

٣٦٣٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا وَجَدْتُمُ الرَّجُلَ قَدْ غَلَّ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَأَحْرِقُوا مَتَاعَهُ وَاضْرِبُوهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيث غَرِيب»» هَذَا الْبَاب خَال من الْفَصْل الثَّالِث

3633. उमर रदियल्लाहु अन्हु रिवायत करते हैं, के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम ऐसा आदमी पाओ जिस ने अल्लाह की राह (माले गनीमत) में खयानत की हो तो उस का सामान जला दो और इसे मारो”| तिरमिज़ी, अबू दावुद, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (1461) و ابوداؤد (2713) * صالح بن محمد بن زائدة : ضعيف ، و الحديث ضعفه البيهقى (9 / 103) وغيره

هَذَا الْبَاب خَال عَن الْفَصْل الثَّالِث

यह बाब तीसरी फस्ल से खाली है|

بَابُ بَيَانِ الْخَمْرِ وَوَعِيدِ شَارِبِهَا • शराब और शराब नौशी की वईद का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٣٦٣٤ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " الْخَمْرُ مِنْ هَاتَيْنِ الشَّجرتين: النخلةِ والعِنَبَةِ ." رَوَاهُ مُسلم

3634. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “शराब उन दरख्तों खजूर और अंगूर से तैयार होती है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (13 / 1985)، (5142)

٣٦٣٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: خَطَبَ عمرُ رَضِي الله عَنهُ عَلَى مِنْبَرَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: " إِنَّهُ قَدْ نَزَلَ تَحْرِيمُ الْخَمْرِ وَهِيَ مِنْ خَمْسَةِ أَشْيَاءَ: الْعِنَبِ وَالتَّمْرِ وَالْحِنْطَةِ والشعيرِ والعسلِ وَالْخمر مَا خامر الْعقل ". رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3635. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, उमर रदियल्लाहु अन्हु ने रसूलुल्लाह ﷺ के मिम्बर पर खुत्बा दिया तो फ़रमाया: शराब की हुरमत नाज़िल हो चुकी, और वह पांच अशियाअ: अंगूर, खजूर, गंदुम, जौ

और शहद से तैयार होती है, और शराब वह है जो अक़्ल पर परदा डाल दे| (बुखारी)

رواه البخارى (5588)

٣٦٣٦ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: لَقَدْ حُرِّمَتِ الْخَمْرُ حِينَ حُرِّمَتْ وَمَا نَجِدُ خَمْرَ الْأَعْنَابِ إِلَّا قَلِيلًا وَعَامة خمرنا الْبُسْر وَالتَّمْر. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3636. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब शराब हराम की गई, हम अंगूरों की शराब कम पाते थे, और हमारी ज़्यादातर शराब खुश्क और ताज़ा खजूर से तैयार होती थी| (बुखारी)

رواه البخارى (5580)

٣٦٣٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: سُئِلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنِ الْبِتْعِ وَهُوَ نَبِيذُ الْعَسَلِ فَقَالَ: «كُلُّ شَرَابٍ أَسْكَرَ فَهُوَ حَرَامٌ»

3637. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ से शहद की नबिज़ के मुतल्लिक दरियाफ्त किया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “हर नशावर मशरुब हराम है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5586) و مسلم (67 / 2001)، (5211)

٣٦٣٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ [ص:١٠٨ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كُلُّ مُسْكِرٍ خَمْرٌ وَكُلُّ مُسْكِرٍ حَرَامٌ وَمَنْ شَرِبَ الْخَمْرَ فِي الدُّنْيَا فَمَاتَ وَهُوَ يُدْمِنُهَا لَمْ يَتُبْ لَمْ يَشْرَبْهَا فِي الْآخِرَةِ» . رَوَاهُ مُسلم

3638. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हर नशावर चीज़ शराब है और हर नशावर चीज़ हराम है, जिस शख़्स ने दुनिया में शराब पि और वह इसी पर काइम करते हुए तौबा किए बगैर फौत हो जाए तो वह इसे आखिरत में नहीं पिएगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (73 / 2003)، (5218)

٣٦٣٩ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ أَنَّ رَجُلًا قَدِمَ مِنَ الْيَمَنِ فَسَأَلَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ شَرَابٍ يَشْرَبُونَهُ بِأَرْضِهِمْ مِنَ الذُّرَةِ يُقَالُ لَهُ الْمِزْرُ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَوَ مُسْكِرٌ هُوَ؟» قَالَ: نَعَمْ قَالَ: «كُلُّ مُسْكِرٍ حَرَامٌ إِنَّ عَلَى اللَّهِ عَهْدًا لِمَنْ يَشْرَبُ الْمُسْكِرَ أَنْ يَسْقِيَهُ مِنْ طِينَةِ الْخَبَالِ» . قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ وَمَا طِينَةُ الْخَبَالِ؟ قَالَ: «عَرَقُ أَهْلِ النَّارِ أَوْ عُصَارَةُ أَهْلِ النَّارِ» . رَوَاهُ مُسلم

3639. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के यमन से एक आदमी आया तो उस ने नबी ﷺ से, अपने मुल्क में जवार से तैयार होने वाली मज़र नामी पि जाने वाली शराब के मुतल्लिक दरियाफ्त किया तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “क्या यह नशावर है?” उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “हर नशावर चीज़ हराम है, बेशक यह बात अल्लाह के जिम्मे है की जो शख़्स नशावर चीज़ पिएंगा तो अल्लाह इसे (طينة الخبال) पिलाएगा”, सहाबा किराम ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! (طينة الخبال) क्या चीज़े है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जहन्नुमियो का पसीना या जहन्नुमियो के ज़ख्मो से बहने वाला खून और पिप”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (72 / 2002)، (5217)

٣٦٤٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي قَتَادَةَ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى عَنْ خَلِيطِ التَّمْرِ وَالْبُسْرِ وَعَنْ خَلِيطِ الزَّبِيبِ وَالتَّمْرِ وَعَنْ خَلِيطِ الزَّهْوِ وَالرُّطَبِ. وَقَالَ: «انْتَبِذُوا كُلَّ وَاحِدٍ عَلَى حِدَةٍ» . رَوَاهُ مُسلم

3640. अबू क़तादा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने ताज़ा खजूर और खुश्क खजूर को मिलाने, किशमिश और ताज़ा खजूर को मिलाने और कच्ची खजूर और ताज़ा खजूर मिलाने से मना फ़रमाया, और फ़रमाया: “उन में से हर एक की अलग अलग नबिज़ तैयार करो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (26 / 1988)، (5158)

٣٦٤١ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سُئِلَ عَنِ الْخَمْرِ يُتَّخَذُ خَلًّا؟ فَقَالَ: «لَا» . رَوَاهُ مُسلم

3641. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ से शराब से सिरका बनाने के मुतल्लिक दरियाफ्त किया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (11 / 1983)، (5140)

٣٦٤٢ - (صَحِيح) وَعَنْ وَائِلٍ الْحَضْرَمِيِّ أَنَّ طَارِقَ بْنَ سُوَيْدٍ سَأَلَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ الْخَمْرِ فَنَهَاهُ. فَقَالَ: إِنَّمَا أَصْنَعُهَا لِلدَّوَاءِ فَقَالَ: «إِنَّهُ لَيْسَ بِدَوَاءٍ وَلَكِنَّهُ دَاءٌ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3642. वाइल हज़रमी से रिवायत है के तारिक बिन सुवैद ने नबी ﷺ से शराब के बारे में दरियाफ्त किया तो आप ﷺ ने उन्हें मना फरमा दिया, उन्होंने अर्ज़ किया: में उसे दवाई के लिए बनाता हूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो दवाई नहीं वह तो बीमारी है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (12 / 1984)، (5141)

بَابُ بَيَانِ الْخَمْرِ وَوَعِيدِ شَارِبِهَا • शराब और शराब नौशी की वईद का बयान

الْفَصْلُ الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٦٤٣ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: [ص:١٠٨] «مَنْ شَرِبَ الْخَمْرَ لَمْ يَقْبَلِ اللَّهُ لَهُ صَلَاةَ أَرْبَعِينَ صَبَاحًا فَإِنْ تَابَ تَابَ اللَّهُ عَلَيْهِ. فَإِن عَادَ لم يقبل الله لَهُ صَلَاة أَرْبَعِينَ صَبَاحًا فَإِنْ تَابَ تَابَ اللَّهُ عَلَيْهِ فَإِن عَاد لم يقبل الله لَهُ صَلَاة أَرْبَعِينَ صَبَاحًا فَإِنْ تَابَ تَابَ اللَّهُ عَلَيْهِ فَإِنْ عَادَ فِي الرَّابِعَةِ لَمْ يَقْبَلِ اللَّهُ لَهُ صَلَاةَ أَرْبَعِينَ صباحا فَإِن تَابَ لم يَتُبِ اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَقَاهُ مِنْ نَهْرِ الْخَبَالِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3643. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स शराब पीता है तो अल्लाह चालीस रोज़ तक उसकी नमाज़ कबूल नहीं करता, अगर वह तौबा कर ले तो अल्लाह उसकी तौबा कबूल कर लेता है, अगर वह दोबारा पि ले तो अल्लाह चालीस रोज़ तक उसकी नमाज़ कबूल नहीं करता, अगर वह तौबा कर ले तो अल्लाह उसकी तौबा कबूल कर लेता है, अगर वह तीसरी बार पि ले तो अल्लाह उसकी चालीस रोज़ तक नमाज़ कबूल नहीं करता, अगर वह तौबा कर ले तो अल्लाह उसकी तौबा कबूल कर लेता है, अगर वह चोथी मर्तबा पि ले तो अल्लाह उसकी चालीस रोज़ तक नमाज़ कबूल नहीं करता, अगर वह तौबा करे तो अल्लाह उसकी तौबा कबूल नहीं करता, और वह इसे जहन्नुमियो के पिप की नहर से पिलाएगा"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (1862 وقال : حسن) * عطاء بن السائب : اختلط فالسند ضعیف لاختلاطه ولاصل الحدیث شواھد دون قوله :'' فان تاب لم یتب الله علیه '' وھو قول منکر ، لم یصح عن رسول الله صلی الله علیه و آله وسلم

٣٦٤٤ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ النَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ عَنْ عَبْدِ الله بن عَمْرو

3644. इमाम नसई, इब्ने माजा और इमाम दारमी ने इसे अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत किया है| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه النسائی (8 / 317 ح 5673) و ابن ماجه (3377) و الدارمی (2 / 111 ح 2096)

٣٦٤٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَا أَسْكَرَ كَثِيرُهُ فَقَلِيلُهُ حَرَامٌ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

3645. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस चीज़ की कसीर मिकदार

नशावर हो तो उसकी मुख़्तसर मिकदार भी हराम है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1865 وقال : حسن غریب) و ابوداؤد (2681) و ابن ماجه (3393)

٣٦٤٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَا أسكرَ مِنْهُ الفرْقُ فَمِلْءُ الْكَفِّ مِنْهُ حَرَامٌ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد

3646. आइशा रदियल्लाहु अन्हा रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करती हैं आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब “ फर्क” (शुर्टल) नशावर हो तो उस का चुल्लू भर पीना भी हराम है”| (हसन)

حسن ، رواه احمد (6 / 131 ح 25506) و الترمذی (1866 وقال : حسن) و ابوداؤد (3687)

٣٦٤٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ النُّعْمَانِ بْنِ بَشِيرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ مِنَ الْحِنْطَةِ خَمْرًا وَمِنَ الشَّعِيرِ خَمْرًا وَمِنَ التَّمْرِ خَمْرًا وَمِنَ الزَّبِيبِ خَمْرًا وَمِنَ الْعَسَلِ خَمْرًا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

3647. नौमान बिन बशीर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “गंदुम से शराब होती है, जौ से शराब होती है, खजूर से शराब होती है, अंगूर से भी और शहद से भी शराब होती है”| तिरमिज़ी, अबू दावुद, इब्ने माजा और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (1872) و ابوداؤد (3676) و ابن ماجه (3379)

٣٦٤٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أَبي سعيدٍ الخدريِّ قَالَ: كانَ عندَنا خَمْرٌ لِيَتِيمٍ فَلَمَّا نَزَلَتِ (الْمَائِدَةُ)»» سَأَلْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْهُ وَقُلْتُ: إِنَّه ليَتيمٍ فَقَالَ: «أَهْريقوهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3648. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हमारे पास एक यतीम बच्चे की शराब थी, जब सुरह माएदाह नाज़िल हुई तो मैंने उस के मुतल्लिक रसूलुल्लाह ﷺ से दरियाफ्त किया और मैंने अर्ज़ किया: वह यतीम की है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे बहा दो”| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (1263 وقال : حسن) [وله شواهد]

٣٦٤٩ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ عَنْ أَبِي طَلْحَةَ: أَنَّهُ قَالَ: يَا نَبِيَّ اللَّهِ إِنِّي اشْتَرَيْتُ خَمْرًا لِأَيْتَامٍ فِي حِجْرِي قَالَ: «أَهْرِقِ الْخَمْرَ وَاكْسِرِ الدِّنَانَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ [ص:١٠٨] وَضَعَّفَهُ. وَفِي رِوَايَةِ أَبِي دَاوُدَ: أَنه سَأَلَهُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ أَيْتَامٍ

وَرِثُوا خَمْرًا قَالَ: «أَهْرِقْهَا» . قَالَ: أَفَلَا أَجْعَلُهَا خلاًّ؟ قَالَ: «لَا»

3649. अनस रदियल्लाहु अन्हु अबू तल्हा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, के उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के नबी! मैंने अपने ज़ेर परवरिश यतीम बच्चो के लिए शराब खरीदी है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “शराब बहा दो और (इस के) बर्तन तोड़ दो”| तिरमिज़ी, और उन्होंने इसे जईफ करार दिया, और अबू दावुद की रिवायत में है की उन्होंने नबी ﷺ से यतीम बच्चो के विरासत में आने वाली शराब के मुतल्लिक दरियाफ्त किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे बहा दो”, उन्होंने अर्ज़ किया, क्या मैं उसे सिरका न बनालूँ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं”| (सहीह)

صحیح ، رواہ الترمذی (1293) و ابوداؤد (3675) [و اصلہ عند مسلم (1983) بالاختصار] * لم یصب من ضعفہ ، لیث بن ابی سلیم : لم ینفرد بہ ، بل رابعہ السدی و للحدیث شواھد

بَابُ بَيَانِ الْخَمْرِ وَوَعِيدِ شَارِبِهَا • शराब और शराब नौशी की वईद का बयान

الْفَصْلُ الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٦٥٠ - (ضَعِيف) عَنْ أُمِّ سَلَمَةَ قَالَتْ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ كُلِّ مُسْكِرٍ ومفتر. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3650. उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हर नशावर और सुस्ती पैदा करने वाली हर चीज़ से मना फ़रमाया है”| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ ابوداؤد (3686) * حکم بن عتیبۃ مدلس و عنعن

٣٦٥١ - (صَحِيح) وَعَنْ دَيْلَمٍ الْحِمْيَرِيِّ قَالَ: قُلْتُ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّا بِأَرْضٍ بَارِدَةٍ وَنُعَالِجُ فِيهَا عَمَلًا شَدِيدًا وَإِنَّا نَتَّخِذُ شَرَابًا مِنْ هَذَا الْقَمْحِ نَتَقَوَّى بِهِ عَلَى أَعْمَالِنَا وَعَلَى بَرْدِ بِلَادِنَا قَالَ: «هَلْ يُسْكِرُ؟» قُلْتُ: نَعَمْ قَالَ: «فَاجْتَنِبُوهُ» قُلْتُ: إِنَّ النَّاسَ غَيْرُ تَارِكِيهِ قَالَ: «إِنْ لَمْ يَتْرُكُوهُ فقاتلوهم» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3651. दय्लम अल हिमयरीय्यी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ से अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हम सर्द इलाके में रहते है और वहां मशक्कत वाला काम करते हैं, हम इस गंदुम से शराब तैयार करते हैं जिसके ज़रिए हम अपने काम और अपने इलाके की सर्दी के मुकाबले में कुव्वत हासिल करते हैं ,आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या यह नशावर है?” मैंने अर्ज़ किया: जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “उन से बचा करो”, मैंने अर्ज़

किया: लोग ईसे तर्क करने वाले नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर वह इसे न छोड़े तो उन से लड़ाई करो”| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (3683)

٣٦٥٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو: أَنَّ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى عَنْ الْخَمْرِ وَالْمَيْسِرِ وَالْكُوبَةِ وَالْغُبَيْرَاءِ وَقَالَ: «كُلُّ مُسْكِرٍ حَرَامٌ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3652. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने शराब, जूए, नरदा, छोटे तबले और गबराअ (शराब की किस्म) से मना फ़रमाया, और फ़रमाया: “हर नशावर चीज़ हराम है”| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (3685)

٣٦٥٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا يَدْخُلُ الْجَنَّةَ عَاقٌّ وَلَا قَمَّارٌ [ص:١٠٨] وَلَا مَنَّانٌ وَلَا مُدْمِنُ خَمْرٍ» . رَوَاهُ الدَّارِمِيُّ وَفِي رِوَايَةٍ لَهُ: «وَلَا وَلَدَ زِنْيَةٍ» بَدَلَ «قمار»

3653. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “वालिदेन का नाफरमान, कमार, इहसान जतलाने वाला और हमेशा शराब पीने वाला जन्नत में दाखिल नहीं होगा”| दारमी और इन्ही की एक रिवायत में कमार के बजाए वलदे ज़िना है| (हसन)

حسن دون قوله :’’ ولا قمار ‘‘ ، رواه الدارمی (2 / 112 ح 20992100) [و النسائی (8 / 318 ح 5675 وھو حدیث حسن] * قوله :’’ ولا قمار ‘‘ لم اجده و الباقی حسن

٣٦٥٤ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي أَمَامَةَ قَالَ: قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ اللَّهَ تَعَالَى بَعَثَنِي رَحْمَة للعالمينَ وهُدىً لِلْعَالِمِينَ وَأَمَرَنِي رَبِّي عَزَّ وَجَلَّ بِمَحْقِ الْمَعَازِفِ وَالْمَزَامِيرِ وَالْأَوْثَانِ وَالصُّلُبِ وَأَمْرِ الْجَاهِلِيَّةِ وَحَلَفَ رَبِّي عزَّ وجلَّ: بعِزَّتِي لَا يشربُ عبدٌ منْ عَبِيدِي جرعة خَمْرٍ إِلَّا سَقَيْتُهُ مِنَ الصَّدِيدِ مِثْلَهَا وَلَا يَتْرُكُهَا مِنْ مَخَافَتِي إِلَّا سَقَيْتُهُ مِنْ حِيَاضِ الْقُدس ". رَوَاهُ أَحْمد

3654. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक अल्लाह तआला ने मुझे जहांन वालो के लिए बाईसे रहमत और बाईसे हिदायत बना कर मबउस फ़रमाया, और मेरे रब ने आलात ए मौसिकी, बुतों, सिलिबो और रसुमाते जाहिलियत ख़तम करने का मुझे हुक्म फ़रमाया और मेरे रब अज्ज़वजल ने मेरी इज्ज़त की क़सम उठाकर फ़रमाया: “मेरे जिस बंदे ने शराब का एक घूंट पिया तो मैं इसी मिसल इसे पिप

पिलाऊंगा और जिस ने मेरे डर की वजह से इसे तर्क कर दिया तो में उसे शराबे तुहूर पिलाऊंगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جدا ، رواه احمد (5 / 257 ح 22571) * فرج بن فضالة الحمصى (ضعيف) عن على بن يزيد (ضعيف جدًا) عن القاسم عنه

٣٦٥٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " ثَلَاثَةٌ قَدْ حَرَّمَ اللَّهُ عَلَيْهِمُ الْجَنَّةَ: مُدْمِنُ الْخَمْرِ وَالْعَاقُّ وَالدَّيُّوثُ الَّذِي يُقِرُّ فِي أَهْلِهِ الْخَبَثَ ". رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالنَّسَائِيّ

3655. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह ने तीन किस्म के लोगो: हमेशा शराब पीने वाले, वालिदेन के नाफरमान और दियुस जो अपने अहल व अयाल में ज़िना बरक़रार रखने वाला हो, पर जन्नत को हराम करार दे दिया है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (2 / 69 ح 5372) و النسائى (5 / 8081 ح 2563)

٣٦٥٦ - وَعَنْ أَبِي مُوسَى الْأَشْعَرِيِّ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " ثَلَاثَةٌ لَا تَدْخُلُ الجنَّةَ: مُدْمنُ الخمرِ وقاطِعُ الرَّحِم ومصدق السحر " رَوَاهُ أَحْمد

3656. अबू मूसा अशअरी रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “तीन किस्म के लोग हमेशा शराब पीने वाला, कतअ रहमी करने वाला और जादू का यकीन करने वाला जन्नत में नहीं जाएँगे”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (4 / 399 ح 9798 مطولاً) * فيه ابو حريز عبدالله بن الحسين ضعفه الجمهور ، و للحديث شواهد ضعيفة و لبعض الحديث شواهد قوية و لكنه ضعيف بهذا السياق

٣٦٥٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مُدْمِنُ الْخَمْرِ إِنْ مَاتَ لقِيَ اللَّهَ كعابِدِ وثن» . رَوَاهُ أَحْمد

3657. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “शराब नौशी पर काइमी इख़्तियार करने वाला अगर (इसी हालत में) फौत हो जाए तो वह अल्लाह तआला से बुत के पुजारी की तरह मुलाकात करेगा”| (हसन)

حسن ، رواه احمد (1 / 272 ح 2453) * و سنده ضعيف لجهالة الراوى و الحديث الآتى شاهد له ، وله شواهد كثيرة

٣٦٥٨ - (لم تتمّ دراسته) وروى ابْن مَاجَه عَن أبي هُرَيْرَة

3658. इमाम इब्ने माजा ने अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (हसन)

حسن ، رواه ابن ماجه (3375)

٣٦٥٩ - (لم تتمّ دراسته) وَالْبَيْهَقِيُّ فِي «شُعَبِ الْإِيمَانِ» عَنْ مُحَمَّدِ بْنِ عبيد الله عَن أَبِيه. قَالَ: ذَكَرَ الْبُخَارِيُّ فِي التَّارِيخِ عَنْ مُحَمَّدِ بْنِ عبد الله عَن أَبِيه

3659. इमाम बय्हकी ने शौबुल ईमान में मुहम्मद बिन उबैदुल्लाह अन अबी की सनद से रिवायत किया है| और इमाम बयहकी ने कहा इमाम बुखारी ने मुहम्मद बिन उबैदुल्लाह अन अबी से तारीख में ज़िक्र किया है| (हसन)

حسن ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (5597 ، نسخة محققة : 5208 و سنده ضعيف) و البخارى فى التاريخ الكبير (1 / 129 ح 386) و انظر الحديث السابق (3658 فانه شاهد له)

٣٦٦٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي مُوسَى أَنَّهُ كَانَ يَقُولُ: مَا أَبالي شرِبتُ الخمرَ أَو عبدْتُ هذهِ السَّارِيَةَ دونَ اللَّهِ. رَوَاهُ النَّسَائِيّ

3660. अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के वह कहा करते थे: में इस बात की परवाह नहीं करता की मैं शराब पीऊं या अल्लाह के सिवा इस सुतून की पूजा कर करूं| (सहीह)

اسناده صحيح موقوف ، رواه النسائى (8 / 314 ح 5666)

كتاب الْإِمَارَة وَالْقَضَاء • अमीर चुनने और फैसला करने का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٣٦٦١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَطَاعَنِي فَقَدْ أَطَاعَ اللَّهَ وَمَنْ عَصَانِي فَقَدْ عَصَى اللَّهَ وَمَنْ يُطِعِ الْأَمِيرَ فَقَدْ أَطَاعَنِي وَمَنْ يَعْصِ الْأَمِيرَ فَقَدْ عَصَانِي وَإِنَّمَا الْإِمَامُ جُنَّةٌ يُقَاتَلُ مِنْ وَرَائِهِ وَيُتَّقَى بِهِ فَإِنْ أَمَرَ بِتَقْوَى اللَّهِ وَعَدَلَ فَإِنَّ لَهُ بِذَلِكَ أَجْرًا وَإِنْ قال بغيره فَإِن عَلَيْهِ مِنْهُ»

3661. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस ने मेरी इताअत की उस ने अल्लाह की इताअत की, जिस ने मेरी नाफ़रमानी की उस ने अल्लाह की नाफ़रमानी की, जिस ने अमीर की इताअत की उस ने मेरी इताअत की, और जिस ने अमीर की नाफ़रमानी की उस ने मेरी नाफ़रमानी की, और इमाम ढाल है उस के ज़ेरे साया किताल किया जाता है, और उस के ज़रिए बचा जाता है, अगर उस ने अल्लाह का तकवा इख़्तियार करने का हुक्म दिया और अदल किया तो इस वजह से उस के लिए अज़्र है, और अगर उस ने उस के अलावा कुछ कहा तो उस का गुनाह उस पर होगा"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2975) و مسلم (33 / 1835)، (4749)

٣٦٦٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أُمِّ الْحُصَيْنِ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنْ أُمِّرَ عَلَيْكُمْ عَبْدٌ مُجَدَّعٌ يَقُودُكُمْ بِكِتَابِ اللَّهِ فَاسْمَعُوا لَهُ وَأَطِيعُوا» . رَوَاهُ مُسلم

3662. उम्म हुसैन रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अगर किसी नाक और कान कटे गुलाम को तुम्हारा अमीर मुकर्रर कर दिया जाए और वह अल्लाह की किताब के मुताबिक तुम्हारी रहनुमाई करे तो फिर उसकी बात सुनो और इताअत करो"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (311 / 1298)، (3138)

٣٦٦٣ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «اسْمَعُوا وَأَطِيعُوا وَإِنِ اسْتُعْمِلَ عَلَيْكُمْ عَبْدٌ حَبَشِيٌّ كَأَنَّ رَأْسَهُ زَبِيبَةٌ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3663. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अगर किसी हब्शी गुलाम को, जिस का सर अंगूर की तरह छोटा सा हो, तुम पर आमला (गवर्नर) मुकर्रर कर दिया जाए तो उसकी बात सुनो और इताअत करो"| (बुखारी)

رواه البخاری (7142)

٣٦٦٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: [ص:١٠٨] «السَّمعُ والطاعةُ على المرءِ المسلمِ فِيمَا أحب وأكره مَا لَمْ يُؤْمَرْ بِمَعْصِيَةٍ فَإِذَا أُمِرَ بِمَعْصِيَةٍ فَلَا سَمْعَ وَلَا طَاعَةَ»

3664. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मुसलमान शख़्स पर हर पसंद व नापसंद में सुनना व इताअत लाज़िम है बशर्त है की इसे नाफ़रमानी का हुक्म न दिया जाए, जब इसे नाफ़रमानी का हुक्म दिया जाए तो फिर न सुनना है और न इताअत करना है"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (7141) و مسلم (38 / 1839)، (4763)

٣٦٦٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا طَاعَةَ فِي مَعْصِيَةٍ إِنَّمَا الطَّاعَةُ فِي الْمَعْرُوف»

3665. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "नाफ़रमानी (गुनाह के काम) में कोई इताअत नहीं, इताअत तो सिर्फ अच्छे काम (शरई उमूर) में है"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (7257) ومسلم (39 / 1840)، (4765)

٣٦٦٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عُبَادَةَ بْنِ الصَّامِتِ قَالَ: بَايَعْنَا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى السَّمْعِ وَالطَّاعَةِ فِي الْعُسْرِ وَالْيُسْرِ وَالْمَنْشَطِ وَالْمَكْرَهِ وَعَلَى أَثَرَةٍ عَلَيْنَا وَعَلَى أَنْ لَا نُنَازِعَ الْأَمْرَ أَهْلَهُ وَعَلَى أَنْ نَقُولَ بِالْحَقِّ أَيْنَمَا كُنَّا لَا نَخَافُ فِي اللَّهِ لَوْمَةَ لَائِمٍ. وَفِي رِوَايَةٍ: وَعَلَى أَنْ لَا نُنَازِعَ الْأَمْرَ أَهْلَهُ إِلَّا أَنْ تَرَوْا كُفْرًا بَوَاحًا عِنْدَكُمْ مِنَ اللَّهِ فِيهِ بُرْهَانٌ

3666. उबादा बिन सामित रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हमने तंगी व आसानी, निशात व नागवारी, अपने नज़र अंदाज़ किए जाने और दुसरो को तरजीह दिए जाने पर, अमीर को माज़ूल न करने पर, हर जगह हक़ बात करने पर और अल्लाह (की रज़ामंदी के मुआमले) में मलामत गिर की मलामत से न डरने पर, रसूलुल्लाह ﷺ की सुनना व इताअत इख़्तियार करने पर बैत की, और एक दूसरी रिवायत में है: जब तक हम दलील के मुताबिक अमीर में अल्लाह का वाज़ेह कुफ्र न देखते उस से दस्ते इताअत न खिचे"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (70557056) و مسلم (42 / 1709)، (4461)

٣٦٦٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: كُنَّا إِذَا بَايَعْنَا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى السَّمْعِ وَالطَّاعَةِ يَقُولُ لَنَا: «فِيمَا اسْتَطَعْتُمْ»

3667. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, जब हम सुनना व इताअत मैं रसूलुल्लाह ﷺ की बैत करते

तो आप ﷺ हमें फरमाते: “इस (मुआमले) में जिस की तुम इस्तिताअत रखो”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (7202) و مسلم (90 / 1867)، (4836)

٣٦٦٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «من رأى أميره يَكْرَهُهُ فَلْيَصْبِرْ فَإِنَّهُ لَيْسَ أَحَدٌ يُفَارِقُ الْجَمَاعَةَ شبْرًا فَيَمُوت إِلَّا مَاتَ ميتَة جَاهِلِيَّة»

3668. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स अपने अमीर में कोई नापसंदीदा चीज़ देखे तो वह सब्र करे, क्योंकि जो शख़्स बालिश्त बराबर जमाअत से अलायेदगी इख़्तियार कर के फौत हो जाए तो वह जाहिलियत कि सी मौत मरता है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری(7143) و مسلم (55 / 1849)، (4790)

٣٦٦٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ خَرَجَ مِنَ الطَّاعَةِ وَفَارَقَ الْجَمَاعَةَ فَمَاتَ مَاتَ مِيتَةً جَاهِلِيَّةً وَمَنْ قَاتَلَ تَحْتَ رَايَةٍ عِمِّيَّةٍ يَغْضَبُ لِعَصَبِيَّةٍ أَوْ يَدْعُو لِعَصَبِيَّةٍ [ص:١٠٨ أَوْ يَنْصُرُ عَصَبِيَّةً فَقُتِلَ فَقِتْلَةٌ جَاهِلِيَّةٌ وَمَنْ خَرَجَ عَلَى أُمَّتِي بِسَيْفِهِ يَضْرِبُ بَرَّهَا وَفَاجِرَهَا وَلَا يَتَحَاشَى مِنْ مُؤْمِنِهَا وَلَا يَفِي لِذِي عَهْدٍ عَهْدَهُ فَلَيْسَ مِنِّي وَلَسْتُ مِنْهُ» . رَوَاهُ مُسلم

3669. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो शख़्स इताअत छोड़ कर, जमाअत से अलग हो कर, फौत हो जाए तो वह जाहिलियत कि सी मौत मरता है, जो शख़्स अंधे परचम तले किताल करता है, अस्बियत की वजह से नाराज़ होता है या अस्बियत की दावत देता है, या अस्बियत की मदद करता है, और वह इस हालत में क़त्ल कर दिया जाए तो वह जाहिलियत पर क़त्ल होता है, जो शख़्स मेरी उम्मत के खिलाफ तलवार सोंट कर निकल आता है और वह इस (उम्मत) के नेक व फ़ाजिर को मारता है और वह न तो किसी मोमिन की परवाह करता है और न किसी मुआहिद की तो वह मुझ से नहीं और मैं उस से नहीं हूँ”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (53 / 1848)، (4786)

٣٦٧٠ - (صَحِيح) وَعَنْ عَوْفِ بْنِ مَالِكٍ الْأَشْجَعِيِّ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «خِيَارُ أئمتكم الَّذين يحبونهم وَيُحِبُّونَكُمْ وَتُصَلُّونَ عَلَيْهِمْ وَيُصَلُّونَ عَلَيْكُمْ وَشِرَارُ أَئِمَّتِكُمُ الَّذِي تبغضونهم ويبغضونكم وتلعنوهم ويلعنوكم» قَالَ: قُلْنَا: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَفَلَا نُنَابِذُهُمْ عِنْدَ ذَلِكَ؟ قَالَ: «لَا مَا أَقَامُوا فِيكُمُ الصَّلَاةَ لَا مَا أَقَامُوا فِيكُمُ الصَّلَاةَ أَلَا مَنْ وُلِّيَ عَلَيْهِ وَالٍ فَرَآهُ يَأْتِي شَيْئًا مِنْ مَعْصِيَةِ اللَّهِ فَلْيَكْرَهْ مَا يَأْتِي مِنْ مَعْصِيَةِ اللَّهِ وَلَا يَنْزِعَنَّ يَدًا مِنْ طَاعَةٍ» . رَوَاهُ مُسلم

3670. ऑफ बिन मालिक अशजई रदियल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हारे बेहतरीन इमाम वह है जिन्हें तुम पसंद करते हो और वह तुम्हें पसंद करते हैं, तुम उन के हक़ में दुआए करते हो और वह तुम्हारे हक़ में दुआए करते हैं, और तुम्हारे बदतरीन इमाम वह है जिन को तुम नापसंद करते हो और वह तुम्हें नापसंद करते हैं, तुम इन पर लानत भेजते हो और वह तुम पर लानत भेजते है”, रावी बयान करते हैं, हमने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! क्या इस वक़्त हम उन्हें माज़ुल न कर दे? आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं! जब तक वह तुम में नमाज़ काइम करे, नहीं! जब तक वह तुम में नमाज़ का इह्तेमाम कराए, सुन लो! जिस पर कोई हाकिम व सरपरस्त मुकर्रर किया जाए और वह अल्लाह की किसी नाफ़रमानी का इर्तिकाब करे तो उसे चाहिए के वह अल्लाह की नाफ़रमानी को नापसंद करे और वह इताअत से दस्त कश न हो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (66 / 1855)، (4805)

٣٦٧١ - (صَحِيح) وَعَنْ أُمِّ سَلَمَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَكُونُ عَلَيْكُمْ أُمَرَاءُ تَعْرِفُونَ وَتُنْكِرُونَ فَمَنْ أَنْكَرَ فَقَدْ بَرِئَ وَمَنْ كَرِهَ فَقَدْ سَلِمَ وَلَكِنْ مَنْ رَضِيَ وَتَابَعَ» قَالُوا: أَفَلَا نُقَاتِلُهُمْ؟ قَالَ: «لَا مَا صَلَّوْا لَا مَا صَلَّوْا» أَيْ: مَنْ كَرِهَ بِقَلْبِهِ وَأنكر بِقَلْبِه. رَوَاهُ مُسلم

3671. उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम पर ऐसे हुक्मरान होंगे की तुम उन के बाज़ अफआल को अच्छा जानोगे और बाज़ को बुरा, जिस ने इनकार किया तो वह मुदाहिनत व निफ़ाक़ से बुरी हो गया और जिस ने नापसंदगी का इज़्हार किया तो वह (वबाल से) बच गया, लेकिन जो राज़ी हो गया और उन के पीछे लगा (तो वह निफ़ाक़ वबाल में शरीक हो गया)”, सहाबा रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया: क्या हम इनसे किताल न करे? आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं, जब तक वह नमाज़ पढ़े, नहीं, जब तक वह नमाज़ पढ़े”, यानी जिस ने अपने दिल से नापसंद किया और अपने दिल इनकार किया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (64 ، 63 / 1854)، (4801 و 4802)

٣٦٧٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ لَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّكُمْ سَتَرَوْنَ بَعْدِي أَثَرَةً وَأُمُورًا تُنْكِرُونَهَا» قَالُوا: فَمَا تَأْمُرُنَا يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ قَالَ: «أَدُّوا إِلَيْهِم حَقهم وسلوا الله حقكم»

3672. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें फ़रमाया: “तुम अनकरीब मेरे बाद तरजीह देने को और ऐसे उमूर को देखोगे जिन्हें तुम नापसंद करते होंगे”, सहाबा रदियल्लाहु अन्हुम ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप हमें क्या हुक्म फरमाते हैं? आप ﷺ ने फ़रमाया: “उनका हक़ उन्हें दो और अपना हक़ अल्लाह से तलब करो”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (7052) و مسلم (45 / 1843)، (4775)

٣٦٧٣ - (صَحِيح) وَعَنْ وَائِلِ بْنِ حُجْرٍ قَالَ: سَأَلَ سَلَمَةُ بْنُ يَزِيدَ الْجُعْفِيُّ رَسُولَ [ص:١٠٨] اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: يَا نَبِيَّ اللَّهِ أَرَأَيْتَ إِنْ قَامَتْ عَلَيْنَا أُمَرَاءُ يَسْأَلُونَا حَقَّهُمْ وَيَمْنَعُونَا حَقَّنَا فَمَا تَأْمُرُنَا؟ قَالَ: «اسْمَعُوا وَأَطِيعُوا فَإِنَّمَا عَلَيْهِمْ مَا حُمِّلُوا وَعَلَيْكُمْ مَا حُمِّلْتُمْ» . رَوَاهُ مُسلم

3673. वाइल बिन हुज्र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, सलमा बिन यज़ीद जअफी रदियल्लाहु अन्हु ने रसूलुल्लाह ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया तो अर्ज़ किया, अल्लाह के नबी! मुझे बताइए अगर हम पर ऐसे हुक्मरान मुकर्रर हो जाए जो अपना हक़ हम से तलब करे जबकि हमारे हक़ से हमें महरूम रखे तब आप ﷺ हमें क्या हुक्म फरमाते हैं? आप ﷺ ने फ़रमाया: “सुनो और इताअत करो, जो उनकी ज़िम्मेदारी है वह उस के मुकल्लिफ है, और जो तुम्हारी ज़िम्मेदारी है तूम उस के ज़िम्मेदार व मुकल्लिफ हो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (49 / 1856)، (4782)

٣٦٧٤ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم يَقُول: «مَنْ خَلَعَ يَدًا مِنْ طَاعَةٍ لَقِيَ اللَّهَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَلَا حُجَّةَ لَهُ. وَمَنْ مَاتَ وَلَيْسَ فِي عُنُقِهِ بَيْعَةٌ مَاتَ مِيتَةً جَاهِلِيَّةً» . رَوَاهُ مُسلم

3674. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस शख़्स ने (अमिर की) इताअत से हाथ खींच लिया तो वह रोज़ ए कियामत अल्लाह से इस हाल में मुलाकात करेगा के उस के पास कोई हुज्जत व उज़्र नहीं होगा, और जो शख़्स इस हाल में फौत हुआ की उसकी गर्दन में अमीर की बैत नहीं हो वह जाहिलियत कि सी मौत मरा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (58 / 1851)، (4793)

٣٦٧٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «كَانَتْ بَنُو إِسْرَائِيلَ تَسُوسُهُمُ الْأَنْبِيَاءُ كُلَّمَا هَلَكَ نَبِيٌّ خَلَفَهُ نبيٌّ وإِنَّه لَا نبيَّ بعدِي وسيكون حلفاء فَيَكْثُرُونَ» قَالُوا: فَمَا تَأْمُرُنَا؟ قَالَ: «فُوا بَيْعَةَ الْأَوَّلِ فَالْأَوَّلِ أَعْطُوهُمْ حَقَّهُمْ فَإِنَّ اللَّهَ سَائِلُهُمْ عَمَّا استرعاهم»

3675. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बनी इसराइल के उमूर की सरपरस्ती व इस्लाह अंबिया अलैहिस्सलाम किया करते थे, जब कोई नबी फौत हो जाता तो उस के बाद एक और नबी आ जाता जब के मेरे बाद कोई नबी नहीं, और अलबत्ता अनकरीब बहोत से खुलफा होंगे”, सहाबा ए किराम रदियल्लाहु अन्हुम अजमईन ने अर्ज़ किया, आप हमें क्या हुक्म फरमाते हैं? आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम (तरतीब वार) पहले और फिर उस के बाद वाले की बैत पूरी करो, तुम उनका हक़ अदा करो, क्योंकि अल्लाह उन से इस चीज़ के बारे में सवाल करने वाला है जो उस ने उन्हें निगेहबानी व हुक्मरानी अता की है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (3455) و مسلم (44 / 1842)، (4773)

٣٦٧٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا بُويِعَ لِخَلِيفَتَيْنِ فاقتُلوا الآخِرَ منهُما» . رَوَاهُ مُسلم

3676. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब दो खलीफो के लिए बैत की जाए तो उनमें से दूसरे को क़त्ल कर दो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (61 / 1853)، (4799)

٣٦٧٧ - (صَحِيح) وَعَنْ عَرْفَجَةَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّهُ سَيَكُونُ هَنَاتٌ وَهَنَاتٌ فَمَنْ أَرَادَ أَنْ يُفَرِّقَ أَمْرَ هَذِهِ الْأُمَّةِ وَهِيَ جَمِيعٌ فَاضْرِبُوهُ بِالسَّيْفِ كَائِنًا مَنْ كَانَ» . رَوَاهُ مُسلم

3677. अरफजत रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “अनकरीब मुख्तलिफ किस्म के फसादात होंगे, जो शख़्स उम्मत के इत्तेहाद को पारह पारह करने की कोशिश करे तो उसे तलवार के साथ क़त्ल कर दो ख्वाह वह कोई हो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (59 / 1852)، (4796)

٣٦٧٨ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ أَتَاكُمْ وَأَمْرُكُمْ جَمِيعٌ عَلَى رَجُلٍ وَاحِدٍ يُرِيدُ أَنْ يَشُقَّ عَصَاكُمْ أَوْ يُفَرِّقَ جماعتكم فَاقْتُلُوهُ» . رَوَاهُ مُسلم

3678. अरफजत रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: जो शख़्स तुम्हारे पास आए, जबकि तुम्हारा मुआमला शख्से वाहिद पर जमा हो और वह शख़्स तुम्हारी कुव्वत को बिखेरना या तुम्हारी जमीयत को मुन्तशर करना चाहता हो तो इसे क़त्ल कर दो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (4798)

٣٦٧٩ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وسلم: «من بَايَعَ إِمَامًا فَأَعْطَاهُ صَفْقَةَ يَدِهِ وَثَمَرَةَ قَلْبِهِ فَلْيُطِعْهُ إِنِ اسْتَطَاعَ فَإِنْ جَاءَ آخَرُ يُنَازِعُهُ فاضربوا عنق الآخر» . رَوَاهُ مُسلم

3679. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स किसी इमाम की बैत कर ले, उसकी इताअत इख़्तियार कर ले और वह इखलास के साथ उस के साथ लग जाए तो फिर वह मक्दोर भर उसकी इताअत करे, और फिर अगर कोई और आकर इस (इमाम अव्वल या बैत करने वाले) को हटाने की कोशिश करे तो फिर दूसरे की गर्दन उड़ा दो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (46 / 1844)، (4776)

٣٦٨٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ سَمُرَةَ قَالَ: قَالَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَسْأَلِ الْإِمَارَةَ فَإِنَّكَ إِنْ أُعْطِيتَهَا عَنْ مَسْأَلَةٍ وُكِلْتَ إِلَيْهَا وَإِنْ أُعْطِيتَهَا عنْ غيرِ مَسْأَلَة أعنت عَلَيْهَا»

3680. अब्दुल रहमान बिन समुरह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “अमारत तलब न करना, क्योंकि अगर तुम्हारी ख्वाहिश पर वह तुम्हें दे दी गई तो तुम उस के सुपुर्द कर दिए जाओगे, और अगर वह तुम्हारी तलब व ख्वाहिश के बगैर तुम्हें अता की गई तो फिर उस पर तुम्हारी मदद की जाएगी”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (7146) و مسلم (13 / 1652)، (4281)

٣٦٨١ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّكُمْ سَتَحْرِصُونَ عَلَى الْإِمَارَةِ وَسَتَكُونُ نَدَامَةً يَوْمَ الْقِيَامَةِ فَنِعْمَ الْمُرْضِعَةُ وَبِئْسَتِ الفاطمةُ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3681. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अनकरीब तुम अमारत मिलने की हरस व कोशिश करोगे, और रोज़ ए कियामत वह (तुम्हारे लिए) बाईस ए नदामत होगी, उस का मिलना अच्छा है और उस का छिन जाना बुरा है”| (बुखारी)

رواه البخاری (7148)

٣٦٨٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَلَا تَسْتَعْمِلُنِي؟ قَالَ: فَضَرَبَ بِيَدِهِ عَلَى مَنْكِبِي ثُمَّ قَالَ: «يَا أَبَا ذَرٍّ إِنَّكَ ضَعِيفٌ وَإِنَّهَا أَمَانَةٌ وَإِنَّهَا يَوْمَ الْقِيَامَةِ خِزْيٌ وَنَدَامَةٌ إِلَّا مَنْ أَخَذَهَا بِحَقِّهَا وَأَدَّى الَّذِي عَلَيْهِ فِيهَا» . وَفِي رِوَايَةٍ: قَالَ لَهُ: «يَا أَبَا ذَرٍّ إِنِّي أَرَاكَ ضَعِيفًا وَإِنِّي أُحِبُّ لَكَ مَا أُحِبُّ لِنَفْسِي لَا تَأَمَّرَنَّ عَلَى اثْنَيْنِ وَلَا تَوَلَّيَنَّ مَالَ يَتِيمٍ» . رَوَاهُ مُسلمٌ

3682. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! आप मुझे आमला (गवर्नर) क्यों नहीं मुकर्रर फरमा देते? वह बयान करते हैं, आप ﷺ ने मेरे कंधे पर हाथ मार कर फ़रमाया: “अबू ज़र तुम कमज़ोर आदमी हो, जबकि वह एक अमानत है, जिस शख़्स ने इसे उस के हक़ के मुताबिक न लिया और न उसकी ज़िम्मेदारियों को निभाया तो वह रोज़ ए कियामत इस शख़्स के लिए बाईस ए रुसवाई व नदामत होगी”| एक दूसरी रिवायत में है, आप ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: “अबू ज़र! मैं तुम्हें कमज़ोर समझता हूँ, मैं जो अपने लिए पसंद करता हूँ वही तुम्हारे लिए पसंद करता हूँ, तुम कभी दो आदमियों पर भी अमीर न बनना और न किसी यतीम के माल की सरपरस्ती कबूल करना”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (17 ، 16 / 1825)، (4719 و 4720)

٣٦٨٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي مُوسَى قَالَ: دَخَلْتُ عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَا وَرَجُلَانِ مِنْ بَنِي عَمِّي فَقَالَ أَحَدُهُمَا: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَمِّرْنَا عَلَى بَعْضِ مَا وَلَّاكَ اللَّهُ وَقَالَ الْآخَرُ مِثْلَ ذَلِكَ فَقَالَ: «إِنَّا وَاللَّهِ لَا نُوَلِّي عَلَى هَذَا الْعَمَلِ أَحَدًا سَأَلَهُ وَلَا أَحَدًا حَرَصَ عَلَيْهِ» . وَفِي رِوَايَةٍ قَالَ: «لَا نَسْتَعْمِلُ عَلَى عَمَلِنَا مَنْ أَرَادَهُ»

3683. अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं और मेरे दो चचाज़ाद, नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो उनमें से एक ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! अल्लाह ने जिन उमूर पर आप को सरपरस्त बनाया है इन में से बाज़ पर हमें अमीर मुकर्रर फरमादे, और दूसरे शख़्स ने भी इसी तरह कहा, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह की क़सम! बेशक हम इस काम पर किसी ऐसे शख़्स को अमीर नहीं बनाते जो उस का मुतालबा करे और ना ही उसकी हरस रखने वाले शख़्स को हुक्मरान बनाते है”| दूसरी रिवायत में है आप ﷺ ने फ़रमाया: “हम अपने अमल पर किसी ऐसे शख़्स को आमला मुकर्रर नहीं करते जो उसकी ख्वाहिश करता है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (7149 ، 2261) و مسلم (14 / 1733 ، 15 / 1733)، (4717 و 4718)

٣٦٨٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: [ص:١٠٩] «تَجِدُونَ مِنْ خَيْرِ النَّاسِ أَشَدَّهُمْ كَرَاهِيَةً لِهَذَا الْأَمْرِ حَتَّى يَقَعَ فِيهِ»

3684. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम लोगों में से इस शख़्स को बेहतरीन पाओगे जो इस अम्र (हुकूमत व अमारत) को इन्तिहाई नापसंद करता है यहाँ तक के वह उस में मुब्तिला न हो जाए”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (3588) و مسلم (199 / 2526)، (6454)

٣٦٨٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «أَلا كُلُّكُمْ راعٍ وكلُّكُمْ مسؤولٌ عَنْ رَعِيَّتِهِ فَالْإِمَامُ الَّذِي عَلَى النَّاسِ رَاعٍ وَهُوَ مسؤولٌ عَنْ رَعِيَّتِهِ وَالرَّجُلُ رَاعٍ عَلَى أَهْلِ بَيْتِهِ وَهُوَ مسؤولٌ عَنْ رَعِيَّتِهِ وَالْمَرْأَةُ رَاعِيَةٌ عَلَى بَيْتِ زَوْجِهَا وولدِهِ وَهِيَ مسؤولةٌ عَنْهُمْ وَعَبْدُ الرَّجُلِ رَاعٍ عَلَى مَالِ سَيِّدِهِ وَهُوَ مسؤولٌ عَنهُ أَلا فكُلُّكُمْ راعٍ وكلكُمْ مسؤولٌ عَن رعيتِه»

3685. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सुन लो! तुम सब निगेहबान हो और तुम सब अपने रइयत के मुतल्लिक जवाब देह हो, हुक्मरान जो लोगों का निगेहबान है वह अपने रइयत के मुतल्लिक जवाब देह है, आदमी अपने अहले खाना का निगेहबान है और वह अपने रइयत के मुतल्लिक जवाब देह है, औरत अपने खाविंद के घर और उसकी औलाद की ज़िम्मेदार है और वह उन के मुतल्लिक जवाब देह है और आदमी का गुलाम अपने आका के माल का निगेहबान है और वह उस के मुतल्लिक जवाब देह है, सुन लो! तुम सब निगेहबान हो और तुम सब अपनी रइयत के मुतल्लिक जवाब देह हो”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (7138) و مسلم (20 / 1829)، (4724)

٣٦٨٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ مَعْقِلِ بْنِ يَسَارٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم يقولُ: «مَا مِنْ والٍ بلي رَعِيَّةً مِنَ الْمُسْلِمِينَ فَيَمُوتُ وَهُوَ غَاشٌّ لَهُمْ إِلَّا حَرَّمَ اللَّهُ عَلَيْهِ الْجَنَّةَ»

3686. मुअकिल बिन यस्सार रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो हुक्मरान मुसलमानों के किसी मुआमलात का ज़िम्मेदार बने और वह उन से मुखलिस न हो और इसे इसी हालत में मौत आजाए तो अल्लाह ने उस पर जन्नत को हराम करार दे दिया है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (7151) و مسلم (22 / 142)، (363)

٣٦٨٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَا مِنْ عَبْدٍ يَسْتَرْعِيهِ اللَّهُ رَعِيَّةً فَلَمْ يَحُطْهَا بِنَصِيحَةٍ إِلَّا لَمْ يجد رَائِحَة الْجنَّة»

3687. मुअकिल बिन यस्सार रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “अल्लाह जिस बंदे को किसी रइयत का निगेहबान बनाए और वह उन के साथ खैरख्वाही न करे तो वह जन्नत की खुशबू भी नहीं पाएगा”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (7150) و مسلم (21 / 142)، (363)

٣٦٨٨ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِذِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ شرَّ الرعاءِ الحُطَمَة» . رَوَاهُ مُسلم

3688. आइज़ बिन अम्र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “बदतरीन निगेहबान, ज़ालिम शख़्स है”| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (23 / 1830)، (4733)

٣٦٨٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اللَّهُمَّ مَنْ وَلِيَ مِنْ أَمْرِ أُمَّتِي شَيْئًا فَشَقَّ عَلَيْهِمْ فَاشْقُقْ عَلَيْهِ وَمَنْ وَلِيَ مِنْ أَمْرِ أُمَّتِي شَيْئًا فَرَفَق بهم فارفُقْ بِهِ» . رَوَاهُ مُسلم

3689. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ए अल्लाह! जो शख़्स मेरी उम्मत का हुक्मरान बने और वह इन पर सख्ती करे तो तू भी उस पर सख्ती कर और जिस शख़्स को मेरी उम्मत का हुक्मरान बनाया जाए और वह इन पर नरमी करे तो तू भी उस पर नरमी कर”| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (19 / 1828)، (4722)

٣٦٩٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرِو بْنِ الْعَاصِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الْمُقْسِطِينَ عِنْدَ اللَّهِ عَلَى مَنَابِرَ مِنْ نُورٍ عَنْ يَمِينِ الرَّحْمَنِ وَكِلْتَا يَدَيْهِ يمينٌ الذينَ يعدِلُونَ فِي حُكمِهِم وأهليهم وَمَا ولُوا» . رَوَاهُ مُسلم

3690. अब्दुल्लाह बिन अम्र बिन आस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "इंसाफ करने वाले अल्लाह के यहाँ रहमान के दाएं तरफ नूर के मिन्बरो पर होंगे और उसके दोनों हाथ दाएँ है, और वह लोग अपने हुक्म में, अपने अहले खाना से और अपने रइयत के मुआमलात में इंसाफ करते हैं"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (18 / 1827)، (4721)

٣٦٩١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَا بَعَثَ اللَّهُ مِنْ نَبِيٍّ وَلَا اسْتَخْلَفَ مِنْ خَلِيفَةٍ إِلَّا كَانَتْ لَهُ بِطَانَتَانِ: بِطَانَةٌ تَأْمُرُهُ بِالْمَعْرُوفِ وَتَحُضُّهُ عَلَيْهِ وَبِطَانَةٌ تَأْمُرُهُ بِالشَّرِّ وَتَحُضُّهُ عَلَيْهِ وَالْمَعْصُومُ مَنْ عصمَه اللَّهُ ". رَوَاهُ البُخَارِيّ

3691. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अल्लाह ने जिस नबी को भी मबउस फ़रमाया और जिस किसी को खलीफा मुकर्रर फ़रमाया तो उस के दो खुसूसी मशियर होते हैं, एक मशियर इसे नेकी का हुक्म देता है उसे उस पर अमादा करता है जबकि एक मशियर इसे बुराई का हुक्म देता है और इसे उस पर अमादा करता है और बचता वही है जिसे अल्लाह बचाए"| (बुखारी)

رواه البخارى (7198)

٣٦٩٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ قَيْسُ بْنُ سَعْدٍ مِنَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِمَنْزِلَةِ صاحبِ الشُّرَطِ من الأميرِ. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3692. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कैस बिन साद रदियल्लाहु अन्हु का नबी ﷺ के यहाँ वह मक़ाम था जो हुक्मरान के यहाँ कोतवाल का होता है| (बुखारी)

رواه البخارى (7155)

٣٦٩٣ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي بَكْرَةَ قَالَ: لَمَّا بَلَغَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّ أَهْلَ فَارِسَ قَدْ مَلَّكُوا عَلَيْهِمْ بِنْتَ كِسْرَى قَالَ: «لَنْ يُفْلِحَ قَوْمٌ وَلَّوْا أَمْرَهُمُ امْرَأَةً» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

3693. अबू बकरह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ को यह खबर पहुंची के अहल ए फारस ने कीसरा की बेटी को अपना हुक्मरान बना लिया है तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "वो कौम कभी फलाह नहीं पाएगी जिस ने अपने उमूर किसी औरत के सुपुर्द कर दिए"| (बुखारी)

رواه البخارى (4425)

كتاب الْإِمَارَة وَالْقَضَاء • अमीर चुनने और फैसला करने का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٦٩٤ - (صَحِيح) عَن الحارِثِ الْأَشْعَرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " آمُرُكُمْ بِخَمْسٍ: بِالْجَمَاعَةِ وَالسَّمْعِ وَالطَّاعَةِ وَالْهِجْرَةِ وَالْجِهَادِ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَإِنَّهُ مَنْ [ص:١٠٩] خَرَجَ مِنَ الْجَمَاعَةِ قِيدَ شِبْرٍ فَقَدْ خَلَعَ رِبْقَةَ الْإِسْلَامِ مِنْ عُنُقِهِ إِلَّا أَنْ يُرَاجِعَ وَمَنْ دَعَا بِدَعْوَى الْجَاهِلِيَّةِ فَهُوَ مِنْ جُثَى جَهَنَّمَ وَإِنْ صَامَ وَصَلَّى وَزَعَمَ أَنَّهُ مُسْلِمٌ ". رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ

3694. हारिस अशअरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मैं तुम्हें पांच चीजों: जमाअत से वाबिस्ता रहने, सुनना व इताअत, हिजरत और अल्लाह की राह में जिहाद करने का हुक्म देता हूँ, और जिस शख़्स ने बालिश्त भर जमाअत से अलायेदगी इख़्तियार की तो उस ने इस्लाम की रस्सी अपने गर्दन से उतार दी, मगर यह कि वोलौट आए, और जिस शख़्स ने जाहिलियत का नारा बुलंद किया उस का शुमार जहन्नुमियो में से होगा, अगरचे वह रोज़ा रखे और नमाज़ पढ़े और वह गुमान करे के वह मुसलमान है”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه احمد (4 / 130 ح 17302 مختصرًا) و الترمذی (2863 وقال : حسن صحیح غریب)

٣٦٩٥ - (صَحِيح) وَعَن زِيادِ بنِ كُسَيبٍ العَدَوِيِّ قَالَ: كُنْتُ مَعَ أَبِي بَكْرَةَ تَحْتَ مِنْبَرِ ابْنِ عَامِرٍ وَهُوَ يَخْطُبُ وَعَلَيْهِ ثِيَابٌ رِقَاقٌ فَقَالَ أَبُو بِلَال: انْظُرُوا إِلَى أَمِيرِ نايلبس ثِيَابَ الْفُسَّاقِ. فَقَالَ أَبُو بَكْرَةَ: اسْكُتْ سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُول: «مَنْ أَهَانَ سُلْطَانَ اللَّهِ فِي الْأَرْضِ أَهَانَهُ اللَّهُ» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

3695. ज़ियाद बिन कुसय्ब अदवी बयान करते हैं, मैं अबू बकरह के साथ इब्ने आमिर के मिम्बर के पास था जबकि इब्ने आमिर खुत्बा दे रहा था और उस ने बारीक़ लिबास पहना हुआ था, (ये देख कर) अबू बिलाल रदियल्लाहु अन्हु ने कहा: हमारे अमीर को देखो उस ने फासिको जैसे लिबास पहन रखा है, अबू बकरह ने कहा ख़ामोश हो जाओ, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस शख़्स ने अल्लाह के सुलतान की ज़मीन में अहानत की तो अल्लाह उसकी अहानत करेगा”| तिरमिज़ी, और उन्होंने कहा: यह हदीस हसन ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2224)

٣٦٩٦ - (صَحِيح) وَعَنِ النَّوَّاسِ بْنِ سِمْعَانَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا طَاعَةَ لِمَخْلُوقٍ فِي مَعْصِيَةِ الْخَالِقِ» . رَوَاهُ فِي شَرْحِ السّنة

3696. नव्वास बिन समआन रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “खालिक की नाफ़रमानी में मखलूक की कोई इताअत नहीं”| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه البغوی فی شرح السنة (10 / 44 ح 2455 و سنده ضعیف) * فیه الزبرقان مجهول ، ذکره ابن حبان فی الثقات وقال : لا ادری من هو ولا ابن من هو ؟ (4 / 265) وروی البخاری (7257) و مسلم (1840) و اللفظ له :’’ لا طاعة فی مصیة الله ، انما الطاعة فی المعروف ‘‘ تقدم (3665) وهو یغنی عنه

٣٦٩٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا مِنْ أَمِيرِ عَشَرَةٍ إِلا يُؤتى بِهِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ مَغْلُولًا حَتَّى يُفَكَّ عَنْهُ الْعَدْلُ أَو يوبقه الْجور» . رَوَاهُ الدَّارمِيّ

3697. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “दस लोगों के अमीर को भी इस हाल में लाया जाएगा के उस का हाथ गर्दन के साथ बंधा होगा हत्ता के (इस का) अदल इसे आज़ाद करा देगा, या (इस का) ज़ुल्म इसे हलाक करा देगा”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه الدارمی (2 / 240 ح 2518 ، نسخة محققة : 2557) * و للحدیث شواهد کثیرة

٣٦٩٨ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «وَيْلٌ لِلْأُمَرَاءِ وَيْلٌ لِلْعُرَفَاءِ وَيْلٌ لِلْأُمَنَاءِ لَيَتَمَنَّيَنَّ أَقْوَامٌ يَوْمَ الْقِيَامَةِ أَنَّ نَوَاصِيَهُمْ مُعَلَّقَةٌ بِالثُّرَيَّا يَتَجَلْجَلُونَ [ص:١٠٩] بَيْنَ السَّمَاءِ وَالْأَرْضِ وَأَنَّهُمْ لَمْ يَلُوا عَمَلًا» . رَوَاهُ فِي «شَرْحِ السُّنَّةِ» وَرَوَاهُ أَحْمد وَفِي رِوَايَته: «أنَّ ذوائِبَهُم كَانَتْ مُعَلَّقَةً بِالثُّرَيَّا يَتَذَبْذَبُونَ بَيْنَ السَّمَاءِ وَالْأَرْضِ ولَمْ يَكُونُوا عُمِّلوا على شَيْء»

3698. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हुक्मरान के लिए वइल (हलाकत व तबाही या जहन्नम की एक वादी) है| नाज़मीन (दर्शक) के लिए वइल है और अमानत रखने वालो के लिए हलाकत है, रोज़ ए कियामत लोग आरज़ू करेंगे के उनकी पेशानिया सरिये के साथ मुअल्लक होती वह ज़मीन व आसमान के दरमियान हरकत करते रहते लेकिन वह किसी काम के ज़िम्मेदारी व सरपरस्ती कबूल न करते”| और इमाम अहमद ने भी इसे रिवायत किया है, उनकी रिवायत में है की उन के बाल सरिये के साथ मुअल्लक होते और वह ज़मीन व आसमान के दरमियान हरकत करते रहते लेकिन उन्हें किसी काम की ज़िम्मेदारी न सोंपी जाती”| (हसन)

حسن ، رواه البغوی فی شرح السنة (10 / 5960 ح 2468) و احمد (2 / 352) [و صححه الحاکم (4 / 91 ح 7016) و ابن حبان (الموارد : 1559 و سنده حسن) وله طریق آخر عند الحاکم (4 / 191) و صححه و وافقه الذهبی و سنده حسن]

٣٦٩٩ - (ضَعِيف) وَعَنْ غَالِبٍ الْقَطَّانِ عَنْ رَجُلٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِن العرافة حق ولابد لِلنَّاسِ مِنْ عُرَفَاءَ وَلَكِنَّ الْعُرَفَاءَ فِي النَّارِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3699. गालिबुल कत्तान, एक आदमी से, और वह अपने वालिद से, और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “नाज़म (बिचवान) का होना ज़रूरी है क्यूंकि नाज़मो के बगैर गुज़ार मुमकिन नहीं, लेकिन (अक्सर) नाज़म (बिचवान) जहन्नम में होंगे”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2934) * فيه غير واحد من الجمهولين

٣٧٠٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ كَعْبِ بْنِ عُجْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَعِيذُكَ بِاللَّهِ مِنْ إِمَارَةِ السُّفَهَاءِ» . قَالَ: وَمَا ذَاكَ يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ قَالَ: «أُمَرَاءُ سَيَكُونُونَ مِنْ بَعْدِي مَنْ دَخَلَ عَلَيْهِمْ فَصَدَّقَهُمْ بِكَذِبِهِمْ وَأَعَانَهُمْ عَلَى ظُلْمِهِمْ فَلَيْسُوا مِنِّي وَلَسْتُ مِنْهُمْ وَلَنْ يَرِدُوا عليَّ الحوضَ وَمَنْ لَمْ يَدْخُلْ عَلَيْهِمْ وَلَمْ يُصَدِّقْهُمْ بِكَذِبِهِمْ وَلَمْ يُعِنْهُمْ عَلَى ظُلْمِهِمْ فَأُولَئِكَ مِنِّي وَأَنَا مِنْهُمْ وَأُولَئِكَ يَرِدُونَ عَلَيَّ الْحَوْضَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيّ

3700. काब बिन उजरत रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “मैं नादानों की अमारत से तुम्हें अल्लाह की पनाह में देता हूँ”, उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! वह क्या चीज़े है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “मेरे बाद कुछ हुक्मरान होंगे, जो शख़्स उन के पास जाए उनकी झूठ बयानी पर उनकी तस्दीक करे और उन के ज़ुल्म पर उनकी इआनत करे तो ऐसे लोग मुझ से नहीं है और मैं उन से नहीं हूँ और वह होज़े कौसर पर मेरे पास नहीं आएँगे, और जो शख़्स उन के पास जाए न उनकी झूठ बयानी पर उनकी तस्दीक करे और ना ही उन के ज़ुल्म पर उनकी मदद करे तो ऐसे लोग मुझ से है और मैं उन से हूँ और यही लोग हौज़ पर मेरे पास आएँगे”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (614 وقال : حسن غريب) و النسائى (7 / 160 ح 4212)

٣٧٠١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ سَكَنَ الْبَادِيَةَ جَفَا وَمَنِ اتَّبَعَ الصَّيْدَ غَفَلَ وَمَنْ أَتَى السُّلْطَانَ افْتُتِنَ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَفِي رِوَايَةِ أَبِي دَاوُدَ: «مَنْ لَزِمَ السُّلْطَانَ افْتُتِنَ وَمَا ازْدَادَ عَبْدٌ مِنَ السُّلْطَانِ دُنُوًّا إِلَّا ازْدَادَ من اللَّهِ بُعداً»

3701. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जंगल में रहने वाला सख्त दिल होता है, शिकार का पीछा करने वाला गाफ़िल होता है और बादशाह के पास जाने वाला फितने का शिकार हो जाता है”| और अबू दावुद की रिवायत में है: “जो शख़्स बादशाह के साथ लगा रहता है तो वह फितने का शिकार हो जाता है, जिस क़दर कोई शख़्स बादशाह के करीब होता है के इसी क़दर अल्लाह से दूर हो जाता है”| (हसन)

حسن ، رواه احمد (1 / 357 ح 3362) و الترمذى (2256 وقال : حسن غريب) و النسائى (7 / 195196 ح 4314) و ابوداؤد (2859) * فيه ابو موسى شيخ يمانى : جهله ابن القطان وغيره و وثقه ابن حبان و الترمذى فهو حسن الحديث وقال : ابن حجر فى التقريب :’’ مجهول من السادسة و وهم من قال انه اسرائيل بن موسى‘‘ 0 حديث : من لزم السلطان افتتن الخ رواه ابوداو7د عن ابى هريرة (2860) و فيه شيخ من الانصار : لم اعرفه (فالسند ضعيف)

٣٧٠٢ - (ضَعِيف) وَعَن المقدامِ بن معْدي كِربَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ضَرَبَ عَلَى مَنْكِبَيْهِ ثُمَّ قَالَ: «أَفْلَحْتَ يَا قُدَيْمُ إِنْ مُتَّ وَلَمْ تَكُنْ أَمِيرًا وَلَا كَاتبا وَلَا عريفا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3702. मिक्दाम बिन मअदिकरीब रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने (अज़राहे मुहब्बत) उस के कंधो पर हाथ मारा, फिर फ़रमाया: “कुदय्म! अगर तुम अमिर, मुंशी और नाज़म (बिचवान) बने बगैर फौत हुए तो तुम कामियाब हुए”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2933) * صالح بن يحيى : لين ، و ابوه مستور

٣٧٠٣ - (ضَعِيف) وَعَنْ عُقْبَةَ بْنِ عَامِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَدْخُلُ الْجَنَّةَ صَاحِبُ مَكْسٍ» : يَعْنِي الَّذِي يَعْشُرُ النَّاسَ. رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد والدارمي

3703. उक्बा बिन आमिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “टैक्स वसूल करने वाला (यानी वह शख़्स जो लोगों से खिलाफ शरह टेक्स वुसुल करता है) जन्नत में दाखिल नहीं होगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (4 / 143 ح 17426) و ابوداؤد (2937) و الدارمى (1 / 393 ح 1673) * محمد بن اسحاق مدلس و عنعن وله شاهد ضعيف عند احمد (4 / 109)

٣٧٠٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ أَحَبَّ النَّاسِ إِلَى اللَّهِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَأَقْرَبَهُمْ مِنْهُ مَجْلِسًا إِمَامٌ عَادِلٌ وَإِنَّ أَبْغَضَ النَّاسِ إِلَى اللَّهِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَأَشَدَّهُمْ عَذَابًا» وَفِي رِوَايَةٍ: «وَأَبْعَدَهُمْ مِنْهُ مَجْلِسًا إِمَامٌ جَائِرٌ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

3704. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कियामत के दिन अल्लाह के नज़दीक तमाम लोगों में महबूब तर और बुलंद मर्तबा, आदिल हाकिम होगा और उस से दूर, बदतरीन और मर्तबा में पस्त व ज़लील ज़ालिम हाकिम होगा”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस हसन ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (3 / 55 ح 11545 ، 3 / 22 ح 11192) و الترمذى (1329) * عطية العوفى : ضعيف مدلس

٣٧٠٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَفْضَلُ الْجِهَادِ مَنْ قَالَ كَلِمَةَ حَقٍّ عِنْدَ سُلْطَانٍ جَائِرٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

3705. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सबसे फ़ज़ीलत वाला जिहाद इस शख़्स का है जो ज़ालिम हुक्मरान के सामने कलिमा ए हक़ कहता है”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذى (2174 وقال : حسن غريب) و ابوداؤد (4344) و ابن ماجه (4011) * سنده ضعيف و للحديث شواهد وهوبها حسن ، و انظر الحديث الآتى (3706)

٣٧٠٦ - (صَحِيح) وَرَوَاهُ أَحْمَدُ وَالنَّسَائِيُّ عَنْ طَارِقِ بْنِ شِهَابٍ

3706. इमाम अहमद और इमाम नसई ने इसे तारिक बिन शिहाब से रिवायत किया है| (हसन)

حسن ، رواه احمد (3 / 19 ح 11160 مختصرًا) و النسائی (7 / 161 ح 4214)

٣٧٠٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا أَرَادَ اللَّهُ بِالْأَمِيرِ خَيْرًا جَعَلَ لَهُ وَزِيرَ صِدْقٍ إِنْ نَسِيَ ذَكَّرَهُ وَإِنْ ذَكَرَ أَعَانَهُ. وَإِذَا أَرَادَ بِهِ غَيْرَ ذَلِكَ جَعَلَ لَهُ وَزِيرَ سُوءٍ إِنْ نَسِيَ لَمْ يُذَكِّرْهُ وَإِنْ ذَكَرَ لَمْ يُعِنْهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3707. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब अल्लाह किसी हुक्मरान के साथ भलाई का इरादा फरमाता है तो इसे सच्चा वज़ीर इनायत फरमा देता है, अगर वह भूल जाए तो वह (वज़ीर) इसे याद करा देता है और अगर इसे खुद ही याद हो तो वह उसकी मदद करता है, और जब वह उस के साथ उस के बरअक्स इरादा फरमाता है तो उस के लिए बुरा वज़ीर मुकर्रर कर देता है, अगर वह भूल जाए तो वह (वज़ीर) इसे याद नहीं कराता और अगर इसे याद हो तो फिर वह उसकी मदद नहीं करता”| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (2932) و النسائی (7 / 159 ح 4209 مختصرًا)

٣٧٠٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ الْأَمِيرَ إِذَا ابْتَغَى الرِّيبَةَ فِي النَّاسِ أَفْسَدَهُمْ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3708. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो हुक्मरान लोगों के ऐब (कमी) तलाश करता रहता है तो वह उन्हें ख़राब कर देता है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4889)

٣٧٠٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مُعَاوِيَةَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّكَ إِذَا اتَّبَعْتَ عَوْرَاتِ النَّاسِ أَفْسَدْتَهُمْ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي «شُعَبِ الْإِيمَان»

3709. मुआविया रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जब तुम लोगों के ऐब (कमी) तलाश करोगे तो तुम उन्हें ख़राब कर दोगे”| (सहीह)

صحيح ، رواه البيهقی فی شعب الايمان (9659) [و ابوداؤد (4888) و سنده ضعيف وله شاهد عند البخاری فی الادب المفرد (248) و سنده حسن وبه صح الحديث]

٣٧١٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كَيْفَ أَنْتُمْ وَأَئِمَّةٌ مِنْ بَعْدِي يَسْتَأْثِرُونَ بِهَذَا الْفَيْءِ؟» . قُلْتُ: أَمَا وَالَّذِي بَعَثَكَ بِالْحَقِّ أَضَعُ سَيْفِي عَلَى عَاتِقِي ثُمَّ أَضْرِبُ بِهِ حَتَّى أَلْقَاكَ قَالَ: «أَوَلَا أَدُلُّكَ عَلَى خَيْرٍ مِنْ ذَلِكَ؟ تَصْبِرُ حَتَّى تَلقانِي» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3710. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम इस वक़्त क्या करोगे जब मेरे बाद हुक्मरान इस माले गनीमत को अपने पास ही रख लेंगे ?” मैंने अर्ज़ किया: उस ज़ात की क़सम जिस ने आप को हक़ के साथ मबउस फ़रमाया! मैं अपने तलवार अपने कंधे पर रखूँगा, फिर किताल करूँगा हत्ता के आप से आ मिलु, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या मैं तुम्हें इस चीज़ से बेहतर चीज़ के मुतल्लिक न बताऊँ? सब्र करना हत्ता कि तुम मुझ से मिलो”| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (4759)

كتاب الْإِمَارَة وَالْقَضَاء • अमीर चुनने और फैसला करने का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٧١١ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَائِشَةَ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أَتَدْرُونَ مَنِ السَّابِقُونَ إِلَى ظِلِّ اللَّهِ عَزَّ وَجَلَّ يَوْمَ الْقِيَامَةِ؟» قَالُوا: اللَّهُ وَرَسُولُهُ أَعْلَمُ قَالَ: «الَّذِينَ إِذَا أُعْطُوا الْحَقَّ قَبِلُوهُ وَإِذَا سُئِلُوهُ بَذَلُوهُ وَحَكَمُوا لِلنَّاسِ كحكمِهم لأنفُسِهم»

3711. आइशा रदियल्लाहु अन्हा रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करती हैं आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम जानते हो, रोज़ ए कियामत अल्लाह अज्ज़वजल के साए की तरफ सबकत ले जाने वाले कौन होंगे ?” सहाबा रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह और उस के रसूल बेहतर जानते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो लोग जिन्हें कलमा हक़ (पेश किया) जाता है तो वह इसे कबूल करते हैं, जब उस से हक़ बात कहने का मुतालबा किया जाता है तो इसे बयान करते हैं, और वह लोगों के लिए वही फैसला करते हैं जो वह अपने ज़ात के लिए करते हैं”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (6 / 69 ح 24902) * عبدالله بن لهيعة مدلس و عنعن

٣٧١٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرِ بْنِ سَمُرَةَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم [ص:١٠٩] يَقُول: " ثلاثةٌ أَخَافُ عَلَى أُمَّتِي: اِلاسْتِسْقَاءُ بِالْأَنْوَاءِ وَحَيْفُ السُّلْطَانِ وَتَكْذيب القدر "

3712. जाबिर बिन समुराह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “मुझे अपनी उम्मत के मुतल्लिक तीन चीजों का अंदेशा है, सितारों के ज़रिए बारिश तलब करने, बादशाह का ज़ुल्म

करना और तकदीर को झुठलाना”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (5 / 90 ح 21121) * محمد بن قاسم الاسدى ضعيف ضعفه الجمهور و للحديث شواهد ضعيفة

٣٧١٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «سِتَّةَ أَيَّامٍ اعْقِلْ يَا أَبَا ذَرٍّ مَا يُقَالُ لَكَ بَعْدُ» فَلَمَّا كَانَ الْيَوْمُ السَّابِعُ قَالَ: «أُوصِيكَ بِتَقْوَى اللَّهِ فِي سِرِّ أَمْرِكَ وَعَلَانِيَتِهِ وَإِذَا أَسَأْتَ فَأَحْسِنْ وَلَا تَسْأَلَنَّ أَحَدًا شَيْئًا وَإِنْ سَقَطَ سَوْطُكَ وَلَا تَقْبِضْ أَمَانَةً وَلَا تَقْضِ بَيْنَ اثْنَيْنِ»

3713. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ छे रोज़ मुझे फरमाते रहे: “अबू ज़र! जो कुछ तुझे बताया जा रहा है उसे याद कर लो”, जब उस के बाद सातवा रोज़ हुआ तो फ़रमाया: “मैं तेरे ज़ाहिरी व बातिनी उमूर में तुझे अल्लाह का तकवा इख़्तियार करने की वसीयत करता हूँ, और जब तू बुराई कर बैठें तो फिर नेकी कर, और किसी से कोई चीज़ न माँगना ख्वाह तुम्हारा कोड़ा गिर पड़े, और अमानत न रख! और दो आदमियों के दरमियान फैसला न करना”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (5 / 181 ح 21906) * فيه ابن لهيعة ضعيف لاختلاطه و للحديث سند آخر ضعيف عند احمد و الطحاوى فى شرح مشكل الآثار (1 / 39 ح 46)

٣٧١٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ قَالَ: «مَا مِنْ رَجُلٍ يَلِي أَمْرَ عَشَرَةٍ فَمَا فَوْقَ ذَلِكَ إِلَّا أَتاهُ اللَّهُ عزَّ وجلَّ مغلولاً يومَ القيامةِ يَدُهُ إِلَى عُنُقِهِ فَكَّهُ بِرُّهُ أَوْ أَوْبَقَهُ إِثْمُهُ أَوَّلُهَا مَلَامَةٌ وَأَوْسَطُهَا نَدَامَةٌ وَآخِرُهَا خِزْيٌ يومَ القيامةِ»

3714. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस शख़्स ने दस या उस से इज़ाफ़ी (ज़्यादा) लोगों के उमूर की सरपरस्ती कबूल की तो रोज़ ए कियामत वह अल्लाह अज्ज़वजल के हुज़ूर इस हाल में पेश होगा के उस का हाथ उसकी गर्दन के साथ बंधा होगा, उसकी नेकी उसे खोल देगी या उस का गुनाह इसे हलाक कर देगा, अमारत का आगाज़ मलामत, उस का बिच बाईस ए नदामत और उस का आख़िर रोज़ ए कियामत बाईस रुसवाई होगा”| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه احمد (5 / 267 ح 22656) [و الطبرانى فى مسند الشاميين (1570)] * يزيد بن ايهم هذا غير يزيد بن ابى مالك ، وهو مجهول الحال ، روى عنه جماعة و ذكره ابن حبان فى الثقات و لحديثه شاهد ضعيف عند الطبرانى فى الكبير (12 / 135 ح 12689) و الاوسط (288)

٣٧١٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مُعَاوِيَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا مُعَاوِيَةُ إِنْ وُلِّيتَ أَمْرًا فَاتَّقِ اللَّهَ وَاعْدِلْ» . قَالَ: فَمَا زِلْتُ أَظُنُّ أَنِّي مُبْتَلًى بِعَمَلٍ لِقَوْلِ النَّبِيِّ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم حَتَّى ابْتليت

3715. मुआविया रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुआविया अगर तुम्हें हुक्मरानी मिल जाए तो अल्लाह से डरना और अदल करना”, मुआविया रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं हमेशा इस

यकीन के साथ रहा की मैं नबी ﷺ के फरमान की वजह से किसी अमल के ज़रिए आज़माया जाऊंगा हत्ता कि मैं आज़माइश से दो चार हो गया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (4 / 101 ح 17057) [و البیھقی فی دلائل النبوة (6 / 446)] * فی سماع سعید بن عمرو بن سعید بن العاص من معاویة رضی الله عنه نظر ، و انظر سیر اعلام النبلاء (3 / 331)

٣٧١٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «تَعَوَّذُوا بِاللَّهِ مِنْ رَأْسِ السَّبْعِينَ وَإِمَارَةِ الصِّبْيَانِ» . رَوَى الْأَحَادِيثَ السِّتَّةَ أَحْمَدُ وَرَوَى الْبَيْهَقِيُّ حَدِيثَ مُعَاوِيَةَ فِي «دَلَائِلِ النُّبُوَّةِ»

3716. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सत्तर की दिहाई के आगाज़ से और नौ उम्रो की हुकूमत से अल्लाह की पनाह तलब करो”| यह छे अहादीस इमाम अहमद ने रिवायत की है और इमाम बयहकी ने हदीसे मुआविया “ दलाइलुल नबुवा ” में नकल की है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (2 / 326 ح 83198320 و اخطا من ضعفه) * ابو صالح مولی ضباعة و ثقه الترمذی و ابن حبان و الذھبی فھو حسن الحدیث

٣٧١٧ - (ضَعِيف) وَعَنْ يَحْيَى بْنِ هَاشِمٍ عَنْ يُونُسَ بْنِ أَبِي إِسْحَاقَ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كَمَا تَكُونُونَ كَذَلِك يُؤمر عَلَيْكُم»

3717. याह्या बिन हाशिम, युनुस बिन अबी इसहाक से और वह अपने वालिद से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जैसे तुम होगे वैसे तुम पर हुक्मरान मुकर्रर किए जाएँगे”| (मौज़ू)

اسناده موضوع ، رواه البیھقی فی شعب الایمان (7391 ، نسخة محققة : 7006) * یحیی بن ھاشم : کذاب و السند مظلم ، قله شاھد موضوع عند الدیلمی فی الفردوس (4918)

٣٧١٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ السُّلْطَانَ ظِلُّ اللَّهِ فِي الْأَرْضِ يَأْوِي إِلَيْهِ كُلُّ مَظْلُومٍ مِنْ عِبَادِهِ فَإِذَا عَدَلَ كَانَ لَهُ الْأَجْرُ وَعَلَى الرَّعِيَّةِ الشُّكْرُ وَإِذَا جَارَ كَانَ عَلَيْهِ الْإِصْرُ وعَلى الرّعية الصَّبْر»

3718. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक बादशाह, ज़मीन पर अल्लाह का साया है?, जहाँ उस का हर मज़लूम बंदा पनाह हासिल करता है, जब वह अदल करता है तो उस के लिए अज़र है, और रइयत के ज़िम्मा शुक्र करना है, और जब वह ज़ुल्म करता है तो उस पर गुनाह होता है और रइयत के ज़िम्मा सब्र करना है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف جذا ، رواه البیھقی فی شعب الایمان (7369 ، نسخة محققة : 6984) * فیه سعید بن سنان الحمصی : متروک

٣٧١٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ أَفْضَلَ عِبَادِ اللَّهِ عِنْدَ اللَّهِ مَنْزِلَةً يَوْمَ الْقِيَامَةِ إِمَامٌ عَادِلٌ رَفِيقٌ وَإِنَّ شَرَّ النَّاسِ عِنْدَ اللَّهِ مَنْزِلَةً يَوْمِ الْقِيَامَةِ إِمامٌ جَائِر خرق»

3719. उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक रोज़ ए कियामत अल्लाह के बंदो में से मक़ाम व मर्तबा के लिहाज़ से सबसे बेहतर शख़्स अदल करने वाला नरम मिज़ाज हुक्मरान होगा, जबकि रोज़ ए कियामत अल्लाह के नज़दीक मक़ाम व मर्तबा के लिहाज़ से बदतरीन शख़्स ज़ालिम और सख्त मिज़ाज बादशाह होगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (7371 ، نسخة محققة : 6986) * فيه محمد بن ابى حميد : ضعيف ، و علل أخرى

٣٧٢٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «من نَظَرَ إِلَى أَخِيهِ نَظْرَةً يُخِيفُهُ أَخَافَهُ اللَّهُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . رَوَى الْأَحَادِيثَ الْأَرْبَعَةَ الْبَيْهَقِيُّ فِي «شُعَبِ الْإِيمَانِ» وَقَالَ فِي حَدِيثِ يَحْيَى هَذَا: مُنْقَطع وَرِوَايَته ضَعِيف

3720. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने अपने भाई की तरफ डरावनी नज़र से देखा तो रोज़ ए कियामत अल्लाह इसे डराएगा”, इमाम बयहकी ने चारो अहादीस शौबुल ईमान में रिवायत की है, और याह्या से मरवी हदीस [नं. 3717] के बारे में फ़रमाया यह रिवायत मुन्कतेअ है और उसकी रिवायत जईफ है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (7468 ، نسخة محققة : 7064) * هذا فيه عبد الرحمن بن زياد بن انعم عن عبد الرحمن بن رافع و هما ضعيفان و رواه ابن انعم الافريقى (ضعيف) عن مسلم بن يسار عن رجل من بنى سليم الخ ، 0 حديث يحيى بن هاشم تقدم (3717)

٣٧٢١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي الدَّرْدَاءِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ اللَّهَ تَعَالَى يَقُولُ: أَنَا اللَّهُ لَا إِلَهَ إِلَّا أَنَا مَالِكُ الْمُلُوكِ وَمَلِكُ الْمُلُوكِ قُلُوبُ الْمُلُوكِ فِي يَدِي وَإِنَّ الْعِبَادَ إِذَا أَطَاعُونِي حَوَّلْتُ قُلُوبَ مُلُوكِهِمْ عَلَيْهِمْ بِالرَّحْمَةِ وَالرَّأْفَةِ وَإِنَّ الْعِبَادَ إِذَا عَصَوْنِي حَوَّلْتُ قُلُوبَهُمْ بِالسُّخْطَةِ وَالنِّقْمَةِ فَسَامُوهُمْ سُوءَ الْعَذَابِ فَلَا تَشْغَلُوا [ص:١٠٩] أَنْفُسَكُمْ بِالدُّعَاءِ عَلَى الْمُلُوكِ وَلَكِنِ اشْغَلُوا أَنْفُسَكُمْ بِالذِّكْرِ وَالتَّضَرُّعِ كَيْ أَكْفِيَكُمْ ملوكَكم «. رَوَاهُ أَبُو نُعَيْمٍ فِي» الْحِلْيَةِ "

3721. अबू दरदा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक अल्लाह तआला फरमाता है, मैं अल्लाह हूँ, मेरे सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं, मैं बादशाहो का मालिक और बादशाहो का बादशाह हूँ, बादशाहो का दिल मेरे हाथ में है, और जब बंदे मेरी इताअत करते हैं तो मैं उन के बादशाहो का दिल रहमत हमदर्दी के साथ इन पर फेर देता हूँ, और जब बंदे मेरी नाफ़रमानी करते हैं तो मैं उन का दिल नाराज़ी और सज़ा के साथ फेर देता हूँ फिर वह उन्हें बुरे अज़ाब से दो चार करते हैं, अपने आप को बादशाहो पर बद्दुआ करने में

मशगुल न रखो बल्कि अपने आप को ज़िक्र और तजरीअ में मसरूफ रखो ताकि में तुम्हें तुम्हारे हुक्मरानों से महफ़ूज़ करू”| इसे अबू नुअयम ने हिलियत में बयान किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف جذا ، رواه ابو نعیم فی حلیة الاولیاء (2 / 388) [و الططبرانی فی الاوسط (8957)] * فیه وهب بن راشد : متروک ، و فیه خلاص بن عمرو عن ابی الدرداء الخ

بَابُ مَا عَلَى الْوُلَاةِ مِنَ التَّيْسِيرِ • इस बात का बयान के हाकिम को रिआया पर आसानी करनी चाहिए

الْفَصْلُ الأول • पहली फस्ल

٣٧٢٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي مُوسَى قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا بَعَثَ أَحَدًا مِنْ أَصْحَابِهِ فِي بَعْضِ أَمْرِهِ قَالَ: «بَشِّرُوا وَلَا تُنَفِّرُوا وَيَسِّرُوا وَلَا تُعَسِّرُوا»

3722. अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ अपने किसी सहाबी को किसी काम पर मबउस फरमाते, तो आप ﷺ फरमाते: “(लोगो को अज्र व सवाब की) खुशखबरी सुनाना, नफ़रत न दिलाना और आसानी पैदा करना तंगी पैदा न करना”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6124) و مسلم (6 / 1732)، (4525)

٣٧٢٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم: «يسوا وَلَا تُعَسِّرُوا وَسَكِّنُوا وَلَا تُنَفِّرُوا»

3723. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आसानी पैदा करो, तंगी पैदा न करो, सुकून पहुँचाओ, नफ़रत न दिलाओ”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6125) و مسلم (8 / 1734)، (4528)

٣٧٢٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن ابنِ أَبِي بُرْدَةَ قَالَ: بَعَثَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ جَدَّهُ أَبَا مُوسَى وَمُعَاذًا إِلَى الْيَمَنِ فَقَالَ: «يَسِّرَا وَلَا تُعَسِّرَا وَبَشِّرَا وَلَا تُنَفِّرَا وَتَطَاوَعَا وَلَا تَخْتَلِفَا»

3724. अबू बुरदह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने उन के दादा अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु और मुआज़ रदियल्लाहु अन्हु को यमन की तरफ भेजते हुए फ़रमाया: “आसानी पैदा करना, तंगी पैदा न करना,

खुशखबरी सुनाना, नफ़रत न दिलाना इत्तेफाक रखना और इख्तिलाफ पैदा न करना”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6124) و مسلم (7 / 1733)، (4526)

٣٧٢٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " إِنَّ الْغَادِرَ يُنْصَبُ لَهُ لِوَاءٌ يَوْمَ الْقِيَامَةِ فَيُقَالُ: هَذِهِ غَدْرَةُ فُلَانِ بْنِ فُلَانٍ "

3725. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “दगाबाज़ी करने वाले के लिए रोज़ ए कियामत झंडा नसब किया जाएगा और कहा जाएगा: यह फलां बिन फलां शख़्स की दगाबाज़ी (का नतीजा) है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6178) و مسلم (10 / 1735)، (4531)

٣٧٢٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لِكُلِّ غَادِرٍ لِوَاءٌ يومَ القيامةِ يُعرَفُ بِهِ»

3726. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “रोज़ ए कियामत हर दगाबाज़ी के लिए एक झंडा होगा जिसके ज़रिए वह पहचाना जाएगा”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3186) و مسلم (14 / 1737)، (4536)

٣٧٢٧ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لِكُلِّ غَادِرٍ لِوَاءٌ عِنْدَ اسْتِهِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . وَفِي رِوَايَةٍ: «لِكُلِّ غَادِرٍ لِوَاءٌ يَوْمَ الْقِيَامَةِ يُرْفَعُ لَهُ بِقَدْرِ غَدْرِهِ أَلا وَلَا غادر أعظم مِن أميرِ عامَّةٍ» . رَوَاهُ مُسلم

3727. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “रोज़ ए कियामत हर दगाबाज़ी की पुश्त पर एक झंडा होगा”| एक दूसरी रिवायत में है: “रोज़ ए कियामत हर दगाबाज़ी के लिए एक झंडा होगा जो उसकी दगाबाज़ी के मुताबिक बुलंद किया जाएगा, सुन लो! हाकिम से बढ़कर किसी दगाबाज़ी की दगाबाज़ी नहीं”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (16 ، 15 / 1738)، (4537 و 4538)

इस बात का बयान के हाकिम को रिआया पर आसानी करनी चाहिए • بَابُ مَا عَلَى الْوُلَاةِ مِنَ التَّيْسِيرِ

दूसरी फस्ल • الْفَصْلُ الثَّانِي

٣٧٢٨ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَمْرِو بْنِ مُرَّةَ أَنَّهُ قَالَ لِمُعَاوِيَةَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: « (مَنْ وَلَّاهُ اللَّهُ شَيْئًا مِنْ أَمْرِ الْمُسْلِمِينَ فَاحْتَجَبَ دُونَ حَاجَتِهِمْ وَخَلَّتِهِمْ وَفَقْرِهِمُ احْتَجَبَ اللَّهُ دُونَ حَاجَتِهِ وَخَلَّتِهِ وَفَقْرِهِ» . فَجَعَلَ مُعَاوِيَةُ رَجُلًا عَلَى حَوَائِجِ النَّاسِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَفِي رِوَايَةٍ لَهُ وَلِأَحْمَدَ: «أَغْلَقَ اللَّهُ لَهُ أَبْوَابَ السَّمَاءِ دُونَ خَلَّتِهِ وَحَاجَّتِهِ وَمَسْكَنَتِهِ»

3728. अमर बिन मुर्रत रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने मुआविया रदियल्लाहु अन्हु से कहा: मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “अल्लाह जिस शख़्स को मुसलमानों के किसी मुआमले का सरपरस्त बना दे और वह उनकी ज़रूरत, उनकी शिकायत और उनकी हाजतो की पूरा करने में रुकावट बन जाए तो अल्लाह उसकी ज़रूरत व शिकायत और उसकी हाजत पूरी करने में रुकावट बन जाता है”, मुआविया रदियल्लाहु अन्हु ने लोगों की ज़रुरतो का ख़याल रखने के लिए एक आदमी को मुकर्रर किया| तिरमिज़ी और अहमद की एक दूसरी रिवायत में है: “अल्लाह उसकी ज़रूरत, हाजत और मुहताजी के वक़्त आसमान के दरवाज़े बंद कर देता है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2948) و الترمذی (13321333 وقال : غریب) و احمد (4 / 231 ح 18196 ، 24300)

इस बात का बयान के हाकिम को रिआया पर आसानी करनी चाहिए • بَابُ مَا عَلَى الْوُلَاةِ مِنَ التَّيْسِيرِ

तीसरी फस्ल • الْفَصْلُ الثَّالِث

٣٧٢٩ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي الشَّمَّاخِ الْأَزْدِيِّ عَنِ ابْنِ عَمٍّ لَهُ مِنْ أَصْحَابِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ أَتَى مُعَاوِيَةَ فَدَخَلَ عَلَيْهِ فَقَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ وَلِيَ مِنْ أَمْرِ النَّاسِ شَيْئًا ثُمَّ أَغْلَقَ بَابَهُ دُونَ الْمُسْلِمِينَ أَوِ الْمَظْلُومِ أَوْ ذِي [ص:١١٠ الْحَاجَةِ أَغْلَقَ اللَّهُ دُونَهُ أَبْوَابَ رَحْمَتِهِ عِنْدَ حَاجَتِهِ وَفَقْرِهِ أَفْقَرَ مَا يَكُونُ إِلَيهِ»

3729. अबू शम्माख अज़दी अपने चचाज़ाद से जो के नबी ﷺ के सहाबी है, रिवायत करते हैं के वह मुआविया रदियल्लाहु अन्हु के पास आए और उनकी खिदमत में हाज़िर होकर अर्ज़ किया: मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिसे लोगों के किसी मुआमले की ज़िम्मेदारी सोंपी जाए, फिर वह मुसलमानों या मज़लूमों या हाजत

मंदों की ज़रुरतो से दरवाज़े बंद कर ले तो अल्लाह उसकी हाजत और ज़रूरत के वक़्त, जबकि वह इन्तिहाई ज़रूरत मंद हो, अपने रहमत के दरवाज़े बंद कर लेता है"| (हसन)

حسن ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (7384 ، نسخة محققة : 6999) [و احمد (3 / 441 ، 480)] * ابو الشماخ : لم اجد من و ثقه و باقى السند حسن و انظر مجمع الزوائد (5 / 23) و حسنه المنذرى فى الترغيب و الترهيب (3 / 178) وله شواهد عند ابى داود (2948) وغيره

٣٧٣٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّهُ كَانَ إِذَا بَعَثَ عُمَّالَهُ شَرَطَ عَلَيْهِمْ: أَنْ لَا تَرْكَبُوا بِرْذَوْنًا وَلَا تَأْكُلُوا نَقِيًّا وَلَا تَلْبَسُوا رَقِيقًا وَلَا تُغْلِقُوا أَبْوَابَكُمْ دُونَ حَوَائِجِ النَّاسِ فَإِنْ فَعَلْتُمْ شَيْئًا مِنْ ذَلِكَ فَقَدْ حَلَّتْ بِكُمُ الْعُقُوبَةُ ثُمَّ يُشَيِّعُهُمْ. رَوَاهُمَا الْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ

3730. उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के जब वह अपने उम्माल (हुक्मरान) भेजते तो इन पर शर्त काइम करते की तुम तुर्की घोड़े पर सवारी न करोगे और न छिना हुआ आता (मैदा) खाओगे, न बारीक़ (उम्दा) लिबास पहनोगे और न लोगों की ज़रुरतो को हल करने की बजाए अपने दरवाज़े बंद करोगे, अगर तुमने उनमें से कोई काम भी किया तो तुम सज़ा के मुस्तहक ठहरोगे, फिर आप उन्हें अल विदा करने के लिए उन के साथ चलते| इमाम बयहकी ने दोनों रिवायतों शौबुल ईमान में रिवायत की हैं| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (7394 ، نسخة محققة : 7009) * عاصم بن ابى النجود عن عمر : منقطع فيما ارى ، وله شاهد ضعيف عند احمد (5 / 238) من حديث معاذ بن جبل رضى الله عنه ، فيه شريك القاضى مدلس و عنعن و علل أخرى

बَابُ الْعَمَلِ فِي الْقَضَاءِ وَالْخَوْفِ مِنْهُ • फैसला करने और इस से डरने का बयान

الْفَصْلُ الأول • पहली फस्ल

٣٧٣١ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي بَكْرَةَ قَالَ سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «لَا يَقْضِيَنَّ حَكَمٌ بَيْنَ اثْنَيْنِ وَهُوَ غَضْبَانُ»

3731. अबू बकरह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "हाकिम गुस्से की हालत में दो आदमियों के दरमियान फैसला न करे"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (7158) و مسلم (16 / 1717)، (4490)

٣٧٣٢ - (مُتَّفقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو وَأَبِي هُرَيْرَةَ قَالَا: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا حَكَمَ الْحَاكِمُ فَاجْتَهَدَ فَأَصَابَ فَلَهُ أَجْرَانِ وَإِذَا حَكَمَ فَاجْتَهَدَ فَأَخْطَأَ فله أجرٌ واحدٌ»

3732. अब्दुल्लाह बिन उमर और अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब हाकिम फैसला करते वक़्त कोशिश करे और दुरुस्त फैसला करे तो उस के लिए दो अज़र है, और जब फैसला करे और कोशिश के बावजूद गलती हो जाए तो उस के लिए एक अज़र है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (7352) و مسلم (15 / 1716)، (4487)

بَابُ الْعَمَلِ فِي الْقَضَاءِ وَالْخَوْفِ مِنْهُ • फैसला करने और इस से डरने का बयान

الْفَصْلُ الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٧٣٣ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ جُعِلَ قَاضِيًا بَيْنَ النَّاسِ فَقَدْ ذُبِحَ بِغَيْرِ سِكِّينٍ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

3733. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स को लोगों का क़ाज़ी बना दिया गया गोया वह छुरी के बगैर जिबह कर दिया गया”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (2 / 230 ح 7145) و الترمذی (1325 وقال : حسن غریب) و ابوداؤد (3572) و ابن ماجه (2308)

٣٧٣٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنِ ابْتَغَى الْقَضَاءَ وَسَأَلَ وُكِلَ إِلَى نَفْسِهِ وَمَنْ أُكْرِهَ عَلَيْهِ أَنْزَلَ اللَّهُ عَلَيْهِ مَلَكًا يُسَدِّدُهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

3734. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स कज़ा का ख्वाहिशमंद हो और वह मुतालबा करे तो उसे उसकी ज़ात के सुपुर्द कर दिया जाता है, और जिसे उस पर मजबूर कर दिया जाए तो अल्लाह उस पर एक फ़रिश्ता नाज़िल फरमा देता है जो उस को दुरुस्त रखता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (1324 وقال : حسن غریب) و ابوداؤد (3578) و ابن ماجه (2309) * عبد الاعلی الثعلبی : ضعیف ، وقال الھیشمی :'' و الاکثر علی تضعیفه '' (مجمع الزوائد 1 / 147)

٣٧٣٥ - (صَحِيح) وَعَنْ بُرَيْدَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " الْقُضَاةُ ثَلَاثَةٌ: وَاحِدٌ فِي الْجَنَّةِ وَاثْنَانِ فِي النَّارِ فَأَمَّا الَّذِي فِي الْجَنَّةِ فَرَجُلٌ عَرَفَ الْحَقَّ فَقَضَى بِهِ وَرَجُلٌ عَرَفَ الْحَقَّ فَجَارَ فِي الْحُكْمِ فَهُوَ فِي النَّارِ وَرَجُلٌ قَضَى لِلنَّاسِ عَلَى جَهْلٍ فَهُوَ فِي النَّارِ ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

3735. बुरैदाह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क़ाज़ी तीन किस्म के है, उनमें से एक

जन्नती और दो जहन्नमी है, वह क़ाज़ी जन्नती है जिस ने हक़ पहचान कर उस के मुताबिक फैसला किया, और वह क़ाज़ी जिस ने हक़ पहचान कर फैसला में ज़ुल्म किया तो वह जहन्नमी है, और वह आदमी जिस ने जहालत की बिना पर लोगों के दरमियान फैसला किया तो वह भी जहन्नमी है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد 3573) و ابن ماجه (2315) [و الترمذی (1322 من طريق آخر و سنده ضعيف) * خلف بن خليفة صدوق اختلط فی آخره فالسند ضعيف و للحديث شواهد ضعيفة

٣٧٣٦ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ طَلَبَ قَضَاءَ الْمُسْلِمِينَ حَتَّى يَنَالَهُ ثُمَّ غَلَبَ عَدْلُهُ جَوْرَهُ فَلَهُ الْجَنَّةُ وَمَنْ غَلَبَ جَوْرُهُ عَدْلَهُ فَلَهُ النَّار» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3736. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने मुसलमानों की कज़ाअ तलब की और वह इसे मयस्सर आ गई, फिर उस का अदल उस के ज़ुल्म पर ग़ालिब रहा तो उस के लिए जन्नत है, और जिस शख़्स के अदल पर उस का ज़ुल्म ग़ालिब रहा तो उस के लिए जहन्नम है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3575) * فيه موسى بن نجدة : مجهول

٣٧٣٧ - (ضَعِيف) وَعَنْ مُعَاذِ بْنِ جَبَلٍ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمَّا بَعَثَهُ إِلَى الْيَمين قَالَ: «كَيْفَ تَقْضِي إِذَا عَرَضَ لَكَ قَضَاءٌ؟» قَالَ: أَقْضِي بِكِتَابِ اللَّهِ قَالَ: «فَإِنْ لَمْ تَجِدْ فِي كِتَابِ اللَّهِ؟» قَالَ: فَبِسُنَّةِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «فَإِنْ لَمْ تَجِدْ فِي سُنَّةِ رَسُولِ اللَّهِ؟» قَالَ: أَجْتَهِدُ رَأْيِي وَلَا آلُو قَالَ: فَضَرَبَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى صَدْرِهِ وَقَالَ: «الْحَمْدُ لِلَّهِ الَّذِي وَفَّقَ رَسُولَ رَسُولِ اللَّهِ لِمَا يَرْضَى بِهِ رَسُولُ اللَّهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد والدارمي

3737. मुआज़ बिन जबल रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने जब उन्हें यमन भेजा तो फ़रमाया: “जब कोई मुकदमा तुम्हारे सामने पेश आएगा तो तुम कैसे फैसला करोगे ?” उन्होंने अर्ज़ किया, मैं अल्लाह की किताब के मुताबिक फैसला करूँगा, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर तुम अल्लाह की किताब में न पाओ ?” अर्ज़ किया, फिर रसूलुल्लाह ﷺ की सुन्नत के मुताबिक, फ़रमाया: “अगर तुम रसूल अल्लाह (ﷺ) की सुन्नत में न पाओ ?” अर्ज़ किया, मैं अपने राय से इज्तीहाद करूँगा, और कोई कसर नहीं उठा रखूँगा, वह बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने (अज़राहे ख़ुशी) मेरे सिने पर हाथ मार कर फ़रमाया: “हर किस्म की तारीफ़ अल्लाह के लिए है जिस ने रसूल अल्लाह (ﷺ) के कासिद को इस चीज़ की तौफिक दी जिसे अल्लाह के रसूल! (ﷺ) पसंद फरमाते हैं”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (1337 وقال : وليس اسناده عندی بمتصل) و ابوداؤد (3593) و الدارمی (1 / 60 ح 170) * فيه ناس من اصحاب معاذ : مجاهيل كلهم ولو كان فيهم ثقة لسماه الحارث : المجهول ، وله شاهد موضوع و الحديث ضعفه البخاری ، و الدارقطنی و الترمذی وغيرهم و اخطا من صححه

٣٧٣٨ - (لم تتمّ دراسته) عَن عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: بَعَثَنِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى الْيَمَنِ قَاضِيًا فَقُلْتُ: يَا رَسُولَ

اللَّهِ تُرْسِلُنِي وَأَنَا حَدِيثُ السِّنِّ وَلَا عِلْمَ لِي بِالْقَضَاءِ؟ فَقَالَ: «إِنَّ اللَّهَ سَيَهْدِي قَلْبَكَ وَيُثَبِّتُ لِسَانَكَ إِذَا تَقَاضَى إِلَيْكَ رَجُلَانِ فَلَا تَقْضِ لِلْأَوَّلِ حَتَّى تَسْمَعَ كَلَامَ الْآخَرِ فَإِنَّهُ أَحْرَى أَنْ يَتَبَيَّنَ لَكَ الْقَضَاءُ» . قَالَ: فَمَا شَكَكْتُ فِي قَضَاءٍ بَعْدُ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ»» وَسَنَذْكُرُ حَدِيثَ أُمِّ سَلَمَةَ: «إِنَّمَا أَقْضِي بَيْنَكُمْ بِرأيي» فِي بَابِ «الْأَقْضِيَةِ وَالشَّهَادَاتِ» إِنْ شَاءَ اللَّهُ تَعَالَى

3738. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे यमन का क़ाज़ी बना कर भेजा तो मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! आप मुझे भेज रहे हैं जबकि मैं नौ जवान हूँ और मुझे कज़ा के बारे में इल्म भी नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक अनकरीब अल्लाह तेरे दिल की रहनुमाई करेगा और तेरी ज़ुबान को इस्तिकामत अता फरमाएगा, जब दो आदमी तेरे पास मुकदमा लेकर आए तो दूसरे फरीक की बात सुने बगैर पहले फरीक के हक़ में फैसला न करना क्योंकि यह लायक तर है के तेरे लिए कज़ा वाज़ेह हो जाए”, अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, उस के बाद मुझे कज़ा में शक नहीं हुवा| और उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा से मरवी हदीस: “मैं तुम्हारे दरमियान अपनी राय से फैसला करूँगा”| को हम “ बाब अल कज़ा व अशहादात” मैं इनशाअल्लाह तआला ज़िक्र करेंगे| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذی (1331 وقال : حسن) و ابوداؤد (3582) و ابن ماجه (2310) * شریک القاضی مدلس و عنعن و حنش بن المعتمر ضعيف ضعفه الجمهور و للحديث شواهد ضعيفة عند ابن ماجه (2310) وغيره0 حديث ام سلمة یاتی (3770)

بَابُ الْعَمَلِ فِي الْقَضَاءِ وَالْخَوْفِ مِنْهُ • फैसला करने और इस से डरने का बयान

الْفَصْلُ الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٧٣٩ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَا مِنْ حَاكِمٍ يَحْكُمُ بَيْنَ النَّاسِ إِلَّا جَاءَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَمَلَكٌ آخِذٌ بِقَفَاهُ ثُمَّ يَرْفَعُ رَأْسَهُ إِلَى السَّمَاءِ فَإِنْ قَالَ: أَلْقِهْ أَلْقَاهُ فِي مَهْوَاةٍ أَرْبَعِينَ خَرِيفًا ". رَوَاهُ أَحْمَدُ وَابْنُ مَاجَهْ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَان

3739. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो हाकिम भी लोगों के दरमियान फैसले करता है वह कियामत के दिन इस हाल में आएगा के एक फ़रिश्ता इसे गुद्दी से पकड़े होगा, फिर वह अपना सर आसमान की तरफ उठाएगा अगर अल्लाह तआला ने कहा: इसे फेंक दो वह इसे चालीस साल (की मुसाफ़त की गहराई) के घड़े में फेंक देगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (1 / 430 ح 4097) و ابن ماجه (2311) و البیهقی فی شعب الایمان (7533) * ضعيف ، و السند ضعفه البوصیری

٣٧٤٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَيَأْتِيَنَّ عَلَى الْقَاضِي الْعَدْلِ يومُ القيامةِ يَتَمَنَّى أَنَّهُ لَمْ يَقْضِ بَيْنَ اثْنَيْنِ فِي تَمْرَة قطّ» . رَوَاهُ أَحْمد

3740. आइशा रदियल्लाहु अन्हा रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करती हैं आप ﷺ ने फ़रमाया: “रोज़ ए कियामत आदिल क़ाज़ी भी यह आरज़ू करेगा के काश उस ने दो आदमियों के दरमियान कभी एक खजूर का भी फैसला न किया होता”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (6 / 75 ح 24968) [و صححه ابن حبان (1563) و حسنه البيهقى (مجمع الزوائد 4 / 192) واشار المنذرى الى انه حسن (الترغيب و الترهيب 3 / 157)] * فيه صالح بن سرج و ابن العلاء و ثقهما ابن حبان وحده من آئمة الجرح و التعديل فهما مستوران ، انظر بلوغ المرام بتحقيقى (1196)

٣٧٤١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ أَبِي أَوْفَى قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ [ص:١١٠ مَعَ الْقَاضِي مَا لَمْ يَجُرْ فَإِذَا جَارَ تَخَلَّى عَنْهُ وَلَزِمَهُ الشَّيْطَانُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَفِي رِوَايَةٍ: «فَإِذَا جارَ وَكله إِلَى نَفسه»

3741. अब्दुल्लाह बिन अबी अव्फी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तक क़ाज़ी ज़ुल्म न करे तो अल्लाह उस के साथ होता है, जब वह ज़ुल्म करता है तो वह उस से अलग हो जाता है और शैतान उस के साथ लग जाता है”| और एक रिवायत में है: “जब वह ज़ुल्म करता है तो अल्लाह इसे उस के नफ्स के सुपुर्द कर देता है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (1330 وقال : غريب) و ابن ماجه (2312)

٣٧٤٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سَعِيدِ بْنِ الْمُسَيَّبِ: أَنَّ مُسْلِمًا وَيَهُودِيًّا اخْتَصَمَا إِلَى عُمَرَ فَرَأَى الْحَقَّ لِلْيَهُودِيِّ فَقَضَى لَهُ عُمَرُ بِهِ فَقَالَ لَهُ الْيَهُودِيُّ: وَاللَّهِ لَقَدْ قَضَيْتَ بِالْحَقِّ فَضَرَبَهُ عُمَرُ بِالدِّرَّةِ وَقَالَ: وَمَا يُدْرِيكَ؟ فَقَالَ الْيَهُودِيُّ: وَاللَّهِ إِنَّا نَجِدُ فِي التَّوْرَاةِ أَنَّهُ لَيْسَ قَاضٍ يَقْضِي بِالْحَقِّ إِلَّا كَانَ عَنْ يَمِينِهِ مَلَكٌ وَعَنْ شِمَالِهِ مَلَكٌ يُسَدِّدَانِهِ وَيُوَفِّقَانِهِ لِلْحَقِّ مَا دَامَ مَعَ الْحَقِّ فَإِذَا ترك الحقَّ عرَجا وترَكاهُ. رَوَاهُ مَالك

3742. सईद बिन मुसय्यब से रिवायत है के एक मुसलमान और एक यहूदी उमर रदियल्लाहु अन्हु के पास मुकदमा लेकर आए तो हज़रत उमर रदियल्लाहु अन्हु ने महसूस किया के यहूदी हक़ पर है इसलिए उन्होंने यहूदी के हक़ में फैसला कर दिया तो यहूदी ने उन्हें कहा: अल्लाह की क़सम! आप ने हक़ के मुताबिक फैसला किया, उमर रदियल्लाहु अन्हु ने इसे दुर्रह मारा और फ़रमाया: तुझे कैसे पता चला? यहूदी ने कहा: अल्लाह की क़सम! हम तौरात में (लिखा हुवा) पाते है की जो क़ाज़ी हक़ के मुताबिक फैसला करता है तो उस के दाएँ बाएँ एक एक फ़रिश्ता होता है, वह दोनों इसे हक़ के लिए दुरुस्त रखते है, और इसे हक़ देने की कोशिश करते हैं, जब वह हक़ छोड़ देता है तो वह दोनों (आसमान की तरफ) ऊपर चढ़ जाते हैं, और इसे छोड़ देते है”| (सहीह)

صحيح ، رواه مالک (الموطا 2 / 719 ح 1461 و سنده صحيح)

٣٧٤٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ مَوْهَبٍ: أَنَّ عُثْمَانَ بْنِ عَفَّانَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ لِابْنِ عُمَرَ: اقْضِ بَين النَّاس قَالَ: أَو تعاقبني يَا أَمِيرَ الْمُؤْمِنِينَ؟ قَالَ: وَمَا تَكْرَهُ مِنْ ذَلِك وَقد كَانَ أَبوك قَاضِيا؟ قَالَ: لِأَنِّي سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ كَانَ قَاضِيًا فَقَضَى بِالْعَدْلِ فَبِالْحَرِيِّ أَنْ يَنْقَلِبَ مِنْهُ كَفَافًا» . فَمَا راجعَه بعدَ ذَلِك. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3743. इब्ने मवहब से रिवायत है के उस्मान बिन अफ्फान रदियल्लाहु अन्हु ने इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से फ़रमाया: “लोगो के दरमियान क़ाज़ी बनना कबूल करो, उन्होंने कहा: अमीर अल मोमिनीन! आप मुझे मुआफ़ नहीं फरमा देते? उन्होंने ने फ़रमाया: आप इसे नापसंद क्यों करते हैं, जबकि आप के वालिद फैसले किया करते थे, उन्होंने कहा: मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो शख़्स क़ाज़ी हो और वह इंसाफ से फैसले करे तो यह ज़्यादा लायक है के वह (काज़ी) से बराबर बराबर रह जाए”, उस्मान रदियल्लाहु अन्हु ने उस के बाद उन्हें नहीं कहा| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (1322 وقال : غریب ، لیس اسناده عنده بمتصل) * فیه عبدالملک بن ابی جمیلة : مجھول و السند منقطع

٣٧٤٤ - (لم تتمّ دراسته) وَفِي رِوَايَةِ رَزِينٍ عَنْ نَافِعٍ أَنَّ ابْنَ عُمَرَ قَالَ لِعُثْمَانَ: يَا أَمِيرَ الْمُؤْمِنِينَ لَا أَقْضِي بَيْنَ رَجُلَيْنِ: قَالَ: فَإِنَّ أَبَاكَ كَانَ يَقْضِي فَقَالَ: إِنَّ أَبِي لَوْ أُشْكِلَ عَلَيْهِ شَيْءٌ سَأَلَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَلَوْ أُشْكِلَ عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ شَيْءٌ سَأَلَ جِبْرِيلَ عَلَيْهِ السَّلَامُ وَإِنِّي لَا أَجِدُ مَنْ أَسْأَلُهُ وَسَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ عَاذَ بِاللَّهِ فَقَدْ عَاذَ بِعَظِيمٍ» . وَسَمِعْتُهُ يَقُولُ: «مَنْ عَاذَ بِاللَّهِ فَأَعِيذُوهُ» . وَإِنِّي أَعُوذُ باللَّهِ أَنْ تجعلَني قاضِياً فأعْفاهُ وَقَالَ: لَا تُخبرْ أحدا

3744. रजीन की नाफेअ की सनद से मरवी रिवायत में है की इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा ने उस्मान रदियल्लाहु अन्हु से फ़रमाया: अमीर अल मोमिनीन! मैं दो आदमियों के दरमियान भी फैसला नहीं करूँगा, उन्होंने ने फ़रमाया: आप के वालिद तो फैसला किया करते थे, उन्होंने कहा: मेरे वालिद को किसी मसअले में अश्काल होता तो वह रसूलुल्लाह ﷺ से पूछ लिया करते थे, अगर रसूलुल्लाह ﷺ को किसी मसअले में उलझन होती तो वह जिब्राइल से पूछ लेते थे, जबकि मैं ऐसा कोई शख़्स नहीं पाता जिस से में पूछलूँ और मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस ने अल्लाह की पनाह हासिल की तो उस ने एक अज़ीम ज़ात की पनाह हासिल की”, और मैंने आप ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो शख़्स अल्लाह के वास्ते से पनाह तलब कर ले तो इसे पनाह दे दो”, और मैं अल्लाह की पनाह चाहता हूँ कि तुम मुझे क़ाज़ी बनाओ, उन्होंने उस से दरगुज़र किया और फ़रमाया किसी को न बताना| (ज़ईफ़)

ضعیف ، رواہ رزین (لم اجدہ) * ولہ شاھد عند احمد (1 / 66 ح 475) و سندہ ضعیف ، فیہ ابوسنان عیسی بن سنان القسملی ضعیف و شاھد آخر عند الترمذی (1322 ، انظر الحدیث السابق) و سندہ ضعیف

بَاب رزق الْوُلَاة وهداياهم • हुक्मरानों के वाज़ाईफ़ और इन की तहाईफ का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٣٧٤٥ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا أُعْطِيكُمْ وَلَا أَمْنَعُكُمْ أَنَا قَاسِمٌ أَضَعُ حَيْثُ أُمِرْتُ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3745. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ना मैं तुम्हें देता हूँ और न तुम से रोकता हूँ, मैं तो तकसीम करने वाला हूँ में तो इसी जगह पर खर्च करता हूँ जहाँ के मुताल्लिक मुझे हुक्म दिया जाता है”| (बुखारी)

رواه البخارى (3117)

٣٧٤٦ - (صَحِيح) وَعَن خَوْلَةَ الْأَنْصَارِيَّةِ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ رِجَالًا يَتَخَوَّضُونَ فِي مَالِ اللَّهِ بِغَيْرِ حَقٍّ فَلَهُمُ النَّارُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3746. खवलत अंसारी रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कुछ लोग अल्लाह के माल (बय्तुल माल) में नाहक तसरीफ करते हैं, रोज़ ए कियामत इन के लिए (जहन्नम की) आग है”| (बुखारी)

رواه البخارى (3118)

٣٧٤٧ - (صَحِيح) وَعَن عائشةَ قَالَتْ: لِمَّا اسْتُخْلِفَ أَبُو بَكْرٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: لَقَدْ عَلِمَ قَوْمِي أَنَّ حِرْفَتِي لم تكنْ تعجزُ عَن مؤونةِ أَهْلِي وَشُغِلْتُ بِأَمْرِ الْمُسْلِمِينَ فَسَيَأْكُلُ آلُ أَبِي بَكْرٍ مِنْ هَذَا المَالِ وَيَحْتَرِفُ لِلْمُسْلِمِينَ فِيهِ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3747. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु खलीफा बने तो उन्होंने ने फ़रमाया: “मेरी कौम जानती है के मेरा कारोबार मेरे अहले खाना के इखराजात के लिए काफी था, मुझे मुसलमानों के मुआमलात के हवाले से मशगुल कर दिया गया है लिहाज़ा आले अबू बक्र इस माल से खाएंगे और अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु मुसलमानों के लिए काम करेंगे| (बुखारी)

رواه البخارى (2070)

बَاب رزق الْوُلَاة وهداياهم • हुक्मरानों के वाज़ाईफ़ और इन की तहाईफ का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٧٤٨ - (صَحِيح) عَن بُرَيْدَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنِ اسْتَعْمَلْنَاهُ عَلَى عَمَلٍ فَرَزَقْنَاهُ رِزْقًا فَمَا أَخَذَ بَعْدَ ذَلِكَ فَهُوَ غُلُولٌ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3748. बुरैदा (र), नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “हम जिस शख़्स को किसी काम पर मुकर्रर करे और इसे तनख्वाह भी दें, और फिर उस के अलावा जो माल वह हासिल करेगा वह खयानत है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2943) [و صححه ابن خزيمة (2369) و الحاكم على شرط الشيخين (1 / 406) و وافقه الذهبى]

٣٧٤٩ - (صَحِيح) وَعَنْ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: عَمِلْتُ عَلَى عَهْدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فعملني. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3749. उमर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ के दौर में (अमारत का) काम किया तो आप ने मुझे उजरत अता फरमाई| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (2944) [و مسلم (1045)]

٣٧٥٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن مُعَاذٍ قَالَ: بَعَثَنِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى الْيَمَنِ فَلَمَّا سِرْتُ أَرْسَلَ فِي أَثَرِي فَرُدِدْتُ فَقَالَ: «أَتَدْرِي لِمَ بَعَثْتُ إِلَيْكَ؟ لَا تُصِيبَنَّ شَيْئًا بِغَيْرِ إِذْنِي فَإِنَّهُ غُلُولٌ وَمَنْ يَغْلُلْ يَأْتِ بِمَا غَلَّ يَوْمَ الْقِيَامَةِ لِهَذَا دعوتك فَامْضِ لعملك» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3750. मुआज़ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे यमन की तरफ भेजा जब में चला तो आप ने मेरे पीछे कासिद भेज कर मुझे वापस बुला लिया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तू जानता है के मैंने तुम्हारी तरफ (कासिद) क्यों भेजा? (इसलिए के तुम्हें कोई वसीयत करूँ) तुम मेरी इजाज़त के बगैर कोई चीज़ न लेना, क्योंकि (अगर तुम लोगे तो) वह खयानत होगी, और जो शख़्स खयानत करेगा वह इस खयानत को रोज़ ए कियामत लेकर हाज़िर होगा, मैंने इसीलिए तुम्हें वापस बुलाया था, अब तुम अपने काम के लिए जाओ”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (1335 وقال : حسن غريب) * داود الاودى : ضعيف

٣٧٥١ - (صَحِيح) وَعَن المستَوْرِدِ بنِ شدَّادٍ قَالَ: سَمِعْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ كَانَ لَنَا عَامِلًا فَلْيَكْتَسِبْ زَوْجَةً

فَإِنْ لَمْ يَكُنْ لَهُ خَادِمٌ فَلْيَكْتَسِبْ خَادِمًا فَإِنْ لَمْ يَكُنْ لَهُ مَسْكَنٌ فَلْيَكْتَسِبْ مَسْكَنًا» . وَفِي رِوَايَةٍ: «مَنِ اتَّخَذَ غَيْرَ ذَلِكَ فَهُوَ غالٌّ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3751. मुसतवरिद बिन सद्दाद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो शख़्स हमारा आमला (हुक्मरान/ गवर्नर) हो (और अगर उसकी बीवी न हो तो वह बैतूल माल में से हक़ महर अदा कर के) शादी कर ले, अगर उस का खादिम न हो तो वह खादिम खरीद ले और अगर उसकी रिहाइश न हो तो वह रिहाइश खरीद ले”| एक दूसरी रिवायत में है: “जिस ने उस के अलावा कुछ हासिल किया तो वह खयानत करने वाला है”| (सहीह)

صحیح ، رواہ ابوداؤد (2945)

٣٧٥٢ - (صَحِيح) وَعَن عَدِيِّ بنِ عَمِيرةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «يَا أَيُّهَا النَّاسُ مَنْ عُمِّلَ مِنْكُمْ لَنَا عَلَى عَمَلٍ فَكَتَمَنَا مِنْهُ مِخْيَطًا فَمَا فَوْقَهُ فَهُوَ غَالٌّ يَأْتِي بِهِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . فَقَامَ رَجُلٌ مِنَ الْأَنْصَارِ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ اقْبَلْ عَنِّي عَمَلَكَ. قَالَ: «وَمَا ذَاكَ؟» قَالَ: سَمِعْتُكَ تَقُولُ: كَذَا وَكَذَا قَالَ: «وَأَنَا أَقُولُ ذَلِكَ مَنِ اسْتَعْمَلْنَاهُ عَلَى عَمَلٍ فَلْيَأْتِ بِقَلِيلِهِ وَكَثِيرِهِ فَمَا أُوتِيَ مِنْهُ أَخَذَهُ وَمَا نُهِيَ عَنْهُ انْتَهَى» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ وَأَبُو دَاوُد وَاللَّفْظ لَهُ

3752. अदि बिन उमैर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “लोगो! तुम में से जिस शख़्स को हमारे किसी काम पर आमला मुकर्रर किया जाए और वह उस में से सुई या उस से कोई छोटी बड़ी चीज़ हम से छिपा ले तो वह खयानत करने वाला है, वह रोज़ ए कियामत इसे लेकर आएगा”, (ये बात सुन कर) अंसार में से एक आदमी खड़ा हुआ और उस ने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! आप अपने तक्विज़ करदा ज़िम्मेदारी मुझ से वापस ले लें, आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो किस लिए ?” उस ने अर्ज़ किया, मैंने आप को ऐसे ऐसे फरमाते हुए सुना है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं यह कहता हूँ, हम जिस शख़्स को आमला मुकर्रर करे तो उसे चाहिए के वह हासिल होने वाली हर मुख़्तसर व कसीर चीज़ पेश करे, और फिर उस में से जो इसे दिया जाए वह इसे ले ले और जिस चीज़ से इसे रोक दिया जाए तो वह उस से रुक जाए”| मुस्लिम, अबू दावुद, और अल्फ़ाज़ हदीस अबू दावुद के हैं | (मुस्लिम)

رواہ مسلم (30 / 1833) و ابوداؤد (3581)، (4743)

٣٧٥٣ - (صَحِيح) وَعَن عبد الله بن عَمْرو قَالَ: لَعَنَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم الرَّاشِيَ وَالْمُرْتَشِيَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

3753. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने रिश्वत देने वाले और रिश्वत लेने वाले पर लानत फ़रमाई है| (हसन)

اسنادہ حسن ، رواہ ابوداؤد (3580) و ابن ماجہ (2313)

٣٧٥٤ - (صَحِيح) وَرَوَاهُ التِّرْمِذِيّ عَنهُ وَعَن أبي هُرَيْرَة

3754. इमाम तिरमिज़ी ने अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से और अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1337 وقال : حسن صحیح)

٣٧٥٥ - (صَحِيح) وَرَوَاهُ أَحْمَدُ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي «شُعَبِ الْإِيمَانِ» عَنِ ثَوْبَانَ وَزَادَ: «وَالرَّائِشَ» يَعْنِي الَّذِي يَمْشِي بَيْنَهُمَا

3755. इमाम अहमद ने इसे रिवायत किया है और इमाम बयहकी ने शौबुल ईमान में उसे सौबान रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| और उस में यह इज़ाफा नकल किया है (وَالرَّائِشَ) यानी जो दोनों (रिश्वत देने वाले और रिश्वत लेने वाले) के दरमियान मुआमला तेअ कराता है (इस पर भी लानत फरमाई)| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ احمد (5 / 279) و البیھقی فی شعب الایمان (5503 ، نسخۃ محققۃ : 5115) * فیہ لیث بن ابی سلیم ضعیف و شیخہ ابو الخطاب مجھول

٣٧٥٦ - (صَحِيح) وَعَن عَمْرِو بن العاص قَالَ: أَرْسَلَ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَنِ اجْمَعْ عَلَيْكَ سِلَاحَكَ وَثِيَابَكَ ثُمَّ ائْتِنِي» قَالَ: فَأَتَيْتُهُ وَهُوَ يَتَوَضَّأُ فَقَالَ: «يَا عَمْرُو إِنِّي أَرْسَلْتُ إِلَيْكَ لِأَبْعَثَكَ فِي وُجْةٍ يُسَلِّمُكَ اللَّهُ وَيُغَنِّمُكَ وَأَزْعَبَ لَكَ زَعْبَةً مِنَ الْمَالِ» . فَقُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَا كَانَتْ هِجْرَتِي لِلْمَالِ وَمَا كَانَتْ إِلَّا لِلَّهِ ولرسوله قَالَ: «نِعِمَّا بِالْمَالِ الصَّالِحِ لِلرَّجُلِ الصَّالِحِ» . رَوَاهُ فِي «شَرْحِ [ص:١١٠ السُّنَّةِ» وَرَوَى أَحْمَدُ نَحْوَهُ وَفِي روايته: قَالَ: «نِعْمَ المالُ الصَّالحُ للرَّجُلِ الصالحِ»

3756. अमर बिन आस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे पैग़ाम भेजा की मैं अपना अस्लिहा और कपड़े जमा कर के आप ﷺ की खिदमत में पेश कर दू, वह बयान करते हैं, मैं हाज़िर ए खिदमत हुआ तो आप वुज़ू फरमा रहे थे, आप ने फ़रमाया: "अमर! मैंने तुम्हारी तरफ पैग़ाम भेजा था की मैं तुम्हें किसी मुहीम पर रवाना करू, अल्लाह तुम्हें सलामत रखे, तुम्हें माले गनीमत अता फरमाए और मैं तुम्हें कुछ माल अता करूँगा", मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मेरी हिजरत माल की खातिर नहीं थी, वह तो महज़ अल्लाह और उस के रसूल की खातिर थी, आप ﷺ ने फ़रमाया: "हलाल माल, स्वालेह मर्द के लिए अच्छा है"| शरह सुन्ना और इमाम अहमद ने भी इसी तरह रिवायत किया है उस के अल्फाज़ यह है: "स्वालेह इंसान के लिए हलाल माल बेहतर है"| (हसन)

اسنادہ حسن ، رواہ البغوی فی شرح السنۃ (10 / 91 ح 2495) و احمد (4 / 197 ، 202 ح 17915 ، 17975)

بَاب رزق الْوُلَاة و هداياهم • हुक्मरानों के वाज़ाईफ़ और इन की तहाईफ का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٧٥٧ - (حسن) عَنْ أَبِي أُمَامَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ شَفَعَ لِأَحَدٍ شَفَاعَةً فَأَهْدَى لَهُ هَدِيَّةً عَلَيْهَا فَقَبِلَهَا فَقَدْ أَتَى بَابًا عَظِيمًا مِنْ أَبْوَابِ الرِّبَا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3757. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस ने किसी की सिफारिश की, और वह इसे (सिफारिश करने) की वजह से कोई तोहफा पेश करे और सिफारिश करने वाला इस तोहफे को कबूल करे तो वह सूद के दरवाज़ो में से एक बड़े दरवाज़े में दाखिल हो गया”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3541) * عبدالله بن وهب مدلس و عنعن و للحديث شواهد ضعيفة

بَاب الْأَقْضِيَة و الشهادات • फैसलों और गवाहों का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٣٧٥٨ - (صَحِيح) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَوْ يُعْطَى النَّاسُ بِدَعْوَاهُمْ لَادَّعَى نَاسٌ دِمَاءَ رِجَالٍ وَأَمْوَالَهُمْ وَلَكِنَّ الْيَمِينَ عَلَى الْمُدَّعَى عَلَيْهِ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ وَفِي «شَرْحِهِ لِلنَّوَوِيِّ» أَنَّهُ قَالَ: وَجَاءَ فِي رِوَايَةِ «الْبَيْهَقِيِّ» بِإِسْنَادٍ حَسَنٍ أَوْ صَحِيحٍ زِيَادَةٌ عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ مَرْفُوعًا: «لَكِنَّ الْبَيِّنَةَ على المدَّعي واليمينَ على مَنْ أنكر»

3758. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर लोगों को महज़ उन के दावे की बुनियाद पर दे दिया जाए तो लोग आदमियों के खून और अमवाल का दावे करने लगेंगे, लेकिन क़सम मुदई अलई के जिम्मे है”| इमाम नववी रहिमहुल्लाह ने सहीह मुस्लिम की शरह में फ़रमाया बयहकी की रिवायत में हसन या सहीह सनद के साथ इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से मरवी मरफ़ुअ रिवायत में यह अल्फाज़ ज़्यादा हैं: “लेकिन मुदई के जिम्मे दलील व गवाही पेश करना है और जो शख़्स इनकार करे उस के जिम्मे क़सम है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (1 / 1711)، (4470) و شرح النووى (12 / 3) و السنن الكبرى للبيهقى (10 / 252)

٣٧٥٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ حَلَفَ عَلَى يَمِينِ صَبْرٍ وَهُوَ فِيهَا فَاجِرٌ يَقْتَطِعُ بِهَا مَالَ امْرِئٍ مُسْلِمٍ لَقِيَ اللَّهَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَهُوَ عَلَيْهِ غَضْبَانُ» فَأَنْزَلَ اللَّهُ تَصْدِيقَ ذَلِكَ: (إِنَّ الَّذِينَ يشترونَ بعهدِ اللَّهِ وأيمانِهمْ ثمنا قَلِيلا)»» إِلَى آخر الْآيَة

3759. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स किसी मुसलमान का माल हासिल करने के लिए जान बुझकर झूठी क़सम उठाए तो वह रोज़ ए कियामत जब अल्लाह से मुलाकात करेगा तो वह इस शख़्स पर नाराज़ होगा”| अल्लाह तआला ने उसकी तस्दीक में यह आयत नाज़िल फरमाई: “बेशक जो लोग अल्लाह के अहद और अपने कसमो के बदले में ठोड़ी सी कीमत वुसुल करते हैं ....”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (4549) و مسلم (220 / 138)، (355)

٣٧٦٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنِ اقْتَطَعَ حَقَّ امْرِئٍ مُسْلِمٍ بِيَمِينِهِ فَقَدْ أَوْجَبَ اللَّهُ لَهُ النَّارَ وَحَرَّمَ اللَّهُ عَلَيْهِ الْجَنَّةَ» فَقَالَ لَهُ رَجُلٌ: وَإِنْ كَانَ شَيْئًا يسير يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ قَالَ: «وَإِنْ كَانَ قَضِيبًا من أَرَاك» . رَوَاهُ مُسلم

3760. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने अपनी कसम के ज़रिए किसी मुसलमान शख़्स का हक़ हासिल किया तो अल्लाह ने उस के लिए जहन्नम को वाजिब कर दिया और उस पर जन्नत को हराम करार दे दिया”, (ये बात सुन कर) किसी आदमी ने आप ﷺ से अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! ख्वाह वह मामूली सी चीज़ हो? आप ﷺ ने फ़रमाया: “ख्वाह वह पिलु (मिस्वाक) की शाख हो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (218 / 137)، (353)

٣٧٦١ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ أُمِّ سَلَمَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّمَا أَنَا بَشَرٌ وَإِنَّكُمْ تَخْتَصِمُونَ إِلَيَّ وَلَعَلَّ بَعْضَكُمْ أَنْ يَكُونَ أَلْحَنَ بِحُجَّتِهِ مِنْ بَعْضٍ فَأَقْضِي لَهُ عَلَى نَحْوِ مَا أَسْمَعُ مِنْهُ فَمَنْ قَضَيْتُ لَهُ بِشَيْءٍ مِنْ حَقِّ أَخِيهِ فَلَا يَأْخُذَنَّهُ فَإِنَّمَا أَقْطَعُ لَهُ قِطْعَةً مِنَ النَّار»

3761. उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मैं भी एक इंसान हूँ, तुम अपने मुकदमात मेरे पास लाते हो, और मुमकिन है के तुम में से कोई अपने दलील दूसरे की निस्बत ज़्यादा फ़साहत के साथ पेश कर ले और मैं जो उस से सुनु उस के हक़ में फैसला कर दूँ, जिस शख़्स को उस के मुसलमान भाई के हक़ में से कोई चीज़ दे दि जाए तो वह इसे हासिल न करे, (गोया इस तरह) में उसे (जहन्नम की) आग का एक टुकड़ा दे रहा हूँ”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6967) و مسلم (4 / 1713)، (4473)

٣٧٦٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ أَبْغَضَ الرِّجَالِ إِلَى اللَّهِ الْأَلَدُّ الخَصِمُ»

3762. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सख्त झगड़ालू शख़्स अल्लाह के नज़दीक इन्तिहाई नापसंदीदा शख़्स है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2457) و مسلم (5 / 2668)، (6780)

٣٧٦٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم قضى بِيَمِين وَشَاهد. رَوَاهُ مُسلم

3763. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने क़सम और एक गवाह के साथ फैसला किया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (3 / 1712)، (4472)

٣٧٦٤ - (صَحِيح) وَعَنْ عَلْقَمَةَ بْنِ وَائِلٍ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ مِنْ حَضْرَمَوْتَ وَرَجُلٌ مِنْ كِنْدَةَ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ الْحَضْرَمِيُّ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ هَذَا غَلَبَنِي عَلَى أَرْضٍ لِي فَقَالَ الْكِنْدِيُّ: هِيَ أَرْضِي وَفِي يَدِي لَيْسَ لَهُ فِيهَا حَقٌّ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِلْحَضْرَمِيِّ: «أَلَكَ بَيِّنَةٌ؟» قَالَ: لَا قَالَ: «فَلَكَ يَمِينُهُ» قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ الرَّجُلَ فَاجِرٌ لَا يُبَالِي عَلَى مَا حَلَفَ عَلَيْهِ وَلَيْسَ يَتَوَرَّعُ منْ شيءٍ قَالَ: «ليسَ لكَ مِنْهُ إِلَّا ذَلِكَ» . فَانْطَلَقَ لِيَحْلِفَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمَّا [ص:١١١ أَدْبَرَ: «لَئِنْ حَلَفَ عَلَى مَالِهِ لِيَأْكُلَهُ ظُلْمًا لَيَلْقَيَنَّ اللَّهَ وَهُوَ عَنهُ معرض» . رَوَاهُ مُسلم

3764. अल्कमा बिन वाइल अपने वालिद से रिवायत करते हैं, एक आदमी हज्र मव्त से और एक आदमी किन्दत से नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो हज्रमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! इस शख़्स ने मेरी ज़मीन पर कब्ज़ा कर लिया है, किंडिय ने अर्ज़ किया, यह ज़मीन मेरी है और मेरे कब्ज़े में है, इस का उस पर कोई हक़ नहीं, नबी ﷺ ने हज्रमी से फ़रमाया: “क्या तुम्हारे पास कोई दलील है?” उस ने अर्ज़ किया, नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम उस से क़सम ले लो”, उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! वह तो एक फ़ाजिर शख़्स है, वह क़सम की कोई परवाह नहीं करता है और न किसी चीज़ से परहेज़ करता है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हें उस से यही कुछ मिल सकता है” जब वह (किंडिय) क़सम खाने चला तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर उस ने उस का नाहक माल खाने के लिए क़सम उठाई तो यह अल्लाह से इस हाल में मुलाकात करेगा के वह उस से एअराज़ फरमाएगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (223 / 139)، (358)

٣٧٦٥ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّهُ سَمِعَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنِ ادَّعَى مَا لَيْسَ لَهُ فَلَيْسَ مِنَّا وَلْيَتَبَوَّأْ مَقْعَدَهُ مِنَ النَّارِ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3765. अबू ज़र रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस ने किसी ऐसी

चिज़ का दावा किया जो के उसकी नहीं तो वह अपना ठिकाना जहन्नम में बना ले”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (112 / 61)، (217)

٣٧٦٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ زَيْدِ بْنِ خَالِدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَلَا أُخْبِرُكُمْ بِخَيْرِ الشُّهَدَاءِ؟ الَّذِي يَأْتِي بشهادتِهِ قبلَ أنْ يسْأَلَهَا» . رَوَاهُ مُسلم

3766. ज़ैद बिन खालिद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क्या मैं तुम्हें बेहतरीन गवाह के मुतल्लिक न बताऊँ? यह वह है जो इस (गवाही) के तलब किए जाने से पहले अपने गवाही पेश कर दे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (19 / 1719)، (4494)

٣٧٦٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «خَيْرُ النَّاسِ قَرْنِي ثُمَّ الَّذِينَ يَلُونَهُمْ ثُمَّ الَّذِينَ يَلُونَهُمْ ثُمَّ يَجِيءُ قَوْمٌ تَسبِقُ شَهَادَة أحدِهِمْ يَمِينه وَيَمِينه شَهَادَته»

3767. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मेरे दौर के लोग (सहाबा किराम) सबसे बेहतर है, फिर वह लोग जो उन के साथ है (ताबियिन) और फिर वह जो उन के साथ है, फिर कुछ ऐसे लोग आएँगे के उनमें से किसी की गवाही उसकी क़सम पर और उसकी क़सम उसकी गवाही पर सबकत ले जाएगी”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3651) و مسلم (212 / 2533)، (6472)

٣٧٦٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَرَضَ عَلَى قَوْمٍ الْيَمِينَ فَأَسْرَعُوا فَأَمَرَ أَنْ يُسْهَمَ بَيْنَهُمْ فِي اليَمينِ أَيُّهُمْ يحْلِفُ. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3768. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने एक कौम पर क़सम पेश की तो उन्होंने (कसम उठाने में) जल्दी की तो आप ﷺ ने हुक्म फ़रमाया के क़सम के बारे में उन के दरमियान कुरा अन्दाज़ी की जाए के उनमें से कौन हलफ उठाएगा| (बुखारी)

رواه البخارى (2674)

फैसलों और गवाहों का बयान • بَاب الْأَقْضِيَة والشهادات

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٣٧٦٩ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْبَيِّنَةُ عَلَى الْمُدَّعِي وَالْيَمِينُ عَلَى الْمُدَّعَى عَلَيْهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3769. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की नबी ﷺ ने फ़रमाया: “गवाह पेश करना मुदई के जिम्मे है और क़सम मुदई अलई के जिम्मे है”| (सहीह)

صحیح ، رواہ الترمذی (1341) [وله شواهد]

٣٧٧٠ - (حَسَنٌ) وَعَنْ أُمِّ سَلَمَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: فِي رَجُلَيْنِ اخْتَصَمَا إِلَيْهِ فِي مَوَارِيثَ لَمْ تَكُنْ لَهُمَا بَيِّنَةٌ إِلَّا دَعْوَاهُمَا فَقَالَ: «مَنْ قَضَيْتُ لَهُ [ص:١١١ بِشَيْءٍ مِنْ حَقِّ أَخِيهِ فَإِنَّمَا أَقْطَعُ لَهُ قِطْعَةً مِنَ النَّارِ» . فَقَالَ الرَّجُلَانِ: كُلُّ وَاحِدٍ مِنْهُمَا: يَا رَسُولَ اللَّهِ حَقِّي هَذَا لِصَاحِبِي فَقَالَ: «لَا وَلَكِنِ اذْهَبَا فَاقْتَسِمَا وَتَوَخَّيَا الْحَقَّ ثُمَّ اسْتَهِمَا ثُمَّ لْيُحَلِّلْ كُلُّ وَاحِدٍ مِنْكُمَا صَاحِبَهُ» . وَفِي رِوَايَةٍ قَالَ: «إِنَّمَا أَقْضِي بَيْنَكُمَا برأيي فِيمَا لم يُنزلْ عليَّ فِيهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3770. उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा दो आदमियों के बारे में नबी ﷺ से रिवायत करती हैं, जिन्होंने मीरास के मुतल्लिक आप की खिदमत में मुकदमा पेश किया, इन दोनों के पास कोई दलील व गवाही नहीं थी, इन दोनों का महज़ दावा ही था, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं जिस शख़्स को उस के (मुसलमान) भाई के हक़ में से कुछ दे दू तो (हक़ीकत में) मैं उसे (जहन्नम की) आग का एक टुकड़ा काट कर दे रहा हूँ”, (ये सुन कर) दोनों में हर एक अर्ज़ करने लगा अल्लाह के रसूल! मेरा यह हक़ मेरे साथी का है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “(ऐसे) नहीं? तुम दोनों जाओ और इंसाफ के तकाज़े पुरे करते हुए तकसीम कर लो, फिर दोनों कुरा अन्दाज़ी करो फिर तुम दोनों में से हर एक अपना हिस्सा अपने साथी के लिए हलाल करार दे”| दूसरी रिवायत में है फ़रमाया: “इस चीज़ के बारे में मुझ पर कोई चीज़ नाज़िल नहीं हुई इसलिए में तुम्हारे दरमियान अपने राय से फैसला करता हूँ”| (हसन)

حسن ، رواہ ابوداؤد (3584 ، 3585)

٣٧٧١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن جابرِ بن عبدِ الله: أَنَّ رَجُلَيْنِ تَدَاعَيَا دَابَّةً فَأَقَامَ كُلُّ وَاحِدٍ مِنْهُمَا الْبَيِّنَةَ أَنَّهَا دَابَّتُهُ نَتَجَهَا فَقَضَى بِهَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِلَّذِي فِي يدِهِ. رَوَاهُ فِي «شرح السّنة»

3771. जाबिर बिन अब्दुल्लाह रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के दो आदमियों ने एक चोपाये पर दावा किया, और उनमें से हर एक ने गवाह पेश किया के उस ने अपने चोपाये को जफ्ती कराया है, रसूलुल्लाह ﷺ ने उस के मुतल्लिक

इस शख़्स के हक़ में फैसला फ़रमाया जिसके वह (कब्जे) में था| (मौज़ू)

اسناده موضوع ، رواه البغوی فی شرح السنة (10 / 106 ح 2504) [و الشافعی فی الام (2 / 238)] * فیه ابراهیم بن ابی یحیی (متروک) عن اسحاق بن ابی فروة (کذاب) عن عمر بن الحکم عن جابر به الخ

٣٧٧٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي مُوسَى الأشعريِّ: أَنَّ رَجُلَيْنِ ادَّعَيَا بَعِيرًا عَلَى عَهْدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَبَعَثَ كُلُّ وَاحِدٍ مِنْهُمَا شَاهِدَيْنَ فَقَسَّمَهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَيْنَهُمَا نِصْفَيْنِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَفِي رِوَايَةٍ لَهُ وَلِلنَّسَائِيِّ وَابْنِ مَاجَهْ: أَنَّ رَجُلَيْنِ ادَّعَيَا بَعِيرًا لَيْسَتْ لِوَاحِدٍ مِنْهُمَا بَيِّنَةٌ فَجَعَلَهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَيْنَهُمَا

3772. अबू मूसा अशअरी रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के दो आदमियों ने रसूलुल्लाह ﷺ के दौर में एक ऊंट के मुतल्लिक दावा किया तो उनमें से हर एक ने दो गवाह पेश किए, नबी ﷺ ने इसे इन दोनों के दरमियान आधा आधा तकसीम फरमा दिया| नसई और इब्ने माजा में उन्हे इसे मरवी हदीस में है की दो आदमियों ने एक ऊंट के मुतल्लिक दावा किया और उनमें से किसी के पास भी गवाह नहीं थे, लिहाज़ा नबी ﷺ ने इसे इन दोनों के दरमियान तकसीम फरमा दिया| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (3615 ، 3615 الروایة الثانیة) و النسائی (8 / 248 ح 5426) و ابن ماجه (2330)

٣٧٧٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي هريرةَ أنَّ رجُلينِ اختصما فِي دَابَّة وَلَيْسَ لَهما بَيِّنَةٌ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «استهِما على اليَمينِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وابنُ مَاجَه

3773. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के दो आदमियों ने किसी जानवर के बारे में झगड़ा किया और इन दोनों के पास कोई गवाही नहीं थी, नबी ﷺ ने फ़रमाया: "क़सम पर कुरा अन्दाज़ी करो" (जिस का कुरा निकल आए वह क़सम दे) | (सहीह)

صحیح ، رواه ابوداؤد (3618) و ابن ماجه (2346)

٣٧٧٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ لِرَجُلٍ حَلَّفَهُ: «احْلِفْ بِاللَّهِ الَّذِي لَا إِلَهَ إِلَّا هُوَ مَاله عِنْدَكَ شَيْءٌ» يُعْنَى لِلْمُدَّعِي. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3774. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने एक आदमी से क़सम लेने का इरादा किया तो फ़रमाया: "अल्लाह की क़सम! उठाओ जिसके सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं के तुम्हारे पास इस शख़्स (यानी मुदई) की कोई चीज़ नहीं"| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (3620)

٣٧٧٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن الأشعثِ بنِ قيسٍ قَالَ: كَانَ بَيْنِي وَبَيْنَ رَجُلٍ مِنَ الْيَهُودِ أرضٌ فجَحَدني فَقَدَّمْتُهُ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «أَلَكَ بَيِّنَةٌ؟» قُلْتُ: لَا قَالَ [ص:١١١ لِلْيَهُودِيِّ: «احْلِفْ» قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِذَنْ يَحْلِفَ وَيَذْهَبَ بِمَالِي فَأَنْزَلَ اللَّهُ تَعَالَى: (إِنَّ الَّذِينَ يشترونَ بعهدِ اللَّهِ وأَيمانِهِم ثمنا قَلِيلا)»» الْآيَة. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

3775. अशअस बिन कैस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मेरी और एक यहूदी की कुछ मुश्तरका ज़मीन थी, उस ने मेरे हिस्से का इनकार कर दिया, मैं अपना मुकदमा लेकर इसे नबी ﷺ के पास ले आया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम्हारे पास कोई गवाही है?” मैंने अर्ज़ किया: नहीं, आप ﷺ ने यहूदी से फ़रमाया: “क़सम उठाओ”, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! वह तो क़सम उठा लेगा और मेरी ज़मीन गसब लेगा, तब अल्लाह तआला ने यह आयत नाज़िल फरमाई: “बेशक जो लोग अल्लाह के अहद और अपने कसमो के बदले में ठोड़ी सी कीमत हासिल करते हैं”| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (3621) و ابن ماجه (2322) [و البخاري (2357) ومسلم (138)]

٣٧٧٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ أَنْ رَجُلًا مَنْ كِنْدَةَ وَرَجُلًا مِنْ حَضْرَمَوْتَ اخْتَصَمَا إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي أَرْضٍ مِنَ الْيَمَنِ فَقَالَ الْحَضْرَمِيُّ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ أَرْضِي اغْتَصَبَنِيهَا أَبُو هَذَا وَهِيَ فِي يَدِهِ قَالَ: «هَلْ لَكَ بَيِّنَةٌ؟» قَالَ: لَا وَلَكِنْ أُحَلِّفُهُ وَاللَّهِ مَا يَعْلَمُ أَنَّهَا أَرْضِي اغْتَصَبَنِيهَا أَبُوهُ؟ فَتَهَيَّأَ الْكِنْدِيُّ لِلْيَمِينِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَقْطَعُ أَحَدٌ مَالًا بِيَمِينٍ إِلَّا لَقِيَ اللَّهَ وَهُوَ أَجْذَمُ» فَقَالَ الْكِنْدِيُّ: هِيَ أرضُهُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3776. अशअस बिन कैस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के किंडिय और हज़्रमी शख़्स ने यमन की ज़मीन के बारे में रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में मुकदमा पेश किया तो हज़्रमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! इस शख़्स के वालिद ने मेरी ज़मीन गसब ली थी और वह अब उस के कब्ज़े में है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम्हारे पास गवाह है?” उस ने अर्ज़ किया, नहीं, लेकिन में उस से क़सम लूँगा (इस तरह के) अल्लाह की क़सम! वह नहीं जानता के बेशक मेरी ज़मीन को उस के वालिद ने गसब किया है, किंडिय क़सम के लिए तैयार हुआ तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स कसम के ज़रिए माल हासिल करता है तो वह अल्लाह से इस हाल में मुलाकात करेगा के वह शख़्स “ अजज़म” होगा”| (यानी उस का हाथ कटा हुआ होगा या उस के पास कोई दलील नहीं होगी) चुनांचे इस किंडिय ने अर्ज़ किया, वह ज़मीन उस एक ही की है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3622 ، 3244) [و صححه ابن حبان (1190) و ابن الجارود (1005) و الحاكم (4 / 295) و وافقه الذهبي]

٣٧٧٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عبدِ اللَّهِ بنِ أُنَيْسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ مِنْ أَكْبَرِ الْكَبَائِرِ الشِّرْكَ بِاللَّهِ وَعُقُوقَ الْوَالِدَيْنِ وَالْيَمِينَ الْغَمُوسَ وَمَا حَلَفَ حَالِفٌ بِاللَّهِ يَمِينَ صَبْرٍ فَأَدْخَلَ فِيهَا مِثْلَ جَنَاحِ بَعُوضَةٍ إِلَّا جُعِلَتْ نُكْتَةً فِي قَلْبِهِ إِلَى يَوْمِ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيب

3777. अब्दुल्लाह बिन उनैस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह के साथ शिर्क करना, वालिदेन की नाफ़रमानी करना और झूठी क़सम खाना कबिराह गुनाहों में से है, और जिस शख़्स ने अल्लाह

की पुख्ता क़सम उठाई और उस में मच्छर के पर के बराबर (झूठ) दाखिल कर दिया तो रोज़ ए कियामत तक उस का दिल में एक नुक्ता लगा दिया जाता है”| तिरमिज़ी, और उन्होंने कहा: यह हदीस ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3020)

٣٧٧٨ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَحْلِفُ أَحَدٌ عِنْدَ مِنْبَرِي هَذَا عَلَى يَمِينٍ آثِمَةٍ وَلَوْ عَلَى سِوَاكٍ أَخْضَرَ إِلَّا تَبَوَّأَ مَقْعَدَهُ مِنَ النَّارِ أَوْ وَجَبَتْ لَهُ النَّارُ» . رَوَاهُ مَالِكٌ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

3778. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स मेरे इस मिम्बर के पास झूठी क़सम उठाता है ख्वाँ वह सब्ज़ मिस्वाक के मुतल्लिक हो तो उस का ठिकाना जहन्नम में बना दिया जाता है या उस के लिए जहन्नम वाजिब हो जाती है”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه مالک (2 / 727 ح 1472) و ابوداؤد (3246) و ابن ماجه (2325)

٣٧٧٩ - وَعَن خُرَيمِ بن فاتكٍ قَالَ: صَلَّى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صَلَاةَ الصُّبْحِ فَلَمَّا انْصَرَفَ قَامَ قَائِمًا فَقَالَ: «عُدِلَتْ شَهَادَةُ الزُّورِ بِالْإِشْرَاكِ بِاللَّهِ» ثَلَاثَ مَرَّاتٍ. ثُمَّ قَرَأَ: (فَاجْتَنِبُوا الرِّجْسَ مِنَ الْأَوْثَانِ وَاجْتَنِبُوا قَوْلَ الزُّورِ حُنَفَاءَ لِلَّهِ غَيْرَ مُشْرِكِينَ بِهِ)»» رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

3779. खरिम बिन फातिक रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने नमाज़ ए फजर अदा की जब आप फारिग़ हुए तो खड़े हो कर तीन मर्तबा फ़रमाया: “झूठी गवाही को अल्लाह के साथ शिर्क करने के बराबर करार दिया गया है”| फिर आप ﷺ ने यह आयत तिलावत फरमाई: “पलीदी यानी बुतों की पूजा से बचो और झूठी बात (झूठी गवाही) से बचो, अल्लाह के साथ शिर्क न करते हुए उसकी तरफ यकसा हो जाओ”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (3599) و ابن ماجه (2372) [و الترمذی (2299)] * حبیب بن النعمان : مستور ، و ثقه ابن حبان وحده ، و زیاد العصفری ابوسفیان : مجهول الحال

٣٧٨٠ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ عَنْ أَيْمَنَ بْنِ خُرَيْمٍ إِلَّا أَنَّ ابْنَ مَاجَهْ لَمْ يَذْكُرِ الْقِرَاءَةَ

3780. इमाम अहमद और इमाम तिरमिज़ी ने यमन बिन खरिम से रिवायत किया है अलबत्ता इब्ने माजा ने किराअत का ज़िक्र नहीं किया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه احمد (4 / 321 ح 19105 عن خریم بن فاتک ، 4 / 321 ح 10109 عن ایمن بن خریم) و الترمذی (2300) * انظر الحدیث السابق (3779) لعلته

٣٧٨١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَجُوزُ شَهَادَةُ خَائِنٍ وَلَا خَائِنَةٍ وَلَا مَجْلُودٍ حَدًّا وَلَا ذِي غِمْرٍ عَلَى أَخِيهِ وَلَا ظَنِينٍ فِي وَلَاءٍ وَلَا قَرَابَةٍ وَلَا الْقَانِعِ مَعَ أَهْلِ الْبَيْتِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حديثٌ غريبٌ ويزيدُ بن زيادٍ الدِّمَشْقِي الرَّاوِي مُنكر الحَدِيث

3781. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “खयानत करने वाले मर्द और औरत की गवाही जाईज़ नहीं, जिस शख़्स पर हद काइम की गई हो उसकी गवाही भी मंज़ूर नहीं और न दुश्मनी रखने वाले शख़्स की अपने भाई के खिलाफ, और विला (आज़ादी) के बारे में मूतहम (जिस पर तोहमत लगी हो) शख़्स की गवाही जाईज़ नहीं और न क़राबत के बारे में मूतहम शख़्स की और ना ही अहले बैत (यानी खानदान) के बारे में ऐसे शख़्स की गवाही जाईज़ है जिस का खर्च उस के खानदान के ज़िम्मा हो”| तिरमिज़ी, और इमाम तिरमिज़ी रहिमहुल्लाह ने कहा यह हदीस ग़रीब है और यज़ीद बिन ज़ियाद दम्श्की रावी मुनकर उल हदीस है| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه الترمذی (2298) * وقال : الدارقطنی (4 / 244) :’’ یزید ھذا ضعیف ، لا یحتج بہ ‘‘ وھو متروک و لبعض الحدیث شواھد

٣٧٨٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا تَجُوزُ شَهَادَةُ خَائِنٍ وَلَا خَائِنَةٍ وَلَا زَانٍ وَلَا زَانِيَةٍ وَلَا ذِي غِمْرٍ عَلَى أَخِيهِ» . وَرَدَّ شَهَادَةَ الْقَانِعِ لِأَهْلِ الْبَيْتِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3782. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, और वह नबी ﷺ से, आप ﷺ ने फ़रमाया: “खयानत करने वाले मर्द की शहादत (गवाही) जाईज़ नहीं और न खयानत करने वाली औरत की, न ज़ानि मर्द की गवाही जाईज़ है और न ज़ानिया औरत की और दुश्मनी रखने वाले शख़्स की अपने भाई के मुतल्लिक गवाही जाईज़ नहीं, और खानदान के ज़ेरे किफ़ालत शख़्स की इस खानदान के मुतल्लिक गवाही कबूल नहीं की जाएगी”| (हसन)

حسن ، رواہ ابوداؤد (36003501)

٣٧٨٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا تَجُوزُ شَهَادَةُ بَدَوِيٍّ عَلَى صَاحِبِ قَرْيَةٍ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَه

3783. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “गंवार की बस्ती में रिहाइश पज़ीर शख़्स के खिलाफ गवाही जाईज़ नहीं”| (सहीह)

اسنادہ صحیح ، رواہ ابوداؤد (3602) و ابن ماجہ (2366)

٣٧٨٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَوْفِ بْنِ مَالِكٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَضَى بَيْنَ رَجُلَيْنِ فَقَالَ الْمَقْضِيُّ عَلَيْهِ لَمَّا أَدْبَرَ:

حَسْبِيَ اللَّهُ وَنِعْمَ الْوَكِيلُ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ اللَّهَ تَعَالَى يَلُومُ عَلَى الْعَجْزِ وَلَكِنْ عَلَيْكَ بِالْكَيْسِ فَإِذَا غَلَبَكَ أَمْرٌ فَقُلْ: حَسْبِيَ اللَّهُ وِنِعْمَ الوكيلُ ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3784. ऑफ बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने दो आदमियों के दरमियान फैसला फ़रमाया तो आप ने जिस शख़्स के खिलाफ फैसला फ़रमाया जब वह वापस जाने लगा तो उस ने कहा: “मेरे लिए अल्लाह काफी है और वह अच्छा कारसाज़ है”| नबी ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक अल्लाह तआला अजज़ व नादानी पर मलामत फरमाता है, बल्कि तुम्हें एहतियात करनी चाहिए, जब कोशिश के बावजूद कोई खिलाफ तोकीअ वाकिए ग़ालिब आजाए तो तुम कहो: (حَسْبِيَ اللَّهُ وِنِعْمَ الوكيلُ) “मेरे लिए अल्लाह काफी है और वह अच्छा कारसाज़ है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3627) * رواية بقية عن بحير محمولة على السماع

٣٧٨٥ - (حسن) وَعَنْ بَهْزِ بْنِ حَكِيمٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَبَسَ رَجُلًا فِي تُهْمَةٍ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وزاد التِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ: ثمَّ خَلّى عَنهُ

3785. बहज़ बिन हकिम अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की नबी ﷺ ने एक आदमी को तोहमत पर क़ैद में रखा| इमाम तिरमिज़ी और इमाम नसई ने यह इज़ाफा नकल किया, फिर आप ﷺ ने इसे छोड़ दिया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3630) و الترمذی (1417 وقال : حسن) و النسائی (8 / 67 ح 48794880)

फैसलों और गवाहों का बयान • بَاب الْأَقْضِيَة و الشهادات

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٣٧٨٦ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ الزُّبَيْرِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: قَضَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّ الْخَصْمَيْنِ يَقْعُدَانِ بَيْنَ يَدَيِ الْحَاكِمِ. رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ

3786. अब्दुल्लाह बिन जुबैर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फैसला फ़रमाया के दोनों फरीक हाकिम के सामने बिठाए जाएँगे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه احمد (4 / 4 ح 16203) و ابوداؤد (3588) * مصعب بن ثابت الزبیری : ضعیف من جهة سوء حفظه و قال الهیشمی فی مجمع الزوائد :'' و الاکثر علی تضعیفه '' (1 / 25)

جهاد का बयान — كتاب الْجِهَاد

पहली फस्ल — الْفَصْلُ الأول

٣٧٨٧ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ آمَنَ بِاللَّهِ وَرَسُولِهِ وَأَقَامَ الصَّلَاةَ وَصَامَ رَمَضَانَ كَانَ حَقًّا عَلَى اللَّهِ أَنْ يُدْخِلَهُ الْجَنَّةَ جَاهَدَ فِي سهل اللَّهِ أَوْ جَلَسَ فِي أَرْضِهِ الَّتِي وُلِدَ فِيهَا» . قَالُوا: أَفَلَا نُبَشِّرُ النَّاسَ؟ قَالَ: «إِنَّ فِي الْجَنَّةِ مِائَةَ دَرَجَةٍ أَعَدَّهَا اللَّهُ لِلْمُجَاهِدِينَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ مَا بَيْنَ الدَّرَجَتَيْنِ كَمَا بَيْنَ السَّمَاءِ وَالْأَرْضِ فَإِذَا سَأَلْتُمُ اللَّهَ فَاسْأَلُوهُ الْفِرْدَوْسَ فَإِنَّهُ أَوْسَطُ الْجَنَّةِ وَأَعْلَى الْجَنَّةِ وَفَوْقَهُ عَرْشُ الرَّحْمَنِ وَمِنْهُ تُفَجَّرُ أنهارُ الجنَّةِ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3787. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स अल्लाह पर और उस के रसूल (ﷺ) पर ईमान लाए, नमाज़ काइम करे और रमज़ान के रोज़े रखे तो अल्लाह पर हक़ है के वह इसे जन्नत में दाखिल फरमाए (ख्वाह) उस ने अल्लाह की राह में जिहाद किया या अपने पैदाइश की सर ज़मीन में बैठा रहा"| सहाबा रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, क्या हम उस के मुतल्लिक लोगों को खुशखबरी न दे दे? आप ﷺ ने फ़रमाया: "जन्नत में सौ दरजे है, जिन्हें अल्लाह ने अल्लाह की राह में जिहाद करने वालो के लिए तैयार कर रखा है, दो दरजो के दरमियान इतना फासला है जितना ज़मीन व आसमान के दरमियान फासला है, जब तुम अल्लाह से (जन्नत का) सवाल करे तो उस से जन्नत अल फिरदौस का सवाल करो, क्योंकि वह अफ़ज़ल व आला जन्नत है, उस के ऊपर रहमान का अर्श है और जन्नत की नहरे वहीँ से जारी होती है"| (बुखारी)

رواه البخارى (2790)

٣٧٨٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَثَلُ الْمُجَاهِدِ فِي سَبِيلِ اللَّهِ كَمَثَلِ الصَّائِمِ الْقَائِمِ الْقَانِتِ بِآيَاتِ اللَّهِ لَا يَفْتُرُ مِنْ صِيَامٍ وَلَا صَلَاةٍ حَتَّى يَرْجِعَ الْمُجَاهِدُ فِي سَبِيلِ اللَّهِ»

3788. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अल्लाह की राह में जिहाद करने वाले की मिसाल इस शख़्स कि सी है जो रोज़दार है, कयाम करता है, कुराने हकिम की तिलावत करता है, रोज़े और नमाज़ो में कोताही नहीं करता हत्ता के अल्लाह की राह में जिहाद करने वाला वापस आ जाए"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخارى (2787) و مسلم (110 / 1878)، (4869)

٣٧٨٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «انْتَدَبَ اللَّهُ لِمَنْ خَرَجَ فِي سَبِيلِهِ لَا يُخْرِجُهُ إِلَّا إِيمَانٌ بِي وَتَصْدِيقٌ بِرُسُلِي أَنْ أُرْجِعَهُ بِمَا نَالَ مِنْ أَجْرٍ وَغَنِيمَةٍ أَوْ أُدْخِلَهُ الْجَنَّةَ»

3789. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह ने अपने राह में (जिहाद के लिए) निकलने वाले शख़्स को, जो महज़ मुझ पर ईमान लाने और मेरे रसूलो की तस्दीक करने की बिना पर निकलता है, इस बात की ज़मानत दि है के वह इसे अज्र व गनीमत के साथ वापस लौटाएगा या इसे जन्नत में दाखिल फरमाएगा”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (36) و مسلم (103 / 1876)، (4859)

٣٧٩٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ لَوْلَا أَنَّ [ص:١١١ رِجَالًا مِنَ الْمُسْلِمِينَ لَا تَطِيبُ أَنْفُسُهُمْ أَنْ يَتَخَلَّفُوا عَنِّي وَلَا أَجِدُ مَا أَحْمِلُهُمْ عَلَيْهِ مَا تَخَلَّفْتُ عَنْ سَرِيَّةٍ تَغْزُو فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ لَوَدِدْتُ أَنْ أُقتَلَ فِي سَبِيل الله ثمَّ أُحْيى ثمَّ أُقتَلُ ثمَّ أُحْيى ثمَّ أُقتَلُ ثمَّ أُحْيى ثمَّ أقتل»

3790. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “उस ज़ात की क़सम जिसके हाथ में मेरी जान है! अगर मुझे उस का ख़याल न होता के बहोत से ऐसे मोमिन है जिन्हें मुझ से पीछे रह जाना पसंद नहीं और मेरे पास इन के लिए सवारियों का इंतेज़ाम भी नहीं तो में अल्लाह की राह में जिहाद करने वाले किसी लश्कर से पीछे न रहता, उस ज़ात की क़सम जिसके हाथ में मेरी जान है! मैं पसंद करता हूँ की मैं अल्लाह की राह में शहीद कर दिया जाऊ, फिर जिंदा कर दिया जाऊँ, फिर शहीद कर दिया जाऊ, फिर जिंदा कर दिया जाऊ, फिर शहीद कर दिया जाऊ”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2797) و مسلم (106 / 1886)، (4863)

٣٧٩١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ سَهْلِ بْنِ سَعْدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «رِبَاطُ يَوْمٍ فِي سَبِيلِ اللَّهِ خَيْرٌ مِنَ الدُّنْيَا وَمَا عَلَيْهَا»

3791. सहल बिन साद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह की राह में एक दिन मोर्चा बंद होना दुनिया और उस में जो कुछ है इस (के मिल जाने या इसे खर्च कर देने) से बेहतर है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1892) و مسلم (113 / 1881)، (4874)

٣٧٩٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَغَدْوَةٌ فِي سَبِيلِ اللَّهِ أَوْ رَوْحَةٌ خَيْرٌ مِنَ الدُّنْيَا وَمَا فِيهَا»

3792. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह की राह में एक सुबह या

एक शाम गुज़ारना, दुनिया और जो कुछ इस में है उस से बेहतर है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخارى (6415) و مسلم (113 / 1881)، (4876)

٣٧٩٣ - (صَحِيح) وَعَن سلمانَ الفارسيِّ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «رِبَاطُ يَوْمٍ وَلَيْلَةٍ فِي سَبِيلِ اللَّهِ خَيْرٌ مِنْ صِيَامِ شَهْرٍ وَقِيَامِهِ وَإِنْ مَاتَ جَرَى عَلَيْهِ عَمَلُهُ الَّذِي كَانَ يَعْمَلُهُ وَأُجْرِيَ عَلَيْهِ رِزْقُهُ وَأَمِنَ الْفَتَّانَ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3793. सलमान फारसी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “अल्लाह की राह में एक दिन और एक रात मोरचा बंद होना एक माह के रोज़ो और उस के कयाम से बेहतर है, और अगर वह (इसी जगह) फौत हो जाए तो उस का वह अमल जो वह किया करता था, जारी रहता है, उस का (जन्नत से) रीज़्क जारी कर दिया जाता है, और वह कब्र में फ़ितनो से महफ़ूज़ रहता है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (163 / 1913)، (4938)

٣٧٩٤ - (صَحِيح) وَعَن أبي عَبْسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا اغْبَرَّتْ قَدَمَا عَبْدٍ فِي سَبِيلِ الله فَتَمَسهُ النَّار» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

3794. अबू अब्सी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह की राह में गर्द आलूद होने वाले पाँव को जहन्नम की आग नहीं छुएगी”| (बुखारी)

رواه البخارى (2811)

٣٧٩٥ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا يَجْتَمِعُ كَافِرٌ وَقَاتِلُهُ فِي النَّارِ أبدا» . رَوَاهُ مُسلم

3795. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कि रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “काफ़िर और उस का कातिल (मुजाहिद) जहन्नम की आग में कभी इकठ्ठे नहीं होंगे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (130 / 1891)، (4895)

٣٧٩٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مِنْ خَيْرِ مَعَاشِ النَّاسِ لَهُمْ رَجُلٌ مُمْسِكٌ عِنَانَ فَرَسِهِ فِي سَبِيلِ اللَّهِ يَطِيرُ عَلَى مَتْنِهِ كُلَّمَا سَمِعَ هَيْعَةً [ص:١١١ أَوْ فَزْعَةً طَارَ عَلَيْهِ يَبْتَغِي الْقَتْلَ وَالْمَوْتَ مَظَانَّهُ أَوْ رَجُلٌ فِي غُنَيْمَةٍ فِي رَأْسِ شَعَفَةٍ مِنْ هَذِهِ الشَّعَفِ أَوْ بَطْنِ وَادٍ مِنْ هَذِهِ الْأَوْدِيَةِ يُقِيمُ الصَّلَاةَ وَيُؤْتِي الزَّكَاةَ وَيَعْبُدُ الله حَتَّى يَأْتِيَهُ الْيَقِينُ لَيْسَ

مِنَ النَّاسِ إِلَّا فِي خير» . رَوَاهُ مُسلم

3796. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “लोगो में से इस शख़्स की जिंदगी बेहतरीन है जो अपने घोड़े की लगाम थामे अल्लाह की राह में निकलता है, वह जब कभी खौफ या फरियादी की आवाज़ सुनता है तो वह इस (घोड़े) की पुश्त पर (तेज़ रफ़्तार की वजह से) उड़ता हुआ जाता है के क़त्ल और मौत को उसकी मुमकिन जगह से तलाश करता है, या फिर इस आदमी की जिंदगी बेहतरीन है जो अपनी बकरिया लेकर किसी पहाड़ की चोटी पर या किसी वादी में फिरता है, वह नमाज़ पढ़ता है, ज़कात अदा करता है और मौत आने तक अपने रब की इबादत करता रहता है? यह दीगर लोगों से खैर व भलाई पर है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (125 / 1889)، (4889)

٣٧٩٧ - (صَحِيح) وَعَن زيد بن خالدٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ جَهَّزَ غَازِيًا فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَقَدْ غَزَا وَمَنْ خَلَفَ غَازِيًا فِي أَهْلِهِ فقد غزا»

3797. ज़ैद बिन खालिद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने अल्लाह की राह में किसी मुजाहिद को तैयार किया तो उस ने भी जिहाद किया, जिस शख़्स ने किसी मुजाहिद के अहले खाना में जानशीन का हक़ अदा किया तो उस ने भी जिहाद किया”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (2843) و مسلم (136 ، 135 / 1895)، (4902 و 4903)

٣٧٩٨ - (صَحِيح) وَعَنْ بُرَيْدَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «حُرْمَةُ نِسَاءِ الْمُجَاهِدِينَ عَلَى الْقَاعِدِينَ كَحُرْمَةِ أُمَّهَاتِهِمْ وَمَا مِنْ رَجُلٍ مِنَ الْقَاعِدِينَ يَخْلُفُ رَجُلًا مِنَ الْمُجَاهِدِينَ فِي أَهْلِهِ فَيَخُونُهُ فِيهِمْ إِلَّا وُقِفَ لَهُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ فيأخذُ مِنْ عَمَلِهِ مَا شَاءَ فَمَا ظَنُّكُمْ؟» . رَوَاهُ مُسلم

3798. बुरैदा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुजाहिदीन की औरतों की हुरमत, जिहाद में शरीक न होने वालो पर, उनकी माओ की हुरमत जैसी है, जिहाद में शरीक न होने वालो में से कोई शख़्स किसी मुजाहिद के अहले खाना की जानशीन करता है और वह इन के बारे में खयानत करता है तो रोज़ ए कियामत इसे खड़ा किया जाएगा और वह (मुजाहिद) उस के आमाल में से जो चाहेगा ले लेगा तुम्हारा क्या ख़याल है (वोह उसकी कोई नेकी छोड़ेगा) ?”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (139 / 1897)، (4908)

٣٧٩٩ - (صَحِيح) وَعَن أبي مَسْعُود الْأَنْصَارِيّ قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ بِنَاقَةٍ مَخْطُومَةٍ فَقَالَ: هَذِهِ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ

صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَكَ بِهَا يَوْمَ الْقِيَامَةِ سَبْعِمِائَة نَاقَة كلهَا مخطومة» . رَوَاهُ مُسلم

3799. अबू मसउद अंसारी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी महार वाली ऊंटनी लेकर आया तो उस ने अर्ज़ किया, यह अल्लाह की राह में (वक्फ़) है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम्हारे लिए रोज़ ए कियामत सातसो ऊंटनिया है वह सब महार वाली होगी”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (132 / 1892)، (4897)

٣٨٠٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَعَثَ بَعْثًا إِلَى بَنِي لِحْيَانَ مِنْ هُذَيْلٍ فَقَالَ: «لينبعثْ مِنْ كلِّ رجلينِ أحدُهما والأجرُ بَينهمَا» . رَوَاهُ مُسلم

3800. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने हज़िल कबिले के बनू लिह्यान उन की तरफ एक लश्कर भेजने का इरादा किया तो फ़रमाया: “हर दो आदमियों में से एक (दुश्मन की तरफ) उठ खड़ा हो और अजरान दोनों को मिलेगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (137 / 1896)، (4904)

٣٨٠١ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرِ بْنِ سَمُرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَنْ يَبْرَحَ هَذَا الدِّينُ قَائِمًا يُقَاتِلُ عَلَيْهِ عِصَابَةٌ مِنَ الْمُسْلِمِينَ حَتَّى تقوم السَّاعَة» . رَوَاهُ مُسلم

3801. जाबिर बिन समुराह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ये दीन हमेशा काइम रहेगा मुसलमानों की एक जमाअत इस की खातिर कियामत तक लड़ती रहेगी”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (172 / 1922)، (4953)

٣٨٠٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يُكَلَّمُ أَحَدٌ [ص:١١٢] فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَاللَّهُ أَعْلَمُ بِمَنْ يُكَلَّمُ فِي سَبِيلِهِ إِلَّا جَاءَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَجُرْحُهُ يَثْعَبُ دَمًا اللَّوْنُ لَوْنُ الدَّمِ والريحُ ريحُ المسكِ»

3802. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स अल्लाह की राह में ज़ख़्मी होता है और अल्लाह जानता है कौन उसकी राह में ज़ख़्मी होता है, तो वह रोज़ ए कियामत इस हाल में आएगा के उस के जख्म से खून बहता होगा, उस का रंग तो खून जैसे होगा लेकिन उसकी खुशबू कस्तूरी जैसी होगी”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2803) و مسلم (105 / 1876)، (4862)

٣٨٠٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا مِنْ أَحَدٍ يَدْخُلُ الْجَنَّةَ يُحِبُّ أَنْ يُرْجَعَ إِلَى الدُّنْيَا وَلَهُ مَا فِي الْأَرْضِ مِنْ شَيْءٍ إِلَّا الشَّهِيدُ يَتَمَنَّى أَنْ يُرْجَعَ إِلَى الدُّنْيَا فَيُقْتَلَ عَشْرَ مَرَّاتٍ لِمَا يَرَى مِنَ الْكَرَامَةِ»

3803. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कोई जन्नती दुनिया की तरफलौट कर आना पसंद नहीं करेगा अगरचे ज़मीन की हर चीज़ इसे मयस्सर आ जाए, माँ सिवाए शहीद के वह आरज़ू करेगा के वह दुनिया की तरफलौट जाए, क्योंकि उस ने मर्तबा ए शहादत में जो इज्ज़त देखी है, इस वजह से वह दस मर्तबा शहीद कर दिया जाना (पसंद करेगा) “| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2817) و مسلم (109 / 1877)، (4868)

٣٨٠٤ - (صَحِيح) وَعَنْ مَسْرُوقٍ قَالَ: سَأَلْنَا عَبْدَ اللَّهِ بْنَ مسعودٍ عَنْ هَذِهِ الْآيَةِ: (وَلَا تَحْسَبَنَّ الَّذِينَ قُتِلُوا فِي سَبِيلِ اللَّهِ أَمْوَاتًا بَلْ أَحْيَاءٌ عِنْدَ ربِّهم يُرزقون)»» الْآيَةَ قَالَ: إِنَّا قَدْ سَأَلْنَا عَنْ ذَلِكَ فَقَالَ: " أَرْوَاحُهُمْ فِي أَجْوَافِ طَيْرٍ خُضْرٍ لَهَا قَنَادِيلُ مُعَلَّقَةٌ بِالْعَرْشِ تَسْرَحُ مِنَ الْجَنَّةِ حَيْثُ شَاءَتْ ثُمَّ تَأْوِي إِلَى تِلْكَ الْقَنَادِيلِ فَاطَّلَعَ إِلَيْهِمْ رَبُّهُمُ اطِّلَاعَةً فَقَالَ: هَلْ تَشْتَهُونَ شَيْئًا؟ قَالُوا: أَيَّ شَيْءٍ نَشْتَهِي وَنَحْنُ نَسْرَحُ مِنَ الْجَنَّة حيثُ شِئْنَا ففعلَ ذلكَ بهِمْ ثَلَاثَ مَرَّاتٍ فَلَمَّا رَأَوْا أَنَّهُمْ لَنْ يُتْرَكُوا مِنْ أَنْ يَسْأَلُوا قَالُوا: يَا رَبُّ نُرِيدُ أَنْ تُرَدَّ أَرْوَاحُنَا فِي أَجْسَادِنَا حَتَّى نُقْتَلَ فِي سبيلِكَ مَرَّةً أُخرى فَلَمَّا رَأَى أَنْ لَيْسَ لَهُمْ حَاجَةٌ تُرِكُوا ". رَوَاهُ مُسلم

3804. मसरुक बयान करते हैं, हमने अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु से इस आयत: “अल्लाह की राह में मारे जाने वालो को मुर्दा तसव्वुर न करो बल्कि वह तो जिंदा है उन के रब के यहाँ उन्हें रीज़्क दिया जाता है”, के बारे में दरियाफ्त किया तो उन्होंने ने फ़रमाया: हमने उस के मुतल्लिक (रसूलुल्लाह ﷺ) से दरियाफ्त किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “उनकी रूहें सब्ज़ रंग के परिंदों के पेट में है, उनकी किन्दिलो (lamps) अर्श के साथ मुअल्लक है, वह जन्नत (के मेवों) से जहाँ से चाहते है खाते है, फिर उन्हीं किन्दिलो (lamps) में वापस आ जाते हैं, फिर उनका रब उनकी तरफ देख कर फरमाता है: क्या तुम किसी चीज़ की ख्वाहिश रखते हो? वह अर्ज़ करते हैं: हम किस चीज़ की ख्वाहिश रखे, हम जन्नत में जहाँ चाहे जाते और वहां से मन पसंद चीज़े खाते है, रब तआला उन से तीन मर्तबा यही सवाल फरमाएगा, जब वह देखेंगे के उन से पूछे बगैर उन्हें नहीं छोड़ा जाएगा तो वह अर्ज़ करेंगे: रब जी! हम चाहते है की हमारी रूहें हमारे जिस्मों में लौटाई जाए हत्ता के हम तेरी राह में फिर शहीद कर दिए जाए, जब उस ने देखा के उन्हें कोई हाजत नहीं है तो फिर उन्हें छोड़ दिया जाता है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (121 / 1887)، (4885)

٣٨٠٥ - (صَحِيح) عَن أَبِي قَتَادَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَامَ فِيهِمْ فَذَكَرَ لَهُمْ أَنَّ الْجِهَادَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَالْإِيمَانَ بِاللَّهِ أَفْضَلُ الْأَعْمَالِ فَقَامَ رَجُلٌ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَرَأَيْتَ إِنْ قُتِلْتُ فِي سَبِيلِ اللَّهِ يُكَفِّرُ عَنى خَطَايَايَ؟ فَقَالَ لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «نِعَمْ إِنْ قُتِلْتَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَأَنْتَ صَابِرٌ مُحْتَسِبٌ مُقْبِلٌ غَيْرُ مُدْبِرٍ» . ثُمَّ قَالَ رَسُولُ [ص:١١٢ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كَيْفَ قُلْتَ؟» فَقَالَ: أَرَأَيْتَ إِنْ قُتِلْتُ فِي

سَبِيلِ اللَّهِ أَيُكَفَّرُ عَنِّي خَطَايَايَ؟ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «نَعَمْ وَأَنْتَ صَابِرٌ مُحْتَسِبٌ مُقْبِلٌ غَيْرُ مُدْبِرٍ إِلَّا الدَّيْنَ فَإِنَّ جِبْرِيلَ قَالَ لِي ذَلِكَ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3805. अबू क़तादा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें वाज़ करते हुए फ़रमाया के अल्लाह की राह में जिहाद करना और अल्लाह पर ईमान लाना, बेहतरीन आमाल में से हैं, इतने में एक आदमी खड़ा हुआ तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे बताइए के अगर में अल्लाह की राह में शहीद कर दिया जाऊं तो क्या मेरे गुनाह मुआफ़ कर दिए जाएँगे? रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे फ़रमाया: "हाँ, अगर तू इस हाल में शहीद कर दिया जाए के तू सब्र करने वाला, सवाब की उम्मीद रखने वाला, आगे बढ़ने वाला हो और पीछे हटने वाला न हो", फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "तुमने क्या कहा था ?" उस ने अर्ज़ किया, आप मुझे बताइए अगर में अल्लाह की राह में शहीद कर दिया जाऊं तो क्या मेरे गुनाह मुआफ़ कर दिए जाएँगे? रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: हाँ, तू सब्र करने वाला, सवाब की उम्मीद रखने वाला, पेश कदमी करने वाला हो और पीछे हटने वाला न हो, अलबत्ता क़र्ज़ मुआफ़ नहीं होगा, क्योंकि जिब्राइल अलैहिस्सलाम ने इस बारे में मुझे यही कहा है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (117 / 1885)، (4880)

٣٨٠٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرِو بْنِ الْعَاصِ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْقَتْلُ فِي سَبِيلِ اللَّهِ يُكَفِّرُ كُلَّ شَيْءٍ إِلَّا الدّين» . رَوَاهُ مُسلم

3806. अब्दुल्लाह बिन अम्र बिन आस रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: "अल्लाह की राह में शहीद हो जाना क़र्ज़ के सिवा हर चिज़ का कफ्फारा है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (120 / 1886)، (4884)

٣٨٠٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " يَضْحَكُ اللَّهُ تَعَالَى إِلَى رَجُلَيْنِ يَقْتُلُ أَحَدُهُمَا الْآخَرَ يَدْخُلَانِ الْجَنَّةَ: يُقَاتِلُ هَذَا فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَيُقْتَلُ ثُمَّ يَتُوبُ اللَّهُ على الْقَاتِل فيستشهد "

3807. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अल्लाह तआला दो आदमियों की तरफ (देख कर) मुस्कुराता है, उनमें से एक दूसरे को क़त्ल कर देता है और वह दोनों जन्नत में दाखिल हो जाते हैं, यह इस तरह है के एक शख़्स अल्लाह की राह में जिहाद करता है और वह शहीद कर दिया जाता है, फिर अल्लाह इस कातिल पर (अपनी रहमत से) रुजू फरमाता है, (वो मुसलमान हो जाता है) वह भी शहीद कर दिया जाता है"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2826) و مسلم (128 / 1890)، (4892)

٣٨٠٨ - (صَحِيح) وَعَن سهل بن حنيف قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَنْ سَأَلَ اللَّهَ الشَّهَادَةَ بِصِدْقٍ بَلَّغَهُ اللَّهُ مَنَازِلَ الشُّهَدَاءِ وَإِنْ مَاتَ عَلَى فِرَاشِهِ. رَوَاهُ مُسلم

3808. सहल बिन हुनैफ़ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स सच्चे दिल से अल्लाह से शहादत तलब करता है तो वह इसे शुहदा के मक़ाम पर पहुंचा देता है, ख्वाह इसे अपने बिस्तर पर मौत आए”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (157 / 1909)، (4930)

٣٨٠٩ - (صَحِيح) وَعَن أنسٍ أَنَّ الرُّبَيِّعَ بِنْتَ الْبَرَاءِ وَهِيَ أُمُّ حَارِثَةَ بْنِ سُرَاقَةَ أَتَتِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَتْ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَلَا تُحَدِّثُنِي عنْ حَارِثَةَ وَكَانَ قُتِلَ يَوْمَ بَدْرٍ أَصَابَهُ سَهْمٌ غَرْبٌ فَإِنْ كَانَ فِي الْجَنَّةِ صَبَرْتُ وَإِنْ كَانَ غَيْرُ ذَلِكَ اجْتَهَدْتُ عَلَيْهِ فِي الْبُكَاءِ فَقَالَ: «يَا أَمَّ حَارِثَةَ إِنَّهَا جِنَانٌ فِي الْجَنَّةِ وَإِنَّ ابْنَكِ أَصَابَ الْفِرْدَوْسَ الْأَعْلَى» . رَوَاهُ البخاريُّ

3809. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के हारिस बिन सुराका रदियल्लाहु अन्हु की वालिदा रबीअ बिन्ते बराअ नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई और उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या आप मुझे हारिस रदियल्लाहु अन्हु के मुतल्लिक नहीं बताएंगे, वह गज़वा ए बद्र में शहीद कर दिए गए थे, उन्हें ना मालूम तीर लगा था, अगर तो वह जन्नत में है, तो मैं सब्र करुँगी और अगर उस के अलावा किसी और जगह पर है तो फिर मैं इन पर खूब रोउंगी, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उम्म हारिस जन्नत में कई दरजात हैं और तेरा बेटा तो फिरदौस ए आला में है”| (बुखारी)

رواه البخارى (2809)

٣٨١٠ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: انْطَلَقَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَصْحَابُهُ حَتَّى سَبَقُوا الْمُشْرِكِينَ إِلَى بَدْرٍ وَجَاءَ الْمُشْرِكُونَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «قُومُوا إِلَى جَنَّةٍ عَرْضُهَا السَّمَاوَاتُ وَالْأَرْضُ» . قَالَ عُمَيْرُ بْنُ الْحُمَامِ: بَخْ بَخْ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَا يَحْمِلُكَ عَلَى قَوْلِكَ: بَخْ بَخْ؟ " قَالَ: لَا وَاللَّهِ يَا رَسُولَ اللَّهِ إِلَّا رَجَاءَ أَنْ [ص:١١٢ أَكُونَ مِنْ أَهْلِهَا قَالَ: «فَإِنَّكَ مِنْ أَهْلِهَا» قَالَ: فَأَخْرَجَ تَمَرَاتٍ مِنْ قَرْنِهِ فَجَعَلَ يَأْكُلُ مِنْهُنَّ ثُمَّ قَالَ: لَئِنْ أَنَا حَيِيتُ حَتَّى آكل تمراتي إِنَّهَا الْحَيَاة طَوِيلَةٌ قَالَ: فَرَمَى بِمَا كَانَ مَعَهُ مِنَ التَّمْرِ ثُمَّ قَاتَلَهُمْ حَتَّى قُتِلَ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3810. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ और आप ﷺ के सहाबा रदियल्लाहु अन्हु रवाना हुए हत्ता के वह मुशरिकीन से पहले बद्र पहुँच गए, और मुशरिकीन भी पहुँच गए, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इस जन्नत की तरफ पेश कदमी करो जिस का अर्ज़ ज़मीन व आसमान की तरह है”, उमैर बिन हुमाम रदियल्लाहु

अन्हु ने कहा: बहोत खूब, बहोत खूब! रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम्हें यह बात: बहोत खूब, बहोत खूब, कहने पर किस चीज़ ने अमादा किया ?” उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! अल्लाह की क़सम! सिर्फ इस उम्मीद ने की मैं भी जन्नतियो में से हो जाऊं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम जन्नतियो में से हो”, उन्होंने तरकशी से खजूरे निकाले और खाने लगे, फिर कहा: अगर में अपने खजूरे खाने तक जिंदा रहा तो फिर यह एक तवील जिंदगी है, रावी बयान करते हैं, उन के पास जो खजूरे थी, वह उन्होंने फेंक दी, फिर मुशरिकीन के साथ किताल किया हत्ता कि वह शहीद कर दिए गए। (मुस्लिम)

رواه مسلم (145 / 1901)، (4915)

٣٨١١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا تَعُدُّونَ الشَّهِيدَ فِيكُمْ؟» قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَنْ قُتِلَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَهُوَ شَهِيدٌ قَالَ: " إِنَّ شُهَدَاءَ أُمَّتِي إِذًا لِقَلِيلٌ: مَنْ قُتِلَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَهُوَ شَهِيدٌ وَمَنْ مَاتَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَهُوَ شَهِيدٌ وَمَنْ مَاتَ فِي الطَّاعُونِ فَهُوَ شَهِيدٌ وَمَنْ مَاتَ فِي الْبَطْنِ فهوَ شهيدٌ ". رَوَاهُ مُسلم

3811. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम अपने में किसे शहीद शुमार करते हो?” उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! जो शख़्स अल्लाह की राह में क़त्ल कर दिया जाए वह शहीद है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तब तो मेरी उम्मत के शहीद मुख़्तसर हुए, जो शख़्स अल्लाह की राह में क़त्ल कर दिया जाए तो वह शहीद है, जो शख़्स अल्लाह की राह में फौत हो जाए तो वह शहीद है, जो शख़्स ताऊन के मर्ज़ में फौत हो जाए तो वह शहीद है और जो शख़्स पेट के मर्ज़ में फौत हो जाए तो वह शहीद है”। (मुस्लिम)

رواه مسلم (165 / 1915)، (4941)

٣٨١٢ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا مِنْ غَازِيَةٍ أَو سَرِيَّة تغزو فتغتنم وَتَسْلَمُ إِلَّا كَانُوا قَدْ تَعَجَّلُوا ثُلُثَيْ أُجُورِهِمْ وَمَا مِنْ غَازِيَةٍ أَوْ سَرِيَّةٍ تَخْفُقُ وَتُصَابُ إِلَّا تمّ أُجُورهم» . رَوَاهُ مُسلم

3812. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो जमाअत या लश्कर जिहाद करता है वह माले गनीमत और सलामती के साथ वापस आता है तो उस ने अपने अज्र में से दो तिहाई हिस्से जल्द दुनिया में हासिल कर लिए और जो जमाअत या लश्कर (जिहाद में) ज़ख़्मी होता है और शहीद होता है तो वह मुकम्मल अज्र पाता है”। (मुस्लिम)

رواه مسلم (154 / 1906)، (4926)

٣٨١٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ مَاتَ وَلَمْ يَغْزُ وَلَمْ يُحَدِّثْ بِهِ نَفْسَهُ مَاتَ عَلَى شُعْبَةٍ نفاق» . رَوَاهُ مُسلم

3813. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स इस हाल में फौत हो के उस ने न जिहाद किया और न उस का दिल में उस का ख़याल आया तो वह निफ़ाक़ की मौत मरा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (158 / 1910)، (4931)

٣٨١٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أبي مُوسَى قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: الرَّجُلُ يُقَاتِلُ لِلْمَغْنَمِ وَالرَّجُلُ يُقَاتِلُ لِلذِّكْرِ وَالرَّجُلُ يُقَاتِلُ لِيُرَى مَكَانُهُ فَمَنْ فِي سَبِيلِ اللَّهِ؟ قَالَ: «مَنْ قَاتَلَ لِتَكُونَ كَلِمَةُ اللَّهِ هِيَ الْعُلْيَا فَهُوَ فِي سَبِيلِ الله»

3814. अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस ने अर्ज़ किया: एक आदमी माल ए गनीमत की खातिर किताल करता है, दूसरा आदमी शोहरत की खातिर लड़ता है, कोई आदमी अपना मक़ाम व मर्तबा दीखाने की खातिर लड़ता है तो उनमें से अल्लाह की राह में कौन (मकबूल) है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स अल्लाह के कलमे की सर बुलंदी के लिए लड़ता है वही अल्लाह की राह में है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2810) و مسلم (149 / 1904)، (4919)

٣٨١٥ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَجَعَ مِنْ غَزْوَةِ تَبُوكَ فَدَنَا مِنَ الْمَدِينَةِ فَقَالَ: «إِنَّ بِالْمَدِينَةِ أَقْوَامًا مَا سِرْتُمْ مَسِيرًا وَلَا قَطَعْتُمْ وَادِيًا إِلَّا كَانُوا مَعَكُمْ» . وَفِي رِوَايَةٍ: «إِلَّا شَرِكُوكُمْ فِي الْأَجْرِ» . قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ وَهُمْ بِالْمَدِينَةِ؟ قَالَ: «وهُم بالمدينةِ حَبسهم الْعذر» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3815. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ गज़वा ए तबुक से वापस तशरीफ़ लाए, जब मदीना के करीब पहुंचे तो फ़रमाया: “मदीना में से कुछ ऐसे लोग भी है, की तुम जहाँ भी गए और जिस वादी से गुज़रे तो वह तुम्हारे साथ ही थे”| एक दूसरी रिवायत में है: “वो अज़र में तुम्हारे साथ शरीक हैं”, सहाबा रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! वह तो मदीना ही में थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “(हाँ) वह मदीना ही में थे क्योंकि उज़्र ने उन्हें रोक रखा था”| (बुखारी)

رواه البخارى (4423)

٣٨١٦ - (صَحِيح) وَرَوَاهُ مُسلم عَن جَابر

3816. इमाम मुस्लिम ने इसे जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (159 / 1911)، (4932)

٣٨١٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَاسْتَأْذَنَهُ فِي الْجِهَادِ فَقَالَ: «أَحَي والدك؟» قَالَ: نَعَمْ قَالَ: «فَفِيهِمَا فَجَاهِدْ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَفِي رِوَايَةٍ: «فَارْجِعْ إِلَى وَالِدَيْكَ فَأَحْسِنْ صُحْبَتَهُمَا»

3817. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, एक आदमी रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस ने आप से जिहाद में शरीक होने की इजाज़त तलब की तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तेरे वालिदेन जिंदा है?” उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “इन दोनों (की खिदमत) में मुजाहिदा (इन्तेहाई कोशिश) कर”| एक दूसरी रिवायत में है आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपने वालिदेन के पास चला जा और उन से अच्छी तरह सुलूक कर”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3004) و مسلم (5 / 2549)، (6504)

٣٨١٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ يَوْمَ الْفَتْحِ: («اهجرة بَعْدَ الْفَتْحِ وَلَكِنْ جِهَادٌ وَنِيَّةٌ وَإِذَا اسْتُنْفِرْتُمْ فانفروا»

3818. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फतह मक्का के रोज़ फ़रमाया: “फतह (मक्के) के बाद कोई हिजरत नहीं लेकिन जिहाद और नियत (बाकी) है और जब तुम से (जिहाद में) निकलने के लिए कहा जाए तो निकलो”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2873) و مسلم (445 / 1353)، (3302)

कِتَاب الْجِهَاد • जिहाद का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٨١٩ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عِمْرَانَ بْنِ حُصَيْنٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَزَالُ طَائِفَةٌ مِنْ أُمَّتِي يُقَاتِلُونَ عَلَى الْحَقِّ ظَاهِرِينَ عَلَى مَنْ نَاوَأَهُمْ حَتَّى يُقَاتِلَ آخِرُهُمُ الْمَسِيحَ الدَّجَّالَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3819. इमरान बिन हुसैन रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मेरी उम्मत का एक गिरोह हमेशा हक़ पर लड़ता रहेगा, जो इन से दुश्मनी करेगा यह उस पर ग़ालिब रहेंगे, हत्ता के इन का आखिरी शख़्स मसीह दज्जाल से किताल करेगा”| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (2484)

٣٨٢٠ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي أَمَامَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ لَمْ يَغْزُ وَلَمْ يُجَهِّزْ غَازِيًا أَوْ يَخْلُفْ غَازِيًا فِي أَهْلِهِ بِخَيْرٍ أَصَابَهُ اللَّهُ بِقَارِعَةٍ قَبْلَ يَوْمِ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3820. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस शख़्स ने न जिहाद किया और न किसी मुजाहिद को तैयार किया न किसी मुजाहिद के घर में अच्छा जानशीन बना तो अल्लाह रोज़ ए कियामत से पहले इसे किसी सख्त मुसीबत से दो चार करेगा”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2503)

٣٨٢١ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «جَاهِدُوا الْمُشْرِكِينَ بِأَمْوَالِكُمْ وَأَنْفُسِكُمْ وَأَلْسِنَتِكُمْ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ والدارمي

3821. अनस रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपने अमवाल, अपनी जानो और अपनी ज़ुबानो के साथ मुशरिकीन से जिहाद करो”| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (2504) و النسائی (6 / 7 ح 3098) و الدارمی (2 / 213 ح 2436) * وله شاھد فی المختارة للضیاء المقدسی (5 / 36 ح 1642)

٣٨٢٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَفْشُوا السَّلَامَ وَأَطْعِمُوا الطَّعَامَ وَاضْرِبُوا الْهَامَ تُوَرَّثُوا الْجِنَانَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حديثٌ غَرِيب

3822. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सलाम आम करो, खाना खिलाओ और काफिरों के सरदारों की गरदने उड़ाओ, तुम बहिश्तो के वारिस बना दिए जाओगे”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ الترمذی (1854) * فیہ عثمان الحمصی : لیس بالقوی و لقولہ :’’ افشو السلام و اطعموا الطعام ‘‘ شواھد صحیحۃ فالحدیث صحیح دون قولہ ’’ و اضربوا الھام ‘‘

٣٨٢٣ - (صَحِيح) وَعَن فَضَالَةَ بنِ عُبيدٍ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «كُلُّ مَيِّتٍ يُخْتَمُ عَلَى عَمَلِهِ إِلَّا الَّذِي مَاتَ مُرَابِطًا فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَإِنَّهُ يُنَمَّى لَهُ عَمَلُهُ إِلَى يَوْمِ الْقِيَامَةِ وَيَأْمَنُ فتْنَة الْقَبْر» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

3823. फ़ुज़ालह बिन उबैद रदियल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह की राह में मोरचा बंद होने की हालत में वफात पाने वाले के सिवा हर मय्यत का अमल ख़तम कर दिया जाता

है, मगर उस के अमल में कियामत तक इज़ाफा होता रहता है और वह फितने कब्र से महफ़ूज़ रहता है"| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (1621 وقال : حسن صحيح) و ابوداؤد (2500)

٣٨٢٤ - (صَحِيح) وَرَوَاهُ الدَّارِمِيّ عَن عقبَة بن عَامر

3824. और दारमी ने उक्बा बिन आमिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (हसन)

حسن ، رواه الدارمى (2 / 211 ح 2430) [واحمد (4 / 150 ، 157) و الحاكم (2 / 144) و سنده حسن]

٣٨٢٥ - (صَحِيح) وَعَن معاذِ بن جبلٍ أَنَّهُ سَمِعَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ قَاتَلَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَوَاقَ نَاقَةٍ فَقَدْ وَجَبَتْ لَهُ الْجَنَّةُ وَمَنْ جُرِحَ جُرْحًا فِي سَبِيلِ اللَّهِ أَوْ نُكِبَ نَكْبَةً فَإِنَّهَا تَجِيءُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ كَأَغْزَرِ مَا كَانَتْ لَوْنُهَا الزَّعْفَرَانُ وَرِيحُهَا الْمِسْكُ وَمَنْ خَرَجَ بِهِ خُرَاجٌ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَإِنَّ عَلَيْهِ طَابَعُ الشُّهَدَاءِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ

3825. मुआज़ बिन जबल रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "जिस शख़्स ने "वाक़ नाका" (ऊंटनी का दूध धोते वक़्त जब एक बार थन दबा कर छोड़ दिया जाता है और फिर दोबारा इसे दबाया जाता है तो इस दोबारा दबाने के दरमियानी वक्फे) के बराबर अल्लाह की राह में जिहाद किया तो उस के लिए जन्नत वाजिब हो गई, और जिस शख़्स को अल्लाह की राह में जख्म लगा, या वह किसी हादसे का शिकार हुआ तो वह (ज़ख्म) जिस क़दर (दुनिया में) था उस से कहीं ज़्यादा हो कर रोज़ ए कियामत आएगा, उस का रंग ज़ाफ़रान का सा होगा और उसकी खुशबू कस्तूरी की होगी, और जिस शख़्स को अल्लाह की राह में कोई फोड़ा निकला तो उस पर शुहदा की मुहर व अलामत होगी"| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذى (1657 وقال : صحيح) و ابوداؤد (2541) و النسائى (6 / 25 ح 3135)

٣٨٢٦ - (صَحِيح) وَعَن خُرَيم بن فاتِكٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَنْفَقَ نَفَقَةً فِي سَبِيلِ اللَّهِ كُتِبَ لَهُ بسبعمائةِ ضعف» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ

3826. खुरैम बिन फातिक रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस शख़्स ने अल्लाह की राह में कुछ खर्च किया तो उस के लिए सातसो गुना तक लिख दिया जाता है"| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (1625 وقال : حسن) و النسائى (6 / 49 ح 3188)

٣٨٢٧ - (حسن) وَعَنْ أَبِي أَمَامَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَفْضَلُ الصَّدَقَاتِ ظِلُّ فُسْطَاطٍ فِي سَبِيلِ

اللَّهِ وَمِنْحَةُ خَادِمٍ فِي سَبِيلِ اللَّهِ أَوْ طَرُوقَةُ فَحْلٍ فِي سَبِيلِ اللَّهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

3827. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह की राह में ख़ैमा देना अल्लाह की राह में खादिम इनायत करना और अल्लाह की राह में अच्छी सवारी पेश करना सबसे अफ़ज़ल सदका है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1627 وقال : حسن غریب صحیح)

٣٨٢٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَلِجُ النَّارَ مَنْ بَكَى مِنْ خَشْيَةِ اللَّهِ حَتَّى يَعُودَ اللَّبَنُ فِي الضَّرْعِ وَلَا يَجْتَمِعَ عَلَى عَبْدٍ غُبَارٌ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَدُخَانُ جَهَنَّمَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَزَادَ النَّسَائِيُّ فِي أُخْرَى: «فِي مَنْخِرَيْ مُسْلِمٍ أَبَدًا» وَفِي أُخْرَى: «فِي جَوْفِ عَبْدٍ أَبَدًا وَلَا يَجْتَمِعُ الشُّحُّ وَالْإِيمَانُ فِي قَلْبِ عَبْدٍ أَبَدًا»

3828. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स अल्लाह के डर से रोए वह जहन्नम में नहीं जाएगा हत्ता के दूध थन में वापस चला जाए, किसी बंदे पर अल्लाह की राह में पड़ने वाला गुबार और जहन्नम का धुवा इकठ्ठे नहीं होंगे”| इमाम नसई ने दूसरी रिवायत में यह इज़ाफा नकल किया है: “मुसलमान के नथुने में कभी भी जमा नहीं हो सकते”| और इन्ही की दूसरी रिवायत में है: “बन्दे के पेट में कभी भी जमा नहीं हो सकते और बंदे का दिल में बुखल और ईमान कभी इकठ्ठे नहीं हो सकते”| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (1633 وقال : حسن صحیح) و النسائی (6 / 14 ح 3115 و الروایة الثانیة 6 / 13 ح 3113)

٣٨٢٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " عَيْنَانِ لَا تَمَسُّهُمَا النَّارُ: عَيْنٌ بَكَتْ مِنْ خَشْيَةِ اللَّهِ وَعَيْنٌ بَاتَتْ تَحْرُسُ فِي سَبِيلِ اللَّهِ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

3829. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “दो आँखे है जिन्हें जहन्नम की आग नहीं छुएगी, एक वह आँख जो अल्लाह के डर से रोई और दूसरी वह आँख जो रात के वक़्त अल्लाह की राह में पहरा देती है”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (1639 وقال : حسن غریب)

٣٨٣٠ - (حسن) وَعَن أبي هريرةَ قَالَ: مَرَّ رَجُلٌ مِنْ أَصْحَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم بِشِعْبٍ فِيهِ عُيَيْنَةٌ مِنْ مَاءٍ عَذْبَةٌ فَأَعْجَبَتْهُ فَقَالَ: لَوِ اعْتَزَلْتُ النَّاسَ فَأَقَمْتُ فِي هَذَا [ص:١١٢] الشِّعْبِ فَذَكَرَ ذَلِكَ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «لَا تَفْعَلْ فَإِنَّ مَقَامَ أَحَدِكُمْ فِي سَبِيلِ الله أفضل من صلَاته سَبْعِينَ عَامًا أَلَا تُحِبُّونَ أَنْ يَغْفِرَ اللَّهُ لَكُمْ وَيُدْخِلَكُمُ الْجَنَّةَ؟ اغْزُوا فِي سَبِيلِ اللَّهِ مَنْ قَاتَلَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَوَاقَ نَاقَةٍ وَجَبت لَهُ الْجنَّة» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3830. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के सहाबा में से एक आदमी एक घाटी के पास से गुज़रा जिस में मीठे पानी का एक छोटा सा चश्मा (झरना) था, इसे यह भला महसूस हुआ तो उन्होंने कहा: अगर में लोगों से अलग थलक हो जाऊं तो मैं इस घाटी में रिहाइश इख़्तियार कर लू, रसूलुल्लाह ﷺ से इस का ज़िक्र किया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “ऐसी ख्वाहिश मत करो, क्योंकि तुम में से किसी का अल्लाह की राह में ठहरना उस का अपने घर में सत्तर साल नमाज़ पढ़ने से बेहतर है, क्या तुम पसंद नहीं करते के अल्लाह तुम्हें मुआफ़ फरमादे और तुम्हें जन्नत में दाखिल फरमादे, अल्लाह की राह में जिहाद करो, जिस शख़्स ने “फवाक़ नाका” (थन से दो दफा दूध निकालने के दरमियानी वक्फे) जितना अल्लाह की राह में किताल किया तो उस पर जन्नत वाजिब हो गई”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1650 وقال : حسن)

٣٨٣١ - (ضَعِيف) وَعَنْ عُثْمَانَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «رِبَاطُ يَوْمٍ فِي سَبِيلِ اللَّهِ خَيْرٌ مِنْ أَلْفِ يَوْمٍ فِيمَا سِوَاهُ مِنَ الْمَنَازِلِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيّ

3831. उस्मान रदियल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह की राह में एक दिन निगेहबानी करना हज़ार दीन की इबादत से बेहतर है”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذی (1667 وقال : حسن غريب) و النسائی (6 / 39 40 ح 3171)

٣٨٣٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " عَرَضَ عَلَيَّ أَوَّلُ ثَلَاثَةٍ يَدْخُلُونَ الْجَنَّةَ: شَهِيدٌ وَعَفِيفٌ مُتَعَفِّفٌ وَعَبْدٌ أَحْسَنَ عبادةَ اللَّهِ ونصح لمواليه ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3832. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सबसे पहले जन्नत में दाखिल होने वाले तीन शख़्स मुझ पर पेश किए गए: शहीद, अफत व अस्मत वाला जो सवाल करने से बचता है और वह गुलाम जिस ने अल्लाह की इबादत अच्छे अंदाज़ में की और अपने मालिको से भी खैरख्वाही की”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1642 وقال : حسن)

٣٨٣٣ - (صَحِيح) وَعَن عبدِ الله بن حُبَشيٍّ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سُئِلَ أَيُّ الْأَعْمَالِ أَفْضَلُ؟ قَالَ: «طُولُ الْقِيَامِ» قِيلَ: فَأَيُّ الصَّدَقَةِ أَفْضَلُ؟ قَالَ: «جُهْدُ الْمُقِلِّ» قِيلَ: فَأَيُّ الْهِجْرَةِ أَفْضَلُ؟ قَالَ: «مَنْ هَجَرَ مَا حَرَّمَ اللَّهُ عَلَيْهِ» قِيلَ: فَأَيُّ الْجِهَادِ أَفْضَلُ؟ قَالَ: «مَنْ جَاهَدَ الْمُشْرِكِينَ بِمَالِهِ وَنَفْسِهِ» . قِيلَ: فَأَيُّ الْقَتْلِ أَشْرَفُ؟ قَالَ: «مَنْ أُهْرِيقَ دَمُهُ وَعُقِرَ جَوَادُهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ»» وَفِي رِوَايَةٍ للنسائي: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سُئِلَ: أيُّ الأعمالِ أفضلُ؟ قَالَ: «إيمانٌ لَا شكَّ فِيهِ وَجِهَادٌ لَا غُلُولَ فِيهِ وَحَجَّةٌ مَبْرُورَةٌ» . قِيلَ: فَأَيُّ الصَّلَاةِ أَفْضَلُ؟ قَالَ: «طُولُ الْقُنُوتِ» . ثمَّ اتفقَا فِي الْبَاقِي

3833. अब्दुल्लाह बिन हुब्शीय्यी रदियल्लाहु अन्हु रिवायत करते हैं की नबी ﷺ से दरियाफ्त किया गया कौन सा अमल अफज़ल है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “तवील कयाम”, फिर पूछा: गया कौन सा सदका अफज़ल है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो जो कम माल वाला बकदर गुंजाईश अपने ताकत के मुवाफिक सदका करे”, अर्ज़ किया गया, कौन सी हिजरत अफज़ल है? फ़रमाया: “जिस ने अल्लाह की हराम करदा चीज़ को छोड़ दिया”, पूछा गया कौन सा जिहाद अफज़ल है? फ़रमाया: “जिस ने अपने माल और अपने जान से मुशरिकीन के साथ जिहाद किया”, अर्ज़ किया गया, कौन सा क़त्ल ज़्यादा बाईसे खुश किस्मती है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस का खून बहा दिया जाए और उस के घोड़े की कोंची काट दिया जाए”| और नसई की रिवायत में है की नबी ﷺ से दरियाफ्त किया गया के कौन से आमाल सबसे अफज़ल है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो ईमान जिस में कोई शक न हो, वह जिहाद जिस में कोई खयानत न हो और हज ए मकबूल”, फिर अर्ज़ किया गया, कौन सी नमाज़ अफज़ल है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस में लम्बा कयाम हो”| फिर उस के बाद वाली रिवायत पर दोनों (इमाम अबू दावुद और इमाम नसई) का इत्तेफाक है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (1449) و النسائی (5 / 58 ح 2527 و سنده حسن)

٣٨٣٤ - (صَحِيح) وَعَنِ الْمِقْدَامِ بْنِ مَعْدِي كَرِبَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لِلشَّهِيدِ عِنْدَ اللَّهِ سِتُّ خِصَالٍ: يُغْفَرُ لَهُ فِي أَوَّلِ دفعةٍ وَيَرَى مَقْعَدَهُ مِنَ الْجَنَّةِ وَيُجَارُ مِنْ عَذَابِ الْقَبْرِ وَيَأْمَنُ مِنَ الْفَزَعِ الْأَكْبَرِ وَيُوضَعُ عَلَى رَأْسِهِ تَاجُ الْوَقَارِ الْيَاقُوتَةُ مِنْهَا خَيْرٌ مِنَ الدُّنْيَا وَمَا فِيهَا ويزوَّجُ ثنتينِ وَسَبْعِينَ زَوْجَةً مِنَ الْحُورِ الْعِينِ وَيُشَفَّعُ فِي سَبْعِينَ مِنْ أَقْرِبَائِهِ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ

3834. मिक्दाम बिन मअदीकरीब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “शहीद के लिए अल्लाह के यहाँ छे इनामात है: इसे पहले कतरे खून गिरने पर बख्श दिया जाता है, उस का जन्नत में ठिकाना इसे दिखा दिया जाता है, इसे अज़ाब ए कब्र से बचा लिया जाता है, वह (कियामत की) बड़ी घबराहट से महफ़ूज़ रहेगा, उस के सर पर वक़ार (गरिमा) का ताज रख दीया जाएगा, उस का एक याकुत दुनिया और उस में जो कुछ है उस से बेहतर है, बेहतर (72) हूरो से उसकी शादी कराइ जाएगी और उस के सत्तर रिश्तेदारों के बारे में उसकी सिफारिश कबूल की जाएगी”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (1663 وقال : صحیح غریب) و ابن ماجه (2799)

٣٨٣٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ لَقِيَ اللَّهَ بِغَيْرِ أَثَرٍ مِنْ جِهَادٍ لَقِيَ اللَّهَ وَفِيهِ ثُلْمَةٌ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

3835. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स जिहाद के असरात के बगैर अल्लाह से मुलाकात करेगा तो वह अल्लाह से इस हाल में मुलाकात करेगा के (इस शख़्स के दीन) में नुक्स

व खलल होगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (1666 وقال : غریب) و ابن ماجه (2763) * فیه اسماعیل بن رافع : ضعیف الحفظ

٣٨٣٦ - (حسن) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الشَّهِيدُ لَا يَجِدُ أَلَمَ الْقَتْلِ إِلَّا كَمَا يَجِدُ أَحَدُكُمْ أَلَمَ الْقَرْصَةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَالدَّارِمِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

3836. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “शहीद क़त्ल होने की इतनी भी तकलीफ महसूस नहीं करता जितनी तुम में से कोई चींटी के काटने की तकलीफ महसूस करता है”| तिरमिज़ी, नसई, दारमी और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه الترمذی (1668) و النسائی (6 / 36 ح 3163) و الدارمی (2 / 205 ح 2413) * محمد بن عجلان مدلس و عنعن و للحدیث شواهد ضعیفة

٣٨٣٧ - (حسن) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " لَيْسَ شَيْءٌ أَحَبَّ إِلَى اللَّهِ مِنْ قَطْرَتَيْنِ وَأَثَرَيْنِ: قَطْرَةِ دُمُوعٍ مِنْ خَشْيَةِ اللَّهِ وَقَطْرَةِ دَمٍ يُهْرَاقُ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَأَمَّا الْأَثَرَانِ: فَأَثَرٌ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَأَثَرٌ فِي فَرِيضَةٍ مِنْ فَرَائِضِ اللَّهِ تَعَالَى ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

3837. अबू उमामा (र), नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह को दो कतरों और दो निशानों से ज़्यादा कोई चीज़ पसंद नहीं, अल्लाह के डर से गिरने वाला आंसू और अल्लाह की राह में बहाया जाने वाला खून का कतरा, और दो निशानों से मकसूद एक निशान वह है जो अल्लाह की राह में ज़ख्म या चोट वगैरा से आए और दूसरा निशान अल्लाह के किसी फ़रीज़े की अदाइगी की सूरत में रवानुमा होने वाला है (मसलन सजदाह वगैरा के निशान)”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस हसन ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1669)

٣٨٣٨ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَرْكَبِ الْبَحْرَ إِلَّا حَاجًّا أَوْ مُعْتَمِرًا أَوْ غَازِيًا فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَإِنَّ تَحْتَ الْبَحْرِ نَارًا وَتَحْتَ النَّارِ بَحْرًا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3838. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हज करने या उमरा करने या अल्लाह की राह में जिहाद करने के अलावा समुन्दर का सफ़र न करो, क्योंकि समुन्दर के नीचे आग है और आग के नीचे समुन्दर है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (2489) * فیه بشیر بن مسلم : مجهول و الحدیث ضعفه البخاری وغیره

٣٨٣٩ - (حسن) وَعَن أم حرَام عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْمَائِدُ فِي الْبَحْرِ الَّذِي يُصِيبُهُ الْقَيْءُ لَهُ أَجْرُ شَهِيدٍ وَالْغَرِيقُ لَهُ أَجْرُ شَهِيدَيْنِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3839. उम्म हराम रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करती हैं आप ﷺ ने फ़रमाया: “समुन्दर (के सफ़र) में चकराने वाले शख़्स को कै आजाए तो उस के लिए एक शहीद का अज़र है, और जो शख़्स डूब जाए तो उस के लिए दो शहीद का अज़र है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2493)

٣٨٤٠ - (ضَعِيف) وَعَن أبي مالكٍ الأشعريّ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم يَقُولُ: «مَنْ فَصَلَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَمَاتَ أَوْ قُتِلَ أَوْ وَقَصَهُ فَرَسُهُ أَوْ بَعِيرُهُ أَوْ لَدَغَتْهُ هَامَّةٌ أَو مَاتَ فِي فِرَاشِهِ بِأَيِّ حَتْفٍ شَاءَ اللَّهُ فَإِنَّهُ شَهِيدٌ وَإِن لَهُ الْجنَّة» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3840. अबू मालिक अशअरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो शख़्स अल्लाह की राह में निकले और वह फौत हो जाए या इसे क़त्ल कर दिया जाए या उस का घोड़ा या उस का ऊंट इसे गिरा दे या कोई ज़हरीली चीज़ इसे दस ले या वह अपने बिस्तर पर किसी किस्म की मौत से अल्लाह की मशियत से फौत हो जाए तो वह शहीद है और उस के लिए जन्नत है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (2499) [و صححه الحاکم علی شرط مسلم (2 / 7879) فرده الذھبی] * بقیة صرح بالسماع و قال الذھبی : و عبد الرحمن بن غنم لم یدرکه مکحول فیما اظن ، (تلخیص المستدرک 2 / 7879)

٣٨٤١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «قَفْلَةٌ كغزوة» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3841. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “(जिहाद से) वापस आना जिहाद की तरह है”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (2487)

٣٨٤٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لِلْغَازِي أَجْرُهُ وَلِلْجَاعِلِ أَجْرُهُ وَأَجْرُ الْغَازِي» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3842. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिहाद करने वाले के लिए उस का अज़र है और जिहाद पर तैयार करने वाले के लिए तय्यारी का अज़र भी है और जिहाद करने का अज़र भी है”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (2526)

٣٨٤٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي أَيُّوب سَمِعَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «سَتُفْتَحُ عَلَيْكُمُ الْأَمْصَارُ وَسَتَكُونُ جُنُودٌ مُجَنَّدَةٌ يُقْطَعُ عَلَيْكُمْ فِيهَا بُعُوثٌ فَيَكْرَهُ الرَّجُلُ الْبَعْثَ فَيَتَخَلَّصُ مَنْ قَوْمِهِ ثُمَّ يَتَصَفَّحُ الْقَبَائِلَ يَعْرِضُ نَفْسَهُ عَلَيْهِمْ مَنْ أَكْفِيهِ بَعْثَ كَذَا أَلَا وَذَلِكَ الْأَجِيرُ إِلَى آخِرِ قَطْرَةٍ مِنْ دَمِهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3843. अबू अय्यूब रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है उन्होंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना: “तुम पर इलाके फतह किए जाएँगे और फ़ौजी मजतमअ (जटिल) होगी उस में से चंद दस्ते तश्कील दिए जाएँगे, एक शख़्स (बिला उजरत) जाना पसंद नहीं करेगा और वह अपनी कौम से अलग हो जाएगा, फिर वह ऐसे क़बीलो को तलाश करेगा जिन के सामने वह अपनी खिदमात पेश करेगा और कहेगा के कौन है के शख़्स जिस की जगह में लश्कर में शिरकत करू, सुन लो! ऐसा शख़्स अपने खून के आखिरी कतरे तक अजिर है (वोह सवाब से महरूम रहेगा)”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2525) * فيه ابو سورة ابن اخى ابى ايوب : ضعيف

٣٨٤٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن يَعْلى بن أُميَّةَ قَالَ: أَذِنَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بالغزو وَأَنا شَيْخٌ كَبِيرٌ لَيْسَ لِي خَادِمٌ فَالْتَمَسْتُ أَجِيرًا يَكْفِينِي فَوَجَدْتُ رَجُلًا سَمَّيْتُ لَهُ ثَلَاثَةَ دَنَانِيرَ فَلَمَّا حَضَرَتْ غَنِيمَةٌ أَرَدْتُ أَنْ أُجْرِيَ لَهُ سَهْمَهُ فَجِئْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَذَكَرْتُ لَهُ فَقَالَ: «مَا أَجِدُ لَهُ فِي غَزْوَتِهِ هَذِهِ فِي الدُّنْيَا وَالْآخِرَةِ إِلَّا دَنَانِيرَهُ الَّتِي تسمى» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3844. यअली बिन उमय्य बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने गज़वा का एलान फ़रमाया तो मैं इस वक़्त बुढ़ा शख़्स था, मेरे पास कोई खादिम भी नहीं था,मैंने अपनी तरफ से किफ़ायत करने के लिए एक अजिर तलाश किया चुनांचे मुझे एक आदमी मिल गया, मैंने उस के लिए तीन दीनार तेअ किए, जब माले गनीमत आया तो मैंने इसे उस का हिस्सा देने का इरादा किया, मैं नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और आप से यह बयान किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं इस गज़वा में उस के लिए उन तीन मकरुर दीनार के अलावा दुनिया व आखिरत में कुछ और नहीं पाता”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (2527)

٣٨٤٥ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَجُلًا قَالَ: يَا رسولَ الله رجلٌ يُرِيدُ الْجِهَادَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَهُوَ يَبْتَغِي عَرَضاً من عرَضِ الدُّنْيَا فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا أجر لَهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3845. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के किसी आदमी ने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! एक आदमी अल्लाह की राह में जिहाद करना चाहता है जबकि वह दुनिया का माल व मताअ चाहता है, नबी ﷺ ने फ़रमाया:

“उस के लिए कोई अज़र नहीं”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2516)

٣٨٤٦ - (حسن) وَعَنْ مُعَاذٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْغَزْوُ غَزْوَانِ فَأَمَّا مَنِ ابْتَغَى وَجْهَ اللَّهِ وَأَطَاعَ الْإِمَامَ وَأَنْفَقَ الْكَرِيمَةَ وَيَاسَرَ الشَّرِيكَ واجتنبَ الْفساد فَإِن نَومه ونهبه أَجْرٌ كُلُّهُ. وَأَمَّا مَنْ غَزَا فَخْرًا وَرِيَاءً وَسُمْعَةً وَعَصَى الْإِمَامَ وَأَفْسَدَ فِي الْأَرْضِ فَإِنَّهُ لَمْ يَرْجِعْ بِالْكَفَافِ» . رَوَاهُ مَالِكٌ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيّ

3846. मुआज़ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिहाद दो किस्म का है, रहा वह शख़्स जिस ने अल्लाह की रज़ा हासिल करने के लिए जिहाद किया, इमाम व अमीर की इताअत की, इन्तिहाई कीमती माल खर्च किया, अपने साथी को आसानी व सहूलत फराहम की और फसाद से बचा तो ऐसे शख़्स का सोना और जागना सब बाईस ए अज़र है, दूसरा वह शख़्स जिस ने फख्र व रिया निज़ शोहरत की खातिर जिहाद किया, इमाम व अमीर की नाफ़रमानी की और ज़मीन में फसाद पैदा किया तो वह सवाब के साथ वापस नहीं आता”| (सहीह)

صحيح ، رواه مالک (2 / 466 ح 1030 وهو موقوف / حسن) و ابوداؤد (2515 و سنده صحيح) و النسائی (6 / 4950 ح 31904200)

٣٨٤٧ - (ضَعِيف) وَعَن عبد الله بن عَمْرو أَنَّهُ قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَخْبِرْنِي عَنِ الْجِهَادِ فَقَالَ: «يَا عَبْدَ اللَّهِ بْنَ عَمْرٍو إِنْ قَاتَلْتَ صَابِرًا مُحْتَسِبًا بَعَثَكَ اللَّهُ صَابِرًا مُحْتَسِبًا وَإِنْ قَاتَلْتَ مُرَائِيًا مُكَاثِرًا بَعَثَكَ اللَّهُ مُرَائِيًا مُكَاثِرًا يَا عَبْدَ اللَّهِ بْنَ عَمْرٍو عَلَى أَيِّ حَالٍ قَاتَلْتَ أَوْ قُتِلْتَ بَعَثَكَ اللَّهُ عَلَى تِلْكَ الْحَالِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3847. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे जिहाद के बारे में बताइए? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अब्दुल्लाह बिन अमर! अगर तुमने साबित कदमी और सवाब की उम्मीद रखने वाले की नियत से जिहाद किया तो अल्लाह तुम्हें इसी नियत के मुताबिक साबिर व मुहतसिब के तौर पर उठाएगा, और अगर तुमने दिखलाने के लिए और तकासर व तफाखर के तौर पर जिहाद किया तो अल्लाह तुम्हें रियाकार और फख्र करने वाला बना कर उठाएगा, अब्दुल्लाह बिन अमर! तुमने जिस भी हालत पर किताल किया या तो क़त्ल कर दिया गया तो अल्लाह तुम्हें इसी हालत पर उठाएगा”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2519) [و صححه الحاكم (2 / 8586) و وافقه الذهبی]

٣٨٤٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عقبَة بن مَالك عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أعجزتم إِذا بعثت رجلا فَم يَمْضِ لِأَمْرِي أَنْ تَجْعَلُوا مَكَانَهُ مَنْ يَمْضِي لِأَمْرِي؟» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ»» وَذَكَرَ حَدِيثَ فَضَالَةَ: «وَالْمُجَاهِدُ مَنْ جَاهَدَ نَفْسَهُ» . فِي «كِتَابِ الْإِيمَانِ»

3848. उक्बा बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम उसकी कुदरत नहीं रखते की जब में किसी आदमी को (अमिर बना कर) भेजू और वह मेरे हुक्म की मुखालिफत करे तो तुम उसकी जगह किसी ऐसे आदमी को (अमिर) बना लो जो मेरे हुक्म की तामिल करे”| # और फज़ालह से मरवी हदीस: मुजाहिद वह है जिस ने अपनी नफ्स से जिहाद किया | किताबुल ईमान में ज़िक्र की गई है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2537) * حديث فضالة : و المجاهد من جاهد بنفسه (تقدم : 34)

كتاب الْجِهَاد • जिहाद का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٨٤٩ - (لم تتمّ دراسته) عَن أبي أُمَامَةَ قَالَ: خَرَجْنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم فِي سَرِيَّةٍ فَمَرَّ رَجُلٌ بِغَارٍ فِيهِ شَيْءٌ مِنْ مَاءٍ وَبَقْلٍ فَحَدَّثَ نَفْسَهُ بِأَنْ يُقِيمَ فِيهِ وَيَتَخَلَّى مِنَ الدُّنْيَا فَاسْتَأْذَنَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي ذَلِكَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنِّي لَمْ أُبْعَثْ بِالْيَهُودِيَّةِ وَلَا بِالنَّصْرَانِيَّةِ وَلَكِنِّي بُعِثْتُ بِالْحَنِيفِيَّةِ السَّمْحَةِ وَالَّذِي نَفْسُ مُحَمَّدٍ بِيَدِهِ لَغَدْوَةٌ أَوْ رَوْحَةٌ فِي سَبِيلِ اللَّهِ خَيْرٌ مِنَ الدُّنْيَا وَمَا فِيهَا وَلَمَقَامُ أَحَدِكُمْ فِي الصَّفِّ خَيْرٌ مِنْ صَلَاتِهِ سِتِّينَ سَنَةً» رَوَاهُ أَحْمد .

3849. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम एक लश्कर मैं रसूलुल्लाह ﷺ की साथ में रवाना हुए तो एक आदमी एक ग़ार के पास से गुज़रा जिस में थोड़ा पानी और सब्ज़ी थी, उस ने अपने दिल में सोचा के वह दुनिया से अलग थलग हो कर इसी जगह कयाम पज़ीर हो जाए, उस ने इस बारे में रसूलुल्लाह ﷺ से इजाज़त तलब की तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुझे यहूदियत के लिए मबउस नहीं किया गया है और न नासरानियत के लिए भेजा गया है बल्कि मुझे तो दिने तोहिद जो के आसान दीन है दे कर भेजा गया है, उस ज़ात की क़सम! जिसके हाथ में मुहम्मद ﷺ की जान है, अल्लाह की राह में सुबह या शाम लगाना दुनिया और जो कुछ इस में है उस से बेहतर है और तुम में से किसी का (जिहाद की) सफ में कयाम उसकी साठ साल की नमाज़ से बेहतर है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جدا ، رواه احمد (5 / 366 ح 22647) * فيه معان بن رفاعة (ضعيف) عن على بن يزيد (ضعيف جدًا) عن القاسم عن ابى امامة به الخ

٣٨٥٠ - (صَحِيح) وَعَنْ عُبَادَةَ بْنِ الصَّامِتِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ غَزَا فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَلَمْ يَنْوِ إِلَّا عِقَالًا فَلَهُ مَا نَوَى» . رَوَاهُ النَّسَائِيّ

3850. उबादा बिन सामित रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने (ऊंट

का घुटना बांधने वाली) रस्सी हासिल करने की नियत से अल्लाह की राह में जिहाद किया तो उसे अपने नियत के मुताबिक अज़र मिलेगा”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه النسائی (6 / 24 ح 3140) [و صححه ابن حبان (1605) و الحاکم (2 / 109) و وافقه الذهبی]

٣٨٥١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم قَالَ: «من رَضِي بِاللَّه رَبًّا وَالْإِسْلَام دِينًا وَبِمُحَمَّدٍ رَسُولًا وَجَبَتْ لَهُ الْجَنَّةُ» . فَعَجِبَ لَهَا أَبُو سَعِيدٍ فَقَالَ: أَعِدْهَا عَلَيَّ يَا رَسُولَ اللَّهِ فَأَعَادَهَا عَلَيْهِ ثُمَّ قَالَ: «وَأُخْرَى يَرْفَعُ اللَّهُ بِهَا [ص:١١١٣ الْعَبْدَ مِائَةَ دَرَجَةٍ فِي الْجَنَّةِ مَا بَيْنَ كُلِّ دَرَجَتَيْنِ كَمَا بَيْنَ السَّمَاءِ وَالْأَرْضِ» . قَالَ: وَمَا هِيَ يَا رَسُولَ الله؟ قَالَ: «الْجِهَاد فِي سَبِيل الْجِهَادُ فِي سَبِيلِ اللَّهِ الْجِهَادُ فِي سَبِيلِ الله» . رَوَاهُ مُسلم

3851. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स अल्लाह के रब होने, इस्लाम के दीन होने और मुहम्मद ﷺ के रसूल होने पर राज़ी हो गया तो उस के लिए जन्नत वाजिब हो गई”| अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु ने उन कलिमात पर ताज्जुब करते हुए अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! यह कलिमात मुझे दोबारा सुनाइए, आप ﷺ ने यह कलिमात उन्हें दोबारा सुनाए, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “एक और चीज़ है जिस की वजह से अल्लाह बंदे को जन्नत में सौ दरजे बुलंद फरमा देता है, हर दो दरजो के दरमियान इस क़दर फासला है जैसे ज़मीन व आसमान के दरमियान फासला है”, उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! वह क्या है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह की राह में जिहाद करना, अल्लाह की राह में जिहाद करना, अल्लाह की राह में जिहाद करना”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (116 / 1884)، (4879)

٣٨٥٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي مُوسَى قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ أَبْوَابَ الْجَنَّةِ تَحْتَ ظِلَالِ السُّيُوفِ» فَقَامَ رَجُلٌ رَثُّ الْهَيْئَةِ فَقَالَ: يَا أَبَا مُوسَى أَنْتَ سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ هَذَا؟ قَالَ: نَعَمْ فَرَجَعَ إِلَى أَصْحَابِهِ فَقَالَ: أَقْرَأُ عَلَيْكُمُ السَّلَامَ ثُمَّ كَسَرَ جَفْنَ سَيْفِهِ فَأَلْقَاهُ ثُمَّ مَشَى بِسَيْفِهِ إِلَى الْعَدُوِّ فَضَرَبَ بِهِ حَتَّى قُتِلَ. رَوَاهُ مُسلم

3852. अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जन्नत के दरवाज़े तलवारों के साए तले है”, (ये सुन कर) एक फ़क़ीरुलहाल शख़्स खड़ा हुआ और उस ने अर्ज़ किया, अबू मूसा! क्या तुम ने रसूलुल्लाह ﷺ को यह फरमाते हुए सुना है? उन्होंने कहा: हाँ, वह शख़्स अपने साथियो की तरफ पलटा और कहा: मेरा तुम्हें सलाम पहुंचे, फिर उस ने अपने तलवार की मियान तोड़ कर फेंक दिया और अपने तलवार लेकर दुश्मन की तरफ बढ़ा और वह उस के साथ किताल करते करते शहीद हो गया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (146 / 1902)، (4916)

٣٨٥٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم قَالَ لِأَصْحَابِهِ: " إِنَّهُ لَمَّا أُصِيبَ إِخْوَانُكُمْ يَوْمَ أُحُدٍ جَعَلَ اللَّهُ أَرْوَاحَهُمْ فِي جَوْفِ طَيْرٍ خُضْرٍ تَرِدُ أَنْهَارَ الْجَنَّةِ تَأْكُلُ مِنْ ثِمَارِهَا وَتَأْوِي إِلَى قَنَادِيلَ مِنْ ذَهَبٍ مُعَلَّقَةٍ فِي ظِلِّ الْعَرْشِ فلمَّا وجَدوا طِيبَ مأكَلِهِم ومشرَبِهِمْ ومَقِيلِهِم قَالُوا: مَنْ يُبَلِّغُ إِخْوانَنا عنَا أَنَّنا أَحْيَاءٌ فِي الْجَنَّةِ لِئَلَّا يَزْهَدُوا فِي الْجَنَّةِ وَلَا يَنكُلوا عندَ الحربِ فَقَالَ اللَّهُ تَعَالَى: أَنا أبلغكم عَنْكُمْ فَأَنْزَلَ اللَّهُ تَعَالَى: (وَلَا تَحْسَبَنَّ الَّذِينَ قُتِلُوا فِي سَبِيلِ اللَّهِ أَمْوَاتًا بَلْ أَحْيَاءٌ)»» إِلَى أخر الْآيَات)»» رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3853. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने सहाबा रदियल्लाहु अन्हु से फ़रमाया: “जब गज़वा ए उहद में तुम्हारे भाई शहीद कर दिए गए तो अल्लाह तआला ने उनकी रूहें सब्ज़ परिंदों के पेट में दाखिल कर दी, वह जन्नत की नहरों पर आते है, जन्नत के मेवे खाते है और अर्श के साए में मुअल्लक सोने की किन्दिलो (lamps) में बसेरा करते हैं, चुनांचे जब वह बेहतरीन खाना पीना और आराम गाह पाते है तो वह कहते हैं, हमारे मुतल्लिक हमारे भाइयो को कौन बताए के हम जन्नत में जिंदा है ताकि वह भी जन्नत की रगबत रखे और लड़ाई (जिहाद) के वक़्त सुस्ती न करे, अल्लाह तआला ने कहा में तुम्हारी बात उन तक पहुंचाउंगा चुनांचे अल्लाह तआला ने यह आयत नाज़िल फरमाई: “अल्लाह की राह में क़त्ल हो जाने वालो को मुर्दा मत गुमान करो बल्कि वह जिंदा है”, आख़िर आयत तक| (सहीह,हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (2520) [و صححه الحاكم على شرط مسلم (2 / 588 ، 297) و وافقه الذهبى] * ابن اسحاق صرح بالسماع و للحديث شواهد

٣٨٥٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيُّ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " الْمُؤْمِنُونَ فِي الدُّنْيَا عَلَى ثَلَاثَةِ أَجْزَاءٍ: الَّذِينَ آمَنُوا بِاللَّهِ وَرَسُولِهِ ثُمَّ لَمْ يَرْتَابُوا وَجَاهَدُوا بِأَمْوَالِهِمْ [ص:١١٣ وَأَنْفُسِهِمْ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَالَّذِي يأمنه النَّاس على النَّاسُ عَلَى أَمْوَالِهِمْ وَأَنْفُسِهِمْ ثُمَّ الَّذِي إِذَا أَشْرَفَ عَلَى طَمَعٍ تَرَكَهُ لِلَّهِ عَزَّ وَجَلَّ ". رَوَاهُ أَحْمد

3854. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “दुनिया में मोमिनो की तीन किस्म हैं: वह लोग जो अल्लाह और उस के रसूल पर ईमान लाए, फिर उन्होंने शक न किया और उन्होंने अपने जानो और अपने मालो के साथ अल्लाह की राह में जिहाद किया, (दूसरा) वह शख़्स जिस से लोगों का जान व माल महफ़ूज़ हो, तीसरा वह शख़्स जब इसे ताअम का ख़याल आता है तो वह इसे अल्लाह अज्ज़वजल की खातिर तर्क कर देता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (3 / 8 ح 11065) * فيه اشدين بن سعد المصرى ضعيف

٣٨٥٥ - (حسن) وَعَن عبدِ الرَّحمنِ بن أبي عَميرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَا مِنْ نَفْسٍ مُسْلِمَةٍ يَقْبِضُهَا رَبُّهَا تُحِبُّ أَنْ تَرْجِعَ إِلَيْكُمْ وَأَنَّ لَهَا الدُّنْيَا وَمَا فِيهَا غير الشَّهِيد» قَالَ ابْن عَمِيرَةَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَأَنْ أُقْتَلَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ أَحَبُّ إِلَيَّ مِنْ أَنْ يَكُونَ لِي أَهْلُ الْوَبَرِ وَالْمَدَرِ» . رَوَاهُ النَّسَائِيّ

3855. अब्दुल रहमान बिन अबी उमैर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “शहीद

के सिवा कोई ऐसा मुसलमान नहीं जिस रूह उस का रब कब्ज़ कर ले और वह तुम्हारी तरफ लौटने को पसंद करे और चाहे के दुनिया और जो कुछ इस में है वह उस के लिए हो”| इब्ने अबी उमैर रदियल्लाहु अन्हु ने बयान किया रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुझे अल्लाह की राह में शहीद हो जाना दुनिया और जो कुछ इस में है इस के मिल जाने से ज़्यादा महबूब है”| (सहीह)

صحيح ، رواه النسائی (6 / 33 ح 3155)

٣٨٥٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ حَسْنَاءَ بِنْتِ مُعَاوِيَةَ قَالَتْ: حَدَّثَنَا عَمِّي قَالَ: قَلْتُ لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: مَنْ فِي الْجَنَّةِ؟ قَالَ: «النَّبِيُّ فِي الْجَنَّةِ وَالشَّهِيدُ فِي الْجَنَّةِ وَالْمَوْلُودُ فِي الْجَنَّةِ وَالْوَئِيدُ فِي الْجَنَّة» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3856. हसनाअ बिन्ते मुआविया रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, मेरे चचा ने हमें हदीस बयान की वह कहते हैं की मैंने नबी ﷺ से अर्ज़ किया, जन्नती कौन है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “नबी जन्नती है, शहीद जन्नती है, छोटे बच्चे जन्नती है और जिंदा दरगोर किए गए जन्नती है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2521) * حسناء مجهولة الحال و للحديث شواهد ضعيفة و فى الباب حديث يخالفه (انظر سنن ابى داود : 4717) كان بعض المؤدات فى الجنة و بعض فى النار ، والله اعلم

٣٨٥٧ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَلِيٍّ وَأَبِي الدَّرْدَاءِ وَأَبِي هُرَيْرَةَ وَأَبِي أَمَامَةَ وَعَبْدُ اللَّهِ بْنُ عُمَرَ وَعَبْدُ اللَّهِ بْنُ عَمْرٍو وَجَابِرِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ وَعِمْرَانَ بْنِ حُصَيْنٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمْ أَجْمَعِينَ كُلُّهُمْ يُحَدِّثُ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ قَالَ: «مَنْ أَرْسَلَ نَفَقَةً فِي سبيلِ الله وأقامَ فِي بيتِه فلَه بكلِّ دِرْهَمٍ سَبْعُمِائَةِ دِرْهَمٍ وَمَنْ غَزَا بِنَفْسِهِ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَأَنْفَقَ فِي وَجْهِهِ ذَلِكَ فَلَهُ بِكُلِّ دِرْهَمٍ سَبْعُمِائَةِ أَلْفِ دِرْهَمٍ» . ثُمَّ تَلَا هذهِ الآيَةَ: (واللَّهُ يُضاعفُ لمنْ يشاءُ)»» رَوَاهُ ابنُ مَاجَه

3857. अली, अबू दरदा, अबू हुरैरा, अबू उमामा, अब्दुल्लाह बिन उमर, अब्दुल्लाह बिन अमर, जाबिर बिन अब्दुल्लाह और इमरान बिन हुसैन रदियल्लाहु अन्हुम सब रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस शख़्स ने अल्लाह की राह में खर्चा भेजा और वह खुद अपने घर में रहा तो उस के लिए हर दिरहम के बदले में सातसो दिरहम का अज़्र है| और जिस ने बज़ाते खुद जिहाद में शिरकत की और अल्लाह तआला की रज़ा के लिए खर्च किया तो उस के लिए हर दिरहम के बदले में सात लाख दिरहम का अज़्र है”, फिर आप ﷺ ने यह आयत तिलावत फरमाई: “अल्लाह जिसके लिए चाहता है बढ़ा देता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (2761) * قال البوصيرى :'' هذا اسناده ضعيف ، الخليل بن عبدالله : لا يعرف '' و فيه علة أخرى

٣٨٥٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن فَضالة بنِ عُبيد قَالَ: سمِعْتُ عمَرَ بن الْخطاب يَقُولُ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " الشُّهَدَاءُ أَرْبَعَةٌ: رَجُلٌ مُؤْمِنٌ جَيِّدُ الْإِيمَانِ لَقِيَ الْعَدُوَّ فَصَدَقَ اللَّهَ حَتَّى قُتِلَ فَذَلِكَ الَّذِي يَرْفَعُ النَّاسُ إِلَيْهِ

أَعْيُنَهُمْ يَوْمَ الْقِيَامَةِ [ص:١١٣ هَكَذَا " وَرَفَعَ رَأْسَهُ حَتَّى سَقَطَتْ قَلَنْسُوَتُهُ فَمَا أَدْرِي أَقَلَنْسُوَةَ عُمَرَ أَرَادَ أَمْ قَلَنْسُوَةَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ قَالَ: «وَرَجُلٌ مُؤْمِنٌ جَيِّدُ الْإِيمَانِ لَقِيَ الْعَدُوَّ كَأَنَّمَا ضَرَبَ جِلْدَهُ بِشَوْكِ طَلْحٍ مِنَ الْجُبْنِ أَتَاهُ سَهْمٌ غَرْبٌ فَقَتَلَهُ فَهُوَ فِي الدَّرَجَةِ الثَّانِيَةِ وَرَجُلٌ مُؤْمِنٌ خَلَطَ عَمَلًا صَالِحًا وَآخَرَ سَيِّئًا لَقِيَ الْعَدُوَّ فَصَدَقَ اللَّهَ حَتَّى قُتِلَ فَذَلِكَ فِي الدَّرَجَةِ الثَّالِثَةِ وَرَجُلٌ مُؤْمِنٌ أَسْرَفَ عَلَى نَفْسِهِ لَقِيَ الْعَدُوَّ فَصَدَقَ اللَّهَ حَتَّى قُتِلَ فَذَاكَ فِي الدَّرَجَةِ الرَّابِعَةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

3858. फ़ुज़ालह बिन उबैद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु को बयान करते हुए सुना वह कहते हैं की मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “शुहदा की चार किस्मे है एक वह मोमिन जो कामिल(सर्वोत्तम) ईमान वाला जिस ने दुश्मन से मुलाकात की तो उस ने अल्लाह को (अपना अमल) सच कर दिखाया हत्ता के वह शहीद कर दिया, गया चुनांचे यही वह शख़्स है जिस की तरफ लोग रोज़ ए कियामत इस तरह अपने आँखे उठा कर देखेंगे”, और उन्होंने अपना सर उठाया हत्ता के उनकी टोपी गिर पड़ी, रावी बयान करते हैं, मुझे मालुम नहीं के उन्होंने उमर रदियल्लाहु अन्हु की टोपी मुराद ली या नबी ﷺ की टोपी फ़रमाया: “(दूसरा) मोमिन आदमी कामिल(सर्वोत्तम) ईमान वाला वह है, जो दुश्मन से मुलाकात करता है लेकिन बुज़दिली की वजह से उसकी जल्द में तल्ह (कांटे दार बड़ा दरख्त जिसके फुल खुशबू दार होते हैं) के कांटे चुभोए रहे हैं, फिर एक ना मालूम तीर आता है तो वह इसे क़त्ल कर देता है, यह शख़्स दूसरे दरजे का है, (तीसरा) वह मोमिन आदमी जिस की नेकियाँ भी है और बुराइया भी, वह जब दुश्मन से मुलाकात करता है तो अल्लाह को (अपना अमल) सच कर दीखाता है, हत्ता के वह शहीद हो जाता है, यह तीसरे दरजे में है और (चोथा) वह मोमिन आदमी जिस ने (गुनाह कर के) अपने नफ्स पर ज़्यादती की, वह दुश्मन से मिलता है तो अल्लाह को (अपना अमल) सच कर दिखाता है हत्ता के वह क़त्ल कर दिया जाता है, यह शख़्स चोथे दरजे में है”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस हसन ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (1644) * ابو یزید الخولانی مجهول الحال : لم یوثقه غیر الترمذی فیما اعلم وقال فی التقریب :’’ مجهول ‘‘

٣٨٥٩ - (صَحِيح) وَعَن عُتبةَ بن عبدٍ السَّلَمِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: " الْقَتْلَى ثَلَاثَةٌ: مُؤمن جَاهد نَفسه وَمَالِهِ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَإِذَا لَقِيَ الْعَدُوَّ قَاتَلَ حَتَّى يُقْتَلَ " قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِيهِ: «فَذَلِكَ الشَّهِيدُ الْمُمْتَحَنُ فِي خَيْمَةِ اللَّهِ تَحْتَ عَرْشِهِ لَا يَفْضُلُهُ النَّبِيُّونَ إِلَّا بِدَرَجَةِ النُّبُوَّةِ وَمُؤْمِنٌ خَلَطَ عَمَلًا صَالِحًا وَآخَرَ سَيِّئًا جَاهَدَ بِنَفْسِهِ وَمَالِهِ فِي سَبِيلِ اللَّهِ إِذَا لَقِيَ الْعَدُوَّ قَاتَلَ حَتَّى يُقْتَلَ» قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِيهِ: «مُمَصْمِصَةٌ مَحَتْ ذُنُوبَهُ وَخَطَايَاهُ إِنَّ السَّيْفَ مَحَّاءٌ لِلْخَطَايَا وَأُدْخِلَ مِنْ أَيِّ أَبْوَابِ الْجَنَّةِ شَاءَ وَمُنَافِقٌ جَاهَدَ بِنَفْسِهِ وَمَالِهِ فَإِذَا لَقِيَ الْعَدُوَّ قَاتَلَ حَتَّى يُقْتَلَ فَذَاكَ فِي النَّارِ إِنَّ السيفَ لَا يمحُو النِّفاقَ» . رَوَاهُ الدارميُّ

3859. उत्बा बिन अब्द स्सुलुमी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “शुहदा तीन किस्म के है: वह मोमिन जिस ने अपने जान और अपने माल के साथ अल्लाह की राह में जिहाद किया, जब वह दुश्मन से मुलाकात करता है तो किताल करता है हत्ता के वह शहीद कर दिया जाता है”, नबी ﷺ ने उस के बारे में फ़रमाया: “ये वह शहीद है जिसे आज़माया गया है, यह अल्लाह के अर्श (के साए तले) अल्लाह के खैमे में होगा

और अंबिया अलैहिस्सलाम को उस पर फ़क़त नबूवत के दरजे की वजह से फ़ज़ीलत हासिल होगी, (दूसरा) वह मोमिन जिसके नेक आमाल होंगे और बुराइया भी होगी, उस ने अपने माल व जान के साथ अल्लाह की राह में जिहाद किया, जब वह दुश्मन से मुलाकात करता है तो किताल करता है हत्ता के वह शहीद कर दिया जाता है", नबी ﷺ ने उस के बारे में फ़रमाया: "मंसबे शहादत ने इसे गुनाहों से पाक कर दिया, उस के गुनाहों और उसकी खताओं को ख़तम कर दिया, क्योंकि तलवार खताओं को नाबूद करने वाली है, और इसे उसकी पसंद के बाब जन्नत से दाखिल कर दिया गया, और (तीसरा) मुनाफ़िक़ जिस ने अपने माल व जान से जिहाद किया, यह शख़्स आग में है, क्योंकि तलवार निफ़ाक़ नहीं मिटाती"| (हसन)

حسن ، رواه الدارمی (2 / 206207 ح 2416 ، نسخة محققة : 2455) * معاوية بن یحیی الصدفی ضعیف و لکن رواه ابن حبان (الاحسان : 4644) و احمد 4 / 185186) وغیرهما بسند حسن نحوه فالحدیث حسن

٣٨٦٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن ابْن عائذٍ قَالَ: خَرَجَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي جِنَازَةِ رَجُلٍ [ص:١١١٣ فَلَمَّا وُضِعَ قَالَ عُمَرُ بْنُ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ: لَا تُصَلِّ عَلَيْهِ يَا رَسُولَ اللَّهِ فَإِنَّهُ رَجُلٌ فَاجِرٌ فَالْتَفَتَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى النَّاسِ فَقَالَ: «هَلْ رَآهُ أَحَدٌ مِنْكُمْ عَلَى عَمَلِ الْإِسْلَامِ؟» فَقَالَ رَجُلٌ: نَعَمْ يَا رَسُولَ اللَّهِ حَرَسَ لَيْلَةً فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَصَلَّى عَلَيْهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَحَثَا عَلَيْهِ التُّرَابَ وَقَالَ: «أَصْحَابُكَ يَظُنُّونَ أَنَّكَ مِنْ أَهْلِ النَّارِ وَأَنَا أَشْهَدُ أَنَّكَ مِنْ أَهْلِ الْجَنَّةِ» وَقَالَ: «يَا عُمَرُ إِنَّكَ لَا تُسْأَلُ عَنْ أَعْمَالِ النَّاسِ وَلَكِنْ تُسْأَلُ عَنِ الْفِطْرَةِ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي «شُعَبِ الْإِيمَانِ»

3860. इब्ने आइज़ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ किसी आदमी के जनाज़े के साथ तशरीफ़ लाए, जब इसे रखा गया तो उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! उसकी नमाज़े जनाज़ा मत पढ़ाईए क्योंकि यह फ़ाजिर शख़्स है, रसूलुल्लाह ﷺ ने लोगों की तरफ तवज्जो फरमा कर पूछा: "क्या तुम में से किसी ने इसे इस्लाम का कोई अमल करते हुए देखा है?" एक आदमी ने अर्ज़ किया, जी हाँ! अल्लाह के रसूल! उस ने एक रात अल्लाह की राह में पहरा दिया था, रसूलुल्लाह ﷺ ने उसकी नमाज़ ए जनाज़ा पढ़ाई और इस (की कब्र) पर मिट्टी डाली, और फ़रमाया: "तेरे साथियो का गुमान है की तू जहन्नमी है जबकि मैं गवाही देता हूँ कि तू जन्नती है", और फ़रमाया: उमर! तुझ से लोगों के आमाल के बारे में नहीं पूछा जाएगा, लेकिन तुझ से अकिदेह के बारे में पूछा जाएगा"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه البیهقی فی شعب الایمان (4297 ، نسخة محققة : 3988) و احمد بن منیع (کما فی المطالب العالیة 3 / 54 ح 911) * فیه شعوذ بن عبد الرحمن : و ثقه ابن حبان وحده فیما اعلم و ابن عائذ عن عمر : مرسل ، و للحدیث شاهد ضعیف عند الطبرانی ، انظر مجمع الزوائد (5 / 288)

जिहाद का सामान तैयार करने का बयान • بَاب إعداد آلَة الْجِهَاد

पहली फस्ल • الْفَصْلُ الأول

٣٨٦١ - (صَحِيح) عَن عُقْبَةَ بْنِ عَامِرٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ عَلَى الْمِنْبَرِ يَقُول: " (وَأَعِدُّوا لَهُ مَا استطَعْتُمْ منْ قُوَّةٍ)»» أَلَا إِنَّ الْقُوَّةَ الرَّمْيُ أَلَا إِنَّ الْقُوَّةَ الرَّمْيُ أَلا إِنَّ الْقُوَّةَ الرَّمْيُ)»» رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3861. उक्बा बिन आमिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को मिम्बर पर फरमाते हुए सुना: “और जहाँ तक मुमकिन हो (इन के मुकाबले के लिए) कुव्वत तैयार रखो”, सुन लो! बेशक कुव्वत से मकसूद तीर अन्दाज़ी है, ख़बरदार कुव्वत से मकसूद तीर अन्दाज़ी है, सुन लो! कुव्वत से मुराद तीर अन्दाज़ी है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (167 / 1917)، (4946)

٣٨٦٢ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «سَتُفْتَحُ عَلَيْكُمُ الرُّومُ وَيَكْفِيكُمُ اللَّهُ فَلَا يَعْجِزْ أَحَدُكُمْ أَنْ يَلْهُوَ بِأَسْهُمِهِ» . رَوَاهُ مُسلم

3862. उक्बा बिन आमिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “तुम अनकरीब रोम फतह कर लोगे, और अल्लाह तुम्हारे लिए (इन के शर के मुकाबले में) काफी होगा, तुम में से कोई अपने तीर के साथ मशगूल रहने में सुस्ती न करे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (168 / 1918)، (4947)

٣٨٦٣ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم يقولُ: «مَنْ علِمَ الرَّميَ ثمَّ تَرَكَهُ فَلَيْسَ مِنَّا أَوْ قَدْ عَصَى» . رَوَاهُ مُسلم

3863. उक्बा बिन आमिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस ने तीर अन्दाज़ी सीखी और फिर इसे तर्क कर दिया तो वह हम में से नहीं (फ़रमाया) उस ने नाफ़रमानी की”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (169 / 1919)، (4949)

٣٨٦٤ - (صَحِيح) وَعَن سلَمةَ بنِ الأكوَعِ قَالَ: خَرَجَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى قَوْمٍ مِنْ أَسْلَمَ يَتَنَاضَلُونَ بِالسُّوقِ فَقَالَ: «ارمُوا بَنِي إِسْمَاعِيلَ فَإِنَّ أَبَاكُمْ كَانَ رَامِيًا وَأَنَا مَعَ بَنِي فُلَانٍ» لِأَحَدِ الْفَرِيقَيْنِ فَأَمْسَكُوا بِأَيْدِيهِمْ فَقَالَ: «مَا لَكُمْ؟» قَالُوا: وَكَيْفَ نَرْمِي وَأَنْتَ مَعَ بَنِي فُلَانٍ؟ قَالَ: «ارمُوا وَأَنا مَعكُمْ كلكُمْ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3864. सलमा बिन अकवा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ असलम कबिले के लोगों के पास तशरीफ़ लाए, वह बाज़ार में तीर अन्दाज़ी कर रहे थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बनू इस्माइल! तीर अन्दाज़ी करो, क्योंकि तुम्हारे बाप तीर अंदाज़ थे, और मैं फलां कबिले के साथ हूँ”, उन्होंने अपने हाथ रोक लिए तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हें क्या हुआ ?” उन्होंने अर्ज़ किया, हम कैसे तीर अन्दाज़ी करे जबकि आप फलां कबिले के साथ है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तीर अन्दाज़ी करो और मैं आप सब के साथ हूँ‘‘| (बुखारी)

رواه البخارى (3507)

٣٨٦٥ - (صَحِيح) وَعَن أنسٍ قَالَ: كَانَ أَبُو طَلْحَةَ يَتَتَرَّسُ مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِتُرْسٍ وَاحِدٍ وَكَانَ أَبُو طَلْحَةَ حَسَنَ الرَّمْيِ فَكَانَ إِذَا رَمَى تَشَرَّفَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَيَنْظُرُ إِلَى مَوضِع نبله. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3865. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अबू तल्हा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ के साथ एक ही ढाल से बचाव कर रहे थे, और अबू तल्हा रदियल्लाहु अन्हु बेहतरीन तीर अंदाज़ थे, जब वह तीर फेंकते थे तो नबी ﷺ (अबू तल्हा रदियल्लाहु अन्हु के तीर पर) नज़र रखते और आप ﷺ उन के तीर गिरने की जगह देखते थे| (बुखारी)

رواه البخارى (2902)

٣٨٦٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: (الْبَرَكَةُ فِي نَوَاصِي الْخَيل)

3866. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “घोड़ो की पेशानियों में बरकत है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2851) و مسلم (100 / 1874)، (4854)

٣٨٦٧ - (صَحِيح) وَعَن جَرِيرِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَلْوِي نَاصِيَةَ فرسٍ بأصبعِه ويقولُ: " الْخَيْلُ مَعْقُودٌ بِنَوَاصِيهَا الْخَيْرُ إِلَى يَوْمِ الْقِيَامَةِ: الأجْرُ والغنيمةُ ". رَوَاهُ مُسلم

3867. जरीर बिन अब्दुल्लाह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को अपने ऊँगली से घोड़े की पेशानी के बालो को बल देते देखा और आप ﷺ इस वक़्त फरमा रहे थे: “घोड़ो की पेशानी के साथ रोज़ ए

कियामत तक खैर व बरकत बांध दी गई है और (इस खैर से मुराद) सवाब और माले गनीमत है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (97 / 1872)، (4847)

٣٨٦٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنِ احْتَبَسَ فَرَسًا فِي سَبِيل الله إِيمَانًا وتصْديقاً بوَعْدِه فإنَّ شِبَعَه وريَّه ورَوْثَه وبَوْلَه فِي مِيزَانه يَوْم الْقِيَامَة» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

3868. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने अल्लाह पर ईमान लाते हुए और उस के वादे को सच्चा जानते हुए अल्लाह की राह में घोड़ा बांधे तो उसकी शक्म सीरी व सेराबी, उसकी लेंडी और उस का पेशाब रोज़ ए कियामत उसकी मीज़ान (नेकियो के पलड़े) में होंगे”| (बुखारी)

رواه البخاری (2853)

٣٨٦٩ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم يكرَهُ الشِّكالَ فِي الْخَيْلِ وَالشِّكَالُ: أَنْ يَكُونَ الْفَرَسُ فِي رِجْلِهِ الْيُمْنَى بَيَاضٌ وَفِي يَدِهِ الْيُسْرَى أَوْ فِي يدِه اليُمنى ورِجلِه اليُسرى. رَوَاهُ مُسلم

3869. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ घोड़े में “अश्काल” नापसंद किया करते थे, “अश्काल” यह है कि घोड़े के दाएँ पाँव और बाएँ हाथ में सफेदी हो, या उस के दाएँ हाथ और उस के बाएँ पाँव में सफेदी हो| (मुस्लिम)

رواه مسلم (102 ، 101 / 1875)، (4856 و 4857)

٣٨٧٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سابَقَ بينَ الخيلِ الَّتِي أَضمِرَتْ منَ الحَفْياءِ وَأَمَدُهَا ثَنِيَّةُ الْوَدَاعِ وَبَيْنَهُمَا سِتَّةُ أَمْيَالٍ وَسَابَقَ بَيْنَ الْخَيْلِ الَّتِي لَمْ تَضْمُرْ مِنَ الثَّنْيَةِ إِلَى مَسْجِد بني زُرَيْق وَبَينهمَا ميل

3870. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने तरबियते याफ्ता घोड़ो के दरमियान हफिया से सनतुल वदाअ के बिच में घोड़ा दोड़ कराइ और इन दोनों के दरमियान छे मील है और गैर तरबियते याफ्ता घोड़ो के दरमियान सबिया से बनू ज़रिक की मस्जिद तक घोड़ा दोड़ कराइ और इन दोनों के दरमियान एक मील की मुसाफ़त है| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (420) و مسلم (95 / 1870)، (4843)

٣٨٧١ - (صَحِيح) وَعَن أنسٍ قَالَ: كَانَتْ نَاقَةٌ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تُسَمَّى الْعَضْبَاءَ وَكَانَتْ لَا تُسْبَقُ فَجَاءَ أَعْرَابِيٌّ عَلَى قَعُودٍ لَهُ فَسَبَقَهَا فَاشْتَدَّ ذَلِكَ عَلَى الْمُسْلِمِينَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ حَقًّا عَلَى اللَّهِ أَنْ لَا يَرْتَفِعَ شَيْءٌ مِنَ الدُّنْيَا إِلَّا وضَعه» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3871. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ की अज़्बाअ नामी ऊंटनी थी और वह सबसे आगे रहती थी, एक आराबी अपने ऊंट पर आया तो वह उस से आगे निकल गया जो मुसलमानों पर नागवार गुज़रा तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक यह अल्लाह का दस्तूर है के जो चीज़ दुनिया में उरूज पर पहुँच जाती है तो वह इसे पस्ती की तरफ धकेल देता है”| (बुखारी)

رواه البخاری (2872)

بَاب إعداد آلَة الْجِهَاد • जिहाद का सामान तैयार करने का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٨٧٢ - (لم تتمّ دراسته) عَن عُقْبَةَ بْنِ عَامِرٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " إِنَّ اللَّهَ تَعَالَى يُدْخِلُ بِالسَّهْمِ الْوَاحِدِ ثَلَاثَةَ نَفَرٍ الْجَنَّةَ: صَانِعَهُ يَحْتَسِبُ فِي صَنْعَتِهِ الْخَيْرَ وَالرَّامِيَ بِهِ وَمُنَبِّلَهُ فَارْمُوا وَارْكَبُوا وَأَنْ تَرْمُوا أَحَبُّ إِلَيَّ مِنْ أَنْ تَرْكَبُوا كُلُّ شَيْءٍ يَلْهُو بِهِ الرَّجُلُ بَاطِلٌ إِلَّا رَمْيَهُ بِقَوْسِهِ وَتَأْدِيبَهُ فَرَسَهُ وَمُلَاعَبَتَهُ امْرَأَتَهُ فَإِنَّهُنَّ مِنَ الْحَقِّ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَزَادَ أَبُو دَاوُد والدارمي: «وَمَنْ ترك الرَّمْيَ بعدَ مَا عَلِمَهُ رَغْبَةً عَنْهُ فَإِنَّهُ نِعْمَةٌ تَرَكَهَا» . أَوْ قَالَ: «كفرها»

3872. उक्बा बिन आमिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “अल्लाह तआला एक तीर की वजह से तीन आदमियों को जन्नत अता फरमाएगा: तीर बनाने वाला जो अपने बनाने में सवाब की उम्मीद रखता हो, इसे फ़ेकने वाला और इसे (तीर अंदाज़ को) पकड़ाने वाला, तीर अन्दाज़ी करो और घोड़ा सवारी करो, और तुम्हारा तीर अन्दाज़ी करना, तुम्हारी घोड़ा सवारी से मुझे ज़्यादा महबूब है, हर वह चीज़ जिस से इंसान खेलता है और उस के साथ मशगुल होता है के बातिल है, अलबत्ता उस का कमान के साथ तीर अन्दाज़ी करना, अपने घोड़े की तरबियत करना और उस का अपने अहलिया के साथ मशगुल होना हक़ है”| इमाम अबू दावुद और इमाम दारमी ने यह इज़ाफा नकल किया है: “जिस शख़्स ने तीर अन्दाज़ी सिखने के बाद उस से अदम रगबत की बिना पर इसे तर्क कर दिया तो वह एक नेअमत थी जिसे उस ने तर्क कर दिया, या फ़रमाया: “उस की नाशुक्री की”| (हसन)

حسن ، الروایة الاولی : رواھا الترمذی (1637 وقال : حسن) و ابن ماجہ (2811) و الثانیة : رواھا ابوداؤد (2513) و الدارمی (2 / 204205 ح 2410)

٣٨٧٣ - (صَحِيح) وَعَن أبي نَجِيحٍ السُّلَمِيِّ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ بَلَغَ بِسَهْمٍ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَهُوَ لَهُ دَرَجَةٌ فِي الْجَنَّةِ وَمَنْ رَمَى بِسَهْمٍ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَهُوَ لَهُ عِدْلُ مُحَرَّرٍ وَمَنْ شَابَ شَيْبَةً فِي الْإِسْلَامِ كَانَتْ لَهُ نُورًا يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ. وَرَوَى أَبُو دَاوُدَ الْفَصْلَ الْأَوَّلَ وَالنَّسَائِيُّ الْأَوَّلَ وَالثَّانِيَ وَالتِّرْمِذِيُّ الثَّانِيَ وَالثَّالِثَ وَفِي رِوَايَتِهِمَا: «مَنْ شَابَ شَيْبَةً فِي سَبِيلِ الله» بدَلَ «فِي الْإِسْلَام»

3873. अबू नजीह स्सुलुमी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस शख़्स ने अल्लाह की राह में (किसी काफ़िर को निशाने पर) तीर लगाया तो उसे जन्नत में एक दर्जा हासिल हो गया, जिस ने अल्लाह की राह में तीर अन्दाज़ी की तो वह उस के लिए गुलाम आज़ाद करने के बराबर है, और जो शख़्स इस्लाम में बुढा हुआ तो रोज़ ए कियामत उस के लिए नूर होगा”| इमाम अबू दावुद ने पहला फक़्रह, इमाम नसई ने पहला और दूसरा जबकि इमाम तिरमिज़ी ने दूसरा और तीसरा फक़्रह रिवायत किया है और इन दोनों (बयहकी और तिरमिज़ी) की रिवायत में है: “जो शख़्स अल्लाह की राह में बुढा हवा”, यानी “इस्लाम” के बजाए “अल्लाह की राह“ के अल्फाज़ नकल किए है| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه البیهقی فی شعب الایمان (4341) و ابوداؤد (3965) و النسائی (6 / 2627 ح 3145) و الترمذی (1638 وقال : حسن صحیح)

٣٨٧٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا سَبَقَ إِلَّا فِي نَصْلٍ أَوْ خُفٍّ أَوْ حَافِرٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3874. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इनाम सिर्फ तीर अन्दाज़ी, ऊंट और घोड़े में है”| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (1700) و ابوداؤد (2564) و النسائی (6 / 226 ح 3615 ، 3617)

٣٨٧٥ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَدْخَلَ فَرَسًا بَيْنَ فَرَسَيْنِ فَإِنْ كَانَ يُؤْمَنُ أَنْ يَسْبِقَ فَلَا خَيْرَ فِيهِ وَإِنْ كَانَ لَا يُؤْمَنُ أَنْ يَسْبِقَ فَلَا بَأْسَ بِهِ» . رَوَاهُ فِي شَرْحِ السُّنَّةِ وَفِي رِوَايَةِ أَبِي دَاوُدَ: قَالَ: «مَنْ أَدْخَلَ فَرَسًا بَيْنَ فَرَسَيْنِ يَعْنِي وَهُوَ لَا يَأْمَنُ أَنْ يَسْبِقَ فَلَيْسَ بِقِمَارٍ وَمَنْ أَدْخَلَ فَرَسًا بَيْنَ فَرَسَيْنِ وَقَدْ أَمِنَ أَنْ يَسْبِقَ فَهُوَ قمار»

3875. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने (घोड़ो की दौड़ के मुकाबले के) दो घोड़ो के बिच में एक घोड़ा दाखिल कर दिया, अगर इसे उस के सबकत ले जाने का इल्म हो तो फिर उस में कोई खैर नहीं, और अगर उस के सबकत ले जाने का इल्म न हो तो फिर उस में कोई हरज नहीं”|अबू दावुद की रिवायत में है फ़रमाया: “जिस शख़्स ने दो घोड़ो के दरमियान एक घोड़ा दाखिल कर दिया यानी इसे यकीन नहीं के वह आगे निकल जाएगा तो फिर यह जुवा नहीं, और जिस शख़्स ने दो घोड़ो के बिच में

घोड़ा दाखिल कर दिया और इसे यकीन है के वह सबकत ले जाएगा तो यह जुवा है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البغوی فی شرح السنة (10 / 395396 ح 2654) و ابوداؤد (2579) [و ابن ماجه (2876)] * فيه سفيان بن حسين : ثقة ، لکنه ضعيف عن الزهری ، وهذا من روايته عن الزهری

٣٨٧٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عِمْرَانَ بْنِ حُصَيْنٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا جَلَبَ وَلَا جَنَبَ» . زَادَ يَحْيَى فِي حَدِيثِهِ: «فِي الرِّهَانِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَرَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ مَعَ زِيَادَة فِي بَاب «الْغَضَب»

3876. इमरान बिन हुसैन रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “न जल्ब” है और "न जनब" रावी याह्या ने अपने रिवायत में “घोड़ो की दौड़‘‘ का इज़ाफा किया है| जलब (मुकाबले में शरीक शख़्स अपने किसी साथी को कहे के रास्ता में मेरे घोड़े को आवाज़ लगा देना जिस से यह और तेज़ दोड़ेगा) जनब (पहलु में दोड़ने वाला वह घोड़ा जिस पर दोड़ने वाला अपने घोड़े के थकने की सूरत में मुन्तकिल हो जाए)| अबू दावुद, नसई, और इमाम तिरमिज़ी ने इसे कुछ इज़ाफ़ी (ज़्यादा) अल्फाज़ के साथ (بَاب الْغَضَب) बाब अल गसब में रिवायत किया है| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (2581) و النسائی (6 / 228 ح 3621) و الترمذی (1123 وقال : حسن صحيح)

٣٨٧٧ - (صَحِيح) وَعَن أبي قَتَادَة عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «خَيْرُ الْخَيْلِ الْأَدْهَمُ الْأَقْرَحُ الْأَرْثَمُ ثُمَّ الْأَقْرَحُ الْمُحَجَّلُ طُلُقُ الْيَمِينِ فَإِنْ لَمْ يَكُنْ [ص:١١٣ أَدْهَمَ فَكُمَيْتٌ عَلَى هَذِهِ الشِّيَةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالدَّارِمِيُّ

3877. अबू क़तादा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बेहतर घोड़ा वह है जो इन्तिहाई सियाह हो और उसकी पेशानी पर ठोड़ी सी सफेदी हो, उस का ऊपर वाला होंठ या नाक सफ़ेद हो, फिर वह जिस की तीन टांगे सफ़ेद हो और आगे वाली दाएँ टांग घोड़े की रंग की हो, अगर सियाह रंग का न हो तो फिर वह जिस में कदरे सरखी और कदरे सियाह हो और उस के कान सियाह हो वह भी उसकी मिस्ल है”| (हसन)

رواه الترمذی (1696) و الدارمی (2 / 212 ح 2433)

٣٨٧٨ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي وَهْبٍ الْجُشَمِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «عَلَيْكُمْ بِكُلِّ كُمَيْتٍ أَغَرَّ مُحَجَّلٍ أَوْ أَشْقَرَ أَغَرَّ مُحَجَّلٍ أَوْ أَدْهَمَ أَغَرَّ مُحَجَّلٍ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيّ

3878. अबू वहब जुशमी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम हर ऐसे घोड़े को

लाज़िम पकड़ो जो सुर्ख सियाह माइल और सियाह कानों वाला हो उसकी पेशानी और पाँव सफ़ेद हो, या वह घोड़ा जो सुर्ख हो, उसकी पेशानी और पाँव सफ़ेद हो या सियाह रंग का घोड़ा जिस की पेशानी और पाँव सफ़ेद हो"| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2543) و النسائی (6 / 218219 ح 3595) * عقیل بن شبیب : مجھول و لبعض الحدیث شواھد عند ابن حبان (الموارد : 1633) و الترمذی (16961697) وغیرھما

٣٨٧٩ - (حسن) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يُمْنُ الْخَيْلِ فِي الشُّقْرِ» . رَوَاهُ التِرمذيُّ وَأَبُو دَاوُد

3879. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "सुर्ख रंग के घोड़े में बरकत है"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1695 وقال : حسن غریب) و ابوداؤد (2545)

٣٨٨٠ - (ضَعِيف) وَعَن عُتبةَ بن عبدٍ السُّلميِّ أَنَّهُ سَمِعَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «لَا تَقُصُّوا نَوَاصِيَ الْخَيْلِ وَلَا مَعَارِفَهَا وَلَا أَذْنَابَهَا فَإِنَّ أَذْنَابَهَا مَذَابُّهَا وَمَعَارِفَهَا دِفاءُها وَنَوَاصِيهَا مَعْقُودٌ فِيهَا الْخَيْرُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3880. उत्बा बिन अब्द स्सुलुमी रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "घोड़े की पेशानी, गर्दन और दुम के बाल मत काटो, क्योंकि उसकी दूम उस के लिए बाईस पंखा है (जिस से वह अपने ऊपर बैठनेवाली चीज़ को उड़ाती है) उसकी गर्दन के बाल इसे गरम रखते हैं, जबकि उसकी पेशानियों के साथ खैर व भलाई बंधी हुई है"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (2542) * رجل او رجال من بنی سلیم : لم اعرفھم ، و نصر : مستور ، و لبعض الحدیث شواھد صحیحة

٣٨٨١ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي وَهَبٍ الْجُشَمِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " ارْتَبِطُوا الْخَيْلَ وامسحُوا بنواصيها وأعجازِها أَو قَالَ: كفالِها وَقَلِّدُوهَا وَلَا تُقَلِّدُوهَا الْأَوْتَارَ ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيّ

3881. अबू वहब जश्मी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "घोड़े बांधो (इन्हें रखो और पालो) और उनकी पेशानियों और पुश्तो पर हाथ फेरो और उनकी गर्दनो में पट्टे डालो लेकिन तानत न डालो"| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2553) و النسائی (6 / 218219 ح 3595) * عقیل مجھول کما تقدم (3878) و للحدیث شواھد ضعیفة

٣٨٨٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَبْدًا مَأْمُورًا مَا اخْتَصَّنَا دُونَ النَّاسِ بِشَيْءٍ إِلَّا بِثَلَاثٍ: أَمَرَنَا أَنْ نُسْبِغَ الْوُضُوءَ وَأَنْ لَا نَأْكُلَ [ص:١١٤ الصَّدَقَةَ وَأَنْ لَا نَنْزِيَ حمارا على فرس. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ

3882. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ अल्लाह के बंदे थे आप को अहकामात नाफ़िज़ करने पर मामूर किया गया था, आप ने तीन चीजों के अलावा दीगर लोगों से अलग कोई खुसूसियत हमें इनायत नहीं फरमाई, आप ﷺ ने हमें हुक्म फ़रमाया के हम अच्छी तरह मुकम्मल वुज़ू करे, हम सदका न खाए और हम गधो को घोड़ो पर जफ्ती के लिए न चढ़ाए| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1701 وقال : حسن صحیح) و النسائی (6 / 224 ، 225 ح 3611)

٣٨٨٣ - (صَحِيح) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: أَهْدِيَتْ رَسُول الله صلى الله عَلَيْهِ وَسلم بغلةٌ فركِبَهَا فَقَالَ عَلِيٌّ: لَوْ حَمَلْنَا الْحَمِيرَ عَلَى الْخَيْلِ فَكَانَتْ لَنَا مِثْلُ هَذِهِ؟ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّمَا يَفْعَلُ ذَلِكَ الَّذِينَ لَا يعلمُونَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3883. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ को एक खच्चर बतौर हदिया पेश किया गया तो आप ﷺ ने उस पर सवारी फरमाई, अली रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अगर हम गधो को घोड़ो पर चढ़ाए तो हमारे वहां भी इसी के मिसल (खच्चर) होंगे, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ये तो सिर्फ वही लोग करते हैं जो जानते नहीं”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (2565) و النسائی (6 / 224 ح 3610)

٣٨٨٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أنسٍ قَالَ: كَانَتْ قَبِيعَةُ سَيْفِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ فِضَّةٍ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ والدارمي

3884. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ की तलवार की दस्ती चाँदी की थी| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (1691 وقال : حسن غریب) ابوداؤد (2583) و النسائی (8 / 219 ح 5376) و الدارمی (2 / 221 ح 2461)

٣٨٨٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ هُودِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ سَعْدٍ عَن جدِّهِ مِزيدةَ قَالَ: دَخَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ الْفَتْحِ وَعَلَى سَيْفِهِ ذَهَبٌ وَفِضَّةٌ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيث غَرِيب

3885. हूद बिन अब्दुल्लाह बिन साद अपने दादा मज़ीद से रिवायत करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ फतह मक्का के रोज़

(मक्के में) दाखिल हुए तो आप ﷺ की तलवार पर सोना और चाँदी थी| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1690)

٣٨٨٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن السَّائِب بْنِ يَزِيدَ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ عَلَيْهِ يَوْمَ أُحُدٍ دِرْعَانِ قَدْ ظَاهَرَ بَيْنَهُمَا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

3886. साइब बिन यज़ीद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के गज़वा ए उहद के रोज़ नबी ﷺ पर ऊपर तले दो ज़री थी| (सहीह)

صحیح ، رواه ابوداؤد (1590) و ابن ماجه (2806)

٣٨٨٧ - وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: كَانَتْ رَايَةُ نَبِيِّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سَوْدَاءَ وَلِوَاؤُهُ أبيضَ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

3887. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, नबी ﷺ का बड़ा झंडा सियाह रंग का था और छोटा झंडा सफ़ेद रंग का था”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (1681 وقال : غریب) و ابن ماجه (2818)

٣٨٨٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مُوسَى بْنِ عُبَيْدَةَ مَوْلَى مُحَمَّدِ بْنِ الْقَاسِمِ قَالَ: بَعَثَنِي مُحَمَّدُ بْنُ الْقَاسِمِ إِلَى الْبَرَاءِ بْنِ عَازِبٍ يَسْأَلُهُ عَنْ رَايَةِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: كَانَتْ سَوْدَاءَ مُرَبَّعَةً مِنْ نَمِرَةٍ. رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد

3888. मुसा बिन उबैदाह, मुहम्मद बिन कासिम के आज़ाद करदा गुलाम से रिवायत है, उन्होंने कहा: मुहम्मद बिन कासिम ने मुझे रसूलुल्लाह ﷺ के झंडे के मुतल्लिक पूछने के लिए बराअ बिन आजीब रदियल्लाहु अन्हु के पास भेजा तो उन्होंने ने फ़रमाया: “वो सियाह धारी दार था”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (4 / 297 ح 18830) و الترمذی (1680 وقال : حسن غریب) و ابوداؤد (2591)

٣٨٨٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دَخَلَ مَكَّةَ وَلِوَاؤُهُ أَبْيَضُ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

3889. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ मक्का में दाखिल हुए तो आप ﷺ का झंडा सफ़ेद रंग

का था| (हसन)

حسن ، رواہ الترمذی (1679 وقال : غریب) و ابوداؤد (2592) و ابن ماجہ (2817)

بَاب إعداد آلَة الْجِهَاد • जिहाद का सामान तैयार करने का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٨٩٠ - (لم تتمّ دراسته) عَن أنسٍ قَالَ: لَمْ يَكُنْ شَيْءٌ أَحَبَّ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَعْدَ النِّسَاءِ من الْخَيل. رَوَاهُ النَّسَائِيّ

3890. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ को बीवियों के बाद घोड़ो से बढ़कर कोई चीज़ महबूब नहीं थी| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ النسائی (6 / 217218 ح 3594) * فیہ سعید بن ابی عروبۃ و قتادۃ مدلسان و عنعنا

٣٨٩١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عَلِيّ قَالَ: كَانَتْ بِيَدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَوْسٌ عَرَبِيَّةٌ فَرَأَى رَجُلًا بِيَدِهِ قَوْسٌ فَارِسِيَّةٌ قَالَ: «مَا هَذِهِ؟ أَلْقِهَا وَعَلَيْكُمْ بِهَذِهِ وَأَشْبَاهِهَا وَرِمَاحِ الْقَنَا فَإِنَّهَا يُؤَيِّدُ اللَّهُ لَكُمْ بِهَا فِي الدِّينِ وَيُمَكِّنُ لَكُمْ فِي الْبِلَادِ» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

3891. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के हाथ में अरबी कमान थी, आप ﷺ ने एक आदमी देखा उस के हाथ में फारसी कमान थी, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये क्या है? इसे फेंक दो और तुम पर यह और उसकी मिस्ल लाज़िम है, और कामिल(सर्वोत्तम) नेज़े तुम पर लाज़िम है, क्योंकि अल्लाह उन के ज़रिए तुम्हें दीन में मदद अता फरमाएगा और तुम्हें शहरो में इक्दार अता करेगा”| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف جذا ، رواہ ابن ماجہ (2810) * فیہ اشعث بن سعید السمان : متروک و عبداللہ بن بسر الحبرانی : ضعیف

آداب آداب السّفر • بَاب آدَاب السّفر — आदाब ए सफ़र का बयान

الْفَصْلُ الأول • पहली फस्ल

٣٨٩٢ - (صَحِيح) عَن كَعْب بْنِ مَالِكٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خَرَجَ يَوْمَ الْخَمِيسِ فِي غَزْوَةِ تَبُوكَ وَكَانَ يُحِبُّ أَنْ يَخْرُجَ يَوْمَ الْخَمِيسِ. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3892. काब बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ गज़वा ए तबुक के लिए जुमेरात के रोज़ रवाना हुए, और आप ﷺ जुमेरात के रोज़ रवाना होना पसंद फरमाते थे| (बुखारी)

رواه البخارى (2950)

٣٨٩٣ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَوْ يَعْلَمُ النَّاسُ مَا فِي الْوَحْدَةِ مَا أَعْلَمُ مَا سَارَ رَاكِبٌ بِلَيْلٍ وَحْدَهُ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

3893. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर लोगों को तन्हा सफ़र करने की उन खराबियों का इल्म हो जाए जो मुझे मालुम है, तो कोई सवार तन्हा एक रात का भी सफ़र न करे”| (बुखारी)

رواه البخارى (2998)

٣٨٩٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَصْحَبُ الْمَلَائِكَةُ رُفْقَةً فِيهَا كَلْبٌ وَلَا جَرَسٌ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3894. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस काफले के साथ कुत्ता और घंटी हो तो (रहमत के) फ़रिश्ते उस के साथ नहीं चलते”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (103 / 2113)، (5546)

٣٨٩٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْجَرَسُ مَزَامِيرُ الشَّيْطَانِ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3895. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “घंटी शैतान के साज़ हैं”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (104 / 2114)، (5548)

٣٨٩٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أبي بشيرٍ الأنصاريِّ: أَنَّهُ كَانَ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي بَعْضِ أَسْفَارِهِ فَأَرْسَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَسُولًا: «لَا تبقين فِي رَقَبَة بَعِيرٍ قِلَادَةٌ مِنْ وَتَرٍ أَوْ قِلَادَةٌ إِلَّا قُطِعَتْ»

3896. अबू बशीर अंसारी रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के वह किसी सफ़र मैं रसूलुल्लाह ﷺ के साथ थे रसूलुल्लाह ﷺ ने एक कासिद भेजा के “किसी ऊंट की गर्दन में तानत का पट्टा या कोई पट्टा न रहने दिया जाए, वह सब काट दिए जाए”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3005) و مسلم (105 / 2115)، (5549)

٣٨٩٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا سَافَرْتُمْ فِي الْخِصْبِ فَأَعْطُوا الْإِبِلَ حَقَّهَا مِنَ الْأَرْضِ وَإِذَا سَافَرْتُمْ فِي السَّنَةِ فَأَسْرِعُوا عَلَيْهَا [ص:١١٤ السَّيْرَ وَإِذَا عَرَّسْتُمْ بِاللَّيْلِ فَاجْتَنِبُوا الطَّرِيقَ فَإِنَّهَا طُرُقُ الدَّوَابِّ وَمَأْوَى الْهَوَامِّ بِاللَّيْلِ» . وَفِي رِوَايَةٍ: «إِذَا سَافَرْتُمْ فِي السَّنَةِ فَبَادِرُوا بِهَا نِقْيَهَا» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3897. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम सरसब्ज़ व शादाब इलाके में चलो तो ऊंट को ज़मीन से उस का हक़ दो, (इन्हें चरने दो) और जब तुम कहत साली में चलो तो फिर तेज़ी से चलो, जब तुम रात के वक़्त पड़ाव डालो तो रास्ते से बचा करो क्योंकि रात के वक़्त वह चोपायो की राहें और ज़हरीली चीजों का ठिकाना है”, और एक दूसरी रिवायत में है: “जब तुम कहत साली में सफ़र करो तो फिर जब तक उन (ऊँटो) का गुदा बाकी है जल्दी से सफ़र करो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (178 / 1926)، (4959)

٣٨٩٨ - (صَحِيح) وَعَن أبي سعيد الْخُدْرِيّ قَالَ: بَيْنَمَا نَحْنُ فِي سَفَرٍ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذ جَاءَهُ رَجُلٌ عَلَى رَاحِلَةٍ فَجَعَلَ يَضْرِبُ يَمِينًا وَشِمَالًا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ كَانَ مَعَهُ فَضْلُ ظَهْرٍ فَلْيَعُدْ بِهِ عَلَى مَنْ لَا ظَهْرَ لَهُ وَمَنْ كَانَ لَهُ فَضْلُ زَادٍ فَلْيَعُدْ بِهِ عَلَى مَنْ لَا زَادَ لَهُ» قَالَ: فَذَكَرَ مِنْ أَصْنَافِ الْمَالِ حَتَّى رَأَيْنَا أَنَّهُ لَا حَقَّ لأحدٍ منا فِي فضل. رَوَاهُ مُسلم

3898. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ के साथ सफ़र में थे इस दौरान अचानक एक आदमी सवारी पर आप की खिदमत में हाज़िर हुआ और वह दाएँ बाएँ देखने लगा, तो रसूलुल्लाह

ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स के पास इज़ाफ़ी (ज़्यादा) सवारी हो वह इस शख़्स को इनायत कर दे जिसके पास कोई सवारी नहीं, जिस शख़्स के पास रसद (माल समान) ज़्यादा हो तो वह इस शख़्स को इनायत कर दे जिसके पास रसद नहीं” रावी बयान करते हैं, आप ﷺ ने माल की बहोत किस्म का ज़िक्र फ़रमाया, हत्ता के हमने समझा हम में से किसी शख़्स को इज़ाफ़ी (ज़्यादा) चीज़ पर कोई हक़ नहीं| (मुस्लिम)

رواه مسلم (18 / 1728)، (4517)

٣٨٩٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «السَّفَرُ قِطْعَةٌ مِنَ الْعَذَابِ يَمْنَعُ أَحَدَكُمْ نَوْمَهُ وَطَعَامَهُ وَشَرَابه فَإِذا قضى نهمه من وَجهه فليعجل إِلَى أَهله»

3899. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सफ़र अज़ाब की किस्म है, वह आप में से हर एक को उसकी नींद और उस के खाने पीने से बाज़ रखता है, लिहाज़ा जब वह सफ़र का मकसद हासिल कर ले तो इसे अपने अहले खाना के पास जल्द आ जाना चाहिए”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5429) و مسلم (179 / 1927)، (4961)

٣٩٠٠ - (صَحِيح) وَعَن عبدِ اللَّهِ بنِ جعفرٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا قَدِمَ مَنْ سَفَرٍ تُلُقِّيَ بِصِبْيَانِ أَهْلِ بَيْتِهِ وَإِنَّهُ قَدِمَ مَنْ سَفَرٍ فَسُبِقَ بِي إِلَيْهِ فَحَمَلَنِي بَيْنَ يَدَيْهِ ثُمَّ جِيءَ بِأَحَدِ ابْنَيْ فَاطِمَةَ فَأَرْدَفَهُ خَلْفَهُ قَالَ: فَأُدْخِلْنَا المدينةَ ثلاثةً على دَابَّة. رَوَاهُ مُسلم

3900. अब्दुल्लाह बिन जाफर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ सफ़र से तशरीफ़ लाते तो आप ﷺ के अहले खाना के बच्चो के साथ आप ﷺ का इस्तेकबाल किया जाता, इसी तरह आप एक सफ़र से वापस तशरीफ़ लाए तो मुझे आप की खिदमत में पेश किया गया, आप ने मुझे अपने आगे सवार कर लिया, फिर फ़ातिमा रदियल्लाहु अन्हा के किसी लख्ते जिगर (हसन या हुसैन (र अ)) को लाया गया तो आप ने इसे अपने पीछे सवार कर लिया, रावी बयान करते हैं, हम मदीना में एक सवारी पर तीन सवार हो कर दाखिल किए गए| (मुस्लिम)

رواه مسلم (66 / 2428)، (6268)

٣٩٠١ - (صَحِيح) وَعَن أنسٍ: أَنَّهُ أَقْبَلَ هُوَ وَأَبُو طَلْحَةَ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَمَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صَفِيَّةُ مُرْدِفَهَا عَلَى رَاحِلَته. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3901. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के वह और अबू तल्हा रसूलुल्लाह ﷺ की साथ में वापस आ रहे थे

जबकि सफ़िया रदियल्लाहु अन्हा नबी ﷺ के पीछे सवार थी| (बुखारी)

رواه البخاری (6185)

٣٩٠٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَا يَطْرُقُ أَهْلَهُ لَيْلًا وَكَانَ لَا يَدْخُلُ إِلَّا غُدْوَةً أَوْ عَشِيَّةً

3902. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ (जब सफ़र से वापस आते तो) वह रात के वक़्त अपने अहले खाना के यहाँ तशरीफ़ नहीं ले जाते थे बल्कि आप ﷺ दिन के पहले पहर या पिछले पहर तशरीफ़ लाया करते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1800) و مسلم (180 / 1928)، (4962)

٣٩٠٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِذا طَال أَحَدُكُمُ الْغَيْبَةَ فَلَا يَطْرُقْ أَهْلَهُ لَيْلًا»

3903. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई तवील मुद्दत तक (घर से) गायब रहे तो वह रात के वक़्त अपने अहले खाना के पास न आए”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5244) و مسلم (183 / 1928)، (4967)

٣٩٠٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا دَخَلْتَ لَيْلًا فَلَا تَدْخُلْ عَلَى أهلك حَتَّى تستحد المغيبة وتمتشط الشعثة»

3904. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जब तुम रात के वक़्त (शहर में) दाखिल हो तो अपने अहलिया के पास न जाओ हत्ता के जिस का खाविंद गायब रहा है वह गैर ज़रूरी बालो की सफाई कर ले और परान्दा बालो वाली कंघी कर ले”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5246) و مسلم (182 / 1928)، (4965)

٣٩٠٥ - (صَحِيح) وَعَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمَّا قَدِمَ الْمَدِينَةَ نَحَرَ جَزُورًا أَوْ بَقَرَةً. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3905. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ मदीना तशरीफ़ लाए तो आप ﷺ ने ऊंट या गाय जिबह की| (बुखारी)

رواه البخاری (3089)

٣٩٠٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ كَعْبِ بْنِ مَالِكٍ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَا يَقْدَمُ مِنْ سَفَرٍ إِلَّا نَهَارًا فِي الضُّحَى فَإِذَا قَدِمَ بَدَأَ بِالْمَسْجِدِ فَصَلَّى فِيهِ رَكْعَتَيْنِ ثمَّ جلس فِيهِ للنَّاس

3906. काब बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ जब सफ़र से वापस आते तो दिन को चाश्त के वक़्त मदीना मुनव्वरा में दाखिल होते थे, जब आप दाखिल होते तो पहले मस्जिद में तशरीफ़ लाते और वहां दो रकते पढ़ते फिर लोगों की खातिर वहां तशरीफ़ रखते| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخارى (3088) مسلم (74 / 716)، (1659)

٣٩٠٧ - (صَحِيح) وَعَن جَابر قَالَ: كُنْتُ مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي سَفَرٍ فَلَمَّا قَدِمْنَا الْمَدِينَةَ قَالَ لِي: «ادْخُلِ الْمَسْجِدَ فَصَلِّ فِيهِ رَكْعَتَيْنِ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3907. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं एक सफ़र में नबी ﷺ के साथ था, जब हम मदीना पहुंचे तो आप ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “मस्जिद में जा कर दो रकते पढ़ो”| (बुखारी)

رواه البخارى (3088)

आदाब ए सफ़र का बयान • بَاب آدَاب السّفر

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٣٩٠٨ - (جيد) عَن صخْرِ بن وَدَاعَةَ الغامِديِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اللَّهُمَّ بَارِكْ لِأُمَّتِي فِي بُكُورِهَا» وَكَانَ إِذا بعث سريَّةً أَوْ جَيْشًا بَعَثَهُمْ مِنْ أَوَّلِ النَّهَارِ وَكَانَ صَخْرٌ تَاجِرًا فَكَانَ يَبْعَثُ تِجَارَتَهُ أَوَّلَ النَّهَارِ فَأَثْرَى وَكَثُرَ مالُه. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد والدارمي

3908. सखर बिन वदाअ गामिदी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ए अल्लाह! मेरी उम्मत के लिए उस के दिन के पहले हिस्से में बरकत फरमा”, और जब आप ﷺ कोई मुजाहिदीन का दस्ता या लश्कर रवाना फरमाते, तो आप उन्हें दिन के आगाज़ में रवाना फरमाते थे, सखर एक ताज़ीर थे, वह अपना माले तिजारत दिन के शुरू में भेजा करते थे, वह साहबे सुरुस बन गए और उनका माल बहोत ज़्यादा हो गया| (हसन)

حسن ، رواه الترمذى (1212 وقال : حسن) و ابوداؤد (2606) و الدارمى (2 / 214 ح 2440)

٣٩٠٩ - (جيد) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «عَلَيْكُمْ بِالدُّلْجَةِ فَإِنَّ الْأَرْضَ تُطوَى بالليلِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3909. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सरशाम सफ़र किया करो क्योंकि रात के वक़्त ज़मीन लपेट दी जाती है”| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (2571)

٣٩١٠ - (صَحِيح) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ [ص:١١٤] صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الرَّاكِبُ شَيْطَانٌ وَالرَّاكِبَانِ شَيْطَانَانِ وَالثَّلَاثَةُ رَكبٌ» . رَوَاهُ مالكٌ وَالتِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

3910. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तन्हा सफ़र करने वाला एक शैतान है, दो मुसाफ़िर दो शैतान है और तीन सफ़र करने वाले एक काफला है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه مالک (2 / 978 ح 1897) و الترمذی (1674 وقال : حسن صحیح) و ابوداؤد (2607) و النسائی [فی الکبری (8849)]

٣٩١١ - (حسن) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا كَانَ ثَلَاثَةٌ فِي سَفَرٍ فَلْيُؤَمِّرُوا أحدهم» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3911. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तीन लोग सफ़र कर रहे हो तो वह अपने में से एक को अमीर बना लें”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (2608) * فیه محمد بن عجلان مدلس و عنعن وله شواھد کلھا ضعیفة ولم یصب من حسنه

٣٩١٢ - (مُرْسل) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «خَيْرُ الصَّحَابَةِ أَرْبَعَةٌ وَخَيْرُ السَّرَايَا أَرْبَعُمِائَةٍ وَخَيْرُ الْجُيُوشِ أَرْبَعَةُ آلَافٍ وَلَنْ يُغْلَبَ اثْنَا عَشَرَ أَلْفًا مِنْ قِلَّةٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالدَّارِمِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيث غَرِيب

3912. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बेहतरीन साथी चार है, बेहतरीन दस्ता चार सौ का है, बेहतरीन लश्कर चार हज़ार का है और बारह हज़ार का लश्कर किल्लत की वजह से मग्लुब नहीं होगा”| और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (1555) و ابوداؤد (2611) و الدارمی (2 / 215 ح 2443) * فیه جریر بن حازم و الزھری مدلسان و عنعنا

٣٩١٣ - (جيد) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَتَخَلَّفُ فِي الْمَسِيرِ فَيُزْجِي الضَّعِيفَ وَيُرْدِفُ ويدْعو لَهُم. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3913. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ लश्कर के पीछे चला करते थे आप कमज़ोर को साथ लेते, इन्हें अपने पीछे बेठा लेते और इन के लिए दुआ फरमाते| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (2639)

٣٩١٤ - (جيد) وَعَن أبي ثعلبَةَ الخُشَنيِّ قَالَ: كَانَ النَّاسُ إِذَا نَزَلُوا مَنْزِلًا تَفَرَّقُوا فِي الشِّعَابِ وَالْأَوْدِيَةِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ تَفَرُّقَكُمْ فِي هَذِهِ الشِّعَابِ وَالْأَوْدِيَةِ إِنَّمَا ذَلِكُمْ مِنَ الشَّيْطَانِ» . فَلَمْ يَنْزِلُوا بَعْدَ ذَلِكَ مَنْزِلًا إِلَّا انْضَمَّ بَعْضُهُمْ إِلَى بَعْضٍ حَتَّى يُقَالَ: لَوْ بُسِطَ عَلَيْهِمْ ثوبٌ لعمَّهم. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3914. अबू सअलबा खुशनी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब सहाबा किराम किसी जगह पड़ाव डालते तो वह घाटियों और वादियों में मुन्तशर हो जाते थे, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम्हारा इन घाटियों और वादियों में मुन्तशर होना यह शैतान की तरफ से है”| उस के बाद उन्होंने जहाँ भी पड़ाव डाला तो वह बाहम इस तरह मिल जाते के अगर इन पर एक कपड़ा डाल दिया जाए तो वह इन सब पर आ जाए| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (2628)

٣٩١٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: كُنَّا يَوْمَ بَدْرٍ كُلَّ ثَلَاثَةٍ عَلَى بَعِيرٍ فَكَانَ أَبُو لُبَابَةَ وَعَلِيُّ بْنُ أَبِي طَالِبٍ زَمِيلَيْ رَسُولِ اللَّهِ [ص:١١٤] صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: فَكَانَتْ إِذَا جَاءَتْ عُقْبَةُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَا: نَحْنُ نَمْشِي عَنْكَ قَالَ: «مَا أَنْتُمَا بِأَقْوَى مِنِّي وَمَا أَنَا بِأَغْنَى عَنِ الْأَجْرِ مِنْكُمَا» . رَوَاهُ فِي شرح السّنة

3915. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, गज़्वा ए बद्र के दिन हम तीन तीन आदमी एक ऊंट पर सवार थे, अबू लुबाब और अली बिन अबी तालिब रदियल्लाहु अन्हुमा रसूलुल्लाह ﷺ के साथी थे, रावी बयान करते हैं, जब (पैदल चलने की) रसूलुल्लाह ﷺ की बारी आती तो वह अर्ज़ करते, आप की तरफ से हम पैदल चलते है, आप ﷺ फरमाते: “तुम दोनों मुझ से ज़्यादा क़वी हो न में अज़र हासिल करने में तुम दोनों से ज़्यादा बेनियाज़ हूँ”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه البغوی فی شرح السنة (11 / 3536 ح 2686) [و احمد (1 / 411) و ابن حبان (الموارد : 1688) و صححه الحاکم علی شرط مسلم (3 / 20) و وافقه الذھبی]

٣٩١٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا تَتَّخِذُوا ظُهُورَ دَوَابِّكُمْ مَنَابِرَ فَإِنَّ اللَّهَ تَعَالَى إِنَّمَا سَخَّرَهَا لَكُمْ لِتُبَلِّغَكُمْ إِلَى بَلَدٍ لَمْ تَكُونُوا بَالِغِيهِ إِلَّا بِشِقِّ الْأَنْفُسِ وَجَعَلَ لَكُمُ الْأَرْضَ فَعَلَيْهَا فَاقْضُوا حَاجَاتِكُمْ»

. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3916. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अपने जानवरों की पुश्तो को मिम्बर न बनाओ (के इन पर सवार हो कर और उन्हें रोक कर बाते करते रहो) क्योंकि अल्लाह तआला ने तो उन्हें तुम्हारे लिए इसलिए ताबे किया है के वह तुम्हें ऐसी जगह पहुंचा दें जहाँ तुम मशक्कत उठाए बगैर नहीं पहुँच सकते थे, और तुम्हारे लिए ज़मीन बनाई तुम उस पर अपनी ज़रूरते पूरी करो"| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (2567)

٣٩١٧ - (صَحِيح) وَعَن أنسٍ قَالَ: كُنَّا إِذَا نَزَلْنَا مَنْزِلًا لَا نُسَبِّحُ حَتَّى نحُلَّ الرِّحالَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3917. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम जब किसी जगह पड़ाव डालते तो हम पहले जानवरों (यानी सवारियों) से बोझ उतारते और फिर नफ्ल नमाज़ पढ़ते थे| (सहीह)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2551)

٣٩١٨ - (صَحِيح) وَعَن بُرَيْدَة قَالَ: بَيْنَمَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَمْشِي إِذا جَاءَهُ رَجُلٌ مَعَهُ حِمَارٌ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ ارْكَبْ وَتَأَخَّرَ الرَّجُلُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا أَنْتَ أَحَقُّ بِصَدْرِ دَابَّتِكَ إِلَّا أَنْ تَجْعَلَهُ لِي» . قَالَ: جَعَلْتُهُ لَكَ فَرَكِبَ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ

3918. बुरैदा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ चल रहे थे की इसी दौरान एक आदमी आप की खिदमत में हाज़िर हुआ, उस के पास एक गधा था, उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप उस पर सवार हो जाए, और वह खुद पीछे हो गया, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "नहीं (पीछे न हटो), तुम अपनी सवारी की अगली जानिब बैठनेके ज़्यादा हक़दार हो, मगर यह कि तुम इस (अगली जानिब) को मेरे लिए ठहरा दो", उस ने अर्ज़ किया, मैंने आप को इजाज़त दी, फिर आप सवार हुए| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2773 وقال : غریب) و ابوداؤد (2572)

٣٩١٩ - (حسن) وَعَنْ سَعِيدِ بْنِ أَبِي هِنْدٍ عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «تَكُونُ إِبِلٌ لِلشَّيَاطِينِ وَبُيُوتٌ لِلشَّيَاطِينِ» . فَأَمَّا إِبِلُ الشَّيَاطِينِ فَقَدْ رَأَيْتُهَا: يَخْرُجُ أَحَدُكُمْ بِنَجِيبَاتٍ مَعَهُ قَدْ أَسْمَنَهَا فَلَا يَعْلُو بَعِيرًا مِنْهَا وَيَمُرُّ بِأَخِيهِ قَدِ [ص:١١٤] انْقَطَعَ بِهِ فَلَا يَحْمِلُهُ وَأَمَّا بُيُوتُ الشَّيَاطِينِ فَلَمْ أَرَهَا كَانَ سَعِيدٌ يَقُولُ: لَا أُرَاهَا إِلَّا هَذِهِ الْأَقْفَاصَ الَّتِي يَسْتُرُ النَّاسُ بِالدِّيبَاجِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3919. सईद बिन अबी हिन्द, अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "कुछ

ऊंट और कुछ घर शैतानो के लिए होते हैं, शैतानो के ऊंट तो मैंने देख लिए है तुम में से कोई एक अपने बेहतरीन ऊटों के साथ निकलता है जिन्हें उस ने खूब मोटा किया होता है, लेकिन वह उनमें से किसी ऊंट पर नहीं बेठता, और वह अपने किसी मुसलमान भाई के पास से गुज़रता है जो के थक चूका होता है लेकिन यह इसे सवार नहीं करता, लेकिन शैतानो के घर मैंने नहीं देखे", सईद कहा करते थे, मैं समझता हूँ कि उन से यह होद्ज मुराद है जिन्हें लोग देबाज रेशम से ढांपते है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2568) * رجاله ثقات ولكن سعيد بن ابى هند ’’ لم يلق ابا هريرة ‘‘ قاله ابو حاتم الرازى (انظر المراسيل ص 75) فالسند منقطع

٣٩٢٠ - (صَحِيح) وَعَن سهلِ بن مُعاذٍ عَن أبيهِ قَالَ: غَزَوْنَا مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَضَيَّقَ النَّاسُ الْمُنَازِلَ وَقَطَعُوا الطَّرِيقَ فَبَعَثَ نَبِيُّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مُنَادِيًا يُنَادي فِي النَّاسِ: «أَنَّ مَنْ ضَيَّقَ مَنْزِلًا أَوْ قَطَعَ طَرِيقًا فَلَا جِهَادَ لَهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3920. सहल बिन मुआज़ अपने वालिद से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा, हम ने नबी ﷺ के साथ जिहाद किया तो लोगों ने (जाईदा ।ज़रूरत जगह घेर कर) मंजिलो को तंग कर दिया, और रास्ते बंद कर दिए, नबी ﷺ ने मुनादी (एलान) करने वाले को भेजा के वह लोगों में एलान कर दे के जिस ने मंजिल तंग कि या रास्ता बंद किया तो उस का कोई जिहाद नहीं|" (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2629)

٣٩٢١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ أَحْسَنَ مَا دَخَلَ الرَّجُلُ أَهْلَهُ إِذَا قَدِمَ مِنْ سفرٍ أَوَّلُ الليلِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3921. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "जब आदमी सफ़र से वापस आए तो उस का अपने अहले खाना के पास आने का बेहतरीन वक़्त रात का इब्तिदाई हिस्सा है"| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (2777)

आदाब ए सफ़र का बयान • بَاب آدَاب السّفر

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٣٩٢٢ - (صَحِيح) عَن أبي قتادة قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذا كَانَ فِي سَفَرٍ فَعَرَّسَ بِلَيْلٍ اضْطَجَعَ عَلَى يَمِينِهِ وَإِذَا عَرَّسَ قُبَيْلَ الصُّبْحِ نَصَبَ ذِرَاعَهُ وَوَضَعَ رَأْسَهُ عَلَى كَفِّهِ. رَوَاهُ مُسلم

3922. अबू क़तादा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ रात के वक़्त पड़ाव डालते तो आप अपने दाएँ पहलु पर लेट जाते और जब सुबह से थोड़ा पहले पड़ाव डालते तो आप अपने कोहनी खड़ी करते और अपना सर अपने हथेली पर रखते| (मुस्लिम)

رواه مسلم (313 / 683)، (1565)

٣٩٢٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن ابْن عَبَّاس قَالَ: بَعَثَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَبْدَ اللَّهِ بْنَ رَوَاحَةَ فِي سَرِيَّةٍ فَوَافَقَ ذَلِكَ يَوْمَ الْجُمُعَةِ فَغَدَا أَصْحَابُهُ وَقَالَ: أَتَخَلَّفُ وأُصلّي مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثُمَّ أَلْحَقُهُمْ فَلَمَّا صَلَّى مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَآهُ فَقَالَ: «مَا مَنَعَكَ أَنْ تَغْدُوَ مَعَ أَصْحَابِكَ؟» فَقَالَ: أَرَدْتُ أَنْ أُصَلِّيَ مَعَكَ ثُمَّ أَلْحَقُهُمْ فَقَالَ: «لَوْ أَنْفَقْتَ مَا فِي الْأَرْضِ جَمِيعًا مَا أدركْتَ فضلَ غدْوَتِهِمْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3923. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, नबी ﷺ ने अब्दुल्लाह बिन रवाहा रदियल्लाहु अन्हु को एक लश्कर के साथ भेजा, इत्तेफाक से वह जुमा का दिन था, उन के साथ सुबह ही रवाना हो गए और उन्होंने (दिल में) कहा में कुछ ताखीर कर लेता हूँ, रसूलुल्लाह ﷺ के साथ जुमा पढ़ता हूँ और फिर उन से जा मिलूँगा, जब उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ के साथ नमाज़े जुमा पढ़ी और आप ने उन्हें देखा तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हें अपने साथियो के साथ सुबह जाने से किस ने रोक रखा ?” उन्होंने अर्ज़ किया, मैंने इरादा किया के आप के साथ नमाज़ ए जुमा पढूँगा और फिर उन के साथ जा मिलूँगा, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर तुम ज़मीन भर की चीज़े खर्च कर दो तो तुम उन के जल्दी जाने की फ़ज़ीलत हासिल नहीं कर सकते”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (527) * حجاج بن ارطاة : ضعيف مدلس و عنعن ، وتفرد به كما قال البيهقی (3 / 187)

٣٩٢٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَصْحَبُ الْمَلَائِكَةُ رُفْقَةً فِيهَا جِلْدُ نَمِرٍ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3924. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “फ़रिश्ते इस जमाअत के साथ

नहीं होते जिस में चीते की खाल हो| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (كتاب اللباس باب فی جلود النمورح 4130) * فيه قتادة مدلس و عنعن و حديث ابی داود (2555) لا يستشهد له ، هو غير هذا المتن

٣٩٢٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سَهْلِ بْنِ سَعْدَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «سَيِّدُ الْقَوْمِ فِي السَّفَرِ خَادِمُهُمْ فَمَنْ سَبَقَهُمْ بِخِدْمَةٍ لَمْ يَسْبِقُوهُ بِعَمَلٍ إِلَّا الشَّهَادَةَ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيّ فِي «شعب الْإِيمَان»

3925. सहल बिन साद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कौम का सरदार सफ़र में उनका खादिम होता है, जिस ने किसी खिदमत के ज़रिए इन पर सबकत हासिल कर ली तो वह लोग मा सिवाए शहादत के किसी और अमल के ज़रिए इस शख़्स से आगे नहीं बढ़ सकते”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقی فی شعب الايمان (8407 ، نسخة محققة : 8050) * فيه ابو طاهر احمد بن الحسين : نا علی بن عبد الرحيم الصفار ولم اعرفهما و الباقی : سنده حسن

بَابُ الْكِتَابِ إِلَى الْكُفَّارِ وَدُعَائِهِمْ إِلَى الْإِسْلَامِ • कुफ्फार के नाम ख़त लिखने और इन्हें इस्लाम की तरफ दअवत देने का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٣٩٢٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَتَبَ إِلَى قَيْصَرَ يَدْعُوهُ إِلَى الْإِسْلَامِ وَبَعَثَ بِكِتَابِهِ إِلَيْهِ دِحْيَةَ الْكَلْبِيَّ وَأَمَرَهُ أَنْ يَدْفَعَهُ إِلَى عَظِيمِ بُصْرَى لِيَدْفَعَهُ إِلَى قَيْصَرَ فَإِذَا فِيهِ: " بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَنِ الرَّحِيمِ مِنْ مُحَمَّدٍ عَبْدِ اللَّهِ وَرَسُولِهِ إِلَى هِرَقْلَ عَظِيمِ الرُّومِ سَلَامٌ عَلَى مَنِ اتَّبَعَ الْهُدَى أَمَّا بَعْدُ فَإِنِّي أدعوكَ بداعيَةِ الْإِسْلَامِ أَسْلِمْ تَسْلَمْ وَأَسْلِمْ يُؤْتِكَ اللَّهُ أَجرَكَ مَرَّتَيْنِ وَإِنْ تَوَلَّيْتَ فَعَلَيْكَ إِثْمُ الْأَرِيسِيِّينَ و (يَا أَهْلَ الْكِتَابِ تَعَالَوْا إِلَى كَلِمَةٍ سَوَاءٍ بَيْنَنَا وَبَيْنَكُمْ أَن لَا نَعْبُدَ إِلَّا اللَّهَ وَلَا نُشْرِكَ بِهِ شَيْئًا وَلَا يَتَّخِذَ بَعْضُنَا بَعْضًا أَرْبَابًا مِنْ دُونِ اللَّهِ فَإِنْ تَوَلَّوْا فَقُولُوا: اشْهَدُوا بِأَنَّا مُسْلِمُونَ)»» مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ قَالَ:»» مِنْ محمَّدٍ رسولِ اللَّهِ " وَقَالَ: «إِثمُ اليريسيِّينَ» وَقَالَ: «بِدِعَايَةِ الْإِسْلَام»

3926. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने कैसर के नाम ख़त लिखा ताकि आप इसे इस्लाम की तरफ दावत दें, आप ﷺ ने दिह्यत कल्ब रदियल्लाहु अन्हु को ख़त दे कर उसकी तरफ भेजा और इसे हुक्म फ़रमाया के वह इसे अज़ीम बसरी के हवाले करे ताकि वह इसे कैसर तक पहुंचाए, उस में लिखा हुआ था (بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَنِ الرَّحِيمِ) “शुरू अल्लाह के नाम से जो बहोत मेहरबान निहायत रहम करने वाला है”, अल्लाह के बंदे और उस के रसूल मुहम्मद ﷺ की तरफ से हिरेकल अज़ीम रोम की तरफ इस शख़्स पर सलाम जो हिदायत की इत्तेबा करे, अम्मा बाद! मैं तुम्हें इस्लाम की दावत पेश करता हूँ, इस्लाम लाओ सालिम रहोगे, इस्लाम लाओ! अल्लाह तुम्हें तुम्हारा अज़्र दो बार देगा, और अगर तुमने रुगर्दानी की तो तुम पर रिआया का भी गुनाह होगा,

ए अहले किताब! एक ऐसी बात की तरफ आओ जो हमारे और तुम्हारे दरमियान मुश्तरका है के हम अल्लाह के सिवा किसी और की इबादत न करे, और हम उस के साथ किसी को शरीक न करे, और हम अल्लाह के सिवा एक दूसरे को रब न बनाएं, पस अगर वह रुख फेरे तो कह दो की तुम लोग गवाह रहो हम मुसलमान है”| बुखारी, मुस्लिम, और सहीह मुस्लिम की रिवायत में है रावी बयान करते हैं, “ मुहम्मद ﷺ अल्लाह के रसूल! की तरफ से ‘‘ फिर (اريسيّين) के बजाए (اليريسيّين) और (بداعية الاسلام) के बजाए (بدعاية الاسلام) के अल्फाज़ है| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (7) و مسلم (74 / 1772)، (4607)

٣٩٢٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَعَثَ بِكِتَابِهِ إِلَى كِسْرَى مَعَ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ حُذَافَةَ السَّهْمِيِّ فَأَمَرَهُ أَنْ يَدْفَعَهُ إِلَى عَظِيمِ الْبَحْرَيْنِ فَدَفَعَهُ عَظِيمُ الْبَحْرَيْنِ إِلَى كِسْرَى [ص:١١٥ فَلَمَّا قَرَأَ مَزَّقَهُ قَالَ ابْنُ الْمُسَيَّبِ: فَدَعَا عَلَيْهِمْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ يُمَزَّقُوا كُلَّ مُمَزَّقٍ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

3927. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने अब्दुल्लाह बिन हुज़ाफा सहमी रदियल्लाहु अन्हु के ज़रिए कीसरा के नाम ख़त भेजा और उन्हें हुक्म फ़रमाया के वह इसे सरबराह बहरीन के हवाले करे, चुनांचे सरबराह बहरीन ने यह ख़त कीसरा के हवाले किया, जब उस ने पढ़ा तो उस ने इसे चाक कर दिया, इब्ने मुसय्यिब बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने इन के लिए बद्दुआ की के वह पारह पारह कर दिए जाए| (बुखारी)

رواہ البخاری (4424)

٣٩٢٨ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَتَبَ إِلَى كِسْرَى وَإِلَى قَيْصَرَ وَإِلَى النَّجَاشِيِّ وَإِلَى كُلِّ جَبَّارٍ يَدْعُوهُمْ إِلَى اللَّهِ وَلَيْسَ بِالنَّجَاشِيِّ الَّذِي صَلَّى عَلَيْهِ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3928. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने कीसरा, कैसर, नज्जाशी और हर सरकश के नाम ख़त लिखा और उन्हें अल्लाह की तरफ दावत दी और यह वह नज्जाशी नहीं जिस की नबी ﷺ ने नमाज़े जनाज़ा पढ़ी थी| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (75 / 1774)، (4609)

٣٩٢٩ - (صَحِيح) وَعَن سليمانَ بنِ بُريدةَ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا أَمَّرَ أَمِيرًا عَلَى جَيْشٍ أَوْ سَرِيَّةٍ أَوْصَاهُ فِي خَاصَّتِهِ بِتَقْوَى اللَّهِ وَمَنْ مَعَهُ مِنَ الْمُسْلِمِينَ خَيْرًا ثُمَّ قَالَ: " اغْزُوا بسمِ اللَّهِ قَاتلُوا مَنْ كَفَرَ بِاللَّهِ اغْزُوَا فَلَا تَغُلُّوا وَلَا تَغْدِرُوا وَلَا تَمْثُلُوا وَلَا تَقْتُلُوا وَلِيدًا وَإِذَا لَقِيتَ عَدُوَّكَ مِنَ الْمُشْرِكِينَ فَادْعُهُمْ إِلَى ثَلَاثِ

خِصَالٍ أَوْ خِلَالٍ فَأَيَّتَهُنَّ مَا أَجَابُوكَ فَاقْبَلْ مِنْهُمْ وَكُفَّ عَنْهُمْ ثُمَّ ادْعُهُمْ إِلَى الْإِسْلَامِ فَإِنْ أَجَابُوكَ فَاقْبَلْ مِنْهُمْ وَكُفَّ عَنْهُمْ ثُمَّ ادْعُهُمْ إِلَى التَّحَوُّلِ مِنْ دَارِهِمْ إِلَى دَارِ الْمُهَاجِرِينَ وَأَخْبِرْهُمْ أَنَّهُمْ إِنْ فَعَلُوا ذَلِكَ فَلَهُمْ مَا لِلْمُهَاجِرِينَ وَعَلَيْهِمْ مَا عَلَى الْمُهَاجِرِينَ فَإِنْ أَبَوْا أَنْ يَتَحَوَّلُوا مِنْهَا فَأَخْبِرْهُمْ أَنَّهُمْ يَكُونُونَ كَأَعْرَابِ الْمُسْلِمِينَ يُجْرَى عَلَيْهِمْ حُكْمُ الله الَّذِي يُجْرَى عَلَيْهِمْ حُكْمُ اللَّهِ الَّذِي يُجْرَى عَلَى الْمُؤْمِنِينَ وَلَا يَكُونُ لَهُمْ فِي الْغَنِيمَةِ وَالْفَيْءِ شَيْءٌ إِلَّا أَنْ يُجَاهِدُوا مَعَ الْمُسْلِمِينَ فَإِنْ هم أَبَوا فعلهم الْجِزْيَةَ فَإِنْ هُمْ أَجَابُوكَ فَاقْبَلْ مِنْهُمْ وَكُفَّ عَنْهُمْ فَإِنْ هُمْ أَبَوْا فَاسْتَعِنْ بِاللَّهِ وَقَاتِلْهُمْ وَإِذَا حَاصَرْتَ أَهْلَ حِصْنٍ فَأَرَادُوكَ أَنْ تَجْعَلَ لَهُمْ ذِمَّةَ اللَّهِ وَذِمَّةَ نَبِيِّهِ فَلَا تَجْعَلْ لَهُمْ ذِمَّةَ اللَّهِ وَلَا ذِمَّةَ نَبِيِّهِ وَلَكِنِ اجْعَلْ لَهُمْ ذِمَّتَكَ وَذِمَّةَ أَصْحَابِكَ فَإِنَّكُمْ أَنْ تُخْفِرُوا ذِمَمَكُمْ وَذِمَمَ أَصْحَابِكُمْ أَهْوَنُ مِنْ أَنْ تُخْفِرُوا ذِمَّةَ اللَّهِ وَذِمَّةَ رَسُولِهِ وَإِنْ حَاصَرْتَ أَهْلَ حِصْنٍ فَأَرَادُوكَ أَنْ تُنْزِلَهُمْ عَلَى حُكْمِ [ص:١١٥ اللَّهِ فَلَا تُنْزِلْهُمْ عَلَى حُكْمِ اللَّهِ وَلَكِنْ أَنْزِلْهُمْ عَلَى حُكْمِكَ فَإِنَّكَ لَا تَدْرِي: أَتُصِيبُ حُكْمَ اللَّهِ فِيهِمْ أَمْ لَا؟ ". رَوَاهُ مُسْلِمٌ

3929. सुलेमान बिन बुरैदा अपने वालिद से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: जब रसूलुल्लाह ﷺ किसी लश्कर या किसी दस्ते पर कोई अमीर मुकर्रर फरमाते तो आप खास तौर पर इसे अल्लाह का खौफ इख़्तियार करने और अपने साथी मुसलमानों के साथ खैर व भलाई करने का हुक्म फरमाते, फिर फरमाते: “अल्लाह की राह में अल्लाह के नाम से जिहाद करो, अल्लाह के साथ कुफ्र करने वाले से किताल करो जिहाद करो, खयानत, दगाबाज़ी और मुसला मत करो, बच्चो को क़त्ल न करो, और जब तुम अपने मुशरिक दुश्मनों से मुलाकात करे तो उन्हें तीन चीजों की तरफ दावत दो, और वह उनमें से जो कबूल कर ले, तो इन से कबूल कर लो और इन से (लड़ाई करने से) हाथ रोक लो, फिर उन्हें इस्लाम की तरफ दावत दो, अगर तुम्हारी बात मान लें तो इन से कबूल कर लो और इन से (लड़ाई करने से) हाथ रोक लो, फिर उन्हें उन के घर से दारुल मुहाजरिन की तरफ मुन्तकिल होने की दावत पेश करो और उन्हें बताओ के अगर उन्होंने ऐसा कर लिया तो फिर उन के वही हुकुक होंगे जो मुहाजरिन के होंगे और उनकी वही ज़िम्मेदारिया होगी जो मुहाजरिन की होगी, अगर वह वहां से मुन्तकिल होने से इनकार करे तो उन्हें बताओ के उनका मुआमला देहातो में रिहाइश पज़ीर मुसलमानों जैसे होगा, अल्लाह के अहकाम इन पर वैसे ही जारी किए जाएँगे जैसे दीगर मोमिनो पर जारी होंगे, अगर वह मुसलमानों के साथ मिल कर जिहाद करेंगे तो तब इन के लिए माले गनीमत और माल ए फै में से हिस्सा होगा वरना नहीं, अगर वह इनकार करे तो उन से जिज़िया तलब करो, अगर वह आप की बात मान लिया तो उनकी तरफ से कबूल करो और उन से लड़ाई मत करो, अगर वह इनकार करे तो अल्लाह से मदद तलब करो और इनसे किताल करो, जब तुम किले वालो का मुहासरा करो और अगर वह तुम से यह चाहे के तुम उन्हें अल्लाह और उस के नबी की अमान दो तो उन्हें अल्लाह और उस के नबी की अमान मत देना, बल्कि उन्हें अपने और अपने साथियो की अमान देना, क्योंकि अगर तुमने अपने और अपने साथियो की अमान को तोड़ा तो यह उन से सहल तर है के तुम अल्लाह और उस के रसूल की अमान को तोड़ो, और अगर तुम किले वालो का मुहासरा करो और वह तुम से मुतालबा करे की तुम उन्हें अल्लाह के हुक्म पर निकालो तो तुम उन्हें अल्लाह के हुक्म पर न निकालो बल्कि तुम उन्हें अपने हुक्म पर निकालो, क्योंकि तुम नहीं जानते की तुम इन के बारे में अल्लाह के हुक्म के मुताबिक फैसला कर सकोगे या नहीं”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (3 / 1731)، (4522)

٣٩٣٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ أَبِي أوفى: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي بَعْضِ أَيَّامِهِ الَّتِي لَقِيَ فِيهَا الْعَدُوَّ انْتَظَرَ حَتَّى مَالَتِ الشَّمْسُ ثُمَّ قَامَ فِي النَّاسِ فَقَالَ: «يَا أَيُّهَا النَّاسُ لَا تَتَمَنَّوْا لِقَاءَ الْعَدُوِّ وَاسْأَلُوا اللَّهَ الْعَافِيَةَ فَإِذَا لَقِيتُمْ فَاصْبِرُوا وَاعْلَمُوا أَنَّ الْجَنَّةَ تَحْتَ ظِلَالِ السُّيُوفِ» ثُمَّ قَالَ: «اللَّهُمَّ مُنْزِلَ الْكِتَابِ وَمُجْرِيَ السَّحَابِ وهازم الْأَحْزَاب واهزمهم وَانْصُرْنَا عَلَيْهِم»

3930. अब्दुल्लाह बिन अबी अव्फी रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने उन अय्याम में से किसी रोज़ जिस में आप दुश्मन से मिले ज़वाल ए आफ़ताब का इंतज़ार फ़रमाया, फिर खड़े हो कर लोगों से ख़िताब फ़रमाया: “लोगो! दुश्मन से मुलाकात की तमन्ना मत करो बल्कि अल्लाह से आफियत तलब करो, लेकिन जब तुम आमने सामने हो जाओ तो फिर सब्र करो और जान लो के जन्नत तलवारों के साए तले है”, फिर आप ﷺ ने यूँ दुआ फरमाई: “ए अल्लाह! किताब के नाज़िल फरमाने वाले, बादलो को चलाने वाले और लश्करो को शिकस्त देने वाले! उन्हें शिकस्त दे और उन के खिलाफ हमारी मदद फरमा”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (29652966) و مسلم (20 / 1742)، (4542)

٣٩٣١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ إِذَا غَزَا بِنَا قَوْمًا لَمْ يَكُنْ يَغْزُو بِنَا حَتَّى يُصْبِحَ وَيَنْظُرَ إِلَيْهِم فَإِنْ سَمِعَ أَذَانًا كَفَّ عَنْهُمْ وَإِنْ لَمْ يَسْمَعْ أَذَانًا أَغَارَ عَلَيْهِمْ قَالَ: فَخَرَجْنَا إِلَى خَيْبَرَ فَانْتَهَيْنَا إِلَيْهِمْ لَيْلًا فَلَمَّا أَصْبَحَ وَلَمْ يسمَعْ أذاناً رَكِبَ ورَكِبْتُ خلف أبي طلحة وَإِنَّ قَدَمِي لَتَمَسُّ قَدَمَ نَبِيِّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: فَخَرَجُوا إِلَيْنَا بَمَكَاتِلِهِمْ ومساحيهم فَلَمَّا رأى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالُوا: مُحَمَّدٌ واللَّهِ محمّدٌ والخميسُ فلَجؤوا إِلَى الْحِصْنِ فَلَمَّا رَآهُمْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «اللَّهُ أَكْبَرُ اللَّهُ أَكْبَرُ خَرِبَتْ خَيْبَرُ إِنَّا إِذَا نَزَلْنَا بِسَاحَةِ قومٍ فساءَ صباحُ الْمُنْذَرِينَ»

3931. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ जब हमें लेकर किसी कौम से जिहाद करते तो आप इस वक़्त तक जिहाद का आगाज़ न फरमाते जब तक सुबह न हो जाती फिर आप उनका जाइज़ा लेते, अगर आप ﷺ आज़ान सुनते तो उन से लड़ाई न करते और अगर आज़ान न सुनते तो फिर इन पर हमला कर देते| रावी बयान करते हैं, हम खैबर की तरफ रवाना हुए तो हम रात के वक़्त वहां पहुँच गए, पस जब सुबह हुई तो आप ने आज़ान न सुनी, आप सवार हुए और मैं अबू तल्हा रदियल्लाहु अन्हु के पीछे सवार हुआ, और मेरे कदम नबी ﷺ के कदम के साथ लग रहे थे, रावी बयान करते हैं, वह (काम की गर्ज़ से) अपने टोकरियों और फावड़ो के साथ हमारी तरफ आए, जब उन्होंने नबी ﷺ को देखा तो उन्होंने कहा: मुहम्मद, अल्लाह की क़सम! मुहम्मद लश्कर समेत (आ गए है), वह किला बंद हो गए, जब रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें देखा तो फ़रमाया: “(اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर, (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर, खैबर तबाह हुआ जब हम किसी कौम के मैदान में उतर पड़ते है, तो उन के डराए हुए लोगों की सुबह बुरी हो जाती है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (610) و مسلم (120 / 1365)، (4665)

٣٩٣٢ - (صَحِيح) وَعَن النُّعْمَانِ بْنِ مُقَرِّنٍ قَالَ: شَهِدْتُ الْقِتَالَ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم فَكَانَ إِذَا لَمْ يُقَاتِلْ أَوَّلَ

النَّهَارِ انْتَظَرَ حَتَّى تهب الْأَرْوَاح وتحضر الصَّلَاة. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3932. नौमान बिन मुकर्रिन रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं रसूलुल्लाह ﷺ के साथ जिहाद में शरीक था अगर आप दिन के आगाज़ में लड़ाई का आगाज़ न फरमाते, तो आप इंतज़ार फरमाते हत्ता के हवाए चलने लगती और नमाज़ (ज़ुहर) का वक़्त हो जाता| (बुखारी)

رواه البخارى (3160)

بَابُ الْكِتَابِ إِلَى الْكُفَّارِ وَدُعَائِهِمْ إِلَى الْإِسْلَامِ • कुफ्फार के नाम ख़त लिखने और इन्हें इस्लाम की तरफ दअवत देने का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٩٣٣ - (لم تتمّ دراسته) عَن النُّعْمَان بن مقرن قَالَ: شَهِدْتُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَكَانَ إِذَا لَمْ يُقَاتِلْ أَوَّلَ النَّهَارِ انْتَظَرَ حَتَّى تَزُولَ الشَّمْسُ وَتَهُبَّ الرِّيَاحُ وينزل النَّصرُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3933. नौमान बिन मुकर्रिन रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं रसूलुल्लाह ﷺ के साथ था, जब आप दिन के पहले पहर किताल न करते तो आप ﷺ इंतज़ार फरमाते हत्ता के सूरज ढल जाता, हवाए चलने लगती और नुसरत नाज़िल होती| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (2655)

٣٩٣٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن قتادةَ عَنِ النُّعْمَانِ بْنِ مُقَرِّنٍ قَالَ: غَزَوْتُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَكَانَ إِذَا طَلَعَ الْفَجْرُ أَمْسَكَ حَتَّى تَطْلُعَ الشَّمْسُ فَإِذَا طَلَعَتْ قَاتَلَ فَإِذَا انْتَصَفَ النَّهَارُ أَمْسَكَ حَتَّى تَزُولَ الشَّمْسُ فَإِذَا زَالَتِ الشَّمْسُ قَاتَلَ حَتَّى الْعَصْرِ ثُمَّ أَمْسَكَ حَتَّى يُصَلِّى الْعَصْرُ ثُمَّ يُقَاتِلُ قَالَ قَتَادَةُ: كَانَ يُقَالُ: عِنْدَ ذَلِكَ تُهِيجُ رِيَاحُ النَّصْرِ وَيَدْعُو الْمُؤْمِنُونَ لِجُيُوشِهِمْ فِي صلَاتهم. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3934. क़तादाह, नुअमान बिन मुकर्रिन रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: मैंने रसूलुल्लाह ﷺ की साथ में जिहाद किया, जब फज्र नमूदार हो जाती तो आप (किताल से) रुक जाते हत्ता के सूरज तुलुअ हो जाता जब वह तुलुअ हो जाता तो आप किताल करते, जब दोपहर हो जाता तो आप रुक जाते हत्ता के सूरज ढल जाता, जब सूरज ढल जाता तो आप असर तक किताल करते फिर आप रुक जाते थे हत्ता के नमाज़े असर पढ़ते, फिर आप किताल करते| क़तादाह बयान करते हैं, इस वक़्त कहा जाता था नुसरत की हवाए चलती है और

मोमिन अपने नमाज़ो में अपने लश्करो के लिए दुआए करते हैं| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (1612) * قتادة مدلس و عنعن و حديث الترمذى (1613) يغنى عنه

٣٩٣٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عصامٍ المزنيِّ قَالَ بَعَثَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي سَرِيَّةٍ فَقَالَ: «إِذَا رَأَيْتُمْ مَسْجِدًا أَوْ سَمِعْتُمْ مُؤَذِّنًا فَلَا تَقْتُلُوا أَحَدًا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

3935. ईसाम अल मुज़नी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें एक लश्कर में भेजा तो फ़रमाया: “जब तुम कोई मस्जिद देखो या किसी मुअज़्ज़िन को सुनो तो फिर तुम किसी को क़त्ल न करो”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (1549 وقال : حسن غريب) و ابوداؤد (2635) * ابن عصام لا يعرف حاله

بَابُ الْكِتَابِ إِلَى الْكُفَّارِ وَدُعَائِهِمْ إِلَى الْإِسْلَامِ • कुफ्फार के नाम ख़त लिखने और इन्हें इस्लाम की तरफ दअवत देने का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٩٣٦ - (لم تتمّ دراسته) عَن أبي وائلٍ قَالَ: كَتَبَ خَالِدُ بْنُ الْوَلِيدِ إِلَى أَهْلِ فَارِسَ: بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَنِ الرَّحِيمِ مِنْ خَالِدِ بْنِ الْوَلِيدِ إِلَى رُسْتَمَ وَمِهْرَانَ فِي مَلَأِ فَارِسَ. سَلَامٌ عَلَى مَنِ اتَّبَعَ الْهُدَى. أَمَّا بَعْدُ فَإِنَّا نَدْعُوكُمْ إِلَى الْإِسْلَامِ فَإِنْ أَبَيْتُمْ فَأَعْطُوا الْجِزْيَةَ عَنْ يَدٍ وَأَنْتُمْ صَاغِرُونَ فَإِنْ أَبَيْتُمْ فَإِنَّ مَعِي قَوْمًا يُحِبُّونَ الْقَتْلَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ كَمَا يُحِبُّ فَارِسُ الْخَمْرَ وَالسَّلَامُ عَلَى مَنِ اتَّبَعَ الْهُدَى. رَوَاهُ فِي شَرْحِ السّنة ·

3936. अबू वाइल बयान करते हैं, खालिद बिन वलीद रदियल्लाहु अन्हु ने अहल ए फारस के नाम ख़त लिखा (بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَنِ الرَّحِيم) “शुरू अल्लाह के नाम से जो बहोत मेहरबान निहायत रहम करने वाला है” खालिद बिन वलीद की तरफ से रुस्तम व मेहरान और फारस के सरदारों के नाम, इस शख़्स पर सलाम जो हिदायत की इत्तेबा करे, अम्मा बाद! हम तुम्हें इस्लाम की तरफ दावत देते है, अगर तुम इनकार करो तो तुम अपने हाथो जिज़िया अदा करो इस हाल में की तुम ज़लील हो, क्योंकि मेरे साथ ऐसे लोग है जो अल्लाह की राह में किताल को ऐसे पसंद करते हैं जैसे फारसी शराब पसंद करते हैं, और इस शख़्स पर सलाम जो हिदायत की इत्तेबा करे| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه البغوى فى شرح السنة (لم اجده) [و روى الهاكم (3 / 299) و الطبرانى فى الكبير (4 / 105 ح 3806) و على بن الجعد فى مسنده (2304 / 2394)] * فيه شريک القاضى مدلس و عنعن وله شواهد باطلة فى البداية و النهاية (6 / 348) وغيرهما و الحديث حسنه الهيثمى فى مجمع الزوائد (5 / 310) !

जिहाद में किताल का बयान • بَاب الْقِتَال فِي الْجِهَاد

पहली फस्ल • الْفَصْلُ الأول

٣٩٣٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن جَابر قَالَ: قَالَ رَجُلٌ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ أُحُدٍ: أَرَأَيْتَ إِنْ قُتِلْتُ فَأَيْنَ أَنَا؟ قَالَ: «فِي الْجَنَّة» فَألْقى تَمَرَات فِي يَده ثمَّ قَاتل حَتَّى قتل

3937. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी ने नबी ﷺ से गज़वा ए उहद के रोज़ अर्ज़ किया, मुझे बताइए के अगर में क़त्ल कर दिया जाऊँ तो कहाँ होऊंगा? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जन्नत में”, उस ने वह खजूरे, जो के उस के हाथ में थी, फेंक दी, फिर किताल किया हत्ता कि शहीद कर दिया गया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (4046) و مسلم (143 / 1899)، (4913)

٣٩٣٨ - (صَحِيح) وَعَن كَعْب بن مالكٍ قَالَ: لَمْ يَكُنْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُرِيدُ غَزْوَةً إِلَّا وَرَّى بِغَيْرِهَا حَتَّى كَانَتْ تِلْكَ الْغَزْوَةُ يَعْنِي غَزْوَةَ تَبُوكَ غَزَاهَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي حَرٍّ شَدِيدٍ وَاسْتَقْبَلَ سَفَرًا بَعِيدًا وَمَفَازًا وَعَدُوًّا كَثِيرًا فَجَلَّى لِلْمُسْلِمِينَ أَمْرَهُمْ لِيَتَأَهَّبُوا أُهْبَةَ غَزْوِهِمْ فَأَخْبَرَهُمْ بِوَجْهِهِ الَّذِي يُرِيدُ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

3938. काब बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ किसी गज़वा का इरादा फरमाते तो आप उस के अलावा किसी और का तोरिया फ़रमाया करते थे लेकिन जब यह गज़वा यानी गज़वा ए तबुक हुआ जिसे रसूलुल्लाह ﷺ ने सख्त गर्मी में लड़ा, उस में आप को दूर दराज़ का सफ़र बियाबान रास्ते और बहोत ज़्यादा दुश्मनों का सामना था, लिहाज़ा आप ﷺ ने मुसलमानों के लिए उन के मुआमले को वाज़ेह कर दिया ताकि वह अपने गज़वा के लिए खूब तय्यारी कर ले, आप ﷺ ने जिस सिम्त जाना था वह उन्हें बता दिया| (बुखारी)

رواه البخاری (4418)

٣٩٣٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «الْحَرْب خدعة»

3939. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “लड़ाई एक धोका है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3030) و مسلم (17 / 1739)، (4539)

٣٩٤٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَغْزُو بِأُمِّ سُلَيْمٍ وَنِسْوَةٍ مِنَ الْأَنْصَارِ مَعَهُ إِذَا غَزَا يَسْقِينَ الْمَاءَ وَيُدَاوِينَ الْجَرْحَى. رَوَاهُ مُسلم

3940. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ जिहाद के लिए जाता तो उम्मे सुलैम रदियल्लाहु अन्हा और अंसार की कुछ औरते आप ﷺ के साथ जिहाद के लिए जाती, वह पानी पिलाती और ज़ख्मियों का इलाज करती थी| (मुस्लिम)

رواه مسلم (130 / 1810)، (4682)

٣٩٤١ - (صَحِيح) وَعَن أُمِّ عطيَّةَ قَالَتْ: غَزَوْتُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سَبْعَ غَزَوَاتٍ أَخْلُفُهُمْ فِي رِحَالِهِمْ فَأَصْنَعُ لَهُمُ الطَّعَامَ وَأُدَاوِي الْجَرْحَى وَأَقُومُ عَلَى المرضى. رَوَاهُ مُسلم

3941. उम्म अतिया रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ के साथ सात गज़वात में शिरकत की, मैं इन के सामान के पास रहा करती थी, इन के लिए खाना तैयार करती, ज़ख्मियों का इलाज करती और मरीज़ों की देख भाल किया करती थी| (मुस्लिम)

رواه مسلم (142 / 1812)، (4690)

٣٩٤٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ قَتْلِ النِّسَاءِ وَالصِّبْيَانِ

3942. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने औरतो और बच्चो को क़त्ल करने से मना फ़रमाया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (3015) و مسلم (25 / 1744)، (4548)

٣٩٤٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن الصَّعبِ بنِ جثَّامةَ قَالَ: سُئِلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عنْ أهلِ الدَّارِ يَبِيتُونَ مِنَ الْمُشْرِكِينَ فَيُصَابَ مِنْ نِسَائِهِمْ وَذَرَارِيِّهِمْ قَالَ: «هُمْ مِنْهُمْ» . وَفِي رِوَايَةٍ: «هُمْ مِنْ آبائِهم»

3943. सअबी बिन जस्सामा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ से मुहल्लों में रहने वाले मुशरिकीन के बारे में दरियाफ्त किया गया जिन पर रात में हमला (छापा) जिस मैं इन की औरते और उन के बच्चे हलाक हो जाए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो भी उन्हें के हुक्म में है”, एक दूसरी रिवायत में है: “वो अपने आबाअ के ताबेअ है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (3012) و مسلم (26 / 1745)، (4549)

٣٩٤٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَطَعَ نَخْلَ بني النَّضِيرِ وحرَّقَ وَلها يقولُ حسَّانٌ:»» وَهَانَ عَلَى سَرَاةِ بَنِي لُؤَيٍّ حَرِيقٌ بِالْبُوَيْرَةِ مُستَطيرُ»» وَفِي ذَلِكَ نَزَلَتْ (مَا قَطَعْتُمْ مِنْ لِينَةٍ أَوْ تَرَكْتُمُوهَا قَائِمَةً عَلَى أُصُولِهَا فَبِإِذْنِ اللَّهِ)

3944. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने बनू नज़ीर के खजूरो के दरख्त काटे और जलाए, हस्सान रदियल्लाहु अन्हु ने उस के मुतल्लिक शेर कहा: “बनू लुइ के सरदारों के लिए बवेरा (पर खजूरो के दरख्तों को) जलाना आसान हुआ जो के फैला हुआ था”, और उस के मुतल्लिक यह आयत नाज़िल हुई: “तुमने खजूर के जो दरख्त काट डाल या उन्हें उन के तनो पर काइम रहने दिया वह (सब) अल्लाह के हुक्म से था”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (40314032) و مسلم (30 / 1746)، (4553)

٣٩٤٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَوْنٍ: أَنَّ نَافِعًا كَتَبَ إِلَيْهِ يُخْبِرُهُ أَنَّ ابْنَ عمر أخبرهُ أَن ابْن عمر أَخْبَرَهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَغَارَ عَلَى بَنِي الْمُصْطَلِقِ غَارِّينِ فِي نَعَمِهِمْ بِالْمُرَيْسِيعِ فَقتل الْمُقَاتلَة وسبى الذُّرِّيَّة

3945. अब्दुल्लाह बिन औन रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के (इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा के आज़ाद करदा गुलाम) नाफेअ रहिमहुल्लाह ने उन्हें ख़त लिखा जिस में इन्होंने उन्हें (यानी मुझे) यह बताया की इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा ने उन्हें (यानी नाफेअ को) खबर दी के नबी ﷺ ने बनू मुस्तलक पर इस वक़्त हमला किया जब वह मुरसीअ के मक़ाम पर अपने मवेशियों में गाफ़िल थे, आप ﷺ ने जंगजूओ को क़त्ल किया और बच्चो को कैदी बनाया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2541) و مسلم (1 / 1730)، (4519)

٣٩٤٦ - (صَحِيح) وَعَن أبي أَسِيدٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ لَنَا يَوْمَ بَدْرٍ حِينَ صَفَفْنَا لِقُرَيْشٍ وَصَفُّوا لَنَا: «إِذَا أَكْثَبُوكُمْ فَعَلَيْكُمْ بِالنَّبْلِ» . وَفِي رِوَايَةٍ: «إِذَا أَكْثَبُوكُمْ فَارْمُوهُمْ وَاسْتَبْقُوا نَبْلَكُمْ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ»» وَحَدِيث سعد: «هُوَ تُنْصَرُونَ» سَنَذْكُرُهُ فِي بَابِ «فَضْلِ الْفُقَرَاءِ» . وَحَدِيثُ الْبَرَاءِ: بَعَثَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَهْطًا فِي بَابِ «الْمُعْجِزَاتِ» إِنْ شَاءَ اللَّهُ تَعَالَى

3946. अबू उसैद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि जब गज़वा ए बद्र के मौके पर हम और कुरैश एक दूसरे के सामने सफ आराअ हुए तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जब वह तुम्हारे करीब आजाए तो तुम इन पर तीर बरसाओ| और एक दूसरी रिवायत में है की जब वह तुम्हारे करीब आ जाए तो तुम इन पर तीर बरसाओ और कुछ तीर अपने पास महफ़ूज़ रखो”| # और साद (र) से मरवी हदीस: “तुम्हारी मदद नहीं की जाती ......” हम अनकरीब بَابِ فَضْلِ الْفُقَرَاءِ (फकीरों की फ़ज़ीलत और नबी ﷺ की गुजरान का बयान में ज़िक्र करेंगे और बराअ (र) से मरवी हदीस “ रसूलुल्लाह ﷺ ने एक लश्कर भेजा ....”, بَاب فِي المعجزات (मोजिजो का बयान) मैं इनशाअल्लाह

तआला ज़िक्र करेंगे| (बुखारी)

رواه البخاری (2900) 0 حدیث سعد یاتی (5232) و حدیث البراء یاتی (5876)

بَاب الْقِتَال فِي الْجِهَاد • जिहाद में किताल का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٣٩٤٧ - (لم تتمّ دراسته) عَن عبدِ الرَّحمنِ بن عَوفٍ قَال: عَبَّأَنا النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم ببدر لَيْلًا. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3947. अब्दुल रहमान बिन ऑफ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने बद्र के मक़ाम पर हमें रात के वक्त ही तैयार कर दिया था| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ الترمذی (1677 وقال : ضعیف) * محمد بن اسحاق بن یسار مدلس و عنعن ، محمد بن حمید : ضعیف

٣٩٤٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن الْمُهلب أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم قَالَ: " إِنْ بَيَّتَكُمُ الْعَدُوُّ فَلْيَكُنْ شِعَارُكُمْ: حم لَا يُنْصرُونَ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

3948. मुहल्लब से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर दुश्मन तुम पर छापा (रात में हमला) मारे तुम्हारा शिआर (नारा) यह होना चाहिए حٰمٓ لَا يُنْصَرُوْنَ”| (सहीह)

صحیح ، رواہ الترمذی (1682 وقال : حسن صحیح غریب) ابوداؤد (2597)

٣٩٤٩ - (ضَعِيف) وَعَن سَمُرَةَ بن جُندبٍ قَالَ: كَانَ شِعَارُ الْمُهَاجِرِينَ: عَبْدَ اللَّهِ وَشِعَارُ الْأَنْصَار: عبدُ الرَّحمنِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3949. समुरह बिन जुन्दुब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मुहाजरीन का शिआर (नारा) “ अब्दुल्लाह” और अंसार का शिआर “अब्दुल रहमान” था| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ ابوداؤد (2595) * حجاج بن ارطاۃ ضعیف مدلس و قتادۃ مدلس و عنعن

٣٩٥٠ - (حسن) وَعَنْ سَلَمَةَ بْنِ الْأَكْوَعِ قَالَ: غَزَوْنَا مَعَ أَبِي بكر زمن النَّبِي صلى الله عَلَيْهِ وَسلم فبيَّتْناهم نَقْتُلُهُمْ وَكَانَ شِعَارُنَا تِلْكَ اللَّيْلَةَ: أَمِتْ أَمِتْ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3950. सलमा बिन अकवा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हमने नबी ﷺ के दौर में अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु की साथ में जिहाद किया, हमने इन पर छापा (रात में हमला) मारा, हम उन्हें क़त्ल करते, और इस रात हमारा शिआर (नारा) था: अमित, अमित, यानी मारो, मारो| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (2638)

٣٩٥١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن قيسِ بنِ عُبادٍ قَالَ: كَانَ أَصْحَابُ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَكْرَهُونَ الصَّوْتَ عِنْدَ الْقِتَالِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3951. कैस बिन अब्बाद रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के सहाबा किताल के वक़्त (अल्लाह के ज़िक्र के अलावा) शोरो शगब को नापसंद करते थे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2656) * قتادة و الحسن مدلسان و عنعنا

٣٩٥٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن سَمُرَة بن جُنْدُبٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «اقْتُلُوا شُيُوخَ الْمُشْرِكِينَ وَاسْتَحْيُوا شَرْخَهُمْ» أَيْ صِبْيَانَهُمْ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

3952. समुरह बिन जुन्दुब रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मुशरिकीन के बूढ़ो को क़त्ल करो और उन के बच्चो को जिंदा रखो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (1583 وقال : حسن صحیح غریب) و ابوداؤد (2670) * قتادة مدلس و عنعن

٣٩٥٣ - (ضَعِيف) وَعَن عُروَةَ قَالَ: حدَّثني أسامةُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ عَهِدَ إِلَيْهِ قَالَ: «أَغِرْ عَلَى أُبْنَى صباحا وَحرق» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3953. उरवा रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, उसामा रदियल्लाहु अन्हु ने मुझे हदीस बयान की के रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे वसीयत करते हुए फ़रमाया: “उबना पर सुबह के वक़्त हमला कर और उन की खेतियों और दरख्त जला दे”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2616) [و ابن ماجه (2843)] * صالح بن ابی الاخضر : ضعيف يعتبر به و فيه علة أخرى

٣٩٥٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي أَسَيْدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ بَدْرٍ: «إِذَا [ص:١١٥] أَكْثَبُوكُمْ فَارْمُوهُمْ وَلَا تَسُلُّوا السُّيُوفَ حَتَّى يَغْشَوْكُمْ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

3954. अबू उसैद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने ग़ज़वा ए बद्र के मौके पर फ़रमाया: “जब वह तुम्हारे करीब आजाए तो फिर इन पर तीर चलाओ और जब तक वह तुम्हारे बहोत करीब न आजाए तलवारे न सोतो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2664) * فيه اسحاق بن نجيح غير الملطى : مجهول ، و مالک بن حمزة : مستور

٣٩٥٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن رَبَاح بن الرَّبِيعِ قَالَ: كُنَّا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي غزوةٍ فَرَأى الناسَ مجتمعينَ عَلَى شَيْءٍ فَبَعَثَ رَجُلًا فَقَالَ: «انْظُرُوا عَلَى من اجْتمع هَؤُلَاءِ؟» فَقَالَ: عَلَى امْرَأَةٍ قَتِيلٍ فَقَالَ: «مَا كَانَتْ هَذِهِ لِتُقَاتِلَ» وَعَلَى الْمُقَدِّمَةِ خَالِدُ بْنُ الْوَلِيدِ فَبَعَثَ رَجُلًا فَقَالَ: " قُلْ لِخَالِدٍ: لَا تَقْتُلِ امْرَأَة وَلَا عسيفا ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3955. रिबाह बिन रबीअ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम एक ग़ज़वा मैं रसूलुल्लाह ﷺ के साथ थे, आप ने लोगों को किसी चीज़ के गिर्द जमा देखा तो आप ﷺ ने एक आदमी भेजा और फ़रमाया देख वह लोग किस लिए जमा है?” वह आया तो उस ने अर्ज़ किया, एक मकतुल औरत के गिर्द जमा है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये तो जंगजू न थी”, हर अव्वल दस्ते पर खालिद बिन वलीद रदियल्लाहु अन्हु थे, आप ﷺ ने एक आदमी भेजा और इसे फ़रमाया: “खालिद से कहो: ना किसी औरत को क़त्ल करो न किसी अजिर (मज़दूर) को”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (2669)

٣٩٥٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «انْطَلِقُوا بِاسْمِ اللَّهِ وَبِاللَّهِ وَعَلى مِلّة رسولِ الله لَا تقْتُلوا شَيْخًا فَانِيًا وَلَا طِفْلًا صَغِيرًا وَلَا امْرَأَةً وَلَا تَغُلُّوا وَضُمُّوا غَنَائِمَكُمْ وَأَصْلِحُوا وَأَحْسِنُوا فَإِنَّ اللَّهَ يحبُّ المحسنينَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3956. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह के नाम के साथ, अल्लाह की तौफिक से और रसूलुल्लाह ﷺ की मिल्लत पर चलो, ना किसी बहोत बूढ़े शख़्स को क़त्ल करो न किसी छोटे बच्चे को और ना ही किसी औरत को, और न खयानत करो, अपना माले गनीमत इकट्ठा करो, (अपने उमूर की) इस्लाह करो और इहसान करो क्योंकि अल्लाह इहसान करने वालो को पसंद फरमाता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2614) * خالد بن الفرز : ضعيف ، ضعفه ابن معين وغيره ولم يوثقه غير ابن حبان

٣٩٥٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: لَمَّا كَانَ يَوْمُ بَدْرٍ تَقَدَّمَ عُتْبَةُ بْنُ رَبِيعَةَ وَتَبِعَهُ ابْنُهُ وَأَخُوهُ فَنَادَى: مَنْ يُبَارِزُ؟ فَانْتُدِبَ لَهُ شبابٌ مِنَ الْأَنْصَارِ فَقَالَ: مَنْ أَنْتُمْ؟ فَأَخْبَرُوهُ فَقَالَ: لَا حَاجَةَ لَنَا فِيكُمْ إِنَّمَا أَرَدْنَا بَنِي عَمِّنَا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «قُمْ يَا حَمْزَةُ قُمْ يَا عَلِيُّ قُمْ يَا عُبَيْدَةُ بْنَ الْحَارِثِ» . فَأَقْبَلَ حَمْزَةُ إِلى عتبةَ وَأَقْبَلْتُ إِلَى شَيْبَةَ وَاخْتَلَفَ بَيْنَ عُبَيْدَةَ وَالْوَلِيدِ ضَرْبَتَانِ فَأَثْخَنَ كُلُّ وَاحِدٍ مِنْهُمَا صَاحِبَهُ ثُمَّ مِلْنَا عَلَى الْوَلِيدِ فَقَتَلْنَاهُ وَاحْتَمَلْنَا عُبَيْدَةَ. رَوَاهُ أَحْمد

وَأَبُو دَاوُد

3957. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब बद्र का दिन थे तो उत्बा बिन रबिआ आगे बढ़ा, उस के पीछे उस का बेटा (वलीद बिन उत्बा) और उस का भाई (शैबा बिन रबीआ) भी आ गया, तो उत्बा ने कहा मुकाबले पर कौन आता है? उसकी इस ललकार का अंसार के नौजवानों ने जवाब दिया तो उसने पूछा, तुम कौन हो? उन्होंने इसे बताया तो उस ने कहा हमारा तुम से कोई सरुकार नहीं, हम तो तो अपने चाचाजादों से लड़ना चाहते है, तब रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हम्ज़ा! उठो, अली! उठो, उबैदाह बिन हारिस! उठो”, हम्ज़ा रदियल्लाहु अन्हु उत्बा की तरफ मुतवज्जे हुए और मैं शैबा की तरफ जबकि उबैदाह रदियल्लाहु अन्हु और वलीद के दरमियान दो दो वार हुए और इन दोनों में से हर एक ने अपने मुकाबिल को ज़ख़्मी किया, फिर हम वलीद माइल हुए और इसे क़त्ल कर दिया और हमने उबैदाह रदियल्लाहु अन्हु को उठा लिया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (1 / 117 ح 948) و ابوداؤد (2665) * ابو اسحاق مدلس و عنعن وله شواهد مرسلة

٣٩٥٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن ابنِ عُمر قَالَ: بَعَثَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي سَرِيَّةٍ فَحَاصَ النَّاسُ حَيْصَةً فَأَتَيْنَا الْمَدِينَةَ فَاخْتَفَيْنَا بِهَا وَقُلْنَا: هَلَكْنَا ثُمَّ أَتَيْنَا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقُلْنَا: يَا رَسُول الله نَحن الفارون. قَالَ: «بَلْ أَنْتُمُ الْعَكَّارُونَ وَأَنَا فِئَتُكُمْ» . [ص:١١٥ رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ. وَفِي رِوَايَةِ أَبِي دَاوُدَ نَحْوَهُ وَقَالَ: «لَا بَلْ أَنْتُمُ الْعَكَّارُونَ» قَالَ: فَدَنَوْنَا فَقَبَّلْنَا يَده فَقَالَ: «أَنا فِئَة من الْمُسلِمينَ»»» وَسَنَذْكُرُ حَدِيثَ أُمَيَّةَ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ: كَانَ يَسْتَفْتِحُ وَحَدِيثُ أَبِي الدَّرْدَاءِ «ابْغُونِي فِي ضُعَفَائِكُمْ» فِي بَابِ «فَضْلِ الْفُقَرَاءِ» إِنْ شَاءَ اللَّهُ تَعَالَى

3958. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें एक लश्कर में रवाना किया लोग मैदाने जंग से भाग गए और हमने मदीना मुनव्वरा पहुँच कर पनाह ली, और हमने कहा, हम मारे गए, फिर हमने रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर होकर अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हम तो फरार होने वाले हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं, बल्कि तुम दोबारा हमला करने वाले हो, और मैं तुम्हारी जमाअत हूँ (के फरार के ज़िमरे में नहीं, बल्कि तुम जमाअत के पास आए हो)”| तिरमिज़ी, और अबू दावुद की रिवायत में इसी तरह है, और फ़रमाया: “बल्के जाने वाले हो”, रावी बयान करते हैं, हम करीब हुए और हमने आप ﷺ के दस्ते मुबारक को बोसा दिया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं मुसलमानों की जमाअत हूँ”| # और हम उमय्य बिन अब्दुल्ला इसे मरवी हदीस ((كان يستفتح)) और अबू दरदा (र) से मरवी हदीस: “मुझे अपने जअफाअ में तलाश करो بَابِ فَضْلِ الْفُقَرَاءِ (फकीरों की फ़ज़ीलत और नबी ﷺ की गुजरान का बयान) मैं इंशाअल्लाह तआला ज़िक्र करेंगे. (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (1716 وقال : حسن غريب) و ابوداؤد (2647) * فيه يزيد بن ابى زياد : ضعيف مدلس مختلط0 حديث امية بن عبدالله ياتى (5247) و حديث ابى الدرداء ياتى (5246)

जिहाद में किताल का बयान — بَاب الْقِتَال فِي الْجِهَاد

तीसरी फस्ल — الْفَصْل الثَّالِث

٣٩٥٩ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ ثَوْبَانَ بْنِ يَزِيدَ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَصَبَ الْمَنْجَنِيقَ عَلَى أَهْلِ الطائفِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ مُرْسلا

3959. सौबान बिन यज़ीद से रिवायत है के नबी ﷺ ने अहल ताईफ पर मंजनिक लगाई| इमाम तिरमिज़ी रहिमहुल्लाह ने इसे मुरसल रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف جدا ، رواه الترمذی (2762) * فیه عمر بن ھارون : متروک و للحدیث شواھد ضعیفة ، انظر بلوغ المرام بتحقیقی (1306)

कैदियों के हुक्म का बयान — بَاب حكم الاسراء

पहली फस्ल — الْفَصْل الأول

٣٩٦٠ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «عَجِبَ اللَّهُ مِنْ قَوْمٍ يُدْخَلُونَ الْجَنَّةَ فِي السَّلَاسِلِ» . وَفِي رِوَايَةٍ: «يُقَادُونَ إِلَى الجنَّةِ بالسلاسل» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3960. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह उन लोगों पर ताज्जुब करेगा, जो बेड़िया पहने हुए जन्नत में दाखिल किए जाएँगे”, एक दूसरी रिवायत में है: “जिन्हें बेड़िया पहना कर जन्नत की तरफ चलाया जाएगा”| (बुखारी)

رواه البخاری (3010)

٣٩٦١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ سَلَمَةَ بْنِ الْأَكْوَعِ قَالَ أَتَى النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَيْنٌ مِنَ الْمُشْرِكِينَ وَهُوَ فِي سَفَرٍ فَجَلَسَ عِنْدَ أَصْحَابِهِ يَتَحَدَّثُ ثُمَّ انْفَتَلَ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اطْلُبُوهُ وَاقْتُلُوهُ» . فَقَتَلْتُهُ فنفَّلَني سلبه

3961. सलमा बिन अकवा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, दौरान ए सफ़र मुशरिकीन में से एक जासूस आप ﷺ के पास आया और वह आप के साथियो के पास बैठ कर बाते करता रहा, फिर गायब हो गया, तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “इसे तलाश करो और इसे क़त्ल कर दो”, चुनांचे मैंने इसे क़त्ल कर दिया तो आप ﷺ ने उस का सामान

मुझे अता फरमा दिया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3051) و مسلم (45 / 1754)، (4572)

٣٩٦٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: غَزَوْنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ هَوَازِنَ فَبَيْنَا نَحْنُ نَتَضَحَّى مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذْ جَاءَ رَجُلٌ عَلَى جَمَلٍ أَحْمَرَ فَأَنَاخَهُ وَجَعَلَ يَنْظُرُ وَفِينَا ضَعْفَةٌ وَرِقَّةٌ مِنَ الظَّهْرِ وَبَعْضُنَا مُشَاةٌ إِذْ خَرَجَ يَشْتَدُّ فَأَتَى جَمَلَهُ فَأَثَارَهُ فَاشْتَدَّ بِهِ الْجَمَلُ فَخَرَجْتُ أَشْتَدُّ حَتَّى أَخَذْتُ بِخِطَامِ الْجَمَلِ فَأَنَخْتُهُ ثُمَّ اخْتَرَطْتُ سَيْفِي فَضَرَبْتُ رَأْسَ الرَّجُلِ ثُمَّ جِئْتُ بِالْجَمَلِ أَقُودُهُ وَعَلَيْهِ رَحْلُهُ وَسِلَاحُهُ فَاسْتَقْبَلَنِي رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَالنَّاسُ فَقَالَ: «مَنْ قَتَلَ الرَّجُلَ؟» قَالُوا: ابْنُ الْأَكْوَعِ فَقَالَ: «لَهُ سَلَبُهُ أَجْمَعُ»

3962. सलमा बिन अकवा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हमने रसूलुल्लाह ﷺ के साथ हवाज़ीन कबिले से जिहाद किया, इस असना में के हम चाश्त के वक़्त रसूलुल्लाह ﷺ के साथ खाना खा रहे थे एक आदमी सुर्ख ऊंट पर आया तो उस ने इसे बिठा दीया और वह जाइज़ा लेने लगा, इस वक़्त हम में ज़ईफ़ी व सुस्ती थी, सवारी कम थी जबकि हम में से बाज़ प्यादेह थे, वह आदमी अचानक हमारे बीच में से निकला तेज़ी से अपने ऊंट के पास आया इसे खड़ा किया और ऊंट इसे तेज़ी के साथ ले गया, मैं भी तेज़ी से रवाना हुआ हत्ता के मैंने ऊंट की लगाम पकड़ ली इसे बिठाया फिरमैंने अपनी तलवार सोंट ली, मैंने इस आदमी का सर कलम कर दिया और ऊंट ले आया उस का साज़ो सामान और उस का अस्लिहा भी उस पर ले आया, रसूलुल्लाह ﷺ और सहाबा ने मेरा इस्तेकबाल किया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इस आदमी को किस ने क़त्ल किया? सहाबा ने बताया इब्ने अक्वाअ ने, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस का सारा साज़ो सामान उस के लिए है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3051) و مسلم (45 / 1754)، (4572)

٣٩٦٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: لَمَّا نَزَلَتْ بَنُو قُرَيْظَةَ عَلَى حُكْمِ [ص:١١٥ سَعْدِ بْنِ مُعَاذٍ بَعَثَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إليه فَجَاءَ عَلَى حِمَارٍ فَلَمَّا دَنَا قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «قُومُوا إِلَى سَيِّدِكُمْ» فَجَاءَ فَجَلَسَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ هَؤُلَاءِ نَزَلُوا عَلَى حُكْمِكَ» . قَالَ: فَإِنِّي أَحْكُمُ أَنْ تَقْتُلَ الْمُقَاتِلَةُ وَأَنْ تُسْبَى الذُّرِّيَّةُ. قَالَ: «لَقَدْ حَكَمْتَ فِيهِمْ بحُكْمِ المَلِكِ» . وَفِي رِوَايَة: «بِحكم الله»

3963. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब बनू कुरैज़ा, सईद बिन मुआज़ रदियल्लाहु अन्हु के फैसले पर रज़ा मंद हो गए तो रसूलुल्लाह ﷺ ने मुआज़ रदियल्लाहु अन्हु को पैग़ाम भेजा तो वह गधे पर सवार हो कर आए, जब वह करीब आए तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अपने सरदार का इस्तेकबाल करो”, चुनांचे वह आए और बैठ गए तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ये लोग तुम्हारे फैसले पर रज़ा मंद हुए है”, उन्होंने अर्ज़ किया: में फैसला करता हूँ कि उन के जंगजू क़त्ल कर दिए जाए और बच्चे कैदी बना लिए जाए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुमने उन के दरमियान अल्लाह बादशाह का फैसला किया है”, एक दूसरी रिवायत में है: “अल्लाह

के हुक्म के मुताबिक (फैसला किया है) "| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3043 و الرواية الثانية : 3804) و مسلم (64 / 1769)، (4596)

٣٩٦٤ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: بَعَثَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خَيْلًا قِبَلَ نَجْدٍ فَجَاءَتْ بِرَجُلٍ مِنْ بَنِي حَنِيفَةَ يُقَالُ لَهُ: ثُمَامَةُ بْنُ أُثَالٍ سَيِّدُ أَهْلِ الْيَمَامَةِ فَرَبَطُوهُ بِسَارِيَةٍ مِنْ سَوَارِي الْمَسْجِدِ فَخَرَجَ إِلَيْهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «مَاذَا عِنْدَكَ يَا ثُمَامَةُ؟» فَقَالَ: عنْدي يَا مُحَمَّد خير إِن نقْتل تَقْتُلْ ذَا دَمٍ وَإِنْ تُنْعِمْ تُنْعِمْ عَلَى شَاكِرٍ وَإِنْ كُنْتُ تُرِيدُ الْمَالَ فَسَلْ تُعْطَ مِنْهُ مَا شِئْتَ فَتَرَكَهُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَتَّى كَانَ الْغَدُ فَقَالَ لَهُ: «مَا عِنْدَكَ يَا ثُمَامَةُ؟» فَقَالَ: عِنْدِي مَا قُلْتُ لَكَ: إِنْ تُنْعِمْ تُنْعِمْ عَلَى شَاكِرٍ وَإِنْ تَقْتُلْ تَقْتُلْ ذَا دَمٍ وَإِنْ كنتَ تريدُ المالَ فسَلْ تعط مِنْهُ مَا شِئْتَ. فَتَرَكَهُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَتَّى كَانَ بَعْدَ الْغَدِ فَقَالَ لَهُ: «مَا عِنْدَكَ يَا ثُمَامَةُ؟» فَقَالَ: عِنْدِي مَا قُلْتُ لَكَ: إِنْ تُنْعِمْ تُنْعِمْ عَلَى شَاكِرٍ وَإِنْ تَقْتُلْ تَقْتُلْ ذَا دَمٍ وَإِنْ كُنْتَ تُرِيدُ الْمَالَ فَسَلْ تُعْطَ مِنْهُ مَا شِئْتَ. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَطْلَقُوا ثُمَامَةَ» فَانْطَلَقَ إِلَى نَخْلٍ قَرِيبٍ مِنَ الْمَسْجِدِ فَاغْتَسَلَ ثُمَّ دَخَلَ الْمَسْجِدَ فَقَالَ: أَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَشْهَدُ أَن مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ يَا مُحَمَّدُ وَاللَّهِ مَا كَانَ عَلَى وَجْهِ الْأَرْضِ وَجْهٌ أَبْغَضُ إِلَيَّ مِنْ وَجْهِكَ فَقَدْ أَصْبَحَ وَجْهُكَ أَحَبَّ الْوُجُوهِ كُلِّهَا إِلَيَّ وَاللَّهِ مَا كَانَ مِنْ دِينٍ أَبْغَضَ إِلَيَّ مِنْ دِينِكَ فَأَصْبَحَ دِينُكَ أَحَبَّ الدِّينِ كُلِّهِ إِلَيَّ وَوَاللَّهِ مَا كَانَ مِنْ [ص:١١٦ بَلَدٌ أَبْغَضَ إِلَيَّ مِنْ بَلَدِكَ فَأَصْبَحَ بَلَدُكَ أَحَبَّ الْبِلَادِ كُلِّهَا إِلَيَّ. وَإِنَّ خَيْلَكَ أَخَذَتْنِي وَأَنَا أُرِيدَ الْعُمْرَةَ فَمَاذَا تَرَى؟ فَبَشَّرَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَمَرَهُ أَنْ يَعْتَمِرَ فَلَمَّا قَدِمَ مَكَّةَ قَالَ لَهُ قَائِلٌ: أَصَبَوْتَ؟ فَقَالَ: لَا وَلَكِنِّي أَسْلَمْتُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَاللَّهِ لَا يَأْتِيكُمْ مِنَ الْيَمَامَةِ حَبَّةُ حِنْطَةٍ حَتَّى يَأْذَنَ فِيهَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. رَوَاهُ مُسلم وَاخْتَصَرَهُ الْبُخَارِيّ

3964. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने नज्द की तरफ एक लश्कर रवाना किया वह बनू हनीफा के समामा बिन असाल नामी शख़्स को पकड़ लाए जो के अहल यमाम का सरदार था, उन्होंने इसे मस्जिद के एक सुतून के साथ बांध दिया, रसूलुल्लाह ﷺ उस के पास तशरीफ़ लाए तो फ़रमाया: "समामा तुम्हारा क्या ख़याल है?" उस ने कहा मुहम्मद ﷺ! खैर है, अगर तुमने क़त्ल किया तो साहबे खून को क़त्ल करोगे, अगर इहसान करोगे तो कदरदान पर इहसान करोगे और अगर आप माल चाहते है तो जितना चाहे मुतालबा करे आप को दीया जाएगा, रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे (इस के हाल पर) छोड़ दिया, हत्ता के अगला रोज़ हुआ तो आप ﷺ ने इसे फ़रमाया: "समामा! तेरा क्या ख़याल है?" उस ने कहा मेरा वही ख़याल है जो मैंने तुम्हें कहा था, अगर इहसान करोगे तो एक कदरदान पर इहसान करोगे, अगर क़त्ल करोगे तो एक ऐसे शख़्स को क़त्ल करोगे जिस का खून राइगा नहीं जाएगा और अगर आप माल चाहते है, तो जितना चाहो मुतालबा करो आप को दीया जाएगा, रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे (इस के हाल पर) छोड़ दिया, हत्ता के अगला रोज़ हुआ तो आप ﷺ ने इसे फ़रमाया: "समामा तुम्हारा क्या ख़याल है?" उस ने कहा मेरा वही मोक़्किफ है जो मैंने आप को बताया था के अगर तुम इहसान करोगे तो एक कदरदान शख़्स पर इहसान करोगे अगर क़त्ल करोगे तो एक ऐसे शख़्स को क़त्ल करोगे जिसके खून का बदला लिया जाएगा और अगर तुम्हें माल चाहिए तो फिर जितना चाहो मुतालबा करो तुम्हें दीया जाएगा, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "समामा को खोल दो" वह मस्जिद के करीब खजूरो के

दरख्तों की तरफ गया, ग़ुस्ल किया, फिर मस्जिद में आया और कहा: मैं गवाही देता हूँ कि अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं और मैं गवाही देता हूँ कि मुहम्मद ﷺ उस के बंदे और उस के रसूल हैं", मुहम्मद ﷺ! रुए ज़मीन पर आप का चेहरा मुझे सबसे ज़्यादा नापसंदीदा था जबकि अब आप का चेहरा मुझे तमाम चेहरो से ज़्यादा पसंदीदा और महबूब है, अल्लाह की क़सम! आप के दीन से बढ़कर कोई दीन मुझे ज़्यादा नापसंदीदा नहीं था, अब आप का दीन मेरे नज़दीक तमाम अदियान से ज़्यादा पसंदीदा है, अल्लाह की क़सम! आप का शहर मुझे तमाम शहरो से ज़्यादा नापसंदीदा था, अब आप का शहर मेरे नज़दीक तमाम शहरो से ज़्यादा पसंदीदा है, आप के लश्कर ने मुझे गिरफ्तार कर लिया जबकि मैं उमरा करने का इरादा रखता था, आप मेरे बारे किया फरमाते हैं? रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे बशारत सुनाई और इसे उमरा करने का हुक्म फ़रमाया, जब वह मक्का पहुंचे तो किसी ने उन्हें कहा क्या तुम बे दीन हो गए हो? उन्होंने कहा: नहीं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ के साथ इस्लाम कबूल कर लिया है, अल्लाह की क़सम! जब तक रसूलुल्लाह ﷺ इजाज़त न फरमादे यमाम से तुम्हारे पास गंदुम का एक दाना भी नहीं आएगा| मुस्लिम, इमाम बुखारी ने इसे मुख़्तसर बयान किया है| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (4372) و مسلم (59 / 1764)، (4589)

٣٩٦٥ - (صَحِيح) وَعَن جُبَير بن مطعم أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ فِي أَسَارَى بَدْرٍ: «لَوْ كَانَ الْمُطْعِمُ بْنُ عَدِيٍّ حَيًّا ثُمَّ كَلَّمَنِي فِي هَؤُلَاءِ النَّتْنَى لتركتهم لَهُ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3965. जुबेर बिन मुतअम रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने बद्र के कैदियों के बारे में फ़रमाया: "अगर मूतइम बिन अदि जिंदा होता फिर वह उन नापाको के मुतल्लिक सिफारिश करता तो मैं इस की खातिर उन्हें छोड़ देता"| (बुखारी)

رواه البخاری (3139)

٣٩٦٦ - (صَحِيح) وَعَن أنسٍ: أَنَّ ثَمَانِينَ رَجُلًا مِنْ أَهْلِ مَكَّةَ هَبَطُوا عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ جَبَلِ التَّنْعِيمِ مُتَسَلِّحِينَ يُرِيدُونَ غِرَّةَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَصْحَابِهِ فَأَخَذَهُمْ سِلْمًا فَاسْتَحْيَاهُمْ. وَفِي رِوَايَةٍ: فَأَعْتَقَهُمْ فَأَنْزَلَ اللَّهُ تَعَالَى (وَهُوَ الَّذِي كَفَّ أَيْدِيَهُمْ عَنْكُمْ وَأَيْدِيَكُمْ عَنْهُمْ ببطنِ مكةَ)»» رَوَاهُ مُسلم

3966. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के अहले मक्का के अस्सी आदमी हथियार बंद नबी ﷺ और आप के सहाबा पर अचानक हमला करने की गर्ज़ से जबले तनइम से रसूलुल्लाह ﷺ पर उतर आए, आप ने उन्हें मग्लुब कर के गिरफ्तार कर लिया, लेकिन आप ने उन्हें जिंदा छोड़ दिया, एक दूसरी रिवायत में है आप ﷺ ने उन्हें आज़ाद कर दिया तो अल्लाह तआला ने यह आयत नाज़िल फरमाई: "वही ज़ात है जिस ने वादी ए मक्का में उन के हाथ तुम से रोके रखे और तुम्हारे हाथ उन से रोके रखे"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (132 / 1808)، (4679)

٣٩٦٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ قَتَادَةَ قَالَ: ذَكَرَ لَنَا أَنَسُ بْنُ مَالِكٍ عَنْ أَبِي طَلْحَةَ أَنَّ نَبِيَّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَمَرَ يَوْمَ بَدْرٍ بِأَرْبَعَةٍ وَعِشْرِينَ رَجُلًا مِنْ صَنَادِيدِ قُرَيْشٍ فَقُذِفُوا فِي طَوِيٍّ مِنْ أَطْوَاءِ بَدْرٍ خَبِيثٍ مُخْبِثٍ وَكَانَ ذا ظهر عَلَى قَوْمٍ أَقَامَ بِالْعَرْصَةِ ثَلَاثَ لَيَالٍ فَلَمَّا كَانَ بِبَدْرٍ الْيَوْمَ الثَّالِثَ أَمَرَ بِرَاحِلَتِهِ فَشَدَّ عَلَيْهَا رَحْلَهَا ثُمَّ مَشَى وَاتَّبَعَهُ أَصْحَابُهُ حَتَّى قَامَ عَلَى شَفَةِ الرَّكِيِّ فَجَعَلَ يُنَادِيهِمْ بِأَسْمَائِهِمْ وأسماءِ آبائِهم: «يَا فُلَانَ بْنَ فُلَانٍ وَيَا فُلَانُ بْنَ فُلَانٍ أَيَسُرُّكُمْ أَنَّكُمْ أَطَعْتُمُ اللَّهَ وَرَسُولَهُ؟ فَإِنَّا قَدْ [ص:١١٦ وَجَدْنَا مَا وَعَدَنَا رَبُّنَا حَقًّا فَهَلْ وجدتمْ مَا وعدَكم رَبُّكُمْ حَقًّا؟» فَقَالَ عُمَرُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَا تُكَلِّمُ مِنْ أَجْسَادٍ لَا أَرْوَاحَ لَهَا؟ قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «وَالَّذِي نَفْسُ مُحَمَّدٍ بِيَدِهِ مَا أَنْتُمْ بِأَسْمَعَ لِمَا أَقُولُ مِنْهُمْ» . وَفِي رِوَايَةٍ: «مَا أَنْتُمْ بِأَسْمَعَ مِنْهُمْ وَلَكِنْ لَا يُجِيبُونَ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَزَادَ الْبُخَارِيُّ: قَالَ قَتَادَةُ: أَحْيَاهُمُ اللَّهُ حَتَّى أَسْمَعَهُمْ قوله تَوْبيخاً وتصغيرا ونقمة وحسرة وندما

3967. क़तादाह रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, अनस बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु ने अबू तल्हा रदियल्लाहु अन्हु की सनद से हमें बताया की नबी ﷺ ने गज़वा ए बद्र के रोज़ कुरैश के चोबीस सरदारों के मुतल्लिक हुक्म फ़रमाया तो उन्हें बद्र के एक बंद कुंवो में डाल दिया गया जो के खबीस और खबीस बना देने वाला था, और आप का मामूल था की जब आप किसी कौम पर ग़ालिब आते तो आप मैदाने किताल में तीन राते कयाम फरमाते, चुनांचे जब बद्र में तीसरा रोज़ हुआ तो आप ने रखते सफ़र बांधने का हुक्म फ़रमाया, सवारी तैयार कर दे गई, फिर आप चले और आप के सहाबा भी आप के पीछे चलने लगे, हत्ता के आप इस कुंवो के किनारे, जिस में सरदाराने कुरैश की लाशें फेंकी गई थी, खड़े हो गए और आप उन्हें उन के और उन के आबाअ के नाम लेकर पुकारने लगे: “फलां बिन फलां! फलां बिन फलां! और तुम्हें यह बात अच्छी लगती है के तुम अल्लाह और उस के रसूल की इताअत करते, चुनांचे हमारे रब ने जिस चिज़ का हम से वादा किया था हमने तो उसे सच पा लिया, तुम्हारे रब ने जिस चिज़ का तुम से वादा किया था क्या तुम ने इसे सच्चा पाया ?” उमर रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या आप मुर्दा जिस्मों से कलाम फरमा रहे हैं? नबी ﷺ ने फ़रमाया: “उस ज़ात की क़सम जिसके हाथ में मुहम्मद की जान है! मैं जो कह रहा हूँ तुम उसे उन से ज़्यादा नहीं सुन रहे”| और एक दूसरी रिवायत में है: “तुम उन से ज़्यादा नहीं सुन रहे लेकिन वह जवाब नहीं देते”| बुखारी, मुस्लिम, और इमाम बुखारी रहिमहुल्लाह ने यह इज़ाफा नकल किया है की क़तादाह रहिमहुल्लाह ने फ़रमाया: अल्लाह ने उन्हें जिंदा कर दिया हत्ता के बाईस तोबिख व तहकिर, इन्तेकाम व हसरत और नदामत उन्हें आप ﷺ की बात सुना दी| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3976 و الرواية الثانية : 1270) و مسلم (78 / 2875)، (7224)

٣٩٦٨ - (صَحِيح) وَعَنْ مَرْوَانَ وَالْمِسْوَرِ بْنِ مَخْرَمَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَامَ حِينَ جَاءَهُ وَفد من هَوَازِنَ مُسْلِمِينَ فَسَأَلُوهُ أَنْ يَرُدَّ إِلَيْهِمْ أَمْوَالَهُمْ وَسَبْيَهُمْ فَقَالَ: " فَاخْتَارُوا إِحْدَى الطَّائِفَتَيْنِ: إِمَّا السَّبْيَ وَإِمَّا الْمَالَ ". قَالُوا: فَإِنَّا نَخْتَارُ سَبْيَنَا. فَقَامَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَثْنَى عَلَى اللَّهِ بِمَا هُوَ أَهْلُهُ ثُمَّ قَالَ: «أَمَّا بعدُ فإِنَّ إِخْوانَكم قدْ جاؤوا تَائِبِينَ وَإِنِّي قَدْ رَأَيْتُ أَنْ أَرُدَّ إِلَيْهِمْ سَبْيَهُمْ فَمَنْ أَحَبَّ مِنْكُمْ أَنْ يُطَيِّبَ ذَلِكَ فَلْيَفْعَلْ وَمَنْ أَحَبَّ مِنْكُمْ أَنْ يَكُونَ عَلَى حظِّه حَتَّى نُعطِيَه إِيَّاهُ منْ أَوَّلِ مَا يَفِيءُ اللَّهُ عَلَيْنَا فَلْيَفْعَلْ» فَقَالَ النَّاسُ: قَدْ طَيَّبْنَا ذَلِكَ يَا رَسُولَ اللَّهِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّا لَا نَدْرِي مَنْ أَذِنَ مِنْكُمْ مِمَّنْ لَمْ يَأْذَنْ فَارْجِعُوا حَتَّى يَرْفَعَ إِلَيْنَا عُرَفَاؤُكُمْ أَمْرَكُمْ» . فَرَجَعَ النَّاسُ فَكَلَّمَهُمْ عُرَفَاؤُهُمْ ثُمَّ رَجَعُوا إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَخْبَرُوهُ أَنَّهُمْ قد طيَّبوا وأذنوا. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

3968. मरवान और मिस्वर बिन मखरम रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि जब कबिले हवाज़ीन के लोग मुसलमान हो कर आप ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो आप वाज़ करने के लिए खड़े हुए, उन्होंने आप से मुतालबा किया के उन के अमवाल और उन के कैदी लौटा दिए जाए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “दोनों में से एक चीज़ इख़्तियार कर लो ख्वाह कैदी, ख्वाह माल”, उन्होंने अर्ज़ किया, हम अपने कैदी लेना चाहते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ खड़े हुए फिर अल्लाह की शियाए शान उसकी सना बयान की फिर फ़रमाया: “अम्मा बाद तुम्हारे भाई मुसलमान हो कर आए हैं, मेरी राय तो यही है के उन के कैदी उन्हें लौटा दिए जाए, तुम में से जो कोई शख़्स ब ख़ुशी बे लोस ऐसे करना चाहता है तो वह करे और अगर तुम में से कोई अपना हिस्सा लेना पसंद करता है तो वह इंतज़ार करे हत्ता के अल्लाह हमें जो सबसे पहले माल ए फै अता फरमाए तो हम इसे वही चीज़ अता कर देंगे, लिहाज़ा अब वह ऐसा कर ले (के कैदी वापस कर दे)”, लोगों ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हमने यह काम ख़ुशी से कर दिया, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हम नहीं जानते के तुम में से किस ने इजाज़त दी और किस ने इजाज़त नहीं दी, तुमलौट जाओ हत्ता के तुम्हारे वकील तुम्हारा मुआमला हमारे सामने पेश करे”, लोगलौट गए उन के वकील ने उन से बात चित की, फिर वह रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में दोबारा आए और उन्होंने आप को बताया के वह राज़ी हैं और उन्होंने इजाज़त दि है| (बुखारी)

رواه البخارى (2307)

٣٩٦٩ - (صَحِيح) وَعَن عمرَان بن حُصَيْن قَالَ: كَانَت ثَقِيفٌ حَلِيفًا لِبَنِي عُقَيْلٍ فَأَسَرَتْ ثَقِيفٌ رَجُلَيْنِ مِنْ أَصْحَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَسَرَ أَصْحَابُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَجُلًا مِنْ بَنِي عُقَيْلٍ فَأَوْثَقُوهُ فَطَرَحُوهُ فِي الْحَرَّةِ فَمَرَّ بِهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَنَادَاهُ: يَا مُحَمَّدُ يَا مُحَمَّدُ فِيمَ أُخِذْتُ؟ قَالَ: «بِجَرِيرَةِ حُلَفَائِكُمْ ثَقِيفٍ» فَتَرَكَهُ وَمَضَى فَنَادَاهُ: يَا مُحَمَّدُ يَا مُحَمَّدُ فَرَحِمَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم فرجعَ فَقَالَ: «مَا شَأْنُكَ؟» قَالَ: إِنِّي مُسْلِمٌ. [ص:١١٦ فَقَالَ: «لَوْ قُلْتَهَا وَأَنْتَ تَمْلِكُ أَمْرَكَ أَفْلَحْتَ كُلَّ الْفَلَاحِ» . قَالَ: فَفَدَاهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بالرجلينِ اللَّذينِ أسرَتْهُما ثقيفٌ. رَوَاهُ مُسلم

3969. इमरान बिन हुसैन रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, सकिफ बनू उकैल के साथी थे, सकिफ (क़बीले) ने रसूलुल्लाह ﷺ के दो सहाबी क़ैद कर लिए, और रसूलुल्लाह ﷺ के सहाबा ने बनू उकैल का एक आदमी क़ैद कर लिया और इसे बांध कर पथरीली ज़मीन पर फेंक दिया, रसूलुल्लाह ﷺ उस के पास से गुज़रे तो उस ने आप को आवाज़ दी: मुहम्मद! मुहम्मद! मुझे किस लिए पकड़ा गया है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हारे साथी सकिफ के जुर्म के बदला में”, आप ने इसे उस के हाल पर छोड़ा और आगे चल दिए, उस ने फिर आवाज़ दी, मुहम्मद! मुहम्मद! रसूलुल्लाह ﷺ को उस पर तरस आ गया और वापस तशरीफ़ ला कर फ़रमाया: “तुम्हारा क्या हाल है?” उस ने कहा में मुसलमान हूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर तुम इस वक़्त कहते जब की तुम अपने मुआमले के खुद मुख़्तार थे तो तुम मुकम्मल फलाह पा जाते”, रावी बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे इन दो आदमियों, जिन्हें सकिफ ने क़ैद कर रखा था, के बदले में छोड़ दिया (यानी तबादला कर लिया) | (मुस्लिम)

رواه مسلم (8 / 1641)، (4245)

कैदियों के हुक्म का बयान • بَاب حكم الاسراء

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٣٩٧٠ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: لَمَّا بَعَثَ أَهْلُ مَكَّةَ فِي فِدَاءِ أَسَرَائِهِمْ بَعَثَتْ زَيْنَبُ فِي فِدَاءِ أَبِي الْعَاصِ بِمَالٍ وَبَعَثَتْ فِيهِ بِقِلَادَةٍ لَهَا كَانَتْ عِنْدَ خَدِيجَةَ أَدْخَلَتْهَا بِهَا عَلَى أَبِي الْعَاصِ فَلَمَّا رَآهَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَقَّ لَهَا رِقَّةً شَدِيدَةً وَقَالَ: «إِنْ رَأَيْتُمْ أَنْ تُطْلِقُوا لَهَا أَسِيرَهَا وَتَرُدُّوا عَلَيْهَا الَّذِي لَهَا» فَقَالُوا: نَعَمْ وَكَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَخَذَ عَلَيْهِ أَنْ يُخَلِّيَ سَبِيلَ زَيْنَبَ إِلَيْهِ وَبَعَثَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ زَيْدَ بْنَ حَارِثَةَ وَرَجُلًا مِنَ الْأَنْصَارِ فَقَالَ: «كونا ببطنِ يأجج حَتَّى تَمُرَّ بِكُمَا زَيْنَبُ فَتَصْحَبَاهَا حَتَّى تَأْتِيَا بهَا» . رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد

3970. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब मक्का वालो ने अपने कैदियों की रिहाई के लिए फिदिया भेजा तो जैनब रदियल्लाहु अन्हु ने अबू अल आस (अपने खाविंद) के फिदिया में माल भेजा और उस में अपना हार भी भेजा जो ख़दीजा रदियल्लाहु अन्हु का था जो उन्होंने उन्हें अबू अल आस के साथ शादी के मौके पर अता किया था, जब रसूलुल्लाह ﷺ ने इस (हार) को देखा तो उन (ज़ैनब (र)) की खातिर आप पर शदीद रिक्क़त तारी हो गई और आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर तुम मुनासिब समझो तो इस की खातिर कैदी को रिहा करो और उस का हार भी वापस कर दो”, सहाबा ए किराम रदियल्लाहु अन्हुम अजमईन ने अर्ज़ किया, (अल्लाह के रसूल!) ठीक है और नबी ﷺ ने अबू अल आस से यह अहद लिया के वह जैनब को मेरे पास (मदीना) आने की इजाज़त दे दे, और रसूलुल्लाह ﷺ ने ज़ैद बिन हारिस रदियल्लाहु अन्हु और अंसार के एक आदमी को (मक्के) भेजा तो फ़रमाया: “तुम दोनो याजिज के मक़ाम पर होना हत्ता के जैनब तुम्हारे पास से गुज़रे तो तुम उस के साथ हो लेना हत्ता कि तुम उन्हें यहाँ मदीना ले आना”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (6 / 276 ح 26894) و ابوداؤد (2692)

٣٩٧١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهَا: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمَّا أَسَرَ أَهْلَ بَدْرٍ قَتَلَ عُقْبَةَ بْنَ أَبِي مُعَيْطٍ وَالنَّضْرَ بْنَ الْحَارِثِ وَمَنَّ عَلَى أَبِي عَزَّةَ الْجُمَحِيِّ. رَوَاهُ فِي شَرْحِ السّنة وَالشَّافِعِيّ وَابْن إِسْحَاق فِي «السِّيرَة»

3971. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है कि जब रसूलुल्लाह ﷺ ने अहले बद्र को क़ैद किया तो आप ने उक्बा बिन अबी मुअयत और नज़र बिन हारिस को क़त्ल किया और अबू अज़्ज़ह जमही पर (बिला मुआवज़ा आज़ाद करने का) इहसान किया| (ज़ईफ़)

ضعیف ، رواہ البغوی فی شرح السنة (11 / 78 بعد ح 2711) بدون السند عن الشافعی و للحدیث شواھد ضعیفة فی السیر و التاریخ

٣٩٧٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمَّا أَرَادَ قَتْلَ عُقْبَةَ بْنَ أَبِي مُعَيْطٍ قَالَ: مَنْ

لِلصِّبْيَةِ؟ قَالَ: «النَّار» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3972. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि जब रसूलुल्लाह ﷺ ने उक्बा बिन अबी मुअयत को क़त्ल करने का इरादा किया तो उस ने कहा बच्चो के लिए कौन (कफील) है? आप ﷺ ने फ़रमाया: "(तुम अपने जान की फकर करो तुम्हारे लिए) आग है"| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2686) * ابراهيم النخعى مدلس و عنعن و للحديث شواهد ضعيفة

٣٩٧٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " أَنَّ جِبْرِيلَ هَبَطَ عَلَيْهِ فَقَالَ لَهُ: خَيِّرْهُمْ يَعْنِي أَصْحَابَكَ فِي أُسارى بدر: القتلَ والفداءَ عَلَى أَنْ يُقْتَلَ مِنْهُمْ قَابِلًا مِثْلُهُمْ " قَالُوا الْفِدَاءَ وَيُقْتَلَ مِنَّا. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيث غَرِيب

3973. अली रदियल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं की " जिब्राइल अलैहिस्सलाम का नुज़ूल हुआ तो उन्होंने आप ﷺ से अर्ज़ किया, अपने सहाबा को बद्र के कैदियों के बारे में इख़्तियार दें के वह उन्हें क़त्ल कर दे या फिदिया ले लें के आइन्दा साल इतने ही (सत्तर) उनमें से क़त्ल कर दिए जाएँगे", उन्होंने अर्ज़ किया, फिदिया कबूल करते हैं और हमें मंज़ूर है के हम में से क़त्ल किए जाए| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (1567) * هشام بن حسان مدلس و عنعن

٣٩٧٤ - (لم تتمّ دراسته) عَن عَطِيَّة القرظِي قَالَ: كنتُ فِي سَبي قُرَيْظَةَ عُرِضْنَا عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَكَانُوا يَنْظُرُونَ فَمَنْ أَنْبَتَ الشَّعَرَ قُتِلَ وَمَنْ لَمْ يُنْبِتْ لَمْ يُقْتَلْ فَكَشَفُوا عَانَتِي فَوَجَدُوهَا لَمْ تُنْبِتْ فَجَعَلُونِي فِي السَّبْيِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه. والدارمي

3974. अतिया कुरज़िय्यी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं कुरैज़ा के कैदियों मैं था, हमें नबी ﷺ के रूबरू पेश किया गया, वह देखते के जिसके ज़ेरे नाफ़ बाल उगे होते इसे क़त्ल कर दिया जाता और जिसके बाल न होते इसे क़त्ल न किया जाता, उन्होंने मेरी शर्मगाह से परदा उठाया और देखा के वहां बाल नहीं उगे तो उन्होंने मुझे कैदियों में शामिल कर दिया| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (4404) و ابن ماجه (2541) و الدارمى (2 / 223 ح 2467)

٣٩٧٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: خَرَجَ عِبْدَانٌ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَعْنِي الْحُدَيْبِيَةَ قَبْلَ الصُّلْحِ فَكَتَبَ إِلَيْهِ مَوَالِيهِمْ قَالُوا: يَا مُحَمَّدُ وَاللَّهِ مَا خَرَجُوا إِلَيْكَ رَغْبَةً فِي دِينِكَ وَإِنَّمَا خَرَجُوا هَرَبًا مِنَ الرِّقِّ. فَقَالَ نَاسٌ: صَدَقُوا يَا رَسُولَ اللَّهِ رُدَّهُمْ إِلَيْهِمْ فَغَضِبَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَقَالَ: «مَا أَرَاكُم تنتهونَ يَا مَعْشَرَ قُرَيْشٍ حَتَّى

يَبْعَثَ اللَّهُ عَلَيْكُمْ مَنْ يَضْرِبُ رِقَابَكُمْ عَلَى هَذَا» . وَأَبَى أَنْ يَرُدَّهُمْ وَقَالَ: «هُمْ عُتَقَاءُ اللَّهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3975. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, सुलह हुदैबिया के रोज़ सुलह से पहले कुछ गुलाम रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में आए तो उन के मालिको ने आप ﷺ के नाम ख़त लिखा: मुहम्मद ﷺ ! अल्लाह की क़सम! यह लोग आप के दिन में रगबत रखने के पेशे नज़र आप के पास नहीं आए, बल्कि यह तो गुलामी से भाग कर आए है, लोगों ने कहा अल्लाह के रसूल! उन्होंने सच कहा है, आप उन्हें लौटा दीजिए, रसूलुल्लाह ﷺ नाराज़ हो गए और फ़रमाया: "जमाअते कुरैश में समझता हूँ कि तुम बाज़ नहीं आओगे हत्ता के अल्लाह तुम पर ऐसे शख़्स को भेजे जो इस (तास्सुब) पर तुम्हारी गरदने उड़ा दे", और आप ﷺ ने इनको लौटाने से इनकार कर दिया और फ़रमाया: "वो अल्लाह के लिए आज़ाद करदा है"| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2700) * محمد بن اسحاق عنعن و رواه الترمذى (3715) من حديث شريک القاضى به وهو مدلس و عنعن

بَاب حکم الاسراء • कैदियों के हुक्म का बयान

الْفَصْلُ الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٩٧٦ - (صَحِيح) عَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: بَعَثَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خَالِدَ بْنَ الْوَلِيدِ إِلَى بَنِي جَذِيمَةَ فَدَعَاهُمْ إِلَى الْإِسْلَامِ فَلَمْ يُحْسِنُوا أَنْ يَقُولُوا: أَسْلَمْنَا فَجَعَلُوا يَقُولُونَ: صَبَأْنَا صَبَأْنَا فجعلَ خالدٌ يقتلُ ويأسِرُ وَدَفَعَ إِلَى كُلِّ رَجُلٍ مِنَّا أَسِيرَهُ حَتَّى إِذَا كَانَ يَوْمٌ أَمَرَ خَالِدٌ أَنْ يَقْتُلَ كُلُّ رَجُلٍ مِنَّا أَسِيرَهُ فَقُلْتُ: وَاللَّهِ لَا أَقْتُلُ أَسِيرِي وَلَا يَقْتُلُ رَجُلٌ مِنْ أَصْحَابِي أَسيره حَتَّى قدمنَا إِلَى النَّبِي صلى الله عَلَيْهِ وَسلم فذكرناهُ فَرَفَعَ يَدَيْهِ فَقَالَ: «اللَّهُمَّ أَنِّي أَبْرَأُ إِلَيْكَ مِمَّا صنعَ خالدٌ» مرَّتينِ. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3976. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, नबी ﷺ ने खालिद बिन वलीद रदियल्लाहु अन्हु को बनू जज़िम की तरफ भेजा उन्होंने उन्हें इस्लाम कबूल करने की दावत दी, उन्होंने वाज़ेह तौर पर (लफ्ज़ اَسْلَمْنَ) "हमने इस्लाम कबूल कर लिया" न कहा बल्कि उन्होंने (लफ्ज़ صَبأْنَا) "हम बे दीन हुए" कहा, उस पर खालिद रदियल्लाहु अन्हु उन्हें क़त्ल करने लगे और कैदी बनाने लगे और उन्होंने हम में से हर शख़्स को उस का कैदी दिया हत्ता के एक रोज़ ऐसे हुआ की उन्होंने हुक्म दिया के हम में से हर शख़्स अपने कैदी को क़त्ल करे, मैंने कहा: अल्लाह की क़सम! मैं अपना कैदी क़त्ल करूँगा न मेरा कोई साथी अपने कैदी को क़त्ल करेगा, हत्ता के हम नबी ﷺ की खिदमत में पहुंचे तो आप से इस का ज़िक्र किया, आप ﷺ ने अपने हाथ उठाए और दो मर्तबा फ़रमाया: "ए अल्लाह! खालिद ने जो क्या मैं उस से तेरे हुज़ूर बराअत का एलान करता हूँ"| (बुखारी)

رواه البخارى (7189)

अमान देने का बयान • بَاب الْأَمان

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٣٩٧٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن أم هَانِئ بنت أَي طالبٍ قالتْ: ذهبتُ إِلى رسولِ الله عَامَ الْفَتْحِ فَوَجَدْتُهُ يَغْتَسِلُ وَفَاطِمَةُ ابْنَتُهُ تَسْتُرُهُ بِثَوْبٍ فَسَلَّمْتُ فَقَالَ: «مَنْ هَذِهِ؟» فَقُلْتُ: أَنَا أُمُّ هَانِئٍ بِنْتُ أَبِي طَالِبٍ فَقَالَ: «مَرْحَبًا بِأُمِّ هَانِئٍ» فَلَمَّا فَرَغَ مِنْ غُسْلِهِ قَامَ فَصَلَّى ثَمَانِيَ رَكَعَاتٍ مُلْتَحِفًا فِي ثَوْبٍ ثُمَّ انْصَرَفَ فَقُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ زَعَمَ ابْنُ أُمِّي عَلِيٌّ أَنَّهُ قَاتِلٌ رَجُلًا أَجَرْتُهُ فُلَانَ بْنَ هُبَيْرَةَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «قَدْ أَجَرْنَا مَنْ أَجَرْتِ يَا أم هَانِئ» قَالَت أُمَّ هَانِئٍ وَذَلِكَ ضُحًى. مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَفِي رِوَايَةٍ لِلتِّرْمِذِيِّ: قَالَتْ: أَجَرْتُ رَجُلَيْنِ مِنْ أَحْمَائِي فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «قد أمنا من أمنت»

3977. उम्म हानी बिन्ते अबी तालिब रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, मैं फतह मक्का के साल रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई तो मैंने आप को ग़ुस्ल करते हुए पाया जबकि आप की बेटी फ़ातिमा एक कपड़े से आप को परदा किए हुए थी, मैंने सलाम अर्ज़ किया, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये कौन है?” मैंने (खुद) अर्ज़ किया, मैं उम्म हानी बिन्ते अबी तालिब हूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उम्म हानी के लिए खुशामदीद”, जब आप ﷺ ग़ुस्ल से फारिग़ हुए तो खड़े हुए, और एक कपड़े में लपट कर आठ रकते पढ़ी, फिर आप फारिग़ हुए तो मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मेरी माँ के बेटे अली इरादा रखते है, के वह एक शख़्स फलां बिन हुबैरा को क़त्ल कर दे जबकि मैंने उस को पनाह दी है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “उम्म हानी! तुमने जिसे पनाह दी, हमने भी इसे पनाह दी”, उम्म हानी बयान करती हैं, यह चाश्त का वक़्त था| बुखारी, मुस्लिम, और तिरमिज़ी की रिवायत में है वह बयान करती हैं, मैंने खाविंद के रिश्तेदारों में से दो आदमियों को अमान दि तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुमने जिसे अमान दी हमने भी इसे अमान दी”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3171) و مسلم (82 / 336)، (764) و الترمذی (1579)

अमान देने का बयान • بَاب الْأَمان

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٣٩٧٨ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ الْمَرْأَةَ لَتَأْخُذُ لِلْقَوْمِ» يَعْنِي تُجِيرُ على الْمُسلمين. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

3978. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक औरत, कौम ए कुफ्फार को मुसलमानों की तरफ से पनाह दे सकती है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1579 وقال : حسن غریب)

٣٩٧٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ الْحَمِقِ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم يَقُول: «من أَمَّنَ رَجُلًا عَلَى نَفْسِهِ فَقَتَلَهُ أُعْطِيَ لِوَاءَ الْغَدْرِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ فِي شَرْحِ السُّنَّةِ

3979. अमर बिन हमिक रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस शख़्स ने किसी शख़्स को जान की अमान दी और फिर इसे क़त्ल कर दिया तो रोज़ ए कियामत इसे दगाबाज़ी का झंडा दीया जाएगा”| (सहीह)

صحیح ، رواہ البغوی فی شرح السنة (11 / 91 ح 2717) [و ابن ماجه (2688) و احمد (5 / 223224)]

٣٩٨٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سُلَيْمِ بْنِ عَامِرٍ قَالَ: كَانَ بَيْنَ مُعَاوِيَةَ وَبَيْنَ الرُّومِ عَهْدٌ وَكَانَ يَسِيرُ نَحْوَ بِلَادِهِمْ حَتَّى إِذَا انْقَضَى الْعَهْدُ أَغَارَ عَلَيْهِمْ فَجَاءَ رَجُلٌ عَلَى فَرَسٍ أَوْ بِرْذَوْنٍ وَهُوَ يَقُولُ: اللَّهُ أَكْبَرُ اللَّهُ أَكْبَرُ وَفَاءٌ لَا غدر فَنظر فَإِذا هُوَ عَمْرو ابْن عَبَسَةَ فَسَأَلَهُ مُعَاوِيَةُ عَنْ ذَلِكَ فَقَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُول: «مَنْ كَانَ بَيْنَهُ وَبَيْنَ قَوْمٍ عَهْدٌ فَلَا يَحُلَّنَّ عَهْدًا وَلَا يَشُدَّنَّهُ حَتَّى يُمْضِيَ أَمَدَهُ أَوْ يَنْبِذَ إِلَيْهِمْ عَلَى سَوَاءٍ» . قَالَ: فَرَجَعَ مُعَاوِيَة بِالنَّاسِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

3980. सुलैम बिन आमिर रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मुआविया रदियल्लाहु अन्हु और रुमियो के दरमियान अहद था, मुआविया रदियल्लाहु अन्हु उन के शहरो की तरफ सफ़र जारी रखते हत्ता कि जब मुद्दत ए मुआयदा पूरी हो जाती तो आप इन पर हमला कर देते, एक आदमी घोड़ या तुर्की घोड़े पर यह कहता हुआ आया: (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर, वफ़ा करो दगाबाज़ी न करो, लश्कर ए मुआविया रदियल्लाहु अन्हु ने देखा तो वह अम्र बिन अबसत रदियल्लाहु अन्हु थे मुआविया रदियल्लाहु अन्हु ने इस बारे में उन से सवाल किया तो उन्होंने कहा: मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस शख़्स का किसी कौम से कोई अहद हो तो वह अहद को तोड़े न इसे मूनअक़्क़द करे (कोई तबदीली या तजदीद न करे) हत्ता के उसकी मुद्दत गुज़र जाए या वह बराबर की सतह पर उनकी तरफ मुआयदा तोड़ने का पैग़ाम भेज दे”, चुनांचे मुआविया रदियल्लाहु अन्हु लोगों को लेकर वापस आ गए| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه الترمذی (1580 وقال : حسن صحیح) و ابوداؤد (2759)

٣٩٨١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي رافع قَالَ: بعثَني قُرَيْشٌ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَلَمَّا رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أُلْقِيَ فِي قَلْبِيَ الْإِسْلَامُ فَقُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي وَاللَّهِ لَا أَرْجِعُ إِلَيْهِمْ أَبَدًا قَالَ: «إِنِّي لَا أَخِيسُ بِالْعَهْدِ وَلَا

أَحْبِسُ الْبُرُدَ وَلَكِنِ ارْجِعْ فَإِنْ كَانَ فِي نَفْسِكَ الَّذِي فِي نَفْسِكَ الْآنَ فَارْجِعْ» . قَالَ: فَذَهَبْتُ ثُمَّ أَتَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم فَأَسْلمت. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

3981. अबी राफीअ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कुरैश ने मुझे रसूलुल्लाह ﷺ की तरफ भेजा, जब मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को देखा तो मेरा दिल में इस्लाम की मुहब्बत व सदाकत डाल दी गई, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! अल्लाह की क़सम! मैं कभी भी उनकी तरफलौट कर नहीं जाऊँगा, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं दगाबाज़ी नहीं करूँगा, न कासिद को रोकूंगा, तुम वापस चले जाओ अगर तुम्हार दिल में वह चीज़ हुई जो अब तुम्हारे दिल में है तो फिरलौट आना”, रावी बयान करते हैं, मैं गया और फिर नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और इस्लाम कबूल कर लिया| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (2758)

٣٩٨٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ نُعَيْمِ بْنِ مَسْعُودٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ لِرَجُلَيْنِ جَاءَا مِنْ عِنْدِ مُسَيْلِمَةَ: «أَمَّا وَاللَّهِ لَوْلَا أَنَّ الرُّسُلَ لَا تُقْتَلُ لَضَرَبْتُ أَعْنَاقَكُمَا» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُد

3982. नुऐम बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने मुसेलिमा (कज्ज़ाब) की तरफ से आए हुए दो आदमियों से फ़रमाया: “अल्लाह की क़सम! अगर कासीदो को क़त्ल करना रवा होता तो मैं तुम्हारी गरदने उड़ा देता”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (3 / 487488 ح 16085) و ابوداؤد (2761)

٣٩٨٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ فِي خطْبَة: «أَوْفوا بِحلف الْجَاهِلِيَّة فَإِنَّهُ لَا يزِيد يَعْنِي الْإِسْلَامَ إِلَّا شِدَّةً وَلَا تُحْدِثُوا حَلِفًا فِي الإِسْلامِ» . رَوَاهُ الترمذيُّ من طريقِ ابنِ ذَكْوَانَ عَنْ عَمْرٍو وَقَالَ: حَسَنٌ»» [ص:١١٦ وَذَكَرَ حَدِيثَ عليٍّ: «المسلمونَ تَتَكَافَأ» فِي «كتاب الْقصاص»

3983. अम्र बिन शुऐब ने अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने ख़ुत्बे में फ़रमाया: “जाहिलियत के अहद पुरे, करो क्योंकि इस्लाम इसे मज़बूत करता है लेकिन इस्लाम में कोई और नया अहद न करो”| (इसे इमाम तिरमिज़ी ने हुसैन बिन ज़क्कान अन अम्र के तरीक से रिवायत किया है और कहा यह हदीस हसन है) और अली रदियल्लाहु अन्हु से मरवी हदीस: “मुसलमान बराबर है ....”, किताबुल किसास में ज़िक्र की गई है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1585) 0 حدیث علی تقدم (3475)

بَاب الْأَمان • अमान देने का बयान

الْفَصْلُ الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٣٩٨٤ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: جَاءَ ابْنُ النَّوَّاحَةِ وَابْنُ أَثَالٍ رَسُولَا مُسَيْلِمَةَ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ لَهُمَا: «أَتَشْهَدَانِ أَنِّي رَسُولُ اللَّهِ؟» فَقَالَا: نَشْهَدُ أَنَّ مُسَيْلِمَةَ رَسُولَ اللَّهِ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «آمَنْتُ بِاللَّهِ وَرَسُولِهِ وَلَوْ كُنْتُ قَاتِلًا رَسُولًا لَقَتَلْتُكُمَا» . قَالَ عَبْدُ اللَّهِ: فَمَضَتِ السُّنَّةُ أَنَّ الرَّسول لَا يُقتَلُ. رَوَاهُ أَحْمد

3984. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, इब्ने नवाहत और इब्ने असाल मुसेलिमा के कासिद बनकर नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो आप ﷺ ने उन से फ़रमाया: “क्या तुम गवाही देते हो की मैं अल्लाह का रसूल हूँ ?” उन्होंने कहा, हम गवाही देते हैं की मुसेलिमा अल्लाह का रसूल है, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “मैं अल्लाह और उस के रसूल पर ईमान रखता हूँ अगर में किसी कासिद को क़त्ल करने वाला होता तो मैं तुम्हें क़त्ल कर देता”| अब्दुल्लाह रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: यह सुन्नत बन गई के कासिद को क़त्ल नहीं किया जाए| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه احمد (1 / 390391 ح 3708) * المسعودی اختلط : روی عنہ یزید بن ھارون و ابو النضر ھاشم بن القاسم و عبد الرحمن بن مھدی و تابعہ سفیان الثوری و سندہ ضعیف و لحدیثہ شواھد ضعیفة عند ابی داود (2762) وغیرہ

بَابُ قِسْمَةِ الْغَنَائِمِ وَالْغُلُولِ فِيهَا • माल ए गनीमत की तकसीम और इस में खयानत करने का बयान

الْفَصْلُ الأول • पहली फस्ल

٣٩٨٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «فَلَمْ تَحِلَّ الْغَنَائِمُ لِأَحَدٍ مِنْ قَبْلِنَا ذَلِكَ بِأَنَّ اللَّهَ رَأَى ضعفنا وعجزنا فطيها لنا»

3985. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ﷺ ने फ़रमाया: “हम में से पहले किसी के लिए भी माल ए गनीमत हलाल नहीं था, यह इसलिए (हलाल किया गया) के अल्लाह ने हमारी कमज़ोरी और आजिज़ी देखी तो उसे हमारे लिए हलाल फरमा दिया”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (3124) و مسلم (32 / 1747)، (4555)

٣٩٨٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أبي قتادة قَالَ: خَرَجْنَا مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَامَ حُنَيْنٍ فَلَمَّا الْتَقَيْنَا كَانَتْ لِلْمُسْلِمِينَ

جَوْلَةٌ فَرَأَيْتُ رَجُلًا مِنَ الْمُشْرِكِينَ قَدْ عَلَا رَجُلًا مِنَ الْمُسْلِمِينَ فَضَرَبْتُهُ مِنْ وَرَائِهِ عَلَى حَبْلِ عَاتِقِهِ بِالسَّيْفِ فَقَطَعْتُ الدِّرْعَ وَأَقْبَلَ عَلَيَّ فَضَمَّنِي ضَمَّةً وَجَدْتُ مِنْهَا رِيحَ الْمَوْتِ ثُمَّ أَدْرَكَهُ الْمَوْتُ فَأَرْسَلَنِي فَلَحِقْتُ عُمَرَ بْنَ الْخَطَّابِ فَقُلْتُ: مَا بَالُ النَّاسِ؟ قَالَ: أَمْرُ اللَّهِ ثُمَّ رَجَعُوا وَجَلَسَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «مَنْ قَتَلَ قَتِيلًا لَهُ عَلَيْهِ بَيِّنَةٌ فَلَهُ سَلَبُهُ» فَقُلْتُ: مَنْ يَشْهَدُ لِي؟ ثُمَّ جَلَسْتُ ثُمَّ قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِثْلَهُ فَقُمْتُ فَقَالَ: «مَا لَكَ يَا أَبَا قَتَادَةَ؟» فَأَخْبَرْتُهُ فَقَالَ رَجُلٌ: صَدَقَ وَسَلَبُهُ عِنْدِي فَأَرْضِهِ مِنِّي فَقَالَ أَبُو بَكْرٍ: لَا هَا اللَّهِ إِذاً لَا يعمدُ أَسَدٍ مِنْ أُسْدِ اللَّهِ يُقَاتِلُ عَنِ اللَّهِ وَرَسُولِهِ فَيُعْطِيكَ سَلَبَهُ. فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «صَدَقَ فأعطه» فأعطانيه فاتبعت بِهِ مَخْرَفًا فِي بَنِي سَلِمَةَ فَإِنَّهُ لَأَوَّلُ مالٍ تأثَّلْته فِي الْإِسلامِ

3986. अबू क़तादा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, गज़वा ए हुनैन के साल हम नबी ﷺ के साथ निकले, जब हम (मुशरिकिन से) मिले तो मुसलमानों को हज़ीमत का सामन हुआ, मैंने एक मुशरिक शख़्स को देखा जो एक मुसलमान शख़्स पर ग़ालिब आ चूका था, मैंने उस के पीछे से उसकी रग गर्दन पर तलवार मारी और उसकी ज़िराह काट दी, वह मेरी तरफ मुतवज्जे हुआ तो उस ने मुझे इस क़दर दबाया के मुझे उस के (दबाने) से अपनी मौत नज़र आने लगी, लेकिन मौत उस पर गई और उस ने मुझे छोड़ दीया, मैं उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु से मिला तो मैंने कहा: लोगों का क्या हाल है? उन्होंने कहा: अल्लाह का हुक्म (ही ऐसे था), फिर वह (मुसलमान) लौटे और नबी ﷺ बैठ गए तो फ़रमाया: “जिस ने किसी मकतुल को क़त्ल किया और उस पर उस के पास दलील हो तो इस (मकतुल) का साज़ो सामान इस (कातिल) के लिए है”, मैंने कहा मेरे हक़ में कौन गवाही देगा? फिर मैं बैठ गया, नबी ﷺ ने फिर वही बात फरमाई मैंने कहा मेरे हक़ में कौन गवाही देगा? फिर मैं बैठ गया. फिर नबी ﷺ ने वही बात फरमाई तो मैं खड़ा हुआ. आप ﷺ ने फ़रमाया: “अबू क़तादा तुम्हारा क्या मसला है?” मैंने आप को बताया तो एक शख़्स ने कहा: “उस ने सच कहा, और उस का साज़ो सामान मेरे पास है उसे मेरी तरफ से राज़ी कर दे, (और माल मेरे पास ही रहने दें) अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: ऐसा हरगिज़ नहीं हो सकता के अल्लाह का शेर जो अल्लाह और उस के रसूल की तरफ से किताल करता है, और आप ﷺ उस का साज़ो सामान तुझे देंगे, तब नबी ﷺ ने फ़रमाया: “अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु ने सच कहा है पस इसे दो”, चुनांचे उस ने इसे मुझे दे दिया मैंने उस से बनू सलमा में एक बाग़ खरीदा, और यह पहला माल था जो मैंने हालत इस्लाम में जमा किया था| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (4321) و مسلم (41 / 1751)، (4566)

٣٩٨٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَسْهَمَ لِلرَّجُلِ وَلِفَرَسِهِ ثَلَاثَةَ أَسْهُمٍ: سَهْمًا لَهُ وَسَهْمَيْنِ لِفَرَسِهِ

3987. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने मुजाहिद आदमी और उस के घोड़े के लिए तीन हिस्से मुकर्रर फरमाए, एक हिस्सा इस शख़्स के लिए और दो हिस्से उस के घोड़े के लिए| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2863) و مسلم (57 / 1762)، (4586)

٣٩٨٨ - (صَحِيح) وَعَنْ يَزِيدَ بْنِ هُرْمُزَ قَالَ: كَتَبَ نَجْدَةُ الْحَرُورِيُّ إِلَى ابْنِ عَبَّاسٍ يَسْأَلُهُ عَنِ الْعَبْدِ وَالْمَرْأَةِ يحْضرَانِ لمغنم هلْ يُقسَمُ لهما؟ فَقَالَ ليزيدَ: اكْتُبْ إِلَيْهِ أَنَّهُ لَيْسَ لَهُمَا سَهْمٌ إِلَّا أَنْ يُحْذَيَا. وَفِي رِوَايَةٍ: كَتَبَ إِلَيْهِ ابْنُ عَبَّاسٍ: إِنَّكَ كَتَبْتَ إِلَيَّ تَسْأَلُنِي: هَلْ كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَغْزُو بِالنِّسَاءِ؟ وَهَلْ كَانَ يَضْرِبُ لَهُنَّ بِسَهْمٍ؟ فَقَدْ كَانَ يَغْزُو بِهِنَّ يُدَاوِينَ الْمَرْضَى وَيُحْذَيْنَ مِنَ الْغَنِيمَةِ وَأَمَّا السَّهْمُ فَلَمْ يَضْرِبْ لَهُنَّ بِسَهْمٍ. رَوَاهُ مُسلم

3988. यज़ीद बिन हुर्मज़ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नज्दः हरूरी ने इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा की तरफ ख़त लिखा जिस में उस ने मसअला दरियाफ्त किया के अगर माले गनीमत की तकसीम के वक़्त गुलाम और औरत मौजूद हो तो किया उनका हिस्सा निकाला जाएगा? उन्होंने यज़ीद रदियल्लाहु अन्हु से फ़रमाया: इसे जवाब लिखो इन दोनों के लिए कोई हिस्सा मुकर्रर नहीं अलबत्ता थोड़ा दे दिया जाए| और एक दूसरी रिवायत में है: इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा ने इसे जवाब लिखा तुमने अपने ख़त में लिखा है के क्या रसूलुल्लाह ﷺ के साथ औरते जिहाद किया करती थी? और किया उनका हिस्सा मुकर्रर किया जाता था? हाँ आप ﷺ के साथ औरते जिहाद में शरीक होती थी, वह मरीज़ों का इलाज मुआल्ज़ा करती थी, उन्हें माले गनीमत में से दिया जाता था, रहा हिस्सा, तो आप ﷺ ने इन के लिए कोई हिस्सा मुकर्रर नहीं फरमाया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (1390 / 1812 و الرواية الزانية 137 / 1812)، (4684 و 4686)

٣٩٨٩ - (صَحِيح) وَعَنْ سَلَمَةَ بْنِ الْأَكْوَعِ قَالَ: بَعَثَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِظَهْرِهِ مَعَ رَبَاحٍ غُلَامِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَنَا مَعَهُ فَلَمَّا أَصْبَحْنَا إِذَا عَبْدُ الرَّحْمَنِ الْفَزَارِيُّ قَدْ أَغَارَ عَلَى ظَهْرِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقُمْتُ عَلَى أَكَمَةٍ فَاسْتَقْبَلْتُ الْمَدِينَةَ فَنَادَيْتُ ثَلَاثًا يَا صَبَاحَاهْ ثُمَّ خَرَجْتُ فِي آثَارِ الْقَوْمِ أَرْمِيهِمْ بِالنَّبْلِ وَأَرْتَجِزُ وَأَقُولُ:»» أَنَا ابْنُ الْأَكْوَعْ وَالْيَوْمُ يَوْمُ الرُّضَّعْ»» فَمَا زِلْتُ أَرْمِيهِمْ وَأَعْقِرُ بِهِمْ حَتَّى مَا خلقَ اللَّهُ مِنْ بَعِيرٍ مِنْ ظَهْرِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَّا خَلَّفْتُهُ وَرَاءَ ظَهْرِي ثُمَّ اتَّبَعْتُهُمْ أَرْمِيهِمْ حَتَّى أَلْقَوْا أَكْثَرَ مِنْ ثَلَاثِينَ بُرْدَةً وَثَلَاثِينَ رُمْحًا يَسْتَخِفُّونَ وَلَا يَطْرَحُونَ شَيْئًا إِلَّا جَعَلْتُ عَلَيْهِ آرَامًا مِنَ الْحِجَارَةِ يَعْرِفُهَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَصْحَابُهُ حَتَّى رَأَيْتُ فَوَارِسَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَلَحِقَ [ص:١١٦ أَبُو قَتَادَةَ فَارِسُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِعَبْدِ الرَّحْمَنِ فَقَتَلَهُ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «خَيْرُ فُرْسَانِنَا الْيَوْمَ أَبُو قَتَادَةَ وَخَيْرُ رَجَّالَتِنَا سَلَمَةُ» . قَالَ: ثُمَّ أَعْطَانِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سَهْمَيْنِ: سَهْمَ الْفَارِسِ وَسَهْمَ الرَّاجِلِ فَجَمَعَهُمَا إِلَيَّ جَمِيعًا ثُمَّ أَرْدَفَنِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَرَاءَهُ عَلَى الْعَضْبَاءِ رَاجِعَيْنِ إِلَى الْمَدِينَةِ. رَوَاهُ مُسلم

3989. सलमा बिन अकवा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने रबाह, जो के रसूलुल्लाह ﷺ के गुलाम थे, के साथ अपने ऊंट भेजे, और मैं भी उस के साथ था, जब हमने सुबह की तो अब्दुल रहमान फराज़ी ने अचानक रसूलुल्लाह ﷺ के ऊटों पर धावा बोल दीया, मैं एक ऊँची जगह पर खड़ा हुआ और मदीना की तरफ रुख कर के तीन बार आवाज़ दी, लड़ाई का वक़्त आ गया, फिर मैंने उन लोगों का पीछा किया, मैं इन पर तीर बरसा रहा था और राजिज़ शेर पढ़ रहा था में इब्ने अक्वाअ हो और आज रज़िल लोगों की हलाकत का दिन है, चुनांचे में इन पर तीर बरसाता रहा और उनकी सवारियों को ज़ख़्मी करता रहा, हत्ता के रसूलुल्लाह ﷺ के तमाम ऊंट मैंने उन के कब्ज़े से आज़ाद करवा लिए, और मैं फिर भी उनका पीछा कर के इन पर तीर अन्दाज़ी करता रहा हत्ता के उन्होंने वज़न हल्का करने के लिए तीस चादरे और तीस नेज़े फेंक दिए, वह जो भी चीज़ फेंकते

में उस पर पत्थर की निशानिया लगाता जाता ताकि रसूलुल्लाह ﷺ और आप के सहाबा इसे पहचान सके, हत्ता कि मैंने रसूलुल्लाह ﷺ के शै सवारों को देखा और रसूलुल्लाह ﷺ के शै सवार अबू क़तादा रदियल्लाहु अन्हु ने अब्दुल रहमान फज़ारी को जा लिया और इसे क़त्ल कर दिया, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आज हमारा बेहतरीन शै सवार अबू क़तादा रदियल्लाहु अन्हु है और हमारा बेहतरीन प्यादेह सलमा है”| रावी बयान करते हैं, फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे दो हिस्से दिए एक हिस्सा घुड़सवार का और एक हिस्सा प्यादेह का आप ने वह दोनों मेरे लिए जमा फरमा दिए फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने मदीना वापस आते हुए मुझे अपनी ऊंटनी अज़्बाअ पर अपने पीछे सवार कर लिया| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (132 / 1807)، (4678)

٣٩٩٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يُنَفِّلُ بَعْضَ مَنْ يَبْعَثُ مِنَ السَّرَايَا لِأَنْفُسِهِمْ خَاصَّةً سِوَى قِسْمَةِ عَامَّةِ الْجَيْشِ

3990. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ जिन दस्तूर को रवाना फरमाते, तो उनमें से बाज़ मुजाहिदीन को उन के हिस्सा के अलावा खुसूसी हिस्सा इनायत फ़रमाया करते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (3135) و مسلم (40 / 1750)، (4565)

٣٩٩١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: نَفَّلَنَا رَسُولُ اللَّهِ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم نَفَلًا سِوَى نَصِيبِنَا مِنَ الْخُمُسِ فَأَصَابَنِي شَارِفٌ والشارف: المسن الْكَبِير

3991. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें हमारे हिस्से के अलावा खुमुस में से भी कुछ अता फ़रमाया सो मुझे खुमुस से एक “शारीफ” मिली शारीफ बूढ़ी ऊंटनी को कहते हैं| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (لم اجدہ بھذا اللفظ و عندہ لون آخر : 3135 ، انظر الحدیث السابق) و مسلم (38 / 1750)، (4563)

٣٩٩٢ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: ذَهَبَتْ فَرَسٌ لَهُ فَأَخَذَهَا الْعَدُوُّ فَظَهَرَ عَلَيْهِمُ الْمُسْلِمُونَ فَرُدَّ عَلَيْهِ فِي زَمَنِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. وَفِي رِوَايَةٍ: أَبَقَ عَبْدٌ لَهُ فَلَحِقَ بِالرُّومِ فَظَهَرَ عَلَيْهِمُ الْمُسْلِمُونَ فَرَدَّ عَلَيْهِ خَالِدُ بْنُ الْوَلِيدِ بَعْدَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

3992. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, उनका घोड़ा भाग गया तो दुश्मन ने इसे पकड़ लिया, मुसलमान इन पर ग़ालिब आ गए तो वही घोड़ा रसूलुल्लाह ﷺ के दौर में मुझे लौटा दिया गया| और एक रिवायत में है उनका एक गुलाम फरार हो कर रुमियो से जा मिला, जब मुसलमान इन पर ग़ालिब आ गए तो

नबी ﷺ के बाद खालिद बिन वलीद रदियल्लाहु अन्हु ने वह मुझे लौटा दीया| (बुखारी)

رواه البخاری (3067)

٣٩٩٣ - (صَحِيح) وَعَن جُبيرِ بن مُطعمٍ قَالَ: مَشَيْتُ أَنَا وَعُثْمَانُ بْنُ عَفَّانَ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقُلْنَا: أَعْطَيْتَ بَنِي الْمُطَّلِبِ مِنْ خُمُسِ خَيْبَرَ وَتَرَكْتَنَا وَنَحْنُ بِمَنْزِلَةٍ وَاحِدَةٍ مِنْكَ؟ فَقَالَ: «إِنَّمَا بَنُو هَاشِمٍ وَبَنُو المطلبِ وَاحِدٌ» . قَالَ جُبَيْرٌ: وَلَمْ يَقْسِمِ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِبَنِي عَبْدِ شَمْسٍ وَبَنِي نوفلٍ شَيْئا. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3993. जुबेर बिन मुतअम रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं और उस्मान बिन अफ्फान रदियल्लाहु अन्हु ने नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर होकर अर्ज़ किया, आप ने खैबर के खुमुस में से बनू मुत्तलिब को अता किया है और हमें छोड़ दिया है, जबकि हमारा और उनका आप से एक रिश्ता है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बनू हाशिम और बनू मुत्तलिब एक ही चीज़ है”, ज़ुबैर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने बनू अब्द शम्स और बनू नौफल के दरमियान कुछ भी तकसीम न फ़रमाया| (बुखारी)

رواه البخاری (4229)

٣٩٩٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَيُّمَا قَرْيَةٍ أَتَيْتُمُوهَا وأقمتمْ فِيهَا فَسَهْمُكُمْ فِيهَا وَأَيُّمَا قَرْيَةٍ عَصَتِ اللَّهَ وَرَسُولَهُ فَإِنَّ خُمُسَهَا لِلَّهِ وَلِرَسُولِهِ ثُمَّ هِيَ لَكُمْ» . رَوَاهُ مُسلم

3994. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम जिस बस्ती में (बिला किताल) दाखिल हो जाओ और वहां इकामत इख़्तियार करे तो उस में तुम्हारा हिस्सा है, और जिस बस्ती वालो ने अल्लाह और उस के रसूल की नाफ़रमानी की तो इस (से हासिल होने वाले माल) का खुमुस अल्लाह और उस के रसूल के लिए है, फिर वह (बाकी) तुम्हारे लिए है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (47 / 1756)، (4574)

٣٩٩٥ - (صَحِيح) وَعَن خوْلَةَ الْأَنْصَارِيَّةِ قَالَتْ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ رِجَالًا يَتَخَوَّضُونَ فِي مَالِ اللَّهِ بِغَيْرِ حَقٍّ فَلَهُمُ النَّارُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

3995. खवलत अंसारी रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “कुछ लोग अल्लाह के माल में नाहक तसरीफ करते हैं , रोज़ ए कियामत इन के लिए (जहन्नम की) आग है”| (बुखारी)

رواه البخاری (3118)

٣٩٩٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أبي هُرَيْرَة قَالَ: قَامَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ذَاتَ يَوْمٍ فَذَكَرَ الْغُلُولَ فَعَظَّمَهُ وَعَظَّمَ أَمْرَهُ ثُمَّ قَالَ: " لَا أُلْفِيَنَّ أَحَدَكُمْ يَجِيءُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ عَلَى رَقَبَتِهِ بَعِيرٌ لَهُ رُغَاءٌ يَقُولُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَغِثْنِي فَأَقُولُ: لَا أَمْلِكُ لَكَ شَيْئًا قَدْ أَبْلَغْتُكَ. لَا أُلْفِيَنَّ أَحَدَكُمْ يَجِيءُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ عَلَى رَقَبَتِهِ فَرَسٌ لَهُ حَمْحَمَةٌ فَيَقُولُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَغِثْنِي فَأَقُولُ: لَا أَمْلِكُ لَكَ شَيْئًا قَدْ أَبْلَغْتُكَ لَا أُلْفِيَنَّ أَحَدَكُمْ يَجِيءُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ عَلَى رَقَبَتِهِ شَاةٌ لَهَا ثُغَاءٌ يَقُولُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَغِثْنِي فَأَقُولُ: لَا أَمْلِكُ لَكَ شَيْئًا قَدْ أَبْلَغْتُكَ لَا أُلْفِيَنَّ أَحَدَكُمْ يَجِيءُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ عَلَى رَقَبَتِهِ نَفْسٌ لَهَا صِيَاحٌ فَيَقُولُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَغِثْنِي فَأَقُولُ: لَا أَمْلِكُ لَكَ شَيْئًا قَدْ أَبْلَغْتُكَ لَا أُلْفِيَنَّ أَحَدَكُمْ يَجِيءُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ عَلَى رَقَبَتِهِ رِقَاعٌ تَخْفُقُ فَيَقُولُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَغِثْنِي فَأَقُولُ: لَا أَمْلِكُ لَكَ شَيْئًا قَدْ أَبْلَغْتُكَ لَا أُلْفِيَنَّ أَحَدَكُمْ يَجِيءُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ عَلَى رَقَبَتِهِ صَامِتٌ فَيَقُولُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَغِثْنِي فَأَقُولُ: لَا أَمْلِكُ لَكَ شَيْئًا قد أبلغتك ". وَهَذَا لفظ مُسلم وَهُوَ أتم

3996. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक रोज़ रसूलुल्लाह ﷺ ने हम में खड़े हो कर ख़िताब फ़रमाया उस में आप ने खयानत का ज़िक्र किया और आप ने इस मुआमले को संगीन करार दिया, फिर फ़रमाया: “मैं तुम से किसी को न पाऊ के वह रोज़ ए कियामत आए और उसकी गर्दन पर ऊंट बिल बिला रहा हो, और वह शख़्स मुझे कहे अल्लाह के रसूल! मेरी मदद फरमाइए, और मैं उस से कहूँ के में तुम्हारे लिए किसी चिज़ का इख़्तियार नहीं रखता मैंने तुम्हें मसअला बता दिया था, मैं तुम में से किसी को न पाऊ के वह रोज़ ए कियामत आए और उसकी गर्दन पर घोड़ा हिनहिना रहा हो और वह आदमी कहे: अल्लाह के रसूल! मेरी मदद फरमाइए, तो मैं कहूँ में तुम्हारे लिए किसी चिज़ का इख़्तियार नहीं रखता, मैंने तुम्हें मसअला बता दिया था, मैं तुम में से किसी को न पाऊ के वह कियामत के दिन आए और उसकी गर्दन पर बकरी मिमिया रही हो, वह शख़्स कहे अल्लाह के रसूल! मेरी मदद फरमाइए, तो मैं कहूँ में तुम्हारे लिए किसी चिज़ का इख़्तियार नहीं रखता, मैंने तुम्हें मसअला बता दिया था, मैं तुम में से किसी को न पाऊ के वह कियामत के रोज़ आए और उसकी गर्दन पर कोई नफ्स (यानी मम्लुक) हो, और वह चला आ रहा हो, और वह शख़्स कहे: अल्लाह के रसूल! मेरी मदद फरमाइए, और मैं कहूँ में तुम्हारे लिए किसी चिज़ का इख़्तियार नहीं रखता, मैंने तुम्हें मसअला बता दिया था, मैं तुम में से किसी को न पाऊ के वह रोज़ ए कियामत आए और उसकी गर्दन पर चादर हरकत कर रही हो, तो वह शख़्स कहे: अल्लाह के रसूल! मेरी मदद फरमाइए, तो मैं कहूँगा: में तुम्हारे लिए किसी चिज़ का इख़्तियार नहीं रखता, मैंने तुम्हें मसअला बता दिया था, मैं तुम में से किसी को न न पाऊ के वह रोज़ ए कियामत आए और उसकी गर्दन पर कोई गैर नातुक चीज़ सोना चाँदी वगैरा हो, तो वह शख़्स कहे अल्लाह के रसूल! मेरी मदद फरमाइए तो मैं कहूँगा में तुम्हारे लिए किसी चिज़ का इख़्तियार नहीं रखता, मैंने तुम्हें मसअला बता दिया था”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3073) و مسلم (24 / 1831)، (4734)

٣٩٩٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: أَهْدَى رَجُلٌ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ غُلَامًا يُقَالُ لَهُ: مِدْعَمٌ فَبَيْنَمَا مِدْعَمٌ يَحُطُّ رَحْلًا لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم إِذْ أَصَابَهُ سهم عائر فَقَتَلَهُ فَقَالَ النَّاسُ: هَنِيئًا لَهُ الْجَنَّةُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كَلَّا وَالَّذِي نَفسِي بِيَدِهِ إِن الشملة الَّتِي أَخَذَهَا يَوْمَ خَيْبَرَ مِنَ الْمَغَانِمِ لَمْ تُصِبْهَا الْمَقَاسِمُ لَتَشْتَعِلُ عَلَيْهِ نَارًا» . فَلَمَّا سَمِعَ ذَلِك النَّاس جَاءَ رجل بشرك أَوْ شِرَاكَيْنِ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «شِرَاكٌ مِنْ نَارٍ أَوْ شِرَاكَانِ من نارٍ»

3997. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी ने रसूलुल्लाह ﷺ को मुदअम नामी एक गुलाम बतौर हदिया पेश किया, मुदअम रसूलुल्लाह ﷺ की सवारी का कजावा उतार रहा था के इसे एक ना मालूम जानिब से एक तीर आ लगा जिस से वह क़त्ल हो गया, लोगों ने कहा: इसे जन्नत मुबारक हो, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हरगिज़ नहीं, उस ज़ात की क़सम! जिसके हाथ में मेरी जान है! उस ने गजवा ए खैबर के माल ए गनीमत में से, उसकी तकसीम से पहले, जो चादर चोरी की थी वह उस पर आग भड़का रही है”, जब लोगों ने यह बात सुनी तो एक आदमी एक तस्मे या दो तस्मे नबी ﷺ की खिदमत में ले आया, उस पर आप ﷺ ने फ़रमाया: “एक तस्मे या दो तस्मे आग (में जाने के सबब) से है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6707) و مسلم (183 / 115)، (310)

٣٩٩٨ - (صَحِيح) وَعَن عبدِ الله بنِ عَمْرٍو قَالَ: كَانَ عَلَى ثَقَلِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَجُلٌ يُقَالُ لَهُ كَرْكَرَةُ فَمَاتَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هُوَ فِي النَّارِ» فَذَهَبُوا يَنْظُرُونَ فَوَجَدُوا عَبَاءَةً قد غلها. رَوَاهُ البُخَارِيّ

3998. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, कि करकरह नामी शख़्स नबी ﷺ के सामान पर मामूर था, वह फौत हो गया तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “वो जहन्नमी है”, सहाबा ए किराम रदियल्लाहु अन्हुम अजमईन उस का सामान देखने लगी तो उन्होंने एक चादर पाई जो उस ने चोरी की थी| (बुखारी)

رواه البخاری (3074)

٣٩٩٩ - (صَحِيح) وَعَن ابْن عمر قَالَ: كُنَّا نُصِيبُ فِي مَغَازِينَا الْعَسَلَ وَالْعِنَبَ فنأكله وَلَا نرفعُه رَوَاهُ البُخَارِيّ

3999. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, गज़वात में हमें शहद और अंगूर मिलते तो हम उन्हें खा लेते थे और उन्हें ऊपर आप ﷺ तक नहीं पहुंचाते थे| (बुखारी)

رواه البخاری (3154)

٤٠٠٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مُغَفَّلٍ قَالَ: أَصَبْتُ جِرَابًا مِنْ شَحْمٍ يَوْمَ خَيْبَرَ فَالْتَزَمْتُهُ فَقُلْتُ: لَا أُعْطِي الْيَوْمَ أَحَدًا مِنْ هَذَا شَيْئًا فَالْتَفَتُّ فَإِذَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يبتسم إِلَيّ. مُتَّفق عَلَيْهِ. وَذكر الحَدِيث أَبِي هُرَيْرَةَ «مَا أُعْطِيكُمْ» فِي بَابِ «رِزْقِ الْوُلَاة»

4000. अब्दुल्लाह बिन मुगफ्फल रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, गज़वा ए खैबर में मुझे चरबी की एक थेली मिली तो मैंने इसे उठा लिया, और कहा: में आज उस में से किसी को कुछ नहीं दूँगा, मैंने देखा तो रसूलुल्लाह ﷺ मेरी तरफ (देख कर) मुस्कुरा रहे थे| # अबू हुरैरा (र) से मरवी हदीस: “में जो तुम्हें अता करू”, बाब रिज़्क़

अवला में ज़िक्र की गई है. (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (3135) و مسلم (72 / 1772)، (4605) 0 حدیث ابی ہریرة تقدم (3745)

بَابُ قِسْمَةِ الْغَنَائِمِ وَالْغُلُولِ فِيهَا • माल ए गनीमत की तकसीम और इस में खयानत करने का बयान

الْفَصْلُ الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٤٠٠١ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي أَمَامَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " إِنَّ اللَّهَ فَضَّلَنِي عَلَى الْأَنْبِيَاءِ أَوْ قَالَ: فَضَّلَ أُمَّتِي عَلَى الْأُمَمِ وأحلَّ لنا الْغَنَائِم ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

4001. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक अल्लाह ने मुझे तमाम अंबिया अलैहिस्सलाम पर फ़ज़ीलत अता की है, या फ़रमाया: “मेरी उम्मत को तमाम उम्मतो पर फ़ज़ीलत अता की गई है और हमारे लिए माल ए गनीमत हलाल किया गया है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواہ الترمذی (1553 وقال : حسن صحیح)

٤٠٠٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم: يَوْمئِذٍ يَوْمَ حُنَيْنٍ: «مَنْ قَتَلَ كَافِرًا فَلَهُ سَلَبُهُ» فَقَتَلَ أَبُو طَلْحَةَ يَوْمَئِذٍ عِشْرِينَ رَجُلًا وَأَخَذَ أسلابهم. رَوَاهُ الدَّارمِيّ

4002. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने गज़वा ए हुनैन के मौके पर फ़रमाया: “जिस ने किसी काफ़िर को क़त्ल किया तो उस का साज़ो सामान इसी का है, अबू तल्हा रदियल्लाहु अन्हु ने इस रोज़ बीस आदमी क़त्ल किए और उन्होंने उनका साज़ो सामान ले लिया| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواہ الدارمی (2 / 229 ح 2487) [و ابوداؤد (2718) و مسلم (1809 مطولاً]

٤٠٠٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَوْفِ بْنِ مَالِكٍ الْأَشْجَعِيِّ وَخَالِدِ بْنِ الْوَلِيدِ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَضَى فِي السَّلَبِ لِلْقَاتِلِ. وَلَمْ يُخَمِّسِ السَلَب. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4003. ऑफ बिन मालिक अश्जईय्य और खालिद बिन वलीद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने जंग में क़त्ल हो जाने वाले शख़्स के साज़ो सामान के बारे में फैसला फ़रमाया के वह उस के कातिल का है, और

आप ने मकतुल के साज़ो सामान से खुमुस नहीं निकाला| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (2721)

٤٠٠٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: نَفَّلَنِي رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ بَدْرٍ سَيْفَ أَبِي جَهْلٍ وَكَانَ قَتَلَهُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4004. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने गज़वा ए बद्र के मौके पर अबू जहल की तलवार मुझे इज़ाफ़ी तौर पर दी और उन्होंने (इब्ने मसउद (र)) ने इसे क़त्ल किया था| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2722) * فيه ابو عبيدة : لم يسمع من ابيه ، فالسند منقطع

٤٠٠٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُمَيْرٍ مَوْلَى آبِي اللَّحْمِ قَالَ: شَهِدْتُ خَيْبَرَ مَعَ ساداتي فَكَلَّمُوا فِي رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَكَلَّمُوهُ أَنِّي مَمْلُوكٌ فَأَمَرَنِي فَقُلِّدْتُ سَيْفًا فَإِذَا أَنَا أَجُرُّهُ فَأَمَرَ لِي بِشَيْءٍ مِنْ خُرْثِيِّ الْمَتَاعِ وَعَرَضْتُ عَلَيْهِ رُقْيَةً كُنْتُ أَرْقِي بِهَا الْمَجَانِينَ فَأَمَرَنِي بِطَرْحِ بَعْضِهَا وَحَبْسِ بَعْضِهَا. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ إِلَّا أَنَّ رِوَايَتَهُ انتهتْ عِنْد قَوْله: الْمَتَاع

4005. अबू लह्म के आज़ाद करदा गुलाम उमैर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं अपने मालिको के साथ गज़वा ए खैबर में शरीक था, उन्होंने मेरे बारे में रसूलुल्लाह ﷺ से बात की और उन्होंने आप को बताया की मैं एक गुलाम हूँ, आप ने मेरे मुतल्लिक हुक्म फ़रमाया तो मुझे तलवार उठाए की गई, और मैं उसे घंसिट रहा था, आप ﷺ ने घरेलु सामान में से मुझे कुछ देने का हुक्म फ़रमाया, मैंने आप को एक दम सुनाया जो की मैं दीवानों पर क्या करता था, आप ने उस में से कुछ अल्फाज़ तर्क कर देने और कुछ रख लेने का हुक्म दिया| तिरमिज़ी, अबू दावुद, अलबत्ता अबू दावुद की रिवायत लफ्ज़ मताअ पर ख़तम हो जाती है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (1557 وقال : حسن صحيح) و ابوداؤد (2730)

٤٠٠٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن محمع بن جارية قَالَ: قُسِمَتْ خَيْبَرُ عَلَى أَهْلِ الْحُدَيْبِيَةِ فَقَسَمَهَا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثَمَانِيَةَ عَشَرَ سَهْمًا وَكَانَ الْجَيْشُ أَلْفًا وَخَمْسَمِائَةٍ فِيهِمْ ثَلَاثُمِائَةِ فَارِسٍ فَأُعْطِيَ الْفَارِسُ سَهْمَيْنِ وَالرَّاجِلُ سَهْمًا رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَقَالَ: حَدِيثُ ابْنِ عُمَرَ أصح فَالْعَمَل عَلَيْهِ وَأَتَى الْوَهْمُ فِي حَدِيثِ مُجَمِّعٍ أَنَّهُ قَالَ: أَنَّهُ قَالَ: ثَلَاثُمِائَةِ فَارِسٍ وَإِنَّمَا كَانُوا مِائَتَيْ فَارس

4006. मुजम्मिअ बिन जारिया रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, खैबर का माल ए गनीमत अहल हुदैबिया पर तकसीम किया गया, रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे अठारह हिस्सों में तकसीम फ़रमाया: लश्कर की तादाद पन्द्रह सौ थी, उस में से तीन सौ घुड़सवार थे, आप ने घुड़सवार को दो हिस्से और प्यादेह को एक हिस्सा अता फ़रमाया|

और इमाम अबू दावुद ने फ़रमाया के इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से मरवी हदीस ज़्यादा सहीह है और अमल इसी पर है, मुजम्मिअ से मरवी हदीस में वहम है के उन्होंने कहा: तीन सौ घुड़सवार थे जबकि वह सिर्फ दो सौ थे| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2736)

٤٠٠٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن حبيب بن مسلمَةَ الفِهْرِيِّ قَالَ شَهِدْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نفل الرّبع فِي البدأة وَالثلث فِي الرجمة. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4007. हबीबी बिन मुस्लिम, फहरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं नबी ﷺ के पास हाज़िर था के आप ने शुरू शुरू में लड़ने वालो को माल ए गनीमत में से चोथाई हिस्सा इज़ाफ़ी (ज़्यादा) अता फ़रमाया, और वापसी पर लड़ाई करने वालो को तिहाई हिस्सा इज़ाफ़ी (ज़्यादा) अता फ़रमाया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2750)

٤٠٠٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يُنَفِّلُ الرُّبُعَ بَعْدَ الْخُمُسِ وَالثُّلُثَ بَعْدَ الْخُمُسِ إِذَا قَفَلَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

4008. हबीबी बिन मुस्लिम, फहरी रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ जब जिहाद से वापस तशरीफ़ लाने से पहले माल ए गनीमत खुमुस निकालने के बाद चोथाई और वापस लौटते हुए खुमुस निकालने के बाद तिहाई हिस्सा इज़ाफ़ी तौर पर अता फ़रमाया करते थे| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (2749)

٤٠٠٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي الْجُوَيْرِيَّةِ الْجَرْمِيِّ قَالَ: أَصَبْتُ بِأَرْضِ الرُّومِ جَرَّةً حَمْرَاءَ فِيهَا دَنَانِيرُ فِي إِمْرَةِ مُعَاوِيَةَ وَعَلَيْنَا رَجُلٌ مِنْ أَصْحَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ بَنِي سُلَيْمٍ يُقَالُ لَهُ: مَعْنُ بْنُ يَزِيدَ فَأَتَيْتُهُ بِهَا فَقَسَمَهَا بَيْنَ الْمُسْلِمِينَ وَأَعْطَانِي مِنْهَا [ص:١١٧ مِثْلَ مَا أَعْطَى رَجُلًا مِنْهُمْ ثُمَّ قَالَ: لَوْلَا أَنِّي سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «لَا نَفَلَ إِلَّا بَعْدَ الْخُمُسِ» لَأَعْطَيْتُكَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4009. अबू जुरियह जरमी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मुआविया के दौरे अमारत में रोम की सर ज़मीन पर मुझे एक सुर्ख घड़ा मिला जिस में दीनार थे, रसूलुल्लाह ﷺ के मअन बिन यज़ीद नामी सहाबी हमारे अमीर थे, जो के बनू सलीम कबिले से थे, मैंने वह घड़ा उनकी खिदमत में पेश कर दिया, उन्होंने इसे मुसलमानों के बिच में तकसीम कर दिया और मुझे भी सब के बराबर ही हिस्सा दिया, फिर फ़रमाया अगर मैंने रसूलुल्लाह ﷺ से

यह न सुना होता के खुमुस निकालने के बाद इज़ाफ़ी हिस्सा दीया जाएगा तो मैं तुम्हें ज़रूर देता”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (7253)

٤٠١٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي مُوسَى الأشعريِّ قَالَ: قَدِمْنَا فَوَافَقْنَا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حِينَ افْتَتَحَ خَيْبَرَ فَأَسْهَمَ لَنَا أَوْ قَالَ: فَأَعْطَانَا مِنْهَا وَمَا قَسَمَ لِأَحَدٍ غَابَ عَنْ فَتْحِ خَيْبَرَ مِنْهَا شَيْئًا إِلَّا لمَنْ شهِدَ معَه إِلَّا أَصْحَابَ سَفِينَتِنَا جَعْفَرًا وَأَصْحَابَهُ أَسْهَمَ لَهُمْ مَعَهم. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4010. अबू मूसा अशअरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम (हबशा से) वापस आए तो हमारी रसूलुल्लाह ﷺ से इस वक़्त मुलाकात हुई जब खैबर फतह हो चूका था, आप ने हमारा हिस्सा भी मुकर्रर फ़रमाया: या यूँ कहा आप ने हमें अता फ़रमाया, आप ﷺ ने खैबर में हासिल होने वाले माले गनीमत में से या तो उन लोगों को हिस्सा दिया जो इस गज़वा में शरीक थे या फिर हमारे कश्ती के साथियो यानी जाफर और उन के रफ्का को दीया| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (2725)

٤٠١١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ يَزِيدَ بْنِ خَالِدٍ: أَنَّ رَجُلًا مِنْ أَصْحَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تُوُفِّيَ يَوْمَ خَيْبَرَ فَذَكَرُوا لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «صَلُّوا عَلَى صَاحِبِكُمْ» فَتَغَيَّرَتْ وُجُوهُ النَّاسِ لِذَلِكَ فَقَالَ: «إِنَّ صَاحِبَكُمْ غَلَّ فِي سَبِيلِ اللَّهِ» فَفَتَّشْنَا مَتَاعَهُ فَوَجَدْنَا خَرَزًا مِنْ خَرَزِ يَهُودَ لَا يُسَاوِي دِرْهَمَيْنِ. رَوَاهُ مَالك وَأَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

4011. यज़ीद बिन खालिद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के गजवा ए खैबर के मौके पर रसूलुल्लाह ﷺ का एक साथी फौत हो गया, सहाबा ने उस का तज़किरह रसूलुल्लाह ﷺ से किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपने साथी की नमाज़ ए जनाज़ा पढ़ो”, यह सुन कर सहाबा के चेहरो का रंग मत्गिर हो गया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हारे साथी ने माले गनीमत में खयानत की है”, हमने उस के सामान की तलाशी ली तो हमने उस में यहूद का एक नगीना पाया जिस की कीमत दो दिरहम के बराबर भी नहीं थी| (हसन)

اسناده حسن ، رواه مالک (2 / 458 ح 1010) و ابوداؤد (2710) و النسائی (4 / 64 ح 1961)

٤٠١٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عبدِ الله بنِ عَمْرٍو قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا أَصَابَ غَنِيمَةً أَمَرَ بِلَالًا فَنَادَى فِي النَّاسِ فَيَجِيئُونَ بِغَنَائِمِهِمْ فَيُخَمِّسُهُ وَيُقَسِّمُهُ فَجَاءَ رَجُلٌ يَوْمًا بَعْدَ ذَلِكَ بِزِمَامٍ مِنْ شَعَرٍ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ هَذَا فِيمَا كُنَّا أَصَبْنَاهُ مِنَ الْغَنِيمَةِ قَالَ: «أَسَمِعْتَ بِلَالًا نَادَى ثَلَاثًا؟» قَالَ: نَعَمْ قَالَ: «فَمَا مَنَعَكَ أَنْ تَجِيءَ بِهِ؟» فَاعْتَذَرَ قَالَ: «كُنْ أَنْتَ تَجِيءُ بِهِ يومَ القيامةِ فلنْ أقبلَه عَنْك» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4012. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ को माल ए गनीमत मिलता

तो आप बिलाल रदियल्लाहु अन्हु को हुक्म फरमाते तो वह आम एलान करते जिस पर सहाबा किराम वह माले गनीमत लेकर हाज़िर होते जो उन के पास होता, आप उस में से खुमुस निकालते और इसे तकसीम करते, चुनांचे एक आदमी उस से एक रोज़ बाद बालो से बनी हुई एक लगाम लेकर आया और अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! माल ए गनीमत में मिलने वाले माल में यह भी थी, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम ने बिलाल रदियल्लाहु अन्हु को तीन मर्तबा एलान करते हुए सुना था ?” उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “तो फिर किस चीज़ ने तुझे इसे लाने से मना किया ?” उस ने माज़रत पेश की, लेकिन आप ﷺ ने फ़रमाया: “अब तुम उसे कियामत के रोज़ लाओगे में उसे तुम से हरगिज़ कबूल नहीं करूँगा”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2712)

٤٠١٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَبَا بَكْرٍ وَعُمَرَ حَرَّقُوا مَتَاعَ الْغَالِّ وضربوه. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4013. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ अबू बक्र और उमर रदियल्लाहु अन्हु ने खयानत करने वाले के माल व मताअ को जला दिया और उसकी पिटाई की| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (2715) * الولید : شامی وقال البخاری (فی زھیر بن محمد :'' ماروی عنه اھل الشام فانه مناکیر ''

٤٠١٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سَمُرَةَ بْنِ جُنْدَبٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ [ص:١١٧ يَقُولُ: «مَنْ يَكْتُمْ غَالًّا فَإِنَّهُ مِثْلُهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4014. समुरह बिन जुन्दुब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया करते थे: “जो शख़्स खयानत करने वाले की परदापोशी करता है तो वह भी इसी की तरह है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (2716) * خبیب : مجھول ، و جعفر بن سعد : ضعفه الجمھور

٤٠١٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَن شري الْمغنم حَتَّى تقسم. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

4015. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने माल ए गनीमत को उसकी तकसीम से पहले फरोख्त करने से मना फ़रमाया है| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ الترمذی (1563 وقال : غریب) * محمد بن ابراھیم الباھلی مجھول و فی شیخه نظر و لبعض الحدیث شواھد

٤٠١٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي أَمَامَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: نَهْيٌ أَنْ تُبَاعَ السِّهَامُ حَتَّى تُقْسَمَ. رَوَاهُ الدَّارِمِيّ

4016. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ﷺ ने हिस्सों की तकसीम से पहले उन्हें बेचने से मना फ़रमाया | (हसन)

سنده حسن ، رواه الدارمی (2 / 226 ح 2479 ، نسخة محققة : 2519) [و الطبرانی فی الکبیر 8 / 220 ح 7774 و قبله : 7594]

٤٠١٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن خولةَ بنتِ قيسٍ: قَالَتْ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ هَذِهِ الْمَالَ خَضِرَةٌ حُلْوَةٌ فَمَنْ أَصَابَهُ بِحَقِّهِ بُورِكَ لَهُ فِيهِ وَرُبَّ متخوض فِمَا شَاءَتْ بِهِ نَفْسُهُ مِنْ مَالِ اللَّهِ وَرَسُولِهِ لَيْسَ لَهُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ إِلَّا النَّارُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

4017. खवलत बिन्ते कैस रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “ये माल (गनीमत) खुश मंजर और खुश ज़ाइका है, चुनांचे जिस ने इसे बकदर इस्तेहकाक हासिल किया तो वह उस के लिए बाईस ए बरकत बना दीया जाएगा, और बहोत से लोग जो अल्लाह और उस के रसूल के माल में मन पसंद तसरीफ करते हैं इन के लिए रोज़ ए कियामत आग ही है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2374 وقال : حسن صحیح)

٤٠١٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تَنَفَّلَ سيفَه ذَا الفَقارِ يومَ بدْرٍ رَوَاهُ أَحْمد وَابْن مَاجَهْ وَزَادَ التِّرْمِذِيُّ وَهُوَ الَّذِي رَأَى فِيهِ الرُّؤْيَا يَوْم أحد

4018. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने गज़वा ए बद्र के रोज़ अपनी तलवार ज़ुल्फ़िकार हिस्सा से ज़्यादा ली, इब्ने माजा और इमाम तिरमिज़ी ने यह अल्फाज़ इज़ाफ़ी (ज़्यादा) नकल किए हैं, और यह वही है जो आप ﷺ ने गज़वा ए उहद के रोज़ ख्वाब में देखी थी| (हसन)

اسناده حسن ، رواه [احمد 1 / 271 ح 2445] و ابن ماجه (2808) و الترمذی (1561 وقال : حسن)

٤٠١٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن رويفع بْنِ ثَابِتٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ كَانَ يُؤْمِنُ بِاللَّهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ فَلَا يَرْكَبْ دَابَّةً مِنْ فَيْءِ الْمُسْلِمِينَ حَتَّى إِذَا أَعْجَفَهَا رَدَّهَا فِيهِ وَمَنْ كَانَ يُؤْمِنُ بِاللَّهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ فَلَا يَلْبَسْ ثَوْبًا مِنْ فَيْءِ الْمُسلمين حَتَّى إِذا أخلقه ردهَا فِيهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4019. रावय्फी बिन साबित रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स अल्लाह और आखिरत के दिन पर ईमान रखता है के मुसलमानों के माल ए गनीमत के किसी जानवर पर सवारी न करे हत्ता कि जब इसे लागीर कर दे तो उसे उस में वापस लौटा दे, और जो शख़्स अल्लाह और आखिरत के दिन पर ईमान

रखता है के मुसलमानों के माल ए गनीमत में से कोई कपड़ा न पहने हत्ता कि जब इसे पोशीदा कर दे तो उसे उस में वापस कर दे”| (हसन)

حسن ، رواہ ابوداؤد (2159)

٤٠٢٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مُحَمَّدِ بْنِ أَبِي الْمُجَالِدِ عَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ أَبِي أَوْفَى قَالَ: قُلْتُ: هَلْ كُنْتُمْ تُخَمِّسُونَ الطَّعَامَ فِي عَهْدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ قَالَ: أَصَبْنَا طَعَامًا يَوْمَ خَيْبَرَ فَكَانَ الرَّجُلُ يَجِيءُ فَيَأْخُذُ مِنْهُ مقدارَ مَا يكفيهِ ثمَّ ينْصَرف. وَرَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4020. मुहम्मद बिन अबू मुजाहिद अब्दुल्लाह बिन अबी अव्फी रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: मैंने अर्ज़ किया: क्या तुम रसूलुल्लाह ﷺ के दौर में तआम (खाना) में से भी पांचवा हिस्सा निकालते थे? उन्होंने कहा: गजवा ए खैबर में हमें खाना मिला, हर आदमी आता और वह अपने ज़रूरत के मुताबिक उस से लेता और फिर वापस चला जाता| (सहीह)

اسنادہ صحیح ، رواہ ابوداؤد (2704)

٤٠٢١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن ابنِ عُمَرَ: أَنَّ جَيْشًا غَنِمُوا فِي زَمَنِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ طَعَامًا وَعَسَلًا فَلَمْ يُؤخذْ منهمُ الْخمس. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4021. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ के ज़माने में एक लश्कर को खाना और शहद मिला तो उनमें से खुमुस न लिया गया| (सहीह)

اسنادہ صحیح ، رواہ ابوداؤد (2701)

٤٠٢٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ الْقَاسِمِ مَوْلَى عَبْدِ الرَّحْمَنِ عَنْ بَعْضِ أَصْحَابِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: كنَّا نأكلُ الجَزورَ فِي الغزْوِ وَلَا نُقَسِّمُهُ حَتَّى إِذَا كُنَّا لَنَرْجِعُ إِلَى رِحَالِنَا وأَخْرِجَتُنا مِنْهُ مَمْلُوءَة. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4022. अब्दुल रहमान के आज़ाद करदा गुलाम कासिम, नबी ﷺ के किसी सहाबी से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: हम जिहाद में ऊंट का गोश्त खाया करते थे और हम इसे तकसीम नहीं किया करते थे, हत्ता कि जब हम अपने मंजिलो को लौटते तो हमारी खुर्जिया उस से भरी होती थी| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ ابوداؤد (2706) * ابن حرشف : مجھول

٤٠٢٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُبَادَةَ بْنِ الصَّامِتِ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَقُولُ: «أَدُّوا الْخِيَاطَ وَالْمِخْيَطَ وَإِيَّاكُمْ وَالْغُلُولَ فَإِنَّهُ عَارٌ عَلَى أَهْلِهِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ الدَّارِمِيُّ

4023. उबादा बिन सामित रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ फ़रमाया करते थे: “धागा और सुई भी (माल ए गनीमत) में जमा करा दो और खयानत से बचो, क्योंकि रोज़ ए कियामत वह खयानत करने वाले के लिए बाईसे आर होगी”| (हसन)

سنده حسن ، رواه الدارمی (2 / 230 ح 2490 ، نسخة محققة : 2530)

٤٠٢٤ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ النَّسَائِيُّ عَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ

4024. इमाम नसई ने इसे “ अम्र बिन शुऐब अन अबी अन जद्दह” की सनद से रिवायत किया है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه النسائی (6 / 262264 ح 2718)

٤٠٢٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: دَنَا النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ بَعِيرٍ فَأَخَذَ وَبَرَةً مِنْ سَنَامِهِ ثُمَّ قَالَ: «يَا أَيُّهَا النَّاسُ إِنَّهُ لَيْسَ لِي مِنْ هَذَا الْفَيْءِ شَيْءٌ وَلَا هَذَا وَرَفَعَ إِصْبَعَهُ إِلَّا الْخُمُسَ وَالْخُمُسُ مَرْدُودٌ عَلَيْكُمْ فَأَدُّوا الْخِيَاطَ وَالْمِخْيَطَ» فَقَامَ رَجُلٌ فِي يَدِهِ كُبَّةٌ شَعَرٍ فَقَالَ: أَخَذْتُ هَذِهِ لِأُصْلِحَ بِهَا بَرْذَعَةً فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَمَّا مَا كَانَ لِي ولبني عبدِ المطلبِ فهوَ لكَ» . فَقَالَ: أمّا إِذا بَلَغَتْ مَا أَرَى فَلَا أَرَبَ لِي فِيهَا ونبَذَها. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4025. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: नबी ﷺ ऊंट के करीब हुए तो आप ने उसकी कोहान से एक बाल पकड़ा फिर फ़रमाया: “लोगो! इस माल ए गनीमत से मेरे लिए कोई चीज़ नहीं और यह (बाल तक) भी नहीं, आप ﷺ ने अपने ऊँगली उठाई अलबत्ता खुमुस, और खुमुस भी तुम्हे ही लौटा दीया जाएगा, तुम धागा और सुई तक जमा करा दो”, चुनांचे एक आदमी खड़ा हुआ तो उस के हाथ में बालो का एक टुकड़ा सा था, उस ने अर्ज़ किया: मैंने इसे झील को सहीह करने के लिए लिया था, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “वो चीज़ जो मेरी और बनू अब्दुल मुत्तलिब की है वह तेरे लिए है”, इस आदमी ने कहा: अगर मुआमला इस क़दर संगीन है तो मुझे उसकी कोई ज़रूरत नहीं, और उस ने इसे फेंक दिया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2694)

٤٠٢٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عمْرو بن عَبَسةَ قَالَ: صَلَّى بِنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى بَعِيرٍ مِنَ الْمَغْنَمِ فَلَمَّا سَلَّمَ أَخَذَ وَبَرَةً مِنْ جَنْبِ الْبَعِيرِ ثُمَّ قَالَ: «وَلَا يَحِلُّ لِي مِنْ غَنَائِمِكُمْ مِثْلُ هَذَا إِلَّا الْخُمُسُ وَالْخُمُسُ مَرْدُودٌ فِيكُمْ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4026. अमर बिन अबसत रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने माल ए गनीमत के ऊंट की तरफ रुख कर के हमें नमाज़ पढ़ाई, और जब आप ने सलाम फेरा तो आप ﷺ ने ऊंट के पहलु से चंद बाल पकड़े फिर फ़रमाया: “तुम्हारे अमवाल ए गनीमत में से खुमुस के अलावा मेरे लिए इतनी चीज़ भी हलाल नहीं, जबकि खुमुस भी तुम्हारे स्वालेह पर खर्च किया जाता है”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (2755)

٤٠٢٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن جُبير بنُ مُطعِمٍ قَالَ: لَمَّا قَسَمَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سَهْمَ [ص:١١٧ ذَوِي الْقُرْبَى بَيْنَ بَنِي هَاشِمٍ وَبَنِي الْمُطَّلِبِ أَتَيْتُهُ أَنَا وَعُثْمَانُ بْنُ عَفَّانَ فَقُلْنَا: يَا رَسُولَ اللَّهِ هَؤُلَاءِ إِخْوَانُنَا مِنْ بَنِي هَاشِمٍ لَا نُنْكِرُ فَضْلَهُمْ لِمَكَانِكَ الَّذِي وضعكَ اللَّهُ مِنْهُمْ أَرَأَيْتَ إِخْوَانَنَا مِنْ بَنِي الْمُطَّلِبِ أَعْطَيْتَهُمْ وَتَرَكْتَنَا وَإِنَّمَا قَرَابَتُنَا وَقَرَابَتُهُمْ وَاحِدَةً فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّمَا بَنُو هَاشِمٍ وَبَنُو الْمُطَّلِبِ شَيْءٌ وَاحِدٌ هَكَذَا» . وَشَبَّكَ بَيْنَ أَصَابِعِهِ. رَوَاهُ الشَّافِعِيُّ وَفِي رِوَايَةِ أَبِي دَاوُدَ وَالنَّسَائِيِّ نَحْوُهُ وَفِيهِ: «إِنَّا وَبَنُو الْمُطَّلِبِ لَا نَفْتَرِقُ فِي جَاهِلِيَّةٍ وَلَا إِسْلَامٍ وَإِنَّمَا نَحْنُ وَهُمْ شَيْءٌ وَاحِدٌ» وَشَبَّكَ بَيْنَ أَصَابِعه

4027. जुबेर बिन मुतअम रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ ने रिश्तेदारों का हिस्सा बनू हाशिम और बनू मुत्तलिब के दरमियान तकसीम कर दिया तो मैं और उस्मान बिन अफ्फान रदियल्लाहु अन्हु आप की खिदमत में हाज़िर हुए और हमने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! बनू हाशिम कबिले के हमारे यह भाई, आप के मक़ाम व मर्तबा की वजह से उनकी फ़ज़ीलत का हमें इनकार नहीं क्यूंकि अल्लाह ने आप को उनमें पैदा फ़रमाया, बनू मुत्तलिब के हमारे भाइयो के बारे में बताइए के आप ने उन्हें अता फरमा दिया जबकि हमें छोड़ दिया हालाँकि हमारी और उनकी क़राबत एक ही है, रसूलुल्लाह ﷺ ने यह सुन कर अपनी उंगलियों को एक दूसरी में दाखिल कर के फ़रमाया: “बनू हाशिम और बनू मुत्तलिब इस तरह एक चीज़ है”| शाफ़ई अबू दावुद और नसई की रिवायत इसी तरह है, और इस में है: हम और बनू मुत्तलिब ने तो दौरे जाहिलियत में अलग थे और न इस्लाम में अलग है, और हम और वह एक चीज़ है, आप ﷺ ने अपने एक हाथ की उंगलिया दूसरे हाथ की उंगलियों मैं डाली| (हसन)

حسن ، رواه الشافعی فی الام (4 / 146 و سنده ضعيف)و ابوداؤد (2980 وهو حديث صحيح) و النسائی (7 / 130 ح 4142 وهو حديث حسن) [و اصله عند البخاری (4229)]

بَابُ قِسْمَةِ الْغَنَائِمِ وَالْغُلُولِ فِيهَا • माल ए गनीमत की तकसीम और इस में खयानत करने का बयान

الْفَصْلُ الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٤٠٢٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ عَوْفٍ قَالَ: إِنِّي وَاقِفٌ فِي الصَّفِّ يَوْمَ بَدْرٍ فَنَظَرْتُ عَنْ يَمِينِي وَعَنْ شِمَالِي فَإِذَا بِغُلَامَيْنِ مِنَ الْأَنْصَارِ حَدِيثَة أسنانها فتمنيت أَنْ أَكُونَ بَيْنَ أَضْلَعَ مِنْهُمَا فَغَمَزَنِي أَحَدُهُمَا فَقَالَ: يَا عَمِّ هَلْ تَعْرِفُ أَبَا جَهْلٍ؟ قُلْتُ: نَعَمْ فَمَا حَاجَتُكَ إِلَيْهِ يَا ابْنَ أَخِي؟ قَالَ: أُخْبِرْتُ أَنَّهُ يَسُبُّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ لَئِنْ رَأَيْتُهُ لَا يُفَارِقُ سَوَادِي سَوَادَهُ حَتَّى يَمُوتَ الْأَعْجَلُ مِنَّا فَتَعَجَّبْتُ لِذَلِكَ قَالَ: وَغَمَزَنِي الْآخَرُ فَقَالَ لِي مِثْلَهَا فَلَمْ أَنْشَبْ أَنْ نَظَرْتُ إِلَى أَبِي جَهْلٍ يَجُولُ فِي النَّاسِ فَقُلْتُ: أَلَا تَرَيَانِ؟ هَذَا صَاحِبُكُمَا الَّذِي تَسْأَلَانِي عَنْهُ قَالَ: فابتدراه بسيفهما فَضَرَبَاهُ حَتَّى قَتَلَاهُ ثُمَّ انْصَرَفَا إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فأخبراهُ فَقَالَ: «أَيُّكُمَا قَتَلَهُ؟» فَقَالَ كُلُّ وَاحِدٍ مِنْهُمَا: أَنَا قتله فَقَالَ: «هلْ مسحتُما سيفَيكما؟» فَقَالَا: لَا فَنَظَرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى السَّيْفَيْنِ فَقَالَ: «كِلَاكُمَا قَتَلَهُ» . [ص:١١٧ وَقَضَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِسَلَبِهِ لِمُعَاذِ بن عَمْرِو بن الْجَمُوحِ وَالرَّجُلَانِ: مُعَاذُ بْنُ عَمْرِو بْنِ الْجَمُوحِ ومعاذ بن عفراء

4028. अब्दुल रहमान बिन ऑफ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं गज़वा ए बद्र के रोज़ सफ में खड़ा था,मैंने अपनी दाएँ बाएँ देखा तो मैं अंसार के दो नौ उमर लड़को के दरमियान था, मैंने तमन्ना की मैं इन दोनों से ज़्यादा क़वी आदमियों के दरमियान होता, इतने में इन में से एक ने मुझे इरशाद करते हुए पूछा: चचा जान! आप अबू जहल को जानते हैं? मैंने कहा: हाँ लेकिन भतीजे तुम्हें उस से क्या काम? उस ने कहा: मुझे पता चला है के वह रसूलुल्लाह ﷺ को गालिया देता है, उस ज़ात की क़सम जिसके हाथ में मेरी जान है! अगर मैंने इसे देख लिया तो मैं अलग नहीं होऊंगा हत्ता के हम से जल्द अजल (मौत) को पहुँचने वाला फौत हो जाए, उसकी इस बात से मुझे बहोत ताज्जुब हुआ, बयान करते हैं, फिर दूसरे ने मुझे इरशाद किया और उस ने भी मुझ से वही बात की, इतने में मैंने अबू जहल को लोगों में चक्कर लगाते हुए देखा तो मैंने कहा: क्या तुम देख नहीं रहे यह वही शख़्स है जिसके बारे में तुम मुझ से पूछ रहे थे, वह बयान करते हैं, वह दोनों अपने तलवारों के साथ उसकी तरफ लपके और उस पर वार किया हत्ता कि उन्होंने इसे क़त्ल कर दिया, फिर वह रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में आए और आप को बताया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुम में से किस ने इसे क़त्ल किया है?" इन दोनों में से हर एक ने कहा: मैंने इसे क़त्ल किया है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "क्या तुम ने अपने तलवारे साफ़ कर ली है?" उन्होंने अर्ज़ किया: नहीं, चुनान्चे आप ﷺ ने दोनों की तलवारे देख कर फ़रमाया: "तुम दोनों ने इसे क़त्ल किया है", और रसूलुल्लाह ﷺ ने अबू जहल के साज़ो सामान के मुतल्लिक मुआज़ बिन अम्र बिन जमूह के हक़ में फैसला फ़रमाया, जबकि वह दोनों आदमी (लड़के) मुआज़ बिन अम्र बिन जमूह और मुआज़ बिन इफराअ थे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (3141) و مسلم (42 / 1752)، (4569)

٤٠٢٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ بَدْرٍ: «مَنْ يَنْظُرُ لَنَا مَا صَنَعَ أَبُو جَهْلٍ؟» فَانْطَلَقَ ابْنُ مَسْعُودٍ فَوَجَدَهُ قَدْ ضَرَبَهُ ابْنَا عَفْرَاءَ حَتَّى بَرَدَ قَالَ: فَأَخَذَ بِلِحْيَتِهِ فَقَالَ: أَنْتَ أَبُو جَهْلٍ فَقَالَ: وَهَلْ فَوْقَ رَجُلٍ قَتَلْتُمُوهُ. وَفِي رِوَايَةٍ: قَالَ: فَلَوْ غَيْرُ أَكَّارٍ قتلني

4029. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, बद्र के दिन रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कौन देख कर हमें यह बताएगा के अबू जहल किस हालत में है?” इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु गई तो उन्होंने देखा के इफराअ के दोनों बेटो ने उस पर हमला किया है जिस की वजह से वह ठंडा (करिबुल मर्ग़) हो गया है, रावी बयान करते हैं, उन्होंने इसे दाढ़ी से पकड़ कर कहा: तो अबू जहल है? उस ने कहा तुमने एक आदमी ही तो क़त्ल किया है? एक दूसरी रिवायत में है: उस ने कहा काश कोई गैर काश्तकार मुझे क़त्ल करता| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (4020) و مسلم (118 / 1800)، (4662)

٤٠٣٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ سَعْدِ بْنِ أَبِي وَقَّاصٍ قَالَ: أَعْطَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَهْطًا وَأَنَا جَالِسٌ فَتَرَكَ رَسُولُ اللَّهِ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم مِنْهُم رَجُلًا وَهُوَ أَعْجَبُهُمْ إِلَيَّ فَقُمْتُ فَقُلْتُ: مَا لَكَ عَنْ فُلَانٍ؟ وَاللَّهِ إِنِّي لَأُرَاهُ مُؤْمِنًا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَوْ مُسلما» ذكر سَعْدٌ ثَلَاثًا وَأَجَابَهُ بِمِثْلِ ذَلِكَ ثُمَّ قَالَ: «إِنِّي لَأُعْطِي الرَّجُلَ وَغَيْرُهُ أَحَبُّ إِلَيَّ مِنْهُ خَشْيَةَ أَنْ يُكَبَّ فِي النَّارِ عَلَى وَجْهِهِ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَفِي رِوَايَةٍ لَهُمَا: قَالَ الزُّهْرِيُّ: فترى: أَن الْإِسْلَام الْكَلِمَة وَالْإِيمَان الْعَمَل الصَّالح

4030. साद बिन अबी वकास रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने एक जमाअत को कुछ दीया और मैं बैठा हुआ था, रसूलुल्लाह ﷺ ने उनमें से एक आदमी को छोड़ दीया वह मुझे उनमें से ज़्यादा पसंदीदा था, चुनांचे में खड़ा हुआ और अर्ज़ किया: फलां शख़्स के बारे में आप का क्या ख़याल है? अल्लाह की क़सम! मैं उसे मोमिन समझता हूँ, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बल्के (में इसे) मुसलमान (समझता हु)”, साद रदियल्लाहु अन्हु ने तीन बार ऐसे ही अर्ज़ किया, और आप ने उन्हें ऐसे ही जवाब इरशाद फ़रमाया, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक में आदमी को देता हूँ, जबकि दूसरा शख़्स (जिसे में नहीं देता) उसकी निस्बत मुझे ज़्यादा प्यारा होता है, इस अंदेशे के पेशे नज़र देता हूँ कि वह अपने चेहरे के बल जहन्नम में न डाला जाए”| और सहीहैन की रिवायत में है इमाम ज़ुहरी (रह) ने फ़रमाया: हम समझते है की इस्लाम कलिमा है जबकि ईमान अमल ए स्वालेह है| (मुत्तफ़क़ अलैह,मुस्लिम)

متفق عليه ، رواه البخاری (27) و مسلم (237 / 150)، (379)

٤٠٣١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَامَ يَعْنِي يَوْمَ بَدْرٍ فَقَالَ: «إِنَّ عُثْمَانَ انْطَلَقَ فِي حَاجَةِ اللَّهِ وَحَاجَةِ رَسُولِهِ وَإِنِّي أُبَايِعُ لَهُ» فَضَرَبَ لَهُ رسولُ الله بِسَهْمٍ وَلَمْ يَضْرِبْ بِشَيْءٍ لِأَحَدٍ غَابَ غَيْرَهُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4031. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के गज़वा ए बद्र के रोज़ रसूलुल्लाह ﷺ खड़े हुए और फ़रमाया: “बेशक उस्मान, अल्लाह और उस के रसूल के काम से गए हुए हैं, और मैं इन की बैत करता हूँ, फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने इन के लिए हिस्सा मुकर्रर फ़रमाया, जबकि आप ने उन के अलावा किसी और गैर हाज़िर शख़्स के लिए हिस्सा मुकर्रर नहीं फरमाया| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (2726)

٤٠٣٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن رافعِ بن خديجٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَجْعَلُ فِي قَسْمِ الْمَغَانِمِ عَشْرًا مِنَ الشَّاءِ بِبَعِيرٍ. رَوَاهُ النَّسَائِيّ

4032. राफीअ बिन ख़दीज रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ माले गनीमत की तकसीम में एक ऊंट के बदले में दस बकरिया मुकर्रर फ़रमाया करते थे| (सहीह)

صحيح ، رواه النسائی (7 / 221 ح 4396) [و اصله متفق علیه (البخاری : 2488 و مسلم : 1968)، (5093)]

٤٠٣٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " غَزَا نَبِيٌّ مِنَ الْأَنْبِيَاءِ فَقَالَ لِقَوْمِهِ: لَا يَتْبَعْنِي رَجُلٌ مَلَكَ بُضْعَ امْرَأَةٍ وَهُوَ يُرِيدُ أَنْ يَبْنِيَ بِهَا وَلَمَّا يَبْنِ بِهَا وَلَا أَحَدٌ بَنَى بُيُوتًا وَلَمْ يَرْفَعْ سُقُوفَهَا وَلَا رَجُلٌ اشْتَرَى غَنَمًا أَوْ خَلِفَاتٍ [ص:١١٧ وَهُوَ يَنْتَظِرُ وِلَادَهَا فَغَزَا فَدَنَا مِنَ الْقَرْيَةِ صَلَاةَ الْعَصْرِ أَوْ قَرِيبًا مِنْ ذَلِكَ فَقَالَ لِلشَّمْسِ: إِنَّكِ مَأْمُورَةٌ وَأَنَا مَأْمُورٌ اللَّهُمَّ احْبِسْهَا عَلَيْنَا فَحُبِسَتْ حَتَّى فَتَحَ اللَّهُ عَلَيْهِ فَجَمَعَ الْغَنَائِمَ فَجَاءَتْ يَعْنِي النَّارَ لِتَأْكُلَهَا فَلَمْ تَطْعَمْهَا فَقَالَ: إِنَّ فِيكُمْ غُلُولًا فَلْيُبَايِعْنِي مِنْ كُلِّ قَبِيلَةٍ رَجُلٌ فَلَزِقَتْ يدُ رجلٍ بِيَدِهِ فَقَالَ: فِيكُم الغُلولُ فجاؤوا بِرَأْسٍ مِثْلِ رَأْسِ بَقَرَةٍ مِنَ الذَّهَبِ فَوَضَعَهَا فَجَاءَتِ النَّارُ فَأَكَلَتْهَا ". زَادَ فِي رِوَايَةٍ: «فَلَمْ تَحِلَّ الْغَنَائِمُ لِأَحَدٍ قَبْلَنَا ثُمَّ أَحَلَّ اللَّهُ لَنَا الْغَنَائِمَ رَأَى ضَعْفَنَا وَعَجْزَنَا فَأَحَلَّهَا لَنَا»

4033. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अंबिया अलैहिस्सलाम में से किसी एक नबी ने जिहाद किया तो उन्होंने अपने कौम से फ़रमाया: वह शख़्स मेरे साथ न जाए जिस ने शादी की और वह इसे अपने घर लाना चाहता है मगर वह इसे ताहाल अपने घर नहीं ला सका और वह शख़्स भी मेरे साथ न जाए जिस ने घर बनाया और उस ने उसकी छते बुलंद नहीं की, और न वह शख़्स मेरे साथ जाए जिस ने बकरी या हामिला ऊंटनी खरीदी है और वह उस के बच्चे का मुन्तज़र है, उन्होंने जिहाद का इरादा किया, और वह नमाज़ ए असर या उस के करीब इस बस्ती के करीब पहुंचे (जिस के साथ जिहाद करना था) और उन्होंने सूरज से फ़रमाया: तू भी मामूर है और मैं भी मामूर हूँ, ऐ अल्लाह! इसे ठहरा दे, लिहाज़ा इसे ठहरा दिया गया हत्ता के अल्लाह ने उन्हें फतह अता फरमाई, उन्होंने माले गनीमत जमा किया, आग इसे जलाने के लिए आई मगर उस ने इसे न जलाया, उन्होंने ने फ़रमाया: तुम में से कोई खाईन है, हर कबिले से एक आदमी मेरी बैत करे, एक आदमी का हाथ उन के हाथ के साथ चिमट गया, नबी ने फ़रमाया: तुम में खाईन है, वह गाय के सर के बराबर सोने का एक सर लाए और इसे माल ए गनीमत में रखा गया, फिर आग आई और इसे खा गई| और एक

रिवायत में यह ज़्यादा नकल किया है: “हम से पहले माल ए गनीमत किसी के लिए हलाल नहीं था, फिर अल्लाह ने हमारे लिए माल ए गनीमत हलाल फरमा दिया, उस ने हमारी कमज़ोरी और आजिज़ी देखी तो उसे हमारे लिए हलाल करार दे दिया”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3124) و مسلم (32 / 1747)، (4555)

٤٠٣٤ - (صَحِيح) وَعَن ابْن عَبَّاس قَالَ: حَدثنِي عمر قَالَ: لَمَّا كَانَ يَوْمَ خَيْبَرَ أَقْبَلَ نَفَرٌ مِنْ صَحَابَةِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالُوا: فُلَانٌ شَهِيدٌ وَفُلَانٌ شَهِيدٌ حَتَّى مَرُّوا عَلَى رَجُلٍ فَقَالُوا: فُلَانٌ شَهِيدٌ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كَلَّا إِنِّي رَأَيْتُهُ فِي النَّارِ فِي بُرْدَةٍ غَلَّهَا أَوْ عَبَاءَةٍ» ثُمَّ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " يَا ابْنَ الْخَطَّابِ اذْهَبْ فَنَادِ فِي النَّاسِ: أَنَّهُ لَا يَدْخُلُ الْجَنَّةَ إِلَّا الْمُؤْمِنُونَ ثَلَاثًا " قَالَ: فَخَرَجْتُ فَنَادَيْتُ: أَلَا إِنَّهُ لَا يَدْخُلُ الْجَنَّةَ إِلَّا الْمُؤْمِنُونَ ثَلَاثًا. رَوَاهُ مُسلم

4034. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, उमर रदियल्लाहु अन्हु ने मुझे हदीस बयान की, उन्होंने ने फ़रमाया: जब गजवा ए खैबर का दिन थे तो नबी ﷺ के सहाबा की एक जमाअत आई और उन्होंने कहा: फलां शहीद है, फलां शहीद है, हत्ता के वह एक शख़्स के पास से गुज़रे तो उन्होंने कहा: फलां शहीद है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हरगिज़ नहीं, मैंने इसे एक चादर की वजह से, जो उस ने खयानत की थी, जहन्नम में देखा है” फिर फ़रमाया: “इब्ने खत्ताब! जाओ और तीन बार एलान आम कर दो की जन्नत में (कामिल(सर्वोत्तम)) मोमिन दाखिल होंगे”, वह बयान करते हैं, मैं निकला और तीन बार ऐलान किया: सुन लो! जन्नत में सिर्फ मोमिन ही जाएँगे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (182 / 114)، (309)

• بَاب الْجِزْيَة — जिज़िया का बयान

• الْفَصْل الأول — पहली फस्ल

٤٠٣٥ - (صَحِيح) عَن بَجالَةَ قَالَ: كُنْتُ كَاتِبًا لِجَزْءِ بْنِ مُعَاوِيَةَ عَمِّ الْأَحْنَفِ فَأَتَانَا كِتَابُ عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَبْلَ مَوْتِهِ بِسَنَةٍ: فَرِّقُوا بَيْنَ كُلِّ ذِي مَحْرَمٍ مِنَ الْمَجُوسِ وَلَمْ يَكُنْ عُمَرُ أَخَذَ الْجِزْيَةَ مِنَ الْمَجُوسِ حَتَّى شَهِدَ عَبْدُ الرَّحْمَنِ بْنُ عَوْفٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَخَذَهَا مِنْ مَجُوسِ هجَرَ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ»» وذُكرَ حديثُ بُريدة: إِذَا أَمَّرَ أَمِيرًا عَلَى جَيْشٍ فِي «بَابِ الْكتاب إِلَى الْكُفَّار»

4035. बजालह रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मैं अह्नफ़ के चचा जज़्अ बिन मुआविया का कातिब (मुंशी) था, उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु की वफात से एक साल पहले इन की तरफ से हमारे पास एक ख़त आया की मजुसियो के हर इस जोड़े के दरमियान अलायेदगी करो जो आपस में एक दूसरे के महरम हो, और उमर

रदियल्लाहु अन्हु मजुसियो से जिज़िया नहीं लेते थे हत्ता के अब्दुल रहमान बिन ऑफ रदियल्लाहु अन्हु ने गवाही दी के रसूलुल्लाह ﷺ ने हजर के मजुसियो से जिज़िया लिया था| # और बुरैदाह (र) से मरवी हदीस " जब किसी अमीर को किसी लश्कर पर मुकर्रर फरमाते ....", (بَابِ الْكتاب إِلى الْكفَّار) कुफ्फ़ार के नाम ख़त लिखने और इन्हें इस्लाम की तरफ दावत देने का बयान में ज़िक्र की गई है (बुखारी)

رواه البخارى (3156) 0 حديث بريدة ، تقدم (3929)

بَاب الْجِزْيَة • जिज़िया का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٤٠٣٦ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ مُعَاذٍ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمَّا وَجَّهَهُ إِلَى الْيَمَنِ أَمْرَهُ أَنْ يَأْخُذَ مِنْ كُلِّ حَالِمٍ يَعْنِي مُحْتَلِمٍ دِينَارًا أَوْ عَدْلَهُ مِنَ الْمَعَافِرِيِّ: ثِيَابٌ تَكُونُ بِالْيمن. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4036. मुआज़ रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि जब रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें यमन की तरफ भेजा तो उन्हें हर बालिग़ शख़्स से एक दीनार या उस के मसावी मआफरी कपड़ा जो के यमन में होता है, लेने का हुक्म फ़रमाया| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3038) [و الترمذى (623) و النسائى (2455) و ابن ماجه (1803)] * الاعمش مدلس و عنعن

٤٠٣٧ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَصْلُحُ قِبْلَتَانِ فِي أَرْضٍ وَاحِدَةٍ وَلَيْسَ عَلَى الْمُسْلِمِ جِزْيَةٌ» . رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

4037. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "एक मुल्क में दो कबिले (यानी दीन) दुरुस्त नहीं और न किसी मुसलमान पर जिज़िया है"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (1 / 223 ح 1949) و الترمذى (633) و ابوداؤد (3053) * فيه يزيد بن ابى زياد : ضعيف و للحديث شواهد ضعيفة ، منها طريق احمد (1 / 253 ، 313)

٤٠٣٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أنس قَالَ: بَعَثَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خَالِدَ بْنَ الْوَلِيدِ إِلَى أُكَيْدِرِ دُومَةَ فَأَخَذُوهُ فَأَتَوْا بِهِ فَحَقَنَ لَهُ دَمَهُ وَصَالَحَهُ على الْجِزْيَة. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4038. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने खालिद बिन वलीद रदियल्लाहु अन्हु को दव्म

के बादशाह उकैदिर की तरफ भेजा, वह इसे गिरफ्तार कर के आप की खिदमत में ले आए, आप ﷺ ने उसकी जान बख्शी फरमा दिया और फरीकैन के बिच में जिज़िया पर सुलह हो गई| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه ابوداؤد (3037) * محمد بن اسحاق عنعن

٤٠٣٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ حَرْبِ بْنِ عُبَيْدِ اللَّهِ عَنْ جَدِّهِ أبي أمّه عَنْ أَبِيهِ أَنَّ [ص:١١٨ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّمَا الْعُشُورُ عَلَى الْيَهُودِ وَالنَّصَارَى وَلَيْسَ عَلَى الْمُسْلِمِينَ عُشُورٌ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ

4039. हरबी बिन उबैदुल्लाह अपने नाना से और वह अपने बाप से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “महसूल तो यहूद व नसारा पर है, मुसलमानों पर गुशुर नहीं”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه احمد (3 / 474 ح 15992) و ابوداؤد (3048) * سفیان الثوری مدلس و عنعن و رجل من بکر بن وائل ، لعله حرب و الا فمجهول

٤٠٤٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُقْبَةَ بْنِ عَامِرٍ قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّا نَمُرُّ بِقَوْمٍ فَلَا هُمْ يُضَيِّفُونَا وَلَا هُمْ يُؤَدُّونَ مَا لنا عَلَيْهِم منَ الحقِّ وَلَا نَحْنُ نَأْخُذُ مِنْهُمْ. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنْ أَبَوْا إِلَّا أَنْ تأخُذوا كُرهاً فَخُذُوا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

4040. उक्बा बिन आमिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! हम किसी कौम के पास से गुज़रते है तो वह न तो हमारी मेहमान नवाज़ी करते हैं और न वह हमारा वह हक़ देते हैं जो इन पर लगाया होता है और हम भी उन से अपना हक़ (ज़बरदस्ती) हासिल नहीं करते, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर वह इनकार करे और तुम्हें ज़बरदस्ती लेना पड़े तो लो”| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (1589)

जिज़िया का बयान — بَاب الْجِزْيَة

तीसरी फस्ल — الْفَصْل الثَّالِث

٤٠٤١ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَسْلَمَ أَنَّ عُمَرَ بْنَ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ ضَرَبَ الْجِزْيَةَ عَلَى أَهْلِ الذَّهَبِ أربعةَ دنانيرَ وعَلى أهلِ الوَرِقِ أَرْبَعِينَ دِرْهَمًا مَعَ ذَلِكَ أَرْزَاقُ الْمُسْلِمِينَ وَضِيَافَةُ ثلاثةِ أيامٍ. رَوَاهُ مَالك

4041. असलम से रिवायत है के उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु ने सोने वालो पर चार दीनार और चाँदी

वालो पर चालीस दिरहम जिज़िया मुकर्रर फ़रमाया, उस के साथ साथ मुसलमानों की ज़ुरुरियात जिंदगी और तीन दीन की खाना| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه مالك (1 / 279 ح 623)

بَاب الصُّلْح • सुलह का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٤٠٤٢ - (صَحِيح) عَنِ الْمِسْوَرِ بْنِ مَخْرَمَةَ وَمَرْوَانَ بْنِ الْحَكَمِ قَالَا: خَرَجَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَامَ الْحُدَيْبِيَةِ فِي بِضْعَ عَشْرَةَ مِائَةً مِنْ أَصْحَابِهِ فَلَمَّا أَتَى ذَا الْحُلَيْفَةِ قَلَّدَ الْهَدْيَ وَأَشْعَرَ وَأَحْرَمَ مِنْهَا بِعُمْرَةٍ وَسَارَ حَتَّى إِذَا كَانَ بِالثَّنِيَّةِ الَّتِي يُهْبَطُ عَلَيْهِمْ مِنْهَا بَرَكَتْ بِهِ رَاحِلَتُهُ فَقَالَ النَّاسُ: حَلْ حَلْ خَلَأَتِ الْقَصْوَاءُ خلأت الْقَصْوَاء فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا خَلَأَتِ الْقَصْوَاءُ وَمَا ذَاكَ لَهَا بِخُلُقٍ وَلَكِنْ حَبَسَهَا حَابِسُ الْفِيلِ» ثُمَّ قَالَ: «وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ لَا يَسْأَلُونِي خُطَّةً يُعَظِّمُونَ فِيهَا حُرُمَاتِ اللَّهِ إِلَّا أَعْطَيْتُهُمْ إِيَّاهَا» ثُمَّ زَجَرَهَا فَوَثَبَتْ فَعَدَلَ عَنْهُمْ حَتَّى نَزَلَ بِأَقْصَى الْحُدَيْبِيَةِ عَلَى ثَمَدٍ قَلِيلِ الْمَاءِ يَتَبَرَّضُهُ النَّاسُ تَبَرُّضًا فَلَمْ يَلْبَثْهُ النَّاسُ حَتَّى نَزَحُوهُ وَشُكِيَ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْعَطَشَ فَانْتَزَعَ سَهْمًا مِنْ كِنَانَتِهِ ثُمَّ أَمَرَهُمْ أَنْ يَجْعَلُوهُ فِيهِ فو الله مَا زَالَ يَجِيشُ لَهُمْ بِالرِّيِّ حَتَّى صَدَرُوا عَنْهُ فَبَيْنَا هُمْ كَذَلِكَ إِذْ جَاءَ بُدَيْلُ بْنُ وَرْقَاءَ الخزاعيُّ فِي نفرٍ مِنْ خُزَاعَةَ ثُمَّ أَتَاهُ عُرْوَةُ بْنُ [ص:١١٨ مَسْعُودٍ وَسَاقَ الْحَدِيثَ إِلَى أَنْ قَالَ: إِذْ جَاءَ سُهَيْلُ بْنُ عَمْرٍو فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " اكْتُبْ: هَذَا مَا قَاضَى عَلَيْهِ مُحَمَّدٌ رَسُولُ اللَّهِ ". فَقَالَ سُهَيْلٌ: وَاللَّهِ لَوْ كُنَّا نَعْلَمُ أَنَّكَ رَسُولُ اللَّهِ مَا صَدَدْنَاكَ عَنِ الْبَيْتِ وَلَا قَاتَلْنَاكَ وَلَكِنِ اكْتُبْ: مُحَمَّدَ بْنَ عَبْدِ اللَّهِ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " وَاللَّهِ إِنِّي لَرَسُولُ اللَّهِ وَإِنْ كَذَّبْتُمُونِي اكْتُبْ: مُحَمَّدَ بْنَ عَبْدِ اللَّهِ " فَقَالَ سُهَيْلٌ: وَعَلَى أَنْ لَا يَأْتِيَكَ مِنَّا رَجُلٌ وَإِنْ كَانَ على دينِكَ إِلاَّ رددْتَه علينا فَلَمَّا فَرَغَ مِنْ قَضِيَّةِ الْكِتَابِ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِأَصْحَابِهِ: «قُومُوا فَانْحَرُوا ثُمَّ احْلِقُوا» ثُمَّ جَاءَ نِسْوَةٌ مُؤْمِنَاتٌ فَأَنْزَلَ اللَّهُ تَعَالَى: (يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا إِذا جاءكُم المؤمناتُ مهاجِرات)»» الْآيَةَ. فَنَهَاهُمُ اللَّهُ تَعَالَى أَنْ يَرُدُّوهُنَّ وَأَمَرَهُمْ أَنْ يَرُدُّوا الصَّدَاقَ ثُمَّ رَجَعَ إِلَى الْمَدِينَةِ فَجَاءَهُ أَبُو بَصِيرٍ رَجُلٌ مِنْ قُرَيْشٍ وَهُوَ مُسْلِمٌ فَأَرْسَلُوا فِي طَلَبِهِ رَجُلَيْنِ فَدَفَعَهُ إِلَى الرَّجُلَيْنِ فَخَرَجَا بِهِ حَتَّى إِذَا بَلَغَا ذَا الْحُلَيْفَةِ نَزَلُوا يَأْكُلُونَ مِنْ تَمْرٍ لَهُمْ فَقَالَ أَبُو بَصِيرٍ لِأَحَدِ الرَّجُلَيْنِ: وَاللَّهِ إِنِّي لَأَرَى سَيْفَكَ هَذَا يَا فُلَانُ جَيِّدًا أَرِنِي أَنْظُرْ إِلَيْهِ فَأَمْكَنَهُ مِنْهُ فَضَرَبَهُ حَتَّى بَرَدَ وَفَرَّ الْآخَرُ حَتَّى أَتَى الْمَدِينَةَ فَدَخَلَ الْمَسْجِدَ يَعْدُو فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَقَدْ رأى هَذَا ذُعراً» فَقَالَ: قُتِلَ واللَّهِ صَحَابِيّ وَإِنِّي لَمَقْتُولٌ فَجَاءَ أَبُو بَصِيرٍ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «وَيْلَ أُمِّهِ مِسْعَرَ حَرْبٍ لَوْ كَانَ لَهُ أَحَدٌ» فَلَمَّا سَمِعَ ذَلِكَ عَرَفَ أَنَّهُ سَيَرُدُّهُ إِلَيْهِمْ فَخَرَجَ حَتَّى أَتَى سِيفَ الْبَحْرِ قَالَ: وَانْفَلَتَ أَبُو جَنْدَلِ بْنُ سُهَيْلٍ فَلَحِقَ بِأَبِي بَصِيرٍ فَجَعَلَ لَا يَخْرُجُ مِنْ قُرَيْشٍ رَجُلٌ قَدْ أَسْلَمَ إِلَّا لَحِقَ بِأَبِي بَصِيرٍ حَتَّى اجْتَمَعَتْ مِنْهُمْ عِصَابَةٌ فو الله مَا يَسْمَعُونَ بِعِيرٍ [ص:١١٨ خَرَجَتْ لِقُرَيْشٍ إِلَى الشَّامِ إِلَّا اعْتَرَضُوا لَهَا فَقَتَلُوهُمْ وَأَخَذُوا أَمْوَالَهُمْ فَأَرْسَلَتْ قُرَيْشٌ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تُنَاشِدُهُ اللَّهَ وَالرَّحِمِ لَمَّا أَرْسَلَ إِلَيْهِمْ فَمَنْ أَتَاهُ فَهُوَ آمِنٌ فَأَرْسَلَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وسلم إِلَيْهِم. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

4042. मिस्वर बिन मखरम और मरवान बिन हकम रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, नबी ﷺ सुलह हुदैबिया के साल अपने हज़ार से चंद संकिरे ज़्यादा सहाबा के साथ रवाना हुए, जब आप ﷺ ज़ुल हलिफा पहुंचे तो आप ﷺ ने कुर्बानी के जानवरों के गले में कलादह डाला, कुर्बानी का निशान लगाया और इसी जगह से उमरा का इहराम बांधा, और चल पड़े हत्ता कि जब आप सबिया पर पहुंचे जहाँ से उतर कर अहले मक्का तक पहुंचा जाता था, वहां आप की सवारी आप को लेकर बैठ गई, लोगों ने हल हल कह कर उठाने की कोशिश की और कहा के कसवाअ किसी उज़्र के बगैर उड़ी कर गई, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “कसवाअ ने उड़ी नहीं की और उस का यह मिज़ाज भी नहीं, लेकिन हाथियों को रोकने वाले ने इसे रोक लिया है”, फिर f: “उस ज़ात की क़सम जिसके हाथ में मेरी जान है! वह अल्लाह की हुरुमात की ताज़ीम करने के मुतल्लिक मुझ से जो मुतालबा करेंगे में वही तस्लीम कर लूँगा”, फिर आप ने ऊंटनी को डांटा और वह तेज़ी के साथ उठ खड़ी हुई, आप अहले मक्का की गुज़र गाह छोड़ कर हुदैबिया के आखिरी किनारे पर उतरे जहाँ बराए नाम पानी था, लोग वहां से ठहरा ठहरा पानी हासिल करने लगे और थोड़ी देर में उन्होंने सारा पानी इस कुंवो से खींच लिया और रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में प्यास की शिकायत की तो आप ने अपनी तरकशी से तीर निकाला, फिर उन्हें हुक्म फ़रमाया के वह इसे इस (पानी) में रख दें, अल्लाह की क़सम! इन के लिए पानी खूब उबलता रहा हत्ता के वह इस जगह से अस्वदा हो कर वापस हुए, वह इसी असना में थे की हदिल बिन वरका अल ख़ज़ाई खुज़ाअत के कुछ लोगों के साथ आया, फिर उरवा बिन मसउद आप ﷺ के पास आया, और हदीस को आगे बयान किया, के सुहैल बिन अम्र आया तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “लिखो यह वह मुआयदा है जिस पर मुहम्मद रसूलुल्लाह ﷺ ने सुलह की”, (इस पर) सुहैल ने कहा: अगर हमें यकीन होता के आप अल्लाह के रसूल हैं, तो हम आप को बैतुल्लाह से क्यों रोकते और आप से किताल क्यों करते? बल्कि आप मुहम्मद बिन अब्दुल्लाह लिखे, रावी बयान करते हैं, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह की क़सम! मैं अल्लाह का रसूल हूँ अगरचे तुमने मेरी तकज़ीब की है, (अच्छा) लिखो मुहम्मद बिन अब्दुल्लाह, फिर सुहैल ने कहा: और इस शर्त पर मुआयदा है के अगर हमारी तरफ से कोई आदमी, ख्वाह वह आप के दीन पर हो, आप के पास आएगा, आप इसे हमें लौटाएंगे, जब तहरीर से फारिग़ हुए तो रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने सहाबा से फ़रमाया: “खड़े हो जाओ कुर्बानी करो, फिर सर मुंडाओ”, फिर मोमिन औरते आई तो अल्लाह तआला ने यह आयत नाज़िल फरमाई: “इसे अहले ईमान जब मोमिन औरते हिजरत कर के आप के पास आए ....”, अल्लाह तआला ने उन्हें मना फ़रमाया के वह उन (मोमिन औरतो) को (कुफ्फार की तरफ) वापस न करे और उन्हें हुक्म फ़रमाया के वह हक़ महर वापस कर दे, फिर आप मदीना तशरीफ़ ले आए तो कुरैश के अबू बसीर, जो के मुसलमान थे, आप ﷺ की खिदमत में पहुँच गए, कुरैश ने उनकी तलाश में दो आदमी भेजे तो आप ﷺ ने उन्हें उन के हवाले कर दिया, वह उन्हें लेकर वहां से रवाना हुए हत्ता के जब वह ज़ुल हलिफा के मक़ाम पर पहुंचे तो उन्होंने वहां पड़ाव डाला और खजूरे खाने लगे, अबू बसीर रदियल्लाहु अन्हु ने इन दोनों में से एक से कहा: ए फलां! अल्लाह की क़सम! तुम्हारी यह तलवार बहोत उम्दा है, मुझे दिखाओ मैं भी देखूं, इस शख़्स ने इनको (तलवार) दे दी तो उन्होंने इसे एक ऐसी ज़र्ब लगाईं के उस का काम तमाम कर दिया जबकि दूसरा फरार हो कर मदीना पहुँच गया और दोड़ता हुआ मस्जिद ए नबवी में दाखिल हो गया, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “इस शख़्स ने कोई खौफ ज़दाह मंजर देखा है”, और उस ने कहा: अल्लाह की क़सम! मेरा साथी क़त्ल कर दिया गया है और मैं क़त्ल किया की जाने वाला हूँ, इतने में अबू बसीर भी आ गए तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “उस की माँ बर्बाद हो, अगर साथी मिल जाए तो यह लड़ाई की आग भड़का देगा”, जब उन्होंने सुना तो वह समझ गए के आप मुझे उन

के हवाले कर देंगे, वह वहां से निकल कर साहिल समुन्दर पर गए, रावी बयान करते हैं, अबू जिंदल बिन सहल रदियल्लाहु अन्हु भी (मक्के से) भागे और अबू बसीर से आ मिले, अब कुरैश का जो भी आदमी इस्लाम ला कर भागता तो वह अबू बसीर से आ मिलता हत्ता के उनकी एक जमाअत बन गई, अल्लाह की क़सम! इनको मुल्क ए शाम के लिए रवाना होने वाले किसी भी कुरैश काफले का पता चलता तो वह उस से छेड़ छाड़ करते, उन्हें क़त्ल करते और उनका माल छीन लेते, कुरैश ने नबी ﷺ को अल्लाह और रिश्तेदारी का वास्ते देते हुए यह पैग़ाम भेजा के आप उन्हें अपने पास बुला लें, अब जो शख़्स आप के पास जाए तो वह मामून रहेगा (इस पर) नबी ﷺ ने उन्हें अपने पास बुला भेजा| (बुखारी)

رواه البخاری (1694)

٤٠٤٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ الْبَرَاءِ بْنِ عَازِبٍ قَالَ: صَالَحَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْمُشْرِكِينَ يَوْمَ الْحُدَيْبِيَةِ عَلَى ثَلَاثَةِ أَشْيَاءَ: عَلَى أَنَّ مَنْ أَتَاهُ مِنَ الْمُشْرِكِينَ رَدَّهُ إِلَيْهِمْ وَمَنْ أَتَاهُمْ مِنَ الْمُسْلِمِينَ لَمْ يَرُدُّوهُ وَعَلَى أَنْ يَدْخُلَهَا مِنْ قَابِلٍ وَيُقِيمَ بِهَا ثَلَاثَةَ أَيَّامٍ وَلَا يَدْخُلَهَا إِلَّا بِجُلُبَّانِ السِّلَاحِ وَالسَّيْفِ وَالْقَوْسِ وَنَحْوِهِ فَجَاءَ أَبُو جَنْدَلٍ يَحْجِلُ فِي قُيُودِهِ فرده إِلَيْهِم

4043. बराअ बिन आजीब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने हुदैबिया के रोज़ मुशरिकीन से तीन शराइत पर सुलह की, मुशरिकीन में से जो शख़्स आप के पास आएगा इसे वापस किया जाएगा, और मुसलमानों की तरफ से जो उन के पास आएगा तो उसे वापस नहीं किया जाएगा और वह अगले साल मक्का आएँगे और तीन दिन कयाम करेंगे और वह अपना अस्लिहा तलवार कमान वगैरा छिपा कर (नियाम में बंद कर के) लाएँगे, इतने में अबू जिंदल रदियल्लाहु अन्हु अपने बेड़ियों में जकड़े हुए आए तो आप ﷺ ने उन्हें वापस कर दिया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2698) و مسلم (92 / 1783)، (4631)

٤٠٤٤ - (صَحِيح) وَعَن أنس: أَنَّ قُرَيْشًا صَالَحُوا النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم فَاشْتَرَطُوا عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّ مَنْ جَاءَنَا مِنْكُمْ لَمْ نَرُدَّهُ عَلَيْكُمْ وَمَنْ جَاءَكُمْ مِنَّا رَدَدْتُمُوهُ عَلَيْنَا فَقَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَنَكْتُبُ هَذَا؟ قَالَ: «نَعَمْ إِنه من ذهبَ منَّا إِليهم فَأَبْعَدَهُ اللَّهُ وَمَنْ جَاءَنَا مِنْهُمْ سَيَجْعَلُ اللَّهُ لَهُ فرجا ومخرجاً» . رَوَاهُ مُسلم

4044. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के कुरैश ने नबी ﷺ से सुलह की तो उन्होंने नबी ﷺ से यह शर्त लगाया की के तुम्हारी तरफ से जो शख़्स हमारे पास आएगा तो हम इसे तुम्हें वापस नहीं करेंगे, और जो शख़्स हमारी तरफ से तुम्हारे पास आएगा तो तुम उसे हमें वापस करोगे, सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या हम (ये शर्त) लिख दें? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ, जो शख़्स हमारी तरफ से उनकी तरफ जाएगा तो अल्लाह ने इसे दूर कर दिया और जो शख़्स उनकी तरफ से हमारे पास आएगा तो अल्लाह उस के लिए अनकरीब कोई खलासी की राहे पैदा फरमादेगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (93 / 1784)، (4632)

٤٠٤٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن عَائِشَة قَالَتْ فِي بَيْعَةِ النِّسَاءِ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَمْتَحِنُهُنَّ بِهَذِهِ الْآيَة: (يَا أَيُّهَا النبيُّ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم إِذا جاءكَ المؤمناتُ يبايعنكَ)»» فَمَنْ أَقَرَّتْ بِهَذَا الشَّرْطِ مِنْهُنَّ قَالَ لَهَا: «قَدْ بَايَعْتُكِ» كَلَامًا يُكَلِّمُهَا بِهِ وَاللَّهِ مَا مَسَّتْ يَدُهُ يَدَ امْرَأَةٍ قَطُّ فِي الْمُبَايَعَةِ

4045. आइशा रदियल्लाहु अन्हा ने औरतों की बैत के बारे में फ़रमाया के नबी ﷺ इस आयत के मुताबिक उन का इम्तिहान लिया करते थे: “ए नबी जब मोमिन औरते आप के पास आए और इस बात पर आप से बैत करे ….”, तो उनमें से जो इन शराइत की पाबन्दी का इकरार कर लेती तो आप ﷺ इसे फरमाते: “मैंने तुम से बैत ले ली”, आप उन से बैत फ़क़त ज़बानी तौर पर लेते, अल्लाह की क़सम! बैत करते वक़्त आप का हाथ कभी किसी औरत के हाथ से नहीं लगा| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (2713) و مسلم (88 / 1866)، (4834)

بَاب الصُّلْح • सुलह का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٤٠٤٦ - (لم تتمّ دراسته) عَن الْمِسْوَرِ وَمَرْوَانَ: أَنَّهُمُ اصْطَلَحُوا عَلَى وَضْعِ الْحَرْبِ عَشْرَ سِنِينَ يَأْمَنُ فِيهَا النَّاسُ وَعَلَى أَنَّ بَيْنَنَا عَيْبَةً مَكْفُوفَةً وَأَنَّهُ لَا إِسْلَالَ وَلَا إِغْلَالَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4046. मिस्वर और मरवान से रिवायत है के उन्होंने दस साल लड़ाई बंद रखने का मुआयदा किया, इस अरसा में लोग अमन से रहेंगे ना किसी गलत फहमी का शिकार होंगे और न एक दूसरे पर हाथ उठाएंगे (जान व माल का ताहफ्फुज़ होगा) | (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (2766)

٤٠٤٧ - (جيد) وَعَنْ صَفْوَانَ بْنِ سُلَيْمٍ عَنْ عِدَّةٍ مِنْ أَبْنَاءِ أَصْحَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ آبَائِهِمْ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أَلَا مَنْ ظَلَمَ مُعَاهِدًا أَوِ انْتَقَصَهُ أَوْ كَلَّفَهُ فَوْقَ طَاقَتِهِ أَوْ أَخَذَ مِنْهُ شَيْئًا بِغَيْرِ طِيبِ نَفْسٍ فَأَنَا حَجِيجُهُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4047. सफवान बिन सलीम रहिमहुल्लाह रसूलुल्लाह ﷺ के सहाबा के बेटो की एक जमाअत से और वह अपने आबाअ से रिवायत करते हैं, और वह रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ﷺ ने फ़रमाया: “सुन लो! जिस ने किसी जिम्मी शख़्स पर ज़ुल्म किया या उसकी हक़ तलफी कि या उसकी ताकत से ज़्यादा उस पर जिज़िया

लगाया या उसकी रज़ामंदी के बगैर उस से कोई चीज़ ली तो रोज़ ए कियामत में उसकी तरफ से झगड़ा करूँगा”| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ ابوداؤد (3052) * عدۃ ابناء اصحاب رسول اللہ صلی اللہ علیہ و آلہ وسلم مجھولون کلھم

٤٠٤٨ - (صَحِيح) وَعَن أُميمة بنت رقيقَة قَالَتْ: بَايَعْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي نِسْوَةٍ فَقَالَ لَنَا: «فِيمَا اسْتَطَعْتُنَّ وَأَطَقْتُنَّ» قُلْتُ: اللَّهُ وَرَسُولُهُ أَرْحَمُ بِنَا مِنَّا بِأَنْفُسِنَا قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ بَايِعْنَا تَعْنِي صَافِحْنَا قَالَ: «إِنَّمَا قَوْلِي لِمِائَةِ امْرَأَةٍ كَقَوْلِي لِامْرَأَةٍ وَاحِدَةٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَمَالِكٌ فِي الْمُوَطَّأ

4048. उमय्मा बिन्ते रुकैका रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने औरतों की जमाअत के साथ नबी ﷺ की बैत की तो आप ﷺ ने हमें फ़रमाया: “(मैंने उन उमूर में तुम्हारी बैत ली) जिन की तुम इस्तिताअत और ताकत रखती हो”, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह और उस के रसूल हम पर हमारी जानो से भी ज़्यादा मेहरबान है, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! हम से बैत लें यानी हम से मुसाफा करे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “सो औरतो के लिए मेरी बात वही है जो एक औरत के लिए है”| (सहीह)

اسنادہ صحیح ، رواہ [الترمذی (1597 وقال : حسن صحیح) و النسائی (7 / 149 ح 4186) و ابن ماجہ (2874) و مالک (2 / 982 ح 1908)]

بَاب الصُّلْح • सुलह का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٤٠٤٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن الْبَرَاءِ بْنِ عَازِبٍ قَالَ: اعْتَمَرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي ذِي الْقَعْدَةِ فَأَبَى أَهْلُ مَكَّةَ أَنْ يَدَعُوهُ يَدْخُلُ مَكَّةَ حَتَّى قَاضَاهُمْ عَلَى أَنْ يَدْخُلَ يَعْنِي مِنَ الْعَامِ الْمُقْبِلِ [ص:١١٨] يُقِيمُ بِهَا ثَلَاثَةَ أَيَّامٍ فَلَمَّا كَتَبُوا الْكِتَابَ كَتَبُوا: هَذَا مَا قَاضَى عَلَيْهِ مُحَمَّدٌ رَسُولُ اللَّهِ. قَالُوا: لَا نُقِرُّ بِهَا فَلَوْ نَعْلَمُ أَنَّكَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَا منعناك وَلَكِنْ أَنْتَ مُحَمَّدُ بْنُ عَبْدِ اللَّهِ فَقَالَ: «أَنَا رَسُولُ اللَّهِ وَأَنَا مُحَمَّدُ بْنُ عَبْدِ اللَّهِ» . ثُمَّ قَالَ لِعَلِيِّ بْنِ أَبِي طَالِبٍ: " امْحُ: رَسُولَ اللَّهِ " قَالَ: لَا وَاللَّهِ لَا أَمْحُوكَ أَبَدًا فَأَخَذَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَلَيْسَ يُحْسِنُ يَكْتُبُ فَكَتَبَ: " هَذَا مَا قَاضَى عَلَيْهِ مُحَمَّدُ بْنُ عَبْدِ اللَّهِ: لَا يُدْخِلُ مَكَّةَ بِالسِّلَاحِ إِلَّا السَّيْفَ فِي الْقِرَابِ وَأَنْ لَا يَخْرُجَ مِنْ أَهْلِهَا بِأَحَدٍ إِنْ أَرَادَ أَنْ يَتْبَعَهُ وَأَنْ لَا يَمْنَعَ مِنْ أَصْحَابِهِ أَحَدًا إِنْ أَرَادَ أَنْ يُقِيمَ بِهَا " فَلَمَّا دَخَلَهَا وَمَضَى الْأَجَلُ أَتَوْا عَلِيًّا فَقَالُوا: قُلْ لِصَاحِبِكَ: اخْرُجْ عَنَّا فَقَدْ مَضَى الْأَجَلُ فَخَرَجَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ

4049. बराअ बिन आजीब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने जुल कअदा में उमरा करने का इरादा फ़रमाया तो अहले मक्का ने इनकार कर दिया के वह आप को मक्का में दाखिल होने की इजाज़त दें हत्ता के आप ने उन से इस बात पर सुलह की के आप आइन्दा साल आएँगे, और वहां तीन रोज़ कयाम करेंगे, जब उन्होंने

तहरीर में आप ﷺ से यह लिखवाना चाहा के यह वह बात है जिस पर मुहम्मद रसूल अल्लाह (ﷺ) ने सुलह की, उन्होंने कहा, हम उस का इकरार नहीं करते, अगर हम जानते के आप अल्लाह के रसूल! है, तो हम आप को न रोकते, लेकिन आप मुहम्मद बिन अब्दुल्लाह है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं रसूल अल्लाह हूँ और मैं मुहम्मद बिन अब्दुल्लाह हूँ”, फिर आप ने अली रदियल्लाहु अन्हु से फ़रमाया: “लफ्ज़ रसूल अल्लाह मिटा दें”, उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह की क़सम! मैं आप (के नाम) को नहीं मिटाऊंगा, चुनांचे रसूलुल्लाह ﷺ ने कलम हाथ में लिया जबकि आप बेहतर तौर पर नहीं लिख सकते थे, आप ने लिखा के यह सुलह नाम मुहम्मद बिन अब्दुल्लाह की तरफ से है जब आप मक्का में दाखिल होंगे तो तलवार मियान में रखेंगे, और मक्का वालो में से अगर कोई आदमी आप के साथ जाना चाहे तो आप इसे अपने साथ नहीं लेकर जाएँगे और अगर आप के सहाबा में से कोई कयाम करना चाहेगा आप इसे मना नहीं करेंगे, चुनांचे जब (अगले साल) वह मक्के में आए और मुद्दत कयाम पूरी हो गई तो वह लोग अली रदियल्लाहु अन्हु के पास आए और कहा: अपने साथी से कहो के मुद्दते कयाम पूरी हो चुकी है लिहाज़ा यहाँ से चले जाए, नबी ﷺ तशरीफ़ ले आए| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (2699) و مسلم (90 / 1783)، (4629)

بَابُ إِخْرَاجِ الْيَهُودِ مِنْ جَزِيرَةِ الْعَرَبِ • यहूदियों को जज़ीरा अरब से निकालने का बयान

الْفَصْلُ الأول • पहली फस्ल

٤٠٥٠ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن أبي هُرَيْرَة قَالَ: بَيْنَا نَحْنُ فِي الْمَسْجِدِ خَرَجَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «انْطَلِقُوا إِلَى يهود» فخرجنا مَعَه حَتَّى جِئْنَا بَيت الْمِدْرَاس فَقَامَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «يَا مَعْشَرَ يَهُودَ أَسْلِمُوا تَسْلَمُوا اعْلَمُوا أَنَّ الْأَرْضَ لِلَّهِ وَلِرَسُولِهِ وَأَنِّي أُرِيدُ أَنْ أُجْلِيَكُمْ مِنْ هَذِهِ الْأَرْضِ. فَمَنْ وَجَدَ مِنْكُمْ بِمَالِهِ شَيْئا فليبعه»

4050. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम मस्जिद में थे इसी दौरान नबी ﷺ तशरीफ़ लाए और आप ﷺ ने फ़रमाया: “(मेरे साथ) यहूद की तरफ चलो”, हम आप के साथ चले हत्ता के हम मदरसे में पहुंचे तो नबी ﷺ ने खड़े हो कर फ़रमाया: “जमाअत ए यहूद! इस्लाम कबूल कर लो, बच जाओगे, जान लो! ज़मीन, अल्लाह और उस के रसूल की है, मैं चाहता हूँ की मैं तुम्हें इस सर ज़मीन से निकाल दू, तुम में से जो शख़्स अपने माल में से कोई चीज़ पाए तो वह इसे बेच डाले”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (3167) و مسلم (61 / 1765)، (4591)

٤٠٥١ - (صَحِيح) وَعَن ابْن عمر قَالَ: قَامَ عُمَرُ خَطِيبًا فَقَالَ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ عَامَلَ يَهُودَ خَيْبَرَ عَلَى أَمْوَالِهِمْ وَقَالَ: «نُقِرُّكُمْ مَا أَقَرَّكُمُ اللَّهُ» . وَقَدْ رَأَيْتُ إِجْلَاءَهُمْ فَلَمَّا أَجْمَعَ عُمَرُ عَلَى ذَلِكَ أَتَاهُ أَحَدُ بَنِي أَبِي الحُقَيقِ فَقَالَ:

يَا أَمِيرَ الْمُؤْمِنِينَ أَتُخْرِجُنَا وَقَدْ أَقَرَّنَا مُحَمَّدٌ وَعَامَلَنَا عَلَى الْأَمْوَالِ؟ فَقَالَ عُمَرُ: أَظَنَنْتَ أَنِّي نَسِيتُ قَوْلَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كَيْفَ بِكَ إِذَا أُخْرِجْتَ مِنْ خَيْبَرَ تَعْدُو بِكَ قَلُوصُكَ لَيْلَةً بَعْدَ لَيْلَةٍ؟» فَقَالَ: هَذِهِ كَانَتْ هُزَيْلَةً مِنْ أَبِي الْقَاسِمِ فَقَالَ كَذَبْتَ يَا عَدُوَّ اللَّهِ فَأَجْلَاهُمْ عُمَرُ وَأَعْطَاهُمْ قِيمَةَ مَا كَانَ لَهُمْ مِنَ الثَّمَرِ مَالًا وَإِبِلًا وَعُرُوضًا مِنْ أَقْتَابٍ وَحِبَالٍ وَغَيْرِ ذَلِكَ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

4051. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, उमर रदियल्लाहु अन्हु ने खड़े हो कर खुत्बा दिया तो फ़रमाया रसूलुल्लाह ﷺ ने यहुदे खैबर को उन के अमवाल पर बरक़रार रखा और आप ﷺ ने फ़रमाया: “हम तुम्हें बरक़रार रखेंगे जब तक अल्लाह तुम्हें बरक़रार रखेगा”, और मैं उन्हें निकालने का इरादा रखता हूँ, जब उमर रदियल्लाहु अन्हु ने उन्हें निकालने का पुख्ता इरादा कर लिया तो बनी अबू अल हकिक से एक आदमी उन के पास आया और उस ने कहा: अमीरुल मोमिनीन क्या आप हमें निकालते है जबकि मुहम्मद ﷺ ने हमें (अपने घरो में बरक़रार) रखा और हमें अमवाल पर भी काम करने दीया, (इस पर) उमर रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: तुम्हारा क्या ख़याल है के मैं रसूलुल्लाह ﷺ के इस फरमान को भूल गया हूँ, तेरी क्या हालत होगी जब तुझे खैबर से निकाल दीया जाएगा और तेरी जवान ऊंटनी तेरे साथ दोड़ेगी, उस ने कहा के अबुल कासिम (ﷺ) की तरफ से मज़ाक था, उमर रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: अल्लाह के दुश्मन तुम झूठ कह रहे हो, उमर रदियल्लाहु अन्हु ने उन्हें जिला वतन कर दिया और उन्हें उन के फलों के बदले, माल, ऊंट, पालान और रस्सिया वगैरा दी| (बुखारी)

رواه البخاری (2730)

٤٠٥٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم أَوْصَى بِثَلَاثَةٍ: قَالَ: «أَخْرِجُوا الْمُشْرِكِينَ مِنْ جَزِيرَةِ الْعَرَبِ وَأَجِيزُوا الْوَفْدَ بِنَحْوِ مَا كُنْتُ أُجِيزُهُمْ» . قَالَ ابْنُ عَبَّاسٍ: وَسَكَتَ عَنِ الثَّالِثَةِ أَو قَالَ: فأنسيتها

4052. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने तीन चीजों की वसीयत फरमाई, फ़रमाया: “मुशरिकीन को जज़ीरा अरब से निकाल देना, वफद आए तो उन्हें उनकी ज़रूरत की चीज़े फराहम करना जैसे में उन्हें फराहम करता था”, इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा ने फ़रमाया: आप ﷺ ने तीसरी चीज़ के मुतल्लिक ख़ामोशी इख़्तियार फरमाई, या इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा ने कहा तीसरी बात मुझे याद नहीं रही| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (3053) و مسلم (20 / 1637)، (4232)

٤٠٥٣ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ قَالَ: أَخْبَرَنِي عُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّهُ سَمِعَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «لأخرجنَّ اليهودَ والنصارى من جزيرةِ الْعَرَب حَتَّى لَا أَدَعَ فِيهَا إِلَّا مُسلما» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ وَفِي رِوَايَةٍ: «لَئِنْ عِشْتُ إِنْ شَاءَ اللَّهُ لَأُخْرِجَنَّ الْيَهُودَ وَالنَّصَارَى مِنْ جَزِيرَةِ الْعَرَبِ»

4053. जाबिर बिन अब्दुल्लाह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु ने मुझे बताया की उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “मैं यहूद व नसारा को जज़ीरा अरब से निकाल दूंगा हत्ता कि मैं उस में सिर्फ मुसलमानों ही को रहने दूंगा”, मुस्लिम, और एक रिवायत में है: “अगर मैं इनशाअल्लाह जिंदा रहा तो मैं यहूद व नसारा को जज़ीरा अरब से निकाल दूंगा”| # उसमें इब्ने अब्बास (र अ) से मरवी एक ही हदीस है “ एक रिवायत में दो कबिले यानी दो दीन नहीं हो सकते”, जो के (بَاب الْجِزْيَة) जिज़िया का बयान में गुज़र चुकी है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (63 / 1767)، (4594)

بَابُ إِخْرَاجِ الْيَهُودِ مِنْ جَزِيرَةِ الْعَرَبِ	यहूदियों को जज़ीरा अरब से निकालने का बयान
الْفَصْلُ الثَّانِي	दूसरी फस्ल

ليس فيه إلا حديث ابن عباس «لا تكون قبلتان» وقد مر في باب الجزية

इस में इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हु से मरवी एक हदीस है: “एक रियासत में दो किबले (यानी दो दीन) नहीं हो सकते| जो के बाब अल जिज़िया में गुज़र चुकी है|

بَابُ إِخْرَاجِ الْيَهُودِ مِنْ جَزِيرَةِ الْعَرَبِ	यहूदियों को जज़ीरा अरब से निकालने का बयान
الْفَصْلُ الثَّالِث	तीसरी फस्ल

٤٠٥٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عُمَرَ: أَنَّ عُمَرَ بْنَ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا أَجْلَى الْيَهُودَ وَالنَّصَارَى مِنْ أَرْضِ الْحِجَازِ وَكَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمَّا ظَهَرَ عَلَى أَهْلِ خَيْبَرَ أَرَادَ أَنْ يُخْرِجَ الْيَهُودَ مِنْهَا وَكَانَتِ الْأَرْضُ لَمَّا ظُهِرَ عَلَيْهَا لِلَّهِ وَلِرَسُولِهِ وَلِلْمُسْلِمِينَ فَسَأَلَ الْيَهُودُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ يَتْرُكَهُمْ عَلَى أَنْ يَكْفُوا الْعَمَلَ وَلَهُمْ نِصْفُ الثَّمَرِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «نُقِرُّكُمْ على ذَلِك مَا شِئْنَا» فَأُقِرُّوا حَتَّى أَجْلَاهُمْ عُمَرُ فِي إِمَارَته إِلَى تَيْمَاءَ وأريحاء

4054. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु ने यहूद व नसारा को सर ज़मीन हज्जाज़ से जिला वतन कर दिया, और जब रसूलुल्लाह ﷺ अहल खैबर पर ग़ालिब आए तो आप ने यहूद व नसारा को वहां से निकालने का इरादा फ़रमाया था, और जब आप इस सर ज़मीन पर ग़ालिब आए थे तो वह ज़मीन अल्लाह, उस के रसूल और मुसलमानों के लिए थी, यहूद ने रसूलुल्लाह ﷺ से दरख्वास्त की के वह उनकी ज़मीनों को छोड़ दे, ताकि वह (यहूद) खेती बाड़ी करे और पैदावार का आधा इन के लिए हो, तब रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जितना अरसा हम चाहेंगे तुम को रखेंगे”, उन्हें रखा गया हत्ता के उमर रदियल्लाहु अन्हु ने अपने अमारत में उन्हें तय्मा और अर्याह की तरफ जिला वतन कर दिया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (3152) و مسلم (6 / 1551)، (3967)

بَاب الْفَيْءِ • माल ए फै का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٤٠٥٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن مالكِ بن أوْسِ بنِ الحَدَثانِ قالَ: قَالَ عُمَرُ بْنُ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ: إِنَّ اللَّهَ قَدْ خَصَّ رَسُولَهُ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي هَذَا الْفَيْءِ بِشَيْءٍ لَمْ عطه أحدا غيره ثُمَّ قَرَأَ (مَا أَفَاءَ اللَّهُ عَلَى رَسُولِهِ مِنْهُم)»» إِلَى قوله (قديرٌ)»» فكانتْ هَذِه خَالِصَة لرَسُول اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُنْفِقُ عَلَى أَهْلِهِ نَفَقَةَ سَنَتِهِمْ مِنْ هَذَا الْمَالِ. ثُمَّ يَأْخُذُ مَا بَقِيَ فَيَجْعَلُهُ مَجْعَلَ مَالِ اللَّهِ

4055. मालिक बिन औस बिन हद्सान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कि हज़रत उमर रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: अल्लाह ने माल ए फै में जिस चीज़ के साथ अपने रसूल ﷺ को खास किया था, वह चीज़ आप के सिवा किसी और को नहीं की गई, फिर उन्होंने यह आयत तिलावत फरमाई: “अल्लाह ने उनमें से अपने रसूल को जो अता फ़रमाया .... कदीर तक”, यह रसूलुल्लाह ﷺ के लिए खास थी, आप इस माल से अपने अहल पर साल भर खर्च करते थे, और जो बाकी बच जाता वह आप ﷺ इस मुद में खर्च करते जहाँ अल्लाह का माल खर्च होना चाहिए| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (3094) و مسلم (49 / 1757)، (4576)

٤٠٥٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن عمر قَالَ: كَانَتْ أَمْوَالُ بَنِي النَّضِيرِ مِمَّا أَفَاءَ اللَّهُ عَلَى رَسُولِهِ مِمَّا لَمْ يُوجِفِ الْمُسْلِمُونَ عَلَيْهِ بِخَيْلٍ وَلَا رِكَابٍ فَكَانَتْ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خَالِصَة يُنْفِقُ عَلَى أَهْلِهِ نَفَقَةَ سَنَتِهِمْ ثُمَّ يَجْعَلُ مَا بَقِيَ فِي السِّلَاحِ وَالْكُرَاعِ عُدَّةً فِي سَبِيل الله

4056. उमर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, बनू नज़ीर का माल इस मुद में था जो अल्लाह ने अपने रसूल ﷺ को ख़ास तौर पर अता फ़रमाया क्योंकि इस के हुसूल के लिए मुसलमानों ने कोई लश्कर कशी नहीं की, चुनांचे यह रसूलुल्लाह ﷺ के लिए ख़ास था, आप इसे अपने अहल पर साल भर खर्च करते रहे और जो बच जाता इसे आप ﷺ अल्लाह की राह में जिहाद की तैयारीके लिए असला और घोड़ो पर खर्च कर दिया करते थे| (मुस्लिम)

متفق علیه ، رواه البخاری (2904) و مسلم (48 / 1757)، (4575)

بَاب الْفَيْءِ • माल ए फै का बयान

الْفَصْلُ الأول • दूसरी फस्ल

٤٠٥٧ - (لم تتمّ دراسته) عَن عوفِ بْنِ مَالِكٍ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ إِذَا أَتَاهُ الْفَيْءُ قَسَمَهُ فِي يَوْمِهِ فَأَعْطَى الْآهِلَ حَظَّيْنِ وَأَعْطَى الْأَعْزَبَ حَظًّا [ص:١١٨ فَدُعِيتُ فَأَعْطَانِي حَظَّيْنِ وَكَانَ لِي أَهْلٌ ثُمَّ دُعِيَ بَعْدِي عَمَّارُ بْنُ يَاسِرٍ فَأُعْطِيَ حَظًّا وَاحِدًا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4057. ऑफ बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि जब रसूलुल्लाह ﷺ के पास माल ए फै आते तो आप इसे इसी रोज़ तकसीम फरमा देते, आप शादी शुदा को दो हिस्से देते और कुंवारे को एक हिस्सा देते, मुझे बुलाया गया और आप ने मुझे दो हिस्से दिए क्योंकि मैं शादी शुदा था, फिर मेरे बाद अम्मार बिन यासिर रदियल्लाहु अन्हुमा को बुलाया गया तो उन्हें एक हिस्सा दिया गया| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (2953)

٤٠٥٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَوَّلُ مَا جَاءَهُ شيءٌ بدَأَ بالمحرَّرينَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4058. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को देखा की जब आप के पास माल ए फै में से कोई चीज़ आती तो आप सबसे पहले उन्हें अता फरमाते जो (गुलामी से) आज़ाद किए गए होते थे| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2951)

٤٠٥٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَتَى بطبية فِيهَا خَرَزٌ فَقَسَمَهَا لِلْحُرَّةِ وَالْأَمَةِ قَالَتْ عَائِشَةُ: كَانَ أَبِي يَقْسِمُ لِلْحُرِّ وَالْعَبْدِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

4059. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के नबी ﷺ की खिदमत में नगीने की एक थेली पेश की गई तो आप ने इसे आज़ाद औरतो और लोंदियो के बिच में तकसीम फरमा दिया, आइशा रदियल्लाहु अन्हा ने फ़रमाया: मेरे वालिद (अबू बक्र (र)) आज़ाद और गुलाम हर दो में तकसीम फ़रमाया करते थे| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (2952)

٤٠٦٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن مالكِ بن أوسِ بن الحدَثانِ قَالَ: ذكر عمر بن الْخطاب يَوْمًا الْفَيْءَ فَقَالَ: مَا أَنَا أَحَقُّ بِهَذَا الْفَيْءِ مِنْكُمْ وَمَا أَحَدٌ مِنَّا بِأَحَقَّ بِهِ مِنْ أَحَدٍ إِلَّا أَنَّا عَلَى مَنَازِلِنَا مِنْ كِتَابِ اللَّهِ عَزَّ وَجَلَّ وَقَسْمِ رَسُولِهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَالرَّجُلُ وَقِدَمُهُ وَالرَّجُلُ وَبَلَاؤُهُ وَالرَّجُلُ وَعِيَالُهُ وَالرَّجُلُ وَحَاجَتُهُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

4060. मालिक बिन औस बिन हद्सान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु ने एक रोज़ माल ए फै का ज़िक्र किया तो फ़रमाया: न में इस माल ए फै का तुम से ज़्यादा हक़दार हो और न हम में से कोई और उस का ज़्यादा हक़दार है, हम अल्लाह अज्ज़वजल की किताब और उस के रसूल ﷺ की तकसीम के मुताबिक अपने दरजे पर है, कोई आदमी अपने कबूले इस्लाम में सबकत रखने वाला है, कोई अपने सजाअत वाला है, कोई आदमी अयाल दार है और कोई आदमी ज़रूरत मंद है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2950) * فيه محمد بن اسحاق مدلس و عنعن

٤٠٦١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ قَالَ: قَرَأَ عُمَرُ بْنُ الْخَطَّابِ رَضِيَ اللَّهُ عَنهُ: (إِنَّما الصَّدَقاتُ للفقراءِ والمساكينِ)»» حَتَّى بَلَغَ (عَلِيمٌ حَكِيمٌ)»» فَقَالَ: هَذِهِ لِهَؤُلَاءِ. ثُمَّ قَرَأَ (وَاعْلَمُوا أَنَّ مَا غَنِمْتُمْ مِنْ شيءٍ فإنَّ للَّهِ خُمُسَه وللرَّسولِ)»» حَتَّى بلغَ (وابنِ السَّبِيلِ)»» ثُمَّ قَالَ: هَذِهِ لِهَؤُلَاءِ. ثُمَّ قَرَأَ (مَا أَفَاءَ اللَّهُ عَلَى رَسُولِهِ مِنْ أَهْلِ الْقرى)»» حَتَّى بلغَ (للفقراءِ)»» ثمَّ قرأَ (والذينَ جاؤوا منْ بعدِهِم)»» ثُمَّ قَالَ: هَذِهِ اسْتَوْعَبَتِ الْمُسْلِمِينَ عَامَّةً فَلَئِنْ عِشْتُ فَلَيَأْتِيَنَّ الرَّاعِيَ وَهُوَ بِسَرْوِ حِمْيَرَ نَصِيبُهُ مِنْهَا لَمْ يَعْرَقْ فِيهَا جَبِينُهُ. رَوَاهُ فِي شرح السّنة

4061. मालिक बिन औस बिन हद्सान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु ने यह आयत “ सदकात (ज़कात) तो फुकराअ और मसाकिन के लिए है ..... अलीम हकिम”, तक तिलावत फरमाई, फ़रमाया: यह (आयत) इन के लिए है, फिर यह आयत तिलावत फरमाई: “जान लो जो तुमने माल ए गनीमत हासिल किया उस में से खुमुस अल्लाह और उस के रसूल के लिए है, ... मुसाफ़िर” तक तिलावत फरमाई, फिर फ़रमाया: यह इन के लिए है, फिर यह आयत तिलावत फरमाई: “अल्लाह ने बस्ती वालो से अपने रसूल को जो दे ..... हत्ता के वह फुकराअ के लिए” तक पहुंचे, फिर यह आयत तिलावत फरमाई: “वो लोग जो उन के बाद आए”, फिर फ़रमाया: यह तमाम मुसलमानों के लिए है, अगर में जिंदा रहा तो सर्विहिम्यर (यमन के शहर) के

चरवाहे को मशक़्क़त उठाए बगैर उस से उस का हिस्सा पहुँच जाएगा| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه البغوی فی شرح السنة (11 / 138 ح 2740) [و عبد الرزاق فی المصنف (20040)]

٤٠٦٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعنهُ قَالَ: كانَ فِيمَا احتجَّ فيهِ عُمَرُ أَنْ قَالَ: كَانَتْ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثَلَاثُ صَفَايَا بَنُو النَّضِيرِ وخيبرُ وفَدَكُ فَأَمَّا بَنُو النَّضِيرِ فَكَانَتْ حَبْسًا لِنَوَائِبِهِ وَأَمَّا فَدَكُ فَكَانَتْ حَبْسًا لِأَبْنَاءِ السَّبِيلِ وَأَمَّا خَيْبَرُ فَجَزَّأَهَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثَلَاثَةٌ أَجزَاء: جزأين بينَ المسلمينَ وجزءً نَفَقَةً لِأَهْلِهِ فَمَا فَضُلَ عَنْ نَفَقَةِ أَهْلِهِ جَعَلَهُ بَيْنَ فُقَرَاءِ الْمُهَاجِرِينَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

4062. मालिक बिन औस बिन हद्सान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, कि उमर रदियल्लाहु अन्हु का इस्तदलाल (जिस बात से दलील कायम की) यह था रसूलुल्लाह ﷺ के लिए तीन मकामात का माल मखसूस था, बनू नज़ीर, खैबर और फदक का, बनू नज़ीर की ज़मीन वह आप ﷺ की ज़ुरुरियात के लिए महफ़ूज़ थी फदक मुसाफिरों के लिए महफ़ूज़ और खैबर की ज़मीन को रसूलुल्लाह ﷺ ने तीन हिस्सों में तकसीम कर दिया था, दो हिस्से मुसलमानों के लिए और एक हिस्सा अपने अहले खाना के नफ्का के लिए मुकर्रर फ़रमाया, आप के अहले खाना के नफ्का से जो बच जाता वह आप फुकराअ, मुहाजरिन के दरमियान तकसीम फरमा देते| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه ابوداؤد (2967) * الزهری صرح بالسماع فی اصل الحدیث و لکنه عنعن فی هذا اللفظ وهو مدلس مشهور

مال ए फै का बयान • بَاب الْفَيْءِ

तीसरी फस्ल • الْفَصْلُ الأول

٤٠٦٣ - (لم تتمّ دراسته) عَن المغيرةِ قَالَ: إِنَّ عمَرَ بنَ عبد العزيزِ جَمَعَ بَنِي مَرْوَانَ حِينَ اسْتُخْلِفَ فَقَالَ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَتْ لَهُ فَدَكُ فَكَانَ يُنْفِقُ مِنْهَا وَيَعُودُ مِنْهَا عَلَى صَغِيرِ بَنِي هَاشِمٍ وَيُزَوِّجُ مِنْهَا أَيِّمَهُمْ وَإِنَّ فَاطِمَةَ سَأَلَتْهُ أَنْ يَجْعَلَهَا لَهَا فَأَبَى فَكَانَتْ كَذَلِكَ فِي حَيَاةِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي حَيَاتِهِ حَتَّى مَضَى لسبيله فَلَمَّا وُلِّيَ أَبُو بكرٍ علم فِيهَا بِمَا عَمِلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي حَيَاتِهِ حَتَّى مَضَى لِسَبِيلِهِ فَلَمَّا أَنْ وُلِّيَ عُمَرُ بْنُ الْخَطَّابِ عَمِلَ فِيهَا بِمِثْلِ مَا عَمِلَا حَتَّى مَضَى لِسَبِيلِهِ ثُمَّ اقْتَطَعَهَا مَرْوَانُ ثُمَّ صَارَتْ لِعُمَرَ بْنِ عَبْدِ الْعَزِيزِ فَرَأَيْتُ أَمْرًا مَنَعَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَاطِمَةَ لَيْسَ لِي بِحَقٍّ وَإِنِّي أُشْهِدُكُمْ أَنِّي رَدَدْتُهَا عَلَى مَا كَانَتْ. يَعْنِي عَلَى عَهْدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَبِي بَكْرٍ وعمَرَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4063. मुगिरा रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, कि उमर बिन अब्द अज़ीज़ रहिमहुल्लाह जब खलीफा बनाए गए

तो उन्होंने बनू मरवान को जमा किया और फ़रमाया: रसूलुल्लाह ﷺ के लिए फदक मखसूस था, आप उस में से (अपने अहले खाना पर) खर्च करते, बनू हाशिम के छोटो पर खर्च करते और इसी में से उन के गैर शादी शुदा लोगों की शादी किया करते थे, फ़ातिमा रदियल्लाहु अन्हा ने आप ﷺ से दरख्वास्त की के फदक आप उन्हें अता फरमादे, आप ने इनकार फ़रमाया, रसूलुल्लाह ﷺ की जिंदगी में मुआमला इसी तरह रहा, आप के बाद जब अबू बक्र रदियल्लाहु अन्हु खलीफा बनाए गए तो उन्होंने भी वैसे ही किया जैसे रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने हयाते मुबारक में किया था, हत्ता के वह भी अल्लाह को प्यारे हो गए, जब उमर बिन खत्ताब रदियल्लाहु अन्हु खलीफा बनाए गए तो उन्होंने भी वैसे ही किया जैसे इन दोनों हज़रात ने किया था, हत्ता के वह भी अल्लाह को प्यारे हो गए फिर मरवान ने इसे जागीर बना लिया, फिर वह उमर बिन अब्द अज़ीज़ के लिए हो गई, मैंने देखा के यह वह माल है जो रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़ातिमा रदियल्लाहु अन्हा को नहीं दिया, लिहाज़ा इसे लेने का मुझे भी कोई हक़ नहीं, मैं तुम्हें गवाह बनाता हूँ कि मैंने इसे इसी जगह लौटा दिया है जहाँ पर रसूलुल्लाह ﷺ और अबू बक्र व उमर रदियल्लाहु अन्हु के दौर मैं था| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (2972) * فيه مغيرة بن مقسم مدلس و عنعن و السند منقطع

शिकार और हलाल जानवरों का बयान • كتاب الصَّيْد والذبائح

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٤٠٦٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن عديِّ بن حاتِمٍ قَالَ: قَالَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا أَرْسَلْتَ كَلْبَكَ فَاذْكُرِ اسْمَ اللَّهِ فَإِنْ أَمْسَكَ عَلَيْكَ فَأَدْرَكْتَهُ حَيًّا فَاذْبَحْهُ وَإِنْ أَدْرَكْتَهُ قَدْ قَتَلَ وَلَمْ يَأْكُلْ مِنْهُ فَكُلْهُ وَإِنْ أَكَلَ فَلَا تَأْكُلْ فَإِنَّمَا أَمْسَكَ عَلَى نَفْسِهِ فَإِنْ وَجَدْتَ مَعَ كَلْبِكَ كَلْبًا غَيْرَهُ وَقَدْ قَتَلَ فَلَا تَأْكُلْ فَإِنَّكَ لَا تَدْرِي أَيُّهُمَا قَتَلَ. وَإِذَا رَمَيْتَ بِسَهْمِكَ فَاذْكُرِ اسْمَ اللَّهِ فَإِنْ غَابَ عَنْكَ يَوْمًا فَلَمْ تَجِدْ فِيهِ إِلَّا أَثَرَ سَهْمِكَ فَكُلْ إِنْ شِئْتَ وَإِنْ وَجَدْتَهُ غَرِيقًا فِي الْمَاءِ فَلَا تَأْكُلْ»

4064. अदि बिन हातिम रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “जब तुम अपने कुत्ता छोड़ो तो अल्लाह का नाम लेकर छोड़ो, अगर वह तुम्हारे लिए पकड़ ले और तुम उसे जिंदा पा लो तो उसे जिबह करो, अगर तुम उसे इस हाल में पाओ के उस ने (शिकार को) क़त्ल कर दिया और उस से खाया नहीं तो फिर इसे खालो, और अगर उस ने खा लिया है तो फिर न खाओ क्योंकि उस ने अपने लिए पकड़ा है, अगर तुम अपने कुत्ते के साथ दूसर कुत्ता देखो और शिकार को मुर्दा पाओ तो उसे मत खाओ क्योंकि तुम नहीं जानते की इन दोनों में से किस ने क़त्ल किया, और जब तुम तीर चलाओ तो अल्लाह का नाम लेकर चलाओ, फिर अगर वह शिकार तुम्हें एक रोज़ बाद मिले और तुम उस में सिर्फ अपने तीर ही का निशान देखो तो फिर अगर चाहो तो खालो, और अगर तुम उसे पानी में डूबा हुआ पाओ तो उसे मत खाओ”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (175) و مسلم (6 / 1929)، (4981)

٤٠٦٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّا نُرْسِلُ الْكِلَابَ الْمُعَلَّمَةَ قَالَ: «كُلْ مَا أَمْسَكْنَ عَلَيْكَ» قُلْتُ: وَإِنْ قَتَلْنَ؟ قَالَ: «وَإِنْ قَتَلْنَ» قُلْتُ: إِنَّا نَرْمِي بِالْمِعْرَاضِ. قَالَ: «كُلُّ مَا خزق وَمَا أَصَاب بعرضه فَقتله فَإِنَّهُ وقيذ فَلَا تَأْكُل»

4065. अदि बिन हातिम रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! हम (शिकार के लिए) सधाए हुए कुत्ते छोड़ते है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस ने जो तुम्हारे लिए पकड़ा है खा लें”, मैंने अर्ज़ किया: अगर वह मार डाले? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगरचे वह मार डाले”, मैंने अर्ज़ किया: हम मेअराज़ (परो के बगैर तीर) फेंकते है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर वह नोक की तरफ से शिकार में घुस जाए तो खा लें और अगर इसे चोड़ाई वाले हिस्से की तरफ से लगे और वह क़त्ल हो जाए तो उसे मत खाए, क्योंकि वह चोट लगने से मरा है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5477) و مسلم (1 / 1929)، (4972)

٤٠٦٦ - (مُتَّفق علهي) وَعَن أبي ثَعْلَبَة الْخُشَنِي قَالَ: قُلْتُ: يَا نَبِيَّ اللَّهِ إِنَّا بِأَرْضِ قوم أهل كتاب أَفَنَأْكُلُ فِي آنِيَتِهِمْ وَبِأَرْضِ

صَيْدٍ أَصِيدُ بِقَوْسِي وَبِكَلْبِي الَّذِي لَيْسَ بِمُعَلَّمٍ وَبِكَلْبِي الْمُعَلَّمِ فَمَا يصلح؟ قَالَ: «أما ذَكَرْتَ مِنْ آنِيَةِ أَهْلِ الْكِتَابِ فَإِنْ وَجَدْتُمْ [ص:١١٩ غَيْرَهَا فَلَا تَأْكُلُوا فِيهَا وَإِنْ لَمْ تَجِدُوا فاغسلوها وَكُلُوا فِيهَا وَمَا صِدْتَ بِقَوْسِكَ فَذَكَرْتَ اسْمَ اللَّهِ فَكُلْ وَمَا صِدْتَ بِكَلْبِكَ الْمُعَلَّمِ فَذَكَرْتَ اسْمَ اللَّهِ فَكُلْ وَمَا صِدْتَ بِكَلْبِكَ غَيْرِ معلم فأدركت ذَكَاته فَكل»

4066. अबू सअलबा खुशनी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के नबी! हम अहले किताब की सर ज़मीन पर रिहाइश पज़ीर है, क्या हम उन के बर्तनों में खा लिया करे? और इसी सर ज़मीन पर में अपने कमान और अपने गैर साधाए हुए और साधाए हुए कुत्ते के ज़रिए शिकार करता हूँ, तो मेरे लिए क्या दुरुस्त है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुमने जो अहले किताब के बर्तनों का ज़िक्र किया है, तो अगर तुम्हें उन के अलावा बर्तन मयस्सर आजाए तो फिर उनमें मत खाओ, और अगर मयस्सर न आए तो फिर उन्हें धो कर उनमें खालो, और तुमने अपने कमान से जो शिकार किया है अगर तुमने उस पर अल्लाह का नाम ज़िक्र किया है, तो खालो और तुमने जो अपने साधाए हुए कुत्ते के साथ शिकार किया है और अल्लाह का नाम ज़िक्र किया है, तो खालो, और तुमने अपने गैर साधाए हुए कुत्ते से जो शिकार किया है अगर इसे जिबह कर लो तो खालो”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5478) و مسلم (8 / 1930)، (4983)

٤٠٦٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا رَمَيْتَ بِسَهْمِكَ فَغَابَ عَنْكَ فَأَدْرَكْتَهُ فَكُلْ مَا لَمْ يُنْتِنْ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

4067. अबू सअलबा खुशनी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम ने अपना तीर (शिकार पर) फेका और वह (शिकार) तेरी नज़रों से ओझल हो गया, फिर तुमने इसे पा लिया तो अगर वह बदबूदार नहीं हुआ तो इसे खा सकते हो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (9 / 1931)، (4985)

٤٠٦٨ - (صَحِيح) وَعَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ فِي الَّذِي يُدْرِكُ صَيْدَهُ بَعْدَ ثَلَاثٍ: «فكله مَا لم ينتن» . رَوَاهُ مُسلم

4068. अबू सअलबा खुशनी रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने इस शख़्स के बारे में जो तीन रोज़ बाद अपना शिकार पाता है, फ़रमाया: “अगर वह बदबूदार नहीं हुआ तो इसे खा ले”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (10 / 1931)، (4986)

٤٠٦٩ - (صَحِيح) وَعَن عَائِشَة قَالَت: قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ هُنَا أَقْوَامًا حَدِيثٌ عَهْدُهُمْ بِشِرْكٍ يَأْتُونَنَا بِلُحْمَانٍ لَا نَدْرِي

أَيَذْكُرُونَ اسْمَ اللَّهِ عَلَيْهَا أَمْ لَا؟ قَالَ: «اذْكُرُوا أَنْتُم اسمَ اللَّهِ وكلوا» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

4069. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, सहाबा ए किराम रदियल्लाहु अन्हुम अजमईन ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! यहाँ कुछ ऐसे लोग है जो नए नए मुसलमान हुए है, वह हमारे पास गोश्त लाते है, हम नहीं जानते के आया वह उस पर अल्लाह का नाम लेते है या नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुम अल्लाह का नाम लो और खाओ"| (बुखारी)

رواه البخاری (2057)

٤٠٧٠ - (صَحِيح) وَعَن أبي الطُّفَيْل قَالَ: سُئِلَ عَلِيٌّ: هَلْ خَصَّكُمْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِشَيْءٍ؟ فَقَالَ: مَا خَصَّنَا بِشَيْءٍ لَمْ يَعُمَّ بِهِ النَّاسَ إِلَّا مَا فِي قِرَابِ سَيْفِي هَذَا فَأَخْرَجَ صَحِيفَةً فِيهَا: «لَعَنَ اللَّهُ مَنْ ذَبَحَ لِغَيْرِ اللَّهِ وَلَعَنَ اللَّهُ مَنْ سَرَقَ مَنَارَ الْأَرْضِ وَفِي رِوَايَةٍ مَنْ غَيَّرَ مَنَارَ الْأَرْضِ وَلَعَنَ اللَّهُ مَنْ لَعَنَ وَالِدَهُ وَلَعَنَ اللَّهُ مَنْ آوَى مُحْدِثًا» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

4070. अबू तुफैल (आमिर बिन वासिला) बयान करते हैं, अली रदियल्लाहु अन्हु से दरियाफ्त किया गया, क्या रसूलुल्लाह ﷺ ने तुम्हें कोई खास चीज़ दी? उन्होंने ने फ़रमाया: आप ﷺ ने हमें कोई खास ऐसी चीज़ नहीं दी जो आप ने दीगर लोगों को न बताई हो, अलबत्ता यह चीज़ है जो के मेरी तलवार के मियान में है उन्होंने एक सहिफा निकाला उस में दर्ज था: "गैरुल्लाह के लिए जिबह करने वाले पर अल्लाह लानत करे, ज़मीन के निशान (हुदूद) चोरी करने वाले पर अल्लाह लानत करे", और एक रिवायत में है: "जिस ने ज़मीन के निशानात (मिल्कती हुदूद) बदल डाले (अल्लाह उस पर लानत फरमाए) " अपने वालिद पर लानत करने वाले पर अल्लाह लानत करे और बिदअती शख़्स को पनाह देने वाले शख़्स पर अल्लाह लानत करे"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (47 / 1978)، (5126)

٤٠٧١ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن رَافع بن خديج قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّا لَاقُوا الْعَدُوِّ غَدًا وَلَيْسَتْ مَعَنَا مُدًى أَفَنَذْبَحُ بِالْقَصَبِ؟ قَالَ: " مَا أَنْهَرَ الدَّمَ وَذُكِرَ اسْمُ اللَّهِ فَكُلْ لَيْسَ السِّنَّ وَالظُّفُرَ وَسَأُحَدِّثُكَ عَنْهُ: أَمَّا السِّنُّ فَعَظْمٌ وَأَمَّا الظُّفُرُ فَمُدَى الْحَبَشِ " وَأَصَبْنَا نَهْبَ إِبِلٍ وَغَنَمٍ فَنَدَّ مِنْهَا بَعِيرٌ فَرَمَاهُ رَجُلٌ بِسَهْمٍ فَحَبَسَهُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ [ص:١١٩ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ لِهَذِهِ الْإِبِلِ أَوَابِدَ كَأَوَابِدِ الْوَحْشِ فَإِذَا غَلَبَكُمْ مِنْهَا شَيْءٌ فَافْعَلُوا بِهِ هَكَذَا»

4071. राफीअ बिन ख़दीज रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! हम कल दुश्मन से मुलाकात करने वाले हैं, जबकि हमारे पास छुरिया नहीं, क्या हम बांस की लकड़ी के साथ जिबह कर ले? आप ﷺ ने फ़रमाया: "जो खून बहा दे और जिस पर अल्लाह का नाम लिया जाए इसे खाओ, (जबके) दांत और नाख़ून के साथ जिबह करना दुरुस्त नहीं और मैं तुम्हें उस के मुतल्लिक तफ्सीला बताता हूँ दांत हड्डी है, और रहा नाख़ून तो वह हब्शियों की छुरिया है", (कुफ्फार पर हमला करने के बाद) हम को ऊंट और बकरिया मिली, उनमें से एक ऊंट भाग खड़ा हुआ तो एक आदमी ने उस पर एक तीर चलाया और इसे रोक लिया, इस पर रसूलुल्लाह ﷺ

ने फरमाया: “उन जानवरों मैं भी वहशी जानवरों की तरह भागने वाले होते हैं, उनमें से जो बे काबू हो जाए तो तुम उस के साथ इसी तरह किया करो”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2488) و مسلم (20 / 1968)، (5092)

٤٠٧٢ - (صَحِيح) وَعَن كعبِ بنِ مَالك أَنه كانَ لَهُ غَنَمٌ تُرْعَى بِسَلْعٍ فَأَبْصَرَتْ جَارِيَةٌ لَنَا بِشَاةٍ مِنْ غَنَمِنَا مَوْتًا فَكَسَرَتْ حَجَرًا فَذَبَحَتْهَا بِهِ فَسَأَلَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأمره بأكلها. رَوَاهُ البُخَارِيّ

4072. काब बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उनकी बकरिया थी जो सलअ पहाड़ पर चढ़ रही थी, हमारी एक लौंडी ने बकरियों में से एक बकरी को मरने के करीब देखा तो उस ने एक पत्थर तोड़ा और उस के साथ इसे जिबह कर दिया, उन्होंने नबी ﷺ से मसअला दरियाफ्त किया तो आप ने उन्हें उस के खाने का हुक्म फ़रमाया| (बुखारी)

رواه البخارى (3304)

٤٠٧٣ - (صَحِيح) وَعَنْ شَدَّادِ بْنِ أَوْسٍ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ اللَّهَ تَبَارَكَ وَتَعَالَى كَتَبَ الْإِحْسَانَ عَلَى كُلِّ شَيْءٍ فَإِذَا قَتَلْتُمْ فَأَحْسِنُوا الْقِتْلَةَ وَإِذَا ذَبَحْتُمْ فَأَحْسِنُوا الذَّبْحَ وَلْيُحِدَّ أَحَدُكُمْ شَفْرَتَهُ وَلْيُرِحْ ذَبِيحَتَهُ» . رَوَاهُ مُسلم

4073. शद्दाद बिन अवसी रदियल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक अल्लाह ने हर चीज़ पर इहसान करना फ़र्ज़ कर दिया है, जब तुम क़त्ल करो तो अच्छे तरीके से क़त्ल करो, जब तुम जिबह करे तो अच्छे तरीके से जिबह करो, तुम में से हर एक अपने छुरी तेज़ कर ले और अपने ज़बिहा को आराम पहुंचाए"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (57 / 1955)، (5055)

٤٠٧٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَنْهَى أَنْ تُصْبَرَ بهيمةٌ أَو غيرُها للْقَتْل

4074. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ से सुना आप ﷺ ने किसी चोपाये या किसी और चीज़ को बांध कर क़त्ल करने से मना फ़रमाया”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5514) ، و مسلم (58 / 1956)، (5057)

٤٠٧٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَعَنَ مَنِ اتَّخَذَ شَيْئًا فِيهِ الرُّوحُ غَرَضًا

4075. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने इस शख़्स पर लानत फरमाई जो किस जानदार चीज़ को बांध कर निशाने बाज़ी करे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5515) و مسلم (59 / 1958)، (5061)

٤٠٧٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا تَتَّخِذُوا شَيْئًا فِيهِ الرُّوحُ غَرَضًا» . رَوَاهُ مُسلم

4076. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “किस जानदार चीज़ को (निशाने बाज़ी के लिए) निशाना न बनाओ”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (58 م / 1957)، (5059)

٤٠٧٧ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنِ الضَّرْبِ فِي الْوَجْهِ وَعَنِ الْوَسْمِ فِي الْوَجْه. رَوَاهُ مُسلم

4077. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने चेहरे पर मारने और चेहरे को दागने से मना फ़रमाया है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (106 / 2116)، (5550)

٤٠٧٨ - (صَحِيح) وَعَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَرَّ عَلَيْهِ حِمَارٌ وَقَدْ وُسِمَ فِي وَجْهِهِ قَالَ: «لَعَنَ اللَّهُ الَّذِي وَسَمَهُ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

4078. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ एक गधे के पास से गुज़रे जिसके चेहरे को दागा गया था, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह इस शख़्स पर लानत फरमाए जिस ने इसे दाग दीया”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (107 / 2116)، (5552)

٤٠٧٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أنس قَالَ: غَدَوْتُ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِعَبْدِ اللَّهِ بْنِ أَبِي طَلْحَةَ لِيُحَنِّكَهُ فَوَافَيْتُهُ فِي يَدِهِ الْمِيسَمُ يَسِمُ إِبِلَ الصَّدَقَة

4079. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं अब्दुल्लाह बिन अबी तल्हा को रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में लेकर गया ताकि आप ﷺ इसे घुट्टी दें (खजूर चबा कर उस के तालू में लगा दे) मैंने आप को देखा के आप के हाथ में दाग लगाने वाला आला था, आप ﷺ उस के साथ सदका के ऊटों को निशान लगा रहे थे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1502) و مسلم (109 / 2119)، (5554)

٤٠٨٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ هِشَامِ بْنِ زَيْدٍ عَنْ أَنَسٍ قَالَ: دَخَلْتُ عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ فِي مِرْبَدٍ فَرَأَيْتُهُ يَسِمُ شَاءً حسبته قَالَ: فِي آذانها

4080. हिश्शाम बिन ज़ैद रहिमहुल्लाह अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, उन्होंने ने फ़रमाया: में नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो आप बाड़े में थे, मैंने आप को देखा के आप बकरियों को निशान लगा रहे थे, रावी बयान करते हैं, मेरा ख़याल है के उन्होंने कहा: आप उन (बकरियों) के कानों पर निशान लगा रहे थे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5542) و مسلم (115 / 2119)، (5555)

शिकार और हलाल जानवरों का बयान • كتاب الصَّيْد والذبائح

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٤٠٨١ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَدِيِّ بْنِ حَاتِمٍ قَالَ: قُلْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ أَرَأَيْتَ أَحَدُنَا أَصَابَ صَيْدًا وَلَيْسَ مَعَهُ سِكِّينٌ أَيَذْبَحُ بِالْمَرْوَةِ وَشِقَّةِ الْعَصَا؟ فَقَالَ: «أَمْرِرِ الدَّمَ بِمَ شِئْتَ وَاذْكُرِ اسْمَ اللَّهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

4081. अदि बिन हातिम रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! बताइए के हम में से किसी को शिकार मिल जाए और उस के पास छुरी न हो तो क्या यह इसे पत्थर और लाठी के किनारे से जिबह कर सकता है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “खून बहाओ जिसके साथ चाहो और अल्लाह का नाम लो”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2824) و النسائی (7 / 194 ح 4309)

٤٠٨٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي الْعُشَرَاءِ عَنْ أَبِيهِ أَنَّهُ قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَمَا تَكُونُ الذَّكَاةُ إِلَّا فِي الْحَلْقِ وَاللَّبَّةِ؟ فَقَالَ: «لَوْ طَعَنْتَ فِي فَخِذِهَا لَأَجْزَأَ عَنْكَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ وَقَالَ أَبُو دَاوُدَ: وَهَذِهِ ذَكَاةُ الْمُتَرَدِّي وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا فِي الضَّرُورَة

4082. अबू अल अशराअ अपने वालिद से रिवायत करते हैं की उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या ज़बह सिर्फ हलक और सीने के ऊपरी हिस्से (लब) पर छुरी चलाने से ही होता है? आप ﷺ ने फ़रमाया: "अगर तुमने उसकी रान पर जख्म लगाया तो भी तेरे लिए काफी है"| तिरमिज़ी, अबू दावुद, नसई, इब्ने माजा दारमी और इमाम अबू दावुद ने फ़रमाया: यह किसी गिरे पड़े जानवर के जिबह करने का तरीका है, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह ज़रूरत के तहत है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (1481 وقال : غریب) و ابوداؤد (2825) و النسائی (7 / 228 ح 4413) و ابن ماجه (3184) و الدارمی (2 / 82 ح 1978)* قال البخاری فی ابی العشراء :'' فی حدیثه و اسمه و سماعة من ابیه نظر ''

٤٠٨٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عدي بن حَاتِم أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَا عَلَّمْتَ مِنْ كَلْبٍ أَوْ بَازٍ ثُمَّ أَرْسَلْتَهُ وَذَكَرْتَ اسْمَ اللَّهِ فَكُلْ مِمَّا أَمْسَكَ عَلَيْكَ» . قُلْتُ: وَإِنْ قَتَلَ؟ قَالَ: «إِذَا قَتَلَهُ وَلَمْ يَأْكُلْ مِنْهُ شَيْئًا فَإِنَّمَا أَمْسَكَهُ عَلَيْكَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4083. अदि बिन हातिम रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: "तुमने किसी कुत्ते या बाज़ को सधाया, फिर तुमने इसे अल्लाह का नाम लेकर छोड़ा तो उस ने जो तुम्हारे लिए महफूज़ रखा इसे खा", मैंने अर्ज़ किया: अगर वह मार दे? आप ﷺ ने फ़रमाया: "जब उस ने इसे मार दिया और उस में से कुछ न खाया तो वह उस ने तुम्हारे लिए ही महफूज़ रखा है"| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ ابوداؤد (2851) * مجالد ضعیف

٤٠٨٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَرْمِي الصَّيْدَ فَأَجِدُ فِيهِ مِنَ الْغَدِ سَهْمِي قَالَ: «إِذَا عَلِمْتَ أَنَّ سَهْمَكَ قَتَلَهُ وَلَمْ تَرَ فِيهِ أَثَرَ سَبُعٍ فَكُلْ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

4084. अदि बिन हातिम रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मैं शिकार पर तीर फेकता हो और अगले रोज़ में उस में अपना तीर देखता हूँ? आप ﷺ ने फ़रमाया: "जब तुम्हें यकीन हो गया के तुम्हारे ही तीर ने इसे मारा है और तुमने उस में किसी दरिन्दे का निशान न देखो तो फिर खाओ"| (सहीह)

صحیح ، رواہ ابوداؤد (لم اجده بهذا اللفظ و رواہ بلفظ آخر : 2849) [و الترمذی (1468)]

٤٠٨٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن جابرٍ قَالَ: نُهِينَا عَنْ صَيْدِ كَلْبِ الْمَجُوسِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

4085. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हमें मजुसियो के कुत्ते के शिकार से रोक दिया गया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (1466) [و ابن ماجه (3209)] * حجاج بن ارطاة : ضعیف مدلس و فیه علة أخرى و الحدیث ضعفه البوصیری

٤٠٨٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي ثَعْلَبَة الْخُشَنِي قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّا أَهْلُ [ص:١١٩ سفر تمر الْيَهُود وَالنَّصَارَى وَالْمَجُوسِ فَلَا نَجِدُ غَيْرَ آنِيَتِهِمْ قَالَ: «فَإِنْ لَمْ تَجِدُوا غَيْرَهَا فَاغْسِلُوهَا بِالْمَاءِ ثُمَّ كلوا فِيهَا وَاشْرَبُوا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

4086. अबू सअलबा खुशनी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! हम मुसाफ़िर लोग है, हम यहूद व नसारा और मजुसियो के पास से गुज़रते है, हमें उन के बर्तन ही दस्तियार होते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर तुम उन के अलावा न पाओ तो उन्हें पानी के साथ धो लो फिर उनमें खाओ पियो”| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذى (1464 وقال : حسن صحيح)

٤٠٨٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ قَبِيصَةَ بْنِ هُلْبٍ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: سَأَلْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ طَعَامِ النَّصَارَى وَفِي رِوَايَةٍ: سَأَلَهُ رَجُلٌ فَقَالَ: إِنَّ مِنَ الطَّعَامِ طَعَامًا أَتَحَرَّجُ مِنْهُ فَقَالَ: «لَا يَتَخَلَّجَنَّ فِي صَدْرِكَ شَيْءٌ ضَارَعْتَ فِيهِ النَّصْرَانِيَّةَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

4087. कबिस बिन हलब अपने वालिद से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: मैंने नबी ﷺ से इसाइयों के खाने के मुतल्लिक दरियाफ्त किया, और एक रिवायत में है: एक आदमी ने आप ﷺ से दरियाफ्त किया के बाज़ खानो से में बचा करता हूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम अपने दिल में कोई खल्जान महसूस न करो की उस में तुमने इसाइयों की मुशाबिहत इख़्तियार की है”, (क्यूंकि वह भी अपने अलावा किसी का खाना नहीं खाते)| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (1565 وقال : حسن) و ابوداؤد (3784)

٤٠٨٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي الدَّرْدَاءِ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ أَكْلِ الْمُجَثَّمَةِ وهيَ الَّتِي تُصْبَرُ بالنَّبلِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

4088. अबू दरदा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुजस्सिमा के खाने से मना फ़रमाया है, और यह वह है जिसे बांध कर तीर मारे जाए| (हसन)

حسن ، رواه الترمذى (1473 وقال : غريب)

٤٠٨٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ الْعِرْبَاضِ بْنِ سَارِيَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى يَوْمَ خَيْبَرَ عَنْ كُلِّ ذِي نَابٍ مِنَ السِّبَاعِ وَعَنْ كُلِّ ذِي مِخْلَبٍ مِنَ الطَّيْرِ وَعَنْ لُحُومِ الْحُمُرِ الْأَهْلِيَّةِ وَعَنِ الْمُجَثَّمَةِ وَعَنِ الْخَلِيسَةِ وَأَنْ تُوطَأَ الْحَبَالَى حَتَّى يَضَعْنَ مَا فِي بُطُونِهِنَّ قَالَ مُحَمَّدُ بْنُ يَحْيَى: سُئِلَ أَبُو عَاصِمٍ عَنِ الْمُجَثَّمَةِ فَقَالَ: أَنْ يُنْصَبَ الطَّيْرُ أَوِ الشَّيْءُ فَيُرْمَى وَسُئِلَ عَنِ الْخَلِيسَةِ فَقَالَ: الذِّئْبُ أَوِ السَّبُعُ يُدْرِكُهُ الرَّجُلُ فَيَأْخُذُ مِنْهُ فَيَمُوتُ فِي يَدِهِ قَبْلَ أَنْ يذكيها. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

4089. इरबाज़ बिन सारीया रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने खैबर के रोज़ दरिंदो में से हर

नुकीले दांत (से शिकार करने वाले) और परिंदों में से हर पंजे (से शिकार करने) वाले, पालतू गधे के गोश्त से, बांध कर तीर अन्दाज़ी किए जाने वाले और “खलीसा” के खाने से और जंग में गीरफ़्तार होने वाली हामिला औरत से वज़ा हमल से पहले जिमाअ करने से मना फ़रमाया, मुहम्मद बिन याह्या बयान करते हैं, अबू आसिम से “मुजष्षमा” के बारे में दरियाफ्त किया गया तो उन्होंने ने फ़रमाया: किसी परिंदे या किसी चीज़ को बांध के उस पर तीर अन्दाज़ी की जाए और उन से “खालिसा” के बारे में पूछा गया तो फ़रमाया कोई शख़्स भेड़िये या दरिन्दे से उस का शिकार चुराए और वह उस के जिबह करने से कबल उस के हाथ में मर जाए| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (1474) * ام حبیبة : لم اجد من و ثقها و للحدیث شواهد کثیرة دون :'' الخلیسة ''

٤٠٩٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ وَأَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى عَنْ شَرِيطَةِ الشَّيْطَانِ. زَادَ ابْنُ عِيسَى: هِيَ الذَّبِيحَةُ يُقْطَعُ مِنْهَا الْجِلْدُ وَلَا تُفْرَى الْأَوْدَاجُ ثُمَّ تُتْرَكُ حَتَّى تَمُوتَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4090. इब्ने अब्बास और अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने शैतान के शरित से मना फ़रमाया है, इब्ने इसा ने इज़ाफा नकल किया है, यह (शरित) वह ज़बिहा है के उसकी जल्द काट दि जाए और उसकी रगे न काटी जाए, फिर इसे छोड़ दिया जाए हत्ता के वह मर जाए| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2826) * عمرو بن عبدالله بن الاسوار الیمانی : ضعفه الجمهور و الجرح مقدم

٤٠٩١ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٌ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «ذَكَاةُ الْجَنِينِ ذَكَاةُ أُمِّهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد والدارمي

4091. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जनिन (पेट के बच्चे) की माँ का जिबह करना उस का जिबह करना है”| (सहीह)

صحیح ، رواه ابوداؤد (2828) و الدارمی (2 / 84 ح 1985)

٤٠٩٢ - (صَحِيح) وَرَوَاهُ التِّرْمِذِيّ عَن أبي سعيد

4092. और इमाम तिरमिज़ी ने इसे अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (1476)

٤٠٩٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي سعيدٍ الخدريِّ قَالَ: قُلْنَا: يَا رَسُولَ اللَّهِ نَنْحَرُ النَّاقَةَ ونذبح الْبَقَرَة وَالشَّاة فنجد فِي بَطنهَا جَنِينا أَنُلْقِيهِ أَمْ نَأْكُلُهُ؟ قَالَ: «كُلُوهُ إِنْ شِئْتُمْ فَإِنَّ ذَكَاتَهُ ذَكَاةُ أُمِّهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْن مَاجَه

4093. अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हमने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! हम ऊंटनी, गाय और बकरी जिबह करते हैं और हम उन के पेट में बच्चा पाते है, तो क्या हम इसे फेंक दे या इसे खा लें? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर चाहो तो खालो, क्योंकि उसकी माँ को जिबह करना उस का जिबह करना है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (2827) و ابن ماجه (3199) * مجالد ضعيف ضعفه الجمهور و حديث ابن حبان (الموارد : 1077 ، سنده حسن يغنى عنه

٤٠٩٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرِو بْنِ الْعَاصِ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ قَتَلَ عُصْفُورًا فَمَا فَوْقَهَا بِغَيْرِ حَقِّهَا سَأَلَهُ اللَّهُ عَنْ قَتْلِهِ» قِيلَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ وَمَا حَقُّهَا؟ قَالَ: «أَنْ يَذْبَحَهَا فَيَأْكُلَهَا وَلَا يَقْطَعَ رَأْسَهَا فَيَرْمِيَ بِهَا» . رَوَاهُ أَحْمد وَالنَّسَائِيّ والدرامي

4094. अब्दुल्लाह बिन अम्र बिन आस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने किसी चिड़िया या उस से ऊपर (छोटी या बड़े परिंदे) को नाहक क़त्ल किया तो अल्लाह उस के क़त्ल के मुतल्लिक उस से पूछेगा, अर्ज़ किया गया, अल्लाह के रसूल! उस का हक़ किया है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे जिबह करे और फिर इसे खा ले, और वह उस का सर काट कर इसे मत फेंके”| (हसन)

حسن ، رواه احمد (2 / 166 ح 6551) و النسائی (7 / 239 ح 4450) و الدارمی (2 / 84 ح 1984)

٤٠٩٥ - (لم تتمّ دراسته) عَن أبي وَافد اللَّيْثِيّ قَالَ: قَدِمَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْمَدِينَةَ وَهُمْ يَجُبُّونَ أَسْنِمَةَ الْإِبِلِ وَيَقْطَعُونَ أَلْيَاتِ الْغَنَمِ فَقَالَ: «مَا يُقْطَعُ مِنَ الْبَهِيمَةِ وَهِيَ حَيَّةٌ فَهِيَ مَيْتَةٌ لَا تُؤْكَلُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد

4095. अबू वाकिद लय्शी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ मदीना तशरीफ़ लाए तो अहले मदीना ऊटों के कोहान काट लिया करते थे, दुम्बो की कुल्हे काट लिया करते थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो हिस्सा जिंदा जानवर से काट लिया जाए तो वह (कटा हआ हिस्सा) मुरदार है, इसे न खाया जाए”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1480 وقال : حسن غريب) و ابوداؤد (2858)

शिकार और हलाल जानवरों का बयान • كتاب الصَّيْد والذبائح

तीसरी फस्ल • الْفَصْلُ الثَّالِث

٤٠٩٦ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَطَاءِ بْنِ يَسَارٍ عَنْ رَجُلٍ مِنْ بَنِي حَارِثَةَ أَنَّهُ كَانَ يَرْعَى لِقْحَةً بِشِعْبٍ مِنْ شِعَابِ أُحُدٍ فَرَأَى بِهَا الْمَوْتَ فَلَمْ يَجِدْ مَا يَنْحَرُهَا بِهِ فَأَخَذَ وَتِدًا فَوَجَأَ بِهِ فِي لَبَّتِهَا حَتَّى أَهْرَاقَ دَمَهَا ثُمَّ أَخْبَرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَمَرَهُ بِأَكْلِهَا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَمَالِكٌ وَفِي رِوَايَته: قَالَ: فذكاها بشظاظ

4096. अता बिन यस्सार बनू हारिस के आदमी से रिवायत करते हैं, के वह उहद की एक घाटी में ऊंटनी चराया करता था, उस ने ऊंटनी में मौत के आसार देखे तो उस ने इसे जिबह करने के लिए कुछ न पाया, चुनांचे उस ने एक खुटी ली और उस के सीने के ऊपर के हिस्से में मार दिया हत्ता के उस का खून बहा दिया, फिर रसूलुल्लाह ﷺ को बताया तो आप ने इसे खाने का हुक्म फ़रमाया| और मालिक की रिवायत में है की उस ने तेज़ लकड़ी के साथ इसे जिबह किया| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (2823) و مالک (2 / 489 ح 1076)

٤٠٩٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «مَا من دَابَّة إِلَّا وَقد ذَكَّاهَا اللَّهُ لِبَنِي آدَمَ» . رَوَاهُ الدَّارَقُطْنِيّ

4097. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह ने तमाम समुंदरी जानवर बनी आदम के लिए हलाल किए है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف جدا ، رواه الدارقطنی (4 / 267 ح 4666) * فیه حمزة بن عمرو النصیبی : ضعیف جدًا متهم

कुत्ते का बयान • بَاب ذكر الْكَلْب

पहली फस्ल • الْفَصْلُ الأول

٤٠٩٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «مَنِ اقْتَنَى كَلْبًا إِلَّا كَلْبَ مَاشِيَةٍ أَوْ ضَارٍ نَقَصَ مِنْ عَمَلِهِ كُلَّ يَوْمٍ قِيرَاطَانِ»

4098. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने रेवड़ की

हिफाज़त वाले कुत्ते और शिकारी कुत्ते के अलावा कोई कुत्ता रखा तो उस के अमल से रोज़ाना दो किरात कमी की जाती है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5480) و مسلم (50 / 1574)، (4023)

٤٠٩٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم: «من اتَّخَذَ كَلْبًا إِلَّا كَلْبَ مَاشِيَةٍ أَوْ صَيْدٍ أَو زرعٍ انتقَصَ منْ أجرِه كلَّ يومٍ قِيرَاط»

4099. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने रेवड़ की हिफाज़त वाले कुत्ते या शिकारी या खेती की हिफ़ाज़त वाले कुत्ते के सिवा कोई कुत्ता रखा तो उस के अज़र से रोज़ाना एक किरात कम किया जाता है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2322) و مسلم (58 / 1575)، (4031)

٤١٠٠ - (صَحِيح) وَعَن جَابر قَالَ: أَمَرَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِقَتْلِ الْكِلَابِ حَتَّى إِنَّ الْمَرْأَةَ تَقْدَمُ مِنَ البادِيةِ بكلبِها فتقتلَه ثُمَّ نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ قَتْلِهَا وَقَالَ: «عَلَيْكُمْ بِالْأَسْوَدِ الْبَهِيمِ ذِي النقطتين فَإِنَّهُ شَيْطَان» . رَوَاهُ مُسلم

4100. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने कुत्ते मारने का हमें हुक्म फ़रमाया हत्ता के औरत जंगल से अपने कुत्ते के साथ आती तो हम इस (कुत्ते) को भी क़त्ल कर देते, फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने उस के मारने से मना फ़रमाया और फ़रमाया: “तुम दो नुक्तो वाले सियाह कुत्ते को क़त्ल करो, क्योंकि वह शैतान है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (47 / 1572)، (4020)

٤١٠١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَمَرَ بِقَتْلِ الْكِلَابِ إِلَّا كَلْبَ صيدٍ أَو كلب غنم أَو مَاشِيَة

4101. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने शिकारी कुत्ते या बकरियो या रेवड़ की हिफाज़त वाले कुत्ते के सिवा दीगर कुत्तो को मारने का हुक्म फ़रमाया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3323) و مسلم (46 / 1571)، (4019)

बَاب ذكر الْكَلْب • कुत्ते का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٤١٠٢ - (لم تتمّ دراسته) عَن عبد الله بن مُغفَّلٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَوْلَا أَنَّ الْكِلَابَ [ص:١١٩ أُمَّةٌ مِنَ الْأُمَمِ لَأَمَرْتُ بِقَتْلِهَا كُلِّهَا فَاقْتُلُوا مِنْهَا كُلَّ أَسْوَدَ بَهِيمٍ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالدَّارِمِيُّ وَزَادَ التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيُّ: «وَمَا مِنْ أَهْلِ بَيْتٍ يَرْتَبِطُونَ كَلْبًا إِلَّا نَقَصَ مِنْ عَمَلِهِمْ كُلَّ يَوْمٍ قِيرَاطٌ إِلَّا كَلْبَ صَيْدٍ أَوْ كَلْبَ حَرْثٍ أَوْ كَلْبَ غنم»

4102. अब्दुल्लाह बिन मुगफ्फल रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर कुत्ते अल्लाह तआला की मखलूक न होती तो मैं इन सब को क़त्ल करने का हुक्म फरमाता, तुम उनमें से इन्तिहाई सियाह को क़त्ल करो”| अबू दावुद, दारमी और इमाम तिरमिज़ी और इमाम नसई ने यह इज़ाफा नकल किया है: “जो घर वाले शिकारी कुत्ते, खेती बाड़ी कि या बकरियों की हिफाज़त वाले कुत्ते के सिवा को कुत्ता पालता है, उन के अमल में से रोज़ाना एक किरात कम कर दिया जाता है”| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ ابوداؤد (2845) و الدارمی (2 / 90 ح 2013) و الترمذی (1489 وقال : حسن) و النسائی (7 / 185 ح 4285)] * [و ابن ماجہ (3205)] * الحسن البصری عنعن و للحدیث شواھد ضعیفۃ عند الطبرانی (الکبیر 11 / 349) و ابی یعلی (2442) و ابن حبان (الموارد : 1083 ، الاحسان : 5629) وغیرھم و حدیث ابی داود (2846) یغنی عنہ

٤١٠٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنِ التَّحْرِيشِ بَيْنَ الْبَهَائِمِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

4103. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने चोपायो के दरमियान लड़ाई कराने से मना फ़रमाया है| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ الترمذی (1708) [و ابوداؤد (2562)] * الاعمش مدلس و عنعن و فیه علل أخرى وله شاهد ضعيف

उन चीजों का बयान जिन का खाना हलाल और जिन का खाना हराम है • بَابُ مَا يَحِلُّ أَكْلُهُ وَمَا يَحْرُمُ

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٤١٠٤ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كُلُّ ذِي نَابٍ مِنَ السِّبَاعِ فأكله حرامٌ» . رَوَاهُ مُسلم

4104. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “दरिंदो में से नुकीले दांत वाले जानवर खाना हराम है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (15 / 1933)، (4992)

٤١٠٥ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ كُلِّ ذِي نَابٍ مِنَ السِّبَاعِ وَكُلِّ ذِي مِخْلَبٍ مِنَ الطَّيْرِ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

4105. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने दरिंदो में से नुकीले दांत वाले हर जानवर और परिंदों में से पंजे (से शिकार करने) वाले हर परिंदे (के खाने से मना फ़रमाया है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (16 / 1934)، (4994)

٤١٠٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أبي ثَعلبةَ قَالَ: حَرَّمَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لُحُومَ الْحُمُرِ الْأَهْلِيَّةِ

4106. अबू सअलबा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने पालतू गधो का गोश्त हराम करार दिया है| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5527) و مسلم (23 / 1936)، (5007)

٤١٠٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ جَابِرٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى يَوْمَ خَيْبَرَ عَنْ لُحُومِ الْحُمُرِ الْأَهْلِيَّةِ وَأَذِنَ فِي لُحُومِ الْخَيْلِ

4107. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने खैबर के रोज़ पालतू गधो के गोश्त से मना

फ़रमाया और घोड़ो के गोश्त की इजाज़त फरमाई| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5524) و مسلم (36 / 1941)، (5022)

٤١٠٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أبي قتادة أَنَّهُ رَأَى حِمَارًا وَحْشِيًّا فَعَقَرَهُ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هَلْ مَعَكُمْ مِنْ لَحْمِهِ شَيْءٌ؟» قَالَ: مَعَنَا رِجْلُهُ فَأَخَذَهَا فَأَكَلَهَا

4108. अबू क़तादा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने एक जंगली गधा देखा और इसे शिकार कर लिया, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम्हारे पास उस के गोश्त में से कुछ बाकी है?” उन्होंने अर्ज़ किया, हमारे पास उसकी टांग है, आप ﷺ ने उस से वह टांग लेकर इसे तनावुल फ़रमाया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1821) و مسلم (63 / 1196)، (2858)

٤١٠٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أنس قَالَ: أَنْفَجْنَا أَرْنَبًا بِمَرِّ الظَّهْرَانِ فَأَخَذْتُهَا فَأَتَيْتُ بهَا أَبَا طلحةَ فذبحها وَبَعَثَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بوَرِكِها وفخذْيها فقبِله

4109. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हमने मर्रिलज़हरान के पास एक खरगोश को दोड़ाया, मैं उसे पकड़ कर अबू तल्हा रदियल्लाहु अन्हु के पास ले आया, उन्होंने इसे जिबह किया और उस का कुल्हे और उसकी दोनों राने रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में भेजी तो आप ने उन्हें कबूल फ़रमाया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2572) و مسلم (53 / 1953)، (5048)

٤١١٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الضَّبُّ لَسْتُ آكُلُهُ وَلَا أُحَرِّمُهُ»

4110. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “न में गोह खाता हो और न इसे हराम करार देता हूँ”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5536) و مسلم (40 / 1943)، (5028)

٤١١١ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن ابنِ عبَّاسٍ: أَنَّ خَالِدَ بْنَ الْوَلِيدِ أَخْبَرَهُ أَنَّهُ دَخَلَ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى مَيْمُونَةَ وَهِيَ خَالَتُهُ وَخَالَةُ ابْنِ عَبَّاسٍ فَوَجَدَ عِنْدَهَا ضَبًّا مَحْنُوذًا فَقَدَّمَتِ الضَّبَّ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَرَفَعَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَدَهُ عَنِ الضَّبِّ فَقَالَ خَالِدٌ: أَحَرَامٌ الضَّبُّ يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ قَالَ: «لَا وَلَكِنْ لَمْ يَكُنْ بِأَرْضِ قَوْمِي فَأَجِدُنِي أَعَافُهُ» قَالَ خَالِدٌ: فَاجْتَرَرْتُهُ فَأَكَلْتُهُ وَرَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَنْظُرُ إِلَيَّ

4111. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के खालिद बिन वलीद रदियल्लाहु अन्हु ने उन्हें बताया की वह रसूलुल्लाह ﷺ की साथ में मैमुना रदियल्लाहु अन्हा के पास गए और वह खालिद बिन वलीद की और इब्ने अब्बास की खाला है, उन्होंने उन के वहां भुना हुआ सांडा पाया मैमुना रदियल्लाहु अन्हा ने रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में वह पेश किया तो रसूलुल्लाह ﷺ ने सांडे से अपना हाथ पीछे हटा लिया तो खालिद रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या सांडा हराम है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं, लेकिन यह मेरी कौम के इलाके में पाया नहीं जाता इसलिए में तबई तौर पर इसे नापसंद करता हूँ”, खालिद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने इसे अपने करीब कर लिया और खा लिया जबकि रसूलुल्लाह ﷺ मेरी तरफ देख रहे थे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5537) و مسلم (44 / 1946)، (5035)

٤١١٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أبي مُوسَى قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم يَأْكُلُ لَحْمَ الدَّجَاجِ

4112. अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को मुर्गे का गोश्त खाते हुए देखा| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5517) و مسلم (9 / 1649)، (4265)

٤١١٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن ابنِ أبي أوْفى قَالَ: غَزَوْنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم سَبْعَ غَزَوَاتٍ كُنَّا نَأْكُلُ مَعَهُ الجرادَ

4113. इब्ने अबी अव्फी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हमने रसूलुल्लाह ﷺ के साथ सात गज़वात में शिरकत की, हम आप के साथ तिड्डिया खाया करते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5495) و مسلم (52 / 1952)، (5045)

٤١١٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن جابرٍ قَالَ: غَزَوْتُ جَيْشَ الْخَبْطِ وَأُمِّرَ عَلَيْنَا أَبُو عُبَيْدَةَ فَجُعْنَا جُوعًا شَدِيدًا فَأَلْقَى الْبَحْرُ حُوتًا مَيِّتًا لَمْ نَرَ مِثْلَهُ يُقَالُ لَهُ: الْعَنْبَرُ فَأَكَلْنَا مِنْهُ نِصْفَ شَهْرٍ فَأَخَذَ أَبُو عُبَيْدَةَ عَظْمًا مِنْ عِظَامِهِ فَمَرَّ الرَّاكِبُ تَحْتَهُ فَلَمَّا قَدِمْنَا ذَكَرْنَا ذَلِكَ لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «كُلُوا رِزْقًا أَخْرَجَهُ اللَّهُ إِلَيْكُمْ وَأَطْعِمُونَا إِنْ كَانَ مَعَكُمْ» قَالَ: فَأَرْسَلْنَا إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْهُ فَأَكله

4114. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने गज़वा ए जैशुल खब्त में शिरकत की, अबू उबैदाह रदियल्लाहु अन्हु हमारे अमीर मुकर्रर किए गए, हम शदीद भूख का शिकार हो गए तो समुन्दर ने एक बहोत बड़ी मुर्दा मछली बाहर फेंकी, हमने इस जैसी मछली कभी नहीं देखी थी और इसे अंबर के नाम से याद किया

जाता है, हमने इसे आधे माह तक खाया, अबू उबैदाह रदियल्लाहु अन्हु ने उसकी हड्डियों में से एक हड्डी पकड़ी और ऊंट सवार उस के नीचे से गुज़र गया, जब हम वापस गए तो हमने नबी ﷺ से ज़िक्र किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह ने तुम्हारी तरफ जो रीज़्क निकाला है उसे खाओ और अगर तुम्हारे पास उस में से कुछ है तो हमें भी खिलाओ”, रावी बयान करते हैं, हमने उस में से कुछ रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में भेजा तो आप ने इसे तनावुल फ़रमाया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (4362) و مسلم (18 / 1935)، (4998)

٤١١٥ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا وَقَعَ الذُّبَابُ فِي إِنَاءِ أحدِكم فَلْيَغْمِسْهُ كُلَّهُ ثُمَّ لِيَطْرَحْهُ فَإِنَّ فِي أَحَدِ جَنَاحَيْهِ شِفَاءً وَفِي الْآخَرِ دَاءً» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

4115. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से किसी के बर्तन में मक्खी गिर जाए तो वह उस को अच्छी तरह पानी में गोटा दे कर बाहर फेंके क्योंकि उसके दो में से एक पर में सिफा जबकि दूसरे में बीमारी है”| (बुखारी)

رواه البخارى (5782)

٤١١٦ - (صَحِيح) وَعَن ميمونةَ أَنَّ فَأْرَةً وَقَعَتْ فِي سَمْنٍ فَمَاتَتْ فَسُئِلَ رَسُول الله صلى الله عَلَيْهِ وَسلم فَقَالَ: «ألقوها وَمَا حولهَا وكلوه» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

4116. मय्मुना रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के चुहिया घी में गिर कर मर गई, रसूलुल्लाह ﷺ से उस के मुतल्लिक मसअला दरियाफ्त किया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस को और उस के आस पास के घी को फेंक दो और बकिया (घी) खालो”| (बुखारी)

رواه البخارى (5538)

٤١١٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن ابْن عمر أَنَّهُ سَمِعَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " اقْتُلُوا الْحَيَّاتِ وَاقْتُلُوا ذَا الطُّفْيَتَيْنِ وَالْأَبْتَرَ فَإِنَّهُمَا يَطْمِسَانِ الْبَصَرَ وَيَسْتَسْقِطَانِ الْحَبَلَ قَالَ عَبْدُ اللَّهِ: فَبَيْنَا أَنَا أُطَارِدُ حَيَّةً أَقْتُلَهَا نَادَانِي أَبُو لُبَابَةَ: لَا تَقْتُلْهَا فَقُلْتُ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَمَرَ بِقَتْلِ الْحَيَّاتِ. فَقَالَ: إِنَّهُ نَهَى بَعْدَ ذَلِكَ عَنْ ذَوَات الْبيُوت وَهن العوامر

4117. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के उन्होंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना: “सांपो को क़त्ल करो और खास कर दो लकिरो वाले और दुम कटे सांप को क़त्ल करो, क्योंकि वह दोनों बिनाई ख़तम कर देते है, और हमल गिरा देते है”, अब्दुल्लाह रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: इस असना में की मैं एक सांप को मारने के

लिए उस के पीछे दोड़ा तो अबू लुबाबह रदियल्लाहु अन्हु ने मुझे आवाज़ दी: इसे मत मारो मैंने कहा रसूलुल्लाह ﷺ ने सांपो को मारने का हुक्म फ़रमाया है, उन्होंने कहा: आप ﷺ ने उस के बाद घरो में रहने वालो को मारने से मना फरमा दिया था, क्योंकि वह उन (घरो) को आबाद रखने वाले हैं| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (3297) و مسلم (128 / 2233)، (5825)

٤١١٨ - (صَحِيح) وَعَن أبي السَّائِبِ قَالَ: دَخَلْنَا عَلَى أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ فَبَيْنَمَا نحنُ جلوسٌ إِذ سمعنَا تَحت سَرِيره فَنَظَرْنَا فَإِذَا فِيهِ حَيَّةٌ فَوَثَبْتُ لِأَقْتُلَهَا وَأَبُو سَعِيدٍ يُصَلِّي فَأَشَارَ إِلَيَّ أَنِ اجْلِسْ فَجَلَسْتُ فَلَمَّا انْصَرَفَ أَشَارَ إِلَى بَيْتٍ فِي الدَّارِ فَقَالَ: أَتَرَى هَذَا البيتَ؟ فَقلت: نعم فَقَالَ: كَانَ فِيهِ فَتًى مِنَّا حَدِيثُ عَهْدٍ بِعُرْسٍ قَالَ: فَخَرَجْنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى الْخَنْدَقِ فَكَانَ ذَلِكَ الْفَتَى يَسْتَأْذِنُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِأَنْصَافِ النَّهَارِ فَيَرْجِعُ إِلَى أَهْلِهِ فَاسْتَأْذَنَهُ يَوْمًا فَقَالَ لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «خُذْ عَلَيْكَ سِلَاحَكَ فَإِنِّي أَخْشَى عَلَيْكَ قُرَيْظَةَ» . فَأَخَذَ الرَّجُلُ سِلَاحَهُ ثُمَّ رَجَعَ فَإِذَا امْرَأَتُهُ بَيْنَ الْبَابَيْنِ قَائِمَةٌ فَأَهْوَى إِلَيْهَا بِالرُّمْحِ لِيَطْعَنَهَا بِهِ وَأَصَابَتْهُ غَيْرَةٌ فَقَالَتْ لَهُ: اكْفُفْ عَلَيْكَ رُمْحَكَ وَادْخُلِ الْبَيْتَ حَتَّى تَنْظُرَ مَا الَّذِي أَخْرَجَنِي فَدَخَلَ فَإِذَا بِحَيَّةٍ عَظِيمَةٍ مُنْطَوِيَةٍ عَلَى الْفِرَاشِ فَأَهْوَى إِلَيْهَا بِالرُّمْحِ فَانْتَظَمَهَا بِهِ ثُمَّ خَرَجَ فَرَكَزَهُ فِي الدَّارِ فَاضْطَرَبَتْ عَلَيْهِ فَمَا يُدْرَى أَيُّهُمَا كَانَ أَسْرَعَ مَوْتًا: الْحَيَّةُ أَمِ الْفَتَى؟ قَالَ: فَجِئْنَا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَذَكَرْنَا ذَلِكَ لَهُ وَقُلْنَا: ادْعُ اللَّهَ يُحْيِيهِ لَنَا فَقَالَ: «اسْتَغْفِرُوا لِصَاحِبِكُمْ» ثُمَّ قَالَ: «إِنَّ لِهَذِهِ الْبُيُوتِ عَوَامِرَ فَإِذَا رأيتُم مِنْهَا شَيْئا فحرِّجوا عَلَيْهَا [ص: ١٢٠ ثَلَاثًا فَإِنْ ذَهَبَ وَإِلَّا فَاقْتُلُوهُ فَإِنَّهُ كَافِرٌ» . وَقَالَ لَهُمْ: «اذْهَبُوا فَادْفِنُوا صَاحِبَكُمْ» وَفِي رِوَايَةٍ قَالَ: «إِنَّ بالمدينةِ جِنًّا قد أَسْلمُوا فَإِذا رأيتُم مِنْهُم شَيْئًا فَآذِنُوهُ ثَلَاثَةَ أَيَّامٍ فَإِنْ بَدَا لَكُمْ بَعْدَ ذَلِكَ فَاقْتُلُوهُ فَإِنَّمَا هُوَ شَيْطَانٌ» . رَوَاهُ مُسلم

4118. अबू साइब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु के पास गए हम उन के पास बैठें हुए थे की इस असना में हमने उनकी चारपाई के नीचे कोई आहट सुनी, हमने देखा के वह सांप था, मैं उसे क़त्ल करने के लिए जल्दी से उठा जबकि अबू सईद रदियल्लाहु अन्हु नमाज़ पढ़ रहे थे, उन्होंने मुझे इरशाद किया की मैं बैठ जाओ, मैं बैठ गया, जब वह फारिग़ हुए तो उन्होंने घर में एक कमरे की तरफ इरशाद किया और फ़रमाया: यह कमरे देख रहे हो? मैंने कहा: जी हाँ, उन्होंने ने फ़रमाया: इस कमरे में हमारा एक नौबिह्यात नोजवान था, उन्होंने फ़रमाया हम रसूलुल्लाह ﷺ के साथ खंदक की तरफ निकले, वह नोजवान दोपहर के वक़्त रसूलुल्लाह ﷺ से इजाज़त हासिल कर के अपने अहलिया के पास आ जाया करता था, चुनांचे एक रोज़ उस ने आप ﷺ से इजाज़त तलब की तो रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे फ़रमाया: “अपना अस्लिहा साथ ले जाओ, क्योंकि मुझे तुम्हारे मुतल्लिक बनू कुरैज़ा का खतरा है”, उस ने अपना अस्लिहा लिया और अपने घर की तरफ चल दिया (जब वह घर के करीब पहुंचा तो) उस ने देखा के उसकी अहलिया दरवाज़े पर है, उस ने गैरत में आकर उसकी तरफ नैज़ा बढ़ाया ताकि वह इसे मारे, उस ने इसे कहा अपना नैज़ा रोके और कमरे में जा कर देखें के वह कौन सी चीज़ है जिस ने मुझे बाहर निकलने पर मजबूर किया है, वह दाखिल हुआ तो उस ने एक बहोत बड़े अजगर को कुंडली मारे ज़मीन पर देखा तो उस ने नैज़ा उस में घोंप दिया, फिर वह बाहर आ गया और इसे घर में गाड़ दिया सांप इस (नेज़े) पर तड़पने लगा, मालुम नहीं हो सका की इन दोनों में से पहले कौन मरा, सांप या वह नोजवान? रावी बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए और आप से उस का तज़किरह

किया और हमने अर्ज़ किया: अल्लाह से दुआ फरमाइए के वह इसे हमारे लिए जिंदा फरमादे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपने साथी के लिए मगफिरत तलब करो”, फिर फ़रमाया: “उन घरो के कुछ मकीन है, जब तुम इस तरह की कोई चीज़ देखो तो उसे तीन बार घर से निकलने पर मजबूर करो अगर वह चला जाए (तो ठीक) वरना इसे मार दो, क्योंकि वह काफ़िर है”, और आप ﷺ ने फ़रमाया: “मदीना में जिन्न है, जो इस्लाम कबूल कर चुके हैं, जब तुम उनमें से कोई चीज़ देखो तो उसे तीन रोज़ ख़बरदार करो, फिर अगर उस के बाद भी ज़ाहिर हो तो इसे क़त्ल कर दो, क्योंकि वह तो शैतान है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (140 / 2236)، (5840)

٤١١٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أم شريك: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَمَرَ بِقَتْلِ الْوَزَغِ وَقَالَ: «كَانَ يَنْفُخُ عَلَى إِبْرَاهِيم»

4119. उम्म शरीक रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने गिरगिट मारने का हुक्म फ़रमाया, और फ़रमाया: “वो इब्राहीम अलैहिस्सलाम के लिए जलाई गई आग भड़काने के लिए फूंके मारता था”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3359) و مسلم (142 / 2237)، (5842)

٤١٢٠ - (صَحِيح) وَعَنْ سَعْدِ بْنِ أَبِي وَقَّاصٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَمَرَ بِقَتْلِ الْوَزَغِ وَسَمَّاهُ فُوَيْسِقًا. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

4120. साद बिन अबी वकास रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने गिरगिट को मारने का हुक्म फ़रमाया और उस का नाम फविस्क रखा| (मुस्लिम)

رواه مسلم (144 / 2238)، (5844)

٤١٢١ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَة أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ قَتَلَ وَزَغًا فِي أولَّ ضَرْبَة كتبت لَهُ مِائَةُ حَسَنَةٍ وَفِي الثَّانِيَةِ دُونَ ذَلِكَ وَفِي الثَّالِثَة دون ذَلِك» . رَوَاهُ مُسلم

4121. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने पहली ज़र्ब में गिरगिट मार दीया तो उस के लिए सौ नेकी लिख दी जाती है, और दूसरी चोट में मारने वाले के लिए उस से कम और तीसरी में उस से कम (नेकी लिखी जाती है)”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (147 / 2240)، (5847)

٤١٢٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " قَرَصَتْ نَمْلَةٌ نَبِيًّا من الأنبياءِ فأمرَ بقريةِ النَّمْلِ فَأُحْرِقَتْ فَأَوْحَى اللَّهُ تَعَالَى إِلَيْهِ: أَنْ قَرَصَتْكَ نَمْلَةٌ أَحْرَقْتَ أُمَّةً مِنَ الْأُمَمِ تُسَبِّحُ؟ "

4122. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "चींटी ने किसी नबी ﷺ को काट लिया तो उन्होंने चीटियों के ठिकाना को जला देने का हुक्म फ़रमाया तो उसे जला दिया गया, अल्लाह तआला ने उसकी तरफ वही फरमाई के आप को एक चींटी ने काटा था और आप ने एक ऐसी जमाअत को जला दिया जो तस्बीह करती थी| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (3019) و مسلم (148 / 2241)، (5849)

بَابُ مَا يَحِلُّ أَكْلُهُ وَمَا يَحْرُمُ • उन चीजों का बयान जिन का खाना हलाल और जिन का खाना हराम है

الْفَصْلُ الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٤١٢٣ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا وَقَعَتِ الْفَأْرَةُ فِي السَّمْنِ فَإِنْ كَانَ جَامِدًا فَأَلْقُوهَا وَمَا حَوْلَهَا وَإِنْ كَانَ مَائِعًا فَلَا تَقْرَبُوهُ» . رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد

4123. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब चुहिया घी में गिर जाए, अगर वह जामद हो तो इस (चुहिया) को और उस के आस पास वाले घी को निकाल कर फेंक दो और अगर वह घी माई (तरल) हालत में हो तो फिर उस के करीब न जाओ"| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ احمد (2 / 232233 ح 7177) * الزھری مدلس و عنعن ، و معمر : خالفہ الثقات فیہ و الحدیث ضعفہ البخاری و الترمذی وغیرھما

٤١٢٤ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ الدَّارِمِيّ عَن ابْن عَبَّاس

4124. और इमाम दारमी ने इसे इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत किया है| (सहीह)

صحیح رواہ الدارمی (2 / 109 ح 20892092 ح 21282131) و للحدیث طرق عند البخاری (235236) وغیرہ* لفظ الدارمی :'' خذوھا (القوھا) وما حولھا فاطر حوہ ، [وکلوا] '' یعنی کلوا السمن الباقی

٤١٢٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سَفِينَةَ قَالَ: أَكَلْتُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَحْمَ حُبَارَى. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4125. सफीना रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ के साथ सरख्वाब (चकवा) का गोश्त खाया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3797) [و الترمذی (128 وقال : غريب)] * بريه : ابراهيم بن عمر ضعفه الجمهور

٤١٢٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ أَكْلِ الْجَلَّالَةِ وَأَلْبَانِهَا. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَفِي رِوَايَةِ أَبِي دَاوُدَ: قَالَ: نُهِيَ عَنْ ركوبِ الْجَلالَة

4126. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने गंदगी खाने वाले जानवर के खाने और उस के दूध (पिने) से मना फ़रमाया है| तिरमिज़ी, और अबू दावुद की रिवायत में है आप ﷺ ने गलाज़त खाने वाले जानवर की सवारी से मना फ़रमाया है| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (1824 وقال : حسن غريب) و ابوداؤد (3785 و سنده ضعيف ، 3787 ، 3719 ، الرواية الثانية)

٤١٢٧ - (حسن) وَعَن عبدِ الرَّحمنِ بنِ شِبْلٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى عَنْ أَكْلِ لَحْمِ الضَّبِّ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

4127. अब्दुल रहमान बिन शिबली रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने सांडे के गोश्त को खाने से मना फ़रमाया है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3796)

٤١٢٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهَى عَنْ أَكْلِ الْهِرَّةِ وَأَكْلِ ثَمَنِهَا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ

4128. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने बिल्ली के गोश्त और उसकी कीमत खाने से मना फ़रमाया है| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (3480) و الترمذی (1280 وقال : غريب)

٤١٢٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعنهُ حَرَّمَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَعْنِي يَوْمَ خَيْبَرَ الْحُمُرَ الْإِنْسِيَّةَ وَلُحُومَ الْبِغَالِ وَكُلَّ ذِي نَابٍ مِنَ السِّبَاعِ وَكُلَّ ذِي مِخْلَبٍ مِنَ الطَّيْرِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيث غَرِيب

4129. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने खैबर के रोज़ पालतू गधो और खच्चरों के गोश्त

से, नुकीले दांत वाले दरिंदो और पंजे से शिकार करने वाले परिंदों के गोश्त से मना फ़रमाया है| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذی (1478)

٤١٣٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن خالدِ بْنِ الْوَلِيدِ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَهى عَنْ أَكْلِ لُحُومِ الْخَيْلِ والبِغَالِ والحميرِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

4130. खालिद बिन वलीद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने घोड़ो, खच्चरों और गधो के गोश्त खाने से मना फ़रमाया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (3790) و النسائی (7 / 202 ح 43364337) [و ابن ماجه (3198)] * فیه صالح بن یحیی بن المقدام : لین الحدیث و ابوه مستور و الحدیث ضعفه موسی بن ھارون الحافظ وغیره

٤١٣١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ قَالَ: غَزَوْتُ مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ خَيْبَرَ فَأَتَتِ الْيَهُودُ فَشَكَوْا أَنَّ النَّاسَ قَدْ أَسْرَعُوا إِلَى خَضَائِرِهِمْ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَلَا لَا يَحِلُّ أَمْوَالُ المعاهِدينَ إِلاَّ بحقِّها» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4131. खालिद बिन वलीद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने गजवा ए खैबर में नबी ﷺ के साथ शिरकत की, यहूद (आप ﷺ की खिदमत में आए) और उन्होंने शिकायत की के लोगों ने उन के फलदार दरख्तों से फल उतारने में बहोत जल्दी की है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सुन लो! ज़िम्मियो से नाहक माल लेना हलाल नहीं|” (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (3806) و انظر الحدیث السابق (4130) لعلته

٤١٣٢ - (جيد) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " أُحِلَّتْ لَنَا مَيْتَتَانِ وَدَمَانِ: الْمَيْتَتَانِ: الْحُوتُ وَالْجَرَادُ وَالدَّمَانِ: الْكَبِدُ وَالطِّحَالُ ". رَوَاهُ أحمدُ وابنُ مَاجَه وَالدَّارَقُطْنِيّ

4132. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हमारे लिए दो मुर्दा चीज़े और दो खून हलाल किए गए है, दो मुरदार मछली और टिड्डी है, जबकि दो खून जिगर और तिल्ली है”| (ज़ईफ़)

ضعیف ، رواه احمد (2 / 97 ح 5723 موقوف) و ابن ماجه (3218 ، 3314 و سنده ضعیف) و الدارمی (4 / 271272) * عبد الرحمن بن زید بن اسلم ضعیف و تابعه اخواه وهما ضعیفان** سنده ضعیف جدًا وله شاھد موقوف صحیح عند البیهقی (1 / 254) وله حکم المرفوع وھو یغنی عنه

٤١٣٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي الزُّبيرِ عَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «مَا ألقاهُ البحرُ وجزر عَنْهُ الْمَاءُ فَكُلُوهُ وَمَا مَاتَ فِيهِ وَطَفَا فَلَا تَأْكُلُوهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ»» وَقَالَ مُحْيِي السُّنَّةِ: الْأَكْثَرُونَ عَلَى أَنَّهُ مَوْقُوفٌ على جَابر

4133. अबू जुबैर रहिमहुल्लाह जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस चीज़ को समुन्दर बाहर (साहिल की तरफ) फेंक दे और उस से पानी उतर जाए तो उसे खाओ और जो उस में मर जाए और सतह समुन्दर पर तेर ने लगे तो उसे मत खाओ”| अबू दावुद, इब्ने माजा| इमाम मुह्यी अल सुन्नी (रह) ने फ़रमाया: अक्सर का यह मुअक्किफ है के यह रिवायत जाबिर (र) पर मौकूफ है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (3815) و ابن ماجه (3247) و ذکره البغوی فی مصابیح السنة (3 / 40 ح 3167) * ابو الزبیر مدلس و عنعن

٤١٣٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن سلمَان قَالَ: سُئِلَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ الْجَرَادِ فَقَالَ: «أَكْثَرُ جُنُودِ اللَّهِ لَا آكُلُهُ وَلَا أُحَرِّمُهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدُ وَقَالَ محيي السّنة: ضَعِيف

4134. सलमान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ से टिड्डियों के बारे में दरियाफ्त किया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो अल्लाह का कसीर लश्कर है, मैं उसे न खाता हो न हराम करार देता हूँ”| अबू दावुद, मुह्यी अल सुन्नी ने फ़रमाया: यह रिवायत जईफ है| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه ابوداؤد (3813) * سلیمان التیمی مدلس و عنعن و تابعه ابو العوام ولم یوثقه غیر ابن حبان

٤١٣٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن زيدِ بن خالدٍ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ سَبِّ الدِّيكِ وَقَالَ: «إِنَّهُ يُؤَذِّنُ للصَّلاةِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4135. ज़ैद बिन खालिद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुर्गे को बुरा भुला कहने से मना फ़रमाया है और आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो नमाज़ (के वक़्त) की इत्तिला देता है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه البغوی فی شرح السنة (12 / 199 ح 3270) [و ابوداؤد ، انظر الحدیث الآتی]

٤١٣٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَسُبُّوا الدِّيكَ فَإِنَّهُ يُوقِظُ للصلاةِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4136. ज़ैद बिन खालिद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुर्गे को बुरा भुला न कहो, क्योंकि वह नमाज़ के लिए बेदार करता है”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (5101)

٤١٣٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ أَبِي لَيْلَى قَالَ: قَالَ أَبُو لَيْلَى: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا ظَهَرَتِ الْحَيَّةُ فِي الْمَسْكَنِ فَقُولُوا لَهَا: إِنَّا نَسْأَلُكِ بِعَهْدِ نُوحٍ وَبِعَهْدِ سُلَيْمَانَ بْنِ دَاوُدَ أَنْ لَا تُؤْذِينَا فَإِنْ عَادَتْ فَاقْتُلُوهَا ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ

4137. अब्दुल रहमान बिन अबी लैला बयान करते हैं, अबू लैला रदियल्लाहु अन्हु ने कहा रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब घर में सांप निकल आए तो उसे कहो: हम तुझे नुह और सुलेमान बिन दाउद (अ) के अहद का हवाला देते हैं की, तो हमें तकलीफ न पहुंचा, अगर वह दोबारा निकले तो उसे क़त्ल कर दो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (1485 وقال : حسن غريب) و ابوداؤد (5260) * فيه محمد بن ابى ليلى : ضعيف ضعفه الجمهور

٤١٣٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عكرمةَ عَن ابنِ عبَّاسٍ قَالَ: لَا أَعْلَمُهُ إِلَّا رَفَعَ الْحَدِيثَ: أَنَّهُ كَانَ يَأْمُرُ بِقَتْلِ الْحَيَّاتِ وَقَالَ: «مَنْ تَرَكَهُنَّ خَشْيَةَ ثَائِرٍ فَلَيْسَ مِنَّا» . رَوَاهُ فِي شَرْحِ السّنة

4138. इकरीमा, इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत करते हैं, इकरीमा ने कहा: में जानता हूँ कि उन्होंने इसे मरफ़ुअ बयान किया है की आप ﷺ सांपो को मारने का हुक्म फ़रमाया करते थे, और आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस ने सांप के इन्तेकाम के खौफ से उन्हें छोड़ दिया तो वह हम में से नहीं”| (ज़ईफ़)

رواه البغوى فى شرح السنة (12 / 195 ح 3265) [و عبد الرزاق (19617) و ابوداؤد (5250)] * موسى بن مسلم الطحان شک فى وصل الحديث فالحديث معلول

٤١٣٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا سَالَمْنَاهُمْ مُنْذُ حَارَبْنَاهُمْ وَمَنْ تَرَكَ شَيْئًا مِنْهُمْ خِيفَةً فَلَيْسَ منَّا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4139. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब से हमारी उन (सांपो) से लड़ाई शुरू हुई है, हम ने उन से सुलह नहीं की, और जिस ने डर के पेशे नज़र उनमें से किसी (सांप) को (मारे बगैर) छोड़ दिया तो वह हम में से नहीं”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (5248)

٤١٤٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اقْتُلُوا الْحَيَّاتِ كُلَّهُنَّ فَمَنْ خَافَ ثَأْرَهُنَّ فَلَيْسَ مِنِّي» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ

4140. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हर किस्म के सांप को क़त्ल करो, और जो शख़्स उन के इन्तेकाम से डर गया वह मुझ से नहीं”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (5249) و النسائى (6 / 51 ح 3195) * شريک مدلس و عنعن و احاديث ابى داود (52485252) وغيره تغنى عنه

٤١٤١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن العبَّاسِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّا نُرِيدُ أَنْ نَكْنُسَ زَمْزَمَ وَإِنَّ فِيهَا مِنْ هَذِهِ الْجِنَّانِ يَعْنِي الْحَيَّاتِ الصِّغَارِ فَأَمَرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِقَتْلِهِنَّ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4141. अब्बास रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हम चाहो ज़म ज़म की सफाई करना चाहते है और उस में छोटे छोटे सांप हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें मार डालने का हुक्म फ़रमाया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (5251) * مروان بن معاوية مدلس و عنعن و فى سماع عبد الرحمن بن سابط من العباس رضى الله عنه نظر

٤١٤٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم قَالَ: «اقْتُلُوا الْحَيَّاتِ كُلَّهَا إِلَّا الْجَانَّ الْأَبْيَضَ الَّذِي كَأَنَّهُ قضيب فضَّة» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4142. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “चाँदी की सलाख की मिस्ल सफ़ेद सांपो के अलावा तमाम सांपो को मार डालो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (5261) * ابراهيم النخعى لم يسمع من ابن مسعود رضى الله عنه فالسند منقطع ولا ينفع ابراهيم ان يروى عن جماعة من اصحابه التابعين او اتباع التابعين : الذين لا نعرفهم باسمائهم كلهم عن ابن مسعود رضى الله عنه ، و المغيرة بن مقسم مدلس و عنعن

٤١٤٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا وَقَعَ الذُّبَابُ فِي إِنَاءِ أَحَدِكُمْ فَامْقُلُوهُ فَإِنَّ فِي أَحَدِ جَنَاحَيْهِ دَاءً وَفِي الْآخَرِ شِفَاءً فَإِنَّهُ يَتَّقِي بِجَنَاحِهِ الَّذِي فِيهِ الدَّاءُ فَلْيَغْمِسْهُ كُلَّهُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4143. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से किसी के बर्तन में मख्खी गिर जाए तो उसे डुबो दे, क्योंकि उस के एक पर में बीमारी है, जबकि दूसरे में शिफा है, वह अपने उस पर के ज़रिए (गिरने से) बचता है जिस में बीमारी है, इसलिए इसे मुकम्मल तौर पर डुबो दो”| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (3844)

٤١٤٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا وَقَعَ الذُّبَابُ فِي الطَّعَامِ فَامْقُلُوهُ فَإِنَّ فِي أَحَدِ جَنَاحَيْهِ سُمًّا وَفِي الْآخَرِ شِفَاءً وَإِنَّهُ يُقَدِّمُ السَّمَّ وَيُؤَخِّرُ الشِّفَاءَ» . رَوَاهُ فِي شرح السّنة

4144. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब मख्खी खाने में गिर जाए तो उसे डुबो दें, क्योंकि उस के एक पर में ज़हर है जबकि दूसरे में शिफा है, और वह ज़हर वाले पर को मुकद्दम रखती है और शिफा वाले पर को मुअख्खर”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه البغوى فى شرح السنة (11 / 261 ح 2815) [و ابن ماجه (3504) و النسائى (7 / 178179 ح 4267)]

٤١٤٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ قَتْلِ أَرْبَعٍ مِنَ الدَّوَابِّ: النَّمْلَةِ وَالنَّحْلَةِ وَالْهُدْهُدُ وَالصُّرَدُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالدَّارِمِيُّ

4145. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने चार जानवरों: चींटी, शहद की मख्खी, हूद हूद और लतुरे को मारने से मना फ़रमाया है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (5267) و الدارمی (2 / 8889 ح 2550) [و ابن ماجه (3224)] * الزهری عنعن و للحديث شواهد ضعيفة

उन चीजों का बयान जिन का खाना हलाल और जिन का खाना हराम है • بَابُ مَا يَحِلُّ أَكْلُهُ وَمَا يَحْرُمُ

तीसरी फस्ल • الْفَصْلُ الثَّالِث

٤١٤٦ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: كَانَ أَهْلُ الْجَاهِلِيَّةِ يَأْكُلُونَ أَشْيَاءَ وَيَتْرُكُونَ أَشْيَاءَ تَقَذُّرًا فَبَعَثَ اللَّهُ نَبِيَّهُ وَأَنْزَلَ كِتَابَهُ وَأَحَلَّ حَلَالَهُ وَحَرَّمَ حَرَامَهُ فَمَا أَحَلَّ فَهُوَ حَلَالٌ وَمَا حَرَّمَ فَهُوَ حَرَامٌ وَمَا سَكَتَ عَنْهُ فهو عفوٌ وتلا (قُلْ لَا أَجِدُ فِيمَا أُوحِيَ إِلَيَّ مُحَرَّمًا عَلَى طَاعِمٍ يَطْعَمُهُ إِلَّا أَنْ يَكُونَ مَيْتَةً أَو دَمًا)»» رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4146. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, अहल ए जाहिलियत कुछ चीज़े खाया करते थे और कुछ चीज़े बतौर कराहत छोड़ दिया करते थे, अल्लाह ने अपने नबी ﷺ को मबउस फ़रमाया, अपनी किताब नाज़िल फरमाई, उस ने हलाल करदा चीजों को हलाल और अपने हराम करदा चीजों को हराम करार दिया, उस ने जिन चीजों को हलाल किया यह हलाल है और जिन को हराम किया यह हराम है, और जिस से ख़ामोशी इख़्तियार की तो वह काबिल मुआखिज़ा (इलज़ाम लगाना) नहीं, फिर इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा ने यह आयत तिलावत फरमाई: “फरमा दीजिए! मेरी तरफ जो वही की गई है, मैं उस में खाने वाले के लिए जो वह खाता है, मुरदार, बहता हुआ खून, खिंजिर के गोश्त के सिवा कोई और चीज़ हराम नहीं पाता”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (3800)

٤١٤٧ - (صَحِيح) وَعَن زاهِرٍ الأسلميِّ قَالَ: إِنِّي لَأُوقِدُ تَحْتَ الْقُدُورِ بِلُحُومِ الْحُمُرِ إِذْ نَادَى مُنَادِي رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَنْهَاكُمْ عَنْ لُحُومِ الْحُمُرِ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

4147. ज़ाहिर असलमी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ के मुनादी (एलान) करने वाले ने यह एलान किया के रसूलुल्लाह ﷺ तुम्हें गधो के गोश्त से मना फरमाते हैं, मैं इस वक़्त हांडियो के नीचे आग

जला रहा था, जिन में गधो का गोश्त था| (बुखारी)

رواه البخارى (4173)

٤١٤٨ - (صَحِيح) وَعَن أبي ثعلبةَ الخُشَنيَّ يَرْفَعُهُ: «الْجِنُّ ثَلَاثَةُ أَصْنَافٍ صِنْفٌ لَهُمْ أَجْنِحَةٌ يَطِيرُونَ فِي الْهَوَاءِ وَصِنْفٌ حَيَّاتٌ وَكِلَابٌ وَصِنْفٌ يُحلُّونَ ويظعنونَ» . رَوَاهُ فِي شرح السنَّة

4148. अबू सअलबा खुशनी रदियल्लाहु अन्हु मरफुअ रिवायत बयान करते हैं,: “जीनो की तीन किस्मे है: एक किस्म यह है कि उस के पर है और वह हवा में उड़ते है, एक किस्म सांपो और कुत्तो की है और एक किस्म यह है कि वह पड़ाव डालते है और कुच करते हैं”| (हसन)

حسن ، رواه البغوى فى شرح السنة (12 / 195 بعد ح 3264 بدون السند) [و الطحاوى فى مشكل الآثار (4 / 95 ، نسخة جديدة 7 / 381 ح 2941 و سنده حسن) و ابن حبان (الاحسان : 6123 ، 6156) و الحاكم (2 / 456)]

बَاب الْعَقِيقَة • अकिके का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٤١٤٩ - (صَحِيح) عَن سلمانَ بن عامرٍ الضَّبي قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَعَ الْغُلَامِ عَقِيقَةٌ فَأَهْرِيقُوا عَنْهُ دَمًا وأميطوا عَنهُ الْأَذَى» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

4149. सलमान बिन आमिर ज़ब्यी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “लड़के के पैदा होने पर अकिका है, उसकी तरफ से खून बहाव (जानवर जिबह करो) और उस से तकलीफ दूर करो (इस का सर मुंडाओ और इसे निहलाओ)”| (बुखारी)

رواه البخارى (54715472)

٤١٥٠ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يُؤْتَى بِالصِّبْيَانِ فَيُبَرِّكُ عَلَيْهِمْ وَيُحَنِّكُهُمْ. رَوَاهُ مُسلم

4150. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ के पास बच्चे लाए जाते तो आप इन के लिए बरकत की दुआ फरमाते, और उन्हें घुट्टी देते थे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (101 / 286)، (662)

٤١٥١ - (مُتَّفقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَسْمَاءَ بِنْتِ أَبِي بَكْرٍ أَنَّهَا حَمَلَتْ بِعَبْدِ اللَّهِ بْنِ الزُّبَيْرِ بِمَكَّةَ قَالَتْ: فَوَلَدْتُ بِقُبَاءَ ثُمَّ أَتَيْتُ بِهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَوَضَعْتُهُ فِي حِجْرِهِ ثُمَّ دَعَا بِتَمْرَةٍ فَمَضَغَهَا ثُمَّ تَفَلَ فِي فِيهِ ثُمَّ حَنَّكَهُ ثُمَّ دَعَا لَهُ وبرك عَلَيْهِ فَكَانَ أَوَّلَ مَوْلُودٍ وُلِدَ فِي الْإِسْلَامِ

4151. अस्मा बिन्ते अबी बक्र रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के अब्दुल्लाह बिन ज़ुबैर मक्का में मेरे पेट में थे, उन्होंने कहा: मैंने इसे कुबा में जन्म दिया, फिर मैं इसे रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में लाइ तो मैंने इसे आप की गोद में रख दिया, फिर आप ने खजूर मंगाई इसे चबाया और अपना लुआबे दहन लगा कर इसे उसके मुंह में डाला और घुट्टी दी, फिर उस के लिए बरकत की दुआ फरमाई, और यह (अब्दुल्लाह बिन ज़ुबैर (र)) इस्लाम (हिजरत के बाद मदीना) में पैदा होने वाले पहले बच्चे हैं"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3909) و مسلم (26 / 2146)، (5617)

بَاب الْعَقِيقَة • अकिके का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٤١٥٢ - (صَحِيح) عَن أَمِّ كُرْزٍ قَالَتْ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «أَقِرُّوا الطَّيْرَ عَلَى مَكِنَاتِهَا» . قَالَتْ: وَسَمِعْتُهُ يَقُولُ: «عَنِ الْغُلَامِ شَاتَانِ وَعَنِ الْجَارِيَةِ [ص:١٢٠ شَاةٌ وَلَا يَضُرُّكُمْ ذُكْرَانًا كُنَّ أَوْ إِنَاثًا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وللترمذي وَالنَّسَائِيّ من قَوْله: يَقُول: «عَنِ الْغُلَامِ» إِلَّا آخِره وَقَالَ التِّرْمِذِيّ: هَذَا صَحِيح

4152. उम्म कर रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "परिंदों को उनकी जगहों पर रहने दो", (फाल लेने के लिए उन्हें न उड़ाओ) उन्होंने बयान किया, और मैंने आप ﷺ को फरमाते हुए सुना: "लड़के की तरफ से दो बकरिया और लड़की की तरफ से एक बकरी है, और उनके नर या मादा होना तुम्हारे लिए मुज़िर नहीं"| अबू दावुद, तिरमिज़ी, और नसई की रिवायत: "लड़के की तरफ से ...", आख़िर तक है, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस सहीह है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2835) و الترمذی (1516) و النسائی (7 / 165 ح 4223)

٤١٥٣ - (صَحِيح) وَعَن الحسنِ عَن سَمُرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْغُلَامُ مُرْتَهَنٌ بِعَقِيقَتِهِ تُذْبَحُ عَنْهُ يَوْمَ السَّابِعِ وَيُسَمَّى وَيُحْلَقُ رَأْسُهُ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ لَكِنْ فِي رِوَايَتِهِمَا «رَهِينَةٌ» بدل «مرتهنٌ» وَفِي رِوَايَة لِأَحْمَد وَأبي دَاوُد: «وَيُدْمَى» مَكَانَ: «وَيُسَمَّى» وَقَالَ أَبُو دَاوُد: «وَيُسَمَّى» أَصَحُّ

4153. हसन रहिमहुल्लाह समुरह रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "लड़का अपने अकिके के बदले में गिरवी है, सातवीं रोज़ उसकी तरफ से जिबह किया जाए उस का नाम रखा जाए, और

उस का सर मुंडाया जाए”| अहमद तिरमिज़ी, अबू दावुद, नसई| लेकिन इन दोनों (अबू दावुद और नसई) की रिवायत में (مرتهن) की जगह (رهينة) के अल्फाज़ है, और मुसनद अहमद और अबू दावुद की रिवायत में (ويسمّى) की बजाए (ويدمّى) के अल्फाज़ है, और इमाम अबू दावुद ने फ़रमाया: लफ्ज़ (ويسمّى) ज़्यादा सहीह है| (हसन)

حسن ، رواه احمد (5 / 12 ح 20395) و الترمذی (1522 وقال : حسن صحیح) و ابوداؤد (2837 و سندہ ضعیف3838 وھو حسن) و النسائی (7 / 166 ح 4225)

٤١٥٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مُحَمَّدِ بْنِ عَلِيِّ بْنِ حُسَيْنٍ عَنْ عَلِيّ بن أبي طَالب قَالَ: عَقَّ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنِ الْحَسَنِ بِشَاةٍ وَقَالَ: «يَا فَاطِمَةُ احْلِقِي رَأْسَهُ وَتَصَدَّقِي بِزِنَةِ شَعْرِهِ فِضَّةً» فَوَزَنَّاهُ فَكَانَ وَزْنُهُ دِرْهَمًا أَوْ بَعْضَ دِرْهَمٍ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ وَإِسْنَادُهُ لَيْسَ بِمُتَّصِلٍ لِأَنَّ مُحَمَّدَ بْنَ عَلِيِّ بْنِ حُسَيْنٍ لَمْ يُدْرِكْ عَلِيَّ بْنَ أَبِي طَالِبٍ

4154. मुहम्मद बिन अली बिन हुसैन रहिमहुल्लाह अली बिन अबी तालिब रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने हसन रदियल्लाहु अन्हु की तरफ से एक बकरी जिबह की और फ़रमाया: “फ़ातिमा! उस का सर मुंडा और उस के बालो के बराबर चाँदी सदका कर”, चुनांचे हमने उन बालो का वज़न लिया तो उनका वज़न एक दिरहम या दिरहम से कम था| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है, उसकी सनद मुतस्सिल नहीं, क्योंकि मुहम्मद बिन अली बिन हुसैन की अली बिन अबी तालिब से मुलाकात साबित नहीं| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ الترمذی (519) * محمد بن اسحاق بن یسار عنعن و السند منقطع ، محمد بن علی بن الحسین لم یدرک علیًا رضی اللہ اللہ عنہ و للحدیث شاھد ضعیف عند البیھقی (9 / 304)

٤١٥٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَقَّ عَنِ الْحَسَنِ وَالْحُسَيْنِ كَبْشًا كَبْشًا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَعِنْدَ النَّسَائِيِّ: كبشين كبشين

4155. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने हसन और हुसैन रदियल्लाहु अन्हुमा की तरफ से एक एक मेंढे से अकिका किया| अबू दावुद, और नसई की रिवायत में दो दो मेंधो का ज़िक्र है| (सहीह)

اسنادہ صحیح ، رواہ ابوداؤد (2841) و النسائی (7 / 165166 ح 4224)

٤١٥٦ - (حسن) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: سُئِلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنِ الْعَقِيقَةِ فَقَالَ: «لَا يُحِبُّ اللَّهُ الْعُقُوقَ» كَأَنَّهُ كَرِهَ الِاسْمَ وَقَالَ: «مَنْ وُلِدَ لَهُ وَلَدٌ فَأَحَبَّ أَنْ يَنْسِكَ عَنْهُ فَلْيَنْسِكْ عَنِ الْغُلَامِ شَاتَيْنِ وَعَنِ الْجَارِيَةِ [ص:١٢٠ شَاةً» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

4156. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ से अकिका के बारे में मसअला दरियाफ्त किया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह "उकुक" को पसंद नहीं करता”, गोया आप ने यह नाम नापसंद फ़रमाया और फ़रमाया: “जिस के वहां बच्चा पैदा हो और वह उसकी तरफ से जिबह करना पसंद करे तो वह लड़के की तरफ से दो बकरिया और लड़की की तरफ से एक बकरी जिबह करे”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2842) و النسائی (7 / 161164 ح 4217)

٤١٥٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي رافعٍ قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَذَّنَ فِي أُذُنِ الحسنِ ابنِ عليٍّ حِينَ وَلَدَتْهُ فَاطِمَةُ بِالصَّلَاةِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ. وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَيْثُ حسن صَحِيح

4157. अबी राफीअ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को देखा की जब फ़ातिमा रदियल्लाहु अन्हा ने हसन बिन अली रदियल्लाहु अन्हुमा को जन्म दिया तो आप ﷺ ने उन के कान में नमाज़ वाली आज़ान दी| तिरमिज़ी, अबू दावुद, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواہ الترمذی (1514) و ابوداؤد (5105) * فیه عاصم بن عبدالله ضعیف ضعفه الجمهور وله شاهدان موضوعان عند البیهقی فی شعب الایمان (8619 فیه یحیی بن العلاء : کذاب و 8620 فیه محمد بن یونس الکدیمی : کذاب) ذکر تهماللرد علیهما ولا یستشهد بهما ، فائدة : الاذان فی اذن المولود صحیح ، و علیه کان العمل (بلا انکار) یعنی اجعمت الامة علی مشروعیة العمل به فی عهد الترمذی وغیره و الاجماع حجة شرعیة

بَاب الْعَقِيقَة • अकिके का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٤١٥٨ - (صَحِيح) عَن بُرَيدةَ قَالَ: كُنَّا فِي الْجَاهِلِيَّةِ إِذَا وُلِدَ لِأَحَدِنَا غلامٌ ذَبَحَ شاةٌ ولطَّخَ رأسَه بدمه فَلَمَّا جَاءَ الْإِسْلَامُ كُنَّا نَذْبَحُ الشَّاةَ يَوْمَ السَّابِعِ وَنَحْلِقُ رَأْسَهُ وَنُلَطِّخُهُ بِزَعْفَرَانٍ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَزَادَ رزين: ونُسمِّيه

4158. बुरैदाह रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, दौरे जाहिलियत में जब हम में से किसी के यहाँ लड़का पैदा होता तो वह बकरी जिबह करता और उस के सर पर उस का खून लगाता, और जब इस्लाम का जुहूर हुआ तो हम सातवीं रोज़ बकरी जिबह करते और उस का सर मुंडते और ज़ाफ़रान लगाते थे| अबू दावुद, और रजिन ने यह इज़ाफा नकल किया है: और हम उस का नाम रखते थे| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2843) و رزین (لم اجده) [و صححه الحاکم علی شرط الشیخین (4 / 238) و وافقه الذهبی وله شاهد تقدم (4152)]

كتاب الأَطْعِمَة • खानों का बयान

الْفَصْلُ الأول • पहली फस्ल

٤١٥٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن عمر بن أبي سَلمَة قَالَ: كُنْتُ غُلَامًا فِي حِجْرِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَكَانَتْ يَدِي تَطِيشُ فِي الصفحة. فَقَالَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ «سم الله وكل بِيَمِينك وكل مِمَّا يليك»

4159. उमर बिन अबी सलमा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं रसूलुल्लाह ﷺ के ज़ेर परवरिश लड़का था और (खाने के दोरान) मेरा हाथ पलेट में हर तरफ घूमता था, (ये हरकत देख कर) रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “अल्लाह का नाम लेकर अपने दाएँ हाथ के साथ अपने सामने से खाओ”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5376) و مسلم (108 / 2022)، (5269)

٤١٦٠ - (صَحِيح) وَعَن حُذَيْفَة قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الشَّيْطَانَ يَسْتَحِلُّ الطَّعَامَ أَنْ لَا يُذْكَرَ اسْم الله عَلَيْهِ» . رَوَاهُ مُسلم

4160. हुज़ैफ़ा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक शैतान इस खाने को, जिस पर अल्लाह का नाम न लिया जाए, खाना हलाल समझता है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (102 / 2017)، (5259)

٤١٦١ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا دَخَلَ الرَّجُلُ بَيْتَهُ فَذَكَرَ اللَّهَ عِنْدَ دُخُولِهِ وَعِنْدَ طَعَامِهِ قَالَ الشَّيْطَانُ: لَا مَبِيتَ لَكُمْ وَلَا عَشَاءَ وَإِذَا دَخَلَ فَلَمْ يَذْكُرِ اللَّهَ عِنْدَ دُخُولِهِ قَالَ الشَّيْطَانُ: أَدْرَكْتُمُ الْمَبِيتَ وَإِذَا لَمْ يَذْكُرِ اللَّهَ عِنْدَ طَعَامِهِ قَالَ: أَدْرَكْتُمُ الْمَبِيتَ وَالْعَشَاءَ ". رَوَاهُ مُسلم

4161. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब आदमी अपने घर में दाखिल होता है और वह अपने दाखिले के वक़्त और खाना खाने के वक़्त अल्लाह का ज़िक्र करता है तो शैतान कहता है, तुम्हारे लिए न तो रात गुज़ार ने के लिए कोई जगह है और न शाम का खाना और जब आदमी दाखिल होता है और वह अपने दाखिले के वक़्त अल्लाह का ज़िक्र नहीं करता तो शैतान (अपने साथियो से) कहता है, तुमने रात गुज़ार ने की जगह पा ली, और जब वह खाना खाते वक़्त अल्लाह का नाम नहीं लेता तो वह कहता है, तुमने रात गुज़ार ने की जगह पा ली और शाम का खाना भी पा लिया”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (103 / 2018)، (5262)

٤١٦٢ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا أَكَلَ أَحَدُكُمْ فَلْيَأْكُلْ بِيَمِينِهِ وَإِذَا شَرِبَ فَلْيَشْرَبْ بِيَمِينِهِ» . رَوَاهُ مُسلم

4162. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई खाए तो वह अपने दाएं हाथ के साथ खाए और जब पिए तो दाएं हाथ से पिए”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (105 / 2020)، (5265)

٤١٦٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَأْكُلَنَّ أَحَدُكُمْ بِشِمَالِهِ وَلَا يَشْرَبَنَّ بِهَا فَإِنَّ الشَّيْطَانَ يَأْكُلُ بِشِمَالِهِ وَيَشْرَبُ بهَا» . رَوَاهُ مُسلم

4163. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम में से कोई शख़्स भी अपने बाएं हाथ से न खाए और न उस के साथ पिएं, क्योंकि शैतान अपने बाएं हाथ के साथ खाता पीता है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (106 / 2020)، (5267)

٤١٦٤ - (صَحِيح) وَعَنْ كَعْبِ بْنِ مَالِكٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم يَأْكُلُ بِثَلَاثَةِ أَصَابِعَ وَيَلْعَقُ يَدَهُ قَبْلَ أَن يمسحها. رَوَاهُ مُسلم

4164. काब बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ तीन उंगलियों के साथ खाया करते थे, और आप हाथ साफ़ करने से पहले उन्हें चाट लिया करते थे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (131 / 2032)، (5296)

٤١٦٥ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَمَرَ بِلَعْقِ الْأَصَابِعِ وَالصَّفْحَةِ وَقَالَ: " إِنَّكُمْ لَا تَدْرُونَ: فِي أَيِّهِ الْبَرَكَةُ؟ ". رَوَاهُ مُسْلِمٌ

4165. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने उंगलिया और पलेट चाटने का हुक्म दिया और फ़रमाया: “तुम नहीं जानते के (खाने के) किसी हिस्से में बरकत है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (133 / 2033)، (5300)

٤١٦٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا أَكَلَ أَحَدُكُمْ فَلَا يمسحْ يدَه حَتَّى يلعقها أَو

يلعقها»

4166. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जब तुम में से कोई खाना खाए तो वह चाटने या चटाने से पहले अपना हाथ साफ़ न करे”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5456) و مسلم (130 ، 129 / 2031)، (5294 و 5295)

٤١٦٧ - (صَحِيح) وَعَن جَابر قَالَ: النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " إِنَّ الشَّيْطَانَ يَحْضُرُ أَحَدَكُمْ عِنْدَ كُلِّ شَيْءٍ مِنْ شَأْنِهِ حَتَّى يَحْضُرَهُ عِنْدَ طَعَامِهِ فَإِذَا سَقَطَتْ من أحدكُم لقْمَة فَلْيُمِطْ مَا كَانَ بِهَا مِنْ أَذًى ثُمَّ ليأكلها وَلَا يَدعهَا للشَّيْطَان فَإِذا فرغ فليلعق أَصَابِعَهُ فَإِنَّهُ لَا يَدْرِي: فِي أَيِّ طَعَامِهِ يَكُونُ الْبركَة؟ ". رَوَاهُ مُسلم

4167. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना: “शैतान तुम्हारे हर मुआमले में हत्ता के खाने के वक़्त भी हाज़िर होता है, जब तुम में से किसी से लुकमा गिर जाए तो वह इसे साफ़ कर के खा ले और इसे शैतान के लिए न छोड़े, और जब फारिग़ हो जाए तो अपने उंगलिया चाट ले क्योंकि वह नहीं जानता के उस के खाने के किसी हिस्से में बरकत हो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (135 / 2033)، (5303)

٤١٦٨ - (صَحِيح) وَعَن أبي جُحَيْفَة قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «لَا آكل مُتكئا» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

4168. अबू जुहैफा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “मैं टेक लगा कर नहीं खाता”| (बुखारी)

رواه البخارى (53985399)

٤١٦٩ - (صَحِيح) وَعَن قَتَادَة عَنْ أَنَسٍ قَالَ: مَا أَكَلَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى خِوَانٍ وَلَا فِي سُكُرَّجَةٍ وَلَا خُبِزَ لَهُ مُرَقَّقٌ قِيلَ لِقَتَادَةَ: على مَ يَأْكُلُون؟ قَالَ: على السّفر. رَوَاهُ البُخَارِيّ

4169. क़तादाह रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के अनस रदियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: नबी ﷺ ने न मेज़ पर रख कर खाया और न तशरी में खाना खाया और ना ही चपाती खाई, क़तादाह से पूछा गया वह किसी चीज़ पर खाना खाया करते थे उन्होंने ने फ़रमाया: दस्तरख्वान पर| (बुखारी)

رواه البخارى (5386)

٤١٧٠ - (صَحِيح) وَعَن أنس قَالَ: مَا أَعْلَمُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَأَى رَغِيفًا مُرَقَّقًا حَتَّى لَحِقَ بِاللَّهِ وَلَا رَأَى شَاةً سَمِيطًا بِعَيْنِهِ قَطُّ. رَوَاهُ البُخَارِيّ

4170. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं नहीं जानता के नबी ﷺ ने पूरी जिंदगी मैदे की रोटी और सालिम भुनी हुई बकरी देखी (यानी खाई) हो| (बुखारी)

رواه البخارى (5385)

٤١٧١ - (صَحِيح) وَعَن سهل بن سعد قَالَ: مَا رَأَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ النَّقِيَّ مِنْ حِينِ ابْتَعَثَهُ اللَّهُ حَتَّى قَبَضَهُ اللَّهُ وَقَالَ: مَا رَأَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مُنْخُلًا مِنْ حِين [ص:١٢١ ابتعثهُ الله حَتَّى قبضَهُ قِيلَ: كَيْفَ كُنْتُمْ تَأْكُلُونَ الشَّعِيرَ غَيْرَ مَنْخُولٍ؟ قَالَ: كُنَّا نَطْحَنُهُ وَنَنْفُخُهُ فَيَطِيرُ مَا طَارَ وَمَا بَقِي ثريناه فأكلناه. رَوَاهُ البُخَارِيّ

4171. सहल बिन साद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने, जब से अल्लाह ने उन्हें मबउस फ़रमाया जिंदगी भर न मेदे की रोटी देखी और न चलनिया उन से दरियाफ्त किया गया तुम फिर बिन छने जौ कैसे खाते थे उन्होंने कहा, हम उस का आटा बनाते और फूंक मारते जो चीज़ उड़नि होती वह उड़ जाती और जो बाकी रह जाता हम इसे गुंध कर रोटी बनाते और इसे खा लेते थे| (बुखारी)

رواه البخارى (5413)

٤١٧٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أبي هُرَيْرَة قَالَ: مَا عَابَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ طَعَامًا قَطُّ إِنِ اشْتَهَاهُ أَكَلَهُ وَإِنْ كرهه تَركه

4172. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने कभी किसी खाने में ऐब नहीं निकाला, अगर आप ने इसे पसंद किया तो खा लिया और अगर नापसंद किया तो उसे छोड़ दिया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5409) و مسلم (187 / 2064)، (5380)

٤١٧٣ - (صَحِيح) وَعَنْهُ أَنَّ رَجُلًا كَانَ يَأْكُلُ أَكْلًا كَثِيرًا فَأَسْلَمَ فَكَانَ يَأْكُلُ قَلِيلًا فَذَكَرَ ذَلِكَ لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «إِنَّ الْمُؤْمِنَ يَأْكُلُ فِي مِعًى وَاحِدٍ وَالْكَافِرُ يَأْكُلُ فِي سبعةِ أمعاء» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

4173. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक आदमी बहोत ज़्यादा खाया करता था जब वह मुसलमान हो गया तो कम खाने लगा, नबी ﷺ से इस का ज़िक्र किया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “मोमिन एक आंत में खाता है जबकि काफ़िर सात आंतो तो में खाता है”| (बुखारी)

رواه البخارى (5393)

٤١٧٤ - وَرَوَى مُسْلِمٌ عَنْ أَبِي مُوسَى وَابْنِ عُمَرَ الْمسند مِنْهُ فَقَط

4174. इमाम मुस्लिम ने अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है और इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से सिर्फ मुसनद रिवायत है| | (मुस्लिम)

رواه مسلم (184 / 2061)، (5375)

٤١٧٥ - (صَحِيح) وَرَوَى مُسْلِمٌ عَنْ أَبِي مُوسَى وَابْنِ عُمَرَ الْمسند مِنْهُ فَقَط

4175. इमाम मुस्लिम ने अबू मूसा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है और इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा से सिर्फ मुसनद रिवायत है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (182 / 2060)، (5372)

٤١٧٦ - وَفِي أُخْرَى لَهُ عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ضَافَهُ ضَيْفٌ وَهُوَ كَافِرٌ فَأَمَرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِشَاةٍ فَحُلِبَتْ فَشَرِبَ حِلَابَهَا ثُمَّ أُخْرَى فَشَرِبَهُ ثُمَّ أُخْرَى فَشَرِبَهُ حَتَّى شَرِبَ حِلَابَ سَبْعِ شِيَاهٍ ثُمَّ إِنَّهُ أَصْبَحَ فَأَسْلَمَ فَأَمَرَ لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِشَاةٍ فَحُلِبَتْ فَشَرِبَ حِلَابَهَا ثُمَّ أَمَرَ بِأُخْرَى فَلَمْ يَسْتَتِمَّهَا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْمُؤْمِنُ يَشْرَبُ فِي مِعًى وَاحِدٍ وَالْكَافِرُ يشربُ فِي سَبْعَة أمعاء»

4176. और सहीह मुस्लिम की दूसरी रिवायत जो के अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से मरवी है, इस में है की रसूलुल्लाह ﷺ के यहाँ एक काफ़िर शख़्स महमान ठहरा, रसूलुल्लाह ﷺ ने एक बकरी के मुतल्लिक फ़रमाया तो उस का दूध धोया गया, उस ने उस का सारा दूध पि लिया, फिर दूसरी का दूध धोया गया, तो उस ने वह भी पि लिया, फिर एक और का दूध धोया गया, उस ने इसे भी पि लिया हत्ता के उस ने सात बकरियों का दूध पि लिया, फिर अगले रोज़ उस ने इस्लाम कबूल कर लिया रसूलुल्लाह ﷺ ने उस के लिए एक बकरी के मुतल्लिक हुक्म फ़रमाया, उस का दूध धोया गया उस ने उस का दूध पि लिया, फिर दूसरी के मुतल्लिक हुक्म दिया गया तो वह दूसरी का सारा दूध न पि सका तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मोमिन एक आंत में पीता है, जबकि काफ़िर सात आंतो तो में पीता है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (186 / 2063)، (5379)

٤١٧٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «طَعَامُ الِاثْنَيْنِ كَافِي الثلاثةِ وطعامِ الثلاثةِ كَافِي الْأَرْبَعَة»

4177. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “दो (आदमियों) का खाना तीन

के लिए काफी होता है जबकि तीन का खाना चार के लिए काफी होता है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5392) و مسلم (178 / 2058)، (5367)

٤١٧٨ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «طَعَامُ الْوَاحِدِ يَكْفِي الِاثْنَيْنِ وَطَعَامُ الِاثْنَيْنِ يَكْفِي الْأَرْبَعَةَ وَطَعَامُ الْأَرْبَعَةِ يَكْفِي الثمانيَة» . رَوَاهُ مُسلم

4178. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “एक आदमी का खाना दो के लिए दो का खाना चार के लिए और चार का खाना आठ के लिए काफी होता है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (179 / 2059)، (5368)

٤١٧٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: [ص:١٢١] «التَّلْبِينَةُ مُجِمَّةٌ لِفُؤَادِ الْمَرِيضِ تَذْهَبُ بِبَعْض الْحزن»

4179. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “तल्बिना (जौ का दलिया) यह दिल के मरीज़ के लिए राहत बख्श और गम को हल्का करने वाला है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5417) و مسلم (90 / 2216)، (5769)

٤١٨٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ أَنَّ خَيَّاطًا دَعَا النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِطَعَامٍ صَنَعَهُ فَذَهَبْتُ مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَرَّبَ خُبْزَ شَعِيرٍ وَمَرَقًا فِيهِ دُبَّاءُ وَقَدِيدٌ فَرَأَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَتَتَبَّعُ الدُّبَّاءَ مِنْ حَوَالَيِ الْقَصْعَةِ فَلَمْ أَزَلْ أُحِبُّ الدباءَ بعد يومِئِذٍ

4180. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक दर्जी ने नबी ﷺ को खाने पर दावत दी तो के उस ने (खुसूसी तौर) पर तैयार किया था, मैं भी नबी ﷺ के साथ गया, उस ने जो की रोटी और शोरबा पेशे खिदमत किया जिस में कद्दू और खुश्क किए हुए गोश्त के टुकड़े थे, मैंने नबी ﷺ को पलेट के किनारों में कद्दू तलाश करते हुए देखा चुनांचे में इस रोज़ से कद्दू पसंद करता हूँ| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2092) و مسلم (144 / 2041)، (5325)

٤١٨١ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن عَمْرِو بنِ أُمَيَّةَ أَنَّهُ رَأَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يحتزمن كتف الشَّاة فِي يَدِهِ فَدُعِيَ إِلَى الصَّلَاةِ فَأَلْقَاهَا وَالسِّكِّينَ الَّتِي يَحْتَزُّ بِهَا ثُمَّ قَامَ فَصَلَّى وَلَمْ يتَوَضَّأ

4181. अमर बिन उमय्य रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने नबी ﷺ को देखा के बकरी की दस्ती आप के हाथ में है और आप उस से काट कर तनावुल फरमा रहे हैं, इतने में आप को नमाज़ के लिए आवाज़ दी गई तो आप ने इस (दस्ती) को और इस छुरी को जिसके साथ आप काट रहे थे रख दिया, फिर खड़े हुए और नमाज़ पढ़ी और आप ﷺ ने नया वुज़ू नहीं फरमाया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (208) و مسلم (93 / 355)، (793)

٤١٨٢ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُحِبُّ الْحَلْوَاء وَالْعَسَل. رَوَاهُ البُخَارِيّ

4182. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ मीठी चीज़े और शहद पसंद फ़रमाया करते थे| (मुत्तफ़क़ अलैह)

رواه البخاری (5431)

٤١٨٣ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٌ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سَأَلَ أَهْلَهُ الْأُدْمَ. فَقَالُوا: مَا عِنْدَنَا إِلَّا خَلٌّ فَدَعَا بِهِ فَجَعَلَ يَأْكُلُ بِهِ وَيَقُولُ: «نِعْمَ الْإِدَامُ الْخَلُّ نِعْمَ الْإِدَامُ الْخَلُّ» . رَوَاهُ مُسلم

4183. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने अपने अहले खाना से सालन तलब फ़रमाया तो उन्होंने अर्ज़ किया, हमारे पास तो सिर्फ सिरका है, आप ने इसे मंगवाया और उस के साथ खाना खाने लगे और आप ﷺ फरमा रहे थे: “सिरका बेहतरीन सालन है, सिरका बेहतरीन सालन है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (166 / 2052)، (5352)

٤١٨٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن سعيد بن زيدٍ قَالَ: قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْكَمْأَةُ مِنَ الْمَنِّ وَمَاؤُهَا شِفَاءٌ لِلْعَيْنِ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ: «مِنَ الْمَنِّ الَّذِي أنزلَ اللَّهُ تَعَالَى على مُوسَى عَلَيْهِ السَّلَام»

4184. सईद बिन ज़ैद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “खंबी (मशरूम जैसी), मन (बनी इसराइल के मन व सलवा) की नौअ में से है और उस का पानी आँख के लिए बाईसे शिफा है”| बुखारी, मुस्लिम, और सहीह मुस्लिम की रिवायत में है: “वो (खंबी) इस मन में से है जो अल्लाह तआला ने मूसा अलैहिस्सलाम पर नाज़िल फ़रमाया था”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (5708) و مسلم (157 / 2049 ، 160 / 2049)، (5342 و 5346)

٤١٨٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ جَعْفَرٍ قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَأْكُلُ الرُّطَبَ بِالْقِثَّاءِ

4185. अब्दुल्लाह बिन जाफर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को ककड़ी के साथ खजूर तनावुल फरमाते हुए देखा| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5440) و مسلم (147 / 2043)، (5330)

٤١٨٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: كُنَّا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِمَرِّ الظَّهْرَانِ نَجْنِي [ص:١٢١ الْكَبَاثَ فَقَالَ: «عَلَيْكُم بالأَسْوَدِ مِنْهُ فإِنَّه أَطْيَبُ» فَقِيلَ: أَكُنْتَ تَرْعَى الْغَنَمَ؟ قَالَ: «نَعَمْ وهلْ منْ نبيٍّ إلاَّ رعاها؟»

4186. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम (मक्के के क़रीब) मर्रिलज़हरान के मक़ाम पर रसूलुल्लाह ﷺ के साथ थे, हम पिलु चुन रहे थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उन में से सियाह रंग की चुनो क्योंकि वह ज़्यादा अच्छी है”, आप ﷺ से अर्ज़ किया गया, क्या आप बकरिया चराया करते थे? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ और हर नबी ने बकरिया चराई है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5443) و مسلم (163 / 2050)، (5349)

٤١٨٧ - (صَحِيح) وَعَن أنس قَالَ: رَأَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مُقْعِيًا يَأْكُلُ تَمْرًا وَفِي رِوَايَةٍ: يَأْكُلُ مِنْهُ أكلا ذريعا. رَوَاهُ مُسلم

4187. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को उकडु बैठें खजूरे खाते हुए देखा| एक दूसरी रिवायत में है आप ﷺ उनमें से जल्दी जल्दी खा रहे थे| (मुस्लिम)

رواه مسلم (149 ، 148 / 2044)، (5331 و 5332)

٤١٨٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ يَقْرِنَ الرَّجُلُ بَيْنَ التَّمْرَتَيْنِ حَتَّى يستأذِنَ أَصْحَابه

4188. इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़रमाया कोई आदमी अपने साथी की इजाज़त के बगैर दो दो खजूरे एक साथ न उठाए| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2489) و مسلم (151 / 2045)، (5335)

٤١٨٩ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا يَجُوعُ أَهْلُ بَيْتٍ عِنْدَهُمُ التَّمْرُ» .

وَفِي رِوَايَةٍ: قَالَ: «يَا عَائِشَةُ بَيْتٌ لَا تَمْرَ فِيهِ جِيَاعٌ أَهْلُهُ» قَالَهَا مَرَّتَيْنِ أَوْ ثَلَاثًا. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

4189. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जिस के घर में खजूरे हो वह लोग भूके नहीं रहते”| एक दूसरी रिवायत में है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “आइशा! वह घर जिस में खजूरे न हो तो उस के रहने वाले भूके हैं”| आप ﷺ ने दो या तीन मर्तबा फ़रमाया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (153 ، 152 / 2046)، (5336 و 5337)

٤١٩٠ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن سعدٍ قَالَ: سمعتُ رسولَ الله يَقُولُ: «مَنْ تَصَبَّحَ بِسَبْعِ تَمَرَاتٍ عَجْوَةٍ لَمْ يضرَّه ذَلِك الْيَوْم سم وَلَا سحر»

4190. साअद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो शख़्स सुबह के वक़्त सात अज्वा खजूरे खा ले तो इस रोज़ ना उस के लिए ज़हर बाईसे नुकसान है न जादू”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5445) و مسلم (155 / 2047)، (5339)

٤١٩١ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ فِي عَجْوَةِ الْعَالِيَةِ شِفَاءً وَإِنَّهَا تِرْيَاقٌ أَوَّلَ البكرة» . رَوَاهُ مُسلم

4191. आइशा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आलिया की अज्वा (खजूर) में शिफा है और वह हर का तरियाक है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (156 / 2048)، (5341)

٤١٩٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهَا قَالَتْ: كَانَ يَأْتِي عَلَيْنَا الشَّهْرُ مَا نُوقِدُ فِيهِ نَارًا إِنَّمَا هُوَ التَّمْرُ وَالْمَاءُ إِلَّا أَنْ يُؤْتَى بِاللُّحَيْمِ

4192. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, हम पर ऐसा महीने भी आता है के हम उस में (चूल्हे में) आग नहीं जलाते थे, हमारा खाना सिर्फ खजूर और पानी होता था, अलबत्ता कहीं से थोड़ा गोश्त आ जाता था| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6458) و مسلم (26 / 2972)، (7449)

٤١٩٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهَا قَالَتْ: مَا شَبِعَ آلُ مُحَمَّدٍ يَوْمَيْنِ مِنْ خُبْزِ بُرٍّ إِلَّا وَأَحَدُهُمَا تمر

4193. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मुहम्मद ﷺ की आल ने दो दिन (मुसलसल) गंदुम की रोटी सैर हो कर नहीं खाई, इन दो (दोनों) में से एक दिन खजूर होती थी| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (6455) و مسلم (25 / 2971)، (7448)

٤١٩٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهَا قَالَتْ: تُوُفِّيَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَمَا شَبِعْنَا مِنَ الأسودين

4194. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ की हयाते मुबारक में हमने दो सियाह चीज़े (खजूर और पानी) शक्म सैर हो कर नहीं खाई| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (5383) و مسلم (31 / 2975)، (7455)

٤١٩٥ - (صَحِيح) وَعَن النّعمانِ بن بشيرٍ قَالَ: أَلَسْتُمْ فِي طَعَامٍ وَشَرَابٍ مَا شِئْتُمْ؟ لَقَدْ رَأَيْتُ نَبِيَّكُمْ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَمَا يَجِدُ مِنَ الدَّقَلِ مَا يَمْلَأُ بَطْنَهُ. رَوَاهُ مُسلم

4195. नौमान बिन बशीर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, क्या तुम्हारे पास तुम्हारी चाहत के मुताबिक खाने पीने की वाफिर चीज़े नहीं है? जबकि मैंने तुम्हारे नबी ﷺ को देखा के आप के पास पेट भरने के लिए रद्दी किस्म की खजूरे भी नहीं थी, | (मुस्लिम)

رواه مسلم (34 / 2977)، (7459)

٤١٩٦ - (صَحِيح) وَعَن أَيُّوب قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا أُتِيَ بِطَعَامٍ أَكَلَ مِنْهُ وَبَعَثَ بِفَضْلِهِ إِلَيَّ وَإِنَّهُ بَعَثَ إِلَيَّ يَوْمًا بِقَصْعَةٍ لمْ يأكُلْ مِنْهَا لأنَّ فِيهَا ثُومًا فَسَأَلْتُهُ: أَحَرَامٌ هُوَ؟ قَالَ: «لَا وَلَكِنْ أَكْرَهُهُ مِنْ أَجْلِ رِيحِهِ» . قَالَ: فَإِنِّي أَكْرَهُ مَا كرهْت. رَوَاهُ مُسلم

4196. अबू अय्यूब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब नबी ﷺ की खिदमत में खाना पेश किया जाता तो आप उस से तनावुल फरमाते और उस से जो बच जाता वह मेरे लिए भेज देते, एक रोज़ आप ने एक प्याला मेरी तरफ भेजा जिस में से आप ने कुछ नहीं खाया था, क्योंकि उस में लहसुन था, मैंने आप से दरियाफ्त किया, क्या यह हराम है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं, लेकिन उसकी बू की वजह से में उसे नापसंद करता हूँ”, उन्होंने अर्ज़ किया, जिस चीज़ को आप नापसंद करते हैं मैं भी नापसंद करता हूँ| (मुस्लिम)

رواه مسلم (170 / 2053)، (5356)

٤١٩٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ جَابِرٌ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ أَكَلَ ثُومًا أَوْ بَصَلًا فَلْيَعْتَزِلْنَا» أَوْ قَالَ: «فَلْيَعْتَزِلْ

مَسْجِدَنَا أَوْ لِيَقْعُدْ فِي بَيْتِهِ» . وَإِنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَتِيَ بِقِدْرٍ فِيهِ خَضِرَاتٌ مِنْ بُقُولٍ فَوَجَدَ لَهَا رِيحًا فَقَالَ: «قَرِّبُوهَا» إِلَى بَعْضِ أَصْحَابِهِ وَقَالَ: «كُلْ فَإِنِّي أُنَاجِي مَنْ لَا تُنَاجِي»

4197. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: "जिस शख़्स ने (कच्चा) लहसुन या प्याज़ खाया हो वह हमसे दूर रहे, "या फ़रमाया: "वो हमारी मस्जिद से दूर रहे या वह अपने घर में बैठा रहे", और नबी ﷺ के पास एक हंडिया लाइ गई जिस में मुख्तलिफ किस्म की सब्जियाँ थी, आप ﷺ ने उस में से बू महसूस की और फ़रमाया: "इसे अपने किसी साथी के पास ले जाओ", और फ़रमाया: "खाओ क्योंकि मैं उस से हम कलाम होता हो जिस से तुम हम कलाम नहीं होते"| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (855) و مسلم (73 / 564)، (1253)

٤١٩٨ - (صَحِيح) وَعَن المِقدامِ بن معدي كرب عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم قَالَ: «كيلوا طَعَامك يُبَارك لكم فِيهِ» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

4198. मिक्दाम बिन मअदीकरीब रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अपना अनाज माप लिया करो, तुम्हें उस में बरकत अता की जाएगी"| (बुखारी)

رواه البخاری (2128)

٤١٩٩ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ إِذَا رَفَعَ مَائِدَتَهُ قَالَ: «الْحَمْدُ لِلَّهِ حَمْدًا كَثِيرًا طَيِّبًا مُبَارَكًا فِيهِ غَيْرَ مَكْفِيٍّ وَلَا مُوَدَّعٍ وَلَا مُسْتَغْنًى عَنْهُ رَبُّنَا» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

4199. अबू उमामा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि जब दस्तरखान उठा लिया जाता तो नबी ﷺ यह दुआ फ़रमाया करते थे: (الْحَمْدُ لِلَّهِ حَمْدًا كَثِيرًا طَيِّبًا مُبَارَكًا فِيهِ غَيْرَ مَكْفِيٍّ وَلَا مُوَدَّعٍ وَلَا مُسْتَغْنًى عَنْهُ رَبُّنَا) "हर किस्म की बहोत ज़्यादा पाकीज़ा व बा बरकत हम्द अल्लाह के लिए है, ना किफ़ायत की गई न छोड़ी गई, और न उस से बेनियाज़ी दिखाई जाए, ए हमारे रब| (बुखारी)

رواه البخاری (5458)

٤٢٠٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ تَعَالَى لَيَرْضَى عنِ العبدِ أنْ يأكلَ الأكلَةَ فيحمدُه عَلَيْهِ أَوْ يَشْرَبَ الشَّرْبَةَ فَيَحْمَدَهُ عَلَيْهَا» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ [ص:١٢١]»» وسنذكرُ حَدِيثي عائشةَ وَأبي هريرةَ: مَا شَبِعَ آلُ مُحَمَّدٍ وَخَرَجَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنَ الدُّنْيَا فِي «بَابِ فَضْلِ الْفُقَرَاءِ» إِنْ شَاءَ اللَّهُ تَعَالَى

4200. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अल्लाह तआला बंदे के इस तर्ज़े

अमल से खुश होता है के वह एक लुकमे खाए तो उस पर उसकी हम्द बयान करे या वह कोई चीज़ पिए तो उस पर उसकी हम्द बयान करे”| # हम आइशा (रअ) और अबू हुरैरा (र) से मरवी अहादीस : ’ما شبع ال محمد” और خرج النبی ﷺ من الدنیا” इंशाअल्लाह तआला “ بَابِ فَضْلِ الْفُقَرَاءِ (फकीरों की फ़ज़ीलत और नबी ﷺ की गुजरान का बयान ” में ज़िक्र करेंगे. (मुस्लिम)

رواہ مسلم (89 / 2734)، (6932) 0 حدیث عائشة یاتی (5237) و حدیث ابی ھریرة یاتی ایضًا (5238)

كتاب الأَطْعِمَة • खानों का बयान

الْفَصْلُ الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٤٢٠١ - (لم تتمّ دراسته) عَن أبي أَيُّوب قَالَ: كُنَّا عِنْدَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقُرِّبَ طَعَامٌ فَلَمْ أَرَ طَعَامًا كَانَ أَعْظَمَ بَرَكَةً مِنْهُ أَوَّلَ مَا أَكَلْنَا وَلَا أَقَلَّ بَرَكَةً فِي آخِرِهِ قُلْنَا: يَا رَسُولَ اللَّهِ كَيْفَ هَذَا؟ قَالَ: «إِنَّا ذَكَرْنَا اسْمَ اللَّهِ عَلَيْهِ حِينَ أَكَلْنَا ثُمَّ قَعَدَ مَنْ أَكَلَ وَلَمْ يُسَمِّ اللَّهَ فَأَكَلَ مَعَهُ الشَّيْطَانُ» . رَوَاهُ فِي شرح السّنة

4201. अबू अय्यूब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम नबी ﷺ के पास थे की खाना पेश किया गया, मैंने कोई खाना नहीं ऐसा देखा के हमने खाया हो और उस के शुरू में बहोत ज़्यादा बरकत हो और उस के आख़िर में बहोत कम बरकत हो, हमने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! यह कैसे हुआ? आप ﷺ ने फ़रमाया: जब हमने खाना खाया तो हमने उस पर अल्लाह का नाम लिया, फिर कोई ऐसा शख़्स बैठा जिस ने अल्लाह का नाम नहीं लिया इस वजह से शैतान ने उस के साथ खाया (इसलिए बरकत उठ गई)”| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ البغوی فی شرح السنة (11 / 275 ح 2824) [و الترمذی فی الشمائل (187)] * حبیب بن اوس و ثقه ابن حبان وحدہ و ابن لهیعة مدلس و عنعن

٤٢٠٢ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا أَكَلَ أَحَدُكُمْ فَنَسِيَ أَنْ يَذْكُرَ اللَّهَ عَلَى طَعَامِهِ فَلْيَقُلْ: بِسْمِ اللَّهِ أَوَّلَه وآخرَه ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

4202. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से कोई खाए और अपने खाने पर अल्लाह का नाम लेना भूल जाए तो वह कहे: (بِسْمِ اللَّهِ أَوَّلَه وآخرَه) “उस का आगाज़ व इख्तिताम अल्लाह के नाम से”| (सहीह)

اسنادہ صحیح ، رواہ الترمذی (1858 وقال : حسن صحیح) و ابوداؤد (3767)

٤٢٠٣ - (ضَعِيف) وَعَن أُمَيَّةَ بن مَخْشِيٍّ قَالَ: كَانَ رَجُلٌ يَأْكُلُ فَلَمْ يُسَمِّ حَتَّى لَمْ يَبْقَ مِنْ طَعَامِهِ إِلَّا لُقْمَةٌ فَلَمَّا رَفَعَهَا إِلَى فِيهِ قَالَ: بِسْمِ اللَّهِ أَوَّلَهُ وَآخِرَهُ فَضَحِكَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثُمَّ قَالَ: «مَا زَالَ الشَّيْطَانُ يَأْكُلُ مَعَهُ فَلَمَّا ذَكَرَ اسْمَ اللَّهِ اسْتَقَاءَ مَا فِي بَطْنه» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4203. उमय्या बिन मखशी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी खाना खा रहा था, उस ने बिस्मिल्लाह (بِسْمِ اللَّهِ) नहीं पढ़ी थी हत्ता के एक लुकमे बाकी रह गया और वह लुकमे जब उस ने इसे मुंह की तरफ उठाया तो उस ने कहा: “بسم الله اوله و آخره”, तो (ये सुन कर) नबी ﷺ मुस्कुरा दिए, फिर फ़रमाया: “शैतान उस के साथ खाता रहा हत्ता कि जब उस ने अल्लाह का नाम लिया तो उस ने अपने पेट का सब कुछ कै कर दिया”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3768)

٤٢٠٤ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا فَرَغَ مِنْ طَعَامِهِ قَالَ: «الْحَمْدُ لِلَّهِ الَّذِي أَطْعَمَنَا وَسَقَانَا وَجَعَلَنَا مُسْلِمِينَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْن مَاجه

4204. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ अपने खाने से फारिग़ होती तो यह दुआ पढ़ा करते थे : (الْحَمْدُ لِلَّهِ الَّذِي أَطْعَمَنَا وَسَقَانَا وَجَعَلَنَا مُسْلِمِينَ) हर किस्म की तारीफ़ अल्लाह के लिए है जिस ने हमें खिलाया पिलाया और हमें मुसलमान बनाया”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (فی الشمائل : 190) و ابوداؤد (3850) [و ابن ماجه (3283 بسند آخر فیه ’’ مولی لابی سعید ‘‘ مجهول و علة أخری) و الترمذی (3457 و سندهما ضعیف)] * و اسماعیل بن ریاح و ابوه مجهولان و للحدیث طرق کلها ضعیفة

٤٢٠٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الطَّاعِمُ الشَّاكِرُ كَالصَّائِمِ الصابر» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

4205. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “खाना खा कर शुक्र करने वाला, सब्र करने वाले रोज़दार की तरह है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2486 وقال : حسن غریب)

٤٢٠٦ - (لم تتمّ دراسته) وَابْن مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ عَنْ سِنَانِ بْنِ سَنَّةَ عَنْ أَبِيه

4206. इमाम इब्ने माजा और इमाम दारमी ने सुनान बिन सन्ना अन अबी की सनद से रिवायत किया है| (हसन)

حسن ، رواه ابن ماجه (1764) و الدارمی (2 / 95 ح 2030)

٤٢٠٧ - (صَحِيح) وَعَن أبي أيوبٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذا أَكَلَ أَوْ شَرِبَ قَالَ: «الْحَمْدُ لِلَّهِ الَّذِي أَطْعَمَ وَسَقَى وَسَوَّغَهُ وَجَعَلَ لَهُ مخرجا» رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4207. अबू अय्यूब रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ खाना खाते या कोई चीज़ नोश फरमाते, तो यह दुआ पढ़ते: (الْحَمْدُ لِلَّهِ الَّذِي أَطْعَمَ وَسَقَى وَسَوَّغَهُ وَجَعَلَ لَهُ مخرجا) “हर किस्म की तारीफ़ अल्लाह के लिए है जिस ने खाना खिलाया, पिलाया और इसे हलक से उतरने वाला बनाया और फिर उस के निकलने की राहे बनाई”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (3851)

٤٢٠٨ - (ضَعِيف) وَعَن سلمانَ قَالَ: قَرَأْتُ فِي التَّوْرَاةِ أَنَّ بَرَكَةَ الطَّعَامِ الْوُضُوءُ بَعْدَهُ فَذَكَرْتُ ذَلِكَ لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «بَرَكَةُ الطَّعَامِ الْوُضُوءُ قَبْلَهُ وَالْوُضُوءُ بعدَه» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

4208. सलमान रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने तौरात में पढ़ा के खाने की बरकत उस के बाद हाथ मुंह धोने में है, मैंने नबी ﷺ से इस का ज़िक्र किया तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “खाने की बरकत उस से पहले और उस के बाद हाथ मुंह धोने में है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (1846) و ابوداؤد (3761) * فيه قيس بن الربيع ضعفة الجمهور من جهة حفظه وقال احمد :’’ هو منكر ، ما حدث به الاقيس بن الربيع ‘‘

٤٢٠٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خَرَجَ مِنَ الْخَلَاءِ فَقُدِّمَ إِلَيْهِ طَعَامٌ فَقَالُوا: أَلَا نَأْتِيكَ بِوَضُوءٍ؟ قَالَ: «إِنَّمَا أُمِرْتُ بِالْوُضُوءِ إِذَا قُمْتُ إِلَى الصَّلَاةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

4209. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ बैतूलखला से बाहर तशरीफ़ लाए तो आप की खिदमत में खाना पेश किया गया, सहाबा ने अर्ज़ किया, क्या हम आप की खिदमत में वुज़ू का पानी पेश न करे? आप ﷺ ने फ़रमाया: “मुझे वुज़ू का हुक्म सिर्फ इस वक़्त दिया गया है जब में नमाज़ पढ़ने का इरादा करू”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (1847 وقال : حسن) و ابوداؤد (3760) و النسائى (1 / 85 ح 132) [و مسلم (118 / 374)، (827) و ذكره البغوى فى مصابيح السنة (314)]

٤٢١٠ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ ابْن مَاجَه عَن أبي هُرَيْرَة

4210. इमाम इब्ने माजा ने अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (सहीह)

صحيح ، رواه ابن ماجه (3261)

٤٢١١ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَنَّهُ أَتِيَ بِقَصْعَةٍ مِنْ ثَرِيدٍ فَقَالَ: «كُلُوا مِنْ جَوَانِبِهَا وَلَا تَأْكُلُوا مِنْ وَسَطِهَا فَإِنَّ الْبَرَكَةَ تَنْزِلُ فِي وَسَطِهَا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ حسن صَحِيح

4211. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की सरिद का प्याला आप की खिदमत में पेश किया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस के किनारों से खाओ और उस के बिच से न खाओ क्योंकि बरकत बिच में नाज़िल होती है”| तिरमिज़ी, इब्ने माजा दारमी और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: “ये हदीस हसन सहीह है| और अबू दावुद की रिवायत में है फ़रमाया: “जब तुम में से कोई खाना खाए तो वह प्याले (प्लेट) के ऊपरी हिस्से से न खाए बल्कि वह उस के निचले हिस्से (यानी अपने आगे और क़रीब) से खाए, क्योंकि बरकत उस के ऊपरी हिस्से में नाज़िल होती है”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (1805) و ابن ماجه (3277) و الدارمی (2 / 100 ح 2052) و ابوداؤد (3772)

٤٢١٢ - (صَحِيح) وَعَن عبد الله بن عَمْرو قَالَ: مَا رُئِيَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَأْكُلُ [ص:١٢١ مُتَّكِئًا قَطُّ وَلَا يَطَأُ عقبه رجلَانِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4212. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ को कभी तकिया लगा कर खाना खाते हुए नहीं देखा गया और ना ही आप के पीछे दो आदमी चलते हुए देखे गए| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (3770)

٤٢١٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ الْحَارِثِ بْنِ جَزْءٍ قَالَ: أَتَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِخُبْزٍ وَلَحْمٍ وَهُوَ فِي الْمَسْجِدِ فَأَكَلَ وَأَكَلْنَا مَعَهُ ثُمَّ قَامَ فَصَلَّى وَصَلَّيْنَا مَعَهُ وَلَمْ نَزِدْ عَلَى أَنْ مَسَحْنَا أَيْدِينَا بِالْحَصْبَاءِ. رَوَاهُ ابْن مَاجَه

4213. अब्दुल्लाह बिन हारिस बिन जज़अ रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ मस्जिद में तशरीफ़ फरमा थे की आप की खिदमत में रोटी और गोश्त पेश किया गया तो आप ने तनावुल फ़रमाया और हमने भी आप के साथ खाया, फिर आप खड़े हुए और नमाज़ पढ़ी, हमने भी आप के साथ नमाज़ पढ़ी, और हमने उस से ज़्यादा कुछ नहीं किया के हमने कंकरियो के साथ अपने हाथ साफ़ कर लिए| (सहीह)

صحیح ، رواه ابن ماجه (3300)

٤٢١٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: أَتَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِلَحْمٍ فَرُفِعَ إِلَيْهِ الذِّرَاعُ وَكَانَتْ تُعْجِبُهُ فَنَهَسَ مِنْهَا. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْن مَاجَه

4214. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में गोश्त की दस्ती पेश की गई और आप दस्ती का गोश्त पसंद फ़रमाया करते थे, आप ने दांतों के साथ उस से नोच लिया| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذى (1837 وقال : حسن صحيح) و ابن ماجه (3307)

٤٢١٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَقْطَعُوا اللَّحْمَ بِالسِّكِّينِ فَإِنَّهُ مِنْ صُنْعِ الْأَعَاجِمِ وَانْهَسُوهُ فَإِنَّهُ أَهْنَأُ وَأَمْرَأُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ وَقَالَا: ليسَ هُوَ بِالْقَوِيّ

4215. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “छुरी के साथ (पके हुए) गोश्त को मत काटो क्योंकि यह अज़मीओ का तरीका है, बल्कि इसे दांतों के साथ खाओ, क्योंकि ऐसा करना ज़्यादा लज़ीज़ और खाने में ज़्यादा सहल है”| अबू दावुद, बयहकी की शौबुल ईमान और दोनों ने फ़रमाया: यह रिवायत क़वी नहीं| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3778) و البيهقى فى شعب الايمان (5898) * فيه ابو معشر نجيح : ضعيف

٤٢١٦ - (حسن) وَعَن أمِّ المنذِر قَالَت: دَخَلَ عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَمَعَهُ عَلِيٌّ وَلَنَا دَوَالٍ مُعَلَّقَةٌ فَجَعَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَأْكُلُ وَعَلِيٌّ مَعَهُ يَأْكُلُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَعَلِيٍّ: «مَهْ يَا عَلِيُّ فَإِنَّكَ نَاقِهٌ» قَالَتْ: فَجَعَلْتُ لَهُمْ سِلْقًا وَشَعِيرًا فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا عَلِيُّ مِنْ هَذَا فَأَصِبْ فَإِنَّهُ أَوْفَقُ لَكَ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ

4216. उम्म मुन्ज़िर रदियल्लाहु अन्हा बयान करत की है रसूलुल्लाह ﷺ मेरे घर तशरीफ़ लाए और अली रदियल्लाहु अन्हु भी आप के हमराह थे, हमारे घर में खजूर के खोशे लटक रहे थे, रसूलुल्लाह ﷺ उन्हें तनावुल फरमाने लगे और अली रदियल्लाहु अन्हु भी आप के साथ खाने लगे, रसूलुल्लाह ﷺ ने अली रदियल्लाहु अन्हु से फ़रमाया: “अली! बाज़ रहो, क्योंकि तुम अभी अभी सेहतियाब हुए हो”, वह बयान करती हैं, मैंने इन के लिए चुकंदर और जौ पकाया तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “अली! यह खाओ क्योंकि यह तुम्हारे लिए ज़्यादा मोज़ो है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (6 / 364 ح 27593) و الترمذى (2037 وقال : حسن غريب) و ابن ماجه (3442)

٤٢١٧ - وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُعْجِبُهُ الثُّفْلُ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي شعب الْإِيمَان

4217. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ को बर्तन (हंडी या देगची) के पेंदे के साथ लगा हुआ खाना पसंद था| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذی (فی الشمائل : 183) و البیهقی فی شعب الایمان (5924) [و الحاکم (4 / 115116) و صححه الذهبی]

٤٢١٨ - وَعَن نُبَيْشَة عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ أَكَلَ فِي قَصْعَةٍ فَلَحَسَهَا اسْتَغْفَرَتْ لَهُ الْقَصْعَةُ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيب

4218. नुबैशा रदियल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स किसी बर्तन में खा कर इसे अच्छी तरह साफ़ करता है तो वह बर्तन उस के लिए मगफिरत की दुआ करता है”| अहमद तिरमिज़ी, इब्ने माजा दारमी और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه احمد (5 / 76 ح 21001) و الترمذی (1804) و ابن ماجه (3271) و الدارمی (2 / 96 ح 2033) * ام عاصم : لم اجد لھا توثیقًا

٤٢١٩ - (جيد) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ بَاتَ وَفِي يَدِهِ غَمَرٌ لَمْ يَغْسِلْهُ فَأَصَابَهُ شَيْءٌ فَلَا يَلُومَنَّ إِلَّا نَفْسَهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَابْن مَاجه

4219. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स के हाथ पर चिकनाई लगी हो और वह इसे धोए बगैर सो जाए फिर कोई चीज़ इसे काट ले तो वह शख़्स अपने आप को ही मलामत करे”| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (1860 وقال : حسن غریب) و ابوداؤد (3852) و ابن ماجه (3297)

٤٢٢٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن ابنِ عبَّاسٍ قَالَ: كَانَ أَحَبَّ الطَّعَامَ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الثَّرِيدُ مِنَ الْخُبْزِ والثريدُ منَ الحَيسِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4220. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ को रोटी और हईस (खजूर पनीर और घी) से तैयार शुदा सरिद बहोत मरगूब (पसंद) था| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (3783) * فیه رجل من اهل البصرة مجھول و سقط ذکره فی المستدرک (4 / 116) فصححا0 (!)

٤٢٢١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي أَسِيدٍ الْأَنْصَارِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كُلُوا الزَّيْتَ وَادَّهِنُوا بِهِ

فَإِنَّهُ مِنْ شَجَرَةٍ مُبَارَكَةٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ

4221. अबू उसैद अंसारी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जैतून का तेल खाओ और बदन पर लगाओ क्योंकि वह मुबारक दरख्त से है”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (1851) و ابن ماجه (3319) و الدارمى (2 / 102 ح 2058) [و صححه الحاكم على شرط الشيخين (4 / 122) و وافقه الذهبى]

٤٢٢٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أم هَانِئ قَالَتْ: دَخَلَ عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «أَعِنْدَكِ شَيْءٌ» قُلْتُ: لَا إِلَّا خُبْزٌ يَابِسٌ وَخَلٌّ فَقَالَ: «هَاتِي مَا أَقْفَرَ بَيْتٌ مِنْ أَدَمٍ فِيهِ خَلٌّ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

4222. उम्म हानी रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, नबी ﷺ हमारे घर तशरीफ़ लाए तो फ़रमाया: “क्या तुम्हारे पास कोई चीज़ है?” मैंने अर्ज़ किया: मेरे पास सिर्फ खुश्क रोटी और सिरका है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ले आओ जिस घर में सिरका हो वह सालन से खाली नहीं होता”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस हसन ग़रीब है| (ज़ईफ़)

4513. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ अंसार के एक घर में तशरीफ़ लाया करते थे, जबकि उन के करीब एक घर था (आप उन के वहां नहीं जाया करते थे) इन पर यह शाक गुज़रा तो उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप फलां के घर तशरीफ़ लाते है और हमारे घर तशरीफ़ नहीं लाते, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “क्योंकि तुम्हारे घर मे कुत्ता है”, उन्होंने अर्ज़ किया: और उन के घर में बिल्ला है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “बिल्ला दरिन्दाह है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الدارقطنی (1 / 63 ح 176) [و صححه الحاکم (1 / 183) فتعقبه الذھبی] * فیه عیسی بن المسیب ، قال الدارقطنی :’’ ھو صالح الحدیث ‘‘ قلت : بل ھو ضعیف ضعفه الجمھور ، انظر میزان الاعتدال وغیره

दवा और झाड़-फुक का बयान • كتاب الطِّبّ والرقى

पहली फस्ल • الْفَصْلُ الأول

٤٥١٤ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا أَنْزَلَ اللَّهُ دَاء إِلا أنزل لَهُ دَوَاء» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

4514. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अल्लाह ने जो बीमारी उतारी है तो उसकी शिफा भी उतारी है"| (बुखारी)

رواه البخارى (5678)

٤٥١٥ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لِكُلِّ دَاءٍ دَوَاءٌ فَإِذَا أُصِيبَ دَوَاءٌ الدَّاءَ بَرَأَ بِإِذْنِ اللَّهِ» . رَوَاهُ مُسلم

4515. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "हर बीमारी के लिए दवाई है, जब दवाई बीमारी के मुवाफिक हो जाती है तो मरीज़ अल्लाह के हुक्म से सेहतियाब हो जाता है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (69 / 2204)، (5741)

٤٥١٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " الشِّفَاءُ فِي ثَلَاثٍ: فِي شَرْطَةِ مِحْجَمٍ أَوْ شَرْبَةِ عَسَلٍ أَوْ كَيَّةٍ بِنَارٍ وَأَنَا أَنْهَى أُمَّتِي عَنِ الْكَيِّ ". رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

4516. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "शिफा तीन चीजों में है: पछने (हिजामा) लगाने में, या शहद पीने में या आग से दागने से और मैं अपनी उम्मत को दागने से मना करता हूँ"| (बुखारी)

رواه البخارى (5680)

٤٥١٧ - (صَحِيح) وَعَن جابرٍ قَالَ: رُمِيَ أَبِي يَوْمَ الْأَحْزَابِ عَلَى أَكْحَلِهِ فَكَوَاهُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. رَوَاهُ مُسلم

4517. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, गज़वा ए अहज़ाब (खंदक) के मौके पर उबई बिन काब

रदियल्लाहु अन्हु को रग हफ्तंदाम में तीर लगा तो रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें दाग दिया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (74 / 2207)، (5747)

٤٥١٨ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: رُمِيَ سَعْدُ بْنُ مُعَاذٍ فِي أكحله فحمسه النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِيَدِهِ بِمِشْقَصٍ ثمَّ ورمت فحمسه الثَّانِيَة. رَوَاهُ مُسلم

4518. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, सईद बिन मुआज़ रदियल्लाहु अन्हु को रग हफ्तंदाम में तीर लगा तो नबी ﷺ ने अपने दस्ते मुबारक से तीर के नोक के साथ इसे दाग दिया, फिर उस पर वरम आ गया, तो आप ﷺ ने दूसरी मर्तबा इसे दाग दिया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (75 / 2208)، (5748)

٤٥١٩ - (صَحِيح) وَعَنْهُ قَالَ: بَعَثَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى أَبِيِّ بن كَعْب طَبِيبا فَقَطَعَ مِنْهُ عِرْقًا ثُمَّ كَوَاهُ عَلَيْهِ. رَوَاهُ مُسلم

4519. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने उबई बिन काब रदियल्लाहु अन्हु के पास एक तबीब भेजा तो उस ने उनकी एक रग काट दी फिर उस को दाग दिया | (मुस्लिम)

رواه مسلم (73 / 2207)، (5745)

٤٥٢٠ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّهُ سَمِعَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «فِي الْحَبَّةِ [ص:١٢٧ السَّوْدَاءِ شِفَاءٌ مِنْ كُلِّ دَاءٍ إِلَّا السَّامَ» . قَالَ ابْنُ شِهَابٍ: السَّامُ: الْمَوْتُ وَالْحَبَّةُ السَّوْدَاءُ: الشُّونِيزُ

4520. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “कलोंजी में मौत के सिवा हर बीमारी से शिफा है”| इब्ने शैबा ने फ़रमाया: (السام) से मुराद मौत और (الحبة السوداء) से कलोंजी मुराद है| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5688) و مسلم (98 / 2215)، (5766)

٤٥٢١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: أَخِي اسْتَطْلَقَ بَطْنُهُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اسقيه عسلاً» فَسَقَاهُ ثُمَّ جَاءَ فَقَالَ: سَقَيْتُهُ فَلَمْ يَزِدْهُ إِلَّا اسْتِطْلَاقًا فَقَالَ لَهُ ثَلَاثَ مَرَّاتٍ. ثُمَّ جَاءَ الرَّابِعَةَ فَقَالَ: «اسْقِهِ عَسَلًا» . فَقَالَ: لَقَدْ سَقَيْتُهُ فَلَمْ يَزِدْهُ إِلَّا اسْتِطْلَاقًا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ

وَسَلَّمَ: «صَدَقَ اللَّهُ وَكَذَبَ بَطْنُ أَخِيكَ» . فَسَقَاهُ فَبَرَأَ

4521. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी नबी ﷺ की खिदमत में आया और उस ने अर्ज़ किया, मेरे भाई पेट की तकलीफ मैं मुब्तिला है रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इसे शहद पिलाओ”, उस ने इसे शहद पिलाया, वह फिर आया और अर्ज़ किया: मैंने इसे शहद पिलाया मगर उस से पेट की तकलीफ और भी ज़्यादा हो गई है, आप ने तीन मर्तबा इसे ऐसे ही फ़रमाया, फिर वह चोथी मर्तबा आया तो आप ﷺ ने (यूँही) फ़रमाया: “इसे शहद पिलाओ”, उस ने अर्ज़ किया, मैं उसे पिला चूका हूँ लेकिन उस के मर्ज़ इस हाल में इज़ाफा ही हुआ है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह का फरमान सच्चा है जबकि तेरे भाई के पेट की गलती है”, उस ने फिर पिलाया तो वह सेहतियाब हो गया| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5684) و مسلم (91 / 2217)، (5770)

٤٥٢٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ أَمْثَلَ مَا تَدَاوَيْتُمْ بِهِ الْحجامَة والقُسْط البحري»

4522. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ पछने (हिजामा) लगाना और कुस्त बहरी (sea incense) का इस्तेमाल बेहतरीन तरीका इलाज है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5696) و مسلم (63 / 1577)، (4039)

٤٥٢٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تُعَذِّبُوا صِبْيَانَكُمْ بِالْغَمْزِ مِنَ الْعُذْرَةِ عَلَيْكُمْ بِالْقُسْطِ»

4523. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अज्रह (एक वरम है जो बच्चों के हलक में कसरत ए खून की वजह से हो जाता है) की वजह से अपने बच्चो के गले दबा कर उन्हें तकलीफ न पहुँचाओ बल्कि तुम कुस्त इस्तेमाल करो”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5696) و مسلم (63 / 1577)، (4039)

٤٥٢٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أُمِّ قَيْسٍ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «على مَ تَدْغَرْنَ أَوْلَادَكُنَّ بِهَذَا الْعِلَاقِ؟ عَلَيْكُنَّ بِهَذَا الْعُودِ الْهِنْدِيِّ فَإِنَّ فِيهِ سَبْعَةَ أَشْفِيَةٍ مِنْهَا ذَاتُ الْجَنْبِ يُسْعَطُ مِنَ الْعُذْرَةِ وَيُلَدُّ مِنْ ذَاتِ الْجنب»

4524. उम्म कैस रदियल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम इस इलाक (हलक के वरम) की वजह से अपनी औलाद का हलक क्यों दबाती हो? पस तुम यह औद हिंदी इस्तेमाल करो क्योंकि उस में सात

बीमारियों से शिफा है, उनमें से एक निमोनिया है, हलक के वरम की वजह से इसे नाक से डाला जाए और निमोनिया की सूरत में मुंह के एक तरफ से डाली जाए”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5713) و مسلم (76 / 2214)، (5764)

٤٥٢٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ وَرَافِعِ بْنِ خَدِيجٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْحمى من فيح جَهَنَّم فَأَبْرِدُوهَا بِالْمَاءِ»

4525. आइशा और राफीअ बिन ख़दीज रदियल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बुखार जहन्नम की भांप से है, तुम उसे पानी के साथ ठंडा करो”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3263) و مسلم (81 / 2210)، (5755)

٤٥٢٦ - (صَحِيح) وَعَن أنسٍ قَالَ: رَخَّصَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الرُّقْيَةِ مِنَ الْعَيْنِ وَالْحُمَّةِ وَالنَّمْلَةِ. رَوَاهُ مُسلم

4526. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने नज़र लग जाने डंक में और नमली बीमारी (पसली में दाने निकल आते है और जख्म पड़ जाते हैं) की सूरत में दम करने की रुखसत इनायत फरमाई है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (58 / 2196)، (5724)

٤٥٢٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن عَائِشَة قَالَتْ: أَمَرَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ نَسْتَرْقِيَ مِنَ الْعَيْنِ

4527. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, नबी ﷺ ने नज़र लग जाने की सूरत में दम कराने का हुक्म फ़रमाया है| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5738) و مسلم (56 / 2195)، (5722)

٤٥٢٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ أُمِّ سَلَمَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَأَى فِي بَيْتِهَا جَارِيَةً فِي وجهِها سفعة يَعْنِي صُفْرَةً فَقَالَ: «اسْتَرْقُوا لَهَا فَإِنَّ بِهَا النَّظْرَةَ»

4528. उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के नबी ﷺ ने उस के घर में एक लड़की देखी जिसके चेहरे

पर ज़र्दी थी, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे दम कराओ क्योंकि इसे नज़र लगी है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (5738) و مسلم (59 / 2197)، (5725)

٤٥٢٩ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنِ الرُّقَى فَجَاءَ آلُ عَمْرِو بْنِ حَزْمٍ فَقَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّهُ كَانَتْ عِنْدَنَا رُقْيَةٌ نَرْقِي بِهَا مِنَ الْعَقْرَبِ وَأَنْتَ نَهَيْتَ عَنِ الرُّقَى فَعَرَضُوهَا عَلَيْهِ فَقَالَ: «مَا أَرَى بِهَا بَأْسًا مَنِ اسْتَطَاعَ مِنْكُمْ أَنْ يَنْفَعَ أَخَاهُ فَلْيَنْفَعْهُ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

4529. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे मना फरमा दिया तो, आले अम्र बिन हज़्म आए और उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हमारे पास दम था जो हम बिच्छु के दस लेने पर क्या करते थे, और आप ने उस से मना फरमा दिया है, उन्होंने वह दम आप को सुनाया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं उस में कोई हरज समझता, तुम में से जो शख़्स अपने भाई को फ़ायदा पहुंचा सकता है तो वह इसे फ़ायदा पहुंचाए”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (63 / 2199)، (5731)

٤٥٣٠ - (صَحِيح) وَعَن عوفِ بن مَالك الْأَشْجَعِيّ قَالَ: كُنَّا نَرْقِي فِي الْجَاهِلِيَّةِ فَقُلْنَا: يَا رَسُولَ اللَّهِ كَيْفَ تَرَى فِي ذَلِكَ؟ فَقَالَ: «اعْرِضُوا عَلَيَّ رُقَاكُمْ لَا بَأْسَ بِالرُّقَى مَا لم يكن فِيهِ شرك» . رَوَاهُ مُسلم

4530. ऑफ बिन मालिक अशजई रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम दौरे जाहिलियत में दम किया करते थे, हमने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! आप इस बारे में क्या फरमाते हैं? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपने दम मुझे सुनाओ, ऐसा दम जिस में शिर्क न हो उस में कोई हरज नहीं”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (64 / 2200)، (5732)

٤٥٣١ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْعَيْنُ حَقٌّ فَلَوْ كَانَ شَيْءٌ سَابَقَ الْقَدَرِ سَبَقَتْهُ الْعَيْنُ وَإِذَا اسْتُغْسِلْتُمْ فاغسِلوا» . رَوَاهُ مُسلم

4531. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “नज़र (की तासीर) साबित है, अगर कोई चीज़ तकदीर पर सबकत ले जाने वाली होती तो नज़र उस पर सबकत ले जाती और जब तुम से ग़ुस्ल का मुतालबा किया जाए तो ग़ुस्ल करो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (42 / 2188)، (5702)

दवा और झाड़-फुक का बयान • كتاب الطِّبِّ والرقى

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٤٥٣٢ - (صَحِيح) عَنْ أَسَامَةَ بْنِ شَرِيكٍ قَالَ: قَالُوا: يَا رَسُول الله أفنتداوى؟ قَالَ: «نعم يَا عبد اللَّهِ تَدَاوَوْا فَإِنَّ اللَّهَ لَمْ يَضَعْ دَاءً إِلَّا وَضَعَ لَهُ شِفَاءً غَيْرَ دَاءٍ وَاحِدٍ الْهَرم» . رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

4532. उसामा बिन शरीक रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, सहाबा ए किराम रदियल्लाहु अन्हुम अजमईन ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या हम इलाज मुआल्ज़ा करे? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ, अल्लाह के बन्दों इलाज मुआल्ज़ा करो क्योंकि अल्लाह ने बुढ़ापे के सिवा ऐसी कोई बीमारी पैदा नहीं की जिसके लिए शिफा पैदा न की हो”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه احمد (4 / 278) و الترمذی (2038 وقال : حسن صحیح) [و ابن ماجه (3436) [و ابوداؤد (3855) [و صححه الحاکم (4 / 399) و وافقه الذھبی]

٤٥٣٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُقْبَةَ بْنِ عَامِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تُكْرِهُوا مَرْضَاكُمْ عَلَى الطَّعَامِ فَإِنَّ اللَّهَ يُطْعِمُهُمْ وَيَسْقِيهِمْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيث غَرِيب

4533. उक्बा बिन आमिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अपने बिमारो को खाने पर मजबूर न किया करो, क्योंकि अल्लाह तआला उन्हें खिलाता पिलाता है”| तिरमिज़ी, इब्ने माजा और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (2040) و ابن ماجه (3444) * بکر بن یونس بن بکیر ضعیف ضعفه الجمھور و للحدیث شواھد ضعیفة عند الحاکم (4 / 410) وغیره

٤٥٣٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَوَى أَسْعَدَ بْنَ زُرَارَةَ مِنَ الشَّوْكَةِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيث غَرِيب

4534. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने सईद बिन ज़ुरारा रदियल्लाहु अन्हु को शौकह (ये सुर्ख पैदा है जो गलबा खून से पैदा होता है) की बीमारी में दाग दिया| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (2050)

٤٥٣٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن زيد بن أَرقم قَالَ: أَمَرَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ نَتَدَاوَى مِنْ ذَاتِ الْجَنْبِ بِالْقُسْطِ البحريِّ وَالزَّيْت. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

4535. ज़ैद बिन अरक़म रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें हुक्म फ़रमाया के हम कुस्त बहरी (sea incense) और जैतून से निमोनिया का इलाज करे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (2079 وقال : حسن صحیح) * فیه میمون ابو عبدالله : ضعیف

٤٥٣٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَنْعَتُ الزَّيْتَ وَالْوَرْسَ مِنْ ذَاتِ الْجَنْبِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

4536. ज़ैद बिन अरक़म रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ निमोनिया के इलाज के लिए जैतून और वरस (एक बूटी) की तारीफ़ किया करते थे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (2078 وقال : حسن صحیح) * میمون : ضعیف ، انظر الحدیث السابق (4535)

٤٥٣٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أَسْمَاءَ بِنْتِ عُمَيْسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سَأَلَهَا: «بِمَ تستَمشِينَ؟» قَالَت: بالشُّبْرُمِ قَالَ: «حارٌّ حارٌّ» . قَالَتْ: ثُمَّ اسْتَمْشَيْتُ بِالسَّنَا فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَوْ أَنَّ شَيْئًا كَانَ فِيهِ الشِّفَاءُ مِنَ الْمَوْتِ لَكَانَ فِي السَّنَا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيث حسن غَرِيب

4537. अस्मा बिन्ते उमैश रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है के नबी ﷺ ने मुझ से दरियाफ्त किया तुम जुलाब के लिए कोनसी दवा इस्तेमाल करती हो? मैंने अर्ज़ किया: शुबरुम (चने की तरह एक दाना है जो के बहोत गरम है, उस का पानी दवा के तौर पर पीते हैं) आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो तो इन्तिहाई गरम है”, वह बयान करती हैं, फिर मैं सना के साथ जुलाब लेती, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “अगर किसी चीज़ में मौत की शिफा होती तो वह सना में होती”, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (2081) و ابن ماجه (3461) * فی سماع عتبة من اسماء نظر و للحدیث طریق آخر عند ابن ماجه (3461) و سنده ضعیف

٤٥٣٨ - (ضَعِيف) وشطره الأول (صَحِيحٌ)»»   وَعَنْ أَبِي الدَّرْدَاءِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ أَنْزَلَ الدَّاءَ وَالدَّوَاءَ وَجَعَلَ لِكُلِّ دَاءٍ دَوَاءً فَتَدَاوُوا وَلَا تداووْا بحرامٍ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4538. अबू दरदा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक अल्लाह ने बीमारी उतारी है तो उस ने दवाई भी उतारी है और उस ने हर बीमारी के लिए दवाई बनाई है, तुम इलाज करो और

हराम चीज़ के साथ इलाज मत करो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3874) * ثعلبة بن مسلم : مستور و معنى الحديث صحيح

٤٥٣٩ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: نَهَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنِ الدَّوَاءِ الْخَبِيثِ. رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ

4539. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हराम चीज़ को बतौर दवा इस्तेमाल करने से भी मना फ़रमाया है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه احمد (2 / 305) و ابوداؤد (3870) و الترمذى (2045) و ابن ماجه (3459)

٤٥٤٠ - (صَحِيح) وَعَنْ سَلْمَى خَادِمَةِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَتْ: مَا كَانَ أَحَدٌ يَشْتَكِي إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَجَعًا فِي رَأْسِهِ إِلَّا قَالَ: «احْتَجِمْ» وَلَا وَجَعًا فِي رِجْلَيْهِ إِلَّا قَالَ: «اخْتَضِبْهُمَا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4540. नबी ﷺ की खादिमा सलमा रदियल्लाहु अन्हा से रिवायत है उन्होंने कहा: जिस शख़्स ने भी रसूलुल्लाह ﷺ से दर्दे सर की शिकायत की तो आप ﷺ ने हमें फ़रमाया के “ पछने (हिजामा) लगाओ”, और जिस ने अपने पाँव में तकलीफ का ज़िक्र किया तो आप ﷺ ने इसे फ़रमाया: “महंदी लगाओ”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3858) * عبيدالله بن على : لين الحديث و للحديث شواهد ضعيفة عند احمد (6 / 462 ح 2816928170) وغيره

٤٥٤١ - (لم تتمّ دراسته) وعنها قَالَت: مَا كَانَ يَكُونَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قُرْحَةٌ وَلَا نَكْبَةٌ إِلَّا أَمَرَنِي أَنْ أَضَعَ عَلَيْهَا الْحِنَّاء. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

4541. नबी ﷺ की खादिमा सलमा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ को तलवार वगैरा या किसी और तरह कोई भी जख्म आ जाता तो आप ﷺ मुझे उस पर महंदी लगाने का हुक्म फरमाते| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2054 وقال : غريب) * عبيد الله بن على لين الحديث ، انظر الحديث السابق (4540)

٤٥٤٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي كَبْشَة الْأَنْمَارِيِّ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يحتجم على هامته وَبَين كفيه وَهُوَ يَقُولُ: «مَنْ أَهْرَاقَ مِنْ هَذِهِ الدِّمَاءِ فَلَا يَضُرُّهُ أَنْ لَا يَتَدَاوَى بِشَيْءٍ لِشَيْءٍ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

4542. अबू कब्शा अन्मारी रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ अपने सर और अपने कंधो के दरमियान पछ्ने (हिजामा) लगाया करते थे और आप ﷺ फरमाते थे: “जो शख़्स इस खून में से कुछ खून निकलवाता है तो अगर वह किसी मर्ज़ का किसी दवाई के ज़रिए इलाज न भी करे तो उस के लिए कुछ मुज़िर नहीं|” (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (3859) وابن ماجه (3484) * الوليد بن مسلم كان يدلس تدليس التسوية ولم يصرح بالسماع المسلسل و اخطا من براه من التدليس

٤٥٤٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٌ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ احْتَجَمَ عَلَى وَرِكِهِ مِنْ وَثْءٍ كَانَ بِهِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4543. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने मोच के दर्द की वजह से अपने रान के ऊपर पछ्ने (हिजामा) लगवाए| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه ابوداؤد (3863) [و النسائی (2851) و ابن ماجه (3082)] * ابو الزبير مدلس و عنعن و حديث ابی داود (1836) يغنى عنه

٤٥٤٤ - (صَحِيح) وَعَن ابنِ مَسْعُود قَالَ: حَدَّثَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ علن لَيْلَةَ أَسَرِيَ بِهِ: أَنَّهُ لَمْ يَمُرَّ عَلَى مَلَأٍ مِنَ الْمَلَائِكَةِ إِلَّا أَمَرُوهُ: «مُرْ أُمَّتَكَ بِالْحِجَامَةِ» . رَوَاهُ [ص:١٢٨ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيث حسن غَرِيب

4544. इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने शब ए मेअराज के मुतल्लिक हदीस बयान फरमाई के वह फरिश्तो की जिस भी जमाअत के पास से गुज़रे तो वह हमें कहते के “ अपनी उम्मत को पछ्ने (हिजामा) लगाने का हुक्म फरमाइए”, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन ग़रीब है| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه الترمذی (2052) و ابن ماجه (3479 بسند آخر عن انس رضی الله عنه ، فيه جبارة و كثير بن سليم مجروحان) * عبد الرحمن بن اسحاق الكوفى الواسطى ضعيف و للحديث شواهد ضعيفة

٤٥٤٥ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ عُثْمَانَ: إِنَّ طَبِيبًا سَأَلَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ ضِفْدَعٍ يَجْعَلُهَا فِي دَوَاءٍ فَنَهَاهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ قَتْلِهَا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4545. अब्दुल रहमान बिन उस्मान रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक तबीब ने नबी ﷺ से मेंडक को दवाई में डालने के मुतल्लिक दरियाफ्त किया तो नबी ﷺ ने इसे उस के क़त्ल करने से मना फरमा दिया| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه ابوداؤد (3871)

٤٥٤٦ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَحْتَجِمُ فِي الْأَخْدَعَيْنِ وَالْكَاهِلِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَزَادَ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ: وَكَانَ يحتجمُ سبعَ عشرَة وتسع عشرَة وَإِحْدَى وَعشْرين

4546. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ गर्दन की दोनों रगों और कंधो के दरमियान पछने (हिजामा) लगाया करते थे| अबू दावुद, इमाम तिरमिज़ी और इमाम इब्ने माजा ने यह इज़ाफा नकल किया है आप ﷺ (चाँद की) सतरह, उन्नीस और इक्कीस तारीख को पछने (हिजामा) लगाया करते थे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3860) و الترمذی (2051 وقال : حسن غريب) و ابن ماجه (3483) * قتادة عنعن

٤٥٤٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَسْتَحِبُّ الْحِجَامَةَ لِسَبْعَ عَشْرَةَ وَتِسْعَ عَشْرَةَ وَإِحْدَى وَعِشْرِينَ. رَوَاهُ فِي شرح السّنة

4547. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ (चाँद की) सत्रह, उन्नीस और इक्कीस तारीख को पछने (हिजामा) लगाना पसंद फरमाते थे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البغوی فی شرح السنة (12 / 150 ح 3235) [و الترمذی (2052 بلفظ آخر) و الحاکم (4 / 409)] * فيه عباد بن منصور ضعيف

٤٥٤٨ - (حسن) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنِ احْتَجَمَ لِسَبْعَ عَشْرَةَ وَتِسْعَ عَشْرَةَ وَإِحْدَى وَعِشْرِينَ كَانَ شِفَاءً لَهُ مِنْ كُلِّ دَاء» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4548. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स (चाँद की) सतरह, उन्नीस और इक्कीस तारीख को पछने (हिजामा) लगवाए वह हर बीमारी से महफ़ूज़ रहेगा”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3861)

٤٥٤٩ - (ضَعِيف) وَعَن كبشةَ بنت أبي بكرةَ: أَنَّ أَبَاهَا كَانَ يُنْهِي أَهْلَهُ عَنِ الْحِجَامَةِ يَوْمَ الثُّلَاثَاءِ وَيَزْعُمُ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَنَّ يَوْمَ الثُّلَاثَاءِ يَوْمُ الدَّمِ وَفِيهِ سَاعَةٌ لَا يَرْقَأُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4549. कब्शत बिन्ते अबी बकरह से रिवायत है के उस के वालिद मंगल के रोज़ पछने (हिजामा) लगाने से अपने अहले खाना को मना किया करते थे, और वह रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं की “ मंगल का दिन (गलबा) खून का दिन है और उस में एक घड़ी है के उस में खून थमता नहीं|” (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3862) * عمة بكار : لايعرف حالها و الحديث ضعفه البيهقی

٤٥٥٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ الزُّهْرِيِّ مُرْسَلًا عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مِنْ احْتَجَمَ يَوْمَ [ص:١٢٨ الْأَرْبِعَاءِ أَوْ يَوْمَ السَّبْتِ فَأَصَابَهُ وَضَحٌ فَلَا يَلُومَنَّ إِلَّا نَفْسَهُ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَأَبُو دَاوُدَ وَقَالَ: وَقَدْ أَسْند وَلَا يَصح

4550. ज़ुहरी रहिमहुल्लाह रसूलुल्लाह ﷺ से मुरसल रिवायत करते हैं, ‚” जो शख़्स बुध या हफ्ते के रोज़ पछने (हिजामा) लगवाए और वह बरस का शिकार हो जाए तो वह इस सूरत में खुद को ही मलामत करे”| अहमद अबू दावुद, और अबू दावुद रहिमहुल्लाह ने कहा यह मशहूर है के यह रिवायत मुसनद है, लेकिन यह सहीह नहीं| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد فى المراسيل (451 ، نسخة أخرى : 445) * السند ضعيف لا رساله و الرواية المسندة عند الحاكم (4 / 409410) و البيهقى (9 / 340) من طريق سليمان بن ارقم (ضعيف جدًا) عن الزهرى عن سعيد بن المسيب عن ابى هريرة الخ به

٤٥٥١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ مُرْسَلًا قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنِ احْتَجَمَ أَوِ اطَّلَى يَوْمَ السَّبْتِ أَوِ الْأَرْبِعَاءِ فَلَا يَلُومَنَّ إِلَّا نَفْسَهُ فِي الوَضَحِ» . رَوَاهُ فِي شرح السّنة

4551. इमाम ज़ुहरी उसे मुरसल रिवायत है उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स हफ्त या बुध के रोज़ पछने (हिजामा) लगवाए या कोई दवाई लेप करे तो वह बरस का शिकार होने की सूरत में सिर्फ अपने नफ्स को ही मलामत करे”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البغوى فى شرح السنة (12 / 151152 بعد ح 3235 بدون سند) * السند مرسل ، ان صح الى الزهرى رحمه الله

٤٥٥٢ - (حسن) وَعَنْ زَيْنَبَ امْرَأَةِ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ أَنَّ عَبْدَ اللَّهِ رَأَى فِي عُنُقِي خَيْطًا فَقَالَ: مَا هَذَا؟ فَقُلْتُ: خَيْطٌ رُقِيَ لِي فِيهِ قَالَتْ: فَأَخَذَهُ فَقَطَعَهُ ثُمَّ قَالَ: أَنْتُمْ آلَ عَبْدَ اللَّهِ لَأَغْنِيَاءُ عَنِ الشِّرْكِ سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُول: «إِنَّ الرُّقَى وَالتَّمَائِمَ وَالتِّوَلَةَ شِرْكٌ» فَقُلْتُ: لِمَ تَقُولُ هَكَذَا؟ لَقَدْ كَانَتْ عَيْنِي تُقْذَفُ وَكُنْتُ أَخْتَلِفُ إِلَى فُلَانٍ الْيَهُودِيِّ فَإِذَا رَقَاهَا سَكَنَتْ فَقَالَ عَبْدُ اللَّهِ: إِنَّمَا ذَلِكِ عَمَلُ الشَّيْطَانِ كَانَ يَنْخَسُهَا بِيَدِهِ فَإِذَا رُقِيَ كُفَّ عَنْهَا إِنَّمَا كَانَ يَكْفِيكِ أَنْ تَقُولِي كَمَا كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «أَذْهِبِ الْبَاسَ رَبَّ النَّاسِ وَاشْفِ أَنْتَ الشَّافِي لَا شِفَاءَ إِلَّا شِفَاؤُكَ شِفَاءٌ لَا يُغَادِرُ سقما» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4552. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु की अहलिया जैनब रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के अब्दुल्लाह ने मेरी गर्दन में एक धागा देखा तो पूछा यह क्या है? मैंने कहा मेरे लिए दम क्या हुआ धागा है, उन्होंने इसे पकड़ कर काट दिया, फिर फ़रमाया तुम आले अब्दुल्लाह शिर्क से बेनियाज़ हो, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “बेशक दम, तावीज़ और जादू शिर्क है”, मैंने कहा आप इस तरह क्यों कहते हैं? मेरी आँख में शदीद दर्द था में फलां यहूदी के पास जाती थी, जब वह दम करते तो दर्द रुक जाता था, (ये सुन कर) अब्दुल्लाह ने फ़रमाया: यह महज शैतान का अमल है, वह अपना हाथ आँख पर मारता है, जब दम किया जाता है तो वह हाथ मारना छोड़ देता है, तुम्हारे लिए इतना कहना ही काफी था जैसे रसूलुल्लाह ﷺ फ़रमाया करते थे: “लोगो

के रब! बीमारी ले जा, और शिफा अता फरमा, तू ही शिफा अता करने वाला है, शिफा सिर्फ तेरी ही है, ऐसी शिफा अता कर के वह कोई बीमारी न छोड़े”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (3883) [و ابن ماجه (3530)] * سلیمان الاعمش مدلس و عنعن و للحدیث شواهد ضعیفة و اخرج الحاکم (4 / 217 ح 7505 ، اتحاف المهرة 10 / 453 ح 13163) عن قیس بن السکن الاسدی قال :'' دخل عبدالله بن مسعود رضی الله عنه علی امراة فرأی علیها حرزا من الحمرة فقطعه قطعًا عنیفًا ثم قال : ان آل عبدالله عن الشرک اغنیاء و قال : کان مما حفظنا عن النبی صلی الله علیه و آله وسلم ان الرقی و التمائم و التولة من الشرک '' و صححه و وافقه الذهبی ، ابن موسی هو عبیدالله و السند صحیح

٤٥٥٣ - (صَحِيح) وَعَن جَابر قَالَ: سُئِلَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ النُّشْرَةِ فَقَالَ: «هُوَ مِنْ عَمَلِ الشَّيْطَانِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4553. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ से जादू, मंतर (सिफलि अमल को सिफलि इल्म से दूर करने) के मुतल्लिक पूछा गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो शैतानी अमल है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3868)

٤٥٥٤ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: [ص:١٢٨] «مَا أُبَالِي مَا أَتَيْتُ إِنْ أَنَا شَرِبْتُ تِرْيَاقًا أَوْ تَعَلَّقْتُ تَمِيمَةً أَوْ قُلْتُ الشِّعْرَ مِنْ قِبَلِ نَفْسِي» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4554. अब्दुल्लाह बिन उमर रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “मैं कुछ फर्क नहीं समझता की मैं तरियाक पियूं या तावीज़ लटकाऊं या अपनी तरफ से शेर कहूँ”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (3869) * عبد الرحمن بن رافع التنوخی : ضعیف

٤٥٥٥ - (صَحِيح) وَعَنِ الْمُغِيرَةِ بْنِ شُعْبَةَ قَالَ: قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ اكْتَوَى أَوِ اسْتَرْقَى فَقَدْ بَرِئَ مِنَ التَّوَكُّلِ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

4555. मुगिरा बिन शैबा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जिस शख़्स ने दाग लगवाया या दम कराया तो वह तवक्कुल से ला ताअल्लूक हो गया”| (हसन)

حسن ، رواه احمد (4 / 349) و الترمذی (2055) و ابن ماجه (3489)

٤٥٥٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عِيسَى بْنِ حَمْزَةَ قَالَ: دَخَلْتُ عَلَى عبدِ الله بن عُكيم وَبِهِ حُمْرَةٌ فَقُلْتُ: أَلَا تُعَلِّقُ تَمِيمَةً؟

فَقَالَ: نَعُوذُ بِاللَّهِ مِنْ ذَلِكَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ تَعَلَّقَ شَيْئًا وُكِلَ إِلَيهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4556. इसा बिन हम्ज़ा रहिमहुल्लाह बयान करते हैं, मैं अब्दुल्लाह बिन उकैम रदियल्लाहु अन्हु के पास गया तो उन्हें सुर्ख बादा का मर्ज़ था, मैंने कहा आप तावीज़ क्यों नहीं लेते? उन्होंने कहा, हम उस से अल्लाह की पनाह चाहते है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स कोई चीज़ लटकाता है तो इसे इसी के सुपुर्द कर दिया जाता है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (لم اجده) [و الترمذی (2079) و احمد (4 / 310311)] * محمد بن عبد الرحمن بن ابی لیلی ضعيف و للحديث شاهد ضعيف عند النسائی (7 / 112 ح 4084)

٤٥٥٧ - (صَحِيح) وَعَن عِمْرَانَ بْنِ حُصَيْنٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا رُقْيَةَ إِلَّا مِنْ عَيْنٍ أَوْ حُمَةٍ» . رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

4557. इमरान बिन हुसैन रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “नज़र लग जाने या किसी के डसने से दम करना जाईज़ है”| (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (4 / 436) و الترمذی (2057) و ابوداؤد (3884)

٤٥٥٨ - (ضَعِيف) وَرَوَاهُ ابْن مَاجَه عَن بُرَيْدَة

4558. इमाम इब्ने माजा ने इसे बुरैदाह रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (सहीह)

صحيح ، رواه ابن ماجه (3513)

٤٥٥٩ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا رُقْيَةَ إِلَّا مِنْ عَيْنٍ أَوْ حُمَةٍ أَوْ دَمٍ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4559. अनस रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “नज़र लग जाने या किसी चीज़ के दस लेने या नकसीर जारी होने पर दम करना दुरुस्त है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3889) * شريک القاضی مدلس و عنعن و للحديث شاهد ضعيف عند ابن ابی شيبة (7 / 393)

٤٥٦٠ - (صَحِيح) وَعَن أَسمَاء بنت عُميس قَالَتْ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ وَلَدَ جَعْفَرٍ تُسْرِعُ إِلَيْهِمُ الْعَيْنُ أَفَأَسْتَرْقِي لَهُمْ؟ قَالَ:

«نَعَمْ فَإِنَّهُ لَوْ كَانَ شَيْءٌ سَابِقُ الْقَدَرِ لَسَبَقَتْهُ العينُ» . رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

4560. अस्मा बिन उमैश रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! जाफर रदियल्लाहु अन्हु की औलाद को बहोत जल्द नज़र लग जाती है, क्या मैं उन्हें दम कराऊँ? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ, क्योंकि अगर तकदीर पर कोई चीज़ ग़ालिब होती तो उस पर नज़र ग़ालिब आती”| (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (6 / 438) و الترمذى (2059 وقال : حسن صحيح) و ابن ماجه (3510)

٤٥٦١ - (صَحِيح) وَعَن الشِّفاءِ بنت عبد الله قَالَتْ: دَخَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَنَا عِنْدَ حَفْصَةَ فَقَالَ: «أَلَا تُعَلِّمِينَ هَذِهِ رُقْيَةَ النَّمْلَةِ كَمَا عَلَّمْتِيهَا الْكِتَابَةَ؟» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4561. शिफाअ बिन्ते अब्दुल्लाह बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ तशरीफ़ लाए तो मैं हफ्सा रदियल्लाहु अन्हा के पास थी, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम इस (हफ्सा (रअ)) को नमली (फुंसियाँ जो पसली पर निकलती है) का दम नहीं सीखा देती जिस तरह तुमने इसे लिखना सिखाया है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3887)

٤٥٦٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي أَمَامَةَ بْنِ سَهْلِ بْنِ حُنَيْفٍ قَالَ: رَأَى عَامِرُ بْنُ رَبِيعَةَ سَهْلَ بْنَ حُنَيْفٍ يَغْتَسِلُ فَقَالَ: وَاللَّهِ مَا رَأَيْتُ كَالْيَوْمِ وَلَا جِلْدَ مُخَبَّأَةٍ قَالَ: فَلُبِطَ سَهْلٌ فَأَتَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقِيلَ لَهُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ هَلْ لَكَ فِي سَهْلِ بْنِ حُنَيْفٍ؟ وَاللَّهِ مَا يَرْفَعُ رَأْسَهُ فَقَالَ: «هَلْ تَتَّهِمُونَ لَهُ أَحَدًا؟» فَقَالُوا: نَتَّهِمُ عَامِرَ بْنَ رَبِيعَةَ قَالَ: فَدَعَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَامِرًا فَتَغَلَّظَ عَلَيْهِ وَقَالَ: «عَلَامَ يَقْتُلُ أَحَدُكُمْ أَخَاهُ؟ أَلَا بَرَّكْتَ؟ اغْتَسِلْ لَهُ» . فَغَسَلَ لَهُ عَامِرٌ وَجْهَهُ وَيَدَيْهِ وَمِرْفَقَيْهِ وَرُكْبَتَيْهِ وَأَطْرَافَ رِجْلَيْهِ وَدَاخِلَةَ إِزَارِهِ فِي قَدَحٍ ثُمَّ صُبَّ عَلَيْهِ فَرَاحَ مَعَ النَّاسِ لَيْسَ لَهُ بَأْس. رَوَاهُ فِي شَرْحِ السُّنَّةِ وَرَوَاهُ مَالِكٌ وَفِي رِوَايَتِهِ: قَالَ: «إِن الْعين حق تَوَضَّأ لَهُ»

4562. अबू उमामा बिन सहल बिन हनीफ बयान करते हैं, आमिर बिन रबिआ ने सहल बिन हनीफ को ग़ुस्ल करते हुए देखा तो उन्होंने कहा: अल्लाह की क़सम! मैंने जिस क़दर सफ़ेद व मुलायम जिल्द आज देखी है ऐसी कभी नहीं देखी रावी बयान करते हैं, इस बात पर सहल बेहोश हो कर गिर गए, उन्हें रसूलुल्लाह ﷺ के पास लाया गया और आप ﷺ से अर्ज़ किया गया, अल्लाह के रसूल! क्या आप को सहल बिन हनीफ के बारे में कुछ खबर है? अल्लाह की क़सम! वह तो अपना सर भी नहीं उठाते, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम उस के मुतल्लिक किसी के बारे में गुमान करते हो?” उन्होंने अर्ज़ किया, हम आमिर बिन रबिआ के बारे में गुमान करते हैं रावी बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने आमिर को बुलाया और उस से सख्त लहजे में बात की और फ़रमाया: “तुम अपने भाई को क़त्ल करते हो, तुमने उस के लिए बरकत की दुआ क्यों की उस के लिए ग़ुस्ल करो”, आमिर ने उस के लिए एक बर्तन में अपना चेहरा, अपने हाथ, अपने कोहनिया, अपने घुटने, पाँव के अतराफ़ और आज़ार के साथ के आज़ाअ धोए, फिर वह पानी उस पर डाला गया तो वह (उठ कर) लोगों के साथ चल पड़ा और इसे कोई

तकलीफ नहीं थी| और इमाम मालिक ने इसे रिवायत किया है और उनकी रिवायत में है फ़रमाया: “बेशक नज़र (की तासीर) साबित है, उस के लिए वुज़ू कर”, उस ने उस के लिए वुज़ू किया| (सहीह)

صحیح ، رواہ البغوی فی شرح السنة (12 / 164 ح 3245) و مالک (2 / 939 ح 1811) [و ابن ماجه (3509) و صححه ابن حبان (الموارد : 1424)]

٤٥٦٣ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَتَعَوَّذُ مِنَ الْجَانِّ وَعَيْنِ الْإِنْسَانِ حَتَّى نَزَلَتِ الْمُعَوِّذَتَانِ فَلَمَّا نزلت أَخذ بهما وَترك سِوَاهُمَا. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيث حسن غَرِيب

4563. अबू सईद खुदरी रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ (अज़कार के ज़रिए) जिन्नो और इंसान की नज़र से पनाह तलब किया करते थे हत्ता के सूरत अल फलक और सूरत अल नास नाज़िल हुई, जब वह नाज़िल हुई तो आप ने उन्हें ले लिया और जो इन दोनों के अलावा था इसे तर्क कर दिया| और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ الترمذی (3058) و ابن ماجه (3511) [و النسائی (5496)] * سعید الجریری اختلط ولم اجد راویا عنه فی ھذا الحدیث قبل اختلاطه

٤٥٦٤ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: قَالَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هَلْ رُئِيَ فِيكُمُ الْمُغَرِّبُونَ؟» قُلْتُ: وَمَا الْمُغَرِّبُونَ؟ قَالَ: «الَّذِينَ يَشْتَرِكُ فِيهِمُ الْجِنُّ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4564. आइशा रदियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “क्या तुम में “ मुगर्रिबुन” देखे गए ?” मैंने अर्ज़ किया: “ मुगर्रिबुन” क्या है आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो लोग (जो अल्लाह का ज़िक्र नहीं करते) उनमें जिन्न (शैतान) शरीक हो जाता है”| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ ابوداؤد (5107) * ابن جریج مدلس : عنعن و ابوہ لین و ام حمید : لایعرف حالھا

٤٥٦٥ - (لم تتمّ دراسته) وذُكر حديثُ ابْن عباسٍ: «خيرَ مَا تداويتم» فِي «بَاب التَّرَجُّل»

4565. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा से मरवी हदीस: “बेहतरीन इलाज जिस के(...”, بَابُ التَّرَجُّلِ (कंघी का बयान) में ज़िक्र की गई है| (ज़ईफ़)

ضعیف ، تقدم (4473)

दवा और झाड़-फुक का बयान • كتاب الطِّبّ والرقى

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٤٥٦٦ - (ضَعِيف) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْمَعِدَةُ حَوْضُ الْبَدَنِ وَالْعُرُوقُ إِلَيْهَا وَارِدَةٌ فَإِذَا صَحَّتِ الْمَعِدَةُ صَدَرَتِ الْعُرُوقُ بِالصِّحَّةِ وَإِذَا فَسَدَتِ الْمَعِدَةُ صَدَرَتِ الْعُرُوقُ بِالسقمِ»

4566. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मैदा बदन का हौज़ है, जबकि रगे (हर तरफ से) उसकी तरफ आती है, जब मैदा दुरुस्त होगा तो रगे तंदुरस्ती लेकर वापस आती है, और जब मैदा बीमार होता है, तो रगे बीमारी लेकर वापस आती है| (मौज़ू)

موضوع ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (5796 ، نسخة محققة : 5414) [و ابن الجوزى فى الموضوعات (2 / 284)] * فيه ابراهيم بن جريج الرهاوى متهم و يحيى بن عبدالله البابلتى : ضعيف

٤٥٦٧ - (صَحِيح) وَعَن عَليّ قَالَ: بَيْنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ذَاتَ لَيْلَةٍ يُصَلِّي فَوَضَعَ يَدَهُ عَلَى الْأَرْضِ فَلَدَغَتْهُ عَقْرَبٌ فَنَاوَلَهَا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِنَعْلِهِ فَقَتَلَهَا فَلَمَّا انْصَرَفَ قَالَ: «لَعَنَ اللَّهُ الْعَقْرَبَ مَا تَدَعُ مُصَلِّيًا وَلَا غَيْرَهُ أَوْ نَبِيًّا وَغَيْرَهُ» ثُمَّ دَعَا بملحٍ وماءٍ فَجعله فِي إناءٍ ثمَّ جَعَلَ يَصُبُّهُ عَلَى أُصْبُعِهِ حَيْثُ لَدَغَتْهُ وَيَمْسَحُهَا وَيُعَوِّذُهَا بِالْمُعَوِّذَتَيْنِ. رَوَاهُمَا الْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ

4567. अली रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक रात रसूलुल्लाह ﷺ नमाज़ पढ़ रहे थे आप ने अपना हाथ ज़मीन पर रखा तो बिच्छु ने आप को दस लिया, रसूलुल्लाह ﷺ ने अपना जूता मार कर इसे मार दिया, जब आप ﷺ फारिग़ हुए तो फ़रमाया: "अल्लाह बिच्छु पर लानत फरमाए वह ना किसी नमाज़ी को छोड़ता है न किसी और को, या फ़रमाया: "किसी नबी को छोड़ता है के किसी और को", फिर आप ने नमक और पानी मंगवाया और उन्हें एक बर्तन में जमा कर दिया, फिर आप इस ऊँगली पर जहाँ उस ने दसा था डालने लगे, इसे मलने लगे और मुअव्वीज़तेन के ज़रिए उस से पनाह तलब करने लगे| इमाम बयहकी ने दोनों रिवायतों शौबुल ईमान में ज़िक्र की है| (हसन)

حسن ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (2575 ، نسخه محققة : 2340 و سنده حسن) [و ابن ابى شيبة فى المصنف (7 / 398 ، 10 / 418419)] و حسنه الهيشمى وغيره

٤٥٦٨ - (صَحِيح) وَعَن عُثْمَانَ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَوْهَبٍ قَالَ: أَرْسَلَنِي أَهْلِي إِلَى أُمِّ سَلَمَةَ بِقَدَحٍ مِنْ مَاءٍ وَكَانَ إِذَا أَصَابَ الْإِنْسَانَ عَيْنٌ أَوْ شَيْءٌ بَعَثَ إِلَيْهَا مِخْضَبَهُ فَأَخْرَجَتْ مِنْ شَعْرُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَكَانَتْ تُمْسِكُهُ فِي جُلْجُلٍ مِنْ فِضَّةٍ فَخَضْخَضَتْهُ لَهُ فَشَرِبَ مِنْهُ قَالَ: فَاطَّلَعْتُ فِي الْجُلْجُلِ فَرَأَيْت شَعرَات حمرَاء. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

4568. उस्मान बिन अब्दुल्लाह बिन मवहब बयान करते हैं, मेरे अहले खाना ने पानी का प्याला दे कर मुझे उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा के पास भेजा, और यह दस्तूर था की जब किसी को नज़र लग जाती या कोई और मसअले दरपेश होता तो वह पानी का बर्तन उम्मे सलमा रदियल्लाहु अन्हा की तरफ भेज दिया करते, वह रसूलुल्लाह ﷺ के बाल, जो के उन्होंने चाँदी की घंटी में रखे हुए थे, निकालती और उन्हें इस शख़्स के लिए (पानी में) हिलाती और बीमार आदमी वह पानी पि लेता, रावी बयान करते हैं, मैंने इस डिबिया में झांक कर देखा तो मैंने सुर्ख बाल देखे| (बुखारी)

رواه البخاری (5896)

٤٥٦٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي هريرةَ إِنَّ نَاسًا مِنْ أَصْحَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالُوا لرسولِ الله: الْكَمْأَةُ جُدَرِيُّ الْأَرْضِ؟ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْكَمْأَةُ مِنَ الْمَنِّ وَمَاؤُهَا شِفَاءٌ لِلْعَيْنِ وَالْعَجْوَةُ مِنَ الْجَنَّةِ وَهِيَ شِفَاءٌ مِنَ السُّمِّ» . قَالَ أَبُو هُرَيْرَةَ: فَأَخَذْتُ ثَلَاثَةَ أَكْمُؤٍ أَوْ خَمْسًا أَوْ سَبْعًا فَعَصَرْتُهُنَّ وَجَعَلْتُ مَاءَهُنَّ فِي قَارُورَةٍ [ص:١٢٨ وَكَحَّلْتُ بِهِ جَارِيَةً لِي عَمْشَاءَ فَبَرَأَتْ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حسن

4569. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ के सहाबा में से कुछ लोगों ने रसूलुल्लाह ﷺ से अर्ज़ किया, खंबी ज़मीन की चेचक है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “खंबी मन (मन व सलवा) की एक किस्म है और उस का पानी आँख के लिए बाईस शिफा है, और अज्वा (खजूर) जन्नत से है और वह हर का तरियाक है”, अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने तिन या या पांच या सात खंबिया ली, उन्हें निचोड़ कर उन के पानी को एक शीशी में रख लिया, औरमैंने अपनी इस लौंडी की आंखो में वह पानी डाला जिस की आंखो से पानी बहता रहता था, तो वह उस से सेहतियाब हो गई| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस हसन है| (ज़ईफ़)

حسن ، رواہ الترمذی (2068) ضعیف ، رواہ الترمذی (2069) * السند منقطع

٤٥٧٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ لَعِقَ الْعَسَلَ ثَلَاثَ غَدَوَاتٍ فِي كلِّ شهر لم يصبهُ عَظِيم الْبلَاء»

4570. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स हर माह तीन रोज़ शहद चाटता है तो इसे कोई बड़ी बीमारी लाहक नहीं होती”| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ ابن ماجہ (3450) و البیھقی فی شعب الایمان (5938) * الزبیر بن سعید : لین الحدیث و عبد الحمید : مجھول

٤٥٧١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " عَلَيْكُمْ بِالشِّفَاءَيْنِ: الْعَسَلِ

وَالْقُرْآنِ ". رَوَاهُمَا ابْنُ مَاجَهْ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي شُعَبِ الْإِيمَانِ وَقَالَ: وَالصَّحِيحُ أَنَّ الْأَخِيرَ مَوْقُوفٌ عَلَى ابْنِ مَسْعُودٍ

4571. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “शिफा देने वाली दो चीजों को लाज़िम पकड़ो (यानी) शहद और कुरान”| इमाम इब्ने माजा ने दोनों रिवायते नकल की है और इमाम बयहकी ने उन्हें शौबुल ईमान में नकल किया, और फ़रमाया सहीह बात यह है कि आखिरी (दूसरी) हदीस इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु पर मौकूफ है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (3452) و البيهقى فى شعب الايمان (3581) * ابو اسحاق مدلس و عنعن و اخرج الخطيب باسناد ضعيف منكر عن زيد بن حباب عن شعبة عن ابى اسحاق به

٤٥٧٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي كَبْشَة الْأَنْمَارِيِّ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ احْتَجَمَ عَلَى هَامَتِهِ مِنَ الشَّاةِ الْمَسْمُومَةِ قَالَ مَعْمَرٌ: فَاحْتَجَمْتُ أَنَا مِنْ غَيْرِ سُمٍّ كَذَلِكَ فِي يَافُوخِي فَذَهَبَ حُسْنُ الْحِفْظِ عَنِّي حَتَّى كُنْتُ أُلَقَّنُ فَاتِحَةَ الْكِتَابِ فِي الصَّلَاةِ. رَوَاهُ رزين

4572. अबू कब्शा अन्मारी रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने ज़हर वाली बकरी (खाने) की वजह से अपने सर के बिच में पछने (हिजामा) लगवाए| मअमर बयान करते हैं, मैंने भी ज़हर के असर के बगैर ही अपने सर के बिच में पछने (हिजामा) लगवाए तो मेरा हफिज़ा जाता रहा हत्ता के दोरान नमाज़ मुझे सुरह फातिहा का लुकमे दिया जाता था| (मझे नहीं मिली रवाह रजिन.)

لم اجده ، رواه رزين (لم اجده) [ولم اجده فى مصنف عبد الرزاق]

٤٥٧٣ - (ضَعِيف) وَعَن نافعٍ قَالَ: قَالَ ابنُ عمر: يَا نَافِع يَنْبغ بِي الدَّمُ فَأْتِنِي بِحَجَّامٍ وَاجْعَلْهُ شَابًّا وَلَا تَجْعَلْهُ شَيخا وَلَا صَبيا. وَقَالَ ابْنِ عُمَرُ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم يَقُولُ: «الْحِجَامَةُ عَلَى الرِّيقِ أَمْثَلُ وَهِيَ تُزِيدُ فِي الْعَقْلِ وَتُزِيدُ فِي الْحِفْظِ وَتُزِيدُ الْحَافِظَ حِفْظًا فَمَنْ كَانَ مُحْتَجِمًا فَيَوْمَ الْخَمِيسِ عَلَى اسْمِ اللَّهِ تَعَالَى وَاجْتَنِبُوا الْحِجَامَةَ يَوْمَ الْجُمُعَةِ وَيَوْمَ السَّبْتِ وَيَوْمَ الْأَحَدِ فَاحْتَجِمُوا يَوْمَ الِاثْنَيْنِ وَيَوْمَ الثُّلَاثَاءِ وَاجْتَنِبُوا الْحِجَامَةَ يَوْمَ الْأَرْبِعَاءِ فَإِنَّهُ الْيَوْمُ الَّذِي أُصِيبَ بِهِ أَيُّوبُ فِي الْبَلَاءِ. وَمَا يَبْدُو جُذَامٌ وَلَا بَرَصٌ إِلَّا فِي يَوْمِ الْأَرْبِعَاءِ أَوْ لَيْلَةِ الأربعاءِ» . رَوَاهُ ابنُ مَاجَه

4573. नाफेअ बयान करते हैं, इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा ने फ़रमाया: नाफेअ! मेरा अफशार खून बढ़ रहा है किसी पछने (हिजामा) लगाने वाले नोजवान को मेरे पास लाओ, देखना वह बुढ़ा या बच्चा न हो, रावी बयान करते हैं, इब्ने उमर रदियल्लाहु अन्हुमा ने फ़रमाया: मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “खाली पेट पछने (हिजामा) लगाना ज़्यादा बेहतर है, वह अक्ल व फहम और हफिज़ा में इज़ाफा करता है, जिस शख़्स ने पछने (हिजामा) लगाने हो तो वह जुमेरात के रोज़ अल्लाह तआला का नाम लेकर पछने (हिजामा) लगवाए जुमा, हफ्ते और इतवार को पछने (हिजामा) लगाने से बचा करो, पीर और मंगल को पछने (हिजामा) लगवाए और बुध के रोज़ पछने (हिजामा) लगाने से बचा करो, क्योंकि यह वह दिन है जिस रोज़ अय्यूब अलैहिस्सलाम

आज़माइश का शिकार हुए, जज़ाम और बरस बुध के रोज़ या बुध की रात ही ज़ाहिर होते हैं”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (3487) * فيه الحسن بن ابى جعفر و عثمان بن مطر : ضعيفان و للحديث شواهد ضعيفة

٤٥٧٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مَعْقِلِ بْنِ يَسَارٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْحِجَامَةُ يَوْمُ الثُّلَاثَاءِ لِسَبْعَ عَشْرَةَ مِنَ الشَّهْرِ دَوَاءٌ لِدَاءِ السَّنَةِ» . رَوَاهُ حَرْبُ بْنُ إِسْمَاعِيلَ الْكِرْمَانِيُّ صَاحِبُ أَحْمَدَ وَلَيْسَ إِسْنَادُهُ بِذَاكَ هَكَذَا فِي الْمُنْتَقى

4574. मुअकिल बिन यस्सार रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क़मरी महीने की सतरह तारीख को मंगल के दिन पछने (हिजामा) लगाना साल भर की बीमारियों के लिए दवाई है”| इमाम अहमद के शागिर्द हरब बिन इस्माइल अल किरमानी ने इसे रिवायत किया है, और उसकी सनद क़वी नहीं और मुन्तका में इसी तरह है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، هو مذكور فى منتقى الاخبار (4817) [و نيل الاوطار (8 / 208)] * فيه زيد بن ابى الحوارى وهو ضعيف ، واخرجه ابن سعد و ابن عدى و البيهقى و الطبرانى فى الصغير ، انظر تنقيح الرواة (2 / 266)

٤٥٧٥ - (لم تتمّ دراسته) وروى رزين نَحوه عَن أبي هُرَيْرَة

4575. रजीन ने उसकी मिस्ल अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (मुझे नहीं मिली रवाह रजिन.)

لم اجده ، رواه رزين (لم اجده)

بَاب الفأل والطيرة • बदशुगनी का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٤٥٧٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «لَا طِيَرَةَ وَخَيْرُهَا الْفَأْلُ» قَالُوا: وَمَا الْفَأْلُ؟ قَالَ: «الْكَلِمَةُ الصَّالِحَة يسْمعهَا أحدكُم»

4576. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “बद्शुगनी कुछ भी नहीं, और उसकी बेहतर सूरत फाल है”, सहाबा रदियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, फाल क्या है? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अच्छी बात जो तुम में से कोई एक सुनता है”| (मुत्तफ़क़ अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5754) و مسلم (110 / 2223)، (5798)

٤٥٧٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا عَدْوَى وَلَا طِيَرَةَ وَلَا هَامة وَلَا صقر وفر الْمَجْذُومِ كَمَا تَفِرُّ مِنَ الْأَسَدِ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

4577. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “न कोई बीमारी मूतआदि है और कोई बद्शुगनी है, और न अल्लव मनहूस है और न माहे सफ़र और मजज़ूम (कोढ़ के शख्स) से ऐसे भागो जैसी तो शेर से भागता है”| (बुखारी)

رواه البخاری (5707)

٤٥٧٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا عَدْوَى وَلَا هَامَةَ وَلَا صفر» . فَقَالَ أَعْرَابِي: يَا رَسُول فَمَا بَالُ الْإِبِلِ تَكُونُ فِي الرَّمْلِ لَكَأَنَّهَا الظباء فيخالها الْبَعِير الأجرب فيجر بِهَا؟ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «فَمن أعدى الأول» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

4578. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कोई बीमारी मूतआदि है और न अल्लव मनहूस है और ना ही माहे सफ़र”, (ये सुन कर) एक देहाती ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! उन ऊटों के बारे में आप का क्या ख़याल है जो रेगिस्तान में रहते है और वह हिरन मालुम होते हैं, उस में एक खारिश ज़दाह ऊंट शामिल हो जाता है तो वह उन्हें भी खारिश लगा देता है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तो फिर पहले (ऊंट) को किस ने खारिश ज़दाह किया”| (बुखारी)

رواه البخاری (5770)

٤٥٧٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا عَدْوَى وَلَا هَامَةَ وَلَا نَوْءَ وَلَا صفر» . رَوَاهُ مُسلم

4579. अबू हुरैरा रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कोई बीमारी मूतआदि है और न अल्लव मनहूस है और कोई सितारा मनहूस है और न सफ़र मनहूस है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (106 / 2220)، (5794)

٤٥٨٠ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: سَمِعْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «لَا عَدْوَى وَلَا صَفَرَ وَلَا غُولَ» . رَوَاهُ مُسلم

4580. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “कोई बीमारी मूतआदि है ना माहे सफ़र मनहूस है न कोई भुत है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (107 / 2222)، (5795)

٤٥٨١ - (صَحِيح) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ الشَّرِيدِ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: كَانَ فِي وَفْدِ ثَقِيفٍ رَجُلٌ مَجْذُومٌ فَأَرْسَلَ إِلَيْهِ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّا قد بايعناك فَارْجِع» . رَوَاهُ مُسلم

4581. अमर बिन शरीद अपने वालिद से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: जो वफद ए सकिफ में एक मजज़ूम शख़्स था, नबी ﷺ ने उसकी तरफ पैग़ाम भेजा के “तेरी बैत हो गई है लिहाज़ा तुम वापस चले जाओ”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (126 / 2231)، (5822)

بَاب الفأل و الطيرة • बदशुगनी का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٤٥٨٢ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَتَفَاءَلُ وَلَا يَتَطَيَّرُ وَكَانَ يُحِبُّ الِاسْمَ الْحَسَنَ. رَوَاهُ فِي شَرْحِ السّنة

4582. इब्ने अब्बास रदियल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ फाल लेते थे और आप बदशुगनी नहीं लेते थे और आप अच्छे नाम पसंद करते थे| (हसन)

حسن ، رواه البغوی فی شرح السنة (12 / 175 ح 3254) [و احمد (1 / 257 ، 304 ، 319)] * فيه ليث بن ابی سليم : ضعيف و فی متابعة جرير بن عبد الحميد له نظر بل تشبت هذا المتابعة و للحديث شواهد عند ابن ماجه (3536 و سنده حسن) و الترمذی (2839) و ابی الشيخ الاصبهانی (اخلاق النبی صلی الله عليه و آله وسلم ص 252 و سنده حسن) وغيرهم وبها صار الحديث حسنًا ، والحمدلله

٤٥٨٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن قَطن بن قبيصة عَنْ أَبِيهِ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْعِيَافَةُ وَالطَّرْقُ وَالطِّيَرَةُ مِنَ الْجِبْتِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4583. क़तनी बिन कबिस रदियल्लाहु अन्हु अपने वालिद से रिवायत करते हैं की नबी ﷺ ने फ़रमाया: “परिंदों के ज़रिए फाल लेना, लकीरें खींच कर फाल लेना और बद्शुगनी लेना जादू की इक्साम है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (3907) * حبان بن العلاء مجهول و ثقه ابن حبان وحده

٤٥٨٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الطِّيَرَةُ شِرْكٌ» قَالَهُ ثَلَاثًا وَمَا مِنَّا إِلَّا وَلَكِنَّ اللَّهَ يُذْهِبُهُ بِالتَّوَكُّلِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: [ص:١٢٩ سَمِعْتُ مُحَمَّدَ بْنَ إِسْمَاعِيلَ يَقُولُ: كَانَ سُلَيْمَانُ بْنُ حَرْبٍ يَقُولُ فِي هَذَا الْحَدِيثِ: «وَمَا مِنَّا إِلَّا وَلَكِنَّ اللَّهَ يُذْهِبُهُ بِالتَّوَكُّلِ» . هَذَا عِنْدِي قَوْلُ ابْنِ مَسْعُودٍ

4584. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदियल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बद्शुगनी लेना शिर्क है, आप ने यह जुमला तीन मर्तबा फ़रमाया: “और हम में से अगर किसी का दिल में यह ख़याल आता है तो अल्लाह तवक्कुल के ज़रिए इसे ख़तम कर देता है”| अबू दावुद, तिरमिज़ी, इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: मैंने मुहम्मद बिन इस्माइल (इमाम बुखारी रहिमहुल्लाह) को बयान करते हुए सुना सुलेमान बिन हरबी इस हदीस के मुतल्लिक कहा करते थे: “और हम में से किसी का दिल में उस के मुतल्लिक ख़याल आता है तो अल्लाह तवक्कुल के बाईस इसे ख़तम कर देता है”| और मेरा ख़याल है के यह जुमला इब्ने मसउद रदियल्लाहु अन्हु का कौल है| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (3910) و الترمذی (1614)

٤٥٨٥ - (ضَعِيف) وَعَنْ جَابِرٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَخَذَ بِيَدِ مَجْذُومٍ فَوَضَعَهَا مَعَهُ فِي الْقَصْعَةِ وَقَالَ: «كُلْ ثِقَةً بِاللَّهِ وَتَوَكُّلًا عَلَيْهِ» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

4585. जाबिर रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने मजज़ूम शख़्स का हाथ पकड़ा और इसे अपने साथ ही खाने के बर्तन में रखा और फ़रमाया: “अल्लाह पर एतमाद व भरोसा और तवक्कुल करते हुए खाओ”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (3542) [و ابوداؤد (3925) و الترمذی (1817)] * فيه مفصل بن فضالة : ضعيف

٤٥٨٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن سعدِ بْنِ مَالِكٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا هَامَةَ وَلَا عَدْوَى وَلَا طِيَرَةَ وَإِنْ تَكُنِ الطِّيَرَةُ فِي شَيْءٍ فَفِي الدَّارِ وَالْفرس وَالْمَرْأَة» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4586. सईद बिन मालिक रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “न अल्लव मनहूस है और कोई बीमारी मूतआदि है और ना ही कोई बद्शुगनी है और अगर बद्शुगनी (यानी नहूसत) किसी चीज़ में

होती तो घर घोड़े और औरत में होती”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (3921)

٤٥٨٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يُعْجِبُهُ إِذَا خَرَجَ لِحَاجَةٍ أَنْ يَسْمَعَ: يَا رَاشِدُ يَا نَجِيحُ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

4587. अनस रदियल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ जब किसी काम के लिए निकलते तो आप या राशिद (रहनुमाई पाने वाले) या नजीह (कामियाबी पाने वाले) के अल्फाज़ सुनना पसंद फ़रमाया करते थे| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذی (1616 وقال : حسن صحيح غريب)

